It is reported that the Minister of the Interior, Dr. Donges proposes to ask the Commission which is to investigate Asiatic penetration in the Cape to advise him how these 'islands' can be eliminated in accordance with the Government's apartheid plans.

Shame has lost its merit with the Europeans of Durban. The much vaunted "British sense of justice and fairplay" has become the Nazi creed of the Master Race for in his hate of the Indian the Natal Britisher not only matches the Boer of the Black Manifesto mind but even out-does him.

These 'islands' are not due to any desire on the part of the Indian to penetrate into European areas—not that there is anything wrong with that—but simply the result of municipal neglect of Indian areas.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

By dint of perseverance and thrift the Indians have improved their economic and living conditions, but a City Council shot through with race-prejudice, only had the slum areas of Cato Manor, Jacobs, Clairwood and Riverside to offer him. Many decided to get out and bought property in areas more suited to their economic standards. That would have been regarded as a virtue in any White man, hailing from the slums of East End, but it is regarded a vice in the Indian.

PAKISTANIS IN MAURITIUS

Shri Narottam Prasad of Port Louis, Mauritius, writes about some tangle created between Hindus and Muslims as a result of the recent elections in Mauritius. In Mauritius it is well to remember that they are neither Hindustani nor Pakistani, but Indo-Mauritians in true sense of the word. They cannot get away from the fact that in Mauritius they are all Indians and are subjected to the same form of racial discrimination. However, we give below some extracts from his article:—

Mauritius is a little India in a variety of ways. The Muslims of Mauritius came from those provinces that are included in the Union of India. It is to India more than to Pakistan that they ought to have looked. But it is our misfortune that Muslims here bear India no love. The new Hindu movement has done everything possible to give the right picture of India. Far from contributing to bring about any cleavage, the 8 year-old movement has been encouraging Hindus and Muslims to stand together.

The consciousness began to grow apace that Hindus and Muslims must be brothers. Nevertheless the Muslim extremists have long been bearing the Hindus a grudge. The Muslims of Port-Louis were divided into inimical camps when the General Elections were held. All Muslim candidates were defeated through their own fault. And even under the old constitution they never succeeded. Their recent defeat turned them into avowed Pakistanis. If they had to declare that they are Pakistanis they preferred to have it said in Pakistan. "Dawn" published their following declaration:—

"To help the refugees in Pakistan, the Muslims of Mauritius have already collected Rs. 30,000 and it is believed that in a few days time this amount will be increased to Rs. 50,000. The Muslim population of the island numbers 57,000 and all of them are staunch Pakistanis."

INDIA OF MY DREAMS

I shall work for an India, in which the poorest shall feel that it is their country, in whose making they have an effective voice; an India in which there shall be no high and low class of people; an India in which all communities shall live in perfect harmony. There can be no room in such an India for the curse of untouchability, or the curse of intoxicating drinks and drugs. Women will enjoy the same rights as men.

Since we shall be at peace with all the rest of the world, neither exploiting nor exploited we should have the smallest army imaginable. All interests not in conflict with the interests of the dumb millions will be scrupulously respected, whether foreign or indigenous. Personally, I make no distinction between foreign and indigenous. This is the India of my dreams . . I shall be satisfied with nothing less.

—M. K. GANDHI

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

PIONEERS OF INDUSTRIAL PROGRESS



In the field of Commerce & Industry good enterprise takes into account the National needs against the background of International development.
The House of J.K. has become the cynosure of all eyes by earning a reputation of being a House of Enterprises the principal aim of which continues to be to keep pace with industrial progress of the World, and to build a highway of India's planned economic prosperity. J. K. Group of Industries is in the vanguard of National Service.

PRODUCTS & SERVICES.

Textiles, Cotton, Jute, Iron & Steel, Woollen, Hosiery, Metal Engineering, Chemicals, Oils and Soaps for household and Industry—Vanaspati, Sugar and other Food Products. Ice. Electric Fittings and Novelties in Plastic, Industrial Rubber Products. Plywood and Laminated Building Boards, Straw Board, Aluminium, Tyre Retreading, Banking, Insurance, Finance and Investment, Import & Export.

★ ★ ★ ★ ★ ★ JK ★ ★ ★ ★ ★ ★

A GREAT INDUSTRIAL COMBINE

YOUR GOODWILL IS OUR ANCHOR-SHEET.

JK 255

CC-0. Prof. Satya Vrat Shastri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सम्पादक—भवानीदयाल संन्यासी

वर्ष १ ॐ दिसम्बर १९४८ ॐ अंक १२

महात्मा गांधीकी कुछ स्नेहमयी स्मृतियाँ ।

(८)

कानपुर-काँग्रेस ।

कलकत्तामें वायसरायसे मिलकर हमारा शिष्टमंडल कानपुर पहुँचा—वहाँ बापूको वायसरायसे हुई बातचीत का विवरण सुनाने, उनकी सम्मतिसे भावी कार्यक्रम निर्धारित करने और साथही काँग्रेस अधिवेशनमें सम्मलित होकर दक्षिण अफ्रिकाके प्रस्तावित पृथक्करण कानूनकी तरफ देशवासियोंका ध्यान खींचनेके लिये। स्टेशनपरही पं० मोतीलाल नेहरु और पं० जवाहरलाल नेहरुके दर्शन हुए। पिता-पुत्र नेहरुजीने काँग्रेसकी तरफसे हमारा आगत-स्वागत किया और स्टेशनके पासही "सिधिल एण्ड मिलिटरी होटल" में हमें ठहराया। प्रवासी होनेके कारण होटलमें हमारे ठहरनेकी व्यवस्था की गई थी क्योंकि काँग्रेसके सूत्रधार जानते थे कि हमारी रहन-सहन कुछ ऐसी बन गई है कि काँग्रेस केम्पमें ठहरानेपर हमें तकलीफ होगी।

उस समय बापूही राष्ट्रपति थे—काँग्रेसके प्रधान थे और कानपुर अधिवेशनके लिये श्रीमती सरोजिनी देवी उनकी उत्तराधिकारिणी चुनी गई थीं। पूर्व और दक्षिण अफ्रिकाके प्रवासी भारतीयोंकी सेवाके उपलक्ष्यमेंही देशने देवीजीको राष्ट्रनेत्री बनाकर सम्मानित किया था। दूसरे दिन जब हम विषय-निर्धारिणी-समितिमें उपस्थित हुए तो राष्ट्रपतिकी हैसियतसे स्वयं बापूने हमारे शिष्टमंडलका स्वागत किया, भारतकी ओरसे प्रवासी भारतीयोंके संकटमें सहानुभूति प्रकट की और यह आश्वासन दिया कि दक्षिण अफ्रिकाकी पृथक्करण योजनाको काँग्रेस केवल वहाँ के ढाई लाख प्रवासी भारतीयोंके प्रति अत्याचार पूर्णही नही बल्कि उसे समस्त भारतके लिये भी घोर अपमान-जनक समझती है। बापूके आश्वासनसे हमारी हिम्मत और ताकत बहुत बढ़ गई। समितिने बापूकोही दक्षिण अफ्रिका की समस्यापर उपयुक्त प्रस्ताव तैयार करनेका भार सौंपा।

बापूने केवल प्रस्तावही नही तैयार किया प्रत्युत काँग्रेसके प्रथम दिवसके खुले अधिवेशनमें उसे स्वयं उपस्थित भी किया। स्वागताध्यक्ष और सभानेत्रीके अभिभाषणके बाद ही काँग्रेसमें दक्षिण अफ्रिकाकी सरकारकी अत्याचारमूलक नीतिकी चर्चा छिड़ गई। बापूने इस प्रस्तावको पेश करते हुए बड़ी मर्मभेदी वक्तृता दी। उनका भाषण क्या था मानो भारतके व्यथित-हृदयका चीत्कार था। नपे-तुले शब्दोंमें उन्होंने दक्षिण अफ्रिकाकी हालतका

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हूबहू चित्र खींचकर रख दिया था। प्रस्तावका समर्थन मौलाना मुहम्मद अलीने किया था। उनका भाषण बड़ाही जोरदार था। हमारे डेपुटेशनके नेता डाक्टर अब्दुर्रहमान जब प्रस्तावपर कुछ बोलनेको उठे तो उस विशाल जन समूहको देखकर अपना होश-हवाश खो बैठे। उनका शरीर थर्रा गया, वाणी काँपने लगी और उतेजनासे उनकी बड़ी दयनीय स्थिति हो गई थी। वास्तवमें इतनी बड़ी सभा उन्होंने अपने जीवनमें कभी देखी न थी। किसी तरह अपना भाषण पूरा करके उन्होंने कर्त्तव्यका भार उतार दिया।

इसके बाद बापूने हमें अपने डेरेपर बुलाया और शिष्ट मंडलके सभी सदस्योंको अपने अपने विचार प्रकट करनेकी आज्ञा दी। श्रीमती सरोजिनी देवी हमारे साथही बापूके यहाँ गई, राजेन्द्रबाबू वहाँ पहलेसे मौजूद थे। उस समय शिष्टमंडलको धनकी जरुरत थी। हरएक सदस्यने उनसे यही प्रार्थना की कि वे डेपुटेशनको आर्थिक सहायता दिलानेकी कृपा करें ताकि डेपुटेशन भारतमें अपना कार्यक्रम पूरा कर सके। उनकी बातें सुनकर बापू बोले, "मेरे पास सार्वजनिक फण्डके लाखों रुपये हैं, इसमें तो कोई संदेह की बात नही है, पर उनमेंसे मैं एक पैसा भी तुम्हें न दे सकूँगा। मेरे पास जो पैसे हैं वह गरीबोंके हैं और उन्हींके काममें खर्च भी होंगे। इस देशके गरीब जो अन्न-वस्त्रके लिये तरसते हैं उनकी गाढ़ी कमाईके पैसे मैं तुम्हें क्यों दूँ और क्यों देना चाहिये? दक्षिण अफ्रिकामें सभी खाते पीते और आरामसे रहते हैं, वहाँ समृद्धिशाली सौदागरों और मालदार किसानोंकी भी कमी नही है, फिर वे अपने स्वत्वरक्षाके लिये पैसे क्यों नही देते हैं? शिष्टमंडलकी सहायता करना उनका सर्वोपरि कर्त्तव्य है। दक्षिण अफ्रिकाके कामके लिये भारतके गरीबोंसे पैसे माँगना क्या शर्मकी बात नहीं है? मुझसे पैसे पानेकी आशा तुम्हें छोड़ देना चाहिये।"

बापूकी खरी-खरी बातें सुनकर हमारे साथियोंके होश उड़ गये, उनके चेहरेका रङ्ग बदल गया। मैं अबतक मौन साधे एक किनारे बैठा था। बापू मेरी तरफ मुखातिब होकर बोले, "अरे भाई! तुम क्यों चुप हो? तुम भी तो कुछ बोलो। मैंने सबकी बातें सुन ली, तुम्हारी बात भी सुनना चाहता हूँ।" मैंने बड़ी नम्रतासे कहा, "बापू, आपने जो कुछ कहा, उससे मैं सर्वथा सहमत हूँ। आपके पास जो गरीबोंके पैसे हैं उसमें से एक पैसा भी लेना नैतिक दृष्टिसे भयंकर अपराधही नही, घोर पाप भी है। हमें गरीबोंके पैसे चाहिये भी नही। पर आपको यह तो मंजूर करनाही पड़ेगा कि जहाँ हिंदकी बहुसंख्यक प्रजा गरीब है वहाँ कुछ लोग ऐसे भी तो हैं जिनके पास आवश्यकतासे अधिक धन है। यदि उनसे पैसे लेकर प्रवासी भाइयोंके सेवा कार्यमें लगा दिया जाय तो इसमें आपको क्या एतराज हो सकता है?" बापूके मुँहसे निकल गया, "कुछ भी नहीं। ऐसे मालदारोंसे तुम पैसे ले सकते हो।" अभी मेरी बात खतम नही हुई थी—बीचमेंही बापूने अचानक मेरी एक बातका जबाब दे दिया था। मैं आगे बोलनेवालाही था पर श्रीमती सरोजिनी देवीको यह संदेह हो आया कि कहीं आगे मैं कुछ ऐसी बातें न कह बैठूँ कि बना-बनाया काम बिगड़ जाय, इस लिये उन्होंने मुझे आँखोंसे इशारा किया कि बस अपना काम हो गया, बापूकी आज्ञा मिल गई और अब कुछ और कहनेकी जरुरत नही रही। हम बापूको अभिवादन करके उनसे विदा हुए। बादमें देवीजीने इम्पिरियल इंडियन सिटीजनशीप ऐसोसियेशनसे चालीस हजार रुपये शिष्टमंडलको खर्चके लिये दिलवा दिये। हमारे भाई सोराबजी रुस्तमजी सर्वजनिक धन खर्चनेमें शहंशाह की शान दिखाते हैं इसीसे डेपुटेशन को अर्थ संकटका सामना करना पड़ा था। बापूके आशीर्वाद और देवी सरोजिनीके उद्योगसे वह संकट कट गया।

संन्यास और बापू।

शिष्ट मंडलका कार्य समाप्त हो जानेपर अन्य सभी सदस्य दक्षिण अफ्रिका लौट गये, पर मैं भारतमें ही रह गया। यहाँ मैंने बिहारके अपने गाँवमें एक प्रवासी-भवन बनवाया और डाक्टर राजेन्द्र प्रसादजीके हाथोंसे उसका उद्घाटन करवाया। राजेन्द्रबाबू साबरमतीसे ही रवाना होकर मेरे गाँवपर आये थे, अतएव बापूने उनके हाथों प्रवासी भवनके लिये एक आशीर्वादात्मक संदेश भेजा था जिसे स्वयं राजेन्द्र बाबूने पढकर सुनाया था। सन १९२७ में रामनवमीके अवसरपर मैंने संन्यास ग्रहण करनेका संकल्प कर लिया। उससे ठीक एक पखवारा पहले सहसराम स्टेशनपर अकस्मात बापूसे भेंट हो गई। एक तीसरे दर्जेके डब्बेमें वे अपनी पार्टीके साथ यात्रापर थे। राजेन्द्र बाबू उनके साथ थे।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मैं भी रेलगाड़ीसे अपने गाँवकी ओर जा रहा था। जब सहसराम वालोंने मुझे खबर दी कि पश्चिमसे आने वाली गाड़ीमें बापू आ रहे हैं तो मैं गाड़ीसे उतरकर दौड़ा बापूके दर्शनके लिये। बापूकी गाड़ी स्टेशनपर आ लगी और उनके डब्बेके पास पहुँचनेसे पहले ही सहसरामके भाइयोंने मेरी खबर बापू तक पहुँचा दी थी। बापू बड़ी खुशीसे मुझसे मिले। सायंकालकी प्रार्थना समाप्त हुई थी, रात हो चली थी। बापू फौरन यह प्रश्न पूछ बैठे—"सुनता हूँ कि तुम संन्यास लेनेवाले हो, क्या यह बात सत्य है?" मुझसे स्वीकारात्मक उत्तर पाकर बोले,—"संन्यास तो लिया जाता है मोक्ष-प्राप्तिकी साधनाके लिये। तुम्हें संसारके कर्मोंसे क्यों विरक्ति हो गई है? जीवन-संग्रामसे हतास हो बैठना कोई अच्छी बात तो नही है। प्रजाकी सेवा करते हुए भी मनुष्य मोक्षपद प्राप्त कर सकता है, इसके लिये कोई विशेष वेश धारण करनेकी जरुरत नही है। इस समय देशको संन्यासियोंकी नही, ऐसे कर्मयोगियोंकी आवश्यकता है जो जनसेवाकोही धर्म समझे।" मैंने उनकी बातें ध्यानसे सुनकर निवेदन किया, "बापू! मुझे अपनी व्यक्तिगत मुक्तिकी कामना नही है। जबतक भारत-माता बन्धनमें बँधी है—परवश और पराधीन है, चालीस करोड़ भारतीय गुलामीके नरकमें सड़ रहे हैं तबतक किसी सच्चे भारतीयको जनसेवाको त्यागकर व्यक्तिगत मुक्तिके लिये इच्छा और उद्योग करना मेरे ख्यालमें स्वार्थपरताही नही, अक्षम्य अपराध भी है। देशको दासतासे मुक्ति मिले, इसी काममें मेरी सारी शक्ति लगेगी—यही मेरे संन्यासका लक्ष्य होगा। बापू! मेरी धारणा है कि देशकी आजादीके दीवाने संन्यास ले सकते हैं—माँ की गुलामीकी बेड़ी काटनेके लिये जानपर खेलनेवाले गेरुवा वस्त्र पहन सकते हैं। देशकी छातीपर भार बनकर जनता की कमाईपर तागड़धिन्ना करनेवाले वास्तवमें संन्यासी नही, सर्वनाशी हैं। हाँ, भगवा कपड़ा पहने बिना भी देश की सेवा की जा सकती है, पर कुछ ऐसे कारण हैं जो मुझे गेरुवा-वस्त्र पहन लेनेको वाध्य कर रहे हैं।" बापू संतुष्ट होकर बोले कि यदि तुम्हारा लक्ष्य देशसेवाही है तो मुझे और कुछ कहना नही है। बापूका आशीर्वाद पाकर मैं कृतार्थ हो गया।

बापूका आशीर्वाद।

सन १९२९ के अंतमें मैं फिर दक्षिण अफ्रिकासे भारत लौटा। जिस समय मैं कलकत्ता और मद्रासका भ्रमण करके प्रत्यागत प्रवासी भारतीयोंकी जाँच कर रहा था उसी समय बिहारकी शाहाबाद जिला काँग्रेस कमेटीने बिना पूछेताछे मुझे अपना सभापति चुन लिया जिससे सन १९३० में शाहाबाद जिलेमें सत्याग्रह संचालनका भार मुझपर आ पड़ा। शाहाबाद जिलेको आरा जिला भी कहा जाता है। आरा जिलेके लोग बड़े दबङ्ग और लड़ाकू होते हैं, बात-बातमें लड़ने-मरनेको तैयार हो जाते हैं। सन १८५७ की क्रांतिको इस जिलेने जनरल कुँवर सिंह और जनरल अमर सिंह जैसे सुभट सेनापति प्रदान किये थे। प्रथम विश्वयुद्धकी समाप्तिसे कुछ पूर्व वहाँ ऐसा भयंकर हिंदू-मुस्लिम-दङ्गा हो गया था कि जिसकी सारे देशमें चर्चा और निन्दा हुई थी। कुछ शरारती मुसलमानों ने खुले तरौपर गायकी कुर्वानी कर डाली थी जिससे बिगड़कर हिंदुओंने सवा सौ गाँवोंके मुसलमानोंकी सम्पति लूट ली थी—बहुतसे मुसलमान हताहत भी हुए थे। इस अपराधमें हजारों हिंदुओंको कारावासका दण्ड भोगना पड़ा था जिनमें निर्दोषोंकी ही संख्या अधिक थी। उस मानव समूहमें दङ्गाइयोंको पहचानना और पता लगाना तो कठिन था, इस लिये मुसलमानोंको उन हिंदुओंसे बदला लेनेका अच्छा मौका मिल गया जिनसे उनकी व्यक्तिगत अदावत थी।

इस लिये बापूको बड़ी चिन्ता थी कि कहीं आरा जिलेके लोग उतेजित होकर चौरीचौराकी पुनरावृत्ति न कर डालें। अतः बापूने मुझे संदेश भेजा था कि यदि मैं आरा जिलाके लोगोंको दङ्गा-फसादसे दूर रख सका तो बापू समझेंगे कि मैंने सत्याग्रहमें बड़ी सहायता पहुँचाई है। जिस दिन सावरमतीसे अपनी सत्याग्रही सेना लेकर ब्रिटिश सत्तासे युद्ध छेड़नेके लिये बापूने डांडीके ऐतिहासिक मोरचेकी तरफ कूच किया था, उस दिन भी उनको मैं स्मरण हो आया था और ठीक उसी दिन १२ मार्चका उनका तार मुझे मिला जिसमें उनका आशीर्वाद था और मेरी प्रवृत्तिमें सफलताकी मंगल-कामना थी। वह तार प्रवासी भवनमें सुरक्षित है और मेरे लिये तो वह किसी सम्राटकी सनदसे भी अधिक मूल्यवान एव महत्वपूर्ण है। परमेश्वरकी अनुकम्पासे आरा जिलेमें कोई ऐसी दुर्घटना न होने पाई जिससे बापूकी आत्माको क्लेश पहुँचता। मुझे तो सत्याग्रहके आरंभमेंही ढाई साल कैदकी सजा हो गई,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पर आरा जिलेके लोगोंने बापूकी आज्ञाका अक्षरशः पालन किया।

प्रत्यागत प्रवासी।

सालभर जेलमें बिताकर गांधी-इर्विन-संधिके अनुसार मैं छूट आया और प्रत्यागत प्रवासियोंकी दशाकी मैंने जो जाँच की थी उसकी रिपोर्ट प्रकाशित कर दी। "यङ्ग इंडिया" और "नवजीवन" में इसकी चर्चा करते हुए बापूने जो कुछ लिखा उससे उस योजनाकी कमरही टूट गई। सन १९३२ के आरंभमें केपटौनमें दूसरी गौलमेज परिषद बैठी जिसमें प्रत्यागमन योजनाकी विशेष रुपसे चर्चा होनेवाली थी। इस लिये मैंने दिल्ली पहुँचकर सर मुहम्मद सफीसे भेंट की जो उस समय सर फजले हुसेनकी जगह वाइसरायकी कौंसिलके स्थानापन्न सदस्य थे। सर फजले हुसेन तो भारतीय प्रतिनिधि मंडलका नेता बनकर केपटौनकी परिषदमें शरीक होनेके लिये गये दक्षिण अफ्रिका गये हुए थे।

सर मुहम्मद सफी बड़े प्रेमसे मिले, वे एक शरीफ आदमी थे। उनसे मैंने अनुरोध किया कि वे तार भेजकर सर फजले और उनके प्रतिनिधि मंडलको सचेत कर दें कि प्रत्यागमन योजनाका अंत आ जाना अत्यावश्यक है। भारतीय लोकमत इस योजनाके विरुद्ध है और लोकमतकी उपेक्षा करना अच्छा न होगा। हमारे प्रतिनिधि मंडलको यही कोशिश करनी चाहिये कि यह योजना दफना दी जावे और केपटौन-संधिमें इसकी पुनरावृत्ति न होने पावे। सफी साहबने मेरे कथनानुसार फौरन केपटौन तार भेजा। वे बड़े मेधावी, मृदुभाषी और मिलनसार व्यक्ति थे। अफसोस है कि इस मुलाकातके एक पखवारे बाद ही उनका देहांत हो गया।

मेरी रिपोर्टपर महात्मा गांधीसे लेकर "टाइम्स ऑफ इंडिया" तकने जो कुछ लिखा था और देश विदेशोंके अखबारोंमें जो अग्रलेख निकले थे उनको इकट्ठा करके मैंने एक पुस्तक छपवा डाली थी और जो ठीक गोल मेज परिषदके अवसरपर केपटौन पहुँच भी गई थी। उसी समय बापू काँग्रेसका एकमात्र प्रतिनिधि होकर लंडनकी गोलमेज परिषदमें शरीक होनेके लिये गये थे और वहाँका कार्य समाप्तकर भारत वापस आ रहे थे। मैंने सोचा कि प्रत्यागमन योजनाके सम्बन्धमें यदि बापूका संदेश केपटौनमें उपस्थित भारतके प्रतिनिधियोंके पास पहुँच जावे तो इस योजनाका अंत आये बिना न रहेगा और मेरा सारा परिश्रम सार्थक हो जायगा। इस लिये दिल्लीमें सर मुहम्मद सफीसे मिलकर और उनसे केपटौन तार भेजवा कर मैं वहाँसे सीधे बम्बई जा पहुँचा।

बापू लंडनसे लौट चुके थे। पं० जवाहरलाल नेहरु और श्री अब्दुल गफ्फार खाँकी गिरफ्तारी और देश की तत्कालीन भीषण स्थितिसे वे इतने चिन्तित, व्यथित और कार्यव्यस्त थे कि देशके बड़े बड़े नेताओंको भी उनसे मिलनेके लिये घण्टों प्रतीक्षा करनी पड़ती थी। देशके भिन्न भिन्न प्रांतोंके डेपुटेशन अपनी अपनी फरियाद लेकर बापू के पास पहुँच गये थे। उन दिनों बापूको रातमें दो तीन घन्टेसे अधिक सोनेका समय न मिलता था। फाटकपर स्वयंसेविकाओंका पहरा था। वे किसीको अंदर जाने नही देती थीं। फाटकके पास हजारों आदमियोंकी भीड़ लगी थी जो दर्शनके लिये "महात्मा गांधीकी जय" पुकार रहे थे। बड़ी कठिनाईसे भाई देवदास तक मेरा कार्ड पहुँच पाया और वे फाटकपर आकर मुझे अंदर ले गये।

देवदासजीने उस समयकी परिस्थिति पर प्रकाश डालते हुए मुझसे कहा, "मैं आपसे प्रार्थना करता हूँ कि आप बापूपर दया करें और उनसे मिलनेका विचार छोड़ दें। जो कुछ आप उनसे कहना चाहते हैं वह मुझसे कहें; मैं रिपोर्टिङ्गकी कलामें पूर्ण पराङ्गत हो गया हूँ और आपको विश्वास दिलाता हूँ कि आपका संदेश भोजनके समय मैं अक्षरशः बापूको सुना दूंगा और उनका जबाब ला दूंगा।"

सचमुच बापूकी दशा दयाजनक थी, उनको तनिक भी फुर्सत न थी। पर उनसे मिलना जरुरी था, इस लिये मैंने देवदाससे कहा, "देखो भाई! आप मेरा स्वभाव जानते हैं। बापूके समयका आदर करना मैं अपना कर्त्तव्य समझता हूँ। इसलिये उनसे केवल मिलनेके विचारसे मैं कभी मिलने नहीं आता। जब कोई महत्वका काम आ पड़ता है तभी मैं उनका समय लेना उचित समझता हूँ। इसबार मुझे भारतमें आये दो सालसे अधिक हो रहे हैं पर मैंने बापूसे मिलनेकी कोई आवश्यकता नहीं समझी। पर इस समय एक ऐसा आवश्यक कार्य आ पड़ा है कि उनसे मिलना अनिवार्य हो गया है और इसी लिये मैं बिहारसे दिल्ली होते हुए यहाँ आया हूँ। मुझे उनसे बात-

CC-0. Prof. Satya Vrat Shastri Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चीत करना है। पर अपनी बात बापूतक पहुँचानेके लिये मैं किसीको वकील नहीं रख सकता।"

बेचारे देवदास झेंप गये और लाचार होकर बोले, "अच्छी बात है। कोशिश कर देखिये।" पर न मुझे कोई कोशिश करनी पड़ी और न बापूसे मिलनेमें कोई दिक्कत उठानी पड़ी। मैं ऊपरकी मंजिलमें बापूके पास पहुँच गया, दोपहरकी बेला थी। वे बंगालके डिपुटेशनसे उस प्रांतमें दमनकी कथा सुन रहे थे। मुझपर दृष्टि पड़तेही बापूने बंगालके शिष्टमंडलको यह कहकर विदा कर दिया कि अवकाश मिलतेही वे स्वयं बंगाल पहुँचकर वहाँकी हालत अपनी आँखों देखना चाहते हैं। फिर उन्होंने फौरन मुझे अपने पास बुलाया, बड़े ध्यानसे मेरी बातें सुनीं और दक्षिण अफ्रिका भेजनेके लिये प्रत्यागमन योजनापर अपना संदेश भी लिखवा दिया जिसे मैंने तार द्वारा सौथ अफ्रिकन इंडियन कॉंग्रेसके जरिये गोल मेज परिषदके भारतीय सदस्योंके पास भेजकर संतोषकी साँस ली। मेरा उद्योग व्यर्थ नहीं गया और केपटौन परिषदको इस नतीजेपर पहुँचनाही पड़ा कि संधिसे प्रत्यागमन योजनाको निकाल देनाही श्रेयस्कर है।

लखनऊ-कॉंग्रेस।

मैं सन १९३६ में फिर भारत आया। उन दिनों श्रद्धेय डाक्टर राजेन्द्र प्रसाद राष्ट्रपति थे। मैंने जहाँ दिल्ली पहुँचकर भारत सरकारको एक आवेदन-पत्र दिया वहाँ राष्ट्रपतिको भी दक्षिण अफ्रिकाकी सामयिक स्थितिसे सूचित करनेके अभिप्रायसे एक विस्तृत पत्र लिखा। राजेन्द्र बाबूका उत्तर मिला कि मैं वहाँकी विकट अवस्थापर एक प्रस्ताव तैयार करके उनके पास भेजूँ जिसे वे वर्किङ्ग कमेटी में पेश करके पास करा लें ताकि वह प्रस्ताव कॉंग्रेसके खुले अधिवेशनमें लाया जा सके। मैंने उनकी आज्ञाका पालन कर दिया।

लखनऊमें कॉंग्रेस होनेवाली थी। प० जवाहरलाल नेहरु लखनऊ अधिवेशनके सभापति चुने गये थे। वार्षिकाधिवेशनसे पहले प्रयागमें वर्किङ्ग कमेटीकी बैठक बुलाई गई थी जिसमें शरीक होनेके लिये बापू तथा देशके अन्य सभी नेता प्रयाग आनेवाले थे, इस लिये मैंने सोचा कि लखनऊकी भीड़भाड़की अपेक्षा प्रयागमेंही बापूसे मिल लेना ठीक होगा।

अप्रिलके प्रथम सप्ताहमें मैं पटना होता हुआ प्रयाग पहुँचा और अपने अंग्रेजी-जीवनचरित्र-लेखक श्री प्रेमनारायण अग्रवाल, एम० ए० के साथ हिंदू होस्टलमें ठहरा। सबसे पहले बापूके दर्शनके विचारसे आनन्द भवन गया, बापू उस समय भवनके अंदर नहीं थे, टहलनेके लिये कहीं बाहर गये हुए थे। मैं तो बरामदेमें बैठ गया। पर भाई प्रेमनारायणजीने श्री महादेव भाई देशाईसे मिलकर मुलाकातका समय निश्चित कर लेना उचित समझा। अतएव वे देशाईजीके पास पहुँचे और उनसे विनती की कि बापूसे मेरी मुलाकात करा दें। देशाईजीने जबाब दिया कि इस समय बापू इतने कार्यव्यस्त हैं कि कमसे कम अभी तीन-चार दिन उनसे भेंट न हो सकेगी। बेचारे प्रेमनारायणजी तो निराश हो बैठे, पर मैंने उनको समझाया कि उतावली करनेकी कोई जरुरत नहीं। यदि चार पाँच दिन यहाँ ठहरनाही पड़े तो हर्जही क्या है? आखिर तो बापूसे मुलाकात होगी ही और उनसे मिलना जरुरी है। सवेरेका समय था, पर गर्मी पड़ने लगी थी। आनंद भवनके अहातेमें दर्शनार्थियोंकी भीड़ लगी थी। देशाईके उत्तरसे निराश होकर हम ज्योंही वहाँसे चलनेको उद्यत हुए त्योंही करीब दस बजे बापू बाहरसे लौटे। उनके साथ पं० जवाहरलाल नेहरु और स्वर्गीय सेठ जमनालाल बजाज थे। मैंने आनंद भवनके दरवाजेपर बापूके चरण-स्पर्श करके नमस्ते किया और नेहरुजीसे हस्त-मिलाप। बापू तो भीड़से बचकर भीतर चले गये, पर नेहरुजी मुझे अपनी बैठकमें ले गये और प्रवासी भारतीयोंकी समस्यापर पूछताछ करने लगे। मैंने उनसे निवेदन किया कि राष्ट्रपतिकी हैसियतसे जो भाषण वे लखनऊ-कॉंग्रेसमें देंगे उसमें प्रवासी भारतीयोंकी सामयिक स्थितिकी भी चर्चा होनी चाहिये। उन्होंने जबाबमें फरमाया कि वे अपने भाषणमें केवल साम्यवादका विशेष रुपसे वर्णन करना चाहते हैं और उसमें अन्य विषयोंको मिलानेसे भाषणकी कड़ी टूट जायगी। इस बातका मैं प्रतिवाद करनेही वाला था कि उसी समय अचानक महादेव भाई कमरेमें आ गये। हमारी आखोंने उनसे पूछा, 'क्या है?' वे बोले, "बापू भवानी दयालजीको इसी वक्त बुला रहे हैं।"

मैं नेहरुजीसे क्षमा मांगकर ऊपरकी मंजिलमें बापूके पास पहुँचा। हमारे युगके पैगम्बर अपने एक भक्तसे और क्या कह रहे थे। उस दिव्य-रूपपर मेरी ऐसी टकटकी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बँधी कि कंठ अवरुद्ध हो गया और वाचाशक्ति विलुप्त हो गई। जी यही चाहता था कि उस दिव्यरूपको देखताही रहूँ, पर बापूके मधुर मुस्कानने मेरा ध्यान भङ्ग कर दिया। वे दक्षिण अफ्रिकाकी तत्कालीन परिस्थितिपर मेरी बात ध्यानसे सुनते रहे और बीच बीचमें प्रश्न पूछते तथा राय भी देते रहे। काँग्रेस कार्य-समितिके विचाराधीन मेरे प्रस्तावकी बात सुनकर उन्होंने कहा कि वह बहुत विस्तृत हो गया है, उसको संक्षिप्त करना होगा और प्रस्तावका रुप निर्धारित करनेमें वे स्वयं वर्किङ्ग कमेटीकी सहायता करेंगे।

लगभग एक घंटेतक बापूसे बातचीत हुई। मैंने इससे अधिक उनका समय लेना उचित न समझा और उनसे विदा माँगी। बापूने यह कहकर मुझको विदा किया, "देखो, राजेन्द्र बाबूसे कह देना कि मैं प्रवासी भारतीय वाला प्रस्ताव ठीक कर दूँगा और जवाहरलालसे कहना कि वे अपने भाषणमें प्रवासी भारतीयोंकी चर्चा करना न भूले।" मैं चुपचाप वहाँसे चलता बना और बाहर आकर जवाहरलालजीको ढूँढने लगा। वे अपने अध्ययन-कक्षमें थे और कुछ काम कर रहे थे। मैंने उनके प्रायवेट सेक्रटरी उपाध्यायजीसे प्रार्थना की कि वे नेहरुजीसे मुझे मिला दें, उनको बापूका एक आवश्यक संदेश देना है। बेचारे उपाध्यायजी बड़े सीधे साधे आदमी हैं और जवाहरलालजीके डरसे थरथर काँपा करते हैं। बहुत कहने-सुनने और चिरौरी करनेपर भी नेहरुजीके पास जानेकी उनकी हिम्मत न पड़ी, आखिर मुझे नेहरुजीके बहनोई स्वर्गीय श्री रंजीत पंडितकी शरण लेनी पड़ी। वे नेहरुजीको मेरे पास बुला लाये। जब मैंने उनको बापूका संदेश सुनाया तो वे बड़े असमंजस में पड़कर बोले, "असल बात तो यह है कि यदि आपसे दो दिन पहले भी भेंट हो गई होती तो मेरे भाषणमें प्रवासी भारतीयोंकी चर्चा अवश्य हो जाती। भाषण तैयार करते समय यह बात मेरे ध्यानमें नहीं आई। अब तो भाषण छप चुका और उसकी पेशगी कापी अखबारोंको भेजी भी जा चुकी। इस स्थितिमें लाचार हूँ, पर आपको यकीन दिलाता हूँ कि मैं अपने मौखिक भाषणमें प्रवासियोंकी चर्चा अवश्य करुंगा।"

नेहरुजीके इस स्पष्टीकरणसे मुझे संतोष अवश्य हुआ पर यह बात मुझे खटके बिना नहीं रही कि उन्होंने पहलेही यह असली कारण क्यों नहीं बतला दिया था? अभी थोड़ीही देर पहले वे मुझसे कह रहे थे कि प्रवासी भारतीयोंकी चर्चा करनेसे उनके भाषणकी शृंखला टूट जायगी पर अब जबकि बापूका संदेश मिला तभी असली बात बतलानेपर वे बाध्य हुए।

लखनऊ-काँग्रेसमें बापूकाही रचा हुआ प्रस्ताव पास हुआ। कार्यसमितिने यह निश्चय किया था कि प्रस्ताव प्रधान द्वारा उपस्थित किया जाय, उसपर और किसीके भाषणकी आवश्यकता नहीं—केवल मुझे बोलने का अवसर दिया जाय। इसी निश्चयके अनुसार प्रधान पं० जवाहरलालजीने प्रस्तावको पेश किया और मेरे भाषण के बाद वह सर्वानुमतसे पास हुआ।

अन्तिम भेंट।

सन १९३९ में दक्षिण अफ्रिकाकी सरकारने फिर पृथक्करण योजनाकी चर्चा चलाई, गड़े हुए मुर्देको उखाड़ने की कोशिश की। इससे प्रवासी भारतीयोंमें बड़ी बेचैनी फैली। उन दिनों मैंही नेटाल इंडियन काँग्रेसका प्रधान था। काँग्रेसका डेपुटेशन केपटौन पहुँचा और राजमंत्रियोंसे मिलकर पृथक्करण योजनाके विरुद्ध इन्साफ और इन्सानियतकी दुहाई दी, पर सब व्यर्थ। आखिर मुझेही समग्र दक्षिण अफ्रिका प्रवासी भारतीयोंका एकमात्र प्रतिनिधि चुन कर भारत भेजा गया। उस समय मैं रुग्नशय्यापर पड़ा था और मुझमें प्रतिनिधित्वका भार वहन करनेकी शक्ति न थी पर जब सोराबजीने यह कहकर मुझे ललकारा कि "जब यहाँके ढाई लाख भारतीय दमनकी भट्टीमें जल मरेंगे तो आप अकेला जिन्दा रहकर क्या करेंगे? इस संसारमें कौन अमर होकर आया है? खाटपर पड़े पड़े मरनेकी अपेक्षा कौमी काममें मर जाना अधिक अच्छा है।" तो मैंने भारत आना स्वीकार कर लिया। नेटाल इंडियन काँग्रेसके सिवा ट्रांसवाल इंडियन काँग्रेस तथा केप इंडियन काँग्रेस और यहाँ तककि साउथ अफ्रिका इंडियन काँग्रेसने भी मुझे अपना एक मात्र प्रतिनिधि चुन दिया।

इस प्रकार सारे दक्षिण अफ्रिकाके प्रवासी भारतीयोंने मुझे प्रतिनिधिके रूपमें चुनकर वह सम्मान प्रदान किया जो आजतक किसी भी भारतीयको प्राप्त न हुआ था। यहाँतककि जब सन १९०७ में बापू दक्षिण अफ्रिकाके भारतीयोंकी फरियाद सुनानेके लिये लंडन गये थे तो मुसलमानोंने उनके साथ हाजी वजीर अलीको भेजना आवश्यक समझा था। इसवार भी यह झंझट थी कि यदि

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मेरे सिवा और कोई जायगा तो फिर सभी वर्गके प्रतिनिधि चुनने पड़ेंगे। इस लिये मुझे अकेलाही भारत आनेपर मजबूर होना पड़ा।

जब मैं बम्बई पहुँचा तो मालूम हुआ कि बापू दिल्लीमें हैं। बम्बईमें एक सप्ताह प्रचार कार्य करके मैं दिल्ली आया। स्टेशनपरही सेठ गोविन्द दासजीसे साधु एण्डरुज का यह संदेश मिला कि मुझे बापूसे पहले साधुजीसे भेंट कर लेना चाहिये। उस समय एण्डरुज साहब भी दिल्लीमें ही थे और लाला रघुवीर सिंहके मकानपर ठहरे हुए थे। जब दूसरे दिन सवेरे मैं उनसे मिला तो मालूम हुआ कि वे बापूसे मिलकर दक्षिण अफ्रिकाकी संकट-संकुल स्थिति पर बातचीत कर चुके हैं और वे इस विपदकी घड़ीमें वहाँ जाकर प्रवासी भारतीयोंकी सहायता करना चाहते हैं। पर बापू उनकी इच्छा पूर्तिमें बाधक हो रहे हैं। वे कहते हैं कि एण्डरुज साहबको वहाँ जानेकी कोई जरुरत नही है—उनको भारतमें रहकर यहाँ के यूरोपियनोंको दक्षिण अफ्रिकाके अन्यायके विरुद्ध आवाज उठानेके लिये तैयार करना चाहिये। इससे साधुजी निराश हो गये थे क्योंकि उनके लिये बापूकी बात मानो ब्रह्मवाक्य थी। उनका खयाल था कि यदि इस अवसरपर वे दक्षिण अफ्रिका जा पाते तो डाक्टर मलान आदि राष्ट्रवादी नेताओंपर असर डाल सकते हैं। इस लिये एण्डरुज साहब चाहते थे कि बापूसे भेंट होनेपर मैं बापूको उनके दक्षिण अफ्रिका जाने की आवश्यकता बतलाऊँ।

बापू बिडला भवनमें ठहरे थे। उनसे मिलना कोई सहज बात नही थी। दरवाजेपर कड़ा पहरा था। सेवक और सहकर्मियोंके सिवा और किसीको अंदर जानेकी आज्ञा न थी। बापूकी तबियत भी अच्छी नही थी, फिर भी खबर पातेही उन्होंने मुझे फौरन अंदर बुला लिया। उनके पास जानेसे पहले राजकुमारी अमृत कुँवरने मुझसे प्रतिज्ञा करा ली कि मैं बापूके स्वास्थ्यका ध्यान रखकर अधिक बातचीतसे उनको परेशान न करूँगा। इसकी जरुरत भी न थी क्योंकि मैं स्वयं आवश्यकतासे अधिक बातचीत करना पसंद नही करता। खैर, बहुत कुछ कहनेपर भी बापू एण्डरुज साहबको दक्षिण अफ्रिका भेजनेपर राजी न हुए। एकबार कुछ निश्चय कर लेनेपर फिर बापूको उससे डिगा देना असंभव था। मुझे उन्होंने आशीर्वाद देकर विदा किया और मैं अपने काममें लग गया।

जूनके प्रथम सप्ताहमें मैं फिर बम्बई पहुँचा। उन दिनों दक्षिण अफ्रिकाकी अवस्था और भी भयानक हो गई थी। ट्रांसवालमें डाक्टर यूसफ मुहम्मद दादूके नेतृत्वमें राष्ट्रीय दलने सत्याग्रहका संग्राम छेड़ना निश्चय कर लिया था। मैंने तत्कालीन वायसराय लार्ड लिनलिथगोको एक खुली चिट्ठी लिखकर दक्षिण अफ्रिकाकी विकट परिस्थिति की ओर उनका ध्यान दिलाया। उस समय डाक्टर दादू का सत्याग्रह प्रवासी भारतीयोंके लिये अहितकर होता, इस लिये बापूसे मिलकर उनका सत्याग्रह स्थगित करा देना मुझे आवश्यक जँचा।

बापू बम्बईमेंही थे; मालावार पहाड़ीपर बिडला-भवनमें ठहरे हुए थे। ठा० राजबहादुरके साथ वहाँ गया। बापूके अस्वस्थ होनेकी खबर पाकर मैं चिन्तित और व्यथित हुए बिना न रहा और सोचा कि इस स्थितिमें उनको कष्ट देना सर्वथा अनुचित होगा। पर बापूको खबर मिल चुकी थी। उन्होंने फौरन मुझे बुलाया। मैं बड़े संकोचमें पड़कर उनके पास पहुँचा। वे हँसते हुए बोले, "ध्यान रखना कि मेरी तबियत अच्छी नही है। इस लिये आज किसीसे मिलनेका मेरा इरादा न था, पर तुमसे मिलनेमें इन्कार नही कर सका। अतएव अधिक बातचीत करके मुझे हैरान न करना।" मैंने उत्तरमें प्यारेलालजीकी तरफ उँगलीसे इशारा करके निवेदन किया, "बापू! यदि आपको बातचीत करनेमें तकलीफ हुई तो इसकी जिम्मेदारी भाई प्यारेलालपर है। मैंने इनसे साफ कह दिया था कि यदि आपकी तबियत अच्छी न हो तो आजही आपसे मिलनेकी मुझे कोई उतावली नही है। मैं आपसे मिलनेके लिये एक सप्ताह भी ठहर सकता हूँ। पर इन्होंने आजही मुझसे पिण्ड छुड़ा लेना आवश्यक समझा। मुझे तो आपके स्वास्थ्यकाही नही, समयका भी इतना ध्यान रहता है कि अत्यावश्यक कार्य आ पड़ने परही मैं आपको कष्ट देनेका साहस करता हूँ अन्यथा केवल दर्शनके विचारसे तो मैं आपका समय नष्ट करना राष्ट्रिय अपराध समझता हूँ।"

खैर, बापू मेरे इस विचारसे सहमत हो गये कि ट्रांसवालमें सत्याग्रह करनेका यह उपयुक्त अवसर नही है। जबतक सारे व्यवस्थित आंदोलन निरर्थक न हो जायँ तबतक सत्याग्रहका सहारा लेना उचित नही। बापूने दादू को तार देकर सत्याग्रह स्थगित रखनेकी सलाह दी। मेरा मनोरथ सिद्ध हो गया। मैंने सौथ अफ्रिकन इंडियन काँग्रेस

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

को तार द्वारा सत्याग्रहके सम्बन्धमें बापूके अभिमतसे सूचित कर दिया ।

बापूकी अन्तिम आज्ञा ।

बापूकी उम्र अब बहुत ढल गई थी । जब वे लगभग तीस सालके युवक बैरिस्टर थे तभीसे मैं उनको देखता आ रहा था । बचपनमें उनकी गोदमें बैठकर खेला था, युवावस्थामें उनके सेनापतित्वमें एक सिपाही बना और दक्षिण अफ्रिकाके सत्याग्रहमें सपत्नीक भाग लिया । उनको नेटालकी उँची-नीची और उबड़-खाबड़ पहाड़ी सड़कोंपर बीस-बीस मील चलते, कुदालसे खेत गोड़ते, कुल्हाड़ेसे लकड़ी चीरते, झाड़ू लगाते, कपड़ा फींचते, बर्त्तन मांजते, घण्टाभर प्रेसका भारी मशीन चलाते और यहांतक कि मल-मूत्रकी बाल्टी उठाते और उसे जमीनमें गड्ढा खोदकर गाड़ते देखा था । उनके परिश्रमको देखकर हमारे जैसे तरुण दङ्ग रह जाते थे । पर अब तो बापू वृद्ध हो चले थे । ज्यों ज्यों उनकी उम्र ढलती जाती थी त्यों त्यों ताकत भी घटती जाती थी । अब तो उनको अधिक बोलनेमें भी थकावट आ जाती थी । बापूका हालत देखकर मुझे कविवर दागकी यह बात याद हो आई:—

"रहती है कब बहारे जवानी तमाम उम्र ।
मानिन्द बूये गुल इधर आई उधर गई ॥
जो जाकर न आये, वह जवानी देखी ।
जो आकर न जाये, वह बुढ़ापा देखा ॥"

मैंने बापूसे बड़े संकोचके साथ निवेदन किया कि "मेरी तबियत अब अच्छी नही रहती है । बीमारीने मुझे इसी उम्रमें बूढा बना दिया है । मैं अब दक्षिण अफ्रिकासे हिंदुस्थान आ जाना चाहता हूँ और जीवनके शेष दिन मातृभूमिकी गोदमें बिताना चाहता हूँ । प्रवासी भाई अपना काम कर लेंगे, मैं अब बिहारमें रहकर वहाँके राजनीतिमें प्रवेश करना चाहता हूँ । प्रवासियोंकी सेवामें ३० साल लगा चुका और अब थोड़ी बहुत देशकी भी सेवा कर लेना चाहता हूँ और बापूसे अशीर्वादकी याचना करता हूँ ।"

मेरी बात सुनकर पहले तो बापू कुछ मुस्कराये और फिर गंभीर होकर बोले, "नहीं, यदि मेरी राय चाहते हो तो तुम्हें ऐसा हर्गिज नही करना चाहिये । यहाँ राजनैतिक कार्यकर्ताओंकी कमी नही है, उनमें एक और बढ़ जानेसे स्थितिमें कोई फर्क नही पड़ सकता । लेकिन प्रवासी भारतीयोंके वास्ते काम करने वाला कोई नही है । चार्ली एण्डरुज भी अब हमारे बीचमें नही रहे । तुमने तो अपना सारा जीवन ही प्रवासी भाइयोंके काममें बिताया है और इस कामके लिये अपने आपको तैयार कर लिया है । फिर इतने अच्छे कामको अब क्यों छोड़ देना चाहते हो ?" कुछ दम लेकर मेरे जबाबका इन्तजार किये बिना फिर बोले, "हाँ मैं तुम्हारी महत्वाकांक्षाको समझ सकता हूँ । अगर तुम राजनीतिमें शरीक हो जाते हो तो तुमको मशहूरी मिलेगी और यह भी संभव है कि आगे चलकर राजसत्ताका कोई उँचा दर्जा भी मिल जावे । जबसे काँग्रेस मिनिस्टरी कायम हुई है तबसे लोगोंकी महत्वाकांक्षाएँ भी बहुत बढ़ती जाती है । हाँ, प्रवासी भाइयोंकी सेवामें न कोई खास फायदा है और न मशहूरी है—यह तो निष्काम कर्म है । पर तुमने तो संन्यास ले लिया है, लोकेषणा और वित्तैषणाको त्यागनेकी शपथ ली है । फिर तुम्हें सत्ता भोगनेका खयाल क्यों होना चाहिये ? मेरे विचारमें अपने कार्यक्षेत्रसे अलग होना तुम्हारी भारी भूल होगी ।"

मैंने श्रद्धासे बापूके आदेशके सामने शीश झुका दिया और उनको विश्वास दिलाया कि उनकी सम्मति और आज्ञाके प्रतिकूल कुछ करना मेरे लिये अनहोनी बात है । मैंने उसी समय यह संकल्प कर लिया कि जीवनके शेष दिन भी प्रवासी भारतीयोंकी सेवामेंही बीतेंगे । इसी लिये मैं बिहार छोड़कर अजमेरमें 'प्रवासी-भवन' बनवाया, प्रवासी पुस्तकालय और प्रवासी कार्यालयकी स्थापना की, प्रवासी पुस्तक-मालाका प्रकाशन प्रारंभ किया और यह "प्रवासी" पत्र भी निकाला । बापूके निर्वाणसे मेरी जिम्मेदारी और भी बढ़ गई है । जिस दिन उनके बलिदान की हृदयविदारक खबर मिली, उस दिन मैंने अपने संकल्प को फिर दोहराया और यह निश्चय कर लिया कि जीवन की अंतिम घड़ीतक प्रवासी भारतीयोंकी सेवामें लगा रहकर बापूका आदेश पालन करूँगा । (समाप्त)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri



(१) गीता-संवाद । लेखकः श्री सियाराम शरण गुप्त,। प्रकाशकः साहित्य-सदन, चिरगाँव, झाँसी। छोटे आकारके १२९ पन्ने और मूल्य १) रुपया ।

हिंदी-काव्य-साहित्यकी महाकवि मैथिलीशरण गुप्त और उनके अनुज कविवर सियारामशरण गुप्तने जो सेवाएँ की है उनको भारतीय जनता कृतज्ञताके साथ स्मरण करती रहेगी । प्रस्तुत ग्रंथ भी काव्य साहित्यमें एक अनमोल अभिवृद्धि है । इसमें बापूकी इच्छानुसार गीताका पद्यात्मक हिंन्दी अनुवाद दिया गया है और अनुवाद सुंदर, सुबोध और सर्वोपयोगी हुआ है। गीता प्रेमियोंके लिये तो यह बड़े कामकी चीज है । इसकी आमदनी भी बापूके स्मारक फंडमें जायगी ।

(२) पेरिसमें इक्कीस रात्रियाँ । लेखकः फ्रेंच-प्राईज-विनर श्री मॉरिस डिकौब्रा । अनुवादक श्री ब्रजकृष्ण कौल 'अज्ञानी', श्रीमहाराज कृष्णदर बिल्डिङ्ग, सीतलागली, आगरा । अनुवादकसेही यह ३३७ पृष्टोंकी सजिल्द पुस्तक ५) रुपयेमें प्राप्त ।

इस पुस्तकके मूल लेखक फ्रांसके एक प्रसिद्ध ग्रंथकार और पत्रकार हैं और अपनी विलक्षण प्रतिभा के प्रतापसे फ्रांसका साहित्यिक पारितोषिक भी प्राप्त कर चुके हैं । इनके कई उपन्यास बड़े लोक प्रिय सिद्ध हुए हैं और संसारके अनेक भाषाओंमें उनके अनुवाद भी हो चुके हैं । अतएव प्रस्तुत पुस्तककी रोचकताके विषय में कुछ कहनाही व्यर्थ है । इसमें पेरिसके रजनी विलासका लेखकने अपने व्यक्तिगत अनुभवोंके आधार पर वर्णन किया है । अनुवाद बहुत अच्छा हुआ है । पुस्तक पश्चिमीय, जीवनके पतनका सच्चा शब्द चित्र है ।

(३) वर्त्तमान राजस्थान । लेखकः श्री रामनारायण चौधरी, राजस्थान प्रकाशन मंडल, अजमेर । पृष्ट २७५, मूल्य ४) रु० अजिल्द ।

यह पुस्तक चौधरीजीके सार्वजनिक जीवनके संस्मरणोंसे समन्वित राजस्थानकी आधुनिक जागृतिके इतिहासका एक अध्याय है । भाई बनारसीदास चतुर्वेदीकी विस्तृत और रोचक भूमिकासे इसकी शोभा और बढ़ गई है । राजस्थानमें जन-जागरणका कब और कैसे सूत्रपात हुआ, लोक सेवकोंको किन परिस्थितियोंमें प्राणोंको हथेलीपर लेकर जनताको जगानेका काम करना पड़ा और उसका क्या परिणाम हुआ ? इन बातोंका ऐसा मनोरंजक वर्णन है कि पढ़नेमें उपन्यास सा आनंद आता है ।

(४) महात्मा गांधी । संम्पादकः पं० रघुवंश पाण्डेय । प्रकाशकः पं० देवकुमार मिश्र, ग्रंथमाला कार्यालय, पटना । अनेक चित्रोंसे विभूषित इस १४२ पृष्टकी अजिल्द पुस्तकका मूल्य १।) रु० है ।

इस पुस्तकमें किशोरोंके कल्याण और उत्थान की दृष्टिसे बापूके जीवनपर प्रकाश डाला गया है । इसकी आमदनी प्रकाशकने गांधी-स्मारक-फंडमें देनेका संकल्प कर लिया है ।

(५) क्रांतिकारी कवि निराला । लेखकः श्री बच्चनसिंह एम० ए० । प्रकाशकः युगाश्रय, विश्वेश्वर गंज, बनारस । पृष्ट १८३, मूल्य २।।) पौने तीन रुपये ।

हिन्दी काव्य-साहित्यमें महाकवि निरालाका एक विशिष्ट स्थान है । प्रस्तुत पुस्तकमें उनके जीवन और रचनाओंका चित्ताकर्षक वर्णन है । साहित्यरसिकोंके लिये यह पढ़ने और संग्रह करनेकी वस्तु है ।

(६) हिंदी ग्रन्थका निर्माण । लेखकः श्री चन्दबली पाण्डेय । प्राप्तिस्थानः युगाश्रय, विश्वेश्वरगंज, बनारस । पृष्ट ४१, अजिल्द मूल्य १।) रु० ।

इसमें ब्रजभाषा, खड़ी बोली, हिन्दवी और उर्दू की भिन्न भिन्न बोलियों और शैलियोंका दिग्दर्शन है ।

(७) [क] नागरीही क्यों ? [ख] हिंदुस्तानीसे सावधान । [ग] मौलाना अबुल कलामकी हिंदुस्तानी । लेखकः पं० चन्दबली पांडे । प्रकाशकः

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नवयुग हिंदी-साहित्य विद्यालय, काशी। मूल्य क्रमशः दो, डेढ़ और एक आना।

इन पुस्तिकाओंमें विद्वान लेखकने जहाँ हिंदी भाषा और नागरी लिपिकी उपयोगिताका प्रतिपादन किया है वहाँ हिंदुस्तानी नामक बनावटी और निकम्मी भाषाकी पोल खोलकर देशकी बहुत बड़ी सेवा की है।

(८) अंत्येष्टि प्रार्थना। प्रकाशकः दक्षिण अफ्रिका संस्कार मंडल, ८१ नाइन्थ एवन्यू, डरबन, नेटाल, दक्षिण अफ्रिका।

डाक्टर एन० पी० देशाई और पं० नरदेव वेदालंकारने इस पुस्तिकाको दक्षिण अफ्रिकाके रिवाज के अनुसार मृतककी अंतिम क्रियाके समय प्रार्थना करनेके लिये तैयार किया है। इसमें वेद, उपनिषद और गीताके कुछ वाक्योंका संग्रह है।

(९) प्रारंभिक स्वास्थ्य। लेखकः श्री गौरी-शंकर गुप्त। प्रकाशकः श्री उम्मेदीलाल वैश्य, श्यामसुंदर रसायनशाला, गायघाट, काशी। पृष्ट ३२, मूल्य अजिल्द छः आने।

स्वास्थ्य सम्बधी नियमोंका ज्ञान प्राप्त करनेके लिये बालकों और साधारण जनताको इस रचनासे विशेष सहायता मिल सकेगी।

(१०) मधुके उपयोग। लेखकः पं० केदारनाथ पाठक, रसायनिक। प्रकाशकः श्री उम्मेदीलाल वैश्य, श्यामसुंदर रसायनशाला, गायघाट, बनारस। पृष्ट ११०, मूल्य १) रु० अजिल्द।

इसमें मधुमक्खियोंका विवरण, मधुके उपयोग की विधि और उसके गुणोंका विशद निरुपण है।

(११) नीमके उपयोग। लेखकः पं० केदारनाथ पाठक, रसायनिक। प्रकाशकः श्री उम्मेदीलाल वैश्य, श्यामसुंदर रसायनशाला, गायघाट काशी। पृष्ट १११, मूल्य १) रु० अजिल्द।

इसमें नीमके विविध गुणोंका विद्वतापूर्ण विवेचन है। रचना उपादेय है।

(१२) आरोग्य लेखांजलि। लेखकः पं० केदारनाथ पाठक। प्रकाशकः श्री उम्मेदीलाल वैश्य, श्यामसुंदर रसायनशाला, गायघाट, बनारस। पृष्ट ८८, मूल्य १) रु० अजिल्द।

इसमें शरीरके आरोग्य रखनेके नियमों और उपायोंका प्रतिपादन है।

(१३) स्वतंत्र भारतमें आर्यसमाज। लेखकः कुँवर चाँदकरण शरदा। प्रकाशकः श्री सत्यदेव शास्त्री 'अशोक', शारदा-भवन, अजमेर।

विषय नामसेही प्रकट है। रचना सामयिक है।

(१४) हिंदुस्थानीका भँवजाल। लेखक पं० चन्द्रवली पांडे, एम. ए., प्रकाशकः श्री गोविन्द प्रसाद केजरीवाल, नवयुग साहित्य विद्यालय, बनारस। पृष्ट बड़े आकारके २८ और मूल्य दस आने।

प्रस्तुत पुस्तकमें विद्वान लेखकने हिंदुस्थानी नामक कृत्रिम और अस्वाभाविक भाषाकी सच्ची समालोचना की है। हिंदुस्थानीका प्रचलन राष्ट्रके विकास और उत्कर्षके लिये घातक है। सच बात तो यह है कि कुछ लोग उर्दूकोही हिंदुस्थानीके नामसे भारत राष्ट्रके गले मढना चाहते हैं इसमें हिंदुस्थानीकी रुप-रेखापर काफी प्रकाश पड़ा है।

शोक-सम्बाद

श्री जी० बी० रघुवीर वर्मा।

डरबन (दक्षिण अफ्रिका) के श्री जी० बी० रघुवीर वर्माके देहांतसे नेटालका एक पुराना हिन्दी पुस्तक प्रचारक उठ गया। सन १९१५ में उनसे मेरा परिचय हुआ था। वे इंडियन मार्केटमें अन्य वस्तुओंके साथ हिन्दीकी पुस्तकें भी बेचा करते थे। उन दिनोंमें हिन्दीकी पुस्तकोंका मिलना दुर्लभ था। ग्रेस्ट्रीटमें विहार (आरा जिले) के जीतन मियाँकी दूकानपर रामायण, प्रेमसागर, दानलीला, हनुमान चलीसा आदि पुस्तकें मिलती थीं। जीतन मियाँ जिस दाममें पुस्तक मँगाते थे उसपर दस गुणा नफा लेकर बेचते थे। जब वर्माजीने पुस्तकका कारबार शुरु किया तो जीतन मियाँका व्यापार बंद हो गया और पुस्तकोंका

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मूल्य भी बहुत घट गया। हम उनके परिवारके साथ सहानुभूति प्रकट करते हैं और उनकी आत्माकी शांति के लिये परमात्मासे प्रार्थना।

श्री एफ० रामलगन।

वेस्टविल-डरबन (दक्षिण अफ्रिका) के श्री एफ० रामलगन भी इस संसारसे चल बसे। उनसे भी सन १९१५ मेंही मेरा परिचय हुआ था। आर्यसमाजी बननेके अपराधमें उनको और उनके अनुज श्री सत्य पालजीको अपने पुरानी लकीरके फकीर पिताके हाथों कठोर दण्ड भुगतना पड़ा था, पर वह दोनों भाई अपने सिद्धांतपर अटल रहे, कष्टोंसे तनिक भी विचलित न हुए। पं० नरदेवजी वेद लंकारने उनका अंत्येष्टि संस्कार कराया। ईश्वर उनकी आत्माको शांति और उनके परिवारकी धैर्य देवें।

श्रीमती बी० ए० मेघराज।

डरबन (दक्षिण अफ्रिका) के प्रसिद्ध भारतीय रईस और पुराने नेता श्री बी० ए० मेघराजकी पत्नीके देहावसानका सम्वाद पाकर हमें बड़ा खेद हुआ। मेघराजजी मेरे पुराने मित्र और सार्वजनिक कार्योंमें साथी रहे हैं। इधर उनका स्वास्थ्य भी बहुत गिर गया है। अभी उनके सुयोग्य पुत्र हँसराजके चिर विछोहका दुःख ताजाही था और अब जीवन संगिनी भी उनको अकेला छोड़कर चली गई। हम भाई मेघराजके साथ समवेदना प्रकट करते हैं।

सहयोगियोंकी शुभकामनायें।

यह पत्र विशेषतः प्रवासी भारतीयोंकी सेवाके लिये निकलता है, इसलिये इसका प्रचार विदेशों तक है। विदेशों तक पहुंच होनेके कारण प्रायः इसका आधा भाग अंग्रेजीमें प्रकाशित होता है, और शेष हिन्दीमें। यह प्रवासियोंके लिये कामका तो हैं ही; साथही भारतीयोंके लिये भी अत्यधिक उपयोगी है। हम प्रवासियोंके सम्बंधमें कितनी जानकारी रखते हैं? प्रत्येक भारतवासीका प्रमुख कर्तव्य है कि वह प्रवासियों से सहयोग और सहानुभूति स्थापित करनेके लिये अवश्य इस मासिक पत्रिकाका अध्ययन करें! अफ्रिका, मोरिशस इत्यादि अन्यान्य स्थानोंके प्रवासियोंके सम्बंध में पर्याप्त सामग्री इस पत्रिकामें दी जाती है! इस दृष्टि से इसे अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिष्ठा प्राप्त है। प्रत्येक व्यक्तिके लिये इसे अपनाना आवश्यक एवं कल्याण कारक है। साथही मनोरञ्जक भी है। चित्रोंकी बगमेल भी नहीं हैं, अपने सादे रुपमें ठोस सामग्री देकर अपना सुदृढ़ शरीर जनताकी सेवामें अर्पित करती है। जनताका कर्तव्य है, इसके शरीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्यके लिये इसे भरपूर सम्बल दे। और इसे अपनाकर इसके प्रचार एवं प्रसारमें पूर्ण योग दे।

—"साधना" कलकत्ता।

"प्रवासी" की परम्पराके अनुसार यह विशेषांक भी अंगरेजी और हिन्दीमें प्रकाशित हुआ है ऐसे तो 'प्रवासी' के सभी साधारण अंकोंमें प्रवासी भारतीयोंके विषयमें हमें जानकारी प्राप्त होती है, उनकी समस्याओं के समाधानके लिए पाण्डित्यपूर्ण लेख प्रकाशित किये जाते हैं, इस अंकमें भी विदेशोंमें रहनेवाले भारतीयोंके विषयमें अच्छे लेख प्रकाशित किये गये हैं। "प्रवासी" भारतमें और विदेशोंके रहनेवाले भारतीयोंमें सम्बन्ध स्थापित करनेवाली श्रंखलाकी बहुतही महत्वपूर्ण कड़ी है। इसका प्रचार भी भारतके अतिरिक्त फीजी, मोरीशस, दक्षिण और पूर्व अफ्रिका, ब्रिटिश और डच गायना आदि स्थानोंके भारतीयोंके बीच है। दिवाली अंकके लिये सम्पादकको बधाई।

दैनिक "आर्यावर्त्त" पटना।

श्यामसुन्दर रसायनशाला, गायघाट, बनारस.
आयुर्वेदिक औषधियों के निर्माता तथा
आयुर्वेदिक पुस्तकों के प्रकाशक।
Shyamsunder Rasayanshala,
Gaighat, Banaras, U. P. India.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मोरिशसमें घुड़दौड़का जुआ ।

लेखकः श्री दयानन्द बसन्तराय

भारतमें प्रायः धनी-मानीही घुड़दौड़ देखते हैं। घुड़दौड़में बाजी लगाई जाती है, पर गरीबोंके पास तो भूख मिटानेके लिये भी काफी द्रव्य नही होता है ! मोरिशसमें गरीब धनियोंसे बढ़कर घुड़दौड़में दिलचस्पी लेते हैं। वे विशेष रुचिके साथ घोड़ोंको दौड़ते देखते हैं जब कि हार-जीत करने वाले धनी उदासीन होते हैं, ग़रीबको जो आनन्द उपलब्ध होता है, वह वास्तविक है।

परन्तु अब वास्तविकताकी मात्रा बहुत घट गई है। सालभर गोरे लोग सरकारकी अनुमतिसे लोटरियोंको बेचकर गरीबोंका शोषण करते हैं। घुडदौड़ोंकी संख्या बढ़ती जा रही है। जब घुड़दौड़ें कम थीं सबके लिए आनन्ददायिनी थीं। पिछली घुड़दौड़के अवसर पर पोर्ट-लुईके मनोहर पर्वतोंसे तीन ओर घिरे हुए शां-दे-मार्स नामके मैदानमें अनन्त जन समूह एकत्रित हो जाता था। यदि महायज्ञ न होता तो उससे बड़ा जन समूह इस देशमें दृष्टिगोचर होताही नहीं।

पिछली घुड़दौड़की लोकप्रियताका मुख्य कारण यह था कि जिन दिनोंमें गिरमिटकी प्रथा थी शक्करके कारखानोंमें काम करनेवाले प्रवासी भारतीय सिर्फ उस विशेष घुड़दौड़के दिन छुट्टी पाते थे। भोले भाले ग्रामीण बैल गाड़ीमें बाल-बच्चोंको और कभी कभी बकरे-बकरी, मुर्गा-मुर्गियोंको भी बैठाकर रातकी रात यात्रा करके शहर आ पहुँचते थे। रास्ते भरमें ग्राम्य गीत गाते थे। भारतीयोंकी इतनी अधिक संख्या उपस्थित होती थी कि क्रियोल लोगोंने पिछली घुड़दौड़ को "ले कुर्स मालवार" (मालबारोंकी घुड़दौड़) जैसा घृणित नाम दे दिया।

मणिलाल-काल में एक रायल कमीशन आया, गिरमिट प्रथा बन्द हो गई, मजदूरोंको थोड़ी स्वतन्त्रता मिलने लगी। डा. क्युरेने गरीबोंको कुछ अधिक स्वतन्त्र बना दिया। अब घुड़दौड़ देखनेकी जरुरत न रही; परन्तु आदतें जल्दी नहीं छूटतीं। जमघट वैसाही रहा।

इधर पिछली घुड़दौड़ोंमें ग्रामीणोंको कष्ट भी होने लगे। अब घुड़दौड़ शनिवारके दिन होती है। दिन भर स्पेशल ट्रेन चलती है और माल-गाड़ी तकमें बेचारोंको भर दिया जाता है। परिस्थिति अत्यन्त खराब हो जाती है। पुलिस ताकतेही रह जाती है। कहीं किसी औरतके गलेके हारको गुण्डोंने छीन लिया तो कहीं मर्दोंको पीटपाट कर उनकी घड़ी, पैसे आदि छीन जानेका समाचार आया। रविवारको रेल-गाड़ी नही मिलती; इस कारण बसोंमें जगह पानेके लिये छः बजे प्रातः से लेकर चार बजे शाम तक धूप और वर्षामें बेचारोंको कतारमें खड़ा होना पड़ता है। वहाँ भी गुण्डोंकी कमी नहीं रहती। तातील मनानेका क्या इससे बढ़कर कोई तरीका हो सकता है ? पिछली घुड़दौड़े प्रवासी भारतीयोंकी कमजोरियोंका प्रदर्शन हो गई।

नये आन्दोलनने जनताको समझाया कि अब बड़े बड़े उत्सव होते हैं, मेले लगते हैं, यदि एक घुड़दौड़ त्याग दी जाय तो हानि न होगी। दो-तीन बार स्वयं सेवकोंके जरिये जनताको गुण्डोंसे बचाया गया। हम अधिक न लिखकर इतनाही कहना काफी समझते हैं कि इस अवसरपर नारी-हरणकी घटनाएँ तक घटा करती थीं।

जब बाढ़को रोकना असम्भव सा हो गया तो प्रो० वासुदेव विष्णुदयानने सन १९४६ की दिवालीकी रात रोज बेलमें घोषणा की कि अगली घुड़दौड़के दिन सत्याग्रह हो। जनता बाग-बाग हो गई और सन १९४७ में घुड़दौड़के रोज बड़े पैमानेपर सत्याग्रह हुआ। स्पेशल ट्रेनें शहर खाली पहुँचती रहीं। आंदोलनने देशमें सत्याग्रह करानेका यश पाया। महायज्ञकी सफलताने केवल हिन्दुओंको प्रशंसक बनाया था। सत्याग्रहने सब कौमोंको बता दिया कि सच्चा सुधार कैसे किया जाता है।

इस साल सरकार और उसके पक्षपातियोंने पहिलेही हार मान ली थी। न बड़े बड़े विज्ञापन दीवारोंपर सटाये गये और न रेल गाड़ियोंका पूर्ववत्

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इन्तजाम हुआ। दैनिक पत्रोंने इतनाही लिखा कि शनिवारको छुट्टी होगी। उन्हें यह बतानेका साहसही न हुआ कि शनिवारको "बड़ी मीटिंग" होगी। घुड़दौड़ के हो जानेके बाद उन्होंने अपनेही शब्दोंको दोहराया। गत साल लिखा गया था कि "कम लोग उपस्थित हुए"। इसबार भी यही लिखा गया। १९४७ में



मोरिशसमें घुड़दौड़के विरुद्ध महिलाओंका प्रदर्शन।

A procession of Indian women against race-course at Port Louis.

गलतीसे गरीब मुसलमान और क्रियोल अपनी आदत के मुताबिक अच्छी तादादमें उपस्थित हुए थे। अपनेको अकेला पाकर वे शर्ममें आ गये थे। इसबार उनकी तादाद घट गई। घुड़दौड़में इस वर्ष उपस्थिति गत वर्षसे भी कम थी। १० सितम्बरको पिछले १५ दिनकी घटनाओंका सिंहावलोकन करते हुए रेडियो-स्पीकर श्री मुंशी रायने कहा है कि पिछली घुड़दौड़में बड़ी भीड़ नहीं थी और गाँवोंसे गत वर्षोंसे बहुत कम लोग आये, हिंदुओंकी संख्यामें कुछ वृद्धि अवश्य हुई। यह अंतर क्यों हुआ? इस बातको समझनेके लिए सार्वदेशिक सभाके सेवक श्री शिवचन्द्र आर्यके लेखके निम्न अंश को देखना चाहिये जो देहलीके प्रसिद्ध "सार्वदेशिक" में प्रकाशित हुआ है। लेखक महोदयने लिखा है—

"यह प्रसन्नताकी बात है कि मोरिशसको श्री प्रोफेसर वसुदेव विष्णुदयाल एम. ए. जैसे योग्य त्यागी और तपस्वी नेता और उन्हें श्री सुखदेव बालगोविन्द और श्री सुखदेव विष्णुदयाल जैसे सहकारी प्राप्त है। सब स्थानोंकी भांति मोरिशसमें भी कुछ ऐसे भारतीय विद्यमान हैं जो अपनी स्वार्थ सिद्धिके लिये वहाँकी राष्ट्रिय जागृतिके विरुद्ध वहाँकी सरकारकी चापलूसी करते रहते हैं और अपने भारतीय भाइयोंको हानि पहुँचाने से नहीं हिचकते। वे जासूसोंका भी कार्य करते हैं। ऐसे लोगोंमें वहांके कई उच्चकोटिके शिक्षित व्यक्ति भी है। ऐसे लोगोंसे वहाँके भारतीयोंको सावधान रहना चाहिये।"

नयी धारा सभाके प्रथम अधिवेशनमें दक्षिण इलाकेका प्रतिनिधि श्री सुखदेव विष्णुदयालने गवर्नरको विद्वतापूर्ण और मुहतोड़ जवाब दिया था। पिछली घुड़दौड़ तीनही दिन बाद आई। 'सरकारकी चापलूसी' करने वाले हिन्दुओंका लहू सूख गया उन्होंने बताना चाहा कि आंदोलनकी घोषणा हिन्दू जनता नहीं मानेगी। आर्थिक प्रश्न पर विचार करते रहने वाले ये 'जासूस' अब जनताका शोषण करनेमें मददगार बन गये। एक दो इलाकोंसे कुछ हिन्दुओंको ठग लिया गया। सरकार भक्तोंकी चेष्टाओंकी विफलता लाटको संतोष न दे सकी। हर्षके आँसू बहा कर किसीने सरकारके सहायकोंके विषयमें ठीक ही कहा कि—

"Their exhortations were no better than the funeral cries of crows".

"प्रवासी" में प्रकाशित मेरे लेखसे ज्ञात हो ही गया होगा कि 'नेता' और 'सुधारक' बनने वाले दुराचारको घटानेका इरादा नहीं रखते। जातीय-जीवनपर आघात करना इन जैसोंका पेशा बना हुआ है। इसबार महिला मण्डली और सेविका दलने एक जुलूस भी निकाला था। यह देखनेमें आता था कि ज्यादा बेइज्जती महिलाओंकी होती है, इस लिये महिलाएँ अग्रणी बनकर रक्षाका कार्य करने लगी हैं। यह इस टापूके मंगल भविष्यका लक्षण है।

मोरिशसके श्री शिवशंकर मंगर और श्री रामसनेही ठाकुर गतमास प्रवासी-भवन पधारे थे और यहाँ एक दिन ठहरकर बम्बईके लिये प्रस्थान कर गये। वहाँसे स्टीमर द्वारा मोम्बासा होते हुए मोरिशस लौट जायँगे। शिवशंकरजी साल भर भारतमे रहकर वापस गये हैं। उनका भाई श्री देवकी मंगर भी भारत भ्रमण कर हालहीमें मोरिशस वापस गये है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri



"प्रवासी" का प्रथम वर्ष ।

ईश्वरकी अनुकंपासे इस अङ्कके साथ "प्रवासी"का प्रथम वर्ष समाप्त हो रहा है । हमने चौदह महीनेमें बारह अङ्क निकाले, पर दो-दो मासके संयुक्त अङ्क निकालकर महीनेका सिलसिला लगा लेना उचित न समझा । वैसा करनेसे जहाँ पाठकोंको दो अङ्कका घाटा होता वहाँ "प्रवासी" के महत्वमें भी बट्टा लगे बिना न रहता । "प्रवासी" का प्रकाशन हमारे लिये बड़ा कठिन कार्य रहा है, न हमारे पास साधन है और न सम्पतिही – ईश्वरका ही एक मात्र भरोसा है । हम जानते थे कि भारतकी वर्तमान परिस्थितिमें पत्र निकालना और उसे भली भाँति संचालन करना कोई हँसी-टट्ठा नही है—यह कार्य अनेक कठिनाइयोंसे भरा है इस पथमे मखमलके मुलायम गद्दे नही, काँटोंके कटीले फर्श हैं; खिले हुए फूलोंको हरीभरी फुलवारी नहीं, झाड़-झंखाड़से घिरा हुआ बीहड़ बन है । इस भादोंकी अमावस्याकी कुहू-यामिनीमें कैसे हम इस विकट मार्गको तय कर सकेंगे ? अनेक कठिनाइयोंमें एक यह भी है कि भारतीय जनता और नेता इस प्रश्नकी ओर उतना ध्यान नहीं देते जितना कि राष्ट्रिय दृष्टिसे आवश्यक है । इस कार्यके लिये जिस महान व्यक्तित्वकी आवश्यकता है वह हमारे पास कहाँ ? हमारे पास न गांधीकी आत्मा है और न एण्डरुजका हृदय । हम अपनी अल्पज्ञताका अच्छी तरह अनुभव करते हैं । इधर पिछले पाँच सालसे मेरा शरीर क्षीण होता जा रहा है, दमेकी बीमारीने उसे सर्वथा शक्तिहीन बना डाला है । न पहलेकी भाँति वाणीमें बल रहा और न कलममें ताकत । रुग्न-शरीर और भग्न-स्वास्थ्य लेकर मैं इस क्षेत्रमें कूद पड़ा । क्या करें ? हृदय मानताही नही । वह कहता है चुपचाप बैठोगे कैसे ? जब तक जीना-तबतक सीना, यही तो मानव-जीवनकी विशेषता है । यह सत्य है कि हम महात्मा गांधी या साधु एण्डरुजकी भाँति महान कार्य नही कर सकते, पर इससे क्या ? क्या यही बात सोचकर हमें निठल्ला बन जाना चाहिये ? सूरज और चाँद तो प्रकाश फैलाते ही है, यह सोचकर क्या जुगनू अपना क्षीण प्रकाश छोड़ बैठता है ? प्रवासी भारतीयोंकी विपत्तियोंकी इस अँधेरी रजनी में हम जुगनूही बनकर क्यों न चमकें ? वह समय भी आवेगा—चाहे शीघ्र या कुछ देर से—जबकि हमारे देशके नेता वृहत्तर भारत (Greater India) के निर्माणके महत्वको समझेंगे और तब वे हमारी तुच्छ सेवाओंको निरर्थक न मानेंगे ।

हम अपने सहृदय पाठकोंसे अनुरोध करते हैं कि वे इस अंकमें प्रकाशित "महात्मा गांधीकी कुछ स्नेहमयी स्मृतियाँ" शिर्षक लेखके अंतिम भागमें "बापूकी अंतिम आज्ञा" पर दृष्टि डालनेकी कृपा करें । उससे हमारी परिस्थितिका परिचय मिल जायगा । हम तो आजसे दस साल पहले इस क्षेत्रसे विरक्त हो जानेका इरादा कर चुके थे पर बापूकी आज्ञाने मुझे अपने कार्यको चालू रखनेके लिये मजबूर कर दिया । बापूको जिन प्रश्नोंमें विशेष अनुराग था उनमें प्रवासी भारतीयोंका प्रश्न भी एक है । इस कार्यके लिये बापूने पं० बनारसीदास चतुर्वेदीको सावरमती आश्रममें रखा था और कमसे कम पद्रह-बीस हजार रुपये उन्होंने इसी काममें खर्च भी किये थे । उनकी यह हार्दिक अभिलाषा थी कि हमारे देशके कुछ युवक प्रवासी भारतीयोंके प्रश्नोंके विशेषज्ञ बनें, पर वह पूरी न होने पाई । भारतके अपने संघर्षपूर्ण जीवनमें भी बापू कभी प्रवासी भारतीयोंको नहीं भूले । वे अपने महाप्रस्थानसे दो चार दिन पहले प्रवासी भारतीयोंको याद कर गये, जहाँ दक्षिण अफ्रिकाके प्रवासी भारतीयोंकी उन्होंने अपने प्रवचनमें चर्चा की थी वहाँ पूर्व अफ्रिकाकी समस्यापर "हरिजन" में । आज बापूकी इच्छाओंकी पूर्ति और उनके अधूरे कामोंको पूरा करनेके लिये अनेक प्रकारकी योजनाएँ बन रही हैं—उपाय सोचे जा रहे हैं पर यह देखकर बड़ा दुःख होता है कि बापूके इस महत्कार्य प्रवासी भारतीयों की उलझनोंकी सुलझानेकी ओर किसीका ध्यान नही जा रहा है । प्रवासी भारतीयोंकी सेवा; हरिजनोद्धार और हिंदु-मुस्लिम मिलाप—यही तीन काम उनके लिये सबसे अधिक प्रिय थे । प्रवासी भारतीयोंकी उपेक्षा करना बापूकी आत्माके प्रति विश्वासघात होगा ।

खैर, चाहे कोई कुछ करे या नही । हम तो अपने जीवनकी अंतिम घड़ीतक बापूकी आज्ञाका पालन और उनकी इच्छाकी पूर्त्तिके लिये प्रतिज्ञाबद्ध है । यदि मेरा

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

स्वास्थ्य ठीक होता तो "प्रवासी" का भार वहन करनेमें कोई विशेष कठिनाई न होती; मैं देशमें दौड़धूप कर यथेष्ट अर्थ संग्रह कर लेता और "प्रवासी" के प्रकाशनमें कोई बाधा न आने पाती। पर मेरी तबियतकी हालत तो यह है कि दौरेपर बाहर जाना मानो जानबूझकर खतरेको आमंत्रण देना है। हमारे देशवासियोंकी मनोदशा यह है कि यदि उनके दरवाजे पर पहुँचकर कोई किसी कार्यके लिये याचना करे तो उसे निराश होकर खाली हाथ लौटना न पड़ेगा, पर अखबारोंमें अपील करनेसे कोई फायदा नही होता है। अतएव अपने शरीर और स्वास्थ्यकी वर्तमान स्थितिसे मैं लाचार हो रहा हूँ।

प्रवासियोंकी एकमात्र आवाज।

यद्यपि भारतमें बरसाती मेढ़कोंकी भाँति पत्र-पत्रिकाओंकी सृष्टि और वृद्धि हो रही है, हमारे प्रसिद्ध पत्रकार-बंधु श्री मूलचन्द्र अग्रवालने इस अवांछनीय प्रवृत्तिको "पत्र-ज्वर" की उपमा दी है, तथापि क्या यह अचरजकी बात नही है कि सारे देशमें, किसी भी भाषामें, एक भी ऐसा पत्र नहीं निकलता है जो प्रवासी भारतीयोंकी सेवाको अपना लक्ष्य बनाया हो। शायदही कोई सप्ताह नागा जाता हो—किसी नवीन पत्रिकाके दर्शन हुए बिना। पर उनमें अधिकांशका न कोई विशेष सिद्धांत है और न कोई विशेष उद्देश्य। कुछ लोग तो पत्रकार कहलानेकी लालसा से पत्र निकालते हैं और किसी तरह एक-दो अङ्क निकाल कर बंद कर देते हैं और फिर सदाके लिये "भूतपूर्व सम्पादक" की उपाधि प्राप्त कर लेते हैं। हालमें कुछ ऐसे मासिक पत्र हमारे सामने आये हैं जिनको देखकर अपने देशवासियोंकी दूषित मनोवृत्तिपर बड़ी वेदना होती है। पर अफसोस कि प्रवासी भारतीयोंके विषयमें एक भी पत्र नही।

सभी सभ्य देशोंमें प्रवास (इमिग्रेशन) विषयको बड़ा महत्व दिया जाता है। इङ्गलेण्डमें ऐसी कितनी ही पत्र-पत्रिकाएँ निकलती हैं जिनका मुख्य उद्देश्य प्रवास समस्यापर प्रकाश डालना है। विश्वयुद्धसे पहले जापानमें भी इस विषयपर कई पत्र निकलते थे। कोई भी सभ्य देश अपने प्रवासियोंकी उपेक्षा नही कर सकता। सन १९१९ में मद्रासके श्री स्वामी नाथनने 'इंडियन एमिग्रान्ट' (The Indian Emigrant) नामक मसिक पत्र अंग्रेजीमें निकाला था पर देशवासियोंसे न प्रोत्साहन मिला और न आर्थिक सहारा ही। साल भी पूरा न होने पाया, चार पाँच अङ्कोंमेंही तीन-चार हजार रुपयेका घाटा हो जाने से पत्र बंद हो गया। इस घाटाकी पूर्त्तिके लिये बेचारे स्वामी नाथनको मलायाकी यात्रा करनी पड़ी थी, वहाँसे चंदा लाकर किसी तरह उन्होंने कर्जसे अपना पिण्ड छुड़ाया। अठारह सालके बाद उन्होंने फिर इस काममें हाथ लगाया, यह सोचकर कि अब देशकी हालत बिलकुल बदल गई है इस लिये उनके उद्योगकी सफलतामें संदेह की कोई गुँजाइश नही है। इसबार उन्होंने अपने मासिक पत्रका नाम रखा—"इंडियन कलोनियल रिव्यू" (The Indian Colonial Review) पर हाय रे प्रवासियों की किस्मत! दुनिया इस दरमियानमें अवश्य बदल गई थी पर उनके प्रति उनके देशवासियोंकी मनोवृतिमें कोई फर्क नही पड़ा था। स्वामीनाथनकी "रिव्यू" साल भर भी जीवित न रहने पाई, देशवासियोंकी उपेक्षा-वृत्तिसे शैशवमेंही उसकी हत्या हो गई। बेचारे स्वामी नाथन हताश और निराश होकर इस क्षेत्रसे विरक्त हो गये और फिर कभी इधर दृष्टि डालनेका साहस न कर सके। उनके जैसे और भी कई व्यक्तियोंको अपने देशवासियों और प्रवासी भारतीयोंके व्यवहारसे व्यथित होकर इस कामसे हाथ खींच लेना पड़ा।

प्रवासी भाइयोंके चरित्रमें यह दोष पाया जाता है कि वे अपने हिताहितके ज्ञानसे शून्य है। यदि उनमें सोचनेकी शक्ति होती और अपने हितका ध्यान होता तो आज हम भारतकी राजधानी दिल्लीमें एक विशाल 'प्रवासी भवन' पाते। उस भवन द्वारा जहाँ प्रवासी साहित्यका सृजन और प्रकाशन होता वहाँ अंग्रेजी, हिंदी, तामिल, तैलगू और गुजरातीमें "प्रवासी" नामक साप्ताहिक और मासिक पत्र भी निकलते। विदेशोंसे मातृभूमिके दर्शनार्थ आनेवाले भाइयों और बहनोंको यह दावा होता कि भारत में उनका भी कोई स्थान है जहाँ वे पाँच-सात दिन ठहर सकते हैं और उनका भी कोई अखबार है जिसके द्वारा वे अपनी आवाजको देशवासियोंके कानोंतक पहुँचा सकते हैं। साथही उस भवनके प्रकाशनोंके जरिये प्रवासी भारतीयोंका प्रश्न देशवासियोंके सामने तरोताज़ा बना रहता। पर हमारे भाइयोंमें यह सूझ कहाँ? डेपुटेशनोंमें लाखों रुपये फूँके गये और फूँके जाते हैं, पर स्थायी काम करनेकी कोई

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चिन्ता नहीं। उनके पास पैसेकी भी कोई कमी नही है—उनमें एकसे एक बढ़कर मालदार हैं, पर ऐसे कामोंके लिये उनके पास पैसे कहाँ? हाँ, धर्म और मजहबके नामसे आप जो चाहिये उनसे करा लीजिये। अभी पाकिस्तानके नामपर दक्षिण अफ्रिकाके गुजराती मुसलमानोंने लाखों पौंड इकठ्ठा करके भेजनेमें अपना गौरव समझा, पर जिस कामसे समग्र प्रवासी भारतीयोंका भला होता हो उसके लिये पैसा मिलना दुर्लभ ही है। सच बात तो यह है कि यह देश सम्प्रदायोंका एक अजायघर है। जहाँ जन्मके साथ ही बच्चोंको साम्प्रदायिकताकी घुटी पिला दी जाती है। फिर चाहे वे अपने जीवनमें धर्मका ककहरा भी न जाने पर उसके नामपर मरने-मारने और सर्वस्व निछावर करने को हमेशा तैयार रहते हैं। मतांधता ऐसी बुरी बला है जो विवेकके द्वार पर परदा डाल देती है और इन्सानको हैवान बना कर छोड़ती है।

जबसे मैं भारत आया, तबसे यह बात मुझे बहुत अखरती रही कि इस विशाल देशमें एक भी पत्र ऐसा नही जिसका ध्येय हो प्रवासी भारतीयोंकी सेवा। अपनी शारीरिक और आर्थिक अवस्थाकी ओर दृष्टि डालता तो हृदय मसोस कर रह जाता था। आखिर जब १५ अगस्त १९४७ में भारत स्वतंत्र हो गया तो मैंने सोचा कि प्रवासी भाइयोंके सौभाग्यसे वह दिन आ गया जिसके लिये वर्षोंसे हम आशा बाँधे बैठे थे। हमारी राष्ट्रिय सरकार प्रवासियों के संकट-क्लेश मिटाने और उनको मानवी अधिकार दिलाने में कोई बात उठा न रखेगी, पर कमसे कम उसे यह तो मालूम होते रहना चाहिये कि किस उपनिवेशमें प्रवासियों की क्या शिकायत है? अतएव हमने भगवानपर भरोसा करके "प्रवासी" का सूत्रपात कर दिया। सालभरमें यह भी पता लग गया कि इसकी कितनी आवश्यकता थी। भारतमें यह प्रवासी भारतीयोंकी आवाजका काम दे रहा है और उनकी समस्याओंसे देशवासियोंको परिचित करा रहा है

"प्रवासी" के प्रतिपालक।

यह कहना सत्यकी ही पुनरावृत्ति करना है कि इस कठिन कार्यमें कुछ देशहितैषी महाभागोंका सहारा न मिला होता तो न "प्रवासी" का सूत्रपात हो पाता और न उनके बारह अंकही निकल पाते। किसीमें कोई कामके लिये चाहे कितनीही उत्कंठा और उत्साह क्यों न हो, पर अर्थके बिना किसी कार्यकी सिद्धि नही हो सकती। "प्रवासी" के सूत्रपात करनेमें जिन्होंने हमारी सबसे अधिक सहायता की है वे हैं शाहपुरा (राजस्थान) के स्वनामधन्य राजाधिराज श्री उम्मेद सिंहजी साहब। आपकेही प्रोत्साहनसे हम "प्रवासी" को प्रारंभ करनेका साहस कर सके। बेतिया (बिहार) राजके मनैजर प्रसिद्ध देशभक्त बैरिस्टर श्री विपिन विहारी वर्मासे हमें जो सहायता मिली वह प्रवासियोंके प्रति उनके प्रेमानुरागकाही परिचायक हैं। वर्माजी हमारे साथ हजारीबाग जेलमें साल भर रह चुके हैं और हम एक दूसरेको अच्छी तरह परख सके हैं। इस लिये जब हमने उनसे "प्रवासी" की सहायताके लिये याचना की तो उन्होंने फौरन अपनी उदारताका परिचय देकर हमें कृतज्ञ बना लिया। सच बात तो यह है कि इस समय "प्रवासी" के पास जो छोटा सा प्रेस है वह राजाधिराज और वर्माजीकीही सहायताका फल है।

इनके सिवा नई दिल्लीके सेठ घनश्याम दासजी बिडला और सेठ रामकृष्ण डालमिया, कलकत्ताके सेठ जुगल किशोर बिडला, श्री मूलचन्द्र अग्रवाल, श्री काशीराम गुप्त, श्री बनारसीलाल केडिया, श्री मिहिरचन्द्र धीमान, श्री रुलियाराम गुप्त, सेठ दीपचन्द पोद्दार, श्री भागीरथमल कनौडिया और रायबहादुर श्री रामदेव चोखानी, पटनाके डाक्टर दुखनरामजी, पोरबंदरके सेठ नानजी कालीदास मेहता, शाहाबाद (आरा) जिलेके सेठ कनीराम गणपतराम फर्मके सेठ इन्द्रचन्द्रजी, श्री गुप्तनाथ सिंह, एम० एल० ए०, श्री जगनारायण बी० ए०, सरवन (रतलाम) के ठाकुर महेन्द्र सिंहजी, नवसारीके श्री भीखाभाई भूलाभाई, लोरेन्सो मार्क्विसके श्री भगवानजी काकू भाई और डरबनके श्री डी० रुपानंद ब्रदर्स प्रभृति महानुभावोंसे "प्रवासी" के संचालनमें जो आर्थिक सहायता मिली है उसका उल्लेख "प्रवासी" के पिछले अंकोंमें हो चुका है। इन महाभागोंकी सहायतासे ही "प्रवासी" का पहला वर्ष निर्विघ्न समाप्त हुआ है और इस दरम्यानमें प्रवासी भारतीयोंकी जो कुछ सेवा हो सकी है उसका श्रेय हमें नही, उन्हीं महाभागोंको मिलना चाहिये।

प्रसिद्ध पत्रकार और ग्रंथकार डाक्टर लंकासुंदरम् एम० ए, पी-एच० डी० के कई महत्वपूर्ण लेख "प्रवासी" के

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पिछले अंकोंमें छपे हैं उनमें कुछ ऐसे लेख भी थे जिनसे स्वदेश और विदेशोंमें सनसनी फैल गई थी। उन्होंने न तो प्रतिष्ठाके लिये और न पैसेके लिये बल्कि प्रवासी भाइयों की सेवाकी भावनासेही प्रेरित होकर "प्रवासी" की सहायता की है। उनके लेख "प्रवासी" की प्रतिष्ठा बढ़ानेमें सहायक हुए हैं। हम अपने देशहितैषी पड़ोसी प्रोफेसर देवकीनन्दन शर्मा, एम०ए०, एल० एल०बी० को भी धन्यवाद दिये बिना नही रह सकते जो अपने आवश्यक कार्यको हर्ज पहुँचाकर भी "प्रवासी" का काम फौरन कर देते रहे हैं। "प्रवासी" के सम्पादनमें शर्माजीकी सहायता बहुमूल्य सिद्ध हुई है। दक्षिण अफ्रिकाके प्रख्यात पत्रकार श्री पी० एस० जोशी और श्री एस० एल० सिंह तथा मोरिशसके प्रोफेसर बी० विष्णुदयाल एम० ए० और श्री एस० बालगोविन्दने भी कई महत्व पूर्ण लेख लिखकर "प्रवासी" की सेवा की है अतएव हम उनके भी कृतज्ञ हैं। इस अवसरपर हम अपने पुराने मित्र, फाइन आर्ट प्रिन्टिग प्रेस के मनैजिङ्ग डायरेक्टर, श्री मथुराप्रसाद शिवहरेको कैसे भूल सकते है जिन्होंने अपने अनेक जरुरी कामोंके बावजूद भी "प्रवासी" को मुद्रित करके इसे समयपर प्रकाशित करनेमें हमारी सहायता की है। "प्रवासी" के कार्यमें शिवहरेजीसे हमें सभी तरहकी मदद मिलती रही है।

बम्बईके राजा नारायणलाल पिती, कानपुरके सर पदमपत सिंहानिया और श्री जयपुरिया ब्रदर्स, कलकत्ताके श्री काशीराम बनारसी लाल लिमिटेड और श्री रुलियाराम गुप्त तथा अन्य सहृदय बंधुओंका हम विशेष अभारी है जिन्होंने विज्ञापन देकर "प्रवासी" की विशेष सहायता की है। हमारे पास बहुतसे ऐसे विज्ञापन आये जिनको स्वीकार कर लेनेपर "प्रवासी" को आर्थिक लाभ अवश्य होता पर नैतिक दृष्टिसे उनको अंगीकार करना हमें उचित न जँचा। हम महात्मा गांधी नही बन सकते, उन्होंने तो अपने अखबारोंमें विज्ञापन छापनाही बंद कर दिया था। हमें अपने निर्दिष्ट स्थानका मार्ग परिस्थितिके अनुसारही निश्चित करना पड़ता है। यदि हम विज्ञापन न लें तो पत्र का संचालन दुष्कर हो जायगा। इसलिये हम विज्ञापन लेतेही नही, उसके लिये याचना भी करते फिरते हैं। पर विज्ञापनोंको छापनेमें कमसे कम हमें इस बातका तो ध्यान रखनाही चाहिये कि हम पैसेके लालचसे कोई ऐसा विज्ञापन तो नही छाप रहे हैं जिससे जनताके धन और चरित्र की हानि होनेकी आशंका हो। खेदकी बात है कि हमारे पास ऐसे विज्ञापन बहुत बड़ी संख्यामें आये जिनको अस्वीकार कर देनाही धर्म संगत जँचा। एक विज्ञापकने रंज होकर लिखा था, "बड़े बड़े धार्मिक पत्रोंमें हमारे विज्ञापन छपते हैं—किसीने कभी कोई आपत्ति नही की पर आप एक प्रवासी पत्रके लिये नैतिकताका राग अलाप रहे हैं।" बात बिलकुल ठीक है। कई धार्मिक पत्रोंमें हमने कोकशास्त्र और नपुंसकताकी दवाके विज्ञापन देखे हैं। जिन पत्रोंका उद्देश्य है जनतामें धार्मिक भावोंका संचार और चरित्रका परिष्कार, उनमें कोकशास्त्र और मदन मंजरी के विज्ञापन छपते देख कर महात्मा टॉलस्टायके शब्दोंमें कहना पड़ता है कि 'यदि वे होशमें होते तो ऐसा कभी न करते'—धातुके चंद टुकडोंके लिये पत्रके कलेवरको दूषित न करते। जो विज्ञापन हम छाप रहे हैं उनको तो हमें प्रयत्न करके प्राप्त करना पड़ा है।

"प्रवासी" का वार्षिक मूल्य।

हमने सोचा था कि सालभरमें आर्थिक दृष्टिसे "प्रवासी" की अवस्था संतोषजनक हो जायगी और हम "प्रवासी" का वार्षिक मूल्य घटा सकेंगे, पर हमारी आशा मृगतृष्णाही सिद्ध हुई। "प्रवासी" की आर्थिक स्थिति तो ऐसी चिन्ताजनक रही कि यदि कुछ उदार महाभागोंका सहारा न मिला होता तो "प्रवासी" का साल पूरा होना दुस्तर हो जाता। "प्रवासी" व्यवसायकी दृष्टिसे तो निकलता है नही, इसका तो एक मात्र ध्येय है—प्रवासी भारतीयोंकी सामयिक समस्याओंकी ओर भारत सरकार और भारतीय जनताका ध्यान दिलाना और उनके सम्बंध में भारतकी प्रतिक्रियासे औपनिवेशिक सरकारों और जननायकोंको अवगत कराना। इसी लिये तो "प्रवासी" में अंग्रेजी लेख देना अनिवार्य हो गया है अन्यथा इसके उद्देश्यकी सिद्धि नही हो सकती। इसी विचारसे 'प्रवासी' की सैकड़ों प्रतियाँ भारत तथा उपनिवेशोंके राजमंत्रियों, सत्ताधारियों, जननायकों और पत्रकारोंके पास भेंटके रूपसे जाती हैं अन्यथा इसके लक्ष्यकी पूर्ति कैसे हो सकेगी? 'प्रवासी' के पिछले साल जो ग्राहक बने हैं और जो इस साल बनेंगे उनसे हमारी विनम्र प्रार्थना है कि वे यह सोचकर नही कि कागज, मुद्रण और पाठ्य-सामग्रीके मूल्यके रूपमें बल्कि यह सोचकर हमे सालाना दस रुपया देवें कि उनका

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

यह द्रव्य दलित और पीड़ित प्रवासी भाइयोंके सेवाकार्यमें लग रहा है। गतवर्ष जिन भाइयोंने अपना वार्षिक मूल्य चुकाया उन्होंने चाहे कुछ भी सोचा हो पर मैंने यही सोच कर शिरोधार्य किया कि प्रपीड़ित प्रवासियोंके सेवा-यज्ञमें उनकी यह एक आहुति है, उन्होंने एक महत्वकार्यके सम्पादनमें हमारा हाथ बँटाया है, बापूकी इच्छापूर्तिमें सहायता करके सुयश कमाया है। इसी भावनासे "प्रवासी" का सँचालन किया जा सकता है।

हमारी असली हालतका परिचय पाकर पाठकोंको विस्मय और विषाद हुए बिना न रहेगा। सम्पादकको जहाँ मनैजरका भी काम करना पड़ता है वहाँ प्रूफ-रीडर और क्लर्कका काम भी। आर्थिक कठिनाइयोंके कारण हम ऐसा क्लर्क भी नही रख सके जो कमसे कम पत्र व्यवहार का काम तो संभाल लेता। सारा कार्य एकही व्यक्तिको करना पड़ता है और वह व्यक्ति भी ऐसा जिसे व्याधियोंने घसीटकर मौतके दरवाजेतक पहुँचा दिया है। तीस साल की आयुमें हमने दक्षिण अफ्रिकासे अंग्रेजी-हिंदीमें "हिन्दी" नामक साप्ताहिक निकाला था उसका भी हमही एडीटर थे और मनैजर भी; प्रूफ-रीडर भी थे और क्लर्क भी। उन दिनों अठारह घण्टे मशक्कत करनेपर भी थकावट नही होती थी और चार सालतक कामका यही सिलसिला रहा। इसके साथही सार्वजनिक कार्योंमें भी भाग लेना पड़ता था और खासकर रविवारको तो कहीं न कहीं व्याख्यान देने के लिये जानाही पड़ता था। पर अब वह बात कहाँ? एक तो बुढ़ापा आ गया और तिसपर बीमारियोंने भी हमला बोल दिया। फलतः न वाणीमें बल रहा और न कलममें जोर। केवल दृढ़ इच्छाशक्तिके सहारे किसी तरह काम होता जा रहा है।

हम अपने पाठकोंसे प्रार्थना करते हैं कि वे "प्रवासी" के वार्षिक मूल्यके रूपमे नही प्रत्युत प्रवासी भाइयोंके सेवाकार्यमें सहायताके रूपमें सालाना दस रुपया देकर अपनी उदारताका परिचय देवें। हम चाहते हैं कि कुछ नवयुवक ऐसे निकल आवें जो प्रवासी भारतीयोंकी समस्याओंके अध्ययनमें अनुराग और अभिरुचि रखनेवाले हों। इस लिये हमने घाटा सहते हुए भी सार्वजनिक विद्यालयों और पुस्तकालयोंको छः रुपये सालाना मूल्य पर "प्रवासी" देनेका इरादा कर लिया है। जिन पुस्तकालयों और विद्यालयोंको "प्रवासी" जा रहा है, जो इसका स्थायी ग्राहक बन चुके हैं वे अगले सालके लिये केवल ६) रुपये मनिऑर्डरसे भेजनेकी कृपा करें। अन्य ग्राहकोंसे हम प्रार्थना करेंगे कि वे "प्रवासी" का दाम नही बल्कि प्रवासियोंके सेवा-काममें दान समझकर १०) रुपये देवें और जिनका साल पूरा हो गया है वे हमारी स्थितिपर दया करके शीघ्र अपनी उदारतासे हमें कृतार्थ करें। बहुतसे परिचित बंधुओंके पास हम शुरुसेही 'प्रवासी' भेज रहे हैं और हमें आशा थी कि वे बिना मांगेही मूल्य भेज देंगे पर दुःखके साथ कहना पड़ता है कि दो वार बिल भेजने और कई वार स्मरण दिलानेपर भी उनमेंसे अधिकांश भाइयोंने ध्यान न दिया। हमें विवश होकर उनके पास अगले अङ्कसे "प्रवासी" भेजना बंद कर देना पड़ेगा, पर यह हमारे लिये संतापकी बात होगी और उनके लिये शर्मकी। आशा है कि वे हमें इस अप्रिय कार्य करने पर वाध्य न करेंगे।

"प्रवासी" का भविष्य।

"प्रवासी" का भविष्य देशवासियों और प्रवासियोंके सहयोग और सहायतापर निर्भर है। हम जिस परिस्थितिमें "प्रवासी" को निकाल रहे हैं वह ऊपरकी टिप्पणियोंसे पाठकोंको मालूम ही हो गया होगा। हम इसे एक उच्च श्रेणीका पत्र बनानेका इरादा रखते हैं पर यह तभी संभव हो सकता है जब कि हमारी आर्थिक कठिनाइयोंका अंत आ जावे। हमारे अनेक प्रवासी भाई अक्सर लिखा करते हैं कि "प्रवासी" में देशका भी समाचार छपना चाहिये ताकि उनको अपनी मातृभूमिकी हालत का भी परिचय मिल जाया करे। ऐसे मित्रोंसे हम निवेदन करेंगे कि "प्रवासी" कोई समाचारपत्र तो है नहीं, वह तो एक विचार पत्र है। असलमें समाचार देनेका काम है दैनिक-पत्रोंका, पर भारतमें साप्ताहिक पत्र भी समाचार देते हैं। अतएव उनको भारतकी खबरें जाननेके लिये यहाँ के किसी अच्छे साप्ताहिक पत्रका ग्राहक बन जाना चाहिये। यदि "प्रवासी" द्वारा प्रवासी भाइयोंतक भारत का समाचार पहुँचाना अभीष्ट होता तो हम इस झंझटमें पड़तेही क्यों? इस कामको करनेवाले तो भारतमें अनेक पत्र विद्यमान है, उनमें एक और बढ़ा देनेसे क्या फायदा? "प्रवासी" तो प्रवासी भारतीयोंका भी साधारण समाचार नही छाप सकता—इसका काम है प्रवासियोंकी धार्मिक, सामाजिक, राजनैतिक, शिक्षा-सम्बंधी और आर्थिक अवस्थापर प्रकाश डालना, उनके कष्टोंकी कथा भारत

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सरकार और भारतीय जनता तथा विदेशों और उपनिवेशों के सत्ताधारियोंको सुनाना और उनके निवारणके लिये आंदोलन करना ? "प्रवासी" का यही स्थिर आदर्श है इसीकी प्राप्तिके लिये वह प्रयत्नशील है ।

हम अपने प्रवासी भारतीयोंसे अनुरोध करेंगे कि वे हमें अपने उपनिवेशकी परिस्थितिका परिचय देते रहें । प्रवासी अखबार या अखबारोंके कतरन, इयर-बुक, इतिहास, भूगोल, नकशा, डायरेक्टरी, भारतीयोंके सम्बंध के कानूनी समविदे, चित्र तथा अन्य साहित्यिक सामग्रियाँ हमारे कार्यमें सहायक होंगी । भिन्न भिन्न विषयोंपर अंग्रेजी और हिंदी लेखोंका भी हम स्वागत करेंगे, पर वे लेख वहाँकी स्थितिपर प्रकाश डालनेवाले होने चाहिये । इस समय हमारे सामने मोरिशसके दो हिंदी लेख हैं जो उनके लेखकोंकी दूषित मनोवृत्तिके ही परिचायक है । इनमें एक व्यक्ति-विशेषकी बातको लेकर यह सिद्ध करनेकी कोशिश की गई है कि आर्यसमाज दूषणों, दुष्कर्मों और दुरभिसंधियोंका दलदल है और उनके पसंदके अमुक नेताजी सर्वगुणों, सद्भावों और सत्कर्मोंके साक्षात अवतार है । इस प्रकारके अशिष्ट लेख मोरिशसके कुछ पत्र छापा करते हैं, पर "प्रवासी" का दर्जा उनसे नितांत भिन्न है । "प्रवासी" एक ऐसा पत्र है जो भारतके राष्ट्रपति डाक्टर राजेन्द्र प्रसादजी, गवर्नर-जनरल श्री चक्रवर्ती राजगोपालाचार्य और प्रधान मंत्री पं० जवाहरलाल नेहरुसे लेकर मोरिशसके सूलाल करीमन और सुरेन्द्रनाथ तकके हाथोंमें पहुँचता और दृष्टियोंसे गुजरता है । इसमें केवल वही लेख छप सकेंगे जो प्रवासी भारतीयोंकी हितदृष्टिसे उपयोगी होंगे । किसीकी प्रशंसाका पुल बाँधना और किसीको नीचे गिरानेकी चेष्टा करना "प्रवासी" का धंधा नही है । हम मोरिशसकी परिस्थितिसे कुछ परिचित हैं । वहाँके आर्यसमाजियोंने दलबंदीके दलदलमें फँसकर आर्यसमाजके गौरवको अवश्य घटाया है और अभी हम दिवाली अंकमें श्री दयानंद बसंतरायका एक लेख छाप चुके है जिसमें आर्यसमाज की समालोचना है । पर इसका यह अर्थ तो नही है कि आर्यसमाजने प्रवासी भारतीयोंकी जो सेवाएँ की है उनको कृतघ्नता पूर्वक विस्मरण कर दिया जाय । खैर, कहनेका तात्पर्य यह कि इस प्रकारके लेखोंके लिये "प्रवासी" में स्थान नहीं है ।

"प्रवासी" के ७ वे अंकमें हम अपनी कठिनाइयों का दिग्दर्शन कराते हुए पाठकोंको यह बतला चुके है कि हमारे पास टाइप तो है पर मुद्रणके लिये मशीन नही है । दस मासंसे अधिक हो गये जब कि कलकत्तेमें "प्रवासी" के लिये एक ट्रेडिल मशीन खरीदी गई पर उसको अजमेर लाना कठिन हो गया । रेलवे अधिकारियोंको लिख-लिखकर थक गये पर आजकल कौन किसीकी सुनता है ? भ्रष्टाचार का बाजार गरम है । जिस महकमेसे काम लेना हो वहाँके चपरासीसे लेकर उच्चाधिकारियों तककी मुट्ठी गर्म कर दीजिये फिर तो आपका काम आनन-फानन हो जायगा । लेकिन अगर आप भ्रष्टाचारको स्वीकार नही करते—रिश्वत देना बुरा समझते हैं तो फिर हाथपर हाथ धरे बैठे रहिये वर्षों और करते रहिये अनुकूल अवसरकी प्रतीक्षा । हमने भी यह संकल्प कर लिया कि रिश्वत तो न देंगे चाहे मशीन आवे या नही । उधर मशीन बेचनेवाला धमकाता रहा कि यदि हम उसके गोदामसे शीघ्र मशीन न उठा लेंगे तो वह बयानाका रुपया जप्त कर लेगा और मशीन भी बेच देगा ।

अभी हालहीमें जब प्रसिद्ध पत्रकार श्री के० संतानम् भारत सरकारके मंत्री-मंडलमें शरीक किये गये और ट्रांसपोर्ट विभाग उनके हवाले किया गया तो हमने उनको एक विस्तृत पत्र लिखा जिसमें हमने मशीनकी कहानी सुनाकर यह भी कहा कि हम भी भारतीय स्वाधीनताके एक सिपाही रहे हैं और देशकी मुक्तिके लिये स्वयं बंदीघर में बसेरा भी कर चुके हैं पर हमने जो कुछ अपनी मातृभूमिके उद्धारके लिये किया है उसका किसी भी प्रकारका पुरस्कार हमें नही चाहिये । पर हमने यह आशा अवश्य की थी कि अंग्रेजोंके चले जाने पर हम अपने देशका कारबार अच्छी तरह चला लेंगे, पर सालभरसे हम जो कुछ देख रहे हैं उससे हमारी निराशाकी सीमा नही है और देशका भविष्य हमें अँधकार पूर्ण दिखाई दे रहा है । संतानमजीने फौरन उत्तर दिया और हमें विश्वास दिलाया कि अब हमें मशीनके लिये अधिक काल प्रतीक्षा न करनी पड़ेगी ।

अब हमें कलकत्तासे रेलवे विभागकी सूचना मिली है कि हमारे मशीनको 'स्पेशल केस' कहकर फौरन कलकत्तासे रवाना करनेकी आज्ञा दी गई है और जिससे हमने मशीन खरीदा है उसने यह खबर दी है कि मशीन मालगाड़ीमें चढ़ गई और वहाँसे रवाना हो गई है । यदि कहीं बीचमें मालगाड़ी न अटक गई तो आशा हैं कि अब मशीन शीघ्रही अजमेर पहुँच जायगी और "प्रवासी" की एक बहुत बड़ी कठिनाई दूर हो जायगी ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हमने "प्रवासी" की सारी हकीकत पाठकोंके सामने रख दी—इस लिये कि हमारी कठिनाइयोंको जान कर हमपर दया दिखावें। "प्रवासी" हमारी व्यक्तिगत सम्पति नहीं है, यह राष्ट्र पिताकी इच्छा पूर्तिका एक साधन और प्रवासी भारतीयोंकी समस्याओं और उनकी शिकायतोंका एक प्रदर्शन है। सन १९४९ के नवीन-वर्षके प्रथम दिनपर "प्रवासी" अपने जीवनके दूसरे वर्षमें प्रवेश करेगा—इस आशा और विश्वासके साथ कि देशवासियों और प्रवासियोंके प्रोत्साहन, आशर्वाद एवं सहानुभूतिसे इसका अगला साल उज्वल और मङ्गल-मय होगा।

नेटालमें हिन्दी साहित्य सम्मेलन।

अभी हमें डरबन (दक्षिण अफ्रिका) से खबर मिली है कि "नेटालके हिंदी शिक्षा संघके आश्रयमें प्रथम नेटाल प्रांतिक हिंदी साहित्य सम्मेलन गत १७ अक्टूबरको काठियावाड़ सेवा समाजके भवनमें सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। सम्मेलनका प्रधान-पद यहाँके प्रतिष्ठित और प्रसिद्ध नेता श्री बी० एम० पटेलने ग्रहण किया था। श्री बी० परमेश्वर द्वारा सम्मेलनका उद्घाटन हुआ। सम्मेलन की सफलताके लिये अनेक संदेश आये थे जिसमें भारतके माननीय गवर्नर जनरल श्री राजगोपालाचार्य; श्री पुरुषोत्तमदास टंडन, श्री सम्पूर्णानंदजी, श्री भदंत आनंदजी कौसल्यायन तथा स्वामी भवानीदयाल संन्यासीके मुख्य थे। सम्मेलनमें मुख्यतः तीन प्रस्ताव स्वीकृत हुए। प्रथम प्रस्ताव हिंदी भाषियों और हिंदी पाठशालाओंके संगठनका था। नेटालकी सनातन धर्म सभाके सभापति पं० द्वारिका महाराजने यह प्रस्ताव रखा। प्रस्ताव द्वारा सभी पाठशालाओंका एकीकरण तथा पाठविधि और परीक्षा प्रणाली में समानता लानेपर जोर दिया गया। दूसरा प्रस्ताव हिंदू महासभाके प्रधान डाक्टर नगीनदास देशाईने, जो सम्मेलनमें गुजराती भाषियोंका प्रतिनिधित्व कर रहे थे, राष्ट्रभाषा हिंदीके सम्बंधमें रखा। इसमें दक्षिण अफ्रिकाके सभी हिंदुस्थानियोंको परस्पर व्यवहारकी भाषाके रूपमें हिंदीको अपनानेके लिये अनुरोध किया गया है। तामिल भाषियोंकी तरफसे श्री टी० एम० नायकर तथा तेलगू भाषियोंकी ओरसे श्रीमती कृष्णावेणी रेडीने इस प्रस्तावका समर्थन किया। तीसरा प्रस्ताव पं० नरदेवजी वेदालङ्कारने हिंदी साहित्यके सम्बंधमें उपस्थित किया। आपने हिंदी साहित्यका विहंगावलोकन करते हुए साहित्यके प्रचारके लिये पुस्तकालय तथा वाचनालय खोलनेपर विशेष जोर दिया।

"इस सम्मेलनमें नेटालके हिंदी शिक्षा संघकी नियमावली मंजूर हुई। इसी संघके द्वारा हिंदी पाठशालाओंका संगठन तथा राष्ट्रभाषा हिंदीके प्रचारका आयोजन होगा। इस सम्मेलनमें श्री एस० एल० सिंह, श्री सत्यदेव, श्री रामावतार शुक्ल, श्री मती कमला बहन आदिके जोरदार भाषण हुए। श्री हरिसिंह और पाठशालाके विद्यार्थियोंके संगीत और संवादका भी आनंद रहा। सम्मेलन अपने उद्देश्यमें सफल रहा और आशा है कि इसके द्वारा हिंदी प्रचार और संगठनमें काफी बल मिलेगा। सम्मेलनके भाषणों और प्रस्तावोंकी एक पुस्तिका भी प्रकाशित की गई है।"

आजसे बत्तीस वर्ष पूर्व हमने दक्षिणीय अफ्रिका हिंदी साहित्य सम्मेलनकी स्थापना की थी जिसका पहला अधिवेशन सन १९१६ में लेडीस्मिथके "मेसोनिक हॉल" में और दूसरा अधिवेशन सन१९१७ में पीटर मेरित्सबर्गके बेद धर्म सभा भवनमें बड़ी धूमधामसे हुआ था। इसके बाद हमारे राजनैतिक क्षेत्रमें चले जानेके कारण उसका कोई धनी-धोरी नही रहा और इस लिये उसका तीसरा अधिवेशन न हो सका। अब पं० नरदेव वेदालंकारके उद्योग से हिंदी भाषाके प्रचारकी ओर वहाँके प्रवासी भारतीयोंका फिर ध्यान आकर्षित हो गया है और हमें आशा है कि इसवार कुछ ठोस काम होकर रहेगा।

आर्य कन्याएँ पूर्वीय अफ्रिकाको।

बडौदाके आर्य कन्या महाविद्यालयकी लगभग दो दर्जन छात्राएँ पं० आनंद प्रियजीके नेतृत्वमें पूर्व अफ्रिका जा रही हैं। इनके साथ राजस्थान आर्य प्रतिनिधि सभाके प्रधान कुँवर चाँदकरणजी शारदा भी जा रहे हैं। यह यात्रीदल ६ दिसम्बरको 'करेंजा' जहाजसे प्रस्थान कर जायगा। इस दलका लक्ष्य जहाँ बड़ौदाके आर्यकन्या विद्यालयके लिये धन संग्रह करना है वहाँ वैदिक धर्म और आर्य संस्कृतिका प्रचार करना भी। इन आर्य कन्याओंका दल एकवार सन १९३३ में पूर्व और दक्षिण अफ्रिका तथा रोडेसिया तकका भ्रमण कर चुका है और उस समय भी विद्यालयको प्रवासी भारतीयोंसे दान-स्वरूप पुष्कल धन प्राप्त हुआ था और साथही इन कन्याओंकी रहन-सहन संस्कृति एवं व्यवहार और व्यायामसे भारतका गौरव

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

112173

भी बढा था। जो श्वेताङ्ग भारतीय नारीको परदेमें बंद रहनेवाली पराधीन दासी समझे बैठे थे, इन बालाओंकी विद्वता, प्रतिभा और स्वाधीनता देखकर उनकी आँखें खुल गई थी। इनका सर्वत्र स्वागत हुआ और प्रवासी नारियों के जीवनपर भी इनके व्यक्तित्वका अच्छा असर पड़ा था।

कुँवर चाँदकरण शारदा
Shri C. K. Sarda

खबर है कि हमारे मित्र कुँवर चाँदकरणजी शारदाको सार्वदेशिक सभाने पूर्व अफ्रिकाके लिये अपना प्रचारक बनाकर बहती गङ्गामें गोता लगा लिया है। शारदाजी एक कर्मठ आर्य पुरुष हैं। वे आर्य समाजकी सेवामें अपने जीवनका सर्वोत्तम भाग लगा चुके हैं और जीवन का शेष भाग भी इस काममें उत्सर्ग करनेका संकल्प कर चुके हैं। प्रवासी भारतीयोंके प्रश्नमें भी उनका अनुराग रहा है। वे द्वितीन प्रवासी परिषदके प्रधान-पदको भी सुशोभित कर चुके हैं। अब वे पूर्व अफ्रिकामें पर्यटन करके उनकी स्थिति अपनी आँखों देखेंगे और जहाँ उनको वैदिक धर्म और आर्य संस्कृतिके उपदेशामृतसे तृप्त करेंगे वहाँ भारत लौटनेपर भी उनको न भूलेंगे और उनकी सेवा एवं सहायताके लिये देशवासियोंको प्रेरित करते रहेंगे। पर 'कृण्वंतो विश्वामार्यम' की व्रतधारिणी सार्वदेशिक सभा की गतिविधि पर परिताप हुए बिना नही रहता। सभाके पास विदेश-प्रचारके मदमें धन भी जमा है पर उसका इस काममें कोई उपयोग नही होता है। संसार के भिन्न भिन्न भाषाओंमें उपदेशक तैयार करना तो दूरकी बात है, अभी प्रवासी भारतीयोंमेंही सभाकी ओरसे प्रचारकी कोई व्यवस्था नही है। सभाकी ओरसे कुछ कालतक पं० अयोध्या प्रसाद जी, पं० सत्याचरणजी और पं० भास्करानंद जी अमेरिकाके दक्षिणीय उपनिवेशों—डमरारा, ट्रिनीडाड और सुरीनाममें वैदिक धर्मका प्रचार कर चुके हैं जिससे वहाँके हिंदुओंमें धर्मकी तृषा जाग उठी है। हमारी अकर्मण्यता और उदासीनतासे वहाँके अधिकांश शिक्षित हिंदू ईसाई हो चुके हैं पर जो बच गये हैं उनकी रक्षा करना तो हमारा कर्त्तव्य है। वहांके भाई प्रचारकके लिये प्रार्थना कर रहे हैं पर सभा कानमें उँगली डाले बैठी है—उनकी पुकार अरण्यरोदनही सिद्ध हो रही है।

हम कुँवर चाँदकरणजी और पं० आनंदप्रियजीसे बलपूर्वक अनुरोध करते हैं कि वे संस्थाकी सेवाके सिवा एक और भी काम करें और वह यह कि वहाँके आदिम निवासियोंमें किस प्रकार वैदिक धर्मका प्रचार किया जा सकता है, इसका कोई सुलभ उपाय ढूँढ निकालें। अफ्रिकामें आर्यसमाजको स्थायी बनानेके लिये यह अत्यंत आवश्यक कार्य है। केवल वहाँके प्रवासी भारतीयोंमें व्याख्यान दे आनेसे कोई विशेष लाभ नही है। वहाँ आचार्य रामदेव, पं० चमूपति, पं० ऋषिराम, पं० बुद्धदेव प्रभृति अनेक उच्चकोटिके आर्य प्रचारक प्रवासी भारतीयोंमें प्रचार कार्य कर आये हैं, पर किसीने वहाँके मूल निवासियोंमें प्रचारकी ओर ध्यान न दिया। यदि हमारे शारदाजी और आनंदप्रियजी इस जटिल समस्याको सुलझानेके लिये कोई उपाय ढूँढ निकालेंगे और कोई योजना बनाकर सार्वदेशिक सभा और आर्य जगतके सामने रखेंगे तो हम समझेंगे कि उनकी यात्रा सार्थक और सफल हुई।

सम्मेलन और प्रवासी भारतीय।

प्रवासी भारतीयोंके लिये यह प्रसन्नताकी बात है कि भारतीय पार्लामेन्टके समस्य सेठ गोविन्द दासजी अखिल-भारत हिंदी साहित्य सम्मेलनके प्रधान चुने गये हैं। सेठजी उन इनेगिने महाभागोंमें एक हैं जो प्रवासी भारतीयोंकी समस्याओंमें दिलचस्पी रखते हैं और भारतीय पार्लामेन्टमें समय-समय पर उनका सवाल उठाया करते हैं। एक दशाब्दी पहले सेठजी पूर्व और दक्षिण अफ्रिकाका पर्यटन भी कर आये हैं—वहाँके प्रवासी भारतीयोंकी की हालत अपनी आँखों देख आये हैं। वहाँसे लौटनेपर आपने अंग्रेजीमें अपनी रिपोर्ट तैयारकर तत्कालीन राष्ट्रपति नेताजी सुभाषचंद्र बोसको भेंट की थी। आपकी वह रिपोर्ट वास्तवमें प्रवासी भारतीयोंके संकट और संघर्ष संकुल इतिहासका एक महत्वपूर्ण अध्याय है। हिंदीमें भी आपने अपना यात्रा-विवरण लिखा था। पहले उसका कुछ अंश "सरस्वती" में निकला था और बादमें प्रयागके सरस्वती प्रकाशन मंदिर द्वारा वह ग्रंथ-रुपमें "हमारा प्रधान उपनिवेश" के नामसे प्रकाशित हुआ था। इस ग्रंथमें सेठजीने अपने भ्रमण और अनुभवोंका बडा चिताकर्षक और मनोरंजक वर्णन किया है। इस प्रकार अपनी सेवाओंसे सेठजीने प्रवासी भारतीयोंको अपना ऋणी बना लिया है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इस अवसरपर, जबकि हिंदीको अपने नैसर्गिक अधिकारसे वंचित करनेके लिये नाना प्रकारके षडयंत्र रचे जा रहे हैं और 'हिंदुस्थानी' के नामसे उर्दूको राष्ट्रके गले मढ़नेकी चेष्टाएँ हो रही हैं, सम्मेलनने सेठजीको प्रधान चुनकर बड़ी नीतिज्ञता और दूरदर्शिताका परिचय दिया है। शीघ्रही संविधान परिषदके सामने राष्ट्रभाषाका प्रश्न आनेवाला है और वहाँ इस विषयपर संघर्ष होनेकी भी संभावना है। जो लोग 'हिंदुस्थानी' के नामसे भारतके माथे उर्दू थोपना चाहते हैं उनके अग्रनेता हैं मौलाना आजाद, जिनको हिंदीसे ऐसी नफरत है कि यदि उनका वश चले तो उसको गर्दनिया देकर हिंदुस्थानसे निकाल दें और उर्दूको कौमी ज़बान बना डालें पर भारतकी वर्तमान स्थितिमें मौलानाकी इच्छाकी पूर्ति नही हो सकती है इस लिये वे उर्दूको 'हिंदुस्थानी' का जामा पहनाकर देशके सामने पेश कर रहे हैं। देशके दुर्भाग्यसे श्री चक्रवर्ती राजगोपालाचार्य और पं० जवाहरलाल नेहरु जैसे महान नेता 'हिंदुस्थानी' का समर्थन कर रहे हैं—विशुद्ध राष्ट्रिय भावनासे नही, बल्कि वही पुरानी मुस्लिम तुष्टिकरण नीति की प्रेरणासे, जिसका कटुफल हम अच्छी तरह चख भी चुके हैं। इस विकट परिस्थितिमें सेठ गोविन्द दासजीको हिंदी का कर्णधार चुना जाना सभी दृष्टिसे उपयुक्त है। हमें आशा है कि सेठजी संविधान परिषदमें हिंदी हितैषियोंका नेतृत्व करेंगे और हिंदीको राष्ट्रभाषाके आसनपर बैठाकर ही दम लेंगे।

खैर, प्रवासी भारतीयोंकी हित दृष्टिसे भी सेठजीका चुनाव अभिनंदनीय है। इधर लगभग एक चोथाई शतीसे सम्मेलनमें प्रवासी भाइयोंकी चर्चा हुई ही नहीं। सन १९२३ में कानपुर सम्मेलनमें एक प्रस्ताव पास हुआ था जिससे "दक्षिण अफ्रिकामें हिंदी प्रचारकी प्रशंसा की गई थी और यह आशा प्रकट की गई थी कि मोरिशस, फिजी, ट्रिनीडाड, डमरारा, सुरीनाम आदि अन्यान्य उपनिवेशोंकी हिंदी जनता भी अपने यहाँ राष्ट्रभाषा हिंदीके प्रचारके लिये विशेष प्रयत्न करेंगी।" उन दिनों दक्षिण अफ्रिकासे "हिंदी" नामक मेरा साप्ताहिक अखबार हिंदी और अंग्रेजीमें निकल रहा था, उसको भी ५००) रु० प्रदानकर सम्मेलनने उसकी सेवाओंको सार्वजनिक रूपसे स्वीकार किया था। हमें आशा बँध गई थी कि सम्मेलन भविष्यमें प्रवासी भारतीयोंकी ओर ध्यान देता रहेगा पर वह मृगतृष्णाही सिद्ध हुई—सम्मेलनमें फिर कभी प्रवासी भारतीयोंकी कोई चर्चाही नही की गई।

इस नाजुक घड़ीमें, जो प्रवासी भारतीयोंके लिये अत्यंत भयावह है, जबकि उनकी भारतीयता शनैः शनैः लुप्त होती जा रही है, प्रवासी भाइयोंको भूल जाना सम्मेलनके लिये शोभाकी बात नही है। यह ध्यान रहे कि जिस राष्ट्र भाषाके प्रश्नपर भारतमें वाद विवाद हो रहा है उसे प्रवासी भारतीयोंने एक शती पहलेही हल कर लिया था। जब भारतमें गुलामी प्रथाका पुनर्जन्म, गिरमिट प्रथाके रूपमें हुआ और हिंदी, तामिल, तैलगू, मलयालम, कनाड़ी आदि भाषा भाषी गिरमिटकी गुलामी लिखाकर लाखोंकी संख्यामें मोरिशस, डमरारा, ट्रिनीडाड, जमैका, सुरीनाम, नेटाल, फिजी आदि उपनिवेशोंमें पहुँचे और उनके पीछे पीछे गुजराती भाषी भी स्वतंत्र रुपसे व्यापार करनेके विचारसे वहाँ जा पहुँचे तो उनके सामने परस्पर बातचीत और विचार विमर्शका पेचीदा प्रश्न उपस्थित हुआ। कबतक पड़ोसीके सामने मौन व्रत धारण किये रहते—कबतक संकेतसे काम चलाते रहते ? आखिर उन्होंने इस प्रश्नका हल ढूँढ निकाला और हिंदीकोही आपसमें बातचीतका माध्यम बनाया। न कोई सभा-समिति बैठी, न किसीके भाषण हुए और न कोई प्रस्ताव ही पास हुआ। व्यक्तिगत रूपसे प्रत्येक भारतीयने हिंदीको राष्ट्र भाषा मान लिया और वह प्रवासी भारतीयोंकी सार्वजनिक भाषा बन गई। हिन्दी अपनी मधुरी और सरलताके कारणही प्रवासी भाइयोंकी राष्ट्र भाषा बनी। दक्षिण भारतके भाइयोंके लिये हिंदी सीखना अनिवार्य हो गया, उनमें कोई अच्छी हिंदी बोल लेते थे और कोई टूटी-फूटी हिंदीसे काम चलाते थे पर बोलते थे सभी। यह भी गौर करनेकी बात है कि जिन जिन उपनिवेशोंमें हमारे भाई गिरमिट लिखाकर गये वे एक दूसरेसे हजारों कोस दूर हैं। कोई प्रशांत महासागरके तटपर है तो कोई हिंद महासागर के किनारे; कोई अमेरिकाके दक्षिणीय भागमें है तो कोई अफ्रिकाके दक्षिणीय भागमें, पर सभी जगहके प्रवासी भारतीयोंने एकमतसे हिंदीको विचार-विमर्शके लिये अपनाया। नेटालमें तो मद्रासियोंकीही संख्या अधिक है, फिर भी उन्हें हिंदी सीखने पर वाध्य होना पड़ा। पर खेदकी बात है कि यह स्थिति टिकाऊ नही हो सकी ? होती भी कैसे ? हिंदी के प्रचारके लिये कोई प्रयत्न नही किया गया। इसलिये

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वहाँके जन्म-प्रवासियोंकी मनोवृत्तिमें अंतर आने लगा। उनमें जिनको अंग्रेजी पढ़नेका अवसर मिला उन्होंने अंग्रेजी कोही विचार विनिमयके लिये अपनाना उचित समझा। फिर भी स्त्रियों और अपढ भाइयोंसे व्यवहारके लिये उनको भी झक मारकर हिंदी सीखनीही पड़ती थी। पर दूसरी पीढ़ीमें जो कोर कसर रह गई थी वह तीसरी और अब चौथी पीढ़ीमें बिलकुल पूरी हो गई। अंग्रेजी बोलनेवालों की संख्या जितनी बढ़ती गई, हिंदीकी आवश्यकता उतनी ही घटती गई। अब तो यहाँतक नौबत आ पहुँची है कि भिन्न भिन्न भाषा भाषियोंसे अंग्रेजी बोलनेकी बात तो दूर रही, घरमें ही भाई-बहनमें, पति-पत्नीमें और पिता-पुत्रमें अंग्रेजी छँटने लगी है। इसका परिणाम यह हो रहा है कि उनकी राष्ट्रियता खतरेमें पड़ रही है। यह तो मानी हुई बात है कि भाषाके बिना किसी राष्ट्रकी हस्ती कायम नही रह सकती। फिजी, मोरिशस और नेटालमें हिन्दी प्रचारके लिये थोडा बहुत उद्योग हो रहा है पर दक्षिणीय अमेरिकाके उपनिवेशों—ट्रिनीडाउ, डमरारा, जमैका, सुरीनाम आदि—की अवस्था अत्यन्त भयावह है।

सम्मेलनको चाहिये कि कमसे कम अपने एक प्रतिनिधिको तो इन उपानिवेशोंमें भेजकर प्रवासी भाइयोंकी स्थितिकी जाँच करावे और हिंदीके लिये कहाँ क्या हो रहा है उसकी तालिका तैयार करावे और फिर निश्चय करना चाहिये कि कहाँ क्या करना हिंदीकी हित दृष्टिसे उचित होगा। सम्मेलनमें एक प्रवासी-विभाग भी खुलना चाहिये जो प्रवासी भाइयोंकी खोजखबर लेता रहे। आशा है कि सेठ गोविंददासजीके कार्यकालमें सम्मेलन विदेशोंमें हिंदी प्रचारके लिये कोई योजना अवश्य तैयार करेगा।

जात-पाँतका प्रपंच और प्रवासी भाई।

अजमेरके जाति-भेद-निवारक-आर्य परिवार संघके संचालक आचार्य भद्रसेनजी सूचित करते हैं कि "आर्य जगत्के सुप्रसिद्ध नेता रिटायर्ड चीफजज पं० गंगा प्रसादजीकी पौत्रीका विवाह जाति-बंधनको तिलांजलि देकर गुण-कर्म-स्वभावके अनुसार वैदिक विधिसे हुआ है।" यह बात भारतमें बड़े महत्वकी समझी जाती है, क्या यह हमारे राष्ट्रके लिये लज्जाकी बात नहीं है? इसी जात पाँतके पचड़ेमें पड़कर हमने अपनी आजादीको खोया, एक हजार वर्ष तक दूसरोंकी गुलामी करते रहे। नानक, कबीर, रामानंद, दयानंद, गाँधी प्रभृति महापुरुष इसकी बुराई बताकर चले गले, पर हम पर कुछ भी असर न हुआ—हम इस बुराईसे चिपटे रहे। हमारी इसी कमजोरीके कारण मुसलमानोंकी हस्ती कायम रही अन्यथा वे भी हममे दूध-पानीकी तरह मिलकर हूण, ग्रीक आदिकी भाँति विलुप्त हो गये होते। पर उनको अलग एक कौम खड़ी करने पर हमने मजबूर कर दिया। जिनको हम जाति से निकालते गये उनके लिये मुसलमान बननेके सिवा और चाराही क्या रहा? धीरे धीरे उनकी संख्या दस करोड़ तक पहुंच गई। हमारे साथ रहना भी उनको पसंद न आया और उन्होंने भारतके सिर और पैरको काटकर अपना अलग पाकिस्तान बना लिया। पर हाय रे हिंदूजाति! इसकी आँख अब भी न खुली!

हमें इस बातका अभिमान है कि हमारे प्रवासी भाइयोंने इस समस्याको भी हल कर लिया है। गिरमिट प्रथाके प्रथम युगमें ही उन्होंने जात-बंधनको चकनाचूर कर डाला। परिस्थितिने उनको ऐसा करने पर वाध्य कर दिया, कलकत्ताके डिपोमें या जहाज पर अथवा टापुओंमें पहुंचकर ब्राह्मणने शूद्राणीसे सम्बन्ध जोड़ लिया और शूद्रने ब्राह्मणीसे। इस तरह उनकी एक जात बन गई। विवाह सम्बन्धके लिये योग्यता देखी जाती है, जातपांतके पुछल्लेकी पर्वाह नही की जाती है। उपनिवेशोंमें इस भयंकर जात प्रथाके पुनरूजीवित होनेकी कोई आशा नहीं है। खेद है कि मोरिशसके हिंदू बहुत पिछड़े हुए मालूम पड़ते हैं, वहाँ शायद इस दुष्ट प्रथाका विनाश नहीं होने पाया है। मोरिशससे एक महाशयकी चिट्ठी मुझे मिली है जिसमें इस बातकी शिकायत की गई है कि हमारे कमिश्नर श्री धर्मयश देवजी ईसाई-मुसलमानोंके साथ बैठकर चाय पीते और खाना खाते हैं। हम तो ऐसी चिट्ठी पाकर दङ्ग रह गये और सोचने लगे कि इस बीसवीं शतीमें और वह भी मोरिशस द्वीपमें ऐसी भी खोपड़ियाँ है जो भावी संतान के देखनेके लिये अजायब घरमें रखनेकी चीज हैं। मालूम पडता है कि मोरिशसमें कुछ ऐसे भी जीव हैं जिनको दुनिया तो क्या, भारतकी प्रगतिका भी कुछ पता नहीं हैं।

हमारे देशकी सर्वोत्तम विभूति महात्मा गाँधीके पुत्र-पौत्रोंने जात बंधन तोडकर शादियाँ की हैं। हमारे प्रधान मंत्री पं० जवाहर लाल नेहरूकी एक मात्र पुत्री देवी इन्दिराकी शादी एक पारसी सज्जनसे हुई है। हमारे न्याय मंत्री डाक्टर अम्बेडरका, जो जन्मके

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अछूत हैं, एक विदुषी ब्राह्मणीके साथ हाल हीमें उनका विवाह हुआ है। हमारे उच्चकोटिके सभी नेता इस सर्वनाशी जात प्रथाको मिटा डालने पर तुले हैं। ईसाई-मुसलमानोंके साथ बैठकर चाय पीना और खाना खाना तो मामूली बात है, उनसे शादी-विवाह करना भी अब बुरा नहीं समझा जाता है। मोरिशसमे जो लोग हिंदू आंदोलनके अग्रनेता है उनको राजनैतिक खटपटकी अपेक्षा इधर अधिक ध्यान देना चाहिये और इस जात प्रथा रूपी क्षयरोगके निवारणके लिये अपनी सारी शक्ति लगा देना चाहिये। धार्मिक, सामाजिक और राजनीतिक—सभी दृष्टियोंसे जात पांतका प्रपंच भारतीय राष्ट्रके लिये घातक हैं। यदि इसका नाश न हुआ तो हिंदुओंका सर्वनाश अनिवार्य है।

दक्षिण अफ्रिकामें हिटलरका अवतार।

जिस दिन हिरण्यकश्यपका कलयुगी अवतार हिटलर बर्लिनके राज भवनमें आत्महत्या कर इस लोकसे कूच कर गया था उस दिन मानवताने संतोषकी साँस ली थी। यह भी सोचा गया था कि कुछ कालके लिये विश्वको उस प्रचंड पापीसे छुट्टी मिल गई जिसने वर्णविद्वेष फैलाकर यहूदियोंका सर्वनाश कर डाला था। जो यहूदी जर्मनीको अपनी मातृभूमि समझते थे, जो जर्मनीके लिये जीना और उसके लिये मर मिटना अपना धर्म समझते थे, जिनका जर्मनीके विकास और उत्कर्षमें बहुत बड़ा हिस्सा था, उनको हिटलरने अपने पुश्तैनी देशसे मार भगाया, उनका सर्वस्व हरण कर लिया, उन पर ऐसे ऐसे अत्याचार किये जिससे दुनिया हिल गई, मनुष्यता दुःखसे कराह उठी। इसलिये हिटलरके संहार पर संसारमें हर्षोल्लासकी लहर दौड़ गई थी।

पर यह धारणा कि हिटलरसे दुनियाका पिण्ड छूट गया निर्मूल सिद्ध हुई। हिटलरका शरीर तो पेट्रोलकी ज्वाला में स्वाहा हो गया पर उसकी आत्माको कौन नष्ट कर सकता है, आत्माको न हथियार काट सकता है, न आग जला सकती है, न पानी बहा सकता है और न हवा उड़ा सकती है, वह तो अजर अमर है। हिटलरकी आत्मा दक्षिण अफ्रिकामें मलानके रूपमें अवतरित हुई है और अपना वही रङ्ग दिखा रही है जिसे देखकर कुछ साल पहले मानवता त्राहि-त्राहि पुकार उठी थी। तब जर्मनीके यहूदियों पर विपदा आई थी, अब दक्षिण अफ्रिकाके भारतीयों पर वही आफत आ पडी है। हिटलर यहूदियोंके खिलाफ जहर उगला करता था, मलान भारतीयोंके विरुद्ध विषवमन कर रहा है, वह यहूदियोंको जर्मनीका दुश्मन कहता फिरता था, यह भारतीयोंको दक्षिण अफ्रिकाके लिये खतरा बतला रहा है; उसने यहूदियोंके बलात निर्वासन (Deportation) की नीति अपनाई थी, इसने भारतीयोंके बलात प्रत्यागमन (Repatriaton) की योजन बनाई है। वह लीग ऑफ नेशन्ससे निकल गया था, यह संयुक्त राष्ट्रसंघसे निकल जानेकी धमकी दे रहा है। वह द्वितीय विश्वयुद्धकी आग लगाकर दुनियाको तबाह कर गया, यह तृतीय विश्वयुद्धके लिये मैदान तैयार कर रहा है। इसलिये कहना पडता है कि हिटलर मर कर भी जिन्दा है और मलानके रूपमें अपना रङ्ग दिखा रहा है।

प्रथम विश्वयुद्धके बाद जब जर्मनीके उपनिवेशोंका बाँट-बखरा लगा तो लीग ऑफ नेशन्सने जर्मन वेस्ट अफ्रिकाको दांक्षण अफ्रिकाके संरक्षण (Mandate) में सौंप दिया था। पहले स्मट्सने और उनके बाद अब मलान ने उस उपनिवेशको दक्षिण अफ्रिकामें मिला लेनेका मनसूबा बाँध लिया है। इधर संयुक्त राष्ट्रसंघमें यह प्रस्ताव पास हो चुका है कि दक्षिण अफ्रिका उस उपनिवेशको संघके ट्रस्टीशीप कौंसिलको सौंप दें पर मलानने संघकी आज्ञा माननेसे साफ इन्कार कर दिया है। इस वार पेरिसके अधिवेशनमें फिर इस बातकी चर्चा चली। दक्षिण अफ्रिकाके प्रतिनिधि श्री एरिक लौने कानूनकी दुहाई देकर कहा कि लीग ऑफ नेशन्सने जर्मन वेस्ट अफ्रिकाको दक्षिण अफ्रिकाके संरक्षणमें दे दिया था। उस लीगका स्वर्गवास हो गया। उसने किसीको अपना वारिस नहीं बनाया। द्वितीय विश्वयुद्धके बाद यह नया राष्ट्रसंघ बना, कानूनकी दृष्टिसे यह लीगका वारिस नहीं है, इस लिये जर्मन वेस्ट अफ्रिका पर इसका कोई दावा नहीं है। ऐरिक लौने हिंदुस्थानको अपना कट्टर बैरी बताकर कहा कि इसीने इस साधारण बातको तिलका ताड़ बना दिया है और येनकेन प्रकारेण दक्षिण अफ्रिकाको बदनाम कर रहा है। लौको इस बात का बड़ा दुःख है कि भारतके प्रधान मंत्री नेहरूजीको आमंत्रित करके राष्ट्रसंघमें भाषण कराया गया और उनको अपूर्व सम्मान दिया गया। दक्षिण अफ्रिकामें जिस नेहरूको लौ साहब शहरमें भी नहीं रहने देते बल्कि घेटोबस्तीमें रहनेको मजबूर करते उस

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भूरे नेहरूको संसारके समस्त राष्ट्रोंकी सभामें अनुपम मान मिलते हुए देखकर यदि लौकी छाती फट गई और वे अपनी जबान पर लगाम न लगा सके तो इसमे अश्चर्यकी कोई बात नहीं है। वे क्रोधमें आकर भारतमें अछूतोंकी दुर्गति और मुसलमानोंकी हत्याका हवाला देते हुए बोले कि ऐसे अत्याचारी देशके प्रतिनिधियोंको दक्षिण अफ्रिकाके गैर-गोरोंकी वकालत करनेका क्या अधिकार है ? पाकिस्तान को खुश करनेके लिये काश्मीर और हैदराबादके मुसलमानों पर भारतके कल्पित अत्याचारोंका जिक्र करके उन्होंने कमाल कर दिखाया। लौका भाषण पढ़कर यही भासित होता है कि वे क्रोधसे पागल हो गये थे और जब दिमाग बिगड़ जाता है तो जबान कहाँ काबूमें रह सकती है ? श्रीमती पंडितने तो उनके प्रलापका उत्तर देना भी अपमानजनक समझा। लौ जानते हैं कि भारतमें अछूत और मुसलमान सरकारके मंत्री हैं पर दक्षिण अफ्रिका भरमें चिराग लेकर ढूंढ़ने पर कहीं भी कोई जूलू, होटेन्टाट या बसूटू किसी भी सरकारी ओहदेपर न मिलेगा। वहाँके गौराङ्गोंकी तो यह सनातन नीति रही है कि देशियोंको निरा गुलाम बनाकर रखना चाहिये। अफसोसकी बात तो यह है कि मानव स्वाधीनताकी दुहाई देनेवाले ब्रिटेन और अमेरिका भी दक्षिण अफ्रिकाकी पीठ ठोंक रहे हैं और राष्ट्रसंघमें उसके दावेका समर्थन कर रहे हैं।

श्रीमती पंडितने एक प्रस्ताव रखा था कि राष्ट्र-संघका एक कमीशन जर्मन पश्चिम अफ्रिकाकी परिस्थितिकी जाँचकर रिपोर्ट दे और फिर उसके अनुसार आगेकी कार्रवाई की जावे। दक्षिण अफ्रिकाका यह दावा है कि वहाँका लोकमत उसके साथ मिल जाना चाहता है। जब स्मट्स, मलान या कोई श्वेताङ्ग लोकमतकी दुहाई देता है तो उसका स्पष्ट अर्थ होता है अल्पसंख्यक श्वेताङ्गोंका मत। गैर-गोरोंके मतका कोई मूल्य या महत्व नही होता। कमीशनकी जाँचसे जर्मन वेस्ट अफ्रिकाका पूरा और सच्चा चित्र संसारके सामने आ जाता पर अफसोस कि उनका प्रस्ताव पास न हो सका। न्यायकी गर्दन पर छुरी चल रही हो, मनुष्यताके कलेजेमें कटारी भोंकी जा रही हो, पर गोरे राष्ट्र पक्षपातका चश्मा नही उतार सकते, अपने गोरे भाईका तिरस्कार नहीं सह सकते। दक्षिण अफ्रिकाके मामलेमें यह स्पष्ट हो गया। श्रीमती पंडितका यह कथन कि हमे प्रस्तावके गिर जानेका उतना अफसोस नही है जितना कि वोटिङ्गके ऐन मौकेपर उन कई मित्रों का लापता हो जाना जिन्होंने प्रस्तावके पक्षमें मत देने का वायदा किया था" उन मुस्लिम देशके प्रतिनिधियों की मनोवृत्तिपर प्रकाश डालता है जो श्वेताङ्ग राष्ट्रोंके इशारेपर नाचा करते है। पाकिस्तान तो भारतका बैरी बनाही हुआ है। भारतको गिराना और बदनाम करना, यही उसका लक्ष्य बना हुआ है।

दक्षिण अफ्रिकाके विरुद्ध भारतके मामलेको पेरिस अधिवेशनमें पेश हो सकनेकी कोई आशा नही है। गोरे राष्ट्र जान बूझकर इस प्रश्नको टालते जा रहे है। पासपोर्ट छीन जानेपर सुप्रिम कोर्टकी आज्ञा लेकर डाक्टर दादूका लन्डन जाना व्यर्थ ही हुआ। बेचारे पादरी माइकल स्कॉट भी जर्मन वेस्ट अफ्रिकाके आदिम निवासियोंके प्रतिनिधिकी हैसियतसे अनेक आपत्तियोंका सामना करते हुए जब पेरिस पहुँचे तो उससे कुछही घंटे पहले भारतीय प्रस्ताव पर वोट लिया जा चुका था और वह गिर चुका था।

श्वेतांगोंका न्याय।

जबसे संसारकी सृजना हुई तबसे अगणित लड़ाइयाँ हो चुकी हैं। जीतनेवालोंका बोल-बाला होता था, पर हारनेवालोंका अपमान नहीं किया जाता था प्रत्युत विजेता वीर विजितका सम्मान करता था। पर द्वितीय विश्वयुद्धके बाद उल्टी गंगा बहाई गई। पहले जर्मन नेताओंको पकड़कर नूरेम्बर्गमें मुकदमेका नाटक रचा गया और उनको वीरोंकी भाँति गोलीसे नही मारा गया, कुत्तोंकी तरह फाँसी दी गई। उसके बाद जापानी नेताओंके विरुद्ध मामलेका अभिनय किया गया जिसका हालहीमें पटाक्षेप हुआ है। जापानके पूर्व प्रधान मंत्री जनरल टोजो तथा अन्य छः जापानी नेताओंको फाँसी, सोलहको जन्मकैद, एकको बीस वर्ष और एकको सात सालकी सजा दी गई है। इस अन्याय नाटकके प्रधान पात्र थे आस्ट्रेलियाके सर विलियम वेब, जिनको जापानियोंसे बदला चुकानेका अच्छा अवसर मिल गया। पर इसीसे उनकी रक्त-पिपासा तृप्त न हुई, वे जापानके सम्राट हिरहितोको भी फाँसीके तखतेपर चढ़ाकर अपने दिलकी दाह बुझाना चाहते थे, इस लिये उन्होंने अपने फैसलेमें इस बातपर खेद प्रकट किया कि जापान

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सम्राटको युद्ध अपराधीके रूपमें उनके सामने क्यों नही पेश किया गया ?

इस अदालतमें भिन्न भिन्न देशोंके दस जज थे जिनमें एक हिंदुस्थानी जस्टिस राधाविनोद पाल भी थे। हमें इस बातका गर्व है कि हमारे भारतीय जजने न्यायासन पर बैठकर श्वेताङ्गोंकी तरह उसे कलंकित नही किया बल्कि अलग फैसला लिखकर सभी जापानी नेताओंको निर्दोष ठहराया। उनकी इस बातसे कि यदि जापानियोंमें उच्चवर्ण होनेका अभिमान, युद्धकी भावना और उसके लिये तैयारी करनेकी आवश्यकता प्रतीत हुई तो वह आस्ट्रेलियाकीही श्वेत-नीतिकी प्रतिक्रिया थी, और उसके लिये प्रथम विश्वयुद्धके समयके आस्ट्रेलियाके प्रधान मंत्री विलियम मोरिस हयूजही सच्चे जिम्मेदार हैं, संसारमें सनसनी फैल गई है हयूज ने एक वक्तव्य निकालकर अपनी सफाई देते हुए यह स्वीकार किया है कि "मैंने अवश्य सर्व वर्णोंकी समानताका विरोध किया था, यदि ऐसा नही करता तो आस्ट्रेलियाके प्रति गद्दारी होती।" जस्टिस राधाविनोद पालका कथन अक्षरशः सत्य है। जब कि प्रथम विश्वयुद्धके बाद बर्सईमें संधि परिषद बैठी और जापान ने सर्व वर्णोंकी समानताका प्रस्ताव पेश किया तो उसके विरोधियोंका नेतृत्व किया था दक्षिण अफ्रिकाके जनरल स्मट्स और आस्ट्रेलियाके विलियम मारिश हयूजने। यह दोनों देश किसी एशियावासीको अपने देशमें पैर भी धरने देना नही चाहते हैं। आस्ट्रेलियाके श्वेतनीति पर हम "प्रवासी" के आठवें अङ्कमें "फिजी-समाचार" सम्पादक श्री रामखेलावन शर्माका अंगरेजी-लेख छाप चुके हैं उसके पाठसे जाना जा सकता है कि वहाँके श्वेताङ्गोंमें एशियावासियोंके लिये कितनी घृणा है ? एकवार जब महाकवि रविन्द्रनाथ ठाकुर अमेरिका जाते हुए आस्ट्रेलियासे गुजरे थे तो वहाँकी सरकारके आमंत्रणको पाकर उन्होंने जबाब दिया था कि "जिस देशमें हमारे देशवासियोंको अधम समझा जाता है और उनके साथ मनुष्यताका व्यवहार तक नही किया जाता है उस देशकी भूमिपर पैर रखना भी मैं उचित नही समझता।" जबतक जहाज वहाँ रहा, महाकवि उसी पर रहे पर उस भूमिपर पैर धरना पाप समझा था। विश्वयुद्धके जमानेमें जब चर्चिल इङ्गलेण्डका प्रधान मंत्री और हिंदुस्थानका मालिक बना तो टगोरके इस अपमानका बदला व्याज सहित चुका लिया और भारतीयोंके हजार विरोध करनेपर भी आस्ट्रेलियाके केसीको बंगालका गवर्नर बना करही दम लिया।

इस समय भी दक्षिण अफ्रिकामें प्रवासी भारतीयोंपर जो खुल्लम-खुल्ला अत्याचार हो रहा है—केवल इस अपराधमें कि उनके चमड़े सफेद नही हैं वह तृतीय महायुद्धके लिये खुली चुनौती है। जापानी नेताओंपर संसारकी शांति भङ्ग करने, युद्ध छेड़ने और श्वेताङ्ग कैदियोंके साथ दुर्व्यवहार करनेका आरोप लगाने वाले ही न्यायाधीश भी बन बैठे थे। न्यायका तकाजा तो यह है कि जापानके हिरोशिमा और नागासा नगरपर अणुबम गिराकर लाखों निर्दोष औरत-बच्चे, बृद्ध-बीमार और नागरिकोंकी हत्या करने वाले चर्चिल, रूजवेल्ट और स्टेलिनको युद्ध अपराधीके रूपमें अदालतके सामने खड़ा किया जाता और उनको मौतकी सजा दी जाती। पर इन गौराङ्गोंको न्यायसे वास्ताही क्या है ? इनको तो जापानियोंसे बदला चुकाना था पर वे विजयी होने पर उनको मारकर अपनी छाती ठंढी कर सकते थे, यह न्यायका नाटक रचनेकी क्या जरुरत थी ?

अफसोसकी बात तो यह है कि भारतके कुछ अखबार और उनमें भी "हिंदुस्थान टाइम्स" जैसा अखबार जस्टिस पालके फैसलेकी समालोचना करना उचित समझता है। क्या एशियावासी यह नही जानते कि अमेरिका, ब्रिटेन और हालण्डकी कार्रवाईसे विवश होकर जापानको युद्धमें कूदना पड़ा ? पर इस बात पर कौन विचार करता है ? यह तो 'जिसकी लाठी उसकी भैंस' का जमाना है। चूंकि अणुबमसे जापान पराजित हो गया इस लिये वह दोषी है—उसके नेताओंको फाँसीपर चढ़ा दो। पर यह ऐसी भयंकर परिपाटी है कि जो आज विजितोंको फाँसीपर लटका रहे हैं, आगे चलकर ऐसा भी समय आ सकता है कि उनको भी फाँसीकी डोरीपर झूलना पड़े। इस मामले में हमें यही संतोष है कि हमारे भारतीय जजने श्वेताङ्ग जजोंकी भाँति सत्य और न्यायकी हत्या करना उचित न समझा। शाबाश, जस्टिस पाल, शाबाश !

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

श्री सम्पादक बाबा ! आपने मेरा लेख दिवाली अंकमें नही छापा। उतना चटपटा और श्रमसे लिखा हुआ लेख शायद आपके रद्दीके टोकरेकी शोभा बढ़ाने में काम आया होगा। फिर अब आप मुझसे लेखकी याचना क्यों करते हैं ? दिवाली अंकमें तो आप अपने चुने हुए मित्रोंके रद्दी-सद्दी लेख छापकर काम चलावें और साधारण अङ्कके लिये मुझसे लेख माँगे—यह कहाँका शिष्टाचार है ? यदि फिर कभी मेरे साथ ऐसा व्यवहार हुआ तो मेरा अंतिम नमस्कार स्वीकार करने के लिये तैयार रहें।

❀ ❀ ❀ ❀

हिंदुस्थानके पेटमें हैदराबाद-रूपी जो नासूर हो गया था उसका ओपरेशन हो गया और वह पूर्ण सफल हुआ। हैदराबादके हिटलर कासिम रिजवीने यह धमकी दे रखी थी कि बिरहमन और बनिये हुकूमत और लड़ाई करना क्या जानते हैं ? अगर कहीं उन्होंने गुस्ताखी की और उनकी फौजने हैदराबादकी पाक-जमीन पर पैर रखा तो फिर उनके रजाकार आपेसे बाहर हो जायँगे और वह तूफान मचावेंगे कि चंगेज और हलाकूकी रूहें चुलबुला उठेंगी और दिल्लीके लाल किलेपर इस्लामी झँड़ा उड़ाकर ही चैन लेंगे। उधर पाकिस्तानके वैदेशिक मंत्री मियाँ जफरुल्ला खाँ गर्ज उठे थे कि यदि हिंदने हैदराबादकी तरफ उँगली उठाई तो सारे भारतमें ऐसी आग लग जायगी कि उसकी लपटें आकाशमें पहुँच जायँगी और वह सारे देशको जलाकर राख बना देगी। भारतके मुसलमान हैदराबाद के लिये खूनकी नदियाँ बहा देंगे और ऐसी मारकाट मचेगी कि उसके सामने पंजाबका पिछला हत्या-कांड फीका पड़ जायगा। पर नेहरु और पटेल—बिरहमन और बनिया—पर इस धंदर घुड़कीका कोई असर न हुआ वे जानते हैं कि जो बहादुर होता है वह गाल नही बजाता और जो बुजदिल है वह शेख बघारकर अपनी कमजोरीको छिपाता है। सितम्बरके तीसरे सप्ताहमें एक दिन दुनिया ने सुना कि हिंदकी फौज हैदराबादमें घुस पड़ी। औरत-बच्चों और निहत्थे हिंदुओंकी हत्या, युवतियोंपर बलत्कार और गाँवके गाँव लूटने और फूँकनेवाले बहादुर रजाकार-सियार जो शेरकी दहाड़से दुम दबाकर भागे तो पीछे घुमकर देखनेकी भी हिम्मत न पड़ी। पाँच दिनमें सारा खेल खतम हो गया। निजामने घुटने टेक दिये, उनकी सेना शरणागत हो गई। बाँके बहादुर रिजवी दाढ़ी मुड़ाकर और अपनी सूरत बदलकर किसी अँधेरी कोठरीमें जा छिपे थे लेकिन खुद हैदराबादके सिपाहियोंने उनको ढूँढ निकाला और भारतीय सेनापतिके हवाले कर दिया। इस समय रिजवी साहब कैदकी हवा खा रहे हैं और अपनी किस्मतको कोस रहे हैं। जनरल राजेन्द्रसिंहके नेतृत्वमें भारतीय फौजने सात दिनके अंदर हैदराबाद की समस्या हल कर डाला। जनरल चौधरी हैदराबाद के फौजी गवर्नर बनाये गये और उनके उद्योगसे हैदराबादमें फिर शांतिका युग लौट आया है। इधर भारत में जो हैदराबादके नामपर खूनकी नदियाँ बह जानेका सपना देख रहे थे, यह देखकर उनकी आँखोंके सामने निराशाकी अँधेरी छा गई कि इस दरम्यानमें भारतमें कहीं एक पता भी खड़खड़ाने न पाया। ऐसी शांति रही कि कहीं किसी कुत्तेके भूँकनेकी भी आवाज सुनाई न पड़ी। किसको गरज पड़ी थी कि हैदराबादके लिये अपनी जानको जोखममें डाले। सरदार पटेलने भारत के पेटसे नासूरको काटकर निकाल दिया।

❀ ❀ ❀ ❀

अब रह गया है काश्मीरका युद्ध। वहाँ पाकिस्तान खुल्लम-खुल्ला हिंदुस्थानसे लड़ रहा है। यदि काश्मीरके महाराजा हरी सिंह चालबाजीसे काम लेनेके बदले शुरुमेंही हिंदमें शरीक हो गये होते तो काश्मीरको यह बुरे दिन देखने न पड़ते। पर उन्होंने पाकिस्तानमें

CC-0. Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मनकी चंचलता किसीसे छिपी नही है । अतएव उसको अनियंत्रित रूपमे छोड़ देनेसे जहाँ वह मनुष्यको पतनके गहरे गर्त्तमें गिरा देता है, वहाँ उसको वश में लाकर सुपथ पर चलानेसे वह मनुष्यको उत्कर्षके सर्वोच्च सोपानपर पहुँचा देता है । मनके वशीकरण बिना अभीष्टकी सिद्धि असंभव है । यदि आप मनको वशमें रखना चाहते हैं तो इस ग्रंथके दोनों भाग को एकवार अवश्य पढ़े । सुंदर सजिल्द दोनों भागका मूल्य क्रमशः एक और तीन रूपया है अर्थात कुल चार रुपया ।

हमारा ज्ञानवर्धक प्रकाशन :—

(१) ब्रह्मचर्य नाटक.....	॥)
(२) अध्यात्मिक शिक्षावली (प्रथम खण्ड).....	।॥)
(३) " " (द्वितीय ").....	।॥)
(४) सचित्र हठयोग (सजिल्द).....	२)
(५) स्वामी शिवानंदकी जीवनी व उनके उपदेश (अंग्रेजी).....	१॥)
(६) मन और उसका निग्रह (प्रथम खण्ड).....	१)
(७) " " (द्वितीय ").....	१)
(८) ओ३म (प्रणव रहस्य).....	॥=)
(९) वैराग्यके पथपर	१)
(१०) जीवन सौरभ.....	।=)
(११) मानव जीवनका रहस्य.....	।=)
(१२) राष्ट्रीय जागरणका इतिहास.....	)
(१३) देशके नौनिहालोंसे.....	=)
(१४) सदाचारका महत्व.....	=)
(१५) काँग्रेसके सभापति.....	)
(१६) काँग्रेस चार्ट.....	)
(१७) स्वास्थ्य पत्र.....	)

हमारी लोकप्रिय डायरियाँ तथा कैलेंडर जो प्रतिवर्ष बड़े सज-धजके साथ निकलते हैं :—

(१) राष्ट्रिय डायरी ।	१॥)
(२) जनरल डायरी ।	१)
(३) सदाचार डायरी ।	१=)

मिलनेका पता :—

जनरल प्रिन्टिङ्ग वर्क्स लिमिटेड ।

८३ पुराना चीना बाजार स्ट्रीट,
कलकत्ता ।
फोन न० २१०४ बड़ाबाजार । तारका पता: भाईकाशी ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सम्पादक—भवानीदयाल संन्यासी

वर्ष १ ॐ दिवाली १९४८ ॐ अंक ११

प्रवासीका पथ ।

लेखकः स्वर्गीय महाकवि रवीन्द्रनाथ ठाकुर

जब कर्त्तव्य-पथपर चलनेकी तेरी पुकार सुनकर भी कोई व्यक्ति आगे न आवे,—कोई भी स्वजन तेरे साथ चलना स्वीकार न करे और इस बीहड़ एवं विकट यात्राकी मस्ती किसी भी प्रियजनके हृदयमें जागृत न हो, उस समय भी, ओ विकट मार्गके प्रवासी ! तू बिना रुके, बिना हताश हुए और बिना किसीकी प्रतीक्षा किये, अकेला ही जाना ।

ओ महाभाग ! प्रवासके लिये जाते समय कदाचित तुझे कोई विदाका एक भी मधुर शब्द न कहे, कोई भी तेरे शीशपर शुभाशिषका वरद-हस्त न रखे प्रत्युत इसके विपरीत सब मुँह फेरकर छिप जायँ, तुझे पहुँचाने जानेमें भी डरें, तो भी प्रवासी ! कोई चिन्ताकी बात नहीं । तू अपने हृदयके भावोंके प्रवाह को अवरुद्ध न होने देना—हृदय खोलकर अपने अंतरतमकी पुकारको सुनना । यदि कोई ध्यान न दे—न सुने तो भी तू अकेलाही गर्जना ! अकेलाही जाना ।

इस गहन पथपर तू अटल भावसे चल निकलना । तेरे प्रियजन मार्गसेही पीछे लौट आवेंगे, वे तेरी ओर ममता अथवा अनुकंपाकी एक दृष्टि भी नहीं डालेंगे । इस कठिन मार्गमें तीक्ष्ण काँटे चुभ-चुभकर तेरे पावोंके तलुवे रक्तसे रङ्ग डालेंगे । तेरे इन रक्त-रंजित पैरोंको धोनेवाला, दारुण वेदनापर सहानुभूति की मीठी फूँक मारनेवाला कोई भी प्रियजन तेरे साथ न हो, तो भी ओ अवधूत ! चिन्ता क्या है ? पैरोंके नीचे काँटोंको कुचलते हुए जाना, शूल चुभते समय आह न कर हँसते हुए जाना, स्वजनोंके बिछोहपर आँसू न टपकाकर शुभाशिष देते हुए जाना । तू अकेला ही जाना ।

ओ योगी ! तेरी अँधेरी कुटियामें किसी ने दीपक भी न जलाया होगा; भीषण झंझावतके समय, बादलोंकी घनघोर घटाओंके समय तू अपने आँगनमें जाकर खड़ा होगा, उस समय द्वार बंद हो जायँगे । तू खटखटायेगा, किन्तु सब निद्रामग्न पड़े होंगे । तू चिल्ला चिल्लाकर आवाज देगा, पर डरके मारे काँपते हुए इन स्वजनोंमेंसे कोई भी द्वार खोलनेके लिये न उठेगा । ऐसी अवस्थामें ओ मस्त प्रवासी ! तू हृदयको अपने अधिकारमें रखना, अपनी आत्माका दीपक जलाकर सारी रात चमकते रहना, बाहर खड़ा खड़ा अपने कर्त्तव्यकी माला जपा करना । तू अकेला रहना !

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भारतीय राष्ट्रके निर्माता—ऋषि दयानन्द

लेखक—श्री पीर मुहम्मद मूनिस

भाई श्री पीर मुहम्मद मूनिस एक सच्चे राष्ट्रवादी मुसलमान हैं और उनसे हिंदी-संसार पूर्णतया परिचित हैं। बिहार प्रादेशिक हिन्दी साहित्य सम्मेलनके आप प्रधान पद सुशोभित कर चुके हैं। सन १९२० में पटनामें अखिल भारत हिंदी साहित्य सम्मेलनके अवसरपर आपसे मेरी पहली मुलाकात हुई थी। उसी साल मेरी "शिक्षित और किसान" नामक एक पुस्तक प्रकाशित हुई थी जिसकी विस्तृत भूमिका मूनिसजीनेही लिखी थी। किसानोंकी दुर्गतिका आपने ऐसा करुणापूर्ण चित्र खींचा था कि पढ़नेवालोंको कलेजा थाम लेना पड़ता था। इधर आप अनेक विपत्तियोंमें फँसे रहे। पारसाल आपका तरुण पुत्र चल बसा। उसके बाद आप स्वयं असाध्य रूपसे बीमार पड़ गये, जीवनकी कोई आशा नही रह गई थी पर भगवानकी अनुकंपासे आप बच गये। अब आपका स्वास्थ्य शनैः शनैः सुधर रहा है। परमात्मा आपको दीर्घायु करे ताकि आपके द्वारा मातृभूमि और मातृभाषाकी अधिकाधिक सेवा हो सके—सम्पादक।

जिस समय आर्यावर्तपर अंधकारकी घनघोर घटा छाई हुई थी, चारों ओर अंधकारही अंधकार दिखाई पड़ रहा था, उस समय अवस्था यह थी कि अंधकारके कारण अपना अंग अलग हो रहा था, हित-मित्र, अपना-पराया, भला-बुरा, धर्म-अधर्म, न्याय-अन्याय कुछ भी नही सूझ पड़ता था। ऐसे समयपर जिसका जैसा बन आया, स्वार्थ साधन में कोताही नही की। करीब-करीब संभव था कि भारत माताके भव्य-मंदिरके ईंट इधर उधर बिखर जाते, संसार से वैदिक धर्म मिट जाता, महर्षि व्यास और कपिलकी हरीभरी वाटिका लुट जाती, जैमिनी और कणादकी उज्वल कीर्तियोंपर कालिमा पुत जाती, पातंजलिका नाम-निशान मिट जाता और राम-कृष्णका नामलेवा भी शायदही मिलता। भगवानको भारतका भला करना मंजूर था, इस लिये उसने भारतीय राष्ट्रके उद्धारके लिये ऋषि दयानंदको भेजा।

उस उर्ध्वरेता ऋषिकी दृष्टि सबसे पहले राष्ट्रके भव्य-मंदिरकी ओर दौड़ती है। वह देखता है कि इस प्राचीन विशाल मंदिरके ईंट इधर उधर बिखरे हुए हैं। इन ईंटोंमें पुरातन-गौरवकी झलक है, तेज और चमक है। इनमें अभीतक वही आभा है जो हजारों वर्ष इसके पहले थी। इन ईंटोंमें वही शक्ति है, पराक्रम और वही पौरुष विद्यमान है। इन ईंटोंका कोई रक्षक न रहनेके कारण इनकी यह जीर्णशीर्ण अवस्था हो गई है। पर ये यथार्थमें असली ईंट हैं। यदि कोई चतुर कारीगर इनको इकट्ठा करे तो इनसे विशाल मंदिर बन सकता है। जिस मंदिरके तीस करोड़ ईंट हों वह मंदिर संसारमें कितना विशाल और महान हो सकता है। इस मंदिरकी उँचाईके सामने संसार की सारी शक्तियाँ अपना माथा नवा सकती हैं और इसको अपना पूज्यदेव माननेमें चीं-चपड़ नहीं कर सकती हैं।

जिस समय इस अखंड ब्रह्मचारीने कार्यक्षेत्रमें पदार्पण किया और बड़ी गंभीरता तथा जोरसे 'ओम्' की आवाज बुलंद की उस समय संसार थर्रा गया और लोग यह कहने लगे कि भारतका उद्धारक, भारतीय राष्ट्रका निर्माता, वेदोंके ज्ञाता—उसके महाफिज, वैदिक धर्मका प्रवर्त्तक, भारतको घोर निद्रासे जगाकर कर्तव्य-पथपर आरूढ़ करने वाला, प्राचीन ऋषियोंके सिद्धांतका रक्षक

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

और कपोल कल्पित मतोंको उठा देने वाला संसारका दूसरा 'लूथर' भारतमें पैदा हो गया।

भारतके होनहार इस नवयुवकोंने महापुरुषके चरणोंपर अपना माथा नवाया। ऋषि दयानंदने इन युवकोंको बतलाया कि तुम उन्हीं ऋषियोंकी संतान हो जिन्होंने दुनियाके जंगलियोंको सभ्यताकी शिक्षा दी थी। तुम वही आर्य संतान हो जिनके पूर्वजोंने विश्वमें वेद-विद्या और तौहीदका डङ्का पीटा था। तुम उन्हीं शूरवीरोंके वंशज हो जिनके बापदादोंने एक दिन सारे संसारमें अपनी विजय-वैजयंती फहराई थी। प्यारे आर्यों! उठो, सवेरा हुआ! तुम्हारे पूर्वजोंकी आत्माएँ पुकार पुकार कर कह रही हैं कि उठो-उठो, जागो, प्रभात हो चुका। तुम किस नींदमें सोये हो? खूब सोये, शतियों तक सोते रहे। निद्रादेवीने तुमको आलसी, स्वार्थी, हत-वीर्य, डरपोंक, बलहीन और निर्धन बना दिया। प्यारे तुम आर्य हो—भारत संतान हो, जरा तुम अपनेको पहचानो तो सही; आँखें खोलकर देखो—पूर्वमें भगवान् भास्कर अपनी अरुण प्रभा लिये दिखाई दे रहे हैं। भारतके भले दिन आ गये कि जगानेवाली लालिमा हमारे तक, हमारे देश तक और हमारी जातितक पहुँच गई।

वैदिक धर्म और आर्य संस्कृतिके पालक, रक्षक और प्रचारक तथा ऋषि दयानंदकी परोपकारिणी सभाके सभापति शाहपुराके राजाधिराज श्री मान उम्मेद सिंहजी, जिन्हें ऋषिके दर्शन करने और उनके चरणोंके पास बैठकर उपदेश ग्रहण करनेका सौभाग्य प्राप्त हो चुका है।

Rajadhiraj Shriman Ummed Singhji of Shahpura, President, Paropkarini Sabha founded by Rishi Dayanand.

उस महर्षिने मुर्देसे बाजी जीते हुए सोते देशको जगानेके लिये आर्यवीरोंकी एक सेना तैयार की और उन्हें अपना अभीष्ट सिद्ध करनेके लिये सबसे पहला उपाय 'एकता और संघ शक्ति' बतलाकर आर्यसमाजकी नींव डाली और उसके संगठनमें वैदिक धर्मका आश्रयही मूल

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

रखा। ऋषिके ये उपाय चिरस्थायी और दूरदर्शिता पूर्ण थे जिसका प्रत्यक्ष फल आज भारतके राष्ट्र निर्माणमें पूर्ण सहायक बन रहे हैं।

महर्षि दयानंदकी विलक्षण बुद्धिमत्ता, बहुज्ञता और दूरदर्शिताका अंदाजा केवल इसी बातसे हो सकता है कि उन्होंने भारतके भिन्न भिन्न जातियों और धर्मावलम्बियोंको वैदिक धर्मका अनुयायी होनेका उपदेश देकर राष्ट्रकी बहुत बड़ी और मजबूत इमारत खड़ी की जिसको संसारकी बड़ीसे बड़ी शक्ति भी तोड़ नहीं सकती है। उन्होंने राष्ट्रनिर्माणका पहला मंत्र 'एकता और संघशक्ति' बतलाया; छुआछूत और अनेक देवोपासना छुड़ाकर वैदिक धर्म द्वारा एक परमात्माकी उपासनाका उपदेश दिया। उन्होंने बतलाया कि केवल हिंदीही एक ऐसी भाषा है जिसको कन्याकुमारीसे काश्मीरतक और ब्रह्मासे लेकर सिंधतक लोग अच्छी तरह बोल और समझ लेते हैं इस लिये भारतीय राष्ट्रकी भाषा हिंदी और उसकी लिपि नागरी होगी।

कुछ स्वार्थी जीवोंने स्वार्थ परताके कारण जाति पाँति, छुआछूत और ऊँच-नीचकी दीवारें उठाकर राष्ट्रीयता की प्रगतिको रोक रखा था—भारतके भाग्यकी नैया मँझधारमें डँवाडोल हो रही थी। संभव था कि उन लहरोंके चपेटमें आकर वह सदाके लिये डूब जाती, पर चतुर कप्तान ने उसे डूबते-डूबते बचा लिया। जातिपाँति, छुआछूत और ऊँच-नीचकी भावना राष्ट्रनिर्माणमें घातक होती है। जिस देश, जाति और समाजमें यह घृणित भावना घर बना लेती है उनका सर्वनाश सर्वथा निश्चित है। भारत में ऊँच-नीचके भेदभावने अपना गहरा रङ्ग जमा लिया था। चारों ओर यही आवाज सुनाई पड़ती थी कि हम बड़े हैं, वह छोटे हैं। हम स्वामी हैं, वह हमारे गुलाम हैं। हम सर्वाधिकारी हैं, वह हमारे मुहताज हैं।

ऋषि देखता है कि जब हम भारतीय राष्ट्रका विशाल मंदिर खडा करनेकी कोशिश करते हैं तो नीवही कमजोर पाते हैं। जिस मंदिरकी नीवही कमजोर होती है वह गिर जाता है और उसके निर्माणकर्ता पर बड़ा भारी दोष लगता है। इस लिये नीवको सबल और पक्का करना चाहिये। जबतक नीच-ऊँचका भेद भाव न मिटेगा, दलित वर्गका सुधार न होगा और उनको समानाधिकार न दिया जायगा तबतक भारतीय राष्ट्रका निर्माण जरा टेढ़ी खीर है। परमात्माके दरबारमें सब बराबर हैं मनुष्य स्वतंत्र है, कोई किसीका गुलाम नहीं। जो मनुष्य अन्याय और अत्याचारसे किसी देशको, किसी जातिको, किसी समाज को अथवा किसी व्यक्ति विशेषको गुलाम बनाता है वह प्रकृतिके नियमोंको तोड़ता है। जो कोई किसीके हकोंका खून करता है वह परमात्माके दरबारमें दोषी है। इस लिये महर्षि दयानंदने दर्शाया कि जबतक इन नीच कहलानेवाली जातियोंको समान हक न दिया जायगा तबतक भारतीय राष्ट्रका निर्माण होना असंभव ही है।

एक धर्म, एक जाति और एक भाषा—इन तीनों समस्याओंका हल करके ऋषि सारे भारतीयोंके लिये उनका भारतही एक देश ठहराता है और उनको यह संदेश देता है कि इस रत्नगर्भा, वीर-प्रसविनी पुण्य भूमिका भविष्य बड़ा उज्वल और मङ्गलमय है किंतु उस भविष्यको शीघ्र लाना भारतीयोंके हाथमें है।

उपनिवेशोंमें प्रवासी भारतीयोंके लिये आर्यसमाज जो कुछ कर रहा है उसे देखकर मेरे हृदयपर गहरा प्रभाव पड़ा है। आर्यसमाजही एक ऐसी संस्था है जो मातृभूमि भारतकी, राष्ट्रभाषा हिंदीकी और प्रत्येक भारतीयके जन्मसिद्ध अधिकार पुरातन आर्य संस्कृतिकी रक्षापर विशेष ध्यान रखती है। केनिया और यूगाण्डा, जंजीवार और टंगनिका, दक्षिण अफ्रिका और रोडेसिया, मोरिशस और फिजी, मलाया और सिंगापुर इत्यादि सभी स्थानोंमें आर्यसमाज द्वारा भारतीय संस्कृतिकी रक्षा हुई है। दक्षिण अफ्रिकामें पंडित भवानी दयाल और उनकी आदरणीय पत्नी श्रीमती जगरानी देवीने जो कार्य किया है वह विशेष उल्लेख योग्य है। देवी जगरानीके निधनसे दक्षिण अफ्रिका प्रवासी भारतीयोंकी बड़ी हानि हुई है। आर्यसमाजने सबसे महत्त्व का जो काम किया है वह शिक्षा प्रचारका काम है। मैंने आर्यसमाज द्वारा स्थापित और संचालित बालक और बालिकाओंकी पाठशालाओं, महिलाओंकी शिक्षा-श्रेणियों और पुरुषोंके क्लबोंको देखा है। इन संस्थाओंका काम अच्छी तरह हो रहा है और वे उन्नतशील हैं। आर्यसमाजमें जीवन-शक्ति और उत्साह है, अतएव मुझे विश्वास है कि उसका भविष्य उज्वल और आशाप्रद है।

—स्वर्गीय साधु सी. एफ. एण्डरुज।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

महात्मा गांधीकी कुछ स्नेहमयी स्मृतियाँ ।

(७)

भारतमें भेंट ।

सन् १९१९ में मैं अपने बच्चों—रामदत्त और कृष्णदत्त को गुरुकुल में दाखिल करानेके लिये हिंदुस्थान आया और दक्षिण अफ्रिका प्रवासी भारतीयोंके प्रतिनिधि की हैसियतसे अमृतसर काँग्रेसमें भी शरीक हुआ । वहाँ मैंने देशके सभी प्रमुख नेताओंसे मुलाकात की, पर सबसे पहले मैं बापूसे ही मिलने गया । बापूकी सेवामें मैंने हरिभाई किङ्कर द्वारा अपना जो परिचय-कार्ड भेजा वह अंग्रेजीमें छपा था । बापूने मुझे फौरन बुलाया और मुस्कराते हुए कहा, "तुम हिंदीके इतने बड़े हिमायती और तुम्हारा कार्ड अंग्रेजीमें ? यह कैसी बात है ?" मैं ग्लानिसे गड़ गया और सफाई देते हुए बोला, "यह कार्ड दक्षिण अफ्रिकामेंही छापा था, उसीका उपयोग कर रहा हूँ ।" इस स्पष्टीकरणसे बापूको संतोष कहाँ ? "लेकिन यह तो हिंदुस्थान है और यहाँ हिंदीकाही सम्मान होना चाहिये," कहकर बापूने अन्य बातें छेड़ीं ।



Barrister Gandhi
बैरिस्टर गांधी

काँग्रेसमें प्रवासी भारतीयोंकी अच्छी चर्चा हुई । मेरे सिवा पूर्व अफ्रिकाके श्री एम. पी. ठाकुर, जंजीबारके श्री बिहारीलाल अनन्तानी और ट्रांसवाल के श्री नादिर शाह कामा भी उपस्थित थे । प्रवासी भारतीयोंके एक प्रस्तावपर मुझे भी बोलनेका अवसर मिला था । मेरे जीवनमें यह पहलाही प्रसंग था, जब कि मैं देशके चुने हुए अठारह हजार प्रतिनिधियोंके समक्ष प्रवासियोंकी कष्टकथा सुनानेके लिये खड़ा हुआ था । हृदय धड़कने लगा था और शरीर काँपने । फिर भी सारा साहस बटोरकर जो कुछ कहना चाहता था—एक साँसमें कह गया । मेरे भाषणसे लोकमान्य तिलक इतने प्रसन्न हुए कि जब बंदेमातरम् हालमें उनके व्याख्यानकी व्यवस्था की गई तो उन्होंने सभाके संयोजकोंको मुझे भी आमंत्रित करनेका अनुरोध किया था । इस जीवनमें प्रथम और अंतिमवार यहीं लोकमान्य तिलकके दर्शन और सत्सङ्गका मुझे सौभाग्य प्राप्त हुआ

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

था। गेहुँआ रंग, प्रशस्त ललाट, आलोकमयी आँखें, तेज भरा मुखड़ा, अंतरमें क्रांतिकी आग पर बाहरसे शीतल शांत-गंभीर। सरपर मराठी पगड़ी, पैरोंमें देशी पनही, शरीरपर मिरजई और धोती, कँधेपर अँगोछा। महान् था उनका व्यक्तित्व, अनुपम था उनका पाण्डित्य और विलक्षण थी उनकी प्रतिभा। सर वेलन्टाइन चिरोलके शब्दोंमें वे 'भारतीय अशांतिके जनक' (Father of Indian Unrest) थे। आज भी मेरी आँखोंके सामने उपस्थित है उनकी वह मंजुल मूर्ति, तेजस्वी स्वरूप और विप्लवी वेश। तिलक भारतीय राष्ट्रके सूत्रधार थे। स्वाधीन भारत अनंत कालतक उनकी पुण्य-स्मृतिकी पूजा करता रहेगा।

Saint Gandhi
संत गांधी

अमृतसर काँग्रेसमें लोकमान्य और बापूके बीच शासन-सुधार-सम्बन्धी प्रस्तावको लेकर एक अप्रिय संघर्ष हो गया। उसी समय मेण्टगू-चेम्सफॉर्डके नवीन शासन विधानकी घोषणा हुई थी जो तिलक महाराजकी दृष्टि अपर्याप्त, असंतोषप्रद और निराशाजनक था, पर बापूजी 'निराशाजनक' शब्द पर आपत्ति थी—वे उसे अपर्याप्त और असंतोषप्रद कह करही संतोष कर लेना चाहते थे और प्रस्तावसे 'निराशाजनक' शब्दको निकाल देना चाहते थे। इसी बातपर गंभीर विवाद उठ पड़ा और इसपर भारतके प्रायः सभी प्रमुख नेताओंके अभिभाषण हुए। पर लोकमान्य और महात्माजीकी नीति और शक्तिकी परीक्षा न होने पाई—पं० मदन मोहन मालवीयने बीचमें पड़कर समझौता करा दिया। प्रस्तावसे बापूकी इच्छानुसार 'निराशाजनक' शब्द निकाल दिया गया और मेण्टगू तथा चेम्सफॉर्डको उनकी श्रमशीलता के लिये धन्यवाद भी दिया गया। इसपर तिलक महाराजने मर्माहत होकर कहा था कि हम ऐसे गुलाम बन गये हैं कि जो हमे जूतियाँ लगाते और अपमान करते हैं उनकी भी हम खुशामद करते हैं और उनको धन्यवाद देते हैं।

बापूका विरोध।

अमृतसर काँग्रेसमें बापूकी नीति और प्रवृत्ति मुझे जरा भी पसंद न आई। उस नाममात्र के शासन-सुधारको निराशाजनक बतलानेपर तिलक महाराजका विरोध करना और शासन-विधानके जनक भारत मंत्री श्री मेण्टगू और वायसराय लार्ड चेम्सफॉर्डको धन्यवाद तक दे डालना बापूकी दृष्टिमें उचित और आवश्यक था, पर मुझे यह बात ऐसी बुरी लगी कि बापूके प्रति मेरे हृदयमें विरोधकी भावना जाग उठी। जहाँ मेरी यह अटल धारणा थी कि बापू ब्रिटिश राजको जड़-मूलसे उखाड़ फेंकनेके लिये बगावतका झँडा उठावेंगे वहाँ उनको तिलकका विरोध करते और मेण्टगू-चेम्सफॉर्डको धन्यवाद देते देखकर मेरी निराशाकी सीमा न रही। मेरा अंतः करण तिलमिला उठा। उसी समय

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

एक और घटना घटी, जिसने मुझे बिलकुल पागल बना दिया और बापूके प्रति रही-सही श्रद्धा भी जाती रही। बात यह हुई कि उस समय स्वर्गीय साधु सी. एफ. एण्डरूजकी एक नई पुस्तक प्रकाशित हुई थी जिसमें उन्होंने पूर्ण स्वाधीनताकोही भारतोद्धारका एकमात्र उपाय बतलाया था और यह सिद्ध कर दिया था कि किसी भी दृष्टिसे भारतका ब्रिटिश साम्राज्यमें अधिराज (डोमिनियन) बनकर रहना उचित और हितकर नहीं है। आस्ट्रेलिया, कनेडा, न्यूजीलेण्ड और दक्षिण अफ्रिकाके श्वेताङ्ग प्रवासियों में अधिकांशकी इङ्गलेण्डही मातृभूमि है, उनकी भाषा, संस्कृति, आचार-विचार और व्यवहार इङ्गलेण्डकीही देन है, अतएव उनका ग्रेट ब्रिटेनका अधिराज्य बनकर रहना सर्वथा स्वाभाविक है। पर भारतकी स्थिति उनसे नितांत भिन्न है, भारतका इङ्गलेण्डसे न रक्तमांसका सम्बन्ध है न भाषा एवं संस्कृतिका सम्बन्ध। इस लिये भारत इङ्गलेण्डका अधिराज नही बन सकता। उसका लक्ष्य होना चाहिये—ब्रिटिश साम्राज्यसे अलग पूर्ण रूपेण स्वतंत्र।

वास्तवमें एण्डरुज साहबकी दलीलें लाजबाब थीं, पर बापूको उनका भी मजाक उड़ाते हुए देख कर मेरी आत्मा एकदम विद्रोही बन गई। उस समय मेरी आयु केवल २७ सालकी थी, जवानीका जोश था, लहूमें गर्मी थी। मुझे क्या मालूम कि जो व्यक्ति शासन-सुधारको निराशाजनक कहनेपर तिलक महाराजसे टक्कर ले रहा है, मेण्टगू-चेम्सफॉर्डको धन्यवाद दे रहा है और भारतकी पूर्ण स्वाधीनताकी वकालत करनेपर एण्डरूजका उपहास कर रहा है वही व्यक्ति केवल सात मासके बाद ब्रिटिश राजके विरुद्ध क्रांतिकी वह आग लगावेगा जो भारतमें विदेशी शासनको जलाकर ही बुझेगी।

खैर, मैंने इन्दौर लौटकर "ट्रांसवालमें भारतवासी" नामक एक पुस्तक लिख डाली जो फौरन प्रकाशित भी हो गई। इस पुस्तकमें मैंने बापूके दक्षिण अफ्रिकाके कार्यों की बड़ी कड़ी समालोचना कर डाली थी और इसमें संदेह नही कि क्रोधमें आकर मैं मर्यादाका उल्लंघन कर गया था। मैंने बापूसे यह भी पूछनेकी धृष्टता की थी कि जब ट्रांसवालके एशियाटिक एक्टके अनुसार चोर-डाकू और खूनीकी तरह दस उँगलियोंकी अलग-अलग और फिर चार चार उँगलियोंकी एक एक साथ—कुल अठारह उँगलियोंकी

स्वर्गीया श्री मती जगरानी देवी

Late Shrimati Jag-rani Devi

निशानी देना बापूने अनुचित और अपमानजनक बतलाया था तो फिर राजी खुशीसे उँगलियोंकी छाप दे आना कैसे उचित और सम्मान पूर्ण बन गया? मीर आलमके प्रसंगमें मैं इस कानूनपर कुछ प्रकाश डाल चुका हूँ। मैंने बापूको एक पत्र लिखकर पूछा भी कि मान लीजिये—नंगा होकर सड़कपर नाचना अपराध है, पर अगर कोई हमें जबर्दस्ती नंगा करके नचाता है तो कमसे कम इतना तो संतोष हो सकता है कि हम से बलात् यह काम कराया गया है, पर वही अनुचित काम यदि राजी खुशीसे किया जाय तो नैतिक दृष्टिसे कैसे औचित्यके अंतर्गत आ सकता है? इसी प्रकार यदि बलात् उँगलियोंकी छाप लगाना हिंदुस्थानका अपमान था, हमारी राष्ट्रीयता और मनुष्यतापर प्रहार था जिसके विरोधमें हजारों भाई जेलमें गये और सैकड़ों देशसे निर्वासित हुए, तो फिर राजी खुशीसे चोर-डाकू और हत्यारोंकी भाँति अठारह उँगलियोंकी निशानी दे आना कैसे श्रेयस्कर हो गया? इसके उत्तरमें बापूने एकही वाक्य लिख भेजा, "महादेवजीने भी राजी खुशीसे नंगा होकर नाचा था।"

पर इससे मुझे संतोष कहाँ? मेरीही विवेक-बुद्धि का इसमें दोष हो सकता है। ऐसीही बातोंकी मैंने अपनी पुस्तकमें कटु समालोचना की थी। उन्हीं दिनों डरबनके श्री रल्लाराम भल्लाने पत्रकारके शिष्टाचारको तिलांजलि देकर अपने "धर्मवीर" में मेरी एक खानगी चिट्ठी छाप

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

डाली थी जिसमें बापूकी नीतिपर कुछ कटु बातें थी। इसपर भारतमें मेरे विरुद्ध एक आंदोलन चल पड़ा। कानपुरके 'प्रताप', पटनाके 'देश' और प्रयागके 'अभ्युदय' ने मेरे विरुद्ध बड़ी कड़ी सम्पादकीय टिप्पणियाँ निकालीं और बंधुवर बनारसीदास चतुर्वेदी तो मुझे अपनी करनी का फल चखानेके लिये कमर कसकर तैयार हो गये। उन्होंने मेरे जैसे व्यक्तिको सार्वजनिक क्षेत्रमें स्वतंत्र विचारने देना खतरनाक समझा। मुझे दयाका पात्र समझकर वे क्षमा न कर सके और बड़े बड़े नगरोंमें जाकर मेरे विरुद्ध लोकमत तैयार करने लगे। यहाँ तक कि वे मेरी शिकायत लेकर बापू तक पहुँच गये। उन्होंने सोचा कि बापूकी सम्मति मिल जानेपर उनके आंदोलनमें नई जान आ जायगी। वे बापूसे मिले और मेरी पोथीके उन अंशोंको पढ़कर बापूको सुनाया जहाँ आलोचना मर्यादाकी सीमा लांघ गई थी। बापू सब कुछ सुनकर बोले—"भवानी दयालने समझकी भूल अवश्य की है, पर उनकी ईमानदारी और नेक-नीयतीमें संदेह करना ठीक नहीं।" बापूका यह निर्णय सुनकर चतुर्वेदीजी दङ्ग रह गये। उन्होंने मुझे पत्र लिखकर इसकी सूचना दी।



Mahatma Gandhi

During his departure from South Africa to India en route England in 1914 with the late Shri Ahmed Mohammed Cachalia, Chairman, Transvaal Indian Association and Bhawani Dayal Sannyasi, Editor: "The Pravasi" (standing)

सन् १९१४ में इंगलेण्ड होकर हिंदुस्थान आनेके लिये दक्षिण अफ्रिकासे विदा होते समय महात्माजी। उनकी बगलमें ट्रांसवाल ब्रिटिश इंडियन एसोसियेशनके सभापति स्वर्गीय श्री अहमद मुहम्मद काछलिया बैठे हैं और पीछे "प्रवासी" के संपादक भवानी दयाल संन्यासी खड़े हैं।

मैं तो सन १९२० की पहली अगस्तसे योंही आत्मग्लानिसे दग्ध हो रहा था। अंग्रेजों और ब्रिटिश राजके प्रति बापूका रुख देख करही मैंने उनके विरुद्ध आवाज उठाई थी, पर सात मासके बाद जब उनको क्रांतिकारीके रूपमें देखा तो मुझे अपनी भूल पर बड़ा पश्चात्ताप हो रहा था। तिसपर चतुर्वेदीजीकी चिट्ठी पाकर तो मैं पश्चात्तापकी आगमें तबतक जलता रहा जबतक कि बापूकी ओरसे सांत्वनाकी चिट्ठी मुझे न मिल गई। मैंने फौरन पत्र लिखकर अपनी मानसिक स्थितिका स्पष्टीकरण करते हुए अपनी भद्दी भूलके लिये उनसे क्षमाकी याचना की और बापूने उदारता पूर्वक मुझे पश्चातापकी आगसे निकाल लिया।

बापूको कारावासका दण्ड।

सन १९२२ के आरंभमें बापूको राजद्रोहके अपराधमें छः साल कैदकी सजा हो गई। इस खबरसे दक्षिण अफ्रिकामें सनसनी फैल गई—प्रवासी भारतीयोंमें बड़ा क्षोभ फैला। बापू पर

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वहाँके प्रवासी विशेष दावा रखते थे, उन्हें मातृभूमिको अपनी देन समझते थे। अतएव नेटाल इंडियन काँग्रेसकी ओरसे विरोध प्रदर्शनके रुपमें एक दिन नेटालभरमें मुकम्मल हड़ताल करानेका निश्चय किया गया और हड़तालको संगठित करने तथा उसे सफल बनानेका भार भाई सोराबजी रुस्तमजी और मुझ पर डाल दिया गया। यह काम बड़ा कठिन था। हमने चंद दिनोंके अंदर सारे नेटालका चक्कर लगा डाला। अर्द्धरात्रिके बाद केवल तीन-चार घण्टे हम झपकियाँ ले लेते थे, शेष सारा समय मोटरपर सड़कोंकी धूल फांकने और दूकानदारोंको समझानेमें बिताना पड़ता था। जब निश्चित तिथिपर प्रदेश भरमें पूरी हड़ताल हो गई तब कहीं हमें दम लेनेका अवसर मिला। इस दौड़धूपमें ऐसी हरारत महसूस हुई कि सोराबजी ने मुझे जेकब्स अपने झोपड़ेपर लौटकर कार्यव्यस्त होने देना उचित न समझा। यह अप्रिलके प्रथम सप्ताहकी बात है और उसके एक मासके बाद मईके आरंभमें मैंने "हिंदी" नामक हिंदी-अंग्रेजी साप्ताहिक पत्र निकालनेकी घोषणा कर दी थी और उसीकी व्यवस्थामें व्यस्त था। सोराबजी मुझे जबर्दस्ती बापूके फिनिक्स आश्रमपर ले गये और वहाँ दो तीन दिन विश्राम कर लेनेका उन्होंने इतना आग्रह किया कि उनके स्नेहपूर्ण व्यवहारकी उपेक्षा करना मुझे उचित न जँचा। "मतिरुत्यध्यते तादृक यादृशी भवितव्यता" अर्थात् जैसी भावी होती है वैसीही मति फिर जाती है। वहाँ दो दिन पूर्ण विश्राम करके तीसरे दिन जब मैं डरबन लौटा तो श्री रणछोड़ भाई केपिटनके चायघरमें लोगोंको जगरानीकी बीमारीकी चर्चा करते हुए पाया। मेरा माथा ठनका, मैं चाय पीनेके लिये भी न ठहरा, स्टेशनकी ओर दौड़ा, बिरिया स्टेशनपर गाड़ी मिल गई, जेकब्समें गाड़ीसे उतरकर दौडता हुआ घर पहुँचा। वहाँ जो कुछ देखा उससे मेरे होश उड़ गये। जगरानी उस रेखापर पहुँच चुकी थीं जहाँ जीवन-मरणकी संधि है। मैं उनकी सेवा शूश्रूषा एवं औषधोपचारमें जुट पड़ा, पर "का वर्षा जब कृषी सुखाने"—वास्तवमें बहुत विलम्ब हो चुका था। जगरानी मौतसे बातें कर रही थी।

Sergeant-Major Gandhi during Zulu rebellion of Natal in 1906.
सार्जेन्ट-मेजर गांधी—सन् १९०६ में नेटालके जूलू विद्रोहके समय अपनी भारतीय सेवामंडलीके साथ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दो तीन दिनके बाद ८ वीं अप्रिलको रात हो आने पर जगरानीने मुझसे बड़ी विनती-चिरौरी की कि मैं प्रेसमें जाकर कुछ समय सो लूँ क्योंकि कई रातके जागरणसे मेरी आँखे लाल-सुर्ख हो रही थीं। उनके पाससे हटनेकी इच्छा और हिम्मत तो न होती थी पर लगातार उनके आग्रहको टालना भी दुष्कर हो गया। मैं स्वजनोंको उनकी सेवा-टहल सौंपकर विश्राम करने चला गया। खाटपर लेटतेही बेसुध हो गया और मेरी नींद तब टूटी जब मेरे कानोंमें रुलाईकी भनक पड़ी। यह सोचकर मेरे अनुतापकी सीमा न रही कि मैं जगरानीको छोड़कर क्यों सोने चला आया—अन्त समय उनसे दो चार बातें भी न कर पाया।

जहाँ मैं प्रेसमें विश्राम कर रहा था वहाँसे लगभग पचास कदमपर जगरानीका कमरा था। जब झटपट उठ कर उनके मरण-शय्याके समीप पहुँचा तो उनको मृतकके रूपमें पाया। आँखकी पलकें बंद हो चुकी थीं, नस-नाड़ियोंकी गति अवरुद्ध हो गई थी, प्राणवायुका भी पता न था। स्वजनोंसे मालूम हुआ कि प्राणांत हुए दस मिनट बीत चुके हैं। मैं पागलकी भाँति चिल्ला उठा—"जग रानी?" उस समय ऐसी विलक्षण और विस्मयजन घटना घटी जिसकी अणुमात्र भी आशा नही थी। मे आवाजसे जगरानीके शरीरमें पुनः चेतना आ गई, साँ तेजीसे चलने लगी, आँखें अनायास खुल गईं; वाचाशक्ति तो नही लौटी, पर दोनों हाथ जोड़कर उन्होंने नमस्क किया। उनकी मुखाकृति मानो यह कह रही थी कि "मु आपको जीवन-संग्राममें अकेला छोड़कर जाना तो नह चाहती थी पर क्या करूँ—

लाई हयात आई कजा ले चली. चले।
अपनी खुशी न आये न अपनी खुशी चले॥"

मैं विकल होकर बोला,—"तुम शांतिसे प्रा विसर्जन करो। बच्चोंकी चिंता छोड़ दो, उनकी जिम्मेदा मुझपर रही; जबतक तुम्हारे बच्चोंको पाल-पोसकर कमा खाने योग्य न बना दूँगा तबतक तुम्हारे ऋणसे मुक्त हो सकूँगा। मैं तुम्हारी आखिरी विदाईकी घड़ीमें यह शपथ खाता हूँ कि इस जीवनमें पुनर्विवाह न करुंगा



Bapu crossing the Transvaal border with his 2000 Satyagrahis in 1913.
बापू अपने दो हजार सत्याग्रहियोंके साथ सन् १९१३ में ट्रांसवालकी सीमा पार कर रहे हैं।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तुम्हारी "हिंदी" भी समयपर निकल जायगी । तुम्हारी इच्छाएँ तो अवश्य पूरी होगी पर अफसोस कि तुम उनको देख नही पाओगी ।" मैं इतनाही कह पाया था कि उन्होंने फिर हाथ जोड़े, नमस्ते किया और सदाके लिये आँखें मूंद लीं । वे चल बसीं, मैं तड़पता रह गया ।

बापूके मुखपर अमर ज्योति ।

सन् १९२५ में दक्षिण अफ्रिका प्रवासी भारतीयों के भाग्याकाशपर विपत्तियोंके बादल मँडरा आये । यूनियन पार्लामेण्टका नया चुनाव हुआ । जनरल स्मट्स और उनकी साउथ आफ्रिकन पार्टीकी गहरी हार हुई तथा जनरल हर्टजोग और उनकी नेशनलिस्ट पार्टीकी शानदार जीत । लोकतंत्रके विधानके अनुसार जनरल हर्टजोगकी सरकार कायम हुई । सन् १९२४ मेंही जनरल स्मट्सने 'घेटो कानून' बनानेकी कोशिश की थी किंतु उसके पास होनेसे पहलेही उनका सितारा डूब गया—उनका बिल कानून नही बनने पाया । उसी बिलका नाम बदलकर हर्टजोग-सरकारकी ओरसे उसे फिर पार्लामेन्टमें पेश किया गया जिसका उद्देश्य था—भारतीयोंको अछूतोंकी भाँति निर्धारित क्षेत्रमें बसनेके लिये वाध्य करना ।

इस कानूनी प्रहारसे प्रवासी भारतीयोंमें हाहाकार मच गया । दक्षिण अफ्रिकासे सात व्यक्तियोंका एक शिष्ट मंडल भारत आया जिनमें एक मैं भी था । मुझे अपने "हिन्दी" अखवारको समाधिमें सुलाकर इस शिष्टमंडलमें सम्मलित होना पड़ा था । शिष्टमंडलमें मेरे सिवा केपके डाक्टर अब्दुर्रहमान, ट्रांसवालके श्री ए. ए. मिर्जा और नेटालके श्री सोराबजी रुस्तमजी, श्री अमद भयात, बैरिस्टर गोडफ्रे तथा श्री वी. एस. सी. पत्तर थे । बम्बईमें जहाजसे उतरनेपर श्रीमती सरोजिनी देवीके उद्योगसे शिष्ट मंडलका अपूर्व स्वागत-सत्कार हुआ । तत्कालीन वायसराय लार्ड रिंडङ्गसे मिलनेके लिये हम बम्बईसे कलकत्ताके लिये रवाना हुए । बापूका तार मिल गया था कि वे वर्धामें ट्रेनपरही डेपुटेशनके सदस्योंसे मिलेंगे ।

हमारी गाड़ी सवेरे वर्धा पहुँची । बापू भी ठीक समयपर स्टेशनपर पहुँच गये । वे लङ्गोटी बाँधे, चादर ओढ़े और खड़ाऊँ खटखटाते हुए हमारे डब्बेमें चढ़ आये । उनके साथ श्री महादेव भाई देशाई और श्री जमना लाल बजाज थे । जाड़ेकी ऋतु थी, काफी सर्दी पड़ने लगी थी, बाहर घना अँधेरा था । डिब्बेमें महात्माजीकी मुखाकृतिपर जब विद्युतका प्रकाश पड़ा तो मेरी अद्भुत् अवस्था हो गई । मैं बापूको देखनेमें इतना तन्मय था कि मेरे नेत्रोंके सामने बापूके सिवा और सब कुछ विलुप्त हो गया । मुझे ऐसा भासित हुआ कि मानो उनके मुख-मंडल पर सूर्यकी किरणें बिखर रही हैं । चित्रोंमें कलाधर कृष्ण और गौतम बुद्धके मुख-मंडलपर वैसी ज्योति छिटकते देखी थी, पर उस समय तो मैं बापूके मुखमंडलपर उसे प्रत्यक्ष देख रहा था । उस समय मेरी श्रवण-शक्ति लुप्तसी हो गई थी—केवल दृष्टि बापूके चेहरेपर गड़ी हुई थी । करीब दस मिनट मेरी यह मनोदशा रही होगी । मेरे सामने न डब्बा था, न उसमें बिखरी हुई चीजें और न उसमें बैठे हुए यात्री थे । यदि कुछ थी तो बापूकी मुखाकृति और उसपर छिटकी हुई ज्योति-रश्मियाँ । जब होशमें आया तो चकित होकर आँखे मलने लगा ।

गाड़ी खुलनेका समय बीत चुका था । गार्ड और ड्रायवर बाहर खड़े थे और बापूके उतरनेका इंतजार कर रहे थे । अचानक बापूने पूछा, "क्यों महादेव ! समय तो हो गया होगा ?" यह जबाब मिलनेपर कि गाड़ी लेट हो रही है, बापू हमें आशीर्वाद देकर गाड़ीसे उतर पड़े । बापूकी शुभकामनासे हमें वह शक्ति मिली जिसकी उस समय नितांत आवश्यकता थी । बापूने अल्पकालमें हमें अपने कर्तव्यका ज्ञान करा दिया । बापूसे कानपुर काँग्रेसमें मिलनेका निश्चय करके उनसे हमने विदा ली ।

पश्चिमीय सभ्यताके पलनेमें पले हुए डाक्टर अब्दुर्रहमान बापू तथा पूर्वके महाभागोंकी भेषभूषा देखकर आश्चर्य चकित हो रहे थे । उनके डब्बेमें एक बंगाली बाबूके आ जानेपर वे क्रोधसे पागल हो उठे और हमारे पास आकर अपने दिलका गुबार निकालते हुए बोले, "इस देशमें अर्द्धनग्न व्यक्ति भी दूसरे दर्जेमें भले आदमियोंके पास आ बैठनेमें कुछ भी संकोच नही करता—मुझे तो उसके साथ बैठनेमें नफरत होती है ।" पर जब उस अर्द्धनग्न व्यक्तिकी डाक्टरने बातें सुनीं तो उनकी आँखें खुल गई और दूसरी वार हमारे पास आकर उन्होंने अपनी भूल स्वीकार करते हुए कहा कि जिसे मैं अर्द्धनग्न और गंदा समझता था वह तो ऐसा विद्वान निकला जैसाकि अपने जीवनमें मैंने पहले कभी नही देखा था । इसदेशमें वस्त्रसे मनुष्यको पहचानना मुश्किल है ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

डच गायनमें आर्यसमाज ।

लेखकः श्री जे. एस. मंगर, मंत्री, आर्यप्रतिनिधि सभा सुरीनाम ।

वैदिक धर्म और आर्यसंस्कृतिके पुनरुद्धारक ऋषि दयानंदने इस अभिप्रायसे आर्यसमाजकी स्थापना की थी कि उसके द्वारा देशदेशांतरोंमें सार्वभौमिक वेद धर्मका प्रचार किया जावे । वे चाहते थे कि बौद्ध भिक्षुओंकी भाँति आर्य प्रचारक भी वृहत्तर भारत (Greater India) का निर्माण और वहाँ धार्मिक एवं सांस्कृतिक साम्राज्यकी स्थापना करें । पर खेद की बात है कि ऋषिकी इच्छापूर्त्तिके लिये आर्यसमाज की ओरसे अबतक कोई भी संगठित प्रयत्न नही किया गया ।

विदेशोंमें बसे हुए प्रवासी भारतीयोंमें जो थोड़ा बहुत वैदिक धर्मका प्रचार हुआ है वह आर्य समाजके संगठित प्रयत्नका फल नही है । कुछ उत्साही आर्य प्रचारकोंने व्यक्तिगत रुपसेही उपनिवेशोंमें पहुँचकर प्रवासियोंको ऋषिका संदेश सुनाया है और उसका परिणाम यह हुआ है कि आज प्रायः सभी उपनिवेशोंमें आर्यसमाजका झंडा शानसे फहरा रहा है ।

अन्य उपनिवेशोंकी भाँति दक्षिण अमेरिकामें स्थित डचोंके इस उपनिवेश सुरीनामके प्रवासी भारतीय भी, गिरमिट प्रथासे उत्पन्न हुई परिस्थितिके कारण अज्ञानके अँधेरेमें भटक रहे थे । पड़ोसके उपनिवेश ब्रिटिश गायना और ब्रिटिश वेस्ट इंडीजके पढ़े-लिखे प्रवासी भाई धड़ाधड़ ईसाई हो रहे थे । इससे डच गायनाके कुछ धर्मभीरु हिंदू अत्यंत चिंतित और विचलित हो उठे । सन १९२१ में पं० रामप्रसाद शुक्ल आदिने अन्धकारमें भटकते हुए भाइयोंको सुमार्ग दिखानेके लिये आर्यसमाजका दीपक जलाया । उस चिरागको बुझानेके लिये अपनेही भाइयोंने धावा बोल दिया और अपनी सारी शक्ति लगा दी, परंतु उनका सारा श्रम निष्फल गया । जिन लोगोंने उस दीपकको बुझानेकी चेष्टा की थी, आज उनकेही जीवन-पथमें आर्यसमाज रुपी दीपक अमर ज्योतिका काम दे रहा है ।

सन १९२९ में श्रीमहता जैमिनीजी अन्य उपनिवेशोंमें प्रचार करते हुए सुरीनाम भी पधारे । उनके प्रचारसे देशमें एक नवीन जीवन और जागरण का आविर्भाव हो आया, नये आर्यसमाजोंकी स्थापना हुई, सुचारु रुपसे प्रचार कार्य होने लगा, जनता वैदिक धर्मकी शरणमें आने लगी । कुछ दिनोंतक प्रचारका अच्छा सिलसिला चला, पर सन १९३२ में पं० रामप्रसाद शुक्लके स्वर्गवास हो जानेके कारण प्रचार कार्यमें शिथिलता आ गई । ईश्वरकी अनुकंपासे उसी समय पंडित अयोध्याप्रसादजी, जो आर्य सार्वदेशिक सभाकी ओरसे विश्वधर्म सम्मेलनमें सम्मलित होनेके लिये आये थे और पासपोर्टकी अवधि समाप्त हो जानेके कारण उनको अमेरिकाके दक्षिणीय उपनिवेशों में आनेपर बाध्य होना पड़ा था, ट्रिनीडाड और डमरारा में प्रचार कार्य करते हुए सुरीनाम भी पधारे । आपके प्रभावशाली व्याख्यानोंका यहाँकी जनतापर बड़ा गहरा प्रभाव पड़ा । आर्यसमाजकी मुरझाई हुई बाटिका पुनः लहलहा उठी । आपने समाजोंको संगठित करनेके अभिप्रायसे आर्य प्रतिनिधि सभा-सुरीनाम की बुनियाद डाली और उसे दिल्लीकी आर्य सार्वदेशिक सभासे सम्बंधित करा दिया । आपहीके उद्योग से डच गायनाके गवर्नर-महोदयके हाथोंसे आर्यसमाज मंदिरकी आधार शिला रखी गई थी । ट्रिनीडाड और डमरारामें लगभग डेढ़-डेढ़ लाख भारतीयोंकी आबादी है और सुरीनाममें लगभग पचास हजारकी। तीन उपनिवेशोंके इतनी बड़ी और फैली हुई आबादीमें केवल एक उपदेशक कहाँ-कहाँ प्रचार कर सकता है ! अतएव पं० अयोध्या प्रसादजीके प्रेरणासे सार्वदेशिक सभाने पं० सत्याचरण शास्त्री एम० ए० को यहाँ भेजा । उनके बाद पं० भास्करानंद जी एम० ए० तथा पं० नारायणदत्तजी भी यहाँ आ पहुँचे और दक्षिण अमेरिकाके उपनिवेशोंमें चारों ओर वैदिक धर्मका डङ्का बज गया । मातृभूमिसे चिरवियोगके बाद प्रवासी भाइयोंको स्वधर्म, स्वदेश और स्वभाषाका स्मरण हो आया और उनको निश्चय हो गया कि संसारके किसी भी भागमें जा बसनेपर भी वे अपने धर्म और संस्कृति की रक्षा और पालन कर सकते हैं । इस प्रकार आर्य

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

समाजके प्रचारकी बदौलत प्रवासी भारतीयोंके जीवन में एक नवीन युगका सूत्रपात हो गया।

इधर कुछ दिनोंसे फिर प्रचारका क्षेत्र सूना हो चला था, परंतु अप्रिलके अंतमें सुप्रसिद्ध आर्य प्रचारक पं० ऋषिरामजी, बी० ए० के शुभागमनसे पुनः सुरीनाम उपनिवेश वैदिक धर्मके निर्द्वन्द निनादसे गुँजारित हो उठा। प्रवासी भाइयोंने बड़े उत्साहसे पंडितजीका आगत-स्वागत किया। इस अवसर पर आर्य प्रतिनिधि सभा और आर्य दिवाकर सभाने मिलकर पं० ऋषिरामजीके प्रचार कार्यमें योग दिया। लगभग एक मास पंडितजी यहाँ रहे और इस दरम्यान में सुरीनामके सभी नगरों और ग्रामोंमें उनके भाषण हुए। उनके प्रचारसे आर्यसमाजकी जड़ और भी दृढ़ हो गई। पंडितजीके व्याख्यान ऐसे रोचक और प्रभाव दायक होते थे कि श्रोताओंकी भीड़ लग जाया करती थी—अन्य धर्मावलंबी भी मुग्ध होकर उनकी प्रशंसा करते थे। ईसाईयोंके प्रचार-भवन 'स्टेडरिनडिङ्ग' में पंडितजीका जो अंग्रेजीमें पहला भाषण हुआ था उसमें गवर्नरके सिवा देशके उच्च राजकर्मचारी भी श्रोताके रुपमें उपस्थिति थे। आपकी वाणीसे वैदिक धर्म की महिमा सुनकर सारे श्रोता मंत्रमुग्ध हो गये थे। पंडित जी एक मासके बाद चले गये, पर यहाँकी जनतापर अपना प्रभाव सदाके लिये छोड़ गये।

अंतमें आर्य सार्वदेशिक सभाके अधिकारियोंसे प्रार्थना करना चाहता हूँ कि उनको दक्षिण अमेरिकाके उपनिवेशोंमें स्थायी प्रचारकी व्यवस्था करनी चाहिये और सभाके एक-दो उपदेशककी निरंतर यहाँ विद्यमान रहना चाहिये तभी इन उपनिवेशोंके प्रवासी भारतीयों का उद्धार हो सकता है, धर्म और संस्कृतिकी रक्षा हो सकती है और हमारा भविष्य उज्वल हो सकता है। यदि सभा इस आवश्यक कार्यकी ओर ध्यान न देगी तो प्रवासी भाइयोंके भाग्यका बेड़ा निश्चयही डूब जायगा। सभाकी उपेक्षावृत्तिसे हमें बड़ी व्यथा होती है। 'कृण्वंतो विश्वामार्यम' का मंत्र जपनेवाले यदि अपने प्रवासी भाइयोंको आर्य न बना सके तो फिर विश्वको आर्य बना डालना तो दूरकी बात है। क्या सार्वदेशिक सभा प्रवासियोंकी पुकार सुनेगी ?

शोक-सम्वाद

कायदे-आजम मुहम्मद अली जिन्ना।

सन् १९४३ में अप्रिलकी १५ वीं तारीख। मध्यान्हकी मनोरम बेला। नई दिल्लीमें औरंगज़ेब-रोड़पर स्थित वह चित्ताकर्षक एवं नेत्ररंजक बंगला। सामने सहनमें हरी-भरी बाटिका। दरवाजेपर एक हट्टा-कट्टा पठानका पहरा। मैं अपने सहकर्मी महमद अहमद जादवतके साथ इस बंगलेपर पहुँचा, कायदे आजम जिन्ना से मिलने और दक्षिण अफ्रिकाकी सामायिक स्थितिपर उनसे बातचीत करनेके लिये। भेंटकी तिथि निश्चित हो चुकी थी। दरवाजे के पासही कायदे-आजमके तरुण सेक्रटरी सैयदका दफ्तर था। वे हमें बड़े आदरसे अंदरकी बैठकमें कायदे-आजमके पास ले गये। कायदे आजम एक गद्देदार सोफापर विराजमान थे। लगभग चौबीस वर्ष पूर्व मैंने कायदे-आजमको अमृतसर काँग्रेसमें देखा था, उस समय वे कट्टर राष्ट्रवादी और काँग्रेसमेन थे और अब बन गये थे मुस्लिम लीगका सर्वेसर्वा और मुस्लिम-नेशनका विधाता। दुबला-पतला बदन जिसपर बुढ़ापेकी छाया। आँखोंमें प्रतिभा और अहँकारकी चमक। शरीर पर बढ़िया अंग्रेजी सूट और गलेमें बेशकीमती नेकटाई। उनके पासही छोटी सी मेजपर नाना प्रकारके सिगार और सिगरेटों की सजावट। कायदे-आजम स्वयं सिगरेट पी रहे थे। वे



(कायदे-आजम मुहम्मद अली जिन्ना)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इतने बड़े आदमी थे कि हमारे जैसे तुच्छ व्यक्तियोंके प्रति शिष्टाचार प्रकट करनेके लिये वे उठते ही क्यों ? बैठेही बैठे उन्होंने अपना दाहिना हाथ बढ़ा दिया और हम उनसे हाथ मिलाकर कृतार्थ हो गये। मैं कायदे-आजमकी बगल में एक सोफेपर बैठ गया, जादवत भाई उनके सामनेके सोफेपर बैठे। कायदे-आजमने अंग्रेजीमेंही बातचीत शुरु की। मैंने बातचीतका सिलसिला शुरु करके अपने साथी जादवतकोही बोलनेका काम सौंप दिया और मैं स्वयं ध्यान से कायदे-आजमको देखने और उनकी बातें सुननेमें तन्मय हो गया। जब करीब आधा घंटा बीत गया और कायदे आजमने तीसरा सिगरेट सुलगाया तो मैं समझ गया कि उनकी आशापर बैठे रहना फजूल है, इस लिये मैने अपनी जेबसे सिगरेटका डब्बा निकाल सिगरेट सुलगाया और धूम्र-पानमें कायदे-आजमका साथ देने लगा। फिर भी उन्होंने अपना सिगरेट ग्रहण करनेके लिये मुझे आमंत्रित न किया। घण्टा भर बातचीत होती रही, इस दरम्यानमें मैंने तो एकही सिगरेटपर संतोष किया, पर कायदे-आजमने कई सिगरेट फूँक डाले।

जब चलनेकी बेला आई तो मैंने कायदे आजमसे कहा—"देखिये, हजूर ! इस पेगिङ्ग एक्टसे मुसलमानोंकाही अधिक नुकसान होगा क्योंकि डरबन शहरमें उनकेही अधिक जमीन-मकान हैं, इस लिहाजसे इस मामलेमें आपको विशेष ध्यान देना चाहिये।" कायदे-आजम चौंक पड़े और बोले, "अजी, आप कहते हैं क्या ? प्रवासी भारतीयोंमें तो मैं हिंदू-मुसलमानका भेद मानताही नहीं। मेरी दृष्टिमें वे सब इंडियन (हिंदुस्थानी) हैं।" कायदे-आजमके इस स्पष्टीकरणसे मेरे आश्चर्यकी सीमा न रही। सोचा कि जिन्ना साहब हिंदुस्थानसे अलग पाकिस्तानकी स्थापनाके लिये सबसे बड़ी दलील यही देते हैं कि हिंदुओंसे नितांत भिन्न मुसलमानों की एक खास कौम है जो अपने अस्तित्वकी रक्षाके लिये स्वतंत्र राज्यकी दावा करती है और हिंदुस्थानमें हिंदुओंके बहुमतके अधीन रहना हर्गिज कबूल नहीं कर सकती। फिर यही भारतीय मुसलमान तो विदेशोंमें जा बसे हैं। वहाँ कौमके लिहाजसे हिंदुओंके साथ वे भी इंडियन हैं, यह तो कायदे-आजमका बड़ा विचित्र सिद्धांत है। देशमें उनकी कौम कुछ और विदेशोंमें कुछ औरही।

जादवत भाईकी कायदे-आजमसे मिलनेकी बड़ी तमन्ना थी वह पूरी हो गई। भेंटके बाद उन्होंने मुझसे कहा, "आप जानते हैं कि कायदे-आजमका समय कितना बहुमूल्य है ? हमने घण्टाभर उनका समय लिया। यदि कोई उनसे कानूनी सलाह लेनेके वास्ते गया होता तो एक घण्टाके लिये हजारों रुपये फीसके तौरपर चुकाने पड़ते।" मैं क्या जबाब देता ? खैर, कायदे-आजमने उसी समय सेक्रटरी सैयदको बुलाकर स्वयं हमारे इन्टरव्यूको बोलका लेखबद्ध कराया और उसे प्रेसके हवाले भी कर दिया। कायदे आजमके वक्तव्यसे प्रवासी भाइयोंके उस संकटकी घड़ीमें काफी सहारा मिला।

इस लिये अभी उस दिन यह सम्वाद पाकर मुझे दुःख हुए बिना न रहा कि कायदे-आजमके जीवन-नाटकका पटाक्षेप हो गया—वे भारतके रङ्ग मंचपर अपना अभिनय दिखाकर गत ११ सितम्बरको इस लोकसे सदाके लिये विदा हो गये। उनके निधनसे पाकिस्तान शोकमग्न हो गया है। भारतने भी शोक मनाकर अपने पड़ोसीके साथ समवेदना प्रकट की है। कहा जाता है कि कायदे आजम एक अद्वितीय महापुरुष थे जिन्होंने अपनी बुद्धिमत्ता, राजनीतिज्ञता एवं दूरदर्शितासे पाकिस्तानकी स्थापना कर डाली जो संसारमें सबसे बड़ी मुस्लिम रियासत है। इसमें संदेह नहीं कि ब्रिटिश और काँग्रेसके संघर्षसे लाभ उठाकर वे एक स्वतंत्र मुस्लिम रियासत कायम करनेमें सफल हो गये, पर सवाल तो यह है कि क्या कायदे आजमके त्याग और बलिदान, राजनीतिज्ञता और दूरदर्शिताका फल है पाकिस्तान अथवा विदेशियोंकी भेदनीतिसे उत्पन्न परिस्थितियोंका परिणाम है ? पाकिस्तानकी स्थापनासे भारतीय मुसलमानोंको नफा हुआ है अथवा नुकसान ? इसका उत्तर तो भविष्य देगा और इसका फैसला भी भावी इतिहासवेत्ताही कर सकेंगे।

कायदे-आजमका जन्म १९७६ में कराचीमें हुआ था और ७१ वर्षकी आयुमें मृत्यु भी कराचीमेंही हुई। कुछ लोगों का ख्याल है कि उनकी मृत्यु क्वेटामेंही हो गई थी, वे जिन्दा कराची नहीं आये, उनकी लाश लाई गई। यह सब विवाद व्यर्थ है, हमें पाकिस्तान सरकारकी विज्ञप्तिको ही प्रमाणिक मानना चाहिये। उनका भौतिक शरीर तो नहीं रहा, पर उनका नाम इतिहासमें अमर रहेगा।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जिन्ना साहब सन् १९२० तक पक्के राष्ट्रवादी रहे। जब मुस्लिम लीगका जन्म हुआ था तो उन्होंने उसको प्रतिक्रियावादी और गद्दारोंकी जमातके नामसे पुकारा था। कई वर्षोंतक तो वे लीगके जलसेमें शरीक होनेसे इन्कार करते रहे और लीगी-लीडरों की दास्य-मनोवृत्तिका मजाक उडाते रहे। हिंदू-मुस्लिम एकताके वे अग्रनेता समझे जाते थे। जब महात्मा गांधीने स्वराजकी प्राप्ति और खिलाफतकी रक्षाके लिये सत्याग्रहकी लड़ाई छेड़ी तो जिन्ना साहब यह कहकर काँग्रेससे अलग हुए थे कि काँग्रेस विशुद्ध राजनीतिक संस्था नहीं रही—गांधीजीने उसमें खिलाफतका पचड़ा घुसेड़ कर उसे धर्म और राजनीति की खिचड़ी बना डाली है। इसके बाद भारतकी स्थितिसे वे इतने व्यथित हो उठे कि सदाके लिये इङ्गलेण्डमें जा बसनेका इरादा कर चुके थे।

सन् १९३४ में वे कट्टर सम्प्रदायवादीके रुपमें मैदानमें आये। वे मुस्लिम लीगके प्रधान बने और सन् १९४७ तक लीगके बराबर प्रधान चुने जाते रहे। सन् १९४० में लाहौरमें उनकीही अध्यक्षतामें लीगने पाकिस्तानका प्रस्ताव पास किया। उन दिनों ब्रिटिश साम्राज्यका सर्वेसर्वा चर्चिल थे। उनके आश्वासन से जिन्ना साहबको अपनी महत्वाकांक्षाकी पूर्तिमें कोई संदेह न रहा। पर पाकिस्तानकी प्राप्तिके लिये वैसी परिस्थिति पैदा करना आवश्यक था। इस लिये अशिक्षित और मतांध मुसलमानोंको उन्होंने समझाया कि मुसलमानोंकी एक खास कौम है जिसका हिंदुओंसे कोई सम्बन्ध नही है और उनका इस्लाम खतरेमें पड़ गया है और वह भी काफिर हिंदुओंके कारण। हिंदू अपने बहुमतके बलपर हिंदुस्थानपर हुकूमत करना और मुसलमानोंको गुलाम बनाकर रखना चाहते हैं। मुसलमान भड़क उठे।



बापू—पधारिये, कायदे-आजम! स्वर्गलोकमें आपका स्वागत है। आइये, यहाँ स्वर्गमें तो हम लोग एक साथ रहें। कायदे-आजम—तोबा! तोबा!! इस बहिश्तमें आपके साथ? हर्गिज नहीं। मैं अपना पाकिस्तानी बहिश्त अलग बनाऊँगा।

कायदे आजमकी नीतिका परिणाम यह हुआ कि सारा देश घृणा, द्वेष और वैमनस्यके वातावरणसे अच्छा-

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दित हो उठा, हिंदू-मुसलमानोंके बीच एक गहरी खाई खुद गई, लाखों आदमी आपसमें कट मरे, उनकी औरतें विधवा और बच्चे अनाथ बन गये। स्त्रियोंके साथ जैसा बलत्कार और अत्याचार हुआ वैसा दूसरा उदाहरण जंगलीसे जंगली कौमके इतिहासमें भी मिलना दुष्करही है। भारतका अङ्ग-भङ्ग हो गया, पाकिस्तानकी स्थापना हो गई। पर उसके बाद भी भारत-माताको खूनसे स्नान कराया गया। एक करोड़से अधिक हिंदू-मुसलमानोंके बसे-बसाये घर उजड़ गये—आज वे सर्वस्व गँवाकर हिंदुस्थान और पाकिस्तानकी गलियोंमें मारे मारे फिरते हैं। इसी साम्प्रदायिक आगको बुझानेमें महात्मा गांधी भी जल मरे। आखिर कायदे-आजम भी पाकिस्तानको अनाथ बनाकर चले गये। केवल युग-युगांतर तक कहने-सुननेके लिये नेकी-बदीकी कहानी रह गई।

पं० महेशचन्द्रजी, बी० ए०।

बड़ौदा आर्यकन्या महाविद्यालयके संचालक पं० आनंदप्रियजीके अनुज तथा बम्बईके राजा नारायण लालजी पित्तीके प्रायवेट सेक्रटरी पं० महेशचन्द्रजी तरुण-अवस्थामेंही उस लोकको प्रस्थान कर गये, जहाँ से लौटकर कोई आता नही है। इस दुखद समाचारसे हमारे संतापकी सीमा नही रही। वे एक होनहार आर्य नवयुवक थे। रोडेसिया के सेलिस्बरीमें उन्होंने कुछ दिनोंतक अध्यापकका कार्य भी किया था और उसके साथ ही वैदिक धर्म प्रचारका भी। सन् १९४५ के आरंभमें बम्बईमें उनसे मेरी अंतिम मुलाकात हुई थी। वे बड़े मृदुभाषी और मिलनसार थे। उनसे बड़ी बड़ी आशाएँ की गई थी पर ईश्वरकी इच्छा कुछ औरही थी। उनके निधनसे उनकी वृद्धमाता पूजनीया यशोदा देवी, बहन पंडिता सुशीलाकुमारी एवं भाइयोंके हृदयपर जो असह्य आघात पहुँचा है उसकी कल्पनासेही हम प्रकंपित हो उठते हैं। उनको यह सोचकर संतोष करना चाहिये कि उनके इस दुःखमें हमारे जैसे उनके सभी हित मित्र दुःखी हैं। ईश्वर दिवङ्गत आत्माको शांति और उनके परिवारको यह संताप सहनकी शक्ति देवें, यही उनसे हमारी याचना है।

ॐ

पूर्व आफ्रिकामें वैदिक धर्म प्रचार।

कवि श्री जोरावर सिंहकी प्रवृत्ति।

ॐ

अभी गत जुलाईमें नैरोबी (केनिया) की ब्रह्म सभा, क्षत्रिय एसोसियेशन, पटेल ब्रादरहुड, सूरत डिस्ट्रीक्ट एसोसियेशन, कच्छी गुजराती हिंदू यूनियन, लोहाणा महाजन मंडल, काठियावाड़ कड़वा पाटीदार मंडल, भगिनी समाज, स्त्री सत्संग मंडल, महिला स्वाध्याय मंडल आदि सभा-समितियोंकी तरफसे आर्यसमाजके तरुण और उत्साही प्रचारक कवि श्री जोरावर सिंहको जो मानपत्र दिये गये, उनमें उनके प्रचार कार्यकी सराहना करते हुए कहा गया है कि—"विदेशोंमें बसे हुए चालीस लाख प्रवासी भारतीयोंकी सेवाका व्रत लेकर आप हमारी उस प्राणप्यारी मातृ-भूमिसे आ रहे हैं जो आज स्वतंत्र होकर संसारमें एक गौरव पूर्ण पद प्राप्त कर चुकी है। आपने प्राचीन भारतके गौरव मर्यादा पुरुषोत्तम राम, भगवान कृष्ण, महात्मा बुद्ध, तीर्थङ्कर महावीर और गुरु नानक तथा नवीन भारतके निर्माता ऋषि दयानन्द और महात्मा गांधीके उच्च आदर्शोंका प्रचार करके नैरोबीकी असंगठित हिंदू जनतामें जिस एकताकी भावनाका संचार किया है वह सर्वथा स्तुत्य है। आपके हृदयग्राही संगीत, वीर-रस-पूर्ण कविताएँ और सारगर्भित व्याख्यानोंके प्रभावसे हम साम्प्रदायिक, प्रांतिक और जातिगत भेदभावोंको भूलकर स्वतंत्र भारतके प्रति अपने उत्तरदायित्वका अनुभव करने लगे हैं। आपने हमें नई प्रेरणा और नया संदेश देकर कर्तव्य-पथपर आगे बढ़ाया है। आपने अपने प्रचारका प्रारंभ पूर्वी अफ्रिका की राजधानी इस नैरोबी नगरसे करके हमें गौरवान्वित किया है। आप सभी उपनिवेशोंमें पर्यटन कर प्रवासी भाइयोंको वैदिक धर्म और आर्य संस्कृतिका संदेश सुनानेका व्रत ले चुके हैं, इस सत्संकल्पमें आपको सफलता हो, यही ईश्वरसे हमारी प्रार्थना है।"

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कुँवर जोरावर सिंह एक अच्छे कवि, लेखक और वक्ता हैं। दीर्घकालसे प्रवासी भारतीयोंकी सेवा करनेकी आपकी उत्कंठा थी—इस सम्बंधमें एकबार आप प्रवासी भवन पधार कर मुझसे भी सलाह-मशविरा कर चुके हैं। अब ईश्वरके अनुग्रहसे आपकी इच्छा पूरी हुई। इस समय पूर्व अफ्रिकाके प्रवासी भारतीय आपके उपदेशोंसे लाभान्वित हो रहे हैं।



कवि श्री जोरावर सिंहजी
Kavi Shri Jorawar Singh

आपका जन्म मथुरा जिलेके अन्तर्गत वृजबरसानाके समीप एक ऐसे ग्राममें हुआ था जहाँ वर्तमान सभ्यता और सुधारकी झलक भी दृष्टिगोचर नहीं होती है। जब प्रारंभिक शिक्षा समाप्त करके युक्तप्रांतके सहकारी विभागमें आप सरकारी नौकर हुए तब आपको आर्यसमाजके सम्पर्कमें आनेका अवसर मिला। ईश्वरने आपको ऊँची और मधुर कंठध्वनि एवं वाचाशक्ति दी है जिनका सदुपयोग करके आप शीघ्रही एक प्रतिभाशाली प्रचारक बन गये। व्याख्यानको और भी जोरदार बनानेके लिये आपने कविता और संगीतको भी उसका अङ्ग बनाया। अन्ततः मित्रोंके आग्रहसे सन १९४२ में आपने नौकरी त्याग दी और अपना सारा समय स्वधर्म एवं स्वदेशकी सेवामें लगाना निश्चित कर लिया।

वैदिक धर्म और आर्य संस्कृतिके प्रचारके विचारसे आपने युक्तप्रांतके सिवा बिहार, बंगाल, मध्यप्रांत, राजस्थान, पंजाब, काश्मीर, मध्यभारत, सिंध, काठियावाड़ तथा हैदराबादके एक बड़े भागका पर्यटन किया। बम्बईमें तीन साल आपका केन्द्र रहा और पिछला दो साल बड़ौदाके आर्य कन्या महाविद्यालयमें। निजाम हैदराबादने तीन साल तक और नबाब भूपालने दो साल तक अपनी रियासतोंमें आपके प्रवेश पर प्रतिबंध लगा रखा था। सन १९४२ के आंदोलनमें क्रांतिकारियोंकी गुप्त प्रवृतियोंमें भी आपने भाग लिया था।

कुँवर जोरावर सिंह मौखिक भाषणके सिवा लेखन-कार्यमें भी विशेष अनुराग और अभिरुचि रखते हैं। हिंदी पत्र-पत्रिकाओंमें आपके सामयिक लेखों और कहानियोंके अतिरिक्त कविताएँ भी निकलती रही हैं। अबतक आपके गीतों और कविताओंकी दस पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं जिनमें सबसे पहली और सबसे बड़ी 'सिंहनाद' नामक पुस्तक भारतकी ब्रिटिश सरकार द्वारा जप्त हो चुकी है। 'हैदराबादका धर्म युद्ध' तथा 'पाकिस्तान-पचीसी' नामक पुस्तकें निजाम हैदराबादकी रियासत तथा बिहार, युक्तप्रांत और सिंधकी प्रांतिक सरकारों द्वारा जप्त की जा चुकी हैं। भारत विभाजनके विरोधमें विरचित आपकी 'पाकिस्तान पचीसी' ऐसी लोकप्रिय हुई कि जहाँ वह हिंदीके सिवा गुजराती, मराठी, आसामी और उर्दूमें भी प्रकाशित हुई वहाँ चार सालके अंदर उसकी पचास हजार प्रतियाँ खप गईं।

कुँवर जोरावर सिंहको अपने देश सेवा-कार्यमें उनकी विदुषी पत्नी देवी प्रभावती से विशेष सहयोग और प्रोत्साहन मिलता रहा है। देवीजी बड़ौदाके आर्य कन्या महाविद्यालयकी एक सुयोग्य स्नातिका हैं और संगीत एवं काव्यकलाके मर्मज्ञ होनेके साथही एक प्रभावशाली वक्ता भी हैं। वे भी शीघ्रही अपने पति देवकी प्रवास यात्रामें सम्मलित होनेकी अभिलाषा रखती हैं।

कुँवर जोरावर सिंह गत २० मार्च १९४८ को प्रवासी भारतीयोंकी सेवाका व्रत लेकर भारतसे प्रस्थित हुए और सबसे पहले उन्होंने केनियामेंही अपना प्रचार कार्य आरंभ किया। केनिया प्रदेशके नैरोबी, थीका,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

रूइरो, मैसोनी, क्लीमिन्डी, मरागवा, फोर्टहॉल, करातीना, नेटी, नन्यूकी, एम्बू, नैवाशा, गिलगिल, नकुरू, मोलो, अलवर्गन, लुम्बा, किसमु, केरिचो, किसी, सोटिक, लवान्डा, मारागोली, काकामेगा, किटाले और एल्डोरेट नामक २६ नगरों और ग्रामोंमें अबतक आप प्रचार कर चुके हैं और नैरोबी, नकुरु, किसमु, लालमेगा तथा एल्डोरेटकी जनता एवं संस्थाओंकी तरफसे आपको नौ मानपत्र अर्पण किये जा चुके हैं।

केनियामें पाँच मास बिताकर अब आपने यूगाण्डामें प्रवेश किया है। यूगाण्डा, जंजीबार और टंगानिकामें आप तीन मासके लिये प्रचारका कार्यक्रम बना चुके हैं। वहाँके प्रवासी भारतीयोंको भारतके उच्चतम आदर्शोंका संदेश सुनाकर आप पोर्तुगीज पूर्व अफ्रिकामें प्रवेश करना चाहते हैं और यदि मियादी परमीट मिल गई तो दक्षिण अफ्रिका तक जानेका इरादा रखते हैं। इसके बाद आप भारत लौटकर मोरिशस, फिजी, डमरारा, ट्रिनीडाड, सुरीनाम आदि उपनिवेशोंकी यात्रा तथा वहाँ वैदिक धर्म एवं आर्य संस्कृतिके प्रचार का कार्यक्रम निश्चित करेंगे। ईश्वर आपकी अभिलाषा पूरी करे, यही हमारी शुभ कामना है।

मोरिशसका नया आन्दोलन और आर्यसमाज

लेखकः श्री दयानन्द बसन्तराय

मोरिशस टापूमें जो नवीन हिंदू आंदोलनका सूत्रपात हुआ है उसके प्रवर्त्तक प्रोफेसर बासुदेव विष्णुदयाल देश-कालकी स्थितिको ध्यानमें रखकर काम करना जानते हैं। वे भारतमें आर्यसमाजके देशोपकारी कार्योंको देख आये हैं और उनको ज्ञात है कि भारतकी वर्तमान जागृतिका जनक आर्य समाजही है। इस लिये वे चाहते हैं कि मोरिशसमें आर्यसमाज ऐसा उदार, कर्मशील और लोकप्रिय बने जिसकी छत्र छायामें सभी वर्गके प्रवासी भारतीयोंको आश्रय मि सके।

जब आर्यसमाजकी ओरसे यह आवाज उठा जाती है कि पं० विष्णुदयालने गङ्गा स्नानके मेले व्याख्यान दिया था अतः वे अंध-विश्वासका प्र कर रहे हैं तब हमें अफसोसका हँसी आये बिना न रहती है और यह कहनेमें कुछ भी संकोच नही हो है कि मोरिशसके सुधारक वास्तविक समस्याको समझ ही नहीं। गंगा स्नानके मेलेमें प्रायः गुण्डे बदमा करनेके ख्यालसे पहुँच जाया करते थे और वे हमा देवियोंसे छेड़खानी करना अपना जन्मसिद्ध अधिका समझते थे। अन्य कौमके लोग देवियोंके स्नान चित्र खींचा करते थे। सरांश यह कि हर तरह हिंदुओंका अपमान किया जाता था। अनेक शुभचि तकोंके आग्रहसे पं० विष्णुदयालने मेलेमें शरीक हो कथिक बुराइयोंको मिटानेका संकल्प किया। उन्हो अपने स्वयं सेवकोंका प्रदर्शन कराके गुण्डोंको वहाँ मार भगाया और महिलाओंकी मर्यादाकी रक्षा की उस समय आर्य प्रतिनिधि सभाके मुखपत्रको भी बात नही खटकी। यदि उस समय पंडितजीका का उत्तम था तो अब कैसे अधम हो गया? मेलेके ए मासके बाद महायज्ञ हुआ उसकी सफलतापर दिसम्बर १९४० के "आर्यवीर" में अग्रलेख निक और उसमें कहा गया कि "एक शताब्दीके प्रवास बाद यह ऐतिहासिक महायज्ञ हिंदुओंके मध्यमें संगठि रूपसे हुआ। इसका सारा श्रेय पं० विशुनदयाल है। इस यज्ञमें विघ्न डालनेकी यद्यपि अनेक चेष्ट हुई तथापि मोरिशसकी हिंदू जनताके धर्मानुरा महायज्ञको अपूर्व सफलता मिली। यदि हिंदू जन इसी प्रकार परस्पर प्रेम और संगठनका परिचय दे तो हम कह सकते हैं कि हिंदू जातिका बेड़ा पार ल में अधिक बिलम्ब न होगा; इत्यादि।"

उस समयके लेखोंमें कहीं संकेत भी नही कि पं० विशुनदयालका कार्य आर्यसमाजकी दृष्टि अहितकर है। मनुष्य गणनाकी रिपोर्टसे हिंदुओं अवनतिका चित्र सबके सामने आ चुका है; यदि हमा जातिकी रक्षा और कल्याणमें नवीन हिंदू आंदोलन

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सफलता न मिली होती तो फ्रांसकी प्रसिद्ध पत्रिका "ले मोंद इलिस्त्रे" में यह कदापि नहीं छपता कि यद्यपि हिंदुओंमें जातपांतका प्रपंच तो अभी तक विलुप्त नहीं हुआ है पर अब सर्व वर्गके हिंदू मिलजुलकर बड़े बड़े मेले लगाते और अपने स्वत्वोंके रक्षणके लिये लड़ते हैं। सच बात तो यह है कि आर्यसमाजका रुख तब



श्री धर्मयश देवजी (मोरिशसमें भारतके कमिश्नर)
Shri Dharam Yash Dev
(India's Commissioner in Mauritius)

बदला जब नवीन हिंदू आंदोलनपर सरकारकी कोप दृष्टि पड़ी, दमनका चक्र चल पड़ा और पं० विशुन दयाल जेलमें ठेल दिये गये। उन्हीं दिनों कलकत्ताके "स्टेटस्मेन" में एसोसियेटेड-प्रेसका एक संवाद प्रकाशित हुआ था जिसमें मोरिशसकी परिस्थितिपर प्रकाश डालते हुए कहा गया था कि मोरिशस द्वीपमें शक्करके कारबार तथा वहाँके आर्थिक विकासमें प्रवासी भारतीयोंका विशेष भाग है। यद्यपि अन्य उपनिवेशोंकी भाँति, कमसे कम सिद्धांतरूपसे, मोरिशसके भारतीयोंके सामने कोई कानूनी कठिनाई नहीं है तो भी उनके समक्ष अन्य समस्याएँ तो हैं जिनको सामाजिक तथा सांस्कृतिक कहा जा सकता है। उनके बच्चोंके लिये शिक्षाकी समुचित व्यवस्था न होनेके कारण उनके विकासमें विकट बाधा पड़ रही है और यहाँ तक कि उनको अपने धर्मका पालन और प्रचार करने की स्वतंत्रतासे भी वंचित रखा जाता है।

अङ्गरेजोंके इस अखबारने हिंदुओंके प्रति सहानुभूति प्रकट की, परंतु खेदकी बात है कि उन्हीं दिनों आर्य समाजके दोनों दलके पत्रों—'आर्यवीर' और 'जागृति' में एक विज्ञप्ति छपी जिसमें आर्यसमाजोंको आदेश दिया गया कि सभाकी शाखाओंमें किसी स्वतंत्र उपदेशकका भाषण न कराया जाय। वह आदेश पं० विष्णुदयाल पर लागू होता था और उन्होंने उसका आदर किया—वे स्वयं अपने आर्य बंधुओंको सम्मति देने लगे कि उनको बुलाकर अपनी शिरोमणि सभाका अनुशासन भङ्ग करना उचित नहीं है। आर्यसमाजकी इस विज्ञप्तिके प्रकाशनसे पूर्व पंडितजीने लालमाटीके आर्य मंदिरमें एक भाषण दिया था। जब उनपर सरकारने मामला चलाया तो न्यायधीशने अभियुक्त विशुन दयालसे कहा था कि आर्य समाजमें प्रवचन करनेके लिये सरकारी आज्ञा की आवश्यकता नहीं है। यदि वे समाजके प्रधान और मंत्रीकी साक्षी दिलाकर यह सिद्ध कर दें तो उनपर लगाये गये दोष निरर्थक हो जायँगे। नये आंदोलनके कुछ शुभ चिन्तकोंने आर्यसमाजके अधिकारियोंसे मिलकर सारी बातें उनके सामने रख दीं। सभीको यह विश्वास था कि इस प्रसंग पर आर्यसमाज अपने कर्तव्यसे विचलित न होगा। पर सरकारके भयसे कोई भी साक्षी देनेका साहस न कर सका।

पं० विशुनदयाल समस्त हिंदुओंके धार्मिक अधिकारके लिये लड़ रहे थे। उन्होंने सरकारसे यह जबाब तलब किया कि यदि धर्म प्रचारके लिये पुलिस

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

की आज्ञा लेनी आवश्यक है तो ईसाई प्रचारकोंसे उस आज्ञाका क्यों नही पालन कराया जाता हैं—केवल हिंदुओंको ही क्यों आज्ञा लेनेको मजबूर किया जाता है ? परंतु "अभयं मित्रादभयममित्राद्" का नित्य पाठ करनेवाले सरकारका रुख देखकर बगले झाँकने लगे। जिस तरह स्वर्गीय लाला लाजपत रायकी विपत्तिकी बेलामें कालेज पार्टीके आर्यसमाजने उनसे सम्बंध विच्छेद कर लिया था उसी प्रकार पं० विष्णुदयाल पर हिंदू-हितकी रक्षामें जब विपदा आई और जेल जानेकी नौबत आ पहुँची तो एक धर्म रक्षक और उपदेशककी सहायता करनेके बदले इस द्वीपका आर्यसमाज उनका छिद्र ढूढ़ने लगा और अपनी जिम्मेदारीसे बरी होनेके लिये उनको अंध-विश्वासका प्रचारक सिद्ध करने लगा।

ऋषि दयानन्द सदाचारकी सजीव मूर्त्ति थे। उनके शुद्धाचरणके समक्ष विपक्षी भी शीश झुका देते थे। सत्य और निर्भयताकी बेदीपर वे स्वयं बलिदान हो गये। मोरिशसमें चालीस सालसे आर्यसमाजका प्रचार हो रहा है, लेकिन चिराग लेकर ढूँढ़नेपर चालीस भी ऐसे अयेसमाजी नेता न मिलेंगे जिन्होंने जात-पाँतके ढकोसलेको त्यागकर अपने बच्चोंका विवाह करनेका सत्साहस दिखाया हो। पं० विष्णुदयालको गिरानेसे आर्यसमाजका महत्व नहीं बढ़ेगा। हमें पंडित जीके जीवन और आचरणको देखना चाहिये। वे मांसाहार नही करते, मदिरा-पान नही करते, जात-पाँत का बंधन तोड़ना चाहते हैं, स्त्रियोंको सार्वजनिक क्षेत्र में लाना और आगे बढना चाहते हैं, हिंदीका प्रचार करते हैं। यदि वे आर्यसमाजसे दुर्भाव रखते तो डाक्टर भारद्वाजकी जीवनी छपवा कर हिंदू-आंदोलन की तरफसे क्यों बँटवाते ? प्रत्येक आरतीमें जो १० या १५ रुपये आ जाते हैं उनको वे अपने उपयोगमें तो नही लाते हैं—इस मँहगीके दिनोंमें उस रकमसे हिंदी, तामिल, फ्रेंच और अङ्गरेजीके ट्रेक्ट छपवाये और मुफ्तमें बाँटे जाते हैं। उनकी इन पुस्तकोंने रियूनियन (Reunion) टापूके हिंदुओंकी काया पलट दी है—ईसाई बने हुए हिंदू अच्छी संख्यामें शुद्ध होकर स्वधर्म की शरणमें वापस आ रहे हैं।

पं० विष्णुदयालके नवीन हिंदू आंदोलनकी विशेषता यह है कि अहिंदू भी उनसे सहानुभूति रखते हैं। कौंसिलके चुनावके समय अहिंदू नेता डाक्टर क्युरे तथा डा० मिल्यें तथा क्रिओलोंका मजदूर संघ पंडितजीके अनुज श्री सुखदेव विशुनदयालका उम्मेदवारीका समर्थन करते रहे और उनके साथ बैठकर विस्की पीनेवाले हिंदू नेताओंकी अवहेलना। जहाँ केवल फ्रेंच और अङ्गरेजी जानने वाले शिक्षित समझे जाते थे वहाँ इसी आंदोलनके प्रतापसे हिंदी, गुजराती, तामिल, तैलगू, उर्दू, चीनी आदि भाषाएँ पढ़-लिख सकने वालोंकी गणना भी शिक्षितोंमें होने लगी है और उनको मताधिकार मिल सका है। आंदोलनका अनादर करना अहिंदू भी अनुचित समझते हैं। ऋषि दयानन्दके परम भक्त पं० परमाल सुब्रायन, जिन्होंने लाहोरमें शिक्षा पाई थी और जिनका नाम तामिल सत्यार्थ प्रकाशकी प्रस्तावनामें आया है, आंदोलनका सहायक और समर्थक हैं। वे पंडितजीकी एक नई पुस्तकका तामिल अनुवाद कर रहे हैं। नवीन आंदोलन ऋषि दयानंदके सिद्धांतोंकोही कार्यान्वित कर रहा है। यदि फ्रेंचमें सत्यार्थप्रकाशका अनुवाद हुआ तो वह आन्दोलनकारीकेही प्रयत्नका फल है। यदि मोरिशसमें नया आंदोलन न उठा होता तो आर्य-सनातनका झगड़ा मिटताही नहीं, हिंदुओंमें न सामाजिक जागृति होती और न उनकी कोई राजनीतिक स्थितिही।

प्रवासी भवनमें प्रवासी विद्यार्थी

नरेन्द्रकुमार और महेन्द्रकुमार

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आर्यसमाज और विदेश प्रचार।

लेखकः पं० कन्हैयालाल आर्य

आर्यसमाजके प्रचारकक हैसियतसे मुझे पूर्व अफ्रिकामें भ्रमण करने, वहाँके प्रवासी भारतीयोंकी अवस्था देखने और उनमें वैदिक धर्म प्रचार करनेका सौभाग्य प्राप्त हो चुका है। पूर्व अफ्रिकासे भारतका बहुत पुराना सम्बन्ध है। सन १४९८ में जब प्रसिद्ध पोर्तुगीज यात्री वास्कोडी गामा भारत की खोजमें मोम्बासा पहुँचा था तो वहाँके बंदरगाहपर उसने भारतीय सौदागरोंके अनेक जहाज देखे थे और वहींसे एक भारतीय नाविकने मार्ग प्रदर्शन करते हुए उसे भारतके किनारे पहुँचाया था। पूर्व अफ्रिकाको अङ्गरेजोंका उपनिवेश बनानेमें सिख-सिपाहियोंका भी रक्त प्रवाहित हुआ था। पंजाबी मजदूरोंकी मेहनतसे ही केनिया और यूगाण्डामें रेलगाड़ीकी पटरियाँ बिछाई जा सकी थीं। भारतीय व्यापारियोंने ऐसे विकट जंगलोंमें अपना कारबार फैलाया और माल ले जाने का रास्ता निकाला जहाँ किसी श्वेताङ्गका प्रवेश असंभव था। इस प्रकार पूर्व अफ्रिकामें खेतीवारी और व्यापारका कार्य आरंभ करने और उसे सभ्य मनुष्योंके रहने योग्य बनानेमें प्रवासी भारतीयोंका बहुत बड़ा भाग है।



पं० कन्हैयालाल आर्य
Pandit Kanhyalal Arya

इस उपनिवेशमें प्रायः मजदूर और मध्यम वर्गकेही भारतीय आये पर उनमेंसे अनेक अपने उद्योग और परिश्रमसे उच्चकोटिके धनवान बन गये। प्रसिद्ध सेठ नानजी कालीदास मेहता एक साधारण मुनीम बनकर पूर्व अफ्रिका गये थे पर अपने पुरुषार्थसे उन्होंने इतना धनार्जन किया कि आज देशके इनेगिने लक्ष्मीके लालोंमें उनका शुमार होता है। भारतीय अपने साथ अपने धर्म और संस्कृतिको भी ले गये। बम्बईसे केवल आठ दिनमें स्टीमर मोम्बासा पहुँच जाता है। अतएव देशसे निकट होनेके कारण आर्यसमाजके उच्चकोटिके उपदेशक प्रायः वहाँ पहुँच कर प्रचार करते रहे हैं। आचार्य रामदेव, पं० चमूपति, पं० बुद्धदेव, पं० ऋषिराम आदिके उपदेशामृतसे वहाँके प्रवासी भाई परितृप्त हो चुके हैं।

समुद्र-पार उस उपनिवेशमें आर्यसमाजकी कीर्त्तिध्वजा फहरा रही है। नैरोबी, मोम्बासा, दारस्सलाम, जंजीवार आदि अनेक छोटे बड़े नगरोंमें आर्य मंदिरका निर्माण हो चुका है। नैरोबीका आर्यमंदिर ऐसा विशाल और भव्य है कि भारतके बड़े बड़े आर्य मंदिरों का मुकाबला कर सकता है। आर्यसमाजोंकी तरफसे अनेक बालक और बालिकाओंकी पाठशालाएँ चलाई जाती है और उनमें विद्यार्थियोंको वैदिक धर्म एवं आर्य संस्कृतिकी शिक्षा दी जाती है। जब प्रवासी बालक बड़े अनुरागसे "हे मातृभूमि! तेरे चरणोंमें सिर नवाऊँ" गाने लगते हैं तो श्रोताओंके हृदयमें मातृभूमि की स्नेहपूर्ण स्मृतियाँ जागृत हो आती है और आँखोंमें आँसू छलछला आते हैं। प्रवासी भाइयोंमें अपनी मातृभूमिके प्रति इतनी ममता और मुहब्बत है कि वे लाखों रुपये भारतकी संस्थाओंको दान दे चुके है और हर साल देते रहते हैं। जो वहाँ माँगने जाता है, खाली हाथ नही लौटता। पर खेदकी बात है कि उन संस्थाओंमें प्रवासी विद्यार्थियोंकी शिक्षाकी कोई व्यवस्था नही है।

मुझे अपने प्रवासमें जो बात सबसे अधिक खटकी, वह यह थी कि वहाँके आदिम निवासियोंमें प्रचारका अद्यपर्यन्त कोई प्रबंध नही किया गया। मैंने

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

केनिया, यूगाण्डा और टंगेनिकाका पर्यटन किया पर कहीं भी मुझे देशी आर्यसमाजीके दर्शन नही हुए। आर्यसमाजका क्षेत्र प्रवासी भारतीयोंतकही सीमित है। कुछ भारतीय तो देशसेही आर्यसमाजीके रूपमें वहाँ जा बसे हैं और कुछ वहाँ प्रचारकोंके उपदेश के प्रभावमें आकर आर्यसमाजी बने हैं—पर सबके सब आर्यसमाजी भारतीयही हैं—वहाँके आदिम निवासियों में एक भी समाजका सदस्य नही बना है और बने भी कैसे ? उनमें आजतक प्रचारका प्रयत्न हुआ ही नही। वे हिंदी या गुजराती जानते नहीं और हमारे प्रचारक उनकी भाषा 'सुहली' नही जानते हैं, फिर उनमें प्रचार हो तो कैसे ? मैंने प्रवासी आर्योंसे दरियाफ्त किया कि इनको क्यों नही आर्य बनानेकी चेष्टाकी जाती है—लाखों नेटिव मुसलमान और ईसाई बन गये हैं, फिर प्रयत्न करनेपर क्या वे आर्य नही बनेंगे ? तो अक्सर यह जबाब मिलता कि वे सर्व भक्षी है—गोमांसतक खाते हैं उनको आर्य बनाना तो बड़ा कठिन कार्य है। ऐसा लचर जबाब पाकर जहाँ मुझे विस्मय हुआ वहाँ विषाद भी। मैंने कईवार अपने प्रवचनोंमें उनको समझाया भी कि मान लो यदि कहीं ऐसा प्रसंग आ जावे कि सारे भारतीयोंको यहाँसे देश लौट जानेपर बाध्य होना पडे तो आर्यमंदिरों, आर्य विद्यालयों तथा अन्य आर्य संस्थाओंकी क्या गति होगी ? वहाँके निवासी तो आर्यसमाजी बनाये नह गये, इस लिये भारतीयोंके साथही आर्यसमाजका भी नामनिशान मिट जायगा। रहा मांसाहारका प्रश्न ? सो तो उपदेशसेही उनको निरामिषहारी बनाया जा सकता है। पर इस आवश्यक प्रश्न पर अबतक ध्यान नही दिया गया।

यदि वैदिक धर्मको सार्वभौम धर्म बनाना है तो इस उपेक्षावृत्तिसे काम न चलेगा। सार्वदेशिक सभाको इस कामको हाथमें लेना चाहिये और या तो अपने कुछ उपदेशकोंको अफ्रिका भेजकर वहाँ की सुहली, जूलू आदि भाषाएँ सिखनेकी व्यवस्था करनी चाहिये अथवा कुछ अफ्रिकन छात्रोंको यहाँ लाकर उनको वैदिक धर्मका प्रचारक बनाना चाहिये। अफ्रिका की भाषाओंमें आर्यग्रन्थोंका अनुवाद भी कराना चाहिये तभी अफ्रिकनोंमें प्रचार हो सकता है। इस दिशामें अभी एक कदम भी नही उठाया गया है। इस समय जो विदेश प्रचारके अभिप्रायसे जाते या भेजे जाते हैं उनका प्रचार प्रवासी भारतीयों तक ही महदूद होता है और आदिम निवासियोंमें न अबतक प्रचार हुआ और न आगेके लिये कोई आशाही है। ईसाई प्रचारक जिस देशमें प्रचारके विचारसे जाते हैं वहाँकी भाषा सीख करही यात्रापर निकलते हैं पर हमारे यहाँकी विचित्र दशा है। हिंदी, संस्कृत अथवा अंग्रेजी के द्वाराही हम सारे विश्वको आर्य बनानेका मनसूबा बाँधा करते हैं। पर सच बात तो यह है कि जबतक भिन्न भिन्न भाषा बोलनेवाले उपदेशक तैयार न किये जाएँगे तबतक विदेश प्रचार सर्वथा असंभव ही है।

प्रवासीके प्रति

लेखकः पं० चन्द्रनाथजी मालवीय "वारीश"

(१)

अरे ! प्रवासी आँसू पीकर
मन ही मन रोना कैसा ?
तेरी दीन-दशाको लखकर
जगका यह सोना कैसा ?

(२)

अनाचार-अन्याय आपदा
का पहाड़ टूटा कैसा ?
हाय ! अचानक पूर्व-पाप
का दुख-निर्झर फूटा कैसा ?

(३)

सुखकी आशा छोड़ हृदयसे
दुखको आज लगा ले तू !
"मरना ही जीना" है जगमें
जीवन ज्योति जगा ले तू !!

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri



गिरमिटकी गाथा

लेखकः ब्रह्मदत्त भवानी दयाल

अधेड़ केदारनाथ बाबर्चीखानेके एक कोनेमें सिमटा थर थर काँप रहा था और अपनी किस्मतको कोस रहा था। बाहर बदनमें चुभनेवाली सर्द हवा बह रही थी पर उसकी केदारनाथको कोई पर्वाह नहीं थी—पिछले दो वर्षों में वह नेटालकी गर्मी और सर्दी सहनेका आदी हो गया था। पर इस समय उसकी कँपकँपीका कारण कुछ और ही था। नेटालमें मातृभूमि से छः हजार मीलकी दूरी पर उसे भाग्यचक्रने ला पटका था। अंग्रेज मालिक का हण्टर जब उसकी नंगी पीठपर अपनी करामात दिखाने लगता तो वह उस अशुभ घड़ीको कोसता जब कि वह अपने प्यारे गाँव घरसे चला था नौकरीके फिराकमें। उसे नेटालकी नौकरी क्या मिली—निरा नरक-वास मिला। शायद नरक भी उससे अच्छा होगा। कड़ाही से कूदकर वह आगमें आ गिरा था।

ब्रह्मदत्त भवानी दयाल

केदारनाथ एक बड़े परिवारके प्राणी थे। उनका परिवार सम्मलित हिंदू परिवारका एक नमूना था। केदार-नाथका जन्म बिहारके हजारीबाग जिलेमें कोडरमा नामक कस्बेमें हुआ था। वहीं उनका बचपन बीता, जवानी आई और चली गई और अब वे धीरे-धीरे बुढ़ापेकी ओर खसक रहे थे। पर वे अपने गाँव-देहातसे बाहर कभी न गये। जरुरत भी क्या थी, जब परिवारके साथ उनका गुजर बसर अच्छी तरह हो रहा था। ब्राह्मण कुलमें उत्पन्न होने के कारण उन्होंने पूजापाठ और कथावर्त्ताके लिये संस्कृतके कुछ श्लोक घोख रखे थे, जिससे गाँव देहातमें उनकी धाक जम गई थी और आमदनी भी काफी हो जाती थी। उनके परिवार वाले किसान थे—खेतीवारी करते थे। ब्राह्मण देवता होनेकी बदौलत जमींदारसे कृष्णार्पणके रूपमें काफी खेत पा गये थे जिसकी मालगुजारी भी माफ थी। इस लिये केदारनाथका परिवार बड़ा खुशहाल था।

पर विधिकी बिडम्बना! भाग्यका फेर। केदारनाथ की एक भौजाई थी जो बचपनमेंही विधवा हो गई थी। जब उसके यौवनकी कलियाँ खिलने लगी तो नैहरवालोंने उसे ससुराल भेज देनाही उचित समझा, जहाँ वह कैदीकी तरह परदेमें रखी जा सकती थी। पर प्रकृतिको बंदी बना कर रखना मानो नदीकी धारको रेतसे बाँधनेका निष्फल प्रयत्न करना है। केदारनाथकी दृष्टिमें वह भा गई और उसके दिलमें केदारनाथ समा गये। नतीजा यह हुआ कि वह गर्भवती हो गई। जब घरवालोंको यह बात मालूम हुई तो मानो उनपर वज्र फट पड़ा। केदारनाथ तो शर्मसे गड़ गये। उनको यह राय और सलाह दी गई कि वे अपनी भौजाईको या तो मुगलसरायके निकट खुर्माबादके किसी मुसलमान कसाईको सौंप आवें अथवा बनारसकी गलियोंमें छोड़कर घर लौट आवें। पर केदारनाथ इतने हृदयहीन न थे—वे अपनी जिम्मेदारी महसूस करते थे। उस निस्सहाय अबलाको इस प्रकार धोखा देकर उससे पिण्ड छुड़ाना वे घोर पाप समझते थे। इस लिये वे उसके साथ ही मर मिटनेके लिये घरसे निकल पड़े।

जब केदारनाथ अपने गाँव-घरसे बिदा होने लगे तो उनके परिवार वाले भी उनकी विछोह-व्यथासे रो पड़े। केदारनाथने छातीको मजबूत कर अपनी भौजाईकी बाँह पकड़ी और सबको यथायोग्य अभिवादन करके वे घरसे निकल पड़े। वह बार बार मुड़कर अपने गाँव और घर को देखते जाते थे क्योंकि वे जानते थे कि गाँव, घर और परिवार उनसे सदाके लिये छूट रहे हैं और अब इनसे पुनर्मिलनकी कोई आशा नहीं है। गाँवकी सरहद पार करनेपर केदारका हृदय इतना भर आया कि वे बच्चेकी भाँति फूट-फूटकर रोने लगे।

आखिर भौजाईके साथ रेलगाड़ी पर बैठकर जब वे बनारस पहुँचे तो उनका हृदय कुछ हलका हो चुका था।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

शहरमें प्रवेश करतेही एक नाटे कदके बाबूसे भेंट हो गई जो शक्ल-सूरतमें एक भद्र पुरुष मालूम पड़ता था। उसने इन दो विपदग्रस्त व्यक्तियोंको देखतेही प्रश्नोंकी झड़ी लगा दी—"आप कहाँके रहनेवाले हैं, कहाँसे आ रहे हैं, कहाँ जायँगे और क्या किसी तरहकी मदद चाहते हैं?" केदारनाथ बाबूकी सहानुभूति पूर्ण बातोंसे आश्चर्य-चकित हो गये और सोचने लगे कि अभी यह संसार परोपकारी प्राणियोंसे शून्य नहीं हो गया है। शायद यह मनुष्यके रूपमें कोई देवताही है जिसको बाबा विश्वनाथजीने उनकी सहायता के लिये भेज दिया है।

केदारनाथने उस बाबूको असली हकीकत छिपाकर यह बतलाया कि हैजेकी बीमारीसे उनका सारा परिवार मर मिटा और महाजनोंने कर्जके मदमें उनका खेत-मकान और सारी जायदाद हड़प कर उनको राहका भिखारी बना दिया है। इस लिये अब वे नौकरीकी तलाशमें निकले हैं। बाबूने उनके दुःखमें बड़ी हमदर्दी प्रकट की और उनको कोई अच्छी नौकरी दिला देनेका आश्वासन दिया। उसने केदारको एक बंगलेमें टिकाया और खान-पानका पूरा इन्तजाम कर दिया। डूबते हुए व्यक्तिको तिनकेका सहारा भी बहुत होता है, यहाँ तो केदारको एक भद्र पुरुषका सहारा मिल गया। केदारनाथके हर्षोल्लासकी हद नही थी, यदि उनका ब्राह्मणत्व आड़े न आता तो वे बाबूके चरण छू कर अपनी कृतज्ञताका परिचय दिये बिना न रहते।

बेचारे भोले भाले केदारको क्या खबर कि वह बाबू बहिश्तका फिरिश्ता नही, दोजखका ठेकेदार है। उसने तो कुली भर्ती करनेवाले आरकाटीका कभी नाम भी नही सुना था। वह क्या जाने कि उन्हींके जैसे विपदके सताये लोगों के फिराकमेंही बाबू रहते हैं और यदि पा जाते हैं तो उनको बहका-फुसलाकर और सरसब्जबाग दिखाकर अपना स्वार्थ सिद्ध करते तथा अपनी थैलीको वजनदार बनाते हैं।

चिड़िया जालमें फँस चुकी थी, उसे ठिकाने लगा देना बाबू साहबके लिये बायें हाथका खेल था। उन्होंने कोई कच्ची गोटी तो डाली नही थी, इस तरहके अनेक अभागोंको वे गिरमिटकी गुलामीमें बाँधकर विदेशोंकी हवा खिला चुके थे। जो केदारकी कर्मरेखा थी वह कहाँ मिटने वाली? वे अब अपनी विधवा भौजाईको विवाहिता पत्नी बतला रहे थे और बाबूके वाग्जालमें फँसकर वे विदेश जानेके लिये तैयार हो गये। उनको अपना अपराध छिपाने और नई जिन्दगी बितानेके लिये विदेशही सर्वश्रेष्ठ स्थान जँचा। बनारससे गिरमिटिया गुलामोंके गरोहके साथ वे कलकत्ता पहुँचे और वहाँसे जहाजपर लदकर नेटाल। केदारको जहाजपर सवार होनेसे पहलेही मालूम हो चुका था कि उस बाबूने जिस रंगीन दुनियाका चित्र खींचा था वह उसकी कल्पनाकीही वस्तु है—असलमें उसकी कहीं कोई हस्ती नही।

नेटालके बंदरगाहपर जहाज लगतेही गोरे प्लान्टरों का मेला लग गया। वे उसी तरह भारतीय गुलामोंको खरीदने आये थे जिस तरह यहाँके मेलेमें लोग जानवर खरीदने जाते हैं। उनको ५ सालके लिये एक गुलाम प्राप्त करनेमें २० पौंड दाम चुकाना पड़ता था, इस लिये वे ठोंक-पीटकर खरा माल चुन लिया करते थे। केदारनाथ अपनी भौजाई के साथ एक विशालकाय, नृशंस और अत्याचारी गोरेके पल्ले पड़ गये। वह उन्हें गाय-बैलकी भाँति हाँककर अपने खेत पर ले गया। पहलेही दिन उस गोरे मालिकने उनको डाँट-डपट बताकर और एक दो ठोकर लगाकर भयभीत कर दिया। दूसरे दिन एक मद्रासी सरदारने नये गुलामोंको उनकी 'ड्यूटी' की शिक्षा देकर उनको भिन्न भिन्न कामोंपर लगा दिया। केदारको उसने जान बूझकर घोड़ोंको खरहरा करने और अस्तबलसे लीद फेंकनेके काममें लगा दिया। वह सरदार मद्रासका परिया था और ब्राह्मणोंने उसके और उसके समुदायके साथ जो दुर्व्यवहार किया था उसका बदला, मौका मिलनेपर, वह सूद-सहित चुकाया करता था। बेचारे केदार घोड़ेकी साईसी क्या जाने? फिर भी उन्होंने अपने खयालसे काम में कोई कोताही नही की। पर दुष्ट सरदारने साहबसे उनके कामोंकी बड़ी शिकायत की और उनको जाँगरचोर करकहे साहबको सलाह दी कि उसे बुलाकर समझा देना चाहिये। साहबने केदारको बुला लानेकी आज्ञा दी।

सरदार जब केदारके झोपड़ेपर पहुँचा तो देखा कि वे शालिग्रामकी मूर्त्ति सामने रखकर उसकी पूजामें व्यस्त हैं। उसने उसी स्थितिमें साहबका हुक्म सुना दिया। इस विपत्तिमें भी केदार भगवानको भूले न थे और कमसे कम शामको एकबार पूजा-पाठका नियम निबाहते जाते थे। उन्होंने हाथ जोड़कर सरदारसे प्रार्थना की कि मैं शीघ्र

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ही पूजा समाप्त करके साहबकी सेवामें उपस्थित होता हूँ। पूजाको अधूरा छोड़ देना भगवानके प्रति अपराध होगा।

उस बदमाश परियाने सोचा कि ब्राह्मणसे बदला लेनेका अच्छा मौका है। उसने लौटकर साहबको इत्तला दी कि "हजूर! वह कहता है कि यह उसकी पूजाका समय है। दिन भर तो साहबकी गुलामी करता रहा, अब इस वक्त साहबको उसे बोलानेका क्या अधिकार है?"

साहब उस सरदारको बहुत चाहता था क्योंकि वह अपने देशवासियोंके साथ बड़ी सख्तीसे पेश आता था और उनसे कठोर काम लेनेमें साहबसे दस कदम आगे था। मद्रासमें परियोंके साथ जो कुत्तेसे भी बुरा वर्त्ताव किया जाता है उसका वह व्यक्तिगत अनुभव कर चुका था, इसलिये किसी ब्राह्मणको देखकर उसके तन-बदनमें आग लग जाती थी। इस समय केदार उसके चंगुलमें आ फँसे थे।

साहब क्रोधसे लाल हो उठा। एक नाचीज़ गुलाम की यह हिम्मत कि वह जानबूझकर गुस्ताखी करे! साहबने अपने दो हट्टेकट्टे हबशियोंको हुक्म दिया कि वह केदारको फौरन उसके सामने हाजिर करें और यदि वह आनेमें आनाकानी करे तो उसको घसीटकर लावें और यदि वह कोई प्रतिकार करे तो उसकी मरम्मत करनेसे भी बाज न आवें। बस, हुक्मकी देर थी, दौड़ पड़े हबशी जानवर! उन्होंने केदारको झोंपड़ेमें घुसकर मारे डण्डोंको बेदम कर डाला और उनको घसीटते हुए साहबके सामने लाये। साहबने देखा कि केदारकी काफी मरम्मत हो चुकी है; अब और पीटनेका नतीजा यह होगा कि वह कामपर न जा सकेगा और इस तरह उसकाही नुकसान होगा। इसलिये उसने डाँट-डपटकर छोड़ दिया और सख्त ताकीद कर दी कि आइन्दे कभी वह ऐसी गुस्ताखी न करे।

इस तरह केदारनाथकी गुलामीका श्रीगणेश हुआ। यह सोचकर उन्होंने संतोष किया कि यह अपनेही कृतकर्मों का फल है। यदि उनसे अपराध न हुआ होता तो आज यह दिन उन्हें क्यों देखने पड़ते? वे दिलको मजबूत करके कामपर जुट पड़े और उस दिनकी प्रतीक्षा करने लगे जब उनकी गुलामीकी अवधि पूरी हो जायगी और वे स्वतंत्रता के वातावरणमें सांस ले सकेंगे। साहब गन्नेका फ्रण्टर था, पर सरदारकी दयासे साईसका काम केदारनाथके गले पड़ा था। ब्राह्मण होकर इस नीच कर्मको भी वे उत्साहसे करते जा रहे थे क्योंकि बहुत दूर पर आशाका एक क्षीण दीपक टिमटिमा रहा था।

इस तरह तीन साल बीत गये—आधीसे कुछ अधिक मंजिल तय हो चुकी थी। इस दरम्यानमें वे इस कठोर जीवनके आदी हो गये थे। पर उस दिन एक ऐसी घटना घटी कि उनकी अग्नि-परीक्षाकी घड़ी आ पहुंची। साहबका मद्रासी बाबर्ची अचानक ऐसा बीमार हो गया कि उसे अस्पतालमें दाखिल कराना पड़ा। उसकी खाली जगहकी पूर्तिके लिये जब साहबने सरदारकी राय ली तो उसने झट केदारनाथकी ओर इशारा कर दिया और साहबको समझा दिया कि देशमें केदारके बिरादरीवाले अकसर बड़े आदमियोंके यहाँ बाबर्चीका ही काम करते हैं और इस काममें बड़े प्रवीण होते हैं। वह दुष्ट जानता था कि केदारके लिये यह मृत्युसे भी भारी दण्ड है। वे भलेही काट डाले जायँ पर गोमांस रींधनेका काम कदापि न करेंगे। पर उसे तो मद्रासके ब्राह्मणोंके दुर्व्यवहारका बदला केदारसे चुकाना था—इससे अच्छा मौका उसे फिर कब और कहाँ मिल सकता था?

साहबने फौरन केदारको बुलाकर हुक्म दे दिया कि जबतक बाबर्ची बीमार है तबतक उनको साहबका खाना पकाना पड़ेगा। केदारनाथ काँप उठे। ब्राह्मण होकर वे गोमांस कैसे पकावेंगे? उनके नेत्रोंके सामने अँधेरा छा आया, उनकी हिचकिचाहट देखकर साहबको आश्चर्य हुआ। सोचने लगा कि इतना हलका काम मिल रहा है, फिर भी यह खिन्न क्यों दिखाई पड़ता है? बेचारे केदारनाथ खड़े-खड़े सोच रहे थे कि यह घृणित कार्य उनसे कैसे हो सकेगा। चाहे नतीजा कुछ भी क्यों न हो, पर गोमांस पकानेका काम वे हर्गिज नहीं करेंगे; वे इसी उधेड़-बुनमें थे कि साहब शेरकी तरह गर्ज पड़ाः—"यू डेम पिग! क्या सोचटा है? किचिनमें जाकर ब्रेकफास्ट टैयार करो। डेखो, काफका स्टीक (बछड़ेके मांसकी भुनी हुई बोटी) लाना नेई भुलना। जल्डी करो। खेटपर जाकर डेखना है कि टुमारा बिराडर, कामचोर सुअरकी औलाड, काम करटा है या मौज उडाटा है।"

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भयसे केदारके रोंगटे खड़े हो आये। उनको मालूम हो गया कि आज उनकी कठिन परीक्षा होनेवाली है। हाथ जोड़कर बड़ी नम्रतासे बोले, "साहब, आप हमारे मा-बाप हैं। आपके पास बहुतसे आदमी हैं; किसी औरको इस काममें लगा लीजिये। मैं ब्राह्मण हूँ, मुझसे बाबर्चीका काम न होगा। गऊको हम माता कहते और उसकी पूजा करते हैं, उसीका मांस पकाना! छिः! छिः!! राम-राम !!!"

साहब टूटी-फूटी हिन्दी बोल और समझ लेता था पर केदारनाथकी बात उसकी समझमें बराबर नहीं आई। उसने सरदारकी तरफ देखा। सरदारने उसको समझाया कि केदार उसकी आज्ञाका उल्लंघन कर रहा है और कह रहा है कि साहब उसको क्या समझता है? वह साहबसे श्रेष्ट ब्राह्मण है। अब तो साहबके क्रोधकी सीमा न रही। यह गुलाम भी धर्मिष्ट होनेका दावा करता है और अपने आपको मुझ से श्रेष्ट समझता है। उसने हण्टर उठा लिया और केदार की पीठपर निर्दयतासे प्रहार करने लगा। केदारपर मार पड़ते देखकर एकबार उस हृदयहीन सरदारका दिल भी दयार्द्र हो उठा और उस असहाय आदमीकी दशा देखकर उसे अपने कुकृत्यपर पश्चाताप हुए बिना न रहा। पर अब उसे बचानेका कोई उपाय न था—तीर कमानसे छूट चुका था।

जब केदार मार खाकर भी अपने प्रण पर अड़ा रहा तो साहब उसकी गर्दन पकड़कर धकियाते हुए बाबर्चीखाने में ले गया और बोला कि अगर आध घण्टेमें उसका नाश्ता तैयार न हुआ तो केदारकी जानकी खैर नहीं। केदारमें भी आत्मबलका संचार हो आया था, उसने दृढ़तासे जबाब दिया कि "साहब! चाहे आप मुझे धधकती हुई भट्टीमें झोंक देवें, चाहे मेरे बदनकी बोट-बोटी काट डालें, पर आप मुझसे गोमांस नहीं रींधवा सकेंगे।"

साहबने यह सोचकर कराहते हुए केदारको बाबर्चीखानेमें छोड़ दिया कि कुछ शांत होनेपर वह भयसे काम शुरू कर देगा! इस समय उसको और पीटना बेकार था, वह काफी मार खा चुका था। केदारनाथको शारीरिक पीड़ाकी अपेक्षा मानसिक वेदना अधिक कष्टकर प्रतीत हो रही थी। वे बाबर्चीखानेमें खड़े होकर कुछ देरतक शून्यमें निहारते रहे—शायद धर्मकी रक्षाके लिये ईश्वरको याद कर रहे थे और उपाय सोच रहे थे। इसी प्रकार आधा घण्टा बीत गया। बाहरसे साहबकी कर्कश आवाज आई—"सूअरका बच्चा! ब्रेकफास्ट लाटा है कि नहीं?"

"अभी लाया साहब!" केदारने अंदरसे ही जवाब दिया। उनकी आवाजमें क्रंदन था—विवशता थी। अचानक उनकी निगाह गोश्त काटनेकी लम्बी छुरीपर जा पड़ी। काँपते हुए हाथसे उन्होंने छुरीको उठा लिया। साहब अपने नाश्तेकी प्रतीक्षामें बाहर चहलकदमी कर रहा था। देर होते देख उसने गालियाँ बकते हुए बाबर्ची-खानेमें प्रवेश किया। साहबको देखकर केदारने उस छुरीको अजमाकर अपने दाहिने हाथकी कलाई पर ऐसा गहरा प्रहार किया कि हाथका एक टुकड़ा कटकर अलग जा गिरा और हँसते हुए बोला, "साहब! न रहे बाँस न बाजे बाँसुरी—न हाथ रहेगा और न आपके लिये मांस पकावेगा। यदि आप मेरे प्राणके भूखे हैं तो यह लीजिये"। ज्योंही केदारने उस छुरीको अपने पेटमें घुसेड़ना चाहा, त्योंही साहबने कूदकर उसका हाथ पकड़ लिया और छुरी छीन ली।

केदारको उसी हालतमें बाहर लाकर साहब सरदार पर बिगड़ा, टुम बरा बडमाश है। इस आडमीको टुम क्यों किचिनके कामके लिए चुना? टुम जानटा ठा कि यह आडमी कूकका काम नहीं करेगा। टुमने जान बूझका शैटानी किया है। मेरा पैसा बरबाड हो गया। माय गोड अभी तो इसका दो साल बाकी ठा। अब यह क्या काम करेगा—बैठकर खायगा। ले जाओ, इसको होस्पिटलमें डाखिल करो।"

केदारने किसी तरह गिरमिटके शेष दो साल भी बिता दिये और स्वतंत्र हो गये। फिर तो उनका सितारा चमक उठा। ब्राह्मण थेही, कुछ पढ़ना-लिखना और पूजा पाठ करना जानते ही थे, एक हाथ कट गया तो क्या हुआ मुँहमें तो कोई अंतर आया नही था। हाथकी मेहनतकी जगह उन्होंने अपनी वाणीके बलसे धन कमाना शुरू कर दिया। सैकड़ो चेले बनाये और कथा-वर्त्ताके प्रतापसे वे मालामाल हो गये। उनकी गिनती वहाँके रईसोंमें होने लगी। महाराज और महाराजिनके दिन सुखसे कटने लगे। आज भी जब कभी पं० केदारनाथ महाराज अपनी गिरमिटकी कहानी कहने लगते हैं तो श्रोताओंके नेत्रोंसे अविरल अश्रुधारा प्रवाहित होने लगती है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

महात्मा गांधीजी और प्रवासी भारतीय

लेखक: पं० बनारसी दास चतुर्वेदी

चूंकि महात्मा गांधीजीके जीवनके २१ वर्ष दक्षिण अफ्रिकामें बीते थे, वहांपर उन्होंने सत्याग्रह के उस अस्त्रका प्रयोग किया था, जिसने आगे चल कर हमारे देशको पराधीनताके जालसे छुड़ाया और स्वाधीनताके लक्ष्य तक पहुँचाया, उनका यह प्रवास काल भगवान रामचन्द्रके बारह वर्षके वन-वासका स्मरण करा देता है। दक्षिण अफ्रिकामें महात्माजीने प्रवासी भारतीयोंके लिये जो महान कार्य किया था वह स्वयं अत्यन्त महत्वपूर्ण होते हुए भी उनके भावी कार्यके लिये भूमिका मात्रही था; पर इस भूमिका अध्यायको समझे बिना भारतीय स्वाधीनताके वृहद ग्रन्थका अध्ययन दोषपूर्ण तथा अधूरा ही रहेगा।

पर महात्माजी अकेले दक्षिण अफ्रिका प्रवासी भारतीयोंके लियेही चिन्तित नहीं थे, उन्हें उन लाखों प्रवासी भारतीयोंकी भरपूर चिन्ता थी, जो संसारके भिन्न भिन्न भागोंमें बसे हुए हैं। इस समय तो उनकी संख्या चालीस लाखसे अधिक ही होगी।

दक्षिण अफ्रिका प्रवासी भाइयोंके लिये महात्माजीने जो कार्य किया है उसका ब्यौरा जनताके सम्मुख आ चुका है। "इंडियन ओपिनियन" के स्वर्णाङ्कमें उस संघर्षका सचित्र विवरण प्रकाशित हुआ था और तत्पश्चात् स्वामी भवानी दयालजी, दीनबन्धु ऐन्डरुज और खुद महात्मा गांधीजीने इस विषयपर बहुत कुछ लिखा था, जो पुस्तकोंके रुपमें छप भी चुका है। दुर्भाग्य की बात यही है कि वे ग्रन्थ अब प्रायः अप्राप्य ही हैं और सर्वसाधारण उनसे वंचितही हैं।

महात्माजीने अपने एक पत्र में, जो उन्होंने साधू ऐन्डरुजके नाम लिखा था, इस बात पर अपनी हार्दिक वेदना प्रकट की थी कि हमारे यहाँ ठोस Research अन्वेषण कार्य करने वालों की बड़ी कमी है। आज जबकि हमारा देश स्वाधीन हो चुका है, क्या कोई विश्व विद्यालय आचार्यकी उपाधिके लिये "महात्मा गांधी जी और प्रवासी भारतीय" इस विषयको नहीं रख सकता? और क्या दिल्लीमें अथवा अन्यत्र प्रवासी भारतीयों के विषयसे सम्बन्ध रखनेवाले ग्रन्थोंकी एक लाइब्रेरी स्थापित नहीं की जा सकती?

इन पंक्तियोंके क्षुद्र लेखकके तुच्छ जीवनके बीस वर्ष प्रवासी भारतीयोंकी सेवा करते हुए बीते थे. और स्वयं महात्माजीने उसे इसी कार्यके लिये साबरमती आश्रममें रखा था और कमसे कम पन्द्रह बीस हज़ार रुपये उन्होंने इसी काममें खर्च भी किये थे। महात्माजीकी यह अभिलाषा थी कि हमारे देशमें कुछ युवक प्रवासी भारतीयोंके प्रश्नों के विशेषज्ञ बने। देशमें वे स्वयं इस विषयके सबसे बड़े विशेषज्ञ थे और उन्हें इस बातसे बड़ा सन्तोष था कि दीनबन्धु ऐन्डरुजने उनके इस कार्यको भली भाँति सम्हाल लिया है। महात्माजी तथा दीनबन्धुकी प्रेरणासे और उनकी देखरेखमें कई वर्ष तक इस क्षेत्रमें यथा शक्ति सेवा करनेका सौभाग्य मुझे प्राप्त हुआ था, पर अन्तमें मैं निराश होकर इसे छोड़ बैठा।

एक वार जब स्वामी भवानी दयालजीने प्रवासी भारतीयोंके कार्यको तिलांजलि देकर देश के राजनैतिक क्षेत्रमें प्रवेश करनेकी बात बापूकी सेवामें निवेदन की और उनका आशर्वाद माँगा तो बापूने उन्हे यहा कहा :

"नहीं, तुम्हें ऐसा हर्गिज नहीं करना चाहिये। यहाँ राजनैतिक काम करनेवाले नेताओं

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

और कार्यकर्ताओंकी कोई कमी नहीं है, उनमें एक की और वृद्धि हो जानेसे स्थितिमें कोई अन्तर नहीं पड़ सकता। लेकिन प्रवासी भाइयोंके कल्याण के लिये काम करनेवाला कोई नहीं है। चार्ली ऐन्डरुज भी अब हमारे बीच नही रहे। तुमने तो अपना सारा जीवनही प्रवासी बन्धुओंकी सेवामें बिताया और इस कार्यके लिये अपने आपको विशेष रूपसे तैयार कर लिया है। अब तुम इस अच्छे कामको क्यों छोड़ देना चाहते हो ?"

स्वामीजीने बापूकी आज्ञा शिरोधार्य की और अपने जीवनका क्षण-क्षण वे प्रवासी भाइयोंकी सेवामें ही बिता रहे हैं, बल्कि यों कहना चाहिये कि पिछले छत्तीस वर्षसे इसी धुनमें मस्त हैं। दुःखकी बात बस यही है कि इस भूमिमें उन्हें ऐसे नवयुवक अभी तक नहीं मिल सके, जो उनके बोझको बँटा लेते। हमारी राष्ट्रिय महासभामें अथवा हमारी सरकारमें इतनी कल्पना-शक्ति भला कहाँ रखी है कि वे सवा-सवा सौकी पाँच-सात छात्रवृत्तियाँ देकर कुछ विद्यार्थी स्वामीजीके प्रवासी भवनमें तीन चार वर्षके लिये रख दें।

महात्माजीने फिजीसे लौटे हुए पं० तोताराम जी सनाढ्यको भी अपने आश्रममें इसी उद्देश्यसे आश्रय दिया था। गत वर्षके दिसम्बरमें पं० तोता-रामजी भी स्वर्गवासी हो गये।

बापूकी दृष्टि पूर्णतया व्यापक थी। जितना ध्यान उन्हें अफ्रिकाका था उतनाही मारीशसका अथवा मलायाका, फिजीका या ब्रिटिश गायना का। महात्माजीके वे दो पत्र, जो उन्होंने आज से ३८ वर्ष पूर्व फिजी प्रवासी भारतीयोंके नाम भेजे थे, मेरे पास अब भी सुरक्षित हैं। उनमें प्रथम पत्रकी नकल यहाँ दी जाती है।

जोहान्सबर्ग, श्रावण वदी ८ सं० १९६७.

रा० रा० मनसुख

आपका खत मिला है। वहाँके हींदी भाईओंका दुखकी कथा सुनके मैं दुखी होता हुं। यहांसे कोई बेरीस्टरको भेजनेका मोका नहीं है। भेजनेका जैसा कोई देखनेमें भी नहिं आता है।

जो ईजा परे उसका ब्यान मुजको भेजते रहना, मैं वह बात विलायत तक पहोंचा हुंगा।

स्टीमरकी तकलीफका ख्याल मुझे बराबर पहोंचता है। यह सब बातोंके लीये वहां कोई इंगरेजी पढा हुआ स्वदेशाभीमानी आदमी होना चाहीये। कोई मेरे ख्यालमें आवेगा तो मैं भेजुंगा।

आपका दूसरा खतकी राह देखुंगा।

मोहनदास करमचंद गान्धीका यथायोग्य पहोंचे।



प्रवासी-भवन आदर्शनगर अजमेर (Pravasi-Bhawan, Adarshnagar, AJMER.)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मुझे ज्ञात नहीं कि बापूका ३८ वर्ष पुराना हिन्दी पत्र अन्यत्र भी कहीं सुरक्षित है या नहीं।

द्वितीय पत्रमें महात्माजीने डाक्टर मणिलाल जी बैरिस्टरकी फिजी यात्राके विषयमें लिखा था। वह अषाढ़ शुक्ल १४ सम्बत् १९६८ का लिखा हुआ है।

वास्तवमें महात्माजी Greater India वृहत्तर भारतके निर्माता थे। जिस प्रकार भगवान गौतम बुद्धने प्राचीन कालमें सांस्कृतिक दृष्टिसे वृहत्तर भारतका निर्माण किया था उसी प्रकार वर्तमान कालमें महात्माजी तथा कवीन्द्र रवीन्द्रनाथ ठाकुरने आधुनिक युगमें वैसाही महत्वपूर्ण कार्य कर दिखाया है।

भावी बृहत्तर भारतका निर्माण।

महात्माजी जब दक्षिण अफ्रिकासे चले थे तो उन्होंने जोहान्सबर्ग में कहा था :

"मेरे जीवनके सर्वोतम वर्ष दक्षिण अफ्रिकामें व्यतीत हुए। हमारी मातृभूमिके नेता गोखलेने मुझसे कहा था, 'हिन्दुस्तान तुम्हारे लिये एक अजनवी देश बन गया है। तुम दक्षिण अफ्रिकाको तो जानते हो भारतको नहीं, मैं नहीं जानता कि क्या चीज़ मुझे हिन्दुस्तान जानेके लिये प्रेरित कर रही है।"

एक अन्य स्थलपर महात्माजीने कहा था कि मनुष्य सबसे अधिक पूर्णता भारतवर्षमें रह करही प्राप्त कर सकता है, इसलिये उनके मनमें यहां आकर निवास करनेकी उत्कंठा स्वाभाविक थी। यहां आकर उनके जीवनके २२, २३ वर्ष कितने संघर्षमें बीते, यह बतलानेकी आवश्यकता नहीं। पर इस बीचमें वे प्रवासी भारतीयोंको कभी नहीं भूले। जबसे उन्होंने कांग्रेसमें प्रवेश किया, प्रवासी भारतीय विषयक प्रस्ताव उन्हींके द्वारा अथवा उन्हींकी प्रेरणा से लिखा जाता था। देशमें वे इस विषयके सबसे बड़े जानकार थे और स्वभावतः इस बारेमें उनका फैसला अन्तिम माना जाता था। पर महात्माजी डिक्टेटर नहीं थे। दूसरों को प्रयोग करनेके पूरे-पूरे अवसर देते थे।

कांग्रेसमें "प्रवासी-विभाग"।

जब पत्रोंमें दो ढाई वर्ष आन्दोलन करनेके बाद कांग्रेसमें प्रवासी-विभाग स्थापित करनेका प्रस्ताव लानेकी बात मैंने महात्माजीकी सेवामें कानपुर कांग्रेसके अधिवेशनके समय निवेदन की तो उन्होंने कहा "मैं तो तुम्हारे इस प्रस्तावका विरोधी हूँ। ये लोग न तो खुदही कुछ काम करेंगे, न तुम्हेंही करने देंगे। मेरी सलाह तो यह है कि तुम इस प्रस्तावको न लाओ।" मैंने निवेदन किया "यदि आपने इस प्रस्तावका विरोध किया तो वह तो निश्चयपूर्वक फेल हो जायगा। मुझे एक भी वोट न मिलेगा। मेरी प्रार्थना है कि आप मुझे मौका दें और प्रस्ताव पास करा लेने दें। मुझे प्रयोग कर लेने दीजिए। आप कृपया विरोध न करें।"

महात्माजीने विरोध नहीं किया और मेरा प्रस्ताव पास हो गया। इसके बाद मुझे अनेक कटु अनुभव हुए और महात्माजीकी भविष्यवाणी ठीक ही निकली।

जब जब मैंने महात्माजीसे आग्रह किया कि प्रवासी भारतीयोंके कार्यके लिये एक संस्था कायम कर दीजिए, उन्होंने यही कहा :

"संस्थाओंमें मेरा विश्वास नहीं है। वे तो कार्यमें बाधक बनती हैं। खुद अपनेको ही संस्था बना लो। स्वयं केन्द्र बनकर दो तीन समानशील कार्यकर्ता अपने पास इकट्ठे कर लो। मेरे २५ वर्ष के अनुभवसे यह सबक सीख लो"।

यदि आज महात्माजी होते और उनसे प्रवासी भारतीयोंके कार्यके विषयमें पूंछा जाता तो निस्सन्देह वे यही बात दुहरा देते।

हमारा देश अब स्वाधीन हो गया है, पर इससे प्रावसी भारतीयोंकी समस्याएँ हल नहीं हो पाई। वे तो बहुत दिनों तक उलझीही रहेगीं और उन्हें सुलझानेमें काफी समय लगेगा। कोई भी यह गारंटी नहीं कर सकता कि उपयुक्त समस्याओंका हल बापूके सिद्धान्तानुसारही हमारी सरकार करेगी। सरकारें प्रायः अपनी पूर्व परम्परा तथा परिधिके भीतरही काम करती हैं; और कभी यह अवसर भी आ सकता है जब प्रवासी भारतीयोंकी इज्जतकी रक्षाके लिये किसी विदेशी सरकार से भारतको युद्ध घोषणा भी करनी पड़े।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दार्शनिक पृष्ठभूमि ।

इस लिये यह अत्यन्त आवश्यक है कि भविष्यका ख्याल करके और सभी संभावनाओंको दृष्टिमें रखते हुए प्रवासी भारतीयोंके प्रश्नोंपर गंभीरतापूर्वक विचार किया जाय । इस कार्यको न तो भारत सरकार के आई० सी० एस० सेक्रेटरी कर सकते हैं और न हमारे बहुधंधी नेता । वस्तुतः यह कार्य स्वतंत्र विचारकों और सांस्कृतिक कार्यकर्त्ताओंका है । मुख्य प्रश्न यह है कि भावी बृहत्तर भारत Greater India का निर्माण आध्यात्मिक दृष्टिसे होगा अथवा आर्थिक या राजनैतिक दृष्टिसे ? महात्माजीका दृष्टिकोण मूलतः धार्मिक था और साम्राज्यवादके वे घोर विरोधी थे । यदि दुर्भाग्य वश कभी देशके वर्तमान अथवा भावी नेताओंके हृदयमें राज्य विस्तार करने अथवा प्रभाव क्षेत्र बढ़ानेकी भावना उत्पन्न हुई तो निस्सन्देह यह उनकी स्वर्गीय आत्माके प्रति विश्वासघात होगा ।

हमें अपने लक्ष्यका चुनाव करना है और अभी करना है और तदनुसार चालीस लाख प्रवासी भारतीयोंके जीवनको ढालना है । यदि हम लोग एकबार यह निश्चित कर लें कि भावी विशाल भारत की नींव सांस्कृतिक आधार पर होगी तो फिर हमें उसी दिशामें प्रयत्नशील होना चाहिये । तब उन सभी उपनिवेशोंकी, जहाँ प्रवासी भारतीय विद्यमान हैं, हमें अपने शिक्षा, साहित्य और संस्कृति सम्बंधी मिशन और कमीशन भेजने चाहिये ।

अपनी महायात्राके चार-पांच दिन पहले महात्माजीने अपने प्रवचनमें दक्षिण अफ्रिका प्रवासी भारतीयोंकी चर्चा की थी । इससे प्रतीत होता है कि वे हमारे प्रवासी भाइयोंके लिये कितने चिन्तित रहते थे । इस समय कमसे कम दो काम तो करने ही चाहिये ।

(१) प्रवासी भारतीयोंके विषयमें महात्माजीने जहाँ जो कुछ भी लिखा हो उसे इकट्ठा करके हिंदी तथा अंग्रेजीमें छपा दें ।

(२) भावी बृहत्तर भारतके निर्माणके विषयमें देश-विदेशके विद्वानों, विचारकों तथा राजनीतिज्ञोंके विचार एकत्रित कर पुस्तकाकारमें प्रकाशित कर दें ।



सम्पादकीय विचार

ब्रिटिश साम्राज्यमें प्रवासी भारतीय ।

हमारे प्यारे हिंदुस्थानमें लगभग दो सौ वर्ष [illegible] अंग्रेजोंका अखंड राज्य बना रहा और अभी पिछले सा[illegible] की १५ वीं अगस्तको यह ब्रिटिश सरकारका अधिरा[illegible] (Dominion) बन पाया है । जबतक हमारी संविध[illegible] परिषद भारतकी राजनीतिक स्थितिकी इससे भिन्न [illegible] घोषणा नही करती है जबतक यह ब्रिटिश अधिराज्य[illegible] कहलायेगा—इङ्गलेण्डका राजाही भारतका भी राजा मा[illegible] जायगा और भारतके गवर्नर-जनरल आदिकी नियुक्ति[illegible] राजाकी स्वीकृति अनिवार्य होगी । इङ्गलेण्ड यूरोपमें [illegible] छोटासा द्वीप है, पर वहाँके निवासियोंने कल-छल क[illegible] संसारमें अपने साम्राज्यका इतना विस्तार कर लिया[illegible] जिसमें कभी सूर्यास्त होताही नही—ब्रिटिश साम्राज्[illegible] किसी न किसी देशमें सूर्य बनाही रहता है ।

अंग्रेजोंको अपने उपनिवेशोंको आवाद करनेके लि[illegible] सस्ते और मेहनती मजदूरोंकी जरुरत पड़ी और भार[illegible] दलित और पीड़ित मनुष्योंसे उनका अभीष्ट सिद्ध हो गय[illegible] इस लिये ब्रिटिश साम्राज्यमें ऐसा कोई भी देश नही [illegible] है जहाँ न्यूनाधिक संख्यामें प्रवासी भारतीयोंकी बस्ती [illegible] होवे । ऐसे तो संसारके सभी देशोंमें प्रवासी भारती[illegible] पहुँच गये हैं, पर ब्रिटिश उपनिवेशोंमें उनकी उपस्थि[illegible] भारतके लिये एक गंभीर और विकट समस्या बन गई [illegible] ब्रिटिश साम्राज्यके अंतर्गत सिलोन (लङ्का) में ७,५०,०[illegible] सिंगापुर सहित ब्रिटिश मलायामें ७,४८,८२९; मोरि[illegible] में २,६९,५४६; दक्षिण अफ्रिका (नेटाल, ट्रांसवाल [illegible] केप) में २,६६,०१६; ब्रिटिश वेस्ट इंडीज (ट्रिनीडाड [illegible] टबागो) में १,७०,३९६; ब्रिटिश गायना (डमरारा) [illegible] १,५७,१८५; फिजी द्वीपमें १,०५,५८१; केनियामें [illegible] ०००; टंगेनिकामें ३५,५९१; यूगाण्डामें २६,९[illegible] जंजीवार और पेम्बामें १४,०००; जमैकामें २६,५[illegible] अदनमें ५,५९४; ग्रनेडामें ५,०००; हाङ्काङ्गमें ४,७[illegible] आस्ट्रेलियामें ४,५४४; दक्षिणीय रोडेसियामें २,५[illegible]

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सेन्ट लूशियामें २,१८९; न्यासालेण्डमें १,८५१, कनाडामें १,५००; ब्रिटिश नोर्थ बोर्निओमें १,२९८; न्यूज़िलेण्डमें १,२००; मालदिवासमें ५५०, ब्रिटिश सोमालीलेण्डमें ५२०, सिचल्समें ५०३, ब्रिटिश हंडूरसमें ४९७, उत्तरीय रोडेसियामें ४२१, सैरा लोनमें ४४४, जिब्राल्टरमें ८०, माल्टामें ४१, नायजिरियामें ३२ भारतीय प्रवास करते हैं। द्वितीय विश्वयुद्धसे पहले बर्मामें १०,१७,८२६ और खास इङ्गलेण्डमें ७,१२८ प्रवासी भारतीय थे।

ब्रिटिश साम्राज्यके बाहर डच गायना (सुरीनाम) में ३७,९३३; डच इस्ट इंडीज (जावा, सुमात्रा और सेलबस) में १९,७०१; पोर्तुगीज पूर्व अफ्रिका (लोरेन्सो मार्क्विस, बैरा और मोजम्बिक) में ५,०००; फ्रेंच-हिंद चीनमें ६,०००; मेडागास्करमें ७,९४५; रियूनियनमें १,५३३; स्याम (थाइलेण्ड) में ५,०००; आबेसिनियामें २,०००; इटालियन सुमालीलेण्डमें ३२६ और बलजियम काङ्गोमें ३७२ भारतीयोंका प्रवास है। यूरोपके देशों, संयुक्त राज्य अमेरिका और एशियाके स्वतंत्र देशोंमें प्रवासी भाइयोंकी संख्या यथेष्ट है। यहाँ हमने खासकर अंग्रेज, फ्रेंच, डच, पोर्तुगीज आदि श्वेताङ्ग राष्ट्रोंके पराधीन उपनिवेशों और अधिराज्योंमें बसे हुए प्रवासी भारतीयों की संख्या दी है।

प्रवासी भारतीयोंकी धार्मिक अवस्था।

वास्तवमें प्रवासी भारतीयोंके लिये गिरमिटकी गुलामी गिरावटका गहरा गर्त्त सिद्ध हुई। उन दिनोंका सनातन धर्म भी समुद्रपार विदेश यात्राके मार्गमें विकट बाधक था। चौके-चूल्हेमें धर्मका और दाल-भातमें जातका बसेरा था। इस लिये डिपोंमें सबके साथ बैठकर भात खातेही और समुद्र-यात्राके लिये जहाजपर बैठतेही उनको यह पक्का विश्वास हो जाता था कि उनका धर्म भ्रष्ट हो गया, उनकी जात नष्ट हो गई। उपनिवेशोंमें पहुँचनेपर उनका यह विश्वास और भी दृढ़ हो जाता था। उनका यह विचार कि विदेशोंमें धर्मका पालन हो ही नही सकता, उनके पतनका मुख्य कारण बन गया। मटियाबुर्जके डिपोमेंही उन्होंने जनेऊ उतार कर गंगा-मैयाको सौंप दिया था और उपनिवेशोंमें खान-पानका कोई बंधन न होनेके कारण उनका रहा-सहा धर्मभाव भी विलुप्त हो गया। वे नाममात्रके हिंदू तो बने रहे, पर हिंदुत्वकी कोई विशेषता उनमें न रही। हिंदुओंके त्योहार, जो जातीय-जीवनके प्रतीक है, विस्मृति-वारिधिमें डूब गये और मुहर्रम उनका मुख्य त्योहार बन गया। इस अवसरपर लोग खूब शराब पीकर नाचते-गाते और खुशियाँ मनाते। हिंदुओंके घर ताजिये बनते, उनकी औरतें छाती पीट-पीटकर मर्सिया गातीं और ताजियेपर शीरीनी, सोने या चाँदीके पँजे तथा मलीदे चढाती थीं। तिसपर तुर्रा यह कि ताजियेके दायँ-बाएँ या आगे-पीछेकी बातको लेकर वे आपसमें लड़ भी पड़ते, लाठियाँ खट-खटातीं और कितनोंकी कुर्बानी हो जाया करती। स्वर्गीय जस्टिस महादेव गोविन्द रानाडेने अपनी पुस्तक Essays on Economics में ऐसीही एक घटनाका उल्लेख करते हुए लिखा है—"सन १८८४ में ट्रिनीडाडके प्रवासी भारतीयोंमें एक भारी झगड़ा हो गया। इस झगड़ेमें बारह हजार मजदूरोंने भाग लिया था। पुलिसको गोली चलाकर झगड़ा शांत करना पड़ा। बारह आदमी मारे गये और चार सौ घायल हुए। जाँचसे मालूम हुआ कि ट्रिनीडाडके प्रवासी भारतीयोंमें पाँचवे हिस्सेसे भी कम मुसलमान हैं—बाकी सब हिंदू हैं। हिंदुओंने ताजिये निकालनेकी बहुत बड़ी व्यवस्था की थी। कुछ मुसलमानों ने सरकारसे प्रार्थना की थी कि धार्मिक दृष्टिसे हिंदुओंको ताजिये बनाने और निकालनेका कोई अधिकार नही है, अतएव उनके इस अनुचित कार्यको रोका जावे। उधर हिंदू यह दावा कर रहे थे कि ताजिये निकालना उनका अपना धार्मिक त्योहार है। इसी बातपर यह भयंकर झगड़ा हो गया था।"

केवल ट्रिनीडाडही नही, बल्कि सभी उपनिवेशके प्रवासी हिंदू ताजियापरस्त बन गये थे। मृतक-दाहके लिये भी कोई सुविधा और व्यवस्था न थी। इस लिये मुर्देको जमीनमें गाड देनेका रिवाज चल पड़ा। आज भी डमरारा और ट्रिनीडाड आदिमें कोई मुर्देको फूँक नही सकता—दाहकर्म कानूनसे वर्जित है। गिरमिटके जमानेमें सौ मर्दोंके साथ तीस औरतें भर्ती की जाती थीं—स्त्रियोंकी कमीके कारण भी दुराचारकी वृद्धि हुई। इस प्रकार हिंदुओंके धार्मिक जीवनकी अवस्था उस जहाजकी भाँति थी जिसके पेंदमें अनेक छेद हो गये हों और धीरे धीरे पानी भर जानेपर डूब जानेकी आशंका हो।

इस परिस्थितिमें भी प्रवासी भाई हिंदू बने रहे—अनेक प्रलोभनोंके होते हुए भी उन्होंने विधर्मी बनना उचित न समझा, यही क्या कुछ कम आश्चर्यकी बात है?

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भारतसे गये हुए प्रवासी भाई तो किसी तरह अपने जीवन की किश्तीको ठेल-ठालकर लिये जा रहे थे, पर उनके बच्चोंमें, जिनको शिक्षा मिली, वह भावना नही रही। हिंदुओंकी सड़ी-गली रुढ़ियोंसे उनको घृणा और विरक्ति होने लगी और उनमें विद्रोहकी भावना जाग उठी। वे तो ऐसे धर्मकी खोज करने लगे जो तर्कसे सिद्ध, विज्ञानके अनुकूल और उनकी आत्माके लिये शांतिदायक हो। तर्कशील प्रवासी बच्चोंको हिंदू-धर्मके उस रूपसे, जिसमें एक ईश्वरके स्थानपर करोड़ों देवी-देवताओंके सिवा बराह भगवानके रूपमें सूअर, शीतलावाहनके रूपमें गधा, भैरव वाहनके रूपमें कुत्ता, नाग, पत्थर, गोबर, पीर, पिशाच आदिके पूजनको धर्म विहित समझा जाता हो, प्रवासी युवकोंको कैसे संतोष हो सकता था। परिणाम यह हुआ कि वे शनैः शनैः ईसाई होने लगे। जिन दिनों स्वामी विवेकानन्दजी अमेरिकामें हिंदू धर्मका प्रचार कर रहे थे, कुछ अमेरिकन वेदांत फिलासफी पर मुग्ध होकर उनके शिष्य बन रहे थे और भारतके अखबारोंमें उनकी भूरि भूरि प्रशंसा हो रही थी, ठीक उन्हीं दिनों उसी अमेरिका के दक्षिणीय उपनिवेशों—डमरारा, ट्रिनीडाड, जमैका, सेण्ट लूशिया, ग्रनेडा आदि—में सैकड़ों शिक्षित भारतीय नित्य ईसाई हो रहे थे, पर उनकी ओर न स्वामी विवेकानन्दकी दृष्टि गई और न भारतके धर्म-धुरीणोंकीही। फलतः दक्षिणीय अमेरिकाके उपनिवेशोंके पढ़े-लिखे प्रायः सारे नवयुवक ईसाई हो गये।

इधर दक्षिणीय और पूर्वीय अफ्रिका, मोरिशस और फिजी आदि उपनिवेशोंमें समयपर भाई परमानन्द, स्वामी शंकरानन्द, स्वामी स्वतंत्रानन्द, डाक्टर चिरंजीव भारद्वाज, आचार्य रामदेव, पं० चमूपति, महता जैमिनी, स्वामी मंगलानन्द पुरी, पं० ईश्वरदत्त विद्यालंकार, पं० ऋषिराम, स्वामी राम मनोहरानन्द, पं० बुद्धदेव आदि आर्य प्रचारकोंने पहुँचकर प्रवासी हिंदुओंको बचा लिया। उन्होंने प्रवासी भारतीयोंको बतलाया कि वैदिक धर्महीं विश्वके सभी धर्मोंका आदि-स्रोत है और आर्य संस्कृतिही सारी सभ्यताओंकी जननी है। मोरिशसमें तो डा० मणीलालजीने सबसे पहले आर्यसमाजकी स्थापना की जो स्वयं सनातन धर्मी थे, पर उन्होंने अनुभवसे जान लिया कि आर्य समाज द्वाराही प्रवासी भारतीयोंका पुनरुद्धार हो सकता है। इधर कुछ वर्षोंसे दक्षिणीय अमेरिकाके उपनिवेशों—ट्रिनीडाड, डमरारा, और सुरीनाममें भी आर्य समाजका प्रचार हो रहा है, पं० अयोध्या प्रसाद, पं० सत्याचरण शास्त्री, पं० भास्करानन्द, पं० नारायणदत्त और पं० ऋषिराम वहाँ पहुँचकर वैदिक धर्म और आर्य संस्कृतिका संदेश सुना चुके हैं और इससे बचे-खुचे हिंदुओं के धर्मकी रक्षा हो गई है। स्वर्गीय साधू एण्डरुजने आर्य समाजके कार्यके सम्बंधमें लिखा था—"पृथ्वीके हर हिस्से में मुझे ऐसे आदमी मिले, जिन्होंने ऋषि दयानंदके जीवन से ईश्वरीय प्रेरणा ग्रहण की है। मैंने उन प्रवासी भाइयों की स्थिति अपनी आँखोंसे देखी है और अबमें लिख रहा हूँ। मैं साक्षी देना चाहता हूँ कि उनका धर्म उनके लिये एक जीता-जागता ईश्वरीय ज्ञान रहा है। अपने देशसे हजारों मील दूर रहकर अनेक प्रलोभनोंके होते हुए भी उन्होंने अपने धर्मकी रक्षा की है, यह मुझे एक अनूठी बात जँची।"

इस समय नेटाल, लोरेन्सो मार्क्विस, टंगेनिका, जंजीवार, यूगाण्डा, केनिया, मोरिशस और फिजीके सभी बड़े बड़े शहरों और कस्बोंमें आर्यमंदिर, आर्य अनाथालय और आर्य पाठशालाएँ दृष्टिगोचर होती हैं जिनपर ओ३म् के झंडे शानसे फहरा रहे हैं। ब्रिटिश गायना, ब्रिटिश वेस्ट इंडीज और डच गायनामें भी आर्यसमाजकी स्थिति दिन पर दिन दृढ़ होती जा रही है। हमारे हृदयमें प्रवासी ईसाई और मुसलमान भाइयोंके लिये कोई दुर्भाव नहीं है, ईसाइयोंके सेवा भाव और मुसलमानोंके भाई-चारेको हम मानव-समाजके विकासके लिये श्रेष्ट साधन समझते हैं, पर उनमें यह दुर्गुण पाया जाता है कि वे अपने देश की संस्कृति, भाषा, पोशाक, रहन-सहन आदिको त्यागकर विदेशका सब कुछ अपना लेते हैं। जो विचार-धारा किसी भारतीयको भारतसे विरक्त कर जरुसलीम या अरबकी भक्ति सिखाती है उसको हम भगवानका अभिशाप सिवा और क्या समझें। आर्यसमाजकी बदौलत प्रवासी भाइयोंकी भारतीयता बनी रहेगी, यह हमारी धारणा है।

प्रवासियोंकी शिक्षाकी स्थिति।

प्रवासी भारतीयोंमें शिक्षा-विस्तारका कार्य सर्वाधिक महत्व पूर्ण है और इसीपर उनका भविष्य निर्भर है। आजसे २३ साल पूर्व कानपुर-काँग्रेसकी विषय निर्धारिणी-समितिमें पं० बनारसीदास चतुर्वेदीने

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आशयका एक प्रस्ताव उपस्थित किया था कि काँग्रेसकी ओरसे एक कमीशनको भिन्न भिन्न उपनिवेशोंमें पहुँचकर प्रवासी भारतीयोंकी शिक्षा सम्बंधी स्थिति की जाँच करनी चाहिये और कमीशनकी सदस्यताके लिये उन्होंने स्वर्गीय साधु एण्डरुजके साथ मेरा नाम भी सुझाया था। इस प्रस्तावको मुद्रित करके सदस्योंमें वितरण भी किया गया था, पर हमारे नेताओंने यह झंझट मोल लेना ठीक न समझा और इस प्रस्तावको, शायद प्रस्तावकको कुछ समझा बुझा कर, दबा दिया गया। यदि उस समय कमीशन चुना गया होता तो प्रवासी भारतीयोंकी शिक्षा सम्बंधी स्थितिके सारे तथ्य और अंक प्रकाशमें आ जाते और भविष्यके लिये कुछ उचित उपाय भी सोचे जा सकते। प्रवासियोंके दुर्भाग्यसे यह मामला खटाईमें पड़ गया।

मोरिशसमेंही सबसे पहले सन १८३८ में भारतीय मजदूर गिरमिट लिखाकर गये। उनके लिये शिक्षाकी कोई उचित व्यवस्था न थी। भारतीय ऐसे अधम समझे जाते थे कि वहाँके रायल कॉलिजमें उनका प्रवेश वर्जित था। इसका तीव्र प्रतिवाद किये जानेपर सन १८५२ के बाद यह प्रतिबंध हटा लिया गया। सन १८८१ में ४० हजार बच्चोंके पढ़नेकी आयु बीत रही थी, पर उनमें केवल एक हजारको स्कूलोंमें जगह मिल सकी थी। सन १९०९ में जो रोयल कमीशन बैठा था उसकी रिपोर्टसे साफ प्रकट होता है कि सन १९०८ में मोरिशसमें विद्यार्थियोंकी संख्या १८,५८५ थी, यद्यपि वहाँकी आबादीमें तीन-चौथाई भारतीय हैं पर स्कूलोंमें उनके बच्चोंकी संख्या एक-तिहाईसे भी कम थी अर्थात साढे अठारह हजारमें लगभग छः हजार भारतीय विद्यार्थी थे। सन १९२१ में ५ से १५ सालकी आयुके लगभग २० हजार भारतीय लड़कोंमें केवल ३ हजार किसी तरह स्कूलमें पहुँच पाये थे। पढ़ने की आयु वाली १५ हजार कन्याओंमें ५०० से अधिक स्कूलोंमें नहीं थीं। इस शतीके प्रथम चरणके अंतमें मोरिशसमें कुल १६२ प्रारंभिक पाठशालाएँ थीं जिनमें २५ हजार बच्चे पढ़ते थे। शिक्षाके मदमें १० लाख रुपया सालाना खर्च होता था, पर हिंदुस्थानी बालकोंको इससे कोई विशेष लाभ नही होने पाता था। श्वेताङ्ग और उनके वर्णसंकरही पढने लिखनेके अधिकारी समझे जाते थे— उनकी दृष्टिमें भारतीय तो मानो गुलामी करनेके लियेही संसारमें सिरजे गये हैं। कालेजोंमें प्रविष्ट होनेके लिये भारतीय विद्यार्थियोंको अपना नाम और धर्म तक बदलने पर मजबूर होना पड़ा है। सन १९२१ में वहाँके कालेज में ३४० विद्यार्थी थे जिनमें केवल ११० भारतीय थे। केवल फ्रेंच और अंग्रेजीही स्कूलोंमें पढ़ाई जाती है। आर्य समाज, हिंदी प्रचारिणी सभा और नवीन हिंदू आंदोलन द्वारा अब हिंदी प्रचारका थोड़ा-बहुत काम हो रहा है।

ब्रिटिश गायना (डमरारा) में कुल आबादीके लिहाजसे ४५ प्रतिशत भारतीय हैं पर शिक्षामें वे सब वर्गोंसे पिछड़े हुए हैं। सन १९२६ में जहाँ गैर-भारतीयों के २९,८१० बच्चे स्कूलोंमें पढ़-लिख रहे थे वहाँ भारतीयों के ८७६५ लड़के और ३,२६२ लड़कियाँ, कुल १२,०२७ बच्चे स्कूलोंमें स्थान प्राप्त कर पाये थे। उस समय ३७ पुरुष और ६ स्त्रियाँ कुल ४३ भारतीय अध्यापक थे और इनके मुकाबलेमें गैर-भारतीय अध्यापकोंकी संख्या ११७६ थी। वहाँकी कुछ प्रारंभिक पाठशालाओंको हिंदी पढ़ानेके लिये सरकारी सहायता देनेकी घोषणा की गई थी पर उसके अनुसार कहाँतक काम हो सका, इसका कुछ भी पता नही। वहाँकी ऐसी ६६ पाठशालाओंमें हिंदी पढ़ानेके लिये अध्यापक कहाँसे मिले होंगे और पढ़ाई किस प्रकारकी होती होगी, यह बात अभीतक परदेमेंही छिपी हुई है। ब्रिटिश वेस्ट इंडीज (ट्रिनीडाड) की अवस्था भी अच्छी नही है। सन १९२३ में वहाँके सरकारी स्कूलोंमें ११२८ बालक और ३६३ बालिकाएँ, कुल १४९३ तथा इमदादी स्कूलोंमें ९,०४१ लड़के और ३,३२९ लड़कियाँ, कुल ११३७८ भारतीय विद्यार्थी थे। इस प्रकार उपनिवेश भर में कुल १३,८३१ बच्चे विद्याध्ययन कर रहे थे और शेष अविद्याकी अँधेरीमें भटक रहे थे। इमदादी पाठशालाएँ ईसाई मिश्नरियों द्वारा संचालित होती है जिनका एकमात्र उद्देश्य है विद्यार्थियोंको ईसाई बनाना; भारतीय संस्कृति से उनका कोई नेहनाता नही है।

जमैकाका तो बातही मत पूछिये। वहाँके भारतीय जानतेही नही कि विद्या किस बलाका नाम है। जमैकाकी राजधानी किङ्गस्टनमें चिराग लेकर ढूढ़नेपर एक दर्जन भी शिक्षित भारतीय न मिलेंगे। भारतीयोंके लिये जो इनी गिनी नाम मात्रकी पाठशालाएँ हैं भी उनमें अध्यापक सबके सब निग्रो हैं। भारत और भारतीयतासे उनका सम्बंध बिल्कुल टूट गया है। जो दो चार पढ़े-लिखे भारतीय मिलते भी हैं उनको भारतीय कहलानेमें भी लज्जा

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

और संकोच होता है। विद्या-विहीन होनेके कारण उन्होंने यह दावाही छोड़ दिया है कि उनका भी कोई देश और राष्ट्र है। डच गायना (सुरीनाम) के भारतीयोंकी दशा भी दयाजनक है। पढ़ाईका कोई उत्तम प्रबंध नहीं है। कुछ पाठशालाओंमें भारतीयोंको उनकी भाषामें शिक्षा दी जाती थी पर इस प्रथाको बंद करनेकी चर्चा चल रही थी। डच वहाँकी राज भाषा है।

फिजीमें भारतीयोंके पहुँचनेपर करीब ३६ सालतक वहाँकी सरकारने भारतीयोंकी शिक्षाकी ओर कोई ध्यान नहीं दिया था। जब ईसाई मिश्नरियोंने धर्म प्रचारके विचारसे पाठशालाएँ खोलीं और प्रवासी भारतीयोंने भी अपने पैरोंपर खड़ा होनेका निश्चय कर लिया तब कहीं सरकारकी आँखें खुलीं। सन १९१६ में सरकारने शिक्षा बॉर्ड (Board of Education) की स्थापना की। सन १९१७ में संख्याके विचारसे डेढ़ प्रतिशत भारतीय स्कूलोंमें पहुँच पाये थे, इसीसे अनुमान किया जा सकता है कि अभी हालतक उनकी हालत कितनी खराब थी। सन १९२६ में भारतीयोंके लिये सिर्फ १ सरकारी, ९ इमदादी, ६ वर्नाकूलर इमदादी और २० खानगी पाठशालाएँ थीं। अध्यापकोंमें ३५ यूरोपियन, ७५ फिजियन और ५० भारतीय थे। लगभग २००० भारतीय बच्चे पढ रहे थे, शेषके लिये कोई प्रबंध न था। सन १९२६ में शिक्षा कमीशन भी बैठा था पर उसकी सिफारिशके अनुसार कोई काम न हुआ। आर्यसमाजने शिक्षाके क्षेत्रमें जो कार्य किया है उसकी सभी मुक्त कंठसे प्रशंसा करते हैं। फिजीके अनेक विद्यार्थी भारतमें भी विद्याध्ययन करके वापस गये हैं।

नेटालमें भी पहले भारतीयोंकी शिक्षाकी सर्वथा उपेक्षाही की जाती थी पर इधर २० सालमें उसकी संतोषजनक प्रगति हुई है। केपटौन-संधिसे पहले सन १९२६ में नेटालमें स्कूल जाने योग्य ३६ हजार बालकोंमें केवल ९,४७५ विद्याभ्यास करते थे, पर इस समय उनकी संख्या ३४,००० तक पहुँच गई है, यद्यपि आज भी २५,००० बच्चोंके लिये स्कूलोंमें जगह नहीं है और वे अविद्याके पलने में पल रहे हैं। उस समय जहाँ कुल ९ सरकारी और ४४ इमदादी पाठशालाएँ थीं जिनमें ३१ का संचालन मिश्नरियों द्वारा होता था वहाँ अब २१ सरकारी और ११६ इमदादी पाठशालाएँ हैं। सन १९२६ तक भारतीय शिक्षाके मदमें जहाँ केवल २८,४२९ पौंड सालाना खर्च होता था वहाँ अब एक लाख पौंडसे कुछ अधिक वार्षिक व्यय होने लगा है। इधर जो कुछ प्रगति हुई है वह भारतीयोंके स्वावलम्बनका फल है। उन्होंने चंदा करके जमीन खरीदी, उसमें मकान बनवाया, दो तीन साल उसमें अपने खर्चसे स्कूल चलाया और फिर सरकारको सहायता देनेके लिये बाध्य किया। शास्त्री-कालेजकी इमारतमें भारतीयोंने अपनी गाँठसे २० हजार पौंड लगाया था। स्वर्गीय काका रुस्तमजी पारसीने भारतीय शिक्षाके लिये एक ट्रस्ट बनाकर ४५,००० पौंड उसके सुपुर्द कर दिया था, इन रकमसे सालाना २००० पौंडकी आमदनी होती है जो केवल शिक्षाके ही कार्यमें खर्च की जाती है।

ये हैं मुख्य मुख्य उपनिवेश, जहाँ प्रवासी भारतीयोंकी संख्या यथेष्ट है। करीब एक सदी गुजर गई पर उनकी शिक्षामें संतोषजनक प्रगति न होने पाई। मातृभूमि अपनी प्रवासी संतानको बिसार नहीं सकती। इस बातका पूर्ण उद्योग होना चाहिये कि वे अपनी मातृभाषा न भूलने पावें। भाषाही कौमियतकी निशानी है। भाषाके मिट जानेपर कौमियत नहीं बच सकती। यहाँसे कुछ ऐसे शिक्षकोंको बाहर जाना चाहिये जो प्रवासी भाइयोंको अपनी मातृ भाषाकी शिक्षा प्राप्त करानेमें सहायक हों।

भारतके अनेक विद्यालयोंको प्रवासी भारतीयोंसे लाखों रुपये दान-स्वरुप मिले हैं और मिलते रहते हैं; पर इस सहायताके बदलेमें प्रवासी विद्यार्थियोंके लिये इन संस्थाओंमें कोई विशेष व्यवस्था नहीं है। दयानंद-शताब्दी के समय एक प्रस्ताव पास हुआ था कि प्रत्येक आर्यसमाजिक संस्था एक या दो प्रवासी विद्यार्थीको निःशुल्क पढ़ाने का प्रबंध करें, पर वह प्रस्ताव कागजकी शोभा बढ़ाता रहा—उसे कार्यरुपमें परिणत करनेका कोई प्रयत्न न हुआ। सबसे अच्छी बात तो यह होगी कि यहाँके संस्थावाले प्रवासियोंका पिण्ड छोड़ दें ताकि वे अपनी आवश्यकताओंकी पूर्ति कर सकें।

प्रवासियोंकी आर्थिक अवस्था।

प्रवासी भारतीयोंको हम तीन भागोंमें बाँट सकते हैं—व्यापारी, किसान और मजदूर। इनके सिवा इने गिने वकील, बैरिस्टर डाक्टर आदि स्वतंत्र पेशेवाले और थोड़े

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सरकारी नौकर भी हैं। पर उपरोक्त तीन श्रेणीमेंही ९५ प्रतिशत भारतीय पाये जाते हैं। व्यापारियोंकी आर्थिक अवस्था सामान्यतया सर्वत्र है अच्छी है। ससारके सभी देशों और उपनिवेशोंमें भारतीय व्यापारी फैले हुए हैं। उनमें कई तो ऐसे प्रवीण हैं कि दुनियाके किसी भी देशके व्यापारियोंके मुकाबलेमें ठहर सकते हैं। उन्होंने छोटी-बड़ी दूकाने खोल रखी है, बाहरसे माल मँगाकर बेचते हैं। वे स्वयं माल तैयार करनेकी क्षमता नही रखते, यह खेदकी बात है। इसके लिये तो काफी पूँजी चाहिये, उनके पास उतनी पूँजी कहाँ ? यहाँसे या तो कुछ टुटपुँजिये व्यापारी अपने भाग्यकी परीक्षा करनेके लिये विदेशोंमें गये अथवा वहाँ गिरमिट लिखाकर गये हुए भाइयोंमेंसे कुछ लोगोंने गुलामीकी अवधि पूरी करके दुकानदारी शुरु कर दी और धीरे धीरे अपनी साख जमा ली। टाटा, बिड़ला, डालमिया, सिंहानिया आदि बड़े बड़े पूँजीपतियोंके लिये तो भारतमें ही काफी क्षेत्र पड़ा है, वे अपनी पूँजी विदेशोंमें क्यों लगाते ? फलतः नेटाल, मोरिशस, फिजी, ट्रिनीडाड डमरारा आदिमें सैकड़ों शक्करके कारखाने हैं पर उनमें मुश्किलसे एक-दो भारतीयोंके होंगे—बाकी सब श्वेताङ्गों की सम्पति हैं।

किसानोंमें कुछ तो बड़े पैमाने पर खेती करते हैं पर अधिकांश किसान छोटे छोटे खेतोंपर अपने परिवारके साथ गुजर-बसर करते हैं। मोरिशसमें करीब ४० प्रतिशत गन्नेकी खेती भारतीय किसानोंके कब्जेमें है। ट्रिनिडाडमें एक लाख एकड़ जमीनके मालिक भारतीय हैं और नेटाल में प्रति १२५ एकड़में एक एकड़ जमीन भारतीयोंके हिस्से में पड़ती है। बड़े बड़े किसानोंकी आर्थिक अवस्था बहुतही अच्छी है। छोटे छोटे खेतोंपर मशक्कत करनेवालोंमें कुछ तो निर्वाह कर लेते हैं पर अधिकांश कर्जमें दबे और महाजनों के मुहताज बने रहते हैं।

मजदूरोंकी भी दो श्रेणी हैं—एक तो शिल्पी (Skilled) और दूसरी अशिल्पी (Unskilled) प्रथम श्रेणीके मजदूरोंकी आर्थिक अवस्था सर्वत्र अच्छी है पर दूसरी श्रेणी वालोंमें कहीं तो हालत कुछ अच्छी है और कहीं बिलकुलही खराब। अशिल्पी मजदूरोंमें जो मेहनती है उनको कमाकर निर्वाह कर लेनेमें विशेष कठिनाई नही होती है। पर शिल्पी मजदूरोंको जहाँ वेतन अच्छा मिलता है वहाँ कई उपनिवेशोंमें उनपर बड़ी आफत भी है। मस्लन दक्षिण अफ्रिकामें गोरोंने अपने मजदूर संघ (Trade Unions) बना लिये हैं जिनमें भारतीयोंया प्रवेश वर्जित है। सरकार ने भी शिल्पियोंके वेतनका दर निश्चित कर कानून (Minimum Wages Act) बना दिया है जिससे कम वेतन देने और लेनेवाले दंडित होते हैं। इससे भारतीय शिल्पियोंकी दशा बड़ी बुरी हो गई है। इस श्रेणी के गोरे मजदूर भारतीयोंके साथ काम करना भी नही चाहते—उनको इस क्षेत्रसे मार भगानेके लिये सभी उपाय काममें लाते हैं। पहले भारतीय मजदूर गोरोंसे कुछ कम वेतन लेकर अपना काम चला लेते थे पर कानून बन जाने से गोरे मालिक अपने गोरे भाइयोंके मुकाबलेमें भारतीय कारीगरोंको क्यों तरजीह देने लगे ? फलतः उनको कामही नही मिलता, फिर वेतनका दर अधिक होनेसे फायदा भी क्या ?

विश्वयुद्धके बाद भारतीय मजदूरोंकी दशा अत्यन्त त्रासदायक हो गई है। सभी जरुरी चीजोंके दाम कईगुणा अधिक बढ़ गये, पर उसके अनुसार मजदूरोंका वेतन नही बढ़ा। इससे भूखों मरनेकी नौबत पहुँच गई है। ब्रिटिश गायनामें हालकी हड़ताल भारतीय मजदूरोंकी दुर्गतिकी गवाही है—कई मजदूर पुलिसकी गोलियोंसे मारे गये और बहुतसे घायल होकर अस्पतालमें पड़े हैं। नेटालमें बेकारों की संख्या १० हजारसे ऊपर हो चली है। सत्याग्रहसे चिढ़कर वहाँके श्वेताङ्गोंने भारतीय मजदूरोंको निकाल देना ही उचित समझ लिया है। भारतीय काँग्रेसके नेताओंकी गुस्ताखीका बदला बेचारे मजदूरोंसे चुकाया जा रहा है।

यह बात निश्चयपूर्वक कही जा सकती है कि भारत की अपेक्षा मध्यम और मजदूर वर्गके प्रवासी भारतीयोंकी आर्थिक अवस्था बहुत अच्छी है।

प्रवासियोंकी सामाजिक अवस्था।

प्रवासी भाइयोंका एक नया समाज बन गया है, जिसमें हिंदू मुसलमान और ईसाईका कोई विशेष भेदभाव नही है। सब सम्प्रदायके भारतीय एक मेजपर बैठकर खाते हैं और एक दूसरेकी शादी और गर्मीमें शरीक होते हैं। हिंदुओंमें परस्पर ऊँच-नीच और छुआछूतका बखेड़ा मिटही चुका है। गिरमिटकी प्रथामें जहाँ अनेक बुराइयाँ थीं वहाँ

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उसमेंसे यह भलाई भी निकल आई कि प्रवासी भारतीयों का जात-पाँतके प्रपंचसे पिण्ड छुट गया, छुआछूतके भूतसे त्राण हो गया। गिरमिटके प्रथम युगमेंही प्रायः ब्राह्मणकी गृहिणी बन बैठी चमारिन और चमारकी गृहिणी ब्राह्मणी। फिजीमें प्रवासी समाज इतना आगे बढ़ गया था कि कहीं कहीं हिंदू, मुसलमान और ईसाइयों तकमें बेटी-रोटीका व्यवहार हो जाता था। पर साधारणतः प्रवासियोंमें विवाह अपने सम्प्रदाय तकहीं सीमित हैं। जिस जात बंधनको तोड़नेमें भारतको अभी न जाने कितना समय लगेगा उसे प्रवासी समाजने चकना-चूर कर डाला है और मातृभूमिके लिये एक आदर्श उपस्थित कर दिया है। कभी कभी कुछ लोगोंके सिरपर ब्राह्मण मंडल या क्षत्रिय सभाकी सनक सवार हो जाती है, पर ऐसी संकुचित संस्थाएँ उपनिवेशोंके वातावरणमें स्थायी नही होने पाती हैं, पानीके बुदबुदेकी भाँति तत्क्षण विलुप्त हो जाती हैं। प्रवासी भाइयोंको भारतके दुर्गुणोंका अनुकरण न करना चाहिये। जो जात-पाँत आज भारतके राष्ट्र निर्माणमें सबसे बड़ा बाधक बना हुआ है, जो उनकी यश-चंद्रिकामें कलंक राहू सिद्ध हो रहा है उससे एकबार छुटकारा पाकर फिर उसे अपनानेकी चेष्टा करना प्रवासी भारतीयोंकी हितदृष्टिसे भयंकर भूलही नही, अक्षम्य अपराध भी है।

प्रवासी भारतीयोंका समाज बड़ा उदार है, वह तो देशवासियोंके लिये एक आदर्श है। उस समाजमें न छुआ-छूतका भूत है और न जात-पाँतका पचड़ा; न बालविवाह विहित है और न विधवा विवाह बर्जित; न बहुविवाहका विधान है और न वृद्धविवाहकी बिमारी; न परदेकी प्रथा है और न सड़ी गली पुरानी रुढ़ियोंका प्रचलन।

यहाँ यह कह देना आवश्यक है कि हिंदी भाषियों और मद्रासियोंसे गुजरातियोंकी सामाजिक स्थिति भिन्न है। गुजरातियोंका समाज अलगही है और भारतसे उनका सम्बंध बना हुआ है। गुजराती और काठियावाड़ी बहुत बड़ी संख्यामें उपनिवेशोंमें पाये जाते हैं। जहाँ हिंदी भाषी और मद्रासी गिरमिटकी प्रथामें बाहर गये वहाँ गुजराती और काठियावाड़ी स्वतंत्र रुपसे व्यापार करनेके लिये। अधिकांश हिंदी और मद्रासी तो यह भी नही जानते कि उनके बाप-दादे भारतके किस जिले और किस गाँवसे उपनिवेशोंमें गये थे, पर गुजराती तो हर तीसरे-चौथे वर्ष मातृभूमिमें आ जाना अपना अनिवार्य कर्तव्य समझते हैं। गुजराती भाई अपने बच्चोंका विवाह प्रायः स्वदेशमें आकर करते हैं—उनका घर और परिवार भारतमें ही करार है।

प्रवासी सामाज भारतकी सामाजिक बुराइयोंसे मुक्त होकर एक आदर्श समाज बन गया है और उसमें मातृभूमिको अभिमान होना चाहिये। हाँ, इस बातका भय अवश्य है कि कहीं वह पश्चिमीय सभ्यताके चंगुल में फँसकर भारतीयतासे हाथ न धो बैठे, इस बलासे उसकी रक्षा करना हमारे देशके सांस्कृतिक नेताओंका कर्तव्य है।

प्रवासियोंकी राजनीतिक अवस्था।

विभिन्न उपनिवेशोंके प्रवासी भारतीयोंकी राजनीतिक अवस्था भिन्न-भिन्न है। मोरिशस, ट्रिनीडाड और डमरारामें यद्यपि सिद्धांतके रुपमें प्रवासी भारतीयोंको समानाधिकार प्राप्त है तथापि वास्तविक स्थिति तो कुछ औरही है। मोरिशसकी अवस्थाका पता इसीसे लग सकता है कि पिछले ११० वर्षोंमें केवल तीन चार भारतीय मोरिशसकी धारा सभामें पहुँच पाये थे और वह भी सरकार और श्वेताङ्गोंके कृपापात्र होनेके कारणसे। वर्षोंके लगातार आंदोलनके बाद अब वहाँके लोगोंको नया शासन विधान मिला है और उसके अनुसार अभी अगस्तके आरंभमें जो चुनाव हुआ है उसमें वोटरों द्वारा धारा सभाके लिये ९ भारतीय सदस्य चुने गये हैं। आशा है कि अब वहाँकी राजनीतिक स्थितिमें आमूल परिवर्तन हो सकेगा और प्रवासी भारतीयोंको अपना नैसर्गिक आधिकार भोगनेका अवसर मिलेगा।

डमरारा (ब्रिटिश गायना) की हालत यह है कि डेढ लाखकी आवादीमें सन १९२६ में केवल १६९५ भारतीय वोटर थे और इसी साल पहले पहल एक भारतीय बैरिस्टर लक्खू, के० सी०, वहाँके 'कम्बाइन्ड कोर्ट' (Combined Court) के मेम्बर चुने गये और इसके बाद पुनर्निर्वाचन द्वारा एक दूसरा भारतीय 'कोर्ट ऑफ पॉलसी' (Court of Policy) का सदस्य बना। इस प्रकार ८८ वर्षके बाद वहाँकी धारा सभामें दो भारतीय प्रवेश कर पाये। ट्रिनीडाड (ब्रिटिश वेस्ट इंडीज) की अवस्था भी डमरारासे अच्छी नही है। वहाँकी धारा सभामें भी रेवरेण्ड सी० डी लाला, श्री शरण तिलक सिंह आदि

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दो चार भारतीय बड़ी कठिनाइयोंसे पहुँच पाये हैं। डमरारा और ट्रिनीडाडमें इस्ट इंडियन एसोसियेशन हैं और इस्ट इंडियन नेशनल काँग्रेस भी। शायद राजनीतिक दलबंदीका यह परिणाम है। मोरिशसमें तो कोई ऐसी राजनीतिक सभा भी नहीं है जो वहाँके लोकमतका प्रतिनिधित्व करनेका दावा कर सके।

केनिया और फिजीमें प्रवासी भारतीयोंको जातगत मताधिकार पर संतोष करना पड़ा है। इस प्रथाके विरुद्ध प्रवासी भारतीयोंने बहुत कुछ आंदोलन किया, पर ब्रिटिश सरकार अपने निश्चयपर दृढ़ रही, अतएव विवश होकर उनको जातगत मताधिकार और निर्वाचन स्वीकार करना पड़ा। इस प्रकार केनियाकी धारा सभामें चार-पाँच भारतीयोंको स्थान मिला और फिजीकी धारा सभामें भी तीन-चार भारतीय सदस्य पहुँच पाये हैं। इस्ट अफ्रिकन इंडियन नेशनल काँग्रेस केनिया, यूगाण्डा, जंजीबार और टंगेनिकाके प्रवासी भारतीयोंका प्रतिनिधित्व करती है। पर फिजीमें अभीतक भारतीयोंकी कोई राजनीतिक सभा ऐसी नहीं है जो समग्र प्रवासी भारतीयोंकी आवाज मानी जा सके।

मोरिशस, ट्रिनीडाड, डमरारा, फिजी और केनिया ब्रिटिश सरकारके निजी उपनिवेश (Crown Colonies) हैं और इनका शासन लंडनके कलोनियल ऑफिस द्वारा होता है। इसी साल भारत सरकारने मोरिशसमें श्री धर्मयशदेवको, पूर्व अफ्रिकामें श्री अपा साहब पंतको, ब्रिटिश गायना और वेस्ट इंडीजमें श्री सत्याचरण शास्त्रीको और फिजीमें श्री वइज़को कमीशनर बनाकर भेजा है।

टंगेनिका अंग्रेजोंके संरक्षणमें है। वहाँकी धारा सभामें तीन भारतीय सदस्य हैं। पूर्व अफ्रिकाके प्रवासी भारतीयोंका राजनीतिक संगठन स्तुत्य है। सभी बड़े बड़े नगरोंमें इंडियन एसोसियेशन हैं जो उनके स्थानीय अधिकारोंकी देखरेख और रक्षा करते हैं और इस्ट अफ्रिकन इंडियन नेशनल काँग्रेसके अंग माने जाते हैं।

राजनीतिक दृष्टिसे दक्षिण अफ्रिका प्रवासी भारतीयोंकी हालत सबसे बुरी है। सन १८९६ मेंही नेटालके भारतीयोंको पार्लामेण्टरी मताधिकारसे वंचित कर दिया गया था और सन १९२४ में उनसे म्युनिसिपल मताधिकार भी छीन लिया गया। जब उनको किसी प्रकारका मताधिकार ही नहीं है तब पार्लामेण्ट, प्रांतिक कौंसिल या म्युनिसिपाल्टी का सदस्य बनना तो दूरकी बात है। वहाँके प्रवासी भारतीयोंके विरुद्ध ६५ विनाशकारी कानून बनाये गये हैं पर सन १९४६ के 'घेटो एक्ट' से उनके सर्वनाशकी घड़ी आ पहुँची है। नेटाल, ट्रांसवाल और केपमें इंडियन काँग्रेस है और इन तीनोंके द्वारा साउथ अफ्रिकन इंडियन काँग्रेसका संगठन हुआ है। वहाँकी राजनीतिक दलबंदी प्रवासी भारतीयोंके लिये घातक सिद्ध हो रही है, काँग्रेसके खिलाफ नेटाल, ट्रांसवाल और केपमें नेटाल इंडियन ऑर्गनिज़ेशन बन गये हैं और अब साउथ अफ्रिकन इंडियन ऑर्गनिज़ेशन की भी स्थापना हो रही है। इस प्रकार प्रवासी भाइयोंकी शक्ति दो भागोंमें विभक्त हो गई है।

घेटो एक्टके विरुद्ध प्रवासी भारतीयोंने सत्याग्रहकी लड़ाई छेड़ रखी है। लगभग दो हजार स्त्री-पुरुष जेल भी भुगत आये हैं। इधर भारत सरकारने घेटो एक्टके प्रतिवाद में वहाँ से अपने हाई कमिश्नरको वापस बुला लिया है; दक्षिण अफ्रिकासे व्यापारका सम्बन्ध भी विच्छेद कर लिया है और संयुक्त राष्ट्र संघमें भी दक्षिण अफ्रिकापर मामला चला रखा है जिसपर लगभग तीन सालसे चर्चा हो रही है पर अभी तक अंतिम निर्णय नहीं हो पाया। इस समय भी पेरिसके अधिवेशनमें यह मामला दरपेश है।

भारतके अङ्ग-भङ्गका प्रभाव प्रवासी भारतीयोंपर न पड़ा हो, सो बात नहीं है। दक्षिण और पूर्व अफ्रिकाके अधिकांश मुसलमान पाकिस्तानको अपना वतन, मुल्क और राज्य मानने लगे हैं, हालाँ कि हैं असलमें वे भारतकी प्रजा। केनियामें तो मुसलमानोंके सिरपर पृथक मताधिकार और पृथक निर्वाचनका शैतान सवार हो गया है और ब्रिटिश सरकार कुछ हदतक उनकी इस कलुषित महत्वाकांक्षाकी पूर्ति भी कर रही है। सबसे बड़ी भूल तो यह हुई है कि श्रीमती विजय लक्ष्मी पंडितने दक्षिण अफ्रिकाके मामलेमें पाकिस्तानको भी शरीक कर लिया। इससे जहाँ मुसलमानोंकी पाकिस्तानी मनोवृत्तिको प्रोत्साहन मिला है वहाँ दक्षिण अफ्रिका और पाकिस्तानमें संधि हो जानेकी भी आशंका है। यदि कहीं ऐसी बात हो गई तो भारत और प्रवासी भारतीयोंकी जो हानि होगी उसकी कल्पनासेही हृदय प्रकंपित हो उठता है। इस समय पाकिस्तानको कोयलेकी जरुरत है जो दक्षिण अफ्रिका पूरी कर

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सकता है और दक्षिण अफ्रिकाको जूटकी आवश्यकता है जो पाकिस्तानमें इफरात है। अभी लंडनमें लियाकत अली और दक्षिण अफ्रिकाके एरिक लौमें परस्पर घंटों घुलघुल कर जो बातें होती रही उससे हमारी आशंकाकी पुष्टिही होती है।

दिवाली अङ्क।

आज दिवाली है और कल है नया वर्ष। दिवाली पर हम विगत वर्षके कार्योंपर एक विहङ्गम् दृष्टि डालते हैं और यह पता लगाते हैं कि कहाँतक हमारे उद्देश्यकी पूर्त्ति और अभीष्टकी सिद्धि हो पाई है और फिर नवीन वर्षपर ऐसे भविष्यकी कल्पना करते हैं जो भूतकालसे कहीं अधिक सुंदर, सुखकर और मंगलमय हो। वास्तवमें आजका दिन अपने कृतकर्मोंके लेखा जोखा लगानेका दिन है और कलका दिन है अपना भावी कार्यक्रम निर्धारित करनेका।

"प्रवासी" तो अभी सालभरका भी नही हो पाया है। इस शैशवकालमें 'प्रवासी' ने प्रवासी भारतीयोंकी जो थोड़ी बहुत सेवा की है उसकी यहाँ चर्चा करनेकी आवश्यकता नहीं। स्वतंत्र भारतमें दलित और पीड़ित प्रवासी भाइयोंकी सेवा करनेकी भावना और कामनासेही 'प्रवासी' की सृष्टि हुई है। अतएव भविष्यमें वह इससे भी अधिक उत्साह और लगनमें सेवा करनेका संकल्प करता है। आज से तीन-चार मास पहले हमारे हृदयमें "प्रवासी" का दिवाली अङ्क निकालनेकी इच्छा उत्पन्न हुई थी, पर हमारी शारीरिक और आर्थिक अवस्था उस इच्छाकी पूर्त्तिमें बाधक बन गई। विशेषाङ्कका भार वहन करनेमें हमने अपनेको असमर्थ पाया और हमारा विचार जलके बुद् बुदेकी भाँति उसी क्षण विलीन हो गया। सितम्बरमें जब दसवां अङ्क निकल गया तो फिर यह विचार हो आया कि साधारण अङ्ककोही दिवाली-अङ्कके रुपमें निकाल देनेमें क्या हर्ज है?

इस कार्यमें हमारे बच्चे उत्साहसे जुट पड़े और ब्रह्मदत्त, विष्णुदत्त, महेन्द्रकुमार, शिवदत्त तथा नरेन्द्रकुमार के परिश्रम और पुरुषार्थसे यह अङ्क समयपर तैयार हो गया और साधारण अङ्कसे डेढ़ा बड़ा बन गया। इस कार्य में भाई मथुरा प्रसादजी शिवहरे और उनके सुपुत्र चि० श्रीशचन्द्रसे हमें जो सहायता प्राप्त हुई है उसे हम कभी भूल नही सकते। असलमें शिवहरेजी शुरुसे ही "प्रवासी" के कार्यमें दिलचस्पी लेते आये हैं और आशा है कि भविष्यमें वे और भी उत्साह एवं अनुरागसे प्रवासी भारतीयोंकी सेवा करके उनको अपना चिर कृतज्ञ बना लेंगे।

इस स्वल्पकालमें हमसे जो कुछ बन पड़ा पाठकोंकी सेवामें उपस्थित है। हमें भरोसा है कि 'प्रवा के पाठक इस प्रेमोपहारको—हमारे हृदयकी भेंट समझकर बिदुरकी भाजी की भाँति स्वीकार करेंगे। इस तुच्छ के साथही हम अपने प्रेमी पाठकोंका आंतरिक अभिनन्द करते हैं और ईश्वरसे यही याचना करते हैं कि अगला उनके लिये कल्याणकारक, आनन्ददायक और मङ्गलम हो! जय हिन्द!

श्यामसुन्दर रसायनशाला गायघाट, बनारस.
आयुर्वेदिक औषधियों के निर्माता तथा
आयुर्वेदिक पुस्तकों के प्रकाशक
Shyamsunder Rasayanshala,
Gaighat, Benares, U. P. India.

QUALITY TRADING Co.
Proprietor: K. D. Dayal,
General Merchants
147 Brook Street, Durban,
Natal, Union of South Africa.

Dayal Brothers
Proprietor: R. B. Dayal
High Class Tailors & General Dealers
61 Victoria Street, Durban,
Natal, Union of South Africa.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

THE SWADESHI COTTON MILLS CO. LTD., KANPUR U. P.

जियें तो बदनपर, स्वदेशी बसन हो ।

मरें भी अगर तो, स्वदेशी कफन हो ।

Managing Agents:

Jaipuria Brothers Limited.

दी स्वदेशी काटन मिल्स कम्पनी लिमिटेड, कानपुर ।

मनैजिंग एजन्टस्

जयपुरिया ब्रादर्स लिमिटेड ।

Tel Address: SUDHA, Mathura. तारका पता: सुधा, मथुरा ।

अर्द्ध शताब्दिसे भी अधिक समय से प्रचलित और सर्व श्रेष्ट आयुर्वेद तथा पेटेन्ट औषधें बनाने वाली एक मात्र रसायन शालाकी एक अनुभूत स्वादिष्ट औषधि—

सुधासिंधु

कफ, खांसी, दमा, शूल, संग्रहणी, कै, दस्त, हैजा तथा अन्य पेट विकारोंके लिए अमृत तुल्य अनमोल दवा—

सुख संचारक कम्पनी लिमिटेड, मथुरा ।

Sukhsancharak Company, Ltd., Mathura, U. P.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आर्य साहित्य मण्डल लि० अजमेर की

कुछ नई पुस्तकें

१. पातञ्जल योगप्रदीप— लेखक श्री स्वामी ओमानन्दजी महाराज। इसग्रन्थ में योगदर्शन व्यासभाष्य भोजवृत्ति और योगवार्त्तिक के भाषानुवाद के साथ-साथ श्री स्वामीजी महाराज ने अपने क्रियात्मक अनुभव के आधार पर अनेक ऐसी बातों का समावेश किया है, जिससे योगमार्ग में लगने वाले नये व्यक्ति की अनेक कठिनाइयां दूर हो जाती हैं। इस संस्करण में पहले की अपेक्षा बहुत अधिक वृद्धि की है। २०×२६=८ पेजी के लगभग ८०० पृष्ठ, तथा योगासनों के अनेक चित्र भी दिये गये हैं। मूल्य १२) रुपया।

२. वैदिक अध्यात्म सुधा—ले० श्री पं० प्रियरत्नजी आर्ष (स्वामी ब्रह्ममुनिजी) अध्यात्मविद्या के प्रेमियों के लिये अत्यन्त लाभप्रद। मूल्य ॥)

३. रामायणदर्पण—ले० श्री ब्रह्ममुनिजी। इस में वाल्मीकीय रामायण के आधार पर राम, भरत, लक्ष्मण आदि प्रत्येक व्यक्ति का चरित्रचित्रण और उस समय की धार्मिक सामाजिक और राजनीतिक अवस्था का चित्रण किया है। पुस्तक अत्यन्त उपयोगी है। मूल्य ॥।)

४. हैदराबाद सत्याग्रह का रक्तरञ्जित इतिहास—आर्यसमाज ने सन् १९३९ में दक्षिण हैदराबाद में जो महान् सत्याग्रह किया था, उसका पूरा-पूरा वर्णन किया गया है। पृष्ठ संख्या ४००, चित्र सं० १०० के ऊपर, मूल्य ३)

५. युद्धनीति और अहिंसा—ले० श्री डा० सूर्यदेवजी शर्मा। भारत की वर्तमान राजनीतिक परिस्थिति से सम्बन्ध रखने वाला अत्यन्त उपयोगी और सामयिक ग्रन्थ, मूल्य १) रुपया।

६. संस्कृतवाक्य प्रबोध—महर्षि दयानन्द सरस्वती। इस संस्करण में सं० वा० प्र० पर किये आक्षेपों का उत्तर भी छापा है। मूल्य ।=)

७. सन्धिविषय—शुद्ध सुन्दर और छात्रोपयोगी टिप्पणियों के सहित। मूल्य ॥।)

यजुर्वेद मूल गुटका १।), सामवेद मूल गुटका १।), आर्यपर्वपद्धति १॥), वैदिक मनोविज्ञान ।), खूनी इतिहास ॥=), भयानक षड्यन्त्र ।), खतरे का घण्टा ।=), खतरे का बिगुल ॥), विश्वासघात ॥), जीवन-पथ ।=) धार्मिक शिक्षा १ से १० भाग ४), पंचमहायज्ञविधि ।), गोकरुणानिधि =), महर्षि का जीवनचरित्र बृहत् [दो भाग] १०)।

चारों वेद सरल हिन्दी अनुवाद सहित

सम्पूर्ण १४ जिल्दों में मूल्य ७० रुपये

उत्तम छपाई, बम्बई-निर्णयसागर-टाईप, सफ़ेद चिकना काग़ज़, डबल क्राउन १६ पेजी के सुलभ आकार में

इष्ट मित्रों के लिये पवित्र उपहार, पुस्तकालयों और घर की अलमारियों का सुन्दर भूषण, विवाहों और अन्य धार्मिक अवसरों पर देने के लिये आदर्श भेंट, छात्रों के लिये पवित्र पारितोषिक और नित्य आत्मिक आनन्द तथा पुण्य-कर्त्तव्य पालन करने का अपूर्व साधन।

अनुवाद आचार्य सायण, महीधर, महर्षि दयानन्द, पं० तुलसीराम स्वामी, पं० ज्वालाप्रसाद, विवरणकार माधव आदि वेदभाष्यकारों के भाष्यों को समक्ष रखकर ब्राह्मणग्रन्थ, उपनिषद्, आरण्यक, निरुक्त, व्याकरण आदि आर्ष ग्रन्थों के आधार पर प्रमाण दर्शाते हुए आर्य वैदिक सिद्धान्तों के अनुसार कराया है।

सामवेद १ जिल्द ५) रु०, अथर्ववेद ४ जिल्द २०) रु०, यजुर्वेद २ जिल्द १०) रु०, ऋग्वेद ७ जिल्द ३५) रु० प्रत्येक जिल्द लगभग ८०० पृष्ठों की पूरे कपड़े की बंधी हुई सुनहरे अक्षरों सहित है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वैदिक धर्म और आर्य संस्कृतिके प्रेमियोंसे प्रार्थना

प्रिय बन्धुओं !

एक हज़ार वर्षके बाद हमारा प्यारा हिन्दुस्थान गुलामीकी अंधेरी रात काटकर स्वाधीनताका मङ्गल-प्रभात देख पाया है और इसके साथही आर्यसमाजकी आवश्यकता भी बढ़ गई है यह कहनेकी ज़रूरत नहीं कि पराधीन राष्ट्र जहाँ अपनी राजसत्ता खो बैठता है, वहां अपने समाज की महत्ता भी। पिछले हज़ार वर्ष में पराधीनताके पापसे हमारे समाजकी जो अधोगति हुई है वह बयानसे बाहर है–हमारे समाज का वर्तमान विकृत और भ्रष्ट रूपही इसका सर्वोपरि प्रमाण है। इस मध्यमें अनेक सुधारक हुए, उन्होंने समाजका ढाँचा बदलनेकी चेष्टा की पर राजनीतिक दासताके कारण उनको सफलता न हुई। उन्नीसवीं शतीमें ऋषि दयानन्द हुए, उन्होंने देखा कि भारतीय समाजकी इमारत नींवसे छत तक टूट-फूट और ढहकर ऐसी खराब हो गई है कि उसकी मरम्मत होही नहीं सकती। इसलिये उन्होंने उसकी समाधिपर नई इमारतकी बुनियाद डाली, पर इस-भवन में उन्होंने नई सामग्री नहीं लगाई, उन्होंने उस पुरातन सामग्रीकाही उपयोग किया जो हमारे पास थी, इधर-उधर बिखरी पड़ी थी और जिसको हम भूल चुके थे।

ऋषि दयानन्दने राष्ट्ररूपी नई इमारतका नकशा तो तैयार कर दिया, नींव भी डाल दी, पर वे इमारतको तैयार न कर पाये, ईश्वरके यहां से उनकी बुलाहट आ गई। उनके बाद भारतके रङ्ग मंचपर महात्मा गांधी आये। राष्ट्रपति डाक्टर राजेन्द्रप्रसादके कथनानुसार महात्माजीने ऋषिके सूत्रका भाष्य करना आरंभ कर दिया। स्वराज्य तो मिल गया पर हमारे समाजका



आर्य मंदिर, आर्य समाज आदर्शनगर, अजमेर, जो अब तक बन चुका है।
Arya Mandir built by the Arya Samaj, Adarshnagar, Ajmer, India.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उद्धार न होने पाया। गांधीजी भी इस कामको पूरा न कर पाये, अधूरा छोड़कर चले गये। एक देशद्रोही हिन्दूकी गोलीसेही हमारे समाज और संस्कृतिका यह दीपक भी बुझ गया।

राजनीतिक गुलामी से हम छुटकारा पा गये पर अभी मानसिक गुलामीसे नहीं। राजनीतिक गुलामीसे मानसिक गुलामी कहीं अधिक भयानक है। एक राष्ट्र के शरीरको कष्ट पहुंचाती है, पर दूसरी राष्ट्रकी आत्मा को ही विनष्ट कर देती है। इस गुलामीसे यदि हमें कोई छुड़ा सकता है तो वह आर्यसमाज है। आर्यसमाजका आधार है वेद, जो भारत की सबसे पुरानी थाती है।

इन्हीं सब बातोंको दृष्टिमें रखकर अजमेर के आदर्श नगरमें आर्य मंदिरकी नींव सन् १९४५ में दिवाली पर डाली गई थी। इसी पवित्र नगरमें ऋषि दयानन्दका निर्वाण हुआ था, इसलिये यहाँ के आर्य मंदिरके लिये एक शानदार भवन बनानेका संकल्प किया गया। इस मंदिरके निर्माण में जिन महानुभावोंसे सहायता मिली है, उनके हम कृतज्ञ हैं। पर हम महाराणा प्रतापके वंशधर उदयपुरके महाराजाधिराज महाराणा श्रीभोपालसिंहजीके विशेष रूपसे ऋणी हैं, जिन्होंने चार हजार रुपये प्रदान कर आर्य मंदिरमें दो कमरे बनवा दिये हैं। दक्षिण अफ्रिकाके पीटर मेरित्सबर्ग निवासी पंडित रंगछोड़ बिहारी महाराज का उपकार माने बिना भी हम नहीं रह सकते हैं, जिन्होंने १६५०) रु० दान देकर न केवल आर्य मंदिरमें औषधालयके लिये एक कमरा बनवा दिया, प्रत्युत हजारों रुपये अन्य प्रवासी बंधुओंसे दान माँगकर मंदिर निर्माण के लिये भेजा। अमृतसरके बाबा प्रदुम्नसिंह धर्मार्थ ट्रस्टकी ओरसे भी हमें एक हजार रुपया मिला। इनके अतिरिक्त और भी अनेक महानुभावोंने अपनी शक्ति और श्रद्धाके अनुसार आर्थिक सहायता देकर मंदिर निर्माणके कार्यमें हमारा हाथ बँटाया है। जिन महानुभावोंने १००) रुपया या इससे अधिक दान दिया

His Highness Maharajadhiraj Shri Maharana Bhopal Singhji Bahadur, G. C. S. I., Raj-Pramukh, Rajasthan Union, who donated Rs. 4,000 for the construction of two rooms in the Arya Mandir of Adarshnagar, Ajmer.

मेवाड़ नरेश हिज हायनेस महाराजाधिराज श्री महाराणा भूपाल सिंहजी बहादुर, जी. सी., एस. आय., राजप्रमुख—राजस्थान संघ, जिन्होंने ४०००) रु० आर्य मंदिर आदर्शनगरमें दो कमरोंके निर्माणके लिये प्रदान कर अपनी दानशीलता का परिचय दिया है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

है, मंदिरमें उनके नामका शिलालेख लगानेका भी निश्चय हो चुका है और इस प्रकारका एक शिलालेख लग भी चुका है, शेष के लगाये जानेका प्रबंध हो रहा है।

खेद है कि जो दान हमें मिला, उससे मंदिर निर्माण का काम पूरा न हो सका और उसे अधूरा खँडहरकी तरह छोड़ देना भी उचित न जँचा। इसलिये आखिर हमें क़र्ज़ काढ़ कर आवश्यक काम पूरा करनेपर वाध्य होना पड़ा। अबतक हमें कुल १७७३१।।।-)। दानके रूपमें मिला, परन्तु खर्च हो गया २७१५८।।।=) रुपया। इसलिये हमारे ऊपर ९४२७) रुपये का कर्ज चढ़ गया है। ऐसे तो अभी ऊपरकी मंजिलमें खिड़कियाँ और किवाड़ियां लगाने, यज्ञशाला बनवाने तथा अन्य फुटकर कामोंको पूरा करनेमें, जैसे लायब्रेरी तथा वाचनालयके लिये पुस्तकें और फरनिचर की व्यवस्था, बैठने के लिये फर्श और अन्य सामानोंके इन्तजाममें पाँच-सात हज़ार रुपया और लगेगा, परन्तु फ़िलहाल इसकी चिन्ता हमें नहीं है, जब किसी दाताकी इन कार्योंकी आवश्यकता एवं उपयोगितापर दृष्टि पड़ेगी तो शेष कार्य भी पूरे हो जायँगे। इस समय तो हमें क़र्ज़ भरने की सबसे बड़ी चिन्ता है।

नसीराबादकी सार्वजनिक और पक्की सड़कपर मंदिरका विशाल एवं भव्य भवन राहगीरोंकी दृष्टि बरबस अपनी ओर खींच लेता है। यद्यपि इसके जमीन-मकानमें कुल २७०००) रु० के लगभग अब तक खर्च हुआ है, तो भी इस समय इसका मूल्य ४०,०००) रु० से कम नहीं आंका जा सकता। मंदिरके दो कमरे अजमेर म्युनिसिपैलटीकी कन्या पाठशालाके लिये दे दिये गये हैं और दो कमरे बालकोंकी पाठशालाके लिये देनेका विचार हो रहा है। चिकित्सालय और पुस्तकालय खोलने और चलानेकी भी चर्चा चल रही है, पर जबतक यह क़र्ज़ नहीं भर दिया जाता है, तब तक किसी भी योजनाको कार्यान्वित करना दुस्तर है।

PANDIT RANCHHOD BIHARI MAHARAJ of Pietermaritzburg, Natal, South Africa, who donated Rs. 1,650 for the erection of a dispensary-room in the Arya Mandir, Adarshnagar, Ajmer.



दक्षिण अफ्रिका अन्तर्गत नेटालके पीटर मेरित्सबर्ग निवासी श्री रणछोड़ बिहारी महाराज, जिन्होंने आर्य मंदिर–आदर्शनगरमें औषधालय-भवनके निर्माणके लिये १६५०) रु० प्रदान किया है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इस क़र्ज़के रुपयेका व्याज शैतानकी आँतकी तरह बढ़ताही जायगा। इससे हमारी चिन्ताकी सीमा नहीं है। हमने इस मंदिरको इस हेतुसे बनवाया था कि इसको केन्द्र बनाकर अजमेर-मेरवाड़ाके गाँवोंमें वैदिक धर्म और आर्यसंस्कृतिका प्रचार करेंगे, पर अभी तक हम मंदिरका कामही पूरा न कर पाये, आगेका सारा काम तो पड़ाही है।

इसके साथ हम मंदिरके वर्तमान रूपका चित्र भी दे रहे हैं, जिसको देखकर आपको जहाँ अबतकके निर्माण कार्यका पता लग जायगा, वहाँ यह भी ज्ञात हो जायगा कि ऊपरकी मंजिल में सामनेका बरामदा और मंदिरके अनुरूप बुर्जियाँ तथा अनेक आवश्यक कार्य अवशेष हैं।

इस स्थितिमें हमें एकवार फिर सार्वजनिक अपील करने पर वाध्य होना पड़ा है। हम आर्य मंदिरको ऋण के बंधन और संकटसे मुक्त करना नितांत आवश्यक समझते हैं। ऋषि दयानंदकी इस निर्वाण-भूमिमें इस मिशनकी प्रवृत्ति और सफलता देखकर हमारी चिन्ता तथा व्यथा और बढ़ जाती है, पर धनके बिना हम कर क्या सकते हैं? उनके पास लाखों-करोड़ों रुपयेका है और वे आर्थिक चिन्तासे निश्चिन्त होकर काममें अग्रसर हैं। हमारा तो अभी मंदिरही क़र्ज़ दलदलमें फँसा है। इसके उद्धारके लिये आज हम आ सामने झोली फैला रहे हैं। आशा है कि आप धर्मयज्ञमें अपनी आहुति अवश्य डालकर पुण्यके भा बनेंगे। जो कुछ भी आप इस मदमें दंगे वह धन्यव पूर्वक स्वीकार किया जायगा, पर जितना शीघ्र हो इस ऋणसे हमें मुक्त कर दें, यही आपसे हमारी वि प्रार्थना है।

ऋषिराज! तेज तेरा चहुं ओर छा रहा है।
तेरे बताये पथपर अब देश आ रहा है॥
सुख-स्वप्न देखता था दासत्वमें पड़ा जो।
देवी स्वतंत्रताका गुण गान गा रहा है॥
सच्ची मनुष्यताकी सद्भावना दबी थी।
अब सभ्यवाद अपना सिक्का जमा रहा है॥
सिद्धांत वेदके ही अब सिद्ध हो रहे हैं।
घर घर दया धरमका आनन्द आ रहा है॥
पशु तुल्य नीच समझे थे शूद्र और नारी।
अब तो समाज उनको समता सिखा रहा है॥
कितनेही लाल प्यारे हम से जुदा हुए थे।
उनको गले लगाकर अपना बना रहा है॥
आर्यसमाज ऋषिका वैदिक संदेश लेकर।
जगको मनुष्यताका मारग दिखा रहा है।

निवेदकः—

भवानीदयाल संन्यासी
सम्पादक "प्रवासी"—प्रधान

के. एल. वर्मा

हरस्वरूप शर्मा
आर्य समाज, आदर्श नगर—मन्त्री

मथुराप्रसाद शिवहरे
मैनेजिंग डाइरेक्टर आ. सा. मं. लि.,—
उप प्रधान,

गुलाबराय,
सुपरपाइजर-म्युनिसपैलिटी

डी० जी० मोघे एम. एस-सी.
प्रोफ़ेसर गर्वनमेन्ट कॉलेज,—उपमन्त्री

आर्यसमाज, आदर्शनगर, अजमेर।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जोधपुर कमर्शियल बैंक लिमिटेड

(जोधपुर स्टेटमें स्थापितः सभ्यों की जिम्मेदारी सीमित है।)

चैयरमैन—श्री नारायणलाल बंसीलाल

चुक्ता मूलधन ..... रु० ५०,००,०००.

रिज़र्व फंड रु० ३,५०,०००.

बैंककी शाखाएँ:—

मारवाड़ : जालोरी गेट, जोधपुर, स्टाक एक्सचेंज, श्री रघुनाथजीका मंदिर, घासमंडी; जोधपुर; खेजर्ला हाउस, जोधपुर सिटी; कुचामन सिटी, नागोर, मेरता सिटी, पाली, रानी, बारमर (मारवाड़)

बंबई : ५३ टेमरिण्ड लेन, फोर्ट; २०७ कालवा देवी रोड, गांधी चोक, कल्याण; ११८–१२२ काजी सैयद स्ट्रीट, माण्डवी, म्युनिसिपल बिल्डिंग, भिवण्डी (जी० थाना) थाना-जामली नाका, ६६०९ किंग्सवे, सिकन्द्राबाद।

अहमदाबाद : मस्कती मार्केट। कलकत्ता: १-१ मिशन रो और ५७ नेताजी सुभाष रोड।

मद्रास: २६, गोविन्दप्पा नायिक स्ट्रीट, जी. टी. मद्रास।

चालू डिपाजिट खाता : चालू डिपाजिट खाते में रु० १,००,००० तक के दैनिक बाकी रकम पर १।४ सैकड़ा वार्षिक ब्याज मिलेगा। बड़ी रकमों पर खास निश्चित ब्याज दिया जायेगा।

निश्चित अवधि के डिपाजिट : एक वर्ष अथवा उससे कम समय के लिये लिया जाता है। दर आवेदन करने पर प्राप्त हो सकता है।

सेविंग बैंक खाता : दैनिक बाकी रकम पर १ प्रति सैकड़ा के हिसाब से अथवा मासिक बाकी पर डिपाजिटरोंके साथ तय शर्तों के अनुसार वार्षिक १॥ प्रतिशत के हिसाब से ब्याज दिया जायगा। रु० २०,००० तक पर ५ से भाग दी जा सके इतनी रकम पर ब्याज दिया जायगा। खाता खोलने वाले सप्ताह में दो वार अधिक से अधिक रु. १०००)तक निकाल सकेंगे।

लोन, ओवर ड्राफ्ट और कैश क्रेडिट : मान्य जामिनों पर उधार दिया जाता है।

सेफ कस्टडी के लिये रखी गयी तमाम जामिनगीरियोंपर डिविडेण्ड एवं ब्याज बैंक वसूल करता है।

बैंक सरकारी जामिनगीरियों तथा पब्लिक कम्पनियों के शेयरों की खरीद बिक्री का काम भी लेता है।

बैंक सम्बन्धी सब प्रकार का कारोबार किया जाता है।

सी. एच. दीवानजी,—मैनेजर.

मनोरंजनप्रद सामयिक पुस्तकें:—

राष्ट्र-निर्माणके युगमें क्रान्तिकारी विचारधाराओंसे ओत-प्रोत राष्ट्रीयताका प्रतिनिधित्व करनेवाली अपने ढंगकी तीन अनुपम पुस्तकें—

अन्तिम इच्छा १५ कहानियोंका संग्रह, सजिल्द मू० १॥।)

आवर्त्तन १७ कहानियोंका संग्रह सजिल्द मू० २)

अनुष्ठान मौलिक क्रांतिकारी सामाजिक उपन्यास सजिल्द मू० ३॥)

हिंदीकी उच्च कोटिकी पत्र-पत्रिकाओं द्वारा प्रशंसित इन पुस्तकोंमें आप वर्त्तमान युगकी उलझी हुई गुत्थियोंका सुलझा हल पाएंगे, साथ ही बेकारके क्षणोंमें मनको प्रसन्न करनेवाली सामग्री भी मिलेगी।

एक साथ तीनों पुस्तकें ५।) रु० में

डाक व्यय सहित।

शीघ्र प्रकाशित होगी ऑर्डर भेजें।

भव्य कलापूर्ण अनुपम डायरियां (१९४९)

(१) हिन्दुस्थान डायरी (सजिल्द) (२०×२६) ३२ पेजी
(२) कांग्रेस डायरी ,, ,, ,, ,,
(३) गांधी डायरी ,, ,, ,, ,,
(४) नवजीवन डायरी ,, ,, ,, ,,

थोक खरीदारोंको विज्ञापनकी विशेष सुविधाएं, दुकानदारोंको कमीशन २५) रु० प्रतिशत।

दि बंगाल प्रिंटिंग वर्क्स

२१, सिनागोग स्ट्रीट, कलकत्ता।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Travel by Sea or Air

Tel. Add. "Colonial" Phone: 23313

ISMAILBHAI VAHED & SON.

Passenger & Commission Agents

Behram Mahal, Dhobi Talao, Kalbadevi Road,

P. O. Box 2022. BOMBAY, 2.

BRANCH: Station Road, SURAT.

Station Road, NAVSARI.

POPATLAL & CO.

General Merchants & Commission Agents

Exporters and Importers

P. O. Box 1122, Lourenco Marques,

Portuguese East Africa.

Morarjee Jivanjee & Co.

IMPORTERS & EXPORTERS

General Merchans

Tel. Add. JIVANJEE, P. O. BOX 837,

Lourenco Marques, P. EAST AFRICA.

J. MAGANLAL & Co.,

Brokers & Agents.

15-A, Victoria Street, DURBAN,

P. O. Box 1582, Tel.Add. "Guythri",

Natal, South Africa.

D. ROOPANAND BROS.

Music Saloon & Booksellers

Sole Agent for Rama Flute Harmoniums

AND

Hindustani Records

Cable Add. ANAND, Durban,

P. O. Box 2524. 85 Victoria Street,

Durban, Natal, South Africa.

B. KAKOOBHAI & CO. LTD.

General Produce Merchants

AND

Commission Agents

Tel. Add. RICHNESS. P. O. Box 675

Rua Araujo No. 82, Lourenco Marques,

Portuguese East Africa.

R. B. Maharaj & Sons

Land, Estate and General Agents

Chief Agent:

British America Assurance Company.

Agent:

Sun Life Assurance Co. of Canada.

General Business Consultants, Book-keepers and Secretaries.

Loan negotiated and Account collected.

Landed properties sold & purchased.

335 Church Street, Pietermaritzburg,

Natal, Union of South Africa.

G. S. Maharaj & Sons

Farmer, Miller, Money-Lender, etc.

555 Church Street, Pietermaritzburg,

Natal, South Africa.

KASHAVLAL MORARJEE

General Merchant

P. O. Box 515, Lourenco Marques,

Portuguese East Africa.

PATEL & CO.

General Merchants

P. O. Box 350, Lourenco Marques,

Portuguese East Africa.

RAMJI RAGHUNATH

Building Contractor

P. O. Box 660, Lourenco Marques,

Portuguese East Africa.

LALOOBHAI BHULABHAI

Farmer & General Dealer

P. O. Box 944, Lourenco Marques,

Portuguese East Africa.

M. P. SINGH & BROS.

General Merchants

P. O. Esikoleni, Edendale,

Natal, South Africa.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Published by Bhawani Dayal Sannyasi from Pravasi-Bhawan, Adarshnagar, Ajmer, India.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रयास

PRAYAS



वर्ष २

अंक ६

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

THE PRAVASI

(Circulated throughout South & East Africa, British & Dutch Guiana, British West Indies, Mauritius, Fiji and the Union of India.)

Annual Subscription

For the Union of India	Rs. 10
For Foreign Countries	Sh. 20

Advertising Rates

		Rs.
Full Page:	One Insertion	50
	Six Insertions	270
	Twelve Insertions	480
Half Page:	One Insertion	30
	Six Insertions	150
	Twelve Insertions	270
Column's	One Inch: One Insertion	5
	Twelve Insertions	40

Second and Third Covers 50 per cent extra
Fourth Cover 75 per cent extra.

All correspondence should be addressed to
BHAWANI DAYAL SANNYASI,
"The Pravasi" Office, Pravasi-Bhawan,
Adarshnagar, Ajmer, India.

प्रवासी

(दक्षिण और पूर्व अफ्रिका, ब्रिटिश और डच गायना ब्रिटिश वेस्ट इण्डीज, मोरिशस, फिजी आदि विदेशोंके सिवा सारे हिन्दुस्थानमें प्रचारित)

वार्षिक मूल्य

हिन्दुस्थानके लिये १०) रुपया।
विदेशोंके लिये २०) शिलिङ्ग।

विज्ञापनका रेट।	रुपया
पूरा पन्ना एक वारकी छपाई	५०)
छः वारकी छपाई	२७०)
बारह वारकी छपाई	४८०)
आधा पन्ना एक वारकी छपाई	३०)
छः वारकी छपाई	१५०)
बारह वार की छपाई	२७०)
कालमका एक इंचः एकवारकी छपाई	५)
बारह बारकी छपाई	४०)

दूसरे और तीसरे कवरकी छपाई ५० प्रतिशत और चौथे कवरकी छपाई ७५ प्रतिशत अधिक।

सर्व प्रकारका पत्र व्यवहार इस पतेसे करना चाहिये—

भवानी दयाल संन्यासी,
"प्रवासी" कार्यालय, प्रवासी-भवन,
आदर्शनगर, अजमेर, हिन्दुस्थान।

प्रवासी-की-आत्मकथा

स्वामी भवानी दयालजीकी जीवन-कहानी। भूमिका-लेखकः राष्ट्रपति डाक्टर राजेन्द्र प्रसादजी। उपन्याससा मनोरंजक। ६५० पन्नेके वृहद् ग्रंथका मूल्य ७) आठ रुपये डाक व्यय सहित।

प्रवासी-पुस्तक-माला।

(१) अब्दुल्ला इस्माइल काज़ी।

दक्षिण अफ्रिकाके प्रसिद्ध भारतीय नेता स्वर्गीय अब्दुल्ला इस्माइल काजीका सचित्र जीवन-चरित्र। इसके लेखक हैं श्री भवानी दयाल संन्यासी और भूमिका-लेखक बम्बईके वर्तमान गवर्नर राजा महाराज सिंह। मूल्य केवल एक रूपया। पुस्तक अंग्रेजीमें है।

(२) वैदिक प्रार्थना।

इसकी छठवीं आवृत्ति छप भी गई, यही इसकी लोकप्रियताका सर्वोपरि प्रमाण है। इसमें संध्या, प्रार्थना, स्वस्तिवाचन, शाँति प्रकरण तथा कुछ चुने हुए वेदमंत्रोंके हिंदी पद्यानुवादके साथही अंग्रेजी अनुवाद भी है। हवन मंत्रोंका हिंदी और अंग्रेजी अनुवाद तथा कुछ फुटकर कविताएँ भी है मूल्य डेढ़ रूपया डाकव्यय सहित।

(३) पोर्तुगीज पूर्व अफ्रिकामें हिंदुस्थानी।

मोजम्बिक प्रदेशके प्रवासी भारतीयोंकी स्थितिका प्रमाणिक इतिहास। साठ चित्रोंसे अलंकृत। लेखकः ब्रह्मदत्त भवानी दयाल और भूमिका लेखकः मध्य प्रांतके नेता, भारतीय पार्लामेंट और विधान परिषदके सदस्य सेठ गोविंददासजी। थोड़ीसी प्रतियाँ शेष हैं। मूल्य तीन रुपया डाक खर्च सहित।

(४) स्वामी शंकरानंद संदर्शन।

स्वदेश और विदेशोंमें वैदिक धर्म और आर्य संस्कृतिके प्रचारक स्वर्गीय स्वामी शंकरानंदजी महाराजका सचित्र जीवन-चरित्र। यह भी स्वामी भवानी दयालजीकी रचना है। मूल्य तीन रुपया डाक व्यय सहित।

पताः—व्यवस्थापक, प्रवासी भवन,
आदर्श नगर, अजमेर, हिंदुस्थान।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Editor: Bhawani Dayal Sannyasi

Vol. 2 | NOVEMBER 1949 | No. 9

गुरुकुल-पत्रिका.
गुरुकुल कांगड़ी.

India's Case Against South Africa

BY Bhawani Dayal Sannyasi and Dr. Lanka Sundaram, M.A., Ph. D. (London)

[From **THE MODREN REVIEW** for November, 1946]

(4)

THE conclusion on this question of the Second Cape Town Conference of 1932 to which India and South Africa were parties as follows:-

It is now recognised that the possibilities of the Union's scheme of Assisted Emigration to India are now practically exhausted owing to the economic and climatic conditions of India, as well as to the fact that 80 per cent of the Indian population of the Union are now South African born.

The abandonment of this scheme by the Union Government is a tacit admission that such of the Indian residents in South Africa, who survived the Assisted Passage Scheme to India were part and parcel of the body politic of the Union, and the Government of the Union have obligations which are incidental to the relationship of the State and the individual, not a whit smaller in quantum both as regards law and fact.

The question of South African nationality must be discussed here in some detail. Under the Cape Town Agreement of 1927, to which both India and South Africa were parties but which the Union Government today seeks to nullify unilaterally, it was stated:-

The Union Government firmly believe in and adhere to the principle that it is the duty of every civilised Government to device ways and means and to take all possible steps for the uplifting of every section of their population to the full extent of their capacity and opportunities, and accept the

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

view that in provision of educational and other facilities the considerable number of Indians who remain part of the permanent population should not be allowed to lag behind other sections of the people.

Additional to this vital principle, under which the Union Government recognised Indians in South Africa as a community which is integral to the body politic, there were other provisions in the Agreement which must be noticed. It was proclaimed that 'an Indian should be enabled to live a happy family life in the country, in which he is domiciled,' and it was agreed to by the Government of the Union of South Africa that the Government of India 'should certify that each individual for whom a right of entry is claimed is the lawful wife or child, as the case may be of the person who makes the claim.' This right has been exercised by the Government of India during the past twenty years. It was also stated in the Agreement:-

If the Government of the Union of South Africa make representation to the Government of India to appoint an Agent in the Union in order to secure continuous and effective co-operation between the two Governments, the Government of India will be willing to consider such a request.

The Union Government did make such a request, and an Indian Agent-General was appointed to the Union in 1927 and continued there for a decade and a half, even though, in more recent years, the status of Indian representation in the Union was changed from an Agency into a High Commissionership.

The Government and the people of India, in addition to the Indians in South Africa, have accepted the principle of "the maintenance of Western standards of life by just and legitimate means and Indians in the Union have, as has been amply demonstrated from time to time during the past twenty years in Union Government reports, faithfully surrendered their right to live their own life and conformed to Western standards of living. So far, there has been no proved breach of this essential condition of the Gentleman's Agreement between India and the Union, which the resident Indian community in the Union have faithfully adhered to. On the contrary, it is the gravamen of the dispute between India and South Africa that the Union Government have, through their segregational and other legislation and administrative practice, sought deliberately to prevent Indians in the Union from having the means and opportunity for conforming to Western standards of life.

Hardly before the signature of the Union Government dried up on the First Cape Town Agreement, the South African Nationality Bill, which subsequently became the law of the Union, was introduced on November 15, 1927. Section I of this Act, defining South African nationality, runs as follows:-

A person born in any part of South Africa included in the Union, who is not an alien or a prohibited immigrant under any law relative to Immigration.

In view of the implications of the legal expression "prohibited immigrant" which came into current use after the Smuts-Gandhi Agreement which led to a gentleman's understanding relating to the stoppage of free Indian immigration into the Union, this definition of 1927 relating to South African nationality, certainly created a difficult position for the Indian community in the Union. The result was that the question was taken up before the Supreme Court of South Africa whose Appellate Division in the case of E. M. Seedat versus Appeal Board, by the judgment of the Lord President, laid down as follows:-

The regulation is no doubt an

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Act of administration of a nature on scale which can seldom, if ever before have been entrusted by the Legislature to the discretion of an individual. As was said in the case of Dava Ratanjee, 1913, N. L. R. 467: "The Minister, without distinction of nationality, class or circumstances, has simply declared the whole Asian population of the world .....to be unsuited on economic grounds to the requirements of the Union, and therefore restricted" But while that is so, we are unable to say that in so doing he has gone beyond the (a) of sub-section (I) of Section IV of the Act. The enormous powers conferred upon him by paragraph words of that enactment, taken in their ordinary and grammatical sense, are wide enough to cover the Regulations, and we find nothing elsewhere in the language or scope of the Act to render such an interpretation repugnant, or to force us to more limited one.

What are economic grounds, and who are to be deemed unsuited on such grounds are matters which, in plain terms, are committed entirely to the discretion of the Minister, and whatever he exercises that discretion by prohibiting each Asian person separately and individually who attempts to enter the Union as it was conceded he might do. . . . or by prohibiting 'every Asian as a class by declaring them unsuited on economic grounds, makes no difference. He is left to classify as he pleases.

This judgment, however, related to the Draconian Law of the Union of South Africa with reference to fresh entrants from India into the Union territory.

In 1940, the Provincial Division of the Supreme Court of Natal, in the case of Jussodia, defined the position of the indentured Indians and their descendants in Natal, Justice Statham said:-

Law 12 of 1872 erected a Department of State called "Protector of Immigrants," whose duties are defined by law, and designed to safeguard the welfare of the immigrants in a manner compatible with the theory that their residence in Natal was of a temporary character and their welfare was the concern of the Government of India whose subjects they continued to be. The law provided for the registration of Indian marriages by the Protector, and made registration "prima facie" proof of a marriage.

Section 63 of Law 25, 1891, and Law 7, 1896, though passed at dates later than 1883, read with Sections 13 and 14 or Law 12, 1872, all of which validate in Natal marriages, which by the common law of Natal were invalid, lent weight to the view that it was the intention of the Legislature all through to apply to Indians who come to Natal as labourers their own marriage system, on the theory that they are birds of passage whose real domicile was India.

It is clear from these rulings of two competent tribunals of the Union, that it was the intention of the Law in South Africa to render the progeny of the original indentured

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Indian labourers, in particular. stateless. As has been pointed out earlier, the overwhelming majority of the Indians in the Union today are South African born. They have not seen their Mother Country. Their ways of life, both as a result of the inescapable grip of the social and economic system and the White civilisation of South Africa, and within the meaning of the Western Standards Clause of the Cape Town Agreement of 1927, which they are voluntarily and faithfully observing even today, make them not only reluctant but unfit to return to India and to hope to get absorbed in the population of the Mother Country. It will not be a flight of imagination to describe the present position of Indians in South Africa as hewers of wood and drawers of water. Little by little, but with the precision of a steam roller, a quarter of a million Indians in the Union are today being squeezed out of existence. The parliamentary franchise which Indians possessed till 1896, and the provincial franchise which they had in Natal till 1924 had been withdrawn. Their right to reside and trade on a par with the White community has been denied to them both by Law and by administrative practice. Their freedom of movement between one province and another in the Union has been completely curtailed on racial grounds. They cannot travel in public vehicles, use the public counters in the post offices, or reside in hotels side by side with the White sections of the population. Law after law has been passed, both by the Provincial Administration and by the Union Government, in flagrant breach of repeated past promises, both by the Union Government and by His Majesty's Government at earlier dates, destroying the very basis of the existence of the Indian community in the Union. It is no longer possible for the Indian in South Africa to exist as a useful citizen and to hope to obtain gainful employment. The Asiatic Land Teunre and Representation Act of 1946 as a protest against which the Government of India have enforced reciprocity legislation prohibiting the entry into India without permit of South African nationals, broke off trade relations and put an embargo on exports to and imports from South Africa, and recalled their High Commissioner, is only the last of the series of the enactments of the Union Government and its subordinate Provincial Administration, which nave had the effect of withdrawing from the Indian community in South Africa their rights as citizens, leave aside the question of rendering them stateless.

---

§ A CALL TO EVENING PRAYER §

§ By the Late SHRIMATI SAROJINI DEVI §

Allah Ho Akbar! Allah Ho Akbar!
From mosque and minar the muezzins are calling;
Pour forth your praises, oh chosen of Islam;
Swiftly the shadows of sunset are falling;
Allah Ho Akbar! Allah Ho Akbar!

Ave Maria! Ave Maria!
Devoutly the priests at the altars are singing,
O ye who worship the Son of the Virgin,
Make your orisions, the vespers are ringing,
Ave Maria! Ave Maria!

Ahura Mazda! Ahura Mazda!
How the senerous Avesta is flowing
Ye, who to Flame and the light make obeisance,
Bend low where the quenchless blue torches are glowing,
Ahura Mazda! Ahura Mazda!

Naray'yana! Naray'yana!
Hark to the ageless, divine invocation;
Lift up your hands, Oh ye children of Brahma,
Lift up your voices in rapt adoration;
Naray'yana! Naray'yana!

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

The Late
SYED SIR RAZA ALI

WE are extremely sorry to announce the sudden death of Syed Sir Raza Ali, former Agent General for the Government of India in the Union of South Africa, who passed away at KARACHI recently. It will indeed be a great loss to the Indians overseas. His death removes from our midst one of the most distinguished Indian leaders and one of the foremost advocates of the Indians abroad. During his Agent Generalship in South Africa, I had the fullest opportunity of getting to know him from every angle. His noble example to his countrymen compells admiration. His steady and persistant participation in all good work relating to the Indians overseas was a wonderful thing.



THE LATE SYED SIR RAZA ALI

स्वर्गीय सैयद सर रज़ा अली

By his death South African Indians, deprived of fundamental human rights, have lost one of their strongest champions and a most sincere friend. He was a born fighter and throughout his stay in South Africa, he never tolerated the Whitemen's tyrannies in any shape or form.

I met him several times in Delhi, when he was a member of the Central Legislative Assembly, during the crisis in South Africa and frequently sought his counsel which was given readily. His death will be keenly felt by the South African Indian Community at this critical juncture of their existence, when his advice was essential to combat the notorious Malanite regime.

Sir Syed Raza Ali was born in Moradabad District, U. P., in 1882, and was educated at Moradabad Government High School, Mohammedan College, Aligarh, and Allahabad University. He started practice at the Allahabad Bar

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

in 1908 and was a member of the U. P. Legislative Council from 1912 to 1920.

He gave evidence before the Islington Commission of 1913 and the Southborough Committee of 1919 and was one of those responsible for introducing separate Muslim representation in Municipal Boards in the U. P. He also took a prominent part in negotiating the Congress League Pact of 1916. The same year he settled at Allahabad to practise at the High Court.

In 1920 he was a prominent leader of both the Swaraj and the Khilafat movements, but, strongly differing from the non-co-operation movement. He became independent in politics. He next became member of the Council of State (1921-26) and was a member of the NWFP Inquiry Committee of 1922. He headed two deputations of non official Muslim members of the Central Legislature to the Viceroy in connection with the Turkish question in 1922 and 1923, and the following year he gave non-party evidence before the Reforms Inquiry Committee. He was President of the Bombay session of the All-India Muslim League (1924), and soon afterwards he successfully moved the Government of India to adopt the principle of safeguarding the interests of the minority communities in the public services.

In 1925 Sir Raza Ali was appointed a member of the deputation sent by the Government of India to South Africa to negotiate a settlement of the Indian question with the Union Government. The exhaustive enquiry made into the Indian problem by the Paddison Deputation enabled the Indian delegation to the Round Table Conference to have a somewhat smooth sailing. And in that inquiry Syed Raza Ali played an important part.

He was next appointed a member of the Public Services Commission (1926 31) and a member of the Government of India's delegation to the League of Nations Assembly in Geneva (1929). He was appointed Agent-General for India in South Africa in 1935, succeeding Kunwar Sir Maharaj Singh, and holding the post up to 1938. He married Miss Puno V. Sammy of Kimberley at Johannesburg in 1936.

On his return to India Sir Raza Ali, who was knighted in 1932, became a member of the Central Assembly. He had retired from active politics recently.

A Magnificent Gift Of £100000 For Indian Education

SHRI M. L. Sultan, a Durban merchant, has created a £100,000 trust fund to promote the cultural and educational development of the Indian community in Natal. His gift is one of the biggest contributions ever made by a South African Indian for the benefit of his people.

Indians in Natal believe that this money given without publicity by a quietly-spoken, grey-bearded man neary 77 years old, will do much to accelerate the progress of the province's Indian population, which has been handicapped for years by the absence of sufficient primary and secondary schools.

The trust fund was registered in Durban early last month. Details of the trust's objects were given to the press by Shri Vincent Lawrence, who is the secretary of the trust and an old friend of Mr. Sultan.

ITS OBJECT

He said: "The object of the trust is to create a fund for charitable, educational and religious purposes for the benefit of the Indian community irrespective of creed, caste sect or religion. It is to be applied primarily in Durban and, if funds permit, in Natal.

Shri Sultan has already agreed that the trust is to provide a sum of £17,500 for tech-

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

nical college which is to be named after him. The college will be built at Currie's Fountain when the municipality has made land available for an Indian sports centre in Argyle Road.

" A sum of £1,500 has been allocated for a M. L. Sultan Government aided Indian school at Avoca.

SCIENCE BLOCK

सच बात तो यह है कि इस समय संसारमें रंगद्वेषके अग्रनेता है आस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रिका। यह दोनों देश तृतीय विश्वयुद्धके लिये दुनियाको चुनौती दे रहे हैं। यह युद्ध होगा—एशिया और यूरोपमें। इस युद्धका परिणाम ऐसा भयंकर होगा जिसकी कल्पनासेही रोमांच हो आता है। इस समय एशिया युद्धके लिये तैयार नहीं है, इसीलिए दक्षिण अफ्रिका और आस्ट्रेलिया श्वेत नीतिका राग-तान अलापनेमें मस्त हैं और प्रवासी भारतीयोंको तंग और तबाह कर रहे हैं लेकिन जिस दिन एशिया तैयार हो जायगा उस दिन इनकी सारी सिट्टी-पिट्टी भूल जायगी —सारी शेखी धूलमें मिल जायगी। प्रथम विश्वयुद्धके बाद जब बर्साईमें संधि-परिषद बैठी थी और जापानने सर्व जातियोंके समानाधिकारका प्रस्ताव पेश किया था जिसका यह अभिप्राय था कि संसारसे वर्ण भेद उठ जाय तो उस समय भी आस्ट्रेलियाके प्रधान मंत्री विलियम मोरिस ह्यूज और दक्षिण अफ्रिकाके सर्वेसर्वा जनरल स्मट्सने जापानके प्रस्तावके विरोधियोंका नेतृत्व ग्रहण किया था और इसी लिये वह प्रस्ताव पास नहीं हो सका था--जापानको कुछ द्वीप देकर संतुष्ट कर लिया गया था। हालहीमें जापानके पूर्व प्रधान मंत्री जनरल ताजो आदि पर युद्ध छेड़नेका अपराध लगाकर मामला चलाया गया था उस मामलेपर विचार करनेके लिये जो जज नियुक्त किये गये थे उनमें एक भारतीय भी थे। भारतीय जज राधा विनोद पालने अपने फैसलेमें ताजो आदिको निर्दोष बतलाते हुए साफ कह दिया कि "यदि जापानियोंमें ऊंच वर्ण होनेका अभिमान, युद्धकी भावना और उसके लिये तैयारी करनेकी आवश्यकता प्रतीत हुई तो वह आस्ट्रेलियाकीही श्वेतनीतिकी प्रतिक्रिया थी और उसके लिये आस्ट्रेलियाके तत्कालीन प्रधान मंत्री विलियम मोरिस ह्यूजही असलमें जिम्मेदार हैं"। इस बातसे संसारमें सनसनी फैल गई थी। मोरिस ह्यूजने एक वक्तव्य निकालकर अपनी सफाई देते हुए यह स्वीकार कर लिया था कि "मैंने शांति-परिषदमें सर्व वर्णोंकी समानताका अवश्य विरोध किया था, यदि ऐसा नहीं करता तो आस्ट्रेलियाके साथ गद्दारी होती।"

एक बार जब महाकवि रविन्द्रनाथ ठाकुर अमेरिकाकी यात्रा पर जा रहे थे तो उनका जहाज आस्ट्रेलियाके बन्दरगाहसे गुजरा था। वहाँकी सरकारने महाकविको उसका आतिथ्य-सत्कार स्वीकार करनेके लिये आमंत्रित किया था परन्तु महाकविने स्पष्ट उत्तर दे दिया कि "जिस देशमें मेरे देशवासियोंके साथ मानवोचित व्यवहार नहीं किया जाता है, उनको अधम समझकर उनका प्रवेश वर्जित कर दिया गया है उस देशकी भूमिपर मैं पैर रखना भी उचित नहीं समझता।" जबतक जहाज वहाँ ठहरा तबतक महाकविने उसीपर अपना समय काटा। इस घटनाकी संसारमें बड़ी चर्चा हुई थी। उस समय नेटालमें हम "हिन्दी" नामक साप्ताहिक अखबार निकालते थे। उसके अंग्रेजी विभागमें हमने भी इस विषयपर अग्रलेख प्रकाशित किया था। कट्टर अंग्रेजोंके दिलपर बड़ी चोट पहुँची थी। इस लिये द्वितीय विश्वयुद्धके जमानेमें जब चर्चिल महाशय इंगलैण्डके प्रधान मंत्री और भारतके मालिक बने तो महाकवि टैगोरसे इस अपमानका बदला उन्होंने सूद सहित चुका लिया था और भारतीयों एवँ बंगालियोंके प्रचण्ड विरोध करनेपर भी आस्ट्रेलियाके केसी महोदयको बंगालका गवर्नर बना डाला था।

इस समय आस्ट्रेलियामें जो कुछ हो रहा है वह अश्वेत वर्णों और विशेषतः एशियावासियोंके लिये घोर अपमान है। हालही में इमिग्रेशन मंत्री केलवेलनें ३० मलायोंको बड़ी निर्दयतासे निर्वासित किया है। वे मलाई बृटिश प्रजा थे और लड़ाईके जमानेमें आस्ट्रेलियाकी सेवा कर रहे थे। उन्होंने व्यापारी बेड़ेमें बड़ी बहादुरी दिखाई थी और उनमेंसे अधिकांश आदमियोंने आस्ट्रेलियाकी कन्याओंसे शादी भी कर ली है, कुछ के बच्चे भी पैदा हो

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गये थे। ६०० चीनियोंको नोटिस दी गई है कि वे फौरन आस्ट्रेलियासे निकल जायँ। यदि वे देर करेंगे तो उनको गिरफ्तार कर लिया जायगा और देश निकालेकी सजा दी जायगी। एक अमेरिकन नीग्रो पहलवान अलबामा किड को जो वहाँ छः साल तक रह चुका है और एक आस्ट्रेलियन माहिलासे विवाह कर लिया है और बच्चे भी हो चुके हैं वहाँसे निर्वासित कर दिया गया है। उसके औरत बच्चे रोते-बिलखते वहीं पर रह गये और नीग्रो पहलवानको पकड़कर बलात अमेरिका पहुँचा दिया गया। श्रीमती केरिकको, जिसके पति आस्ट्रेलियाके एक नागरिक हैं अश्वेत होनेके अपराधमें वहाँसे निकाल दिया गया। यह तो बानगीके तौरपर दो चार घटनाओंका यहाँ उल्लेख किया गया है लेकिन सत्य बात तो यह है कि वहाँ आजकल नित्यही इस प्रकारकी घटनाएँ घट रही हैं। श्वेत नीतिकी नृशंसतासे एशियाके देशोंमें घृणा और कोपकी सृष्टि और वृद्धि स्वाभाविकही है।

भारत सरकारका यह कर्त्तव्य है कि वहाँके प्रवासी भारतीयोंकी अवस्था पर वह तत्क्षण ध्यान देवे, नवीन प्रवासियोंके लिये प्रवेशाधिकारका दावा करे और आस्ट्रेलियाको श्वेत नीति त्यागनेके लिये बाध्य करे। यदि वह अपना हठ और दुराग्रह छोड़ने पर तैयार नहीं है और इस समय उससे युद्ध छेड़ना संभव नहीं है तो कमसे कम सारे एशियाई देशोंमें उसका तिरस्कार और बहिष्कार किया जावे। उसको ऐसी शिक्षा दी जावे कि वह भविष्यमें इस प्रकार एशियावासियोंके अपमान करनेका दुस्साहस न कर सके। यदि भारत नवीन एवँ जागृत एशियाका नेतृत्व करना चाहता है तो उसे इसी मामलेमें अपने नेतृत्वका श्री गणेश करना चाहिये।

अब वह समय आ गया है कि विश्वमें वर्ण विभेदका सर्वत्र प्रचंड प्रतिवाद होना चाहिये और श्वेताङ्गोंकी इस भ्रांतिको मिटा देना चाहिये कि परमेश्वर और प्रकृतिने उनको इस संसारमें सर्वश्रेष्ठ मानवके रूपमें सृजा है। सफेद चमड़ेका घमंड जबतक नहीं मिट जायगा तबतक उनकी आँखें नहीं खुलेंगी। भारतकी ओर इस समय सारा एशिया, यहाँ तक कि अफ्रिका भी नेतृत्वके लिये निहार रहा है। आशा है कि हमारे देशके सूत्रधार इस अवसर को हाथसे न जाने देंगे।

—:o:—



गिरमिट-युगकी एक गाथा

लेखकः—पाण्डेय बेचन शर्मा 'उग्र'

(१)

(घ)

रामशरणका बयान

भगवान इन आरकाटियोंकी कोढ़में खाज दे। इनकी नीचतासे मेरी बड़ी दुर्गति हुई। आया था अध्यापकी करने और जोतना पड़ा खेत। इतना भयंकर परिश्रम—इतनी मार और ऐसी दुर्गति। न जाने हम कुलियोंको किस पापके प्रायश्चितके लिये भगवानने जन्म दिया है। यह जानकी मेरे लिये सहारा हो गयी। उसीके सच्चे स्नेह और सेवाओंसे मेरा जीवन इस नरकमें भी स्वर्ग-सुख-पूर्ण है। केवल अब्दुल ही नहीं, न जाने कितने और कुलियोंने अनेक बार जानकीको कुमार्गमें प्रवृत करना चाहा पर मैं कहूँगा जानकी अवश्य वह एक कुलीन हिन्दू ललना कहलाने योग्य है। उसने सदैव अपने सतीत्वकी रक्षा की। हमारा ओवरसियर विवाहित था—लोग कहते हैं इसी कारण और भी जानकी बच गयी। हम लोग अपनी तनख्वाहमेंसे सब कुल खर्च कर लेने पर भी सात आठ रु० मासिक बचा लेते थे। बचता तो और भी पर काम पूरा न हो सकने के कारण जो जुर्माना देना पड़ता था उसके कारण नाकों दम था। गोविन्द (मेरे पुत्र) ने हमारे जीवनको और भी आनन्दमय कर दिया था। यद्यपि उसके कारण हमें कष्ट भी कम नहीं होते थे। जानकी जिस समय प्रचण्ड धूपमें उसे अपने हृदयसे लगाकर खेतोंमें काम करती थी वह दृश्य देखकर हृदय फट जाता था। पत्थर भी पिघल जाता था।

तीन वर्ष बीत गये—साथही उन थोड़े बहुत सुखोंकी इति भी हो गई। हमारे दुःखोंका भीषण रूप उसी दिनसे

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भीषणतर होने लगा जिस दिन मैं अन्य पन्द्रह कुलियोंके साथ कोठी पर भेजा गया। जानेके समयही मुझे यह सन्देह हुआ कि कहीं अब्दुल मेरी जानकीसे छेड़खानी न करे, पर करता क्या! गुलाम जब तक गुलाम है तब तक अपनी रक्षा कैसे कर सकता है? मुझे कोठी पर जानाही पड़ा। वहां हमसे गौ हत्या करनेके लिये कहा गया। मैं ब्राह्मण हूं—फिजीमें अध्यापकी करने आया हूं। फिर भी मुझे जघन्य काम करनेको कहा गया। मेरे अन्य साथियोंमें दस तो चमार थे तथा पांच मुसलमान। इन लोगोंको उक्त कार्य करनेमें कुछ भी आपत्ति न हुई। पर मेरे ब्राह्मणत्वने—पूर्वजोंके रक्तने—उस कार्यको करनेमें अपनी असमर्थता प्रकट की। मैंने साफ 'नाहीं' कर दी। कोठी वाला अंग्रेज पूरा राक्षस था। एक गुलामकी 'नाहीं' पर उसका क्रोध प्रज्वलित हो उठा। आज्ञा हुई। मेरे ऊपर मेरे ही साथियोंमेंसे पांच सातने डण्डे और लातोंकी वृष्टि आरम्भ कर दी। मुझे भरपेट कष्ट दिया गया—मैंने उसका अनुभव भी किया। पर विवश था, गौवधके लिये हाथ नहीं उठते थे। लाचार उन्होंने मुझे बेदम कर छोड़ दिया।

मेरे अन्य साथियोंने भोली-भाली गौओंकी गर्दनों पर छुरियाँ चलायी—दिन भरमें कई गायें गोरोंके पेटमें जानेके लिये कुर्बान हुईं। इसके बाद सभोंने रसोई बनाकर भोजन किया। मुझसे किसीने पूछा भी नहीं, फिर डेढ़ बजे रातको हमलोग एक अंग्रेजके साथ कुली लेन भेजे गये। सात-आठ मीलका रास्ता था। हमें अपनी कोठरियों तक पहुंचनेमें दो घण्टेसे कम नहीं लगा। आठ मील दो घण्टेमें। आपको आश्चर्य होना चाहिये। पर इसमें कोई आश्चर्यकी बात नहीं है। हमारा नेता—वह अंग्रेज—घोड़ेपर था। स्वच्छ उजली रात थी। उसीमें वह कोड़े मार मार कर हम लोगोंको अपने घोड़ेके बराबर चलनेके लिये विवश करता था। हमें चलना ही पड़ा।

अभी मेरी कोठी भी मुझसे २५ गजकी दूरी पर थी कि मैंने उसके भीतरसे कुछ झगड़नेकीसी बात सुनी। मैं झपटकर दरवाजे पर पहुंचा। द्वारमें एक छिद्र था उसीसे मैंने भीतर देखा—देखा क्या? जानकी किसीकी गर्दन दबाये हुए उसकी छातीपर दनादन चरण-प्रहार कर रही है। और वह "हाय, मरा—मुझे छोड़ दो—बख्श दो" इत्यादि चिल्ला रहा है। मैंने जान लिया चिल्लानेवाला जानवर अब्दुल था।

मेरी कण्ठध्वनि सुनकर जानकीने दरवाजा खोल दिया, पूछने पर सारा, रहस्य ज्ञात हुआ। ईश्वरकी दया हुई—अब्दुल नितान्त दुर्बल था नहीं तो जानकीकी दुर्दशा होनेमें क्या सन्देह था? मेरे द्वारपर अनेक कुलियोंकी भीड़ लग गयी! उस दिन अब्दुलको बहुतही लज्जित होना पड़ा।

इस घटनाके एक सप्ताह बाद हमारा वह नेक ओवरसियर बदल गया। उसके स्थानपर एक राक्षस प्रकृतिका हट्टाकट्टा नौजवान और अविवाहित अंग्रेज ओवरसियर हम लोगोंका सरपरस्त हुआ।

(ङ)

अब्दुलका बयान

गोकि मेरी खराब तन्दुरस्तीके लिये नया ओवरसियर बड़ाही खतरनाक था, फिर भी मेरे जैसे संग दिलके लिये वह बहुत ही अच्छा था। मैं तो अब मरनेही वाला हूं लेकिन इससे पहले एकबार रामशरनकी खराबी देखना चाहता हूं। अब मैं जानकीको भी नहीं चाहता। वह डायन है। ओह! उस दिन उसने मेरी बड़ी ही बेइज्जती की।

ओवरसियरका नाम था मि० किड। साहबने आते ही अपने करिश्मे दिखाने शुरू किये। हम लोगोंके सरदार (यह हम कुलियोंमेंसेही एक चुना हुआ आदमी होता है पर चुना जाता है कोठी वालों या ओवरसियरकी इच्छा से) की नाकमें दम हो गया। यह गोरा रोजही सरदारसे दो-एक औरतोंको किसी पोशीदा जगहमें काम करनेको भिजवाकर उनको बेहुर्मत किया करता, और अगर कोई उसकी मर्जीके खिलाफ अपनी इज्जत बचानेकी कोशिश करती तो वह (ओवरसियर) उसको बहुत तंग करता।

मैंने मनमें सोचा—"देखूं, अब जानकी कितने दिनों तक अपनेको पाक रखती है।" एक दिन साहब मेरे सामने ही सरदारसे कहने लगा—"वेल, आज टुम अपने कुली लेनका सबसे खूबशूरट औरटको लाओ।"

मैंने देखा मौका है। धीरेसे साहबसे कहने लगा—हुजूर, रामशरनकी बीबी जानकीही हमारी कुली लेनमें सब से ज्यादा हसीन है!"

साहब—Is it so? (ऐसी बात) टब शरदार उसको अभी लेके फील्डमें बेजो।"

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सरदारने जानकीको साहबके मुताबिक केलेके खेतमें भेज दिया। वह खड़ा खड़ा साहबको जानकीके बारेमें भर रहा था और कर रहा था रामशरनकी शिकायत। जानकी के आ जाने पर ओवरसियरने कहा—

"लड़का इडर फेको। खेटके बीचका केलेका कोई पट्टी निकालो।"

मुझे जान पड़ा कि जानकी सब बातें समझ गयी, वह बडीही मक्कार औरत थी। पर यहां पर उसकी समझदारीने उसकी कुछ भी मदद न की। उसने गोविन्दको खेतकी मेड़पर बैठा दिया और आप बड़े बड़े पत्तेवाले केलोंके खेतमें घुसी। उसने अभी अपना काम शुरूही किया था कि वह—किड—भी उसके पास पहुंचा और लगा छेड़-छाड़ करने। मैं सच कहता हूं—कभी तो वह जानकीसे किसी पत्तेको दिखाकर कहता कि "ईशको क्यों टोरटा नेई।" और जब वह उस पत्तेकी ओर देखने लगती तो उसको अपनी छड़ीसे खोदकर वह गोरा हँसने लगता और कभी उसकी ओर बड़ी बेशरमीसे घूरता। आखिरकार उसने जानकीका हाथ पकड़ लिया और उसपर अपनी मनशा जाहिर की। जानकी अपना हाथ छुड़ाने लगी। इसपर साहबको और भी हट हो गया। वह जानकीके तन परका कपड़ा खींच खींच कर फाड़ने और उसे बे पर्द करने लगा। वह करीब करीब नंगी हो गयी।

ठीक इसी वक्त रामशरन अपने हाथमें कुदाल लिये वहां पर आया। उसने देखा कि साहब उसकी औरतको तंग कर रहा है। वह फौरन उसके पास पहुंचा और डपट कर बोला—यह क्या करते हैं?

साहब—हट जाओ! शाला।

रामशरन—साहब, कहता हूं उसे छोड़ दीजिये नहीं तो ठीक न होगा।

साहबने भी देखा कि रंग ढंग अच्छे नहीं है। ऐसे मौकोंपर अक्सर ओवरसियरोंकी जान कुलियोंने ले ली है। उसने जानकीको छोड़ दिया।

अब रामशरन, जानकी और गोविन्दपर खूब सख्तियां होने लगी। ऐसा कोई दिन भी न जाता जिस दिन कि १०-२० कोड़े रामशरनकी पीठ पर न पड़ते। जानकीसे धूपमें इतनी सख्त मिहनत ली जाने लगी कि वह चारही पाँच दिनमें सूखकर कांटा हो गयी। अब वह गोविन्दको लेकर खेतोंमें नहीं जाने पाती थी। इसलिये दिन भर उसे (गोविन्दको) कुली लेनकी कोठरीमें कैद रहना पड़ता था। इधर चार पांच दिनसे मुझे जोरों का बुखार आता है इसलिये मैं कामपर नहीं जाता। वैसेही ओवरसियर मुझे कभी न छोड़ता पर मैंने खूब चापलूसी करके और किसी न किसी दिन जानकीको उसके हाथोंमें सौंपनेकी जबान देकर उसे अपने ऊपर खुश कर लिया है।

मैं अपने चौंथड़ेपर पड़ा पड़ा तड़प रहा था। सख्त गर्मी पड़ रही थी। दोपहरके दो बजे थे। इस वक्त मुझे रामशरनकी कोठरीसे किसीके रोनेकी आवाज सुनाई पड़ी। मैं समझ गया रोने वाला गोविन्द था। वह "मां! मां!!" पुकार कर चिल्ला रहा था। मैंने सोचा जरा झांक कर देखूँ गोविन्द क्या कर रहा है। इन्ही संदूकोंकी मददसे मैंने रामशरनकी कोठरीमें झांक कर देखा। उस समय गोविन्द रोते रोते थक कर चुप हो गया था। अपने बिछौनेपर बैठे बैठे पहले तो उस ढाई बरसके लड़केने कुछ देर तक सोचा कि क्या करना चाहिये, इसके बाद लड़खड़ाते लड़खड़ाते एक ओर झपटा। गोविन्द जिस जगह पर जाकर ठहरा वहां पर मैंने देखा कि मिट्टीके तेलकी एक ढिबरी और दियासलाईकी एक पेटी रखी थी। बच्चा इन चीजोंकी ओर देखकर किलकिलाकर हंसा। फिर ढिबरीको उठाया। गोविन्दके लिये वह पहाड़ थी, न सम्भल सकी। उसका तमाम कुर्ता मिट्टीके तेलसे भींग गया। ढिबरीकी बत्ती एक ओर गिर पड़ी और ढिबरी दूसरी ओर लुढ़कने लगी। बालकको जान पड़ता था —ढिबरीकी इस गुस्ताखीपर गुस्सा आया। उसने बत्ती वाले हिस्सेको अपने हाथमें लेकर ढिबरीमें डालना चाहा, पर अफसोस! उसकी ख्वाहिश पूरी न हो सकी।

अब गोविन्दकी नजर सलाईकी पेटी पर पड़ी। वह फिर हँसा। उसने ढिबरीको फेंक दिया और पेटीमेंसे एक सलाई निकाल कर बालनेकी कोशिश करने लगा। दो-चार बार हैरान करनेके बाद एकाएक सलाई जल उठी। बालक गोविन्दका हाथ सलाईकी गर्मी न बर्दास्त कर सका। उसने उसे अपने पूरे जोरसे फेंका—फिर भी वह गिरी उसके मिट्टीके तेलसे तर कपड़ेपर ही। कपड़ेमें आग लग गई और गोविन्द चिल्लाने लगा।

मैं उस वक्त बहुतही कमजोर हो गया था। फिर भी लड़केको बचानेके लिये दीवारपर चढ़नेकी कोशिश करने लगा। पर ज्योंही मैं दीवारपर चढ़ना चाहता था कि उसी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वक्त मुझे उस दिनकी वारदात याद आयी। ओह! बड़ी बेइज्जती हुई थी। जानकीने मुझे पचासों लातें जमाई थीं। फिर मैं क्यों बचाऊं? मरने दो काफिर को। आज बीबी-जीको रुलाकर बदला लूंगा। मैं रुक गया।

ठीक उसी वक्त दरवाजेके बाहर जानकीके चिल्लानेकी आवाज आयी। वह चिल्ला रही थी —

"मुझे छोड़ दो। हाय! हाय !! मेरा बच्चा जला जाता है! छोड़ दो! छोड़ दो !!"

मैंने फिर सुना—कोई कह रहा था—"तुम भागा क्यों?" जानकी बोली—

"खेतपर काम करते करते एकाएक मेरे मनमें अपने लाल—गोविन्द—को देखनेकी इच्छा हुई। यह इच्छा बड़ीही प्रबल थी। मैं अपनेको न रोक सकी और दौड़ पड़ी। साहब! मुझे भगवान्ने भेजा है। देखो वह जला जा रहा है। इस वक्त छोड़ दो! वह मरा—छोड़ दो हाथ जोड़ती हूँ।

मैंने झांक कर देखा ओवरसियरने जानकीको पकड़ रखा था। उसका घोड़ा एक ओर खड़ा यह लीला देख रहा था, और जमीनपर पड़ी चाभी बिना किसी मददके ताला खोलनेमें अपनी कमज़ोरी जाहिर कर रही थी। साहब उस वक्त ठीक वैसाही दीवाना बना था जिस तरह मैं उस रातको। उसने जानकीको अपनी ओर खींचते खींचते कहा—"अमरा बाट करो टब खोलने डेगा। नेई टो शाला कुट्टा को मर जाने डो।"

(च)

रामशरणका बयान

क्रोध—मुझे बड़ा भयंकर क्रोध आया। दुःख—मुझे इतना भीषण दुःख हुआ कि मैं उसका वर्णन नहीं कर सकता। मेरे मनमें, उस समय इतनी बातें उठ रही थीं कि मैं पागलसा हो गया था। एक बिचारके आते न आते दूसरी बात मनसे प्रकट हो जाती थी। यह सब क्यों हुआ, जानते हैं? मेरी सर्वस्व जानकीका सर्वस्व आज लुट गया। वह एक दम श्रीहत, मलिन-मुखी और खिन्न-हृदया हो गयी है।

ओवरसियरकी उस नीचताका वर्णन नहीं हो सकता। उसकी वह जघन्यता ऐसी थी जिसके कारण अंग्रेज जाति को कलंक लगता है। ओह! एक ओर बच्चा अग्निकी प्रचंड गर्मीसे तड़प रहा था और दूसरी ओर..... । नहीं कहूंगा; बड़ा क्रोध आता है। इच्छा होती है, उस गोरे चमड़ेवालेका वैसेही खून पी लूं जैसे कभी भीमने दुश्शासनका रक्त पान किया था। सर्वस्व लुट गया। मेरी अभागिनी जानकीका सर्वस्व लुट गया। अपने जिस धनकी रक्षा उसने इतने दिनों तक की थी उसे उस गोरेने, उस राक्षसने, लूटकर ही दम लिया। दुख तो इस बातका है कि उस समय यहाँ पर मैं क्यों नहीं हुआ। यदि मैं होता, भगवन् शपथ है तेरे पवित्र चरणोंकी—यदि मैं होता तो उस नरकके कुत्तेको बिना जानसे मारे कदापि न छोड़ता, पर हाय!

❀ ❀ ❀ ❀

खेतसे लौटनेपर मैंने अपने परिवारकी दुर्गति देखी। दूसरे पचासों कुलियोंने जिस समय मुझसे मेरी स्त्रीकी दुर्दशाका वर्णन करना आरम्भ किया उस समय मेरी चेतनाशक्ति लुप्त हो गयी। अब्दुल व्यंग भरे स्वरमें कहने लगा:—

"रामशरन, अगर आज मैं न होता तो तुम्हारे गोविन्दके मरनेमें कोइ शक नहीं था। एक ओर तुम्हारी बीबी पर आफत मच रही थी और दूसरी ओर कोठरीके भीतर गोविन्द निहायत दर्दनाक आवाजसे चिल्ला रहा था। मैं सोया था। एकाएक मेरी नींद टूटी तो बाहर आनेपर सारा तमाशा देखा। अपने सामने चाभी पड़ी देखकर मैंने पहले गोविन्दकोही बचाना मुनासिब समझा, पर रामशरन! आज तुम्हारी पतिबरताको तो साहबने खूब ठीक किया।"

अब्दुलकी एक एक बातसे यह प्रकट होता था कि वह मुझसे बदला चुका रहा है। मैं अधिक देरतक उसके सामने न ठहर सका। अपनी कोठरीमें चला आया।

यहाँकी दशा—हृदय फटा जाता है—कैसे कहूं। जानकी अपनी गोदमें गोविन्दको लिये बैठी थी और फूट फूटकर रो रही थी। गोविन्द बुरी तरहसे जल गया था। घड़ी दो घड़ीका मेहमान था। मैने धीरेसे पुकारा—"जानकी"

जानकी चुप रही। उसने गोविन्दको धीरेसे हृदयसे लगा लिया। अब मैं जानकीके और भी निकट पहुंचा। अपने हाथसे उसका मुख ऊपर उठाकर पूछा—

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

"जानकी बोलती क्यों नहीं हो ? इसमें तुम्हारा क्या अपराध है। फिजीमें अभागे कुलियोंकी ऐसीही दुर्गति हुआ करती है।"

जानकीने गोविन्दकी ओर देखकर कहा—

"जान पड़ता है यह बचेगा नहीं। डाक्टरके यहाँसे कोई लगानेकी दवा ले आओ।"

मैं डाक्टरके घरपर दवा लेने गया। उस समय रात्रि के आठ बजे थे। हमारा डाक्टर भी एक गोरा था। उसका बंगला—याने अस्पताल—कुली लेनसे कोई एक मीलपर था। बंगले पर पहुंचनेपर मालूम हुआ कि—"डाक्टर साहब इस वक्त भोजन कर रहे हैं। भोजन करने के बाद वे सोने जाते हैं। दवा लेना हो तो सुबह आना।" पर क्या सुबह तक मेरा गोविन्द जीवित रहेगा ? मैं कुली लेनको लौटा।

यह सब करते कराते रातको साढ़े नौ बजे मैं अपनी कोठरीके दरवाजे पर पहुंचा। देखता क्या हूं कि दर्वाजा भीतरसे बन्द है। पुकारा—"जानकी ! जानकी !!" पर उत्तर नहीं मिला। लाचार अब्दुलको पुकारा। अभी वह सोया नहीं था। उसीकी कोठरीसे अपनी कोठरीमें झांका, पर वहां घोर अन्धकार था। न जाने क्यों मेरा हृदय कांप उठा। मैं दीवार पर चढ़कर अपनी कोठरीमें कूद पड़ा। पर यह क्या ? कोठरीमें इतना पानी क्यों गिरा है ? मेरा तमाम पैर भीग गया।

कोठरीका दरवाजा खोलकर मैंने अब्दुलसे रोशनी मांगी। वह अपनी ढिबरी लेकर आया, उस क्षीण-दीपकके प्रकाशमें मैंने क्षीण नेत्रोंसे देखा कि मेरी क्षीणकाय जानकी अपने पेटमें एक बड़ासा घाव किये बेसुध पड़ी है। गोविन्द भी उसीके बगलमें मरा पड़ा है वहाँका यह दृश्य देखकर दुर्बल अब्दुल तो इतना डरा कि ढिबरीको चौखट-पर ही रखकर भागा, और मैं—खड़े खड़े ही बेहोश होकर धड़ामसे गिर पड़ा।

❀ ❀ ❀ ❀

बहुत देरके बाद मेरी मूर्छा टूटी, अभीतक ढिबरी अपनी क्षीण दृष्टिसे मेरी जानकीकी ओर देख रही थी, अभीतक जानकीकी आंखें मेरी ओर खुली थीं, और अभी तक गोविन्द मीठी नींदमें सोतासा जान पड़ता था।

मैंने उठकर देखा जानकीने गन्ना काटनेकी हंसियासे अपनी एहिक लीला समाप्त की थी। एक बार जीमें आया कि उसी हंसियेसे मैं भी अपनी गति बना लूं, फिर विचार हुआ कि पहले हरामज़ादे किडको समाप्त करके तब अपनी जान दूंगा। मैंने उस हंसियाका रक्त पोंछकर एक कोनेमें रख दिया और जानकीके शवको चूम चूम कर उसे अपने हृदयके टुकड़ों—आंसुओंसे नहलाने लगा। हाय !

(छ)

ब्राम्बो क्रानिकलसे—

गत १३ मईको फिजीके एक स्टेटमें रामशरण नामक किसी भारतीय कुलीने, अपने ओवरसियर मिस्टर किडकी, गन्ना काटनेकी हंसियासे हत्या कर डाली है, कारण है वही—ओवरसियरोंकी नीचता। हमारे संवाददाताका कहना है कि जानकी, रामशरणकी पत्नी थी। उसीके साथ एक दिन हत मि० किडने बालात्कार किया था, वह स्त्री बड़ी नेक थी। इस घटनासे उसे इतनी ग्लानि हुई कि उसने अपनी हत्या, गन्ना काटनेकी हंसियासे कर ली, दूसरे दिन उसके पति रामशरणने उसी हंसियासे उस ओवरसियरको इतनी चोटें दी कि वह मर कर ही रहा। रामशरण पकड़ा गया और उसे अधिकारियोंने फांसीकी आज्ञा दी है, विस्तृत विवरण शीघ्र ही भेजता हूं।" ❀ (समाप्त)

माँका आवाहन।

मैं आ गई महाशय, खोलो किवाड़ खोलो।
होकर नितान्त निर्भय, खोलो किवाड़ खोलो॥
जीवनके दीपका अब, सब तेल चुक गया है।
हो भी चला सबेरा, खोलो किवाड़ खोलो॥
जीवनके वर्ष सारे, तारोंमें छिप गये हैं।
नभ हो चुका है फीका, खोलो किवाड़ खोलो॥
सूखी दवातमेंसे, जीवनकी रोशनाई :
चलती न अब कलम है, खोलो किवाड़ खोलो॥
जो कुछ अवश्य होगा, उसमें है क्यों उदासी।
हँसकर मुझे लो घरमें, खोलो किवाड़ खोलो॥

—राजा राधिका रमण प्रसाद सिंह

❀ इस कहानीकी कोई भी घटना ऐसी नहीं है जिसे कि हम फिजीके लिये असम्भव कहें। आप 'प्रवासी भारत-वासी' पढ़े। उसमें इस कहानीकी प्रत्येक घटना कहीं न कहीं अवश्य दिखाई पड़ जायगी। —लेखक

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अमेरिकाको महर्षि अरविन्दका संदेश।

(१५ अगस्तके दिन श्रीमती पर्लबककी अध्यक्षता में श्री अरविन्द-जयन्ती मनानेके लिये न्यूयार्कमें एक सभाकी आयोजना हुई थी। उस सभाके आयोजकोंने अमेरिकाके लिये एक संदेशकी प्रार्थना की थी। संदेशमें श्रीअरविन्द बताते हैं कि उन्हें जो कहना है "वह समान रूपसे पूर्वके लिये भी संदेश हो सकता है"। वह संदेश हमें पोण्डिचेरीके श्री अरविन्द आश्रमसे "प्रवासी" में प्रकाशनार्थ मिला है और उसको हम अविकल नीचे देते हैं—सम्पादक)

पन्द्रवीं अगस्तके उपलक्ष्यमें पश्चिमके नाम संदेश भेजनेको मुझसे प्रार्थना की गई है परन्तु मुझे जो संदेश देना है वह समान रूपसे पूर्वको भी दिया जा सकता है। मानव परिवारके इन दो अंगोंके भेद वैषम्यकी विस्तृत चर्चा करने और यहां तक कि इन्हें एक दूसरेके विरोधमें खड़ा करनेकी आजकल प्रथा-सी पड़ गई है; परंतु मैं तो भेद-वैषम्यकी अपेक्षा अभेद-एकत्वकाही विशेषकर विस्तारसे वर्णन करना चाहूँगा। सच पूछिये तो पूर्व और पश्चिमके लोगोंकी एकही प्रकृति है, एकही भवितव्यता है, महत्तर पूर्णताके लिये एकसमान अभीप्सा है, अपनेसे उच्चतर किसी वस्तुके लिये एकसमान जिज्ञासा है,—किसी ऐसी वस्तुके लिये जिसकी ओर हम भीतरसे और बाहरसे भी अग्रसर हो रहे हैं। कुछ विचारकोंकी ऐसी प्रवृत्तिही हो गई है कि वे पूर्वकी आध्यात्मिकता या गुह्यवाद तथा पश्चिमके जड़वादपर दृष्टि गड़ाये रहते हैं; परंतु पश्चिममें भी आध्यात्मिक खोज एवं जिज्ञासा पूर्वसे कम नहीं रही है और चाहे ऋषि-मुनि तथा गुह्यदर्शी पूर्वकी भांति बहुतायतसे न हुए हों, पर वे हुए अवश्य हैं। दूसरी ओर पूर्वमें भी जड़वादात्मक प्रवृत्तियाँ रही हैं और भौतिक ऐश्वर्य-वैभव तथा जीवन, जड़तत्व एवं इहलोकके साथ पश्चिम सरीखे या तदभिन्न व्यवहार भी रहे हैं। पूर्व और पश्चिम में न्यूनाधिक निकट संपर्क और मेल-जोल सदाही रहा है, उन्होंने एक दूसरे पर प्रबल प्रभाव डाला है और आज तो निकटतर संपर्कके लिये विश्वप्रकृति तथा नियतिका अत्याधिक दबाव पड़ रहा है।

हमारे सामने आज आध्यात्मिक और भौतिक दोनों प्रकारकी एक ऐसी साझी आशा तथा एक ऐसी साझी भवितव्यता जगमगा रही है जिसके लिये दोनोंको मिलजुल... कर काम करनेकी जरुरत है। हमें अपना ध्यान पहलेकी तरह भेद-वैषम्य पर नहीं बल्कि मेल तथा ऐक्य और यहां तक कि एकत्व पर लगाना चाहिये, क्योंकि उस साझे आदर्श एवं अटल लक्ष्य तथा चरितार्थताको संपादित एवं साधित करनेके लिये इन्हीं चीजोंकी जरूरत है। उसी आदर्शके पथपर विश्वप्रकृतिने शुरु शुरुमें अधवत् कदम रखा था और उसीकी ओर वह आज अपने प्रारंभिक अज्ञानकी जगह उदीयमान वृद्धिशील ज्ञानकी ज्योति निरंतर धैर्यपूर्वक बढ़ रही है।

परंतु वह आदर्श और वह उद्देश क्या होगा? यह तो इस बात पर निर्भर है कि जीवनकी वास्तविकता तथा परम सद्वस्तुके संबंधमें हमरा बिचार क्या है।

यहां हमें यह ध्यानमें रखनेकी जरूरत है कि पूर्व और पश्चिमकी प्रवृत्तियोंमें कोई आत्यंनिक भेद नहीं है। वे केवल उत्तरोत्तर भिन्न भिन्न दिशाओंमें विकसित होती हुई हैं। सर्वोच्च सत्य है आत्माका सत्य। वह आत्मा विश्वातीत परम आत्मा होता हुआ भी संसारमें तथा सर्वभूतोंमें अन्तर्यामीरूपसे विद्यमान है। वह सबको धारण कर रहा तथा चेतनाके बिकास द्वारा उस उद्देश्य, लक्ष्य एवं चरितार्थताकी ओर को चल रहा है जो चरितार्थता प्रकृतिकी धुंधली अचेतन प्रारंभिक अवस्थाओंसे लेकर निरंतर उसका लक्ष्य रही है। वह परम आत्मा सत्ताका एक ऐसा सत्य है जो हमारे अस्तित्वके रहस्यका सूत्र हमें पकड़वा देता है और संसारको सार्थकता प्रदान करता है। पूर्वने नित्यनिरंतर तथा उत्तरोत्तर आत्माके परम सत्य परही अधिक अधिक बल दिया है; यहां तक कि इसने अपने ऐकांतिक दर्शन-शास्त्रोंमें जगत्को माया कहकर त्याग दिया है और आत्माको एकमात्र सद्वस्तु माना हैं। पश्चिमने सदा-सर्वदा अधिकाधिक अपना सारा बल संसारपर लगाया है अर्थात् हमारी भौतिक सत्ताके साथ मन तथा प्राणके व्यवहारोंपर ऐहिक प्रभुत्व पर, मन तथा प्राणकी पूर्णता और मानव प्राणीकी किसी न किसी प्रकारकी ऐहिक कृतार्थता पर। हालहीमें यह स्थिति पराकाष्ठाको पहुंच गई है और उसने आत्माका निषेध कर डाला है; यहां तक कि जड़प्रकृति

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

एकमात्र सद्वस्तुके रूपमें सिंहासनासीन कर दिया है। एक ओर तो आध्यात्मिक पूर्णताका अनन्य आदर्श और दूसरी ओर जातिकी पूर्णता, समाजकी पूर्णता तथा मानव मन एवं प्राणका और मनुष्यके भौतिक जीवनका पूर्ण विकासही भविष्यका महान्से महान् स्वप्न बन गया है। तथापि दोनोंही सत्य हैं और दोनोंही विश्वप्रकृतिमें आत्माके उद्देश्यके अंग समझे जा सकते हैं; ये एक दूसरेसे असंगत नहीं: असलमें आवश्यकता इस बातकी है कि इन्हें विषमतासे मुक्त कर अपनी भविष्य-दृष्टिमें समाविष्ट तथा समन्वित कर लिया जाय।

पश्चिमके विज्ञानने यह गवेषणा की है कि विकास इस जड़ जगत्में जीवन तथा उसकी प्रक्रियाका रहस्य है; परंतु इसने चेतनाके विकासकी अपेक्षा आकृति और उपजातियोंके विकास परही अधिक बल दिया है; यहाँ तक कि चेतनाको विकासके प्रयोजनका संपूर्ण मर्म नहीं वरन् दैवसंयोग माना है। पूर्वमें भी कुछ विचारकों तथा कतिपय दर्शनों एवं धर्मशास्त्रोंने विकासका सिद्धांत स्वीकार किया है, परंतु वहाँ इसका अभिप्राय है आत्माका विकास अर्थात् व्यक्तिके विकसनशील तथा क्रमिक रूपों और अनेक जन्मोंमेंसे गुजरते हुए आत्माका अपने सर्वोच्च सत्य स्वरूपमें विकसित होना। क्योंकि यदि आकारके भीतर कोई चेतन सत्ता है तो वह सत्ता चेतनाका अस्थायी दृग्विषय नहीं हो सकती; वह एक ऐसी आत्मा होनी चाहिये जो अपनेको चरितार्थ कर रही है और वह चरितार्थता तभी संपन्न हो सकती है यदि आत्मा अनेकानेक क्रमागत जन्मों तथा नाना क्रमिक शरीरोंमें फिर फिर पृथ्वी पर प्रकट हो।

अब तक विकासकी प्रक्रिया यही रही है कि अचेतन जड़प्रकृतिसे तथा उसमें पहले अवचेतनका और सचेतन प्राणका उद्भव और फिर सचेतन मन का विकास-प्रथमतः पशुके जीवनमें और फिर सचेतन तथा विचारशील मानवमें, जो मानव विकासात्मिका प्रकृतिकी सर्वोच्च वर्तमान उपलब्धि है। मनोमय प्राणीका सर्जन इस समय प्रकृतिका परमोच्च कार्य है और इसेही उसका अंतिम कार्य समझनेकी ओर विचारकोंकी प्रवृत्ति दीख पड़ती है; परंतु इससे आगे विकासके एक ओर कदमकी भी कल्पनाकी जा सकती है; प्रकृतिके सामने यह लक्ष्य भी हो सकता है कि वह मनुष्यके अपूर्ण मनसे परेकी एक ऐसी चेतनाका विकास करे जो मनके अज्ञानका अतिक्रमकर सत्यको अपने जन्मसिद्ध अधिकार एवं स्वभावके रूपमें धारण करे। निःसंदेह, एक ऐसी परमोच्च चेतनाका भी अस्तित्व है जिसे वेदमें ऋत-चेतना कहा गया है और जिसे मैंने अतिमानसका नाम दिया है। उसमें परम ज्ञान अन्तर्निहित है और न तो उसे इसकी खोज करनी पड़ती है और न ही इससे बार बार चूक जानेकी कोई बात उपस्थित होती है। एक उपनिषद्में कहा गया है कि मनोमय पुरुषसे अगला और उपरला सोपान है विज्ञानमय जीव; उसीमें आत्माको आरोहण करना है और उसीके द्वारा इसे आध्यात्मिक सत्ताका पूर्ण आनंद उपलब्ध करना है। यदि इहलोकमें विश्वप्रकृतिके अगले विकारा-सोपानके रूपमें विज्ञानमय स्तरकी उपलब्धि हो सके तो प्रकृतिका उद्देश्य चरितार्थ हो जायगा और हम इस लोकमें भी जीवनकी पूर्णता तथा इस शरीरमें भी या संभवतः पूर्णताप्राप्त शरीरमें पूर्ण आध्यात्मिक जीवनकी प्राप्तिकी कल्पनाको हृदयंगम कर सकेंगे। यहां तक कि हम पृथ्वी पर दिव्य जीवनकी प्रतिष्ठाकी चर्चा कर सकेंगे और पूर्णताकी संभावनाका हमारा मानवी स्वप्न सिद्ध हो जायगा। इसके साथही पृथ्वी पर स्वर्गको प्रतिष्ठित करनेकी हमारी वह अभीप्सा भी पूरी हो जायगी जो अनेक धर्मों तथा आध्यात्मिक ऋषियों एवं मनीषियोंमें समान रूपसे पाई जाती है।

मानव जीवका परम आत्माकी ओर आरोहणही जीवका सर्वोच्च लक्ष्य एवं ध्रुव नियति है, क्योंकि वह परम आत्माही सर्वोच्च सद्वस्तु है; परंतु आत्मा तथा उसकी शक्तियोंका इस जगत्में अवतरण भी हो सकता है और वह जड़ जगत्के अस्तित्वको उचित सिद्ध करेगा तथा सृष्टिको सार्थकता प्रदान कर उसका दिव्य प्रयोजन प्रकाशित करेगा और उसकी गुत्थी सुलझा देगा। इस अत्युच्च और अति महत् आदर्शके अनुसरणमें पूर्व और पश्चिमका समन्वय किया जा सकता है, आत्मा जड़ प्रकृति का आलिंगन कर सकती है और प्रकृति आत्माके अन्तर्गत अपने निजी सत्य स्वरूपकी तथा वस्तुमात्रमें निगूढ़ सद्वस्तुकी उपलब्धि कर सकती है।



CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रवासी भारतीयोंके प्रति हमारा कर्त्तव्य ।

लेखक: श्री कुँवर चाँद करणजी शारदा, बी. ए., एल. एल बी.

मैंने जबसे होश संभाला तबसे प्रवासी भारतीयोंके प्रति मेरी पूर्ण सहानुभूति रही है। मैं तीस लाख प्रवासी भारतीयोंके प्रश्नको सदा भारतीय राजनीतिमें महत्वपूर्ण समझता रहा हूँ। और जो कुछ अत्यल्प सेवा मुझसे बनती है वह कर देता हूँ। द्वितीय प्रवासी परिषद अजमेरका सभापति होनेके बाद प्रवासी भारतीयोंके दुःखोंका अन्त करनेके लिये मैं प्रयत्न करता रहा हूँ। मुझे दुःख है कि भारतके स्वतंत्र होनेपर भी हम प्रवासी भाइयोंके दुःख दूर न कर सके, बल्कि मैं तो यह कहूँगा कि उन बेचारोंके संकट और भी अधिक, नित्य नये, बढ़ते जाते हैं, और उनकी दशापर चार आंसू भी बहानेके लिये हमारे नेताओंके पास समय नहीं है। स्वतंत्र भारतमें हम अपने प्रवासी भारतीयोंको बसा नहीं सके। हमारी सरकारकी नीति यह रही है कि किसी भी देशमें रंग और जातिके कारण मनुष्योंके साथ भेद-भाव न हो। हमारी सरकार तो इतनी उदार है कि वह प्रवासी भारतीयोंको यही उपदेश देती रहती है कि वे यथासंभव जिस देशमें बस गये हैं उस देशके रहन-सहन और हितोंके अनुरूप कार्य करके वहाँके राष्ट्रीय जीवनमें अग्रभाग लें परन्तु भारत सरकारकी और राष्ट्र संघके मानव अधिकारोंके घोषणा-पत्रोंकी और उच्चसिद्धान्तोंकी पश्चिमी सभ्यता वाले गोरे कब परवाह करते हैं। वे तो राष्ट्र संघके प्रस्तावको कार्यरूपमें परिणत करनेके लिये भी तैयार नहीं हैं। डा० मलानने स्पष्ट घोषण कर दी है कि दक्षिण अफ्रीकामें निवास करने वाले सभी भारतीयोंको वापिस भारत भेजा जावेगा। हमारे भारतीयोंको वहां रहने वाले गोरोंसे पृथक रहना पड़ता है और अब दक्षिण अफ्रिकाकी सरकार उनको वहाँके मूलनिवासियोंसे भी अलग बसानेपर कटिबद्ध है। भारत सरकार अपने पड़ोसी राष्ट्रोंके प्रति सदा मैत्रीभाव रखती है और सदैव उनके दृष्टिकोणका आदर करती है परन्तु निर्बलकी उच्च भावनाकी बातें भी कोई नहीं सुनता। और हमारी सरकारको केवल प्रतिवाद भेज कर चुप रहना पड़ता है। तुलसी दासजीने ठीकही कहा है कि "भय बिन होत न प्रीति"। हिन्देशियामें हालैण्ड वालोंने वहाँके निवासियोंके साथ प्रवासी भारतीयोंपर अनेक अत्याचार कर रखे हैं। वहाँके डच फौजी अधिकारी भारतीयोंपर अत्याचार करते हुये नहीं घबराते। मलायामें भारतीयोंपर भी बहुत आतंक बैठाया जा रहा है। ट्रेड यूनीयनके दो भारतीय नेताओंको प्राण-दण्डकी सजा दी जा चुकी है। श्री गणपतिजीको फाँसी लग भी चुकी है।

लेखक
SHRI
Chandkaran Sarda

लंका सरकारने भारतीयोंपर अनेक बन्धन लगा दिये हैं और भारतीयों द्वारा अपने भारतस्थित संबन्धियोंको भेजे जानेवाले रुपयोंमें लंका सरकारने बहुत कमी कर दी है। वहां भारतीय व्यापारियोंके लाइसेन्स आधेही कर दिये गये हैं। बर्मामें भारतीयोंको सरकारी नौकरियोंसे पृथक किया जा रहा है। पूर्वी अफ्रीकामें इमीग्रेशन नियम कठोरतासे लागू किये जा रहे हैं। मोरीशसमें भारतीयोंकी सरकारी नौकरियोंमें बहुतही कम हैं। नई धारा सभामें केवल ११ भारतीय हैं। जब कि वहांपर ७५ प्रतिशत से संख्या भारतीयोंकी है। ब्रिटीश वेस्ट इंडीजमें भी भारतीयोंकी दशा शोचनीय है।

दक्षिण अफ्रीकाके प्रवासी भारतीयोंके विरुद्ध हबशियोंको भड़काकर डा० मलानकी गोरी सरकारने गत जनवरीमें दंगा कराया जिसके फलस्वरूप सैंकड़ों मनुष्योंकी जानें गयीं और हजारों भारतीयोंका सर्वस्व लुट गया। हमारे सामने प्रश्न यह है कि हम स्वतंत्र भारतके नागरिक होकर अपने ३० लाख प्रवासी भारतीयोंकी दशा कैसे सुधारें। बहुतसे भाई तो निराश और उदासीन होकर चुप बैठ जाते हैं परन्तु मैं इन लोगोंमेंसे हूँ जो ३० लाख प्रवासी भारतीयोंके प्रश्नको महत्व पूर्ण समझते हैं। और रंगभेद करनेवालोंको बहुत नीच मानते हैं। भारतीय युवकोंको मेरा यही संदेश है कि आप यह कभी न भूलें कि स्वतंत्रता

CC-0. Prof. Satya Vrat Shastri Collection, Haridwar.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्राप्तिमें हजारों-लाखों सिर कटते हैं और वसुन्धराको वेही वीर भोगते हैं जिनके वक्षस्थलमें बल है। यह संसार कायरों के लिये नहीं है, अतः हमें क्षात्र तेज जागृत करना चाहिये। हमने मुग़लोंको उड़ाया। अंग्रेजोंको भगाया। क्या अब डा० मलान जैसे म्लेच्छोंके दिमाग ठिकाने नहीं ला सकेंगे? हमें केवल ईश्वर विश्वास और आत्म गौरव जागृत करनेकी आवश्यकता है। प्रिय प्रवासी भाइयों, आपकी घनघोर गर्जनामें निहित स्वतंत्र सन्देशको संसार सुनेगा और जगत गुरु भारतके चरणोंमें शीश नवायेगा। भारत निश्चयही एशियाके पद्दलित भाइयोंका नेतृत्व ग्रहण करेगा और गोरे युरोपियनों द्वारा शासित हमारे उपनिवेशोंमें विजय प्राप्तकर भारत माताका मुख उज्वल करेगा। प्रिय भारतीय युवकों, आपने खड्गकी नौकसे वह विद्युत् प्रकाश जगमगाओ और दिग् दिगान्तमें महर्षि दयानन्दका यह महामंत्र प्रत्येक भारतीयके हृदयमें फूंकों कि हमारे पूर्वज सारे संसारके विजेता और सारे संसार में उपनिवेश बसाने वाले थे। ये सब उपनिवेश जिनमें हमारे प्रवासी भारतवासी रहते हैं वे हमारे हैं। हमारेही बसाये हुवे हैं। और अब भी इतनी समृद्धि और उन्नति हमारेही भारतीय श्रम और धनसे हुई है। अतः हम इन उपनिवेशोंमें हमारे भाइयोंका अपमान कदापि सहन नहीं करेंगे। और तन मन धनसे प्रवासी भारतीयोंकी सहायता करेंगे।

प्रवासी भाइयोंमें प्रचारकी आवश्यकता।

लेखक: श्री डाक्टर सूर्यदेव शर्मा, साहित्यालंकार, सिद्धांन्त-शास्त्री, एम. ए. (त्रय), एल. टी., डी. लिट्.

"प्रवासी" के पाठकोंको गत अंकसे पहले ज्ञात होही चुका है कि "प्रवासी" के संचालक तथा संपादक, प्रवासियोंके परम हितैषी, परम श्रद्धेय श्री स्वामी भवानी दयालजी संन्यासी (जिनको मैं अपने गुरुतुल्य पूज्य मानता हूँ) गत कई माससे रुग्णशय्या पर हैं, फिर भी उन्हें प्रवासी भाइयोंके लिये कितना अगाध प्रेम है, प्रवासियोंके लिए उनके हृदयमें कितनी समवेदना है, वह उनके उस पत्र से प्रकट होती है जो उन्होंने गत सप्ताह "प्रवासी" के लिए लेख लिखनेकी प्रेरणा करते हुए मुझे लिखा है। यद्यपि मैं विद्यार्थी कालसेही प्रवासी भाइयों की समस्याओंमें रुचि रखता रहा हूँ, दक्षिण अफ्रिका, मारिशस, डच गायना, ब्रिटिश गायना, फिजी आदि उपनिवेशोंके प्रवासी भाइयोंसे मेरा पत्र व्यवहार तथा सम्बन्ध भी रहा है और इनमें कई स्थानों पर हमारी भारतवर्षीय आर्य कुमार परिषदकी धार्मिक परीक्षाओंके (जिनका कि मैं परीक्षा मंत्री भी हूँ) केन्द्र स्थापित हैं तथा मारिशस द्वीपकी आर्य प्रतिनिधि सभाने, आर्य सार्वदेशिक सभाके लिए मुझे अपना प्रतिनिधि भी चुना हुआ है; तौ भी मैं अपनेको प्रवासी समस्यापर कोई लेख लिखनेका अधिकारी नहीं समझता, क्योंकि कभी मैंने भारतसे बाहर जाकर प्रवासी भाइयोंमें रहनेका और उनके सुख-दुःखका अनुभव करनेका स्वयं सौभाग्य प्राप्त नहीं किया है। लेकिन अपने प्रवासी भाइयोंके हितमें मैं अपने देश भाइयोंसे कुछ प्रार्थना करनेका अधिकार तो अवश्य रखता हूँ।

हमारे प्रवासी भाई जिन परिस्थितियोंमें भारतसे बाहर जाकर उन उपनिवेशोंमें आबाद हुए, जिन आर्थिक कठिनाइयोंका उन्हें सामना करना पड़ा तथा जिन कठिनाइयोंमें वे अब गुजर रहे हैं, उन सबपर प्रकाश न डालते हुए मैं केवल एक बातकी ओर अपने भारतीय भाइयोंका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ, और वह ऐसी बात है जिसका महत्व मेरी दृष्टिमें अन्य सब बातोंसे बढ़कर है और वह है उपनिवेशोंमें भारतीय संस्कृतिका ह्रास। आर्थिक कठिनाइयोंको तथा अन्य समस्याओंको हमारे प्रवासी भाइयोंने बड़ी वीरता और साहससे पार किया और कर रहे हैं। अब भी वे भारतीय संस्कृति और धर्मसे अगाध प्रेम रखते हैं, परन्तु यदि उनमें भारतीय संस्कृतिके प्रचारक और उपदेशक नहीं पहुँचेंगे तो वे अपने धर्म, कर्म, भाषा, वेश, संस्कृति और सभ्यताको बिलकुल

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भूल जावेंगे, फिर उनके अदर न भारतीयताका मान रहेगा और न भारतीय संस्कृतिके लिए गौरव। फिर तो उनकी वही दशा हो जावेगी जिसकी ओर मनुमहाराजने प्राचीन भारतकी इसी प्रकारकी एक घटनाकी ओर संकेत करते हुए लिखा है :—

शनकैस्तु कियालोपादिमाः क्षत्रियजातयः।
वृषलत्वंगता लोके ब्राह्मणादर्शनेन च॥

अर्थात् अनेक क्षत्रिय जातियाँ जो पुरातनकालमें भारतसे जाकर अन्य देशोंके प्रवासी हो गईं थीं वे वहाँ ब्राह्मणों (उपदेशकों) के भारतसे न पहुँचनेके कारण अपने धर्म और संस्कृतिसे पतित हो गईं। यही दशा हमारी असावधानतासे भारतीय उपदेशकोंके वहाँ न पहुँचनेसे अब हो जावेगी। इतिहास अपने आपको दुहराता है और यह घटना भी भारतीय प्रवासियोंके इतिहासमें दोहराई जावेगी, इसमें सन्देह नहीं।

जब पन्द्रह अगस्त १९४७ से भारत स्वतंत्र हो गया है तो भारतका गौरव और मान विदेशोंकी दृष्टिमें पूर्वापेक्षा बहुत बढ़ गया है। सन् १९४७ तक तो जो भारतीय प्रचारक अपने धर्म और संस्कृतिकी महत्ता पर व्याख्यान देने उपनिवेशों अथवा विदेशोंमें जाया करते थे उनका मान विदेशियोंकी दृष्टिमें बहुत कम था। विदेशी लोग समझते थे कि गुलामोंका भी क्या कोई धर्म होता है ? वे हमारे उपदेशकोंको हीनदृष्टिसे देखते थे ऐसी दशामें उपदेशकोंको बाहर वे सब सुविधाएँ भी प्राप्त नहीं होती थीं जो उन्हें होनी चाहिए थीं, लेकिन अब ज़माना बदल गया है। अब हमारे उपदेशक एक स्वतंत्र देशके उपदेशक होकर बाहर जावेंगे और विदेशी लोग भी अब उनको बराबरीका दर्जा देकर उनका मान और सत्कार करेंगे तथा उनके उपदेशोंको ध्यानसे सुनेंगे। साथही हमारे प्रवासी भाई भी सिर उठाकर गौरवके साथ कह सकेंगे कि यह हमारे स्वतंत्र देश भारतके उपदेशक हैं इस लिए जितना अच्छा अवसर धर्म प्रचारका विदेशों और उपनिवेशोंमें इस समय है वैसा कभी नहीं रहा होगा। इस समय भारतीय राजदूत भी उपनिवेशोंमें भारतीय संस्कृतिके प्रचारमें हमारे सहायकही सिद्ध होंगे।

पिछले वर्षोंमें सार्वदेशिक सभाने तथा कुछ अन्य संस्थाओंने भी अपने उपदेशक धर्म प्रचारार्थ उपनिवेशोंमें भेजे लेकिन हमारे अनेक वीर साहसी उपदेशक तो अपनी ओरसे स्वयंही कई बार विदेशोंमें धर्म प्रचारार्थ गये और अनेक कष्ट सहकर भी उन्होंने वहां प्रचार किया, उसीका यह फल है कि आज उन उपनिवेशोंमें अनेक आर्य समाजें, पाठशालाएँ, स्कूल आदि अनेक भारतीय संस्थाएँ काम कर रही हैं, जिन्होंने वहां भारतीयताकी ज्योतिको जगाये रक्खा है। लेकिन अब वहां ईसाइयोंके प्रचारका जोर अधिक बढ़ जानेसे भारतीय संस्कृति और धर्मका ह्रास शीघ्रतासे होता जा रहा है। हमारे अनेक हिन्दू भाई ईसाइयोंके चँगुलमें फँसकर अपने भारतीय भाषा भावको भी भूलते जा रहे हैं। उनकी रक्षा करना हमारा परम कर्तव्य है। भारतमें तो इस समय हिन्दू संस्कृतिकी रक्षाके लिये राष्ट्रिय स्वयं सेवक संघ भी काम कर रहा है, आर्य (हिन्दू) सेवक संघ प्रयत्न कर रहा है और इसी वैदिक संस्कृतिकी रक्षाके लिए ऋषि दयानंद द्वारा स्थापित आर्य्य समाजने तो पिछले ७० वर्षसे अपने धन-जनकी बाजी लगा रक्खी है, हिन्दू महासभा भी यही दावा करती है। भारतमें तो हिन्दू बहुमत है ही और हिन्दू संस्कृतिका प्रचार भी है यहां तो हिन्दू संस्कृतिके प्रचारके लिए कितनी संस्थाएँ इतने जोरसे काम करें और उपनिवेशोंमें जहां हमारे प्रवासी भाई अपनी संस्कृति और धर्मके सम्बन्धमें कुछ सुननेको निरंतर तरसते रहें वहां कोई प्रचारक भारतसे न पहुँचें, यह कैसी विधिकी विडम्बना है ? कैसा उपहासास्पद बात है ?

अतः मैं उपरोक्त संस्थाओंके कर्णधारोंसे तथा ऐसी किसी भी अन्य संस्था और भारतीय भाई बहिनोंसे जिनके हृदयमें अपनी संस्कृतिके लिए कुछ भी प्रेम है, जोरदार शब्दोंमें अपील करूँगा कि वे अपने उन प्रवासी भाइयोंकी सुध लें जो लाखोंकी संख्यामें अपनी प्यारी भारतमाताके गोदसे विछुड़कर सहस्त्रों मीलकी दूरी पर पड़े हुये हैं। भारतीयताके नामको अब भी जीवित रख रहे हैं और भारतकी ओर उत्सुक नेत्रोंसे निहार रहे हैं कि भारत माताके सपूत कब अपने इन विछुड़े भाइयोंकी सुध लेंगे। अतः भारतके नवयुवक विद्वान् जिन्होंने वैदिक धर्म और भारतीय संस्कृतिका अच्छा ज्ञान प्राप्त किया हो और जिनमें हिन्दू धर्म और संस्कृतिकी रक्षाके लिये दिल में तड़प हो, जिनकी भाषण शक्ति अच्छी हो वे अपनेको प्रवासी भाइयोंकी सेवाके लिये अर्पण कर दें और भारतसे बहर जाकर भारतीय संस्कृति और धर्मका प्रचार करें, साम्प्रदायिकताका नहीं, सच्चे मानव धर्मका और जगहितकारिणी वैदिक संस्कृतिका। जो धनवान् हैं वे अपना धन इस शुभ

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कार्यके लिये अर्पण कर दें और अपने प्रवासी भाइयोंकी संस्कृति और धर्मकी रक्षा करनेका यश और पुण्य प्राप्त करें। हम सब एक स्वरमें कहें :—

भारतसे जा बसे कहीं जो वे सब अपने प्यारे हैं।
भारत माँके पूत प्रवासी भाई बन्धु हमारे हैं॥
सब विधि उनकी रक्षा करना शुभ कर्तव्य हमारा है।
तनसे, मनसे, धन साधनसे, उनका करें सहारा है॥

"सूर्य"।

सम्पादक की डाक

राजा महेन्द्रप्रतापका पत्र॥

श्री सम्पादकजी, सप्रेम नमस्ते !

जब मैं वृन्दाबनसे मिरजापुरके लिये जाने लगा तो २१ तारीखको "प्रवासी" का वह अगस्त अंक देखा जिसमें आपके दरबारके मसखरे रमता योगीने फिर कुछ मुझे गालियाँ सुनाई हैं। दुःख हुआ। इस लिये नहीं कि मुझे बुरा भला बका गया वरन इसलिये कि आपके साथ भी ऐसे व्यक्ति हैं जो अंग्रेजी गुलामीका सबूत देते हैं। इसी प्रकारकी भावनाओंने हमको सन १९१४–१८ में स्वतंत्र नहीं होने दिया। और ऐसे ही कुछ विचारोंके कारण यह देश सन १९४०–४५ में क्रान्ति नहीं कर सका। और आज भी हम जो अंग्रेजोंकी पूंछमें बँधे हुए हैं वह भी ऐसेही अंग्रेजी चेलोंकी करतूतोंसे हैं। दे सकते हैं यह गाली, जब अभी इनकी सरकार है। पर मेरा विश्वास है कि वह दिन अब दूर नहीं जब यहां क्रान्ति होगी ही। और देशकी सफाई होगी। इस महान जातिकी शुद्धि होगी !! — प्रश्न केवल इतना है कि वह क्रान्ति लाल होती है या हरी पीली-आर्यानी ? इतना मैं कह सकता हूँ कि यदि मेरे कार्यक्रमके अनुसार क्रान्ति हुई तो पंडित, राजा, और सेठ बच जायेंगे, मन्दिर मस्जिद गुरुद्वारे रह जायेंगे और साथ ही ग्रामोंमें स्वराज होगा, मजूर सम्पति में भागीदार बनेगा और हमारे विद्यालय भाईचारेकी समाजकी रचना करेंगे। हम लाल रूस और पीली चीनसे भी घनिष्ट सम्बन्ध स्थापित कर सकेंगे।

जैसे हिन्दू धर्म है, इस्लाम दीन है, ठीक उसी प्रकार अंग्रेजी धर्म है। वह ईसाई धर्म नहीं। वह डिमौक्रेसीका दीन, अंग्रेज़ी चुनावका दीन। बहुत झूंठ सच बकनेका दीन। यह अंग्रेज़ी धर्मधारी आज बड़ी ऊँची चौकियों पर बैठे हैं। कहते कुछ हैं, करते कुछ। कहनेको महात्मा गांधीजीकी अहिंसाको माननेवाले हैं पर मजूर या विद्यार्थियों पर गोली चलवा देते हैं !

जब तक इस अंग्रेज़ी धर्मके अनुयायियोंकी पोल नहीं खोली जायगी देशको पूर्ण स्वतंत्रता प्राप्तही नहीं हो सकती। यह जो अंग्रेज़ी धर्म वाले हैं इनको अपने गुरुओंकी सब बातें अच्छी लगती हैं। इनको अपने स्वामीसे पक्की भक्ति है। यह लन्दनकी सेवकाई कैसे छोड़ सकते हैं ?

हम इनको या किसीको गाली नहीं देते। हम जानते हैं कि यह उन कारणोंके कुफल हैं जिनपर इनका कोई अधिकार न था। यदि वर्षासे कपड़ा गीला हो जाता है तो हम उस कपड़ेको दोषी नहीं ठहरा सकते। एतिहासिक घटनाओंका स्वभाविक प्रभाव पड़ता है। पड़ा और पड़ता रहेगा।

इस देशमें ब्राह्मण आये। उन्होंने अपना आर्य धर्म फैलाया। बुद्ध भगवान जन्मे। प्रचार किया। उन्होंने ब्राह्मणोंकी प्रभुताई मिटाई। शकराचार्य उत्पन्न हुए। उन्होंने बुद्ध धर्मकोही उखाड़ फैंका। अरब आये उन्होंने इस्लामकी शिक्षा दी। अन्तमें अंग्रेज़ आये। उन्होंने हमें खूब मारा पीटा, गदा, हमको डिमौक्रेसी सिखाई।

जहां हमारा जोर चला हमने भी अपने खूब हाथ साफ किये। चमारको पीटा और उससे बेगार ली। पर वाह रे चमार तू फिर भी हाथ जोड़के कहता है, महाराज ! मैं हिन्दू हूँ। और वाह रे, हमारे अंग्रेज़ी चेले, तू भी कहता है, कि तू देशमें अंग्रेज़ी धर्म फैला रहा है। डिमौक्रेसीके गीत गाता है। जरमनी जापानको कोसता रहा है और लाल रूसको गाली देता है। तुझे भी पीटा गया। जेलोंमें बन्द किया गया। तू हमारे चमार भाईसे भी बढ़ गया। तू जगत हंसाई करा रहा है। अंग्रेज़ी उपनिवेशको पूर्ण स्वतंत्रता बता रहा है। तू झूंठ बोलता है और देशवासियोंको धोका देता है।

जी नहीं, यह आजादी नहीं है। यह अभी उन्हीं अंग्रेज़ों की दुकानदारी है जो यहां सौ वर्षसे भी अधिक राज करते रहे हैं। हमारे नेता, जिनको हमारे नेता कहते हैं, यह अंग्रेज़ोंके

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गुमाश्ते हैं। इन्होंने समझौतेसे गद्दी प्राप्त की है। यदि इनकी तूती बजती रही तो कदापि आजादी, सच्ची स्वतंत्रता, नहीं मिल सकती। यह तो अंग्रेज़ी धर्मको यहाँ और पक्का करने में लगे हुए हैं।

इनसे आप शास्त्रार्थ कर लीजिये। यह अपने लन्दनी गुरुओंका प्रमाण देंगे और सिद्ध कर दिखायेंगे कि इनका प्रत्येक वाक्य वेद शब्द है। यह यूं, ईश्वरकी भी हंसी उड़ा सकते हैं। इनका ईश्वर वह नहीं जिसे सच्चे हिन्दू मुसलमान पूजते है। इनका ईश्वर तो 'सिम्बल' है, निशान है, चिन्ह है, उसीको मूर्खजन साधारण पादशाह कहते हैं। यह देशी राजा, महाराजा और नवाबोंको तो मिटा सकते हैं पर अंग्रेज़ी महाराजाकी जड़ें पक्की करते हैं। यह "नौ मुस्लिम" की भांति अरबी मुसलमानोंसे भी बढ़ गये। और अंग्रेज़ी कुत्ते भौंक रहे हैं। यह कुत्ते देश सेवकोंको काटने दौड़ते हैं। बेचारे सच्चे कांग्रेसी, सच्चे हिन्दू और सच्चे मुसलमान, सच्चे सिख, सच्चे देशभक्त पीसे जा रहे हैं। उनके पीछे कुत्ते दौड़ाये जा रहे हैं। उनको कहीं कहीं कम्युनिस्ट बताया जा रहा है, अथवा उपद्रवी कहकर बन्द किया जा रहा है।

कुत्तेशाहीकी बन पड़ी है। दुःख यह है कि जो हमारे नेताओं में सच्चे शुद्ध देश-हितकारी हैं ऐसे जकड़े गये हैं कि अब वह हिल नहीं सकते। उनको भी कुत्तोंसे भय लगता है। कहते ना कहते कुछ नहीं बनता, करें तो क्या करें ? उनकी हमारे साथ सहानुभूति है परन्तु वे अपने ही कर्मचारियोंसे डरते हैं।

देशकी बुरी दशा है। जनतामें असन्तोष बढ़ता जाता है। इलाज करने के स्थान रोग बढ़ाया जा रहा है। जबतक उन समस्त संस्थाओंकी शुद्धि नहीं होगी जो राजकाज चला रही हैं, रोग दूर नहीं होगा वे अंग्रेजी धर्मधारी जिन्होंने वर्षों अंग्रेजोंकी पूजा की है वे तो रोग को बढ़ावेंगे ही।

राजकाज चलानेमें सेना, पुलिस और राज कर्मचारी अधिक योग देते हैं। यूं तो प्रत्येक जनसाधारण पर भी राजका भार रहता है। प्रत्येक व्यक्ति राजका सहायक होता है। और राजको बिगाड़नेवाला भी बन सकता है। जी हां, सबकोही अच्छा नागरिक बनना चाहिये। पर जब राजाही चोरी करे, बेईमानी करे तो न्याय कैसे हो ? आज शीघ्र सेना, पुलिस और राज कर्मचारियोंसे अंग्रेजी धर्म निकाल फैंकना है॥

सेनाके एक अफसर बोले: "हमारा धर्म तो सरकार भक्ति है।" वाहरे अंग्रेजी चेले ! खूब कही बात। कौनसी सरकार, कैसी सरकार ? यह आपको क्यों पूछना था ? यही बात तो आपको सिखाई गई और इसी प्रकार तो अंग्रेज़ने यहां राज्य किया। पुलिस और दूसरे विभागोंके सरकारी कर्मचारी यहही या ऐसीही बातें करते हैं। शर्म तो इनके पास तक नहीं फटकती। कहते हैं: 'हम तो पहली सरकारकी भी दिल से सेवा करते थे और इस सरकारकी भी करेंगे। करते हैं।" यह बड़ी दिलेरीसे कहते हैं कि पहली सरकारके यह भक्त थे तो भी हमारे देशभक्त इनको नहीं हटाते। इतनी हमारे देशभक्तों पर भी अंग्रेज़ी धर्मकी छाप हैं। अंग्रेज़ी धर्म दूर तक घर कर गया है। बड़े बड़े कांग्रेसियोंमें भी अंग्रेज़ी धर्म पाया जाता है।

हमको तो अंग्रेज़ी धर्मको मिटाना है। चाहे सेनाका प्रबन्ध टूट जाय, पुलिस बिगड़ जाय, चाहे समस्त राजकाज नष्ट हो जाय, चाहे हमारे काग्रेसी भाई भी विरुद्ध हो जायें, चाहें कुछ भी हो, हम तो अंग्रेज़ी धर्मको जड़से नष्ट करेंगे। यह ही हमारा धर्म है। बेधर्मीको मिटाना धर्मका पहला कर्तव्य है।

जब तक भूमि बनाई नहीं जाती उसमें बीज बोया नहीं जा सकता। जब तक ऊंची पृथ्वीको बराबर न किया जाय उस पर भवन बनाना कैसे आरम्भ हो ? हम बहु प्रकार अंग्रेज़ी धर्मकी जड़ोंको खोखली करते हैं, उसे गिराते हैं। झूंठा जो अंग्रेज़ी धर्मके पुजारियोंका चमत्कार जन साधारणमें छा गया है उसे मिट्टीमें मिलाते हैं। यही आज भी कीजिये। निर्भय और ईमानदारीसे सच्ची बात कहिये। कहिये कि यह अंग्रेज़ी धर्म है जो देशको अब भी अंग्रेज़ी कौमनवैल्थके भीतर रखना चाहता है। यह भी अंग्रेजी धर्म के कारण ही हुआ कि इस बेधर्मीके पुजारियोंने देशके टुकड़े करा लिये। यह राजा महाराजाओंको मिटाना और उनकी गद्दियों पर अंग्रेजी पुराने नौकरोंको बिठाना अंग्रेजी धर्म नहीं तो और क्या है ? अंग्रेजी धर्मने हमारे रास्ते बन्द कर रखे हैं। यदि हम इस धर्म अथवा अधर्म को मिटा दें तो एफ्रीकाका द्वार खोल सकते हैं। यह इस बेधर्मीके पाखण्डी पुजारीही कर सकते हैं कि यह तो कहते हैं कि अधिक अनाज उत्पन्न करो, किन्तु यह नहीं कहते कि हमारे दस करोड़ मनुष्य शीघ्र पूर्वी एफ्रीकामें बसाये जायें। यह अंग्रेजी धर्मके मुल्ला और पंडित आपसमें

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नौक झौंक करते हैं, लोगोंको लड़वा भी देते हैं, मरवा भी देते हैं, परंतु आर्यान बनानेकी बात नहीं करते। हमने तो इनके मस्तकोंसे अंग्रेजी धर्म खुरंच खुरचके निकालना है और ऐसा एक महान कुटम्ब बनाना है कि सभी सुखी रहें।

अन्तमें मैं इतना स्पष्ट कर दूँ कि मैंने पण्डित जवाहर लाल नेहरु और सरदार पटेलको अंग्रेजी कुत्ता नहीं कहा। यह घोर अन्याय है आपके मस्त लेखकका कि वह मुझ पर यह दोष लगाता है। मैं तो कहता हूँ कि अभी देशमें अंग्रेजी कुत्ते हैं और वह मेरे जैसोंके पीछे भौंकते हैं।

प्रेमी—महेन्द्रप्रताप।



(१) प्रार्थना। लेखिका: श्री कृष्णाकुमारी एम. ए., डी. टी.। प्रकाशक:—नालन्दा-प्रकाशन, धननूर बिल्डिङ्ग, सर फिरोजशाह मेहता रोड, फोर्ट-बंबई १। पृष्ट ४८, मूल्य अजिल्द बारह आने। महात्मा गांधीके चित्रके सिवा अन्य कल्पित चित्रोंसे भी अलंकृत।

इस पुस्तकके प्रारंभमें विदुषी लेखिकाने प्रार्थनाके महत्वपर एक विस्तृत निबंध लिखा है जिसके पाठसे किसीके भी हृदयमें प्रार्थनाके लिये उच्चतम् भावनाएँ उदय हो आवेंगी। प्रार्थना क्या है, इसकी उपयोगिता क्या है और इससे मानव जीवनका कितना विकास और उत्कर्ष हो सकता है, इन सब विषयोंपर लेखिकाके प्राक्कथनमें बड़ाही सुन्दर विश्लेषण है। पुस्तकके उतरार्द्धमें कुछ चुनी हुई प्रार्थनाएँ हैं और अन्तमें दो चार भजन भी दे दिये गये हैं। लेखिकाके कथनानुसार महात्मा गाँधीकी प्रार्थना में सम्मलित होनेके पश्चात प्रार्थनाके प्रति उनके हृदयमें जो अनुराग पैदा हुआ, यह पुस्तक उसीकी प्रतिध्वनि है। ईश्वर भक्तोंके लिये यह कामकी चीज है। नालन्दा-प्रकाशन की छपाई-सफाईके विषयमें कुछ कहना ही व्यर्थ है। श्री द्वारिकाप्रसाद सेवकके लेखानुसार पुस्तकका यह प्रथम संस्करण सेठ हरिराम महेश्वरीकी उदारतासे प्रकाशित हुआ है।

(२) अर्थ शास्त्र-शब्दावली। लेखक:—श्री दयाशंकर दुबे, श्री गजाधर प्रसाद अम्बष्ट और श्री भगवानदास केला। प्रकाशक: श्री भगवानदास केला, भारतीय ग्रन्थमाला, दारागंज, प्रयाग। पृष्ट १६७, मूल्य अजिल्द दो रुपया।

पुस्तकका यह चतुर्थ संस्करण है। इसमें अर्थशास्त्रके अंग्रेजी शब्दोंके हिन्दीमें पारिभाषिक शब्द दिये गये हैं। यह कहना सत्यकीही पुनरावृति करना है कि हिन्दीमें पारिभाषिक शब्दोंका अभावही उसकी प्रगतिमें बाधक है। यदि विभिन्न विषयोंके लिये हिन्दीमें उपयुक्त पारिभाषिक शब्द होते तो आज अंग्रेजोंके यहाँसे चले जाने पर भी अंग्रेजीको १५ साल तक भारतकी छातीपर मूंग दलनेका अवसर न मिलता। यद्यपि संविधान परिषद्में हिन्दी भारतकी राष्ट्र और राज भाषा स्वीकार की जा चुकी है तथापि उसकी स्थिति ऐसी नहीं है कि वह तत्क्षण इस कार्य-भारको ग्रहण कर सके। अर्थ, विज्ञान, कानून, दर्शनादि विषयोंपर बिचार व्यक्त करनेके लिये जिन शब्दों की आवश्यकता पड़ती है उनकी सृष्टि हिन्दीमें अभी तक हुई ही नहीं है। इसीलिये हिन्दीको राज भाषाके सिंहासन पर बैठनेके लिये अभी पन्द्रह बरस तक प्रतीक्षा करनी पड़ेगी। इस दरम्यानमें भारत सरकार और प्रान्तीय सरकारोंका यह अनिवार्य कर्तव्य होगा कि वे विभिन्न विषयोंके प्रतिपादनके लिये शब्दोंका निर्माण करावें और इस कार्यके सम्पादनकेलिये देशके चुने हुए भाषा-विज्ञानके पंडितोंको आमन्त्रित और एकत्रित करें। इस प्रकार सरकारकी संरक्षतामें देशके विद्वानों द्वारा जो पारिभाषिक शब्द प्रस्तुत किये जायँगे वे स्थायी और सर्वमान्य होंगे।

हिन्दीमें अर्थ शास्त्रपर इने गिने ग्रन्थ मिलते हैं, फिर उसके लिये पारिभाषिक शब्दोंकी तो बात ही अलग रही। इस दयनीय दशामें केलाजीकी इस पुस्तकसे अर्थ शास्त्रके विद्यार्थियोंको जो लाभ पहुँचा होगा उसका अनुमान कर लेना सहजही है। भविष्यमें जब हमारे देशके विद्वान अर्थ-शास्त्रके लिये पारिभाषिक शब्द गढ़ेंगे तो इस

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

रचनासे भी उनको थोड़ी-बहुत सहायता मिल सकेगी। अर्थ शास्त्रके विद्वानों और विद्यार्थियोंके लिये यह पुस्तक बड़े कामकी चीज है।

(३) हमारी राष्ट्रीय समस्याएँ। लेखक और प्रकाशकः श्री भगवान दास केला, भारतीय ग्रन्थ माला, दारागंज, इलाहाबाद। पृष्ठ १५६, मूल्य अजिल्द पौने दो रुपये।

पुस्तककी यह दसवीं आवृत्ति है, यही इसकी लोकप्रियताका प्रमाण है। इसमें हमारी राष्ट्रिय समस्याओंपर भिन्न भिन्न दृष्टिकोणसे विचार किये गये हैं और उनके हलके लिये उपयुक्त उपाय भी ढूँढ निकाले गये हैं। भारतकी जन संख्या, स्वास्थ्य-रक्षा, सदाचार, संगठन और जातिभेद, साम्प्रदायिकता, प्रांतीयता, भारतीय संघ निर्माण और देश-रक्षासे लेकर राष्ट्रनिर्माण, राष्ट्रियता, राष्ट्रियताके साधन, राष्ट्रिय भावोंके प्रचार, झण्डा, गीत, शिक्षा और साहित्य तक पर केलाजीने बड़ी बुद्धिमता और योग्यतासे प्रकाश डाला है। राष्ट्र प्रेमियोंके लिये इसमें अध्ययन और मननकी यथेष्ट सामग्री है। वास्तवमें यह पुस्तक सभी दृष्टियोंसे स्वागत-योग्य है।

(४) रागिनी। लेखकः श्री ब्रजेन्द्र कुमार 'मधुकर'। प्रकाशकः हिन्दी प्रचारिणी सभा, धारा नगरी, लॉङ्ग माउन्टन, मोरिशस। पृष्ठ २४; मूल्य अजिल्द बारह आना।

ब्रजेन्द्र कुमारजी मोरिशसके एक उत्साही हिन्दी प्रेमी नवयुवक हैं और हिन्दीमें कुछ तुकबन्दियां भी कर लेते हैं। उनकी तुकबन्दियोंकी एक पोथी 'मधुपर्क' के नामसे पहले भी प्रकाशित हो चुकी है। उसके दर्शनके सौभाग्यसे हम तो बंचित हैं परन्तु अखिल-भारत हिन्दी साहित्य सम्मेलन की मुखपत्रिका "सम्मेलन पत्रिका" ने उसकी जो समालोचना की थी उसको पढ़कर हमें बड़ी निराशा हुई थी। "पत्रिका" के कथनानुसार "इस प्रवासी भारतीयने अपने हिन्दी प्रेमका परिचय तो दिया है किन्तु हिन्दी-जगत ऐसी रचनाओंका सम्मान कर सकेगा, इसमें मुझे सन्देह है। सिनेमाके गीतोंसे भी अधिक निम्न कोटिकी रचनाओंसे हमारी हिन्दीका लेखकने अपमानही किया है, सम्मान नहीं। कादचित लेखक महोदयको हिन्दीकी वर्तमान् गतिविधिका तनिक भी ज्ञान नहीं, अन्यथा वह ऐसा कदापि न करते। हिन्दीकी सेवाके अन्य भी ढंग अपनाये जा सकते हैं।" इस समालोचनाके बाद "रागिनी" की रचना हमारे लिये एक आश्चर्यकी बात है। यदि ब्रजेन्द्रकुमारजीको कविता-कामिनीकी आराधनामेंही आनंद आता है तो उनको मोरिशसके पहाड़ों, नदियों, झीलों, खेतों आदिके दृश्यों और किसान-मजदूरोंकी झोंपड़ियों की दशा तथा वहांकी धार्मिक, सामाजिक, राजनैतिक, आर्थिक और शैक्षनिक समस्याओंकाही चित्र अपनी कविताओंमें खींचना चाहिये। इससे जहां प्रवासी भाइयोंको अपने देशका वर्णन पढ़कर काफी मनोरंजन हो सकेगा वहाँ भारत के निवासियोंको भी उस द्वीपके संबंधमें विशेष ज्ञानार्जन करनेका अवसर मिलेगा। आशा है कि भविष्यमें उनकी कृतियोंमें हम मोरिशसका शब्दचित्र देख सकेंगे। "रागिनी" भी "मधुपर्क" की ही बहन है, इतनाही कहना पर्याप्त है।

(५) श्री स्वास्थ्य प्रसार चिकित्सालय, झुंझनूका कार्यविवरण सन १९४३ से सन १९४८ तक। प्रकाशकः स्वास्थ्य प्रसार चिकित्सालय समिति, झुंझनू (राजस्थान)। यह चिकित्सालय झुंझनूके प्रजा मण्डलके अधीन है और इसके द्वारा प्रजाकी अच्छी सेवा हो रही है। विवरणसे ज्ञात होता है कि आयुर्वेदिक औषधियोंको तैयार और वितरण करनेमें बड़ी सावधानीसे काम लिया जाता है। डाक्टर राजेन्द्रप्रसाद जैसे महान व्यक्तिने भी चिकित्सालय का निरक्षण कर उसके कार्यको सन्तोषजनक बतलाया है। इस चिकित्सालयके कार्यकर्ता और खासकर वैद्य श्री वेद प्रकाशजी शर्मा और वैद्य नथमलजी जिस लगन और उत्साहसे प्रजाकी सेवामें संलग्न हैं वह सर्वथा सराहनीय है। हम इस संस्थाकी उत्तरोतर उन्नति और पूर्ण सफलताकी कामना करते हैं।

—अपनी टिमटिमाती मेहरबानी और प्रेमकी छाया से मेरी आत्माको तंग मत करो। मुझे इनकारकी बेरहम आजादीमें छोड़ दो। मुझे भयंकरतम निराशामें होकर वीरता-पूर्वक जीवनोद्देश्यको प्राप्त करने दो!

—रवीन्द्रनाथ

—सस्तेसे सस्ता खरीदना और महँगा-से महँगा बेचना—इस नियमके बराबर मनुष्यके लिये कलंक-रूप दूसरी कोई बात नहीं है।

—यह भी हो सकता है कि गरीबी पुण्यका फल हो और अमीरी पापका। —महात्मा गांधी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

"प्रवासी" के लेखकोंको चेतावनी

हमारे कृपालु लेखक जानते हैं कि "प्रवासी" एक मासिक पत्र होनेके कारण विचार-पत्र है, दैनिक और साप्ताहिकोंकी भाँति समाचार पत्र नहीं। इसमें केवल वही लेख छप सकते हैं जो खासकर "प्रवासी" के ही लिये लिखे गये हों। अन्य मासिक पत्रोंका भी यही नियम है। वे भी ऐसा कोई लेख छापना पसंद नहीं करते जिसकी कापी अन्य किसी पत्रमें भी प्रकाशनार्थ भेजी गई हो। अतएव हमारे लेखकोंका अनिवार्य कर्तव्य है कि यदि वे "प्रवासी" के लिये कोई लेख लिखें तो उसकी कोपी अन्य किसी भी पत्रको न भेजें और यदि भेजें भी तो उसकी सूचना हमें अवश्य दे दिया करें ताकि हम भ्रममें न रहें और उनके लेखको धन्यवादपूर्वक लौटा सकें।

जबसे "प्रवासी" निकला है, हमारे पास ऐसे अनेक लेख आये जिनकी कापियाँ दूसरे पत्रोंमें भी प्रकाशनार्थ भेजी गई थी। उन सभी लेखोंको हमने वापस कर दिया पर इधर दो लेख ऐसे छप गये हैं जिनको अन्य पत्रोंमें भी प्रकाशित देखकर हमारे विस्मय और विषादकी सीमा न रही। उनमें एक तो कुँवर जोरावरसिंहका लेख है जो "प्रवासी" के पिछले अंकमें प्रकाशित हुआ है और वह लेख जंजीबार टापूसे संबंध रखता है। कुँवर साहबने हमें यह नहीं लिखा कि वे उस लेखकी कापीको "सार्वदेशिक" में भी भेज रहे हैं अन्यथा वह लेख "प्रवासी" में कदापि प्रकाशित न होता। दूसरा लेख इसी अंकमें छपा है जो योगीराज अरविन्दका अमेरिकाके लिये एक दिव्य संदेश है। यह लेख श्री अरविंद आश्रम, पाण्डेचेरीसे रजिस्टर पाकेटमें हमारे पास आया— इस अनुरोधके साथ कि इसे "प्रवासी" में अवश्य प्रकाशित कर दिया जाय। जब लेख "प्रवासी" में छप चुका तो हम यह देखकर दंग रह गये कि "संजय" में वही लेख ज्योंका त्यों प्रकाशित हुआ है। यह बात शिष्टाचारके अनुकूल तो नहीं कही जा सकती।

यदि किसी पत्रमें कोई ऐसा लेख छपता है जिसे हम "प्रवासी" के पाठकोंके लिये लाभदायक समझते हैं तो उसे हम स्वयंही "प्रवासी" में उद्धृत करते हैं और साथही उस पत्रका नाम धन्यवाद पूर्वक दे देते हैं। पर जब लेखक स्वयं अपने लेखकी एकसे अधिक प्रतियाँ मासिक पत्रोंको भेज देते हैं और सम्पादकको इस बातकी सूचना भी नहीं देते तो सम्पादककी स्थिति बड़ीही दयनीय हो जाती है। जब एकही लेख दो पत्रोंमें एक साथ या कुछ आगे-पीछे प्रकाशित होता है तो यह निर्णय करना कठिन हो जाता है कि किसने किससे लेख उड़ा लिया है। सम्पादकोंके हृदयमें भी यह सन्देह उत्पन्न हो आता है कि उसीके पत्रसे दूसरे पत्रने लेखतो उद्धृत कर लिया है पर उनके पत्रका नाम न देकर सम्पादकीय-मर्यादाको तिलांजलि दे डाली है। इससे परस्पर दुर्भाव भी फैलता है। अतएव हमारे लेखक हमपर इतनी कृपा तो अवश्य करें कि जो लेख वह "प्रवासी" में प्रकाशनार्थ भेजें उसकी कापी अन्य किसी भी पत्रको न भेजें और यदि किसी कारणवश अपने लेखकी कापियाँ एक से अधिक पत्रोंमें भेजना आवश्यक समझते हों तो कमसे कम हमें उसकी सूचना देना न भूलें। आशा है कि हमारी इस विनम्र प्रार्थना पर भविष्यमें पूर्ण ध्यान दिया जायगा और हमारे कृपालु लेखकोंको इस बातका स्मरण दिलानेकी पुनः आवश्यकता न पड़ेगी।

प्रवासीकी रामकहानी

(लेखकः श्री ब्रजेन्द्रकुमार 'मधुकर,' मोरिशस)

सुनो सुनो ऐ भारत वालो! परवासीकी रामकहानी!
जो परवासी आँखों से नित आहों का बरसाता पानी॥
कलकत्ते, बम्बई बन्दर का, छोड़ी नाव किनारा।
परवासी ने आशा छोड़ी, छुटा नाता प्यारा।
भैया ने बहिनी को छोडा, माता विटिया रानी।
मातृभूमि की चाह प्रेम में, बहा नैन से पानी।
दुःख से भरी हैं इनकी बातें, दर्द भरी है वाणी॥ सुनो०
आरकाटीने कौडी में ही बेच दिया भाई को।
शर्म, लाज सब छोड गली में, लूट लिया माई को।
ग्राम निवासी भोले भाले, पड़े नीच के पाले।
दानों के मुहताज बन गये, अन्न खिलाने वाले।
मालिक बनकर पूँजी वाले करते हैं मनमानी॥ सुनो०
हरा भरा मैदान कर दिया, जंगल काट मजूरा।
जो भी किया काम को पूरा, छोडा नहीं अधूरा।
शहर बसाया, नहर बहायी, महल बनाया भारी।
गली गली ठोकर है खाता, फिरता बना भिखारी।
लम्बी तो है राह सफर की, लम्बी बडी कहानी॥ सुनो०
माता क्या निर्बल को रोते देख भला सकती है?
माता क्या निर्धन को नंगे छोड़ कभी सकती है?
माता ने सुधि लेकर सब की, देव-धरम को भेजा।
सत्य, न्याय के पालन कारण, दूत जहाँ भर भेजा।
घर घर जीवन ज्योति जला दो, जननी जग कल्याणी।
सुनो सुनो! ऐ भारत वालो! परवासी की रामकहानी॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हिंदुस्थानीका नमूना ।

महात्मा गांधीने हिन्दू-मुस्लिम एकताके लिहाजसे हिन्दुस्थानीनामकी एक नई भाषाको भारतकी राष्ट्रभाषा बनानेकी सलाह दी थी और हिन्दुस्थानीका विश्लेषण करते हुए उन्होंने बतलाया था कि उत्तर भारतकी जनता जिस बोलीमें विचार विमर्श करती है उसीका नाम हिन्दुस्थानी है। महात्माजीकी इस परिभाषा पर किसीको आपत्ति करनेकी कोई गुँजाइश भी नहीं थी क्योंकि सभीकी यह कामना है कि राष्ट्रभाषा ऐसी होनी चाहिये जिसे भारत के अधिकसे अधिक मनुष्य समझ सकें। वास्तवमें महात्माजी जिसको हिन्दुस्थानी कहते थे उसीको हम बोलचालकी हिंदी कहते हैं। यदि महात्माजीसे कुछ मतभेद था तो वह यह कि उन्होंने अपनी हिंदुस्थानीके लिये नागरी और उर्दू दो लिपियोंको चुना था और चाहते थे कि प्रत्येक भारतीय इन दोनों लिपियोंको सीखे। जनता इसे मुसलिम तुष्टिकरण नितिकाही एक अंग समझती थी।

जब भारतके सिर और पैर काटकर पाकिस्तान बनाया गया तो देशकी हालत बिल्कुल बदल गई। अब तक भाषाके क्षेत्रमें साम्प्रदायिकताका कोई स्थान नहीं था, हिंदी और उर्दू दोनों हिन्दू और मुसलमानोंकी सम्मलित भाषा समझी जाती थी लेकिन जनाब जिन्नाने इस क्षेत्रको भी अछूता न छोड़ा। यहाँ भी उन्होंने हिन्दू और मुसलिमका पचड़ा लगा दिया। मुसलिम लीगके सर्वेसर्वा कायदे आजमने यह स्पष्ट घोषण कर दी कि उर्दू मुसलमानोंकी जबान है और हिन्दी है हिंदुओंकी भाषा, हालाँ कि भारतीय राष्ट्रवादियोंने इस सिद्धान्तको कभी स्वीकार नहीं किया मगर इसकी प्रतिक्रिया जनता पर हुए बिना कैसे रह सकती थी? लीग और जिन्नाकी इसी साम्प्रदायिक मनोवृत्तिके कारण किसी प्रान्तकी भाषा न होते हुए भी उर्दूको वहाँकी राजभाषाकी गद्दी पर बैठाया गया। पाकिस्थानके चार प्रान्तोंकी भाषाएं बंगाली, पंजाबी, सिंधी और पश्तो हैं, किसी भी प्रान्तकी भाषा उर्दू नहीं है, फिर भी उसको मुसलमानोंकी भाषा कहकर पाकिस्थानकी जनता पर थोपा गया।

पाकिस्थानका यह रवैया देखकर भारतके मुसलमानोंको यह निश्चय हो गया कि इस देशमें उर्दूके लिये अब कोई जगह नहीं रह गई है। इसलिये उन्होंने महात्मा गांधीकी हिंदुस्थानीकी आड़में उर्दूको भारतके गले मढ़नेकी ठान ली। मौलाना आजाद इस आन्दोलनके अग्र नेता बने और देशके दुर्भाग्यसे उनको कुछ हिन्दू महात्मा, पंडित तथा कर्मवीर साथी मिल गये। इन महाभागोंने हिन्दुस्थानीके नामपर एक ऐसी भाषाकी रचना शुरु कर दी जिसमें ७५ प्रतिशत उर्दूके विशुद्ध शब्द ठूँसे जाने लगे और शेष २५ प्रतिशत ऐसे शब्द गढ़े गये जिनसे देशवासियोंका कोई परिचय नहीं। संस्कृतके शब्दोंको या तो बहिष्कृत किया गया अथवा उनका रूप विकृत कर दिया गया मानों संस्कृतसे इनकी पुश्तैनी दुश्मनी हो।

हालहीमें महात्मा भगवानदीन, कर्मवीर सुन्दरलाल, महात्यागी काका कालेलकर आदि महानुभावोंने भारतके संविधानका हिन्दुस्थानी अनुवाद प्रकाशित कराया है। उसमेंमें कुछ शब्द चुनकर संयुक्त प्रान्तके शिक्षा मंत्री पंडित सम्पूर्णनन्दजीने अपने एक लेख द्वारा देशवासियोंके सामने रखे हैं। उन विकट शब्दोंको देखकर हिंदुस्थानीके हिमायतियोंकी सूझबूझ पर अफसोसकी हँसी आये बिना नहीं रहती है। इन महापुरुषोंने तो एक ऐसी भाषा बनानेकी ठान ली है कि जिसको बोलने और समझने वाला, इनके सिवाय, भारतमें और कोई न मिलेगा। हिन्दुस्थानीके लिये ऐसे ऐसे शब्द गढ़े गये हैं जिनका भयानक रूप देखकर रोम रोम प्रकम्पित हो उठता है। यहां हम पं० सम्पूर्णानंन्दजीके लेखसे इन महात्मा; पंडित, तपस्वी, कर्मवीर, त्यागी आदि उपाधियोंसे अलंकृत हिंदुस्थानीके हिमायतियोंके गढ़े हुए कुछ शब्दोंके नमूने "प्रवासी" के पाठकोंके सामने पेश करते हैं :—

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

"हम लोग जिस राजमें रहते हैं उसको इंडियन यूनियन" (Indian Union) कहा जाता है। राजशास्त्र में यूनियनका विशेष अर्थ होता है। कई राजसत्ताओंके विशेष प्रकारसे मिलनेपर यूनियन बनता है। शब्दावलीमें इन्डियन यूनियनको 'हिन्द इकावा' कहा गया है। लाख सिर खपाने पर भी हिन्दी वाले इतना सुंदर शब्द न ढूँढ़ पाते। राज-शास्त्रके बड़े बड़े सिद्धान्त छोटेसे 'इकावा' शब्दमें समा गये। 'मीटिंग' (Meeting) के लिये सभा और 'रिप्रेजेण्टेटिव' (Representative) के लिये प्रतिनिधि तो सभी बोलने लगे हैं, परन्तु ऐसा करते समय हम यह भूल जाते हैं कि सादी बोलीमें 'मिलनी' और 'ओरिया' मौजूद हैं। यह ठीक है कि मिलनी बिवाहमें एक रस्म होती है और 'ओर' के होते हुऐ भी 'ओरिया' कहीं सुना नहीं जाता। परन्तु ऐसे आक्षेप उठाना जीवित बोलीकी शक्तिको न पहिचाननेका सूचक है। 'इंक्वायरी' (Enquiry) के लिये 'धूछना,' 'कंसालिडेशन' (Consolidation) के लिये 'ठोसियाना,' 'रिबेल' (Rebel) के लिये 'बिगडैल,' 'प्रेज़र्व' (Preserve) के लिये 'सँतना' 'रेसिप्रासिटी' (Reciprocity) के लिये 'फिर फिराव,' 'इंस्ट्रक्टर' (Instructor) के लिये 'सिखइया' और 'पब्लिशर' (Publisher) के लिये 'निकालिया' ऐसे जानदार शब्द हैं कि गढ़ने वालेकी कलमको चूम लेनेको जी चाहता है। उच्च शिक्षाके क्षेत्रको भी अछूता नहीं छोड़ा गया है। 'जिओग्राफी' (Geography) के लिये दो पर्याय दिये गये हैं, 'जुगराफिया और भूवारता'। जुआलोजी' (Geology) 'प्रानीविद्या' है और मेटिरियालिज्म (Materialism) 'माटिबाद' हो गया है। इस भांडागारके कितने रत्न सामने लाये जायँ। 'पैसिव रेज़िस्टेन्स' (Passive Resistance) अब निष्क्रिय प्रतिरोधकी जगह 'चुपहट' हो गया है, 'इंप्लिसिट' (Implicit) की जगह 'हई' कहनेसे काम चल जायगा और 'सबसेक्शन' (Sub-Section) को 'उपखंड' जैसे किसी अनगढ़ नामसे पुकारनेकी जगह 'छुटकाट' कहा जा सकेगा। अब सरकार लोगोंकी सम्पति (कॉन्फिस्केट) (Confiscate) रीजियाया करेगी। 'विकेन्द्रीकरण' (Decentralisation) कितना भोंडा लगता है, उसकी तुलनामें 'निरबिचियान' सुनकर जी फड़क उठता है। किसी किसी शब्दकी व्युत्पत्ति ठीक समझमें नहीं आती। उदाहरणके लिये 'आउट्रेज' (Outrage) का पर्याय 'किमहोनी' लीजिये। परन्तु शब्दका गोत्र पूछकर क्या होगा, उत्तमा स्वगुणैः ख्याताः। नाम धातु तो खूबही बने हैं। नकुछियाना, नमियाना, अन्तियाना, इकयाना, पूछताछना, एक्टियाना, दुशियाना, शक्तियाना'.... इसे सजीव भाषा कहते हैं।

"इस शब्दावलीके समर्थकोंके साहसकी प्रशंसा तो करनीही होगी। ऐसा मानना चाहिये कि या तो उनको इस बातका कुछ भी आभास नहीं है कि लोग उनको क्या कहेंगे या उनको लोकमतकी परवाह नहीं है। ऐसे गंभीर विद्वान कभी हँसते होंगे, ऐसा सोचना तो उनका अपमान करना है। वे आशा करते हैं कि ऐसी भाषा इस देशमें चल जायगी, इससे बढ़कर, आश्चर्यकी और क्या बात होगी? हिंदीकी अपनी सैकड़ों वर्षोंकी साहित्यिक परम्परा है और फिर वह संस्कृतकी सहस्र वर्षोंकी परम्पराकी दायाद है। उर्दूके पीछे भी अरबी-फारसीकी परम्परा है, चाहे यह परम्परा हमारी संस्कृतिसे भलेही अनमेल हो। ऐसे देशमें इस प्रकारके शब्दोंको प्रचलित करानेका यत्न कोई असाधारण व्यक्तिही करेगा। मैं असाधारणका विश्लेषन नहीं करता। एक बात खूब याद आई। विश्लेषन करनेवालेको अब सुथार, सुलाझ या अलगाऊ कहना होगा। अस्तु, शब्दोंके अभिधार्थसे बढ़कर कभी-कभी उनके ध्वनितार्थका महत्व होता है। ध्वनितार्थ सैकड़ों वर्षोंके व्यवहारसे विकसित होता है। अब हमसे कहा जाता है कि हम ऐसे शब्दोंको छोड़कर नये गढ़े शब्दोंका प्रयोग करें जिनके पीछे कुछ थोड़ेसे व्यक्तियोंका हिंदी या संस्कृत द्वेष मात्र है।

मैं यह द्वेषवाली बात योंही नहीं कह रहा हूँ, इसके लिये आधार है। जहाँ विदेशी शब्द लिये गये हैं वहाँ उनके उच्चारणकी रक्षाका पूरा ध्यान रखा गया है। जुगराफिया, कानून, फौजदारी जैसे शब्दोंमें अधोबिन्दु देकर ग़ैन, फे, काफ, को शुद्ध रखा गया है; परंतु संस्कृत शब्दोंकी कथा न्यारी है। पहिले तो उनको छोड़ देनेका पूरा यत्न किया गया है। भूगोल जैसा सीधा शब्द भी न आ सका जो सारे देशमें प्रचलित है, जिसे लाखों बच्चे प्रत्येक प्रांत में बोल रहे हैं। भूगोलसे भी अधिक प्रचलित मंत्री है परन्तु उसको भी बजारके सामने निकाल दिया गया, सचिव बेचारेको तो भला पूछताही कौन? जहाँ संस्कृत शब्द आये भी हैं वहां उनके तद्भव रूप दिये गये हैं, तत्सम रूप नहीं। औसर; संग, नेम, वारतासुर,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

करता, समन्दर, दीठ, की भरमार है। बेचारा धर्म भी न बच पाया। 'ह्यूमेन' के पर्यायमें 'मानवधर्मी' नहीं वरन् 'मानव धरमी' आया है। यह तो स्पष्ट है कि इस हिंदुस्थानीने उन सब बातोंकी ओरसे जिनमें भारतकी भारतीयता है मुँह फेरनेका निश्चय कर लिया है। इस देशकी परम्परा और संस्कृतिसे उसे स्फूर्ति नहीं लेनी है। तब फिर हम ऐसी भाषाको लेकर क्या करेंगे।"

नेहरूजी कनाडामें।

अमेरिकाके प्रेसिडेन्ट द्वारा आमन्त्रित होकर इस समय हमारे प्रधान मंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू नई दुनियाका पर्यटन कर रहे हैं। अमेरिकामें उनका जो आगत-स्वागत हुआ है उसको देव-दुर्लभ कहनेमें कोई भी अतिश्योक्ति न होगी। संसारके चुने हुए इने गिने महाभागोंकोही अमेरिकामें ऐसा सम्मान प्राप्त हो सका होगा। वाशिङ्गटन, न्यूयार्क, बोस्टन, चिकागो आदि शहरोंमें नेहरूजीका स्वागत अपनी उपमा नहीं रखता है। अभी भारतके स्वाधीन होनेसे कुछही पहले श्रीमती विजय लक्ष्मी पंडितको अमेरिकाके इन्हीं प्रसिडेन्ट महाशयसे मिलनेकी भी सुविधा नहीं थी लेकिन आज तो प्रसिडेन्ट महोदय नेहरूजीका स्वागत करनेके लिये स्वयं वायुयानके मैदानमें पहुँच जाते हैं। वास्तवमें यह नेहरूजीके व्यक्तित्व का नहीं प्रत्युत भारतीय स्वाधीनताका स्वागत है। जब तक भारत पराधीन था तब तक भारतके बड़ेसे बड़े सपूत को भी विदेशोंमें कोई टके सेर भी नहीं पूछता था लेकिन आज भारतके आजाद हो जानेसे एशियाकाही नकशा बदल गया है।

इस अवसर पर कनाडाने भी अपने यहाँ पधारनेके लिये पंडितजीको आमंत्रित किया। उन्होंने कनाडाका निमंत्रण मंजूर कर दो तीन दिन उस देशमें भी बिताये। वहाँ वे गवर्नर जनरलके मेहमान रहे। कनाडाकी पार्लामेन्टमें भी उन्होंने भाषण दिया। पार्लामेन्टके सदस्योंको नेहरूजीका परिचय देते हुए कनाडाके प्रधान मंत्री श्री सेन्ट लौरेन्ट (St. Laurent) ने फरमाया कि इस बातसे हमारे हर्षोल्लासकी हद नहीं है कि भारत स्वाधीन होकर भी ब्रिटिश कामनवेल्थमें बना रहेगा। इससे हममें परस्पर सद्भाव और स्नेहकी उत्पत्ति और वृद्धि होगी। हमें आशा है कि नेहरूजी हमारी शुभकामनाके साथ स्वदेश लौटेंगे।

कनाडाकी सद्भावनाको भारत क्या कभी भूल सकता है? भारतकी पीढ़ी-दरपीढ़ी कनाडाकी शुभकामना को याद करती रहेगी। कलकत्ताके निकट बजबजमें पंजाबी वीरोंका बहा हुआ खून आज भी हमें पुकार-पुकारकर कनाडाकी कथा सुना रहा है और हमें स्मरण दिला रहा है कि ब्रिटिश साम्राज्यमें भारतीयोंका वही स्थान है जो मद्रासमें परियोंका। कनाडा अंग्रेजोंकाही एक स्वराजप्राप्त उपनिवेश है। वहाँके इमिग्रेशन कानूनमें यह गुँजाइश थी कि यदि कोई भारतसे चल कर कहीं रुके बिना सीधा कनाडा पहुँच जाय तो उसे कनाडामें जहाजसे उतरने और उस देशमें बसनेकी पूरी छूट होगी लेकिन ऐसा कोई जहाज नहीं था जो भारतसे रवाना होकर सीधा कनाडा जाता हो—सभी जहाज चीन, जापान, फिलीपाइन आदि देशोंके बन्दरगाहोंसे होते हुए कनाडा पहुँचा करते थे और इमिग्रेशन कानूनके इसी बहानेसे भारतीयोंको वहाँ जहाज से उतरने नहीं दिया जाता था। उन दिनों सुप्रसिद्ध बाबा गुरुदत्तसिंह एक मालदार व्यापारी थे। उन्होंने कनाडाकी इस बहानेबाजीका भण्डाफोड़ करना निश्चित कर लिया। 'कोमा गाटा मारु' नामक एक जापानी जहाजको उन्होंने किराये पर ले लिया और उसमें लगभग ५०० पंजाबियोंको बैठाकर कलकत्तासे सीधा कनाडाके लिये रवाना हो गये। कोयले पानीका भी काफी प्रबन्ध कर लिया गया था ताकि जहाजको किसी बन्दरगाहपर जानेकी जरूरत न पड़े। इस प्रकार 'कोमा गाटा मारु' जब कनाडाके बन्दरगाह पर जा पहुँचा तो वहाँके सत्ताधिकारियोंकी नानी मर गई। बाबा गुरुदत्त सिंहने कानूनकी सारी शर्तें पूरी कर दी थी अतएव बहानेबाज़ीके लिये कोई गुँजाइशही नहीं रही। लाचार होकर कनाडा सरकारको अपना सच्चास्वरूप दिखाना पड़ा। कानूनको ताख पर रख दिया गया और यात्रियोंको वहाँ उतारनेसे इन्कार कर दिया गया। इसपर बाबा गुरुदत्त सिंहने वहाँके श्वेताङ्गोंके न्यायालय और न्यायाधीशोंकी भी न्यायप्रियताकी परीक्षा लिये बिना देश लौट आना उचित न समझा, इसलिए उन्होंने वहाँकी सर्वोच्च अदालत सुप्रिम कोर्टका भी दरवाजा खटखटाया लेकिन वहाँ भी कानून और इन्साफकी हत्या की गई। जब सारे प्रयत्न व्यर्थ गये तब हताश होकर बाबा गुरुदत्तसिंह और 'कोमा गाटा मारु' के यात्रियोंको स्वदेश लौटना पड़ा। यहाँ भी अंग्रेज सरकारने उनके आगत-स्वा

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गतकी तैयारी कर रखी थी— बन्दूककी गोलियोंसे उनको भून डाला गया। बहुतसे पंजाबी बीर 'बजबज' में शहीद हो गये, उनके रक्तसे 'बजबज' की भूमि लाल हो उठी। आज भी उन प्रवासी शहीदोंका खून हमें अंग्रेजोंकी नादिरशाहीकी याद दिला रही है और युग-युगान्तर तक याद दिलाती रहेगी। इस अपराधमें बाबा गुरुदत्त सिंहको गल-पच कर खप जानेके लिये कालेपानी भेज दिया गया। 'कोमा गाटा मारु' की कथा, बाबा गुरुसिंहका अनुपम त्याग और 'बजबज' की दुर्घटना भारतके आधुनिक इतिहासका एक अध्याय बन चुका है। इस स्थितिमें हमारे देशवासी कनाडाको कैसे भूल सकते हैं?

पर नेहरुजीकी बात कुछ औरही है। वे राष्ट्रियताको विशेष महत्व नहीं देते हैं, अन्तर्राष्ट्रियताके सन्देश-वाहक हैं। उन्होंने 'ओटावा' नगरमें प्रेस-प्रतिनिधियोंके समक्ष स्पष्ट घोषणा कर दी है कि कनाडा सरकारसे वे इमिग्रेशन के मामलेमें कोई चर्चा न करेंगे। 'जो रोगी चाहे सो वैद्य बतावे'—यही तो कनाडा चाहताही है। जहाँ अमेरिका जैसा महान देश एशियावासियोंका सद्भाव और सहयोग प्राप्त करनेके लिये द्वितीय विश्वयुद्धके बाद अपनी इमिग्रेशन नीतिमें आमूल परिवर्तन करना उचित समझता है और प्रतिवर्ष ७५ नवीन चीनियों और ७५ नवीन भारतीयोंके लिये अपना दरवाजा खोल देता है वहाँ ब्रिटिश कॉमन्वेल्थ के सदस्य आस्ट्रेलिया, न्यूज़िलेण्ड और कनाडा एक भी भारतीयको वहाँ जाकर बसना बर्दाश्त नहीं कर सकते। यह कैसी विडम्बना है? हमने यह आशा बाँध रखी थी कि पंडित नेहरुकी यात्रासे कनाडा अपनी प्रवास-नीतिपर पुनर्विचार करेगा और चन्द भारतीयोंको प्रतिवर्ष कनाडामें प्रवेश और प्रवास करनेका अधिकार दे देगा लेकिन जब नेहरुजी स्वयं यह एलान कर रहे हैं कि वे कनाडाकी इमिग्रेशन नीति पर चर्चा नहीं करेंगे तो भला कनाडाको क्या गरज पड़ी है कि वह अपनी बन्द द्वार नीति पर विचार करे। इस सिलसिलेमें पंडितजीने यह भी कह डाला है कि भारतकी जन संख्या जितनी होनी चाहिये उससे बहुत कम है; इसलिये भारतीयोंको बाहर जानेकी जरूरतही नहीं है। क्या खूब? जहाँ सारा संसार भारतकी जनसंख्याको आवश्यकतासे अधिक बतला रहा है वहाँ हमारे प्रधान मंत्री 'ओटावा' में जो कुछ कह रहे हैं वह संसारका आठवाँ आश्चर्यही है। पंडितजीसे हमें ऐसी आशा तो नहीं थी।

❀ ❀ ❀ ❀

मोरिशसमें सत्याग्रह।

इधर मोरिशससे हमे बड़ी सनसनीदार खबरें मिल रही हैं। अभी पिछले किसी अंकमें हमने लिखा था कि अदालतकी मानहानिके अपराधमें पंडित विष्णुदयालजीको जो कैदकी सजा हुई थी उसे सत्याग्रहके नामसे पुकारा जा रहा है। सत्याग्रह किसी सरकारके विरुद्ध किया जाता है, अदालतके विरुद्ध नहीं। अदालत तो सरकारसे भिन्न है। अदालत तो एक ऐसी सत्ता है जो सरकारको भी दण्ड दिये बिना नहीं छोड़ती। यहाँ अदालतकी आज़ादीका एकही उदाहरण देना काफी होगा। दक्षिण अफ्रिका में इस समय डा० मलानकी सरकार हुकूमत कर रही है जो प्रवासी भारतीयोंकी कट्टर बैरी है और उनकी हस्तीको मिटा डालनेपर तुली हुई है। डाक्टर दादू जब संयुक्त राष्ट्र संघके अधिवेशनपर पेरिस जानेके लिये वायुयानके मैदान में पहुँचे तो ऐन मौकेपर आंतरिक मंत्री डाक्टर डोङ्गसने उनका पासपोर्ट छीन लिया। इस पर दादूने वहाँके सुप्रीम कोर्टमें सरकारके विरुद्ध मामला दायर किया। सुप्रीम कोर्टके जजने इस मामले पर पूर्णतया विचार करके सरकारको अपराधी ठहराया और यह हुक्म दे दिया कि डा० दादू जब चाहें विदेश जा सकते हैं, सरकारको उनके रास्तेमें रुकावट डालनेका कोई अधिकार नहीं है। जजके इसी फैसलेके आधारपर दादू इङ्गलैन्ड जा सके थे। इसके बाद दादूकी तरफसे फिर सुप्रीम कोर्टमें फरियाद की गई कि सरकारने उनका पासपोर्ट जो बलात् छीन लिया है वह उनको वापस मिल जाना चाहिये। जिस जजने दादूके फरियादोंको सुना उनका नाम भी जिस्टिस मलानही है। जस्टिस मलानने डा० मलानकी सरकारको हुक्म दिया कि दादूका पासपोर्ट फौरन वापस कर दिया जाय, उसको रोक रखने अथवा जब्त करनेका सरकारको कोई अधिकार नहीं है। झख मारकर मलान सरकारको दादूका पासपोर्ट लौटाना ही पड़ा। यह है अदालतकी आज़ादी और उसकी सत्ता।

अतएव अदालतका अपमान एक चीज है और सरकारके किसी हुक्मके विरुद्ध सत्याग्रह करना दूसरी।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दोनोंमें जमीन आसमानका अन्तर है। पं० विष्णुदयालको अदालतने किसी मामलेमें गवाही देनेके लिये बुलाया था। दैवयोगसे उस दिन शिवरात्रि थी और पंडितजीको अनेक सभाओंमें भाषण देना था। इसलिये वे अदालतमें हाजिर नहीं हुए। जब उनको अदालतका सम्मनस् मिला था यदि उसी समय वे अदालतमें एक अर्जी दे देते कि शिवरात्रिके दिन उनको अदालतमें हाजिर होनेमें कठिनाइयाँ है तो अदालत अवश्य उनके गवाहीकी तारीख बदल देती। पर उन्होंने न तो अदालतको सूचना दी और न अदालतमें हाजिरही हुए। यह सरासर अदालतका अपमान था। इसपर अदालतने उनको दो-चार दिनके लिये जेल भेज दिया। इस जेल यात्राको उनके भक्त सत्याग्रहके नामसे पुकार रहे हैं। अब खबर आई है कि उनके भाई माननीय एस. विष्णुदयाल भी दो-चार दिन जेल काट आये हैं। "ज़माना" से पता चलता है कि वे कौंसिलमें कोई भाषण दे रहे थे जो प्रधानकी दृष्टिमें आपत्तिजनक जँचा और प्रधानने उनको आगे बढ़नेसे रोका, मगर उन्होंने प्रधानकी आज्ञाकी उपेक्षा करनाही उचित समझा और अपने भाषणको जारी रखा। इस पर प्रधानने पुलिसको हुक्म दिया कि माननीय विष्णुदयालको यदि आवश्यकता पड़े तो बलका प्रयोग करके भी कौंसिल-भवनसे बाहर निकाल दिया जाय। पुलिसको प्रधानकी आज्ञाका पालन करनाही पड़ा। पर "ज़माना" ने यह नहीं बतलाया कि माननीय विष्णुदयालजी कह क्या रहे थे। यदि उनके भाषणका वह अंश प्रकाशित कर दिया जाता जिसपर प्रधानने आपत्ति उठाई थी तो दुनियाको यह समझनेमें आसानी हो जाती कि भूल किसकी थी? प्रधान पदपर विराजमान गवर्नर साहबकी अथवा माननीय सदस्य महाशयकी? गवर्नर साहब यह फरमा रहे हैं कि माननीय विष्णुदयाल अपने भाषणमें भारतका अपमान कर रहे थे। उसी समय भारतका पहला जंगी जहाज "दिल्ली" मोरिशसके बन्दरगाहपर जा पहुँचा था। मोरिशसकी सरकार और वहाँकी जनता "दिल्ली" के अफसरों और खलासियोंके आगत-स्वागतमें लगी हुई थी। प्रवासी भारतीयोंके लिये यह गौरव और गर्वकी बात थी कि एक हजार वर्षके बाद उनकी मातृभूमि स्वतंत्र हुई है और उसका पहला जंगी जहाज स्वतंत्र भारतका झंडा फहराते हुए मोरिशसके तट पर जा पहुँचा है। इस अवसर पर जहाँ सारे प्रवासी भारतीय खुशीका इजहार कर रहे थे वहाँ कौंसिलमें माननीय विष्णुदयाल सरकारको कोस रहे थे कि मोरिशसकी गरीब प्रजा जहाँ भोजन-वस्त्रके लिये तरस रही है वहीं सरकार उनके गाढ़ेकी कमाईको इन नाविकोंके सत्कारमें घास-फूसकी तरह फूँक रही है। यह तो कौंसिलके प्रधान गवर्नरका आक्षेप है परन्तु माननीय विष्णुदयाल और उनके मित्रोंके कथनानुसार यह आक्षेप असत्य, अप्रमाणिक और निराधार है क्योंकि माननीय सदस्यने अपने भाषण में "दिल्ली" का नाम तक नहीं लिया था। इसीसे मुझे यह कहना पड़ता है कि यदि "जमाना" ने उनके भाषणको प्रकाशित कर दिया होता तो वस्तुस्थितिको समझनेमें सुविधा हो जाती। शायद "प्रवासी" के कार्यालयमें इस घटनाका विशेष विवरण आया हो और उनके भाषण की कापी भी, पर मुझे तो "जमाना" से कुछ भी पता न लग सका।

इसके बाद पुलिसने उनपर मामला चलाया और वह भी 'वेग्रैनसी एक्ट' (Vagrancy Act) के आधारपर। मालूम पड़ता है कि मोरिशसकी पुलिसकी विवेक-बुद्धिका दिवाला निकल गया है और उसकी समझ-शक्ति बिलकुल नष्ट हो गई है। यदि उसमें कौड़ी भर भी अक्ल होती तो वह अपनी मूर्खताका प्रदर्शन करके दुनियाँमें अपनी हँसी नहीं कराती। कहाँ मोरिशसका एक प्रतिष्ठित नागरिक और तिसपर कौंसिलका माननीय सदस्य और कहाँ उसके विरुद्ध इस 'वेग्रैनसी एक्ट' का प्रयोग! 'वेग्रैन्ट' उसको कहते हैं जिसके घरबारका ठिकाना न हो, जो इधर-उधर भटकता फिरता हो और जिसका चाल चलन संदेहजनक हो। सभ्य देशोंमें अक्सर भिखारियों और बेकार भटकनेवाले व्यक्तियों पर इस 'एक्ट' के अनुसार मामला चलाया जाता है मगर मोरिशसमें एक सुशिक्षित, प्रतिष्ठित और कौंसिलके सदस्यपर 'वेग्रैनसी' की तोहमत लगानेमें वहाँके पुलिसको न तो कुछ शर्म आती है और न कुछ संकोच होता है। सुनते हैं कि पुलिसको यह तोहमत बदलने पर मजबूर होना पड़ा पर फिर किसी 'एक्ट' के आधारपर उनको जेलकी सजा दी गई, यह भी मुझे मालूम न हो सका। यह अवश्य मालूम हुआ कि कई दिन उनको जेलमें रहना पड़ा और जितने दिन वे जेलमें रहे, अनशन करते रहे—उन्होंने अन्न ग्रहण नहीं किया। माननीय विष्णुदयालकी जेलयात्राको सत्याग्रह कहने में मुझे कुछ भी उ

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नहीं है। उन्होंने वही काम किया है जो इस स्थिति में कोई सच्चा सत्याग्रही और स्वाभिमानी व्यक्ति करता। हम उनका अभिनन्दन किये बिना नहीं रह सकते। यह बात दूसरी है कि कौंसिलमें वे जिस ढंगसे काम करते हैं उसको हम पसन्द न करें और जनहितकी दृष्टिसे वांछनीय न समझें परन्तु जहाँ पुलिस मर्यादाको तिलाञ्जलि दे डालती है और मनमानी घरजानी करने लगती है। वहां देशके सारे नागरिकोंकी आजादी खतरेमें पड़ जाती है। अतएव पुलिसके ऐसे दुष्कर्मोंका प्रचण्ड विरोध करनाही सच्चा सत्याग्रह है।

ॐ

शोक-सम्वाद

श्रीमती बन्धु गंगादीन।

स्प्रिंग्स (ट्रान्सवाल) से हमें यह खबर पाकर खेद हुआ कि वहाँके प्रसिद्ध रईस श्री बन्धु गंगादीनकी पत्नी का स्वर्गवास होगया। श्री बंधु हमारे उन पुराने मित्रोंमें एक है जिन्होंने दक्षिण आफ्रिकामें मुझे सार्वजनिक जीवनमें प्रवेश करनेके लिये प्रोत्साहित किया था। श्रीमती बन्धु एक साधारण महिला थी लेकिन अपनी गृहस्थीके काममें बड़ी निपुण। सन १९१३ में जब स्वर्गीय श्री लालबहादुर सिंहके सहयोगसे जर्मिस्टनमें मैंने सत्याग्रहकी लड़ाई छेड़ी थी तो उसमें जिन दस पुरुष और छः स्त्रियोंने भाग लिया था उनमें श्रीमती बंधु भी एक थीं। दक्षिण अफ्रिकामें बिना लायसेंसके फेरी फिरना अपराध माना जाता है और अपराधीको एक-दो सप्ताह कैदकी सजा मिल जाती है। जर्मिस्टनमें हमने फेरी फिरकर जेल जाने का निश्चय किया था। रेल्वे स्टेशन पर हमारी गिरफ्तारी भी हुई लेकिन न तो हम पर मामला चलाया गया और न जेल या जुर्मानेकी सजा दी गई। छः घंटे तक हवालात में रखकर और हमें यह कहकर छोड़ दिया गया कि "जेल में तुम्हारे लिये जगह नहीं है।"

श्रीमती बंधु
Shrimati Pandhu

इसके बाद जर्मिस्टनमें सत्याग्रह चलानेका विचार त्याग देना पड़ा। हमलोग नेटालकी सीमापर सत्याग्रह करनेके लिये कूच कर गये परन्तु श्रीमती बन्धु हमारे दलमें शरीक न हो सकीं—अपनी गृहस्थी और बाल-बच्चोंको छोड़कर लम्बी मुद्दतके लिये जेल जाना उनको पसंद न आया और वे जर्मिस्टनमें अपने घर पर रहकर सत्यग्रहियोंके परिवारकी यथाशक्ति सहायता करती रहीं।

जबसे वे जर्मिस्टन छोड़कर स्प्रिंग्स गई हैं तबसे वहाँकी महिलाओंकी नेतृत्व करती रही हैं। वे अपने पीछे एक भारी परिवार छोड़कर गई है। उनकी मृत्युसे उनके परिवारका बड़ा नुकसान हुआ है। श्री बन्धुका तो अर्द्धाङ्ग ही चला गया। इस वृद्धावस्थामें पत्नीके विछोहसे उनको जो दुःख व्याप रहा होगा उसकी कल्पना कर लेना कोई कठिन काम नहीं। हम श्री बन्धु और उनके परिवारके इस दुःखमें हार्दिक सहानुभूति प्रकट करते है और दिवंगत-आत्माकी शान्तिके लिये ईश्वरसे प्रार्थना।

श्री महेश लालजी आर्य।

यह जानकर हमारे सन्तापकी सीमा नहीं रही कि बिहार-शरीफके प्रख्यात आर्यनेता श्री महेश लालजी अब इस संसारमें नहीं रहे। वे सच्चे आर्य थे और अपने सिद्धान्तके बड़े पक्के। उन्होंने जात बन्धन तोड़कर अपनी विदुषी कन्याका सुप्रसिद्ध वक्ता स्वर्गीय पंडित चन्द्रगुप्त विद्यालङ्कारके साथ विवाह कर दिया था। चन्द्रगुप्तजीके निधनसे हिन्दू-जगतकी जो हानि हुई उसकी पूर्त्ति अब तक नहीं हो पाई है। उनकी विधवा पत्नी इस समय पोरबन्दरके आर्यकन्या गुरुकुलमें प्रिन्सिपलका काम कर रही है। भाई महेश लालजी एक बार अपनी पत्नीके साथ प्रवासी-भवन भी पधारे थे। उनकी सहृदयता, मिलनसारी और स्नेहशीलताका हम पर काफी प्रभाव पड़ा था। उनकी मृत्युसे बिहार प्रान्तने अपना एक सपूत खो दिया

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

और आर्यजगतने अपना एक अनमोल रत्न। हम क्या कहकर उनके शोकाकुल परिवारको धैर्य्य दें, शाब्दिक सहानुभूतिसे उनकी व्यथा मिट नहीं सकती है। यह जानकर उनको कुछ संतोष होना चाहिये कि उनके दुःखमें सारी आर्यजनताकी समवेदना है। परमात्मा उनकी दिवंगत आत्माको सद्गति देवें और उनके परिवारको यह संताप सहनकी शक्ति।

प्रवासी-परिवार-प्रसंग

स्वामी भवानी दयालकी बीमारी।

"प्रवासी" के पाठकों और शुभचिन्तकोंको यह सूचना देते हुए प्रवासी परिवारको हार्दिक दुःख होता है कि "प्रवासी" के सर्वस्व स्वामी भवानी दयालजीकी रुग्णावस्थामें कोई अन्तर नहीं पड़ा है। पिछले सात महीनेसे वे खाटपर पड़े हुए हैं। अबतकके सारे उपचार निष्फल गये। पिछले महीनेमें उनकी अवस्था और भी त्रासदायक हो गई थी। दमा तो दम उखाड़ही रहा था, अब वायुके विकारसे उनको और भी कष्ट भोगना पड़ रहा है। एक तो योंही उनका शरीर अस्वस्थ और निर्बल था, तिसपर इस लम्बी बीमारीसे क्षीण शरीर सर्वथा बलहीन हो गया है। पिछले महीनेमें एक दिन अर्द्ध-रात्रिके समय लघुशंका करनेके लिये वे खाटसे उठ रहे थे परन्तु कमजोरीके कारण पैर डगमगा जानेसे फर्श पर गिर पड़े। फलतः उनका सिर फट गया और लहूकी धारा बह चली। रक्तहीन शरीरसे उतना लहू बह जाना कोई साधारण बात नहीं है, इससे हमारी चिंता और भी बढ़ गई। कुशल यही हुई कि सिरका घाव पका नहीं और उचित उपचारसे अच्छा हो चला है। इसीसे हमारे पाठक सोच सकते हैं कि स्वामीजी किस अवस्थामें पहुंच चुके हैं। उनकी सेवा शुश्रूषा और उपचारमें हम कोई बात उठा नहीं रखते हैं पर उनकी अवस्थामें कोई सन्तोषजनक परिवर्तन नहीं होता है, यही हमारे लिये चिन्ता और दुःखकी बात है। स्वामीजी तो यह विश्वास कर बैठे हैं कि उनके जीवनका कार्यक्रम समाप्त हो गया है और ईश्वरका यही मनोगत संकेत है कि उनको उस लोककी यात्राके लिये तैयार हो जाना चाहिये जहाँसे लौटकर कोई आता नहीं है। इ विकट बीमारीमें भी स्वामीजीको प्रवासी भारतीयों "प्रवासी" पत्रकी चिन्ता लगी रहती है। डाक्टर प्रवासी परिवारके हजार मना करने पर भी वे मानते हैं और यही कहकर हमें निरुत्तर कर देते हैं कि जीवन अन्तिम घड़ीतक प्रवासी भारतीयोंकी सेवा करनेका उन्हों व्रत ले रखा है। पिछले महीनेमें कई बार उनकी अवस्था ऐसी भयावह हो गई थी कि उनके जीवनसे हमें निरा हो जाना पड़ा था परन्तु ईश्वरकी अनुकम्पासे स्थिति कि संभल गई। अब जाड़ेकी ऋतु आ गई है, इसलिए हमारी चिंता और भी बढ़ रही है। ईश्वरकी जो कुछ इच्छा वह तो पूरी हो करही रहेगी परन्तु प्रवासी परिवार स्वामीजीके जीवनकी रक्षाके लिये सतत उद्योग कर रहा और करता रहेगा। पिछले महीनेमें जिन मित्रोंने भेजकर हमारे इस संकटमें सहानुभूति प्रकट की है उन हम चिरकृतज्ञ रहेंगे। दक्षिण अफ्रिका, केनिया, युगान्डा ज़ंज़ीबार, टंगेनिका, मोरिशस, फिजी, डमरारा, ट्रिनीडाड सुरीनाम आदि देशोंमें बसे हुए प्रवासी भारतीयोंमें स्वामीजीकी बीमारीसे बड़ी चिन्ता फैल रही है। पिछले महीनेमें इन सभी उपनिवेशोंसे हमारे पास पत्र आए और उनमें स्वामीजीकी रुग्णावस्थापर दुःख प्रकट किया गया है। प्रतिदिन शामको प्रवासी परिवार स्वामीजीके रुग्ण-शय्याके पास एकत्र होकर उनकी आरोग्यताके लिये ईश्वरसे सम्मिलित प्रार्थना करता है। स्वामीजीको भजन पसंद आते हैं और वैदिक प्रार्थनाके बाद जिन गानेके लिये वे आग्रह करते है उनमें एक मृत्यु आवाहन भी है जो प्रवासी के इसी अंकमें अन्यत्र प्रकाशित है। आशा है कि प्रवासी परिवारको अगामी अंक स्वामीजीके स्वास्थ्यका शुभ समाचार सुनानेका सौभाग्य प्राप्त हो सकेगा।

साधुओंकी शुभकामना।

सुप्रसिद्ध आर्यनेता, वक्ता और विचारक श्री स्वामी अभेदानन्दजी महाराज सूचित करते हैं कि:—

"स्वामी भवानी दयालके स्वास्थ्यका समाचार पढ़कर सभी लोगोंको विशेष चिन्ता हो रही है। विश्व दयानन्द संन्यासी-वानप्रस्थ मंडलने अपनी एक विशेष बैठकमें उनके दीर्घ-जीवन और पूर्ण-स्वास्थ्य लाभके लिये एक प्रस्ताव द्वारा मंगलमय भगवान से प्रार्थना की। प्रस्ताव इस रूप में पास हुआ है—

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

"बिहार प्रांतका दयानन्द संन्यासी वानप्रस्थ मण्डल श्री स्वामी भवानी दयालजी संन्यासीके जीवनको देशकी एक अमूल्य सम्पत्ति समझता है। स्वामीजीने जिस त्याग, तप और निर्भयताके साथ देश एवं विदेशमें जनता-जनार्दनकी सेवाका बीड़ा उठाया है वह सर्वथा स्तुत्य और अनुकरणीय है। स्वामीजी देशसेवा करते हुए साहित्य और सौहित्य दोनोंका पूर्ण ध्यान रखते आये हैं। प्रवासी बन्धुओंके कष्ट निवारणार्थ स्वामीजीका यत्न अनुपम हुआ है और हो रहा है। ऐसे वीर सेनानीका दीर्घ काल से रोग-शय्या पर पड़ा रहना देशके लिये महती चिन्ताका विषय हो रहा है। बार-बार पत्रोंमें स्वामीजीकी बीमारीका समाचार पढ़कर विशेष चिन्ताके साथ लोग पूछ-ताछ कर रहे हैं। हम मंगलमय भगवानसे स्वामीजीके दीर्घ जीवन लाभके लिये हार्दिक प्रार्थना करते हैं।"

भवानी दयाल वाचनालय।

गत दिवालीके शुभ-दिवस आदर्शनगर आर्यसमाजके वार्षिकोत्सवके अवसर पर आर्यसमाज मंदिरमें अजमेरके प्रसिद्ध रईस पं० ब्रह्मदत्तजी भार्गव, बी. ए., एल. एल. बी., के कर-कमलोंसे 'भवानी दयाल वाचनालय' का उद्घाटन हुआ। इस अवसर पर जनताका अच्छा जमावड़ा हुआ था। अजमेरके नेता श्री कुँवर चाँदकरणजी शारदा, पं० जियालालजी; प्रोफेसर घीसूलालजी, पं० विद्यानन्द 'विदेह' आदिके व्याख्यान हुए थे। प्रोफेसर देवकीनन्दनजी शर्मा, एम. ए., एल. एल. बी. ने सभापतिका आसन सुशोभित किया था। आर्यसमाजके उप प्रधान तथा आर्य साहित्य मण्डलके मनैजिंग डायरेक्टर श्री मथुराप्रसादजी शिवहरे और आर्यसमाजके मंत्री पं०हर स्वरूपजीके उद्योगसे 'भवानी दयाल वाचनालय' की स्थापना हुई है। इस समय पं० हरस्वरूपजी जिस उत्साह और लगन से आदर्शनगर आर्यसमाजकी सेवा कर रहे हैं वह सर्वथा स्तुत्य है। इस समाजसे प्रवासी आर्यबन्धुओंका विशेष सम्बन्ध है — मंदिरके निर्माणमें उन्होंने काफी आर्थिक सहायता दी है। पीटरमेरित्सबर्गके श्री आर. बी. महाराजने स्वयँ तो एक बड़ी रकम दानमें दिया ही, पर अन्य प्रवासी भारतीयोंसे भी धन एकत्रित करके मंदिरके निर्माणमें उन्होंने बड़ी सहायता पहुँचाई है। आशा है कि इस मंदिरके द्वारा देश-वासियोंकी यथेष्ट सेवा होती रहेगी।

सरस और मनोरंजक साहित्यके लिए

नवरस

सचित्र मासिक पत्र हिंदीमें अनूठा है।

नवरसमें कहानियाँ छपती है—सरल और सुन्दर। मनोरंजन करना उनका प्रधान उद्देश्य होता है और भावपूर्ण और सरल भाषा होनेके कारण पाठकोंका ध्यान भी वे आकर्षित करती है। नवरसमें रचनाओंका संकलन विभिन्न विचारधाराओंका ध्यान रखकर होता है। व्यक्ति और समाजके उथल पुथलकी चर्चा ललित और कलापूर्ण ढंग से आप नवरसमें पायेंगे। नवरसमें विविध प्रकारकी रचनाएं प्रकाशित होती है। देशी-विदेशी साहित्यका संकलन, यात्रा वर्णन और रहस्यमयी तथा रोमांचकारिणी कहानियाँ नवरसमें आपको पसंद आयेंगी।

वार्षिक मूल्य ५) प्रत्येक अंक ।।) नमूनेका अंक आप मुफ्त मँगाकर देखें।

किशोर

विद्यार्थियोंको सामयिक और ज्ञानवर्द्धक पठन सामग्री देनेवाला सचित्र मासिक पत्र।

पत्र अत्यन्त सुंदर, सुपाठ्य और सर्वोपयोगी है। विहारका यह गौरव है और किशोरोंका पथ प्रदर्शक— भवानीदयाल संन्यासी। पत्र इतना सुन्दर निकल रहा है कि हम हिंदुस्तानकी किसी भी भाषाके श्रेष्टसे श्रेष्ट पत्रोंके साथबालोपयोगी इसका मुकाबिला कर सकते है— गोपालसिंह नेपाली। हमें निश्चय है कि किशोर-अवस्थाके पाठकों को यह पत्र बहुत प्रिय होगा —'विशाल भारत'।

वार्षिक मूल्य ४) साधारण अंक ।=) हिंदुस्तानी प्रेस, पटना ४ Hindustani Press, Patna 4, Bihar, India.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सात्विक जीवन ।

हिंदीका सर्वोपयोगी मासिक पत्र । उद्देश्य—शुद्ध एवं सात्विक जीवनका निर्माण । गंभीर गवेषणापूर्ण लेख एवं मर्मभेदिनी कविताओंसे अलंकृत । समाजमें चरित्र-गठनका संदेशवाहक । ईश्वरभक्ति, कर्तव्य-बोध, धर्माभिमान, देशसेवा, समाज संस्कार एवं आत्मोन्नतिका पथ-प्रदर्शक । वार्षिक मूल्य देशके लिये ३) रुपया और विदेशों के लिये केवल ६ शिलिंग ।

सात्विक-जीवन ग्रंथ माला ।

ओम् प्रणव रहस्य ।

श्रीस्वामी शिवानंदजी महाराजकी लिखी हुई यह पुस्तक अपने ढंगकी अद्वितीय है । ओमकी व्यापकता, श्रेष्टता और महत्तापर उत्कृष्ट रचना । थोड़ीसी प्रतियाँ शेष हैं । इन अनमोल ग्रंथके कागज और मुद्रणका मूल्य केवल दस आना, सजिल्द बारह आना ।

सचित्र हठ योग ।

संसारके सुखोंमें स्वस्थ शरीरही सर्वोपरि सुख है । स्वस्थ शरीरमेंही सबल मन बसता है । यदि आप अपनी खोई हुई शारीरिक शक्तिको पुनः प्राप्त करना चाहते हैं और वह भी पैसे खर्च किये बिना तो योगके अनुभूत उपायोंका आश्रय लें । इस पुस्तकमें प्रतिपादित योगके नियमों और आसन व्यायामोंका अभ्यास करनेसे आपका मन तेज और तन तारुण्यसे चमक उठेगा । सुंदर, सचित्र, सजिल्द पुस्तक का दाम केवल दो रुपया ।

वैराग्यके पथपर ।

मानवी जीवनका उद्देश्य बहुत ऊँचा है । जिसको भूलकर और विषय-वासनाओंमें फँस कर लोग पतित हो जाते हैं । इस ग्रंथमें जीवनको उन्नतिके शिखरपर ले जानेके अनुभूत उपाय बताये गये हैं । विश्वके अशांत एवं दुखद वातावरणमें विचरते हुए भी मनुष्य शांति और सुखका अनुभव कैसे कर सकता है, यह जाननेके लिये इस पुस्तकको पढ़ना चाहिये । सुंदर सजिल्द ग्रंथका मूल्य केवल एक रुपया ।

मन और उसका निग्रह (दो भाग) ।

मनकी चंचलता किसीसे छिपी नही है । अतएव उसको अनियंत्रित रूपमे छोड़ देनेसे जहाँ वह मनुष्यको पतनके गहरे गर्तमें गिरा देता है, वहाँ उसको वश में लाकर सुपथ पर चलानेसे वह मनुष्यको उत्कर्षके सर्वोच्च सोपानपर पहुँचा देता है । मनके वशीकरण बिना अभीष्टकी सिद्धि असभव है । यदि आप मनको वशमें रखना चाहते हैं तो इस ग्रंथके दोनों भाग को एकवार अवश्य पढ़े । सुंदर सजिल्द दोनों भागका मूल्य क्रमशः एक और तीन रूपया है अर्थात् कुल चार रुपया ।

हमारा ज्ञानवर्धक प्रकाशन :—

(१) ब्रह्मचर्य नाटक.....
(२) आध्यात्मिक शिक्षावली (प्रथम खण्ड).....
(३) " " (द्वितीय ").....
(४) सचित्र हठयोग (सजिल्द).....
(५) स्वामी शिवानंदकी जीवनी व उनके उपदेश (अंग्रेजी).....
(६) मन और उसका निग्रह (प्रथम खण्ड).....
(७) " " (द्वितीय ").....
(८) ओ३म (प्रणव रहस्य).....
(९) वैराग्यके पथपर.....
(१०) जीवन सौरभ.....
(११) मानव जीवनका रहस्य.....
(१२) राष्ट्रीय जागरणका इतिहास.....
(१३) देशके नौनिहालोंसे.....
(१४) सदाचारका महत्व.....
(१५) काँग्रेसके सभापति.....
(१६) काँग्रेस चार्ट.....
(१७) स्वास्थ्य पत्र.....

हमारी लोकप्रिय डायरियाँ तथा कैलेंडर जो प्रति वर्ष बड़े सज-धजके साथ निकलते हैं :—

(१) राष्ट्रिय डायरी ।
(२) जनरल डायरी ।
(३) सदाचार डायरी ।

मिलनेका पता :—

जनरल प्रिन्टिङ्ग वर्क्स लिमिटेड ।

८३ पुराना चीना बाजार स्ट्रीट,
कलकत्ता ।

फोन नं० २१०४ बड़ाबाजार । तारका पता: भाईकां

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जोधपुर कमर्शियल बैंक लिमिटेड

(जोधपुर स्टेटमें स्थापित: सभ्यों की जिम्मेदारी सीमित है।)

चैयरमैन—श्री नारायणलाल बंसीलाल

चुक्ता मूलधन ..... रु० ५०,००,०००.

रिज़र्व फंड रु० ५,००,०००.

बैंककी शाखाएं:—

मारवाड़ : जालोरी गेट, जोधपुर, स्टाक एक्सचेंज, श्री रघुनाथजीका मंदिर, घासमंडी; जोधपुर; खेजर्ला हाउस, जोधपुर सिटी; कुचामन सिटी, नागोर, मेरता सिटी, पाली, रानी, बाड़मेर (मारवाड़)

बंबई : ५३ टेमरिण्ड लेन, फोर्ट; २०७ कालवा देवी रोड, गांधी चोक, कल्याण; ११८–१२२ काजी सैयद स्ट्रीट, माण्डवी, म्युनिसिपल बिल्डिंग, भिवण्डी (जि० थाना) थाना-जामली नाका, ६६०९ किंग्सवे, सिकन्द्राबाद।

अहमदाबाद : मस्कती मार्केट। कलकत्ता: १-१ मिशन रो. और ५७ नेताजी सुभाष रोड।

मद्रास: २६, गोविन्दप्पा नायिक स्ट्रीट, जी. टी. मद्रास।

चालू डिपाजिट खाता : चालू डिपाजिट खाते में रु० १,००,००० तक के दैनिक बाकी रकम पर १।४ सैकड़ा वार्षिक ब्याज मिलेगा। बड़ी रकमों पर खास निश्चित ब्याज दिया जायेगा।

निश्चित अवधि के डिपाजिट : एक वर्ष अथवा उससे कम समय के लिये लिया जाता है। दर आवेदन करने पर प्राप्त हो सकता है।

सेविंग बैंक खाता : दैनिक बाकी रकम पर १ प्रति सैकड़ा के हिसाब से अथवा मासिक बाकी पर डिपाजिटरोंके साथ तय शर्तों के अनुसार वार्षिक १॥ प्रतिशत के हिसाब से ब्याज दिया जायगा। रु० २०,००० तक पर ५ से भाग दी जा सके इतनी रकम पर ब्याज दिया जायगा। खाता खोलने वाले सप्ताह में दो वार अधिक से अधिक रु. १०००)तक निकाल सकेंगे।

लोन, ओवर ड्राफ्ट और कैश क्रेडिट : मान्य जामिनों पर उधार दिया जाता है।

सेफ कस्टडी के लिये रखी गयी तमाम जामिनगीरियोंपर डिविडेण्ड एवं ब्याज बैंक वसूल करता है।

बैंक सरकारी जामिनगीरियों तथा पब्लिक कम्पनियों के शेयरों की खरीद बिक्री का काम भी लेता है।

बैंक सम्बन्धी सब प्रकार का कारोबार किया जाता है।

सी. एच. दीवानजी,—मैनेजर.

प्रवासिता।

(मौलिक सामाजिक उपन्यास)

(प्रवासी भारतीयों की करुण कहानी का मर्म-स्पर्शी चित्रण)

लेखक :—श्रीगङ्गाप्रसाद गौड़ 'नाहर'।

भूमिक लेखक :— श्रीशिवपूजन सहाय।

भारत से दूर फिज़ी आदि जगहों में किस प्रपञ्च से भारतीयों को ले जाया जाता था—वहां के भारतीयों पर गोरों का जुल्म—भारतीय ललनाओं के साथ गोरों का पाशविक अत्याचार आदि कारनामों से आज भी बहुधांश भारतवासी अनभिज्ञ हैं। 'प्रवासिता' प्रवासी भारतीयों की करुण-कहानी का चित्रण चल-चित्र के दृश्य की तरह उपस्थित करेगी। साथ ही आप इसमें गृहस्थ-परिवार में प्रतिदिन घटनेवाली लीलाओं; स्वार्थ-पिशाचों द्वारा अपनी कुप्रवृत्ति की साधना के लिये घोर कुत्सित कर्मों से सचरित्र और निर्दोष व्यक्ति पर जुल्म ढाना आदि देखेंगे।

कथानक के प्रवाह में आप इतना मस्त हो जाएँगे कि जपरिणामानने के लिये आप बेचैन होकर पुस्तक को अन्त-तक पढ़े बिना न छोड़ेंगे। अपनी प्रति आर्डर भेजकर आज ही सुरक्षित करा लें। एन्टिक कागज पर छपी हुई, आकर्षक तिरंगा कवर, लगभग ५०० पृष्ठकी पुस्तकका मूल्य सिर्फ ६)

मनोरंजनप्रद सामयिक पुस्तकें:—

राष्ट्र-निर्माणके युगमें क्रान्तिकारी विचारधाराओंसे ओत-प्रोक राष्ट्रियताका प्रतिनिधित्व करनेवाली

अपने ढंगकी तीन अनुपम पुस्तकें—

अन्तिम इच्छा १५ कहानियोंका संग्रह, सजिल्द मू० १॥)

आवर्त्तन १७ कहानियोंका संग्रह सजिल्द मू० २)

अनुष्ठान मौलिक क्रांतिकारी सामाजिक उपन्यास सजिल्द मू० ३॥)

एक साथ तीनों पुस्तकें ५।) रु० में डाक व्यय सहित।

THE BENGAL PRINTING WORKS,
21 SYNAGOGUE STREET, CALCATTA.

दि बंगाल प्रिंटिंग वर्क्स, २१, सिनागाग स्ट्रीट, कलकत्ता।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Registered No. N. 10

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Travel by Sea or Air

Tel. Add. "Colonial" Phone: 23313

ISMAILBHAI VAHED & SON.

Passenger & Commission Agents

Behram Mahal, Dhobi Talao, Kalbadevi Road,

P. O. Box 2022. BOMBAY, 2.

BRANCH: Station Road, SURAT.

Station Road, NAVSARI.

POPATLAL & CO.

General Merchants & Commission Agents

Exporters and Importers

P. O. Box 1122, Lourenco Marques,

Portuguese East Africa.

Morarjee Jivanjee & Co.

IMPORTERS & EXPORTERS

General Merchants

Tel. Add. JIVANJEE, P. O. BOX 837,

Lourenco Marques, P. EAST AFRICA.

J. MAGANLAL & Co.,

Brokers & Agents.

115-A, Victoria Street, DURBAN,

P. O. Box 1582, Tel.Add. "Guythri",

Natal, South Africa.

D. ROOPANAND BROS.

Music Saloon & Booksellers

Sole Agent for Rama Flute Harmoniums

AND

Hindustani Records

Cable Add. ANAND, Durban,

P. O. Box 2524. 85 Victoria Street,

Durban, Natal, South Africa.

B. KAKOOBHAI & CO. LTD.

General Produce Merchants

AND

Commission Agents

Tel. Add. RICHNESS. P. O. Box 675,

Rua Araujo No. 82, Lourenco Marques,

Portuguese East Africa.

R. B. Maharaj & Sons,

Land, Estate and General Agents

Chief Agent:

British America Assurance Company.

Agent:

Sun Life Assurance Co. of Canada.

General Business Consultants, Book-keepers,

Secretaries.

Loan negotiated and Account collected.

Landed properties sold & purchased.

335 Church Street, Pietermaritzburg,

Natal, Union of South Africa.

G. S. Maharaj & Son

PROPRIETORS: Crown Clothing Manufacturers

City Funeral Furnishers

HYGIENIC MILLING C

FARMER AND GENERAL DEALER

553-555 Church Street, Pietermaritzburg,

Natal, South Africa.

KASHAVLAL MORARJEE

General Merchant

P. O. Box 515, Lourenco Marques,

Portuguese East Africa.

PATEL & CO.

General Merchants

P. O. Box 350, Lourenco Marques,

Portuguese East Africa.

RAMJI RAGHUNATH

Building Contractor

P. O. Box 660, Lourenco Marques,

Portuguese East Africa.

LALOOBHAI BHULABHAI

Farmer & General Dealer

P. O. Box 944, Lourenco Marques,

Portuguese East Africa.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Printed and published by Bhawani Dayal Sannyasi at the Pravasi Press, Pravasi-Bhawan

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रवासी

PRAVASI



वर्ष २

अंक ६

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

THE PRAVASI

(Circulated throughout South & East Africa, British & Dutch Guiana, British West Indies, Mauritius, Fiji and the Union of India.)

Annual Subscription

For the Union of India	Rs. 10
For Foreign Countries	Sh. 20

Advertising Rates

		Rs.
Full Page:	One Insertion	50
	Six Insertions	270
	Twelve Insertions	480
Half Page:	One Insertion	30
	Six Insertions	150
	Twelve Insertions	270
Column's	One Inch: One Insertion	5
	Twelve Insertions	40

Second and Third Covers 50 per cent extra
Fourth Cover 75 per cent extra.

All correspondence should be addressed to
BHAWANI DAYAL SANNYASI,
"The Pravasi" Office, Pravasi-Bhawan,
Adarshnagar, Ajmer, India.

प्रवासी

(दक्षिण और पूर्व अफ्रिका, ब्रिटिश और डच गायना ब्रिटिश वेस्ट इण्डीज, मोरिशस, फिजी आदि विदेशोंके सिवा सारे हिन्दुस्थानमें प्रचारित)

वार्षिक मूल्य

हिन्दुस्थानके लिये १०) रुपया।
विदेशोंके लिये २०) शिलिङ्ग।

विज्ञापनका रेट।	रुपया
पूरा पन्ना एक वारकी छपाई	५०)
छः वारकी छपाई	२७०)
बारह वारकी छपाई	४८०)
आधा पन्ना एक वारकी छपाई	३०)
छः वारकी छपाई	१५०)
बारह वार की छपाई	२७०)
कालमका एक इंचः एकवारकी छपाई	५)
बारह बारकी छपाई	४०)

दूसरे और तीसरे कवरकी छपाई ५० प्रतिशत और चौथे कवरकी छपाई ७५ प्रतिशत अधिक।

सर्व प्रकारका पत्र व्यवहार इस पतेसे करना चाहिये—

भवानी दयाल संन्यासी,
"प्रवासी" कार्यालय, प्रवासी-भवन,
आदर्शनगर, अजमेर, हिन्दुस्थान।

प्रवासी-की-आत्मकथा

स्वामी भवानी दयालजीकी जीवन-कहानी भूमिका-लेखकः राष्ट्रपति डाक्टर राजेन्द्र प्रसादजी। ... न्याससा मनोरंजक। ६५० पन्नेके वृहद् ग्रंथका मूल्य ... आठ रुपये डाक व्यय सहित।

प्रवासी-पुस्तक-माला।

(१) अब्दुल्ला इस्माइल काज़ी।

दक्षिण अफ्रिकाके प्रसिद्ध भारतीय नेता स्वर्गी... अब्दुल्ला इस्माइल काजीका सचित्र जीवन-चरित्र। इस... लेखक हैं श्री भवानी दयाल संन्यासी और भूमिका-लेख... बम्बईके वर्तमान गवर्नर राजा महाराज सिंह। मूल्य के... ल एक रूपया। पुस्तक अंग्रेजीमें है।

(२) वैदिक प्रार्थना।

इसकी छठवीं आवृत्ति छप भी गई, ... इसकी लोकप्रियताका सर्वोपरि प्रमाण है। इस... संध्या, प्रार्थना, स्वस्तिवाचन, शाँति प्रकरण तथा कुछ चु... हुए वेदमंत्रोंके हिंदी पद्यानुवादके साथही अंग्रेजी अनुवाद ... है। हवन मंत्रोंका हिंदी और अंग्रेजी अनुवाद तथा कु... फुटकर कविताएँ भी है मूल्य डेढ़ रूपया डाकव्यय सहित।

(३) पोर्तुगीज पूर्व अफ्रिकामें हिंदुस्थानी

मोजम्बिक प्रदेशके प्रवासी भारतीयोंकी स्थिति... प्रमाणिक इतिहास। साठ चित्रोंसे अलंकृत। लेखकः स्व... दत्त भवानी दयाल और भूमिका लेखकः मध्य प्रांतके नेता... भारतीय पार्लामेंट और विधान परिषदके सदस्य सेठ... गोविंददासजी। थोड़ीसी प्रतियाँ शेष हैं। मूल्य डेढ़... रुपया डाक खर्च सहित।

(४) स्वामी शंकरानंद संदर्शन।

स्वदेश और विदेशोंमें वैदिक धर्म और आर्य संस्कृ... के प्रचारक स्वर्गीय स्वामी शंकरानंदजी महाराजका सचि... जीवन-चरित्र। यह भी स्वामी भवानी दयालजीकी रच... है। मूल्य तीन रुपया डाक व्यय सहित।

पताः—व्यवस्थापक, प्रवासी भवन,
आदर्श नगर, अजमेर, हिंदुस्थान।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Editor: Bhawani Dayal Sannyasi

Vol. 2 | NOVEMBER 1949 | No. 9

India's Case Against South Africa

BY Bhawani Dayal Sannyasi and Dr. Lanka Sundaram, M.A., Ph. D. (London)

[From **THE MODREN REVIEW** for November, 1946]

(4)

THE conclusion on this question of the Second Cape Town Conference of 1932 to which India and South Africa were parties as follows:-

It is now recognised that the possibilities of the Union's scheme of Assisted Emigration to India are now practically exhausted owing to the economic and climatic conditions of India, as well as to the fact that 80 per cent of the Indian population of the Union are now South African born.

The abandonment of this scheme by the Union Government is a tacit admission that such of the Indian residents in South Africa, who survived the Assisted Passage Scheme to India were part and parcel of the body politic of the Union, and the Government of the Union have obligations which are incidental to the relationship of the State and the individual, not a whit smaller in quantum both as regards law and fact.

The question of South African nationality must be discussed here in some detail. Under the Cape Town Agreement of 1927, to which both India and South Africa were parties but which the Union Government today seeks to nullify unilaterally, it was stated:-

The Union Government firmly believe in and adhere to the principle that it is the duty of every civilised Government to device ways and means and to take all possible steps for the uplifting of every section of their population to the full extent of their capacity and opportunities, and accept the

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

view that in provision of educational and other facilities the considerable number of Indians who remain part of the permanent population should not be allowed to lag behind other sections of the people.

Additional to this vital principle, under which the Union Government recognised Indians in South Africa as a community which is integral to the body politic, there were other provisions in the Agreement which must be noticed. It was proclaimed that 'an Indian should be enabled to live a happy family life in the country, in which he is domiciled,' and it was agreed to by the Government of the Union of South Africa that the Government of India 'should certify that each individual for whom a right of entry is claimed is the lawful wife or child, as the case may be of the person who makes the claim.' This right has been exercised by the Government of India during the past twenty years. It was also stated in the Agreement:-

If the Government of the Union of South Africa make representation to the Government of India to appoint an Agent in the Union in order to secure continuous and effective co-operation between the two Governments, the Government of India will be willing to consider such a request.

The Union Government did make such a request, and an Indian Agent-General was appointed to the Union in 1927 and continued there for a decade and a half, even though, in more recent years, the status of Indian representation in the Union was changed from an Agency into a High Commissionership.

The Government and the people of India, in addition to the Indians in South Africa, have accepted the principle of "the maintenance of Western standards of life by just and legitimate means and Indians in the Union have, as has been amply demonstrated from time to time during the past twenty years in Union Government reports, faithfully surrendered their right to live their own life and conformed to Western standards of living. So far, there has been no proved breach of this essential condition of the Gentleman's Agreement between India and the Union, which the resident Indian community in the Union have faithfully adhered to. On the contrary, it is the gravamen of the dispute between India and South Africa that the Union Government have, through their segregation and other legislation and administrative practice, sought deliberately to prevent Indians in the Union from having the means and opportunity for conforming to Western standards of life.

Hardly before the signature of the Union Government dried up on the First Cape Town Agreement, the South African Nationality Bill, which subsequently became the law of the Union, was introduced on November 15, 1927. Section I of this Act, defining South African nationality, runs as follows:-

A person born in any part of South Africa included in the Union who is not an alien or a prohibited immigrant under any law relative to Immigration.

In view of the implications of the legal expression "prohibited immigrant" which came into current use after the Smuts-Gandhi Agreement which led to a gentleman's understanding relating to the stoppage of free Indian immigration into the Union, this definition of 1927 relating to South African nationality, certainly created a difficult position for the Indian community in the Union. The result was that the question was taken up before the Supreme Court of South Africa whose Appellate Division in the case of E. M. Seedat versus Appeal Board by the judgment of the Lord President, laid down as follows:-

The regulation is no doubt a

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Act of administration of a nature on scale which can seldom, if ever before have been entrusted by the Legislature to the discretion of an individual. As was said in the case of Dava Ratanjee, 1913, N. L. R. 467: "The Minister, without distinction of nationality, class or circumstances, has simply declared the whole Asian population of the world .....to be unsuited on economic grounds to the requirements of the Union, and therefore restricted" But while that is so, we are unable to say that in so doing he has gone beyond the (a) of sub-section (I) of Section IV of the Act. The endrmous powers conferred upon him by paragraph words of that enactment, taken in their ordinary and grammatical sense, are wide enough to cover the Regulations, and we find nothing elsewhere in the language or scope of the Act to render such an interpretation repugnant, or to force us to more limited one.

What are economic grounds, and who are to be deemed unsuited on such grounds are matters which, in plain terms, are committed entirely to the discretion of the Minister, and whatever he exercises that discretion by prohibiting each Asian person separately and individually who attempts to enter the Union as it was conceded he might do. . . . or by prohibiting 'every Asian as a class by declaring them unsuited on economic grounds, makes no difference. He is left to classify as he pleases.

इस श्वेत नीतिको समझनेके लिये वहाँके इतिहास पर एक दृष्टि डालना आवश्यक है। पहले वहाँ वालोंने अश्वेत जातियोंको दूर रखनेके विचारसे भाषाकी परीक्षा रखी जिसके अनुसार किसी भी प्रवासीको यूरोपकी भाषाओंका जानना और उसमें परीक्षा देना जरुरी समझा जाता था अन्यथा उसे आस्ट्रेलियामें प्रवेश करनेकी आज्ञा नहीं दी जाती थी। इसी नीतिका परिणाम था कि सुप्रसिद्ध वामपक्षीय लेखक जराल्ड कर्चकी भी परीक्षा ली गई थी क्योंकि सरकार उनको प्रवेशकी सुविधा प्रदान करना नहीं चाहती थी पर वहाँके गोरोंमें एशियाइयोंको दूर रखने की इस नीतिकी सृष्टि क्यों हुई, इसका भी एक करुण पर पूँजीवादियोंकी अर्थलिप्सासे सिक्त एक इतिहास है। पिछली शतीमें भेंड़ तथा ऊखके व्यापारसे धनार्जन करनेवाले पूँजीपतियोंने चीन सथा प्रशांत द्वीपोंसे सस्ते मजदूरोंको लाना आरम्भ कर दिया। उसी समय वहाँ ट्रेड यूनियनोंका जन्म हुआ और उन मजदूर संघोंने एशियाई मजदूरोंके आगमनका विरोध किया क्यों कि इससे गोरे मजदूरोंके मुँह-मांगे वेतन पाने में बाधा पड़ती थी। सन् १८३० के लगभग छोटी-छोटी टोलियोंमें भेड़ोंको पाला जाता था। सन् १८३० में कैदियोंको वहाँ भेजनेकी प्रथा बन्द कर दी गई और इससे वहाँ मजदूरोंकी कमीकी कठिन समस्या और भी भयंकर हो उठी। यह उस जमानेकी बात है जब अंग्रेज एशियामें अपने प्रभुत्वका प्रसार कर रहे थे। चीनसे लड़कर अंग्रेजोंने हाङ्गकाङ्गके सिवा अन्य बंदरगाहों पर भी दखल जमा लिया था। सिडनीमें सन् १८४२ मेंही विलियम चार्ल्स वेन्टवर्थने एक संस्थाकी स्थापना की जिसका ध्येय था वहाँके पूंजीपतियोंके लिये एशियासे सस्ते मजदूरोंका लाना और उनका उपयोग करना। इस प्रकार हजारों चीनी मजदूर भेड़ोंकी चरगाहों पर काम करनेके लिये लाये गये पर वहाँ इसी बीच सोनेकी खानोंमें कार्य आरम्भ हुआ और उन मजदूरोंने भी भेड़ोंकी चरगाहोंसे काम छोड़कर सोनेकी खानोंमें काम करना शुरु कर दिया। इस सोनेकी लालचसे वहाँ चीनी मजदूरोंकी बाढ़सी आ गई और परिणाम यह हुआ कि सन् १८४५ में केवल विक्टोरियामें लगभग ४२००० चीनी आ धमके थे। विक्टोरिया और दक्षिण आस्ट्रेलियाकी खानोंमें दंगे हुए और अन्तमें एक नया कानून बना जिसके अनुसार चीनी मजदूरोंको देशसे निकाल दिया गया। जो इने-गिने रह भी गये उन पर नाना प्रकारके टेक्सोंका भार लाद दिया गया।

पर इन कानूनोंसे ब्रिटिश सरकारके कान खड़े हो गये और उसने उपनिवेशोंको चेतावनी दी कि वे ऐसा कोई कानून न बनावें जिसके अनुसार उस देशकी प्रजाके प्रवेश और प्रवासमें बाधा पड़ती हो जिसका बृटिश सरकार के साथ स्नेह-सम्बन्ध है। इस विरोधका फल यह हुआ कि कानून रद्द कर दिया गया और सन् १८६७ से १८७७ तक पुनः एशियावासियोंको आस्ट्रेलियामें

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

निर्बाध प्रवेशका अवसर एवँ अधिकार प्राप्त हुआ। पर इसका मतलब यह नहीं है कि वहाँके गोरे शांत हो गये, उन्होंने अपना आन्दोलन जारी रखा और एशियावासियोंके प्रवेश वर्जनके लिये कानून बनानेकी माँग करते रहे। इसी वातावरणमें सन् १८८७ में चीन सरकारका एक शिष्ट मंडल चीनियोंके प्रवासके लिये सुविधाएँ प्राप्त करनेके विचारसे आस्ट्रेलिया गया। उधर लण्डनमें चीनी राजदूतने बृटिश वैदेशिक विभागके सामने चीनियोंके खिलाफ पास किये गये आस्ट्रेलियाके कानूनोंका प्रचण्ड प्रतिवाद किया। वैदेशिक विभागने चीनी राजदूतके पत्रको आस्ट्रेलियाके सरकारके पास भेज दिया और उससे जवाब भी तलब किया।

इस नोटसे आस्ट्रेलियामें भय और क्रोधका वातावरण छा गया। इसी बीच वहाँ कोढ़ एवँ चेचक जैसे एशियाई बीमारियोंका प्रकोप हुआ और "गोरोंने स्वच्छ आस्ट्रेलिया" का नारा बुलन्द किया। सिडनीमें सार्वजनिक सभाएँ हुई और शहरोंकी सड़कों पर चीनियोंको पीटा गया। नये चीनियोंको जहाजसे उतरनेकी आज्ञा नहीं दी गई। पर इस प्रकारकी गैर कानूनी कार्यवाही अधिक दिनोंतक नहीं चल सकती थी। अंततः सन् १८८८ में विभिन्न प्रांतोंके मंत्रियोंकी एक बैठक हुई और उसमें चीनियोंकी संख्या घटानेका निश्चय हो गया। चीनियोंको देशसे खोज खोजकर निकाला गया। पर उस समय तक भारत और जपानके प्रवासियों के प्रवेशमें कोई रुकावट नहीं थी। सन् १८९३ में चीनियों के विरुद्ध पास किये गये कानूनको सभी एशियावासियों पर लागू करनेका आन्दोलन आरंभ हो गया। यहींसे "श्वेत आस्ट्रेलिया नीति" का जन्म हुआ। सन १८९६ में वहाँके सभी प्रदेशोंके मंत्रियोंका एक सम्मेलन हुआ और उसमें यह निश्चय हो गया कि जो एशियाई वहाँ जा बसे हैं उनको एनकेनप्रकारेण वहाँसे निकालने और उनकी संख्या घटानेका प्रयत्न किया जाय और भविष्यमें किसी एशियाईको उस देशकी भूमि पर पैर भी न रखने दिया जाय। उसी साल लण्डनमें उपनिवेश सम्मेलन हुआ। उस सम्मेलनमें भी आस्ट्रेलियाकी इस नवीन श्वेत नीति पर विचार किया गया और बृटिश सरकारके औपनिवेशिक मंत्री श्री जोसफ़ चेम्बरलेनने उस देशकी नीतिकी प्रति सहानुभूति प्रकट करते हुए यह सलाह दी थी कि एशियावासियोंका प्रवेश रोकनेके लिये "श्वेत आस्ट्रेलिया नीति" के बदले यदि अन्य कोई उपाय काममें लाया जाता बृटिश साम्राज्यके हितकी दृष्टिसे कहीं अधिक अच्छा होता उन्होंने शिक्षाकी कड़ी परीक्षा लेनेकी राय दी। इस अनुसार किसी यूरोपीय भाषाका जानना नवीन प्रवासियों के लिये अनिवार्य था।

इस प्रकार आस्ट्रेलियाके सभी श्वेताङ्ग और रङ्ग शुभचिंतक इस विषयमें एकमत हो गये कि वहाँ एशियावासियों का प्रवेश एकबारगी रोक दिया जाय पर उनके प्रवेश रोकनेके लिये किस उपायसे काम लेना चाहिये, इस विषय पर मतैक्य नहीं था। वहाँके कॉमनवेल्थ पार्लामेंट की सर्व प्रथम बैठकमें प्रधान ऐडमंड बार्टनने दो कानून पास कराये जिनको उन्होंने श्वेत आस्ट्रेलिया नीतिका श्री गणेश बतलाया। इस कानूनके अनुसार नवीन प्रवासी को सभी यूरोपियन भाषाके पचास शब्दोंका जानना आवश्यक था क्योंकि इमिग्रेशन अमलदार किसी भी यूरोपियन भाषाके पचास शब्द पूछ सकता था। इन कानूनका मकसद एशियावासियोंके प्रवेश पर रोक लगाना था। यदि कोई एशियावासी अंग्रेजी जानता था तो उससे फ्रेंच भाषाके ५० शब्द पूछे जाते थे और यदि वह फ्रेंच जानता था तो उससे जर्मन भाषाकी परीक्षा ली जाती थी ताकि वह परीक्षामें फेल हो जाय और उस देशमें रहनेका दावा न कर सके। यूरोपियन प्रवासीसे उसी भाषामें परीक्षा ली जाती जो उसकी मातृभाषा होती ताकि उसके प्रवेशमें कोई बाधा न पड़ने पावे। इस कानूनमें दर्शक, पर्यटक और विद्यार्थियोंके लिये यह सुविधा कर दी गई वे मित्र परमिट लेकर निश्चित काल तक वहाँ रह सकें और उस अवधिके बीच उनका काम पूरा न हो सके और कुछ दिन और रहना चाहें तो प्रार्थना करने पर उनके मिटकी अवधि और कुछ दिनोंके लिये बढ़ाई जा सकेगी। कॉमनवेल्थके कानूनोंमें ऐसे परिवर्तन किये गये जिस वहाँ एशियाई मजदूर रहने न पावें। इसके बाद तो आस्ट्रेलियामें एशियावासियोंकी संख्या तीव्रगतिसे घटती ही गई।

कुछ दिन पहिले पं० जवाहर लाल नेहरूके प्रयत्न नई दिल्लीमें जो एशियाई परिषद हुई थी और जिसमें एशियाके अनेक देशोंके प्रतिनिधियोंने भाग लिया था उस एशियाके साधारण मनुष्यके जीवन स्तरको ऊँचा उठाने के लिये सर्वानुमतसे निश्चय किया गया था। इस परिषद एशियाईकी हैसियतसे आस्ट्रेलियाके प्रतिनिधि भी थे

CC-0: In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हुए थे लेकिन यह बात समझमें नहीं आती है कि जिस देशने समस्त एशियावासियोंके लिये अपना दरवाजा बन्द कर रखा है और यह घोषित कर रखा है कि आस्ट्रेलियाकी भूमि केवल श्वेतांगोंके लिये रिजर्व है उस देशके साथ एशियाके देशोंका क्या स्नेह-सम्बन्ध हो सकता है? आस्ट्रेलियाका नई दिल्लीकी एशियाई परिषदमें सम्मिलित होना एक मजाकके सिवा और क्या कहा जायगा? उस देशमें ऐसे प्रगतिवादी दल भी हैं जो एशियाके अन्य देशोंके साथ हेल मेल बढ़ाना और उनसे अपने सांस्कृतिक एवँ सामाजिक सम्बन्ध तो कायम करना श्रेयस्कर समझते हैं परन्तु जबतक वहाँ श्वेतनीतिका बोलबाला है तबतक एशियामें आस्ट्रेलियाके प्रति द्वेष और वैमनस्यका भाव बढ़ेगा ही, घटेगा नहीं। चीफली और इवेटकी चिकनी-चुपड़ी बातोंसे एशियाव सी संतुष्ट नहीं हो सकते। आस्ट्रेलियाकी श्वेतनीतिको वे अपना घोर अपमान समझते हैं। जापान श्वेतांगोंके इसी नीति पर सख्त नाराज था और यदि अमेरिकासे युद्ध नहीं ठन गया होता तो आस्ट्रेलिया का वह कचूमर निकाल डालता।

यह कितने अपमानकी बात है कि आस्ट्रेलियाके ७० लाख गोरे अपने देशके दरवाजे पर यह साइनबोर्ड लगा रखें कि "इस पाक-साफ देशमें एशियावासियोंका प्रवेश वर्जित है"। एशिया इस अपमानका बदला एक दिन अवश्य चुकायेगा—वह कबतक इस अन्यायको सहन करेगा। आस्ट्रेलिया यदि एशियाई परिषदमें शामिल होता है और एशियाई देशोंसे स्नेह-सम्बन्ध स्थापित करना चाहता है तो उसको अपनी श्वेत नीतिको तिलांजलि दे देनी पड़ेगी। एक ओर तो श्वेत नीतिसे चिपटे रहना और दूसरी ओर एशियाई देशोंसे सम्बन्ध स्थापित करनेकी बातें करना परस्पर एक दूसरेके विरोधी हैं और यह दोनों बातें एक साथ नहीं हो सकती। आस्ट्रेलियाको अपनी नीतिमें आमूल परिवर्तन करना पड़ेगा तभी वह शांतिसे रह सकता है।

आस्ट्रेलियामें प्रवासी भारतीयोंकी संख्या बहुत थोड़ी है। वे वहाँ स्वतंत्र रूपसे गये हैं। इस समय वहाँ भारतीयोंकी तादाद दो हजारसे अधिक नहीं है, उनमें अधिकांश पंजाबी और पठान हैं। इन दो हजार भारतीयोंमें केवल डा० खानही ऐसे व्यक्ति हैं, जिनकी आर्थिक दृष्टिसे स्थिति अच्छी है। अन्य भारतीय गरीबीमें ही अपने दिन काट रहे हैं। वे सिडनीके पासके उपनगर रेण्डफेनकी गन्दी झोपड़ियोंमें रहते हैं। अन्य भारतीय दक्षिण आस्ट्रेलियाके भिन्नभिन्न नगरोंमें फैले हुए हैं। भारतके हाई कमिश्नर और ट्रेड कमिश्नरने कभी इन गरीब भारतीयोंकी हालत जाननेकी कोशिश नहीं की। इनको अपने देशवासियोंकी असली हालतका कुछ भी पता नहीं है।

सन् १९००में ब्रिटिश सरकारसे आस्ट्रेलियाको औपनिवेशिक स्वराज मिला था, उस समय कुछ भारतीय वहाँ स्थायी रूपसे बस गये थे। सोनेकी चमक-दमकनेही कुछ भारतीयोंको वहाँ खींच ले गई थी। पश्चिम आस्ट्रेलियामें सोना खोजनेवाले न जा सके क्योंकि वह मरुभूमि है। मरुभूमिमें जानेके लिये भारतके ऊँटोंको दो जहाजमें लादकर वहाँ भेजा गया था। वे ऊँट अधिकतर राजपूताना और सिन्धके थे। उन ऊँटोंको चलानेवाले राजस्थान, सिन्ध और पंजाबके गरीब मुसलमान थे। उनकी भर्ती करके वहाँकी मरुभूमिमें ऊँट हांकनेके लिये उनको भेजा गया था। कुछ तो बिचारे मरुभूमिकी यात्रामेंही स्वर्ग सिधार गये और जो जीवित रह गये, उन्होंने वहीं शादी कर ली और वहाँके निवासी बन गये। जब वहाँ गन्नेकी खेती शुरू हुई तो चीनी और मलाई मजदूरोंके सिवा कुछ भारतीय मजदूर भी स्वतन्त्र रूपसे वहाँ पहुँच गये थे। यह उस समयकी बात है जब कि सन् १९०० में आस्ट्रेलियाको स्वराज मिला था। वहाँ के श्वेतांग मजदूरोंसे इन एशियाई मजदूरोंके संघर्षने एक विकट परिस्थिति पैदा कर दी। जापान भी उस समय एक शक्तिशाली देशके रूपमें उठ रहा था। जापानने जब रूसपर विजय पाई तो श्वेतांगोंके भय और चिंताका सीमा न रही। आस्ट्रेलियाकी सरकार ऐसे उपायोंको काममें लाने लगी जिनसे एशियाइयोंको वहाँसे बाहर निकाल दिया जाय। जापानियोंको भी सामूहिक रूपसे निकाला गया जिससे जापान क्रोधसे लाल हो उठा। उसने बदलेकी नीति अमलमें लानेकी धमकी दी। उसी समय कानून बनाकर यूरोपियन भाषाओंमें परीक्षा लेनेका ढोंग रचा गया और वह परीक्षा किस ढंगसे लिया जाता थ', उसका उल्लेख ऊपर किया जा चुका है।

पिछले विश्वयुद्धमें जो कुछ हुआ वह वहाँकी श्वेत नीति पर अच्छा प्रकाश डालता है। युद्ध छिड़तेही वहाँके जर्मन और इटालियन अपनी मातृभूमिको लौट गये और अपने देशकी सेनामें भर्ती होकर अंग्रेजोंसे लड़नेके लिये

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मैदानमें उतर आये। अंग्रेजोंको जब सिपाहियोंकी आवश्यकता हुई तो २०-२५ लाख भारतीयोंको सेनामें भर्ती किया गया। भारतीय सिपाहियोंने ही बृटिश साम्राज्यकी रक्षा की और जापानियोंके आक्रमणसे आस्ट्रेलियाको बचाया। उस समय भारत तथा भारतीयोंके यशोगानसे आस्ट्रेलियाका कोना-कोना गुंजारित हो रहा था लेकिन जब लड़ाई खतम हो गई, वह देश जापानके हमलेसे बच गया और श्वेतांगोंका काम निकल गया तो फिर वहाँ श्वेत-अश्वेतका तराना गाया जाने लगा। आज वहाँके इमिग्रेशन मन्त्री श्री केलवेल बड़े गर्वसे कहते हैं कि श्वेत-अश्वेतका नाता कैसा? हम किसी एशियाईको अपने देशमें नहीं आने देंगे तो इसमें झगड़ेकी बातही क्या है और यदि कोई "मान न मान मैं तेरा मेहमान" बननेके लिये झगड़ा छेड़ता ही है तो हम उसका मुकाबला करनेके लिये पूर्णतया तैयार हैं।

सच बात तो यह है कि इस समय संसारमें रंगद्वेषके अग्रनेता है आस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रिका। यह दोनों देश तृतीय विश्वयुद्धके लिये दुन्यिाको चुनौती दे रहे हैं। यह युद्ध होगा—एशिया और यूरोपमें। इस युद्धका परिणाम ऐसा भयंकर होगा जिसकी कल्पनासेही रोमांच हो आता है। इस समय एशिया युद्धके लिये तैयार नहीं है, इसीलिए दक्षिण अफ्रिका और आस्ट्रेलिया श्वेत नीतिका राग-तान अलापनेमें मस्त हैं और प्रवासी भारतीयोंको तंग और तबाह कर रहे हैं लेकिन जिस दिन एशिया तैयार हो जायगा उस दिन इनकी सारी सिट्टी-पिट्टी भूल जायगी —सारी शेखी धूलमें मिल जायगी। प्रथम विश्वयुद्धके बाद जब बर्साईमें संधि-परिषद बैठी थी और जापानने सर्व जातियोंके समानाधिकारका प्रस्ताव पेश किया था जिसका यह अभिप्राय था कि संसारसे वर्ण भेद उठ जाय तो उस समय भी आस्ट्रेलियाके प्रधान मंत्री विलियम मोरिस ह्यूज और दक्षिण अफ्रिकाके सर्वेसर्वा जनरल स्मट्सने जापानके प्रस्तावके विरोधियोंका नेतृत्व ग्रहण किया था और इसी लिये वह प्रस्ताव पास नहीं हो सका था--जापानको कुछ द्वीप देकर संतुष्ट कर लिया गया था। हालहीमें जापानके पूर्व प्रधान मंत्री जनरल ताजो आदि पर युद्ध छेड़नेका अपराध लगाकर मामला चलाया गया था उस मामलेपर विचार करनेके लिये जो जज नियुक्त किये गये थे उनमें एक भारतीय भी थे। भारतीय जज राधा विनोद पालने अपने फैसलेमें ताजो आदिको निर्दोष बतलाते हुए साफ कह दिया कि "यदि जापानियोंमें ऊंच वर्ण होनेका अभिमान, युद्ध भावना और उसके लिये तैयारी करनेकी आवश्यक प्रतीत हुई तो वह आस्ट्रेलियाकीही श्वेतनीतिकी प्रतिक्रि थी और उसके लिये आस्ट्रेलियाके तत्कालीन प्रधान विलियम मोरिस ह्यूजही असलमें जिम्मेदार हैं"। इ बातसे संसारमें सनसनी फैल गई थी। मोरिस ह्यूजने व वक्तव्य निकालकर अपनी सफाई देते हुए यह स्वीकार क लिया था कि "मैंने शांति-परिषदमें सर्व वर्णोंकी समानता अवश्य विरोध किया था, यदि ऐसा नहीं करता आस्ट्रेलियाके साथ गद्दारी होती।"

एक बार जब महाकवि रविन्द्रनाथ ठाकुर अमेरिका यात्रा पर जा रहे थे तो उनका जहाज आस्ट्रेलिया बन्दरगाहसे गुजरा था। वहाँकी सरकारने महाकविसे उसका आतिथ्य-सत्कार स्वीकार करनेके लिये आमंत्रि किया था परन्तु महाकविने स्पष्ट उत्तर दे दिया कि "जिस देशमें मेरे देशवासियोंके साथ मानवोचित व्यवहार नहीं किया जाता है, उनको अधम समझकर उनका प्रवेश वर्जि कर दिया गया है उस देशकी भूमिपर मैं पैर रखना उचित नहीं समझता।" जबतक जहाज वहाँ ठहरा तबतक महाकविने उसीपर अपना समय काटा। इस घटनाकी संसारमें बड़ी चर्चा हुई थी। उस समय नेटालमें ह "हिन्दी" नामक साप्ताहिक अखबार निकालते थे। उसके अंग्रेजी विभागमें हमने भी इस विषयपर अग्रलेख प्रकाशि किया था। कट्टर अंग्रेजोंके दिलपर बड़ी चोट पहुँची थी। इस लिये द्वितीय विश्वयुद्धके जमानेमें जब चर्चिल महाशय इंगलैण्डके प्रधान मंत्री और भारतके मालिक बने तो महाकवि टैगोरसे इस अपमानका बदला उन्होंने सूद सहि चुका लिया था और भारतीयों एवँ बंगालियोंके प्रचंड विरोध करनेपर भी आस्ट्रेलियाके केसी महोदयको बंगालका गवर्नर बना डाला था।

इस समय आस्ट्रेलियामें जो कुछ हो रहा है वह अश्वेत वर्णों और विशेषतः एशियावासियोंके लिये घोर अपमान है। हालही में इमिग्रेशन मंत्री केलवेलनें ३० महा इयोंको बड़ी निर्दयतासे निर्वासित किया है। वे महाशय बृटिश प्रजा थे और लड़ाईके जमानेमें आस्ट्रेलियाकी सेवा कर रहे थे। उन्होंने व्यापारी बेड़ेमें बड़ी बहादुरी दिखाई थी और उनमेंसे अधिकांश आदमियोंने आस्ट्रेलियाकी कन्याओंसे शादी भी कर ली है, कुछ के बच्चे भी पैदा हो

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गये थे। ६०० चीनियोंको नोटिस दी गई है कि वे फौरन आस्ट्रेलियासे निकल जायँ। यदि वे देर करेंगे तो उनको गिरफ्तार कर लिया जायगा और देश निकालेकी सजा दी जायगी। एक अमेरिकन नीग्रो पहलवान अलबामा किड को जो वहाँ छः साल तक रह चुका है और एक आस्ट्रेलियन माहिलासे विवाह कर लिया है और बच्चे भी हो चुके हैं वहाँसे निर्वासित कर दिया गया है। उसके औरत बच्चे रोते-बिलखते वहीं पर रह गये और नीग्रो पहलवानको पकड़कर बलात अमेरिका पहुँचा दिया गया। श्रीमती केरिकको, जिसके पति आस्ट्रेलियाके एक नागरिक हैं अश्वेत होनेके अपराधमें वहाँसे निकाल दिया गया। यह तो बानगीके तौरपर दो चार घटनाओंका यहाँ उल्लेख किया गया है लेकिन सत्य बात तो यह है कि वहाँ आजकल नित्यही इस प्रकारकी घटनाएँ घट रही हैं। श्वेत नीतिकी नृशंसतासे एशियाके देशोंमें घृणा और कोपकी सृष्टि और वृद्धि स्वाभाविकही है।

भारत सरकारका यह कर्त्तव्य है कि वहाँके प्रवासी भारतीयोंकी अवस्था पर वह तत्क्षण ध्यान देवे, नवीन प्रवासियोंके लिये प्रवेशाधिकारका दावा करे और आस्ट्रेलियाको श्वेत नीति त्यागनेके लिये बाध्य करे। यदि वह अपना हठ और दुराग्रह छोड़ने पर तैयार नहीं है और इस समय उससे युद्ध छेड़ना संभव नहीं है तो कमसे कम सारे एशियाई देशोंमें उसका तिरस्कार और बहिष्कार किया जावे। उसको ऐसी शिक्षा दी जावे कि वह भविष्यमें इस प्रकार एशियावासियोंके अपमान करनेका दुस्साहस न कर सके। यदि भारत नवीन एवँ जागृत एशियाका नेतृत्व करना चाहता है तो उसे इसी मामलेमें अपने नेतृत्वका श्री गणेश करना चाहिये।

अब वह समय आ गया है कि विश्वमें वर्ण विभेदका सर्वत्र प्रचंड प्रतिवाद होना चाहिये और श्वेताङ्गोंकी इस भ्रांतिको मिटा देना चाहिये कि परमेश्वर और प्रकृतिने उनको इस संसारमें सर्वश्रेष्ठ मानवके रूपमें सृजा है। सफेद चमड़ेका घमंड जबतक नहीं मिट जायगा तबतक उनकी आँखें नहीं खुलेंगी। भारतकी ओर इस समय सारा एशिया, यहाँ तक कि अफ्रिका भी नेतृत्वके लिये निहार रहा है। आशा है कि हमारे देशके सूत्रधार इस अवसर को हाथसे न जाने देंगे।

—:o:—



गिरमिट-युगकी एक गाथा

लेखकः—पाण्डेय बेचन शर्मा 'उग्र'

(?)

(घ)

रामशरणका बयान

भगवान इन आरकाटियोंकी कोढ़में खाज दे। इनकी नीचतासे मेरी बड़ी दुर्गति हुई। आया था अध्यापकी करने और जोतना पड़ा खेत। इतना भयंकर परिश्रम—इतनी मार और ऐसी दुर्गति। न जाने हम कुलियोंको किस पापके प्रायश्चितके लिये भगवानने जन्म दिया है। यह जानकी मेरे लिये सहारा हो गयी। उसीके सच्चे स्नेह और सेवाओंसे मेरा जीवन इस नरकमें भी स्वर्ग-सुख-पूर्ण है। केवल अब्दुल ही नहीं, न जाने कितने और कुलियोंने अनेक बार जानकीको कुमार्गमें प्रवृत करना चाहा पर मैं कहूँगा जानकी अवश्य वह एक कुलीन हिन्दू ललना कहलाने योग्य है। उसने सदैव अपने सतीत्वकी रक्षा की। हमारा ओवरसियर विवाहित था—लोग कहते हैं इसी कारण और भी जानकी बच गयी। हम लोग अपनी तनख्वाहमेंसे सब कुल खर्च कर लेने पर भी सात आठ रु० मासिक बचा लेते थे। बचता तो और भी पर काम पूरा न हो सकने के कारण जो जुर्माना देना पड़ता था उसके कारण नाकों दम था। गोविन्द (मेरे पुत्र) ने हमारे जीवनको और भी आनन्दमय कर दिया था। यद्यपि उसके कारण हमें कष्ट भी कम नहीं होते थे। जानकी जिस समय प्रचण्ड धूपमें उसे अपने हृदयसे लगाकर खेतोंमें काम करती थी वह दृश्य देखकर हृदय फट जाता था। पत्थर भी पिघल जाता था।

तीन वर्ष बीत गये—साथही उन थोड़े बहुत सुखोंकी इति भी हो गई। हमारे दुःखोंका भीषण रूप उसी दिनसे

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भीषणतर होने लगा जिस दिन मैं अन्य पन्द्रह कुलियोंके साथ कोठी पर भेजा गया। जानेके समयही मुझे यह सन्देह हुआ कि कहीं अब्दुल मेरी जानकीसे छेड़खानी न करे, पर करता क्या! गुलाम जब तक गुलाम है तब तक अपनी रक्षा कैसे कर सकता है? मुझे कोठी पर जानाही पड़ा। वहां हमसे गौ हत्या करनेके लिये कहा गया। मैं ब्राह्मण हूं—फिजीमें अध्यापकी करने आया हूं। फिर भी मुझे जघन्य काम करनेको कहा गया। मेरे अन्य साथियोंमें दस तो चमार थे तथा पांच मुसलमान। इन लोगोंको उक्त कार्य करनेमें कुछ भी आपत्ति न हुई। पर मेरे ब्राह्मणत्वने—पूर्वजोंके रक्तने—उस कार्यको करनेमें अपनी असमर्थता प्रकट की। मैंने साफ 'नाहीं' कर दी। कोठी वाला अंग्रेज पूरा राक्षस था। एक गुलामकी 'नाहीं' पर उसका क्रोध प्रज्वलित हो उठा। आज्ञा हुई। मेरे ऊपर मेरे ही साथियोंमेंसे पांच सातने डण्डे और लातोंकी वृष्टि आरम्भ कर दी। मुझे भरपेट कष्ट दिया गया—मैंने उसका अनुभव भी किया। पर विवश था, गौवधके लिये हाथ नहीं उठते थे। लाचार उन्होंने मुझे बेदम कर छोड़ दिया।

मेरे अन्य साथियोंने भोली-भाली गौओंकी गर्दनों पर छुरियाँ चलायी—दिन भरमें कई गायें गोरोंके पेटमें जानेके लिये कुर्बान हुईं। इसके बाद सभोंने रसोई बनाकर भोजन किया। मुझसे किसीने पूछा भी नहीं, फिर डेढ़ बजे रातको हमलोग एक अंग्रेजके साथ कुली लेन भेजे गये। सात-आठ मीलका रास्ता था। हमें अपनी कोठरियों तक पहुंचनेमें दो घण्टेसे कम नहीं लगा। आठ मील दो घण्टेमें। आपको आश्चर्य होना चाहिये। पर इसमें कोई आश्चर्यकी बात नहीं है। हमारा नेता—वह अंग्रेज—घोड़ेपर था। स्वच्छ उजली रात थी। उसीमें वह कोड़े मार मार कर हम लोगोंको अपने घोड़ेके बराबर चलनेके लिये विवश करता था। हमें चलना ही पड़ा।

अभी मेरी कोठी भी मुझसे २५ गजकी दूरी पर थी कि मैंने उसके भीतरसे कुछ झगड़नेकीसी बात सुनी। मैं झपटकर दरवाजे पर पहुंचा। द्वारमें एक छिद्र था उसीसे मैंने भीतर देखा—देखा क्या? जानकी किसीकी गर्दन दबाये हुए उसकी छातीपर दनादन चरण-प्रहार कर रही है। और वह "हाय, मरा—मुझे छोड़ दो—बख्श दो" इत्यादि चिल्ला रहा है। मैंने जान लिया चिल्लानेवाला जानवर अब्दुल्ल था।

मेरी कण्ठध्वनि सुनकर जानकीने दरवाजा खोल दिया, पूछने पर सारा, रहस्य ज्ञात हुआ। ईश्वरकी दया हुई—अब्दुल नितान्त दुर्बल था नहीं तो जानकीकी दुर्दशा होनेमें क्या सन्देह था? मेरे द्वारपर अनेक कुलियोंकी भीड़ लग गयी! उस दिन अब्दुलको बहुतही लज्जित होना पड़ा।

इस घटनाके एक सप्ताह बाद हमारा वह नेक ओवरसियर बदल गया। उसके स्थानपर एक राक्षस प्रकृतिका हट्टाकट्टा नौजवान और अविवाहित अंग्रेज ओवरसियर हम लोगोंका सरपरस्त हुआ।

(ङ)

अब्दुलका बयान

गोकि मेरी खराब तन्दुरस्तीके लिये नया ओवरसियर बड़ाही खतरनाक था, फिर भी मेरे जैसे संग दिलके लिये वह बहुत ही अच्छा था। मैं तो अब मरनेही वाला हूं लेकिन इससे पहले एकबार रामशरनकी खराबी देखना चाहता हूं। अब मैं जानकीको भी नही चाहता। वह डायन है। ओह! उस दिन उसने मेरी बड़ी ही बेइज्जती की।

ओवरसियरका नाम था मि० किड। साहबने आते ही अपने करिश्मे दिखाने शुरू किये। हम लोगोंके सरदार (यह हम कुलियोंमेंसेही एक चुना हुआ आदमी होता है पर चुना जाता है कोठी वालों या ओवरसियरकी इच्छा से) की नाकमें दम हो गया। यह गोरा रोजही सरदारसे दो-एक औरतोंको किसी पोशीदा जगहमें काम करनेको भिजवाकर उनको बेहुर्मत किया करता, और अगर कोई उसकी मर्जीके खिलाफ अपनी इज्जत बचानेकी कोशिश करती तो वह (ओवरसियर) उसको बहुत तंग करता।

मैंने मनमें सोचा—"देखूं, अब जानकी कितने दिनों तक अपनेको पाक रखती है।" एक दिन साहब मेरे सामनेही सरदारसे कहने लगा—"वेल, आज टुम अपने कुली लेनका सबसे खूबशूरट औरटको लाओ।"

मैंने देखा मौका है। धीरेसे साहबसे कहने लगा—हुजूर, रामशरनकी बीबी जानकीही हमारी कुली लेनमें सब से ज्यादा हसीन है!"

साहब—Is it so? (ऐसी बात) टब शरडार उसको अभी उस केलेके फील्डमें बेजो।"

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सरदारने जानकीको साहबके मुताबिक केलेके खेतमें भेज दिया। वह खड़ा खड़ा साहबको जानकीके बारेमें भर रहा था और कर रहा था रामशरनकी शिकायत। जानकी के आ जाने पर ओवरसियरने कहा—

"लड़का इडर फेको। खेटके बीचका केलेका कोई पट्टी निकालो।"

मुझे जान पड़ा कि जानकी सब बातें समझ गयी, वह बड़ीही मक्कार औरत थी। पर यहां पर उसकी समझदारीने उसकी कुछ भी मदद न की। उसने गोविन्दको खेतकी मेड़पर बैठा दिया और आप बड़े बड़े पत्तेवाले केलोंके खेतमें घुसी। उसने अभी अपना काम शुरूही किया था कि वह—किड—भी उसके पास पहुंचा और लगा छेड़-छाड़ करने। मैं सच कहता हूं—कभी तो वह जानकीसे किसी पत्तेको दिखाकर कहता कि "ईशको क्यों टोरटा नेई।" और जब वह उस पत्तेकी ओर देखने लगती तो उसको अपनी छड़ीसे खोदकर वह गोरा हँसने लगता और कभी उसकी ओर बड़ी बेशरमीसे घूरता। आखिरकार उसने जानकीका हाथ पकड़ लिया और उसपर अपनी मनशा जाहिर की। जानकी अपना हाथ छुड़ाने लगी। इसपर साहबको और भी हट हो गया। वह जानकीके तन परका कपड़ा खींच खींच कर फाड़ने और उसे बे पर्द करने लगा। वह करीब करीब नंगी हो गयी।

ठीक इसी वक्त रामशरन अपने हाथमें कुदाल लिये वहां पर आया। उसने देखा कि साहब उसकी औरतको तंग कर रहा है। वह फौरन उसके पास पहुंचा और डपट कर बोला—यह क्या करते हैं?

साहब—हट जाओ! शाला।

रामशरन—साहब, कहता हूं उसे छोड़ दीजिये नहीं तो ठीक न होगा।

साहबने भी देखा कि रंग ढंग अच्छे नहीं है। ऐसे मौकोंपर अक्सर ओवरसियरोंकी जान कुलियोंने ले ली है। उसने जानकीको छोड़ दिया।

अब रामशरन, जानकी और गोविन्दपर खूब सख्तियां होने लगी। ऐसा कोई दिन भी न जाता जिस दिन कि १०-१० कोड़े रामशरनकी पीठ पर न पड़ते। जानकीसे धूपमें इतनी सख्त मिहनत ली जाने लगी कि वह चारही पांच दिनमें सूखकर कांटा हो गयी। अब वह गोविन्दको लेकर खेतोंमें नहीं जाने पाती थी। इसलिये दिन भर उसे (गोविन्दको) कुली लैनकी कोठरीमें कैद रहना पड़ता था। इधर चार पांच दिनसे मुझे जोरों का बुखार आता है इसलिये मैं कामपर नहीं जाता। वैसेही ओवरसियर मुझे कभी न छोड़ता पर मैंने खूब चापलूसी करके और किसी न किसी दिन जानकीको उसके हाथोंमें सौंपनेकी जबान देकर उसे अपने ऊपर खुश कर लिया है।

मैं अपने चांथड़ेपर पड़ा पड़ा तड़प रहा था। सख्त गर्मी पड़ रही थी। दोपहरके दो बजे थे। इस वक्त मुझे रामशरनकी कोठरीसे किसीके रोनेकी आवाज सुनाई पड़ी। मैं समझ गया रोने वाला गोविन्द था। वह "मां! मां!!" पुकार कर चिल्ला रहा था। मैंने सोचा जरा झांक कर देखूं गोविन्द क्या कर रहा है। इन्ही संदूकोंकी मददसे मैंने रामशरनकी कोठरीमें झांक कर देखा। उस समय गोविन्द रोते रोते थक कर चुप हो गया था। अपने बिछौनेपर बैठे बैठे पहले तो उस ढाई बरसके लड़केने कुछ देर तक सोचा कि क्या करना चाहिये, इसके बाद लड़खड़ाते लड़खड़ाते एक ओर झपटा। गोविन्द जिस जगह पर जाकर ठहरा वहां पर मैंने देखा कि मिट्टीके तेलकी एक ढिबरी और दियासलाईकी एक पेटी रखी थी। बच्चा इन चीजोंकी ओर देखकर किलकिलाकर हंसा। फिर ढिबरीको उठाया। गोविन्दके लिये वह पहाड़ थी, न सम्भल सकी। उसका तमाम कुर्ता मिट्टीके तेलसे भींग गया। ढिबरीकी बत्ती एक ओर गिर पड़ी और ढिबरी दूसरी ओर लुढ़कने लगी। बालकको जान पड़ता था—ढिबरीकी इस गुस्ताखीपर गुस्सा आया। उसने बत्ती वाले हिस्सेको अपने हाथमें लेकर ढिबरीमें डालना चाहा, पर अफसोस! उसकी ख्वाहिश पूरी न हो सकी।

अब गोविन्दकी नजर सलाईकी पेटी पर पड़ी। वह फिर हँसा। उसने ढिबरीको फेंक दिया और पेटीमेंसे एक सलाई निकाल कर बालनेकी कोशिश करने लगा। दो-चार बार हैरान करनेके बाद एकाएक सलाई जल उठी। बालक गोविन्दका हाथ सलाईकी गर्मी न बर्दास्त कर सका। उसने उसे अपने पूरे जोरसे फेंका—फिर भी वह गिरी उसके मिट्टीके तेलसे तर कपड़ेपर ही। कपड़ेमें आग लग गई और गोविन्द चिल्लाने लगा।

मैं उस वक्त बहुतही कमजोर हो गया था। फिर भी लड़केको बचानेके लिये दीवारपर चढ़नेकी कोशिश करने लगा। पर ज्योंही मैं दीवारपर चढ़ना चाहता था कि उसी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वक्त मुझे उस दिनकी वारदात याद आयी। ओह! बड़ी बेइज्जती हुई थी। जानकीने मुझे पचासों लातें जमाई थीं। फिर मैं क्यों बचाऊं? मरने दो काफिर को। आज बीबी-जीको रूलाकर बदला लूंगा। मैं रुक गया।

ठीक उसी वक्त दरवाजेके बाहर जानकीके चिल्लानेकी आवाज आयी। वह चिल्ला रही थी —

"मुझे छोड़ दो। हाय! हाय !! मेरा बच्चा जला जाता है! छोड़ दो! छोड़ दो !!"

मैंने फिर सुना—कोई कह रहा था—"तुम भागा क्यों?" जानकी बोली—

"खेतपर काम करते करते एकाएक मेरे मनमें अपने लाल—गोविन्द—को देखनेकी इच्छा हुई। यह इच्छा बड़ीही प्रबल थी। मैं अपनेको न रोक सकी और दौड़ पड़ी। साहब! मुझे भगवान्‌ने भेजा है। देखो वह जला जा रहा है। इस वक्त छोड़ दो! वह मरा—छोड़ दो हाथ जोड़ती हूँ।

मैंने झांक कर देखा ओवरसियरने जानकीको पकड़ रखा था। उसका घोड़ा एक ओर खड़ा यह लीला देख रहा था, और जमीनपर पड़ी चाभी बिना किसी मददके ताला खोलनेमें अपनी कमज़ोरी जाहिर कर रही थी। साहब उस वक्त ठीक वैसाही दीवाना बना था जिस तरह मैं उस रातको। उसने जानकीको अपनी ओर खींचते खींचते कहा—"अमरा बाट करो टब खोलने डेगा। नेई टो शाला कुट्टा को मर जाने डो।"

(च)

रामशरणका बयान

क्रोध—मुझे बड़ा भयंकर क्रोध आया। दुःख—मुझे इतना भीषण दुःख हुआ कि मैं उसका वर्णन नहीं कर सकता। मेरे मनमें, उस समय इतनी बातें उठ रही थीं कि मैं पागलसा हो गया था। एक बिचारके आते न आते दूसरी बात मनसे प्रकट हो जाती थी। यह सब क्यों हुआ, जानते हैं? मेरी सर्वस्व जानकीका सर्वस्व आज लुट गया। वह एक दम श्रीहत, मलिन-मुखी और खिन्न-हृदया हो गयी है।

ओवरसियरकी उस नीचताका वर्णन नहीं हो सकता। उसकी वह जघन्यता ऐसी थी जिसके कारण अंग्रेज जाति को कलंक लगता है। ओह! एक ओर बच्चा अग्निकी प्रचंड गर्मीसे तड़प रहा था और दूसरी ओर..... । नहीं कहूंगा; बड़ा क्रोध आता है। इच्छा होती है, उस गोरे चमड़ेवालेका वैसेही खून पी लूं जैसे कभी भीमने दुश्शासनका रक्त पान किया था। सर्वस्व लुट गया। मेरी अभागिनी जानकीका सर्वस्व लुट गया। अपने जिस धनकी रक्षा उसने इतने दिनों तक की थी उसे उस गोरेने, उस राक्षसने, लूटकर ही दम लिया। दुख तो इस बातका है कि उस समय यहाँ पर मैं क्यों नहीं हुआ। यदि मैं होता, भगवन् शपथ है तेरे पवित्र चरणोंकी—यदि मैं होता तो उस नरकके कुत्तेको बिना जानसे मारे कदापि न छोड़ता, पर हाय!

❀ ❀ ❀ ❀

खेतसे लौटनेपर मैंने अपने परिवारकी दुर्गति देखी दूसरे पचासों कुलियोंने जिस समय मुझसे मेरी स्त्रीकी दुर्दशाका वर्णन करना आरम्भ किया उस समय मेरी चेतनाशक्ति लुप्त हो गयी। अब्दुल व्यंग भरे स्वरमें कहने लगा:—

"रामशरन, अगर आज मैं न होता तो तुम्हारे गोविन्दके मरनेमें कोइ शक नहीं था। एक ओर तुम्हारी बीबी पर आफत मच रही थी और दूसरी ओर कोठरीके भीतर गोविन्द निहायत दर्दनाक आवाजसे चिल्ला रहा था। मैं सोया था। एकाएक मेरी नींद टूटी तो बाहर आनेपर सारा तमाशा देखा। अपने सामने चाभी पड़ी देखकर मैंने पहले गोविन्दकोही बचाना मुनासिब समझा, पर रामशरन! आज तुम्हारी पतिबरताको तो साहबने खूब ठीक किया।"

अब्दुलकी एक एक बातसे यह प्रकट होता था कि वह मुझसे बदला चुका रहा है। मैं अधिक देरतक उसके सामने न ठहर सका। अपनी कोठरीमें चला आया।

यहाँकी दशा—हृदय फटा जाता है—कैसे कहूं। जानकी अपनी गोदमें गोविन्दको लिये बैठी थी और फूट फूटकर रो रही थी। गोविन्द बुरी तरहसे जल गया था। घड़ी दो घड़ीका मेहमान था। मैंने धीरेसे पुकारा—"जानकी"

जानकी चुप रही। उसने गोविन्दको धीरेसे हृदयसे लगा लिया। अब मैं जानकीके और भी निकट पहुंचा। अपने हाथसे उसका मुख ऊपर उठाकर पूछा—

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

"जानकी बोलती क्यों नहीं हो ? इसमें तुम्हारा क्या अपराध है। फिजीमें अभागे कुलियोंकी ऐसीही दुर्गति हुआ करती है।"

जानकीने गोविन्दकी ओर देखकर कहा—

"जान पड़ता है यह बचेगा नहीं। डाक्टरके यहाँसे कोई लगानेकी दवा ले आओ।"

मैं डाक्टरके घरपर दवा लेने गया। उस समय रात्रि के आठ बजे थे। हमारा डाक्टर भी एक गोरा था। उसका बंगला—याने अस्पताल—कुली लेनसे कोई एक मीलपर था। बंगले पर पहुंचनेपर मालूम हुआ कि—"डाक्टर साहब इस वक्त भोजन कर रहे हैं। भोजन करने के बाद वे सोने जाते हैं। दवा लेना हो तो सुबह आना।" पर क्या सुबह तक मेरा गोविन्द जीवित रहेगा ? मैं कुली लेनको लौटा।

यह सब करते कराते रातको साढ़े नौ बजे मैं अपनी कोठरीके दरवाजे पर पहुंचा। देखता क्या हूं कि दर्वाजा भीतरसे बन्द है। पुकारा—"जानकी ! जानकी !!" पर उत्तर नहीं मिला। लाचार अब्दुलको पुकारा। अभी वह सोया नहीं था। उसीकी कोठरीसे अपनी कोठरीमें झांका, पर वहां घोर अन्धकार था। न जाने क्यों मेरा हृदय कांप उठा। मैं दीवार पर चढ़कर अपनी कोठरीमें कूद पड़ा। पर यह क्या ? कोठरीमें इतना पानी क्यों गिरा है ? मेरा तमाम पैर भीग गया।

कोठरीका दरवाजा खोलकर मैंने अब्दुलसे रोशनी मांगी। वह अपनी ढिबरी लेकर आया, उस क्षीण-दीपकके प्रकाशमें मैंने क्षीण नेत्रोंसे देखा कि मेरी क्षीणकाय जानकी अपने पेटमें एक बड़ासा घाव किये बेसुध पड़ी है। गोविन्द भी उसीके बगलमें मरा पड़ा है वहाँका यह दृश्य देखकर दुर्बल अब्दुल तो इतना डरा कि ढिबरीको चौखट-पर ही रखकर भागा, और मैं—खड़े खड़े ही बेहोश होकर धड़ामसे गिर पड़ा।

❀ ❀ ❀ ❀

बहुत देरके बाद मेरी मूर्छा टूटी, अभीतक ढिबरी अपनी क्षीण दृष्टिसे मेरी जानकीकी ओर देख रही थी, अभीतक जानकीकी आंखें मेरी ओर खुली थीं, और अभी तक गोविन्द मीठी नींदमें सोतासा जान पड़ता था।

मैंने उठकर देखा जानकीने गन्ना काटनेकी हंसियासे अपनी एहिक लीला समाप्त की थी। एक बार जीमें आया कि उसी हंसियेसे मैं भी अपनी गति बना लूं, फिर विचार हुआ कि पहले हरामज़ादे किडको समाप्त करके तब अपनी जान दूंगा। मैंने उस हंसियाका रक्त पोंछकर एक कोनेमें रख दिया और जानकीके शवको चूम चूम कर उसे अपने हृदयके टुकड़ों—आंसुओंसे नहलाने लगा। हाय !

(छ)

बाम्बे क्रानिकलसे—

गत १३ मईको फिजीके एक स्टेटमें रामशरण नामक किसी भारतीय कुलीने, अपने ओवरसियर मिस्टर किडकी, गन्ना काटनेकी हंसियासे हत्या कर डाली है, कारण है वही—ओवरसियरोंकी नीचता। हमारे संवाददाताका कहना है कि जानकी, रामशरणकी पत्नी थी। उसीके साथ एक दिन हत मि० किडने बालात्कार किया था, वह स्त्री बड़ी नेक थी। इस घटनासे उसे इतनी ग्लानि हुई कि उसने अपनी हत्या, गन्ना काटनेकी हंसियासे कर ली, दूसरे दिन उसके पति रामशरणने उसी हंसियासे उस ओवरसियरको इतनी चोटें दी कि वह मर कर ही रहा। रामशरण पकड़ा गया और उसे अधिकारियोंने फांसीकी आज्ञा दी है, विस्तृत विवरण शीघ्र ही भेजता हूं।" ❀ (समाप्त)

मौतका आवाहन।

मैं आ गई महाशय, खोलो किवाड़ खोलो।
होकर नितान्त निर्भय, खोलो किवाड़ खोलो॥
जीवनके दीपका अब, सब तेल चुक गया है।
हो भी चला सबेरा, खोलो किवाड़ खोलो॥
जीवनके वर्ष सारे, तारोंमें छिप गये हैं।
नभ हो चुका है फीका, खोलो किवाड़ खोलो॥
सूखी दवातमेंसे, जीवनकी रोशनाई :
चलती न अब कलम है, खोलो किवाड़ खोलो॥
जो कुछ अवश्य होगा, उसमें है क्यों उदासी।
हँसकर मुझे लो घरमें, खोलो किवाड़ खोलो॥

—राजा राधिका रमण प्रसाद सिंह

❀ इस कहानीकी कोई भी घटना ऐसी नहीं है जिसे कि हम फिजीके लिये असम्भव कहें। आप 'प्रवासी भारत-वासी' पढ़े। उसमें इस कहानीकी प्रत्येक घटना कहीं न कहीं अवश्य दिखाई पड़ जायगी। —लेखक

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अमेरिकाको महर्षि अरविन्दका संदेश।

(१५ अगस्तके दिन श्रीमती पर्लबककी अध्यक्षता में श्री अरविन्द-जयन्ती मनानेके लिये न्यूयार्कमें एक सभाकी आयोजना हुई थी। उस सभाके आयोजकोंने अमेरिकाके लिये एक संदेशकी प्रार्थना की थी। संदेशमें श्रीअरविन्द बताते हैं कि उन्हें जो कहना है "वह समान रूपसे पूर्वके लिये भी संदेश हो सकता है"। वह संदेश हमें पोण्डिचेरीके श्री अरविन्द आश्रमसे "प्रवासी" में प्रकाशनार्थ मिला है और उसको हम अविकल नीचे देते हैं—सम्पादक)

पन्द्रवीं अगस्तके उपलक्ष्यमें पश्चिमके नाम संदेश भेजनेको मुझसे प्रार्थना की गई है परन्तु मुझे जो संदेश देना है वह समान रूपसे पूर्वको भी दिया जा सकता है। मानव परिवारके इन दो अंगोंके भेद वैषम्यकी विस्तृत चर्चा करने और यहां तक कि इन्हें एक दूसरेके विरोधमें खड़ा करनेकी आजकल प्रथा-सी पड़ गई है; परंतु मैं तो भेद-वैषम्यकी अपेक्षा अभेद-एकत्वकाही विशेषकर विस्तारसे वर्णन करना चाहूँगा। सच पूछिये तो पूर्व और पश्चिमके लोगोंकी एकही प्रकृति है, एकही भवितव्यता है, महत्तर पूर्णताके लिये एकसमान अभीप्सा है, अपनेसे उच्चतर किसी वस्तुके लिये एकसमान जिज्ञासा है,—किसी ऐसी वस्तुके लिये जिसकी ओर हम भीतरसे और बाहरसे भी अग्रसर हो रहे हैं। कुछ विचारकोंकी ऐसी प्रवृत्तिही हो गई है कि वे पूर्वकी आध्यात्मिकता या गुह्यवाद तथा पश्चिमके जड़वादपर दृष्टि गड़ाये रहते हैं; परंतु पश्चिममें भी आध्यात्मिक खोज एवं जिज्ञासा पूर्वसे कम नहीं रही है और चाहे ऋषि-मुनि तथा गुह्यदर्शी पूर्वकी भांति बहुतायतसे न हुए हों, पर वे हुए अवश्य हैं। दूसरी ओर पूर्वमें भी जड़वादात्मक प्रवृत्तियाँ रही हैं और भौतिक ऐश्वर्य-वैभव तथा जीवन, जड़तत्त्व एवं इहलोकके साथ पश्चिम सरीखे या तदभिन्न व्यवहार भी रहे हैं। पूर्व और पश्चिम में न्यूनाधिक निकट संपर्क और मेल-जोल सदाही रहा है, उन्होंने एक दूसरे पर प्रबल प्रभाव डाला है और आज तो निकटतर संपर्कके लिये विश्वप्रकृति तथा नियतिका अत्याधिक दबाव पड़ रहा है।

हमारे सामने आज आध्यात्मिक और भौतिक दोनों प्रकारकी एक ऐसी साझी आशा तथा एक ऐसी साझी भवितव्यता जगमगा रही है जिसके लिये दोनोंको मिलजुलकर काम करनेकी जरुरत है। हमें अपना ध्यान पहलेकी तरह भेद-वैषम्य पर नहीं बल्कि मेल तथा ऐक्य और यहां तक कि एकत्व पर लगाना चाहिये, क्योंकि उस साझे आदर्श एवं अटल लक्ष्य तथा चरितार्थताको संपादित एवं साधित करनेके लिये इन्हीं चीजोंकी जरूरत है। उसी आदर्शके पथपर विश्वप्रकृतिने शुरु शुरुमें अधवत् कदम रखा था और उसीकी ओर वह आज अपने प्रारंभिक अज्ञानकी जगह उदीयमान वृद्धिशील ज्ञानकी ज्योतिमें निरंतर धैर्यपूर्वक बढ़ रही है।

परंतु वह आदर्श और वह उद्देश क्या होगा? यह तो इस बात पर निर्भर है कि जीवनकी वास्तविकताओं तथा परम सद्वस्तुके संबंधमें हमारा बिचार क्या है।

यहां हमें यह ध्यानमें रखनेकी जरूरत है कि पूर्व और पश्चिमकी प्रवृत्तियोंमें कोई आत्यंतिक भेद नहीं है। वे केवल उत्तरोत्तर भिन्न भिन्न दिशाओंमें विकसित होती गई हैं। सर्वोच्च सत्य है आत्माका सत्य। वह आत्मा विश्वातीत परम आत्मा होता हुआ भी संसारमें तथा सर्वभूतमें अन्तर्यामीरूपसे विद्यमान है। वह सबको धारण कर रहा तथा चेतनाके बिकास द्वारा उस उद्देश्य, लक्ष्य एवं चरितार्थताकी ओर को चल रहा है जो चरितार्थता प्रकृतिकी धुंधली अचेतन प्रारंभिक अवस्थाओंसे लेकर निरंतर उसका लक्ष्य रही है। वह परम आत्मा सत्ताका एक ऐसा रूप है जो हमारे अस्तित्वके रहस्यका सूत्र हमें पकड़वा देता है और संसारको सार्थकता प्रदान करता है। पूर्वने नित्यनिरंतर तथा उत्तरोत्तर आत्माके परम सत्य परही अधिकसे अधिक बल दिया है; यहां तक कि इसने अपने ऐकांतिक दर्शन-शास्त्रोंमें जगत्को माया कहकर त्याग दिया है और आत्माको एकमात्र सद्वस्तु माना हैं। पश्चिमने सदा-सर्वदा अधिकाधिक अपना सारा बल संसारपर लगाया है अर्थात् हमारी भौतिक सत्ताके साथ मन तथा प्राणके व्यवहारोंपर, ऐहिक प्रभुत्व पर, मन तथा प्राणकी पूर्णता और मानव प्राणीकी किसी न किसी प्रकारकी ऐहिक कृतार्थता पर। हालहीमें यह स्थिति पराकाष्ठाको पहुंच गई है और उसने आत्माका निषेध कर डाला है; यहां तक कि जड़प्रकृतिको

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

एकमात्र सद्वस्तुके रूपमें सिंहासनासीन कर दिया है। एक ओर तो आध्यात्मिक पूर्णताका अनन्य आदर्श और दूसरी ओर जातिकी पूर्णता, समाजकी पूर्णता तथा मानव मन एवं प्राणका और मनुष्यके भौतिक जीवनका पूर्ण विकासही भविष्यका महान्‌से महान् स्वप्न बन गया है। तथापि दोनोंही सत्य हैं और दोनोंही विश्वप्रकृतिमें आत्माके उद्देश्यके अंग समझे जा सकते हैं; ये एक दूसरेसे असंगत नहीं: असलमें आवश्यकता इस बातकी है कि इन्हें विषमतासे मुक्त कर अपनी भविष्य-दृष्टिमें समाविष्ट तथा समन्वित कर लिया जाय।

पश्चिमके विज्ञानने यह गवेषणा की है कि विकास इस जड़ जगत्‌में जीवन तथा उसकी प्रक्रियाका रहस्य है; परंतु इसने चेतनाके विकासकी अपेक्षा आकृति और उपजातियोंके विकास परही अधिक बल दिया है; यहाँ तक कि चेतनाको विकासके प्रयोजनका संपूर्ण मर्म नहीं वरन् दैवसंयोग माना है। पूर्वमें भी कुछ विचारकों तथा कतिपय दर्शनों एवं धर्मशास्त्रोंने विकासका सिद्धांत स्वीकार किया है, परंतु वहाँ इसका अभिप्राय है आत्माका विकास अर्थात् व्यक्तिके विकसनशील तथा क्रमिक रूपों और अनेक जन्मोंमेंसे गुजरते हुए आत्माका अपने सर्वोच्च सत्य स्वरूपमें विकसित होना। क्योंकि यदि आकारके भीतर कोई चेतन सत्ता है तो वह सत्ता चेतनाका अस्थायी दृग्विषय नहीं हो सकती; वह एक ऐसी आत्मा होनी चाहिये जो अपनेको चरितार्थ कर रही है और वह चरितार्थता तभी संपन्न हो सकती है यदि आत्मा अनेकानेक क्रमागत जन्मों तथा नाना क्रमिक शरीरोंमें फिर फिर पृथ्वी पर प्रकट हो।

अब तक विकासकी प्रक्रिया यही रही है कि अचेतन जड़प्रकृतिसे तथा उसमें पहले अवचेतनका और सचेतन प्राणका उद्भव और फिर सचेतन मन का विकास-प्रथमतः पशुके जीवनमें और फिर सचेतन तथा विचारशील मानवमें, जो मानव विकासात्मिका प्रकृतिकी सर्वोच्च वर्तमान उपलब्धि है। मनोमय प्राणीका सर्जन इस समय प्रकृतिका परमोच्च कार्य है और इसेही उसका अंतिम कार्य समझनेकी ओर विचारकोंकी प्रवृत्ति दीख पड़ती है; परंतु इससे आगे विकासके एक ओर कदमकी भी कल्पनाकी जा सकती है; प्रकृतिके सामने यह लक्ष्य भी हो सकता है कि वह मनुष्यके अपूर्ण मनसे परेकी एक ऐसी चेतनाका विकास करे जो मनके अज्ञानका अतिक्रमकर सत्यको अपने जन्मसिद्ध अधिकार एवं स्वभावके रूपमें धारण करे। निःसंदेह, एक ऐसी परमोच्च चेतनाका भी अस्तित्व है जिसे वेदमें ऋत-चेतना कहा गया है और जिसे मैंने अतिमानसका नाम दिया है। उसमें परम ज्ञान अन्तर्निहित है और न तो उसे इसकी खोज करनी पड़ती है और न ही इससे बार बार चूक जानेकी कोई बात उपस्थित होती है। एक उपनिषद्‌में कहा गया है कि मनोमय पुरुषसे अगला और उपरला सोपान है विज्ञानमय जीव; उसीमें आत्माको आरोहण करना है और उसीके द्वारा इसे आध्यात्मिक सत्ताका पूर्ण आनंद उपलब्ध करना है। यदि इहलोकमें विश्वप्रकृतिके अगले विकारा-सोपानके रूपमें विज्ञानमय स्तरकी उपलब्धि हो सके तो प्रकृतिका उद्देश्य चरितार्थ हो जायगा और हम इस लोकमें भी जीवनकी पूर्णता तथा इस शरीरमें भी या संभवतः पूर्णताप्राप्त शरीरमें पूर्ण आध्यात्मिक जीवनकी प्राप्तिकी कल्पनाको हृदयंगम कर सकेंगे। यहां तक कि हम पृथ्वी पर दिव्य जीवनकी प्रतिष्ठाकी चर्चा कर सकेंगे और पूर्णताकी संभावनाका हमारा मानवी स्वप्न सिद्ध हो जायगा। इसके साथही पृथ्वी पर स्वर्गको प्रतिष्ठित करनेकी हमारी वह अभीप्सा भी पूरी हो जायगी जो अनेक धर्मों तथा आध्यात्मिक ऋषियों एवं मनीषियोंमें समान रूपसे पाई जाती है।

मानव जीवका परम आत्माकी ओर आरोहणही जीवका सर्वोच्च लक्ष्य एवं ध्रुव नियति है, क्योंकि वह परम आत्माही सर्वोच्च सद्वस्तु है; परंतु आत्मा तथा उसकी शक्तियोंका इस जगत्‌में अवतरण भी हो सकता है और वह जड़ जगत्‌के अस्तित्वको उचित सिद्ध करेगा तथा सृष्टिको सार्थकता प्रदान कर उसका दिव्य प्रयोजन प्रकाशित करेगा और उसकी गुत्थी सुलझा देगा। इस अत्युच्च और अति महत् आदर्शके अनुसरणमें पूर्व और पश्चिमका समन्वय किया जा सकता है, आत्मा जड़ प्रकृति का आलिंगन कर सकती है और प्रकृति आत्माके अन्तर्गत अपने निजी सत्य स्वरूपकी तथा वस्तुमात्रमें निगूढ़ सद्वस्तुकी उपलब्धि कर सकती है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रवासी भारतीयोंके प्रति हमारा कर्त्तव्य ।

लेखक: श्री कुँवर चाँद करणजी शारदा, बी. ए., एल. एल बी.

मैंने जबसे होश संभाला तबसे प्रवासी भारतीयोंके प्रति मेरी पूर्ण सहानुभूति रही है। मैं तीस लाख प्रवासी भारतीयोंके प्रश्नको सदा भारतीय राजनीतिमें महत्वपूर्ण समझता रहा हूँ। और जो कुछ अत्यल्प सेवा मुझसे बनती है वह कर देता हूँ। द्वितीय प्रवासी परिषद अजमेरका सभापति होनेके बाद प्रवासी भारतीयोंके दुःखोंका अन्त करनेके लिये मैं प्रयत्न करता रहा हूँ। मुझे दुःख है कि भारतके स्वतंत्र होनेपर भी हम प्रवासी भाइयोंके दुःख दूर न कर सके, बल्कि मैं तो यह कहूँगा कि उन बेचारोंके संकट और भी अधिक, नित्य नये, बढ़ते जाते हैं, और उनकी दशापर चार आंसू भी बहानेके लिये हमारे नेताओंके पास समय नहीं है। स्वतंत्र भारतमें हम अपने प्रवासी भारतीयोंको बसा नहीं सके। हमारी सरकारकी नीति यह रही है कि किसी भी देशमें रंग और जातिके कारण मनुष्योंके साथ भेद-भाव न हो। हमारी सरकार तो इतनी उदार है कि वह प्रवासी भारतीयोंको यही उपदेश देती रहती है कि वे यथासंभव जिस देशमें बस गये हैं उस देशके रहन-सहन और हितोंके अनुरूप कार्य करके वहाँके राष्ट्रीय जीवनमें अग्रभाग लें परन्तु भारत सरकारकी और राष्ट्र संघके मानव अधिकारोंके घोषणा-पत्रोंकी और उच्चसिद्धान्तोंकी पश्चिमी सभ्यता वाले गोरे कब परवाह करते हैं। वे तो राष्ट्र संघके प्रस्तावको कार्यरूपमें परिणत करनेके लिये भी तैयार नहीं हैं। डा० मलाननें स्पष्ट घोषण कर दी है कि दक्षिण अफ्रीकामें निवास करने वाले सभी भारतीयोंको वापिस भारत भेजा जावेगा। हमारे भारतीयोंको वहां रहने वाले गोरोंसे पृथक रहना पड़ता है और अब दक्षिण अफ्रिकाकी सरकार उनको वहाँके मूलनिवासियोंसे भी अलग बसानेपर कटिबद्ध है। भारत सरकार अपने पड़ोसी राष्ट्रोंके प्रति सदा मैत्रीभाव रखती है और सदैव उनके दृष्टिकोणका आदर करती है परन्तु निर्बलकी उच्च भावनाकी बातें भी कोई नहीं सुनता। और हमारी सरकारको केवल प्रतिवाद भेजकर चुप रहना पड़ता है। तुलसी दासजीने ठीकही कहा है कि "भय बिन होत न प्रीति"। हिन्देशियामें हालैण्ड वालोंने वहाँके निवासियोंके साथ प्रवासी भारतीयोंपर भी अनेक अत्याचार कर रखे हैं। वहाँके डच फौजी अधिकारी भारतीयोंपर अत्याचार करते हुये नहीं घबराते। मलायाके भारतीयोंपर भी बहुत आतंक बैठाया जा रहा है। ट्रेड यूनीयनके दो भारतीय नेताओंको प्राण-दण्डकी सज़ा दी जा चुकी है। श्री गणपतिजीको फाँसी लग भी चुकी है।

लेखक
SHRI
Chandkaran Sarda

लंका सरकारने भारतीयोंपर अनेक बन्धन लगा दिये हैं और भारतीयों द्वारा अपने भारतस्थित संबन्धियोंको भेजे जानेवाले रुपयोंमें लंका सरकारने बहुत कमी कर दी है। वहां भारतीय व्यापारियोंके लाइसेन्स आधेही रह गये हैं। बर्मामें भारतीयोंको सरकारी नौकरियोंसे पृथक किया जा रहा है। पूर्वी अफ्रीकामें इमीग्रेशन नियम कठोरतासे लागू किये जा रहे हैं। मोरीशसमें भारतीय सरकारी नौकरियोंमें बहुतही कम हैं। नई धारा सभामें केवल ११ भारतीय हैं। जब कि वहांपर ७५ प्रतिशत जन संख्या भारतीयोंकी है। ब्रिटीश वेस्ट इंडीजमें भी भारतीयों की दशा शोचनीय है।

दक्षिण अफ्रीकाके प्रवासी भारतीयोंके विरुद्ध हबशियों को भड़काकर डा० मलानकी गोरी सरकारने गत जनवरीमें दंगा कराया जिसके फलस्वरूप सैंकड़ों मनुष्योंकी जानें गईं और हजारों भारतीयोंका सर्वस्व लुट गया। हमारे सामने प्रश्न यह है कि हम स्वतंत्र भारतके नागरिक होकर भी अपने ३० लाख प्रवासी भारतीयोंकी दशा कैसे सुधारें। बहुतसे भाई तो निराश और उदासीन होकर चुप बैठ जाते हैं परन्तु मैं इन लोगोंमेंसे हूँ जो ३० लाख प्रवासी भारतीयोंके प्रश्नको महत्व पूर्ण समझते हैं। और रंगभेद करनेवालोंको बहुत नीच मानते हैं। भारतीय युवकोंको मेरा यही संदेश है कि आप यह कभी न भूलें कि स्वतंत्रताकी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्राप्तिमें हजारों-लाखों सिर कटते हैं और वसुन्धराको वेही वीर भोगते हैं जिनके वक्षस्थलमें बल है। यह संसार कायरों के लिये नहीं है, अतः हमें क्षात्र तेज जागृत करना चाहिये। हमने मुग़लोंको उड़ाया। अंग्रेजोंको भगाया। क्या अब डा० मलान जैसे म्लेच्छोंके दिमाग ठिकाने नहीं कर सकेंगे? हमें केवल ईश्वर विश्वास और आत्म गौरव जागृत करनेकी आवश्यकता है। प्रिय प्रवासी भाइयों, आपकी घनघोर गर्जनामें निहित स्वतंत्र सन्देशको संसार सुनेगा और जगत गुरु भारतके चरणोंमें शीश नवायेगा। भारत निश्चयही एशियाके पद्दलित भाइयोंका नेतृत्व ग्रहण करेगा और गोरे युरोपियनों द्वारा शासित हमारे उपनिवेशोंमें विजय प्राप्तकर भारत माताका मुख उज्वल करेगा। प्रिय भारतीय युवकों, आपने खड्गकी नौकसे वह विद्युत् प्रकाश जगमगाओ और दिग् दिगान्तमें महर्षि दयानन्दका यह महामंत्र प्रत्येक भारतीयके हृदयमें फूंकों कि हमारे पूर्वज सारे संसारके विजेता और सारे संसार में उपनिवेश बसाने वाले थे। ये सब उपनिवेश जिनमें हमारे प्रवासी भारतवासी रहते हैं वे हमारे हैं। हमारेही बसाये हुवे हैं। और अब भी इतनी समृद्धि और उन्नति हमारेही भारतीय श्रम और धनसे हुई है। अतः हम इन उपनिवेशोंमें हमारे भाइयोंका अपमान कदापि सहन नहीं करेंगे। और तन मन धनसे प्रवासी भारतीयोंकी सहायता करेंगे।

प्रवासी भाइयोंमें प्रचारकी आवश्यकता।

लेखक: श्री डाक्टर सूर्यदेव शर्मा, साहित्यालंकार, सिद्धांन्त-शास्त्री, एम. ए. (त्रय), एल. टी., डी. लिट्.

ॐ

"प्रवासी" के पाठकोंको गत अंकसे पहले ज्ञात होही चुका है कि "प्रवासी" के संचालक तथा संपादक, प्रवासियोंके परम हितैषी, परम श्रद्धेय श्री स्वामी भवानी दयालजी संन्यासी (जिनको मैं अपने गुरुतुल्य पूज्य मानता हूँ) गत कई माससे रुग्णशय्या पर हैं, फिर भी उन्हें प्रवासी भाइयोंके लिये कितना अगाध प्रेम है, प्रवासियोंके लिए उनके हृदयमें कितनी समवेदना है, वह उनके उस पत्र से प्रकट होती है जो उन्होंने गत सप्ताह "प्रवासी" के लिए लेख लिखनेकी प्रेरणा करते हुए मुझे लिखा है। यद्यपि मैं विद्यार्थी कालसेही प्रवासी भाइयों की समस्याओंमें रुचि रखता रहा हूँ, दक्षिण अफ्रिका, मारिशस, डच गायना, ब्रिटिश गायना, फिजी आदि उपनिवेशोंके प्रवासी भाइयोंसे मेरा पत्र व्यवहार तथा सम्बन्ध भी रहा है और इनमें कई स्थानों पर हमारी भारतवर्षीय आर्य कुमार परिषदकी धार्मिक परीक्षाओंके (जिनका कि मैं परीक्षा मंत्री भी हूँ) केन्द्र स्थापित हैं तथा मारिशस द्वीपकी आर्य प्रतिनिधि सभाने, आर्य सार्वदेशिक सभाके लिए मुझे अपना प्रतिनिधि भी चुना हुआ है, तौ भी मैं अपनेको प्रवासी समस्यापर कोई लेख लिखनेका अधिकारी नहीं समझता, क्योंकि कभी मैंने भारतसे बाहर जाकर प्रवासी भाइयोंमें रहनेका और उनके सुख-दुःखका अनुभव करनेका स्वयं सौभाग्य प्राप्त नहीं किया है। लेकिन अपने प्रवासी भाइयोंके हितमें मैं अपने देश भाइयोंसे कुछ प्रार्थना करनेका अधिकार तो अवश्य रखता हूँ।

हमारे प्रवासी भाई जिन परिस्थितियोंमें भारतसे बाहर जाकर उन उपनिवेशोंमें आबाद हुए, जिन आर्थिक कठिनाइयोंका उन्हें सामना करना पड़ा तथा जिन कठिनाइयोंमें वे अब गुजर रहे हैं, उन सबपर प्रकाश न डालते हुए मैं केवल एक बातकी ओर अपने भारतीय भाइयोंका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ, और वह ऐसी बात है जिसका महत्व मेरी दृष्टिमें अन्य सब बातोंसे बढ़कर है और वह है उपनिवेशोंमें भारतीय संस्कृतिका ह्रास। आर्थिक कठिनाइयोंको तथा अन्य समस्याओंको हमारे प्रवासी भाइयोंने बड़ी वीरता और साहससे पार किया और कर रहे हैं। अब भी वे भारतीय संस्कृति और धर्मसे अगाध प्रेम रखते हैं, परन्तु यदि उनमें भारतीय संस्कृतिके प्रचारक और उपदेशक नहीं पहुँचेंगे तो वे अपने धर्म, कर्म, भाषा, वेश, संस्कृति और सभ्यताको बिलकुल

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भूल जावेंगे, फिर उनके अदर न भारतीयताका मान रहेगा और न भारतीय संस्कृतिके लिए गौरव। फिर तो उनकी वही दशा हो जावेगी जिसकी ओर मनुमहाराजने प्राचीन भारतकी इसी प्रकारकी एक घटनाकी ओर संकेत करते हुए लिखा है :—

शनकैस्तु कियालोपादिमाः क्षत्रियजातयः।
बृषलत्वंगता लोके ब्राह्मणादर्शनेन च॥

अर्थात् अनेक क्षत्रिय जातियाँ जो पुरातनकालमें भारतसे जाकर अन्य देशोंके प्रवासी हो गई थीं वे वहाँ ब्राह्मणों (उपदेशकों) के भारतसे न पहुँचनेके कारण अपने धर्म और संस्कृतिसे पतित हो गईं। यही दशा हमारी असावधानतासे भारतीय उपदेशकोंके वहाँ न पहुँचनेसे अब हो जावेगी। इतिहास अपने आपको दुहराता है और यह घटना भी भारतीय प्रवासियोंके इतिहासमें दोहराई जावेगी, इसमें सन्देह नहीं।

जब पन्द्रह अगस्त १९४७ से भारत स्वतंत्र हो गया है तो भारतका गौरव और मान विदेशोंकी दृष्टिमें पूर्वापेक्षा बहुत बढ़ गया है। सन् १९४७ तक तो जो भारतीय प्रचारक अपने धर्म और संस्कृतिकी महत्ता पर व्याख्यान देने उपनिवेशों अथवा विदेशोंमें जाया करते थे उनका मान विदेशियोंकी दृष्टिमें बहुत कम था। विदेशी लोग समझते थे कि गुलामोंका भी क्या कोई धर्म होता है ? वे हमारे उपदेशकोंको हीनदृष्टिसे देखते थे ऐसी दशामें उपदेशकोंको बाहर वे सब सुविधाएँ भी प्राप्त नहीं होती थीं जो उन्हें होनी चाहिए थीं, लेकिन अब ज़माना बदल गया है। अब हमारे उपदेशक एक स्वतंत्र देशके उपदेशक होकर बाहर जावेंगे और विदेशी लोग भी अब उनको बराबरीका दर्जा देकर उनका मान और सत्कार करेंगे तथा उनके उपदेशोंको ध्यानसे सुनेंगे। साथही हमारे प्रवासी भाई भी सिर उठाकर गौरवके साथ कह सकेंगे कि यह हमारे स्वतंत्र देश भारतके उपदेशक हैं इस लिए जितना अच्छा अवसर धर्म प्रचारका विदेशों और उपनिवेशोंमें इस समय है वैसा कभी नहीं रहा होगा। इस समय भारतीय राजदूत भी उपनिवेशोंमें भारतीय संस्कृतिके प्रचारमें हमारे सहायकही सिद्ध होंगे।

पिछले वर्षोंमें सार्वदेशिक सभाने तथा कुछ अन्य संस्थाओंने भी अपने उपदेशक धर्म प्रचारार्थ उपनिवेशोंमें भेजे लेकिन हमारे अनेक वीर साहसी उपदेशक तो अपनी ओरसे स्वयंही कई बार विदेशोंमें धर्म प्रचारार्थ गये और अनेक कष्ट सहकर भी उन्होंने वहां प्रचार किया, उसीका यह फल है कि आज उन उपनिवेशोंमें अनेक आर्य समाजें, पाठशालाएँ, स्कूल आदि अनेक भारतीय संस्थाएँ काम कर रही हैं, जिन्होंने वहां भारतीयताकी ज्योतिको जगाये रक्खा है। लेकिन अब वहां ईसाइयोंके प्रचारका जोर अधिक बढ़ जानेसे भारतीय संस्कृति और धर्मका ह्रास शीघ्रतासे होता जा रहा है। हमारे अनेक हिन्दू भाई ईसाइयोंके चँगुलमें फँसकर अपने भारतीय भाषा भावको भी भूलते जा रहे हैं। उनकी रक्षा करना हमारा परम कर्तव्य है। भारतमें तो इस समय हिन्दू संस्कृतिकी रक्षाके लिये राष्ट्रिय स्वयं सेवक संघ भी काम कर रहा है, आर्य (हिन्दू) सेवा संघ प्रयत्न कर रहा है और इसी वैदिक संस्कृतिकी रक्षाके लिए ऋषि दयानंद द्वारा स्थापित आर्य्य समाजने तो पिछले ७० वर्षसे अपने धन-जनकी बाजी लगा रक्खी है, हिन्दू महासभा भी यही दावा करती है। भारतमें तो हिन्दू बहुमत है ही और हिन्दू संस्कृतिका प्रचार भी है यहां तो हिन्दू संस्कृतिके प्रचारके लिए कितनी संस्थाएँ इतने जोरसे काम करें और उपनिवेशोंमें जहां हमारे प्रवासी भाई अपनी संस्कृति और धर्मके सम्बन्धमें कुछ सुननेको निरंतर तरसते रहें वहां कोई प्रचारक भारतसे न पहुँचे, यह कैसी विधिकी विडम्बना है ? कैसा उपहासास्पद बात है ?

अतः मैं उपरोक्त संस्थाओंके कर्णधारोंसे तथा ऐसी किसी भी अन्य संस्था और भारतीय भाई बहिनोंसे जिनके हृदयमें अपनी संस्कृतिके लिए कुछ भी प्रेम हैं, जोरदार शब्दोंमें अपील करूँगा कि वे अपने उन प्रवासी भाइयोंकी सुध लें जो लाखोंकी संख्यामें अपनी प्यारी भारतमाताकी गोदसे बिछुड़कर सहस्रों मीलकी दूरी पर पड़े हुये हैं। भारतीयताके नामको अब भी जीवित रख रहे हैं और भारतकी ओर उत्सुक नेत्रोंसे निहार रहे हैं कि भारत माताके सपूत कब अपने इन बिछुड़े भाइयोंकी सुध लेंगे। अतः भारतके नवयुवक विद्वान् जिन्होंने वैदिक धर्म और भारतीय संस्कृतिका अच्छा ज्ञान प्राप्त किया हो और जिनमें हिन्दू धर्म और संस्कृतिकी रक्षाके लिये दिल में तड़प हो, जिनकी भाषण शक्ति अच्छी हो वे अपनेको प्रवासी भाइयोंकी सेवाके लिये अर्पण कर दें और भारतसे बहर जाकर भारतीय संस्कृति और धर्मका प्रचार करें, साम्प्रदायिकताका नहीं, सच्चे मानव धर्मका और जगहितकारिणी वैदिक संस्कृतिका। जो धनवान् हैं वे अपना धन इस शुभ

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कार्यके लिये अर्पण कर दें और अपने प्रवासी भाइयोंकी संस्कृति और धर्मकी रक्षा करनेका यश और पुण्य प्राप्त करें। हम सब एक स्वरमें कहें :—

भारतसे जा बसे कहीं जो वे सब अपने प्यारे हैं।
भारत माँके पूत प्रवासी भाई बन्धु हमारे हैं॥
सब विधि उनकी रक्षा करना शुभ कर्तव्य हमारा है।
तनसे, मनसे, धन साधनसे, उनका करें सहारा है॥

"सूर्य"।



राजा महेन्द्रप्रतापका पत्र ॥

श्री सम्पादकजी, सप्रेम नमस्ते !

जब मैं वृन्दाबनसे मिरजापुरके लिये जाने लगा तो २१ तारीखको "प्रवासी" का वह अगस्त अंक देखा जिसमें आपके दरबारके मसखरे रमता योगीने फिर कुछ मुझे गालियाँ सुनाई हैं। दुःख हुआ। इस लिये नहीं कि मुझे बुरा भला बका गया वरन इसलिये कि आपके साथ भी ऐसे व्यक्ति हैं जो अंग्रेजी गुलामीका सबूत देते हैं। इसी प्रकारकी भावनाओंने हमको सन १९१४–१८ में स्वतंत्र नहीं होने दिया। और ऐसे ही कुछ विचारोंके कारण यह देश सन् १९४०–४५ में क्रान्ति नहीं कर सका। और आज भी हम जो अंग्रेजोंकी पूंछमें बँधे हुए हैं वह भी ऐसेही अंग्रेजी चेलोंकी करतूतोंसे हैं। दे सकते हैं यह गाली, जब अभी इनकी सरकार है। पर मेरा विश्वास है कि वह दिन अब दूर नहीं जब यहां क्रान्ति होगी ही। और देशकी सफाई होगी। इस महान जातिकी शुद्धि होगी !! — प्रश्न केवल इतना है कि वह क्रान्ति लाल होती है या हरी पीली-आर्यानी ? इतना मैं कह सकता हूँ कि यदि मेरे कार्यक्रमके अनुसार क्रान्ति हुई तो पंडित, राजा, और सेठ बच जायेंगे, मन्दिर मस्जिद गुरुद्वारे रह जायेंगे और साथ ही ग्रामोंमें स्वराज होगा, मजूर सम्पत्ति में भागीदार बनेगा और हमारे विद्यालय भाईचारेकी समाजकी रचना करेंगे। हम लाल रूस और पीली चीनसे भी घनिष्ट सम्बन्ध स्थापित कर सकेंगे।

जैसे हिन्दू धर्म है, इस्लाम दीन है, ठीक उसी प्रकार अंग्रेजी धर्म है। वह ईसाई धर्म नहीं। वह डिमौक्रेसीका दीन, अंग्रेज़ी चुनावका दीन। बहुत झूंठ सच बकनेका दीन। यह अंग्रेज़ी धर्मधारी आज बड़ी ऊँची चौकियों पर बैठे हैं। कहते कुछ हैं, करते कुछ। कहनेको महात्मा गांधीजीकी अहिंसाको माननेवाले हैं पर मजूर या विद्यार्थियों पर गोली चलवा देते हैं !

जब तक इस अंग्रेज़ी धर्मके अनुयायियोंकी पोल नहीं खोली जायगी देशको पूर्ण स्वतंत्रता प्राप्तही नहीं हो सकती। यह जो अंग्रेज़ी धर्म वाले हैं इनको अपने गुरुओंकी सब बातें अच्छी लगती हैं। इनको अपने स्वामीसे पक्की भक्ति है। यह लन्दनकी सेवकाई कैसे छोड़ सकते हैं ?

हम इनको या किसीको गाली नहीं देते। हम जानते हैं कि यह उन कारणोंके कुफल हैं जिनपर इनका कोई अधिकार न था। यदि वर्षासे कपड़ा गीला हो जाता है तो हम उस कपड़ेको दोषी नहीं ठहरा सकते। एतिहासिक घटनाओंका स्वभाविक प्रभाव पड़ता है। पड़ा और पड़ता रहेगा।

इस देशमें ब्राह्मण आये। उन्होंने अपना आर्य धर्म फैलाया। बुद्ध भगवान जन्मे। प्रचार किया। उन्होंने ब्राह्मणोंकी प्रभुताई मिटाई। शकराचार्य उत्पन्न हुए। उन्होंने बुद्ध धर्मकोही उखाड़ फैंका। अरब आये उन्होंने इस्लामकी शिक्षा दी। अन्तमें अंग्रेज़ आये। उन्होंने हमें खूब मारा पीटा, गदा, हमको डिमौक्रेसी सिखाई।

जहां हमारा जोर चला हमने भी अपने खूब हाथ साफ किये। चमारको पीटा और उससे बेगार ली। पर वाह रे चमार तू फिर भी हाथ जोड़के कहता है, महाराज ! मैं हिन्दू हूँ। और वाह रे, हमारे अंग्रेज़ी चेले, तू भी कहता है, कि तू देशमें अंग्रेज़ी धर्म फैला रहा है। डिमौक्रेसीके गीत गाता है। जरमनी जापानको कोसता रहा है और लाल रूसको गाली देता है। तुझे भी पीटा गया। जेलोंमें बन्द किया गया। तू हमारे चमार भाईसे भी बढ़ गया। तू जगत हंसाई करा रहा है। अंग्रेज़ी उपनिवेशको पूर्ण स्वतंत्रता बता रहा है। तू झूंठ बोलता है और देशवासियोंको धोका देता है।

जी नहीं, यह आजादी नहीं है। यह अभी उन्हीं अंग्रेज़ों की दुकानदारी है जो यहां सौ वर्षसे भी अधिक राज करते रहे हैं। हमारे नेता, जिनको हमारे नेता कहते हैं, यह अंग्रेज़ोंके

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गुमाश्ते हैं। इन्होंने समझौतेसे गद्दी प्राप्त की है। यदि इनकी तूती बजती रही तो कदापि आजादी, सच्ची स्वतंत्रता, नहीं मिल सकती। यह तो अंग्रेज़ी धर्मको यहाँ और पक्का करने में लगे हुए हैं।

इनसे आप शास्त्रार्थ कर लीजिये। यह अपने लन्दनी गुरुओंका प्रमाण देंगे और सिद्ध कर दिखायेंगे कि इनका प्रत्येक वाक्य वेद शब्द है। यह यूं, ईश्वरकी भी हंसी उड़ा सकते हैं। इनका ईश्वर वह नहीं जिसे सच्चे हिन्दू मुसलमान पूजते है। इनका ईश्वर तो 'सिम्बल' है, निशान है, चिन्ह है, उसीको मूर्खजन साधारण पादशाह कहते हैं। यह देशी राजा, महाराजा और नवाबोंको तो मिटा सकते हैं पर अंग्रेज़ी महाराजाकी जड़ें पक्की करते हैं। यह "नौ मुस्लिम" की भांति अरबी मुसलमानोंसे भी बढ़ गये। और अंग्रेज़ी कुत्ते भौंक रहे हैं। यह कुत्ते देश सेवकोंको काटने दौड़ते हैं। बेचारे सच्चे कांग्रेसी, सच्चे हिन्दू और सच्चे मुसलमान, सच्चे सिख, सच्चे देशभक्त पीसे जा रहे हैं। उनके पीछे कुत्ते दौड़ाये जा रहे हैं। उनको कहीं कहीं कम्युनिस्ट बताया जा रहा है, अथवा उपद्रवी कहकर बन्द किया जा रहा है।

कुत्तेशाहीकी बन पड़ी है। दुःख यह है कि जो हमारे नेताओं में सच्चे शुद्ध देश-हितकारी हैं ऐसे जकड़े गये हैं कि अब वह हिल नहीं सकते। उनको भी कुत्तोंसे भय लगता है। कहते ना कहते कुछ नहीं बनता, करें तो क्या करें ? उनकी हमारे साथ सहानुभूति है परन्तु वे अपने ही कर्मचारियोंसे डरते हैं।

देशकी बुरी दशा है। जनतामें असन्तोष बढ़ता जाता है। इलाज करने के स्थान रोग बढ़ाया जा रहा है। जबतक उन समस्त संस्थाओंकी शुद्धि नहीं होगी जो राजकाज चला रही हैं, रोग दूर नहीं होगा वे अंग्रेजी धर्मधारी जिन्होंने वर्षों अंग्रेजोंकी पूजा की है वे तो रोग को बढ़ावेंगे ही।

राजकाज चलानेमें सेना, पुलिस और राज कर्मचारी अधिक योग देते हैं। यूं तो प्रत्येक जनसाधारण पर भी राजका भार रहता है। प्रत्येक व्यक्ति राजका सहायक होता है। और राजको बिगाड़नेवाला भी बन सकता है। जी हां, सबकोही अच्छा नागरिक बनना चाहिये। पर जब राजाही चोरी करे, बेईमानी करे तो न्याय कैसे हो ? आज शीघ्र सेना, पुलिस और राज कर्मचारियोंसे अंग्रेजी धर्म निकाल फैंकना है॥

सेनाके एक अफसर बोले: "हमारा धर्म तो सरकार भक्ति है।" वाहरे अंग्रेजी चेले ! खूब कही बात। कौनसी सरकार, कैसी सरकार ? यह आपको क्यों पूछना था। यही बात तो आपको सिखाई गई और इसी प्रकार से अंग्रेज़ने यहां राज्य किया। पुलिस और दूसरे विभागके सरकारी कर्मचारी यहही या ऐसीही बातें करते हैं। सच तो इनके पास तक नहीं फटकती। कहते हैं: 'हम ने पहली सरकारकी भी दिल से सेवा करते थे और इस सरकारकी भी करेंगे। करते हैं।" यह बड़ी दिलेरीसे कहते हैं कि पहली सरकारके यह भक्त थे तो भी हमारे देशभक्त इनको नहीं हटाते। इतनी हमारे देशभक्तों पर भी अंग्रेजी धर्मकी छाप हैं। अंग्रेज़ी धर्म दूर तक घर कर गया है। बड़े बड़े कांग्रेसियोंमें भी अंग्रेज़ी धर्म पाया जाता है।

हमको तो अंग्रेज़ी धर्मको मिटाना है। चाहे सेनाका प्रबन्ध टूट जाय, पुलिस बिगड़ जाय, चाहे समस्त राजकाज नष्ट हो जाय, चाहे हमारे काग्रेसी भाई भी विरुद्ध हो जायें, चाहें कुछ भी हो, हम तो अंग्रेज़ी धर्मको जड़से नष्ट करेंगे। यह ही हमारा धर्म है। बेधर्मीको मिटाना धर्मका पहला कर्तव्य है।

जब तक भूमि बनाई नहीं जाती उसमें बीज बोया नहीं जा सकता। जब तक ऊंची पृथ्वीको बराबर न किया जाय उस पर भवन बनाना कैसे आरम्भ हो ? हम बहु प्रकार अंग्रेज़ी धर्मकी जड़ोंको खोखली करते हैं, उसे गिराते हैं। झूंठा जो अंग्रेज़ी धर्मके पुजारियोंका चमत्कार जन साधारणमें छा गया है उसे मिट्टीमें मिलाते हैं। यही आज भी कीजिये। निर्भय और ईमानदारीसे सच्ची बात कहिये। कहिये कि यह अंग्रेज़ी धर्म है जो देशको अब भी अंग्रेज़ी कौमनवैल्थके भीतर रखना चाहता है। यह भी अंग्रेजी धर्म के कारण ही हुआ कि इस बेधर्मीके पुजारियोंने देशके टुकड़े करा लिये। यह राजा महाराजाओंको मिटाना और उनकी गद्दियों पर अंग्रेजी पुराने नौकरोंको बिठाना अंग्रेजी धर्म नहीं तो और क्या है ? अंग्रेजी धर्मने हमारे रास्ते बन्द कर रखे हैं। यदि हम इस धर्म अथवा अधर्म को मिटा दें तो एफ्रीकाका द्वार खोल सकते हैं। यह इस बेधर्मीके पाखण्डी पुजारीही कर सकते हैं कि यह तो कहते हैं कि अधिक अनाज उत्पन्न करो, किन्तु यह नहीं कहते कि हमारे दस करोड़ मनुष्य शीघ्र पूर्वी एफ्रीकामें बसाये जायंगे। यह अंग्रेजी धर्मके मुल्ला और पंडित आपसमें

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नौक झौंक करते हैं, लोगोंको लड़वा भी देते हैं, मरवा भी देते हैं, परंतु आर्यान बनानेकी बात नहीं करते। हमने तो इनके मस्तकोंसे अंग्रेजी धर्म खुरच खुरचके निकालना है और ऐसा एक महान कुटम्ब बनाना है कि सभी सुखी रहें।

अन्तमें मैं इतना स्पष्ट कर दूँ कि मैंने पण्डित जवाहर लाल नेहरु और सरदार पटेलको अंग्रेजी कुत्ता नहीं कहा। यह घोर अन्याय है आपके मस्त लेखकका कि वह मुझ पर यह दोष लगाता है। मैं तो कहता हूँ कि अभी देशमें अंग्रेजी कुत्ते हैं और वह मेरे जैसोंके पीछे भौंकते हैं।

प्रेमी—महेन्द्रप्रताप।



(१) प्रार्थना। लेखिकाः श्री कृष्णाकुमारी एम. ए., डी. टी.। प्रकाशकः—नालन्दा-प्रकाशन, धननूर बिल्डिङ्ग, सर फिरोजशाह मेहता रोड, फोर्ट-बंबई १। पृष्ट ४८, मूल्य अजिल्द बारह आने। महात्मा गांधीके चित्रके सिवा अन्य कल्पित चित्रोंसे भी अलंकृत।

इस पुस्तकके प्रारंभमें विदुषी लेखिकाने प्रार्थनाके महत्वपर एक विस्तृत निबंध लिखा है जिसके पाठसे किसीके भी हृदयमें प्रार्थनाके लिये उच्चतम् भावनाएँ उदय हो आवेंगी। प्रार्थना क्या है, इसकी उपयोगिता क्या है और इससे मानव जीवनका कितना विकास और उत्कर्ष हो सकता है, इन सब विषयोंपर लेखिकाके प्राक्कथनमें बड़ाही सुन्दर विश्लेषण है। पुस्तकके उतरार्द्धमें कुछ चुनी हुई प्रार्थनाएँ हैं और अन्तमें दो चार भजन भी दे दिये गये हैं। लेखिकाके कथनानुसार महात्मा गाँधीकी प्रार्थना में सम्मलित होनेके पश्चात प्रार्थनाके प्रति उनके हृदयमें जो अनुराग पैदा हुआ, यह पुस्तक उसीकी परिणाम है। ईश्वर भक्तोंके लिये यह कामकी चीज है। नालन्दा-प्रकाशन की छपाई-सफाईके विषयमें कुछ कहना ही व्यर्थ है। श्री द्वारिकाप्रसाद सेवकके लेखानुसार पुस्तकका यह प्रथम संस्करण सेठ हरिराम महेश्वरीकी उदारतासे प्रकाशित हुआ है।

(२) अर्थ शास्त्र-शब्दावली। लेखकः—श्री दयाशंकर दुबे, श्री गजाधर प्रसाद अम्बष्ट और श्री भगवानदास केला। प्रकाशकः श्री भगवानदास केला, भारतीय ग्रन्थमाला, दारागंज, प्रयाग। पृष्ट १६७, मूल्य अजिल्द दो रुपया।

पुस्तकका यह चतुर्थ संस्करण है। इसमें अर्थशास्त्रके अंग्रेजी शब्दोंके हिन्दीमें पारिभाषिक शब्द दिये गये हैं। यह कहना सत्यकीही पुनरावृति करना है कि हिन्दीमें पारिभाषिक शब्दोंका अभावही उसकी प्रगतिमें बाधक है। यदि विभिन्न विषयोंके लिये हिन्दीमें उपयुक्त पारिभाषिक शब्द होते तो आज अंग्रेजोंके यहाँसे चले जाने पर भी अंग्रेजीको १५ साल तक भारतकी छातीपर मूंग दलनेका अवसर न मिलता। यद्यपि संविधान परिषद्में हिन्दी भारतकी राष्ट्र और राज भाषा स्वीकार की जा चुकी है तथापि उसकी स्थिति ऐसी नहीं है कि वह तत्क्षण इस कार्य-भारको ग्रहण कर सके। अर्थ, विज्ञान, कानून, दर्शनादि विषयोंपर बिचार व्यक्त करनेके लिये जिन शब्दों की आवश्यकता पड़ती है उनकी सृष्टि हिन्दीमें अभी तक हुई ही नहीं है। इसीलिये हिन्दीको राज भाषाके सिंहासन पर बैठनेके लिये अभी पन्द्रह बरस तक प्रतीक्षा करनी पड़ेगी। इस दरम्यानमें भारत सरकार और प्रान्तीय सरकारोंका यह अनिवार्य कर्तव्य होगा कि वे विभिन्न विषयोंके प्रतिपादनके लिये शब्दोंका निर्माण करावें और इस कार्यके सम्पादनकेलिये देशके चुने हुए भाषा-विज्ञानके पडितोंको आमन्त्रित और एकत्रित करें। इस प्रकार सरकारकी संरक्षतामें देशके विद्वानों द्वारा जो पारिभाषिक शब्द प्रस्तुत किये जायँगे वे स्थायी और सर्वमान्य होंगे।

हिन्दीमें अर्थ शास्त्रपर इने गिने ग्रन्थ मिलते हैं, फिर उसके लिये पारिभाषिक शब्दोंकी तो बात ही अलग रही। इस दयनीय दशामें केलाजीकी इस पुस्तकसे अर्थ शास्त्रके विद्यार्थियोंको जो लाभ पहुँचा होगा उसका अनुमान कर लेना सहजही है। भविष्यमें जब हमारे देशके विद्वान अर्थ-शास्त्रके लिये पारिभाषिक शब्द गढ़ेंगे तो इस

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

रचनासे भी उनको थोड़ी-बहुत सहायता मिल सकेगी। अर्थ शास्त्रके विद्वानों और विद्यार्थियोंके लिये यह पुस्तक बड़े कामकी चीज है।

(३) हमारी राष्ट्रीय समस्याएँ। लेखक और प्रकाशकः श्री भगवान दास केला, भारतीय ग्रन्थ माला, दारागंज, इलाहाबाद। पृष्ठ १५६, मूल्य अजिल्द पौने दो रुपये।

पुस्तककी यह दसवीं आवृत्ति है, यही इसकी लोकप्रियताका प्रमाण है। इसमें हमारी राष्ट्रिय समस्याओंपर भिन्न भिन्न दृष्टिकोणसे विचार किये गये हैं और उनके हलके लिये उपयुक्त उपाय भी ढूँढ निकाले गये हैं। भारतकी जन संख्या, स्वास्थ्य-रक्षा, सदाचार, संगठन और जातिभेद, साम्प्रदायिकता, प्रांतीयता, भारतीय संघ निर्माण और देश-रक्षासे लेकर राष्ट्रनिर्माण, राष्ट्रियता, राष्ट्रियताके साधन, राष्ट्रिय भावोंके प्रचार, झण्डा, गीत, शिक्षा और साहित्य तक पर केलाजीने बड़ी बुद्धिमता और योग्यतासे प्रकाश डाला है। राष्ट्र प्रेमियोंके लिये इसमें अध्ययन और मननकी यथेष्ट सामग्री है। वास्तवमें यह पुस्तक सभी दृष्टियोंसे स्वागत-योग्य है।

(४) रागिनी। लेखकः श्री ब्रजेन्द्र कुमार 'मधुकर'। प्रकाशकः हिन्दी प्रचारिणी सभा, धारा नगरी, लॉङ्ग माउन्टन, मोरिशस। पृष्ट २४; मूल्य अजिल्द बारह आना।

ब्रजेन्द्र कुमारजी मोरिशसके एक उत्साही हिन्दी प्रेमी नवयुवक हैं और हिन्दीमें कुछ तुकबन्दियां भी कर लेते हैं। उनकी तुकबन्दियोंकी एक पोथी 'मधुपर्क' के नामसे पहले भी प्रकाशित हो चुकी है। उसके दर्शनके सौभाग्यसे हम तो बंचित हैं परन्तु अखिल-भारत हिन्दी साहित्य सम्मेलन की मुखपत्रिका "सम्मेलन पत्रिका" ने उसकी जो समालोचना की थी उसको पढ़कर हमें बड़ी निराशा हुई थी। "पत्रिका" के कथनानुसार "इस प्रवासी भारतीयने अपने हिन्दी प्रेमका परिचय तो दिया है किन्तु हिन्दी-जगत ऐसी रचनाओंका सम्मान कर सकेगा, इसमें मुझे सन्देह है। सिनेमाके गीतोंसे भी अधिक निम्न कोटिकी रचनाओंसे हमारी हिन्दीका लेखकने अपमानही किया है, सम्मान नहीं। कादचित लेखक महोदयको हिन्दीकी वर्तमान् गतिविधिका तनिक भी ज्ञान नहीं, अन्यथा वह ऐसा कदापि न करते। हिन्दीकी सेवाके अन्य भी ढंग अपनाये जा सकते हैं।" इस समालोचनाके बाद "रागिनी" की रचना हमारे लिये एक आश्चर्यकी बात है। यदि ब्रजेन्द्रकुमारजीको कविता-कामिनीकी आराधानामेंही आनंद आता है तो उनको मोरिशसके पहाड़ों, नदियों, झीलों, खेतों आदिके दृश्यों और किसान-मजदूरोंकी झोंपड़ियों की दशा तथा वहांकी धार्मिक, सामाजिक, राजनैतिक, आर्थिक और शैक्षनिक समस्याओंकाही चित्र अपनी कविताओंमें खींचना चाहिये। इससे जहां प्रवासी भाइयोंको अपने देशका वर्णन पढ़कर काफी मनोरंजन हो सकेगा वहाँ भारत के निवासियोंको भी उस द्वीपके संबंधमें विशेष ज्ञानार्जन करनेका अवसर मिलेगा। आशा है कि भविष्यमें उनकी कृतियोंमें हम मोरिशसका शब्दचित्र देख सकेंगे। "रागिनी" भी "मधुपर्क" की ही बहन है, इतनाही कहना पर्याप्त है।

(५) श्री स्वास्थ्य प्रसार चिकित्सालय, झुंझनूका कार्यविवरण सन १९४३ से सन १९४८ तक। प्रकाशकः स्वास्थ्य प्रसार चिकित्सालय समिति, झुंझनू (राजस्थान)। यह चिकित्सालय झुंझनूके प्रजा मण्डलके अधीन है और इसके द्वारा प्रजाकी अच्छी सेवा हो रही है। विवरणसे ज्ञात होता है कि आयुर्वेदिक औषधियोंको तैयार और वितरण करनेमें बड़ी सावधानीसे काम लिया जाता है। डाक्टर राजेन्द्रप्रसाद जैसे महान व्यक्तिने भी चिकित्सालय का निरक्षण कर उसके कार्यको सन्तोषजनक बतलाया है। इस चिकित्सालयके कार्यकर्ता और खासकर वैद्य श्री वेद प्रकाशजी शर्मा और वैद्य नथमलजी जिस लगन और उत्साहसे प्रजाकी सेवामें संलग्न हैं वह सर्वथा सराहनीय है। हम इस संस्थाकी उत्तरोतर उन्नति और पूर्ण सफलताकी कामना करते हैं।

—अपनी टिमटिमाती मेहरबानी और प्रेमकी छाया से मेरी आत्माको तंग मत करो। मुझे इनकारकी बेरहम आजादीमें छोड़ दो। मुझे भयंकरतम निराशामें होकर वीरता-पूर्वक जीवनोद्देश्यको प्राप्त करने दो!

—रवीन्द्रनाथ

—सस्तेसे सस्ता खरीदना और महँगा-से महँगा बेचना—इस नियमके बराबर मनुष्यके लिये कलंक-रूप दूसरी कोई बात नहीं है।

—यह भी हो सकता है कि गरीबी पुण्यका फल हो और अमीरी पापका।

—महात्मा गांधी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

"प्रवासी" के लेखकोंको चेतावनी

हमारे कृपालु लेखक जानते हैं कि "प्रवासी" एक मासिक पत्र होनेके कारण विचार-पत्र है, दैनिक और साप्ताहिकोंकी भाँति समाचार पत्र नहीं। इसमें केवल वही लेख छप सकते हैं जो खासकर "प्रवासी" के ही लिये लिखे गये हों। अन्य मासिक पत्रोंका भी यही नियम है। वे भी ऐसा कोई लेख छापना पसंद नहीं करते जिसकी कापी अन्य किसी पत्रमें भी प्रकाशनार्थ भेजी गई हो। अतएव हमारे लेखकोंका अनिवार्य कर्तव्य है कि यदि वे "प्रवासी" के लिये कोई लेख लिखें तो उसकी कोपी अन्य किसी भी पत्रको न भेजें और यदि भेजें भी तो उसकी सूचना हमें अवश्य दे दिया करें ताकि हम भ्रममें न रहें और उनके लेखको धन्यवादपूर्वक लौटा सकें।

जबसे "प्रवासी" निकला है, हमारे पास ऐसे अनेक लेख आये जिनकी कापियाँ दूसरे पत्रोंमें भी प्रकाशनार्थ भेजी गई थी। उन सभी लेखोंको हमने वापस कर दिया पर इधर दो लेख ऐसे छप गये हैं जिनको अन्य पत्रोंमें भी प्रकाशित देखकर हमारे विस्मय और विषादकी सीमा न रही। उनमें एक तो कुँवर जोरावरसिंहका लेख है जो "प्रवासी" के पिछले अंकमें प्रकाशित हुआ है और वह लेख जंजीबार टापूसे संबंध रखता है। कुँवर साहबने हमें यह नहीं लिखा कि वे उस लेखकी कापीको "सार्वदेशिक" में भी भेज रहे हैं अन्यथा वह लेख "प्रवासी" में कदापि प्रकाशित न होता। दूसरा लेख इसी अंकमें छपा है जो योगीराज अरविन्दका अमेरिकाके लिये एक दिव्य संदेश है। यह लेख श्री अरविंद आश्रम, पाण्डेचेरीसे रजिस्टर पाकेटमें हमारे पास आया— इस अनुरोधके साथ कि इसे "प्रवासी" में अवश्य प्रकाशित कर दिया जाय। जब लेख "प्रवासी" में छप चुका तो हम यह देखकर दंग रह गये कि "संजय" में वही लेख ज्योंका त्यों प्रकाशित हुआ है। यह बात शिष्टाचारके अनुकूल तो नहीं कही जा सकती।

यदि किसी पत्रमें कोई ऐसा लेख छपता है जिसे हम "प्रवासी" के पाठकोंके लिये लाभदायक समझते हैं तो उसे हम स्वयंही "प्रवासी" में उद्धृत करते हैं और साथही उस पत्रका नाम धन्यवाद पूर्वक दे देते हैं। पर जब लेखक स्वयं अपने लेखकी एकसे अधिक प्रतियाँ मासिक पत्रोंको भेज देते हैं और सम्पादकको इस बातकी सूचना भी नहीं देते तो सम्पादककी स्थिति बड़ीही दयनीय हो जाती है। जब एकही लेख दो पत्रोंमें एक साथ या इस आगे-पीछे प्रकाशित होता है तो यह निर्णय करना कठिन हो जाता है कि किसने किससे लेख उड़ा लिया है। सम्पादकोंके हृदयमें भी यह सन्देह उत्पन्न हो आता है कि उसीके पत्रसे दूसरे पत्रने लेखतो उद्धृत कर लिया है पर उनके पत्रका नाम न देकर सम्पादकीय-मर्यादाको तिलांजलि दे डाली है। इससे परस्पर दुर्भाव भी फैलता है। अतएव हमारे लेखक हमपर इतनी कृपा तो अवश्य करें कि जो लेख वह "प्रवासी" में प्रकाशनार्थ भेजें उसकी कापी अन्य किसी भी पत्रको न भेजें और यदि किसी कारणवश अपने लेखकी कापियाँ एक से अधिक पत्रोंमें भेजना आवश्यक समझते हों तो कमसे कम हमें उसकी सूचना देना न भूलें। आशा है कि हमारी इस विनम्र प्रार्थना पर भविष्यमें पूर्ण ध्यान दिया जायगा और हमारे कृपालु लेखकोंको इस बातका स्मरण दिलानेकी पुनः आवश्यकता न पड़ेगी।

प्रवासीकी रामकहानी

(लेखकः श्री ब्रजेन्द्रकुमार 'मधुकर,' मोरिशस)

सुनो सुनो ऐ भारत वालो! परवासीकी रामकहानी!
जो परवासी आँखों से नित आहों का बरसाता पानी॥
कलकत्ते, बम्बई बन्दर का, छोड़ी नाव किनारा।
परवासी ने आशा छोड़ी, छुटा नाता प्यारा।
भैया ने बहिनी को छोडा, माता विटिया रानी।
मातृभूमि की चाह प्रेम में, बहा नैन से पानी।
दुःख से भरी हैं इनकी बातें, दर्द भरी है वाणी॥ सुनो०
आरकाटीने कौडी में ही बेच दिया भाई को।
शर्म, लाज सब छोड गली में, लूट लिया माई को।
ग्राम निवासी भोले भाले, पडे नीच के पाले।
दानों के मुहताज बन गये, अन्न खिलाने वाले।
मालिक बनकर पूँजी वाले करते हैं मनमानी॥ सुनो०
हरा भरा मैदान कर दिया, जंगल काट मजूरा।
जो भी किया काम को पूरा, छोडा नहीं अधूरा।
शहर बसाया, नहर बहायी, महल बनाया भारी।
गली गली ठोकर है खाता, फिरता बना भिखारी।
लम्बी तो है राह सफर की, लम्बी बडी कहानी॥ सुनो०
माता क्या निर्बल को रोते देख भला सकती है?
माता क्या निर्धन को नंगे छोड़ कभी सकती है?
माता ने सुधि लेकर सब की, देव-धरम को भेजा।
सत्य, न्याय के पालन कारण, दूत जहाँ भर भेजा।
घर घर जीवन ज्योति जला दो, जननी जग कल्याणी।
सुनो सुनो! ऐ भारत वालो! परवासी की रामकहानी॥

CC-0. Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri



हिंदुस्थानीका नमूना ।

महात्मा गांधीने हिन्दू-मुस्लिम एकताके लिहाजसे हिन्दुस्थानीनामकी एक नई भाषाको भारतकी राष्ट्रभाषा बनानेकी सलाह दी थी और हिन्दुस्थानीका विश्लेषण करते हुए उन्होंने बतलाया था कि उत्तर भारतकी जनता जिस बोलीमें विचार विमर्श करती है उसीका नाम हिन्दुस्थानी है। महात्माजीकी इस परिभाषा पर किसीको आपत्ति करनेकी कोई गुँजाइश भी नहीं थी क्योंकि सभीकी यह कामना है कि राष्ट्रभाषा ऐसी होनी चाहिये जिसे भारत के अधिकसे अधिक मनुष्य समझ सकें। वास्तवमें महात्माजी जिसको हिन्दुस्थानी कहते थे उसीको हम बोलचालकी हिंदी कहते हैं। यदि महात्माजीसे कुछ मतभेद था तो वह यह कि उन्होंने अपनी हिंदुस्थानीके लिये नागरी और उर्दू दो लिपियोंको चुना था और चाहते थे कि प्रत्येक भारतीय इन दोनों लिपियोंको सीखे। जनता इसे मुसलिम तुष्टिकरण नितिकाही एक अंग समझती थी।

जब भारतके सिर और पैर काटकर पाकिस्तान बनाया गया तो देशकी हालत बिल्कुल बदल गई। अब तक भाषाके क्षेत्रमें साम्प्रदायिकताका कोई स्थान नहीं था, हिंदी और उर्दू दोनों हिन्दू और मुसलमानोंकी सम्मलित भाषा समझी जाती थी लेकिन जनाब जिन्नाने इस क्षेत्रको भी अछूता न छोड़ा। यहाँ भी उन्होंने हिन्दू और मुसलिमका पचड़ा लगा दिया। मुसलिम लीगके सर्वेसर्वा कायदे आजमने यह स्पष्ट घोषण कर दी कि उर्दू मुसलमानोंकी जबान है और हिन्दी है हिंदुओंकी भाषा, हालाँ कि भारतीय राष्ट्रवादियोंने इस सिद्धान्तको कभी स्वीकार नहीं किया मगर इसकी प्रतिक्रिया जनता पर हुए बिना कैसे रह सकती थी ? लीग और जिन्नाकी इसी साम्प्रदायिक मनोवृत्तिके कारण किसी प्रान्तकी भाषा न होते हुए भी उर्दूको वहाँकी राजभाषाकी गद्दी पर बैठाया गया। पाकिस्थानके चार प्रान्तोंकी भाषाएं बंगाली, पंजाबी, सिंधी और पश्तो हैं, किसी भी प्रान्तकी भाषा उर्दू नहीं है, फिर भी उसको मुसलमानोंकी भाषा कहकर पाकिस्थानकी जनता पर थोपा गया।

पाकिस्थानका यह रवैया देखकर भारतके मुसलमानोंको यह निश्चय हो गया कि इस देशमें उर्दूके लिये अब कोई जगह नहीं रह गई है। इसलिये उन्होंने महात्मा गांधीकी हिंदुस्थानीकी आड़में उर्दूको भारतके गले मढ़नेकी ठान ली। मौलाना आजाद इस आन्दोलनके अग्र नेता बने और देशके दुर्भाग्यसे उनको कुछ हिन्दू महात्मा, पंडित तथा कर्मवीर साथी मिल गये। इन महाभागोंने हिन्दुस्थानीके नामपर एक ऐसी भाषाकी रचना शुरु कर दी जिसमें ७५ प्रतिशत उर्दूके विशुद्ध शब्द ठूँसे जाने लगे और शेष २५ प्रतिशत ऐसे शब्द गढ़े गये जिनसे देशवासियोंका कोई परिचय नहीं। संस्कृतके शब्दोंको या तो बहिष्कृत किया गया अथवा उनका रूप विकृत कर दिया गया मानों संस्कृतसे इनकी पुश्तैनी दुश्मनी हो।

हालहीमें महात्मा भगवानदीन, कर्मवीर सुन्दरलाल, महात्यागी काका कालेलकर आदि महानुभावोंने भारतके संविधानका हिन्दुस्थानी अनुवाद प्रकाशित कराया है। उसमेंमें कुछ शब्द चुनकर संयुक्त प्रान्तके शिक्षा मंत्री पंडित सम्पूर्णनन्दजीने अपने एक लेख द्वारा देशवासियोंके सामने रखे हैं। उन विकट शब्दोंको देखकर हिंदुस्थानीके हिमायतियोंकी सूझबूझ पर अफसोसकी हँसी आये बिना नहीं रहती है। इन महापुरुषोंने तो एक ऐसी भाषा बनानेकी ठान ली है कि जिसको बोलने और समझने वाला, इनके सिवाय, भारतमें और कोई न मिलेगा। हिन्दुस्थानीके लिये ऐसे ऐसे शब्द गढ़े गये हैं जिनका भयानक रूप देखकर रोम रोम प्रकम्पित हो उठता है। यहां हम पं० सम्पूर्णानंन्दजीके लेखसे इन महात्मा; पंडित, तपस्वी, कर्मवीर, त्यागी आदि उपाधियोंसे अलंकृत हिंदुस्थानीके हिमायतियोंके गढ़े हुए कुछ शब्दोंके नमूने "प्रवासी" के पाठकोंके सामने पेश करते हैं :—

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

"हम लोग जिस राजमें रहते हैं उसको इंडियन यूनियन" (Indian Union) कहा जाता है। राजशास्त्र में यूनियनका विशेष अर्थ होता है। कई राजसत्ताओंके विशेष प्रकारसे मिलनेपर यूनियन बनता है। शब्दावलीमें इण्डियन यूनियनको 'हिन्द इकावा' कहा गया है। लाख सिर खपाने पर भी हिन्दी वाले इतना सुंदर शब्द न ढूँढ़ पाते। राज-शास्त्रके बड़े बड़े सिद्धान्त छोटेसे 'इकावा' शब्दमें समा गये। 'मीटिंग' (Meeting) के लिये सभा और 'रिप्रेजेण्टेटिव' (Representative) के लिये प्रतिनिधि तो सभी बोलने लगे हैं, परन्तु ऐसा करते समय हम यह भूल जाते हैं कि सादी बोलीमें 'मिलनी' और 'ओरिया' मौजूद हैं। यह ठीक है कि मिलनी विवाहमें एक रस्म होती है और 'ओर' के होते हुऐ भी 'ओरिया' कहीं सुना नहीं जाता। परन्तु ऐसे आक्षेप उठाना जीवित बोलीकी शक्तिको न पहिचाननेका सूचक है। 'इंक्वायरी' (Enquiry) के लिये 'धूछना,' 'कंसालिडेशन' (Consolidation) के लिये 'ठोसियाना;' 'रिबेल' (Rebel) के लिये 'बिगडैल,' 'प्रेज़र्व' (Preserve) के लिये 'सँतना' 'रेसिप्रासिटी' (Reciprocity) के लिये 'फिर फिराव,' 'इंस्ट्रक्टर' (Instructor) के लिये 'सिखइया' और 'पब्लिशर' (Publisher) के लिये 'निकालिया' ऐसे जानदार शब्द हैं कि गढ़ने वालेकी कलमको चूम लेनेको जी चाहता है। उच्च शिक्षाके क्षेत्रको भी अछूता नहीं छोड़ा गया है। 'जिओग्राफी' (Geography) के लिये दो पर्याय दिये गये हैं, 'जुगराफिया और भूबा-ता'। 'जुआलोजी' (Geology) 'प्रानीविद्या' है और मेटिरियालिज्म (Materialism) 'माटिबाद' हो गया है। इस भांडागारके कितने रत्न सामने लाये जायँ। 'पैसिव रेज़िस्टेन्स' (Passive Resistance) अब निष्क्रिय प्रतिरोधकी जगह 'चुपहट' हो गया है, 'इंप्लि-सिट' (Implicit) की जगह 'हई' कहनेसे काम चल जायगा और 'सबसेक्शन' (Sub-Section) को 'उप-खंड' जैसे किसी अनगढ़ नामसे पुकारनेकी जगह 'छुटकाट' कहा जा सकेगा। अब सरकार लोगोंकी सम्पति (कॉन्फि-स्केट) (Confiscate) रीजियाया करेगी। 'विकेन्द्री करण' (Decentralisation) कितना भोंडा लगता है, इसकी तुलनामें 'निरबिचियान' सुनकर जी फड़क उठता है। किसी किसी शब्दकी व्युत्पत्ति ठीक समझमें नहीं आती। उदाहरणके लिये 'आउट्रेज' (Outrage) का पर्याय 'किमहोनी' लीजिये। परन्तु शब्दका गोत्र पूछकर क्या होगा, उत्तमा स्वगुणैः ख्याताः। नाम धातु तो खूबही बने हैं। नकुछियाना, नमियाना, अन्तियाना, इक-याना, पूछताछना, एक्टियाना, दुशियाना, शक्तियाना..... इसे सजीव भाषा कहते हैं।

"इस शब्दावलीके समर्थकोंके साहसकी प्रशंसा तो करनीही होगी। ऐसा मानना चाहिये कि या तो उनको इस बातका कुछ भी आभास नहीं है कि लोग उनको क्या कहेंगे या उनको लोकमतकी परवाह नहीं है। ऐसे गंभीर विद्वान कभी हँसते होंगे, ऐसा सोचना तो उनका अपमान करना है। वे आशा करते हैं कि ऐसी भाषा इस देशमें चल जायगी, इससे बढ़कर, आश्चर्यकी और क्या बात होगी? हिंदीकी अपनी सैकड़ों वर्षोंकी साहित्यिक परम्परा है और फिर वह संस्कृतकी सहस्र वर्षोंकी परम्पराकी दायाद है। उर्दूके पीछे भी अरबी-फारसीकी परम्परा है, चाहे यह परम्परा हमारी संस्कृतिसे भलेही अनमेल हो। ऐसे देशमें इस प्रकारके शब्दोंको प्रचलित करानेका यत्न कोई असाधारण व्यक्तिही करेगा। मैं असाधारणका विश्लेषन नहीं करता। एक बात खूब याद आई। विश्ले-षन करनेवालेको अब सुधार, सुलाझ या अलगाऊ कहना होगा। अस्तु, शब्दोंके अभिधार्थसे बढ़कर कभी-कभी उनके ध्वनितार्थका महत्व होता है। ध्वनितार्थ सैकड़ों वर्षोंके व्यवहारसे विकसित होता है। अब हमसे कहा जाता है कि हम ऐसे शब्दोंको छोड़कर नये गढ़े शब्दोंका प्रयोग करें जिनके पीछे कुछ थोड़ेसे व्यक्तियोंका हिंदी या संस्कृत द्वेष मात्र है।

मैं यह द्वेषवाली बात योंही नहीं कह रहा हूँ, इसके लिये आधार है। जहाँ विदेशी शब्द लिये गये हैं वहाँ उनके उच्चारणकी रक्षाका पूरा ध्यान रखा गया है। जुगराफिया, कानून, फौजदारी जैसे शब्दोंमें अधोबिन्दु देकर ग़ैन, फे, काफ, को शुद्ध रखा गया है; परंतु संस्कृत शब्दोंकी कथा न्यारी है। पहिले तो उनको छोड़ देनेका पूरा यत्न किया गया है। भूगोल जैसा सीधा शब्द भी न आ सका जो सारे देशमें प्रचलित है, जिसे लाखों बच्चे प्रत्येक प्रांत में बोल रहे हैं। भूगोलसे भी अधिक प्रचलित मंत्री है परन्तु उसको भी वजीरके सामने निकाल दिया गया, सचिव बेचारेको तो भला पूछताही कौन? जहाँ संस्कृत शब्द आये भी हैं वहां उनके तद्भव रूप दिये गये हैं, तत्सम रूप नहीं। औसर; संग, नम, वारतासुर,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

करता, समन्दर, दीठ, की भरमार है। बेचारा धर्म भी न बच पाया। 'ह्यूमेन' के पर्यायमें 'मानवधर्मी' नहीं वरन् 'मानव धरमी' आया है। यह तो स्पष्ट है कि इस हिंदुस्थानीने उन सब बातोंकी ओरसे जिनमें भारतकी भारतीयता है मुँह फेरनेका निश्चय कर लिया है। इस देशकी परम्परा और संस्कृतिसे उसे स्फूर्ति नहीं लेनी है। तब फिर हम ऐसी भाषाको लेकर क्या करेंगे।"

नेहरूजी कनाडामें।

अमेरिकाके प्रेसिडेन्ट द्वारा आमन्त्रित होकर इस समय हमारे प्रधान मंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू नई दुनियाका पर्यटन कर रहे हैं। अमेरिकामें उनका जो आगत-स्वागत हुआ है उसको देव-दुर्लभ कहनेमें कोई भी अतिश्योक्ति न होगी। संसारके चुने हुए इने गिने महाभागोंकोही अमेरिकामें ऐसा सम्मान प्राप्त हो सका होगा। वाशिङ्गटन, न्यूयार्क, बोस्टन, चिकागो आदि शहरोंमें नेहरूजीका स्वागत अपनी उपमा नहीं रखता है। अभी भारतके स्वाधीन होनेसे कुछही पहले श्रीमती विजय लक्ष्मी पंडितको अमेरिकाके इन्हीं प्रसिडेन्ट महाशयसे मिलनेकी भी सुविधा नहीं थी लेकिन आज तो प्रसिडेन्ट महोदय नेहरूजीका स्वागत करनेके लिये स्वयं वायुयानके मैदानमें पहुँच जाते हैं। वास्तवमें यह नेहरूजीके व्यक्तित्व का नहीं प्रत्युत भारतीय स्वाधीनताका स्वागत है। जब तक भारत पराधीन था तब तक भारतके बड़ेसे बड़े सपूत को भी विदेशोंमें कोई टके सेर भी नहीं पूछता था लेकिन आज भारतके आजाद हो जानेसे एशियाकाही नकशा बदल गया है।

इस अवसर पर कनाडाने भी अपने यहाँ पधारनेके लिये पंडितजीको आमंत्रित किया। उन्होंने कनाडाका निमंत्रण मंजूर कर दो तीन दिन उस देशमें भी बिताये। वहाँ वे गवर्नर जनरलके मेहमान रहे। कनाडाकी पार्लामेन्टमें भी उन्होंने भाषण दिया। पार्लामेन्टके सदस्योंको नेहरूजीका परिचय देते हुए कनाडाके प्रधान मंत्री श्री सेन्ट लौरेन्ट (St. Laurent) ने फरमाया कि इस बातसे हमारे हर्षोल्लासकी हद नहीं है कि भारत स्वाधीन होकर भी ब्रिटिश कामनवेल्थमें बना रहेगा। इससे हममें परस्पर सद्भाव और स्नेहकी उत्पत्ति और वृद्धि होगी। हमें आशा है कि नेहरूजी हमारी शुभकामनाके साथ स्वदेश लौटेंगे।

कनाडाकी सद्भावनाको भारत क्या कभी [illegible] सकता है? भारतकी पीढ़ी-दरपीढ़ी कनाडाकी शुभकाम[illegible] को याद करती रहेगी। कलकत्ताके निकट बजबजमें [illegible] वीरोंका बहा हुआ खून आज भी हमें पुकार-पुकार[illegible] कनाडाकी कथा सुना रहा है और हमें स्मरण दिला [illegible] है कि ब्रिटिश साम्राज्यमें भारतीयोंका वही स्थान है [illegible] मद्रासमें परियोंका। कनाडा अंग्रेजोंकाही एक स्वराज्य[illegible] उपनिवेश है। वहाँके इमिग्रेशन कानूनमें यह गुँजाइश [illegible] कि यदि कोई भारतसे चल कर कहीं रुके बिना सी[illegible] कनाडा पहुँच जाय तो उसे कनाडामें जहाजसे उतरने [illegible] उस देशमें बसनेकी पूरी छूट होगी लेकिन ऐसा [illegible] जहाज नहीं था जो भारतसे रवाना होकर सीधा कनाड[illegible] जाता हो—सभी जहाज चीन, जापान, फिलीपाइन [illegible] देशोंके बन्दरगाहोंसे होते हुए कनाडा पहुँचा करते थे [illegible] इमिग्रेशन कानूनके इसी बहानेसे भारतीयोंको वहाँ जह[illegible] से उतरने नहीं दिया जाता था। उन दिनों सुप्रसिद्ध [illegible] गुरुदत्तसिंह एक मालदार व्यापारी थे। उन्होंने कनाड[illegible] इस बहानेबाजीका भण्डाफोड़ करना निश्चित कर लि[illegible] 'कोमा गाटा मारु' नामक एक जापानी जहाजको उ[illegible] किराये पर ले लिया और उसमें लगभग ५०० पंजाबिय[illegible] बैठाकर कलकत्तासे सीधा कनाडाके लिये रवाना हो [illegible] कोयले पानीका भी काफी प्रबन्ध कर लिया गया [illegible] ताकि जहाजको किसी बन्दरगाहपर जानेकी जरूरत [illegible] पड़े। इस प्रकार 'कोमा गाटा मारु' जब कनाडाके बन्[illegible] गाह पर जा पहुँचा तो वहाँके सत्ताधिकारियोंकी [illegible] मर गई। बाबा गुरुदत्त सिंहने कानूनकी सारी शर्तें [illegible] कर दी थी अतएव बहानेबाज़ीके लिये कोई गुँजाइशही [illegible] रही। लाचार होकर कनाडा सरकारको अपना सब्बास्त्र [illegible] दिखाना पड़ा। कानूनको ताख पर रख दिया गया [illegible] यात्रियोंको वहाँ उतारनेसे इन्कार कर दिया गया। इस [illegible] बाबा गुरुदत्त सिंहने वहाँके श्वेताङ्गोंके न्यायालय और [illegible] धीशोंकी भी न्यायप्रियताकी परीक्षा लिये बिना [illegible] लौट आना उचित न समझा, इसलिए उन्होंने वहाँ [illegible] सर्वोच्च अदालत सुप्रिम कोर्टका भी दरवाजा खटखटा[illegible] लेकिन वहाँ भी कानून और इन्साफकी हत्या की [illegible] जब सारे प्रयत्न व्यर्थ गये तब हताश होकर बाबा [illegible] दत्तसिंह और 'कोमा गाटा मारु' के यात्रियोंको [illegible] लौटना पड़ा। यहाँ भी अंग्रेज सरकारने उनके आगमन[illegible]

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गतकी तैयारी कर रखी थी— बन्दूककी गोलियोंसे उनको भून डाला गया। बहुतसे पंजाबी वीर 'बजबज' में शहीद हो गये, उनके रक्तसे 'बजबज' की भूमि लाल हो उठी। आज भी उन प्रवासी शहीदोंका खून हमें अंग्रेजोंकी नादिरशाहीकी याद दिला रही है और युग-युगान्तर तक याद दिलाती रहेगी। इस अपराधमें बाबा गुरुदत्त सिंहको गल-पच कर खप जानेके लिये कालेपानी भेज दिया गया। 'कोमा गाटा मारु' की कथा, बाबा गुरुसिंहका अनुपम त्याग और 'बजबज' की दुर्घटना भारतके आधुनिक इतिहासका एक अध्याय बन चुका है। इस स्थितिमें हमारे देशवासी कनाडाको कैसे भूल सकते हैं?

पर नेहरूजीकी बात कुछ औरही है। वे राष्ट्रियताको विशेष महत्व नहीं देते हैं, अन्तर्राष्ट्रियताके सन्देश-वाहक हैं। उन्होंने 'ओटावा' नगरमें प्रेस-प्रतिनिधियोंके समक्ष स्पष्ट घोषणा कर दी है कि कनाडा सरकारसे वे इमिग्रेशन के मामलेमें कोई चर्चा न करेंगे। 'जो रोगी चाहे सो वैद्य बतावे'—यही तो कनाडा चाहताही है। जहाँ अमेरिका जैसा महान देश एशियावासियोंका सद्भाव और सहयोग प्राप्त करनेके लिये द्वितीय विश्वयुद्धके बाद अपनी इमिग्रेशन नीतिमें आमूल परिवर्तन करना उचित समझता है और प्रतिवर्ष ७५ नवीन चीनियों और ७५ नवीन भारतीयोंके लिये अपना दरवाजा खोल देता है वहाँ ब्रिटिश कॉमन्वेल्थ के सदस्य आस्ट्रेलिया, न्यूज़िलेण्ड और कनाडा एक भी भारतीयको वहाँ जाकर बसना बर्दाश्त नहीं कर सकते। यह कैसी विडम्बना है? हमने यह आशा बाँध रखी थी कि पंडित नेहरुकी यात्रासे कनाडा अपनी प्रवास-नीतिपर पुनर्विचार करेगा और चन्द भारतीयोंको प्रतिवर्ष कनाडामें प्रवेश और प्रवास करनेका अधिकार दे देगा लेकिन जब नेहरूजी स्वयं यह एलान कर रहे हैं कि वे कनाडाकी इमिग्रेशन नीति पर चर्चा नहीं करेंगे तो भला कनाडाको क्या गरज पड़ी है कि वह अपनी बन्द द्वार नीति पर विचार करे। इस सिलसिलेमें पंडितजीने यह भी कह डाला है कि भारतकी जन संख्या जितनी होनी चाहिये उससे बहुत कम है; इसलिये भारतीयोंको बाहर जानेकी जरूरतही नहीं है। क्या खूब? जहाँ सारा संसार भारतकी जनसंख्याको आवश्यकतासे अधिक बतला रहा है वहाँ हमारे प्रधान मंत्री 'ओटावा' में जो कुछ कह रहे हैं वह संसारका आठवाँ आश्चर्यही है। पंडितजीसे हमें ऐसी आशा तो नहीं थी।

❀ ❀ ❀ ❀

मोरिशसमें सत्याग्रह।

इधर मोरिशससे हमे बड़ी सनसनीदार खबरें मिल रही हैं। अभी पिछले किसी अंकमें हमने लिखा था कि अदालतकी मानहानिके अपराधमें पंडित विष्णुदयालजीको जो कैदकी सजा हुई थी उसे सत्याग्रहके नामसे पुकारा जा रहा है। सत्याग्रह किसी सरकारके विरुद्ध किया जाता है, अदालतके विरुद्ध नहीं। अदालत तो सरकारसे भिन्न है। अदालत तो एक ऐसी सत्ता है जो सरकारको भी दण्ड दिये बिना नहीं छोड़ती। यहाँ अदालतकी आज़ादीका एकही उदाहरण देना काफी होगा। दक्षिण अफ्रिकामें इस समय डा० मलानकी सरकार हुकूमत कर रही है जो प्रवासी भारतीयोंकी कट्टर बैरी है और उनकी हस्तीको मिटा डालनेपर तुली हुई है। डाक्टर दादू जब संयुक्त राष्ट्र संघके अधिवेशनपर पेरिस जानेके लिये वायुयानके मैदानमें पहुँचे तो ऐन मौकेपर आंतरिक मंत्री डाक्टर डोङ्गसने उनका पासपोर्ट छीन लिया। इस पर दादूने वहाँके सुप्रीम कोर्टमें सरकारके विरुद्ध मामला दायर किया। सुप्रीम कोर्टके जजने इस मामले पर पूर्णतया विचार करके सरकारको अपराधी ठहराया और यह हुक्म दे दिया कि डा० दादू जब चाहें विदेश जा सकते हैं, सरकारको उनके रास्तेमें रुकावट डालनेका कोई अधिकार नहीं है। जजके इसी फैसलेके आधारपर दादू इङ्गलैन्ड जा सके थे। इसके बाद दादूकी तरफसे फिर सुप्रीम कोर्टमें फरियाद की गई कि सरकारने उनका पासपोर्ट जो बलात् छीन लिया है वह उनको वापस मिल जाना चाहिये। जिस जजने दादूके फरियादोंको सुना उनका नाम भी जिस्टिस मलानही है। जस्टिस मलानने डा० मलानकी सरकारको हुक्म दिया कि दादूका पासपोर्ट फौरन वापस कर दिया जाय, उसको रोक रखने अथवा जब्त करनेका सरकारको कोई अधिकार नहीं है। झख मारकर मलान सरकारको दादूका पासपोर्ट लौटाना ही पड़ा। यह है अदालतकी आज़ादी और उसकी सत्ता।

अतएव अदालतका अपमान एक चीज है और सरकारके किसी हुक्मके विरुद्ध सत्याग्रह करना दूसरी।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दोनोंमें जमीन आसमानका अन्तर है। पं० विष्णुदयालको अदालतने किसी मामलेमें गवाही देनेके लिये बुलाया था। दैवयोगसे उस दिन शिवरात्रि थी और पंडितजीको अनेक सभाओंमें भाषण देना था। इसलिये वे अदालतमें हाजिर नहीं हुए। जब उनको अदालतका सम्मनस् मिला था यदि उसी समय वे अदालतमें एक अर्जी दे देते कि शिवरात्रिके दिन उनको अदालतमें हाजिर होनेमें कठिनाइयाँ है तो अदालत अवश्य उनके गवाहीकी तारीख बदल देती। पर उन्होंने न तो अदालतको सूचना दी और न अदालतमें हाजिरही हुए। यह सरासर अदालतका अपमान था। इसपर अदालतने उनको दो-चार दिनके लिये जेल भेज दिया। इस जेल यात्राको उनके भक्त सत्याग्रहके नामसे पुकार रहे हैं। अब खबर आई है कि उनके भाई माननीय एस. विष्णुदयाल भी दो-चार दिन जेल काट आये हैं। "ज़माना" से पता चलता है कि वे कौंसिलमें कोई भाषण दे रहे थे जो प्रधानकी दृष्टिमें आपत्तिजनक जँचा और प्रधानने उनको आगे बढ़नेसे रोका, मगर उन्होंने प्रधानकी आज्ञाकी उपेक्षा करनाही उचित समझा और अपने भाषणको जारी रखा। इस पर प्रधानने पुलिसको हुक्म दिया कि माननीय विष्णुदयालको यदि आवश्यकता पड़े तो बलका प्रयोग करके भी कौंसिल-भवनसे बाहर निकाल दिया जाय। पुलिसको प्रधानकी आज्ञाका पालन करनाही पड़ा। पर "ज़माना" ने यह नहीं बतलाया कि माननीय विष्णुदयालजी कह क्या रहे थे। यदि उनके भाषणका वह अंश प्रकाशित कर दिया जाता जिसपर प्रधानने आपत्ति उठाई थी तो दुनियाको यह समझनेमें आसानी हो जाती कि भूल किसकी थी? प्रधान पदपर विराजमान गवर्नर साहबकी अथवा माननीय सदस्य महाशयकी? गवर्नर साहब यह फरमा रहे हैं कि माननीय विष्णुदयाल अपने भाषणमें भारतका अपमान कर रहे थे। उसी समय भारतका पहला जंगी जहाज "दिल्ली" मोरिशसके बन्दरगाहपर जा पहुँचा था। मोरिशसकी सरकार और वहाँकी जनता "दिल्ली" के अफसरों और खलासियोंके आगत-स्वागतमें लगी हुई थी। प्रवासी भारतीयोंके लिये यह गौरव और गर्वकी बात थी कि एक हजार वर्षके बाद उनकी मातृभूमि स्वतंत्र हुई है और उसका पहला जंगी जहाज स्वतंत्र भारतका झंडा फहराते हुए मोरिशसके तट पर जा पहुँचा है। इस अवसर पर जहाँ सारे प्रवासी भारतीय खुशीका इजहार कर रहे थे वहाँ कौंसिलमें माननीय विष्णुदयाल सरकारको कोस रहे थे कि मोरिशसकी गरीब प्रजा जहाँ भोजन-वस्त्रके लिये तरस रही है वहाँ सरकार उनके गाढ़ेकी कमाईको इन नाविकोंके सत्कारमें घास-फूसकी तरह फूँक रही है। यह तो कौंसिलके प्रधान गवर्नरका आक्षेप है परन्तु माननीय विष्णुदयाल और उनके मित्रोंके कथनानुसार यह अक्षेप असत्य, अप्रमाणिक और निराधार है क्योंकि माननीय सदस्यने अपने भाषण में "दिल्ली" का नाम तक नहीं लिया था। इसीसे मुझे यह कहना पड़ता है कि यदि "जमाना" ने उनके भाषणको प्रकाशित कर दिया होता तो वस्तुस्थितिको समझनेमें सुविधा हो जाती। शायद "प्रवासी" के कार्यालयमें इस घटनाका विशेष विवरण आया हो और उनके भाषण की कापी भी, पर मुझे तो "जमाना" से कुछ भी पता न लग सका।

इसके बाद पुलिसने उनपर मामला चलाया और वह भी 'वेग्रैनसी एक्ट' (Vagrancy Act) के आधारपर। मालूम पड़ता है कि मोरिशसकी पुलिसकी विवेक-बुद्धिका दिवाला निकल गया है और उसकी समझ-शक्ति बिलकुल नष्ट हो गई है। यदि उसमें कौड़ी भर भी अक्ल होती तो वह अपनी मूर्खताका प्रदर्शन करके दुनियाँमें अपनी हँसी नहीं कराती। कहाँ मोरिशसका एक प्रतिष्ठित नागरिक और तिसपर कौंसिलका माननीय सदस्य और कहाँ उसके विरुद्ध इस 'वेग्रैनसी एक्ट' का प्रयोग! 'वेग्रैन्ट' उसको कहते हैं जिसके घरबारका ठिकाना न हो, जो इधर-उधर भटकता फिरता हो और जिसका चाल चलन संदेहजनक हो। सभ्य देशोंमें अक्सर भिखारियों और बेकार भटकनेवाले व्यक्तियों पर इस 'एक्ट' के अनुसार मामला चलाया जाता है मगर मोरिशसमें एक सुशिक्षित, प्रतिष्ठित और कौंसिलके सदस्यपर 'वेग्रैनसी' की तोहमत लगानेमें वहाँके पुलिसको न तो कुछ शर्म आती है और न कुछ संकोच होता है। सुनते हैं कि पुलिसको यह तोहमत बदलने पर मजबूर होना पड़ा पर फिर किसी 'एक्ट' के आधारपर उनको जेलकी सजा दी गई, यह भी मुझे मालूम न हो सका। यह अवश्य मालूम हुआ कि कई दिन उनको जेलमें रहना पड़ा और जितने दिन वे जेलमें रहे, अनशन करते रहे—उन्होंने अन्न ग्रहण नहीं किया। माननीय विष्णुदयालकी जेलयात्राको सत्याग्रह कहने में मुझे कुछ भी उज्र

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नहीं है। उन्होंने वही काम किया है जो इस स्थिति में कोई सच्चा सत्याग्रही और स्वाभिमानी व्यक्ति करता। हम उनका अभिनन्दन किये बिना नहीं रह सकते। यह बात दूसरी है कि कौंसिलमें वे जिस ढंगसे काम करते हैं उसको हम पसन्द न करें और जनहितकी दृष्टिसे वांछनीय न समझें परन्तु जहाँ पुलिस मर्यादाको तिलाञ्जलि दे डालती है और मनमानी घरजानी करने लगती है। वहां देशके सारे नागरिकोंकी आजादी खतरेमें पड़ जाती है। अतएव पुलिसके ऐसे दुष्कर्मोंका प्रचण्ड विरोध करनाही सच्चा सत्याग्रह है।

शोक-सम्वाद

श्रीमती बन्धु गंगादीन ।

स्प्रिंग्स (ट्रान्सवाल) से हमें यह खबर पाकर खेद हुआ कि वहाँके प्रसिद्ध रईस श्री बन्धु गंगादीनकी पत्नी का स्वर्गवास होगया। श्री बंधु हमारे उन पुराने मित्रोंमें एक है जिन्होंने दक्षिण आफ्रिकामें मुझे सार्वजनिक जीवनमें प्रवेश करनेके लिये प्रोत्साहित किया था। श्रीमती बन्धु एक साधारण महिला थी लेकिन अपनी गृहस्थीके काममें बड़ी निपुण। सन १९१३ में जब स्वर्गीय श्री लालबहादुर सिंहके सहयोगसे जर्मिस्टनमें मैंने सत्याग्रहकी लड़ाई छेड़ी थी तो उसमें जिन दस पुरुष और छः स्त्रियोंने भाग लिया था उनमें श्रीमती बंधु भी एक थीं। दक्षिण आफ्रिकामें बिना लायसेंसके फेरी फिरना अपराध माना जाता है और अपराधीको एक-दो सप्ताह कैदकी सजा मिल जाती है। जर्मिस्टनमें हमने फेरी फिरकर जेल जाने का निश्चय किया था। रेल्वे स्टेशन पर हमारी गिरफ्तारी भी हुई लेकिन न तो हम पर मामला चलाया गया और न जेल या जुर्मानेकी सजा दी गई। छः घंटे तक हवालात में रखकर और हमें यह कहकर छोड़ दिया गया कि "जेल में तुम्हारे लिये जगह नहीं है।"

श्रीमती बंधु
Shrimati Pandhu

इसके बाद जर्मिस्टनमें सत्याग्रह चलानेका विचार त्याग देना पड़ा। हमलोग नेटालकी सीमापर सत्याग्रह करनेके लिये कूच कर गये परन्तु श्रीमती बन्धु हमारे दलमें शरीक न हो सकीं—अपनी गृहस्थी और बाल-बच्चोंको छोड़कर लम्बी मुद्दतके लिये जेल जाना उनको पसंद न आया और वे जर्मिस्टनमें अपने घर पर रहकर सत्यग्रहियोंके परिवारकी यथाशक्ति सहायता करती रहीं।

जबसे वे जर्मिस्टन छोड़कर स्प्रिंग्स गई हैं तबसे वहाँकी महिलाओंकी नेतृत्व करती रही हैं। वे अपने पीछे एक भारी परिवार छोड़कर गई है। उनकी मृत्युसे उनके परिवारका बड़ा नुकसान हुआ है। श्री बन्धुका तो अर्द्धाङ्ग ही चला गया। इस वृद्धावस्थामें पत्नीके विछोहसे उनको जो दुःख व्याप रहा होगा उसकी कल्पना कर लेना कोई कठिन काम नहीं। हम श्री बन्धु और उनके परिवारके इस दुःखमें हार्दिक सहानुभूति प्रकट करते है और दिवंगत-आत्माकी शान्तिके लिये ईश्वरसे प्रार्थना।

श्री महेश लालजी आर्य ।

यह जानकर हमारे सन्तापकी सीमा नहीं रही कि बिहार-शरीफके प्रख्यात आर्यनेता श्री महेश लालजी अब इस संसारमें नहीं रहे। वे सच्चे आर्य थे और अपने सिद्धान्तके बड़े पक्के। उन्होंने जात बन्धन तोड़कर अपनी विदुषी कन्याका सुप्रसिद्ध वक्ता स्वर्गीय पंडित चन्द्रगुप्त विद्यालङ्कारके साथ विवाह कर दिया था। चन्द्रगुप्तजीके निधनसे हिन्दू-जगतकी जो हानि हुई उसकी पूर्ति अब तक नहीं हो पाई है। उनकी विधवा पत्नी इस समय पोरबन्दरके आर्यकन्या गुरुकुलमें प्रिन्सिपलका काम कर रही है। भाई महेश लालजी एक बार अपनी पत्नीके साथ प्रवासी-भवन भी पधारे थे। उनकी सहृदयता, मिलनसारी और स्नेहशीलताका हम पर काफी प्रभाव पड़ा था। उनकी मृत्युसे बिहार प्रान्तने अपना एक सपूत खो दिया

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

और आर्यजगतने अपना एक अनमोल रत्न। हम क्या कहकर उनके शोकाकुल परिवारको धैर्य्य दें, शाब्दिक सहानुभूतिसे उनकी व्यथा मिट नहीं सकती है। यह जानकर उनको कुछ संतोष होना चाहिये कि उनके दुःखमें सारी आर्यजनताकी समवेदना है। परमात्मा उनकी दिवंगत आत्माको सद्गति देवें और उनके परिवारको यह संताप सहनकी शक्ति।

प्रवासी-परिवार-प्रसंग

स्वामी भवानी दयालकी बीमारी।

"प्रवासी" के पाठकों और शुभचिन्तकोंको यह सूचना देते हुए प्रवासी परिवारको हार्दिक दुःख होता है कि "प्रवासी" के सर्वस्व स्वामी भवानी दयालजीकी रुग्णावस्थामें कोई अन्तर नहीं पड़ा है। पिछले सात महीनेसे वे खाटपर पड़े हुए हैं। अबतकके सारे उपचार निष्फल गये। पिछले महीनेमें उनकी अवस्था और भी त्रासदायक हो गई थी। दमा तो दम उखाड़ही रहा था, अब वायुके विकारसे उनको और भी कष्ट भोगना पड़ रहा है। एक तो योंही उनका शरीर अस्वस्थ और निर्बल था, तिसपर इस लम्बी बीमारीसे क्षीण शरीर सर्वथा बलहीन हो गया है। पिछले महीनेमें एक दिन अर्द्ध-रात्रिके समय लघुशंका करनेके लिये वे खाटसे उठ रहे थे परन्तु कमजोरीके कारण पैर डगमगा जानेसे फर्श पर गिर पड़े। फलतः उनका सिर फट गया और लहूकी धारा बह चली। रक्तहीन शरीरसे उतना लहू बह जाना कोई साधारण बात नहीं है, इससे हमारी चिंता और भी बढ़ गई। कुशल यही हुई कि सिरका घाव पका नहीं और उचित उपचारसे अच्छा हो चला है। इसीसे हमारे पाठक सोच सकते हैं कि स्वामीजी किस अवस्थामें पहुंच चुके हैं। उनकी सेवा शुश्रूषा और उपचारमें हम कोई बात उठा नहीं रखते हैं पर उनकी अवस्थामें कोई सन्तोषजनक परिवर्तन नहीं होता है, यही हमारे लिये चिन्ता और दुःखकी बात है। स्वामीजी तो यह विश्वास कर बैठे हैं कि उनके जीवनका कार्यक्रम समाप्त हो गया है और ईश्वरका यही मनोगत संकेत है कि उनको उस लोककी यात्राके लिये तैयार हो जाना चाहिये जहाँसे लौटकर कोई आता नहीं है। इस विकट बीमारीमें भी स्वामीजीको प्रवासी भारतीयों और "प्रवासी" पत्रकी चिन्ता लगी रहती है। डाक्टर और प्रवासी परिवारके हजार मना करने पर भी वे मानते नहीं हैं और यही कहकर हमें निरुत्तर कर देते हैं कि जीवनकी अन्तिम घड़ीतक प्रवासी भारतीयोंकी सेवा करनेका उन्होंने व्रत ले रखा है। पिछले महीनेमें कई बार उनकी अवस्था ऐसी भयावह हो गई थी कि उनके जीवनसे हमें निराश हो जाना पड़ा था परन्तु ईश्वरकी अनुकम्पासे स्थिति फिर संभल गई। अब जाड़ेकी ऋतु आ गई है, इसलिए हमारी चिंता और भी बढ़ रही है। ईश्वरकी जो कुछ इच्छा है वह तो पूरी हो करही रहेगी परन्तु प्रवासी परिवार स्वामीजीके जीवनकी रक्षाके लिये सतत उद्योग कर रहा है और करता रहेगा। पिछले महीनेमें जिन मित्रोंने पत्र भेजकर हमारे इस संकटमें सहानुभूति प्रकट की है उनके हम चिरकृतज्ञ रहेंगे। दक्षिण अफ्रिका, केनिया, युगान्डा, ज़ंज़ीबार, टंगेनिका, मोरिशस, फिजी, डमरारा, ट्रिनीडाड, सुरीनाम आदि देशोंमें बसे हुए प्रवासी भारतीयोंमें भी स्वामीजीकी बीमारीसे बड़ी चिन्ता फैल रही है। पिछले महीनेमें इन सभी उपनिवेशोंसे हमारे पास पत्र आए हैं और उनमें स्वामीजीकी रुग्णावस्थापर दुःख प्रकट किया गया है। प्रतिदिन शामको प्रवासी परिवार स्वामीजीके रुग्ण-शय्याके पास एकत्र होकर उनकी आरोग्यताके लिये ईश्वरसे सम्मिलित प्रार्थना करता है। स्वामीजीको जो भजन पसंद आते हैं और वैदिक प्रार्थनाके बाद जिनको गानेके लिये वे आग्रह करते है उनमें एक मृत्युको आवाहन भी है जो प्रवासी के इसी अंकमें अन्यत्र प्रकाशित है। आशा है कि प्रवासी परिवारको अगामी अंकोंमें स्वामीजीके स्वास्थ्यका शुभ समाचार सुनानेका सौभाग्य प्राप्त हो सकेगा।

साधुओंकी शुभकामना।

सुप्रसिद्ध आर्यनेता, वक्ता और विचारक श्री स्वामी अभेदानन्दजी महाराज सूचित करते हैं कि:—

"स्वामी भवानी दयालके स्वास्थ्यका समाचार पत्रोंमें पढ़कर सभी लोगोंको विशेष चिन्ता हो रही है। विहार दयानन्द संन्यासी-वानप्रस्थ मंडलने अपनी एक विशेष बैठकमें उनके दीर्घ-जीवन और पूर्ण-स्वास्थ्य लाभके लिये एक प्रस्ताव द्वारा मंगलमय भगवान से प्रार्थना की है। प्रस्ताव इस रूप में पास हुआ है—

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

"बिहार प्रांतका दयानन्द संन्यासी वानप्रस्थ मण्डल श्री स्वामी भवानी दयालजी संन्यासीके जीवनको देशकी एक अमूल्य सम्पत्ति समझता है। स्वामीजीने जिस त्याग, तप और निर्भयताके साथ देश एवं विदेशमें जनता-जनार्दनकी सेवाका बीड़ा उठाया है वह सर्वथा स्तुत्य और अनुकरणीय है। स्वामीजी देशसेवा करते हुए साहित्य और सौहित्य दोनोंका पूर्ण ध्यान रखते आये हैं। प्रवासी बन्धुओंके कष्ट निवारणार्थ स्वामीजीका यत्न अनुपम हुआ है और हो रहा है। ऐसे वीर सेनानीका दीर्घ काल से रोग-शय्या पर पड़ा रहना देशके लिये महती चिन्ताका विषय हो रहा है। बार-बार पत्रोंमें स्वामीजीकी बीमारीका समाचार पढ़कर विशेष चिन्ताके साथ लोग पूछ-ताछ कर रहे हैं। हम मंगलमय भगवानसे स्वामीजीके दीर्घ जीवन लाभके लिये हार्दिक प्रार्थना करते हैं।"

भवानी दयाल वाचनालय।

गत दिवालीके शुभ-दिवस आदर्शनगर आर्यसमाजके वार्षिकोत्सवके अवसर पर आर्यसमाज मंदिरमें अजमेरके प्रसिद्ध रईस पं० ब्रह्मदत्तजी भार्गव, बी. ए., एल. एल. बी., के कर-कमलोंसे 'भवानी दयाल वाचनालय' का उद्घाटन हुआ। इस अवसर पर जनताका अच्छा जमावड़ा हुआ था। अजमेरके नेता श्री कुँवर चाँदकरणजी शारदा, पं० जियालालजी; प्रोफेसर घीसूलालजी, पं० विद्यानन्द 'विदेह' आदिके व्याख्यान हुए थे। प्रोफेसर देवकीनन्दनजी शर्मा, एम. ए., एल. एल. बी. ने सभापतिका आसन सुशोभित किया था। आर्यसमाजके उप प्रधान तथा आर्य साहित्य मण्डलके मनैजिंग डायरेक्टर श्री मथुराप्रसादजी शिवहरे और आर्यसमाजके मंत्री पं०हर स्वरूपजीके उद्योगसे 'भवानी दयाल वाचनालय' की स्थापना हुई है। इस समय पं० हरस्वरूपजी जिस उत्साह और लगन से आदर्शनगर आर्यसमाजकी सेवा कर रहे हैं वह सर्वथा स्तुत्य है। इस समाजसे प्रवासी आर्यबन्धुओंका विशेष सम्बन्ध है — मंदिरके निर्माणमें उन्होंने काफी आर्थिक सहायता दी है। पीटरमेरित्सबर्गके श्री आर. बी. महाराजने स्वयँ तो एक बड़ी रकम दानमें दिया ही, पर अन्य प्रवासी भारतीयोंसे भी धन एकत्रित करके मंदिरके निर्माणमें उन्होंने बड़ी सहायता पहुँचाई है। आशा है कि इस मंदिरके द्वारा देश-वासियोंकी यथेष्ट सेवा होती रहेगी।

सरस और मनोरंजक साहित्यके लिए

नवरस

सचित्र मासिक पत्र हिंदीमें अनूठा है।

नवरसमें कहानियाँ छपती है—सरल और सुन्दर। मनोरंजन करना उनका प्रधान उद्देश्य होता है और भावपूर्ण और सरल भाषा होनेके कारण पाठकोंका ध्यान भी वे आकर्षित करती है। नवरसमें रचनाओंका संकलन विभिन्न विचारधाराओंका ध्यान रखकर होता है। व्यक्ति और समाजके उथल पुथलकी चर्चा ललित और कलापूर्ण ढंग से आप नवरसमें पायेंगे। नवरसमें विविध प्रकारकी रचनाएं प्रकाशित होती है। देशी-विदेशी साहित्यका संकलन, यात्रा वर्णन और रहस्यमयी तथा रोमांचकारिणी कहानियाँ नवरसमें आपको पसंद आयेंगी।

वार्षिक मूल्य ५) प्रत्येक अंक ।।) नमूनेका अंक आप मुफ्त मँगाकर देखें।

किशोर

विद्यार्थियोंको सामयिक और ज्ञानवर्द्धक पठन सामग्री देनेवाला सचित्र मासिक पत्र।

पत्र अत्यन्त सुंदर, सुपाठ्य और सर्वोपयोगी है। विहारका यह गौरव है और किशोरोंका पथ प्रदर्शक— भवानीदयाल संन्यासी। पत्र इतना सुन्दर निकल रहा है कि हम हिंदुस्तानकी किसी भी भाषाके श्रेष्टसे श्रेष्ट पत्रोंके साथबालोपयोगी इसका मुकाबिला कर सकते है— गोपालसिंह नेपाली। हमें निश्चय है कि किशोर-अवस्थाके पाठकों को यह पत्र बहुत प्रिय होगा —'विशाल भारत'।

वार्षिक मूल्य ४) साधारण अंक ।=)

Hindustani Press, Patna 4,

हिंदुस्तानी प्रेस, पटना ४ Bihar, India.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सात्विक जीवन ।

हिंदीका सर्वोपयोगी मासिक पत्र । उद्देश्य—शुद्ध एवं सात्विक जीवनका निर्माण । गंभीर गवेषणापूर्ण लेख एवं मर्मभेदिनी कविताओंसे अलंकृत । समाजमें चरित्र-गठनका संदेशवाहक । ईश्वरभक्ति, कर्तव्य-बोध, धर्माभिमान, देशसेवा, समाज-संस्कार एवं आत्मोन्नतिका पथ-प्रदर्शक । वार्षिक मूल्य देशके लिये ३) रुपया और विदेशों के लिये केवल ६ शिलिंग ।

सात्विक-जीवन ग्रंथ माला ।

ओम् प्रणव रहस्य ।

श्रीस्वामी शिवानंदजी महाराजकी लिखी हुई यह पुस्तक अपने ढंगकी अद्वितीय है । ओम्‌की व्यापकता, श्रेष्टता और महत्तापर उत्कृष्ट रचना । थोड़ीसी प्रतियाँ शेष हैं । इन अनमोल ग्रंथके कागज और मुद्रणका मूल्य केवल दस आना, सजिल्द बारह आना ।

सचित्र हठ योग ।

संसारके सुखोंमें स्वस्थ शरीरही सर्वोपरि सुख है । स्वस्थ शरीरमेंही सबल मन बसता है । यदि आप अपनी खोई हुई शारीरिक शक्तिको पुनः प्राप्त करना चाहते हैं और वह भी पैसे खर्च किये बिना तो योगके अनुभूत उपायोंका आश्रय लें । इस पुस्तकमें प्रतिपादित योगके नियमों और आसन व्यायामोंका अभ्यास करनेसे आपका मन तेज और तन तारुण्यसे चमक उठेगा । सुंदर, सचित्र, सजिल्द पुस्तक का दाम केवल दो रुपया ।

वैराग्यके पथपर ।

मानवी जीवनका उद्देश्य बहुत ऊँचा है । जिसको भूलकर और विषय-वासनाओंमें फँस कर लोग पतित हो जाते हैं । इस ग्रंथमें जीवनको उन्नतिके शिखरपर ले जानेके अनुभूत उपाय बताये गये हैं । विश्वके अशांत एवं दुखद वातावरणमें विचरते हुए भी मनुष्य शांति और सुखका अनुभव कैसे कर सकता है, यह जाननेके लिये इस पुस्तकको पढ़ना चाहिये । सुंदर सजिल्द ग्रंथका मूल्य केवल एक रुपया ।

मन और उसका निग्रह (दो भाग) ।

मनकी चंचलता किसीसे छिपी नही है । अतएव उसको अनियंत्रित रूपमे छोड़ देनेसे जहाँ वह मनुष्यको पतनके गड्ढे में गिरा देता है, वहाँ उसको वश में लाकर सुपथ पर चलानेसे वह मनुष्यको उत्कर्षके सर्वोच्च सोपानपर पहुँचा देता है । मनके वशीकरण बिना अभीष्टकी सिद्धि असंभव है । यदि आप मनको वशमें रखना चाहते हैं तो इस ग्रंथके दोनों भाग को एकवार अवश्य पढ़े । सुंदर सजिल्द दोनों भागका मूल्य क्रमशः एक और तीन रूपया है अर्थात कुल चार रुपया ।

हमारा ज्ञानवर्धक प्रकाशन:—

(१) ब्रह्मचर्य नाटक..... ॥)
(२) आध्यात्मिक शिक्षावली (प्रथम खण्ड)..... ।॥)
(३) " " (द्वितीय ") ..... ॥)
(४) सचित्र हठयोग (सजिल्द)..... २)
(५) स्वामी शिवानंदकी जीवनी व उनके उपदेश (अंग्रेजी)..... १॥)
(६) मन और उसका निग्रह (प्रथम खण्ड)..... १)
(७) " " (द्वितीय ")..... १)
(८) ओ३म (प्रणव रहस्य)..... ॥=)
(९) वैराग्यके पथपर ..... १)
(१०) जीवन सौरभ..... ।=)
(११) मानव जीवनका रहस्य..... ।=)
(१२) राष्ट्रीय जागरणका इतिहास..... १)
(१३) देशके नौनिहालोंसे..... =)
(१४) सदाचारका महत्व..... =)
(१५) काँग्रेसके सभापति..... १)
(१६) काँग्रेस चार्ट..... १)
(१७) स्वास्थ्य पत्र..... १)

हमारी लोकप्रिय डायरियाँ तथा कैलेंडर जो प्रतिवर्ष बड़े सज-धजके साथ निकलते हैं:—

(१) राष्ट्रिय डायरी । १॥)
(२) जनरल डायरी । १)
(३) सदाचार डायरी । १=)

मिलनेका पता:—

जनरल प्रिन्टिङ्ग वर्क्स लिमिटेड ।

८३ पुराना चीना बाजार स्ट्रीट,
कलकत्ता ।

फोन नं० २१०४ बड़ाबाजार । तारका पता: भाईकाशी ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जोधपुर कमर्शियल बैंक लिमिटेड

(जोधपुर स्टेटमें स्थापित: सभ्यों की जिम्मेदारी सीमित है।)

चैयरमैन—श्री नारायणलाल बंसीलाल

चुकता मूलधन ..... रु० ५०,००,०००.

रिज़र्व फंड रु० ५,००,०००.

बैंककी शाखाएं:—

मारवाड़ : जालोरी गेट, जोधपुर, स्टाक एक्सचेंज, श्री रघुनाथजीका मंदिर, घासमंडी; जोधपुर; खेजर्ला हाउस, जोधपुर सिटी; कुचामन सिटी, नागोर, मेरता सिटी, पाली, रानी, बाढ़मेर (मारवाड़)

बंबई : ५३ टेमरिण्ड लेन, फोर्ट; २०७ कालवा देवी रोड, गांधी चोक, कल्याण; ११८–१२२ काजी सैयद स्ट्रीट, माण्डवी, म्युनिसिपल बिल्डिंग, भिवण्डी (जि० थाना) थाना-जामली नाका, ६६०९ किंग्सवे, सिकन्द्राबाद।

अहमदाबाद: मस्कती मार्केट। कलकत्ता: १-१ मिशन रो. और ५७ नेताजी सुभाष रोड।

मद्रास: २६, गोविन्दप्पा नायिक स्ट्रीट, जी. टी. मद्रास।

चालू डिपाजिट खाता : चालू डिपाजिट खाते में रु० १,००,००० तक के दैनिक बाकी रकम पर १।४ सैकड़ा वार्षिक ब्याज मिलेगा। बड़ी रकमों पर खास निश्चित ब्याज दिया जायेगा।

निश्चित अवधि के डिपाजिट : एक वर्ष अथवा उससे कम समय के लिये लिया जाता है। दर आवेदन करने पर प्राप्त हो सकता है।

सेविंग बैंक खाता : दैनिक बाकी रकम पर १ प्रति सैकड़ा के हिसाब से अथवा मासिक बाकी पर डिपाजिटरोंके साथ तय शर्तों के अनुसार वार्षिक १॥ प्रतिशत के हिसाब से ब्याज दिया जायगा। रु० २०, ००० तक पर ५ से भाग दी जा सके इतनी रकम पर ब्याज दिया जायगा। खाता खोलने वाले सप्ताह में दो वार अधिक से अधिक रु. १०००)तक निकाल सकेंगे।

लोन, ओवर ड्राफ्ट और कैश क्रेडिट : मान्य जामिनों पर उधार दिया जाता है।

सेफ कस्टडी के लिये रखी गयी तमाम जामिनगीरियोंपर डिविडेण्ड एवं ब्याज बैंक वसूल करता है।

बैंक सरकारी जामिनगीरियों तथा पब्लिक कम्पनियों के शेयरों की खरीद बिक्री का काम भी लेता है।

बैंक सम्बन्धी सब प्रकार का कारोबार किया जाता है।

सी. एच. दीवानजी,—मैनेजर.

प्रवासिता।

(मौलिक सामाजिक उपन्यास)

(प्रवासी भारतीयों की करुण कहानी का मर्म-स्पर्शी चित्रण)

लेखक :—श्रीगङ्गाप्रसाद गौड़ 'नाहर'।

भूमिक लेखक :— श्रीशिवपूजन सहाय।

भारत से दूर फिज़ी आदि जगहों में किस प्रपञ्च से भारतीयों को ले जाया जाता था—वहां के भारतीयों पर गोरों का जुल्म—भारतीय ललनाओं के साथ गोरों का पाशविक अत्याचार आदि कारनामों से आज भी बहुधांश भारतवासी अनभिज्ञ हैं। 'प्रवासिता' प्रवासी भारतीयों की करुण-कहानी का चित्रण चल-चित्र के दृश्य की तरह उपस्थित करेगी। साथ ही आप इसमें गृहस्थ-परिवार में प्रतिदिन घटनेवाली लीलाओं; स्वार्थ-पिशाचों द्वारा अपनी कुप्रवृत्ति की साधना के लिये घोर कुत्सित कर्मों से सचरित्र और निर्दोष व्यक्ति पर जुल्म ढाना आदि देखेंगे।

कथानक के प्रवाह में आप इतना मस्त हो जाएँगे कि उपरिणामानने के लिये आप बेचैन होकर पुस्तक को अन्त-तक पढ़े बिना न छोड़ेंगे। अपनी प्रति आर्डर भेजकर आज ही सुरक्षित करा लें। एन्टिक कागज पर छपी हुई, आकषक तिरंगा कवर, लगभग ५०० पृष्ठकी पुस्तकका मूल्य सिर्फ ६)

मनोरंजनप्रद सामयिक पुस्तकें:—

राष्ट्र-निर्माणके युगमें क्रान्तिकारी विचारधाराओंसे ओत-प्रोक राष्ट्रियताका प्रतिनिधित्व करनेवाली

अपने ढंगकी तीन अनुपम पुस्तकें—

अन्तिम इच्छा १५ कहानियोंका संग्रह, सजिल्द मू० १॥)

आवर्त्तन १७ कहानियोंका संग्रह सजिल्द मू० २)

अनुष्ठान मौलिक क्रांतिकारी सामाजिक उपन्यास सजिल्द मू० ३॥)

एक साथ तीनों पुस्तकें ५।) रु० में डाक व्यय सहित।

THE BENGAL PRINTING WORKS,
21 SINAGOGUE STREET, CALCATTA.

दि बंगाल प्रिंटिंग वर्क्स, २१, सिनागाग स्ट्रीट, कलकत्ता।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Registered No. N. 1043

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Travel by Sea or Air

Tel. Add. "Colonial" Phone: 23313

ISMAILBHAI VAMED & SON.

Passenger & Commission Agents

Behram Mahal, Dhobi Talao, Kalbadevi Road,

P. O. Box 2022. BOMBAY, 2.

BRANCH: Station Road, SURAT.

Station Road, NAVSARI.

POPATLAL & CO.

General Merchants & Commission Agents

Exporters and Importers

P. O. Box 1122, Lourenco Marques,

Portuguese East Africa.

Morarjee Jivanjee & Co.

IMPORTERS & EXPORTERS

General Merchants

Tel. Add. JIVANJEE, P. O. BOX 837,

Lourenco Marques, P. EAST AFRICA.

J. MAGANLAL & Co.,

Brokers & Agents.

115-A, Victoria Street, DURBAN,

P. O. Box 1582, Tel.Add. "Guythri",

Natal, South Africa.

D. ROOPANAND BROS.

Music Saloon & Booksellers

Sole Agent for Rama Flute Harmoniums

AND

Hindustani Records

Cable Add. ANAND, Durban,

P. O. Box 2524. 85 Victoria Street,

Durban, Natal, South Africa.

B. KAKOOBHAI & CO. LTD.

General Produce Merchants

AND

Commission Agents

Tel. Add. RICHNESS. P. O. Box 675,

Rua Araujo No. 82, Lourenco Marques,

Portuguese East Africa.

R. B. Maharaj & Sons,

Land, Estate and General Agents

Chief Agent:

British America Assurance Company.

Agent:

Sun Life Assurance Co. of Canada.

We believe that the status of the Indian people will not be improved as long as racialism dictates the affairs of the country. Time has arrived for South Africa to take stock of the situation and call for the reorientation of the policy to fit in with the demands of modern thought. It is an error to think in terms of race only. It is essential that a strong, united nation is evolved in South Africa for peace and progress of the country. We cannot very well leave the heritage of discontent and strife for posterity.

Every thoughtful person will agree that far-sighted, bold and statesmanlike decisons are needed at the present moment. It will be dangerous to shirk the responsiblity. If South Africa, like United States, has the courage to admit the evil of race pride and prejudice, then a great future awaits it. It is difficult to reconcile democracy with a state of affairs that allows servitude and degradation on a majority of the South African people. One could not justifiably debar a group from enjoying the fundamental freedoms and human rights. No civilised people could be reasonably denied the right to citizenship.

South Africa has committed a serious blunder in withdrawing the Indian right to representation in Parliament. South Africa has offered no opportunity to the Indian and other non-European people to feel that they should be proud of the Union. South Africa has not yet evolved a satisfactory formula for the citizenship of its non-European people. This has engendered race feelings and worsened race relations. Of all the dominions in the Commonwealth of Nations, South Africa is the only exception which has so far refused to accept Indians as people fit for citizenship. It has still maintained discrimination in the status of Commonwealth nationals on the grounds of colour, race or creed. It is in the interests of the Commonwealth solidarity that South Africa and India should meet at a round table conference to amicably settle the Indian problem in conformity with the United Nations Charter.

It is obvious that South Africa can never create a strong nation out of discontented peoples, distrusting the authorities at every step. Unless you give them a hope or pledge them a future, the effort will be fruitless. A united nation could be only created by bold statesmanship and bold political measures.

Race prejudice in South Africa owes its strength to the past traditions and present outlooks. We know most of the politicians in the country exploit the race problems to achieve political ends. We know they are averse to placing the non-Europeans on the common roll of the electorate.

It is, however, a fact that apartheidist electorates have brought about upheavals in every country where they were tried. Communal electorates have engendered hostility and put the clock of progress back. The experience of other countries and smouldering discontent of the non-European peoples in the Union should impress South Africa of the advisability of a momentous decision in the history of South Africa. The hour has struck to start a campaign for fundumental freedoms for all in the country. To deny the non European people the right to citizenship is to violate the very principle of freedom and equality. Denial of citizenship endangers the very concept of a democratic society.

The grant of the right to citizenship is an immediate necessity to remove race tensions and riots. The right to citizenship will alone pave the way to race understanding and harmony.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

It is a big question, however, who will undertake this noble, but herculean task. Shall we look for this leadership in the ranks of Nationalist Party? Shall we hope that it will abandon its apartheid policy to serve the wider interests of South Africa? The prospects do not appear bright at all. It will not welcome the idea of race amity on these terms. Then shall we turn our eyes towards the United Party whose tower of strength in the person of the late Hon. J. H. Hofmeyr has been so unexpectedly snatched away from our midst? It can tackle the job, but one doubts whether it possesses the capacity for such a bold action.

In these circumstances, the eyes of South Africa are centred round a group of liberals and progressives, round these fore-sighted intellectuals and political thinkers, to deliver the goods. Their's is a noble mission. Their's is an enormous task but definitely not insurmountable. They should direct their activities towards the ideal firstly within their own political parties. If they fail to achieve the end, within the structure of their parties, they should courageously come in the open to start a new, strong, political body and attempt to develop a balance of power. I know for certain that they will be abused and scandalised, but this has been the fate of all pioneers in such noble work. The task, however, is well worth undertaking. It will earn the gratitude of not only right-thinking Europeans and all non-Europeans in this country, but of all the right-thinking people in the world. Mr. Hofmeyr is dead. This noble work would illustrate the sincerest tribute one can pay to his sacred memory.

Our Editor's Health

We extremely regret to announce that we have failed to bring out the Eighth Number of the "Pravasi" during the month of September owing to the continued deterioration in the health of our Editor, Swami Bhawani Dayal.



CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Though we have missed one month, we are not skipping it but shall make up for it by completing our year by publishing the twelve issues. Hence our readers will not be subjected to any loss by this unavoidable delay.

Our readers are aware that Swamiji is confined to sick-bed for the last six months. He is suffering with asthma, fever and stomach disorders and these numerous maladies are wearing away his power of resistance. He is so emaciated that he even could not move from his bed. Dr. Ambalal is doing his utmost for the restoration of Swamiji's shattered health but there seems no sign of improvement in spite of the keenest medical attention.

His children namely, Shri Krishnadutt, Sarva Shrimati Prakashwati, Padmawati and Gayatri along with their children have come from South Africa to see him, most probably for the last time. We are greatly disappointed with the condition of his health which takes turns suddenly hence we are unable to predict the future. We could only say that he is passing through the most critical period in his life. Under the circumstances we hope that our readers will forgive us for any short-comings in the "Pravasi".

——:o:——



CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri



सम्पादक—भवानीदयाल संन्यासी

वर्ष २ ॐ अक्टूबर १९४९ ॐ अंक ८

आनन्दकंद श्रीकृष्णचन्द्र

लेखक:—श्री पीर मुहम्मद मूनिस

विश्वके विभिन्न देशों और उपनिवेशोंमें जहाँ जहाँ हमारे देशवासी स्थायी रूपसे जा बसे हैं उनमें आनन्द कंद श्रीकृष्णचन्द्रकी जन्म-जयंती मनाने की प्रथा किसी न किसी रूपमें प्रचलित है। वास्तवमें भारतीय त्योहारही हमारे देशवासियोंके लिये विदेशोंमें उनके राष्ट्रिय-जीवनके प्रतीक है। प्रवासी भारतीयोंकी विपदकी घड़ीमें कृष्णके गीता-गान, उसके मस्त-तान और पवित्र बलिदानकी भावनासे साहस और सहारा मिलता है। जबतक भारतके पास गीता विद्यमान है तबतक उसके अस्तित्वको संसारकी कोई शक्ति मिटा नहीं सकती है। गीताही भारतकी सर्वोत्तम सम्पत्ति है। आइये, आज प्रवास-जीवनके इस कूहू-यामिनीमें हम उसी गीताके गायक श्रीकृष्णचंदका गुणगान कर आलोकमय कर्म पथ पर अग्रसर होवें।

कृष्ण! प्यारे कृष्ण! दिलोजान कृष्ण!

हमने बहुत दिनोंसे तुम्हारी मनोहर बंशीकी मधुर आवाज नहीं सुनी। दर्शनके लिये हमारी आँखें पथरा गई हैं और तुम्हारे मनोहर गान सुननेके लिये कान व्याकुल हैं। इतने निठुर क्यों हो गये? जरा हमारी ओर तो देखो? अपनी जन्मभूमि बृज पर दया करो। हाय इतने बेखबर? क्या तुम हमको एक दम भुला दिये? तुमने जिस भूमिकी मिट्टी खाई, जिस भूमिके जंगलोंमें गौओंको चराया और उनकी रखवाली की, बृज बालाओं और गोपियोंको आत्मज्ञानके मधुर-गीत सुनाकर उनकी सारी सुध-बुध भुला डाली, तत्वज्ञानियों और महर्षियोंको ब्रह्मज्ञानके उपदेश-मंत्रसे ऐसा नाच नचाया कि वे अपनेको एकदम भूल बैठे। कृष्ण! हाय! आज इस सुजला सुफला शस्य श्यामला भारत भूमिको एक दम भूल गये? जरा देखो तो इधर—सारा देश तुम्हारी ओर टिकटिकी लगाये हुए है। सम्पूर्ण भारतवासी पपिहाकी भाँति तुम्हें देख रहे हैं—तुम्हारे दर्शनके लिये बेचैन हैं। प्यारे! भारतमें वह पवित्र भाव आ गया है। तुम्हारे अस्तित्वको स्वीकार करनेके लिये सारे भारतीय उतारू हो रहे हैं। तुम्हारी सत्तामें अपनी सत्ता मिलानेके लिये आतुर हैं। सारा भेद-भाव दूर होता जा रहा है। भारत एक राष्ट्र बन रहा है। सम्पूर्ण भारतवासियोंका एक धर्म, एक कर्म और एक उद्देश्य हो रहा है। सब राष्ट्रियताके पवित्र रंगमें रंगे हुए हैं। देशभक्ति, जाति-हितैषिता और राष्ट्रोन्नति मूलमंत्र हो रहा है। तुम्हारी गीताका सर्वत्र प्रचार हो रहा है। ईसा, मूसा,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मुहम्मद, जरदस्त, कन्फूसियस, नानक, कबीर, बौद्ध आदि के अनुयायी तुम्हारी हस्ती-सत्तापर लट्टू हो रहे हैं। इंजील, तौरेत, कुरान, जिन्दावस्ताके बराबर तुम्हारे पवित्र गीता की प्रतिष्ठा पूजा करते हैं। प्यारे! केवल तुम्हारे आनेकी देरी है। देखो, आधुनिक यूरोप, एशिया, अमेरिका आदि चातककी भाँति तुम्हारी ओर देख रहे हैं। ईसाइयतके नशेमें मदहोश यूरोपने तुम्हें अपना लिया है। भारतके सपूत अमेरिकामें तुम्हारी पवित्र गीताका सिक्का जमा चुके हैं। पिता-पुत्र और पवित्रात्माकी उपासना बंद हो रही है। तुम्हारी द्वारका, मथुरा, गोकुल, वृन्दावन, बृज, बरसाना आदि अभीतक मौजूद है। वह समय निकट है कि यही गोकुल भावी मक्का और मदीना बनेगा। बैतुल्हा और जैरुस्लिम बृन्दाबन होगा। टर्की, मिश्र, अरब, श्याम आदिके मुसलमान इस भावी मक्केकी जियारत करेंगे। अपने कौमी झण्डे हेलाले आहमर को 'ओ३म्' से मिलाकर तेरे द्वार-गोकुल-भावी-मक्के पर खड़ा करेंगे और दुनियाको यह मुजदा, खुश खबरी सुनावेंगे कि "हेलाल" और "ओ३म्" एक हो गया। रोमका सेन्ट पापा और कैन्टरबरी का लॉर्ड आर्चबिशप तुम्हारी मथुराको अपने पवित्र हृदयमें स्थान देंगे और तुम्हारे आगे घुटनोंको टेक कर खड़े होंगे। प्यारे! उस समय एकही अर्जुन और कर्ण थे, सत्य पर अटल स्नेह रखने वाले एक ही युधिष्टर थे। बाहु बलशाली एकही भीम थे, दृढ़प्रतिज्ञ और उर्द्धरेता एकही भीष्म थे। बाण विद्या विशारद एकही द्रोण थे और प्रसिद्ध नीतिज्ञ एक ही विदुर थे। आज प्रत्येक भारत सन्तान तुम्हारी आज्ञाओंको माननेके लिये—तुम्हारी सेवा करनेके लिये अर्जुन हो रही है। प्रांत प्रांतमें युधिष्टरका अविर्भाव हो रहा है। भारत माताके सभी पुत्र भावी भीम बन रहे हैं। देशोद्धार-व्रत-पालक भीष्मकी सृष्टि नगर नगरमें हो रही है। देश भक्तिकी शिक्षा देनेवाले द्रोणाचार्य गाँव गाँवमें उत्पन्न हो गये हैं। नगर नगरमें विदुरसे राजनीतिज्ञ दृष्टिगोचर हो रहे हैं। हमारी बहिनें और माताएँ महारानी विदुला, गान्धारी, द्रोपदी और सावित्रीकी सी पतिव्रता और विदुषी होनेकी प्रतिज्ञाएँ कर रहीं है। भारतके घर घरमें तुम्हारीही उपासनाएँ हो रही है। तुम्हारेही नामोंका जाप-तप-ध्यान हो रहा है। हिमालयसे कन्या कुमारी तक और सिंधसे ब्रह्मदेश तक तुम्हारी पवित्र गीताका पाठ पढ़ा जा रहा है। हमारे मुसलमान भाइयोंने खुले दिलसे कहना शुरू कर दिया है कि "श्री कृष्णचन्द्र अपने जमानेके पैगम्बर हो गुजरे हैं। इसलिये हमें उनकी नसीहतोंकी इज्जत करनी लाजिमी है, बल्कि अजबस जरूरी हैं। 'कुरान' ने भी तुम्हारी सत्ताकी यह "ले कुल्ले कौमिन हाद, ले कुल्ले कौमिन रसूल, ले कुल्ले उम्मतिन रसूल" की गवाही दे दी है। फिर तुम क्यों छिपे हो! प्यारे! हम तुम्हें भरोसा दिलाते हैं कि भारतवर्ष में वह पवित्र समय शीघ्रही आने वाला है कि मुसलमान जाति तुम्हारी पूजा करेगी, तुम्हें अपना पैगम्बर समझेगी अपना पेशवा माननेमें फखर करेगी। यदि इस बातका कोई बुरा न माने तो हम डंकेकी चोट कहते हैं कि "अजानोंमें तुम पुकारे जावोगे और मसजिदोंमें तुम्हारा नामका खुतबा पढ़ा जायगा। और तुम्हारी पवित्र गीता की वही इज्जत की जायगी—जो 'कुरान' की आज की जाती है। ईसाई सलीबको तोड़ कर तुम्हारी बंशी बजावेंगे। तुम्हारे नामका 'बप्तिस्मा' लेंगे, तुम्हारे पीताम्बरकी कफनी पहिनेंगे। रुहुल कुदसकी जगह तुम्हारे विराट रूप, महान आत्मा और मोहनी-रूप देखेंगे। बाप-बेटा और पवित्र आत्माको भूलकर केवल तुम्हें याद करेंगे। हजरत मसीहके सारे करश्मे—मौजिजे अपने दिलसे भुला देंगे और इञ्जील, तौरेत, तथा जम्बूरकी जगह गीताकी इज्जत करेंगे। सतयुग भी बीत गया, त्रेता भी गुजर गया और द्वापर भी चला गया। उन युगोंमें तुम्हारा स्वागत्—सत्कार केवल हिंदू—आर्य नामधारियोंने किया था। उन्हीं लोगोंने तुम्हारी मधुर बंसीकी झन्कार सुनी थी। उन्हीं लोगोंने तुम्हारे पवित्र गीताका उपदेश श्रवण किया था। उन्हीं लोगोंने तुम्हारी साँवली सूरत, मोहनी मूरत और संसारकी सभी वस्तुओंको अपनी ओर आकर्षित करने वाली—"कृष्णकी पवित्र झांकी" की थी। उस समय उन्हीं लोगोंको तुम्हारे समीप—ज्ञानी बनकर पवित्र उपदेशमय गीताकी बंसी की आवाज सुननेका सौभाग्य प्राप्त हुआ था। पर आज हवा बदल गई। जमानेने पलटा खाया। दुनियाने नये रंगमें अपनेको रंग दिया। स्वतंत्रता और सभ्यताकी तूती बोलने लगी। राष्ट्रियताका गीत घर घर गाया जाने लगा। एकता! एकता! की आवाजसे आकाश गूँज उठा। भारतमें राष्ट्रिय युगका प्रादुर्भाव हुआ। भारत इस युगकी प्रतीक्षा सैकड़ों वर्षोंसे कर रहा था पर हमारे सौभाग्य और तुम्हारी कृपासे यह

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अभीष्ट पवित्र समय आ गया। हममें वह पवित्र भाव भी आ गया जिस भावके अनुसार हिन्दु, ईसाई, पारसी, मुसलमान, जैनी, यहूदी, बौद्ध, नानकपंथी आदि सभी सम्प्रदाय वाले तुम्हारा स्वागत करनेके लिये तैयार हैं। तुम्हारी सत्ता स्वीकार कर सिर झुकाये हैं। "जा तनकी झांई परत, श्याम हरित दुति होय" इस अद्भुत शरीर को देखनेके लिये उत्सुक हो रहे हैं। सात्विक गौओंको चराता, नीति और धर्मकी कामरी ओढ़े, पवित्र गीताकी मनोहर बाँसुरी बजाते, गलेमें ज्ञानकी माला डाले, सिरपर श्रेष्ट मोर मुकट धारे, तत्वदर्शी अध्यात्मिक-गोआलोंको साथ लिये, संसारिक माया रूप गोपियोंको नचाते और स्वयं नृत्य करते हुए कौन आता है ? क्या यही बृज-का कन्हैया है ? क्या यही हमारे मोद मानसका मञ्जुल माल है ? आह ! इसकी छबि क्याही निराली है ! क्याही भोलापन है ? क्याही साँवला सलोना है ? क्या सचमुचमें यही भारतकी गौओंका पालन करने वाला गो-पाल है ? क्या 'बृज' विश्वमें इसीकी बंसीका अनहद नाद सुन पड़ता है ? क्या यही बृजवासियोंका—बृजबालाओंका मधुसूदन मदन मोहन है ? क्या यही कुरुक्षेत्रकी रणनौकाके कर्णधार, अर्जुनकी कैवल्यता और मोह-मायाका नाश करनेवाला गीताका कर्ता है ? क्या इन्हीं महापुरुषका यहः—"केल्यं मास्म गम" उपदेश थे ? क्या इन्हीने "क्षुद्रंहृदय-दौर्बल्यं त्यक्त्वोतिष्ट परन्तप" कहा है ? क्या इसी रण पुंगवने कंस, शिशुपाल, शल्व आदि देशद्रोही अत्याचारियोंका नाश कर मातृभूमिका भार उतारा ? अहा ! कैसे अद्वितीय प्रतिभाशाली, ज्ञान गौरवमें अतुलनीय और शक्तिमें महान दीख पड़ते हैं। हम भारतीय इस आदर्श पुरुष के उपदेशसे कृतार्थ हों, जन्म सफल करें।

फिजीके भूतलेनकी कथा

लेखकः—स्वर्गीय पण्डित तोतारामजी सनाढ्य

(३)

इतनेमें संध्या हो गई। आठ बजे घर बंद करके बिचारने लगा, आज तीन दिन आहार न मिलनेसे शरीरमें बल नहीं रहा, पैर भी पृथ्वीपर डगमगाते हैं, गला बिलकुल सूख गया है, कल दिनको कामके लिये खेतपर पहुँचना भी कठिन है। आज मैं इस दुःखसे अधीर हूँ, सब साहस कूच कर गया। जो मुझपर बीत रहा है, इस दुःखको पहचाननेके लिये कैसा मनुष्य चाहिये ? हा ! इस दुखका अनुभव ग्रामोंके झोंपड़ों में बसे हुए वे गरीब किसान संसारके अन्नदाताही कर सकते हैं। स्वार्थी और बिलासिताके गुलामोंको यह दुःख सुनाना वृथा है। हे दीनानाथ, पाँच वर्ष गिरमिटके किस भाँति कटेंगे ? हे प्रभूः, संसारमें जिसका कोई नहीं, उसके आपही एकमात्र आधार हो किन्तु जान पड़ता है कि आपने भी मेरी तरफसे कृपादृष्टि हटा ली है। यह मेरे पूर्वजन्मके कर्मोंका फल मालूम होता है। मै इस समय अत्यन्त अधीर और निस्सहाय हूँ। मैं यहाँ सबकोही दुखी देखता हूँ किन्तु मेरा दुःख असह्य है। आज जो कुछ बीता है, उसपर विचार करनेसे मेरा भविष्य भी अन्धकारमय दिखाई देता है। तब मुझे क्या करना चाहिये ? सुनसान है, अँधेरी रात्रि है, चारों तरफ़ बादल छाये हैं, धीमे-धीमे मेह बरस रहा है, कहीं मक्खी तक भिनकनेकी आवाज नहीं सुनाई देती है, इस भूतलेनमें मैंही अकेला हूँ। ऐसेही निर्जन स्थानमें व्याकुल-चित्त निस्सहाय प्राणी संसारके दुःखोंसे भयभीत होकर अपना जीवन-विसर्जन कर देते हैं। मेरे लिये क्याही समय और स्थान दोनों अनुकूल है। मुझे इसी भूतलेनमें अपनी जीवनयात्राके रथको सदाके लिये छोड़ देनाही चहिये। दुःखोंका अन्त करनेके लिये अन्य कोई उपाय नहीं है। झट मैं उठा और एक सनकी मजबूत रस्सीका एक सिरा घरकी बड़ेरीमें बाँधकर दूसरा नीचे लटकने दिया। शरीरसे कुरता निकालकर फेंक दिया और धोती खूब कसकर बांध ली और तैयार होकर बैठा

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कि आज मैं संसारसे कूच करूँगा। मैंने अपने भाईके हाथ की लिखी गीता ली और सिरसे लगा करके अन्तिम बिदा माँगी। पश्चात सब तरफसे चित्त एकाग्र कर आँखें बंद कर ईश्वरसे प्रार्थना करने लगा और रोने लगा, फिर आँखें खोलकर खड़ा हुआ। तख्तेके ऊपर चढ़कर सनकी रस्सीके दुसरे सिरेको फाँसी योग्य बनाया। यह तख्ता जमीनसे ५ फुटकी ऊँचाई पर बीच घरमें सोनेके लिये बना था। फाँसी ठीक हो गया तब मैं तख्ते पर बैठ गया। एक हाथका सहारा तख्ते पर था। घरमें बिल्कुल अन्धेरा था। लम्बी साँस लेकर कहा, 'हे प्रभो, लो आपसे विमुख मैं जीना नहीं चाहता।' इतनेमें मुझे मालूम हुआ कि मेरे हाथकी छोटी उंगलीको किसीने काट लिया है। ज्योंही मैंने हाथ उठाया कि एक चूहा उँगलीके साथ लटकता चला आया, दूसरे हाथसे मैंने चूहेको फेंक दिया। उँगली में दर्द होने लगा। धोतीसे कपड़ा फाड़कर उँगलीमें बाँधा, पश्चात रस्सीके फाँसेको हाथमें लेकर गलेमें रोता हुआ डालनाही चाहता था कि किसीने जोरसे दरवाजेके किवाड़ों में धक्का देकर कहा, 'भाई किवाड़ खोलो।' यह सुनकर मैं भौंचक सा रह गया और फाँसी हाथ से छूट गई। अरे, यह क्या है, कौन हैं, रात्रिके बारह बजे हैं, क्या सचमुच इस लेनका भूत ही है क्या? मैं तख्तेसे उतरकर नीचे बैठ गया, आओ इसको भी देख लूं पीछे अपना काम तमाम करूँगा। लेकिन भूत होगा तो क्या करना चाहिये, यह बिचारकर किवाड़ोंकी सन्धिमें से झाँकने लगा—अन्धेरेके कारण कुछ दिखाई नहीं दिया। मैं बैठ गया। इतनेमें मेरे हृदय-स्थित आत्मदेवके विचार उदय हुए जोकि बुरे कामों से सदा मनुष्यको दूर रहनेकी शिक्षा देता है। मैं बिचारने लगा कि मनुष्यको प्रत्येक काम करनेके पहले यह स्थिरकर लेना चाहिये कि जो काम करनेके लिये वह तैयार हुआ है वह काम धर्मयुक्त है या अधर्मसे सम्बन्ध रखता है। यदि वह अधर्मयुक्त हो तो सर्वथा उसको त्याग देना चाहिये। मेरे बाल्यकालमें मेरी माँ मुझसे यह सदा कहा करती थी उसीकी याद मुझे इस समय आ गई। हा! मैं इस समय आत्मघात करनेके लिये उद्यत हुआ हूँ। क्या यह मेरी कायरता नहीं है, क्या यह उचित है कि भूखसे व्याकुल होकर आत्मघात जैसा महान पाप करूँ! नहीं, नहीं, कदापि नहीं। मेरे शरीरको मेरी माताने अनेक कष्ट सहन करके पाला है। इसके पालन-पोषणके समय माता ने भूख, प्यास, शीत आदि अनेक कष्ट सहे हैं। मेरा यह शरीर मेरी माताकी प्यारी धरोहर है। उन्होंने अपने बुढ़ापे में काम आनेके लिये इस धरोहरको ईश्वरकी रक्षामें सौंप दिया है। उनकी इच्छासे चाहे यह शरीर भलेही समय पाकर गिर जाय किन्तु इसके नष्ट करनेका मुझे कोई अधिकार नहीं है। मैं मनुष्य हूँ, ईश्वरने मुझे संसारमें जीवन संग्रामके लिये भेजा है। संग्राममें शूर वीरोंकी विजय होती है। मुझे शूरवीर होकर अपने जीवन-संग्राममें सन्मुख आई हुई विपत्तियोंका धीरज और सावधानीसे सामना करना चाहिये। ईश्वर अपने हिसाबमें कभी भूल नहीं करते, जन्मसे लेकर मृत्युके समय तककी जीवन भरके लिये मनुष्यको भोजन-वस्त्र आदि देते हैं। पिताकी मृत्युके समय मेरी माताने मरनेके लिये ८ दिन तक अन्न नहीं खाया था, वह नहीं मरीं। यदि मैं जीता रहूँगा तो कभी न कभी अपनी माताके सन्मुख जाकर उपस्थित होऊँगा और हाथ जोड़कर कहूँगा, "माताजी यह आपकी धाती आपके सन्मुख उपस्थित है, सेवाके लिये आज्ञा हो।" माता-पिता और कुछ नहीं चाहते हैं। केवल पुत्रकी सेवासेही माता-पिता सन्तुष्ट होते हैं। मेरी यह प्रार्थना सुनकर मेरी माता बड़ी प्रसन्न होंगी। जो जो आज्ञाएँ देंगी, मैं उनका पालन करूँगा। इससे प्रसन्न होकर वे मुझे कृतार्थ करेंगी। हा! आज मेरे बिचार स्थिर नहीं है। मेरा जीवन डगमगाती नावके समान है। अब मेरे जीवन-संग्राममें जो जो विपत्तियाँ आयेंगी उनको एक सच्चे और अभिमानी शूरवीरकी भाँति पछाड़ता हुआ जीवन के पथपर आगे बढ़ूँगा, पीछे भूलकर भी पग न हटाऊँगा। कायरता महापाप है, जीवन-पथसे इसको दूर भगा देना ही ठीक होगा। मैं यह विचार करते-करते मग्न हो गया मानो खोया हुआ सर्वस्व फिर मिल गया हो। इतनेमें किवाड़ों पर फिर किसीने जोरसे धक्का देकर खोलनेको कहा। मैंने उठकर किवाड़ोंको खटखटाया और कहा कौन है? आवाज आई "मैं"। मैंने निडर होकर कहा, क्या भूत है? उत्तर मिला, भूत, भूत, खोलो। आओ, आज भूतको तो देखलूँ। चट किवाड़ खोल दिये। किवाड़ोंके खुलतेही चार पाँच आदमी घरमें घुस पड़े। मैंने दिया जलाकर देखा, अरे भूत नहीं—यह तो फिजीके आदिम-निवासी हैं। चारों बैठ गये। उनमेंसे एक थोड़ी-थोड़ी हिन्दी बोल लेता था। ये पहले इसी लेनमें रहते थे। जब

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इनके आठ साथी इसी लेनमें मर गये तब ये सब यहाँ से भाग गये थे। मैंने पूछा, तुम्हारा क्या नाम है ? उनमें से एक आदिम निवासीने जो हिंदी समझता था कहा, मेरा नाम साम और उसका नाम मादीयू, इसका नाम चौनी, इसका चौ है (उंगलीके संकेतसे बताया) जब चारों बैठ गये तब सामने कहा—'भाई थोरा खाना दे', यह कहकर वह बहुत गिड़गिड़ाने लगा। सामकी बात सुनतेही मेरे उपर मानो घाला पड़ गया। आँखोंमें आँसू भरकर मैंने अपने मनमें कहा, 'हा, परमात्मन्, ऐसे संकटमें क्या मेरी परीक्षा हो रही है। इन अतिथियोंका सत्कार किस वस्तुसे करूँ ?' मैंने सोच-बिचारके बाद सामसे कहा, 'भाई मेरे घरमें भोजनकी कोई सामग्री नहीं है।' इतनेमें सामकी निगाह चूल्हे पर चढ़ी हुई हाँड़ीपर गई और मुझसे कहने लगा, 'देखो हाँड़ी चूल्हेपर चढ़ी है, हमको खाना देना नहीं चाहते।' मैंने कहा, 'अच्छा, हाँड़ी देख लो।' उसने उठाकर हाँड़ीको देखा तो उसमें लगभग डेढ़पाव भात इतवारका बचा हुआ पड़ा था। मुझे उसकी याद बिल्कुल भूल गई थी। चारोंने बाँटकर खा लिया, पानी पीकर चलनेको तैयार हुए। चौके पेटमें सख्त पीड़ा उठी, उसको मेरे घर पर छोड़कर तीनों चलने लगे। सामने मुझसे कहा, कि हमारे भाईका देहान्त सूबामें हो गया था, उसका दफन करके हम आ रहे हैं। तुमने भोजन दे दिया, आजसे तुम हमारे मित्र हुए। इतने भोजनसे हम घर पहुँच जायेंगे। वे चले गये तब मैं अपने चित्तमें बड़ा प्रसन्न हुआ कि ईश्वरने आज मेरी लाज रख ली। साम दो घंटे बाद लौट कर आया। उसके साथ सात आदमी और थे उसने चार बोरे घरमें रख दिये जिनमें एक बोरा शकरकन्द थी, एक बोरा गट्टा और दो बोरा रतालूके सामान कन्दमूल था। सामने हाँड़ी खूब मांजी। नदीसे जाकर पानी भर लाया और आग जलाकर कन्दमूल उबाले। केलेकी पत्तल पर पहले मुझे परोस दिया और मुझसे कहा कि पहले तुम भोजन करो इतनेमें सामकी निगाह ऊपर उस रस्सी पर पड़ी जिसे मैंने अपनी जीवन यात्रा समाप्त करनेके लिये बाँधा था। साम झट ऊपर चढ़ गया और रस्सीको खोल कर मुझसे कहने लगा कि यह रस्सी हम ले जायँगे, नाव बाँधनेके काम आवेगी। ऐसा कह उसने वह रस्सी अपनी कमरमें लपेट ली और मुझसे कहा कि यह चार बोरा कन्दमूल तुमको दिये जाते हैं। तुम इनको खाना।

उबाले हुए कन्दमूल उन्होंने अपने बांध लिये और मुझसे हाथ मिलाकर सब आदिम-निवासी चले गये। इतनेमें पाँच बज गये थे। मेरे आगे कन्द की पत्तल परोसी हुई थी। मैं हाथ-मुँह धोकर बैठा। पत्तल पर बैठतेही मुझे वह श्लोक याद आया "भोजनाच्छादने चिंता————" साहसा मेरी आँखोंमें आँसू आ गये, गद्गद् कंठसे मैं कहने लगा, हे जगत-पिता ! आपको नमस्कार है, आपने अपनी असीम कृपासे आत्मघातके पापसे मुझे बचाया, आपने स्वयं मेरी फांस काट दी। हे दयानिधि, आपही सच्चे माता-पिता और रक्षक हैं। मैंने कन्दमूल पेटभर खाया। धीरे-धीरे अँधियारा दूर हुआ। लाल-लाल किरणें छिटकने लगीं, जहाँ तहाँ लोग चहल-पहल करने लगे। प्रातःकाल हो गया, सूर्य्य नारायणके दर्शन हुए, साथही मेरे जीवनके नये दिनका प्रारंभ हुआ। (समाप्त)

अफसोस लीडरी न मिली

(रचयिता: श्री 'बिस्मिल' इलाहाबादी)

मैं हूं, 'फैशन' है और चन्दा है।
बस इसी कशमकश में बन्दा है॥

लीडरीके अलावा ऐ बिस्मिल,
और भी कोई तेरा धन्धा है॥

तख्त महंगा है, ताज महंगा है,
यूँ मिले तो सुराज महंगा है॥

पेट भरता नहीं है ऐ बिस्मिल,
बात यह है अनाज महंगा है॥

जहां देखो बरबादीका सामा,
कहीं भी अब वह आबादी नहीं है॥

न खाना है न कपड़ा तन पै 'बिस्मिल',
यह बरबादी है, आजादी नहीं है॥

किसी को अब मुसीबत से गरज क्या,
उन्हें 'पब्लिक' की खिदमतसे गरज क्या।

नसीहत करते हैं बेकार 'बिस्मिल',
भला इनकी नसीहतसे गरज क्या॥

सारा बाजार ढूंढ़ आये हम,
'इण्डियन मेड' तशतरी न मिली।

जेल भी काट आये ऐ 'बिस्मिल,'
मगर अफसोस लीडरी न मिली॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दीन बन्धु एन्ड्रुज और प्रवासी भारतीय

लेखक: पंडित बनारसीदास चतुर्वेदी

कवीन्द्र श्री रवीन्द्रनाथ, महात्मा गांधी और दीनबन्धु ऐन्ड्रूज़ इस त्रिमूर्त्ति को हम विशाल भारत (Greater India) का निर्माता कह सकते हैं। कवीन्द्र ने जहाँ अपनी प्रतिभापूर्ण रचनाओं तथा विश्वव्यापी कीर्ति से भारत की भौगोलिक सीमाओं को पार कर देश-देशांतरोंमें इस भूमि की प्रतिष्ठा को दुगुना-चौगुना बढ़ाया, वहां प्राचीन भारतीय उपनिवेशों की (यव द्वीप, जावा तथा बालि इत्यादि की) यात्रा करके वहाँ की अवशिष्ट भारतीय संस्कृति को अध्ययन करने का प्रयत्न भी किया।

महात्माजीको वस्तुतः आधुनिक विशाल भारतका निर्माता कहा जा सकता है। उन्होंने २१ वर्ष तक दक्षिण अफ्रिकामें जो महत्वपूर्ण कार्य किया उससे सभी उपनिवेशोंके प्रवासी भारतीयोंको उत्साह तथा प्रेरणा मिली। महात्माजीने ही डाक्टर मणिलाल बेरिस्टरको फिजी भेजा था और एक बार वे स्वयं मोरिशस होते हुए भारत पधारे थे। जंजीबार इत्यादि पूर्व अफ्रिकाके प्रदेश तो उनके रास्ते में ही पड़ते थे। भारत को लौटने पर तथा यहांके स्वाधीनता के संग्राम में अत्यन्त व्यस्त होने पर भी वे कभी प्रवासी भारतीयों को नही भूले और उन्होंने सावरमती आश्रममें इस कार्यका एक विभाग ही खोल दिया था।

यदि हम महात्माजीको विशाल भारतके पिता कहें तो दीनबन्धु एन्ड्रूजको विशाल भारतकी माता कहना सर्वथा उपयुक्त होगा। उन्होंने अपने जीवनके २८ बर्षोंका सर्वोत्तम समय १९१२से१९४० तक प्रवासी भारतीयोंकी सेवा में ही बिताया। इन पंक्तियोंके लेखक को सवा वर्ष तक उनकी सेवामें रहने और बीस बर्ष तक उनके सहयोगसे उसी क्षेत्रके लिये यत्किंचित काम करनेका सौभाग्य प्राप्त हुआ था और यह बात वह अधिकारपूर्वक कह सकता है कि जितना कार्य दीनबन्धु एन्ड्रूजने प्रवासी भारतीयोंके लिये किया उतना महात्माजी के सिवाय किसी भारतीय नेता ने नहीं किया।

दक्षिण अफ्रिका

जब दक्षिण आफ्रिकामें प्रवासी भारतीयों पर वहाँकी गोरी सरकार द्वारा अनेकों अत्याचार हो रहे थे उस समय मिस्टर एन्ड्रूज दिल्लीमें राजर्षि गोखलेकी भरपूर सहायता कर रहे थे। उस समय उन्होंने मि० गोखलेको अपनी जीवनभर की सारी कमाई (तीन सौ पौन्ड) अर्पित कर दिये थे पर गोखलेने उनसे एक हजार रूपयेही लिये थे। उस सत्याग्रह संग्राममें मिस्टर एन्ड्रूजने अपने मित्र पियर्सनके साथ जो अमूल्य सहायता दी थी उसका महात्माजीने अपने भाषणों तथा लेखोंमें बड़ी कृतज्ञतापूर्वक उल्लेख किया था।

कुली प्रथाका अन्त

यद्यपि दीनबन्धु एन्ड्रूजने अनेक क्षेत्रोंमें भारत तथा भारतीयोंकी सेवा की, राष्ट्रिय शिक्षा, हरिजन उद्धार, अकाल तथा बाढ़ पीड़ितोंकी सहायता, अफीम-बंदी, बेगार-विरोधी आन्दोलन और मजदूर संगठन इत्यादि अनेक कार्यक्षेत्रोंमें उनकी अमूल्य सेवाओंसे हमारे देशने लाभ उठाया तथापि उनके जीवनका सर्वोत्तम कार्य था शर्तबंदीकी गुलामी (Indenture System) को बन्द करा देना। यदि उन्होंने अपने जीवनमें और कुछ न भी किया होता तो अकेला यही कार्य भारतके इतिहासमें उनके नामको अमर करने के लिये पर्याप्त था। उस अन्दोलनको सफल बनानेमें राजर्षि गोखले, पं० मदनमोहन मालवीय, मिस्टर पोलक ओर मिस्टर पियर्सन, रेवरेन्ड बर्टन और पं० तोतारामसनाढ्य तथा अन्य महानुभावोंने जो सहायता दी थी उसके महत्वको मानते हुए भी हमें ईमानदारीके साथ यह स्वीकार करना पड़ेगा कि इस महान यज्ञके प्रधान याज्ञिक दीनबधु एन्ड्रूजही थे। उसीके लिये उन्हें फिजी द्वीपकी दो बार यात्रा करनी पड़ी थी। भारतके मुख्य मुख्य नगरोंमें भाषण देने पड़े थे। समाचार पत्रोंमें बीसियों लेख लिखने पड़े थे और उच्च सरकारी पदाधिकारियोंके दरवाजेकी खाक छाननी पड़ी थी। जब सन् १९१० में दीनबन्धु एन्ड्रूजके दर्शनार्थ हमने शान्ति निकेतनकी यात्रा की थी। उस समय बातचीतके सिलसिलेमें उन्होंने कहा था: "विलायतमें मेरे पिताजीका देहान्त हो चुका है और तार द्वारा मुझे उसकी सूचना मिली है, पर इस

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कुलीप्रथा विरोधी अन्दोलनके कारण मुझे इतनी फुरसत नहीं मिल सकी कि मैं शान्तिपूर्वक बैठकर पूज्य पिताजीका स्मरण करते हुए दिन बिताऊँ।"

पूर्व आफ्रिका

पूर्व आफ्रिकाके प्रवासी भारतीयोंके लिये भी दीनबन्धु एन्ड्रूजने बहुत कुछ कार्य किया था। पंजाब मार्शलला के दिनोंमें भी उन्होंने अपनेको खतरेमें डालकर आपदग्रस्त पंजाबी भाइयोंकी पर्याप्त सेवा की थी। एक बार तो जनरल डायरकी फौजने उन्हें पकड़ ही लिया था। उससे छूटने पर तीन महीने तक वे घूम घूमकर संत्रस्त भाइयोंकी दुःख गाथा सुनते फिरे थे। और भोजनकी अव्यवस्थाके कारण बहुत बीमार भी पड़ गये थे। उसके बाद स्वस्थ होते ही उन्होंने पूर्व अफ्रिका के लिये प्रस्थान कर दिया। उनकी बिदाईके लिये जो मीटिंग लाहौरके ब्रेडलाहॉलमें हुई थी उसमें महात्मा गांधी, देशबन्धु सी. आर. दास प्रभृति अनेक भारतीय नेता विद्यमान थे। केनिया, पूर्व अफ्रिकाके प्रश्न को वे अत्यन्त महत्वपूर्ण समझते थे और माननीय श्री निवास शास्त्रीके इस कथनसे सहमत थे "Kenya lost everything lost" अर्थात् यदि केनियामें हमारी हार हुई तो सब कुछ खो गया।

युगान्डा प्रदेश की यात्रा करते समय दीनबन्धु एन्ड्रूज के साथ गोरे लोगोंने जो अमानुषिक व्यवहार किया था उसका वृतान्त पढ़कर आज भी हृदय क्षोभसे भर जाता है। एक स्टेशनपर जब गाड़ी पहुंची तो गोरे लोगोंने उन्हें पकड़कर प्लेट फार्मकी ओर खींचा, उनकी डाढ़ी नोची और खूब खरी-खोटी सुनाई। यह तो खैरियत हुई कि मिस्टर एन्ड्रूजने लोहेकी सांकल पकड़ ली थी नहीं तो आततायी लोग उनकी और भी दुर्गति करते। अगले स्टेशनपर भी उनकी यही दुर्दशा की गई। और भी दुर्भाग्यकी बात यह थी कि मिस्टर एन्ड्रूज उस समय ज्वरसे पीड़ित थे। ब्रिटिश पार्लामेंटमें इस विषय पर सवाल भी किया गया था और चर्चिलने इस दुर्घटनाके लिये खेद प्रकट किया था।

मनुष्यताका प्रश्न

दीनबन्धु एन्ड्रूजने मनुष्यताकी दृष्टिसे ही प्रवासी भारतीयोंकी सेवा का व्रत लिया था और राजनैतिक प्रश्न उनके लिये उतना महत्व नहीं रखता था जितना सामाजिक प्रश्न। यद्यपि वे भारतको अपनी जन्मभूमिके समानही प्रेम करते थे और देश विदेशोंमें उसकी इज्जतकी रक्षाके लिये अपना सर्वस्वका बलिदान कर सकते थे, तथापि मनुष्यताही उनके लिये सर्वोपरि वस्तु थी। दीनबन्धु एन्डरुज़का यह स्वभाव था कि वे नेता या अगुआ बननेकी अपेक्षा अपने को सेवक बनना ही ज्यादा पसन्द करते थे। सेवा कार्य करके अपनेको पीछे रखना ही उनके जीवनका मूल-मंत्र था। चूंकि प्रवासी भारतीयोंका विषय ऐसा था कि उसे हम लोग प्रवासकी कठिनाइयोंके कारण अपना नहीं सकते थे। इस लिये इस क्षेत्रमें उन्हें नेतृत्व करना पड़ा था। पर यह कार्य उन्होंने बड़ी विनम्रता पूर्वक निवाहा। इसके सिवाय एक बात और भी थी। जातीय विद्वेष (racial hatred) को संसारकी शान्तिके लिये अत्यन्त विघातक मानते थे और उसे यथा सम्भव दूर करनेमें ही संसारका कल्याण समझते थे। प्रवासी भारतीयों के क्षेत्रमें काम करते हुए वे संसारके इस महत्तम पाप—जातिय विद्वेषके विरुद्ध अपनी आवाज़ बुलन्द कर सकते थे। 'मनुष्य' ही उनके लिये सबसे ऊपर था।

क्या मलाया और क्या सिलोन, क्या कनाडा और क्या आस्ट्रेलिया, क्या फिजी और क्या न्यूजिलेन्ड, क्या ब्रिटिश गायना और क्या पश्चिमी द्वीप समूह—जहाँ जहाँ भारतीय बसे हुए हैं वहां वहां पहुंचकर दीनबन्धु एन्ड्रूजने उनके प्रश्नोंका अध्ययन किया था, उन्हें आशाका सन्देश दिया था और अपनी मातृभूमि भारतसे प्रेम करना सिखाया था। पोर्चुगीज ईस्ट अफ्रिकामें उन्हें इस बातकी चिंता थी कि किस प्रकार वहाँके भारतीय क्लार्क, जो उन दिनों एकाकी जीवन व्यतीत कर रहे थे, अपने घरवालोंके साथ शुद्ध गृहस्थिक जीवन व्यतीत कर सकें तो ब्रिटिश गायनामें उन्होंने हिंदू पंडितोंको इकट्ठा करके अबोध कन्याओं के विवाह को रुकवाया था और उनके बिवाहकी कमसे कम उम्र १४ वर्ष तय कराई थी। अमरीकामें वे इस बातका प्रयत्न करते थे कि भारतीयोंका प्रवेश आय या अनार्यके विघातक सिद्धान्त पर न होकर समस्त भारतको इकाई मानकर किया जाय। जजीबार में वे लौंगके व्यापारियोंके नष्ट व्यापारको पुनर्जीवित करनेका प्रयत्न करते थे तो सुप्रसिद्ध नीग्रो संस्था टस्केजी महाविद्यालय में भारतीयों तथा हबशियोंके बीच मैत्री स्थापित करने के लिये उद्योग।

जब जब मिस्टर एन्ड्रूजको यह प्रतीत हुआ कि कुछ प्रवासी भारतीय अथवा उनके शुभचिन्तक भारतीय नेता उस उच्च मानसिक धरातल से कुछ नीचे खिसक रहे हैं

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तो उन्होंने स्पष्टतापूर्वक उनका विरोध भी किया। उदाहरणार्थ जर्मन पूर्व अफ्रिकाको मेन्डेट द्वारा भारतके सुपुर्द कर देने का उन्होंने घोर विरोध किया था। वे एक क्षण के लिये भी यह नहीं चाहते थे कि भारतीयों के दिमागमें 'साम्राज्यवादिता' की बू का प्रवेश हो। उनकी दृष्टिमें अंग्रेज, भारतीय और हबशी सभी समान थे और मानवता ही उनके लिये सर्वोच्च बस्तु थी।

प्रवासी भारतीयों के लिये उन्होंने जो कुछ किया उसका वर्णन एक संक्षिप्त लेखमें नहीं किया जा सकता। वह तो एक विस्तृत निबन्ध का विषय है।

एक प्रस्ताव।

ज्यों ज्यों समय बीतता जायगा प्रवासी भारतीयोंके प्रश्नों का महत्व बढ़ता जायगा। यद्यपि प्रवासी भारतीयोंका कल्याण इसी में है कि जिस भूमिमें वे रह रहे हैं उसीके श्रेष्ट नागरिक बने, उसीको मातृभूमि मानें तथापि भारतीय संस्कृतिके उन आधारभूत सिद्धान्तोंका, जो विश्व के लिये कल्याणकारी है, विदेशों में प्रचार करने के पवित्र कार्यमें वे भारतभूमिकी सहायता दे सकते हैं। पर अभी तो उनके कष्टों और संकटोंका ही अन्त नहीं आया। क्या उनके प्रश्नोंको हम एक जराजीर्ण संन्यासी स्वामी भवानी दयालजी के कंधोपर डालकर संतोष कर सकते हैं?

क्या भारत सरकार दो-दो सौ रुपये की दो छात्रवृतियां (दीनबन्धु एन्ड्रूज स्कालरशिप) प्रति वर्ष भारतीय छात्रोंको प्रदान नहीं कर सकती? ये लोग विशेष रूप से प्रवासी भारतीयोंके प्रश्नोंका अध्ययन करें? एक छात्रवृत्ति उत्तर भारतके किसी विद्यार्थीको और दूसरी दक्षिण भारतके विद्यार्थीको दी जाय।

जिस महापुरुषने अपने जीवनके २८ वर्ष प्रवासी भारतीयोंकी सेवामें बिता दिये, क्या उसकी स्मृतिके लिये हम इतना भी न कर सकेंगे।—विश्वदर्शन।

हिन्दीका प्रवासी-साहित्य

लेखकः—प्रोफेसर शिवपूजनसहायजी,

हिन्दी राष्ट्रभाषा और नागरी राष्ट्रलिपि हो रही है। हिन्दी और नागरी इसके योग्य हैं भी। किन्तु राष्ट्रभाषा की जबाबदेही बहुत बड़ी और बहुत भारी है। राष्ट्रभाषा का खजाना बहुत भरा-पूरा होना चाहिए। दुनिया-भरकी जानकारियों के हासिल करने का जरिया उसे बनाना चाहिए। संसार में जो कुछ मानने योग्य है, जो कुछ भी देखने-सुनने-कहने योग्य है, सबका ठीक-ठीक विवरण और वर्णन उसमें मिलना चाहिए। यदि सब तरह के ज्ञान प्राप्त करने का मुख्य साधन वह न बन सकी, सभी विषयों का ज्ञान प्रदान करने में वह सहायक न हुई, तो राष्ट्रभाषा की प्रतिष्ठा में बट्टा पड़ गया। (अंग्रेजी भाषा के पास विश्वज्ञानकोष है, अतः उसकी व्यापकता भूमंडल के कई खंडोंमें है। उसके माध्यम से अनेक भाषाओं और साहित्यों का ज्ञान प्राप्त किया जा सकता है। किन्तु यह गुण उसमें सदियों के परिश्रम से आया है। उस भाषाके हिमायती विद्वानों ने उसकी उन्नति और श्रीवृद्धि करने में अथक परिश्रम किया है, कितनों ही ने अपना सारा जीवन खपा दिया है, बहुतों ने त्याग भी खूब किया है। अनेकानेक वर्षों के लगातार प्रयत्न से ही आज वह अत्यन्त समर्थ और सर्वथा सम्पन्न भाषा मानी जाती है। अब भी उसके अनुरागी सेवक उसकी लकीर बड़ी करते जा रहे हैं।

राष्ट्रभाषा हिन्दी को भी वैसा ही प्रयास करना पड़ेगा। हिन्दी के प्रेमियों और हितैषियों को हमेशा उसका भण्डार भरने में तत्पर रहना होगा। उसकी लिपि की सुगमता वैज्ञानिक दृष्टि से सिद्ध है। भाषा की सुबोधता भी सर्वसम्मत है। उसके साहित्य की प्राचीनता और गंभीरता, सम्पन्नता और व्यापकता भी, सच्चे जानकारों की दृष्टि में, असंदिग्ध है। फिर भी, राष्ट्रभाषापद का गौरव इतना महान् है, उस पद का उत्तरदायित्व ऐसा विशाल है, कि उसकी रक्षा के लिए हिन्दी वालों को तुरंत सजग हो जाना चाहिए।

ऐसा कभी न समझना चहिए हिन्दीवाले सिर्फ राष्ट्रभाषा के लिए ही आन्दोलन करते हैं, पर हिन्दी को समस्त

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बनाने की चेष्टा नहीं करते। राष्ट्रभाषा हिन्दी को अभी पूरी तरह से राजाश्रय प्राप्त नहीं है, तब भी उसको ज्ञान-विज्ञान के साधनों से सम्पन्न करने में आज अनेक लेखक और प्रकाशक यथाशक्ति और यथासंभव लगे हुए हैं। राष्ट्र-भाषा की जिम्मेदारी हिन्दीवाले खूब समझ रहे हैं और यथासाध्य उसकी पूर्ति में संलग्न भी हैं। जिम्मेदारी मिल जाने पर उसे सँभालने की शक्ति भी स्वभावतः आ जाती है। आज भी हिन्दी उस शक्ति के संचय से उदासीन नहीं है। उसके साहित्य की प्रगति को जो सूक्ष्मदर्शिता से निहारेंगे, उन्हें यह बात ठीक जचेंगी।

इसी अवसर पर, हम हिन्दीवालों को अपना घर टटोलना चाहिये। हमें अपने अभावों का लेखा-जोखा दुरुस्त करके उन्हें दूर करने में लगन के साथ जुट जाना चाहिए। हमारे अभावों में जो सबसे अधिक खलनेवाले हैं उन्हें सबसे पहले पूरा करना चाहिए। ऐसे ही अभावों में एक प्रवासी-साहित्य, है जिससे प्रवासी भारतवासी भाइयों के सम्बन्ध की सभी जानने योग्य बातें मालूम हो जायँ—केवल उनकी राजनीतिक समस्याएँ ही नहीं, उनकी सामाजिक स्थिति, उनके उपनिवेशों की भौगोलिक स्थिति, उनके प्रवास का क्रमबद्ध इतिहास, उनके आर्थिक विकास का प्रमाणिक विवरण, उनकी संस्थाओं का पूर्ण परिचय, उनके अभाव-अभियोगों का और उनकी जागृति का पूरा ब्योरा, आदि-आदि।

प्रवासी भाइयों से सम्बन्ध रखनेवाला जो कुछ साहित्य अबतक हिन्दी में उपलब्ध है वह बहुत अपर्याप्त है। यदि हम उनके विषय में सभी आवश्यक बातें सन्तोषजनक रीति से जानना चाहें तो हमें केवल हिन्दी के द्वारा भरपूर सामग्री नहीं मिल सकती। न तो उनके सम्बन्ध के सब तरह के आँकड़े हमारे पास हैं और न उनकी वर्त्तमानकाल की वास्तविक स्थिति जाननेका कोई प्रामाणिक साधन ही है। यह बात नहीं कि ये चीजें दुर्लभ हैं और खोजने पर भी न मिल सकेंगी। मिलने को तो सारी सामग्री मिल जायँगी, मगर कोई सच्ची लगन से खोज-ढूंढ़ करनेवाला हो तब। हिन्दीके लेखकों और प्रकाशकों तथा पत्रकारों में जबतक अपने प्रवासी भाइयोंके लिए सच्ची सहानुभूति न होगी तबतक हिन्दीपाठकों को प्रवासी भारतीयोंकी विविध समस्याओंकी जानकारी नहीं हो सकती। हिन्दीके अखबारों और पत्र-पत्रिकाओंमें कभी-कभी जो लेख या टिप्पणियाँ प्रवासी भाइयोंके विषय में निकल जाती हैं, केवल उतनेही से काम नहीं चल सकता। पत्रकारों अथवा सम्पादकोंको सामूहिक रूप से इस दिशामें निरन्तर आन्दोलन करते रहनेका संकल्प करना चाहिए। प्रकाशकों को इस विषयका साहित्य अच्छे अधिकारी लेखकों से तैयार कराना चाहिए। कवियों और लेखकोंको भी प्रवासी-समस्या पर कुछ लिखते रहने का अनवरत प्रयास करना चाहिए, जिससे हिन्दी पढ़नेवाली जनता अपने उन स्वदेशी बन्धुओंकी सुधि न भूल सके, जो सुदूर देशान्तरमें जाकर बस जाने पर भी भारतके प्रति ममता रखते हैं। भारतमें रहनेवाले तो स्वतंत्र हो गये, पर अभी लाखों भारतसन्तान भूमण्डलके भिन्न-भिन्न भागोंमें उत्पीडित एवं पददलित हैं। पूज्य स्वामी भवानीदयालजी संन्यासी ही एकमात्र ऐसे व्यक्ति हैं जिन्होंने अपना सारा जीवन प्रवासी भाइयोंके हितार्थ उत्सर्ग कर दिया है। उनके निजी संग्रहालयमें प्रवासी-साहित्य तैयार करने योग्य काफी मसाला मौजूद है; पर कौन ऐसा समर्थ प्रकाशक है जो उस मसाले को जनता तक पहुँचानेकी उदारता दिखावे। उनके पुस्तकालय में जितनी सामग्री संगृहीत है, यदि उतनी भी प्रकाशमें आ जाय, तो हिन्दीका प्रवासी साहित्य काफी समृद्ध हो सकता है। किन्तु देशकी सरकार और दानी-मानी धनाढ्यों का ध्यान इधर है ही नहीं, हिन्दीके समर्थ प्रकाशक भी इधर उदासीनता ही दिखा रहे हैं।

यह ठीक है कि भारतके स्वतंत्र हो जाने पर भी उसकी बहुत-सी घरेलू समस्याएँ अत्यन्त जटिल होकर हमारे सामने उपस्थित हैं, जिन्हें सुलझानेमें हमारी हर तरह की शक्ति काफी मात्रामें खर्च हो रही है, फिर भी हिन्दीसाहित्य के विविध अंगोंकी पूर्त्ति एवं पुष्टिमें हम यथाशक्ति लगेही हुए हैं। तब, क्यों न हम उस महत्वपूर्ण अंगको भी सबल और सुसज्जित करें जो हमारी ही उपेक्षा के कारण क्षीण और रुग्ण-सा प्रतीत होता है। तात्पर्य यह कि प्रवासी-साहित्यकी रचना और वृद्धि तथा उसका प्रकाशन और संवर्द्धन, राष्ट्रभाषाकी मर्यादारक्षाके लिए सम्प्रति अत्यावश्यक है। जैसे साहित्यके और-और विभागों की ओर हमारा ध्यान गया है या जा रहा है वैसे ही इस विभागकी ओर भी हमारा ध्यान जाना चाहिये। इसके लिए यदि प्रत्येक पत्र-पत्रिकामें स्वतंत्र रूपसे प्रवासी-स्तम्भ खोलना पड़े तो अविलम्ब खोल देना चाहिए; यदि

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

साधन-सम्पन्न प्रकाशक अपनी पुस्तकमालामें प्रतिवर्ष एक भी उपयोगी पुस्तक इस विषयकी निकालते चलें, तो थोड़े ही दिनोंमें हिन्दी का प्रवासी-साहित्य दर्शनीय बन जाय। आवश्यकता तो इस बातकी है कि जो प्रकाशन संस्था इस क्षेत्रमें अनेक वर्षों से सतत कार्य-संलग्न है उसीको शक्तिशाली बनाकर प्रवासी-साहित्यके प्रकाशन एवं प्रचार का मुख्यकेन्द्र कर दिया जाय। ऐसी संस्था हिन्दी संसार में बस एक ही है—अजमेरका प्रवासी-भवन, जिसके पास प्रकाशन-कार्यके सभी साधन मौजूद हैं, भलेही वे थोड़े हैं, मगर क्रमशः बढ़ाये जा सकते हैं। और, प्रवासी-भवनका जो संग्रहालय है वह तो हिन्दीमें प्रवासी-साहित्यकी अभिवृद्धि करनेका सर्वोत्तम साधन है। वह स्वामीजीकी जिन्दगी-भर की कमाई है, एक प्रकारसे हमारी एक राष्ट्रीय निधि है, उसका संरक्षण एवं सदुपयोग जनता और सरकार दोनोंको करना चाहिए।

अब तो स्वतंत्र भारतमें एक और भी जरुरत महसूस होती है। वह यह है कि हिन्दीके साहित्यकारोंको प्रवासी भारतीयोंके उपनिवेशोंमें भ्रमण करनेके लिए जाना चाहिए। वहाँ जाकर वे प्रवासी भाइयोंके जीवनके हर पहलूसे परिचित होंगे। और भी नाना प्रकारके अनुभव प्राप्त होंगे। वहाँके वास्तविक वातावरणका ज्ञान होगा। विचार-विनियम से सांस्कृतिक सम्बन्ध भी दृढ़ होगा। इस तरह वहाँ भारतीय भावनाएँ बराबर सजीव बनी रहेंगी। इसके सिवा, वे साहित्यकार ऐसी रचनाएँ तैयार कर सकेंगे, जिनमें प्रवासी भाइयोंके पारिवारिक और सामाजिक जीवनके असली चित्र अंकित होंगे। हिन्दीमें आज कथा साहित्यकी प्रगति बड़े वेग से हो रही हैं। कहानियों और उपन्यासों की संख्या दिनदूनी रात चौगुनी बढ़ रही है। किन्तु उसमें भारत के बाहर रहनेवाले भारतीयोंका जीवन-चित्रण नहीं मिलता। हिन्दीमें ऐसी कहानियाँ और ऐसे उपन्यास बहुत ही कम हैं जिनमें प्रवासियोंके वर्णन सुलभ हों। ऐसा कोई नाटक या एकांकी या काव्य भी नहीं है। स्वामी भवानीदयालजी के पुत्र ब्रह्मदत्तजीने एक उपन्यास ऐसा लिखा है और स्वामीजीके मासिक 'प्रवासी' में कुछ कहानियाँ भी ऐसी दीख पड़ीं है, मगर इतना तो बस रेती पर एक बूँद के समान है। प्रवासी-समस्या, प्रवासी-जीवन और प्रवासी-समाज पर आज अनेक कहानी-संग्रहों, उपन्यासों तथा नाटकोंकी आवश्यकता है, जिन्हें पढ़कर हिन्दीके पाठक, कथा द्वारा मनोरंजनके खयालसे, प्रवासी भाइयोंके और आकृष्ट हों—उनके प्रति सहानुभूतिशील होने को उत्सुक हों। साहित्य की शक्ति अमोघ होती है। वह मनुष्यके हृदयमें क्रान्तिके बीज बो सकता है। उसीके सहारे युगान्तरकारी परिवर्त्तन हो सकते हैं।

क्या प्रवासी भारतवासियोंमें आजतक ऐसा कोई न हुआ जिसकी जीवनी हिन्दीमें लिखी जाय? कुछ थोड़ी सी जीवनियाँ हैं; पर वे इनीगिनी ही हैं। स्वामीजीने अपनी रामकहानीके सिवा कुछ और विशिष्ट प्रवासियोंकी जीवन-कहानी भी लिखी है, पर अभी असंख्य ऐसे प्रवासी भारतीय नर-नारी हैं जिनकी जीवनियोंका हिन्दीमें न होना बड़ी भारी कृतघ्नताकी बात है। हिन्दीवालोंको आज भी कुछ पता नहीं कि भारतीयोंके उपनिवेशोंमें भारतसे कितने प्रचारक या उपदेशक गये, वहाँ कौन-कौन-सी ऐसी संस्थाएं हैं जिनके द्वारा वहाँ भारतीयताकी सत्ता कायम है, वहाँ कौन ऐसे पत्र और जन-नायक हैं जो जन-जागरण के शुभ कार्यमें संलग्न हैं, वहाँ कितने हिन्दी प्रेमी हैं, कितने लेखक और पुस्तकालय हैं—इत्यादि। हमारे प्रकाशक और पुस्तक व्यवसायी आज भी कूपमण्डूक बने हुए हैं; वे भारतीय उपनिवेशोंमें अपनी पुस्तकोंके प्रचारका उद्योग कभी नहीं करते; एक बहुत विस्तृत एवं व्यापक क्षेत्र बहुलांशमें अछूता पड़ा है, वहाँके साहित्यके बाजारपर कब्जा करनेकी सूझ किसीमें नहीं नजर आती; हमारे अपने ही लाखों भाई हमारी ओर उत्सुक दृष्टिसे देख रहे हैं और हम उनकी सहानुभूति से लाभ उठानेकी बात भी नहीं सोचते।

लक्षणों से प्रतीत होता है कि हमारे अन्दर अब भी 'मिशनरी स्पिरिट' का एकदम अभाव है। जो लोग भारतीय सभ्यता और संस्कृति का झण्डा फहराते फिरते हैं वे 'घरहिं के बाढ़े' हैं; वे भूमण्डलकी छाती पर अपना झण्डा गाड़ना नहीं चाहते, बल्कि भारत के सीमित घरौंदे में ही उसे रोके रखना चाहते हैं। आर्यधर्म के कुछ सन्देश वाहक भारतीय उपनिवेशों में जाकर जो कुछ कर आये हैं और आज भी कुछ वहाँ कर ही रहे हैं, उतने ही काम से सन्तुष्ट हो रहना हमारी निर्जीवता और अकर्मण्यता का सूचक हैं। हमारी राष्ट्रिय सरकार को वहाँ साहित्यक दल भेजना चाहिए; क्योंकि अधिकांश साहित्यिक प्राय: निर्धन हैं जब वे वहाँ जायँगे तभी ऐसा सहित्य तैयार कर

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सकेंगे, जो हिन्दीपाठकों को नई प्रेरणा देनेवाला होगा। समर्थ प्रकाशक भी चाहें तो साहित्यिकों के ऐसे अभियान से लाभ उठा सकते हैं। इस समय ऐसा साहत्यिक प्रयत्न करने का उपयुक्त अवसर आ गया है। हिन्दीपत्रकारों के आन्दोलन करने से ऐसा होना संभव भी है। हिन्दी के अनेक नवयुवक एवं उत्साही प्रौढ लेखक भी अपने अनुभव क्षेत्र को उर्वर और विस्तृत तथा अपने दृष्टिकोण को विशाल बनाने के लिए भारतीय उपनिवेशों की यात्रा के निमित्त तैयार हो जायँगे। इस तरह हमारे सहित्य की संकीर्णता भी नष्ट हो जायगी। हिन्दीकी व्यापकता असीम हो जायगी।

यदि गंभीर विचार करके देखा जाय तो भारतीय शरणार्थियों की समस्या से प्रवासी भारतीयों की समस्या कुछ जटिल नहीं है। देश के भीतर की ज्वलन्त समस्याओं का ध्यान रखते हुए भी महात्मा गान्धी सदा प्रवासियोंकी समस्याओं पर भी दृष्टि रखते थे। उनकी वाणी और लेखनी सदैव प्रवासी-समाधान में सचेष्ट और सजग रहती थी। उनका अभाव प्रवासी भाइयों को खलता होगा। ऐसी दशा में प्रवासियों को सान्त्वना देने का यही उपाय है कि हिन्दीमें उनके सम्बन्ध की सारी बातें संकलित की जायँ। यदि हम उनके सम्बन्ध में हर तरह के आँकड़े और विवरण, अनुभव और चित्रण एकत्र करके साहित्य सिरजने लगेंगे, तो उन्हें केवल आश्वासन ही नही प्राप्त होगा, बल्कि वे हमसे बहुत दूर रहते हुए भी हमारे हृदय के बहुत समीप आते जायँगे, और इस प्रकार उनकी ओर हमारी हार्दिक सहानुभूति भी आकृष्ट होती जायगी। संक्षेप में, आशय यह है कि हिन्दी में प्रवासी-साहित्य तैयार होने से राष्ट्रभाषा की सम्पत्ति तो बढ़ेगी ही, प्रवासी-प्रश्न के हल होने में भी मदद मिलेगी।

भारतीय स्वधीनता और प्रवासी भारतीय

लेखक: श्री भगवानदासजी केला

भारतका राजनैतिक कायाकल्प

जहां तक राजनैतिक परिस्थितिका संबंध है दो वर्षसे भारतका कायाकल्प हो गया है। १५ अगस्त १९४७ के पहले यह देश कहनेको तो भारतीयोंका था, पर वास्तवमें यहां अंग्रेजोंका प्रभुत्व था। अंग्रेजी हुकूमतके ढांचेका एक साधारण मजिस्ट्रेट यह हुक्म जारी कर सकता था कि महात्मा गांधी, पंडित नेहरु या मौलाना आज़ाद आदिको गिरफ्तार कर लिया जाय, और उन्हें बंदी बनाकर रखा जाय। हमारे बड़े से बड़े नेताका अंग्रेजी शासनमें घोर अपमान हो सकता था, और हुआ। न हमारी मां बहिनों की इज्जतकी रक्षा हुई और न हमारे सुकुमार बालकोंका ही कुछ लिहाज किया गया। जब हमारी मनुष्य सम्पत्तिकी यह दुर्दशा की, तो अर्थ सम्पत्तिकी बात ही क्या, "माल मुफ्ते दिले बेरहम" की बात थी। जनताको भूखे-नंगे रखकर मनमाना शोषण करके अंग्रेजी हुकूमतने अपने लाड़ले अंग्रेजोंके लिये गुलछर्रे उड़ानेके साधन प्रस्तुत किये। यह बात अबसे दो वर्ष पहले तक थी। ईश्वरको धन्यवाद है कि भारतकी यह महाअन्धकारमय महारात्रि समाप्त हो गयी। पुराने संस्कारोंके कारण, हमें अभी अपने सब संकटोंसे मुक्ति नहीं मिली, वरन् कुछ संकटोंका अनुभव तो और भी अधिक हो रहा है, तथापि यह ध्रुव सत्य है, और इसमें किसी प्रकार संशय नहीं है कि अब अपने भाग्यके विधाता हम स्वयं है। धीरे-धीरे अपनी सब कठिनाइयों और मुसीबतोंका हल निकालनेमें हम सफल होंगे।

बाहरी अनेक बातोंमें परिवर्त्तन साफ दिखाई देता है। आज अमेरिका आदि संसारके सब देश भारतकी मित्रता बनाये रखनेके लिये लालायित हैं। बड़े राजनीतिज्ञ किसी बडी समस्यापर बिचार करते हुए हर बातकी अवहेलना नहीं कर सकते कि भारतका उसके विषयमें क्या रुख है। जो इगलैंड भारतको हर प्रकार रौंद डालने में अपनी शान समझता था, उसके सूत्रधार भारतके प्रधान-मन्त्रीको सादर निमंत्रित करते हैं। साम्राज्यवादी और चर्चिल-पंथी अधिकारियोंको, भारतका, बादशाहके प्रति राजभक्त न होते हुए भी सम्मान करना पड़ रहा है। हमारे राजदूत

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

संसारके विविध राष्ट्रोंमें नियुक्त हैं, और हमारे जहाज सर्वत्र स्वतंत्रता पूर्वक अपना तिरंगा झण्डा फहरा रहे हैं।

इस परिवर्तनमें प्रवासी भारतीयोंका भाग।

यह जो परिवर्तन दिखाई दे रहा है और इसके साथ जो बहुतसी सम्भावनाएँ विदित हैं, जो क्रमशः दिखाई देंगी। इनका श्रेय उन बुजुर्गों या पूर्वजोंको तथा पीछे उन माँ बहिनों और भाइयोंको और हमारे उन युवकों और विद्यार्थियोंको है जिन्होंने मातृभूमिके हितके लिए समय-समय पर अपना तन-मन-प्राण न्यौछावर किया। जिनमें बहुतोंके नाम कभी प्रकाशमें भी नहीं आए। तो भी वे इस महान निर्माण कार्यमें नींवके पत्थरके समान अपनी विशेषता रखते हैं। उनका विशेष उल्लेख न कर यहां यही कहना है कि भारतकी स्वाधीनता प्राप्तिको हमारे प्रवासी भाइयोंका बहुमूल्य भाग है। उन्होंने विदेशोंमें खासकर दक्षिण आफ्रिका आदि ब्रिटिश साम्राज्यके प्रदेशमें घोर कष्ट सहा, और वे तरह-तरहसे अपमानित हुए तो उन्होंने वहांकी सरकारोंके विरुद्ध डटकर मोर्चा लिया और परिणाम की परवाह न करते हुए भी मैदानमें डटे रहे। उनके त्याग और बलिदानने इस देशसे ब्रिटिश साम्राज्यका मोह हटानेमें विलक्षण सहायता दी, और यहांके अनेक राजभक्तों को स्वाधीनता आंदोलनमें क्रियात्मक भाग लेनेके लिये विवश किया। जो सत्याग्रह और असहयोग, शान्ति और अहिंसा भारतीय अन्दोलनके प्राण रहे हैं, उनका प्रयोग पहले दक्षिण आफ्रिकामें हीं हुआ था। राष्ट्र-पिता महात्मा गांधीको इस विषयकी महान शिक्षा अपने दक्षिण आफ्रिकाके प्रवासमें ही मिली थी। इससे स्पष्ट है कि हमें अंग्रेजोंकी पराधीनतासे जो मुक्ति मिली है, उसे दिलानेमें हमारे प्रवासी भाइयोंका कार्य कितना महत्वपूर्ण है। कृतज्ञ भारत-संतान इसे सदा स्मरण रखेगी।

प्रवासी भारतीयोंका वर्तमान उत्तरदायित्व

अब भारत स्वाधीन हो गया है, इससे भारतीयोंके सामने क्या-क्या कार्य करनेका प्रश्न है, इसकी यहां चर्चा न कर हमें इस समय यह सोचना है कि क्या प्रवासी भारतीयोंका कर्तव्य पूरा हो गया, अथवा वर्तमान परिस्थिति में उनपर क्या उत्तरदायित्व है? उनकी सहायता और प्रेरणासे भारत-माता को स्वाधीनता प्राप्त करनेका सौभाग्य प्राप्त हुआ है तो अब संसारमें उसकी प्रतिष्ठा बनाये रखने के लिये हमें उनके सहयोगकी कुछ कम आवश्यकता नहीं। विचार करने पर मालूम होगा कि यह महान कार्य बहुत कुछ उनके ही सद्व्यवहार और उत्कृष्ट जीवन पर निर्भर है। यह ठीक है कि भारतके प्रधानमंत्री या अन्य अधिकारियोंकी बातोंको आजदिन विदेशी पत्रों में यथेष्ट स्थान मिलता है। उनके भाषणोंको विदेशी पाठक ध्यानसे पढ़ते है तथा उनकी प्रशंसा करते हैं परन्तु इन बातोंका क्षेत्र अखिर परिमित है; और उनका प्रभाव भी चिरस्थायी नहीं होता। भारत कैसा है, इसका निर्णय तो विविध देशोंके आदमी उन प्रवासी भारतीयोंके रोज-मर्राके कार्य–व्यवहारको देख कर ही करेंगे, जो वहां उनके पास रहते हैं। कल्पना करो कि अस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रिका अमरीका या न्युफाउन्डलैंड आदिके नागरिक यह देखते हैं कि वहाँ रहने वाले भारतीयों में स्वच्छ और साफ रहने की आदत नहीं है, याने अपनी बातके पक्के-सच्चे और इमानदार नहीं है, अथवा वे दूसरों से लड़ते झगड़ते हैं तो उनके मतमें भारतके विषयमें कैसी भावना होगी, इसका सहज ही अनुमान किया जा सकता है। और यदि उन लोगोंकी धारणा खराब बननेका अवसर मिलता है तो फिर उनका सुधार कैसे हो सकता है। वे लोग तो कहेंगे कि अखबारों में जो भारतीयों के उच्च विचारों और बड़े बड़े सिद्धान्तोंकी बात छपती है उसमें कोई सार नहीं। हमारे सामने तो प्रत्यक्ष उदाहरण मौजूद है।

विशेष वक्तव्य

इस लिये प्रिय प्रवासी भाइयो! आपका उत्तरदायित्व बहुत महान है। संसार में भारत-माताकी प्रतिष्ठा बनाये रखना और उसे निरंतर बढ़ाये जाने का महत्वपूर्ण कार्य आपके सुपुर्द है। हर रोज, हर घड़ी आपकी परीक्षा होगी। आपकी थोड़ी सी बेपरवाही से बात बिगड़नेकी आशंका होगी। आपकी त्रुटियों और दोषों की देखकर आपकी प्रवास-भूमिके नागरिक व्यंग पूर्वक कहेंगे कि देखो महात्मा गांधी के देशके आदमियोंका व्यवहार कैसा खराब है। नेहरुजी तो ऊंची ऊंची बातें करते हैं पर हमारे सामने जो प्रवासी भारतीयोंका व्यवहार है, उसे देखकर हमें उन बातोंमें कोई श्रद्धा नहीं रह सकती। प्रवासी भाइयों और बहिनों! आशा है आप जहां कहीं भी हैं आपका रोज-मर्राका व्यवहार इतना सुन्दर, आदर्शमय होगा कि वह

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आपके पास रहने वाले नर-नारियों पर भारत माताके संबंधमें अच्छी ही धारणा बनानेमें सहायक होगा। आप अब भी उसी सत्य और अहिंसाके प्रचारक होंगे, और उसी प्रकार त्याग और बलिदानकी भावना रखेंगे जैसा पहले करते रहे हैं। पहले तो भारत पराधीन था, उस समय आपकी कोई कमी क्षम्य भी कही जा सकती थी पर अब भारतके स्वाधीन होने पर आपकी जिम्मेवारी बढ़ी हुई है, आपको यह बतलाना है,—बातोंसे नहीं, जीवनमें आचरणसे—कि आप एक महान और स्वाधीन देशके सुयोग्य प्रतिनिधि हो। परमात्मा आपको इसके योग्य बनाये।

ज़ंज़ीबारमें आर्यसमाजका प्रचार

लेखक: कुँवर जोरावरसिंह

अफ्रिका महाद्वीप के केनिया व युगांडा दो प्रदेशों में ९ मास प्रचार करने के पश्चात् मैं वापिस स्वदेश गया और पांच मास भारतमें रहकर पुनः अफ्रिका के टांगानिका प्रदेश में आया और इस की राजधानी दारेस्सलाम में २० भाषण दिये। टांगानिका के अन्य नगरों में जाने से पूर्व मैंने ज़ंज़ीबार जाना उचित समझा। अतः २३ जून को मैं विमान द्वारा जंजीबार गया। आर्यसमाज व हिन्दू मंडल के कार्यकर्ताओं ने ज़ंज़ीबार के विमानघर पर मेरा स्वागत किया तथा वहाँ के प्रसिद्ध आर्य बन्धु गोकुलदास के यहाँ मुझे ठहराया गया।

ज़ंज़ीबार ४० मील लम्बा व २० मील चौड़ा हरियाली से लदा हुआ हिन्द महासागर में एक बड़ा ही सुन्दर द्वीप है। यहाँ का शासक यों तो एक अरब मुसलमान है जो कि सुल्तान कहलाता है परन्तु शासन प्रबन्ध सारा ही अंग्रेजों के हाथों में हैं। ज़ंज़ीबार के अधीन यहाँ ६० मील दूर एक दूसरा भी द्वीप पेम्बा है जो कि ज़ंज़ीवार से कुछ ही छोटा है। ये दोनों ही द्वीप लौंग की उपज के लिये प्रख्यात हैं। सारे ही संसार की लौंगकी उपजका तीन चौथाई भाग इन दोनों द्वीपों में होता है। सारी ही भूमि लौंग के सुन्दर वृक्षों से ढंकी हुई एक सुन्दर बाग़ सा प्रतीत होती है। यों तो यहाँ नारियल, जायफल, कालीमिर्च व काजू भी पैदा होते हैं परन्तु लौंग यहाँ की मुख्य उपज है जिसपर कि यहाँ का व्यापार व जनता का निर्वाह निर्भर है। और यह व्यापार अधिकांश भारतीयों के हाथों में है।

यहाँ के मूल निवासी हब्शी हैं और जन संख्या ढाई लाख से कुछ ऊपर है जिसमें हब्शी, अरब व भारतवासी सब सम्मिलित हैं। भारतीयों की कुल संख्या लगभग १६ हज़ार है जिसमें लगभग ६ हजार हिन्दू हैं शेष खोजा, बोहरा व अन्य मुसलमान हैं। हिन्दुओंमें कच्छ के भाटिया लोग अधिक हैं। सबसे पहले १७८४ ई० में मस्कत से सुल्तान सैयदबिन अहमद के साथ एक व्यापारी भाटिया पेटी ही इस द्वीप में आई थी। ये भाटिया लोग सुल्तान के बहुत विश्वासपात्र थे तथा चुंगी व राज्यकोष का सारा कारोबार इन्हीं के हाथों में था। सारे ही अफ्रिका प्रदेश में सबसे पहले आनेवाले यही भारतीय थे और भारत की खोज में निकले हुए वास्कोडिगामा को यहीं पर एक भारतीय मांझी ने भारत का पता दिया था।

सारे संसार में बदनाम गुलामों के व्यापार का केन्द्र यही ज़ंज़ीबार था। अफ्रिका तो उस समय नितान्त उजाड़ था अफ्रिका के जंगलों से हजारों की संख्या में जंगली हब्शियों को पकड़ कर यहीं लाया जाता था और अमेरिका व अन्य देशों के दलालों के हाथों पशुओं के समान बाजार में बेचा जाता था। इन गुलामों का मूल्य उस समय पशुओं से भी कम होता था। यह आपको इसी से पता चलेगा कि १८१० ई० में छोटे लड़के व लड़की का मूल्य १५ से २५ रुपये तक, बड़े स्त्री व पुरुष का मूल्य २५ से ९० रुपये तक तथा अरब के गधे का मूल्य ९९ से १२५ रुपये तक था। स्त्रियों को ख़रीदते समय इस बुरे ढंग से उनकी जाँच की जाती थी कि किसी भी सभ्य मनुष्य का शिर लज्जा से झुके बिना नहीं रह सकता। मनुष्यता का कलंक वह गुलाम प्रथा आज संसार से मिट चुकी है परन्तु उन अत्याचारों की कहानियाँ आज भी आपको ज़ंज़ीबार में सुनने को मिल सकती है। आप यह

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जानकर प्रसन्न होंगे कि जिस स्थान पर गुलामों का बाज़ार लगा करता था आज वहाँ आर्यसमाज का मंदिर बना हुआ है। जहाँ कि वेद मंत्रों के गान से आकाश गूँजा करता है तथा विश्व कल्याणकारी ओ३म् ध्वजा फहराती है।

ज़ंज़ीवार द्वीप के जंगलों में यों तो कितने ही छोटे-छोटे ग्राम हैं परन्तु बड़ा और राजधानी का नगर ज़ंज़ीवार है जो कि इस द्वीप के ही नाम पर है। यह बहुत पुराना नगर है और इसमें फिरते समय आपको यही लगेगा कि आप भारत के ही किसी नगर में आ गये हैं। छोटी छोटी गलियाँ तो वृंदावन की कुंज-गलियों की याद दिलाये बिना नहीं रहती। यहाँ आर्यसमाजका एक सुन्दर मंदिर है जहाँ कि प्रति शनिवार को साप्ताहिक अधिवेशन लगता है। पहले तो आर्यसमाज की एक कन्यापाठशाला भी थी परन्तु कुछ समय से वह हिन्दू कन्या पाठशाला में मिला दी गई है। यद्यपि यह काम हिन्दू संगठन की दृष्टि से किया गया था परन्तु वह अभी तक हो नहीं सका। यहाँ के हिन्दुओं के परस्पर के वैमनस्य व रूढ़ियों को देख-कर किस हिन्दू हितैषी का शिर लज्जा से न झुक जायगा।

अब से दश वर्ष पूर्व यहाँ आर्यसमाज बड़ा प्रगतिशील था। उस समय में यहाँ स्वामी स्वतंत्रानन्दजी, पं० चमू-पतिजी, महता जैमिनिजी, ठा० प्रवीणसिंहजी, पं० महारानी शंकरजी, स्वामी भवानी दयालजी प्रभृति विद्वान् भी आ चुके हैं। गत दश वर्षों से यहाँ देश से कोई भी प्रचारक नहीं आया है जिसके कारण आर्यसमाज दिन पर दिन शिथिल होता जा रहा है। यहाँ के बहुसंख्यक तथा प्रमुख व्यापारी रुढ़ी उपासक भाठिया लोगोंके विरोधने भी आर्य-समाज को बड़ी क्षति पहुँचाई है। ये भाठिया लोग इतने रुढिवादी हैं कि इस बीसवीं शताब्दीमें और वह भी भारत से सुदूर विदेशमें भी अन्य जाति के किसी भी हिन्दू के साथ बैठ कर भोजन भी नहीं कर सकते। इनमेंसे कई लोग थियोसोफिस्ट भी बन गये हैं परन्तु आर्यसमाज जैसी विश्व कल्याणकारी संस्था की गंध भी इनको नहीं सुहाती।

मैंने यहां आर्यसमाज, हिंदू-मंडल, सिक्ख गुरुद्वारा, हिन्दू महिला मंडल व हिन्दू विद्यार्थिनी मंडल के तत्वाव-धानमें २० भाषण दिये। भाषण वैदिक धर्म, आर्य संस्कृति, प्राचीन इतिहास, स्वतंत्र भारत, हिन्दू संगठन व इनसे सम्बन्धित विषयों पर होते रहे। यहां के कार्यकर्ताओंने बताया कि इस नगर में मैं पहला प्रचारक हूँ जिसने कि एक ही साथ लगातार इतने भाषण दिये हैं। अधिकांश भाठियोंके अतिरिक्त सभी हिन्दू बिना किसी धार्मिक भेद भावके बड़ी संख्यामें भाषण सुनने आते रहे। यद्यपि यहाँ की सभी हिन्दू जनता लगभग गुजराती भाषाभाषी है परन्तु हिन्दी सभी समझ सकते हैं। अन्तिम दिन आर्य-समाज ने मुझे एक मानपत्र दिया तथा एक थैली भी। विद्यार्थिनी मंडल की ओर से संगीत व नृत्यका प्रोग्राम भी रक्खा गया था। मुझ जैसे साधारण प्रचारक को जो सम्मान व सहायता दी गई इसी से आप समझ सकते हैं कि यहां की जनता कितनी भावुक तथा प्रेमी है और मानसिक भोजनके लिये कितनी भूखी है।

पेम्बा द्वीपके हिन्दू भाइयोंके आग्रह पर मैं पेम्बा भी गया। यहाँ स्टीमर से जाते हैं। स्टीमर सप्ताहमें एक बार ही आता जाता है। कुल १० घंटे का मार्ग है। मेरे साथ में जंजीबार आर्यसमाजके मंत्री श्री रघुनाथजी महता भी गये। पेम्बाके वेटे बन्दर पर जाकर जब हम स्टीमरसे उतरे तो देखा कि वेटे तथा चाके-चाके दोनों ही ग्रामोंके प्रमुख हिन्दू बंदर पर स्वागतार्थ उपस्थित थे। हमारे जाते ही सारे द्वीपके हिंदुओं में प्रसन्नता की एक लहर सी दौड़ गई। इस द्वीपके इतिहासमें केवल एक बार अबसे पन्द्रह वर्ष पूर्व महता जैमिनीजी प्रचारार्थ आये थे और वह भी दो दिनके लिये। अतः लोग भूखोंके समान भाषणोंपर टूट पड़े। भाषण सुनने जंगलमें से बीस-बीस मील से लोग आते थे।

पेम्बाके अपने ९ दिनके निवासमें मैंने १५ भाषण दिये। यहां आर्यसमाज नहीं है। वेटे और चाके चाके दोनों ही ग्रामोंमें हिन्दू मंडलके तत्वावधानमें वेटेमें ८ तथा चाके चाके में ७ भाषण दिये। इन भाषणोंमें दोनों ग्रामोंमें एक एक भाषण हिन्दू मुसलमान सबके लिए तथा दो दो भाषण स्त्रियोंके लिये गुजराती भाषामें दिये क्योंकि यहां की बहुत ही कम स्त्रियां हिन्दी समझ पाती हैं। जंगलके छोटे ग्रामों के हिंदू भी भाषण सुनने आते रहे। चाके-चाके में जो अंतिम भाषण हुआ उसमें तो लगभग सारे ही द्वीपके हिंदू एकत्र थे। सारे ही द्वीपके हिंदूओं की ओर से मुझे मानपत्र दिया गया जिसे छपवाया गया था। मेरे कार्यकी सहाय-तार्थ एक थैली भी दी गई। स्त्री और पुरुषों सभी की ओर से मुझे अत्यन्त आग्रह किया गया कि मैं वहां एक सप्ताह और ठहरूँ परन्तु आगामी सप्ताह का स्टीमर ही बंद था अतः दो सप्ताह ठहरना पड़ता था। परन्तु मेरे पास इतना समय

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

न होने से मैं सबको निराश करके जंजीबार चला आया और जंजीबार से विमान द्वारा फिर दारेस्सलाम।

चाके-चाके ग्रामकी एक घटना का उल्लेख करना अवश्यक है। लगभग आधा ग्राम थियोसोफिस्ट बन चुका था और शेष पेम्बाके सभी हिन्दुओंको थियोसोफिस्ट बनाने की योजना थी। इस कामके लिये एक पारसी थियोसोफिस्ट प्रचारक भी उन्हीं दिनों आया था जिन दिनों कि मैं वहाँ पहुँचा। मैंने थियोसोफिस्टोंकी पोल खोलकर दिखाई। जिसका परिणाम यह हुआ कि नया थियोसोफिस्ट तो कोई बना ही नहीं वरन पुरानोंमेंसे भी कइयोंने उनके प्रमाण-पत्र फाड़ फेंके। इस प्रकार एक अनिष्ट होते होते बच गया।

वस्तु स्थितिकी जानकारी के लिये पाठकों को इतना और बता देना चाहता हूँ कि जंजीबार राज्य की ६ हजार हिन्दू जनता को नगण्य न समझें। यह भारतवर्ष नहीं है जहाँ कि करोड़ों हिंदू हैं। जंजीबार विदेश है और विदेश में इतनी संख्या बहुत मानी जाती है। साथ ही मानपत्रों व भाषणों का जो बर्णन किया है वह अपनी प्रशंसा के लिए नहीं वरन पाठकों को वहाँ की जनता की भावना व अपने कार्य का दिग्दर्शन कराने के लिये किया है।

"कृण्वन्तो विश्वमार्यम्" का मंत्र जपने वाला आर्य-समाज व उसकी शिरोमणी सार्वदेशिक सभा विदेश प्रचार की ओरसे कितने उदासीन हैं यह इसी बात से पता चल जाता है कि गत दश वर्षों में उसने एक भी प्रचारक यहाँ नहीं भेजा। यहाँ की हिंदू जनता दिन पर दिन अपनी संस्कृति सभ्यता व धर्म से दूर होती जा रही है। यदि शीघ्र ही ध्यान नहीं दिया गया तो बड़ा ही अनिष्ट होने की संभावना है। क्य सार्वदेशिक सभा इस ओर ध्यान देगी? यहाँ धन की कमी नहीं है कमी है प्रचारकों की। यदि कोई प्रचारक यहां आना चाहे तो उनकी सब व्यवस्था की जा सकती है।

यह विवरण मैं टांगानिका प्रदेश के म्वांजा नगर से लिख रहा हूँ जो कि विक्टोरिया झीलके किनारे पर बसा हुआ है। यदि यह विवरण "प्रवासी" के संपादकजी व पाठकों ने पसन्द किया तो अफ्रिका सम्बन्धी अन्य लेख भी भेजूँगा।



(१) प्रवासिता। लेखकः श्री गङ्गा प्रसाद गौड 'नाहर'। भूमिका-लेखकः प्रो० शिवपूजन सहायजी। प्रकाशकः श्री रुलिया राम गुप्त, नवजीवन प्रकाशन मन्दिर, दी बंगाल प्रिंटिंग वर्क्स, १ सिनागाग स्ट्रीट, कलकत्ता। प्रकाशक के द्वारा "प्रवासी" के सम्पादक स्वामी भवानी दयालजी को समर्पित। पृष्ठ ४६४, मूल्य ६) रु०।

यह मौलिक उपन्यास हिन्दी साहित्यमें एक अमूल्य अभिवृद्धि है। इसको भारतके ग्रामीण और उपनिवेशोंके भारतीय प्रवास जीवनका शब्द-चित्र कहनेमें अतिश्योक्ति न होगी। इस गाथाकी भाषा मधुर और मुहावरेदार, शैली सरल और सौष्ठव-पूर्ण तथा विवेचन पद्धति भावमयी और हृदय-स्पर्शी है। लेखक और भी कई पुस्तकें लिखकर हिंदी संसारमें प्रसिद्ध हो चुके हैं। लेखककी यह नूतन कृति भी उनकी प्रतिभाका ही परिचायक है। किसी युगमें भारतका ग्रामीण जीवन सादगी और सचाईके कारण अपनी उपमा नहीं रखता था किन्तु आज तो ग्रामवासियोंमें परस्पर कितना द्वेष और वैमनस्य, मुकदमाबाजी और षड़-यंत्र आदि दुष्कर्म प्रचलित है उसका वर्णन इस उपन्यासमें पढ़कर नरकका नजारा सामने आ जाता है। विपत्तियोंके चक्करमें फंसकर जो बहन और भाई निर्वाहके लिये उपनिवेशों में चले गये उनपर वहां कैसा बीती इस उपन्यासमें उसका भी एक झलक दिखाई पड़ती है।

पुस्तकमें कुछ त्रुटियाँ भी है किन्तु उनकी विद्यमानतामें भी प्रवासिता एक ऐसा उपन्यास है जिसका हिंदी संसार में अवश्य सत्कार होना चाहिये। प्रवासी-भारतीयोंकी करुण-स्थितिपर हिंदीमें सैंकड़ों "टाम काका की कुटिया" लिखी जा सकती थी पर विषादकी बात है कि किसी हिंदी-लेखकने इस आवश्यक विषयपर उपन्यास लिखनेका कष्ट न उठाया। इसे मैं हिंदीका दुर्भाग्य समझता हूँ। इस

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

स्थितिमें "प्रवासिता" का प्रकाशन एक विशिष्ट बात है, यद्यपि इसमें भी प्रवास-जीवनका अत्यन्त संक्षिप्त-रूपसे ही दिग्दर्शन है। भाई रुलियारामके इस सत्साहसकी मैं सराहना करता हूँ और उनकी "प्रवासिता" देशवासियोंके हृदयमें प्रवासी भाईयोंके प्रति अनुराग पैदा करे यही मेरी शुभकामना और अन्तर्भावना है।

(२) हिन्दू कल्चर इन ग्रेटर इन्डिया। लेखकः स्वामी सदानन्दजी। प्रकाशक अखिल भारत आर्य (हिन्दू) धर्म सेवा संघ, पोस्ट बिरला लाइन्स, सब्जी मण्डी, दिल्ली। पृष्ट संख्या १६७, मूल्य अजिल्द २) रुपया।

यह पुस्तक अंग्रेजीमें है और इसमें बृहत्तर-भारतका वर्णन है। बृहत्तर भारतको हम दो भागोंमें विभक्त कर सकते हैं; एक तो प्राचीन और दूसरा अर्वाचीन। आधुनिक कालमें जहां भारतीय कुली-कबाड़ी बनकर विदेशोंमें गये और उनकी अधम अवस्थाके कारण भारतकी बड़ी अपकीर्ति हुई वहां पुरातन बृहत्तर-भारतका निर्माण भारतीय संस्कृति की विदेशमें आज भी स्मृति दिला रही है। बौद्ध-कालीन और उससे भी पूर्वके भारतीयोंने जावा, सुमात्रा, बाली, लम्बक, कम्बोडिया, सिंहल, श्याम आदि देशोंमें पहुंचकर सद्धर्म और सदाचारका प्रचार किया था। उस युगमें केवल ऐसे ही आदमी भारतसे बाहर गये थे जो सर्व-गुण निधान विद्वान थे, सात्विक-वृत्तिके धर्माचार्य थे, धुरन्धर राजनीतिज्ञ थे और वाणिज्य कुशल वैश्य थे। इनके द्वारा विदेशोंमें आर्य संस्कृति और आर्य-सभ्यताका प्रचार और विस्तार हुआ था।

उसी पुरातन बृहत्तर-भारतका इस ग्रंथमें दिग्दर्शन है। दक्षिण पूर्व एशियामें आर्य संस्कृतिके जो चिन्ह अवशेष हैं उनके चित्र भी सुन्दर आर्ट पेपर पर दिये जानेके कारण इस ग्रंथका महत्व और भी बढ़ गया है। इस ग्रंथको प्रकाशित कर सेवा-संघने आर्य संस्कृतिकी जो सेवा की है वह सर्वथा सराहनीय है।

(६) बापूके साथ। लेखकः श्री सुमंगल प्रकाश। प्रकाशकः वर्तमान संसार, नवराष्ट्र भवन, राजेन्द्रपथ, पटना, (बिहार)। पृष्ठ २६२ मूल्य अजिल्द साढ़े चार रु०।

यह पुस्तक भी गांधी साहित्यमें एक अच्छी अभिवृद्धि है। इस समय गांधी साहित्यका बड़ी तीव्र गतिसे सिरजन और प्रकाशन हो रहा है—बापूके जीवनकी भिन्न भिन्न प्रवृत्तियोंपर अधिकारी लेखक प्रकाश डालते चले जा रहे हैं। इस पुस्तकके प्रणेता भी आठ साल तक बापूके निकट सम्पर्कमें रह चुका है और उसे जो व्यक्तिगत अनुभव हुआ है उसीका इस रचनामें विश्लेषण है। लेखकने जिस ढंग से अपनी इस कृतिमें बापूकी कथा कही है वह अत्यन्त मनोरंजक और मर्मस्पर्शी है। भाषा मंजी हुई है और शैली है शानदार। पढ़नेमें उपन्यास सा आनन्द आता है। आशा है कि लेखक की यह रचना गांधी साहित्यके एक आवश्यक अंगकी पूर्ति करेगी। मूल्य कुछ अधिक होते हुए भी पुस्तक उपादेय है।

(४) भारतीय स्वाधीनता आन्दोलन। लेखक और प्रकाशकः श्री भगवान दासजी केला, भारतीय ग्रन्थमाला, दारागंज, इलाहाबाद, यू. पी., पृष्ट संख्या १७२ मूल्य अजिल्द सवा रुपया। केलाजी से उनकी भारतीय ग्रन्थमाला की दो रुपया या अधिककी पुस्तकें लेनेवाले पाठकोंको बिना मूल्य उपहार।

केलाजी एक तपस्वी साहित्यकार हैं। इस वृद्ध और रुग्ण-अवस्थामें भी जिस लगन और उत्साहसे वे साहित्य सिरजन का कार्य कर रहे हैं उसको देखकर आश्चर्य-चकित होना पड़ता है। एक तो उनका शरीर अत्यन्त क्षीण है और तिस-पर दमेकी विकट बीमारी, फिर भी उनकी प्रवृतिमें कोई अन्तर नहीं आने पाता। वे अपनी नई नई रचनाओंसे हिन्दीका भण्डार भरते जा रहे हैं। प्रस्तुत पुस्तकमें उन्होंने सन् १८५७ से लेकर १९४७ तक का भारतीय स्वाधीनता आन्दोलन का संक्षिप्त इतिहास दिया है। यद्यपि स्वाधीनता अन्दोलनका प्रमाणिक इतिहास अनेक जिल्दोंमें पूरा होगा तौभी केलाजीने गागरमें सागर भरनेका प्रयत्न किया है और उसमें बहुत कुछ सफल भी हुए हैं। केलाजीकी इस कृतिसे स्वाधीनता संग्रामकी एक झलक तो दिखाई दे जाती है। हम केलाजीकी इस नवीन रचनाके लिये उनका अभिनन्दन करते हैं और आशा रखते हैं कि यह वृद्ध तपस्वी बरसों जीवित रहकर हिन्दी-संसारको अपनी कृतियोंसे विरुरुणी बना जायगा।

(५) अखिल भारतवर्षीय आर्य उपदेशक-महासम्मेलन। अध्यक्ष श्री स्वामी अभेदानन्दजा महाराजका अभिभाषण। प्रकाशकः स्वागत समिति ५ हिल्टन रोड, लखनऊ।

हालही में आर्य उपदेशकोंका एक सम्मेलन लखनऊ में हुआ था जिसमें उपदेशकोंकी स्थिति और कार्य पद्धति पर विशेष रुपसे विचार किया गया था। इस सम्मेलनके

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सभापति थे सुप्रसिद्ध स्वामी अभेदानन्दजी महाराज। प्रस्तुत पुस्तिकामें उन्हींका विद्वत्तापूर्ण अभिभाषण है स्वामीजी आर्यजगतके एक प्रतिष्ठित और प्रख्यात नेता हैं। उन्होंने अपने भाषणमें जो कुछ कहा है वह उनकी अनुभूतियोंका ही प्रतिबिम्ब है, अतएव उनके कथनपर आर्य उपदेशकोंको ध्यान देना और अमल करना चाहिये।



गिरमिट-युगकी एक गाथा

लेखकः—पाण्डेय बेचन शर्मा 'उग्र'

(१)

(क)

रामशरनका बयान

जहाज छूटने तक मेरी आशा नहीं टूटी थी। मुझे अपने मित्र (?) आरकाटी की बातोंपर पूर्ण विश्वास था। मैं अपने मनमें सोचता था—"उसने कहा कि मुझे पढ़ाने का काम मिलेगा। तनखाह मिलेगी १०० रु० मासिक! फिर क्या? आज तक किसी भी अंग्रेजी मिडल पासने सौ रुपये महीनेकी नौकरी नहीं पायी होगी। वह कहता था कि वहांका, खाने-पीनेका दैनिक खर्च आठ आनेसे भी कम है। पर मैं कम क्यों खर्च करूंगा? एक रुपया रोज खर्चकर सुखसे जीवन व्यतीत करूंगा तिसपर भी तो सत्तर रुपये मासिककी बचत है, यही कहांका कम है। इतनी ही बचतमें, पांच वर्ष में मेरे पास चार हजार रुपये एकत्र हो जायेंगे। फिर क्या? घर पर लौटकर कोई व्यापार कर लूँगा या हुंडीही चलाऊँगा। मेरे जहाजमें कुल ३२१ कुली थे जिनमें २४० पुरुष थे और ८१ स्त्रियां। इन ३२१ लोगोंमें ब्राह्मण, क्षत्री, वैश्य, शूद्र, सिक्ख, मुसलमान सभी थे। जिस समय हम लोग जहाज पर सवार हुए उस समय हम लोगोंमें से प्रत्येकको डेढ़ फुट चौड़ी और छः फुट लम्बी जगह मिली। बस इतने ही स्थानमें हम सब भेड़-बकरियोंकी तरह जात-पांतको ताक पर रखकर बैठे। हमारे साथ जितनी स्त्रियां थी उनमें से अधिकांशने जहाजपर चढ़नेके पूर्व ही अपनी इच्छा या अनिच्छासे—किसी न किसीको वरण कर लिया था। मैं तो उस समय भौंचकासा रह गया था जिस समय मेरे साथके अनेक कुली डिपोमें एजेन्टकी आज्ञानुसार, स्त्रियोंको जबरदस्ती अपना 'जोड़ा' बनाने लगे। ८१ स्त्रियोंमेंसे पांचको छोड़कर शेष सब किसी न किसीका जोड़ा बन गयीं। उन पांचोंके विषयमें एजेन्टने कहा—"अभी यह बदमाश लोग शरमाटा है, हम तुमको हुकुम डेटा है जहाजपर इनको अपना जोड़ा बना लेना।" मैं हतबुद्धि होकर एजेन्ट साहबकी इस अमानुषिक आज्ञापर विचार करने लगा। पर वैसा करनेका भी अधिक अवसर न मिला—हम सब जहाजपर लाद दिये गये!

जहाज छूटनेके समय मैंने देखा कि कुछ को छोड़ हमारे और सब साथी उदास-मुख थे। मेरी अवस्था, उस समय, अठारह वर्ष से अधिककी नहीं थी। मुझमें विवेक शक्तिका सर्वथा अभाव था, शायद इसी लिए मैं डिपोमें अपना ब्राह्मणत्व खो देने पर भी, अपनी आंखोंके सामने अनेक भोली-भाली ललनाओंको बरबस पर-पुरुषोंके करोंमें पड़ते देख लेनेपर भी असन्तुष्ट व अप्रसन्न नहीं था। मेरी जवानी मुझसे रह रह कर कहा करती थी कि "इनकी ओर मत देखो, ये अनपढ़ हैं, तुम मिडिल पास हो, ये वहां पर न जाने क्या रद्दी सद्दी काम करेंगे और अल्प वेतन पायेंगे। तुम्हें तो सौ रुपये मासिक की अध्यापकी मिलेगी। ये अपने मुखपर अप्रसन्नताकी छाप लगा कर मूर्खता प्रकट करते हैं—देखो तुम वैसा न करना?"

मेरी बायीं ओर एक मुसलमान बैठा हुआ था और दाहिनी ओर एक स्त्री। बैठ जानेके आधे घण्टे बाद मेरी दृष्टि उस स्त्रीपर पड़ी थी। यदि मुझे पहले मालूम होता कि मेरे पार्श्वमें कोई स्त्री भी बैठी है तो भरसक मैं वहांसे उठ जाता। पर अब लाचारी थी। मेरे पास बैठे मुसलमान की अवस्था देखनेसे तीस वर्ष से अधिक जान पड़ती थी। पर वह था परले दर्जेका निर्लज्ज। रह रहकर उसकी दृष्टि उस महिलाके मुखड़ा पर पड़ती थी। अन्तमें उससे रहा नहीं गया। उसने मुझसे पूछा—"क्या यह तुम्हारी औरत है?"

मैंने उसके ऊपर एक घृणा पूर्ण दृष्टि डालकर कहा "नहीं, क्यों?"

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मुसलमान—"पूछिये, यदि यह अभीतक किसीकी जोड़ी न बनी हो तो हम लोग कमसे कम आजकी रात तो हँसी खुशीमें गुजारें।"

मुसलमानकी बात सुनकर मेरे शरीरमें आग लग गई। मैंने जरा क्रोध-पूर्ण मुद्रासे उसे जबाब दिया—"आप यह कैसी लड़कोंकी सी बातें करते हैं। भला किसी भले आदमीके मुँहसे ऐसी बातें भी निकलती हैं।"

उसने जबाब दिया—"जनाब आप अभी बच्चे हैं। फिजीमें जाकर कोई भी आदमी नहीं बचा रह सकता। मैंने कलकत्तेके डिपोंमें एक नौकरके मुँहसे वहाँकी सब कहानी सुन ली है। लाचारी है, शर्त्तनामेपर अंगूठेका निशान लगा चुका हूँ। अब तो फिजी वालों सा ही अपना रहन-सहन रखना होगा। अगर यह औरत हमें हासिल हो जाती तो बड़ा अच्छा होता। आप जानते हैं इसकी जात क्या है? यह कहांकी रहने वाली है?"

इस बार उस खूसट मुसलमानपर मुझे और भी क्रोध आया। पर मैं कुअवसर देखकर उसे पी गया। असलमें वह युवती सौन्दर्यमें उस उल्लूके पट्ठे मुसलमानसे इतनी बढ़ी-चढ़ी थी कि उस मुसलमानके साथ उस (स्त्री) के सम्बन्धकी बात सोचनेसे भी हृदयको चोट लगती थी। उस युवतीका रंग-ढंग गोरा नहीं था पर वह काली तो कदापि नहीं थी। उसकी अवस्था १६ वर्षसे अधिक की नहीं जान पड़ती थी। "यौवन नृपति" के पूर्ण कृपा-कटाक्षसे उसके अंग-प्रत्यङ्ग दर्शनीय हो गये थे, खैर!

मैंने उस मुसलमानको जबाब दिया—"जनाब, परायी औरतोंसे बोलनेकी मेरी आदत नहीं। मैं उसके विषयमें कुछ भी नहीं जानता। आपकी इच्छा हो तो आप उसीसे पूछ लें।" मेरी और उस मुसलमान की उपर्युक्त बातें बहुत धीरे धीरे हुई थीं। अन्तमें उस मुसलमानने उस लड़कीसे उसका परिचय पूछा ही।

(ख)

जानकीकी कथा

वह सरल-हृदय बालिका, मुसलमानके प्रश्नका उत्तर देने लगी। उत्तर देते समय उसके चेहरेपरका एक भाव यह कहता था कि वह डरी हुई मृगीकी तरह भागा चाहती है उसकी प्रत्येक चितवन उसकी बातोंमें करुणा लपेटकर श्रोताकी आंखोंको दिखाती हुई उसके कानों में पहुंचाती थी। उसने कहा—

"मिर्जापुर शहर में वासलीगंज एक मुहल्ला है। वहीं मेरी सुसराल है। मेरा नाम जानकी है और मैं ब्राह्मण कन्या हूँ।"

जानकी की उक्त बातें सुनकर एकाएक मेरे मुँहसे निकल पड़ा—"अरे तुम ब्राह्मणी हो?"

'हां' कहकर वह क्षण भरके लिये चुप हो गई। नारी-सुलभ-लज्जाने उसकी आँखोंको नीचा कर दिया।

उसने फिर कहना आरम्भ किया।

"जब मेरा गौना हुआ उसके छः महीने बाद मेरे पति रुपया कमानेके लिये कलकत्ते चले आये। तबसे दो वर्ष बीत गये उनकी कोई खबर नहीं। मेरे पतिके इस प्रकार अलक्षित हो जाने से मेरे ससुर, सास तथा घरके और सब लोग बड़े दुःखित रहने लगे। मैं अपनी हालत क्या कहूँ?"

बालिका पर पुनः लज्जाने आक्रमण किया, वह फिर क्षण भरके लिये मौन हो गई। उसके हृदयसे एक ठंडी सांस निकली और साथही नेत्रोंसे जलकी दो बूंदें उसके जलजात चरणोंपर आकर उन्हें पखारने लगीं। मिर्या साहबने भी अपनी सूरत मातमी बना ली। वह बोले—"अफसोस! फिर क्या हुआ?"

"मेरे घरकी एक मजदूरिन थी। हम सबका उस पर बड़ा विश्वास था। एक दिन उसने मुझसे आकर धीरेसे कहा—"बहूजी, भैयाजी से मिलोगी?"

मैंने कहा—"चुप हँसी करती है?"

मजदूरिन—हँसी नहीं मेरी रानी। वह इस शहरमें कई दिनों से आये हुए हैं। दो-तीन दिनसे तो बराबर मुझसे मिलते हैं

मैं—वे कहां हैं? घर पर क्यों नहीं आते?

मजदूरिन—अब वे साधू हो गये हैं। अब कभी घर न आवेंगे, केवल एक बार तुम्हें देखना चाहते हैं। यदि तुम मिलो तो यहां से थोड़ी ही दूरपर मेरा मकान है, वहीं वे मिलेंगे।

मुझे मजदूरिनकी बातों पर विश्वास हो गया। पर मैंने घरके बाहर स्वप्नमें भी पैर नहीं रक्खा था। उसके घर जाती तो कैसे जाती। वह मेरे दिलकी बात समझ गई। उसने कहा—

CC-0. In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

"घरवालोंकी चिन्ता मत करो। उसका भार मेरे ऊपर है किसीके कानोकान खबर भी न होगी। आज रातको मैं यहीं सोऊँगी। ठीक बारह बजे, जब सब लोग सो जायंगे, तब तुम मेरे घरपर चलना। बस आधे घंटेमें हम पुनः लौट आयेंगी।"

मैंने पतिदेवके दर्शनोंकी कामनासे मजदूरिनकी बातको मान लिया। वह उस दिन मेरे ही घरपर सोयी। ठीक १२ बजे रातको हम दोनों घरके बाहर हुईं। 'थोड़ी दूर' 'थोड़ी दूर' कहकर उसने मुझे आधे घण्टे तक न जाने कितनी गलियोंमें दौड़ाया। इसके बाद एक बड़े मकानके फाटकपर पहुँची। न जाने क्यों मेरा जी उस घरमें घुसने को नहीं करता था। मैंने कहा—

"उन्हें यहीं बुला लाओ। पराये घरमें घुसते मुझे भय लगता है।"

मजदूरिन—"वाह, यह पराया घर है। हमारा तुम्हारा कुछ बांटा है? चलो।"

मैंने कहा—"नहीं। यहीं बुलाती क्यों नहीं? मैं भीतर कदापि न जाऊँगी।"

इसपर तो उस मजदूरिनकी नाक आकाशपर चढ़ गई। उसने पुकारा—"रमई! ओ रमई! तुम लोग यहां तो आओ। यह रानीकी नानी भीतर क्यों नहीं जायगी।"

देखते देखते चार हट्टे कट्टे जवान घरसे बाहर निकल आये। उन्होंने आतेही मेरे मुँहमें कपड़ा ठूँस मुझे जबरदस्ती घरके भीतर पहुँचाया।

पांच दिन तक मैं उसी मकानमें रक्खी गई। इसके बाद उस मकानका मालिक कहने लगा कि तुमने जो पांच दिन तक खाया है उसका दाम चुकता कर दो तो मैं तुम्हें छोड़ दूँ। हाँ, जिस दिन मैं उस मकानमें गयी थी उसके दूसरे ही दिन जब मैं सोयी थी तब किसीने मेरे सारे गहने चुरा लिये। मैंने कहा—"इस समय तो मेरे पास एक पैसा भी नहीं है। तुम मुझे मेरी सुसराल पहुँचा दो, वहां पर तुम्हें जो कुछ भी तुम्हारा खर्च लगा है मिल जायगा।" मेरी बात सुनकर वह बोला—"यदि तुम मेरी ख्वाहिश पूरी कर दो तो मैं बिना कुछ लिये ही तुम्हें मुक्त कर दूँ।" उसकी बातें सुनकर मारे क्रोधके मेरी आंखोंसे चिनगारियाँ निकलने लगी। मैंने कहा—

"मेरे सामनेसे चला जा नहीं तो मारे झाड़ुओंके होश बिगाड़ दूँगी। सावधान यदि अब कभी भी मुझसे ऐसी बातें करेगा तो मैं फांसी लगाकर जान दे दूँगी।"

ईश्वरकी कृपा हुई। उस दिन वह डरकर चला गया। मुझे ऐसी ग्लानि हुई कि मैं उस दिन तमाम रात रोती रही और अपने दुर्भाग्यको कोसती रही।

दूसरे दिन सवेरे ही वह मेरे पास आया और कहने लगा—"मैं किसी सती स्त्रीका शाप नहीं लेना चाहता। चलो आज तुम्हें तुम्हारे घरपर पहुँचा दूँ। पर एक बात है। तुम्हें तुम्हारे घरसे भागे आज छः दिन हो गये। ऐसी अवस्थामें तुम्हारे घर वाले तुम्हें मेरे साथ देखकर मुझे फँसा सकते हैं। इसलिये तुम्हें पहले कलक्टरके सामने चलना होगा। वहां पर मैं लिख दूँगा कि मैं इस औरतको इसके घरपर पहुंचाने जा रहा हूं और मैंने इसे शहरकी गलियोंमें भटकते पाया था। वहां पर कलक्टर साहब तुमसे जो भी पूछें 'हां' छोड़ 'नहीं' न कहना। नहीं तो अपने घर कदापि न पहुंच सकोगी, बड़ी बड़ी दुर्दशाएँ होंगी।"

मैं कलक्टरके सामने पेश की गई। उसने पूछा—"टुम फिजी जायगी?"

मैंने कुछ भी न समझकर डरते केवल 'हां' कह दिया। इसके बाद एक कागज पर मेरे अंगूठेका निशान लिया गया। कचहरीके बाहर निकलनेपर मैं एक बंदगाड़ी में बैठायी गई और मुझसे उस मकानवालेने कहा—"मैं तुम्हें तुम्हारे घर ले चल रहा हूँ।" पर कहांका घर। मैं स्टेशन पर लायी गयी और वहां पर रेलगाड़ीमें बैठाकर कलकत्ते लायी गयी।

मिर्जापुरसे कलकत्तेकी राहमें उस मकान वालेने, जो पीछेसे मुझे मालूम हुआ कि भर्ती करनेवाला (आरकाटी) था, मेरा सतीत्व नष्ट करना चाहा। उसने मुझे अनेक प्रलोभन दिये, परन्तु मेरा रोना और बिगड़ना देखकर उसकी हिम्मत कुछ करनेकी नहीं हुई। इसके बाद कलकत्तेमें जो कुछ भी हुआ उसे आप लोगोंने देखा ही है। न जाने किस नक्षत्रमें मेरा जन्म हुआ है जो मेरी इतनी दुर्दशाएं हो रही हैं।

एकाएक हम लोगोंकी बातें रुकीं। उसने देखा कि एक गोरेके साथ एक मुसलमान बाबर्ची लोगोंको चार-चार बिस्कुट और आधी आधी छटांक चीनी बांट रहा है किसी एक देहातीने बिस्कुटको न पहचान कर बाबर्चीसे पूछा कि-"भैया इ का हो?"

बाबर्चीके पहले ही गोरेने जबाब दिया—It is dogs' biscuits (यह कुत्तोंका बिस्कुट है) देहातीने क्या समझा सो राम जाने पर मुझे साहबकी बातोंको

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सुनकर बड़ा ही दुःख हुआ। हम लोग कुत्ते हैं। तभी तो कुत्तोंका बिस्कुट हमें मिल रहा है। साहब बांटते बांटते हमलोगोंके सन्मुख आया। उसकी पहली नजर जानकी पर ही पड़ी। फिर क्या? उसने जानकी की ठुड्डीको अपने हाथों से पकड़ कर कहा—"वेल' टुम बड़ा खपसूरट है। टुम अमरा केबिन में चलो।"

जानकी? हाय, हाय! उस समय जिसने उसे देखा, वही कह सकता है कि वह कैसी हो गई थी। मारे भयके उसका चेहरा सफेद पड़ गया! वह बड़ी कातर दृष्टिसे मेरे और उस मुसलमानकी ओर देखने लगी।

"चलो, चलो! टुमको भला डिनर मिलेगा। हिस्की भी डेगा, चलो।" इतना कहकर उस निर्लज्ज पशुने जानकीको दोनों हाथोंसे अपनी गोदमें उठा लिया और अपने कमरेकी ओर चला। वह हतभागिनी जैसे कसाईके हाथोंमें पड़कर गऊ चिल्लाती है वैसे ही चिल्लाने लगी पर साहब—नहीं, नहीं उस श्वेतांग राक्षस–पर उसका कुछ भी प्रभाव नहीं पड़ा। वह उसे (जानकीको) १०-१२ गजकी दूरी पर उठा ले गया।

अभी मैं अपने कर्तव्यका निश्चयही कर रहा था तबतक एक अधेड़ चमार साहबके पास पहुंच कर कहने लगा कि- "ई का बदमासी करत हय, छोड़ दे।"

साहबकी समझमें भी न आया। हां, चमारके भावोंसे उसने यह अवश्य समझ लिया कि वह मेरे सुखका बाधक हुआ चाहता है। बस इतना बहुत था। एक कुत्ता साहब बहादुरके सुखका बाधक हो! गोरेने उस चमारको एक ठोकर लगाही तो दी। वह जानकीको लिये रावणकी तरह आगे बढ़ा।

हमने प्रत्यक्ष देखा कि चमारके चेहरे पर पूर्णरूपसे क्रोधका अधिकार हो गया। उसने झपटकर साहबकी गोदसे रोती हुई जानकी का उद्धार किया। साथही साहब बहादुरकी कमरपर एक लात जमाकर उसे भूतलशायी कर दिया। जब वह नीच गोरा जमीन पर चित्त हो गया तब दस-बीस घूसोंसे उसका और भी सत्कार किया।

पर साहबके अनेक पक्षपाती थे। देखते देखते जहाज पर वे अनेक कुत्ते (काले हिन्दुस्थानी) खलासी-उस चमार पर टूट पड़े। साहब भी धूल झाड़कर उठ बैठा और एक मोटे डंडेसे उस ४० वर्षसे अधिक अवस्था वाले चमारको मारने लगा। साहबके साथ दस बारह खलासियोंने उस चमार को इतना मारा कि हम लोगोंके सामनेही उस बूढ़े के प्राण पखेरू उड़ गये।

बात केप्टनके पास गई। एक कुलीकी जान चली गई इसलिये केप्टन उस गोरे पर बड़ा रुष्ट हुआ। उसको उस (रोटी बँटवानेके) कामपरसे हटाकर दूसरा काम दिया गया। पीछे से ज्ञात हुआ कि उस मरे हुए चमारका नाम Deaths, Desertions or Missing के खानेमें लिखा गया। जो हो, जटायु (चमार) ने अपने प्राणोंकी आहुति देकर जानकीका रावणसे—अपने भरसक उद्धार किया।

(ग)

अद्भुलका बयान

भाई, इसनी बात तो मैं जरूर कहूँगा कि जहाज पर जानकीके पाक दामनमें धब्बा नहीं लगा। हां, आसार ऐसे नजर आते थे कि उसमें (जानकीमें) और उस छोकरे रामशरनमें मुहब्बत हो जायगी। यह बात मुझे मुतलक पसंद नहीं आई। मैं भरसक इस कोशिशमें रहने लगा कि उन दोनोंमें पटरी न बैठे।

अपनी गलतीसे मैंने खुद रामशरनपर यह बात जाहिर कर दी की मैं जानकीसे अपनी शादी करना चाहता हूँ। इससे वह भी मुझसे खूब होशियार रहा करता था। जानकीको मेरे पास फटकने भी नहीं देता था, और अगर मैं खुद किसी तरह उसके पास जाकर कुछ हंसी-दिल्लगीकी बातें करता तो वह कम्बख्त मेरे ऊपर बिगड़ पड़ती थी। यह सब तमाशा देखकर मैंने तय किया कि किसी न किसी तरह रामशरनको परेशान करना चाहिये।

एक टापूमें हम लोग जहाजपरसे उतारे गये। उस टापूका नाम, ठीक ठीक तो नहीं कह सकता, शायद 'तुक लाओ' था। वहां पर एक डिपो था। हम सब उसमें पहुँचाए गये। डिपोमें पहुँचनेके थोड़ी ही देर बाद डाक्टर आया और उसने हम सबकी (याने औरत और मर्द दोनों ही की) जांच (परीक्षा) की। मैं सच कहता हूँ वह डाक्टर साला बड़ा बदजात था। औरतोंकी जांच करते वक्त वह उनसे मजाक भी किया करता था। इसका उन औरतोंपर जो शरीफ नहीं थी कोई ज्यादा असर नहीं पड़ता था, पर जानकीकी तरह बननेवाली औरतोंकी बड़ी फजीहत हो जाती थी।

डाक्टरी जांचके बाद हम सबके कपड़े एक साथ गरम पानीमें उबाले गये। इसके बाद कोठीवाले अंदेशे

CC-0. In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection. Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जिन्होंने प्रत्येक कुलीके लिये २००) रु० इमीग्रेशन ओफिस में पहलेसे ही जमा करा दिया था, आये। हम सब लोग मुख्तलिफ कोठियोंके लिये बांट दिये गये। खुदाकी मर्जी देखिये। मैं, रामशरन और जानकी चालीस और कुलियों के साथ एक ही मालिकके गुलाम हुए। हम लोगोंको उस साहबके सामने लाकर छोटे एजेन्टने कहा—"देखो तुम सब लोग ५ वर्षके लिये इन साहब बहादुरके नौकर हुए।" इस तरह हम सब उस अंग्रेजके स्टेटमें आये और कुलीलेन में रक्खे गये। हां, एक बात तो भूल ही गया था। नुक्कड़ वाली डिपोमें जानकीने कोठीवाले अंग्रेज और एजेन्ट जनरलसे साफ-साफ कह दिया था कि "मैं रामशरनके साथ रहूँगी।" जानकीकी इस बातसे मेरे दिलपर सांप लोट गया, पर लाचारी थी। रामशरनपर मेरा गुस्सा और भी बढ़ा।

अब हमें फिजीमें आये तीन वर्ष हो गये। इस दरम्यानमें जानकीको रामशरनसे एक लड़का भी हुआ। उसकी उमर इस वक्त दो वर्षसे कुछ ज्यादाकी है। वह देखनेमें बड़ा ही खूबसूरत है। गोकि मैं रामशरनसे सख्त नफरत करता हूँ, पर न जाने क्यों उसके गोविन्दको देखकर मेरे दिलको बड़ी राहत मिलती है। बीते हुए तीन साल कैसे खौफनाक थे इसकी चर्चा करना मैं फजूल समझता हूँ। खैरियत यह थी कि हम लोगोंका ओवरसियर औरतखोंवाला था। इसी वजहसे मेरी सारी कोशिशों पर पानी फिर गया। मैं हजार चाहने पर भी रामशरनको नीचा न दिखा सका। कुलीलेनमें रामशरन और जानकीको एक कोठरी मिली थी। वे उसीमें—हजार मुसीबत पड़नेपर भी—अपनी रात ऐसी हँसी खुशीमें बिताते थे कि मैं मारे रश्कके मरा जाता था।

एक दिनकी बात है। ओवरसियरने किसी खास कामके लिये कुछ कुलियोंको कोठीवाले साहबके बगले पर भेजा था। उसका बंगला कुलीलेनसे कोई ८ मीलके फासले पर था। इसलिये वे कुली उस दिन अपनी अपनी सन्दूकों (कुलीलेनकी १० फुट लम्बी और ७ फुट चौड़ी कोठरियां) में लौट नहीं सके। भेजे जाने वाले कुलियोंमें रामशरन भी था पर जानकी नहीं थी और न मैं ही था। उस दिन खेतोंमें काम करते वक्त ही मैंने इरादा कर लिया था कि आज रातको जानकीसे जरूर मिलूँगा। खेतों पर ही मैंने उससे बातें करनेकी कोशिश भी की पर वह बराबर मेरी ओर नफरत-भरी निगाहोंसे ही देखती रही।

रात हुई। हम लोग खा-पका कर अपनी अपनी कोठरियोंमें, गोबरसे लीपी हुई जमीन पर, एक एक चीथड़ा (हमारे पास और था ही क्या?) बिछाकर लेट रहे। कोठरीमें, मेरे साथियोंमें, एक धोबी और एक बनारसके पासका बिरहमन था। मेरी कोठरीके ठीक बगलमें रामशरन या जानकीकी कोठरी थी। आगेका दास्तान सुनकर-ए पढ़ने वालो! तुम मुझे दोजखी कुत्ता कहोगे। खैर कहने वालोंको किसीने रोका है; पर ज़रा मेरी हालत पर तो गौर करो। मैं कमजोर आदमी। मेरे लिये मेरा टास्क (Task—काम जो प्रत्येक कुलीको ओवरसियर देते थे) कभी भी पूरा नहीं होता था। अक्सर मैं साहबके सामने पेश किया जाता था, वह हजार रहम दिल था फिर भी काम लेनेमें नहीं। वह बदमाश नहीं था, इतना ही कहां कम है। अक्सर काम पूरा न करनेकी वजहसे मेरे ऊपर फाइन हुआ करता और कोड़े पड़ा करते थे। मेरी खुराक भी काफीसे ज्यादा है। इन वजहोंसे मैं हमेशा फाकामस्तही रहा करता। एशोइशरतकी बात तो अलग रही।

मैंने उस दिन जानकीको तंग करनेका इरादा किया। दिलके शैतानने भी मेरी खासी मदद की। जहाँ तक मुझे याद है रातके दो बजे थे। हमारे और साथी सोये थे। सोते न तो करते ही क्या? दिन भर बैलसे भी ज्यादा मेहनत की थी और फिर चारही बजे उठना था। मेरी और जानकीकी कोठरीके बीच एक निहायत पतली दीवाल थी, वह भी ज्यादासे ज्यादा मेरे कदसे ढाई फुट और ऊँची। मैंने धीरे धीरे अपने और दोनों साथियोंके काठके सन्दूकोंको ऊपर नीचे रखा—और एक सांस में उछलकर—पहले तो बीचकी दीवारपर और चन्द लहमोंके बाद जानकीकी कोठरीमें जा धमका। उस वक्त ज्यादा मिहनत न करने पर भी बदनमें पसीनाही पसीना हो गया, मेरी सांसें जोरसे चलने लगीं। मेरे रोंगटे खड़े हो गये। एक बार दिलने कहा भी—"अब्दुल। यह क्या करता है?" कानोंके रहते हुए भी मैं दिलकी बातें न सुन सका।

कोठरीमें एक मुक्के और ऊपरकी छाजनकी कुछ सुराखोंसे चांदनी भीतर आ रही थी। उसकी रोशनीने मुझे इतनी मदद तो जरूर दी कि मैंने जानकाको बिना टटोलेही एक कोनेमें अपने गोविंदके साथ, गहरी नींदमें सोते देख लिया। मैं चोरोंकी तरह उसकी तरफ बढ़ा। उस वक्त मेरी हालत किसी दीवानेसे कम नहीं थी। (अपूर्ण)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मोरिशसमें प्रवासी हिन्दुओंका ह्रास।

आठदस साल हुए भारतसे स्वामी घनानन्दजीका यहाँ आगमन हुआ था। आप रामकृष्ण मिशनके एक संन्यासी थे। यहांके जातिसेवक मद्रासी युवकोंके उद्योग से उनका यहां पधारना हुआ था। उद्देश्य यह था कि हिन्दुओंके, विशेषतः मद्रासियोंके धर्मान्तरको रोकना। स्वामीजीकी जन्म-भाषा तामिल थी, इसी लिये उनको बुलाया गया था। लेकिन उनके यहां आने पर मालूम हुआ कि वे इस कामको करनेको तैयार नहीं है। आपने कहा कि धर्मादा संस्था CHARITABLE INSTITUTIONS की स्थापना ही मिशनका मुख्य उद्देश्य है। धर्म परिवर्तनसे किसीको रोकना या वैसा उपदेश करना आदि कार्य उनका मिशन नहीं करता, इत्यादि।

स्वामीजीको बुलानेवालोंने देखा कि उनको धोखा हुआ। धीरे-धीरे दोनोंमें मतभेद बढ़ता गया और स्वामी घनानंदने अपना कार्य स्वतंत्र-रीतिसे शुरू किया। संन्यासीजी अंग्रेजी भाषाके एक बड़े विद्वान और एक प्रभावशाली वक्ता थे। पुरुषार्थ उनके रग-रगमें भरा पड़ा था। उत्साह और शक्तिकी आप मूर्ति थे। गवर्नर तथा बड़े-बड़े सरकारी कर्मचारियोंकी आपने सहानुभूति प्राप्त की और पांच छः सालकी मेहनतके बाद आपने यहांके हिंदुओं के लिये एक अनाथालय खोला और एक डिस्पेन्सरी भी चलाई। सरकार और म्यूनिसिपेलिटीकी ओरसे उनकी उचित सहायता होती थी।

अब स्वामी घनानंदजीके चले जानेके बाद एक दूसरे मिश्नरी आये हैं। इनका नाम है स्वामी निःश्रेयसानंदजी। आप भी वैसेही अंग्रेजीके विद्वान और वक्ता है लेकिन इनका खाका और ही है। भिक्षां-देहीका पेशा आपको पसन्द नहीं। आप कहते हैं कि आप उपदेश करेंगे, संस्थाके लिये झोली नहीं पसारेंगे। फलस्वरूप मिशनकी डिस्पेन्सरी बंद हो गई और अनाथालयको भूकम्पके धक्के लग रहे हैं। हिंदुओंके बच्चोंको विधर्मी होनेसे बचानेका जो एक साधन था उसकी यह हालत देखकर हिन्दूजातिका भविष्य धुंधला दीख पड़ता है। हिंदुओंमें जातीयताका भाव है ही नहीं। मुरदार बैलकी पूँछ जोर-जोरसे ऐंठकर उसको चलाना पड़ता है। हमारे हिंदू समाजके साथ स्वामीको ऐसा ही व्यवहार करना चाहिये अन्यथा श्री घनानंद स्वामीके किये-कराये पर पानी फिर जानेका डर है।

खैर, यह बातें हैं स्वामीजी और उनके मिशनके बीच की। लेकिन हिन्दू लोग इन्हें इनके वस्त्रोंका रंग देखकर अपना संन्यासी समझते हैं और अपने उत्सव, सभा और सामाजिक और धार्मिक कार्योंपर इनको बुलाते हैं। स्वामीजीके भाषण रोचक और शिक्षाप्रद होते हैं। हिंदुओं के हित-अहितके प्रश्नोंको आप छूते नहीं। अंकशास्त्र (STATISTICS) से आप कभी काम लेते नहीं।

अभी तीन मासकी बात है। स्वामीजीने एक जयन्ती उत्सव मनाया था। गुरु रामकृष्ण, उनकी पत्नी तथा स्वामी विवेकानन्द इन तीनोंकी जन्म तीथि एक ही दिन मनायी गई थी। इन बातोंमें किसीकी रुचि न होनेसे सभा-स्थान खाली ही रहता था। शहरकी एक मुसलिम पाठशालामें वह सभा बुलाई गई थी। स्वामीजी के भाषणमें हिन्दू मुसलिम एकता पर ही बल दिया गया था पर यहांके हिंदुओंकी सामाजिक या आर्थिक स्थितिके संबंधमें उसमें एक भी शब्द नहीं था। कोई कह सकता है कि मिश्नरीके वे विषय नहीं है। ऐसी बात हो तो हिंदू-मुसलमान-एकता भी उनका विषय नहीं हो सकता है, यह तो राजनीतिज्ञोंका विषय है।

किसी मुसलमान व्यक्ति या संस्थाने स्वामीजीको अपने समाजमें आकर भाषण देनेके लिये आज तक कभी बुलाया नहीं है अर्थात केवल हिंदू-समाजके सामने ही स्वामीजीको हिंदू-मुसलमान-एकताके गीत गानेका मौका मिलता है। आप बीसों जगहोंपर उपस्थित रहते हैं और जहां दो चार टर्की टोपी देखते हैं वहां एकताके दो चार दाने आप फेंक देते हैं। यह नहीं कि हिंदू-मुसलमानोंमें एकता रखना कोई बुरी चीज है। सवाल इतनाही है कि यहां इसकी कोई आवश्यकता भी है? पिछले ११४ सालके इतिहासमें कभी भी हिंदू मुसलिम एकताकी समस्या यहां पैदाही नहीं हुई। इस समय मुसलमानोंकी आबादी यहां ६० हजार है और हिंदू हैं २ लाख। १९४६-१९४७ की भारतकी लगातार खूनी खबरें पढ़ते हुए भी यहांके भारतीय सब भारतीय

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

रह गये। भारतीय स्वाधीनताका उत्सव दोनोंने साथ-साथ मनाया। इस हालतमें यहां एकताके उपदेश करनेका अर्थ ही क्या है?

पहला अनिष्ट परिणाम हिन्दुओंपर यह होता है कि इस एकताका बोझ उन्हींपर है। वे नहीं जानते हैं कि उनका क्या अपराध है? स्वामीजी नहीं कहते कि एकता हिलाने या बढ़ानेके वास्ते उन्हें क्या करना चाहिये, मैं दो ही उदाहरण पेश करता हूँ जिससे आपको पता लग जायगा कि हिंदुओंके साथ यहां क्या हो रहा है और हिन्दुओंको क्या करना चाहिये। पिछले १९४४ सालके सेन्सस रिपोर्ट (जन गणना) के अनुसार यहांकी हिंदू-जनता कैसे स्वाहा हो रही है, इसका शब्दचित्र "प्रवासी" पाठकोंके सन्मुख मैं पेश करता हूँ—

सन १९२१ में—

हिन्दू	२२०,५२४
अहिन्दू	१५५,९६१
हिन्दू अधिक	६४,५६३

सन १९४४ में—

अहिन्दू	२१०,९३८
हिन्दू	२०८,२४७
हिन्दू कम	२.६९१

पाठक देखेंगे कि अहिन्दुओंकी तुलनामें विगत २३ सालके अन्दर ६७,००० हिन्दू घटे हैं याने प्रति वर्ष करीब ३ हजार हिन्दू कम होते हैं। पाठक यह भी देखेंगे कि इसी अवधिमें अहिन्दू प्रतिवर्ष लगभग २,४०० के हिसाब से ५१९७४ तक बढ़ गये हैं। अगर यही स्थिति जारी रही तो ५० सालके बाद यह होगा—

अहिन्दू	३३०,९३८
हिंदू	१८३,२४७

इसका अर्थ यह है कि सन २००० में एक हिन्दूके लिये करीब दो अहिन्दू मैदानमें खड़े रहेंगे। यहांकी सरकारी कौन्सिलमें इस समय ग्यारह निर्वाचित हिन्दू सदस्य हैं। ५० साल बाद वे आधे हो जायँगे और १०० सालके बाद शायद मोरिशस एक इन्डोनेशियाही हो जायगा। प्रशांतके 'बरबोन' नामक फ्रेंच टापूकी यही गति हुई है। वहांके करीब २५ हजार हिन्दू—सबके सब—विधर्मी हो गये हैं।

रामकृष्ण मिशनके स्वामी हिन्दुओंके ह्रासको देखतेनहीं किन्तु हिन्दू-मुस्लिम एकताका प्रचार करते हैं। हिंदूत्व भले ही मिट जाय लेकिन एकता रखो। यहां यह भी प्रश्न उठता है कि ऐसी एकता करके हमें क्या साधना है? अंग्रेजोंसे राज्य छीनना है या यहांकी ईसाई प्रजासे लड़ना है? मेरा खयाल है कि भारतके वातावरणमें पले लोगोंपर हिंदू मुसलिम-सवालका भूत अबतक वैसा ही सवार है लेकिन हमारा निवेदन है कि यहां परिस्थितिके अनुसार स्वामीजी बोलने-लिखनेकी कृपा करें। हिन्दुओंके इस सांख्य-शास्त्रके बाद मैं अब यहांके शिक्षा-ग्रंथका एक पन्ना पलटता हूँ।

मोरिशसके शिक्षा विभागके डायरेक्टर गत वर्षकी रिपोर्टमें यहांकी सरकारी दोनों माध्यम शिक्षा-संस्थाओं (क्युरिपीप और पोर्ट लुई) में पढ़ने वाले विद्यार्थियोंका विवरण निम्न प्रकार देते हैं—

ईसाई विद्यार्थी	३०८
मुसलमान विद्यार्थी	८७
हिन्दू विद्यार्थी	७८

यहांके सिविल सर्विसका प्रवेश द्वार उनकी अन्तिम परीक्षा है और विदेशोंके विश्व विद्यालयोंमें दाखिल होने के लिये भी इसी परीक्षाका सार्टिफिकेट आवश्यक है। अब आप देखेंगे कि हिंदुओंकी संख्या सबसे अधिक और उनके विद्यार्थी सबसे न्यून। ईसाइयोंमें गोरे, अधगोरे और काले सभीका समावेश होता है। सरस्वती पूजाकी उनकी परम्परा ही है। उनकी बात मैं नहीं करता हूँ परन्तु भारतसे आये, एक भाषा और एक रंगके हमारे जैसे मुसलमानों ने भी हमें मात कर दिया है। उनकी आबादी है ६० हजार और औसतसे दो हजार मुसलमानोंमें तीन विद्यार्थी होते हैं। हिंदुओंकी आबादी दो लाखसे कुछ अधिक ही है। उपरोक्त हिसाबसे हिंदुओंके औसतन ३०० विद्यार्थी होने चाहिय। परन्तु वे हैं केवल ७८ याने मुसलमानोंका चौथा हिस्सा।

हिन्दू लोग भी चाहते हैं कि उनके लड़के पढ़ें लेकिन उनके पास पैसा नहीं। फी सदी ९० मुसलमान व्यवसाय, पेशा, नौकरी और हुनर धन्धोंमें है। वे कमाते हैं और अपने बच्चोंको पढ़ाते है। फी सदी ८० हिन्दू खेतीके कड़े काम करते है, कम कमाते हैं और जल्द मरते हैं। हिंदुओं की इस संख्या और शिक्षासे ही उनकी सामाजिक और

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आर्थिक दशाका पता लग सकता है। परन्तु कोई कभी अपना मुंह नहीं खोलता जिससे कि हिंदुओंकी इस दशा से लोग वाकिफ हो जावें। कौन्सिलका सदस्य मासिक ५००) रुपया पाता है। ऐसे ग्यारह सदस्योंको कौन्सिलने चुना है लेकिन अन्दर दुकतेही सदस्य महाशय अन्तर्राष्ट्रिय (INTERNATIONAL) बन जाते हैं। यह हुआ नैतिक प्रश्न। परन्तु हमारे स्वामी-साधुका तो यह कर्तव्य होना चाहिये कि वे अपनी जातिकी हित रक्षा पर सर्व प्रथम ध्यान देवें लेकिन वे भी अन्तर्राष्ट्रिय बनते और हिन्दुओंको भूल जाते हैं।

एकता दो में होती है और दोनोंको इसके लिये कुछ त्याग करना पड़ता है। हिन्दुओंका जीवन त्याग-मय है। हिन्दुस्थानका प्राचीन और अर्वाचीन इतिहास इस बातका साक्षी है। हमारे विश्ववंद्य महात्मा गांधी हिन्दू-मुसलिम एकताके कुण्डमें स्वाहा हो गये। लेकिन कोई बता सकेगा कि मुसलमानोंकी ओरसे एकताके लिये किसीने ऐसा त्याग एवं बलिदान किया है? मोरिशसमें यही स्थिति है। मुसलमान संसारको इस्लाम बनाने पर तुले है और वह भी एन केन-प्रकारेण। क्या मुसलमान तैयार होंगे कि पांच साल तक हिन्दुओंको अपने धर्ममें मिलानेका कार्यक्रम वे स्थगित कर दें अथवा वे गौ हत्या बंद कर दें। शिवालयमें आकर क्या कभी वे फूल चढावेंगे? अगर त्याग नहीं तो एकता नहीं। वास्तवमें बात यह है कि एकता तुल्य बलवालोंमें होती है। हिन्दू जैसी विघटित और ढीली कौमके साथ कौन एकताका हाथ फैलावेगा? लेकिन एकताके इस प्रचारसे हिन्दू अपनी स्थिति भूल जाते हैं। संख्या और शिक्षाके आंकड़े प्रकाशित करके उसपर लेख लिखना चाहिये। भाषण द्वारा लोगोंका ध्यान इस ओर आकर्षित करना चाहिये। हिन्दूलोगोंको डर रहता है कि ऐसा करनेसे उन पर साम्प्रदायिकताका आरोप लग जायगा। इज्जत ढाँकने के लिये स्त्री सब कुछ सहती जाती है लेकिन पेट फूलनेपर आत्म-हत्याही उसके लिये एक मार्ग रह जाता है। हिन्दुओंकी यही हालत यहां हो रही है। अधिक दुःख यह है कि नूतन नियुक्त भारतीय कमिश्नर भी इसी सुरमें अपना सुर मिला रहे हैं जिससे हिन्दू जनता और भी विचलित होने लगी है। मैं समझता हूं कि संन्यासी और कमिश्नर यहाँके निवासी नहीं है। वे हमारे मेहमान हैं। यहाँ की स्थितिसे भी वे अनभिज्ञ हैं। साल दो साल बाद वे यहाँ से चले जायंगे और वह भी हमेशाके लिये। दोनों हिन्दू हैं। हमारी प्रार्थना होगी कि Charity begins at Home। पहले इस कहावतके अनुसार वे महानुभाव हिन्दुओंके मार्गदर्शक बनें। दरियामें कूदनेसे पहले नदीमें डुबकी लगाकर अनुभव लेना अधिक हितप्रद होगा। हरएक कौमके अपने नेता हैं केवल हिन्दूही ऐसे हैं जिनका अपना खास कोई नेता नहीं क्योंकि वे सब साधु हैं और इसी लिये हिन्दू सदैव हीन-दीन एवं चारपाईके आधीन।

यहांके एक बैरिस्टर श्री गोवरधन चेकोस्लावाकियाके हिन्दी-दूतालयमें मंत्री नियुक्त हुए हैं। कहते हैं कि उनके फ्रेन्च भाषाके ज्ञानके कारण उन्हें यह पद प्राप्त हुआ है। यहाँके सुशिक्षितों (इंग्लिश-फ्रेंचके विद्वानों) की नज़र उपरोक्त घटनासे भारतकी ओर लगी है जिससे यह लोग कमिश्नरके कृपापात्र बननेकी अधिक कोशिश करते हैं। बहुतोंने यह समझ लिया हैं कि पंडित नेहरूके गीत गाते रहने से यहां मान होगा और भारतमें उन्हें कोई नौकरी प्राप्त हो जायगी।

"आर्यवीर-जाग्रति" पत्र अपनी स्पष्टोक्तिके द्वारा कभी कभी हिन्दुओंके कानको खड़ा कर दिया करता था लेकिन "प्रवासी" ने उसे ऐसा मारा कि वह भी अब संन्यास लेकर अपना जीवन एकान्तमें व्यतीत कर रहा है और शायद समाधि भी ले लेवे तो आश्चर्य नहीं।

दूसरी पत्रिका है "जनता" जो केवल मजदूरोंकी चर्चा में ही अपने कर्तव्यका इति श्री समझती है। हिन्दू समाजिक हितोंका वह पक्षपाती नहीं है। आप देखें कि मैंने ऊपर जो कुछ लिखा है वैसी कोई चर्चा वे दोनों पत्र नहीं करते हैं।

इन सब बातोंके सामूहिक प्रभावसे हिन्दू लोग अपनी समस्याओंके प्रति अनजान और इसलिये उदासीन रहते हैं और फलस्वरूप हिन्दू जाति शनैःशनैः घटती जाती है। श्री देवजीके उद्योगसे श्री रामप्रकाश नामक एक प्रोफेसर यहां पधारे हैं जो भारतीय संस्कृति (INDIAN CULTURE) की शिक्षा हिन्दी छात्रोंको देंगे। देखें भारतीय संस्कृतिमें हिन्दुत्वका कितना भाग होता है?

—जीवानन्द शर्मा।

CC-0. Prof. Satya Vrat Shastri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बाबा रमता योगीकी कलिकाल-कथा

बाबा रमता योगी "प्रवासी" सम्पादकके बहुत पुराने सहयोगी हैं। जब नेटालसे "हिन्दी" नामक साप्ताहिक पत्र हिन्दी और अंग्रेजीमें निकलता था तो उस अखबारके भी प्रत्येक अंकमें रमता बाबा कुछ न कुछ लिखा ही करते थे। इसमें तो सन्देह नहीं कि रमताजी बहुत पुराने पत्रकार हैं और पत्रकारोंके बिचारका आदर करना "प्रवासी" सम्पादक अपना कर्तव्य समझते हैं, चाहे वह विचार उनके निजी विचारसे कितनाही भिन्न क्यों न हो। यह तो पाठक जानते हैं कि "प्रवासी" सम्पादकने इस पत्रका उद्देश्य रखा हैं—प्रवासी भारतीयोंकी समस्याओं एवं सामग्रियोंका संकलन एवँ प्रकाशन और इसके भिन्न विषयोंसे सर्वथा तटस्थता एवँ विरक्ति। अतएव अबतक "प्रवासी" के पिछले अंकोंमें जितने भी लेख निकले हैं वे सब किसी न किसी रूपमें प्रवासी भारतीयोंसे ही सम्बन्ध रखते हैं। "प्रवासी" में केवल रमता बाबाकी कथाही एक ऐसी है जिसमें अन्य विषयोंपर भी चर्चा हो जाया करती है। यद्यपि रमता बाबाको यह बात अच्छी तरह समझा दी गई है कि वे प्रवासी भारतीयोंके सम्बन्धमें जो कुछ चाहें लिखा करें, इससे भिन्न विषय पर कुछ लिखना "प्रवासी" के सिद्धान्त और उद्देश्यके प्रतिकूल होगा तथापि रमता बाबा "प्रवासी" की इस निर्धारित नीति पर अमल नहीं करते और प्रायः विभिन्न विषयों पर भी अपना अभिमत प्रकट किया करते हैं।

इधर जबसे सम्पादकजी बीमार हुए हैं तबसे उनके लेख जिस रूपमें मिलते हैं उसी रूपमें प्रकाशित हो जाते हैं—उनमें हेरफेर देनाया काट-छाँट करना "प्रवासी" के कर्मचारियोंके अधिकार और शक्तिसे बाहरकी बात है। अतएव बाबा रमता योगीकी कुछ ऐसी टिपण्णियाँ भी छप गई हैं जिनसे सम्पादकजीके अनेक मित्रों और "प्रवासी" के अनेक हितैषियोंको भी व्यथा पहुँची है। कुछ अखबारोंमें रमताजीके लेखोंकी समालोचना भी निकली है किन्तु विस्मयकी बात यह है कि समालोचक महाशय शायद लेखक और सम्पादकका भेद नहीं जानते, उनके ख्यालमें रमता बाबा और सम्पादकजी दोनों एक ही व्यक्ति हैं इसलिए वे रमता बाबाके विचारको "प्रवासी" का विचार समझ कर सम्पादकजी पर व्यक्तिगत आक्षेप करनेसे भी बाज नहीं आये हैं। "प्रवासी" में कईबार इस बातकी उद्घोषणा कर दी गई है कि रमता बाबाके विचार उनके निजी विचार हैं उसके लिये "प्रवासी" जिम्मेदार नहीं। फिर भी हिन्दी जगतमें कुछ ऐसे बुद्धिमान जीव पड़े हुए हैं जो लेखक, सम्पादक और संचालकमें कोई अन्तर नहीं समझते और सबके बिचारों और कार्यों के लिये पत्र-संचालकको ही दोषी मान बैठते हैं।

सम्पादकजीकी रूग्नावस्थाके कारण उनसे इस विषय की चर्चा करना हम उचित नहीं समझते हैं और "हिन्दुस्तान टाइम्स" के सिवा और कोई अखबार भी उनके सामने नहीं रखते परन्तु किसी महापुरुषने स्थानीय पत्र का एक कतरन और मोरिशसके एक महानुभावने दो पृष्टके अखबारका एक अंक लिफाफेमें भरकर सम्पादकजीके पास भेजना उचित समझा जिनमें रमता योगीके लेखको लेकर उनपर और "प्रवासी" पर अनर्गल, असंगत, असत्य, अशिष्ट और अन्यायपूर्ण आक्षेप किये गये हैं। सम्पादकजी को इस बातका दुःख नहीं हैं कि उनपर और उनके "प्रवासी" पर क्यों मिथ्या आक्षेप किये गये हैं क्योंकि इस प्रकारके आक्षेप सहनेके वे आदि हो चुके हैं, जो उनको गालियाँ देता है उनके लिये उनके शब्दकोषमें "आशीर्वाद" के सिवा अन्य कोई शब्द नहीं है। यदि उनको कोई दुःख है तो यह कि हिन्दीके कुछ नामधारी पत्रकार और विद्वान भी लेखक, सम्पादक और संचालकका भेद नहीं समझते और किसी लेखकके विचारके लिये सम्पादक को जिम्मेदार समझ लेते हैं।

एक बार हम फिर इस बातकी पुनरावृत्ति कर देना चाहते हैं कि रमता बाबा "प्रवासी" के एक स्थायी और प्रतिष्ठित लेखक अवश्य हैं परन्तु वे जो कुछ लिखते हैं उनके लिये वे स्वयँ जिम्मेदार हैं—"प्रवासी" और उसके सम्पादक रमता बाबाके विचारोंके लिये कदापि जिम्मेदार नहीं। हाँ, वे एक पत्रकारके हैसियतसे रमता बाबाके विचारोंका आदर करते आये हैं और करते रहेंगे। यह तो रमता बाबाकी "प्रवासी" पर बहुत बड़ी कृपा है कि वे निःस्वार्थ भावसे "प्रवासी" की सेवा कर रहे हैं और अपनी सेवाके बदलेमें "प्रवासी" से कभी कुछ लेते भी नहीं हैं। "प्रवासी" उनके स्नेह, सेवा और सहायता के लिये चिरऋणी रहेगा। आशा है कि रमता बाबा भी इस सूचनाके प्रकाशन पर कुछ बुरा न मानेंगे और भविष्यमें भी उसी निष्ठासे "प्रवासी" की सेवामें लगे रहेंगे जिस निष्ठासे अबतक सेवा करते आये हैं।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri



फटकार ।

"प्रवासी" के सम्पादकजीकी लिखी हुई तो नहीं लेकिन उनकी सही की हुई एक चिट्ठी मुझे मिली जिसको पढ़कर चीरो तो मेरे बदनमें लहू नहीं। उस चिट्ठी में मुझ को यह उलाहना दिया गया है कि मेरे लेखोंकी खरी-खरी बातोंसे सम्पादकजीके कुछ दोस्तों और "प्रवासी" के कुछ शुभचिन्तकोंके दिल पर चोट पहुँच रही है और मेरे विचारोंके लिये सम्पादकजी तथा उनके "प्रवासी" को जिम्मेदार ठहराया जा रहा है इसलिये मुझे यह हिदायत की गई है कि आइन्दे मैं कोई ऐसी बात न लिखूँ जो किसीको बुरी मालूम हो। इस पत्रसे मुझे जो व्यथा हुई है उसको लिखकर बताना कठिन है। मेरे ख्यालमें इससे बेहतर तो यह होता कि मुझे "प्रवासी" की सेवासे मौकूफ कर दिया जाता और साफ-साफ कह दिया जाता कि "प्रवासी" को अब मेरी सेवाकी जरूरत नहीं रही—मुझे उसका पिण्ड छोड़कर अपना रास्ता नापना चाहिये और कोई दूसरा दरवाजा देखना चाहिये। खैर, यदि सम्पादकजीको साफ-साफ कहनेमें संकोच होता है तो मुझे क्या करना चाहिये, यह मैं जानता हूँ—अक्लमन्दके लिये इशारा काफी होता है। पर जबतक सम्पादकजी बीमार हैं तबतक मैं अपने निश्चय को अमलमें नहीं ला सकता क्योंकि ऐसा करना सम्पादकजीके साथ विश्वासघात करना होगा—ऐन मौके पर और इस जरूरतकी घड़ीमें "प्रवासी" से सम्बन्ध-विच्छेद कर लेना किसी भी दृष्टिमें उचित नहीं समझा जायगा। सम्पादकजीके स्वस्थ हो जाने पर मुझे दो बातोंमें से एकको चुन लेना होगा। या तो मैं ऐसे लेख लिखा करूँ जिससे सम्पादकजीके मित्र संतुष्ट और प्रसन्न रहें अथवा मैं अपने अन्तरात्मा की आवाजके अनुसार खरी-खरी बात कहने में किसीकी परवाह न करूँ। समय आनेपर इन दोनों मेंसे किस बातको मैं पसन्द करूँगा, इसका फैसला निकट-भविष्य में मिल जायगा।

❀ ❀ ❀ ❀ ❀

'हिन्दी' राष्ट्रभाषाके सिंहासन पर।

इस खबरसे प्रवासी भाइयोंकी खुशीकी हद नहीं रहेगी कि "हिन्दी" भारतकी राष्ट्रभाषाके रूपमें स्वीकार कर ली गई। इस विशाल देशमें बसने वाले तामिल, तैलेगू, मलायालम, कनाडा, आसामी, उड़िया, बङ्गला, गुजराती, मराठी, पंजाबी आदि सभी भाषाभाषियोंने एक मतसे भारतके संबिधान परिषद्में हिन्दीको राष्ट्रभाषाके सिंहासनपर बिठा दिया। इस घटना की यह सर्वोपरि महत्वकी घटना है—हमारे जीवन काल यह सबसे बढ़कर विलक्षण बात है। हिन्दीको राष्ट्रभाषा बनाकर जहाँ सारा देश हर्षोल्लाससे गद्गद हो उठा है वहाँ यह बात संबिधान परिषदके कुछ मुस्लिम सदस्योंको बहुत बुरी लगी है, हिन्दीको राष्ट्रभाषाके पदपर प्रतिष्ठित होते हुए देखकर ईर्षा एवं द्वेषसे वे मर्माहत हो उठे हैं और अपने दिलके गुबार निकालनेसे भी बाज नहीं आये हैं। सच बात तो यह है कि उर्दूके कुछ हिमायती 'हिन्दुस्तानी' की आड़में उसे भारतके मत्थे मढ़नेके लिये मनसूबे बांध रहे थे लेकिन उनकी दाल गलने नहीं पाई—वे एक विदेशी लदनेवाली हुई जुबानको भारतकी कौमी जुबान नहीं बना सके और इसलिये उनकी निराशाकी हद नहीं रही। उनके पास एक बहुत बड़ा औजार था और वह था महात्मा गांधीकी राय और सलाहकी दोहाई। उनको पक्का यकीन था कि वे इसी औजारसे हिन्दीकी जड़ मूलसे उखाड़ फेंकेंगे और उसकी जगह 'हिंदुस्तानी' के नामसे उर्दूका पौधा रोप देंगे पर उनकी चालाकी चलने न पाई और भारतने नागरी लिपिमें लिखित हिंदीको अपनी राष्ट्रभाषा बना लिया।

इस अवसरपर मौलाना आजाद भी खामोश न रह सके और उन्होंने अपनी तकरीरमें जहां संविधान परिषद् कॉंग्रेस सदस्योंपर अदूरदर्शिता, संकीर्णता और साम्प्रदायिकताका लांछन लगाया वहाँ भारतके उज्वल भविष्यमें भी संदेह प्रकट किया। उनके कथनका मथन यह था कि पिछली एक चौथाई सदीसे कॉंग्रेस मौलानाके प्रस्तावको मंजूर कर उर्दू और नागरी लिपिमें लिखी जानेवाली हिन्दी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

स्थानी जुबानको भारतकी राष्ट्रभाषा मान चुकी थी, महात्मा गांधीकी भी यही राय और सलाह थी कि दोनों लिपियोंके साथ हिंदुस्थानीकोही देशकी राज-भाषा बनानी चाहिये लेकिन काँग्रेसके मौजूदा मेम्बर अपने असूलको भूल गये, उन्होंने अपने नीतिका खून कर डाला और अपनी साम्प्रदायिक मनोवृत्तिका परिचय देकर उर्दू लिपिको किसी भी राज-काजके लिये मंजूर नहीं किया, यहां तक कि सरकारी सूचनाएँ और विज्ञप्तियाँ भी उर्दू लिपिमें निकाले जानेका प्रचंड विरोध किया। इस प्रकार उर्दू लिपिका सर्वथा बहिष्कार कर दिया गया जो देशहितकी दृष्टिसे वांछनीय नहीं कहा जा सकता।

मौलानाके ख्यालमें हिंदीको राष्ट्रभाषा बनाया जाना हिंदू फिर्केबंदीकी फतह और मुल्ककी बदकिस्मती है। संविधान परिषदके मुस्लिम सदस्योंपर मौलानाकी तकरीर का ऐसा असर पड़ा कि युक्तप्रांतके लीगी नेता लारी साहब परिषद्की सदस्यतासे इस्तीफा दे बैठे। मौलानाकी दलीलें सुनकर हम तो दंग रह गये। भाषापर फिर्केबंदीका किसने रंग चढ़ाया—हिंदुओंने या मुसलमानोंने? हिंदू तो हमेशाही उर्दूके हिमायती रहे हैं—उर्दूको वे हिंदीकी एक शैली मानते आये हैं। उन्होंने भाषाके मैदानमें कभी भी फिर्केबन्दीको दाखिल होने नहीं दिया। आज भी लाखों हिन्दू उर्दू पढ़ते हैं, उर्दूमें अखबार निकालते हैं, उर्दूमें किताबें लिखते हैं और उर्दूमें अपना सारा कारबार चलाते हैं। इस हालतमें उनको उर्दूसे कैसे नफरत हो सकती है? यह तो जनाब मोहम्मद अली जिन्ना थे जिन्होंने यह ऐलान किया कि मुसलमानोंकी भाषा उर्दू है और हिंदुओं की हिंदी। इसीलिये पाकिस्थानमें हिन्दीका नाम-निशान भी न रहा और वहांकी राजभाषा उर्दू बनाई गई है। भारतके संविधानमें अन्य प्रान्तीय भाषाओंकी भांति उर्दू को भी देशकी एक भाषा मान लिया गया है। हमारे मुसलमान भाई इससे अधिक और क्या चाहते हैं? हिंदी बिहार, संयुक्त-प्रांत, मध्यप्रांत, राजस्थान, मध्य-भारत आदि प्रांतों और रियासतोंकी राजभाषा बन चुकी है, बीस करोड़ आदमी हिन्दी बोलते हैं और भारतके अन्य प्रांतीय भाषाओंके साथ हिन्दीका घनिष्ट सम्बन्ध है। इस स्थिति में हिन्दीको छोड़कर 'हिन्दुस्थानी' के नामसे उर्दूको राष्ट्र भाषा बनाना कहाँकी दूरदर्शिता, देशहितैषिता और बुद्धिमत्ता है? उर्दू न तो किसी प्रांतकी भाषा है और न किसी खास समाजकी। मद्रास, बङ्गाल, महाराष्ट्र, गुजरात आदि प्रांतोंके मुसलमान अपनी प्रांतीय भाषाएँ बोलते और उसीमें लिखते-पढ़ते हैं। सिर्फ पंजाब, दिल्ली, संयुक्तप्रांत, मध्यप्रांत और बिहारके देहातोंके तो नहीं, शहरोंके चन्द मुसलमानों और हिन्दुओंने उर्दूको अपनी भाषा बना रखी है। उन मुट्ठी भर रईसोंके लिहाजसे सारे देशपर 'हिंदुस्थानी' के नामसे उर्दूको थोपना ऐसा प्रचण्ड राष्ट्रिय पाप होता जिसका कोई प्रायश्चितही नहीं।

हाँ, अंग्रेजीके भक्तोंने अपना काम बना लिया। संविधान परिषदने यह निश्चय किया है कि अगले पन्द्रह साल तक अंग्रेजीमेंही राज-काज चलेगा और इस दरम्यानमें हिंदीके शब्द भण्डारको भरकर अंग्रेजीका स्थान ग्रहण करने के लिए तैयार करना होगा। इसमें तो संदेह नहीं कि हिन्दीमें अभी कानून, विज्ञान आदि विषयोंके लिये यथेष्ट शब्द नहीं, शब्दोंके सृजनमें कुछ समय अवश्य लगेगा पर हमारे ख्यालमें इसके लिये दस सालकी अवधि काफी थी। अब तो परिषदने जो कुछ भी निर्णयकर दिया है उसीपर हमें संतोष करना होगा। हिन्दीके ग्रन्थकारों और पत्रकारों पर हिंदीको सम्पन्न बनानेकी बहुत बड़ी जिम्मेदारी आ पड़ी है।

❀ ❀ ❀ ❀ ❀

धीरू भाईकी धृष्टता।

स्वीज़रलैण्डमें भी भारतका दूतावास है। वहांके राजदूत श्री धीरू भाई देसाई हैं। वे महाशय शायद प्रसिद्ध स्वर्गीय श्री भूला भाई देसाईके आत्मज हैं। वे हालही में रोमके पोपके दर्शन कर आये हैं। पोपके सामने उनका होश-हवास ठिकाने न रहा और उनके मुँहसे यह बात निकल आई कि जबतक भारतमें बाइबिलकी एक प्रति भी बची रहेगी तबतक एक तो क्या, सैकड़ों गीताके नष्ट हो जाने पर भी देशका कुछ बिगड़ेगा नहीं। धीरू भाईकी इस धृष्टता पर सारा देश क्रोधसे काँप उठा है। कहाँ गीता और कहाँ बाइबिल—कहाँ राजा भोज और कहाँ भोंदू जाट? दोनोंमें तुलना कैसी? एकमें तत्वज्ञानका दिग्दर्शन है और दूसरेमें भूत-प्रेतोंकी असंभव कहानियाँ! हम बाइबिलकी इज्जत करते हैं, उसे एक सम्प्रदायका पवित्र ग्रन्थ मानते हैं पर इसके साथही एक भारतीय होनेके नाते गीताका अपमान कैसे सह सकते हैं? यदि किसी

हालमें भारत सरकारने दो वार वहाँकी अवस्थाका पता लगानेकी चेष्टा की। सन १९२४ में कुँवर (अब राजा) महाराज सिंह वहाँके भारतीयोंकी सारी समस्याओंकी जाँचके लिये भेजे गये थे और फिर सन १९४० में श्री रिडली को, जो उन दिनों दक्षिण अफ्रिकाके भारतीय एजन्ट जनरलके सेक्रटरी थे, इसी कामके लिये वहाँ भेजा गया था। श्री महाराज सिंह की जाँचसे यह मालूम हुआ कि भारतसे नये प्रवासियोंके जानेपर वहाँके स्थायी प्रवासियोंकी आर्थिक स्थितिपर घातक प्रभाव होगा। इस लिये भारत सरकारने और प्रवासियोंको वहाँ भेजना बंद कर दिया। जो पहले वहाँ जा चुके थे उनमेंसे भी बहुतसे भारतीय गिरमिट समाप्त होनेपर स्वदेश लौट आये। श्री रिडलीने वहाँके प्रवासी भारतीयोंकी साधारण स्थितिकी और खासकर मजदूरों तथा छोटे-छोटे किसानोंकी शिकायतोंकी जाँच की थी। यह प्रासंगिक जाँच-पड़ताल वहाँकी समस्याओंकी शृंखलाको स्पर्श भी नही कर पाई है। इनको वहाँकी असली हालतका पता लगानेका प्रयास कह सकते हैं, और इनसे भारत

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सरकारको वहाँकी परिस्थितिका परिचय तो मिल गया पर प्रवासी भारतीयोंकी स्थितिमें कोई सुधार न हो सका। वहाँ भारत सरकारका अबतक कोई प्रतिनिधि था ही नही जो प्रवासी भारतीयोंकी विभिन्न समस्याओं के सुलझानेमें उनकी सहायता किया करता।

यह तो हालमें भारतने वहाँ अपना कमिश्नर भेजनेका संकल्प किया है और लंडनके औपनिवेशिक कार्यालयकी वहाँ भारतीय प्रतिनिधिकी नियुक्ति पर अबतक जो घोर आपत्ति रही है, भारतके स्वतंत्र हो जानेके कारण उसका भी अब अंत आ सका है। भारतीय कमिश्नरका सबसे पहला काम यह होगा कि वह वहाँके प्रवासी भारतीयोंमें परस्पर मेल-मिलाप और संगठनका भाव बढावे। इससे उनको अपनी स्थितिको सुधारनेके लिये अन्य सभी साधन भी उपलब्ध हो जायँगे और वहाँके शासन विधान या दीवानी कानूनमें कोई परिवर्त्तन करनेकी भी आवश्यकता न पड़ेगी। उनमें अपने नैसर्गिक अधिकारका ज्ञान हो जानाही उनके उद्धारका सर्वोत्तम मार्ग है।

चूंकि मोरिशसके भारतीयोंमें अधिकांश मजदूर हैं। इस लिये स्वभावतः वे आर्थिक दृष्टिसे निर्धन हैं। इधर कुछ कालसे व्यापार तथा उच्च पेशेमें उनकी पैसारी और प्रवृद्धि हो रही है। द्वीपके कुछ भागोंमें जमीन-जगह खरीदनेमें भी भारतीयोंने काफी अनुराग दिखाया है इससे उनकी आर्थिक स्थिति सुधरनेका पथ प्रशस्त हो रहा है। मोरिशसकी राजधानी पोर्ट लुईके म्युनिसिपल क्षेत्रमें जितने जमीन-मकान है उनमें ६० प्रतिशतके मालिक भारतीय हैं। पर मोरिशस बड़ी बड़ी जमीन्दारियोंका देश है और ये जमीन्दारियाँ श्वेताङ्गोंके कब्जेमें है। इन जमीन्दारियोंमें भारतीय केवल किरायेके मजदूरकी तरह काम करते हैं। यह कल्पना भी नही की जा सकती कि सुदूर भविष्यमें भी इन जमीन्दारियोंपर भारतीयोंका दखल हो सकेगा।

मोरशियन भारतीयोंको अपनी आर्थिक दशा सुधारनेके लिये दो बातोंको सामने रखकर काम करना होगा—एक तो वेतनके दरमें संतोषजनक वृद्धि और दूसरी यह कि व्यापार, उच्च पेशे और सरकारी नौकरियों में आजकी अपेक्षा अधिक और उचित भागकी प्राप्ति। जो मोरशियन विद्यार्थी भारतीय विश्व-विद्यालयोंमें कानून और चिकित्सा-शास्त्रकी परीक्षा पास करें उनकी डिग्रीको मोरिशसमें मंजूर कर ली जाय और वर्तमान प्रतिबंध हटा दिया जाय। भारतीयोंको अपनी संख्याके अनुपातसे सरकारी नौकरियोंमें हिस्सा मिलनीचाहिये।

मोरिशसको भारत ही सबसे अधिक तैयार माल भेजता है। इस लिये प्रवासी भारतीय वहाँके आयात व्यापारमें उचित अधिकारका दावा कर सकते हैं। इससे प्रवासी भारतीयोंको और भी अधिक लाभ होगा और गौराङ्गोंसे, जिनका बड़े बड़े खेतों और उद्योग धंधोंपर एकाधिपत्य है, उनका सम्मान बढ़ेगा।

इस समय भारतीयोंको जो कुछ अधिकार मिला है उसका उपयोग करते हुए वयस्क मताधिकार प्राप्त करनेके लिये प्रयत्नशील रहना चाहिये। यही उनके सर्व व्याधियोंकी रामबाण औषधि है। वयस्क मताधिकार प्राप्त हो जानेपर मोरिशस पर उनका सम्पूर्ण आधिपत्य हो जायगा, वेही उसके सच्चे अर्थोंमें स्वामी बन जायँगे। इस दरम्यानमें उनको अपनी राजनीतिक स्थितिको उन्नत बनानी चाहिये। वहाँ अभी कोई ऐसा संघ नहीं है जो उनका राजनीतिक प्रतिनिधित्व कर सके। अतएव उनको यथा संभव शीघ्रही 'मोरिशियन इंडियन काँग्रेस' (Mauritian Indian Congress) की बुनियाद डाल देनी चाहिये और उसे ऐसा मजबूत बनानेकी कोशिश करनी चाहिये जिसकी आवाजकी न लंडन उपेक्षा कर सके और न नई दिल्ली।

कोलम्बो, ९ अगस्त। सिंहल भारतीय काँग्रेस के अध्यक्ष श्री ए० अजीजने कहा कि ४ अगस्तको व्यवस्था सभामें उपस्थित किये गये सिंहल-नागरिकता बिलके अनुसार ८ लाख भारतीय विदेशी बन जायँगे।

उन्होंने कहा है कि भारत और सिंहलके बीच जो बातचीत चल रही है वह जबतक समाप्त न हो जाय तबतक इस बिल पर विचार करना स्थगित किया जाय। भारत सरकारसे उन्होंने सिंहल सरकारको यह लिखनेका अनुरोध किया है कि जबतक भारत और सिंहलके बीच नागरिकताका प्रश्न हल न हो जाय तब तक इस बिलपर विचार नहीं किया जाय।

अन्तमें श्री अजीजने आशा की है कि भारत सरकार इस कार्यमें विलम्ब न करेगी।

(इसपर संपादकीय टिप्पणी देखिये)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri



जिन दिनों हमारे स्वनामधन्य राजा महेन्द्र प्रताप जी विदेशों में विचरन कर रहे थे उन दिनों उन्होंने अपना पुनः नामकरण संस्कार करना उचित समझा था क्योंकि उनका यह संस्कृत नाम हिंदूत्वका स्पष्ट सूचक है जो उनके लक्ष्यकी पूर्तिमें भारी बाधक है। इस लिये आपने अपना नया नाम रख लिया था—'पीटर-पीर-प्रताप'। यही नाम आपने अपनी चिट्ठीके सरनामेपर छपवा लिया था और हस्ताक्षरमें भी इसी नामका उपयोग होता था। इस नामसे राजा साहबका मतलब यह था कि वे ईसाई भी हैं, मुसलमान भी हैं और हिंदू भी हैं अथवा यों कहिये कि तीनोंके संमिश्रण हैं। इस लिये उस दिन जब अखबारोंमें यह खबर छपी कि वृन्दाबनमें गत ईदके अवसरपर राजा साहब अपने कुछ हिंदू और सिख शिष्योंके साथ मसजिद में गये थे और ईदकी नमाजमें शरीक हुए थे तो मुझे कुछ भी आश्चर्य न हुआ, यद्यपि दैनिक "विश्वमित्र" ने 'राजा महेन्द्र प्रतापके कारनामे' शिर्षक देकर इस सम्वादको प्रकाशित किया था।

* * * *

शायद हमारे पत्रकार बंधुओंको यह बात नहीं मालूम है कि राजा महेन्द्र प्रतापजी इस समय ईरानसे अफगानिस्थान तक एक 'आर्यान' बनानेमें व्यस्त हैं। यह 'आर्यान' किस बलाका नाम है, इसका पता लगानेके लिये पत्रकारोंको विश्वकोषका सहारा लेना पड़ेगा। संस्कृतमें उचित 'आर्य' या अंग्रेजीके 'आर्यन' (Aryan) शब्द का यह नया संस्करण है। हाँ, तो राजा साहबने यह प्रण धारण कर लिया है कि ईरानसे आसामतक एक आर्यान बनाये बिना दम न लेंगे। इस महत्कार्य को पूरा करनेके लिये नमाजही सर्वोपरि साधन है। ईरान तो नमाजी हैं ही, जहाँ ज़रदुश्तका नामलेवा भी कोई नही बचा है। उनके सामने इस्लामके गाजियों ने साफ तौरसे दो बातें रख दी थी और वह यह कि या तो वे नमाजको कबूल करें अथवा मौतको। जो थोड़ेसे धर्माभिमानी ईरानसे भागकर हिंदुस्थान की शरणमें आ गये और जो पारसीके नामसे प्रसिद्ध हैं वही पुरातन ईरानके निशान रह गये हैं। इसी प्रकार अफगानिस्तान भी नमाजी बन गया। इधर विधिकी विडम्बनासे भारतके पश्चिम और पूर्वका भाग पाकिस्तानके नामसे नमाजी रियासत बन ही गई। बस, बीचमे रह गये हैं यह गैर नमाजी धर्मान्ध हिंदू और सिख—ऐसे पागल धर्मान्ध कि साठ-सत्तर लाख आदमी अपने घर-वार, जमीन-जायदाद, माल-असबाब, धन-दौलत सब कुछ त्यागकर आज हिंदुस्थानकी गलियोंमें मारे-मारे फिरते हैं पर इन मूर्खोंको नमाज पढ़कर आरामसे पाकिस्तानमें रहना पसंद न आया। इन्हीं धर्मान्ध हिंदू और सिखोंको राजा महेन्द्र प्रताप नमाजी बना रहे हैं और इनके नमाजी बनते ही राजा साहबका 'आर्यान' का सपना पूरा हो जायगा और ईरान से आसामतक एकाकार हो जायगा। हमारे राजा पीटर-पीर-प्रतापका यह महान आर्यान ईरानसे आसामतकही सीमित न रहे बल्कि भूलोकसे स्वर्गतक विस्तृत हो जावे, यही गॉड-अल्लाह-ईश्वरसे हमारी प्रेयर-इल्तजा-प्रार्थना है।

* * * *

हैदराबाद पर हिंदुस्थान जो जुल्म ढाह रहा है उससे हमारे राजा पीटर-पीर-प्रताप मर्माहत हो उठे हैं। भारतके अत्याचारोंकी देशमें भला किसे खबर नही है? बेचारे सीधे-सादे और निहत्थे रजाकारोंको व्यर्थमें सताया और बदनाम किया जा रहा है। हिंदू तो अपनी नाक कटाकर दूसरोंका असगुन करनेमें प्रसिद्ध ही है—वे बदमाश लाखों की तादादमें अपना बसा-बसाया घर फूँक या उजाड़ कर भारतमें शरणार्थी बनकर पहुँच गये है और हैदराबादकी फौज, पुलिस और रजाकारों पर तोहमत लगा रहे हैं कि वे हिंदुओंको कत्ल कर रहे हैं, उनका घर जला रहे हैं, और उनकी औरतोंकी आबरु उतार रहे हैं। हिंदू पत्रकार

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

॥ सम्पादकीय स्पष्टीकरण ॥

हमारे कुछ पाठक यह समझ बैठे हैं कि बाबा रमता योगीकी कलिकाल कथा और सम्पादकीय विचारमें कोई अंतर नही है—दोनों एक ही कलमकी कृतियाँ हैं पर यह धारणा सर्वथा भ्रमात्मक और निराधार है। रमता योगी सम्पादकसे भिन्न एक विशिष्ट व्यक्ति हैं और वे स्वतंत्र प्रकृतिके एक निर्भीक पत्रकार हैं। उनसे कई बातोंसे हमारा गहरा मतभेद हो जाता है, फिर भी उनके लेखोंमें काट छाँट करनेका हमें अधिकार नही है क्योंकि इसी शर्त पर उन्होंने "प्रवासी" की सेवा स्वीकार की है। यदि हम उनके स्वतंत्र विचारको दबानेका साहस करेंगे तो परिणाम यह होगा कि उनके सहयोग और सहायतासे हमें वंचित होना पड़ेगा। हम किसी पत्रकारके विचारमें हस्तक्षेप करना उचित भी नही समझते हैं। पर यह स्पष्ट कर देना अवश्यक प्रतीत होता है कि रमता योगी अपने विचारोंके लिये स्वयं जिम्मेदार हैं, सम्पादक नही। आशा है कि हमारे पाठक इस भेदको ध्यानमें रखेंगे और रमता योगीके विचारोंको एक स्वतंत्र पत्रकारका विचार समझेंगे, सम्पादकका विचार नही—सम्पादक।

अपने स्वभावके अनुसार दिन रात कलम चला रहे हैं और पानी पी-पीकर निजामको कोस रहे हैं। बेचारा निजाम किसीका क्या बिगाड़ रहा है? वह अपनी रियासत और आजादीके सिवा और किसीसे कुछ भी नही चाहता है। पर उससे कहा जाता है कि अपनी राजसत्ता प्रजाको दे डालो और भारतके हिस्सेदार बन कर रहो। भला इस जुल्मका कोई ठिकाना है? यदि अपनी हुकूमत प्रजाको सौंप दें तो फिर निजाम क्या बैठकर हजामत बनावें? और फिर हिंदू भारतके साथ हिस्सेदारी? छिः छिः यह तो और भी बुरी बात है? अंग्रेजोंकी गुलामी हिंदू-भारतके हिस्सेदारीसे हजार दर्जे अच्छी थी: हैदराबाद सदासे स्वतंत्र रहा है—अंग्रेजोंसे तो उसका 'विश्वासपात्र मित्र' का नाता रहा है और उसी दोस्तीको निबाहनेके लिये अंग्रेजोंने हैदराबादमें अपनी छावनी बनाई थी और फौज भी रख छोड़ी थी। सर यदुनाथ सरकार और पं० जयचंद्र विद्यालंकार इतिहासका ककहरा भी नही जानते जो कहते हैं कि हैदराबाद सदा दिल्लीके मातहत रहा है। 'निजाम' शब्दका सूत्रपात 'नाजिम' शब्दसे हुआ है जिसका अर्थ होता है गवर्नर या सर्वभौम सत्ताका डिपुटी। यह सब गलत बात है, निजाम सदासे सर्वतंत्र स्वतंत्र रहते आये हैं।

* * * *

बेचारे निजामकी आजादीपर नेहरु और पटेलकी गिद्धदृष्टि गड़ी हुई है। वे आम तौरसे कहते फिरते हैं कि निजाम न कभी स्वतंत्र रहा और न रह सकता है। वह भारतके पेटमें नासूर बन कर नही रह सकता, उसे या तो हिंदुस्थानका हिस्सेदार बनकर रहना पड़ेगा अथवा दुनियाकी तहसे मिट जाना पड़ेगा। बाप रे बाप! यह जुल्म! हमारे राजा पीटर-पीर-प्रतापसे यह जुल्म बर्दास्त न हो सका और उन्होंने फौरन भारतके गवर्नर जनरलको यह तार दे डाला,—"हमारे प्रधान मंत्रीने कहा था कि भारत सरकार देशी रियासतोंपर दबाव डालनेके विरुद्ध है, फिर हैदराबाद पर क्यों आर्थिक दबाव डाला जा रहा है जिससे वहाँके निवासियोंको कष्ट हो रहा है। जब अंग्रेज बादशाह (English King) की सत्ता स्वीकार करनेमें हमें कुछ भी शर्म नही आती है तो हैदराबादके बादशाह (Hyderabad King) को सहयोगीके रुपमें हम क्यों नही स्वीकार कर लेते हैं? बिदेशी इसमें दखल देने न पावें। हम अपने मामलेको खुदही निपटा लेंगे और ईरानसे आसामतक संयुक्त आयोजन बनावेंगे जो विश्वसंघके अंतर्गत पूर्ण स्वतंत्र होगा।" इस तारकी कापी राजा साहबने मौलानाआजाद और दिल्ली स्थित हैदराबादके एजंटके सिवा 'हिंदुस्थान टाइम्स' तथा 'इंडियन न्यूज क्रोनिकल' के संपादकोंके पास भी भेजी थी, पर इन कमवख्त संपादकोंके उसको छापा ही नहीं किसी पागलका प्रलाप समझकर रद्दीके टोकरेमें डाल दिया। इस धृष्टताका कोई ठिकाना है? हमारे राजा

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

साहबको इसीसे संतोष कहाँ ? उन्होंने हिज मेजस्टी बादशाह हैदराबाद (His Majesty King Hyderabad) को भी एक तार दे डाला जो इस प्रकारहै,—"आप शहंशाहकी स्वतंत्र भावनाकी मैं सराहना करता हूँ। अंग्रेजोंको जाने दीजिये। ईरानसे आसाम तक आर्यान बनानेके लिये हम अपने सारे सवालोंको सुलझा लेंगे।" जहाँ भारतके सारे रजवाड़े 'हिज हायनेस' कहे जाते हैं वहाँ अंग्रेजोंने निजाम को 'हिज एक्जोल्टड हायनेस' बना दिया था, पर किसीको क्या पता था कि भारतमें भी कोई ऐसा महापुरुष है जो निजामको 'हिज मेजस्टी' बनाकर छोड़ेगा ? खैर, हैदराबादके हिटलर कासिम रिजवी ही क्यों राजा साहबके तारसे वंचित रह जाते ? उनको भी राजा साहबने तार देकर बधाई दे डाली है और यह भी सलाह दी है कि अलीगढ़के पुराने छात्रोंको एकत्र होकर स्वतंत्रता और आर्यानकी एकताके लिये कटिबद्ध हो जाना चाहिये। प्रधान मंत्री पंडित नेहरुको भी राजा साहबने लिखा है कि, "मैं तबतक देशकी सेवा नही कर सकता जबतक वह लंडनकी पूँछमें बंधा है। पर मैं मानवताके हितके लिये शांतिके कार्य में सहायता करनेको तैयार हूँ। मुझे केवल एक वायुयानकी जरुरत है जो मुझे हैदराबाद, काबुल, तेहरान और काठमंडू पहुँचा दे। वहाँ आर्यानकी एकता और स्वाधीनतापर बातचीत करके हम अपनी समस्याएँ हल कर लेंगे।" पर खेद है कि राजा साहबके लिये वायुयानका बंदोबस्त कर देना तो अलग रहा, नेहरुजीने हँसकर उनकी बातोंको हवामें उड़ा देनाही उचित समझ लिया।

* * * *

राजा महेन्द्र प्रतापजीने 'सांवनकी झड़ी' शिर्षक एक पर्चा छपवाया है जिसका आशय यह है कि वे गत ४ जुलाईको लखनऊमें युक्तप्रांतिक काँग्रेस कमेटीमें शरीक हुए थे और वहाँ भाषण देना चाहते थे। प्रधान महोदयसे आज्ञा मांगी, वह मिल गई। पर ज्योंही राजा साहबने आर्यानका संदेश सुनाना शुरु किया त्योंही सदस्योंने चिल्लाहट मचा दी कि बस बहुत हो चुका, अब आप बैठ जाइये। पर राजा साहबका तो यह स्वभाव है कि जो उनकी बात सुनना न चाहे उसको जरुर और जबर्दस्ती सुनानाही चाहिये, इस लिये आपने अपना भाषण जारी रखा। पर सदस्योंका रुख देखकर आखिर प्रधानजीने आपको आगे बढ़नेसे रोक दिया। इसपर राजा साहब बहुत नाराज हुए है और उन्होंने यह पर्चा छपवाकर उनकी खूब खबर ली है पर राजा साहबको शांत होकर सोचना चाहिये कि क्यों उनकी बातें सुननेसे सदस्योंने इन्कार कर दिया ? इसे राजा साहब उनकी धृष्टता और मूर्खता समझकर संतुष्ट हो गये, पर क्या उन्होंने अपने हृदयको भी टटोला ? युक्तप्रांतिक काँग्रेस कमेटीके सदस्य न तो ऐसे मूर्ख और धृष्ट हैं और न राजा साहबसे उनकी कोई दुश्मनीही है जो उनकी अच्छी और सच्ची बातें सुननेसे इन्कार कर दें और टंडनजी जैसे अनुभावी प्रधान उनको बोलनेसे रोक देनाही ठीक समझें। इसका स्पष्ट कारण तो यह था कि राजा साहब फागुनमें मलार गा रहे थे। जहाँ प्रांतके आवश्यक समस्याओंपर विचार हो रहा था वहाँ उन्होंने अपनी पुरानी गाथा गाना और सबको अंग्रेजोंका गुलाम बनाना शुरु कर दिया। किसे अप्रासंगिक चर्चा रूचेगी ?

* * * *

राजा साहब भारतके पत्रकारोंपर भी सख्त नाराज हैं। वे अपने 'वर्ल्ड फेडरेशन' में लिखते हैं कि—"ऐसा प्रतीत होता है कि यहाँके शक्तिशाली दैनिक पत्रोंने अंग्रेज राजनीतिक नेताओं और व्यापारियोंके हाथों अपनी आत्माको बेच डाला है। वे मेरी खबरोंको दबानेमें जितना कर सकते हैं सब कुछ करते हैं। एकबार एक जाट नेता क्रोधमें आकर चिल्ला उठा था कि महात्मा गांधीके हाथ ? धोनेकी खबर भी इन गंदे अखबारोंमें छप जाती है, पर राजा महेन्द्र प्रतापकी सभाओंका उनमें उल्लेखतक नही होता।"

इन गंदे अखबारोंको क्या पता कि राजा साहब भी गांधीजीकी भाँति संसारके उद्धारके लिये पृथ्वीपर अवतीर्ण हुए हैं इस लिये राजा साहबके विचारों और कार्योंको प्रकाशित एवं प्रचारित करनेमें उनको अपना सौभाग्य समझना चाहिये। पर बेचारे पत्रकार करें तो क्या ? गांधीजीके हाथ-मुँह धोनेकी खबर पाठक चावसे पढ़ते थे और राजा साहबके व्याख्यानोंके विवरणपर दृष्टि भी डालना नही चाहते। इस लिये राजा साहबको चाहिये कि इस कृतघ्न देशके निवासियोंको अपनी वाणी और लेखनीसे उपदेश देना बंद कर दें और अपना समय आत्मचिंतन और भगवद्भजनमें लगावें।

* * * *

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मैंने "प्रवासी" के पांचवें अङ्कमें राजा महेन्द्र प्रतापके विचारोंकी कुछ समालोचना की थी। छठवें अङ्कमें संपादकजीने राजा साहबकी एक चिट्ठी छापी और मुझे हिदायत की गई कि आगे मैं राजा साहबके विषयमें कुछ न लिखूँ? कारण पूछनेपर संपादकजीने अपने एक श्रद्धेय मित्र और प्रसिद्ध पत्रकारकी चिट्ठी दिखलाई जिसमें उन्होंने लिखा था कि—"राजा महेन्द्र प्रतापजी भोले भाले आदमी हैं, उन्हें लिखना कमसे कम चाहिये—या यों कहिये कि लेखन ब्रह्मचर्य धारण कर लेना चाहिये। ५५ सालके बाद आदमीकी अक्ल कम होने लगती है, सरकार इसी लिये तो पचपन साल वालोंको रिटायर कर पेनशन दे देती है। उनकी पिछली सेवाओंको हम याद रखें। इधर अपने पुत्रकी मृत्युसे वे और भी अधिक पीड़ित हो गये हैं। उनके लेखोंसे मैं भी सहमत नही हूँ।" मैंने संपादक महोदयका हुक्म माथेपर चढ़ा लिया और इरादा कर लिया कि अब राजा साहबकी बेतुकी बातों पर भी मौन धारण किये रहूँगा। पर जब राजा साहब सीमासे आगे बढ़ रहे हैं, हैदराबादके मामलेमें दखल दे रहे हैं, निजाम को 'हिज मेजस्टी' बना रहे हैं और तार देकर उनको बधाई दे रहे हैं; यहाँतक कि रिजवीको तार देकर उसकी पीठ ठोंक रहे हैं तब राजा साहबकी इस देशघातक प्रवृत्ति की उपेक्षा करना देशहितकी दृष्टिसे घोर अपराध है। इस समय जो निजाम और रिजवीके पक्षका खुल्लम खुल्ला समर्थन करता है वह देशभक्त है या देशद्रोही? संपादक जी और उनके मित्र राजा साहबकी कारगुजारी देखें और तदनुकूल अपने विचारमें परिवर्त्तन करें।

* * * *

इस भूतलपर भारत सबसे बढ़कर दुःखी और दरिद्र देश है। यहाँके निवासियोंमें अधिकांश मनुष्य ऐसे कंगाल हैं जिनको न भरपेट रुखा सूखा भोजन मिलता है और न अङ्ग ढाकनेके लिये फटा-पुराना चिथड़ाही। करोड़ों आदमी गम खा कर और आँसू पीकर किसी तरह दिन काटते हैं। इन्हीं कंगालोंको देखकर महात्मा गांधीका कलेजा काँप उठा था, उन्होंने अपने शरीरके वस्त्र उतार दिये और कङ्गालोंकी भाँति लंगोटी बाँध ली थी। सन १९३१ में जब काँग्रेसका एक मात्र प्रतिनिधि बनकर गोल मेज परिषदमें शरीक होनेके लिये लंडन जा रहे थे तब लोगोंने उनसे विनती की थी कि कमसे कम यूरोपमें लंगोटी पहनकर जाना और वहाँ प्रवास करना शिष्टाचारके अनुकूल न होगा, इस लिये उनको अपनी पोशाकमें कुछ परिवर्त्तन कर लेना चाहिये। पर बापूने साफ जवाब दे दिया था कि वे एक महाकंगाल देशके प्रतिनिधिकी हैसियतसे लंडन जा रहे हैं, इस लिये उनको वहाँ कंगाल केही रुपमें जाना चाहिये। कङ्गालोंका प्रतिनिधि अमीरका वेश और ठाटबाट बनावे, यह प्रतारणाके सिवा और क्या है? महादेव भाई और देवदास भाईने कागज पत्र धरनेके लिये चमड़ेके थैले ले लिये थे, उनको भी बापूने वापस करा दिये थे और साफ कह दिया था कि वे दीन-दरिद्र प्रजाके प्रतिनिधिके साथ लंडन जा रहे हैं इस लिये उनको कंगालकी भाँति रहना चाहिये।

वही गरीब देश इधर और भी गरीब हो गया है। इस समय हमारे देशवासी जितना और जैसा कष्ट भोग रहे हैं उतना और वैसा कष्ट उन्होंने शायद पहले कभी नही भोगा था। आज मुट्ठीभर अन्न और बित्ता भर वस्त्रके लिये वे तरस रहे हैं। विश्वयुद्धसे पहले जब प्रांतों में काँग्रेस सरकारें कायम हुई थी तो महात्माजीने यही सलाह दी कि इस कंगाल देशमें किसी भी मिनिस्टरको ५००) रु० से अधिक वेतन न लेना चाहिये और उन दिनों वेतन तथा भत्ताके साथ १०००) रु० से अधिक कोई न लेता था। काँग्रेस-मंत्रियोंके इस त्यागपर सारा संसार आश्चर्य-चकित था। इस लिये कंगालोंमें आशा बँध गई थी कि काँग्रेसियोंके हाथमें हुकूमतकी बागडोर आनेपर उनके सारे दुःख दूर हो जायँगे और उन्हें अन्न-वस्त्रके लिये तरसना न पड़ेगा। पर उनकी आशा मृगतृष्णाही सिद्ध हो रही है। सालभरसे देश स्वतंत्र है और उन्हीं नेताओंके हाथमें सत्ताका सूत्र है जो छप्परसे गला फाड़-फाड़कर चिल्लाया और जनताको विश्वास दिलाया करते थे कि देशकी दरिद्रता हटाना, अन्न-वस्त्रका अभाव मिटाना और गरीबोंकी आर्थिक स्थिति सुधारनाही उनके शासनका मुख्य उद्देश्य होगा। पर इस स्वराजके सालमें गरीबों का दुःख घटनेके बदले और भी बढ़ गया है। अब अपनी असफलताकी यह सफाई दी जाने लगी है कि उनके पास जादूकी कोई झोली तो है नही जिसका मुँह खोल देनेपर रुपयोंका ढेर लग जावे और गरीबोंके क्लेश छू मंतर हो जावे। हम इस दलीलको मंजूर करते हैं। गरीबोंकी दशा

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

शनैः शनैः सुधर सकेगी। हमारे नेता उनकी दरिद्रताको फूँककर उड़ा नही सकते हैं।

* * *

पर सवाल तो यह है कि इस महाकंगाल देशके जो शासक और राजदूत बने या बनाये गये हैं उनको यद्यपि महात्मा गांधीके चरण-चिन्हपर चलनेके लिये बाध्य नही किया जा सकता तथापि उनसे यह आशा तो की जा सकती है कि वे इस कंगाल देशकी अवस्थाके अनुसार ही अपने रहन-सहन और खर्चकी व्यवस्था करें। पर हो क्या रहा है? अमेरिकाके दूतावासपर १२,५०,०००) और मास्कोके दूतावासपर ५,३९,०००) रु० सालाना खर्च किया जा रहा है। अमेरिकाके राजदूत श्री रामरावको ८,०००); चीनके श्री के० एम० पनिकरको ७,०००); मिश्र (इजिप्ट) के डा० सैयद हुसेनको ७,०००); टर्कीके दिवान चमनलालको ५,०००); अफगानिस्तानके श्री रुपचंदको ५,०००); ईरानके सैयद अली जहीरको ५,०००); फ्रांसके श्री एन० आर० पिल्लेको ६,५००); ब्रेजिलके एम० आर० मसानीको ५,५००); स्विजरलेण्डके श्री धीरुभाई भूला भाई देशाईको ५,०००); स्यामके श्री भगवत दयालको ३,६६७); नेपालके श्री सूरजीत सिंहको ३,०००); वर्मा के श्री एम० ए० रौफको लगभग ४,०००) रुपये मासिक वेतन और भत्ताके रुपमें मिलते हैं। इनके अतिरिक्त दक्षिण अफ्रिका, आस्ट्रेलिया, कनाड़ा और पाकिस्तानमें भारत के हाई कमिश्नर हैं उनको २,५००) मासिक वेतन मिलता है और देशकी स्थितिके अनुसार भत्ता भी। अब फिजी, मोरिशस, पूर्व अफ्रिका और ब्रिटिश वेस्ट इंडीजके लिये कमिश्नरोंकी नियुक्ति हुई है। इसके सिवा कई देशोंमें भारतके ट्रेड कमिश्नर भी हैं और दूतावासोंके साथ ट्रेड एडवायजर भी, जो बड़ी बड़ी तनखाहें पाते हैं।

* * *

यह है महाकंगाल देशके राजदूतों एवं कमिश्नरों के वेतन और भत्ता? कहनेकी आवश्यकता नही कि कूटनैतिक विभाग हमारे प्रधान मंत्री पं० जवाहरलाल नेहरूके अधीन है। राजदूतों और प्रतिनिधियोंका निर्वाचन और उनके वेतन तथा भत्ताका निर्धारण नेहरुजीकेही द्वारा होता है पर अफसोसके साथ कहना पड़ता है कि इस मामलेमें "अंधा बाँटे रेवड़ी फिर फिर अपनेहीको देने वाली लोकोक्तिको चरितार्थ कर रहे हैं। भारतके राजदूतोंमें नेहरुजी अपनी बहन श्रीमती विजय लक्ष्मी पंडितको सबसे अधिक रुपये वेतन और भत्ताके रुपमें देते हैं, उनको १२,५००) रु० मासिक दिया जाता है—सालाना १,५०,०००) डेढ़ लाख रुपये। शायद इङ्गलेण्ड के प्रधान मंत्री और अमेरिकाके प्रेसिडेन्ट भी इतने रुपये मासिक नही पाते हैं, पर भारत ठहरा महाकंगालोंका देश और उसके खजानेमें आती है भूखमरों और नंगोंकी गाढ़ी कमाई—फिर उससे गुलछर्रे उड़ानेमें हर्जही क्या है और इसपर किसीको दर्दही क्यों होना चाहिये? लंडनके हाई कमिश्नर श्री कृष्ण मेनन नेहरुजीके पुराने और परम मित्र हैं और बड़े बड़े देशभक्तोंमें एक हैं। लंडन में हाई कमिश्नरकी जो मोटर कार थी और जिसपर सवारी करनेमें उनसे पहलेके कमिश्नरोंको कोई शर्म नही आई थी, वह मोटर श्री कृष्ण मेननकी दृष्टिमें उनके पद प्रतिष्ठाके अनुकूल न जँची, इस लिये उन्होंने नेहरुजीसे नई मोटर माँगी और नेहरुजीने फौरन उनके लिये ५०,०००) पचास हजार रुपयेमें नई मोटर खरीद दी। नेहरुजीने इस खर्चकी आवश्यकता सिद्ध करनेके लिये पार्लामेंटमें फरमाया कि—"लंडनमें हाई कमिश्नरकी जो विशेष महत्वपूर्ण स्थिति है उसको दृष्टिमें रखकर उनके लिये बढ़िया मोटरका प्रबंध कर देना वांछनीय समझा गया।"

* * * *

महात्मा गांधीके परम भक्तोंमें हमारे देशके वर्त्तमान गवर्नर जनरल श्री चक्रवर्ती राजगोपालाचार्यका आसन बहुत उँचा है। वे हालहीमें मद्रास, मैसूर, नागपुर, आदि का दौरा कर आये हैं। उन्होंने अपने हरएक भाषणमें गांधीजीकी दुहाई दी और जनताको यही उपदेश दिया कि यदि देशके कल्याण और उत्थानकी कामना है तो महात्मा गांधीके पद-चिन्हपर चलना चाहिये। पर वे स्वयं गांधीजी की शिक्षा पर कहाँ तक अमल करते हैं, इसका एक-दो दृष्टांत दे देनाही काफी होगा। यह कौन नही जानता कि गांधीजी अंग्रेजी भाषाको अंग्रेजी राजसे भी अधिक भयंकर समझते थे। वे कहा करते थे कि शासन तो केवल शरीर को गुलाम बनाता है पर भाषा तो आत्मापर भी गुलामी का रङ्ग चढा देती है। अतएव अंग्रेजीको हटानेके अभिप्राय से वे हिंदी-उर्दूको मिला कर एक नई हिंदुस्थानी भाषा बनानेकी कोशिश कर रहे थे। पर उनके परम भक्त राजा

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जी मद्रासकी हिंदी प्रचार सभामें हिंदुस्थानीकी थोड़ी बहुत वकालत करके बोले कि अंग्रेज भारतसे चले गये तो क्या हुआ ? जब अंग्रेजोंकी बनाई हुई रेडियो, रेल, तार, वायुयान आदि सभी चीजोंका हम उपयोग कर रहे हैं तो अंग्रेजीनेंही कौनसा अपराध किया है कि उसको त्याग दिया जावे । अंग्रेजीकी बदौलत ही हम आज इस दर्जेपर पहुँच पाये हैं, उससे हमें वैसेही चिपटा रहना चाहिये जैसे गुड़से चींटा । गांधीजीके आदर्शोंपर चलनेका इससे अच्छा उदाहरण और कहाँ मिलेगा ?

लंगोटधारी गांधीजीके-चरण चिन्होंपर चलनेका उपदेश देनेवाले राजाजीके वेतन और भत्ताका विवरण सुनकर हम तो स्तंभित रह गये । उस दिन हमारे प्रधान मंत्री नेहरुजीने पार्लामेंटमें एक प्रश्नके उत्तरमें बतलाया कि सादगीमें राजाजीसे बढ़कर भारतमें दूसरा कोई नही है । होना भी ऐसाही चाहिये क्योंकि राजाजी ठहरे गांधीजीके समधी और परम भक्त । पर पंडित नेहरुके कथनानुसार गवर्नर जनरलकी हैसियतसे राजाजीको केवल२०,९००) रु० वेतन और ८८,६६६) अनेक प्रकारके भत्ता और कुल मिला कर केवल १०९,५६६) रु० मासिक मिलता है । अंग्रेजों को हम गालियाँ देते और कोसते रहते थे कि वे इस देश की गरीब प्रजाका रक्त चूस रहे हैं—अंग्रेज वाइसराय संसारके सबसे अधिक समृद्धिशाली देश अमेरिकाके प्रेसिडेन्टसे भी अधिक वेतन लेता है । पर आज हम स्वयं उन गरीबोंकी कमाईकी कितनी पर्वाह कर रहे हैं ? पंडितजीकी रायमें राजकी प्रतिष्ठाके सामने पैसा क्या चीज है ? अभी यह भी भेद खुला कि भारतके स्वतंत्र हो जानेपर लार्ड और लेडी माउन्टबेटनने राजमहल त्यागकर एक मामूली बंगलेमें रहनेका इरादा जाहिर किया था पर उनकी इच्छा पूरी न की गई । हमारे राष्ट्रिय मंत्री मंडलको इस काममें बड़ा खटपट जान पड़ा और उस अंग्रेज दम्पतिको राजमहलमें ही रहनेको मजबूर किया गया । कहिये, गांधीजीके आदर्शों पर चलने और गरीबोंके उद्धार करनेमें हमारी राष्ट्रिय सरकार क्या कोई कोर-कसर कर रही है ?

* * * *

हमारे नेहरुजी अपने हर भाषणमें महात्मा गांधीकी दुहाई दियाही करते हैं । वे हमें समझाते हैं कि महात्मा गांधीके सिद्धांतोंको स्वीकार और उनके उपदेशोंके अनुसार आचरण करनेपरही हमारा और हमारे देशका संकट मोचन हो सकेगा—दूसरा कोई उपाय नही है पर वे स्वयं उसपर अमल करना आवश्यक नही समझते । कदाचित यह सोचते हैं कि उपदेश दूसरों को दिया जाता है—वह अपनेपर लागू नही होता—परोपदेशे पाण्डित्यम् । हमारे देशके पत्रकार उन साधारण काँग्रेसियोंको कोसते रहते है जो कभी देशके लिये जेल हो आये हैं और अब देशसे ब्याज सहित उसका बदला चुका लेना चाहते हैं । पर जब बड़े बड़े नेताओंकी यह मनोदशा है तब उन बेचारोंकी विसातही क्या ? जिस देश में करोड़ों प्राणी मुट्ठीभर अन्न नही पाते, पेटपर पत्थर बाँधकर सो जाते हैं उस महाकंगाल देशके राजकोषसे राष्ट्रके सर्वोपरि नेता और प्रधान मंत्रीकी बहन डेढ़ लाख रुपये सालाना वसूल करें और उनके मित्र पचास हजार रुपयेकी मोटरपर सवार होकर शान दिखाते फिरें—कहाँका इन्साफ है और कहाँकी इंसानियत है ? महाकवि अकबरकी एक बात याद हो आती है जिसमें कुछ हेरफेर लिये क्षमा माँगे लेता हूँ और वह यह है:—

"पूछा कि शग्ल क्या है ? नेताजी बोल बैठे।
बस बापूका नाम जपना, जनताका माल अपना॥"

बापू दरिद्रनारायणके पुजारी थे, अपने वारिसोंकी फजूलखर्ची और कंगालोंकी गाढ़ी कमाईको इस तरह फूँकते देखकर उनकी आत्मा स्वर्गमें रोती होगी । कहा जाता है कि कम्युनिस्ट भारतको बरबाद करनेके लिये कटिबद्धपरिकर है, उनका नाम निशान मिटा डालनेके लिये कानून बनाये गये हैं, उनके नेताओंको जेलमें ठेल दिया गया है ताकि वे जनतामें विद्रोहकी भावना न फैला पावें । पर इस समय भारत सरकारकी ओरसे जो धुंध खर्च किया जा रहा है वह तो कम्युनिज़्म को खुला निमंत्रण है । कम्युनिस्टोंके भाषण जनतामें उतना विष नही फैला सकते जितना सरकारकी यह फजूलखर्ची फैला रही है । अतएव भारतसे कम्युनिज़्म दूर रखनेके लिये महात्मा गांधीकी भक्ति सिर्फ जबानी जमा खर्चसे नही हो सकेगी, उन्हींकी भाँति दरिद्रनारायणका पुजारी बनना होगा ।

* * *

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सत्य समाजके संस्थापक श्री स्वामी सत्य भक्तजी महाराज लिखते हैं—"प्रवासी" के विगतांकमें पत्नीके साथ धर्म विशेषण न लगानेके बारेमें टिप्पणी पढ़ी। इस विषय पर सन १९३६ में मैंने एक लेख लिखा था। यह शब्द मुझे बहुत दिनोंसे चुभ रहा है। सोचता हूँ—पत्नीके साथ धर्म शब्द क्यों? कोई कहेगा कि पत्नीके साथ धर्म शब्द जोड़कर उसकी महत्ता और मर्यादा बढ़ा दी गई है। यदि ऐसा है तो इस महत्वका बोझ पत्नीपरही क्यों? पतिपर क्यों नहीं? धर्मपत्नीके साथ धर्मपतिकी सृष्टि क्यों नहीं हुई। बस इसी प्रश्नमें इसका रहस्योद्घाटन हो जाता है। धर्म पत्नी शब्द उस समयकी कल्पना है जिस समय पत्नी सहधर्मिनी नहीं रह गई थी वह वासनाकी वस्तु बन गई थी। किसी शब्दके साथ जब कोई विशेषण लगाया जाता है तो उसका मतलब यही होता है कि मूल शब्दका अर्थ उससे भिन्न है। कमलके साथ जब नीला विशेषण लगता है तो मालूम होता है कि और भी रंगके कमल होते हैं। इसी प्रकार पत्नीके साथ धर्मका विशेषण लगाना इस तथ्यको स्वीकार करना है कि उससे भिन्न प्रकारकी पत्नियाँ भी होती हैं।

"पहले जमानेमें दो प्रकारकी गृहणियाँ होती थी जिनकी स्थितिके विश्लेषणके लिये धर्म और भोगका विशेषण लगाया जाता था। प्रथम भार्याको धर्म पत्नी कहते थे क्योंकि गार्हस्थ्य धर्मके लिये उसका सम्बंध होता है परंतु बादमें जो गृहिणियाँ बनाई जाती थी उनको भोगपत्नियाँ कहा जाता था। इस अर्थमें भी अवस्थाके अनुसार अंतर आता गया। उच्च या स्ववर्णकी विवाहिता भार्या धर्मपत्नी और नीच या असवर्णकी रखेलियाँ भोग-पत्नी कही जाने लगीं।

"एक बात तो स्पष्ट है कि यह विशेषण बहु विवाहका समर्थक है और बहुविवाह किसी भी सभ्य समाजके लिये कलंक है। जब एक पतिके लिये एकही भार्या वैध है तो उसे विशेषणकी क्या आवश्यकता? इस लिये उचित यही है कि जब हमे किसी महिलाका परिचय देनेके लिये पतिका नाम लेना आवश्यक हो तो हम केवल पत्नी शब्दका प्रयोग करें—चाहें तो सहधर्मिणी अर्द्धाङ्गिनी आदि विशेषणोंका उपयोग कर सकते हैं पर धर्मपत्नीका प्रयोग सर्वथा अनुचित है।"

चाहे किसी भी दृष्टिसे देखें—धर्मपत्नी सद्भाव का सूचक नहीं, दुर्भावकाही द्योतक है। स्वामीजीके विचार के अनुसार अनेक या एकसे अधिक गृहिणियोंमें सर्वश्रेष्टको धर्मपत्नी कहा जाता था, पर मेरी धारणा उनसे भिन्न है। अब्दुल गफ्फार खाँ को प्रायः 'फ्रोन्टियर गांधी' कहा जाता है और डाक्टर राजेन्द्र प्रसादको 'बिहारी गांधी'। इससे साफ प्रकट होता है कि असली गांधी इनसे भिन्न है। हिन्दीमें धर्म पिता, धर्म भाई, धर्म बहन, धर्म बेटा आदि शब्द बहुत प्रचलित हैं और गँवारसे गँवार आदमी भी इसका मतलब समझ लेता है। इन शब्दोंके उच्चारणसे किसीको यह समझनेमें जरा भी देर और दिक्कत नहीं होती है कि धर्मबाप, धर्म भाई, धर्म बहन या धर्म बेटा बनावटी नाता है, इनसे भिन्न असली बाप, भाई, बहन और बेटा कोई औरही है। इसी अर्थमें धर्मपत्नीको भी लेना चाहिये, फिर तो धर्म पत्नीका अर्थ हो जायगा नकली पत्नी और उससे भिन्न कोई असली पत्नी भी है, यह माननाही पड़ेगा। धर्म बाप, धर्म भाई, धर्म बहन, धर्म बेटा आदिसे धर्म पत्नीका नितांत भिन्न अर्थ कैसे किया जा सकता है?

* * * *

स्वतंत्र भारतके लिये जहाँ राष्ट्र भाषा, राष्ट्र लिपि, राष्ट्र ध्वज और राष्ट्र संगीतकी आवश्यकता है वहाँ राष्ट्रिय पोशाककी भी। इस विषयपर अखबारोंमें चर्चा शुरु हो गई है और भारतकी एक राष्ट्रिय पोशाक होनी चाहिये, इस बातपर सभी एक मत हैं, पर वह पोशाक कैसा हो, इसपर अवश्य भिन्न भिन्न मत है। कोई धोती और कुरता को पसंद करता है तो कोई पैजामा और अंगरखाको; कोई गांधी-टोपीकी हिमायत करता है तो कोई साफा या पगड़ीकी। कोई पुरानी लकीरसे इधर उधर जाना अनुचित समझता है तो कोई आधुनिकताके पथपर सरपट दौड़ना चाहता है।

मेरे खयालमें इस विषयपर बड़ी गंभीरतासे विचार कर कोई निश्चित परिणाम पर पहुँचना चाहिये। एक मसखरा मित्रने एकबार मुझे एक कहानी सुनाई थी और वह यह कि जब बिदेशी आक्रमणकारी पंजाब, संयुक्त प्रांत और बिहारको जीतकर बंगालकी ओर बढ़े तो उनकी नृशंसतासे घबराकर बंगालियोंने धोती पहन ली और कह दिया कि यहाँ लड़नेवाले बलवान मरद नहीं रहते हैं—केवल अबला औरतोंका बसेरा है। उनको स्त्रियोंकी भाँति धोती

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पहने देखकर विदेशी आक्रमणकारियोंको उनपर हँसी भी आई और दया भी आ गई और उन्होंने कत्लेआमका खयाल छोड़ दिया। धीरे धीरे धोती सारे देशमें फैल गई और हिंदुओंकी पोशाक बन गई। इससे पहले लोग या तो जाँघिया पहनते थे अथवा चूड़ीदार पैजामा। इस समय भी जो लोग धोतीके पक्षमें हैं और इसीको राष्ट्रिय पोशाकका रुप देना ठीक समझते हैं उनको भी लाचार होकर इस तथ्यको स्वीकार करना पड़ता है कि पुलिस और सेनाका काम धोतीसे नही चल सकेगा, उनके लिये तो पैजामेका परिधानही उपयुक्त है।

* * * *

जो लोग गांधी-टोपीको स्वतंत्र भारतमें राष्ट्रिय पोशाकका अङ्ग बनाना चाहते हैं वह उसके इतिहाससे सर्वथा अनभिज्ञ हैं। इस समय लाखों आदमी गांधी-टोपी पहनते हैं—राष्ट्रवादी एवं काँग्रेस-कर्मीकी पहचानकी तो यह सर्वमान्य निशानीही बन गई है। पर किसीने कभी क्या यह भी सोचा कि यह गांधी-टोपी कब, कहाँसे और कैसे हस्तीमें आई? किसने इसका आविष्कार किया और क्यों इसका नाम गांधी-टोपी पडा? गांधीजी तो बैरिस्टर होनेके बाद दक्षिण अफ्रिकामें बंधी हुई काली पगड़ी पहना करते थे, उसके उतार देनेके बाद वर्षों वे उघारे सिर रहे। यहाँ आनेपर कुछ दिनोंतक उन्होंने काठियावाड़ी पगड़ीको भी धारण किया था, पर गांधी-टोपी उनके सिरपर कब किसने देखा है? फिर इस टोपीके साथ उनका नाम क्यों जोड़ा गया?

वास्तवमें यह गांधी टोपी भारतकी वस्तु नही है। दक्षिण अफ्रिकामें इस टोपीकी सृष्टि हुई है। वहाँके अफ्रिकन और भारतीय कैदियोंकी यह निशानी है। श्वेताङ्ग कैदियोंको फैल्ट हेट और हबशी तथा भारतीय कैदियोंको यही टोप लगाना लाजिमी है जिसे भारतमें गांधी-टोपी कहा जाता है। कैदियोंके सिवा दूसरा कोई इस टोपीको नही पहनता है। इस टोपीके सिरपर देखकर दूरसेही लोग कैदीको पहचान लेते हैं। चूंकि गांधीजीके सत्याग्रह युद्धमें कारागार ही रणक्षेत्र था, अतएव भारतमें विदेशी सत्तासे विद्रोह करके बंदी बननेकी भावनासेही इस टोपीका प्रचलन हुआ और उसके साथ गांधीजीका नाम जोड़ दिया गया। इस प्रकार वह भारतीय क्रांतिका चिन्ह बन गया। पर स्वतंत्र भारतमें इस टोपको कोई महत्व नही दिया जाना चाहिये। मित्रवर पोलकने भी भारतीयोंको अपने एक लेखमें बतलाया था कि यह दक्षिण अफ्रिकाके हबशी और भारतीय कैदियोंकी टोपी है। पर यहाँका भेड़िया धसान तो प्रसिद्धही है।

* * * *

बाबा रमता योगीका तो यही अभिमत है कि हमारी राष्ट्रीय पोशाक सभी दृष्टिसे उपयोगी और सुभीताजनक होना चाहिये। पाँच गजकी धोती कमरमें लपेट लेना न तो सुभीताजनक है और न लाभदायकही। इतने कपड़ेमें दो लम्बे पैजामे अथवा तीन शुटनेतककी जाँघिया (शोर्ट पेन्ट) बन सकते हैं। भारतीय किसान और मजदूर, पुलिस और सैनिक, राजकर्मचारी और नागरिक—सभीके लिये यह पहनावा आरामदेह, किफायत और रुचिकार है। इस गर्म देशके लिये चूड़ीदार पैजामा सर्वथा अनुपयोगी और कष्टकारक है। पतलून या शोर्ट पेन्टकोही हमें अपना लेना चाहिये। जाँघियाके साथ अध-बाहिर्यां कमीज और पतलूनके साथ भर बाहियाँ कमीज ही उपयुक्त होगा—लम्बा कुरता नहीं। जाड़ेमें कोटकी जरुरत पड़ेगी वह अंग्रेजी कोटसे कुछ लम्बा और बंद गलेका उस तरहका होना चाहिये जिस तरहके कोट पारसी तथा अन्य अनेक भारतीय पहनते हैं। या तो नये ढंगकी कोई टोपीका ईजाद किया जाय अथवा हेमलेटको ग्रहण कर लिया जाय जिससे गर्मीमें सिर और आखोंकी रक्षा हो सके। आशा है कि इस विषयपर खूब चर्चा होगी और राष्ट्रिय पोशाकका रुप निर्धारित करनेमें अधिक विलम्ब न किया जायगा।

* * * *

काशीके हिंदी साहित्य विद्यालयके प्रधान मंत्री श्री गोविन्द प्रसाद केजरीवाल एक ऐसे उत्साही और कर्मनिष्ट तरुण हैं जिन्होंने हिंदीकी सेवामें अपने जीवनको अर्पण कर दिया हैं। इस समय वे रेलवे-विभागकी भ्रष्ट भाषाकी ओर जनता और रेलवे-अधिकारियोंका ध्यान दिलाने और शुद्ध भाषाका प्रयोग करानेके लिये आंदोलन कर रहे हैं। न जाने रेलवे-विभागमें किस द्वीपसे हिंदीके विद्वान मँगाये गये हैं जिनकी भाषा देखकर अफसोसकी हँसी आती है। रेलवेके वे हिंदी लेखक अजायबघरमेही रखे जाने योग्य हैं जो द्वितीय श्रेणीको द्वितिय श्रेणी, यहाँ पूछियेको यहाँ पुछिये, मर्दाना पैखानाको मंदाना पैखाना, मुसलमानोंके लिये को मुस्लमानोंके लिये, हिंदुओंके लियेको हिंदुओंके

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

लिये, गाड़ियोंके लियेको गाड़ीयोंके लिये, सिर्फ घोड़ों और अपनी रेजकारी और टिकटकी जाँच करके खिड़की छोड़ो को अपनी रेज़कारी और टिकटका जाँच करके खिरकी छोड़ो, हिंदूके पीनेका पानीको हिंदू पीनेका पानी, इस रास्तेसे प्लेटफॉर्म नं० ५ पर जाओ को इस रास्तेसे पलेट फार्म नं० ५ पर जाये, आदि—लिखनेमें जरा भी संकोच नही करते है। इस प्रकारका भ्रष्ट प्रयोग हिंदीका सरासर अपमान है। हिंदी जनताको इसका तीव्र प्रतिवाद करना चाहिये तभी सरकार इसपर ध्यान देगी अन्यथा भारत सरकारको हिंदीकी कोई पर्वाह नही है उसका काम तो अंग्रेजीसे चलता है और चलता रहेगा।

प्रवासी भारतीयोंको भारतके प्रधान मंत्रीका संदेश।

स्वाधीनता दिवसके माङ्गलिक प्रसंगपर हमारे प्रधान मंत्री पं० जवाहरलाल नेहरुने प्रवासी भारतीयों को यह संदेश दिया है :—

"भारतकी स्वाधीनताकी इस वर्षगांठपर मैं प्रवासी भारतीयोंको अपना अभिवादन भेजता हूँ। पिछला वर्ष हमारे लिये संकट और संतापसे परिपूर्ण रहा है। कितनीही आपतियोंको हम पार गये है और कई जगह असफल भी रहे हैं। आजके दिन हम पुनः अपने आपको देश और देशवासियोंकी सेवामें नये सिरेसे अर्पण करते हैं।

"हमारे देशवासी जो विदेशोंमें जा बसे हैं और चाहे किसी पेशेमें क्यों न लगे हों, वे किसी न किसी रुपमेंभारतका प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। वे विदेशों की भूमिमें भारतके अङ्ग हैं और उनको सदा-सर्वदा यह स्मरण रखना चाहिये कि भारतका गौरव बढ़ाना या उस पर कलंक लगाना उनके अधिकारकी बात है। इन संकट और विपदके दिनोंमें न केवल भारतमें रहने वाले भाई-बहनोंको प्रत्युत विश्वके विभिन्न देशोंमें बसे हुए प्रवासी भारतीयोंको भी मातृभूमिके प्रति अपने कर्तव्य और सेवाकी ओर ध्यान देना चाहिये और अपने इस महान देशके सुपात्र बननेके लिये पुनः संकल्प करना चाहिये। जयहिंद।"

शोक-सम्वाद

श्री कन्हईलाल बैजनाथ।

डरबन (दक्षिण अफ्रिका) प्रवासी श्री कन्हईलाल बैजनाथके अचानक स्वर्गवाससे हमारे संतापकी सीमा न रही। अभी गत अप्रिलमें उन्होंने मुझे एक पत्र लिखकर मातृभूमिके दर्शनकी इच्छा प्रकट की थी और मेरी सलाह माँगी थी। उन्होंने लिखा था कि अठारह मास हुए, वे अपने जीवन-संगिनीको खो बैठे तबसे उनको जीवन और काममें कोई दिलचस्पी नही रही। उन्होंने अपना कारबार और व्यापार अपने दोनों पुत्रोंको सौंप दिया है और वे कुछ साल मातृभूमिकी गोदमें बिताना चाहते हैं। जूनमें यह सूचना मिली कि वे भारतके लिये प्रस्थान कर चुके हैं और यहाँ पहुँचनेपर मुझसे मिलने प्रवासी-भवन अवश्य पधारेंगे। हम उनके शुभागमनकी प्रतीक्षा करही रहे थे, पर वे नही आये—आई उनकी अचानक मृत्युकी दुखद खबर। ९ जूनको यहाँ पहुँचनेके बाद तत्क्षणही वे मातृ-भूमिकी गोदमें सदाके लिये सो गये।

कानपुर जिलेके लालगंजमें श्री बैजनाथका सन १८८५ में जन्म हुआ था। वे पाँच सालकी आयुमें अपने माता-पिताके साथ सन १८९१ की फरवरीमें नेटाल गये। वहाँ डरबनके इंडियन हाईग्रेड स्कूलमें उन्होंने अंग्रेजीकी शिक्षा पाई। सन १९१४ में उन्होंने व्यापार आरंभ किया और अपने पुरुषार्थ एवं बुद्धिमत्तासे वे एक प्रसिद्ध एवं प्रतिष्ठित व्यापारी बन गये।

प्रवासी भारतीयोंमें उनका बड़ा सम्मान था—हिंदी भाषियोंके तो वे उच्च कोटिके नेताओंमें एक थे। केटो मेनरका हिंदू श्मशान उनकेही परिश्रमका फल है। मेविल के रेट पेयर्स एसोसियेशनके वे सभापति थे। नेटाल इंडियन एसोसियेशनके उपसभापति और साउथ अफ्रिकन हिंदू महासभाके खजानची रह चुके थे। वेस्टविल हिंदू मंदिरके ट्रस्टी, केटो मेनर हिंदी पाठशालाके संरक्षक और आर्य युवक सभाके उपसभापति भी चुने गये थे। मेकार्ड अस्पतालमें इंडियन-वार्ड बनवानेके लिये जहाँ उन्होंने

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दूसरोंसे आर्थिक सहायता दिलवाई वहाँ स्वयं भी एक अच्छी रकम दी थी।

वे अपनी पीछे दो पुत्र, सात पुत्रियाँ, अनेक नाती पोते और परनाती-परपोते शोक करनेके लिये छोड़ गये हैं। उनके सारे परिवारके साथ हमारी सहानुभूति है। भगवान दिवंगत आत्माको शांति प्रदान करें।

सम्पादकीय विचार

मोरिशसके निर्वाचनका परिणाम।

इस अङ्कमें अन्यत्र "मोरिशसमें नया युग" शिर्षक एक विशेष लेख प्रकाशित हो रहा है। जिस समय वह लेख लिखा गया था उस समय तक वहाँके निर्वाचनके परिणामसे हम अनजानही थे। अभी हमें मोरिशससे हवाई डाक द्वारा जो चिट्ठियाँ मिली हैं उनसे चुनावके नतीजेका पता चल गया और जैसा हमारा अनुमान था, कुछ अपवादके सिवा परिणाम भी वैसा ही निकला। हमें आशा थी कि जनसंख्याके अनुपातसे १९ निर्वाचित सदस्योंमें १५ भारतीय और ४ गैर भारतीय चुने जायँगे, पर प्रवासी भारतीयोंके पारस्परिक मतभेदके कारण वह पूरी न होने पाई। वास्तवमें केवल १ श्वेताङ्ग, ७ क्रियोल (जिनमें एक महिला भी है) और ११ भारतीय चुनावमें सफल हुए हैं। सात क्रियोलोंका चुना जाना उनकी विद्वत्ता, बुद्धिमत्ता और राजनीतिक महत्ताकाही सूचक है। श्वेताङ्गोंकी सर्वत्र पराजय हुई, उनका अभिमान चूर चूर हो गया और एक गोरा जो चुना भी गया है वह उदार विचारका आदमी है और प्रवासी भारतीयोंसे सहानुभूति रखता है। पं० बसुदेव विष्णुदयाल पर जब गैर कानूनी सभा करनेका अपराध लगाकर अभियोग चलाया जा रहा था तो इस गोरेने सरकारकी नितिका खुल्लम खुल्ला प्रतिवाद किया था।

पं. बी. विष्णुदयाल.

"प्रवासी" के सातवें अङ्कमें हमने श्री सुखदेव विष्णुदयाल और श्री सुखदेव बालगोविन्दकी उम्मेदवारी का समर्थन करते हुए यह आशा प्रकट की थी कि मोरिशसके प्रवासी भाई अपने इन सच्चे सेवकोंको चुन कर धारा सभामें अवश्य भेजेंगे। अब हमें यह जान कर बड़ा संतोष हुआ कि वे दोनों उम्मेदवार अपने अपने इलाकेमें सर्वप्रथम आये—इनको सबसे अधिक वोट मिले। इसवारके चुनावमें मोरिशसके मशहूर मालदार श्री गजाधर बंधुओंको अपनी वास्तविक स्थिति का परिचय मिल गया। वे अपने पैसेके प्रतापसे अब तक प्रवासी भाइयोंके स्वयंभू नेता बने हुए थे और श्वेताङ्गों एवं सरकारकी वफादारीकी बदौलत प्रवासी भारतीयोंके प्रतिनिधिकी हैसियतसे अक्सर धारा सभा में पहुँच जाते थे, पर वहाँकी भारतीय जनता उनसे सख्त नाराज थी। सन १९३७ में उन्हींके कारखानेमें गोलियाँ चली थीं और कई निरीह मजदूरोंको प्राण गँवाने पड़े थे, पर उन्होंने उन शहीदोंके परिवारके साथ वाचिक सहानुभूति तक प्रकट करना उचित नही समझा था। जनता उस विभत्स हत्याकाण्डको भूली नही थी और इसवार स्वतंत्र चुनावमें मौका मिलतेही उसने श्री अखबर गजाधर और श्री राधा मोहन गजाधरको दूधकी मक्खीकी भांति निकाल फेंका—दोनों भाई चुनावके मैदानमें बुरी तरह पछाड़ खा गये। उनके छोटे भाई श्री भगवान गजाधर अपनी स्थितिको समझ गये थे, इस लिये उन्होंने जुलाईके प्रथम सप्ताह मेंही पं० विष्णुदयालसे मिलकर अपने पूर्वकृत कर्मोंपर पश्चाताप किया था और भविष्यमें उनके नेतृत्वमें जनसेवा करनेका संकल्प। इसका फल यह हुआ कि जनताने उनको अपना लिया और श्री बालगोविन्दके क्षेत्रमें वे

श्री एस. बालगोविंद.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

द्वितीय श्रेणीके वोट प्राप्तकर निर्वाचित हो गये। हम उनकी दूरदर्शिताकी सराहना करते हैं और आशा करते हैं कि श्री अखबर तथा श्री राधामोहन इस घटनासे कुछ शिक्षा ग्रहण करेंगे।

श्री एस. विष्णुदयाल.

कई क्रियोल भी भारतीयोंकी सहायतासेही चुने गये हैं। 'लेत्र' के संपादक डा० मिल्यें और मजदूर दलके प्रधान श्री रोज्रमों आदिने भारतीयोंकी सहायताके लिये उनके प्रति कृतज्ञता प्रकट की है। खेदकी बात है कि "जमाना" के संपादक श्री मुनेश्वर कुराराम चुनावमें सफल न हो सके; वे उस क्षेत्रमें आठवीं श्रेणीमें आये जिसमें केवल छः सदस्योंके चुने जानेकी गुँजाइश थी। चुनाव तो हो गया; अब तो गवर्नरके हाथमें जो १२ सदस्य मनोनीत करनेका अधिकार है उसीमें श्वेताङ्गो और सरकार भक्त अश्वेताङ्गोंकी गुँजाइश हो सकती है। इसी हेतुसे तो निर्वाचन (Election) के साथही नियोजन (Nomination) को भी शासन-विधानमें आश्रय दिया गया है।

निर्वाचनका फल प्रकट होनेपर प्रवासी भारतीय और क्रियोल लोगोंने बड़े उत्साहसे आनंदोत्सव मनाया। पोर्ट लुईके प्रसिद्ध फ्रेंच दैनिक "ले मोरिशियन" (Le Mauricien) ने उत्सवका वृतांत विस्तार से प्रकाशित किया है। जनताका जलूस जब श्री विष्णु दयालके घरके सामने पहुँचा तो वहाँ ठहरकर हर्षध्वनि से उनका अभिनंदन किया जिनके जन आंदोलनके प्रतापसे मोरिशसमें इस नवीन युगका आगमन हुआ है और जनताको नया शासन-विधान मिला है। आशा है कि इस समय जो थोड़ा-बहुत अधिकार मिला है उसका सदुपयोग करते हुए हमारे प्रवासी बंधु पूर्ण उत्तरदायी सरकार अर्थात स्वराज प्राप्त करनेके प्रयत्नमें कटिबद्ध होकर रहेंगे। इस समय मोरिशसको भारत या दक्षिण अफ्रिकामें मिलानेकी चर्चा छेड़ना राजनीतिक दृष्टिसे असामयिक, अनुपयुक्त और असंगतही नहीं, प्रवासी भारतीयोंके लिये हानिकारक और विघातक भी है। जबतक पूर्ण स्वायत शासनकी स्थापना न हो जावे तबतक इस प्रश्नको उठाना सर्वथा अवांछनीय है।

लंकामें भारतीयोंपर वज्रपात।

लङ्का, जो सिंहल द्वीप भी कहलाता था और अब सिलोनके नामसे प्रसिद्ध है, सदासे भारतका एक अङ्ग रहा है। लङ्काके बिना भारतका नकशाही नहीं बन सकता और यदि बनाया भी जाय तो वह अधूरा ही रहेगा। भारतके जितने नकशे बने हैं, सभीमें लङ्का का समावेश है। "प्रवासी" के मुख पृष्टपर जो भारत का मानचित्र है उसमें भी लङ्का विद्यमान है। पर आज वही लङ्काकी सरकार भारतीयोंको बिदेशी कह कर वहाँसे निकाल बाहर करनेपर तुली हुई है। हाल हीमें लंकाको कुछ हदतक स्वराज मिला है, इससे वहाँकी सरकार सत्तामदसे अँधी होकर भारतीयोंके सर्वनाशके लिये मनसूबे बाँध रही है।

रावणके युगकी लंकासे हमारे देशवासी पूर्णतया परिचितही हैं वाल्मीकि और तुलसीदासने लंका पर महाकाव्योंकी रचना कर डाली है। पर इधरके ढाई हजार वर्षका इतिहास हमें बतलाता है कि ईस्वी सनसे ५४३ साल पहले बंगालके राजकुमार विजयने लंकामें प्रवेश कर वहाँके नागा और याका आदि आदिम निवासियोंको पराजित किया और वहाँका राज सत्तापर अधिकार जमाया। उसीने वहाँकी वर्तमान सिंहली जातिकी नीव डाली; शुद्ध जलके लिये बड़े बड़े ताल-पोखर खुदवाये; धानकी खेती शुरु कराई और अनिरुद्धपुरको राजधानीका रुतबा मिला। चक्रवर्ती अशोकने आर्यधर्म और संस्कृतिके प्रचारके लिये अपने पुत्र महीन्दको वहाँ भेजा था। वहाँकी सिंहली भाषा भी संस्कृत और प्रकृतकीही पुत्री है। इस प्रकार लंकाका भारतसे अत्यन्त घनिष्ट सम्बन्ध रहा है।

जब एशियाके बुरे दिन आये तो भारत और सिंहल दोनों विदेशियोंके गुलाम बन गये और तभीसे इनका पुरातन सम्बन्ध भी शनैः शनैः शिथिल होता गया। अंग्रेजोंने लंकामें चायकी खेती करनेके लिये बड़ी बड़ी कोठियाँ खोलीं। इस कामके लिये मजदूरोंकी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जरुरत पड़ी। वहाँके सिंहली मजदूर बिलकुल निकम्मे निकले। हबशी गुलाम और चीनी मजदूर भी बेकार सिद्ध हुए। आखिर मद्राससे मजदूर मँगाकर उनकी मेहनतसे वह चाय तैयार की गई जो दुनियाँमें सर्वश्रेष्ट समझी जाती है।

सन १९४३ की मनुष्यगणनाके अनुसार वहाँ की ६२ लाखकी आबादीमें साढे सात लाख भारतीय हैं जिनमें अधिकांश चाय बगानोंमें मजदूरी करते हैं और शेष कुछ चेटी और बोरा, पारसी और मेमन, सिंधी और अन्य प्रांतके भारतीय अपना स्वतंत्र कारबार और व्यापार। मद्रासके सिवा भारतके और किसी प्रांतसे वहाँ मजदूर नही भेजे गये हैं। अतएव वहाँके सारे भारतीय मजदूर मद्रासी हैं। बहुतसे भारतीयों ने अपने उद्योग और परिश्रमसे अपनी अच्छी हैसियत बना ली है, यह बात वहाँके सिंहलियोंको खटकने लगी है और वे येन केन प्रकारेण उनकी हस्ती मिटाने के लिये प्रयत्नशील हैं।

अभी पिछले मासमें वहाँकी धारा सभामें नागरिक बिलपर बाद विवाद हुआ और अंतमें वह बहुमतसे पास भी हो गया। इस बिलपर बोलते हुए सरकारी प्रवक्ता श्री बंदरानायकने साफ कह दिया कि "सिलोनकी सरकार अधिकांश भारतीयोंको भारत लौटा देना चाहती है क्योंकि उनकी अब यहाँ जरुरत नही रही। हम आर्थिक दृष्टिसे अनुभव करने लगे हैं कि उनको यहाँ काममें लगे रहने देना मानो सिंहली मजदूरोंको बेकार बनाये रखना होगा। हमारा यह कार्य भारतके साथ कदाचित अमित्रताका व्यवहार समझा जाय पर इसकी हमें कोई पर्वाह नहीं है। हम सारी परिस्थितिका मोकाबला करनेको तैयार हैं।"

प्रवासी भारतीयोंके प्रति सिंहली नेताओंका द्वेष और दुर्भाव बहुत पुराना है। उनका वश चला होता तो अबतक भारतीयोंकी वहाँसे सफाई हो गई होती, पर अंग्रेजोंके हाथमें शासनकी बागडोर थी, इस लिये वे लाचार थे, फिर भी समय समयपर भारतीयोंके विरुद्ध जहर उगलनेसे बाज नही आते थे। अब उनको स्वराज मिल गया है और सत्ता पातेही उन्होंने अपनी प्रभुताका प्रदर्शन प्रारंभ कर दिया है। यह नागरिक बिल कानूनका रुप धारण करके प्रवासी भारतीयोंके सर्वनाशके लिये ब्रह्मास्त्रका काम देगा। भारतीयोंको विदेशी कहकर वहाँसे निकाल बाहर करनेके लिये यह कानूनी प्रपंच रचा जा रहा है। सिलोनकी पार्लामेन्टमें लंका साम समाज, इंडियन काँग्रेस, कम्युनिष्ट पार्टी, तामिल कांग्रेस, इंडिपेन्डेंट पार्टी और बॉलशेविक लेनिनिष्ट पार्टीके सदस्योंने इस बिलका प्रचंड विरोध किया और सरकारको यह सलाह दी कि इस प्रकार लाखों भारतीयोंको विदेशी बताकर उनको मताधिकारसे वंचित कर देना और स्वतंत्र भारतसे बैर मोल लेना किसी भी दृष्टिसे वांछनीय नही है। इधर भारत सरकार और सिंहली सरकारके बीच लंकामें नवीन भारतीयोंके प्रवेश और पुराने भारतीयोंके प्रवास एवं नागरिक अधिकारोंके विषयमें बातचीत चल रही है और उधर नागरिकताका कानून बनाकर उन अधिकारोंको जड़मूलसे मिटा डालनेकी कुचेष्ट भी हो रही है। कुछ सदस्योंने यह भी राय दी कि जबतक भारत-सिंहल वार्तालापके परिणाम स्वरुप परस्पर कोई समझौता न हो जाय तबतकके लिये इस बिलको स्थगित कर देना चाहिये पर जिनकी बुद्धि भ्रष्ट हो जाती है उनको नेक सलाह कहाँ अच्छी लग सकती है? बहुमतके बलसे सिंहल सरकारने इस बिलको पास करकेही दम लिया। एक सदस्यने यह भी स्मरण दिलाया था कि प्रवासी भारतीयोंको नागरिकके अधिकारोंसे वंचित करके हम दक्षिण अफ्रिका से भी बढ़कर भारतका अपमान करने जा रहे हैं। बात बिलकुल सच्ची है। यही बात तो हमें अखर रही है। दक्षिण अफ्रिकाके श्वेताङ्ग एशियाई होनेके कारण भारतीयोंको नीच समझते हैं और उनके साथ अछूतों की भाँति व्यवहार करते हैं, पर जब लंका और बर्मा जैसे एशियाई और पड़ोसी देश भी भारतीयोंका तिरस्कार करना कोई जोखिमकी बात नही समझते तब हमें अपनी स्थिति पर बड़ी लज्जा और ग्लानि होती है और क्षोभसे हमारे हृदयमें आग लग जाती है। अभी विश्वयुद्धके जमानेमें यद्यपि बंगालमें लाखों आदमी अन्न विना तड़प-तड़पकर मर रहे थे तो भी यहाँसे चावल आदि खाद्य सामग्री सिलोनको भेजी जाती रही—भारतके ३५ लाख आदमी अकाल की आगमें जलकर खाक हो गये पर भारतने सिंहलके

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

एक भी आदमीको अन्न बिना मरते न दिया। उस नेकीका यह अच्छा बदला चुकाया जा रहा है। हमें तो भारत सरकारके मौनावलम्बन पर आश्चर्यही नहीं, गहरा दुःख भी है। इसीकी निर्बलताके कारण क्षुद्र देश भी हमारा अपमान करनेसे बाज नहीं आ रहे हैं। बर्मा तो भला पूर्ण स्वाधीन हो चुका है और सिलोन डोमिनियन स्वराज प्राप्त कर चुका है पर जब चारों ओर भारतसे घिरा हुआ हैदराबाद जैसी एक मामूली रियासत भी नित्य भारतका अपमान करने और लड़ने के लिये चुनौती देनेमें कुछ भी नहीं हिचकती है तब हम अपनी सरकारकी निर्बलता और अपनी अधम अवस्था एवं विवशतापर ग्लानिसे गड़ जाते हैं।

दक्षिण अफ्रिकामें मलानशाहीका नग्ननृत्य।

दक्षिण अफ्रिकामें जिस दिन जनरल स्मट्सके पापोंका घड़ा भरकर फूट गया और डाक्टर मलानके हाथमें शासन-सूत्र आया उस दिन वहाँके प्रवासी भारतीयोंने संतोषकी साँस ली थी, उनके हृदयमें एक नई आशाने जन्म लिया था। उनकी धारणा थी कि सन् १९२६ की भाँति ड० मलान एकवार फिर अपनी राजनीतिज्ञता और दूरदर्शिताका परिचय देंगे और भारत तथा प्रवासी भारतीयोंसे समझौता करके सारा झगड़ा मिटा डालेंगे। इसी आशासे नेटाल इंडियन काँग्रेसने उनकी बिजय पर बधाईका तार भेजा था और इसपर उसे जनताका कोप-भाजन भी बनना पड़ा था। इसी खयालसे नेटाल और ट्रांसवालकी संयुक्त सत्याग्रह-समितिने अनिश्चित कालके लिये सत्याग्रहको स्थगित कर दिया था ताकि ऐसा वातावरण उत्पन्न हो जावे जो परस्पर विचार-विमर्श एवं संधिके लिये सर्वथा अनुकूल हो पर काँग्रेस और सत्याग्रह-समितिकी सारी आशाओंपर चौका फिर गया—मलान तथा डोड्सने उनके नेताओंको बागी समझकर उनसे मिलना और उसकी बातें भी सुन लेना उचित न समझा, यद्यपि नरम दलके इंडियन आर्गनिजेशनके नेताओंसे वे मिलनेकी मंजूरी दे चुके हैं। खैर, किसी भी दलसे मिलने और वार्तालाप करनेसे फायदा भी क्या? जबकि वे पृथक्करणकी नीतिको कार्यान्वित करने पर कटिबद्ध है

जिस समय जनरल स्मट्सने 'घेटो एक्ट' बनाने का पाप कमाया था उस समय दुनियाको धोखा देनेके लिये उस कानूनमें भारतीयोंको जातगत पृथक निर्वाचन के आधार पर पार्लामेंटरी प्रतिनिधित्व देनेका भी ढोंग रचा था जिसके अनुसार प्रवासी भारतीय १५० सदस्योंकी पार्लामेंटमें अपने ३ प्रतिनिधिको चुनकर भेज सकते पर वे प्रतिनिधि होते श्वेताङ्गही, कोई भारतीय नहीं। हाँ, नेटालकी प्रांतिक कौंसिलमें अलबत्ता दो तीन भारतीय सदस्य बैठ सकते। दक्षिण अफ्रिकाके प्रवासी भारतीय सदासे जातगत पृथक निर्वाचनका विरोध करते आये हैं और इस प्रकारके प्रतिनिधित्वसे वे बिना प्रतिनिधित्वके रहनाही अधिक पसंद करते हैं। इस लिये जनरलके घेटो एक्टमें जो प्रतिनिधित्वका ढोंग है उसे सारे प्रवासी भाई, चाहे वे किसी भी दलके क्यों न हो, दूरसेही नमस्कार कर चुके हैं और साफ ऐलान कर चुके हैं कि वे इस प्रतिनिधित्वपर लानत भेजते हैं और किसी भी हालतमें इसको स्वीकार नहीं कर सकते। या तो उनको सार्वजनिक निर्वाचनमें मताधिकार दिया जाय अथवा मताधिकारसे वंचितही रखा जाय। प्रवासी भारतीय जनरलके दावपेंचको खूब समझते हैं। वे यदि जनरल के जालमें फँसकर पार्लामेंटरी प्रतिनिधित्व स्वीकार कर लेते तो भारतकी सहायतासे सदाके लिये हाथ धो बैठते। जनरल स्मट्स एक तीरसे दो बटेर मारना चाहते थे—एक तो दुनियाको यह दिखाना कि जातगत निर्वाचनके रुपमें प्रवासी भारतीयोंको नागरिकका अधिकार मिल गया और दूसरा यह कि भारतका मुँह सदाके लिये बंदकर देना क्यों कि भारतका यह दावा है कि जबतक प्रवासी भारतीयोंको नागरिकका अधिकार नहीं मिल जाता है तबतक भारत उनके स्वत्वोंकी रक्षा के लिये जिम्मेदार है। इस तथ्यको हमारे देशके पत्रकार नहीं समझते हैं और इस लिये जनरलके इस चालबाजीको वे उनके उदार विचारका सूचक समझ बैठे हैं और मलानके मुकाबलेमें जनरलकी प्रशंसा भी कर रहे हैं।

मलानमें विशेषता यह है कि वे छल-कपटसे काम लेना नहीं जानते। उनको मालूम है कि प्रवासी भारतीय एकमतसे जातगत प्रतिनिधित्वको ठुकरा चुके

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हैं और उसे किसी भी स्थितिमें स्वीकार न करेंगे। इस लिये घेटो एक्टको ज्योंका त्यों बनाये रखनेमें उनकी कोई क्षति नही हो रही थी पर उन्होंने पार्लामेंट में एक बिल पेश कर दिया है जो सन १९४६ के घेटो एक्टके संशोधनके रुपमें है। इसके पास हो जानेपर, जिसमें कोई संदेहही नही है, घेटो एक्ट विशुद्ध घेटो एक्ट रह जायगा और उसमें जो प्रतिनिधित्वका पचड़ा है वह निकल जायगा। मलानकी इस प्रवृत्तिसे हमें कुछ भी व्यथा नही, प्रसन्नताही हुई है क्योंकि इससे वहाँ की श्वेताङ्ग नीतिका नंगा रुप संसारके सामने आ जायगा। संयुक्त राष्ट्रसंघके पेरिस अधिवेशनमें भारतके प्रतिनिधियोंके लिये मलानका यह बिल राम बाणका काम देगा। संघने जहाँ दक्षिण अफ्रिकाके भारतीय विरोधी कानूनोंमें उचित संशोधन करनेका आदेश दिया था वहाँ उसपर अमल करना तो अलग रहा, मलानने इस बिलको पेश करके भारतके साथही राष्ट्रसंघको भी चुनौती दे डाली है। यदि राष्ट्रसंघने निर्लज्ज हो कर इस अपमानको सह लिया तो उसका विनाश अनिवार्य है। फिर कौन उसके आदेशोंकी पर्वाह करेगा?

लंडनके 'मेनचेस्टर गार्जियन' ने मलानकी नीतिपर टीका करते हुए लिखा है कि "दक्षिण अफ्रिका में घेटो एक्ट द्वारा भारतीयोंपर जमीन-मकान खरीदने और बसनेपर जो प्रतिबंध लगाया गया है उसके बदले में जनरल स्मट्सने भारतीयोंको जातिगत पृथक मताधिकारके आधारपर तीन श्वेताङ्ग प्रतिनिधि यूनियन पार्लामेंटमें भेजनेकी सहूलियत कर दी थी, पर दो वर्ष हो गये—भारतीयोंने न तो इस प्रकारका मताधिकार-ही स्वीकार किया और न आजतक उसका प्रयोगही किया। जब वे इस अधिकारको दूरहीसे नमस्कार कर रहे थे तो फिर उनसे इसको छीन लेनेके लिये बिल पेश करना कहाँकी बुद्धिमत्ता है? सबसे बढ़कर व्यथाकी बात तो यह है कि स्मट्सके अनुयायी भी इस बिलका विरोध करनेमें हिचकिचा रहे हैं।" 'लंडन डेलीमेल' ने मलानशाहीकी तीव्र निंदा करते हुए अपने अग्रलेखमें लिखा है कि "दक्षिण अफ्रिकामें ढाई लाख भारतीय बसते हैं जिनमें एक-तिहाई तो केवल डरबन शहरमें रहते हैं। उनकी बस्तीको देखकर यही प्रतीत होता है कि मानो वे जातपांतसे निकाले हुए कुजातोंकी बस्ती है। अब डाक्टर मलान एक बिल पेश करके उनके उस नाममात्रके मताधिकारको भी हड़प जाना चाहते हैं जो जनरल स्मट्सने घेटो-एक्ट बनाते समय आँसू पोंछने के लिये दिये थे। इस नीतिका निश्चित नतीजा यह होगा कि भारतीयोंको अपने देश लौट जानेके सिवा और कोई चारा न रहेगा।"

यही तो मलान और उनके दलकी मनशा है। अर्थ-सचिव श्री हेवङ्गाने 'डाइ वेदरलेण्ड' नामक अखबारमें साफ लिखा है:—"यह बात दिनपर दिन अधिक स्पष्ट होती जाती है कि दक्षिण अफ्रिकाके श्वेताङ्गोंको ऐसी सामान्य नीति अपनानी होगी जिससे सभी भारतीय अपने देश लौट जायँ। वे लोग न केवल भारतके साथ हमारे सम्बन्धको कटु बना रहे हैं बल्कि संसारकी दृष्टिमें भी हमें नीचे गिरा रहे हैं। अतएव इनके सम्बन्धमें केवल एकही विषयपर बातचीत हो सकती है वह यह कि ये दुष्ट हमारे देशसे चले जायँ। यद्यपि यहाँके भारतीय नेता प्रवासीके नाते इस देशके नागरिक अधिकारकी माँग कर सकते हैं तो भी सच बात तो यह है कि इनकी तरफसे भारत हमारे घरेलू मामलेमें दखल देता रहता है। यह हमारे लिये चेतावनी है कि हम इनको निकाल बाहर करनेके लिये अविलम्ब कार्रवाई करें।"

इस समय वहाँके ९५ प्रतिशत भारतीय जन्म प्रवासी हैं—भारत उनके लिये विदेश बन गया है। उनका भारत आना मानो कड़ाहीसे कूदकर आगमें गिरना है। वे वहींके वातावरणमें पले हैं, वहींके रहन-सहनके साँचेमें उनके जीवनकी सारी प्रवृत्तियाँ ढली हैं, उनपर वहाँकी संस्कृतिकी छाप लग चुकी है। वे वहींके समाजमें घुलमिल गये हैं, इस लिये वे सब दृष्टसे वहाँके नागरिक हैं। यदि मलान, हेवङ्गा और डोङ्गसको कहा जाय कि वे दक्षिण अफ्रिकाका छोडकर अपने बाप-दादेके देश हॉलेण्डमें जा बसें तो इसे पागलके प्रलापके सिवा और क्या समझेंगे? उनको जूलू लोगोंके देशमें स्थायी रुपसे रहनेका कार है तो प्रवासी भारतीयोंको उनसे कम अधिकार है। प्रवासी भारतीय किसी अन्य शक्तिसे सहायता चाहते, वे तो सबसे पहले मलान और हेवङ्गाकेही

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वाजे पर अपनी कष्टकथा सुनाने जाते हैं, पर जब उनको ठोंकरे लगाकर दरवाजेसे खदेड़ दिया जाता है तभी वे भारत तथा संसारके सामने अपनी पीड़ाकी पुकार मचाते हैं। इसमें उनका क्या अपराध ? उनको बेरहमीसे पीटना और फिर रोने भी न देना—यह कहाँ का न्याय है ? हेवड्ढा और मलान प्रवासी भारतीयोंसे पिण्ड छुडानेका खयाल छोड दें। भारतीय वहीं रहेंगे और अपने अधिकारोंके लिये लड़ेंगे। यदि वहाँकी सरकार उनकी फरियाद न सुनेगी तो वे संसार भरमें गुहार मचाते फिरेंगे, यह कोई अनुचित बात नही है।

हिंदके टिकटपर उर्दू क्यों ?

नेटाल, मोरिशस, फिजी, केनिया आदिसे प्रवासी भाइयोंके अनेक पत्र हमारे पास आये हैं उन सबमें यह पूछा गया है कि, "परसाल १५ अगस्तको जब भारत स्वतंत्र हुआ तो उसकी स्वाधीनताके उपलक्ष्यमें कई प्रकारके डाक-टिकट निकले थे। उनपर अंग्रेजीके सिवा नागरीमें 'जय हिन्द' शब्द अंकित था। प्रथमवार अपनी भाषाका एकछत्र आधिपत्य देखकर हमारे हर्षोल्लासकी सीमा नही रह गई थ और हमने सोचा था कि उर्दूकी सौतियाडाहका अंत आ गया। पर हमारी यह धारणा टिकाऊ न होने पाई। अभी बापूकी पुण्यस्मृतिमें जो टिकट निकले हैं और जिनके कुछ नमूने उपनिवेशोंमें पहुँचे हैं उनको देखकर हमें विस्मय और विषाद हुए बिना न रहा। इनके माथेपर एक कोनेमें हिन्दी है तो दूसरे कोनेमें उर्दूको स्थान दिया गया है मानो ऊर्दू हिंदीके बराबरीका हिस्सेदार है। ऐसा क्यों किया गया ? उर्दू भारतके किस प्रांतकी राजभाषा है ? बंगालकी बंगला, आसामकी असामिया, गुजरातकी गुजराती, महाराष्ट्रकी मराठी, तामिलनाडकी तामिल, उड़ीसाकी उड़िया, आंध्रकी तेलगू, करेलकी मलायालम, पंजाबकी गुरुमुखी और बिहार, संयुक्त प्रांत, मध्यप्रांत और राजस्थानकी भाषा है हिंदी। चूंकि हिन्दी हिन्द संघके चार प्रांतों और बहुसंख्यक भारतीयोंकी भाषा है और वह नागरी लिपि में लिखी जाती है जो भारतकी सर्व भाषाओंकी जननी संस्कृत और मराठीकी भी लिपि है। इस लिये हिन्दीकी सत्ता और महत्ताको मंजूर करनेमें किसीको आपति नही हो सकती। पर उर्दू जो भारतके किसी भी प्रांत की भाषा नही है उसको हिन्दीके समकक्षमें कैसे और क्यों बैठाया गया है ? उर्दू पाकिस्तानके भी किसी प्रांत की भाषा नही है पर मुस्लिम मतांधताके कारण पाकिस्तानकी राजभाषा बन बैठी है। वहाँके जो टिकट उपनिवेशोंमें आये हैं उनपर उर्दूका अखंड स्थान है। क्या पाकिस्तानमें अल्पसंख्यक नही है पर उनकी भाषा की तो कोई पर्वाह नही की जाती है ? फिर हिंदमेंही क्यों मुस्लिम तुष्टिकरणकी नीतिसे काम लिया जा रहा है ? देशका अङ्ग भङ्ग हो जाना क्या इसी नीतिका दुष्परिणाम नही है ? फिर हम क्यों उस भूलकी पुनरावृति करते जा रहे हैं ? जब बंगालके मुसलमान बंगलाको, गुजरातके मुसलमान गुजरातीको, मद्रासके मुसलमान तामिल, तैलगू, मलयालम और कनाड़ीको, सिंधके मुसलमान सिंधीको अपनी मातृ भाषा समझते हैं तो बिहार, यू० पी०, सी० पी०, दिल्ली और राजस्थानके मुसलमानोंको अपने प्रांतकी भाषासे नफरत क्यों ? यदि उनकी अलगही एक भाषा रहेगी तो भारतीय राष्ट्रियतामें उनका समावेश कैसे हो सकेगा ? वे भारतके लिये सदा विदेशी बने रहेंगे। हमें अपने नेताओंकी दूषित मनोवृत्तिपर बड़ा दुःख होता है। वे विदेशकी लिपिको क्यों भारतके मत्थे मढ़ रहे हैं ? क्या भारतकी राष्ट्रियता अरब-फारसकी लिपि, भाषा और संस्कृतिके साँचेमें ढलेगी ? उर्दूको 'हिंदुस्थानी' के नामसे पुकारना क्या जनताको धोखा देना नही है ? भारतके भविष्यपर हमें बड़ी चिंता व्याप रही है। क्या आप इस विषयपर कुछ प्रकाश डालेंगे ?"

हम तो "प्रवासी" के गताङ्कमें "नेहरु और हिंदी" शिर्षक लेखमें अपने विचार व्यक्त कर चुके हैं ? हम भाषाके प्रश्नपर किसीसे समझौता करनेको तैयार नही है। हमारे वे नेता, जिनके हाथोंमें भारतका शासन-सूत्र है, यद्यपि प्रजातंत्र, लोकमत और जन राज्यका गुणगान करते नही अघाते हैं तथापि इस पवित्र सिद्धांतको कार्यान्वित करनेके बदले डिक्टेटर शाहीसे कम लेनाही पसंद करते हैं। कविवर रंजूरकी यह उक्ति उनपर ठीक घट जाती है—

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

"वाएज़के वाज़ है सुनानेके और ।
और आप अपने अमलमें लानेके और ॥
फबती है उन पै ये मसल हाथीकी ।
खानेके हैं दाँत और दिखानेके और ॥

जब कि भारतके किसी भी प्रांतने उर्दूको आश्रय नही दिया तब उसे सारे भारतपर बलात लादनेका दुस्साहस क्या लोकमत और प्रजातंत्रकी सरासर हत्या नही है ? जब बंगला, गुजराती, उड़िया, असामिया, गुरुमुखी तामिल, तैलगू, कनाड़ी, मलयालम आदि भारतके प्रांतिक लिपियोंमेंसे किसीको भी बापूके टिकटपर स्थान नही दिया गया तो फिर उर्दूको हिंदीके समकक्ष में ला बैठाना कहाँका न्याय है ? पर बात असलमें यह है कि नई दिल्लीमें हिंदीके विरुद्ध एक भयंकर षडयंत्र रचा जा रहा है—भारत सरकारमें कुछ लोगों की एक ऐसी गोष्ठी है जो येन केन प्रकारेण विशुद्ध उर्दूको 'हिंदुस्थानी' के नामसे हिंदुस्थानकी राष्ट्र भाषा बनानेके लिये प्रयत्नशील है। इसी गोष्ठीके प्रभावसे बापूके टिकटपर हिंदीकी सौतके रुपमें उर्दूको उसकी छातीपर बैठा दिया गया है। इस गोष्ठीके अग्रनेता हैं मोलाना आजाद और पं० जवाहरलाल नेहरु, श्री राजगोपालाचारी, श्रीरफी अहमद किदवई आदि उसके स्तंभ हैं। शिक्षा विभाग मौलाना आजाद के हाथमें हैं। उन्होंने हिंदुस्थानीके प्रबल समर्थक पं० ताराचंद को शिक्षा-विभागका चीफ सेक्रटरी बना लिया है। हिंदीको हेय कहकर हिंदुस्थानीकी हिमायत करनेका पुरस्कार पं० ताराचंदको मिल गया। रहे पं० सुंदर लाल सो उनके हिंदुस्थानी अखबार 'नया हिंद' को मौलाना साहब भारतके राजखजानेसे रूपये देकर उनकी सेवाका बदला चुका रहे हैं। मौलाना हिंदके शिक्षा मंत्री है पर हिंदीका ककहरा तक नही जानते। उनको हिंदीसे ऐसी चिढ है कि अंग्रेजीसे अनभिज्ञ होते हुए भी अभी पाँच साल तक अंग्रेजीमेंही उच्च शिक्षा चालू रखना श्रेयस्कर समझते हैं। यदि उर्दू लिपि राष्ट्रको मंजूर नही हुई तो वे रोमन लिपिको पसंद कर लेंगे पर नागरीकी सत्ता स्वीकार कर लेना उनके स्वभाव से बाहर की बात है।

श्रीराजगोपालाचारी मद्रासी हैं, उनकी मातृ भाषा तामिल है जिसमें संस्कृतके पर्याप्त शब्द पाये जाते है और अरबी-फारसीके शब्दोंसे वह सर्वथा शून्य है। राजाजी हिंदी जानते हैं और अच्छी हिंदी बोल लेते है पर उनके सिरपर भी आजकल हिंदुस्थानी का भूत सवार है। राजाजीके अंग्रेज पूर्वाधिकारी लार्ड माउन्टबेटनने, दिल्लीसे विदा होते समय, नागरिकोंके मानपत्रका उत्तर देते हुए पहले कुछ समय हिंदी में भाषण किया था। आपने कहा—

'दिल्लीके निवासियों ! मैं और मेरी श्रीमती बहुत खुश हैं कि इस समय यहाँ इतनी बड़ी पार्टी जमा हुई है। हम दोनों आपसे विदा होने आये हैं। इस जुदाई में हम लोगोंको बड़ा रंज है लेकिन आपकी दोस्ती और प्रेम हमारे दिलमें रहेगा। मैं हिंदी कम जानता हूँ इस लिये मैं पूरा भाषण हिंदीमें नही कर सकता। बाकी अंग्रेजीमें बोलूँगा। मैं और मेरी श्रीमती आपका धन्यवाद करते हैं। ईश्वर आपकी सहायता करे।"

यह तो हुई अंग्रेज गवर्नर जनरलकी भाषा। अब भारतीय गवर्नर जनरल राजाजीकी भाषाके सम्बंधमें सुनिये। उसदिन दिल्ली म्युनिसिपैलिटीके हिंदी मानपत्रके उत्तरमें राजाजीने जो भाषण दिया था उसकी चर्चा करते हुए पं० इन्द्रजी विद्यावाचस्पति 'सार्वदेशिक' पत्रमें लिखते हैं—"राजाजीने 'प्रेसिडेंट और हज़रात' से भाषणका आरंभ किया। इस सम्बोधनसेही आप सारे भाषणका अनुमान लगा लीजिये। एक ऐसे व्यक्तिने, जो हिंदी जानता था, हिंदीकी हत्या करके उर्दूके शब्दोंका अनगढ़ प्रयोग करनेका प्रयत्न किया था। राजाजी मद्रासी हैं, संस्कृतनिष्ठ हिन्दी उनके लिये सुगम थी ही, वह श्रोताओंके लिये भी सरल होती। पं० जवाहरलालजी प्रायः ऐसी भाषामें बोलते हैं, जिसे हिंदुस्थानी कहा जा सकता है। राजाजीने अपने भाषणमें उनको भी मात दे दी। संस्कृत और हिंदीके शब्दोंका वह शुद्धतापूर्वक उच्चारण कर सकते थे, उन्हें छोड़कर उन्होंने यत्न पूर्वक कठिन उर्दू शब्दों का प्रयोग करना उचित समझा।"

सच बात तो यह है कि नया मुसल्ला अल्लाह अधिक चिल्लाता है ताकि लोग समझें कि इस्लामका उसके दिलपर गहरा रङ्ग चढ़ गया है। राजाजी अपने मुस्लिम मित्रोंको प्रसन्न करनेके प्रयत्नमें

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

यदि नेहरुजीको भी अरबी-फारसीके क्लिष्ट शब्दोंके प्रयोगमें मात कर दें तो इसमें आश्चर्यही क्या ? खैर, अभीतक विधान परिषदमें राष्ट्रभाषाका फैसला नही हुआ है, कईबार परिषदमें यह प्रश्न आया पर हरबार स्थगित होता रहा। इस दरम्यानमें उर्दू प्रेमी गवर्नर जनरल, प्रधान मंत्री, शिक्षा मन्त्री आदि सरकारी हल्कों और कागजातोंपर हिंदीके साथ उर्दूको जगह देकर परिषदके सामने इस प्रश्नको निर्णीत Fait accompli रुपमें रख देना चाहते हैं। अतएव हिंदी प्रेमियों और विधान परिषदके सदस्योंको सावधान और सजग रहना चाहिये।

हिन्दीके विरुद्ध षडयंत्र।

अहिंदी प्रांतोंके प्रतिनिधियोंको अपने पक्षमें करनेके लिये बापूके नामकी दुहाई दी जा रही है और उनसे अपील की जा रही है कि वे बापूकी इच्छा पूर्ति करनेमें आजाद-नेहरु एण्ड कम्पनीकी मदद करें। बापू जब दक्षिण अफ्रिकासे आये तो हिंदीकोही उन्होंने राष्ट्र भाषाके रुपमें पसंद किया था। वे दो बार हिंदी साहित्य सम्मेलनके प्रधान हुए और उनकीही प्रेरणा और प्रयत्नसे मद्रासमें हिंदी प्रचार का सूत्रपात हुआ था। पर मुसलमानोंके दुराग्रहके सामने वे झुक गये; उनके तुष्टिकरणके विचारसे एक नई भाषाकी सृष्टिमें सलग्न हो गये जो हिंदी-उर्दूकी खिचड़ी है और 'हिंदुस्थानी' के नामसे प्रसिद्ध है। इस भाषाके लिये उन्होंने नागरी और फारसी दो लिपि चुने और हिंदुस्थानी प्रेमियोंके लिये दोनों लिपियाँ जानना अनिवार्य कर दिया। पर बापू अपने इस प्रयत्नमें सर्वथा असफल रहे—वे मुसलमानोंको संतुष्ट न कर सके। भारतका अङ्ग भङ्ग हुए बिना न रहा, उसका कलेजा काढ़कर पाकिस्तान बनाया गया। जिन्होंने भारतके विभाजनको महापाप कहकर धिक्कारा था उन्हींके हाथोंसे पाकिस्तानकी बुनियाद भी पड़ी। पाकिस्तानके असली पिता बापूही थे, जिन्ना नही जैसा कि जिन्नाका दावा है। एक तो क्या, यदि हजारों जिन्ना भी सिर पटककर मर जाते तो भी पाकिस्तानका निर्माण न कर पाते। सारा भारत श्मशान बन जाता, पर पाकिस्तान नही बनने पाता लेकिन जिस दिन बापू सम्मतिके मालाबार पहाड़ीपर स्थित जिन्नाके मकानपर स्वयं उपस्थित होकर भाई भाईकी भाँति देशका बँटवारा कर लेनेकी सम्मति और स्वीकृति दे आये ठीक उसी दिन पाकिस्तान एक कोरी कल्पनाके बदले निश्चित तथ्य बन गया। राजाजीकी प्रेरणाके सिवा बापूने इस विषयपर किसी की भी राय-सलाह नहीं ली थी। आज कुछ लोग बापूको देशके बँटवाराके विरोधी सिद्ध करनेका प्रयास कर रहे हैं, पर इससे इतिहासकी सचाई मिटाई नही जा सकती। यदि अंतमें बापूको बँटवारा बुरा भी प्रतीत हुआ तो उससे क्या ? बंदूकसे छूटी हुई गोली और मुँहसे निकली हुई वाणी फिर कहाँ वापस आनेवाली ? हम भावुकतावश चाहें कुछ भी कहें, पर भावी इतिहासकार बापूको बँटवारे की जिम्मेदारीसे बरी नही करेंगे।

खैर, जिस दिन देश बँट गया, उस दिन हिंदी और उर्दूका अपना अपना क्षेत्र भी निश्चित हो गया। पाकिस्तानके किसी भी सूबेकी भाषा न होनेपर भी और बंगाली मुसलमानोंके घोर विरोध करनेपर भी पाकिस्तान की राजभाषा उर्दू बनही गई, पर अफसोस कि अभी तक हिंदीको हिंदकी राजभाषाके रुपमें स्वीकार नही किया गया। बापूकी नीति और प्रवृत्तिही हिन्दीको राजभाषाके पदपर प्रतिष्ठित करनेमें बाधक रही है, पाकिस्तान बन जाने पर भी वे आजाद, मदिनी आदिकी तुष्टिके लिये उर्दूकोही 'हिंदुस्थानी' के नामसे हिंदकी राज भाषा बनानेके प्रयत्नमें सलग्न रहे। इससे जनतामें बड़ा क्षोभ फैला और युक्त प्रांत, मध्यप्रांत, बिहार आदिमें जनताका रुख देखकर बापू के विरोधके बावजूद भी हिंदीको राजभाषा और नागरी को राजलिपि घोषित कर दिया गया। अब केवल केन्द्र का फैसला बाकी है। वहाँ भी काँग्रेस पार्टी हिंदी भाषा और नागरी लिपिके पक्षमें प्रस्ताव पास कर चुकी है। विधान परिषदके अंतिम निर्णयकी ओर सारे देशकी टकटकी बँधी है।

विधान परिषदके सदस्योंको ध्यान रखना चाहिये कि वे वहाँ जनताका प्रतिनिधित्व कर रहें हैं। देश राष्ट्रका शरीर है तो भाषा उसकी आत्मा है। संसारमें भाषाके आधार परही राष्ट्रोंका निर्माण हुआ है। फिर चाहे बापू हों या नेहरु अथवा चाहे कोई कितनाही बड़ा व्यक्ति क्यों न हो, यदि उनके विचारों और कार्योंसे देशका अहित होता हो तो हमें उनका विरोध करनेमें जरा भी संकोच न करना चाहिये। भाषाका प्रश्न राष्ट्रकी आत्माका प्रश्न है। स्वतंत्र भारतकी राजभाषा संस्कृतनिष्ठ हिंदी होनी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चाहिये, इसका यह मतलब नहीं है कि अन्य भाषाओंके प्रचलित शब्दोंका बहिष्कार किया जाय। पर हिंदमें पाकिस्तानकी उर्दू और इङ्गलेण्डकी अंग्रेजीको राज भाषाके आसनपर बैठानेका प्रयत्न वह राष्ट्रिय पाप है जिसका कोई प्रायश्चित नहीं। विधान परिषदके सदस्य यदि आजाद-नेहरु एन्ड कम्पनीके प्रभावमें आकर देशवासियों के साथ विश्वासघात करेंगे तो इसका परिणाम बड़ा भयंकर होगा। जनताकी भावनाका तिरस्कार करना मनो आग के साथ खेलना है।

मलान और प्रत्यागमन।

अभी उस दिन डाक्टर मलानने यूनियन पार्लामेन्टमें यह घोषणा की है कि हम भारतके साथ गोलमेज परिषदमें विचार-विनिमय करनेको सर्वथा प्रस्तुत है पर विचारका एकमात्र विषय होगा—दक्षिण अफ्रिकासे प्रवासी भारतीयों का स्वदेश प्रत्यागमन (Repatriation) इसके सिवा और किसी विषयपर बातचीत करनेकी आवश्यकता नहीं। उन्होंने यह भी कहा कि सन् १९२७ और सन् १९३२ में केपटाउनकी गोल-मेज-परिषद मुख्यतः इसी आधारपर हुई थीं। इसका साफ मतलब यह है कि वे ढाई लाख प्रवासी भारतीयोंको वहाँसे निकाल बाहर करनेके लिये भारतकी सहायता चाहते हैं। सन् १९२६-२७ की परिषद 'एरियाज रिजर्वेशन बिल' (Areas Reservation Bill) पर, जो उस समय पार्लामेंटके विचाराधीन था और प्रवासी भारतीयोंको अछूतोंकी भाँति बसानेके लिये पृथक क्षेत्र निर्धारित करनाही जिसका लक्ष्य था, बातचीत करके समझौतेकी कोई सूरत खोज निकालनेके लिये हुई थी—खासकर प्रत्यागमन योजना-पर विचार करनेके लिये नहीं; जैसाकि मलानने पार्लामेंटमें फरमाया है। उस परिषदमें यह निर्णय हुआ था कि जो भारतीय यूरोपियनोंकी तरह अपनी रहन-सहन बना लेंगे उनको किसी भी क्षेत्रमें जमीन-मकान मोल लेने और बसनेकी पूरी आजादी होगी; वे वहाँकी स्थायी प्रजाके एक अङ्ग मान लिये जायँगे और दक्षिण अफ्रिका सरकारपर यह जिम्मेदारी होगी कि वे शिक्षा आदिकी दृष्टिसे किसी भी वर्गसे पिछड़े न रहने पावें। हाँ, जो अपने चालढालमें फेर बदल करना नहीं चाहते उनको देश चला जाना चाहिये, उनको राहखर्च सरकार देगी और ऊपरसे भारतमें बसनेके लिये प्रत्येक व्यक्तिको २६५) रु० की सहायता भी देगी। यदि भारतमें उनका ठिकाना न लगा अथवा किसी भी कारणवश वहाँ बसना उनको पसंद न आया तो एक सालके बाद और तीन सालके अन्दर उनको दक्षिण अफ्रिका लौट आनेका अधिकार होगा बशर्ते कि वे राहखर्च और सहायताकी रकम सरकारको लौटा दें। वास्तवमें प्रत्यागमनकी प्रथा तो उस समयसे जारी है जब हमारे देशवासी पाँच सालकी गिरमिट लिखाकर नेटाल गये थे। भारत सरकारने यह शर्त करा ली थी कि गिरमिटकी अवधि पूरी होनेके बाद यदि मजदूर स्वदेश लौट आना चाहे तो वहाँकी सरकारको राहखर्च देकर लौटा देना पड़ेगा। सन् १९२० से राहखर्चके सिवा कुछ और इनाम देकर लौटानेका सिलसिला चला, पहले इनामकी रकम ५ पौंड थी—फिर १० पौंड कर दी गई थी। पर उस समयकी नीति यह थी कि जो सरकारी खर्चसे स्वदेश लौटते थे उनको इस आशयके एक दस्तावेजपर दस्तखत बना देना पड़ता था कि वे राहखर्चके बदलेमें अपना प्रवासाधिकार सदाके लिये त्याग रहे हैं और उस देशसे उनका कोई वास्ता नहीं रहा। सन् १९२७ की संधिमें प्रत्यागत प्रवासियोंको यह सहूलियत दी गई कि वे चाहें तो १ सालके बाद और ३ सालके अंदर सरकारी खर्चसे लौटाकर वहाँ जा सकते हैं, पर उनको सारे परिवारके साथ लौटना होगा। यह ऐसी शर्त थी कि न नौ मन तेल होगा न राधा नाचेंगी—न सारे परिवारका सरकारी खर्च लौटाया जा सकेगा और न उन्हें नेटाल लौटनेका अवसर मिलेगा।

अभी "प्रवासी" के पिछले अङ्कमें "दक्षिण अफ्रिका के मामलेमें आशाकी झलक" शिर्षक सम्पादकीय लेखमें इस प्रत्यागमन योजना पर हमने कुछ प्रकाश डाला है। वास्तवमें केपटौन-संधिकी प्रत्यागमन योजनासे आकर्षित होकर लगभग तीस हजार अभागे भारत चले आये थे और यहाँ उनकी जो दुर्गति हुई वह बयानसे बाहर है। हमने सारे भारतमें भ्रमणकर प्रत्यागत प्रवासियोंकी दशा अपनी आँखों देखी, पं० बनारसीदास चतुर्वेदीकी सहायतासे एक रिपोर्ट तैयार की और सन् १९३१ में जब वह प्रकाशित हुई तो भारत और दक्षिण अफ्रिकामें सनसनी फैल गई। सन् १९३२ में जो दूसरी गोलमेज परिषद हुई उसमें खासकर इसी रिपोर्टपर विचार हुआ और भारत तथा दक्षिण

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अफ्रिकाकी सरकारोंको स्वीकार करना पड़ा कि इस योजनाका बड़ा दुखद परिणाम हुआ है और वहाँके प्रवासियोंको भारतमें आकर बसनेकी गुँजाइश नहीं रही, इसलिये केपटौन संधिसे प्रत्यागमनका अंश निकाल दिया गया। इसके बाद दोनों सरकारने मिलकर यह निश्चय अवश्य किया था कि भारत और दक्षिण अफ्रिकाका एक संयुक्त शिष्टमंडल सारे संसारका पर्यटन करके यह पता लगावेगा कि कहीं कोई ऐसा देश भी है जहाँ भारतकी बढ़ती हुई जनसंख्याके कुछ अंशको खपानेकी गुंजाइश हो और साथही दक्षिण अफ्रिकाके प्रवासी भारतीयोंमें जो चाहे वहाँ जाकर बस सके। पर इस संयुक्त कमीशनके चुने जानेसे पहले दक्षिण अफ्रिकाकी सरकारने यह जान लेना जरूरी समझा कि वहाँ के कुछ प्रवासी भारतीय किसी अन्य देशमें जाकर बसने को तैयार हैं भी या नहीं ? अन्यथा दक्षिण अफ्रिकाको क्या गरज पड़ी है कि भारतकी बढ़ती हुई आबादीके लिये वह देश ढूँढता फिरे। अतएव सरकारने एक कमेटी बैठाई। कमेटीने जाँच-पड़ताल करके यही राह दी कि प्रवासी भारतीयोंमें कोई भी दक्षिण अफ्रिकाको छोड़ने और अन्य किसी देशमें जाकर बसनेको तैयार नहीं है। इस प्रकार स्वदेश प्रत्यागमन (Repatriation) और विदेश-बास (Colonization) की योजना और चर्चाकी समाप्ति हो गई।

यह तो सर्वथा निश्चित हो चुका है कि वहाँसे कोई भारतीय निकलना नहीं चाहता है। ९५ प्रतिशत भारतीयों का जन्म वहीं हुआ है, दक्षिण अफ्रिकाही उनकी जन्मभूमि, मातृभूमि अथवा पितृभूमि सब कुछ है। भारत उनके लिये विदेश बन गया है। फिर मलानका मनोरथ कैसे पूरा होगा ? उनके लिये एकही सुगम उपाय है और वह यह कि वे दक्षिण अफ्रिकाके हिटलर बन जायँ। जिस तरह हिटलरने यहूदियोंका सर्वस्व हरणकर उनको जर्मनीसे तन-तनहा निकाल बाहर किया था उसी तरह मलान भी प्रवासी भारतीयोंकी सम्पति हड़पकर उनको दक्षिण अफ्रिकासे मार भगावें। मलान हिटलरके पुजारी हैं भी। युद्धके जमानेमें वे सदा हिटलरका पक्ष लेते और उसकी प्रशंसा करते रहे हैं, यहाँ तककि दो तीनवार तो उन्होंने यूनियन पार्लामेंटमें हिटलरसे युद्ध बंद कर देनेका प्रस्ताव भी उपस्थित किया था। अतएव हिटलरके खाली कुर्सीपर बैठकर वे अपने स्वप्नको सहजही कार्यान्वित कर सकते हैं। दूसरा कोई उपाय तो दिखाई नहीं देता है। भारत सरकारको इस विषयपर उनसे बातचीत करनेकी आवश्यकताही क्या है ? जो भाग्यके फेरमें पड़कर दक्षिण अफ्रिका तथा अन्य उपनिवेशोंसे भारत लौट आये हैं उन्हींको बसाने और नौकरी दिलानेमें भारत सरकार असमर्थ है, फिर वह दक्षिण अफ्रिकाके ढाई लाख प्रवासी भारतीयोंको यहाँ लाकर क्या करेगी ? आज भारतमें हजारों प्रत्यागत प्रवासी अन्न-वस्त्रके लिये तरस रहे हैं और घुल-घुलकर प्राण गँवा रहे हैं। उनकी खोज खबर लेनेवाला यहाँ कोई नहीं हैं। फिर दक्षिण अफ्रिकाके ढाई लाख प्रवासी भारतीयोंकी भारतमें गुँजाइश कहाँ ?

भारतमें प्रत्यागत प्रवासी।

कलकताके निकट अकरा बगान केम्पमें सैकड़ों प्रत्यागत प्रवासी भाई नरककी यातनाएँ सह रहे हैं—रौरवकी आगमें झुलसकर मर रहे हैं। जो नई दिल्लीके आलीशान महलोंमें बैठकर सुखसे दिन बीता रहे हैं और अपने आमोद-प्रमोदके लिये, राजकी प्रतिष्ठाके नामपर, राजखजानेसे लाखों रुपये लेकर घासफूसकी तरह फूँक रहे हैं उन्हें भला क्या खबर कि उपनिवेशोंसे लौटे हुए सैकड़ों हजारों भाई अकरा बगानमें, कलकता और मद्रासकी गंदी बस्तियोंमें किस प्रकार तड़प-तड़पकर मर रहे हैं ? अभी उस दिन अकरा बगानसे श्री हरी शीतलकी एक चिट्ठी मुझे मिली जिसे पढ़कर मेरा दिल दहल उठा और मैं बैठकर घंटों सिर धुनता और रोता रहा। शीतलने लिखा था—

"हम इस बातसे इन्कार नहीं करते कि हम अपने माता-पिताके कर्मोंका फल भोग रहे हैं। उन्हें कमसे कम हम जन्म-प्रवासियोंको अपने साथ यहाँ लाना उचित न था पर बच्चोंका मोहने उनकी बुद्धि पर परदा डाल दिया। वे हमें अपने गाँवोंपर ले गये, जब वहाँ ठिकाना न लगा तो हमें अकरा बगानमें अपने भाग्यके भरोसे छोड़कर स्वयं सुरधाम सिधार गये। आज सोलह सालसे हम यहाँ नरकवास कर रहे हैं। इस दरम्यानमें ५५० प्रत्यागत प्रवासी छटपटाकर मर गये, न उनको डाक्टरको दिखाया जा सका और न उनके लिये दवाका इंतजाम हो सका। हम नानाप्रकारकी विपदा झेलते हुए इस आशासे जीवित रहे कि यदि स्वराज हो जायगा, हमारे नेताओंके हाथमें शासनका लगाम आ जायगा तो यदि वे और कुछ भी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नहीं करेंगे तो भी कमसे कम एक जहाजका बन्दोबस्त तो अवश्य कर देंगे ताकि हम अभागे अपने जन्मके उपनिवेशों को लौट जायँ। साल भरसे देश स्वतंत्र है, पर हमारी तरफ किसीका ध्यान नहीं है। पं० जवाहरलाल नेहरू आदि भारतके सूत्रधारोंको आप तो व्यक्तिगत रूपसे जानते हैं। क्या आप हमारी दुर्दशाकी ओर उनका ध्यान खींचकर हमें इस विपदासे न उबारेंगे? हमें और कुछ नहीं चाहिये, बस एक जहाजका प्रबंध हो जाय तो हम लोग ट्रिनीडाड और डमरारा वापस चले जायँ—वहाँ हम अपना गुजर-बसर कर लेंगे।"

असली बात यह है कि प्रवासी भारतीयोंको अपनी मातृभूमिसे अगाध प्रेम है; उनके दिलोंमें स्वदेश दर्शनका अरमान बना रहता है। जो जन्म-प्रवासी है; जिन्हें भारतकी स्थितिका कुछ भी ज्ञान नहीं है, वे भी यहाँ आने को तरसते रहते हैं। इसलिये जब उन्हें यहाँ आनेका मौका मिलता है तो वे अपना अहोभाग्य समझते हैं। पर यहाँ आ जानेपर उनकी जो दुर्गति होती है, उन्हें जो यातनाएँ भोगनी पड़ती हैं, जो कष्ट उठाने पड़ते हैं वह किसी भी सभ्य जातिके लिये और सभ्य सरकारके लिये शोभाकी नहीं, शर्मकी बात है। इन अभागोंके साथ गाँवके गँवार दुर्व्यवहार करते हैं और जातके जानवर इनको समाज का कोढ समझकर पास फटकने भी नहीं देते, दूरसेही दुरदुरा देते हैं। आखिर इनको शहरोंकी उन बस्तियोंकी शरण लेनी पड़ती है, जहाँ न सफाईका नाम है, न गंदगीकी सीमा और जहाँ कूड़ा-करकट, गढ़े-पनाले और मलेरिया फैलानेवाले मच्छरोंका अखंड राज्य है। बेचारे प्रत्यागत प्रवासियोंके पास न तो खानेके लिये अन्न है, न पहननेके लिये कपड़े और न रहनेके लिये घर कहाने लायक घर। ऐसी स्थिति में उनके पिचके हुए गाल, भीतर धँसी हुई आँखें और रीढ़से सटे पेटको देखकर इस लिये आश्चर्य नही होता कि उनकी ऐसी दुर्दशा कैसे हुई बल्कि विस्मयकी बात तो यह है कि वे इस हालतमें अबतक जीवितही कैसे हैं? क्या उनके स्वदेशानुरागका यही पुरस्कार है? स्वदेश आनेके पापका यही प्रायश्चित है?

मैंने भारत सरकारके वैदेशिक-विभागके पास श्री हरी शीतलाका पत्र भेज दिया था। इनके उद्धारका एकही मार्ग है और वह यह कि इनको शीघ्र उन उपनिवेशोंमें भेजनेकी व्यवस्था कर देनी चाहिये जहाँ इनका जन्म हुआ है और जहाँसे इनके मा-बाप यहाँ इनको लाये हैं। दक्षिण अफ्रिकाके सिवा ट्रिनीडाड, सुरीनाम, डमरारा, जमैका फिजी आदिकी सरकार इनको वापस लेनेसे इन्कार नहीं करेंगी। यदि एक दो जहाज किरायेपर ले लिया जाय तो जन्म प्रवासियोंकी समस्या हल हो जावेगी—उनको उनकी जन्म भूमिमें पहुँचाकर भारत सरकार एक भारी जिम्मेदारीसे बरी हो सकती है। पर पंडित नेहरूके वैदेशिक विभागके अंडर सेक्रटरी श्री आर. एन. सेलटोरने मेरे पत्र और प्रत्यागत प्रवासियोंके आवेदन-पत्रका जो उत्तर लिख भेजा है उससे हमारी और प्रवासियोंकी रही-सही आशा भी मिट्टीमें मिल गई। हमारी सरकारके कथनका मथन यह है कि हरी शीतल आदि प्रवासी अपनी इच्छा और सरकारी खर्चसे भारत आये हैं। यदि वे ब्रिटिश गायना या ट्रिनीडाड लौट जाना चाहते हैं तो इसमें भारत सरकारको कोई आपत्ति नही है पर भारत सरकार उनको आर्थिक अथवा अन्य किसी प्रकारकी सहायता देनेकी जिम्मेदारी नही ले सकती।

यदि उन अभागोंके पास पैसे होते तो वे यहाँ नरकवास क्यों करते और उनको नेहरु-सरकारसे याचना करनेकी क्या जरुरत थी? नेहरु-सरकारकी इस हृदयहीनता पर तो हम हैरान हैं। जिस देशकी सरकार गवर्नर जनरल को वेतन और भत्ताके रुपमें मासिक एक लाख रुपयेसे अधिक देती है, लंडनके हाई कमिश्नरको पचास हजार रुपयेकी नई मोटर खरीदनेमें कोई संकोच नहीं करती है, मास्कोके राजदूतको साढ़े-बारह हजार रुपये मासिक वेतन और भत्ता देना उचित और आवश्यक समझती है और फिलस्तीनके शरणार्थियोंके लिये फौरन एक लाख रुपयेका चेक काट देती है वही सरकार अपने देशमें घुल घुल कर मरने वाले हजार-पन्द्रह सौ प्रत्यागत प्रवासियों को अपनी जन्मभूमिको लौट जानेके लिये मार्ग व्यय नहीं दे सकती, इससे बढ़कर परितापकी बात और क्या हो सकती है?

अंग्रेजोंके राजकालमें जब कभी मैं पंडित नेहरू या अन्य किसी नेतासे इन अभागे प्रत्यागत प्रवासियोंकी बात करता था तो अक्सर यही जवाब मिलता था कि जबतक भारत स्वतंत्र नही हो जायगा तबतक प्रवासियोंका प्रश्न हल न हो सकेगा। पर आज जब भारत स्वतंत्र है और पं० नेहरु हमारे प्रधान मंत्री हैं तब उनका यह व्यवहार

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

क्या हृदयहीनताका सूचक नही है ? उनसे हमें बड़ी बड़ी आशाएँ थी जो मृगातृष्णाही सिद्ध हो रही है। परमात्मा ही प्रवासियोंका रक्षक है।

"प्रवासी" का दिवाली अङ्क।

"प्रवासी" का अगला अङ्क 'दिवाली अङ्क' के रुप में निकलेगा। यह अङ्क सचित्र और साधारणसे कुछ बड़ा होगा। यद्यपि इस दिवालीपर हम एक विशाल विशेषाङ्क निकालनेकी इच्छा रखते थे पर "मम मति रङ्क मनोरथ राऊ" के अनुसार "प्रवासी" की आर्थिक अवस्था हमारी इच्छाकी पूर्त्तिमें बाधक बन गई। इस लिये साधारण दिवाली-अङ्क परही संतोष करना उचित जँचा। फिर भी हम यथाशक्ति यह कोशिश करेंगे कि दिवाली अङ्क चित्ताकर्षक, मनोहर और नेत्ररंजक हो। हम 'प्रवासी' को जैसा चाहते थे, नही बना पाये; इसका कारण और कुछ नहीं, मेरी बीमारी है। इस समय मेरी दशा दयाजनक हो गई है। इसकी व्याधिने मुझे सर्वथा शक्तिहीन बना दिया है। जहाँ पहले मैं अठारह घन्टे काम कर सकता था वहाँ अब मुश्किलसे चार-पाँच घन्टे काम कर सकता हूँ। कमजोरी के कारण शीघ्रही थकावट आ जाती है—कलम छूनेकी न इच्छा होती है और न हिम्मत, तो भी इच्छा-शक्तिके सहारे किसी तरह 'प्रवासी' का क़ाम किये जा रहा हूँ। यदि मेरा स्वास्थ्य ठीक होता तो भारत और वृहत्तर-भारत में 'प्रवासी' एक विशिष्ट स्थान प्राप्त कर लेता। वर्तमान स्थितिमें जो कुछ सेवा मुझसे हो सकती है उसी पर 'प्रवासी' परिवारको संतोष कर लेना चाहिये।

देश और विदेशोंमें 'प्रवासी' दिनपर दिन लोकप्रिय होता जा रहा है, यह मेरे लिये परम संतोषकी बात है। जिन मित्रोंने आर्थिक सहायता देकर 'प्रवासी' को आगे बढ़ाया है उनका हम चिरकृतज्ञ रहेंगे। यदि 'प्रवासी' द्वारा दलित और पीड़ित प्रवासी भारतीयों की कुछ भी सेवा हो सकी तो उसका सारा श्रेय उन्हींको है। अबतक जिनकी कृपादृष्टि 'प्रवासी' की तरफ नही फिरी है, उनसे हमारी विनम्र प्रार्थना है कि यदि और कुछ नहीं तो कमसे कम कुछ नये ग्राहक बनाकर और व्यापारियोंसे विज्ञापन दिलाकर इस सेवा-यज्ञमें अपनी आहुति डालनेसे नही चूकें।

मोरिशसका "जमाना"।

'प्रवासी' के गताङ्कमें मोरिशससे "मजदूर" नामक हिंदी-अंग्रेजी-फ्रेंचमें एक पाक्षिक पत्र निकलनेपर हमने प्रसन्नता प्रकट की थी। उसके बाद हमें मोरिशससे 'जमाना' नामक हिंदी-अंग्रेजी-फ्रेंचमें निकलने वाले अखबार की तीन प्रतियां मिली। यह भी 'मजदूर' की भाँति एक १७ इंच लंबा और ११ इंच चौड़ा कागजपर दोनों तरफ छापा है और यह भी उसीकी तरह पाक्षिक पत्र है। इसके संपादक हैं—श्री मुनेश्वर कुराराम। उद्देश्य है—मोरिशस के प्रवासी भाइयोंको जमानेके साथ चलनेका मार्ग दिखाना। यह पत्र प्रतिक्रियावादियोंकी प्रवृत्तियोंका प्रचंड प्रतिरोध करेगा और जनताको जगाने और आगे बढ़ानेवाले देश सेवकोंके कार्योंका हार्दिक समर्थन। हम सहयोगीके दीर्घजीवन और उज्वल भविष्यकी कामना करते हैं।

मोरिशसमें तीन लाख हिंदुस्थानियों और उनमें हिंदी भाषियोंकी एक बहुत बड़ी संख्या होनेपर भी वहाँ दैनिककी तो बातही दूर, उच्च श्रेणीका कोई साप्ताहिक पत्र भी नही है, यह वास्तवमें विषादकी बात है। अखबार ही जातीय जीवन और जागरणका दर्पण है। दक्षिणीय और पूर्वीय अफ्रिकामें गुजरातियोंकी संख्या दो लाखसे अधिक न होगी पर गुजराती भाषामें नेटालसे दो, टंगेनिका से दो, जंजीबारसे दो और केनियासे एक कुल सात उच्च श्रेणीके दैनिक और साप्ताहिक पत्र निकलते हैं पर नेटालमें पचास हजारसे अधिक हिंदी भाषियोंमें एक तीसरे दर्जेका मासिक पत्र भी नही चल सका। मोरिशसमें एक उच्च श्रेणीके शक्तिशाली साप्ताहिक पत्रकी नितांत आवश्यकता है। आर्यवीर-जागृति, मजदूर और जमानाको अखबार नही, परचाही कहना अधिक उपयुक्त होगा, आशा है कि मोरिशसमें एक जबर्दस्त हिंदी साप्ताहिकके प्रकाशन की शीघ्रही व्यवस्था की जायगी।

स्वदेशकी स्नेहपूर्ण स्मृतियाँ।

पीड़ित प्रवासीकी पुकार।

एक वर्ष हो चुका फीजीमें मुझको रहते,
आतप वर्षा शीत एकसी प्रतिदिन सहते।
भारत है अब स्मृति मात्रमें ओझ ! भयंकर,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भयसे भी यह अधिक दीखता थलका अन्तर !
छिपा हुआ है सिंधु पाटसे दिव्य किनारा,
दूर दूर है प्यारा भारतवर्ष हमारा !
जहाँ बसी हैं गया, गयाके शुभ देवालय,
देवालयके कलश, कलशकी आभाका लय ।
होता नहीं कदापि रखे हों मानो दर्पण,
चन्द्र तारका दिनकर जिनमें निज मुख दर्शन ।
करनेके ही हेतु रात-दिन आते रहते,
नभमें; और नदी धारामें दिखते बहते ।
वहीं पासका गांव वास मेरा था प्यारा,
दृश्य सामने मुझे दीखता उसका सारा ।
कल कल करती नदी, तीरकी वह हरियाली,
गायोंके वे झुन्ड रँभाते बछड़ों वाली ।
रेतीके वे खेल रातमें आंख मिचौवल,
जलकी क्रीड़ा तैर पहुँचना सबसे औवल ।
सांझ समय आकाश पतंगें खूब उड़ाना,
माताका वह प्यार पिताका लाड़ लड़ाना ।
वे सुख मेरे कहो गये हैं किससे लूटे,
भारतके ही साथ हाय ! सब मुझसे छूटे ।

पास किया एन्ट्रेंस अमेरिका जाना ठाना,
भाग्य-चक्रसे पड़ा मुझे फीजीमें आना ।
मातृभूमि है स्वस्ति स्वस्ति अब चार वर्ष तक,
नहीं सकूंगा टेक चरणपर तेरे मस्तक ।
ले आया है खैंच यहाँपर मुझको बलसे,
वणिकोंका व्यापार स्वार्थ चतुराई छलसे ।
पशु बनके ये खेत मुझे सब हलने होंगे,
खून पसीना बना सींचने गन्ने होंगे ।
रहता भूखा तीन दिवस मैं सात दिवसमें,
शक्ति जरा भी नहीं रही है मेरी नसमें ।
तिसपर भी यदि कार्य नहीं मैं कर पाऊंगा,
तो फिर घूँसे बेंत बूट ठोकर खाऊंगा ।
होता शतधा हृदय याद कर निर्दयताको,
मानवतामें भरी देखता हूँ पशुताको ।
ये प्लैन्टर पाश्चात्य सभ्यता बाना धारी,
राक्षससे भी कहीं अधिक हैं अत्याचारी ।
है गुलाम व्यापार यह, कुली प्रथाके वेशमें,
जो अबतक देखा न था, देखा भारतदेशमें ।

THE SWADESHI COTTON MILLS CO. LTD., KANPUR

Managing Agents:

Jaipuria Brothers Limited.

दी स्वदेशी काटन मिल्स कम्पनी लिमिटेड, कानपुर ।

मनैजिंग एजन्टस्

जयपुरिया ब्रादर्स लिमिटेड ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सात्विक जीवन ।

हिंदीकी सर्वोपयोगी मासिक पत्र । उद्देश्य—शुद्ध एवं सात्विक जीवनका निर्माण । गंभीर गवेषणापूर्ण लेख एवं मर्मभेदिनी कविताओंसे अलंकृत । समाजमें चरित्र-गठनका संदेशवाहक । ईश्वरभक्ति, कर्तव्य-बोध, धर्माभिमान, देशसेवा, समाज संस्कार एवं आत्मोन्नतिका पथ-प्रदर्शक । वार्षिक मूल्य देशके लिये ३) रुपया और विदेशों के लिये केवल ६ शिलिंग ।

सात्विक-जीवन ग्रंथ माला ।

ओम् प्रणव रहस्य ।

श्रीस्वामी शिवानंदजी महाराजकी लिखी हुई यह पुस्तक अपने ढंगकी अद्वितीय है । ओम्‌की व्यापकता, श्रेष्ठता और महत्तापर उत्कृष्ट रचना । थोड़ीसी प्रतियाँ शेष हैं । इन अनमोल ग्रंथके कागज और मुद्रणका मूल्य केवल दस आना, सजिल्द बारह आना ।

सचित्र हठ योग ।

संसारके सुखोंमें स्वस्थ शरीरही सर्वोपरि सुख है । स्वस्थ शरीरमेंही सबल मन बसता है । यदि आप अपनी खोई हुई शारीरिक शक्तिको पुनः प्राप्त करना चाहते हैं और वह भी पैसे खर्च किये बिना तो योगके अनुभूत उपायोंका आश्रय लें । इस पुस्तकमें प्रतिपादित योगके नियमों और आसन व्यायामोंका अभ्यास करनेसे आपका मन तेज और तन तारुण्यसे चमक उठेगा । सुंदर, सचित्र, सजिल्द पुस्तक का दाम केवल दो रुपया ।

वैराग्यके पथपर ।

मानवी जीवनका उद्देश्य बहुत ऊँचा है । जिसको भूलकर और विषय-वासनाओंमें फँस कर लोग पतित हो जाते हैं । इस ग्रंथमें जीवनको उन्नतिके शिखरपर ले जानेके अनुभूत उपाय बताये गये हैं । विश्वके अशांत एवं दुखद वातावरणमें विचरते हुए भी मनुष्य शांति और सुखका अनुभव कैसे कर सकता है, यह जाननेके लिये इस पुस्तकको पढ़ना चाहिये । सुंदर सजिल्द ग्रंथका मूल्य केवल एक रुपया ।

मन और उसका निग्रह (दो भाग) ।

मनकी चंचलता किसीसे छिपी नहीं है । अतएव उसको अनियंत्रित रूपमें छोड़ देनेसे जहाँ वह मनुष्यको पतनके गहरे गर्तमें गिरा देता है, वहाँ उसको वश में लाकर सुपथ पर चलानेसे वह मनुष्यको उत्कर्षके सर्वोच्च सोपानपर पहुँचा देता है । मनके वशीकरण बिना अभीष्टकी सिद्धि असंभव है । यदि आप मनको वशमें रखना चाहते हैं तो इस ग्रंथके दोनों भाग को एकवार अवश्य पढ़े । सुंदर सजिल्द दोनों भागका मूल्य क्रमशः एक और तीन रूपया है अर्थात कुल चार रुपया ।

हमारा ज्ञानवर्धक प्रकाशन :—

(१) ब्रह्मचर्य नाटक..... ॥)
(२) अध्यात्मिक शिक्षावली (प्रथम खण्ड)..... ।॥)
(३) " " (द्वितीय ") ..... ॥)
(४) सचित्र हठयोग (सजिल्द)..... २)
(५) स्वामी शिवानंदकी जीवनी व उनके उपदेश (अंग्रेजी)..... १॥)
(६) मन और उसका निग्रह (प्रथम खण्ड)..... १)
(७) " " (द्वितीय ")..... ३)
(८) ओ३म (प्रणव रहस्य)..... ॥=)
(९) वैराग्यके पथपर .. .. १)
(१०) जीवन सौरभ..... ।=)
(११) मानव जीवनका रहस्य..... ।=)
(१२) राष्ट्रीय जागरणका इतिहास..... १)
(१३) देशके नौनिहालोंसे..... =)
(१४) सदाचारका महत्व..... =)
(१५) काँग्रेसके सभापति..... १)
(१६) काँग्रेस चार्ट..... १)
(१७) स्वास्थ्य पत्र..... १)

हमारी लोकप्रिय डायरियाँ तथा कैलेंडर जो प्रतिवर्ष बड़े सज-धजके साथ निकलते हैं :—

(१) राष्ट्रिय डायरी । १॥)
(२) जनरल डायरी । १)
(३) सदाचार डायरी । १=)

मिलनेका पता :—

जनरल प्रिन्टिङ्ग वर्क्स लिमिटेड ।

८३ पुराना चीना बाजार स्ट्रीट,
कलकत्ता ।

फोन न० २१०४ बड़ाबाजार । तारका पता: भाईकाशी ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आर्य साहित्य मण्डल लि० अजमेर की

कुछ नई पुस्तकें

१. पातञ्जल योगप्रदीप—लेखक श्री स्वामी ओमानन्दजी महाराज। इसग्रन्थ में योगदर्शन व्यासभाष्य, भोजवृत्ति और योगवार्त्तिक के भाषानुवाद के साथ-साथ श्री स्वामीजी महाराज ने अपने क्रियात्मक अनुभव के आधार पर अनेक ऐसी बातों का समावेश किया है, जिससे योगमार्ग में लगने वाले नये व्यक्ति की अनेक कठिनाइयां दूर हो जाती हैं। इस संस्करण में पहले की अपेक्षा बहुत अधिक वृद्धि की है। २०×२६=८ पेजी के लगभग ८०० पृष्ठ, तथा योगासनों के अनेक चित्र भी दिये गये हैं। मूल्य १२) रुपया।

२. वैदिक अध्यात्म सुधा—ले० श्री पं० प्रियरत्नजी आर्ष (स्वामीब्रह्ममुनिजी) अध्यात्मविद्या के प्रेमियों के लिये अत्यन्त लाभप्रद। मूल्य ॥)

३. रामायणदर्पण—ले० श्री ब्रह्ममुनिजी। इस में वाल्मीकीय रामायण के आधार पर राम, भरत, लक्ष्मण आदि प्रत्येक व्यक्ति का चरित्रचित्रण और उस समय की धार्मिक सामाजिक और राजनीतिक अवस्था का चित्रण किया है। पुस्तक अत्यन्त उपयोगी है। मूल्य ॥।)

४. हैदराबाद सत्याग्रह का रक्तरञ्जित इतिहास—आर्यसमाज ने सन् १९३९ में दक्षिण हैदराबाद में जो महान् सत्याग्रह किया था, उसका पूरा-पूरा वर्णन किया गया है। पृष्ठ संख्या ४००, चित्र सं० १०० से ऊपर, मूल्य ३)

५. युद्धनीति और अहिंसा—ले० श्री डा० सूर्यदेवजी शर्मा। भारत की वर्तमान राजनीतिक परिस्थिति से सम्बन्ध रखने वाला अत्यन्त उपयोगी और सामयिक ग्रन्थ, मूल्य १) रुपया।

६. संस्कृतवाक्य प्रबोध—महर्षि दयानन्द सरस्वती। इस संस्करण में सं० वा० प्र० पर किये आक्षेपों का उत्तर भी छापा है। मूल्य ।=)

७. सन्धिविषय—शुद्ध सुन्दर और छात्रोपयोगी टिप्पणियों के सहित। मूल्य ॥।)

यजुर्वेद मूल गुटका १।), सामवेद मूल गुटका १।), आर्यपर्वपद्धति १॥), वैदिक मनोविज्ञान ।), सूर्य इतिहास ॥=), भयानक षड्यन्त्र ।), खतरे का घण्टा ।=), खतरे का बिगुल ॥), विश्वासघात ॥), जीवन-पथ ।=), धार्मिक शिक्षा १ से १० भाग ४), पंचमहायज्ञविधि ।), गोकरुणानिधि =), महर्षि का जीवनचरित्र बृहत् [दो भाग] १०)।

चारों वेद सरल हिन्दी अनुवाद सहित

सम्पूर्ण १४ जिल्दों में मूल्य ७० रुपये

उत्तम छपाई, बम्बई-निर्णयसागर-टाईप, सफ़ेद चिकना काग़ज़, डबल क्राउन १६ पेजी के सुलभ आकार में

इष्ट मित्रों के लिये पवित्र उपहार, पुस्तकालयों और घर की अलमारियों का सुन्दर भूषण, विवाहों और अन्य धार्मिक अवसरों पर देने के लिये आदर्श भेंट, छात्रों के लिये पवित्र पारितोषिक और नित्य आत्मिक आनन्द तथा पुण्य-कर्त्तव्य पालन करने का अपूर्व साधन।

अनुवाद आचार्य सायण, महीधर, महर्षि दयानन्द, पं० तुलसीराम स्वामी, पं० ज्वालाप्रसाद, विवरणकार माधव आदि वेदभाष्यकारों के भाष्यों को समक्ष रखकर ब्राह्मणग्रन्थ, उपनिषद्, आरण्यक, निरुक्त, व्याकरण आदि आर्ष ग्रन्थों के आधार पर प्रमाण दर्शाते हुए आर्य वैदिक सिद्धान्तों के अनुसार कराया है।

सामवेद १ जिल्द ५) रु०, अथर्ववेद ४ जिल्द २०) रु०, यजुर्वेद २ जिल्द १०) रु०, ऋग्वेद ७ जिल्द ३५) रु० प्रत्येक जिल्द लगभग ८०० पृष्ठों की पूरे कपड़े की बंश्री हुई सुनहरे अक्षरों सहित है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जोधपुर कमर्शियल बैंक लिमिटेड

(जोधपुर स्टेटमें स्थापितः सभ्यों की जिम्मेदारी सीमित है।)

चैयरमैन—श्री नारायणलाल बंसीलाल

चुक्ता मूलधन ..... रु० ५०,००,०००.

रिज़र्व फंड रु० ३,५०,०००.

बैंककी शाखाएँ:—

मारवाड़ : जालोरी गेट, जोधपुर, स्टाक एक्सचेंज, श्री रघुनाथजीका मंदिर, घासमंडी; जोधपुर; खेजर्ला हाउस, जोधपुर सिटी; कुचामन सिटी, नागोर, मेरता सिटी, पाली, रानी, बारमर (मारवाड़)

बंबई : ५३ टेमरिण्ड लेन, फोर्ट; २०७ कालवा देवी रोड, गांधी चोक, कल्याण; ११८-१२२ काजी सैयद स्ट्रीट, माण्डवी, म्युनिसिपल बिल्डिंग, भिवण्डी (जी० थाना) थाना-जामली नाका, ६६०९ किंग्सवे, सिकन्द्राबाद।

अहमदाबाद: मस्कती मार्केट। कलकत्ता: १-१ मिशन रो और ५७ नेताजी सुभाष रोड।

मद्रास: २६, गोविन्दप्पा नायिक स्ट्रीट, जी. टी. मद्रास।

चालू डिपाजिट खाता : चालू डिपाजिट खाते में रु० १,००,००० तक के दैनिक बाकी रकम पर १।४ सैकड़ा वार्षिक ब्याज मिलेगा। बड़ी रकमों पर खास निश्चित ब्याज दिया जायेगा।

निश्चित अवधि के डिपाजिट : एक वर्ष अथवा उससे कम समय के लिये लिया जाता है। दर आवेदन करने पर प्राप्त हो सकता है।

सेविंग बैंक खाता : दैनिक बाकी रकम पर १ प्रति सैकड़ा के हिसाब से अथवा मासिक बाकी पर डिपाजिटरोंके साथ तय शर्तों के अनुसार वार्षिक १॥ प्रतिशत के हिसाब से ब्याज दिया जायगा। रु० २०, ००० तक पर ५ से भाग दी जा सके इतनी रकम पर ब्याज दिया जायगा। खाता खोलने वाले सप्ताह में दो वार अधिक से अधिक रु. १०००)तक निकाल सकेंगे।

लोन, ओवर ड्राफ़्ट और कैश क्रेडिट : मान्य जामिनों पर उधार दिया जाता है।

सेफ कस्टडी के लिये रखी गयी तमाम जामिनगीरियोंपर डिविडेण्ड एवं ब्याज बैंक वसूल करता है।

बैंक सरकारी जामिनगीरियों तथा पब्लिक कम्पनियों के शेयरों की खरीद बिक्री का काम भी लेता है।

बैंक सम्बन्धी सब प्रकार का कारोबार किया जाता है।

सी. एच. दीवानजी,—मैनेजर.

मनोरंजनप्रद सामयिक पुस्तकें:—

राष्ट्र-निर्माणके युगमें क्रान्तिकारी विचारधाराओंसे ओत-प्रोत राष्ट्रीयताका प्रतिनिधित्व करनेवाली अपने ढंगकी तीन अनुपम पुस्तकें—

अन्तिम इच्छा १५ कहानियोंका संग्रह, सजिल्द मू० १॥।)

आवर्त्तन १७ कहानियोंका संग्रह सजिल्द मू० २)

अनुष्ठान मौलिक क्रांतिकारी सामाजिक उपन्यास सजिल्द मू० ३॥)

हिंदीकी उच्च कोटिकी पत्र-पत्रिकाओं द्वारा प्रशंसित इन पुस्तकोंमें आप वर्त्तमान युगकी उलझी हुई गुत्थियोंका सुलझा हल पाएंगे, साथ ही बेकारके क्षणोंमें मनको प्रसन्न करनेवाली सामग्री भी मिलेगी।

एक साथ तीनों पुस्तकें ५।) रु० में

डाक व्यय सहित।

शीघ्र प्रकाशित होगी ऑर्डर भेजें।

भव्य कलापूर्ण अनुपम डायरियां (१९४९)

(१) हिन्दुस्थान डायरी (सजिल्द) (२०×२६) ३२ पेजी
(२) कांग्रेस डायरी ,, ,, ,, ,,
(३) गांधी डायरी ,, ,, ,, ,,
(४) नवजीवन डायरी ,, ,, ,, ,,

थोक खरीदारोंको विज्ञापनकी विशेष सुविधाएं, दुकानदारोंको कमीशन २५) रु० प्रतिशत।

दि बंगाल प्रिंटिंग वर्क्स

२, सिनागॉग स्ट्रीट, कलकत्ता।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri
Registered No. N. 1043

Travel by Sea or Air

Tel. Add. "Colonial" Phone: 23313

ISMAILBHAI VAHED & SON.

Passenger & Commission Agents

Behram Mahal, Dhobi Talao, Kalbadevi Road,

P. O. Box 2022. BOMBAY, 2.

BRANCH: Station Road, SURAT.

Station Road, NAVSARI.

POPATLAL & CO.

General Merchants & Commission Agents

Exporters and Importers

P. O. Box 1122, Lourenco Marques,

Portuguese East Africa.

Morarjee Jivanjee & Co.

IMPORTERS & EXPORTERS

General Merchans

Tel. Add. JIVANJEE, P. O. BOX 837,

Lourenco Marques, P. EAST AFRICA.

J. MAGANLAL & Co.,

Brokers & Agents.

15-A, Victoria Street, DURBAN,

P. O. Box 1582, Tel.Add. "Guythri",

Natal, South Africa.

D. ROOPANAND BROS.

Music Saloon & Booksellers

Sole Agent for Rama Flute Harmoniums

AND

Hindustani Records

Cable Add. ANAND, Durban,

P. O. Box 2524. 85 Victoria Street,

Durban, Natal, South Africa.

B. KAKOOBHAI & CO. LTD.

General Produce Merchants

AND

Commission Agents

Tel. Add. RICHNESS. P. O. Box 675

Rua Araujo No. 82, Lourenco Marques,

Portuguese East Africa.

R. B. Maharaj & Sons

Land, Estate and General Agents

Chief Agent:

British America Assurance Company.

Agent:

Sun Life Assurance Co. of Canada.

General Business Consultants, Book-keepers and Secretaries.

Loan negotiated and Account collected.

Landed properties sold & purchased.

335 Church Street, Pietermaritzburg,

Natal, Union of South Africa.

Dayal Brothers

High Class Tailors & General Dealers

61 Victoria Street, Durban,

Natal, Union of South Africa.

KASHAVLAL MORARJEE

General Merchant

P. O. Box 515, Lourenco Marques,

Portuguese East Africa.

PATEL & CO.

General Merchants

P. O. Box 350, Lourenco Marques,

Portuguese East Africa.

RAMJI RAGHUNATH

Building Contractor

P. O. Box 660, Lourenco Marques,

Portuguese East Africa.

LALOOBHAI BHULABHAI

Farmer & General Dealer

P. O. Box 944, Lourenco Marques,

Portuguese East Africa.

M. P. SINGH & BROS.

General Merchants

P. O. Esikoleni, Edendale,

Natal, South Africa.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Published by Bhawani Dayal Sannyasi from Pravasi Bhawan, Adarshngar, Ajmer, India.
Printed by Mathura Prasad Shivahare at the Fine Art Printing Press, Srinagar Road, Ajmer.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रवासी

PRAVASI



वर्ष १

अंक

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

THE PRAVASI

(Circulated throughout South & East Africa, British & Dutch Guiana, British West Indies, Mauritius, Fiji and the Union of India.)

Annual Subscription

For the Union of India	Rs. 10
For Foreign Countries	Sh. 20

Advertising Rates

		Rs.
Full Page:	One Insertion	50
	Six Insertions	270
	Twelve Insertions	480
Half Page:	One Insertion	30
	Six Insertions	150
	Twelve Insertions	270
Column's	One Inch: One Insertion	5
	Twelve Insertions	40

Second and Third Covers 50 per cent extra
Fourth Cover 75 per cent extra.

All correspondence should be addressed to
BHAWANI DAYAL SANNYASI,
"The Pravasi" Office, Pravasi-Bhawan,
Adarshnagar, Ajmer, India.

प्रवासी

(दक्षिण और पूर्व अफ्रिका, ब्रिटिश और डच गायना, ब्रिटिश वेस्ट इण्डीज, मोरिशस, फिजी आदि विदेशोंके सिवा सारे हिन्दुस्थानमें प्रचारित)

वार्षिक मूल्य

हिन्दुस्थानके लिये १०) रुपया।
विदेशोंके लिये २०) शिलिङ्ग।

विज्ञापनका रेट।	रुपया
पूरा पन्ना एक वारकी छपाई	५०)
छः वारकी छपाई	२७०)
बारह वारकी छपाई	४८०)
आधा पन्ना एक वारकी छपाई	३०)
छः वारकी छपाई	१५०)
बारह वार की छपाई	२७०)
कालमका एक इंचः एकवारकी छपाई	५)
बारह बारकी छपाई	४०)

दूसरे और तीसरे कवरकी छपाई ५० प्रतिशत और चौथे कवरकी छपाई ७५ प्रतिशत अधिक।

सर्व प्रकारका पत्र व्यवहार इस पतेसे करना चाहिये—

भवानी दयाल संन्यासी,
"प्रवासी" कार्यालय, प्रवासी-भवन,
आदर्शनगर, अजमेर, हिन्दुस्थान।

प्रवासी-की-आत्मकथा

स्वामी भवानी दयालजीकी जीवन-कहानी। भूमिका-लेखकः राष्ट्रपति डाक्टर राजेन्द्र प्रसादजी। रोचक न्याससा मनोरंजक। ६५० पन्नेके वृहद् ग्रंथका मूल्य ७) आठ रुपये डाक व्यय सहित।

प्रवासी-पुस्तक-माला।

(१) अब्दुल्ला इस्माइल काजी।

दक्षिण अफ्रिकाके प्रसिद्ध भारतीय नेता स्वर्गीय अब्दुल्ला इस्माइल काजीका सचित्र जीवन-चरित्र। इसके लेखक हैं श्री भवानी दयाल संन्यासी और भूमिका-लेखक बम्बईके वर्तमान गवर्नर राजा महाराज सिंह। मूल्य केवल एक रूपया। पुस्तक अंग्रेजीमें है।

(२) वैदिक प्रार्थना।

इसकी पाँचवी आवृत्ति भी समाप्तिके निकट है। यही इसकी लोकप्रियताका सर्वोपरि प्रमाण है। इसमें संध्या, प्रार्थना, स्वस्तिवाचन, शाँति प्रकरण तथा कुछ चुने हुए वेदमंत्रोंके हिंदी पद्यानुवादके साथही अंग्रेजी अनुवाद भी है। हवन मंत्रोंका हिंदी और अंग्रेजी अनुवाद तथा कुछ फुटकर कविताएँ भी है। मूल्य केवल एक रूपया।

(३) पोर्तुगीज पूर्व अफ्रिकामें हिंदुस्थानी।

मोजम्बिक प्रदेशके प्रवासी भारतीयोंकी स्थितिका प्रामाणिक इतिहास। साठ चित्रोंसे अलंकृत। लेखकः स्वर्गीय दत्त भवानी दयाल और भूमिका लेखकः मध्य प्रांतके नेता, भारतीय पार्लामेंट और विधान परिषदके सदस्य सेठ गोविंददासजी। थोड़ीसी प्रतियाँ शेष हैं। मूल्य ढाई रुपया।

(४) स्वामी शंकरानंद संदर्शन।

स्वदेश और विदेशोंमें वैदिक धर्म और आर्य संस्कृति के प्रचारक स्वर्गीय स्वामी शंकरानंदजी महाराज का सचित्र जीवन-चरित्र। यह भी स्वामी भवानी दयालजीकी रचना है। मूल्य ढाई रुपया।

पताः—व्यवस्थापक, प्रवासी भवन,
आदर्श नगर, अजमेर, हिंदुस्थान।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri



Editor: Bhawani Dayal Sannyasi

Vol. 1 | AUGUST 1948 | No. 9

THE MALANITE REGIME IN SOUTH AFRICA

After a continuous and persistent opposition for the last sixteen years, Dr. Daniel Francois Malan has succeeded in obtaining a meagre majority over the United Party in the recent elections of the Union Parliament. He has already formed his cabinet consisting entirely of Boer nationalists. We offer our congratulations to Premier Malan, not because we like his new policy of apartheid but because of his past services that he rendered in maintaining the cordial relation between South Africa and India when he was Minister of Interior in the Hertzog Government. It was he who convened the round table conference at the end of 1926 at Cape Town and the Indo-Union Agreement was concluded at that conference in the beginning of 1927. It is true that some Englishmen have assisted him in throwing out Smuts' Government and it is also true that the Indians in South Africa are in for a hot time, if the Nationalists will put into practice what they have been preaching for more than a decade and promising in their election manifesto recently. In a broadcast speech to the Whitemen Dr. Malan declared that it was the desire of his Government to continue friendly relations with other members of the British Commonwealth; but no attempt by any external agency to interfere in

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

country's domestic affairs would be tolerated. Bearing in mind South Africa's experiences at Lake Success, he went on, the danger of interference could not be regarded as imaginary.

It is a clear warning to India that she will not be allowed to plead on behalf of the Indian settlers, inspite of the breach of the previous treaties, agreements, assurances and above all the charter of human rights. It is against this background that we must assess and formulate our new policy towards South Africa. In defending his policy of apartheid, Dr. Malan said in his broadcast speech, "the apartheid is not the caricature it has so often been represented to be. On the contrary, for the non-European it means a large measure of independence through the growth of their self-reliance and self-respect and at the same time the creation of greater opportunities for free development in conformity with their own character and capacity. For the European again it means a new sense of security, resulting from the safeguarding of their own identity and future. And for both races it means peaceful, mutual relations and co-operation for their common weal. The Government will, with fix determination, endeavour to achieve the realisation of this felicitous state of affairs."

This is the meaning of 'apartheid'. It is a new name for racial segregation, and a more rigid enforcement of the Ghetto Act. The earlier hopes entertained in certain quarters that all the anti-Indian propaganda of Dr. Malan and his party during the election were probably meant to catch votes, and now that he is in power, he would discharge his internal responsibilities and international obligations and probably would be more liberally disposed towards the Indian settlers, have now vanished and it is plain that his Government stands fully by the policy of 'apartheid' which carries to its logical conclusion the principle of racial segregation. Malan is not a doctor of medicine, science or philosophy, he is a Doctor of Divinity and was a minister for ten years of the Dutch Reformed Church in South Africa. Therefore he naturally evoked the guidance and blessing of the Almighty, at the end of his speech, in his difficult task. "In the South African Constitution" he said, the "Sovereignty of God in the destiny of our country is specially acknowledged, and in exercising our Governmental functions we wish to act in conformity with that confession. We acknowledge the fundamental value of the Christian faith and the indispensability of the Church with its purifying and constructive influence in our national life."

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Is it consistent for this Doctor of Divinity to proclaim the sovereignty of God and the glory of the Christian faith in his one breath and the necessity of 'apartheid' and the significance of racial discrimination in his next! We fail to understand this phenomenon. How could one reconcile the religion with 'apartheid'? It is nothing but mockery of God and religion. We are positive that even Christ would have been regarded as an undesirable person and prohibited from putting his foot on the sacred soil of South Africa, if he had been alive, for the simple reason that he happened to be an Asian irrespective of his other qualifications. In fact, Dr. Malan and white settlers of South Africa do not really believe in the religion preached by Jesus Christ and his holy gospel of the fatherhood of God and the brotherhood of man—they rather follow a new brand of religion that may appropriately be termed as the White Race Supremacy Religion of which General Smuts is the acknowledged Messiah. According to the tenet of this religion the Almighty has created specially a superior race consisting of white-skinned people to rule over the non-white peoples of the world. The South African Constitution was framed on this basis, hence a non-white is not entitled to occupy a seat in the Union Parliament. Dr. Malan is sincere in his belief of the white race supremacy and therefore he deems it natural and essential that non-whites must assist the whitemen in attaining a very high standard of prosperity by acting as 'hewers of wood and drawers of water.' It is also a testimony to the "sovereignty of God" and the "fundamental value of the Christian faith" that about nine million natives are represented by three white members in the Union Parliament, while the two and half million whites are represented by 147 members. Ofcourse, the Indian settlers are entitled to none; they were disfranchised since 1896. That is just what is happening in SouthAfrica today where a vast population of the non-whites is held under subjection and treated as helots by a handful of whites, through sheer brute force and not by any moral right. Apartheid is primitive and barbarous method to turn the Indians out of South Africa and if they want to remain there they must do so as slaves whose very presence in the European areas will polute the whites. Therefore all the cannons of justice and fairplay, all considerations of righl and wrong, of prudence and obligation must be thrown to the winds and the Indiao interests sacrificed at the altar of apartheid.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

एक ओर तो यह करुणापूर्ण नजारा था और दूसरी ओर इसप मियाँ और हबीब मोटनके नेतृत्वमें मुसलमानोंकी एक पार्टी नीच-प्रकृतिकी नंगी नुमाइश दिखा रही थी। बापूके आगमनसे पहलेही मतांध मुसलमानोंमें खूब जोश फैलाया गया था। "हमदर्दे इस्लाम" की बैठकमें यहाँ तक कहा गया कि सारे हिंदू काफिर हैं और गांधी है काफिरोंका सरदार। काफिर गांधीको लीडर मानना गोया दोजखमें जानेका रास्ता साफ करना है। कुछ मुसलमान भी काफिरोंसे मिले हुए हैं, उनको दीनदार मुसलमान नहीं, दीनका दुश्मन काफिरही मानना चाहिये। गांधीने सरकारसे सुलह करली है कि कानूनसे एक मर्दकी एकही बीबी जायज समझी जाय। इस्लामपर यह हमला! इस्लामकी यह तौहिन! हमारे कुरान मजीदमें चार बीबियाँ तक रखनेकी इजाजत है। सरकारके साथ गांधीके किये हुए इकरारनामेको मुसलमान हर्गिज नहीं कबूल कर सकते। यहाँ यह भी कह देना आवश्यक है कि नेटालके अधिकांश मुसलमान भी गांधीजीके बैरी बन बैठे थे। दादा ओसमान, आँगलिया आदि मुस्लिम नेताओंने नेटाल इंडियन काँग्रेसपर दखल जमा कर उसीके द्वारा गांधीजी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

का खुला बिरोध कर रहे थे। लाचार होकर बापूको नेटाल इंडियन एसोसियेशनकी स्थापना करनी पड़ी थी। बापू मुसलमानोंको बेहद चाहते थे पर मुसलमानोंने उनके स्नेह का जो बदला चुकाया, उसे कृतघ्नताके सिवा और क्या कहा जा सकता है?

खैर, जोहान्सबर्गकी सड़कपर बा और बापूकी बग्घी धीरे धीरे जा रही थी और उनके चारों ओर मनुष्य चींटीकी चाल चल रहे थे। श्री लाल बहादुरसिंहके साथ मैं फूट-पाथपर जा रहा था। हमारे पासहीसे एक मुसलमानने बापूको लक्ष्य करके सड़ा अण्डा फेंका, वह जाकर पहिये पर गिरा और फूटा। दूसरा अण्डा बग्घी के अंदर पहुंच कर फूटा। यह बदमाशी हमसे बर्दास्त न हो सकी। सिंहजीने झपटकर उसकी गर्दन पकड़ ली और फूट-पाथ पर दे मारा। मैंने उसके मुँह पर दो चार लातें रसीद कीं। हुल्लड़ मच गया, जो उधर से आते, उस बदमाशको एक दो ठोकरें लगाकर आगे बढ़ जाते। हम लोग भी चलते बने, उस भीड़में कौन किससे पूछता है? मुसलमानोंमें बड़ी उत्तेजना फैली, वे मार पीट पर उतारू हो गये, पर इधर भी कौन उनसे डरने वाला था? हबीब मोटनकी बदहवाशीपर मुझे तो बड़ी हँसी आई। वह ऐसा उछल-कूद कर रहा था मानो एकही कौरमें हम सबको निगल जायगा।

उसी रातको ८ बजे बायस्कॉप हॉलमें सार्वजनिक सभा हुई। मुसलमानोंके जोश और रोषसे दंगेकी भी दहशत थी। बापू उठे और दिनकी राहवाली घटनाका जिक्र करते हुए बोले—"मुझे मालूम हुआ है कि रास्तेमें कुछ भाई मुझपर हमला करना चाहते थे, उनसे मुझे कुछ भी कहना नहीं है। वे भलेही मुझे मारें, मैं मार खानेको तैयार हूँ, लेकिन जिन भाइयोंको मेरी रक्षाकी चिन्ता लगी हुई है, उन्हींसे मुझे कुछ निवेदन करना है। मीर आलमने जब मुझे मारा था तो भगवान को मेरा मरना मंजूर न था, इसलिये मैं नहीं मरा। यदि ईश्वर मुझे उठा लेना चाहेगा तो किसीसे मेरी रक्षा न हो सकेगी। मैं इंगलैण्ड जा रहा हूँ, यदि मेरा जहाज समुद्रकी मँझधार में डूब जाय तो मेरे रक्षक क्या करेंगे? क्या वे ईश्वरसे लड़ेंगे? इसलिये यदि कोई मुझे मारता है तो उसे खुशीसे मारने दो, पर तुम मेरी रक्षा करने अथवा बदला लेनेका विचार छोड़ दो।"

मैं बापूका उपदेश ध्यानसे सुन रहा था और अपनी अंतरात्मासे पूछ रहा था कि क्या मेरा कृत्य अवांछनीय था? मुझे अपनी कार्रवाई पर न कोई अन्तर्वेदना हुई और न आत्मग्लानि। उस समय मैं बाइस वर्ष का नवयुवक था, दिलमें जोश था, खूनमें गर्मी थी। सोचा कि बापूका कथन उनकी महत्ता और साधुताकाही द्योतक है, वे अपने दुश्मन पर दया दिखा सकते हैं, पर मैं तो एक तुच्छ जीव हूँ। यदि कोई दुरात्मा किसी महात्मापर सड़े अण्डे फेंकनेका दुस्साहस करता है तो उसके कुकृत्यको देखते हुए भी शांत रह जाना यदि आत्मसंयम है तो कायरता किसको कहा जायगा? दुष्टको दण्ड देना यदि दुष्कर्म है तो मैं किसी गुँडेको बदमाशी करते हुए देखकर शांत रह जानेकी अपेक्षा दुष्कर्मी बनना अधिक पसंद करूंगा।

इस प्रकार वस्तुस्थितिका विश्लेषण करके अपने मनको संतुष्ट कर लिया, पर यह हिम्मत न पड़ी कि हम बापूके सामने जाकर उस घटनाकी जिम्मेदारी कबूल कर लें। यहाँ तो वह चिन्ता लगी हुई थी कि बापूको कहीं हमारी कारगुजारीका पता न लग जाय अन्यथा ऐसी फटकार खानी पड़ेगी जो हण्टरकी मारसे भी अधिक चोटदार होगी।

इसके बाद बा और बापूको जोहान्सबर्गके 'मेसोनिक हॉल' में विदाईका भोज दिया गया। ट्रांसवालकी अनेक सभा-समितियोंकी ओरसे बापूको मानपत्र अर्पण किये गये, जर्मिस्टनके प्रवासी भारतीयोंकी ओरसे मानपत्र पढ़नेका सौभाग्य मुझे प्राप्त हुआ था। दक्षिण अफ्रिका, इङ्गलेण्ड और भारतसे सौकड़ों तार आये थे जिसमें बापूकी त्याग-तपस्या और सेवाकी स्तुति की गई थी। केवल जोहान्सबर्गकी 'अहमदिया इस्लामिक सोसायटी' के तारमें बापूकी सार्वजनिक विदाईका विरोध किया गया था और कहा गया था कि मुसलमानोंका उससे कोई सरोकार नहीं है। इस तारके पढ़े जाने पर सारी सभा 'शर्म-शर्म' पुकार उठी थी।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

एक सत्य घटनाके आधारपर ।

पाकिस्तानके प्रवासी हिंदू ।

"भाइयों ! आज इंडियाका बँटवारा हो गया, उसका नक्शा बदल गया । अब मैं हिंदुस्थानी नहीं रहा, पाकिस्तानी बन गया । हमारा सिंध पाकिस्तानके हिस्सेमें आ गया, इस लिये हिंदुस्थानसे हमारा क्या वास्ता—वह तो हमारे लिये परदेश हो गया । हम तो पाकिस्तानकी बुलबुल हैं, वही हमारा गुलशन है । उसीके लिये हम जीयेंगे और उसीके लिये मरेंगे "—वीरुमल गिडवानीने बड़े जोशके साथ यह बातें कहकर अपना भाषण समाप्त किया । वहाँ बैठे हुए मुसलमानों ने तालियोंकी गड़गड़ाहटसे उनके विचारका समर्थन किया ।

वीरुमल गिडवानी रोडेसिया प्रदेशके एक प्रसिद्ध व्यापारी थे । सेलिस्बरीमें उनका आलिशान मकान था और फेशनेबल दूकान थी । वे प्रथम भारतीय थे जो चेम्बर ऑफ कॉमर्सके उपसभापति चुने गये थे । वे कराचीसे व्यापारके लिये रोडेसिया गये थे । वहाँ उनका व्यापार खूब जम गया था । स्वदेशसे भी उनका सम्बन्ध बना हुआ था । कराचीमें काफी रुपये लगाकर उन्होंने शानदार मकान बनवाया था । उनके परिवारके प्राणी अक्सर कराची आया करते थे ।

जब हिंदका अङ्ग भङ्ग हो गया और सिंध पाकिस्तानके हिस्सेमें चला गया तो वीरुमलने अवस्थाके अनुसार व्यवस्था करनाही बुद्धिमानी समझा । सोचाकि भगवाननेही उनको पाकिस्तानी बना दिया है । यद्यपि मुस्लिम लीगी नेता पाकिस्तानको इस्लामी हुकूमत बनाना चाहते हैं तो भी देशभक्त और राजभक्त नागरिकका चाहे वह किसी भी धर्मका अनुयायी क्यों न हो अन्य सभ्य देशोंकी भाँति पाकिस्तानमें भी तिरस्कार न होगा ।

इसी लिये सन १९४७ में १५ अगस्तको जहाँ रोडेसियाके समस्त प्रवासी भारतीय अपनी मातृभूमि की स्वतंत्रताकी उपलब्धिका महोत्सव मना रहे थे वहाँ वीरुमलके यहाँ पाकिस्तानकी स्थापनाका जलसा हो रहा था । उनके मकानकी सजावट देखकर दर्शक मुग्ध हो रहे थे । फूल-पत्ते और वंदनवार हवाकी झोंकसे झूम झूमकर पाकिस्तानके निर्माणका मस्तगान गा रहे थे, सैकड़ों छोटी-बड़ी पाकिस्तानी-पताकाएँ लहरा-फहराकर और बिजलीकी अनेक रंग-बिरंगी बत्तियाँ अपनी रोशनीकी छटा दिखाकर वीरुमलकी वफादारीकी गवाही दे रही थीं । मकानके छतपर चाँद-सितारेवाला विशाल हरा झंडा शानसे उड़कर यही साबित कर रहा था कि यदि सेलिस्बरीमें कोई सच्चा पाकिस्तानी है तो वह है वीरुमल गिडवानी ।

शहरके सभी प्रतिष्ठित भारतीय और युरोपियनोंको उन्होंने इस अवसरपर आमंत्रित किया था, पर मुसलमानों और चंद अंग्रेजोंसे सिवा अन्य भारतीय उनके उत्सवमें शरीक नहीं हो सके थे क्योंकि वे अपना अलगही भारतीय स्वाधीनताका उत्सव मना रहे थे । वीरुमलने आगत सज्जनोंको प्रतिभोज भी दिया और भोजके बाद अपनी राजभक्ति प्रकट करनेके लिये एक जोशीला व्याख्यान भी । उसी दिन उन्होंने कायदे-आजम जिन्ना और वजीर-आजम लियाकत अली खाँको तार भी दिया था जिनमें पाकिस्तानके प्रति उनकी वफादारीका इजहार था । यही नहीं, उन्होंने एक हजार पौंडकी रकम भी तार द्वारा भेजकर कायदे-आजमसे प्रार्थना की थी कि वे उनकी तुच्छ भेंटको कबूल कर लें और पाकिस्तानके हितमें उसे लगा दें । उसी सप्ताह में उसके छोटे भाई पैरुमलके साथ उनकी माता और पत्नी सरला भी कराचीके लिये रवाना हो गईं—नई हुकूमतका रंग-रवैया देखने और अपने जमीन-मकान का नया इंतजाम करने के लिये ।

(ख)

वीरुमल पक्के पाकिस्तानी बनकर अपने कारबारमें मशगूल रहने लगे । चार-पाँच मास कुशलसे बीत गये । कराचीसे पत्नी और छोटे भाईकी चिट्ठियाँ

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बराबर आती रहीं जिनमें चिन्ता पैदा करनेवाली कोई बात न होती थी। इधर पंद्रह-बीस दिनोंके अंदर उनकी कोई चिट्ठी न मिलनेसे वीरुमल कुछ चिन्तित अवश्य हुए, पर यह सोचकर अपने काम-काजमें लगे रहे कि या तो चिट्ठी लिखनेमें सुस्ती हुई है अथवा वह कहीं डाकमें गायब हो गई है। अचानक उनको कराचीसे एक ऐसी चिट्ठी मिली जो पता ठीक न होनेके कारण इधर उधर भटककर किसी तरह उसके पास पहुँच गई थी। वह उनकी पत्नी या भाईकी चिट्ठी नहीं थी। उसकी शकल-सूरतसे चिढ़कर वीरुमलने उसे एक तरफ फेंक दिया। जब वे सारी डाक देख चुके तब उस पत्रको पढ़ लेना भी उनको उचित प्रतीत हुआ। मैले लिफाफेके अंदर कागजका एक टुकड़ा निकला जिसमें सिंधी भाषामें केवल यही सूचना थी कि कराचीमें उनके परिवारका सर्वनाश हो चुका है, इस लिये उनको शीघ्र वहाँ पहुँच कर अपना घरबार संभाल लेना चाहिये। इस खतपर किसी करीम मियाँकी सही थी।

इस पत्रसे वीरुमलके होश उड़ गये। उन्होंने उसी वख्त अपने भाईके नामसे जरुरी तार भेजा पर वह दूसरे दिन इस कैफियतके साथ उनके पास वापस आ गया कि पानेवालेका पता नहीं। वे एकदम घबरा उठे, सिरपर मानो बज्र टूट पडा, आँखोंके सामने अँधेरा छा आया। अब तो क्षणभर भी ठहरना उनके लिये कठिन हो गया। उन्होंने वायुयानसे कराचीके लिये प्रस्थान कर दिया। रास्ते भर वे यही सोचते रहे कि उनके परिवारपर क्यों और कैसी आफत आ पड़ी? अखबारोंमें कराचीके दंगेकी खबर अवश्य पढ़ी थी, पर उससे उनके परिवारका क्या सम्बन्ध? उनको यह भी खबर मिली थी कि हिंदू सिंध छोड़कर हिंद भागे जा रहे हैं, पर वीरुमलका विचार था कि जो हिंदू पाकिस्तानका वफादार नहीं रह सकते उनको सिंधसे चला जानाही अच्छा है। पर वीरुमलका परिवार तो पाकिस्तानका सच्चा वफादार है, उनकी वफादारीसे कायदे-आजम और वजीर-आजम तक वाकिफ हैं, फिर उनके साथ दुर्व्यवहार कैसे हो सकता है? उनपर आफत कैसे आ सकती है।

(ग)

वीरुमल सही-सलामत कराची पहुँच गये। वायुयानसे उतरकर सीधे अपने मकानपर गये। उनके परिवारका पता न था, सारा मकान मुसलमान शरणार्थियोंसे भरा था। पूछने पर जबाब मिला कि यहाँ कोई काफिर नहीं रहता, यह तो केवल दीनदारों की सराय है। वीरुमलके अपने परिवारके बारेमें तलाश करनेपर एक मियाँ गुर्रा उठे—"क्या माथापच्ची करता है? देखता नहीं है, अंधा है। निकलो मकानसे बाहर वरना गर्दनियाँ देनेपर मजबूर होना पडेगा।" बेचारे वीरुमल रङ्ग ढङ्ग देखकर दङ्ग रह गये और वहाँसे टल जानाही उनको ठीक जँचा।

वीरुमल ज्योंही उस मकानसे निकल कर सड़क पर पहुँचे, एक मुसलमान युवक उनके सामने आकर खड़ा हो गया और बोला कि 'मेरा नाम करीम है। मैंनेही आपको खत लिखा था'। करीम क्या मिला मानो डूबते वीरुमलको तिनकेका सहारा मिल गया। साधारण शिष्टाचारके बाद करीमने चहलकदमी करते हुए वीरुमलको उनके परिवारका दर्दनाक दास्तान सुनाना शुरु किया:—

"भाई साहब! यह पाकिस्तान क्या बना, हजारों आदमियोंके लिये कब्रस्तान बन गया। कहा तो जाता है कि दुनियामें यह सबसे बड़ी इस्लामी रियासत है, पर इस्लाम यहाँ जितना बदनाम हो रहा है, शायदही उतना और कहीं और कभी बदनाम हुआ हो। यहाँ कोई यह नहीं पूछता कि तुम कुरान शरीफ और पैगम्बर साहबपर इमान रखते हो या नहीं बल्कि पूछा यह जाता है कि कायदे-आजम और मुस्लिम लीग पर तुम्हारा इमान है या नहीं! यदि नहीं तो तुम काफिर हो, गद्दार हो।

"जब आपका परिवार चार मास पहले अचानक यहाँ आया तभीसे उनसे मेरी जान-पहचान हो गई। मैं एक गरीब चुड़िहार हूँ और इसी धंधेकी बदौलत आपकी माता और आपकी पत्नीतक मेरी पहुँच हो पाई। वे मुझे अपने बच्चेकी तरह चाहती थीं और अपने पुराने कपड़े मेरे बीबी-बच्चोंको दे दिया करती थीं। इस लिये मैं रोजाना एकबार आपके घरका चक्कर लगा जाया करता था। उस दिन पहले

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सिखोंके गुरुद्वारेपर हमला हुआ, सिखोंके औरत-बच्चे तक काटे गये। शहर भरमें दहशत फैल गई, हिंदुओं का जानमाल खतरेमें पड़ गया। मैं शामकी वेलामें जब इधर आया तो हमारे भाइयोंका एक जत्था 'अल्लाह हो अकबर' के नारे लगाते इधरसे गुजर रहा था। आपके मकान पर पाकिस्तानी झंडा फहराते देखकर जत्था आगे बढ़नाही चाहता था कि भीड़में कोई चिल्ला उठा कि यह हिंदूका घर है। फिर क्या था? लोग टूट पड़े आपके घर पर। आपके भाई साहब बाहर निकल आये और वे कुछ कहनाही चाहते थे कि एक संड मुसंड बदमाशने 'या अली' चिल्लाकर उनपर तलवारका ऐसा वार किया कि उनका सर धड़से अलग जा गिरा; उसी वख्त आपकी बूढी माँ हाय! हाय! करके दौड़ आई, उनपर भी एक हरामजादेने लाठी चला दी जिससे उनका सिर फट गया और वे बेहोश होकर गिर पड़ीं। आपकी बीबी उन दो-जखी कुत्तोंसे अपनी आवरू बचानेके लिये पिछले दरवाजेसे बाहर निकल कर पुराने कुएँके पास पहुँच गई और ज्योंही उसका ढक्कन खोलकर उसमें कूद पड़नेको तैयार हुई त्योंही मैंने लपककर उनको पकड़ लिया और बोला, 'बहन, तुम बेखौफ मेरे साथ आओ।'

बदमाश तो लूटनेमें मशगूल थे। मैं उनको पिछले फाटकसे निकाल कर घर ले गया और अपनी बीबीको सौंपकर फिर यहाँ लौटा। लूटेरे मालजाल लूटकर चम्पत हो गये थे। माताजी बेहोश पड़ी थीं। उनको डोलीपर किसी तरह जनरल अस्पताल पहुँचा आया जहाँ उनका इलाज हो रहा है। घर आकर पूछने पर आपकी बीबीसे मालूम हुआ कि आप आफ्रिकामें जहाँ रहते हैं उसका नाम सेलिस्बरी, रोडेसिया है और उसी पतेसे मैंने आपके पास एक खत लिख भेजा।

इसके बाद मेरे सामने आपकी बीबीका सवाल आया। मैं एक गरीब आदमी और झोपड़ीमें रहने वाला। शायद कुछ दिन किसी तरह गुजर भी कर लेते पर पास-पड़ोसमें यह चर्चा गर्म हो उठी कि मैंने एक हिंदू औरतको आश्रय दे रखा है। मुझे धमकियाँ मिलने लगी और आपकी बीबीको उड़ा ले जानेकी साजिश होने लगी। उसी समय हमारे मुहल्लेका एक हिंदू परिवार जोधपुर जा रहा था। मैंने सोचा कि उनके साथ आपकी बीबीको हिंदुस्थान भेज देनाही अच्छा होगा। मेरी विनतीपर वह परिवार उनको साथ ले जानेपर राजी हो गया। माँ तो आपको जनरल अस्पतालमें मिलेगीं पर बीबीजी जोधपुरमें कहाँ मिलेंगी, यह मैं नही कह सकता।

(घ)

करीमके मुँहसे भाईकी मौत और माता तथा पत्नीकी दुर्गतिकी दुखद कहानी सुनकर वीरुमलकी छाती फट गई। उनकी आँखोंसे आँसूकी धारा फूट पड़ी। वे करीमके पैरों पर गिर पड़े और बोले, 'भाई करीम! पाकिस्तानमे सभी मुसलमान शैतान नही है, तुमसा इन्सान भी हैं।'

वे दौड़ते हुए अस्पताल पहुँचे। माँकी हालत देखकर वे मर्माहत हो उठे, पर वे एक बुद्धिमान आदमी थे। सोचा कि यह रोने धोनेका समय नही है, किसी तरह इस नरकधामसे निकल भागनेकी जरुरत है। माँको अस्पतालके स्पेशल वार्डमें रखकर और उनके उपचारकी विशेष व्यवस्था करके वे वायुयानसे जोधपुरको रवाना हो गये।

(ङ)

वीरुमलकी पत्नी सरला सिंधी परिवारके साथ जोधपुर पहुँची। वहाँ मकान न मिलनेके कारण विवश होकर उनको उदयपुरका आश्रय लेना पड़ा। वहाँ एक छोटीसी झोपड़ीमें वे गुजर-बसर करने लगे। सिंधी परिवार वाले कुछ रुपये लुकाछिपा कर साथमे लाये थे, पर बेचारी सरला तो केवल देह लेकर कुआँमें डूब मरनेके लिये घरसे निकल पड़ी थी। तनपर जो दो तीन मामूली गहने थे उसे उतार कर खर्च-वर्चके लिये उसने परिवारके हवाले कर दिये थे। पर उनसे कबतक काम चलता—इस मँहगीके जमानेमें। सिंधी परिवारमें दो पुरुष, तीन स्त्रियाँ और दो बच्चे थे। पुरुष जितने सहृदय थे, स्त्रियाँ उतनीही हृदयहीना। उनमें जो वृद्धा, दोनों पुरुषोंकी माता और परिवारकी मालकिन थी वह तो पिशाचकी प्रत्यक्ष प्रतिमाही थी। उसकी बोली ऐसी जहरीली, तीखी और चुटीली होती

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

थी कि मानव-हृदयको चीरकर खण्ड खण्ड किये बिना न छोड़ती । वह सरला पर नित्य व्यङ्ग पूर्ण वाण चलाती और उसे खरी-खोटी सुनाती। सरला अपने दुर्दिनका खयाल करके सह लेती थी लेकिन सहनेकी भी कोई सीमा होती है। सरलाकी सहिष्णुता से उस चुड़ैलका हौसला बढ़ताही जाता था । वह सरलाको अपने परिवारपर एक ऐसा भार समझती थी जिसे उतार डालनेमेंही वह अपना निस्तार समझती थी। सवेरे खाटसे उठतेही वह वाक्य-वाण चलाने लगती और फिर दिनभर विश्रामका नाम न लेती । एक दिन तो उसने यहाँ तक कह डाला कि यदि सरला मकानका भाड़ा और भोजनका खर्च नही दे सकती है तो अभी तो उसके पास यौवन है और सुंदरता भी है, फिर वह उनपर भार बनकर क्यों बैठी है—बाजार में जाकर क्यों नहीं बैठ जाती है ?

सरलाने मुँहसे जबाब न दिया पर मनमें निश्चय कर लिया कि इस जीवनसे तो मृत्युही अच्छी है । कब तक वह इस स्थितिमें रह सकेगी, कबतक बुढ़िया की गालियाँ सहा करेगी ? भविष्य भी अंधकारमय दिखाई देता है। इतने दिन बीत गये, पर किसीने खोज-खबर नही ली। है भी अब कौन ? देवर उसकी आँखोंके सामने हलाल किया गया। सास भी उस लाठीकी चोटसे बची न होगी। पतिदेव सुदूर समुद्र पार अफ्रिकामें अपने कारबारमें व्यस्त होंगे, उनको हमारी विपदाकी खबर मिली भी या नही, इसका भी कोई ठिकाना नही है । फिर उसकी खोज करे तो कौन ? उसका जीवन एक ऐसे साँचेमें ढला है कि न तो वह मेहनत-मजदूरी या दासीका काम कर सकती है और न बुढ़ियाके व्यङ्गके अनुसार बाजारमें बैठकर अस्मतका व्यापारही। बस, आत्मघातके सिवा अब उसके उद्धारका और कोई उपाय नही है।

वह उसी दिन चुपचाप घरसे निकल पड़ी । उदयपुरकी झीलके पास पहुँचकर वह रुकी । सोचा, यही झील उसके संकट मोचनमें सहायता देगी । आदमियोंका आना-जाना देखकर वह इस निष्कर्ष पर पहुँची कि दिनमें कुछ करना-धरना उचित नही है, रातमें अंधेरा हो जानेपर उसकी इच्छाकी सहजही पूर्त्ति हो सकेगी। वह झीलके समीप एक वृक्षके नीचे बैठ गई और अपने जीवनकी स्मृतियोंका ताना-बाना बुनने लगी। अभी कुछही दिन पहले वह सेलिस्बरी और कराचीमें अपने घरकी रानी थी, पर भाग्य के फेरसे आज वह उदयपुरमें राहकी भिखारिन बन गई है ।

समय गतिशील है। दिन डूब गया, रात हो चली। धीरे धीरे घना अंधेरा हो आया । सरलाकी तन्मयता विलुप्त हो गई, वह धैर्य बाँधकर उठी और ईश्वरको याद करके झीलमें कूद पड़ी। अकस्मात उसके अंतरमें भावनाओंकी आँधी उठी और वह किंकर्त्तव्य-विमूढ़ हो गई। वह जिस पथपर चल पड़ी है, उसमें धर्मका धवल प्रकाश नही, अधर्मकी निविड़ अँधियारी है। यह जीवन ईश्वरकी देन है, कितना मधुर, कितना प्रिय, कितना दुर्लभ और कितना अनमोल है ! जिस चीजको ईश्वरने बनाया है उसको विनष्ट करनेका उसे क्या अधिकार है ? विपत्तियोंसे विचलित होकर आत्मघात करना मनुष्यता तो नही, परले सिरेकी कायरता है। विवेकने धक्का लगाया, वह थम गई। फिर कुछ सोचकर आगे बढ़ी, छातीतक पानी की गहराईमें पहुँच गई। बस, एक कदम और उठानेकी कसर रह गई, फिर तो सारी चिन्ता और व्यथा विलीन हो जायगी। ज्योंही वह जीवन और मृत्युकी परिधि लांघनेको उद्यत हुई, त्योंही उसे एक आवाज सुनाई पड़ी—सरला। वह चौंक पड़ी। हठात उसके मुँहसे निकल पड़ा, 'मैं झीलके अंदर हूँ।'

(च)

उधर वीरुमलने जोधपुरकी गली-गली छान डाली, पर पत्नीका पता न चला। यह बात अवश्य मालूम हो गई कि अनेक सिंधी परिवार मकान न मिलनेके कारण वहाँसे उदयपुर चले गये हैं। इस लिये वे किरायेके मोटरपर उदयपुर पहुँचे । दिन भर दौड़धूप करनेपर किसी तरह उस परिवारका पता तो लग गया जिसके साथ सरला कराचीसे आई थी, पर उनके यहाँ पहुँचकर पूछनेपर मालूम हुआ कि सरला आज सवेरे बिना किसीसे कुछ कहे-सुने घरसे जो बाहर गई तो अबतक वापस नही आई है । वीरुमल मर्माहत हो उठे, वे सारा रहस्य समझ गये । उन्होंने अब एक क्षण भी नष्ट करना उचित न समझा, सरला

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

की खोजमें वहाँसे वे पागलकी भाँति दौड़े। जो कोई राहमें मिलता उसीसे, सरलाका हुलिया बताकर, पूछते कि क्या कहीं उसने वैसी सिंधी स्त्रीको देखा है? रात हो चली, उनकी आशाकी क्षीण ज्योति भी मंद होने लगी। आखिर एक चरवाहेसे उनको पता लगा कि एक सिंधी औरतको सवेरेसेही झीलके पास एक पेड़ के नीचे बैठी हुई उसने देखा है। दिन भरके थके-मांदे होनेपर भी उनमें हनुमानकी शक्ति आ गई, वे दौड़ते हुए झीलपर जा पहुँचे। पेड़ तो मिल गया, पर पेड़के नीचे कोई नही मिला। सोचा, उनके यहाँ पहुँचनेमें देर हो गई और सरला इसी झीलके गर्भमें समा गई। वे बेहोशीकी हालतमें 'हा! सरला' कहकर जमीनपर गिरनाही चाहते थे कि उनके कानमें धीमीसी आवाज पड़ी—"मैं झीलके अंदर हूँ।"

वीरुमलने झीलपर दृष्टि डाली, पानीमें आदमी की छाया दिखाई पड़ी। वे झीलमें कूद पड़े और सरलाकी बाँह पकड़कर किनारे ले आये। झीलके तट-पर बैठकर दोनों खूब रोये, जब उनका हृदय कुछ हलका हुआ तो सरलासे विपदकी गाथा सुनते हुए वीरुमल सिंधी परिवारके घर आये। इतने दिनोंतक सरलाकी रक्षा करनेके लिये उन्होंने उस परिवारको केवल धन्यवादही नहीं, पाँच हजार रुपयेकी थैली भी दी। फिर तो वही बुढ़िया, जिसने सरलाको गालियाँ देकर उसको आत्मघातके लिये मजबूर कर दिया था, पैसे पाकर आशीर्वादोंकी झड़ी लगा दी। सच है—

"स्वारथके सबही सगे, बिन स्वारथ कोउ नाहिं।
सेवे पंछी सरस तरू, निरस भये उड़ जाहिं॥"

कराची लटौकर वीरुमलने अपना बंगला करी-मको भेंट कर देना चाहा, पर करीमने अपनी सेवाका पुरस्कार लेना मंजूर न किया। उसने साफ कह दिया कि वह एक इन्सान है और इन्सानका ही फर्ज अदा किया है, उसका बदला लेकर वह अपनी इन्सानियत पर ध-ब्बा नही लगा सकता। आखिर वीरूमलने नाममा-त्रके दामपर अपना जमीन-मकान करीमकेही गले मढ़ा और पैसे भरनेके लिये यह सहूलियत कर दी कि किराया आने पर करीम धीरे धीरे बिना सूद-ब्याजके भरा करे। इससे जहाँ वीरुमलको आत्मसंतोष हो गया वहाँ करीमको भी अपनी भलाईका यथेष्ट पुरस्कार मिल गया।

(छ)

वीरुमल अपनी माता और पत्नीको लेकर बायुयानसे रोडेसिया लौट आये और अपना कारबार में लग गये। अब उनके मकानपर पाकिस्तानी झंडा नही उड़ता है। जब कोई उनसे देशकी खबर पूछता है तो उनका दिल भर आता है, आँखें डबडबा आती हैं। वे बड़ी व्यथासे जबाब देते हैं, अब हमारा देश कहाँ? वह तो पाकिस्तान बन गया। मैंने भी पाकि-स्तानी बननेकी कोशिश की, पर नतीजा यह हुआ कि छोटे भाईसे हाथ धोया, माता और पत्नीकी दुर्गति कराई और वहाँसे ठोंकरे खाकर भाग आया हूँ। मेरा अपराध बस यही था कि मैं हिंदू हूँ और पाकि-स्तानमें किसी हिंदूका इज्जतके साथ रहना मुश्किल है। पंजाब और सीमा प्रांत तो हिंदू-सिखोंसे खाली हो गया, सिंध और बंगालसे भी हिंदू भाग रहे हैं। कुछही दिनोंमें पाकिस्तानमें किसी हिंदूका दर्शन दुर्लभ हो जायगा। महमूद गजनवी और नादिरशाहके लूट और जुल्मका इतिहास पढा करते थे, पर अब पाकिस्तानमें उनकी पुनरावृत्ति अपनी आँखोसे देख आया। मेरे लिये तो रोडेसियाके सिवा अब दूसरा कोई देश नही रहा।

QUALITY TRADING Co.
Proprietor: K. D. Dayal,
General Merchants
147 Brook Street, Durban,
Natal, Union of South Africa.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दानदाता　　रुपये

कलकत्ताः

रा० ब० श्री रामदेवजी चोखानी	१००)
श्री अवध किशोर सिंह	५१)

जिला शाहाबाद (आरा) बिहारः

गाँव सिरिहरा, चाँद, भभुआः

श्री गुप्तनाथ सिंह, एम. एल. ए.	१००)

नासरीगंज, परगना सहसरामः

श्री जगनारायण प्रसादजी, बी.ए.	१५१)
श्री सगमसाहु मथुराप्रसाद साहु	३३)
श्री रामस्वरुपजी, (हरिहरगंज)	३३)
श्री रामलाल सिंह (कपसिया)	२५)
कुल योग	४९३)

रा० ब० श्री रामदेव चोखानी ।

कलकत्ताके वयोवृद्ध राय बहादुर श्री रामदेवजी चोखानी मारवाड़ी-समाजके प्रतिष्ठित नेता और प्रवासी भाइयोंके पुराने शुभचिन्तक हैं। सन १९११ में जब आप कलकत्ताके मारवाड़ी एसोसियेशनके मंत्री चुने गये तभीसे दीन-हीन प्रवासी बंधुओंकी दुखद अवस्थाकी ओर आपका ध्यान आकर्षित हुआ। उन दिनों कलकत्तामें प्रत्यागत प्रवासियोंकी यथाशक्ति सेवा करने और उनको सहायता पहुँचानेमें आपने कोई बात उठा नही रखी थी। जब गिरमिट प्रथाको उठा देनेके लिये देशव्यापी आंदोलन चला तो उसमें आपने जिस उत्साहसे भाग लिया था उसे हम कभी विस्मरण नही कर सकते। स्वर्गीय साधु एण्डरुजके कामों में आप निरंतर सहायता करते रहे जिसे उन्होंने "वेलफेयर" में एक लेख लिखकर सार्वजनिक रुपसे स्वीकार किया था। मुझे भी प्रवासी भाइयोंके सेवाकार्यमें आपसे नीजीसे सहयोग और प्रोत्साहन प्राप्त होता आया है। यहाँ आपके भिन्न भिन्न सेवा कार्योंका उल्लेख करना दुष्कर है। कभी हम आपका विस्तृत परिचय अपने पाठकोंको भेंट करनेकी चेष्टा करेंगे।

श्री अवध किशोर सिंह ।

आप बिहारके छपरा जिलेका एक पुरुषार्थी नवयुवक हैं। हालहीमें आपके पिता श्री गोपाल प्रसाद सिंहजीका स्वर्गवास हो गया और दैनिक "विश्वबंधु" तथा साप्ताहिक "आदर्श" पत्र का सारा भार तरुण अवध किशोर सिंह पर आ पड़ा है। दैनिक और साप्ताहिक पत्रोंका सफलता पूर्वक संचालन करना कोई साधारण कार्य नही है, पर संतोषकी बात है कि अवध किशोर सिंह के उद्योगसे "आदर्श" तो उच्चकोटिका साप्ताहिक बन गया है और दैनिक भी साधारणतया ठीक हालतमें निकल रहा है, इनके अखबारोंमें प्रवासी भारतीयोंकी भी चर्चा होती रहती है।

श्री गुप्तनाथ सिंहजी ।

भाई गुप्तनाथ सिंहका संक्षिप्त परिचय हम "प्रवासी" के तीसरे अङ्कमें दे चुके हैं। ग्रेज्युएट होनेके बाद प्रवासी भारतीयोंकी सेवा करनेकी उनकी उत्कट अभिलाषा थी, पर कई कारणोंसे उसकी पूर्त्ति न होने पाई। फिर भी वे प्रवासी भारतीयोंकी समस्याओंका अध्ययन करते रहे। प्रवासी भाई आपको "जैमिनी-दर्पण" के लेखकके रुपमें अच्छी तरह जानते हैं। "सात्विक जीवन" का भी आपने योग्यतापूर्वक संपादन किया था। खाद, अधिनायकवाद आदि पुस्तकें भी आपके हिंदी प्रेमके परिचायक हैं। जबसे आप बिहारकी धारा सभा और भारतकी विधान परिषदके सदस्य चुने गये हैं तबसे आपकी सारी शक्ति और सारा समय तत्सम्बधी कार्योंमें भी लग रहा है। पहले भी आप "प्रवासी"को १००) अर्पण कर चुके हैं। उनकी आर्थिक अवस्थाको देखते हुए वही हमारे विचारमें पर्याप्त था। पर इसबार फिर १००) रु० की रकम बलात हमारे हवाले कर आपने "प्रवासी" को विशेष ऋणी बना लिया है। गुप्तनाथ सिंह जैसे सच्चे और हुशियार सेवकोंपर हमारी मातृभूमि गर्व कर सकती है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नासरीगंजके भाई।

बिहारके आरा जिलेमें नासरीगंज एक मशहूर कस्बा है। वहाँके निवासियोंसे मेरा बहुत पुराना सम्बन्ध है। इसबार श्री जगनारायण प्रसादजी, बी. ए. से मिलकर मुझे बड़ी प्रसन्नता हुई, वे मेरे पुराने मित्र श्री चेतसाहुके आत्मज है। नासरीगंजमें मैं दो तीन दिन इनके ही घरपर मेहमान रहा। जगनारायण बाबू जहाँ अपने कारबारका भली भाँति संचालन कर रहे हैं वहाँ देशकी परिस्थिति और प्रगतिसे भी पूरा परिचय रखते और देशके सेवा-कार्यमें यथाशक्ति भाग भी लेते हैं। आशा है कि उनके देशानुरागमें अभिवृद्धिही होती जायगी। श्री सगम साहु और श्री मथुराप्रसाद साहु भी नासरीगंजके पुराने मशहूर व्यापारी हैं। श्री रामस्वरुपजी वहाँके बिहार चर्खा कम्बल आश्रमके मनैजिङ्ग डायरेक्टर हैं। इस आश्रममें कम्बलके सिवा आसनी, चप्पल आदि वस्तुएँ भी बनती हैं। इस आश्रमकी बनी हुई वस्तुओंकी "प्रवासी" के सातवें अङ्कमें चर्चा की गई है। यह आश्रम नासरीगंजके पास ही हरिहरगंजमें है। श्री रामलाल सिंह नासरीगंजके इलाकेमें कपसिया गाँवके नामी रईस है और देशके कार्यमें उत्साहसे भाग लिया करते हैं।

धन्यवाद।

जिन भाइयोंने "प्रवासी" फण्डमें दान देकर, विज्ञापन देकर अथवा ग्राहक बनाकर मेरे दुष्कर कार्यमें सहायता पहुँचाई है उन सबको मैं हृदयसे धन्यवाद देता हूँ और आशा करता हूँ कि उनका स्नेहभाव "प्रवासी" पर निरंतर बना रहेगा। वास्तवमें उनकेही सहयोग और सहायतासे "प्रवासी" का प्रकाशन हो रहा है। आशा है कि अन्य भाई भी इस सेवा-यज्ञमें अपनी आहुति डालकर पुण्यके भागी बनेंगे।

शुभकामना।

स्वामी भवानी दयालजी सन्यासी एक पुराने कर्मठ व्यक्ति हैं। आपने दक्षिण अफ्रिकामें वर्षों रहकर वहाँके प्रवासी भारतीयोंकी जो सेवायें की हैं उन्हें कोई भूल नहीं सकता। हिन्दुस्थानमें रहते हुए भी स्वामीजीका सारा समय वहांके प्रवासियोंके सम्बन्धमेंही सोचने विचारनेमें बीतता है। वे बराबर उनकी तकलीफें दूर करनेके प्रश्नोंपर सोचते हैं। 'प्रवासी' का प्रकाशन भी स्वामीजीने इसी उद्देश्यसे किया है जो अत्यन्त ही उपयुक्त कार्य है। इसमें शक नहीं है कि स्वामीजीके सम्पादनमें 'प्रवासी' में प्रवासी भाइयोंके सम्बन्धमें, जो हमारे हैं किन्तु हमसे बहुत दूर रहते हैं, अनेक जानकारी पूर्ण बातें सुनने और पढ़नेको मिलेंगी। वहांके गोरी चमड़ीवाले आये दिन उनके साथ जो बर्बरता एवं अमानवीय व्यवहार करते रहते हैं वह किसीसे छिपा नहीं है। प्रवासीको सफलता मिले यही हमारी पूर्ण कामना है।

—"सात्विक जीवन," कलकत्ता।



(१) ग्राम-स्वराज्ज। लेखकः श्री रामनारायण यादवेन्दु, बी० ए०, एल० एल० बी०। प्रकाशकः नालंदा प्रकाशन, धानूर, सर फिरोजशाह मेहता रोड़, बम्बई १। पृष्ट ९६, मूल्य ३ रुपया १२ आना। भारतके ग्रामोंमें पंचायती राज्यकी रुप-रेखा। पुस्तक सामायिक और उपादेय है, पर इसका मूल्य इतना अधिक है कि जिन किसानों और मजदूरोंके लिये इसकी रचना हुई है उनमें इसका यथेष्ट प्रचार नही हो सकेगा।

(२) शारदा-अभिनंदन-ग्रंथ। संपादक और प्रकाशकः श्री सत्यदेव शास्त्री अशोक, मंत्री, शारदा-सत्कार-समिति अजमेर। पृष्ट ७१ बिना मूल्य। कुँवर चाँद करणजी शारदाकी हीरक-जयंती-प्रशस्ति।

प्रवासीके एजन्ट

(१) श्री देशाई बुकडिपो, सूबा, फिजी।
(२) श्री गिरजाशंकर प्रताप, लटौका, फिजी।
(३) श्री दयाल ब्रदर्स, विक्टोरिया स्ट्रीट, डरबन, नेटाल।
(४) श्री रमणलाल जी. रठौड़, नवसारी (सूरत)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कराचीका राजमहल । प्रभातकी मनोरम बेला । मंद-मंद पवनकी सुखद सुगंध । सूट-बूट और कालर-नेकटाईसे सुसज्जित कायदे-आजम मुहम्मद अली जिन्ना एक मोलायम गद्देदार सोफा पर विराजमान । घोर चिन्तामग्न । सिगरेटका दम खींचकर स्वगत में—"दुश्मन ! दुश्मन ! बाहर दुश्मन, अंदर दुश्मन ! चारों ओर दुश्मनही दुश्मन ! पाकिस्तान दुश्मनोंसे घिरा और भरा हुआ है ! या अल्लाह ! कुछ गद्दार मुसलमान भी दुनियाकी इस सबसे बड़ी रियासतका गला घोटने पर उतारू हैं लेकिन वे भूल जाते हैं कि मैं वह शख्स हूँ जिसने कुर्सीपर बैठे-बैठे अपनी अक्लमंदीसे हिंदुओं और अंग्रेजोंके छक्के छुड़ा दिये और पाकिस्तान बना करही दम लिया । ये बेवकूफ मुझे समझते क्या हैं ? इनको मैं खटमलकी तरह कुचल डालूँगा—इनका नाम निशान मिटा दूँगा ।"

उसी समय अर्दलीने आकर इत्तला की, "जहाँपनाह ! दरवाजेपर वजीर आजम साहब खड़े हैं और हजूरको सलाम करना चाहते हैं ।"

"अच्छा वे आ गये ? उनको जल्द अंदर भेजो । अरे हाँ, देखो जबतक वे मेरे पास रहें, दूसरा कोई अंदर न आने पावे ।" अर्दलीको हुक्म मिला । "जो हुक्म सरकार" कहकर वह चला गया । दूसरेही क्षण मियाँ लियाकत अली खाँका प्रवेश ।

"सलाम आलेकुम ! कायदे आजम ।"

"आलेकुम सलाम, लियाकत ! तुम आ गये ? देर क्यों लगाई ? खैर तो है न ?

अली—क्या कहें हजूर ! हिंदुओंकी दहशत दिखाकर और इस्लामको खतरेमें बताकर आपने मुसलमानोंपर ऐसा जादू चलाया कि वे आपके इशारेपर चंगेज खाँ और हलाकू खाँ बननेको तैयार हो गये—उनके तूफान मचानेसे हमारा ख्वाब सच हो गया, पाकिस्तान बन गया । पर उन्होंने जो उम्मीद की थी वह पूरी नहीं हुई और न हो सकती है । अब उनकी आँखें खुल रही हैं और वे देख रहे हैं कि न हिंदुओंका कोई डर था और न इस्लामही खतरेमें थे, हमने अपना मतलब गाँठनके लिये उनको चकमा दिया था । आप तो पाकिस्तानके सुलतान बन गये और मैं बन गया वजीर-आजम । वे पूछते हैं कि उनको क्या मिला ? पचास-साठ लाख मुसलमानोंका बसा बसाया घर उजड़ गया, वे आज पाकिस्तानकी गलियोंमें मारे मारे फिरते हैं । इससे मुसलमानोंमें बड़ी बेचैनी फैल रही है ।

जिन्ना—अच्छा यह बात है । इसमें मुसलमानों का कोई कसूर नहीं है । वे बेचारे तो ऐसे भोले भाले हैं कि इस्लामका नाम लेकर उनसे जो चाहो करा लो । इधर मैंने उनको हिंदुस्थानके हमलेका डर दिखा कर फँसा रखा था, पर इपीके फकीर, अब्दुल गफ्फार खाँ, सैयद, सुहराबर्दी आदि बदमाशोंने उनको बहका कर हमारे खिलाफ खड़ा करनेकी कोशिश की है । इसी वजहसे तो इपीके फकीर और उनके कबायलियों को हमने हवाई जहाजसे बमका मजा चखा दिया है । अब्दुल गफ्फार खाँ को जेलकी हवा खिला रहा हूँ और सैयदको नजर बंदीका नश्तर लगा रहा हूँ । सुहराबर्दी और उनके जैसे दूसरे लोग भी अपनी करनीका फल भोगे बिना न रहेंगे ।

अली—लेकिन गरीब-परिवार, यही सब बातें तो हमारे बर्खिलाफ प्रोपगंडाका काम दे रही हैं । लोग कहते हैं कि जब अंग्रेज कबायलियोंपर हवाई जहाजसे बम गिराते थे तब तो हम लोग हाय-तोबा चिल्लाते थे और कहते थे कि यह इनसानका नहीं, शैतानका काम है । जब नेहरूके जमानेमें किसी अंग्रेज अफसरने उनसे बिना पूछे कबायलियोंपर हवाई जहाजसे दो चार बम गिरा दिये थे तो लेजिस्लेटिव असम्बली हमने वह तूफान मचाया था कि

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हिंदुस्थानकी धरती डोल उठी थी, लेकिन आज हम क्या कर रहे हैं, मुसलमान होकर मुसलमानपर आसमानसे बम गिरवा रहे हैं। इस बातकी जहाँ देखो वहीं चर्चा हो रही है।

जिन्ना—मुसलमानोंमें ऐसी चर्चा चल रही है तो अलताफ हुसेन क्या सो रहे हैं? उनसे कहो कि "डोन" में कोई ऐसी सनसनी पैदा करनेवाली खबर छाप दें जिसमें इपीके फकीर और अब्दुल गफ्फार खाँ पर यह इलजाम लगाया जाय कि यह दोनों नेहरु से मिलकर पाकिस्तानका तख्त उलट देनेपर तुले हैं और इस सबसे बड़ी मुस्लिम रियासतको हिंदुओंके हाथ बेच देनेके लिये साजिश कर रहे हैं। इस लिये ये लोग दीनदार मुसलमान नहीं, काफिरके गुलाम हैं। पाकिस्तानको बहुत लाचार होकर इन गद्दारोंके खिलाफ कदम उठाना पड़ा है। काश्मीरसे कोई नई खबर मिली?

अली—वहाँके मोर्चेसे करीब-करीब सारे कबायली फूचकर हो गये है। जबतक उनको लूटमें दौलत और औरतें मिलती रही तबतक तो उनके जोशका ठिकाना न था, पर जब हिंदुस्थानी फौजसे मुकाबला करना पड़ा तो उनकी सारी बहादुरी गायब हो गई। उधर इपीके फकीर और अब्दुल गफ्फार खाँके आदमियोंने उनको बहका दिया कि यह इस्लामका पाक जहाद नही है बल्कि जिन्नाकी खुराफात और जल्लादी है। इससे उनकी रही-सही हिम्मत भी टूट गई। यदि आपने पाकिस्तानी पलटनको मोर्चेपर लड़नेका हुक्म न दिया होता तो अबतक तो सारे काश्मीर पर हिंदुस्थानका कब्जा हो गया होता। यह अफसोसकी बात है कि हमारी फौज भी उनके सामने टिकती नही है, पीछे हटती जाती है। हमने अपने सिपाहियोंको समझा दिया था कि वे मर मिटें लेकिन दुश्मनके हाथ न लगने पावें, उनको यह भी डर बताया गया था कि दुश्मन यदि पकड़ पावेगा तो सबसे पहले चिमटेसे आँखें निकाल लेगा और फिर घुलाघुलाकर मार डालेगा। तिसपर भी हमारे कुछ सिपाही दुश्मनकी शरणमें चले ही गये और वहाँ पूछताछ करनेपर उन्होंने सारा भेद खोल दिया है। अभी नेहरुकी चिट्ठी आई है जिसमें इस बातका प्रतिवाद है। मैंने उनको जवाब दे दिया है कि वे हमारी फौज से भाग कर हमलाखोरोंमें जा मिले हैं और उनका बयान बिलकुल गलत है। पर इस तरह कबतक टट्टीकी ओट शिकार खेला जा सकेगा?

जिन्ना—बस चंद दिन और। संयुक्त राष्ट्र संघ का कमीशन आ पहुँचा है वह शीघ्रही लड़ाई बंद करनेका हुक्म देगाही। फिर तो तलवारकी नहीं, अक्लकी लड़ाई लड़नेकी जरूरत पड़ेगी। इस कामके लिये हमारे पास जफरूल्लाखाँ है जो चाहें तो सफेदको स्याह बना दें और स्याहको सफेद। काश्मीरके मामले में उन्होंने संयुक्त राष्ट्र संघकी सुरक्षा-समितिके सदस्यों को चार महीने तक जैसा खेल खेलाया और नाच नचाया वह दुनियाकी तवारीखमें एक बेजोड़ मिसाल है। नेहरुने वहाँ पहुँचकर यह फरियाद की थी कि काश्मीरके हमलाखोरोंको रास्ता, रसद और मदद देकर पाकिस्तान अन्तर्राष्ट्रिय कानूनका खून कर रहा है, इसलिये सुरक्षा-समितिको इस मामलेमें फौरन दखल देना चाहिये और पाकिस्तानको बेजा हरकतसे रोकना चाहिये। पर वाहरे हमारे जफरूल्ला! उन्होंने नेहरुकी दलीलोंकी धज्जियाँ उड़ा दी और यह साबित कर दिया कि लड़ाई बंद कराना उतनी जरूरी नहीं है जितनी कि अब्दुल्लाको काश्मीरकी हुकूमतसे हटाना, वहाँ सब पार्टियोंकी सरकार बनाना और वहाँके लोगों से वोट लेने का इंतजाम करना कि आया वे हिंदुस्थानके साथ रहना चाहते हैं या पाकिस्तानके साथ। उन्होंने सुरक्षा समितिको यह भी समझा दिया कि यदि हमलाखोरोंको काश्मीरसे हटाया जाता है तो उनके साथ हिंदुस्थानी फौजको भी वहाँ से हटा देना चाहिये और अमन बनाये रखनेके लिये जरुरत पड़े तो पाकिस्तानकी फौज बुला लेना चाहिये। यही नहीं, बल्कि जूनागढ़ और मुसलमानोंकी हत्याकी जाँचका काम भी सुरक्षा समितिपर सौंप दिया। जफरुल्लाकी सारी बातें सुरक्षा समितिको कबूल कर लेनी पड़ी और उसीके आधार पर प्रस्ताव पास करना तथा कमीशन बैठाना पड़ा। बेचारे नेहरु गये थे चौबेसे छब्बे बनने लेकिन गाँठसे दो खोकर दुबे बन आये। इसलिये जबतक जफरुल्लाकी जिन्दगी बरकरार है, हमें फिक्र करनेकी जरुरत नहीं। उनमें एकही कसर है कि वे कादियानी है इसलिये जाहिल

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मुसलमान उनको पसन्द नहीं करते हैं। खैर, कराचीके बारेमें आम लोगोंका क्या खयाल है ?

अली— पहले तो सिंधियोंने खूब शोरगुल मचाया था और यहाँ तक निश्चय कर लिया था किसी भी हालतमें वे कराचीको सिंधसे जुदा न होने देंगे, पर जबसे उनका डेपुटेशन आपसे मिला और आपने उनको डाँट-डपट बतलाई है तबसे उनका मिजाज बर्फकी तरह ठंढा हो गया है।

जिन्ना—देखो लियाकत! मै केवल कराची परही नहीं बल्कि सिंध, पंजाब, सरहदी सूबा और बंगाल पर भी दखल जमाना चाहता हूँ। मैं चाहता हूँ कि इन सूबोंकी सरकारोंको मिटा दूँ और सारा मुल्क पाकिस्तान सरकारके हवाले कर दूँ। इसलिये मैंने भारतीय शासन विधानकी धारा ९३ से बढ़कर धारा ९२ बी बनाई है और इसके जरिये सारा अखतियार अपने हाथमें ले लिया है। जिस सूबेकी मिनिस्टरीको जब चाहूँगा, बर्खास्त कर दूँगा और सूबेकी हुकूमत अपने नुमाइंदे गवर्नरको सौंप दूंगा। धीरे-धीरे मैं सारे पाकिस्तान की एकही जबर्दस्त सरकार बनाऊँगा और खुदाकी रहमत बनी रही तो बहुत जल्द अपने मंजिले मकसूद तक पहुँच जाऊँगा। मैं पाकिस्तानमें न किसी तरहका आंदोलन बर्दास्त कर सकता हूँ और न किसीकी शरारतही। खुहरो अपनी शरारतका फल चख रहा है; कहाँ तो वह सिंधका वजीर आजम था और कहाँ आज मुजरिमकी हैसियतसे स्पेशल अदालतके सामने खड़ा है। इसी तरह मेरे सामने जो सर उठावेगा उसे मैं कुचल दूंगा। तवारीखमें हिटलर और मुसोलिनी मेरे मुकाबलेमें नाचीज समझे जायँगे। खैर, यह तो बतलाओ कि हिंदुओंका पाकिस्तानसे चले जानेका सिलसिला तो जारी है न ?

अली—हमारा पंजाब और सरहदी सूबा तो हिंदू और सिखोंसे बिलकुल खाली हो गया। दस हजारके करीब क्रिश्चियन और एंग्लो-इंडियन भी तङ्ग आकर हिंदुस्थान भाग गये हैं, बचे-खुचे भी चले जायँ, इसकी कोशिश हो रही है। इस तरह हमारे दो सूबोंमें तो हिंदू, सिख और ईसाईका कोई सवाल ही नहीं रहा। बाकी रहा सिंध और बंगाल ? बंगालसे करीब बीस लाख और सिंधसे करीब पंद्रह लाख हिंदू भाग चुके हैं और जो अभीतक नहीं गये हैं उनको निकाल बाहर करनेमे कोई कोरकसर न होने पावेगी। सिंध तो अबतक हिंदुओंसे खाली हो गया होता पर इधर तीन चार महीनेसे हिंदसे आये हुए मुसलमान रिफ्युजी बहुत बड़ी तादादमें वापस जा रहे हैं। करीब एक हजार मुसलमान रोज यहाँ से हिंदके लिये रवाना होते हैं और अबतक पाँच-छः लाख मुसलमानोंसे हमारा पिण्ड छूट चुका है। नेहरू ने मुझे खत लिखा था कि मुसलमान तो लाखोंकी तादादमें हिंद वापस आ रहे हैं पर हिंदू पाकिस्तान वापस नहीं आ रहे हैं, इसलिये एक कॉनफ्रेन्स करके हिंदुओंको भी पाकिस्तान लौटनेकी तजबीज करनी चाहिये, पर मैंने उनको जबाबही नहीं दिया। टली हुई बलाको फिर बुलाना कहाँकी अक्लमंदी है ? इसलिये अब मुसलमानोंको हिंद लौटनेमें रूकावट डाली जा रही है। अब परमीटका सिस्टम जारी किया गया है जिससे उनके लौटनेमें दिक्कत होगी।

जिन्ना—यह तो अच्छी बात नहीं हुई। जितने मुसलमान यहाँसे वापस चले जाते उतनाही हमारा बोझ हलका हो जाता और हिंदमें मुसलमानोंकी तादाद जितनी बढ़ जाती उतनीही हमारी कूवत भी बढ़ती। लड़ाई छिड़ने पर वे पाँचवे दस्तेका काम देते और हमारी मदद करेंगे। देखो लियाकत! ये जो पचास-साठ लाख यहाँ आ धमके हैं उनको बसाना और रोजगारमें लगाना क्या कोई मामूली काम है! इसलिये हमारी पोलसी तो यह होना चाहिये कि मुँह से हम जो कुछ कहें, काम उससे उलटाही करें। आम तौरसे यह ऐलान करते रहें कि पाकिस्तानमें बिना किसी भेदभावके सबके साथ एकसा सलूक किया जायगा, सबको यहाँ बराबरीका हक और अख्तियार होगा, चाहे उसका मजहब कुछ भी क्यों न हो, पर करना है हमें इससे बिलकुल उल्टा। ऐसी हालत पैदा कर देना चाहिये कि मुसलमानोंके सिवा दूसरा कोई पाकिस्तानमें रहने न पावे। हिंदसे जो मुसलमान यहाँ आकर हमारे सिरपर बला बन बैठे हैं उनको भी किसी तरह टरकाना चाहिये। मैंने गजनफरका बयान अखबारों में देखा है, उन्होंने मेरी पॉलिसीपर ठीक अमल किया है। पाँच-छः लाख मुसलमान यहाँ से वापस चले गये, पर उनके बयानसे दुनियाको यही मालूम होगा कि सिर्फ गुड़गाँवके कुछ

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मुसलमान वापस गये हैं वह भी अपने रिश्तेदारों के बहुत खुशामद करनेपर। बाकी बडी तादादमें मुसलमानोंके वापस जानेकी बात बिलकुल झूठी है। कहावत है लियाकत, "रोटी खाइये शक्करसे दुनिया ठगिये मक्करसे"। खैर, हैदराबादसे कोई नई खबर आई है?

अली—हैदराबादका मामला तो दिनपर दिन खतरनाक होता जा रहा है। उधर हिंद सरकारने ऑर्डिनेन्स जारी करके निजामके भारत स्थित धनपर रोक लगा दी है। निजामके जो रुपये हिंद सरकारके पास जमा है उसे निजाम अब रिजर्व बेंकसे वसूल न कर सकेंगे। इसका नतीजा यह होगा कि निजामने पाकिस्तानको जो पचीस करोड़ रुपये कर्जके तौरपर दिये थे वह भी खटाईमें पड़ गया। इसके अलावे हिंद सरकारने सोना, जवाहरात, कोंसी नोट आदि भी हैदराबाद जाना रोक दिया है। लोहा, पेट्रोल तथा उन सभी चीजोंपर प्रतिबंध लगा दिया गया है जो लड़ाईके काममें इस्तेमाल की जा सकती है। हवाई-जहाजोंका भी हैदराबाद जाना रोक दिया गया है। यहाँ-तक कि हैदराबादके दक्खन हवाईजहाज कंपनीका लायसेंस भी रद्द कर दिया है। इस तरहसे हिंदने चारों तरफसे नाके-बंदी कर रखा है जिसकी वजहसे बाहरी दुनियासे हैदराबादका ताल्लुक टूटसा गया है। पर निजाम इस बंदरघुड़कीसे डरनेवाले नहीं हैं। वे हिंदसे लड़नेकी तैयारी कर रहे हैं। इस समय सिर्फ हैदराबाद शहरमें निजामके महल, किङ्गकोठी, बिजलीके पावरहाउस, बज्जहिल गोल कुण्डकिया और फलकनुमा शाही महल पर बिमानको मार गिरानेवाली तोपें लगा दी गई हैं। बेगमपट और बीदरके हवाई मैदानको बढ़ाया जा रहा है। पेट्रोल बचानेके लिये मोटर और बसोंकी इस्तेमाल बंद कर दिया गया है। शहरके सभी सरकारी दफ्तरोंके मुसलमान नौकरोंको फौजी तालीम दी जा रही है। हवाई हमलेसे बचावके महकमेको ठीक-दुरुस्त किया गया है। इसके ट्रेनिङ्ग हासिल किये हुए लोगोंको इस कामपर लगाया जा रहा है; ब्लेक आउटके लिये सड़ककी बिजली बत्तियोंपर ढक्कन लगाये गये हैं। हवाई हमलेसे बचनेके लिये जगह जगह शेल्टर बनाये जा रहे हैं। रजाकार, निजामकी पुलिस और फौजने हिंदुओं को लूट-मारकर, उनके घरोंमें आग लगाकर और उनकी औरतोंको हड़प कर ऐसी हालत पैदा कर दी है कि लाखों हिंदू रियासतसे भाग गये और भागे जा रहे हैं और उनकी जगह हिंदसे मुसलमानोंको लाकर बसाया जा रहा है। निजाम यही कोशिश कर रहे हैं कि हिंदू हैदराबादसे भाग जायँ और हैदराबाद हिंदके बीचमें एक दूसरा पाकिस्तान बन जाय।

जिन्ना—पर हिंद सरकारने नाकेबंदी करके लड़ाईके सामानको हैदराबाद जाना रोक दिया है, इससे तो निजामके काममे खलल पड़ेगा।

अली—जबतक हिंदमें चार करोड़ मुसलमान मौजूद हैं तबतक कोई फिक्रकी बात नही। चंद नेशनलिस्ट कहलानेवाले मुसलमान गद्दारोंको छोड़कर बाकी सारे मुसलमान पाकिस्तान और हैदराबादके साथ है। बम्बई में कुछ बोहरा व्यापारी गिरफ्तार हो गये हैं जो हथियार तथा लड़ाईके दूसरे सामान शोलापुर, नासिक, अहमदनगर और पूनाके पास हैदराबादकी सरहद्पर मुस्लिम एजन्टोंके पास पहुँचा देते थे और वहाँसे एजन्टके आदमी हिंदूका वेश बनाकर उनको हैदराबादमें दखिल कर देते थे। इस समय निजामके जासूस और कारिन्दे सारे हिंदमें फैले हुए है। वे मुसलमानोंको हैदराबाद आकर हिंदूओंको लूटने और वहाँ बसनेकी सलाह देते हैं। जो लड़नेके लायक जवान हैं उनको निजामकी फौजमें भर्ती करते हैं। जो किसी वजह से न हैदराबाद आ सकते हैं और न फौजमें भर्ती हो सकते हैं उनको पाँचवे दस्तेके कामके लिये तैयार कर रहे हैं। स्कीम ऐसी है कि जब इधर हिंदसे हैदराबादकी लड़ाई छिड़े तो उधर पाँचवे दस्ते वाले मुसलमान हिंदमें जगह जगह बगावत कर-करा दें ताकि हिंद सरकारको घरकीही आग बुझानेमें सारी ताकत लगानी पडे और कासिम रिजवी विना रोकटोकके दिल्ली पहुँचकर लाल किलेपर अपना झंडा उड़ा दें।

जिन्ना—हाँ, रिजवीकी तकरीर मैंने पढ़ी थी। उसका यह ऐलान कि हैदराबादसे छिड़नेपर हिंदके चार करोड़ मुसलमान पाँचवे दस्तेका काम देंगे, मैंने महज मजाक समझा था। उसकी इस बातपर भी मुझे हँसी आई थी कि वह अपने रजाकारोंके साथ दिल्ली पहुँचकर लाल किलेपर निजामका झंडा उड़ा देगा और बंगालकी खाड़ी निजामके पैर पखारेगी। पर मालूम पड़ता है कि उसके बयानमें कुछ सचाई भी है। उसने हिंदके मुसनमानोंपर अपना असर जमा लिया है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अली—इसमें क्या शक ! अलीगढ़, लखनऊ, पटना, छपरा, नागपुर, बम्बई आदि शहरोंमें निजामके एजन्ट, जासूस और करिन्दे पकड़े गये हैं पर हिंद सरकार सभीको तो पकड़ नहीं सकती । रिजवीके रजाकारोंकी ताकतपरही निजाम लड़नेको तैयार हो गये हैं। लड़ाई तो छिड़ेगीही, पर जितना वख्त निजामको तैयारीके लिये मिल जावे उतनाही उनके हकमें अच्छा है। करीब दस महीने तक तो निजाम समझौतेके नामपर हिंद सरकारको चकमा देते रहे और इस दरम्यानमें उन्होंने खूब हथियार इकठ्ठे कर लिये हैं और अपनी ताकत बढ़ा ली है । अब तो वे लड़ाईके मैदानमें हिंदसे हाथ मिलानेको तैयार हैं ।

जिन्ना—हाँ, निजामको हमारी तरफसे भी पूरी मदद दी जानी चाहिये। हमने तो अपने एक बयानमें निजामके साथ हमदर्दी जाहिर की है और यह खुल्लम-खुल्ला कह दिया है कि हिंद सरकारको निजामकी आजादीमें दखल देनेका कोई अखतियार नहीं है । आज कहीं चर्चिलके हाथमें इङ्गलेण्डकी बागडोर होती तो निजामको कुछ भी फिक्र न करनी पड़ती । हाँ, आस्ट्रेलिया वाला वह सिडनी काटन क्या कर रहा है ?

अली—सिडनी काटनके पास चार हवाई जहाज है। उसने अपने हवाई जहाजोंसे काफी गोला-बारुद और हथियार हैदराबाद पहुँचा दिया है। वह यहाँसे रातमेंही हैदराबाद आता जाता रहा। पर यह बात छिपी नहीं रह सकी, हिंदके अखबारोंमें भी इसकी चर्चा हुई। इङ्गलेण्डके पार्लामेंटमें भी इसके बारेमें सवाल-जबाब हुए। अब तो उसने ऐसी दिलेरीका काम कर दिखाया कि सारी दुनिया दंग रह गई। उसने हिंद सरकारसे इजाजत लिये बिनाही अपने हवाई जहाजपर बैठकर कराचीसे सीधा हैदराबाद पहुँच गया चिकागो कानवेंशनके आर्टिकल ५ के अनुसार हवाई जहाज जिस रियासतसे गुजरे वहाँकी सरकार से इजाजत लेनी लाजिमी है पर इस जमामर्दने हिंद सरकारकी कोई परवाह नहीं की और मूछोंपर ताव देकर यहाँसे हैदराबाद चला गया और वहाँसे कराची लौट भी आया। आगे देखें क्या होता है ?

जिन्ना—ये मुल्ला और मौलवियोंने क्या हल्ला मचा रखा है ? हमने ऐलान तो कर दिया कि पाकिस्तान इस्लामी रियासत है, इसपर भी इन बेवकूफोंको सब्र नहीं है और सीधे सादे मुसलमानोंको भड़काते फिरते हैं कि पाकिस्तान तभी सच्चा इस्लामी रियासत कहा जा सकता है जबकि यहाँ शरियतका कानून जारी किया जावे। भला मौजूदा जमानेमें शरियत कानून चलाना एक तो पाकिस्तानको बरबाद करना होगा और दूसरे दुनियामें जाहिल और जंगलीके नामसे मशहूर होना पड़ेगा।

अली—आप ठीक कहते हैं। शरियतमें सूद लेना हराम है इसलिये सारे बैंकोंके दरवाजोंमें ताले लगाने पड़ेंगे। इस जमानेमें भला बैंक बिना किसी रियासतका काम चल सकता है ? शरियतमें न अदालत है और न हाईकोर्ट, बस काजी साहबही सारे मामलोंका फैसला करनेके हकेदार हैं। अगर किसीने जानवर चुरानेका जुर्म किया तो शरियतके मुताबिक उसका एक हाथ काट डालना ही वाजिब सजा है। तेरह सौ वर्ष पहलेके कानून पर इस बीसवीं सदीमें अमल करनेपर दुनिया हमें लानतके सिवा और क्या देगी ? पर इन बेवकूफोंको तो बस शरियतके सिवा और कुछ सूझताही नहीं।

कायदे-आजम और वजीर-आजमकी बातचीत का सिलसिला जारीही था कि अचानक एक मोटा-ताजा, लम्बा-तगड़ा और हट्टा-कट्टा पठान धड़धड़ाते हुए वहाँ आ पहुँचा और उसके पीछे बेचारा अर्दली हाँफते-काँपते और उस पठानको रोकनेकी कोशिश करते हुए अंदर आकर इत्तला की कि " जहाँपनाह ! यह खान साहब मुझको धक्के देकर और तमाचे लगाकर जबर्दस्ती अंदर आ गये हैं।

पठान—देखो जिन्ना साहब, यह बेहूदा अर्दली मुझको अंदर आनेसे रोकता था, मैंने इसपर रहम करके छोड दिया, वरना (पाकेटसे पिस्तोल निकालकर) इससे मैं इसका काम तमाम कर देता ।

भरी हुई पिस्तौल देखकर कायदे-आजम और वजीर-आजमके होश उड़ गये। लियाकत अली बड़ी नरमीसे बोले,—"बैठिये खाँ साहब ! आप कहाँसे तशरीफ ला रहे हैं और हम आपकी क्या खिदमत कर सकते हैं ?

खाँ—मैं काश्मीरके मोर्चेसे आ रहा हूँ जिन्ना साहबके पास शिकायत करनेके वास्ते। समझे मुझको और मेरे दूसरे पठान भाइयोंसे कहा गया कि काश्मीरमें काफिरोंके खिलाफ जहाद हो रहा

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

और यह भी वायदा किया गया था कि हम जितनी दौलत और औरत चाहेंगे वहाँ हमको मिल जायगीं। पर वहाँ जानेपर पता लगा कि हमें धोखा दिया गया है। इस लिये मैं जिन्ना साहबसे जबाब तलब करने आया हूँ।

अली—आपको क्या धोखा दिया गया खाँ साहब?

खाँ—क्या धोखा दिया गया, आप पूछते हैं? आपके आदमियोंने काफिरोंके खिलाफ जहादका नाम लेकर दगा दिया। वहाँ जानेपर मालूम हुआ कि काश्मीर में मुसलमानोंकी सरकार है और शेख अब्दुल्ला वहाँका वजीर आजम है। उसीकी फौजसे हमें लड़ाया गया। मैं पूछता हूँ कि मुसलमानको मुसलमानसे लड़ाना ही क्या पाकिस्तानी जहाद है? वहाँ न हमें दौलत मिली, न औरत, जैसाकि वायदा किया गया था, बल्कि उनकी जगह पर हमें गोलियाँ मिलीं। देखो, एक इस बाँहमें और दूसरी टाँगमें। मेरे कितने साथी तो जान से हाथ धो बैठे, मैं किसी तरह बच आया। तनखाह माँगनेपर मुझे अंगूठा दिखा दिया गया। इस तरह पठानोंके साथ मजाक करना बंद करो, वरना नतीजा अच्छा न होगा। लाओ मेरी तनखाह और हर्जाना, इसी लिये मैं जिन्ना साहबके पास आया हूँ।

अली—अच्छा खाँ साहब! आप चलें बाहरके बैठकखानेमें; मैं अभी आकर आपसे मिलता हूँ और आपकी सफाई किये देता हूँ। ओ अर्दली, देखो, खाँ साहबको ले जाकर बैठकखानेमें बैठाओ और इनको चाय पिलाओ, मैं अभी आता हूँ।

खाँ साहब अर्दलीके साथ बाहर गये, जिन्ना साहब का रोष ठिकाने आया। वे बोले, "ये पठान भी आफत की परकाले होते हैं।"

अली—पाकिस्थानके लिये यही सबसे बढ़कर खतरा है। उधर अफगानिस्तान इनको उभाड़ रहा है इधर सीमाके फकीर और अब्दुल गफ्फार खाँके आदमी इनको भड़का रहे हैं। इनके दिमागमें यह जहर भरा जा रहा है कि पाकिस्तान इनको गुलाम बनाकर रखना चाहता है। इस लिये इनको उससे अलग अपना आजाद पठानिस्तान कायम कर लेना चाहिये। इस तरह पठानोंमें बगावतका जोश पैदा किया जा रहा है। दरअसलमें हमें हिंदुस्थानसे कोई डर नहीं है। मुसलमानोंको अपने कब्जेमें बनाये रखने और उनमें अपनी मुफलिसी हालतपर बैचेनी न पैदा होने पावे, इस लिये हम उनको अक्सर हिंदुस्थानके हमले का डर बताया करते हैं, लेकिन असलमें हिंदसे हमें कोई दहशत नहीं है और अगर हमें किसीसे खौफ है तो मुसलमानोंसेही। अफगानिस्तान अपनी पुरानी सरहद्दतक की जमीन पर दावा करता है और पठानिस्तान कायम करनेके लिये पठानोंको खुले तौरपर उभाड़ रहा है। इसीके फकीरकी कारगुजारीसे हमारी भारी नुकसानी हो रही है—वह हमें अंग्रेजोंका और खासकर चर्चिलका गुलाम कहकर पठानोंको बहकाता फिरता है। कलातके नबाबकी नीयत भी अच्छी नहीं है उसका भाई तो अफगानिस्तानकी सरहद में जाकर बगावतकी तैयारी कर रहा है। लाल कुर्तीवाले कहते फिरते हैं कि हिंदमें सारे गवर्नर हिंदुस्थानी है, दो एक अंग्रेज थे भी तो मियाद पूरी हो जानेपर उनकी जगह हिंदुस्थानी गवर्नर बनाये गये हैं पर पाकिस्तानके चार गवर्नरोंमें तीन अंग्रेज हैं—सभी बड़े बड़े ओहदेपर अंग्रेज हैं, इस लिये यह पाकिस्तान नहीं, अंग्रेजोंका गुलामस्तान है। कायदे-आजम, इन मुसलमानोंसेही पाकिस्तानकी हस्ती बचानेकी कोई तरकीब सोचिये। अच्छा सलाम। खाँ साहब बाहर इंतजार कर रहे हैं। यह तो मुझे पक्का विश्वास है कि जबतक आप बरकरार हैं तबतक पाकिस्तान का कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकेगा। सवाल यही उठता है कि आपके बाद?

शोक-सम्वाद

सर राजीव रंजन प्रसाद सिंह।

बिहार लेजिस्लेटिव कौंसिलके प्रधान सर राजीव रंजन प्रसाद सिंहके देहांतसे बिहार एक उच्च कोटिके राजनीतिज्ञ और धाराशास्त्रीसे वंचित हो गया। वे आरा जिलेके सूर्यपुरा गाँवके निवासी थे, हिंदी साहित्य महारथी राजा राधिका रमण प्रसाद सिंहके अनुज थे और कुमार साहबके नामसे प्रसिद्ध थे। सन १९२६ में उनसे मेरा परिचय हुआ था। उन दिनों धारा सभाके चुनावकी धूम थी। सहसरामके इलाकेसे कुमार साहब और जगदीशपुरके हीराजी उम्मेदवार थे। मैं इस

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चुनावके झगड़ेसे दूरही रहना चाहता था, पर परिस्थिति मुझे बीचमें घसीट ही लाई। सहसराममें गोपाष्टमीका मेला था, उसीमें शरीक होनेके लिये मैं वहाँ गया था। वहीं दोनों उम्मीदवारोंसे मेरी मुलाकात हुई और दोनोंने मुझसे मदद माँगी। मैंने उनको अपने अपने राजनीतिक विचार, सिद्धांत और कार्य क्रम जनताके सामने रखनेके लिये आवाहन किया।

बीस-पचीस हजार आदमियोंके सामने कुमार साहबने एक चतुर धाराशास्त्रीकी भाँति अपने भाषण में देशकी सामयिक स्थितिपर राष्ट्रिय दृष्टिकोणसे प्रकाश डाला, पिछली कौंसिलमें अपनी क्रियाशीलता की कथा सुनाई और अपने भावी कार्यक्रमकी रुप-रेखा खींचकर मतदाताओंसे मदद माँगी। उन्होंने यह भी कहा कि यद्यपि वे काँग्रेसवादी नहीं हैं तो भी काँग्रेस के आदेशसे उन्होंने कौंसिलको त्याग दिया था। उनके बाद हीराजी उठे। उन्होंने सनातन धर्मकी दुहाई दी, फिर इधर उधरके दोहे, सवैये और श्लोक सुनाकर बड़े गर्वसे कहा कि हमारे सनातन धर्ममें ईश्वर भक्ति और राजभक्तिमें कोई भेद नहीं माना गया है। राजा ईश्वर काही अंश है। यदि भारतपर आज अंग्रेजोंका शासन न होता तो सुधारक लोग सनातन धर्मका नाम निशान मिटा करही दम लेते। अतएव राजद्रोह फैलानेवाले जहाँ कानूनकी दृष्टिसे अपराधी है वहाँ धर्मकी दृष्टिसे घोर पापी भी।

बीसवीं शतीके दूसरे चरणमें ऐसा विकट व्याख्यान सुनकर मै तो दंग रह गया और उसी समय यह निश्चय कर लिया कि इस देशघातक मनोवृत्तिवाले व्यक्तिको कौंसिलमें जाने देना सहसरामके लिये शर्मकी बात होगी। फिर तो मैंने सहसरामके सभी मुख्य मुख्य स्थानोंका दौरा किया और तभी संतोषकी साँस ली ज॰ कि चुनावका परिणाम प्रकट हुआ। हीराजी हार गये और कुमार साहबकी शानदार विजय हुई। हीराजीने मुझे धनका लालच दिखाकर और बिरादरी की दुहाई देकर इस चुनावमें तटस्थ रखनेकी बड़ी कोशिश की थी, पर वे मुझे अपने प्रणसे डिगा न सके थे।

सन १९३५ में नवीन इंडिया एक्टके अनुसार जब प्रांतोंको पूर्ण शासानाधिकार मिला और नई धारा सभाएँ बनीं तो कुमार साहब बिहार लेजिस्लेटिव कौंसिलके प्रधान चुने गये और अबतक वे इसी पद पर प्रतिष्ठित थे। इधर कुछ दिनोंसे बीमार थे, पर उनके अचानक उठ जानेकी आशंका न थी। उनके निधनसे प्रांतकी बड़ी क्षति हुई है। "प्रवासी" परिवारकी ओरसे हम राजा राधिका रमण प्रसाद सिंहके इस संतापमें हार्दिक समवेदना प्रकट करते हैं।

मोरिशसका "मजदूर"

मोरिशससे हिंदी और फ्रेंच भाषामें "मजदूर" नामक एक नया पत्र निकला है जिसका प्रथमाङ्क हमें हाल डाकसे मिला है। इस पत्रके सम्पादक हैं, श्री रामसुंदर बाबू लाल, जिनका एक लेख मासिक "विश्वमित्र" में प्रकाशित होनेपर मोरिशसमें हलचलसी मच गई थी और उस प्रतिवादमें वहाँसे अनेक लेख आये थे जिनको हमारी सम्मतिसे "विश्वमित्र" संपादकने रद्दीकी टोकरीमें स्थान देना उचित समझा था। उनमेंसे एक श्री हरदत्तजीका लेख 'हमारी वीर-जागृति' ने अग्रलेखके रुपमें प्रकाशित किया था। इस लेखकी बानगी "प्रवासी" के चौथे अंकमें 'बाबा रामयोगी' ने दिखलाई थी। खैर, यह "मजदूर" १७इंच लम्बा और ११इंच चौड़ा एक कागज पर दोनों तरफ छपा है, एक तरफ हिंदीमें तीन लेख है और दूसरी तरफ फ्रेंचमें दो लेख। संपादक महाशय कौंसिलके चुनावमें भी उम्मेदवार हैं, इस लिये आशंका होती है कि कहीं चुनावके बाद "मजदूर" भी न अन्तर्ध्यान हो जावे। पर विश्वास दिलाया गया है कि यह मासमें दोवार अवश्य निकलेगा। वहाँके मजदूरोंके हितकी दृष्टिसे "मजदूर" चिरायु होवे, यही हमारी शुभकामना है।

मोरिशस-प्रवासी श्रीठाकुर प्रसाद मिश्र, जो बनारसमें विद्यार्जन कर रहे थे, मोरिशस वापस चले गये। हालहीमें रेल दुर्घटनासे उनके दाहिने हाथकी उँगलियाँ कट गई हैं इसलिये उन्होंने बायें हाथसे लिखनेका अभ्यास आरंभ कर दिया है। आशा है कि उनकी उपस्थितिसे मोरिशसमें हिंदीके विद्वानोंमें एक और अभिवृद्धि होगी।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सम्पादकीय विचार

स्वाधीनता-दिवस और प्रवासी भारतीय।

अगामी १५ अगस्तको भारतीय-स्वाधीनता की प्रथम वर्ष गांठ है। सालभर पहले इसी दिन भारतने अपनी स्वतंत्रताका प्रथम प्रभात देखा था। एक हजार वर्षतक दासता और परवशताके नरकमें सड़नेके बाद देशको स्वाधीनताके वातावरणमें साँस लेनेका सौभाग्य प्राप्त हुआ था। उस दिन संसारकी दसों दिशाएँ इस खबरसे गूँज उठी थीं कि सदियोंकी कठोर बेड़ी काटकर भारत आज आजाद हो गया। देश भरमें एक ओरसे दूसरे छोरतक, अमीरोंकी अटारियोंसे लेकर गरीबोंकी झोपड़ियों तकमें, जो हर्षोल्लास दिखाई दिया वैसा पहले कभी देखनेमें न आया था। वह आनंदोत्सव भारत तकही सीमित न रहा, पर समुद्रपार सुदूर विदेशों और उपनिवेशोंमें, जहाँ जहाँ भारतीयोंकी आबादी हैं, वहाँ वहाँ भारत की आजादीका उत्सव मनाया गया था। प्रवासी भारतीयोंको अपने देशकी गुलामी जितनी अखर रही थी, उतनी देशवासियोंको भी नही, यह बात हमारे प्रधान मंत्री पं० जवाहरलाल नेहरुको भी स्वीकार करनी पड़ी थी। उनको संसारके भिन्न भिन्न राष्ट्रके व्यक्तियोंके सम्पर्कमें आनेकी आवश्यकता पड़ाही करती हैं, इस लिये जब वे स्वतंत्र देशकी प्रजासे अपनी स्थितिकी तुलना करते थे तो आह भर कर और हृदय मसोस कर रह जाते थे। इस लिये गत वर्ष १५ अगस्तको उनको यह अनुभव हुआ कि उनके दासत्व जीवनका अंत हो रहा है और उनकी जातिका नया जन्म। उस दिन प्रवासी भाइयोंके घर घर बधवा-वाद्य बजा, मंगलाचार हुआ और वह आनंदोत्सव मनाया गया कि जो वास्तवमें महाकवि तुलसीदासकी चौपाई "गिरा अनयन नयन बिनु वानी" को चरितार्थ कर रहा था।

आपसके फूट और बैरसे हम गुलाम बने, हमारा देश पराधीन हुआ। हमने स्वयं विदेशी मुगलों को निमंत्रण देकर बुलाया और उनको दिल्लीकी गद्दी पर बैठा दिया। हमारे देशके रजवाड़े उनकी गुलामी करनेमें परस्पर प्रतिस्पर्धा करते थे और एक दूसरेसे दस गज आगे बढ़ जाना चाहते थे। इतिहास इसका गवाह है। गुलामी और गैरतकी ऐसी मिसाल दुनिया में क्या और कहीं मिल सकेगी? संसारके अनेक देश गुलामीका कष्ट भुगत चुके हैं, बलवानोंने सदाही निर्बलोंको धर दबाया है और उनको अपना गुलाम बनाया है, आज भी जर्मनी और जापान इसी आफत में फँसे हुए हैं, पर क्या कभी किसीने गुलामीको पसंद किया है? वे अपनी कमजोरीसे अवश्य लाचार हुए हैं, पर मौकेकी ताकमें रहे हैं और मौका पातेही उन्होंने गुलामीका जूआ उतार फेंका है। एक हम है जो गुलामीको गैरत और गिरावटकी नही, गौरव और गर्वकी वस्तु समझते आये है और इससे उसी तरह चिपटे रहे हैं जिस तरह गुड़से चींटा। मुट्ठीभर मुगलों ने सात-आठ सौ वर्षतक भारतपर स्वच्छन्द शासन किया; वे केवल राजसत्ता पाकरही संतुष्ट नही हुए, उन्होंने ढूँढ़-ढूँढ़कर भारतीय शिल्पकलाका विनाश किया, यमुना-स्तंभ कुतुब मिनार बन गया, सहस्रों मंदिर मसजिदकी शकलमें बदल गये, हमारे पूर्वजोंकी साहित्यिक कृतियोंको जलाकर हम्मामके लिये पानी गरम किया जाता रहा। भारतके अनेक पुस्तकालय छः छः मासतक जलते रहे, उनके धुआँसे धरती डोल गई थी और आकाश रो पड़ा था, पर हम टससे मस नही हुए, अपना सर्वस्व नष्ट होते देखकर भी चट्टानकी नाईं अपनी गुलामी पर अटल बने रहे। उस लम्बे अर्सेमें प्रताप, शिवाजी और गोविंद सिंह जुगनूकी तरह चमक कर विलीन हो गये; देशवासियोंने उनका नही, विदेशी मुगलोंकाही साथ दिया।

उन मतांध मुगलोंके बाद जब अंग्रेज आये, उस समय तक हमारे पतनका प्याला लबालब भर चुका था। बर्बर मुगलों और उनके वंशजोंकी अपेक्षा सभ्य अंग्रेजोंको हमने अच्छा समझा और उनका हृदयसे स्वागत किया। 'बंदेमातरम्' के प्रणेता बंकिमचंद्र चटर्जीने भी अपने "आनन्द मठ" के अंतमें संतान-सेनाके नायकके मुँहसे यह कहलाया है कि

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भारतमें अंग्रेजी राजकी स्थापना भगवानके विधानका ही परिणाम है, इस लिये संतानोंको अब तलवारकी मूठ छोड़कर हलकी मूठ पकड़ लेनी चाहिये। बच्चोंकी शिक्षाका श्री गणेश करते समय उनके दिल और दिमागमें यह भावना ठूँसी जाने लगी कि भारतमें विदेशी अंग्रेजोंका शासन भगवानका आशीर्वाद है। ऐसा शासन संसारमें और कहाँ मिलेगा जहाँ बकरी और शेर एक घाटपर पानी पीते हों। पराधीन राष्ट्रोंने गुलामीको भगवानका अभिशापही माना है, पर भारत में तो उल्टी गङ्गा बहाई जाती थी, यहाँ अंग्रेजोंकी हुकूमत और अपनी गुलामीको भगवानका आशीर्वाद समझा जाता रहा है।

अंग्रेजोंके दो सौ वर्षके शासन कालमें केवल एक-वार सन १८५७ में भारतकी आत्मा तड़प उठी थी। क्रांति हुई सही, पर वह राष्ट्रिय क्रांति नही थी। इस लिये असफल हो गई। उस समय भी देश द्रोहियोंका बोल बाला रहा, उनकेही सहयोग और सहायतासे अंग्रेज क्रांतिकी आग बुझा सके और क्रांतिकारियोंको ठिकाने लगा सके। क्रांतिके नायकोंमें नाना साहब और अमर सिंह हिमालयकी घाटियों और गुफाओंमें विलुप्त हो गये; रानी लक्ष्मीवाई संग्रामके मैदानमें अपने हथियार का जौहर दिखाकर मातृभूमिकी गोदमें सदाके लिये सो गईं। तातिया टोपी और अहमद शाह विश्वासघात के शिकार होकर फाँसीकी डोरीमें झूल पड़े। वयोवृद्ध कुँवर सिंहने बड़े बड़े अंग्रेज सेनापतियोंके छक्के छुड़ा दिये थे, पर जब गंगा पार करते समय उनके हाथमें जहरीली गोली लगी तो उन्होंने अपर्न वह बाँह काट कर गंगाजीको चढ़ाते हुए कहा—"ले मा गङ्गे ! अपने पुत्रका यह अंतिम बलिदान स्वीकार कर।" इसके कुछ दिन बादही वे गुलामीकी जिन्दगीसे छुट्टी पा गये। बहादुर शाह रंगूनमें नजर बंद रखे गये और वहीं घुल-घुलकर मर गये। आज भी रंगूनमें उनका मजार मुगल बादशाहोंके अंतिम वारिशका स्मरण दिलाता है। उस अभागे बादशाह बहादुरशाहके तीनों शाह-जादे—मिर्जा खादिर सुलतान, मिर्जा मुगल और मिर्जा अबूबकर—जहाँ तैमूर वंशकी शानपर मर मिटते और शहीदोंकी सूचीमें अपना नाम लिखा जाते वहाँ उन्होंने मानके बजाय जानको अधिक मूल्यवान समझा और जानकी भीख माँगनेके लिये अंग्रेजोंकी शरणमें गये। पर सेनापति हडसनने इनको कुत्तेकी मौत मरवा कर चाँदनी चौकमें फेंकवा दिया जहाँ गिद्ध और कौवे उनके मांसको नोच-नोचकर खा गये।

इसके बाद देशमें श्मशानकी शांति व्याप गई। व्यवस्थित आंदोलन करनेके लिये सन १८८५ में इंडियन नेशनल काँग्रेसका जन्म हुआ। भारतीय राष्ट्रकी नीव पड़ी और राष्ट्रने स्वराज प्राप्तिको अपना ध्येय बनाया। सन १९२० में महात्मा गांधी भारत के रङ्ग मंचपर आये। उन्होंने भारतीय जनताको गुलामीसे घृणा करना सिखाया और स्वराज प्राप्तिके लिये अंग्रेजोंसे अहिंसाकी लड़ाई छेड़ दी। किसी भी प्रजाको उसकी इच्छाके विरुद्ध गुलाम बनाकर रखना असंभव है, इस बातको अंग्रेज खूब जानते हैं। इस लिये भारतीयोंमें स्वाधीनताकी प्रचंड भावना देखकर उनको निश्चय हो गया कि अब इनको अधिक कालतक शस्त्र बलसे दबाकर नही रखा जा सकता है। इधर अनेक ऐसी घटनाएँ भी घटी और ऐसी परिस्थिति पैदा हो गई कि जिसने उनको भारतीयोंको भारत सौंपकर यहाँसे चले जानेपर वाध्य कर दिया। गत वर्ष १५ अगस्तको भारतने हजार वर्षके बाद स्वतंत्रताका दिन देखा।

स्वाधीनताके साथ अनेक विपत्तियाँ भी आईं। देशका अङ्ग भङ्ग हो गया, भारतका एक भाग पाकि-स्तान बन गया। एक करोड़ मनुष्योंके बसे-बसाये घर उजड़ गये, पचास लाख मनुष्य अपना सर्वस्व खोकर पाकिस्तानसे भारत आ गये और पचास लाख मनुष्य भारत छोड़कर पाकिस्तानमें जा बसे। संसारके कहीं भी इतनी बड़ी संख्यामें जन परिवर्त्तन कभी नहीं हुआ था। यही एक ऐसी समस्या है जिसको हल कर लेना किसी भी सरकारके लिये गर्वकी बात है। पचास लाख आदमियोंको बसाना और काममें लगाना कोई साधारण काम नही है। इसी काममें यदि हमारी सरकारको सालभर लग गया होता तो भी हमें शिकायत करनेकी कोई गुँजाइश न थी। पर उसने शरणार्थियोंके पुनर्वासके सिवा पाँच छः सौके लगभग छोटे-बड़े देशी रियासतोंकी समस्याको जिस बुद्धिमत्ता और दूरदर्शितासे सुलझाया है उसके लिये सरकार

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

पटेलकी भूरि भूरि प्रशंसा करनी पड़ती थी। इन सबको अंग्रेज स्वतंत्र बनाकर चले गये थे, यदि इनको भारतीय संघका अंग न बना लिया गया होता तो भारत का सर्वनाश निश्चित था। पर हैदराबादके सिवा जहाँ सारी रियासतें भारतीय संघमें मिला ली गई है वहाँ छोटी छोटी रियासतोंको या तो प्रांतोंमें शामिल कर लिया गया है अथवा रियासतोंके बड़े बड़े गुट्टमें। इस प्रकार अब पाँच-छः सौके स्थानपर केवल दो दर्जन रियासतें रह गई हैं। इन सभी रियासतोंमें लोकतंत्रात्मक शासन प्रणाली भी प्रचलित हो गई है और प्रजाके प्रतिनिधियों के हाथमें शासन सूत्र आ गया है। हमारी सरकारकी इस विलक्षण सफलता पर सारा संसार आश्चर्य चकित है।

उधर काश्मीरमें भारतको पाकिस्तानसे 'अघोषित युद्ध करना पड़ रहा है। पहले तो पाकिस्तानका यह बहाना था कि काश्मीरमें सीमांतके पठान और कबायली इस्लामके नामपर लड़ रहे हैं पर अब उसने साफ स्वीकार कर लिया है कि चूंकि हिंदुस्थान उसपर हमला करनेको तैयार था, इस लिये अपनी रक्षाकी दृष्टिसे उसे काश्मीरकी लड़ाईमें शरीक होकर भारतको उधरही रोक रखना आवश्यक हो गया है। इस लिये सारी दुनिया यह बात जान गई कि काश्मीरके मैदान में भारत और पाकिस्तान एक दूसरेसे लड़ रहे हैं। काश्मीर जानेकी जितनी सड़कें थी वे सब पाकिस्तान के हिस्सेमें चली गई। इस लिये भारतको वायुयानोंसे सेना और सामान काश्मीर ले जाना पड़ता था, अब भारत सरकारने यहाँसे काश्मीर जानेकी जो नई पक्की सड़क बनवाई है, वह वर्षोंका काम था, पर छः मासके अंदर वह सड़क बनकर तैयार हो गई। इस रास्तेमें कई नदियाँ भी पड़ती हैं इस लिये कई पुल भी बनवाने पड़े हैं। इस सड़कके बन जानेसे काश्मीरसे हमारा सम्बन्ध और दृढ़ हो गया है। अल्प समयमें इतनी लम्बी और पक्की सड़क कई पुलोंके साथ बनवा लेना कोई खेल तमाशा नही है। इनके अतिरिक्त और भी अनेक छोटे बड़े काम सालभरके अंदर हुए है जिसके लिये हमें अपनी सरकारका अभिनंदन करना चाहिये।

कुछ हिन्दी सहयोगी और १५ अगस्त।

पर हमारे कुछ सहयोगी स्वाधीनताको ही कोस रहे हैं। वर्तमान सरकारकी आलोचना करना तो बुरी बात नही है पर आजादीकोही कोसना कहाँकी बुद्धिमानी और कैसी पत्रकारी है? स्वतंत्रता वह वस्तु है जिसका मूल्याङ्कन नही हो सकता। स्वाधीन रहकर भूखों मर जाना भी अच्छा है पर पराधीन होकर यदि मेवा मिष्टान्न भी खानेको मिले तो वह हराम है। कलकत्तेके एक नवीन सहयोगीने १५ अगस्तपर टीका करते हुए लिखा है कि "सिर्फ आजादीका दिवस मनाना तो अपने आपमें कोई अर्थ नही रखता, इससे हमारे यांत्रिक और महत्वहीन त्योहारांकी सूचीमें एक इजाफा और हो जायगा।"

वास्तवमें शतियोंकी गुलामीने हमारे दिल और दिमागको चौपट कर डाला है, इस लिये १५ अगस्तका महत्व समझनेकी हममें शक्ति नही रह गई है। सहयोगी गरीबोंकी दुर्गति, अमीरोंकी चोर बाजारी और अफसरोंके भष्टाचारकी चर्चा करके पूछता है कि "भला यह कैसी और किसकी आजादी हुई और इसकी क्या खुशी मनाई जाय?" यह सब दोष हमारा है, हमारे नैतिक पतनका स्पष्ट प्रमाण है—इसमें भला आजादीका क्या दोष? आजादीने कब किसीको शोषण और दुराचारके लिये प्रेरणा की है? यदि सहयोगी सरकारपर नाराज है तो सरकारको बदल देनेके लिये उसे कोशिश करनी चाहिये—लोकमत तैयार करना चाहिये। आजादीको कोसना अपनी दास्य-मनोवृतिका प्रदर्शन करनेके सिवा और क्या है? क्या वह भारतपर अंग्रेजोंका शासन बना रहनाही हितकर समझता है और इसी लिये आजादीको कोस रहा है? १५ अगस्तको यांत्रिक और महत्वहीन त्योहारोंकी पंक्तिमें बैठाना अपने विवेकका दिवाला निकालनेके सिवा और क्या है? १५ अगस्त तो युगयुगांतर तक भारतीयोंका सर्वोपरि पर्व बना रहेगा। सरकारें तो बनती-बिगड़ती रहेंगी, जिनसे प्रजाका हित होगा वे ठहरेंगी और जो लोकहित की उपेक्षा करेंगी उनको जनता दूधकी मक्खीकी नांई निकाल फेंकेगी और उनकी जगह दूसरी सरकार बना लेगी।

यह मनोवृति है एक राष्ट्रवादी होनेका दम भरनेवाले सहयोगी की। अब एक हिंदू महासभावादी सहयोगीकी मनोवृतिकी बानगी ले लीजिये। वह

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

लिखता है कि उसके एक गुरुजनके कथनानुसार १५ अगस्तको हमे यही गीत गाना चाहिये—

"अपने देशमें अपना राज,
गाओ सब मिल मङ्गल आज।

पर सहयोगी यह गीत गावे तो कैसे? स्वाधीनता तो आई, पर हिंदू राज्य नही बना। जिन्नाने पाकिस्तान बना लिया, पर भारत हिंदुस्थान नही बना, इंडिया बना रहा। हिंदू विश्वविद्यालयके नामसे "हिंदू" शब्द निकाल डालनेकी चेष्टा हो रही है। नाथूराम जैसा पागल अथवा कथित घातकीके कृत्यके कारण सारे हिंदू महासभावादियों पर शांति भङ्गका लांछन लगाकर उनका दमन किया जा रहा है, फिर सहयोगीके लिये कैसी स्वाधीनता और कैसा मङ्गल गान? वह तो अपने सर्वनाशपर उस दिन आंसूही बहावेगा।

यह है सहस्र वर्ष तक गुलामीका जीवन व्यतीत करनेवालोंकी मनोदशा! हमारा मन और मस्तिष्क दासत्वकी व्याधिसे ऐसा विकृत हो गया है कि हम अपनी व्यक्तिगत या दलगत स्वार्थ सिद्धिकोही देशकी सच्ची आजादी समझते हैं। हमारा मतलब पूरा न हुआ तो फिर वह आजादी कैसी? वह तो देशकी बरबादी है। क्या हम जयचन्दके पापकी पुनरावृत्ति करना चाहते हैं? भारत माताका सबसे बडा दुर्भाग्य यही है कि उसकी गोदमें पलनेवालोंमें देशद्रोहियोंकी कमी नही है।

हमें १५ अगस्तको अन्य सभी त्योहारोंसे श्रेष्ट और पवित्र समझना चाहिये। उस दिन हमें यह शपथ लेनी चाहिये कि हम भूखे-नंगे रहकर भी अपने देशकी स्वतंत्रताकी रक्षा करेंगे। हम अपना सर्वस्व होम कर देंगे, हम अपने परिवार सहित मर मिटेंगे पर भारतकी आजादीपर आँच न आने देंगे। हम आपस में चाहे कितनाही लड़े-झगड़े, राज्यकी बागडोर चाहे किसीके हाथमें क्यों न हो, पर किसी परदेशीकी दाल यहाँ गलने न देंगे। देशद्रोहको हम सबसे बढ़कर पाप समझेंगे, ऐसा प्रचंड पाप, जिसका कोई भी प्रायश्चित नही। हम आजाद कौमकी भाँति अपने जीवनको पवित्र और श्रेष्ट बनावेंगे, अपने नैतिक धरातलको ऊँचा उठावेंगे, अनुशासनका पालन करेंगे, भ्रष्टाचारको मार भगावेंगे, रिश्वतखोरीको हराम समझेंगे और चोर बाजारीको अक्षम्य अपराध। हम अपने देशको इतना ऊँचा उठावेंगे कि उसके सामने सारे संसारका सिर झुक जावे। १५ अगस्त हमसे यही प्रतिज्ञा चाहता है।

नेहरु और हिन्दी।

हमारे प्रधान मंत्री पं० जवाहर लाल नेहरु हालहीमें मद्रास गये थे। वहाँ पर एक सार्वजनिक सभामें भाषण देते हुए उन्होंने जब यह विचार प्रकट किया कि "जब मैं सार्वजनिक राज्य (Secular State) की बात कहता हूँ तो इसका क्या अर्थ होता है? क्या हम अपनी सांस्कृतिक विधियोंको त्याग देंगे क्योंकि कुछ लीगी मनोवृत्तिके मुसलमान उनको पसंद नही करते! उनको यहाँसे चला जाना चाहिये और जितनी जल्दी वे चले जावें, देशके लिये बेहतर है। मुझे यह देखकर आश्चर्य हुआ है कि आज भी कुछ लोग मुसलिम लीगी मनोवृत्ति का प्रदर्शन कर रहे हैं और उनके अखबार गंदी साम्प्रदायिकता जहर फैला रहे हैं। उन्होंने 'जन-मन-गण' के गानपर और भारत सरकारके 'राज-निशान' पर भी आपत्ति उठाई है, मैं कहता हूँ कि यह एक चुनौती है और अपमान है। जिन मुसलमानोंकी ऐसी मनोवृत्ति है उनके लिये भारतमें कोई स्थान नही है। उनकी मातृभूमि या पितृभूमि या जो कुछ हो पाकिस्तान है, हिंदुस्थान नहीं और मैं उनको यही सलाह दूँगा कि उनको पाकिस्तान चला जाना चाहिये, इसमें हमारा और उनका दोनोंका कल्याण है," तो हमने सोचा कि भारतीय संस्कृति नेहरुजीके हाथोंमें सुरक्षित है और किसीको कुछ चिंता करनेकी आवश्यकता नही है। पर खेद है कि हमारा यह धारणा टिकाऊ न होने पाई। इसके बादही मद्रासमें हिंदुस्थानी प्रचार सभाके नये भवनका उद्घाटन करते हुए उन्होंने जो कुछ कह डाला वह उनके पद प्रतिष्ठाके अनुरुप नही था।

उन्होंने अपने भाषणमें संस्कृतमयी हिंदीका जबर्दस्त विरोध किया और अरबी-फारसी-मयी हिंदुस्थानीकी हिमायत। पहली बात तो यह है कि इस विषयपर उनको कुछ कहनेका अधिकारही नही था। वे अनुशासनकी दुहाई देते रहते हैं पर शायद अपने

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आपको अनुशासनसे परे समझते है और इस लिये उसकी कोई पर्वाह नही करते। पर सवाल तो यह है कि जो स्वयं अनुशासनको भङ्ग करता है उसको दूसरोंको अनुशासनकी शिक्षा देनेका क्या अधिकार है? विधान-परिषदकी काँग्रेस-पार्टी भारी बहुमतसे हिंदीको राष्ट्रभाषा और देवनागरीको राष्ट्रलिपि स्वीकार कर चुकी है और नेहरुजी काँग्रेस पार्टीके नेता हैं और इसी हैसियतसे भारतके प्रधान मंत्री बनाये गये हैं। अतः जबतक पार्टीका प्रस्ताव बरकरार है, तबतक उसके प्रतिकूल राय प्रकट करना क्या पार्टीके प्रति बगावत और लोकमतकी अवहेलना नहीं है? दूसरी बात यह है कि नेहरुजी लोकतंत्रके रक्षक, पोषक और पालक होनेका दावा करते हैं। हम यह जानना चाहते हैं कि जब बिहार, युक्त प्रांत, मध्य प्रांत, राजस्थान और यहाँतक कि हिंदुस्थानी पंजाबकी सरकारोंने हिंदी को राजभाषा और नागरीको राजलिपिके रुपमें स्वीकार कर लिया है तो लोकमतको इस प्रकार उपेक्षा करके अपना अलगही तराना गाना और डफली बजाना क्या लोकतंत्रात्मक प्रवृति है? यह लोकतंत्रकी रक्षा है या हत्या? नेहरुजी पर जिन्ना साहबका कहीं असर तो नहीं हो रहा है? क्या वे भी पाकिस्तानके डिक्टेटरकी तरह हिंदके सर्वाधिकारी बन जाना चाहते हैं? पाकिस्तानके किसी भी प्रांतकी भाषा उर्दू नही है, पूर्वीय बंगालकी भाषा बंगला है और पश्चिमीय पंजाबकी पंजाबी, सिंध की भाषा सिंधी है और पठानिस्तानकी पश्तो। पर जिन्ना साहबने लोकमतको ठुकराकर उर्दूको जबर्दस्ती सारे पाकिस्तानकी राज भाषा बना डाली है। उसी तरह क्या नेहरुजी बलात हिंदुस्थानीको हमारे मत्थे मढ़ना चाहते हैं?

तीसरी बात यह है कि नेहरुजीने हिंदुस्थानीकी हिमायत करते हुए पूज्य बापूकी भी दोहाई दे डाली है। हमारे खयालमें बापूको इस विवादमें घसीट कर उन्होंने अच्छा काम नहीं किया है। स्वर्गीय बापू, नेहरु, पटेल और राजेन्द्र बाबू भारतीयोंके हृदय सम्राट हैं, देवता की भाँति उनकी हम पूजा करते हैं, उनके आदेश पर अपना सर्वस्व निछावर करनेको तैयार हैं, पर यह भी ध्यान रखना चाहिये कि उनसे भी बढ़कर देशकी भाषा और संस्कृति है; चाहे कोई कितनीही बड़ी हस्ती क्यों न हो उसको खुश रखनेके लिये हम अपनी भाषा और संस्कृतिको तिलांजलि नही दे सकते। क्या नेहरुजी भूल गये कि बापूके जीवन कालमेंही और बापूके विरोधके बावजूद भी युक्त प्रांत, मध्यप्रांत, बिहार और पंजाबने हिंदीको राज भाषा और नागरीको राजलिपि घोषित कर दिया था और नेहरुजी तथा उनके मित्रोंके हजार विरोध करनेपर भी काँग्रेसपार्टीने भारी बहुमत से हिंदी और नागरीके पक्षमें प्रस्ताव स्वीकार कर लिया था? यह सब बातें बापूकी जिन्दगीमेंही हुई थी, फिर अब बापूकी दुहाई देकर जनतामें भ्रम फैलाना क्या उचित है? हमने "प्रवासी" के छठे अङ्कमें लिखा था कि हिंदीके विरुद्ध एक प्रबल षडयंत्र हो रहा है। हिंदुस्थानीके हिमायती अहिंदी प्रांतोंके विधान परिषदके सदस्योंको समझाते फिरते हैं कि बापू हिंदुस्थानीको भारतकी राज भाषा बनाना चाहते थे जो नागरी और उर्दू दोनों लिपियोंमें लिखी जाती है। उनके जीवनमें हम चाहे कुछ भी करते, पर उनके निधनके बाद तो उनकी इच्छाकी पूर्त्ति करनाही हमारा कर्त्तव्य है। नेहरुजीके भाषणसे इस भयंकर षडयंत्र का भण्डाफोर हो जाता है।

चौथी बात यह है कि हिंदुस्थानीका लक्ष्य था मुसलमानोंको संतुष्ट करना। यह तुष्टिकरणकी नीति सर्वथा असफल हो गई और देशका बँटवारा होकरही रहा। मुसलमानोंने अपनी भाषा और संस्कृतिकी दुहाई देकर पाकिस्थानकी माँग की, उनकी मुराद पूरी हो गई। अब उस नीतिकी और उसके साथही हिंदुस्थानीकी भारतमें कहाँ गुँजाइश रही? नेहरुजीको न जाने संस्कृतसे क्यों चिढ़ है? वे संस्कृतमयी हिंदीके प्रचंड विरोधी हैं। स्वदेशी संस्कृतसे विरोध और विदेशी फारसी-अरबीसे प्रेम कहाँकी राष्ट्रियता और देशभक्ति है? भारतकी हिंदी, गुजराती, मराठी, बंगला आदि प्रांतीय भाषाएँ संस्कृतकीही पुत्री है, दक्षिण भारतकी तामिल, तैलगू, मलयालम और कनाड़ी भी संस्कृतके ऋणी है—तैलगूमें तो आधेसे अधिक शब्द संस्कृतके पाये जाते हैं। यदि हिंदी संस्कृतमयी होगी तो वह सारे देशमें आसानीसे बोली और समझी जा सकेगी। अरबी-फारसी-मयी हिंदुस्थानीको नेहरु, आजाद,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सुंदरलाल, ताराचंद आदिके सिवा और कौन समझ सकेगा ?

नेहरुजीके इस दुराग्रहसे सारा देश संतप्त हो उठा है। पं० बालकृष्ण शर्मा, पं० महावीर त्यागी, पं० वियोगीहरि आदि काँग्रेस कर्मियोंने वक्तव्य निकालकर नेहरुजीकी हिंदी विरोधी मनोवृत्तिकी बड़ी कड़ी समालोचना की है। हमें गहरा दुःख है कि हमें अपने प्रधान मंत्री और भारतके सर्वश्रेष्ट महापुरुषके खिलाफ आवाज उठानेपर मजबूर होना पड़ा है पर हिंदीके सम्बन्धमें उनका विचार ऐसा असामयिक, अवांछनीय और अशोभनीय है कि कोई भी सच्चा देशभक्त उसको ठंढे दिलसे बरदास्त नहीं कर सकता।

हम हिंदीको क्लिष्ट बनानेके पक्षमें नहीं है। हम तो सरल, सुगम और सुबोध भाषाकोही जनताके लिये हितकर समझते हैं। अरबी, फारसी, अंग्रेजी अथवा किसी भी भाषाके जो शब्द जनतामें प्रचलित हो गये हैं उनके बहिष्कारको भी हम बुरा समझते हैं—उनको अपने व्याकरणसे शुद्धिकरके पचा लेनेमें ही हिंदीका गौरव है। पर प्रचलित शब्दोंसे ही तो काम नहीं चल सकेगा। उच्च श्रेणीके विज्ञान, दर्शन, कला, विधान, चिकित्सा, यंत्र आदि विषयोंके ग्रंथ रचनाके लिये जिन पारिभाषिक शब्दोंकी आवश्यकता पडेगी वे कहाँसे आवेंगे ? हम कहते हैं कि उनको स्वदेशी संस्कृतसे ग्रहण करना चाहिये, बिदेशी अरबी-फारसीसे नहीं। हम इस बातके भी बिरोधी है कि नागरी जैसी वैज्ञानिक लिपिकी विद्यमानतामें हमे हिंदुस्थानीके नामपर फारसी लिपि अपनानेको बाध्य किया जाय। हम जानते हैं कि हिंदुस्थानीके नामपर उर्दू भाषा और लिपिको आगे बढ़ानेमें मौलाना आजादका प्रभाव काम कर रहा है। मौलाना साहब अंग्रेजी नहीं जानते हैं, पर हिंदीकी जगह अंग्रेजीको मंजूर कर लेंगे और नागरीकी जगह रोमन लिपिको। उनको हिंदी और नागरीसे नफरत नहीं तो मुहब्बत भी नहीं है। वे भारतके शिक्षा मंत्री है पर भारतकी राष्ट्र भाषा और राष्ट्र लिपिसे उनका कोई नेहनाता नहीं हैं। एकबार किसीकी शिकायत करनेपर पूज्य बापूने अपनी प्रार्थना सभामें सार्वजनिक रुपसे अनुरोध किया था कि मौलानाको हिंदी भाषा और नागरी लिपि अवश्य सीख लेना चाहिये, पर मौलानाने बापूकी बातपर भी अमल नहीं किया। वे देखते हैं कि भारतमें अब [illegible] की दाल नहीं गलने पावेगी, इस लिये हिंदुस्थानीके नामसे हमारे सिरपर उर्दू थोपना चाहते हैं। इसी मित्रोंके तुष्टिकरणके लिये नेहरुजी जो गलत कदम उठा रहे हैं उसका फल न उनके लिये हितकर होगा और न उनके प्यारे देशके लिये। देश राष्ट्रका शरीर है तो भाषा उसकी आत्मा है। इस प्रश्नपर जो लोकमतकी उपेक्षा करेगा वह अपने व्यक्तित्व और नेतृत्वको अवश्य खो बैठेगा।

राष्ट्रसंघमें दक्षिण अफ्रिकाका मामला।

दक्षिण अफ्रिका प्रवासी भारतीयोंकी हालत सुधरनेके बदले दिन पर दिन बिगड़तीही जा रही है। वहाँके वर्तमान अधिनायक डाक्टर मलान भारतीयोंकी हस्ती मिटा देनेके लिये कटिबद्ध हैं। सोचा गया था कि यूनियन पार्लामेंटके निर्वाचन कालमें मलान और उनके सहकर्मी भारतीयोंके विरुद्ध जो जहर उगल रहे है वह श्वेताङ्गोंसे वोट लेनेकी राजनीतिक चाल हैं और यदि उनको सत्ता मिल गई तो उसके साथही उनपर जिम्मेदारी भी आवेगी जो उनको उदार-नीतिसे काम लेनेपर मजबूर करेगी, लेकिन यह खयाल गलत निकला। मलानने चुनावके समय जो कुछ कहा था उसको अमलमें लानेको तैयार हैं। उन्होंने और उनके अन्य मंत्रियोंने अपनी भावी नीतिकी जो घोषणा की है उससे यह स्पष्ट हो जाता है कि प्रवासी भारतीयोंपर घोर विपत्तियाँ आने वाली हैं। इस लिये भारत सरकार भी चिन्तित हो उठी है और उसने इस मामलेको फिर संयुक्त राष्ट्रसंघमें पेश करनेका निश्चय कर लिया है जैसा कि हम "प्रवासी" के गताङ्कमें लिख चुके हैं। भारत सरकारके स्थायी प्रतिनिधि श्री पी. पी. पिल्लेने इस सम्बन्धमें संयुक्त राष्ट्रसंघके मुख्य-मंत्रीको जो पत्र लिखा है वह गत १७ जुलाईको प्रकाशित हो गया। इस पत्रमें भारत सरकारकी ओरसे राष्ट्रसंघको अनुरोध किया गया है कि दक्षिण अफ्रिकामें प्रवासी भारतीयोंके साथ होनेवाले व्यवहार पर नये सिरेसे शीघ्र विचार किया जाना चाहिये, इसलिये आगामी सितम्बरके जनरल असम्बलीके पेरिसमें होनेवाले अधिवेशनमें इस प्रश्नको भी विचारार्थ कार्यक्रममें रखा जाय। आवेदन पत्रमें यह

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भी कहा गया है कि वहाँ प्रवासी भारतीयोंके साथ लगातार जैसा व्यवहार हो रहा है उससे स्पष्ट है कि वहाँ संयुक्त राष्ट्र संघके मूल सिद्धांतोंपर कुछ भी ध्यान नही दिया जाता है।

सन १९४६ के अंतमें राष्ट्र संघकी जनरल असम्बलीने दो-तिहाई बहुमतसे यह प्रस्ताव पास किया था कि प्रवासी भारतीयोंके साथ भारत और दक्षिण अफ्रिकाके हुई संधियों और राष्ट्रसंघके चार्टरके अनुसार व्यवहार होना चाहिये और इनके प्रतिकूल जो कानून बने हों उनमें आवश्यक संशोधन हो जाना चाहिये। पर जनरल स्मट्सने प्रवासी भारतीयोंके प्रश्नको अपना घरेलू प्रश्न कह इस आदेशकी अवहेलना कर डाली और यह भी कह दिया कि राष्ट्रसंघको उनके घरेलू मामलोंमें दखल देनेका कोई अधिकारही नही है। सन १९४७ के नवम्बर में राष्ट्रसंघकी राजनीतिक समितिने सन १९४६ के प्रस्ताव का १५ के विरुद्ध २९ वोटोंसे पुनः समर्थन किया। इतनाही नही, समितिके प्रस्तावमें दक्षिण अफ्रिका तथा भारतसे अनुरोध भी किया गया कि सन १९४६ के प्रस्ताव के आधारपर वे अविलम्ब गोल मेज परिषदकी व्यवस्था करें जिसमें पाकिस्तानको भी सम्मिलित कर लें और परस्पर विचार-विनिमय करके इस समस्याको हल कर डालें। पर जब यह प्रस्ताव जनरल असम्बलीके खुले अधिवेशनमें आया तो वहाँ भी उसे बहुमत तो प्राप्त हुआ पर नियमानुसार दो-तिहाई मत प्राप्त न होनेके कारण उसको कार्यान्वित करनेपर दक्षिण अफ्रिकाको वाध्य नही किया जा सका। फल यह हुआ कि सन १९४६ का प्रस्ताव त्रिशंकुकी भाँति अधरमें लटक रहा है।

एशियाको मलानकी चुनौती।

संयुक्त राष्ट्र संघके चार्टरका जो उद्देश्य है और जिन सिद्धांतोंपर चार्टरकी रचना हुई है उसकी दक्षिण अफ्रिकामें प्रवासी भारतीयोंके साथ रंगभेदके आधारपर व्यवहार कर अवहेलनाही नही, हत्या भी की जा रही है। वहाँके प्रवासी भारतीयोंके विरुद्ध वर्ण-विद्वेष मूलक जो कानून बनाये गये हैं उनमें राष्ट्रसंघके आदेशानुसार संशोधन या परिवर्तन करना तो अलग रहा, मलानकी सरकार तो भारतीयोंके बचे-खुचे अधिकारोंपर भी हाथ साफ करने को उद्यत हो गई है। दक्षिण अफ्रिकाके संघमें केपही एक ऐसा प्रदेश है जहाँ भारतीयोंको नागरिकके अधिकार प्राप्त हैं, अब उनको इस अधिकारसे वंचित करनेके लिये प्रयत्न आरंभ हो गया है। आंतरिक मंत्री डा० डोंगेसके वक्तव्यसे यह प्रकट होता है कि सरकार शीघ्रही एक कमीशन बैठावेगी जो इस बातकी जाँच करेगा कि प्रवासी भारतीयों ने श्वेताङ्गोंके क्षेत्रमें कितने जमीन-मकानोंपर दखल जमा लिया है। असलमें केपमे भी घेटो कानून जारी करनेका यह एक प्रपंच है और इससे वहाँके प्रवासी भाई प्रकंपित हो उठे हैं। आंतरिक मंत्रीने यह भी घोषणा कर दी है कि जनरल स्मट्सके घेटो कानूनके उस भागपर तो सरकार कठोरता पूर्वक अमल करेगी जिसमें प्रवासी भारतीयोंको अछूतोंकी भाँति अलग क्षेत्रमें बसानेकी व्यवस्था है परंतु कानूनके उस भागको यथा संभव शीघ्र रद्द कर देगी जिसमें उनको तीन श्वेताङ्ग प्रतिनिधि चुनकर पार्लामेंटमें भेजनेका अधिकार है। यद्यपि प्रवासी भारतीयों ने जातगत पृथक निर्वाचनके आधारपर प्रतिनिधि चुननेसे साफ इन्कार कर दिया है तथापि मलान-सरकार उसे कानूनके रुपमें पड़ा रहने देना भी अपनी नीतिके प्रतिकूल समझती है और उसे रद्द करने पर तुल गई है।

वास्तवमें मलानकी नीति और प्रवृति सारे ऐशिया को खुली चुनौती है। वे स्पष्ट घोषणा कर रहे हैं कि उनकी सरकार वर्ण विभेदके सिद्धांतपर अटल रहेगी और इस मामलेमें किसी भी अन्य देशका हस्तक्षेप सहन न करेगी। डा० मलानने प्रधान मंत्रीकी हैसियतसे अपने प्रथम भाषण में ही अपनी भावी नीति स्पष्ट कर दी है। उनका कथन है कि भिन्न भिन्न रङ्गवाले वर्गोंको भिन्न भिन्न क्षेत्रोंमें रहनाही श्रेयस्कर है, पृथक्करण पद्धतिमेंही सब वर्गोंके विकास और उत्कर्षकी गुँजाइश है; सब वर्णवालोंके एक साथ रहनेसे श्वेताङ्गोंकी हस्ती और उनकी संस्कृतिको खतरा है और इस पृथक्करण सिद्धांतको कार्यान्वित करनेके लिये उनकी सरकार मतदाताओंसे प्रतिज्ञावद्ध भी है।

मलानका यह इरादा है कि दक्षिण अफ्रिकामें श्वेताङ्गोंका प्रभुत्व सदा-सर्वदाके लिये बना रहे, वे अश्वेत आदमियोंके मेहनतसे मालामाल होते रहें और उनपर मनमाना अत्याचार करते रहें पर अश्वेत वर्णवाले चुपचाप सब कुछ सहा करें और गोरोंके खिलाफ जबान तक न हिलावें। मलानका तो यह भी विचार है कि गोरोंके सिवा और कोई वहाँ कारीगरीका काम भी न करने पावे—

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वे गैर-गोरोंको निरा मजदूरही बना कर रखना चाहते हैं। खैर, मलान जो कुछ करना चाहते हैं वह कोई नई बात नही है, वर्ण विद्वेषही उनकी पार्टीका सर्वोपरि धर्म है। पर विस्मय और विषादकी बात तो यह है कि गत वर्ष संयुक्त राष्ट्र संघने भारतके प्रस्तावको दो-तिहाई मतसे मंजूर न करके जहाँ अपनी निर्बलताका परिचय दे डाला है वहाँ मलानकी इस रङ्गद्वेषमूलक नीतिका अप्रत्यक्ष रुपसे समर्थन करनेका भी पाप कमाया है। इसबार पेरिसके अधिवेशनमें उसकी नीति और भी साफ हो जायगी। यदि उसने रङ्ग भेदके सिद्धांतसे समझौता कर लिया तो सारे अश्वेत राष्ट्रोंका वह विश्वास खो बैठेगा। इधर उसका रङ्ग रवैया कुछ ऐसा रहा है कि उसकी प्रतिष्ठामें अंतर आ गया है और यदि उसने श्वेताङ्ग राष्ट्रोंके फेरमें पड़कर वर्ण भेदके सिद्धांतको स्वीकार कर लिया तो लीग ऑफ नेशन्सकी भांति इसका भी विनाश अनिवार्य है और इसके साथही ससारकी शांति भी खतरेमें पड़े बिना न रहेगी। क्योंकि रङ्ग द्वेषका अंतिम परिणाम होगा—एशिया और यूरोपमें घोर संग्राम, जिसके सामने पिछले दोनों विश्वयुद्ध फीके पड़ जायँगे। इस लिये संयुक्त राष्ट्र को सावधान हो जाना चाहिये और ऐसी चेष्टा करना चाहिये कि श्वेत और अश्वेत राष्ट्रोंमें दुर्भाव उत्पन्न न होने पावे प्रत्युत परस्पर सद्भावनाकी ही सृष्टि और अभिवृद्धि होती रहे।

दक्षिण अफ्रिकाके मामलेमें आशाकी झलक।

हालहीमें नेटाल इंडियन ऑर्गनिजेशनने दक्षिण अफ्रिकाके आंतरिक सचिव डाक्टर डोङ्गसको एक पत्र लिखा था जिसमें उनसे ऑर्गनिजेशनके शिष्ट मंडलसे मिलने और उससे भारतीय समस्याओंके निपटारेके लिये भारत, पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रिकाकी एक गोल मेज परिषद बुलानेके सम्बन्धमें विचार-विमर्श करनेका अनुरोध किया गया था। इस पत्रके उत्तरमें मंत्री महोदयने जो कुछ लिखा है वह विचारणीय है। उनका कथन है कि गोलमेज परिषदमें भारत और पाकिस्तानके प्रतिनिधियोंके साथ प्रवासी भारतीयोंके प्रश्नपर विचार-विनिमय करनेमें उनकी सरकारको कोई आपत्ति नही है वशर्ते कि उसमें घरेलू प्रश्न न उठाया जाय। यह बात कुछ समझमें नही आती कि भारतीय समस्याओंमें कौनसा हिस्सा उनका घरेलू प्रश्न है? पर आगे चलकर उन्होंने स्थिति कुछ साफ कर दी है और लिखा है कि सन १९२७ और १९३२ परिषदोंके आधार पर और उनके उद्देश्यके अनुसार गोल मेज परिषदकी व्यवस्था करनेमें उनकी सरकारको कोई एतराज नही है।

सन १९२७ में वेटो एक्ट बना नही था, पर बनने का प्रयत्न हो रहा था। सन १९२४ मेंही जनरल स्मट्स ने 'क्लास एरियाज बिल' के नामसे एक कानूनी मसविदा पार्लामेंटमें पेश कर दिया था जिसका उद्देश्य था भिन्न भिन्न वर्गके व्यक्तियोंको भिन्न भिन्न क्षेत्रोंमें बसनेपर बाध्य करना। देवयोगसे उस समय स्मट्सकी दुरभिसंधि सिद्ध न होने पाई; एक उपनिर्वाचनमें उनकी पार्टीके उम्मेदवार की हारसे खिन्न होकर उन्होंने पार्लामेन्टही भङ्ग कर दी और लोकमत जाननेके लिये नवीन निर्वाचनकी व्यवस्था की। सन १९२५ में यूनियन पार्लामेन्टके चुनावमें जनरल और उनकी पार्टीकी जो करारी हार हुई वह दक्षिण अफ्रिकाके इतिहासमें एक विलक्षण घटना है। जनरल हर्टजोगके राष्ट्रीय दलकी सरकार कायम हुई पर चूंकि स्मट्सके पृथक्करण कानूनका मसविदा पार्लामेन्टमें विचाराधीन था अतएव नई सरकार उसपर विचार और कार्य करनेके लिये बाध्य थी। जब प्रवासी भारतीयोंने उस बिलके विरुद्ध जबर्दस्त आवाज उठाई, उनका एक डेपुटेशन भारत आया और भारतका लोकमत भी उस अपमानजनक बिलसे क्षुब्ध हो उठा तो हर्टजोगकी सरकारने भारतसे बैर ठानना ठीक न समझा। उन दिनों डाक्टर मलानही आंतरिक सचिव थे, भारतीयोंका मामला उन्हींके विभागके अधीन था। अतएव डाक्टर मलानने सन १९२६ के अंतमें केपटाउनमें गोलमेज परिषदकी आयोजना की जिसमें भारत और दक्षिण अफ्रिकाकी सरकारोंके प्रतिनिधियोंने शरीक होकर प्रवासी भारतीयोंकी समस्याओं पर विचार किया और सन १९२७ के आरंभमें भारत और दक्षिण अफ्रिकाके बीच एक संधि हो गई जो 'केप टाउन संधि' के नामसे प्रसिद्ध हुई। इस परिषदमें पृथक्करण योजनाको कब्रमें दफना दिया गया; यूनियन सरकार को यह स्वीकार करना पड़ा कि प्रवासी भारतीय वहांकी स्थायी आबादीका एक अंग है अतएव उनके विकास और उत्कर्षके लिये यूनियन सरकार जिम्मेदार है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

यह भी निश्चय हुआ कि प्रवासी भारतीयोंको पश्चिमीय रहन-सहनकी पद्धति अंगीकार करनी चाहिये और जो ऐसा करनेमें असमर्थ हों उनको स्वदेश लौट जाना चाहिये। यूनियन सरकार उनको लौटनेका खर्च देगी और ऊपरसे प्रत्येक व्यक्तिको २० पाउन्ड अर्थात २६५) रुपया नगद भी। पर जो युरोपियन रहन-सहन अंगीकार न लेंगे उनके साथ वहाँकी स्थायी प्रजाकी भाँति व्यवहार होगा।

सन १९३२में इसी संधिपर पुनर्विचार करनेके लिये केपटाउनमें दूसरी गोल मेज परिषद हुई थी। इस परिषदमें खासकर प्रत्यागत प्रवासियोंकी परिस्थितिकी चर्चा हुई थी। सन १९२७ की संधिमें जो प्रत्यागमनकी व्यवस्था थी उसके प्रभावमें आकर, राहखर्च और २० पौंड इनामके लालचमें, लगभग तीस हजार भारतीय स्वदेश लौट आये थे, पर यहाँ उनकी बड़ी दुर्दशा हो रही थी। उनकी दुखभरी आवाज जब समुद्रकी लहरोंको चीरकर दक्षिण अफ्रिका पहुँची तो मैं उसकी उपेक्षा न कर सका। वहाँकी काँग्रेस इस मामलेमें दखल देनेमें असमर्थ थी इस लिये मैं व्यक्तिगत रुपसे इनकी दशा देखनेके लिये वहाँसे चल पड़ा। सन १९२९ के अंतमें मैंने कलकत्ता, मद्रास, बम्बई आदिमें उनकी दुर्गति अपनी आँखो देखी और पं० बनारसीदास चतुर्वेदीकी सहायतासे एक रिपोर्ट तैयार की। पर स्वर्गीय माननीय श्री निवास शास्त्रीके आग्रहसे रिपोर्टका प्रकाशन लगभग डेढ़ सालतक स्थगित रहा। सन १९३१ में जब मेरी रिपोर्ट प्रकाशित हुई तो देश और विदेशोंमें हलचल मच गई। महात्मा गांधीने 'यंग इंडिया' और 'नवजीवन' में रिपोर्ट पर राय देते हुए लिखा था कि 'दक्षिण अफ्रिकाके प्रवासी भारतीयोंके स्वदेश प्रत्यागमन सम्बन्धी किसी प्रकारका इकरार होना ही नही चाहिये था, और हुआ भी, तो उन्हें उचित काम दिलानेकी पूरी व्यवस्था पहलेसेही हो जानी चाहिये थी, और किसी भी हालतमें वहाँ जन्मे हुए भारतीयोंको स्वदेश आनेकी तो कभी सम्मति दी ही नही जानी चाहिये थी। पर साँपके निकल जानेसे लकीर पीटनेसे क्या फायदा? केपटाउनकी संधिपर पुनर्विचार करते समय यदि गरीब भारतीय मजदूरोंके हक अन्य प्रवासी भारतीयों को मिलने वाली संशयास्पद सहूलियतके बदलेमें बेच नही डाले जायँ तो इस रिपोर्टके लेखकोंका परिश्रम निष्फल न जायगा।"

हमारा परिश्रम निष्फल नहीं गया। सन ११३२ की गोल मेज परिषदमें यही चर्चाका मुख्य विषय था और अंतमें दक्षिण अफ्रिका सरकारको संधिसे प्रत्यागमनकी धारा निकालनेपर राजी होनाही पड़ा। इस प्रकार सन १९२७ और सन १९३२ की दोनों परिषदोंमें प्रवासी भारतीयोंके प्रश्नके सारे पहलुओंपर विचार किया गया था और उनके प्रश्नके किसी अंशको घरेलू प्रश्न कहकर टाला न गया था। इसवार जो घरेलू प्रश्नका अड्डा लगाया जा रहा है, इसका विश्लेषण दुष्कर ही है।

मालूम होता है कि डाक्टर मलान और उनके मंत्रियोंको अपनी जिम्मेदारीका कुछ ख्याल है। वे सोचते हैं कि संयुक्त राष्ट्रसंघके सितम्बरके पेरिस अधिवेशनमें भारत इस प्रश्नको फिर उठावेगा और दक्षिण अफ्रिकाको एक गंभीर परिस्थितिका सामना करना पड़ेगा। इस लिये उनकी इज्जतपर आँच आये बिना यदि सुलहकी कोई सूरत निकल आती है तो उनके हकमें अच्छाही है। सन १९२७ में मलान अपनी दूरदर्शिताका परिचय दे चुके हैं। यदि उसी नीतिपर फिर अमल करनेका उन्होंने निश्चय कर लिया तो प्रवासी भारतीयोंकी समस्याओंको सुलझाने का कोई न कोई उपाय निकलही आवेगा। सन १९२७ में स्मट्सकी पृथक्करण योजना 'बिल' के रुपमें थी, अब वह घेटो एक्टके नामसे कानूनका रुप धारण कर चुकी है। बिलको उड़ा देना सहज था, कानूनको रद्द करनेमें कठिनाई होगी। यह बुरी बला "घेटो एक्ट" के रुपमें मलान को स्मट्ससे विरासतमें मिली है। पर राजनीतिज्ञताका तकाजा तो यही है कि मलान बुद्धिमता और दूरदर्शितासे काम लेवें, हठ और दुराग्रहपर अटल रहकर भारतसे बैर न बढ़ावें और सारे संसारके निन्दाभाजन न बने।

ब्रिटिश गायनामें भारतीयोंकी हत्या।

अमेरिकाकी दक्षिण दिशामें अंग्रेजोंके कई उपनिवेश हैं उनमें डमरारा भी एक है जो ब्रिटिश गायनाके नामसे मशहूर है। डमरारामें लगभग डेढ़ लाख प्रवासी भारतीयों की आबादी है जिनमें लगभग ६० प्रतिशत गन्नेकी कोठियों में मजदूरी करते हैं। वहाँ वे 'इस्ट इंडियन' के नामसे पुकारे जाते हैं। अमेरिकाके आदिम निवासियोंको 'रेड इंडियन' कहा जाता है अतएव भारतीयोंको 'इस्ट इंडियन' कहनाही उपयुक्त समझा गया। भारतीयोंमें ६० प्रति-

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

शत तो खेत मजदूर हैं और शेष ४० प्रतिशत किसान या व्यापारी हैं। पिछले विश्वयुद्धके समय जब एशियासे चावल बाहर जाना बंद हो गया था तो डमराराके चावलसेही ट्रिनीडाड, जमैका आदि आसपासके उपनिवेशोंका निर्वाह हो सका था। इस धानकी खेती और चावलके व्यापारमें भारतीयोंने कुछ धनार्जन कर लिया था, यदि सरकार बाधक न बनती तो इस कारवारसे भारतीयोंको अच्छा लाभ हुआ होता। ब्रिटिश गायना ब्रिटिश सरकारका निजी उपनिवेश (Crown Colony) है।

भारतीय मजदूरोंकी हालत मँहगीके कारण बड़ी दयाजनक हो गई है। उनको लाचार होकर हडताल करना पड़ रहा है। कहावत है कि 'मरता क्या न करता' पर गोरे प्लान्टर जो खटमलकी तरह मजदूरोंका रक्त चूस कर मोटे-ताजे बने हुए हैं उनकी इस हरकतको कैसे बर्दास्त कर सकते हैं? वहाँके ट्राइअम्फ विलेजके पं० रामजी लाल शर्माने हवाई-डाकसे हमारे पास जो पत्र भेजा है उससे मालूम होता है कि डमराराके मजदूरोंकी दरमाहा बढ़ानेकी जब सारी कोशिशें बेकार गईं तो उनके पास हड़तालके सिवा और कोई उपाय न रहा। चीनीके कारखानोंके मजदूरोंने हड़ताल बोल दी। इस लिये इलमोर कोठीमें मजदूरोंपर गोलियाँ चलाई गईं और पाँच-छः भाई जानसे हाथ धो बैठे, जो घायल हुए हैं उनकी संख्या बहुत अधिक है। अस्पतालमें कई मजदूरोंके शरीरको चीरकर गोलियाँ निकाली गई हैं। शहीदोंकी लाश इलमोर कोठीसे १८-२० मीलके फासलेपर जॉर्जटाउन लाई गई थी। जब वे लाशें जॉर्जटाउन शहरके पास पहुँची तो पुलिसके इन्सपेक्टर जनरलने उनको उधरही रोक देने का प्रयत्न किया था किन्तु भारतीय जनताका जोश और रोष देखकर पुलिसको अपनी हरकतसे बाज आना पड़ा। वे लाशें जॉर्जटाउनके मरघटमें ही दफनाई गईं।

ब्रिटिश गायनामें मुर्देको जलाना वर्जित है। दक्षिण अफ्रिकामें प्रवासी भारतीयोंपर यद्यपि अनेक प्रकार के राजनीतिक अत्याचार होते रहते हैं तो भी उनकी धार्मिक और सांस्कृतिक कार्योंमें कोई बाधा नही डाली जाती है। जोहान्सबर्ग, डरबन, पीटर मेरित्सबर्ग आदि दक्षिण अफ्रिकाके सभी मुख्य मुख्य नगरोंमें श्मशान हैं जिनमें हिंदूही नही, अनेक श्वेताङ्ग भी हरसाल फूँके जाते हैं। डरबनमें तो श्वेताङ्गोंने भी एक श्मशान बनाया है, यहाँ बिजलीकी शक्तिसे मृतक संस्कार होता है। संसार इस बातको स्वीकार कर चुका है कि मृतकके शरीरको गाड़नेकी अपेक्षा जला देना श्रेयस्कर है, पर ब्रिटिश गायना तो 'लोकमें मथुरा न्यारी' की कहावत चरितार्थ कर रहा है। भारतीयोंके बारबार प्रार्थना करनेपर भी ब्रिटिश गायना और ब्रिटिश वेस्ट इंडीजकी सरकार कोई ध्यान नहीं देती है। तरह तरहके बहाने बनाकर इस सवालको दबा दिया जाता है। वहाँके भारतीय अब दाह प्रथाको भूलते जा रहे हैं और अगली एक दो पीढ़ीके बाद फिर कोई इसकी चर्चाही नही करेगा।

खैर, पं० रामजी लालकी चिट्ठीसे यह भी विदित हुआ कि हमारे पुरारे मित्र पं० ऋषि रामजी, बी. ए., ब्रिटिश गायनामें वैदिक धर्म प्रचारार्थ पहुँच गये हैं। जॉर्जटाउनमें डाक्टर लक्ष्मण सिंहके घर पर मेहमान थे, डाक्टर साहब जन्मके ईसाई है और सच बात तो यह हैं कि डमरारा और ट्रिनीडाडमें कोई विरला शिक्षित व्यक्ति हिंदू रह गया है, बाकी सबके सब ईसाई हो गये हैं। वहाँ गन्नेकी जितनी कोठियाँ हैं वहाँ ईसाइयों के सिवा और किसीको धर्म प्रचारकी सहूलियत और इजाजत नहीं है। कहीं-कहीं तो हवन तथा पूजा पाठ भी मनाही है। इधर जबसे पं० अयोध्या प्रसादजी, पं० भास्करानंदजी, एम. ए., पं० नारायणदत्तजी आदि आर्य धर्म प्रचारार्थ गये हैं तबसे ईसाई पादरी चौकन्ना हो गये हैं। उनकी धारणा है कि वैदिक धर्म प्रचारका फल यह होगा कि उनका बना-बनाया माल ढह जायगा। इस लिये वे नाना प्रकारकी रुकावटें डाल रहे हैं और वहाँकी सरकार भी उनको अप्रत्यक्ष रुपसे प्रोत्साहन और सहायता देती है।

हमें यह जानकर बड़ा संतोष हुआ है कि डाक्टर लक्ष्मण सिंह (जिसके घरपर पं० ऋषिरामजी ठहरे हैं) और डाक्टर जगन आदि हडताल करनेवाले मजदूरोंकी सहायता कर रहे हैं। पिछले सालके १५ अगस्तको भारत की स्वाधीनताकी घोषणाके बाद वहाँ के गौराङ्गोंका रुख बदल गया है और भारतीय मजदूरही उनके कोपका शिकार हो रहे हैं। जिस भारतको वह अपनी पुश्तैनी जागीर और भारतीयोंको अपना जरखरीद गुलाम समझते थे उनको अब एक स्वतंत्र राष्ट्रके रुपमें देखकर

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

निवास नीच करतूती, देख न सकहि पराइ विभूति" की लोकोक्ति चरितार्थ कर रहे हैं।

गत २२ जूनको लंडनमें भारतीयोंकी एक सभा हुई थी जिसमें वहाँके भारतीयोंके भिन्न भिन्न राजनीतिक सभाओंके प्रतिनिधि सम्मलित हुए थे। इस सभामें एक प्रस्ताव पास कर ब्रिटिश गायनाकी सरकारकी वहाँके प्रवासी भारतीयोंके प्रति अत्याचार मूलक प्रवृत्तिकी घोर निन्दा की गई। स्वराज-भवनके मंत्री श्री के. एल. जालीने कहा कि डमरारामें प्रवासी भारतीयोंकी अवस्था अत्यंत त्रासदायक है। उन्होंने भारत सरकारसे प्रार्थना की कि वहाँके भारतीयोंपर जो जुल्म हो रहा है उसको रोकनेके लिये शीघ्र कदम उठाना चाहियें। प्रस्तावकी कॉपी ब्रिटिश और भारतीय प्रधान मंत्रियोंके पास भेजी गई। वास्तवमें करीब तीन मासले वहाँ हड़तालकी आग लगी हुई है और अब तो गोली चलाकर मजदूरोंकी हत्या करनेकी भी नौबत आ पहुँची है।

ब्रिटिश गायना और वेस्ट इंडीजके कमिश्नर।

"प्रवासी" के गताङ्कमें हम यह लिख चुके हैं कि भारत सरकारने फिजीके लिये श्री एस. ए. वाइज़को और मोरिशसके लिये श्री धर्मयश देवको कमिश्नर नियुक्त किया है। अब हमें सूचना मिली है कि ट्रिनीडाड और डमरारा के लिये श्री सत्याचरणजी शास्त्री एम. ए. कमिश्नर मनोनीत हुए है और वे भारतसे अपने निर्दिष्ट स्थानके लिये प्रस्थान भी कर चुके हैं। श्री सत्याचरणजीके मार्गमें अनेक बाधाएँ आईं, पर अन्ततः उनकी इच्छा पूरी होकर रही। वे आर्यसमाजके प्रचारककी हैसियतसे ट्रिनीडाडमें कुछ समय प्रवास भी कर चुके हैं और ट्रिनीडाड, डमरारा, जमैका, सेण्ट लूशिया, सुरीनाम आदि उपनिवेशोंके भारतीयोंकी परिस्थितिसे पूर्णतया परिचित भी है। इधर वर्षोंसे वे अखिल भारत काँग्रेस कमेटीके प्रवासी-विभागमें काम कर रहे थे इस लिये भिन्न भिन्न देशोंमें बसे हुए भारतीयों की अवस्थाकी अच्छी जानकारी रखते हैं।

लंडनमें श्री सत्याचरणजीने ब्रिटिश औपनिवेशिक मंत्री श्री आर्थर क्रिच जान और कलोनियल आफिसके अन्य अधिकारियोंसे मुलाकात की थी। वहाँसे वे वायुयान द्वारा ट्रिनीडाडके 'पोर्ट ऑफ स्पेन' में ३१ जुलाईको पहुँच जायँगे जहाँ उनका मुख्य कार्यालय होगा।

हमें आशा है कि सत्याचरणजी डमरारा, ट्रिनीडाड, सुरीनाम, जमैका और सेण्ट लूशियाके प्रवासी भारतीयोंके अंधकारपूर्ण जीवनमें भारतीय संस्कृतिका दीपक जलाकर भारतसे उनका सम्बंध दृढ़ बनावेंगे। उन उपनिवेशोंमें आर्यसमाजका संदेश बहुत देरसे पहुँचा, इस लिये वहाँके प्रवासी भाई बहुत बड़ी संख्यामें ईसाई हो गये हैं और विदेशोंके भारतीय ईसाइयोंमें यह दोष पाया जाता है कि वे धर्मके साथही अपनी संस्कृति, भाषा, आदर्श और रहन-सहनको भी तिलांजलि दे बैठते हैं जो भारतीयताके लिये विघातक है। उनको अपने हिंदुस्थानी नामसे भी नफरत हो जाती है और वे अंग्रेजी नाम धारण करनेमें बडप्पन समझते हैं। जब कलकत्ताके विशप और भारतके सर्वोपरि धर्माधिकारी डाक्टर वेस्टकोट दक्षिण अफ्रिका गये थे तो वे ईसाई महिलाओंके शरीर पर अंग्रेजी पोशाक देखकर बड़े खिन्न हुए थे और उन्होंने भरी सभामें उनको फटकार बताई थी। उन्होंने भारतीय ईसाइयोंको यही उपदेश दिया था कि उनको अपनी संस्कृति, भाषा, पोशाक और रहन सहनको सूमकी सम्पति की भाँति रक्षा करनी चाहिये, भारतीयताको त्यागकर वे धोबीके कुत्तेकी तरह न घरके कामके लायक रहेंगे और न घाटके।

पूर्व अफ्रिकामें भारतीय कमिश्नर।

फिजी, मोरिशस और वेस्ट इंडीजके सिवा पूर्व अफ्रिकामें भी भारत सरकारने अपना कमिश्नर नियुक्त किया है। वहाँके लिये एक ऐसे सज्जन मनोनीत हुए है जिनका नाम हमने पहले कभी नही सुना था। जिन महाभागोंने प्रवासी भारतीयोंके मामलेमें कुछ भी अनुराग दिखाया है, कमसे कम उनके नामसे तो हम अवश्य परिचित है। इस लिये जब हमने यह सुना कि श्री अप्पा साहब पंत ब्रिटिश पूर्व अफ्रिकाके कमिश्नर मनोनीत हुए हैं तो हमें आश्चर्य हुए बिना न रहा। यह जानकर कि हमारे प्रधान मंत्री पं० जवाहरलाल नेहरुने स्वयं उनको इस पदके लिये पसंद किया है, हमें संतोष ही नही, यह विश्वास भी हो गया कि वे इस गुरुतर भारको वहन करने में समर्थ हैं। श्री अप्पा साहब महाराष्ट्रके किसी राजवंशके सामंत है। इस समय पूर्व अफ्रिकाके भारतीयोंकी हालत बड़ी नाजुक हो रही है वहाँ जो नया इमिग्रेशन कानून बन रहा है वह भारतीयोंकी हस्ती मिटानेमें अणुबमका काम देगा। अबतक वहाँ आने जानेमें कोई रुकावट न

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

थी। लड़ाईके जमानेमें कुछ प्रतिबंध लगाया गया था पर वह युद्ध जनित परिस्थितिका परिणाम था। अब तो ऐसी कुचेष्टा हो रही है कि पूर्वीय अफ्रिकाका दरवाजा भारतीयोंके लिये खुला न रहे। वहाँके प्रवासी भारतीयोंमें काफी राजनीतिक जागृति है और वे इस कानूनका जबर्दस्त विरोध कर रहे हैं। आशा है कि वे श्री अप्पा साहबके सहयोगसे अपने आंदोलनमें सफल होंगे।

दूसरी जो बड़ी और विकट समस्या पूर्व अफ्रिकाके प्रवासी भाइयोंके सामने आ पड़ी है वह है मतांध मुसलमानोंकी कलुषित मनोवृत्ति। वे वहाँ पृथक निर्वाचनकी माँग कर रहे हैं और ब्रिटिश सरकार तो उनकी माँगको मंजूर करनेको तैयार ही है। केनियाकी धारा सभामें एक कानून पास कर दो मुस्लिम सदस्य चुननेकी व्यवस्था कर भी दी गई है—एक नैरोबीसे और दूसरा मोम्बासासे। अंग्रेज तो भेदनीतिके अग्रनेताही ठहरे, वे भला मुसलमानों की इस अनुचित माँगकी कैसे उपेक्षा कर सकते हैं? कुशल यही है कि धारा सभामें दो मुस्लिम सदस्योंके निमित स्थान सुरक्षित रखनेके लिये जो कानून बना है वह मियादी है और दिसम्बर १९४९ तकही वह कायम रहेगा। पर इसके बाद उसे स्थायी बनानेमें ब्रिटिश सरकारको कहाँ देर लगेगी बशर्ते कि मुसलमान अपने पृथक निर्वाचनकी माँगपर डटे रहें। यदि वहाँके मुसलमानोंने अपनी जिद न छोड़ी तो परिणाम बड़ा घातक होगा। इससे जहाँ प्रवासी भारतीयोंकी शक्ति क्षीण हो जायगी वहाँ मुसलमानोंका भी भारी नुकसान होगा। भारतीय जनतासे पृथक हो जानेपर नगण्य अल्पसंख्यक उनकी परिगणना होने लगेगी और फिर उनकी पर्वाह ही कौन करता है। पर इन मतांधोंमें बुद्धि कहाँ? वे अपनी अलग डेढ़ चावलकी खिचड़ी पकानेके लिये हठ बाँध बैठे हैं। हमारे कमिश्नर श्री अप्पा साहबका कर्त्तव्य है कि वे मुसलमानोंकी मनोवृति और ब्रिटिश सरकारकी नीतिका तीव्र प्रतिवाद करें। पूर्वी अफ्रिकाके सारे मुसलमान हिंदुस्थानकी प्रजा है और उनकी बेजा हरकतको रोकनेका भारत सरकारको पूरा अधिकार है। उनमें जो पाकिस्तानी मनोवृत्तिका पोषण और प्रदर्शन करें उनके नामकी सूची तैयार कर ली जावे और उनको परिवार सहित भारतके नागरिक अधिकारसे वंचित कर दिया जाय।

THE SWADESHI COTTON MILLS CO. LTD., KANPUR

Managing Agents:

Jaipuria Brothers Limited.

दी स्वदेशी काटन मिल्स कम्पनी लिमिटेड, कानपुर।

मनैजिंग एजन्ट्स—

जयपुरिया ब्रादर्स लिमिटेड।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सात्विक जीवन ।

हिंदीका सर्वोपयोगी मासिक पत्र । उद्देश्य—शुद्ध एवं सात्विक जीवनका निर्माण । गंभीर गवेषणापूर्ण लेख एवं मर्मभेदिनी कविताओंसे आलंकृत । समाजमें चरित्र-गठनका संदेशवाहक । ईश्वरभक्ति, कर्तव्य-बोध, धर्माभिमान, देशसेवा, समाज संस्कार एवं आत्मोन्नतिका पथ-प्रदर्शक । वार्षिक मूल्य देशके लिये ३) रुपया और विदेशों के लिये केवल ६ शिलिंग ।

सात्विक-जीवन ग्रंथ माला ।

ओम् प्रणव रहस्य ।

श्रीस्वामी शिवानंदजी महाराजकी लिखी हुई यह पुस्तक अपने ढंगकी अद्वितीय है । ओम्की व्यापकता, श्रेष्ठता और महत्तापर उत्कृष्ट रचना । थोड़ीसी प्रतियाँ शेष हैं । इन अनमोल ग्रंथके कागज और मुद्रणका मूल्य केवल दस आना, सजिल्द बारह आना ।

सचित्र हठ योग ।

संसारके सुखोंमें स्वस्थ शरीरही सर्वोपरि सुख है । स्वस्थ शरीरमेंही सबल मन बसता है । यदि आप अपनी खोई हुई शारीरिक शक्तिको पुनः प्राप्त करना चाहते हैं और वह भी पैसे खर्च किये बिना तो योगके अनुभूत उपायोंका आश्रय लें । इस पुस्तकमें प्रतिपादित योगके नियमों और आसन व्यायामोंका अभ्यास करनेसे आपका मन तेज और तन तारुण्यसे चमक उठेगा । सुंदर, सचित्र, सजिल्द पुस्तक का दाम केवल दो रुपया ।

वैराग्यके पथपर ।

मानवी जीवनका उद्देश्य बहुत ऊँचा है । जिसको भूलकर और विषय-वासनाओंमें फँस कर लोग पतित हो जाते हैं । इस ग्रंथमें जीवनको उन्नतिके शिखरपर ले जानेके अनुभूत उपाय बताये गये हैं । विश्वके अशांत एवं दुखद वातावरणमें विचरते हुए भी मनुष्य शांति और सुखका अनुभव कैसे कर सकता है, यह जाननेके लिये इस पुस्तकको पढ़ना चाहिये । सुंदर सजिल्द ग्रंथका मूल्य केवल एक रुपया ।

मन और उसका निग्रह (दो भाग) ।

मनकी चंचलता किसीसे छिपी नही है । अतएव उसको अनियंत्रित रूपमे छोड़ देनेसे जहाँ वह मनुष्यको पतनके गहरे गर्त्तमें गिरा देता है, वहाँ उसको वश में लाकर सुपथ पर चलानेसे वह मनुष्यको उत्कर्षके सर्वोच्च सोपानपर पहुँचा देता है । मनके वशीकरण बिना अभीष्टकी सिद्धि असंभव है । यदि आप मनको वशमें रखना चाहते हैं तो इस ग्रंथके दोनों भाग को एकवार अवश्य पढ़े । सुंदर सजिल्द दोनों भागका मूल्य क्रमशः एक और तीन रूपया है अर्थात कुल चार रुपया ।

हमारा ज्ञानवर्धक प्रकाशन :—

(१) ब्रह्मचर्य नाटक.....	॥)
(२) अध्यात्मिक शिक्षावली (प्रथम खण्ड).....	।॥)
(३) " " (द्वितीय ").....	॥।)
(४) सचित्र हठयोग (सजिल्द).....	२)
(५) स्वामी शिवानंदकी जीवनी व उनके उपदेश (अंग्रेजी).....	१॥)
(६) मन और उसका निग्रह (प्रथम खण्ड).....	१)
(७) " " (द्वितीय ").....	३)
(८) ओ३म (प्रणव रहस्य).....	॥=)
(९) वैराग्यके पथपर	१)
(१०) जीवन सौरभ.....	।=)
(११) मानव जीवनका रहस्य.....	।=)
(१२) राष्ट्रीय जागरणका इतिहास.....	।)
(१३) देशके नौनिहालोंसे.....	=)
(१४) सदाचारका महत्व.....	=)
(१५) काँग्रेसके सभापति.....	।)
(१६) काँग्रेस चार्ट.....	।)
(१७) स्वास्थ्य पत्र.....	।)

हमारी लोकप्रिय डायरियाँ तथा कैलेंडर जो प्रतिवर्ष बड़े सज-धजके साथ निकलते हैं :—

(१) राष्ट्रिय डायरी ।	१॥)
(२) जनरल डायरी ।	१)
(३) सदाचार डायरी ।	१=)

मिलनेका पता :—

जनरल प्रिन्टिङ्ग वर्क्स लिमिटेड ।

८३ पुराना चीना बाजार स्ट्रीट,
कलकत्ता ।
फोन न० २१०४ बड़ाबाजार । तारका पता: भाईकाशी ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आर्य साहित्य मण्डल लि० अजमेर की

कुछ नई पुस्तकें

१. पातञ्जल योगप्रदीप— लेखक श्री स्वामी ओमानन्दजी महाराज। इसग्रन्थ में योगदर्शन व्यासभाष्य, भोजवृत्ति और योगवार्त्तिक के भाषानुवाद के साथ-साथ श्री स्वामीजी महाराज ने अपने क्रियात्मक अनुभव के आधार पर अनेक ऐसी बातों का समावेश किया है, जिससे योगमार्ग में लगने वाले नये व्यक्ति की अनेक कठिनाइयां दूर हो जाती हैं। इस संस्करण में पहले की अपेक्षा बहुत अधिक वृद्धि की है। २०×२६=८ पेजी के लगभग ८०० पृष्ठ, तथा योगासनों के अनेक चित्र भी दिये गये हैं। मूल्य १२) रुपया।

२. वैदिक अध्यात्म सुधा— ले० श्री पं० प्रियरत्नजी आर्ष (स्वामीब्रह्ममुनिजी) अध्यात्मविद्या के प्रेमियों के लिये अत्यन्त लाभप्रद। मूल्य ॥)

३. रामायणदर्पण—ले० श्री ब्रह्ममुनिजी। इस में वाल्मीकीय रामायण के आधार पर राम, भरत, लक्ष्मण आदि प्रत्येक व्यक्ति का चरित्रचित्रण और उस समय की धार्मिक सामाजिक और राजनीतिक अवस्था का चित्रण किया है। पुस्तक अत्यन्त उपयोगी है। मूल्य ॥।)

४. हैदराबाद सत्याग्रह का रक्तरञ्जित इतिहास—आर्यसमाज ने सन् १९३९ में दक्षिण हैदराबाद में जो महान् सत्यग्रह किया था, उसका पूरा-पूरा वर्णन किया गया है। पृष्ठ संख्या ४००, चित्र सं० १०० से ऊपर, मूल्य ३)

५. युद्धनीति और अहिंसा—ले० श्री डा० सूर्यदेवजी शर्मा। भारत की वर्तमान राजनीतिक परिस्थिति से सम्बन्ध रखने वाला अत्यन्त उपयोगी और सामयिक ग्रन्थ, मूल्य १) रुपया।

६. संस्कृतवाक्य प्रबोध—महर्षि दयानन्द सरस्वती। इस संस्करण में सं० वा० प्र० पर किये आक्षेपों का उत्तर भी छापा है। मूल्य ।=)

७. सन्धिविषय—शुद्ध सुन्दर और छात्रोपयोगी टिप्पणियों के सहित। मूल्य ॥।)

यजुर्वेद मूल गुटका १।), सामवेद मूल गुटका १।), आर्यपर्वपद्धति १॥), वैदिक मनोविज्ञान ।), खूनी इतिहास ॥=), भयानक षड्यन्त्र ।), खतरे का घण्टा ।=) खतरे का बिगुल ॥), विश्वासघात ॥), जीवन-पथ ।=), धार्मिक शिक्षा १ से १० भाग ४), पंचमहायज्ञविधि ।), गोकरुणानिधि =), महर्षि का जीवनचरित्र बृहत् [दो भाग] १०)।

चारों वेद सरल हिन्दी अनुवाद सहित

सम्पूर्ण १४ जिल्दों में मूल्य ७० रुपये

उत्तम छपाई, बम्बई-निर्णयसागर-टाईप, सफ़ेद चिकना काग़ज़, डबल क्राउन १६ पेजी के सुलभ आकार में

इष्ट मित्रों के लिये पवित्र उपहार, पुस्तकालयों और घर की अलमारियों का सुन्दर भूषण, विवाहों और अन्य धार्मिक अवसरों पर देने के लिये आदर्श भेंट, छात्रों के लिये पवित्र पारितोषिक और नित्य आत्मिक आनन्द तथा पुण्य-कर्त्तव्य पालन करने का अपूर्व साधन।

अनुवाद आचार्य सायण, महीधर, महर्षि दयानन्द, पं० तुलसीराम स्वामी, पं० ज्वालाप्रसाद, विवरणकार माधव आदि वेदभाष्यकारों को समक्ष रखकर ब्राह्मणग्रन्थ, उपनिषद्, आरण्यक, निरुक्त, व्याकरण आदि आर्ष ग्रन्थों के आधार पर प्रमाण दर्शाते हुए आर्य वैदिक सिद्धान्तों के अनुसार कराया है।

सामवेद १ जिल्द ५) रु०, अथर्ववेद ४ जिल्द २०) रु०, यजुर्वेद २ जिल्द १०) रु०, ऋग्वेद ७ जिल्द ३५) रु० प्रत्येक जिल्द लगभग ८०० पृष्ठों की पूरे कपड़े की बंश्री हुई सुनहरे अक्षरों सहित है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जोधपुर कमर्शियल बैंक लिमिटेड

(जोधपुर स्टेटमें स्थापित: सभ्यों की जिम्मेदारी सीमित है।)

चैयरमैन—श्री नारायणलाल बंसीलाल

चुक्ता मूलधन ..... रु० ५०,००,०००.

रिज़र्व फंड रु० ३,५०,०००.

बैंककी शाखाएँ:—

मारवाड़ : जालोरी गेट, जोधपुर, स्टाक एक्सचेंज, श्री रघुनाथजीका मंदिर, घासमंडी; जोधपुर सिटी; कुचामन सिटी, नागोर, मेरता सिटी, पाली, रानी, बारमर (मारवाड़)

बंबई : ५३ टेमरिण्ड लेन, फोर्ट; २०७ कालबा देवी रोड, गांधी चौक, कल्याण; ११८–१२२ काजी सैयद स्ट्रीट, माण्डवी, म्युनिसिपल बिल्डिंग, भिवण्डी (जी० थाना) थाना-जामली नाका, ६६०९ किंग्सवे, सिकन्द्राबाद।

अहमदाबाद: मस्कती मार्केट। कलकत्ता: १-१ मिशन रो, और ५७ नेताजी सुभाष रोड।

मद्रास: २६, गोविन्दप्पा नायिक स्ट्रीट, जी. टी. मद्रास।

चालू डिपाजिट खाता : चालू डिपाजिट खाते में रु० १,००,००० तक के दैनिक बाकी रकम पर १।४ सैकड़ा वार्षिक ब्याज मिलेगा। बड़ी रकमों पर खास निश्चित ब्याज दिया जायेगा।

निश्चित अवधि के डिपाजिट : एक वर्ष अथवा उससे कम समय के लिये लिया जाता है। दर आवेदन करने पर प्राप्त हो सकता है।

सेविंग बैंक खाता : दैनिक बाकी रकम पर १ प्रति सैकड़ा के हिसाब से अथवा मासिक बाकी पर डिपाजिटरोंके साथ तय शर्तों के अनुसार वार्षिक १॥ प्रतिशत के हिसाब से ब्याज दिया जायगा। रु० २०,००० तक पर ५ से भाग दी जा सके इतनी रकम पर ब्याज दिया जायगा। खाता खोलने वाले सप्ताह में दो वार अधिक से अधिक रु. १०००)तक निकाल सकेंगे।

लोन, ओवर ड्राफ्ट और कैश क्रेडिट : मान्य जामिनों पर उधार दिया जाता है।

सेफ कस्टडी के लिये रखी गयी तमाम जामिनगीरियोंपर डिविडेण्ड एवं ब्याज बैंक वसूल करता है।

बैंक सरकारी जामिनगीरियों तथा पब्लिक कम्पनियों के शेयरों की खरीद बिक्री का काम भी लेता है।

बैंक सम्बन्धी सब प्रकार का कारोबार किया जाता है।

सी. एच. दीवानजी,—मैनेजर.

मनोरंजनप्रद सामयिक पुस्तकें:—

राष्ट्र-निर्माणके युगमें क्रान्तिकारी विचारधाराओंसे ओत-प्रोत राष्ट्रीयताका प्रतिनिधित्व करनेवाली अपने ढंगकी तीन अनुपम पुस्तकें—

अन्तिम इच्छा १५ कहानियोंका संग्रह, सजिल्द मू० १॥)

नवजीवन १७ कहानियोंका संग्रह सजिल्द मू० २)

अनुष्ठान मौलिक क्रांतिकारी सामाजिक उपन्यास सजिल्द मू० ३॥)

भारतकी उच्च कोटिकी पत्र-पत्रिकाओं द्वारा प्रशंसित इन पुस्तकोंमें आप वर्त्तमान युगकी उलझी हुई गुत्थियोंका हल पाएंगे, साथ ही बेकारके क्षणोंमें मनको प्रसन्न करनेवाली सामग्री भी मिलेगी।

एक साथ तीनों पुस्तकें ५।) रु० में

डाक व्यय सहित।

शीघ्र प्रकाशित होगी ऑर्डर भेजें।

भव्य कलापूर्ण अनुपम डायरियां (१९४९)

(१) हिन्दुस्थान डायरी (सजिल्द) (२०×२६) ३२ पेजी
(२) कांग्रेस डायरी ,, ,, ,, ,,
(३) गांधी डायरी ,, ,, ,, ,,
(४) नवजीवन डायरी ,, ,, ,, ,,

थोक खरीदारोंको विज्ञापनकी विशेष सुविधाएं, दुकानदारोंको कमीशन २५) रु० प्रतिशत।

दि बंगाल प्रिंटिंग वर्क्स

२१, सिनागाग स्ट्रीट, कलकत्ता।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri
Registered No. N. 1043

Travel by Sea or Air

Tel. Add. "Colonial" Phone: 23313

ISMAILBHAI VAHED & SON.

Passenger & Commission Agents

Behram Mahal, Dhobi Talao, Kalbadevi Road,

P. O. Box 2022. BOMBAY, 2.

BRANCH: Station Road, SURAT.

Station Road, NAVSARI.

POPATLAL & CO.

General Merchants & Commission Agents

Exporters and Importers

P. O. Box 1122, Lourenco Marques,

Portuguese East Africa.

Morarjee Jivanjee & Co.

IMPORTERS & EXPORTERS

General Merchans

Tel. Add. JIVANJEE, P. O. BOX 837,

Lourenco Marques, P. EAST AFRICA.

J. MAGANLAL & Co.,

Brokers & Agents.

15-A, Victoria Street, DURBAN,

P. O. Box 1582, Tel.Add. "Guythri",

Natal, South Africa.

D. ROOPANAND BROS.

Music Saloon & Booksellers

Sole Agent for Rama Flute Harmoniums

AND

Hindustani Records

Cable Add. ANAND, Durban,

P. O. Box 2524. 85 Victoria Street,

Durban, Natal, South Africa.

B. KAKOOBHAI & CO. LTD.

General Produce Merchants

AND

Commission Agents

Tel. Add. RICHNESS. P. O. Box 675

Rua Araujo No. 82, Lourenco Marques,

Portuguese East Africa.

R. B. Maharaj & Sons

Land, Estate and General Agents

Chief Agent:

British America Assurance Company.

Agent:

Sun Life Assurance Co. of Canada.

General Business Consultants, Book-keepers and Secretaries.

Loan negotiated and Account collected.

Landed properties sold & purchased.

335 Church Street, Pietermaritzburg,

Natal, Union of South Africa.

Dayal Brothers

High Class Tailors & General Dealers

61 Victoria Street, Durban,

Natal, Union of South Africa.

KASHAVLAL MORARJEE

General Merchant

P. O. Box 515, Lourenco Marques,

Portuguese East Africa.

PATEL & CO.

General Merchants

P. O. Box 350, Lourenco Marques,

Portuguese East Africa.

RAMJI RAGHUNATH

Building Contractor

P. O. Box 660, Lourenco Marques,

Portuguese East Africa.

LALOOBHAI BHULABHAI

Farmer & General Dealer

P. O. Box 944, Lourenco Marques,

Portuguese East Africa.

M. P. SINGH & BROS.

General Merchants

P. O. Esikoleni, Edendale,

Natal, South Africa.

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

Published by Bhawani Dayal Sannyasi from Pravasi-Bhawan, Adarshngar, Ajmer, India.
Printed by Mathura Prasad Shivahare at the Fine Art Printing Press, Srinagar Road, Ajmer.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रवासी

PRAVASI

गुरुकुल कांगड़ी

वर्ष १

अंक ७

Thambi: "Are you joking, Gopi? I don't like my goddess attacked. She hasn't forsaken her country Madras, nor her worshippers there. She has an unlimited power over all. She will be found every where whenever her presence is required by her true devotees."

Gopi: "Oh, I beg your pardon. You see, it is my head which is a bit dull. But now I understand that her head-quarters are still in Madras, but during Good Friday she makes a special trip to Natal to devour fowls at a terrific rate. Probably she has a strong taste for fowls. But please tell me when and how such a proud goddess came to Natal and selected Isipingo for her abode?"

Thambi: "Still sarcastic you are. You talk rot. You are an impertinent fool, Gopi. You don't understand the religious matters. However, let me explain to you the appearance of this great goddess at Isipingo. A few years ago, a Tamalian woman of religious nature had an amazingly wonderful dream. She dreamt that the evening was very remarkable in point of beauty and loveliness. The sun

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

had just set in the west with all its bright and million tinted rays. The thousands of visible stars had set their watch in the sky and a glorious full moon with its happy and gay countenance had begun to pour its broad flood of silver light over the village of Isipingo. In that heavenly atmosphere suddenly appeared our great goddess Mari-Amma and solemnly declared that she had arrived to save her people from trouble and tribulation, death and destruction. She said that a temple was to be immediately erected at Isipingo as she had selected that holy place for her abode in Natal, and that necessasy arrangements should be made for her worship. Early next morning that woman devotee revealed her dream to a number of people who gladly accepted the proposition. You will be surprised to know that our divine mother actually entered into the body of that woman devotee, made her the mediun of communication, and gave the necessary instructions regarding her temple and worship. In a very short period the temple was constructed and the yearly festival began with a great success."

Gopi: "Yes, I talk rot and I am an impertinent fool. You are quite right, Thambi. But you are a fanatic fool. That is the only difference between us. What a pity! The illiterate fanatics took the words of that woman for granted and followed her like a flock of sheep to worship that devil Mari-Amma, whose sadistical tendency chooses to destroy animal lives and whose thirst is for blood and infernal sacrifice. May I know why has she selected Good Friday for her worship instead of some Hindu holi-day? Or have her followers chosen that day because they get public holidays of three days on account of Easter Festivities? Thus it is convenient for her worshippers from far and near to make a trip and lay their offerings at the altar of that great fowl-eater."

Thambi: "I don't know. Perhaps you are right. But to her miraculous powers I have not the slightest doubt. It is a common belief amongst the masses that by offering a suitable sacrifice at her altar all difficulties disappear like majic. The barren woman can have children and the ailing persons can be restored to health. She is apparently held in highest esteem by our community, ever since she chose the spot at Isipingo for the human welfare."

Gopi. "You are surely an idiot, Thambi. You are the blindest

CC-BY. Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

fanatic I ever dealt with. You have lost your common sense, reasoning quality and power of judgement. How dare you say that such amazing powers have been invested in your Mari-Amma by the Almighty Parmatma who alone is the creator, preserver and destroyer of this universe. If this were the case no Hindu, at any rate those who worship Mari-Amma would be found unhappy. Why they have to suffer good deal more than any other section of the community? If Mari-Amma is such a powerful goddess, nearly equal to Parmatma, why have her followers and worshippers moving along the streets wrapped in rags, sallow faced, dull eyed and cadaverous? Why are they dying like flies by various kinds of diseases, and for lack of proper clothes, decent houses and adequate food? Show me anything good about your goddess Mari-Amma. So far I have seen nothing but wretchedness. Nay, this Mari-Amma affair constitutes a menace to our religious glory and national presiige. We should get rid of her as early as possible. This is only superstition supported by the ignorance of our people."

Thambi: "Absolute rot! Don't get out of your nuts, Gopi. Be a little sensible. Why on earth should Mari-Amma provide her followers with home, cloth, food and job? She only endows barren woman with beautiful babies and cures those who are suffering from various diseases. Do you know how many have benefitted by her benediction and bestowal?"

(To be continued.)

THE PRAVASI

AGENTS ABROAD

(1) The Desai Book Depot,
G. P. O. Box 160, Suva, Fiji.

(2) Girja Shankar Pratap,
News Agent,
P. O. Box 77, Lautoka, Fiji.

(3) Dayal Brothers,
Tailors & Booksellers,
61 Victoria Street, Durban,
Natal, South Africa.

QUALITY TRADING Co.

General Merchants
147 Brook Street, Durban,
Natal, Union of South Africa.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri



2% = 35%!

In India the area under cane is only 2% of the cultivated area, but it is equal to 35% of the world's sugar cane area.

Capital Invested .. .. over Rs. 33 crores.
Sugar Production in India over 13 lakhs Tons.

Per Capita consumption per year:-

in U.S.A. .. 97 lbs. per head
in U. K. .. 106 lbs. ,,
in India. .. 27 lbs. ,,

Persons engaged:-

Graduates .. over 3,000
Skilled & unskilled workers .. ,, 1,00,000
Cultivators .. ,, 2 crores.

All efforts should therefore be made to treble the production of sugar to assure the minimum caloric intake for everyone in the country. Will the Sugar Industry do it?

INSERTED BY

J. K. INDUSTRIES

IN THE INTEREST OF INDIAN INDUSTRIES

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सम्पादक—भवानीदयाल संन्यासी

वर्ष १ जून १९४८ अंक ७

महात्मा गांधीकी कुछ स्नेहमयी स्मृतियाँ ।

(३)

हड़तालका हथियार ।

जिस गाड़ीसे हम चार्लिस्टनको रवाना हुए, उसी गाड़ीमें केलनबेकके साथ बापू जोहान्सबर्गसे डरबन जा रहे थे। उनसे सलाह करनेका अच्छा मौका मिल गया, पर समय बहुत कम था। वाल्क्सरस्टसे चार्लिस्टन पहुँचने में गाड़ीको पाँच-सात मिनटसे अधिक नही लग सकती थी। इसी दरम्यानमें हमें कुछ निश्चय कर लेना जरुरी था। रुस्तमजी नायडू मुझे साथ लेकर बापूके डब्बेमें जा बैठे, हमारे साथी दूसरे डब्बेमें सवार हुए। हमने बापूसे निवेदन किया कि चार्लिस्टनमें भी हमारी गिरफ्तारीकी कोई आशा नही है, इस लिये यदि वे आज्ञा देवें तो हम न्यूकासल पहुँचकर मजदूरोंको हड़तालके लिये उभाड़े। बापूकी मुखमुद्रा कुछ गंभीर और चिन्तित हो उठी। फिर कुछ सोचकर वे बोले, "भारतीय मजदूरोंमें न शिक्षा है, न संगठन और न अपने अधिकारोंका ज्ञान ही। इस लिये तुम्हारी बातें सुनकर वे हड़ताल कर देंगे, इसकी तो आशा नही रखनी चाहिये। पर इससे एक फायदा जरुर होगा और वह यह कि खानदाले गोरे तुम्हारी हरकतको बरदास्त न कर सकेंगे और वे तुमको बर्जित क्षेत्रमें प्रवेश करने Tresspass का जुर्म लगाकर अवश्य गिरफ्तार करा देगें जिससे तुम्हारा मनोरथ तो पूरा हो जायगा।"

आखिर इस ढंगसे गिरफ्तार हो जानेकी बात तय हो गई। बापू तो डरबन चले गये। हम चार्लिस्टनमें उतर पड़े। यद्यपि एक भारतीय सिपाहीने आकर "पास" पूछा भी और उसने अपने बड़े साहबसे रिपोर्ट भी की कि ये लोग ट्रांसवालसे आ रहे है और इनके पास नेटालका "पास" नही है तो भी उसे यह देख कर आश्चर्य हुआ कि ऐसे संगीन मामलेमें भी साहब कुछ करने-धरनेको तैयार नही है।

वहाँसे हम न्यूकासल पहुँचे, एक सार्वजनिक सभा बुला करके हमने अपने न्यूकासल आनेका कारण और उद्देश्य लोगोंको समझाया और इसके बाद सबसे पहले रेलवे बारकपर धावा बोल दिया। मजदूरोंको हम यही समझा रहे थे कि जबतक तीन पौंडका टेक्स सरकार रद्द न कर देवे तब तकके लिये वे काम धन्धा छोड़कर हड़ताल बोल दें। ठीक उसी समय कुछ पुलिसके साथ स्टेशन मास्टर वहाँ

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आ पहुँचे और उसने थम्बी नायडू और मुझको अग्रनेता कहकर गिरफ्तार करा दिया। हमारे साथके स्त्री-पुरुषोंने भी गिरफ्तारीके लिये बड़ी कोशिश की पर उनको कामयाबी नही हुई। रात जेलमें कटी, सवेरे मामला चला और मजिस्ट्रेटने हमें दो-दो पौंड जुर्मानेकी सजा दी। जुर्माना देनेसे इन्कार करने पर भी हमें छोड़ दिया गया। ईश्वरका विधान बड़ा विचित्र है। बापूकी धारणा गलत साबित हुई। उसी दिन शामतक न्यूकासल, बरेली, फरेली आदि कोयलेकी खानके मजदूर हड़ताल कर बैठे। केलनबेक डरबनसे लौट आये थे। उसी रातको उनको साथ लेकर हम (थम्बी नायडू और मैं) बैलंगीच खानके लिये रवाना हुए। न्यूकासलसे घंटे भरमें गाड़ी बैलंगीच पहुँच जाती है। हमे गाड़ीसे उतर कर थोड़ी दूर जानेपर एक नाला मिला, वहाँ खानके मनैजरसे मुठभेड़ हो गई। उसे टेलीफोन से हमारी प्रवृत्तिकी खबर मिल गई थी और वह अपने सिपाहियोंके साथ लाठी लबादा तथा बंदूक लेकर नाले पर हमारे आनेका इंतजार कर रहा था। हमें देखतेही उसने ललकारा —"खबरदार, जो नाला इस पार आये तो तुम्हारी जानकी कुशल नही। इस रातको मेरे मजदूरों को बहकानेके लिये आना तुम्हारी बदमाशी और ढिठाईकी हद है।" हमने सोचा कि इस समय लौट जानाही बुद्धिमानी है। इस लिये केलनबेकने जबाब दिया कि "हम तो अपने भाइयोंसे मिलनेके लिये आये थे पर चूंकि आप रोकते हैं तो हम वापस जा रहे है, पर कल दिनमें अवश्य आवेंगे और फिर आपके हंटर और बंदूककी ताकत भी देख लेगें।"

हम न्यूकासल लौटकर सो गये। सबेरे उठकर जो तमाशा देखा उसे भगवानके चमत्कारके सिवा और क्या कह सकते हैं? बैलंगीचके औरत-बच्चे सहित सारे मजदूर, जिनकी संख्या एक हजारसे अधिक थी, हमारे डेरेके सामने विद्यमान थे। पूछनेपर उन्होंने अपनी राम कहानी इस प्रकार सुनाई—

"कल आधी रातको जब हमें यह खबर मिली कि हमारे नेता हमसे मिलनेके लिये बारकमें आना चाहते थे, पर मनैजरने उनको आनेसे रोक दिया है तो हमारे अंदर हलचल मच गई। हम सबने एकमतसे यह निश्चय कर लिया कि जब कि हमारे नेताओंको हमसे यहाँ नही मिलने दिया गया है तो हम लोग खुद न्यूकासल पहुँचकर उनसे मिलेंगे। उसी समय हमने न्यूकासलको कूच बोल दिया। मनैजरको यह खबर मिली तो वह हबशी सिपाहियोंको लेकर हमारे पास पहुँच गया और बारकमें लौट जानेका हुक्म दिया। हमारे इन्कार करनेपर वह हबशियोंके साथ हमपर टूट पड़ा और लगा हँटर और लाठियोंसे प्रहार करने। किसीका सिर फटा, किसीकी बाँह टूटी, किसीकी पीठकी खाल उधेड़ी गई। एक आदमी तो बंदूककी गोलीसे वहीं मर भी गया, कई घायल हुए। यहाँ तक कि औरतों पर भी बड़ी बेदर्दीसे मार पड़ी। मनैजरके इशारेसे वे हबशी जानवर औरतोंके झोंटे पकड़कर घसीटते और उनके कपड़े चीरकर नंगी कर डालते। मनैजर अपनी ताकत अजमाते थक गया पर हमें बारकमें वापस नही ले जा सका। हम जो ईश्वरका नाम लेकर चल पड़े तो न्यूकासल पहुँच कहीं ठहरे।"

मैं तो उनकी करुण-कथा और साथही वीर-गाथा सुनकर चकित रह गया और सोचने लगा कि इन अशिक्षित मजदूरोंमें यह विलक्षण शक्ति कहाँसे आ गई? इनमें यह अपूर्व चेतना तथा अपने प्रण पर मर मिटनेकी कामना ईश्वरीय प्रेरणाके सिवा और क्या है? यदि बापू आज यहाँ होते और इन मजदूरोंको देखते तो उनको अपनी धारणा बदलने पर मजबूर होना पड़ता। हुआ भी यही, बापू अबतक मध्यमवर्गके लोगोंमें ही विचरते और काम करते रहे, पर जब उन्हें मजदूरोंकी शक्तिका परिचय मिला, गरीबोंमें जो सचाई, इमानदारी और त्यागकी भावना उन्होंने देखी उससे उनके जीवनका नकशाही बदल गया। बापू सन १९०७ सेही ट्रांसवालमें सत्याग्रहकी लड़ाई चलाते रहे और अबतक कोई सफलता नही हुई थी पर इन मजदूरोंने अपने बलिदानसे बापूके गलेमें जयमाल पहना दी।

न्यूकासल और उसके आसपास हड़तालकी आग दवाग्निकी भाँति फैल गई। कोयलेकी खानोंने धुआँ उगलना बंद कर दिया। फेक्टरियोंमें ताले लग गये, कारीगरोंने औजार धर दिये। बाबर्ची और बैरे साहबको सलामी देना भूल गये, होटलोंमें चाय और खाना मिलना दुर्लभ हो गया। अस्पतालके अधिकारियोंपर भी आफत आ पड़ी पर अस्पतालके आदमियोंको हमने समझा-बुझाकर कामपर लौटा दिया। यहाँ तक नौबत आ पहुँची कि मेहतरोंने भी हड़ताल कर दी। शहरकी सफाई न होने सकनेके कारण मल-मूत्रकी सडाहँदसे न्यूकासल असलमें

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नरक बन गया और कोई भयंकर बीमारी फूट पड़नेकी आशंका होने लगी।

मेरी गिरफ्तारी

न्यूकासलमें हजारों हड़तालियोंकी भीड़ लग गई। बापूको खबर मिलतेही उन्होंने हमारी मददके लिये पोलक साहबको रुपये और रसदके साथ भेजा। वे १८ अक्टूबर को सवेरेकी गाड़ीसे न्यूकासल पहुँचे। उन्होंने हडतालकी सफलतापर मुझे बधाई दी। उनसे मालूम हुआ कि बापू हमारे कामसे बहुत प्रसन्न हैं। बापूकी और उनकी यह राय थी कि अब मुझे यथासंभव गिरफ्तारीसे बचनेकी कोशिश करनी चाहिये, वहाँसे फौरन हट जाना चाहिये और अन्य खानोंमें पहुँचकर हड़तालकी आग लगानी चाहिये।

मैंने उसी दिन वहाँसे कूच कर देनेका निश्चय कर लिया पर मेरी इच्छा पूरी न होने पाई। पोलकसे मिल कर ज्योंही बंगलेसे बाहर निकला त्योंही पुलिस सुप्रिन्टेंडेन्ट मेकडानल्डने मुझे गिरफ्तार कर लिया। उसी वक्त मुझपर मामला भी चला और तीन माह कड़ी कैद की सजा भी हो गई। तीसरे दिन जगरानी भी अन्य देवियोंके साथ जेलमें पहुँच गईं।

मैं तो जेलमें पहुँच गया। मेरे जेल-जीवनसे इस लेखका कोई सम्बन्ध नही है। तीन मास मैंने जेलमें बिताए, इस बीचमें नेटाल भरमें हड़तालकी धूम मच गई। मेरी गिरफ्तारीके बादही बापू न्यूकासल आ पहुँचे। वहाँ से वे दो हजार मजदूरोंका जत्था लेकर ट्रांसवालमें दाखिल हो गये। उनको भी गिरफ्तार कर लिया गया और साल भरके लिये जेलमें ठेल दिया गया। उनके बाद जत्थाका नेतृत्व करनेके अपराधमें पोलक और केलनबेक भी पकड़े गये और उनको भी तीन तीन मास कैदकी सजा हुई। जत्थेके सारे मजदूर गिरफ्तार करके नेटाल लाये गये और उनको छः छः मासके लिये कठोर कारावासका दण्ड दिया गया। हजारों हड़तालियोंके लिये जेलमें जगह कहाँ मिलती? इसलिये उनके बारकोंकोही जेल बना दिया गया। दंडित मजदूरोंको कैदीके रूपमें उन्हीं बारकोंमें रखा गया और उन्हीं खानोंमें उनसे काम लिया जाने लगा जहाँ वे हड़ताल्में शरीक होनेसे पहले रहते और मजदूरी करते थे। इस नीतिसे नेटालकी खानोंकी रक्षा की गई।

लगभग पचीस हजार मजदूरोंने हड़तालमें योग दिया। उनके साहस, शौर्य, संयम, देशानुराग और आत्मोत्सर्गसे दुनिया दङ्ग रह गई। स्वर्गीय गोखले अस्वस्थ होते हुए भी देशमें अलख जगाते फिरे और उन्होंने लाखों रुपये एकत्र कर सत्याग्रह-फण्डमें भेजे। वहाँकी सनसनीदार खबरोंसे भारतका लोकमत क्षुब्ध हो उठा। तत्कालीन वायसराय लार्ड हार्डिञ्जको अपने एक सार्वजनिक भाषणमें साफ साफ कह देना पड़ा कि दक्षिण अफ्रिका सरकारकी नीतिसे एक भीषण स्थिति उत्पन्न हो गई है जिससे हमारी सहिष्णुताका अंत आ गया है।

आखिर यूनियन सरकारका आसन डोला, उसे झख मारकर बापूको जेलसे छोड़ना पड़ा और उनसे संधिके लिये बातचीत करनी पड़ी। जनरल स्मट्सका आमंत्रण पाकर बापू उनसे मिलनेके लिये प्रिटोरिया गये। ठीक उसी समय सन १९१४ के जनवरीके तीसरे सप्ताहमें कैदकी अवधि पूरी करके जगरानीके साथ मैं डरबनके जेलसे छूट आया। कारामुक्त होते ही काका रुस्तमजीके दफ्तरमें प्रिटोरियासे बापूकी एक चिट्ठी मुझे मिली।

"इंडियन ओपिनियन" में।

लिफाफे पर बापूके अक्षर देखकर सोराबजीने उस चिट्ठीको मेरे हवाले करते हुए कहा था कि 'आप तो बड़े भाग्यशाली हैं जो जेलसे आतेही बापूके पत्र पानेके अधिकारी हुए।" उस पत्रको खोलकर पढ़ा तो आनंदसे उछल पड़ा। मेरे मनकी मुराद पूरी हो गई। बापूने मुझे आदेश दिया था कि मैं पिनिक्समें जाकर रहूँ और "इंडियन ओपिनियन" के हिंदी-अंशका सम्पादन करूँ। पत्रकार कलामें मेरा विशेष अनुराग था। उन दिनों मैं भागलपुरसे निकलनेवाली "आर्यावर्त" नामकी मासिक पत्रिकाका सहकारी सम्पादक था। वहींसे इस पत्रिकाको लेख भेजा करता था। पर "इंडियन ओपिनियन" जैसे लोकप्रसिद्ध पत्रके, जिसके सम्पादकीय-विभागमें बापू और पोलक जैसे महाभाग सम्मलित थे, संपादनका कार्य किसीके लिये भी गौरव-गर्वकी वस्तु हो सकती है। बापूकी चिट्ठीसे मेरी चिराभिलाषा पूरी हो गई।

पिनिक्समेंही मैने सम्पादन-कलाकी सच्ची शिक्षा पाई। मुझे इस बातका अभिमान था कि मैं पत्रकार कला का मर्मज्ञ हूँ पर यहाँ आनेपर मेरा अहंकार चूरचूर हो गया

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

औरमुझे विश्वास हो गया कि मैं इस कलाका अभी ककहरा भी नही जानता हूँ। हाँ, कुछ सीख लेनेका यह अच्छा मौका है। एकवार बापूने मुझे जनरल स्मट्सकी नीतिपर समालोचनात्मक लेख लिखनेकी आज्ञा दी। मैंने अर्द्धरात्रि तक जागकर एक लम्बा और लच्छेदार लेख तैयार किया और सबेरे उसे बापूके सामने पेशकर उनके फैसलेकी प्रतीक्षा करने लगा। बापू लेख पढ़कर पहले तो हँसे, फिर गंभीर होकर बोले, "लेख तो अच्छा है, इसके लिखनेमें काफी मेहनत की गई है, पर यह "इंडियन ओपिनियन" के अग्रलेखके योग्य नही बन सका। शब्दोंके घटाटोपमें भाव ऐसे ढँक गये हैं कि वे साधारण पाठकके लिये बोधगम्य नही रहे। थोड़ेसे थोड़े शब्दोंमें अधिकसे अधिक बात कहनाही लेखककी खूबी है। फालतू शब्दोंका व्यवहार करना मानो लेखन-कलाके साथ व्यभिचार करना है। जो कुछ कहना चाहो, सीधे ढंगसे सरल शब्दोंमें साफ-साफ कहो, उसे अलङ्कारके आवरणसे ढँको मत। दूसरी बात यह है कि इस लेखमें जनरल स्मट्सके विरुद्ध जो बातें लिखी गई हैं, क्या उन्हें तुम उनके मुँहपर कहनेका साहस कर सकते हो? यदि नही तो फिर तुम्हें उन बातोंके लिखनेका क्या अधिकार है? जब किसीकी नीति और प्रवृत्तिकी टीका करना जरुरी समझो तो यह कल्पना कर लो कि वह तुम्हारे सामने बैठा है और जो बात बिना किसी संकोचके तुम उसके मुँहपर कह सकते हो वही और उतनी ही लिखनी भी चाहिये, उससे एक शब्द भी अधिक नहीं। यह याद रखो कि एक सार्वजनिक अखबारमें जिसकी तुम टीका कर रहे हो, उसकी दृष्टिसे वह टीका गुजरे बिना न रहेगी। यह भी मत भूलो कि किसी नेताके विचारों और कार्योंकी आलोचना करना लोकहितके दृष्टिसे उचित हो सकता है पर उसपर व्यक्तिगत आक्षेप करना पत्रकारके लिये कलंक है।

बापूका यह उपदेश मेरे पत्रकार जीवनका मूलमंत्र बन गया। बापू अखबारको व्यापारका नही, लोकशिक्षा का साधन मानते थे। उपार्जनके जिस साधनके कारण लोकशिक्षा व्यापारकी वस्तु बन जाती है, उस साधनको ग्रहण करनेसेही बापूने इन्कार कर दिया। उन्होंने "इंडियन ओपिनियन" से सारे विज्ञापन निकाल दिये, इससे पत्रको भारी आर्थिक घाटा उठाना पड़ा। पर बापूने इसकी पर्वाह नही की।

बापू प्रथम श्रेणीके पत्रकार थे। पोलक "इंडियन ओपिनियन" के प्रधान संपादक थे, वे अंग्रेजीमें लिखा करते थे। छगनलाल गांधी और मगनलाल गांधी अंग्रेजी लेखोंका गुजराती अनुवाद किया करते थे। बापू भी आवश्यक विषयोंपर लिखा करते थे। मैं अनुवादक न था, स्वतंत्र रूपसे हिंदीमें जो उचित समझता, लिखा करता था, पर जो कुछ लिखता, प्रेसमें देनेसे पहले बापूको दिखा लिया करता था। बापू उनको देखकर अपनी राय दिया करते थे जिससे मुझे अपनी गलतियाँ समझनेमें बड़ी आसानी हो जाती थी और फिर मैं उनसे बचनेकी चेष्टा किया करता था। इस प्रकार बापूसे मुझे पत्रकार कलाकी थोड़ी बहुत शिक्षा मिली जो मेरे जीवनमें बड़ी उपयोगी सिद्ध हुई।

शुभकामना।

प्रवासी भवन आदर्शनगर, अजमेर भारतके प्रवासी भारतीयोंके परम शुभचिंतक स्वामी भवानी दयाल संन्यासीके संपादकत्वमें "प्रवासी" का प्रकाशन अभी हाल में आरंभ हुआ है। जिनकी चंद प्रतियां हमारे समक्ष हैं। इस पत्रको भारतसे दूर बसे भारतीय बंधुओंकी सेवा करनेके विचारसे ही जन्म दिया गया है। ऐसे समयमें जब कि हमारा स्वतंत्र भारतवर्ष अनेक घरेलू उलझनोंमें फंसा हुआ है, विदेशोंमें बसे भारतीयोंका "प्रवासी" भारतमें प्रतिनिधित्व करनेका एक उत्तम साधन सिद्ध होगा। सभी प्रवासी भारतीयोंके हृदयोंमें, चाहे वह हिंदू हो, मुसलमान हो, ईसाई हो, या अन्य किसी धर्म और जातिका क्यों न हो, स्वामीजीके प्रति गहरा विश्वास जड़ जमा लिया है, इसलिए उनके संपादकत्वमें निकलने वाले पत्र "प्रवासी" का सभी प्रवासी भारतीयोंके घरोंमें आदर होगा। हम "प्रवासी" का सादर स्वागत करते हैं और शांतिदूतके विशाल परिवारसे निवेदन करते हैं कि इस पत्रका ग्राहक बनकर प्रवासी भारतीयोंके हितचिंतक श्री स्वामी भवानी दयाल संन्यासीको अवसर दें कि वह प्रवासी भारतीयोंकी सेवा इस पत्रके जरिये भली प्रकार कर सकें।

—शांतिदूत, सूवा, फीजी।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दक्षिण अफ्रिकामें श्वेताङ्ग नीतिका नंगा-नाच ।

(६)

जनरल स्मट्सने संयुक्त राष्ट्र संघके आदेशको माननेसे इन्कार कर एक विकट परिस्थिति पैदा कर दी। जब हमारे प्रधान मंत्री पं० जवाहरलाल नेहरूने जनरलसे अनुरोध किया कि राष्ट्र संघके प्रस्तावके आधार पर गोल मेज परिषदकी आयोजना करके इस उलझन को सुलझा डालनाही उभय पक्षके लिये हितकर है तो जनरलने साफ जबाव दे दिया कि वे उस प्रस्तावको अस्वीकार कर चुके हैं, अतएव उसके आधारपर कुछ करने-धरनेको तैयार नही हैं क्योंकि उस प्रस्तावमें दक्षिण अफ्रिकाको दोषी ठहराया गया है, इस लिये उसके आधार पर बातचीत करना मानों स्वयं अपना अपराध अंगीकार कर लेना है। जनरलके खयालमें राष्ट्रसंघको उसके देशके आंतरिक मामलोंमें दखल देने और इस तरह उन पर हुक्म चलानेका कोई अधिकार नही है।

इस लिये भारत और दक्षिण अफ्रिकामें परस्पर समझौतेकी कोई बातचीत न हो सकी, पर एशिया और अफ्रिकाके करोड़ो प्राणियोंको यह आशा थी कि संसार संघ दक्षिण अफ्रिकाके गौराङ्गोंकी इस गुश्ताखीको बर्दाश्त न करेगा और उनके विरुद्ध कोई ऐसी कड़ी कार्रवाई होगी जिससे उनके होश-हवाश दुरुस्त हो जायँगे। इस लिये सबकी दृष्टि संसार-संघकी तरफ लगी हुई थी। पिछले सालके अंतमें संघका दूसरा अधिवेशन हुआ। इसबार जनरल स्मट्स संघकी बैठकमें स्वयं शरीक नही हुए, उन्होंने अपने सहकर्मी मिनिस्टर लॉरेन्सको दक्षिण अफ्रिकाके प्रतिनिधि मंडलका नेता बनाकर भेजा। भारतकी तरफसे श्रीमती विजय लक्ष्मी पंडितके नेतृत्वमें प्रतिनिधि मंडल न्यूयार्क (अमेरिका) पहुँचा।

यह मामला संघके सामने पेश हुआ और इस पर काफी वाद-विवाद हुआ। अमेरिका, इङ्गलेण्ड, आस्ट्रेलिया, फ्रांस आदि दक्षिण अफ्रिकाके पक्षमें हो गये, इन्होंने श्वेताङ्गोंके प्रभुत्व और गौरवको बनाये रखनेमें अपनी सारी शक्ति लगा दी। इसलिये जब श्रीमती पंडितने संघके सामने यह प्रस्ताव रखा कि संघके पूर्व प्रस्तावके आधार पर गोल मेज परिषद करके परस्पर समझौता कर लिया जाय तो अमेरिका और इङ्गलेण्डने इसका प्रचंड बिरोध किया। फल यह हुआ कि यद्यपि बहुमतसे प्रस्ताव पास तो हो गया पर उसे क्रियात्मक बनानेके लिये जो दो-तिहाई बहुमतकी आवश्यकता होती है वह इसबार भारतको नही प्राप्त हो सका। इस लिये प्रवासी भारतीयोंका मामला खटाई में पड़ गया।

राष्ट्रसंघ अपना निर्णय माननेके लिये दक्षिण अफ्रिकाको मजबूर न कर सका, इससे उसकी प्रतिष्ठा धूलमें मिल गई। इस संघसे विश्वशांतिकी जो आशा की गई थी वह मृगतृष्णाही सिद्ध हुई। उसने दक्षिण अफ्रिकाके विद्रोहके सामने झुककर अपनी मौतको निमंत्रण दे दिया है। इसी प्रकार लीग ऑफ नेशन्सका महत्व घटा था और अंतमें उसका विनाश हुआ। जब जापानने मंचूरिया पर, मुसोलिनीने अबसिनिया पर और हिटलरने आस्ट्रियापर हमला बोल दिया और फ्राँकोने स्पेनके प्रजातंत्रकी हत्या करनेकी ठान ली तो इसी प्रकार लीगमें भी वाद-विवाद एवं प्रस्ताव पास करनेके सिवा अत्याचारियोंके विरुद्ध कोई ठोस कार्य न हो सका था। परिणाम हुआ दूसरा विश्व युद्ध। हमारी धारणा थी की इसबारका संसार संघ पुरानी लीगकी भूलोंकी पुनरावृत्ति न करेगा और अत्याचारियों को उचित दण्ड देकर संसारकी शाँतिपर आँच न आने देगा। दक्षिण अफ्रिकाकी खुली बगावत संघकी सत्ता और महत्ताके लिये चुनौती थी पर उसके सामने संघने पीठ दिखाकर संसारके करोड़ों प्राणियोंको निराश कर

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दिया है। अभी काश्मीरके मामलेमें संघने जिस दूषित नीतिका प्रदर्शन किया है वह उसके पतनका प्रत्यक्ष प्रमाण है। संघ इस समय कुछ राष्ट्रों, विशेषतः अमेरिका और इङ्गलेण्डके इशारेपर नाच रहा है। उससे विश्वशांतिकी आशा रखना ही निरर्थक है। इधर दक्षिण अफ्रिका, फिलस्तीन और काश्मीरके मामलेमें संघकी नीति और प्रवृत्तिसे उसकी हस्तीही खतरेमें पड़ गई है, उसने अपने पैरोंपर आपही कुल्हाड़ी मार ली है, इससे जहाँ वह स्वयं पंगु बन बैठा है वहाँ विश्वका विश्वास भी खो दिया है। यदि उसका यही रवैया रहा तो निकट-भविष्यमें तीसरा विश्वयुद्ध अनिवार्य है।

इसबार राष्ट्रसंघमें हमारे प्रतिनिधि मंडलकी नीति और कार्यवाही कुछ अंशमें आपतिजनक रही है। प्रतिनिधियोंके चुनावमें जिस नीतिसे काम लिया जाता है वह देशहितकी दृष्टिसे उचित तो नही कहा जा सकता। पिछली वार और इस वार भी प्रतिनिधि मंडलमें कुछ ऐसे महाभागोंके नाम देखकर मेरे आश्चर्यकी सीमा नही रही जो दक्षिण अफ्रिकाकी समस्याका ककहरा भी नही जानते है पर चूंकि किसी तरह नेहरूजी तक उनकी पहुँच है इस लिये वे इस प्रतिष्ठाके पात्र बन गये। जिन पर नेहरूजीकी कृपादृष्टि नही है वे इस प्रश्न के विशेषज्ञ होने पर भी प्रतिनिधि मंडलमें नही चुने गये। उदाहरणके तौर पर श्री रामराव माधवराव देशमुखको ले लीजिये, जो दक्षिण अफ्रिकामें अभी हाल तक भारतके हाई कमिश्नर थे और वहांकी परिस्थितिसे पूर्णतया परिचित है, पर दुर्भाग्यवश वे नेहरूजीके कृपापात्र नही है, इसलिये उनको प्रतिनिधि मंडलमें शरीक नही किया गया। जिस देशके सूत्रधार अन्तर्राष्ट्रिय परिषदोंके लिये प्रतिनिधियोंका चुनाव करते समय इस विचित्र ढंगसे काम लेना उचित समझते हों उस देश का भविष्य यदि अंधकारपूर्ण दिखाई देता हो तो इसमें आश्चर्यकी बातही क्या है?

इसवार राष्ट्र संघके अधिवेशनमें भारतकी तरफसे जो सबसे बड़ी भूल की गई है वह है श्रीमती पंडितका वह प्रस्ताव, जिसमें प्रवासी भारतीयोंके मामलेमें भारत और दक्षिण अफ्रिकाके सिवा पाकिस्तानको भी एक फरीक बना लिया गया है। यह पंडित नेहरूकी वैदेशिक नीतिकाही दुष्परिणाम है। इसमें पाकिस्तानको प्रसन्न रखनेके सिवा और कोई फायदा नजर नही आता है। पाकिस्तान भारतके साथ काश्मीर में जो व्यवहार कर रहा है उसको देखते हुए नेहरूजी की इस तुष्टिकरण नीति पर अफसोसकी हंसी आती है। दक्षिण अफ्रिकाके ढाई लाख भारतीयोंमें ढाई से अधिक पाकिस्तानी नही है जिनमें कुछ तो सिंधी हिंदू है और कुछ पंजाबी मुसलमान। वहाँ के समस्त प्रवासी भारतीय इस देशकी प्रजा है, उनके मामलेमें पाकिस्तानको दखल देनेका कोई हक या अधिकार नही है। फिर ख्वाहमख्वाह और अकारणही पाकिस्तानको इस मामलेमें पट्टीदार बना लेना कहाँकी बुद्धिमत्ता और राजनीतिज्ञता है? कुछ लोगोंका ख्याल है कि पाकिस्तान को हिस्सेदार बना लेनेसे भारतका बल बढ़ जायगा, पर मैं तो कहता हूँ कि नेहरूजीकी यह ऐसी भयंकर भूल है जिसके लिये भारतको घोर पश्चाताप करना पड़ेगा।

इस लेखमें मैं यह बात बता चुका हूँ कि भारतने दक्षिण अफ्रिकासे व्यापार-सम्बंध विच्छेद कर लिया है जिसके कारण बोरियोंके विना दक्षिण अफ्रिका के किसानोंको भारी नुकसान पहुँच रहा है। इस अभाव की पूर्त्तिके लिये जनरल स्मट्सने एक उत्तम उपाय ढूंढ निकाला है। उनकी प्रेरणा एवं प्रोत्साहनसे नेटाल इंडियन ऑर्गिनिजेशनका एक डेपुटेशन पाकिस्तान और भारत आने वाला है। इस डेपुटेशनका उद्देश्य तो है दक्षिण अफ्रिका, भारत और पाकिस्तानके बीच गोलमेज परिषदके लिये अनुकूल वातावरण पैदा करना। पर इसके कुछ सदस्य ऐसे भी हैं, जो भारत हितकी हत्या करके भी पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रिकाको फायदा पहुँचानेसे बाज न आवेंगे। वे दक्षिण अफ्रिका और पाकिस्तानमें संधि करानेका पूरा उद्योग करेंगे और मेरा ख्याल है कि उनको अपने प्रयासमें सफलता भी होगी, इस समय पाकिस्तानको कोयलेकी बड़ी जरूरत है जिसे दक्षिण अफ्रिका पूरी कर सकता है और दक्षिण अफ्रिका को जूटकी बोरियोंकी जरूरत है जो पाकिस्तानके पास इफरात है और वह उसका संकट मोचन कर सकता है। यदि इनमें व्यापारिक संधि हो गई तो भारतने जो दक्षिण अफ्रिकाके विरुद्ध व्यापारका प्रतिबंध लगा रखा है वह निष्फल और निरर्थक हो जायगा। पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रिकामें मैत्री हो जाने पर भारतका पक्ष निर्बल हो जायगा और वह अकेला पड़ जायगा। यही

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कहीं यह बात होगई, जिसमें संदेहकी बहुत कम गुंजाइश है क्योंकि अपनी नाक कटाकर भी भारतका अपशकुन करना पाकिस्तानकी नीति बन गई है तो इसकी सारी जिम्मेदारी नेहरूजी पर होगी क्योंकि उन्होंनेही तुष्टिकरणकी भावनासे पाकिस्तानको प्रवासी भारतीयों के मामलेमें हिस्सेदार बना लिया है। पाकिस्तानके व्यवहारका इतना कटु अनुभव होनेपर भी नेहरूकी तुष्टिकरण नीतिमें कोई अंतर नही पड़ा है, यह भारतके लिये दुर्भाग्यकाही द्योतक हैं।

श्रीमती पंडितके इस प्रस्तावका यह भी दुष्परिणाम हुआ है कि प्रवासी मुसलमानोंको खुल्लमखुल्ला पाकिस्तानके प्रति भक्ति प्रदर्शित करनेका अवसर मिल गया है। यद्यपि दक्षिण अफ्रिकाके मुसलमान भारतकी प्रजा है और भारतमेंही उनका घरबार है तथापि मुसलमानकी हैसियतसे पाकिस्तानकोही वे अपना देश और राज्य समझते हैं। १५ अगस्तको जहाँ प्रवासी भारतीयोंने भारतकी स्वाधीनताका उत्सव मनाया था वहाँ प्रवासी मुसलमानोंने पाकिस्तानके निर्माणका उत्सव मनाया। दक्षिण अफ्रिकामें शायदही कोई ऐसा मुसलमान बच गया हो जिसने पाकिस्तान-फण्ड और कायदे-आजम फण्डमें यथाशक्ति एकसे लेकर हजार पौंड तक न दिया हो। वहाँके मुसलमानोंने लाखों पौंड पाकिस्तानको भेजा है, पर भारतके शरणार्थियोंको एक पैसा भी देना उनको उचित नही जँचा। उनके अखबार भारतके विरुद्ध विषैला प्रचार कर रहे हैं और कराचीके "डौन" (DAWN) के लिये लाउड-स्पीकर का काम दे रहे हैं। जहाँ भारतको उनके देशद्रोह और राजद्रोहके अपराधके लिये कठोर दण्डकी व्यवस्था करनेकी आवश्यकता थी वहाँ उसने स्वयं पाकिस्तानको दक्षिण अफ्रिकाके मामलेमें अपना पट्टीदार बनाकर वहाँके मुसलमानोंको खुलकर खेलने और यह कहनेका मौका दे दिया है कि "श्रीमती पंडितके प्रस्तावसे यह स्पष्ट हो गया कि दक्षिण अफ्रिकाके प्रवासी भारतीयोंके लिये पाकिस्तान और हिंदुस्थान दोनों बराबर हैं अतएव उन्हें दोनों राज्यों पर समान भक्ति रखनी चाहिये।" वहाँ अब कोई भी ऐसा प्रस्ताव पास नही होने पाता है जिसमें हिंदुस्थानके साथ पाकिस्तानका नाम न जोड़ा जाता हो और नेहरुके साथ जिन्नासे प्रार्थना न की जाती हो।

इस समय दक्षिण अफ्रिकाके प्रवासी भारतीयों की स्थिति अत्यन्त चिन्ताजनक हो गई है। जहाँ एक ओर जनरल स्मट्स उनका नामनिशान मिटा डालनेपर तुले हैं, वहाँ दूसरी ओर आपसमेंही वैर और फूटकी आग धधक उठी है। नेटाल इंडियन काग्रेसके विरुद्ध एक 'मॉडरेट पार्टी' खड़ी की गई है और इस दलने अपना अलग राजनीतिक संघ भी बना लिया है जिसका नाम रखा है—नेटाल इंडियन ऑर्गिनिजेशन। यह दल सत्याग्रहमें विश्वास नही रखता है और सरकारसे सहयोग करनाही उचित समझता है। इस दलका कथन है कि काँग्रेस कम्युनिष्टोंके हाथमें चली गई है, इस लिये काँग्रेसमें बना रहना और कम्युनिस्टोंके साथ काम करना इस दलके व्यक्तियोंके लिये असंभव है। इस दलको जनरल स्मट्सका आशीर्वाद प्राप्त है।

इससे प्रवासी भारतीयोंमें परस्पर संघर्ष शुरु हो गया है, द्वेष और वैमनस्यका बाजार गर्म हो उठा है। जो संयुक्त शक्ति श्वेताङ्गोंसे टक्कर लेती वह आपसमें टकरा कर चूरचूर हो रही है। यह गृहकलह ऐसी भयानक आग है जो प्रवासी भारतीयोंको जलाकर खाक कर डालेगी। इस फूटके कारण हमारी चिन्ता और व्यथा बढ़ गई है। एक दल सत्याग्रहकी लड़ाई लड़ रहा है, दूसरा दल किसी भी रुपमें सरकारसे समझौता कर लेने पर कटिबद्ध है। इसी मॉडरेट पार्टी और इंडियन ऑर्गिनिजेशनका डेपुटेशन जनरल स्मट्सकी प्रेरणासे पाकिस्तान और हिंदुस्थान आनेवाला है और इन देशोंके सूत्रधारोंको समझानेवाला है कि दक्षिण अफ्रिकासे विग्रह करनेमें न हिंदुस्थान और पाकिस्तानका कल्याण है और न प्रवासी भारतीयोंका ही। इस लिये येनकेन प्रकारेण परस्पर संधि हो जानी चाहिये। यह डेपुटेशन अभी रवाना नही हुआ है, अनुकूल अवसरकी प्रतीक्षा कर रहा है।

इस आपसके लड़ाई झगड़ेसे वहाँके प्रवासी भारतीयोंका भविष्य संदिग्ध दिखाई दे रहा है। हमारे भाइयोंको समयकी गतिको परखनी चाहिये और कोई ऐसा गलत कदम नही उठना चाहिये जिससे उनका तो नुकसान होगाही, साथही भारतकी मान-मर्यादा पर भी बटा लगने की आशंका हो। (समाप्त)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

शोक-सम्वाद

श्री के० नटराजन।

वयोवृद्ध श्री नटराजनके स्वर्गवाससे प्रवासी भारतीयोंका एक पुराना शुभचिन्तक उठ गया। वे जहाँ एक प्रख्यात पत्रकार, सच्चे समाज सुधारक और उदार-विचारके राजनीतिज्ञ थे वहाँ प्रवासी भारतीयोंके परम मित्र और हितैषी भी। वे वर्षों बम्बईके इम्पिरियल इंडियन सिटीजनशीप एसोसियेशनके मंत्री रहे और इस हैसियतसे विश्वके भिन्न भिन्न भागोंमें बसे हुए भारतीयों की खोज-खबर लेते और उनकी सेवा करते रहे। इसी वजहसे उनसे मेरा परिचय हुआ और उनके निकट सम्पर्कमें आनेका अवसर मिला। वे दादरमें रहा करते थे और उनसे जब भेंट होती तो जहाँ प्रवासी भारतीयोंकी चर्चा चलती वहाँ आर्यसमाज और समाज सुधारकी बातें भी छिड़ जाती थी। वे पिछली अर्द्धशताब्दीसे "इंडियन सोशल रिफार्मर" नामक साप्ताहिक पत्र निकालते थे और स्वयं उसका संपादन भी करते थे। जहाँ वे उग्र समाज सुधारक थे वहाँ राजनीतिक क्षेत्रमें फूँक फूँककर पैर रखनेवाले। वे काफी वृद्ध हो चले थे। इधर वे एसोसियेशनके मंत्रीत्वसे भी अलग हो गये थे और अब लगभग ८० वर्षकी आयु में स्वर्ग सिधारे। परमात्मा उनकी दिवंगत आत्माको अनंत शांति देवें।

श्री केशव जादवजी वर्मा।

पोर्तुगीज पूर्व अफ्रिकाके प्रसिद्ध नगर लोरेन्सो मार्क्विससे भारत समाजके मंत्री श्री केशवलाल मोरारजी सूचित करते हैं कि गत २४ अप्रेलको श्री के. जे. वर्माका स्वर्गवास हो गया और भारत समाजमें उनके निधन पर शोक प्रकट किया गया। इस समाचारसे मेरे संतापकी सीमा नही रही। केवल ४३ वर्षकी आयु में वर्माजीके जीवन-नाटकका पटाक्षेप हो गया। उनका जन्म जामनगर (काठियावाड़) में सन १९०५ में हुआ था और वहीं उनको गुजरातीकी शिक्षा मिली थी। केनिया, यूगान्डा, टंगेनिका और मेडागास्करका भ्रमण कर कुछ दिनोंतक आपने जंजीवारमें प्रवास किया था। सन १९२८ में आप लोरेन्सो मर्क्विसमें जा बसे और वहाँ आढ़तियाका धंधा करते रहे। जिन महाभागोंने भारत समाजकी स्थापना की थी उनमें आप भी एक थे। वर्माजीके ही अनुरोधसे सन १९३३ में भारत समाजके प्रथम वार्षिकोत्सवपर मुझे आमंत्रित किया गया था और तबसे सन १९४१ तक मैं हर साल एक मास भारत समाजकी सेवामें बिताता था। आपने वेद मंदिर निर्माणके लिये पाँच शिलिङ्गकी एक योजना बनाई थी पर परीक्षणमें वह फेल हो गई। इस के बादही वे समाजसे विरक्त हो गये। उन्होंने विवाह भी कर लिया था और उनके कई बच्चे भी हैं। परमात्मासे हमारी प्रार्थना है कि वर्माजीकी आत्माको सद्गति देवें और उनके पत्नी-बालकोंको इस संतापको सहनेकी शक्ति।

श्रीसरकारी नायडू।

नेटाल युनिवर्सिटी कालेजके लेक्चरार श्रीसरकारी नायडूके असमय देहांतसे दक्षिण अफ्रिकाका एक भारतीय विद्वान् उठ गया। वे ग्रेज्युएट होनेके बाद वर्षों शास्त्री कालेजके लेक्चरार रहे। ऐतिहासिक, सामाजिक और शिक्षा-सम्बंधी अन्वेषण कार्यमें उनका बड़ा अनुराग था और इसी कार्यमें उन्होंने अपने जीवनका सर्वोत्तम भाग बिताया! प्रोफ्रेसर बोरोसेने उनकी योग्यता पर मुग्ध होकर उन्हें नेटाल युनिवर्सिटी के इंडियन रिसर्च विभागका प्रमुख बनाया था और इस पदको नायडूने सार्थक कर दिखाया। वे प्रथम भारतीय थे जिन्होंने रोड्स युनिवर्सिटीमें अनेक भाषण दिये थे और उन इनेगिने भारतीयोंमें एक थे जिन्हें डरबनके रोटरी क्लबमें भाषण देनेका अवसर मिला है। हालही में उन्होंने एक महत्वपूर्ण ग्रंथका भारतीय अध्याय लिखकर पूरा किया था जो लंडनसे प्रकाशित होगा। उनकी आयु अभी अधिक नही थी, पर मोटर दुर्घटनाके कारण मेरित्सबर्गके ग्रे अस्पतालमें उनका स्वर्गवास हो गया। भगवान उनकी आत्माको शांति देवें और उनके परिवार को धैर्य।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri



दानदाता	रुपये
(कलकत्ता)	
श्री काशी राम बनारसी लाल	५००)
पटना (बिहार)	
श्री डाक्टर दुखनरामजी	५०१)
आरा (बिहार)	
श्री सेठ कनीराम गणपतराम फर्म के मालिक श्री सेठ इन्द्रचन्दजी,	५००)
जोड़	१५०१)

श्री काशीराम बनारसी लाल ।

श्री काशीराम-बनारसीलाल कलकत्ताके एक प्रसिद्ध फर्म है जिसके मालिक हैं—श्री काशीरामजी गुप्त और श्री बनारसीलालजी केडिया । सन १९४४ में जब नागरी प्रचारिणी सभाके स्वर्णजयंती महोत्सवका सभापतित्व करनेके लिये मैं बनारस गया था तो वहीं भाई काशीरामजीसे मेरा प्रथम परिचय हुआ । उस समय उनके जनरल प्रिन्टिङ्ग वर्क्सकी एक शाखा बनारसमें थी और वहींसे उनका मासिक पत्र "सात्विक जीवन" भाई गुप्तनाथ सिंह बी. ए. (अब बिहार धारा सभा और भारतीय विधान परिषदके सदस्य) के संपादकत्वमें निकल रहा था । प्रथम मिलनमेंही उनकी सहृदयता, स्वदेशाभिमान एवं सार्वजनिक सेवाकी भावनापर मैं मुग्ध हुए बिना न रहा । मेरे अनुरोधसे कागजके उस अकालके जमानेमें भी आपने "सात्विक जीवन" का "स्वर्णजयंती विशेषाङ्क" निकालकर नागरी प्रचारिणी सभाकी अर्द्धशताब्दी पर अपनी श्रद्धांजलि चढ़ाई । यद्यपि श्री बनारसी लालजीसे अभी तक मेरी मुलाकात नही हुई है तो भी एकवार मेरी गंभीर बीमारीके अवसर पर उन्होंने उपचार सम्बन्धी अनेक बहुमूल्य वस्तुएँ भेजकर अपनी स्नेहशीलताका परिचय दिया था । जब मैंने श्री काशीराम-बनारसीलालको "प्रवासी" के प्रकाशनकी सूचना दी तो उन्होंने इस कठिन कार्यमें केवल सूखी शुभ-कामना प्रकट कर देनाही पर्याप्त न समझा प्रत्युत "प्रवासी" को एक पृष्टका स्थायी विज्ञापन देकर क्रियात्मक हमदर्दी दिखाई । इससे अधिक सहायताकी मैंने आशा न की थी पर कलकत्तामें भेंट होने पर काशीरामजीने बिना माँगेही ५००) रुपये देकर "प्रवासी" के साथही प्रवासी भारतीयोंको भी चिरकृतज्ञ बना लिया । यद्यपि श्री काशीराम-बनारसीलाल एक व्यपारी हैं तो भी नगद नारायणकी उपासनाकोही अपने जीवनका ध्येय नही मानते हैं और देशवासियोंके प्रति भी अपने कर्त्तव्यका ध्यान रखते हैं ।

डाक्टर दुखनरामजी ।

पटनाके प्रख्यात डाक्टर दुखनरामजी और उनके परिवारसे मेरा बहुत पुराना परिचय है । जब वे कलकत्ता के मेडिकल कालेजमें पढ़ते थे तभीसे मैं उनको जानता हूं। वे सहसरामके ही एक रत्न है, इस लिये उनके परिवारसे मेरा सम्पर्क रहा है । वे इङ्गलेण्डमें भी डाक्टरीकी उच्च परीक्षा दे आये हैं । इस समय वे पटनाके मेडिकल कालेज के एक प्रतिष्ठित प्रोफेसर है और भारतके अनेक विश्व विद्यालयोंके परीक्षक भी । अनेक सभा-समितियोंसे उनका सम्बन्ध है । शिक्षा और रचनात्मक कार्योंमें उनका बड़ा अनुराग है । आर्यसमाजका तो वे एक स्तंभही है । उन्होंने अपने सद्गुणों और सत्कार्योंसे बिहारके सार्वजनिक जीवन में अपना एक विशिष्ट स्थान बना लिया है। अनेक होनहार निर्धन विद्यार्थियोंको प्रोत्साहन एवं आर्थिक सहायता देकर उन्होंने आगे बढ़ाया है जो आज बिहारके भिन्न-भिन्न स्थानों में अच्छे पदोंपर काम कर रहे हैं । उनके यहाँ रोगियोंका मेला लगा रहता है, उनको दम लेनेकी भी फुर्सत नहीं रहती है ।

जब जब मैं पटना जाता हूँ, डाक्टर दुखनरामका ही अतिथि बनता हूँ । इसबार मेरी रुग्नावस्थापर ध्यान देकर उन्होंने मेरे खान-पान और आरामका खास इन्तजाम कर दिया था । पटनाके प्रसिद्ध डाक्टर बी. एन. प्रसादसे मेरे स्वास्थ्यकी जाँच भी करवाई थी और उनके आदेशा-

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नुसार उपचारकी व्यवस्था भी कर दी थी। वे चाहते थे कि मैं कुछ दिन उनके गृह पर ठहरकर इलाज करवाऊँ, पर "प्रवासी" की चिन्ता मुझे अजमेरकी ओर खींच रही थी, इस लिये मैं उनकी उदारतासे लाभ न उठा सका। वहाँसे विदा होते समय जहाँ उन्होंने प्रवासी-फण्डमें ५०१) रुपये दान दिये वहाँ मेरे व्यक्तिगत खर्चके लिये भी १०१) रूपये प्रदान किये। उनको अत्यंत कार्य व्यस्त देखकर मैं उनसे कुछ कहनेका साहसही नही कर सका था, पर उन्होंने इस गलतीपर मेरी चुटकी लेते हुए कहा कि वे तो सदाही कार्य-व्यस्त रहा करते है पर मेरे ध्यान दिलानेपर प्रवासी भाइयोंकी सेवाके लिये अवश्य समय निकालते और अपने खास खास मित्रों को भी "प्रवासी" की सहायताके लिये प्रेरणा करते। ऐसेही नर-रत्नोंपर हमारा देश अभिमान कर सकता है।

श्री सेठ इन्द्रचन्दजी।

श्रीसेठ इन्द्रचन्दजी आराके प्रसिद्ध सेठ कनीराम गणपतराम फर्मके मालिक हैं। शाहाबाद जिले में सेठ कनीराम बहुत मशहूर है; आरा, सहसराम, भभुआ आदि नगरों में व्यापारकी उनकी कोठियाँ है और जिलेमें बहुत बड़ी जमीन्दारी भी है। सेठ कानीरामका नाम तो मैं बर्षों से सुन रखा था, पर कभी कोई कामका अवसर न आया था। इसवार आरामें सेठ इन्द्रचंदजीसे भेंट हो गई। वे एक शिक्षित एवं सहृदय युवक हैं। उनकी सौजन्यताही उनके स्वभावकी विशेषता है। दलित और पीड़ित प्रवासी भाइयोंकी करुण-कथा सुनकर वे मर्माहत हो उठे और उनके सेवा-कार्यमें समय समयपर यथाशक्ति सहायता देनेका भी उन्होंने आश्वासन दिया। प्रवासी भाइयोंकी समस्यामें उनका अनुराग देखकर मुझे निश्चय हो गया कि उनके पास एक ऐसा हृदय है जिसमें पीड़ित प्राणियोंके लिये वेदना और उनके कल्याणके लिये कामना है। मुझे आशा है कि इन्द्रचन्दजी इसी प्रकार अपने देशवासियों और प्रवासी भाइयोंकी समस्याओंमें दिलचस्पी लेते रहेंगे और उनके सेवाकार्यमें उदारता और दानशीलताका परिचय देकर नाम और कीर्त्ति कमावेंगे।

शुभकामनाएँ।

सहयोगी प्रवासीका प्रकाशन जिस उत्तम ढंग से हो रहा है—हम उसका स्वागत करते हैं। पत्रकी छपाई, सफाई, विषयोंको यथाक्रम अंकित करना और चित्रोंका संग्रह चिताकर्षक है। पत्रका लक्ष्य प्रवासी भारतीयोंकी धार्मिक राजनैतिक, सामाजिक, आर्थिक और शिक्षा सम्बंधी समस्याओंपर प्रकाश डालना है, संकट विपदमें उनकी खबर लेना और उनकी स्थितिपर प्रकाश डालना है। लेखोंके अतिरिक्त बडी उत्तम सम्पादकीय टिप्पणियाँ होती हैं। पत्र हर प्रकारसे देखने और संग्रह योग्य है। इस पत्रका भारत और भारतसे बाहर सभी देशोंमें खूब विस्तार हो ऐसी हमारी मनोकामना है।

—श्रद्धानन्द, दिल्ली।

आदर्श नगर अजमेरसे श्री स्वामी भवानीदयालजी संन्यासीने "प्रवासी" नामक (हिंदी-अंग्रेजी) पत्रका सम्पादन और प्रकाशन आरम्भ कर दिया है। एक ऐसे पत्र की, जो भारत और प्रवासके भारतीयों में सम्पर्क बनाये रखे, बड़ी आवश्यकता थी। स्वामी जीने इसकी पूर्ति करके प्रवासी भारतीयोंका बड़ा उपकार किया है। पत्रका आकार "विशालभारत" जैसा है और बिदेशों के लिये वार्षिक चन्दा २० शि० है। इस पत्र का ग्राहक बन कर तथा उपनिवेशोंके समाचार भेजकर प्रकाशकका उत्साह बढ़ाना चाहिये।

—फीजी समाचार, सूवा, फीजी।

"प्रवासी"—संपादक स्वामी भवानी दयाल संन्यासी, प्रकाशक भी वही, प्रवासी-भवन, आदर्श नगर, अजमेर, वार्षिक मूल्य हिंदुस्तानमें १०) विदेशमें २० शिलिङ्ग। इस पत्रके सम्पादक स्वामी भवानी दयाल संन्यासी एक मँजे हुए लेखक तथा कुशल पत्रकार तो हैं ही, साथ ही आप प्रवासी भाइयोंके एकमात्र नेता भी हैं। आपने दक्षिण अफ्रिकामें महात्मा गांधीके साथ रहकर प्रवासी भाइयोंके हितोंके लिए गोरोंसे बहुत बड़ा संघर्ष किया है। आपकी साहित्य सेवा भी प्रशंसनीय है। "प्रवासी" के ५ अंक हमारे सामने है। पांचों अंक सुन्दर हैं। सम्पादकीय मार्केका होता है। लेख उच्चकोटिके निकलते हैं। पत्र प्रवासी भाइयोंके लिये बड़े कामका है। हम पत्रको उत्तरोत्तर उन्नति चाहते हैं।

—"मजदूर आवाज" जमशेदपुर,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उदयपुरसे "नवजीवन" नामक एक साप्ताहिक पत्र निकलता है। संपादक हैं—श्री कनक मधुकर। हालहीमें इस पत्रपर साम्प्रदायिक वैमनस्य फैलानेका मामला चला था, पर यथेष्ट सबूत न मिलनेके कारण मामला या तो वापस ले लिया गया अथवा खारिज हो गया। अब हम देखते हैं कि "नवजीवन" को राष्ट्रियताका अजीर्ण हो गया है और यदि शीघ्र कोई उपचार न किया गया तो संग्रहणी हो जानेकी आशंका है। हिंदू हितके नामसे "नवजीवन" ऐसा भड़क रहा है जैसे लाल लुग्गा देखकर बनैला बैल। इस समय १० मईका अङ्क हमारे सामने है। इस अङ्कपर एक दृष्टि डालनेसे यही प्रतीत होता है कि यदि "नवजीवन" का वश चले तो वह चुन चुनकर हिंदू-हितके हिमायतियोंको या तो फाँसीपर लटका दे अथवा देशनिर्वासनका दण्ड देकरही दम ले।

❀ ❀ ❀ ❀ ❀ ❀

"नवजीवन" ठाकुर लालसिंह शक्तावतकी नियुक्तिपर सख्त नाराज है। वह पूछता है—"उधर साम्प्रदायिकतासे राष्ट्रीय सरकारने कोसों दूर रहनेका दावा किया है, फिर ठाकुर लाल सिंह शक्तावतकी नियुक्ति क्या मायना रखता है?" यही मायना रखता है कि वे एक कार्यदक्ष और अनुभवी अमलदार है। अतएव योग्यताही उनकी नियुक्तिकी एकमात्र कसौटी है। वे अजमेरमें सेटलमेन्ट अफसर रह चुके हैं और अलवरमें मंत्री मंडलका एक सदस्य भी। इसलिये उनकी नियुक्तिका मायना समझने में किसीको मगजपच्ची करनेकी जरुरत नही पड़ सकती। अब रहा उनपर साम्प्रदायिकताका दोषारोप! अजमेरमें हमने उनको बहुत निकटसे देखा पर कभी किसी सम्प्रदायके विरुद्ध उनको अपनी वाणी या कर्मसे दुर्भाव या द्वेष फैलाते नही पाया। एक हिंदूकी हैसियतसे हिंदू-हितकी कामना सर्वथा स्वाभाविक है, यदि "नवजीवन" इसे अपराध समझता है तो इस अपराधसे तो पूज्य बापू भी बरी नहीं हो सकते। क्या यह कोई जरुरी है कि अन्य सम्प्रदाय वालोंसे द्वेषभाव रखे बिना कोई हिंदू हितकी चिन्ता करही नही सकता? "नवजीवन" अपने आक्षेपके प्रमाणमें ठा० लाल सिंहके अलवरका जीवन पेश करता है। भारत-सरकार उनके अलवरके जीवनकी जाँच करा रही है, यदि वे दोषी सिद्ध हुए तो उनको अपने कर्मोंका फल भोगनाही पड़ेगा। पर अभी अलवरका मामला विचाराधीन है और जबतक उसका फैसला नही हो जाता तबतक इस विषय पर कुछ कहना उचीत नही है। "नवजीवन" ने अलवरके मामलेमें उनको दोषी कहकर जहाँ शिष्टाचारका संघार कर डाला है वहाँ कानूनकी मर्यादाको भी भङ्ग किया है।

❀ ❀ ❀ ❀ ❀ ❀

बापूकी हत्याके बाद जब अलवरके शासकोंपर भयंकर दोषरोप हुआ तो महाराजाने अपने प्रधान मंत्री डाक्टर नारायण भास्कर खरेको फौरन मौकूफ कर दिया, मंत्री मंडल भङ्ग कर दिया और अपने समस्त अमलदारोंको हिदायत कर दी कि वे भारत-सरकारके जाँच कार्यमें पूरी सहायता करें। वे स्वयं भी अलवरसे बाहर चले गये ताकि उनकी प्रवृतिकी जाँचमें कोई अड़चन न आवे। भारत सरकारने अपने एक अनुभवी अफसरको जाँचका काम सौंपा। इस अमलदारकी रिपोर्टके आधार पर अब भारत सरकारने एक विज्ञप्ति निकालकर महाराजाको सर्वथा निर्दोष घोषित कर दिया है। इसपर "नवजीवन" बेतरह बिगड़ उठा है और वह "अलवरकी जाँच या लीपापोती" शिर्षक अग्रलेखमें जहाँ भारत सरकारको पानी पी-पीकर कोसता है, उसे सत्यसे मुँह मोड़नेवाली तथा झूठ और कपट नीतिका आश्रय लेनेवाली कह कर अपने मनका गुबार निकालता है और उसके जाँच अमलदार श्री कुँज बिहारीलाल सेठकी इमान्दारीपर भी हमला करनेसे बाज नही आता है वहाँ अलवरके महाराजाको सर्वतोभावेन अपराधी कहनेमें भी नही हिचकता है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भारतके रजवाड़ोंसे हमारा न कोई सम्बन्ध है और उनके साथ कोई सहानुभूति है। हम तो सदासे यही कहते आ रहे हैं कि यदि अंग्रेजोंने डेलहौसीके चरण चिन्हपर चलकर देशी रियासतोंका अस्तित्व मिटा दिया होता तो भारतकी एक बहुत बड़ी समस्या हल हो गई होती। पर जहाँ न्यायका प्रश्न आ जाता है वहाँ एक पत्रकारके नाते हम मौन साध लेना पाप समझते हैं। इन्साफका तकाजा है कि जहाँ संदेहकी गुँजाइश हो वहाँ दस दोषी दण्ड पानेसे बच जायँ तो हर्ज नही, पर एक भी निर्दोषको दण्ड दे देना न्यायासनको कलंकित करना और न्यायका गला घोंटना होगा।

❀ ❀ ❀ ❀ ❀ ❀

हम "नवजीवन"के उन आक्षेपोंपर संक्षेपमें बिचार करना चाहते हैं जिनके अनुसार अलवरके महाराजा को अपराधी सिद्ध करनेका साहस किया गया है। पहला आक्षेप यह है कि महाराजा पिछले दिनों हिंदू हितके रक्षक बने हुए थे। हम जानना चाहते है कि हिंदू हितका रक्षक बनना भारतीय दण्ड विधानके किस धाराके अनुसार अपराध है? कौन ऐसा हिंदू है जो हिंदू हितकी रक्षा करना अधर्म समझेगा? दूसरा आक्षेप यह है कि महाराजाने उन साम्प्रदायिक संस्थाओंको लाखों रुपये दिये थे जो राष्ट्रिय नेताओं और काँग्रेसको कोसती थीं और साम्प्रदायिकताका जहर फैलाती थीं। यह ध्यान रहे कि भारत लोकतंत्रात्मक देश है, यहाँ डिक्टेटरशाहीकी दाल नही गल सकती। इस लिये राष्ट्रिय नेता और काँग्रेस सार्वजनिक समालोचनासे परे नही हैं। उनको कोसना कानूनसे बर्जित नही है। जयप्रकाश नारायणजी और उनके दलवाले तो आज काँग्रेसको गली गली कोसते फिर रहे हैं, पर क्या उनकी वाणी पर कोई कानूनी रुकावट डाली जा सकती है? हाँ, साम्प्रदायिक जहर फैलाना निस्संदेह अक्षम्य अपराध है, पर उसपर तो हम आगे चलकर विचार करेंगे। तीसरा आक्षेप यह है कि महाराजा राष्ट्रिय स्वयं सेवक संघकी रैलियोंमें शामिल हुए थे। जब यह संघ गैरकानूनी नही घोषित किया गया था तब उसकी रैलियोंमें शरीक होना किस विधानसे वर्जित था। इस संघने नवयुवकोंमें अनुशासन, व्यायाम, संयम, त्याग और सेवाका भाव भरकर जनताके हृदयमें एक विशिष्ट स्थान बना लिया था और देशके बड़े बड़े नेता उसके नेताओंको सताया और कुचला, उसका वर्णन सुनकर प्रशंसक बन गये थे। हत्यासे कुछ दिन पहले स्वयं गां संघकी एक सभामें शरीक हुए थे और उसके सेवकोंकी सेवा और त्यागका उपदेश दे आये थे। यह किसे पता थी कि संघके सूत्रधार नागपुर, पूना और बम्बईमें बैठकर मराठा राज्य कायम करनेका स्वप्न देख रहे है और अपने स्वप्नको कार्यान्वित करनेके लिये संघका उपयोग करना चाहते है। जनताकी यही धारणा थी कि संघ एक विशुद्ध सांस्कृतिक एवं सामाजिक गोष्टी है, राजनीतिसे उसका कोई सरोकार नही है। इस स्थितिमें महाराजाका उसकी रैलियोंमें शरीक होना कैसे अपराध हो गया?

हिंदू हितका रक्षक बनना, धार्मिक संस्थाओंको दान देना अथवा किसी वैधानिक संघकी रैलियोंमें शरीक होना "नवजीवन" की नजरसेही अपराध हो सकता है, पर कोई अदालत और न्यायधीश तो ऐसी बातोंको कानूनवर्जित अपराध नही मान सकता। यदि वह "नवजीवन" का चश्मा चढ़ाकर न्याय करनेपर तुल जाय तो दुनिया उसके फैसलेको दाद देगी या लानत?

❀ ❀ ❀ ❀ ❀ ❀

इन तुच्छ आक्षेपोंके बाद "नवजीवन" ने महाराजा पर जो लांछन लगाये हैं वह अवश्य गंभीर, गर्हित और भयानक है। यदि "नवजीवन" के कथनमें कुछ भी सचाई हो तो महाराजा तो कठोर दण्डके पात्र हैं ही, साथ ही उनको निर्दोष घोषित करनेवाली भारत सरकार भी संसारकी धिक्कारोंसे नही बच सकती। इस अग्रलेखको पढ़नेपर ऐसा भासित होता है कि हिंदुस्थानके कवि मधुकर नही, पाकिस्तानके जफरुल्ला खाँ महाराजा पर दोषारोप कर रहे हैं। वास्तवमें "नवजीवन" ने पाकिस्तानियोंके लिये ग्रामोफॉनकाही काम किया है और अपनी मातृभूमिकी प्रतिष्ठा धूलमें मिला दी है। लीजिये कवि मधुकर और उनके "नवजीवन" के आक्षेपोंकी बानगी—

"अलवर रियासतमें मुसलमानोंको योजना पूर्वक मारकाट द्वारा आतंकित करके भगाया गया है। खास राजधानीमें एक मसजिद तोड़ डाली गई और यह काम पी. डबल्यु. डी. के अफसरोंकी देखरेखमें हुआ। इतनाही नही, कब्रिस्तान नीलाम तक कर गये हैं.....अलवरकी सरकारने जिस बुरी तरह

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

रोंगटे खड़े हो जाते हैं। मेवोंका दमन करने अथवा उन्हें रियासतसे भगानेमें सभ्य शासनकी तमाम सीमाओंको ताकमें उठाकर रख दिया गया था। मेव औरत और बच्चे भी बर्बरताका शिकार बननेसे न बच पाये.....।"

जफरुल्ला खाँ यदि अपने साथ कनक मधुकरको न्यूयार्क ले गये होते तो संयुक्त राष्ट्रसंघकी बैठकमें भारत पर मुसलमानोंके सर्वनाश (Genocide) का अपराध सिद्ध करनेमें उनको कोई भी कठिनाई न हुई होती। इससे बढिया गवाह और कहाँ मिल सकता है ? शायद उनको पता न था कि उदयपुरमें देशद्रोहका पार्ट अदा करनेवाला कोई व्यक्ति मिल सकता है अन्यथा वे इस मौकेको हाथसे जाने न देते। कनकजीको वहाँ पेश कर देनेपर उनको फिर माथापच्ची करनेकी जरुरतही नहीं पड़ती श्री गोपालस्वामी आयंगार, श्री सेतलवाड़, श्री वलोदी आदिकी सारी दलीलें हवामें उड़ जातीं और भारत पर मुसलमानोंके सर्वनाशका अपराध सहजही सिद्ध हो जाता।

❀ ❀ ❀ ❀ ❀ ❀

जिन्होंने इधर दो सालके अंदर भारतमें घटी हुई घटनाओंपर ध्यान दिया है उनसे यह बात छिपी नहीं है कि अलवर, भरतपुर आदिके मेवोंने अंग्रेजी शासन उठ जानेपर एक स्वतंत्र मेव राज्य कायम करनेकी ठान ली थी। कुछ चलते-पुर्जे आदमी उनका नेतृत्व कर रहे थे और उन्होंने उनके सामने जो मेवस्थानका नकशा खींचा तो वे उसके लिये अपना सर्वस्व निछावर करनेको तैयार हो गये। मेवोंने हथियार जुटाकर लड़नेकी पूरी तैयारी कर ली थी। उन दिनों डाक्टर अशरफके वक्तव्य अखबारोंमें निकल रहे थे। उन्होंने कोई बात छिपाई नहीं, एक वक्तव्यमें साफ ऐलान कर दिया था कि एक लाख मेव नाना प्रकारके हथियारोंसे लैस होकर मेवस्थान बनाने और उसके लिये खून बहानेको तैयार हैं। मेवोंका रुख देखकर उन दिनों सारा राजस्थान प्रकंपित हो उठा था। मेवोंने युद्धकी तैयारी करके सबसे पहले अपनेही घर-गाँव फूँकना शुरुकर दिया ताकि वे घरवारकी चिन्तासे मुक्त होकर युद्धमें अपनी सारी शक्ति लगा दें। जंगल और पहाड़ियोंमें छिपकर रहना और मौका देखकर हमला करना उनका लक्ष्य था।

जब मेवोंने संगठित रुपसे अलवर और भरतपुर पर धावा किया तो ऐसा भासित होने लगा था कि इन राज्योंकी हस्ती मिट जायगी और मेवस्थानका स्वप्न सत्य हो जायगा। जब अलवरके मुसलमान सिपाही और सिविल अफसर भी बागी मेवोंसे जा मिले और सरकारी दफ्तरों तथा हिंदुओंके मकानोंमें आग लगाने और औरत-मर्द-बच्चोंको कत्ल करने लगे तो हालत काबूसे बाहर हो गई थी। क्या कनकजी इतनी जल्दी वे दिन भूल गये ? जिन मेवोंने बगावतका झंडा खड़ा किया, मेवस्थानकी स्थापनाके लिये युद्ध ठान दिया उनका दमन नही तो क्या पूजन किया जाता ? संसारमें विद्रोह विफल होनेपर विद्रोहियोंको फांसीकी डोरीपरही झूलना पड़ा है और उनकी जमीन-जायदाद जब्त कर ली गई हैं। यदि अलवर में राज्यके उलट डालनेके इरादेसे लड़नेवाले मेवोंका दमन किया गया तो इससे आश्चर्य, अन्याय और अधर्मकी बात ही क्या है ? अलवरके महाराजाने मेवोंको उजाड़नेके लिये क्या क्या योजना बनाई थी वह तो कनकजीही जाने, पर मेवोंकी मेवस्थान-योजनासे सारा देश परिचित है। हाँ, विद्रोहियोंके साथ औरत-बच्चोंका भी दमन करना किसी भी दृष्टिसे क्षम्य नही हो सकता। पर मेवोंने अन्य सम्प्रदायके औरत बच्चोंकी जिस निर्दयतासे हत्याएँ की थी उस के प्रतिशोधकी भावनासे यदि किसीने मेवोंके स्त्री-बच्चोंके साथ नृशंस व्यवहार किया हो तो यह मानवी निर्बलताका ही द्योतक है। चाहे किसी भी स्थितिमें क्यों न हो, हम औरत-बच्चों और निर्दोष व्यक्तियोंपर हाथ उठाना परले दर्जेकी कायरता और बदमाशी समझते हैं।

❀ ❀ ❀ ❀ ❀ ❀

हमारे सहकर्मी कनक मधुकरजी जोश और रोषमें आकर यह भूल गये कि उनकी लेखनी क्या रङ्ग ला रही है। उनको यह ध्यानही नही रहा कि वे अपनी मातृ-भूमिके माथेपर कैसा कलंक थोप रहे हैं ? कुशल यही है कि उनके अखबारका कोई विशेष मूल्य और महत्व नही है अन्यथा वह सारे विश्वमें भारत और भारत सरकारको कलंकित करनेके लिये काफी था। फिर भी जफरुल्ला खाँ और पाकिस्तानी नेताओंके लिये प्रोपगंडाका काम तो जरुर देगा। अफसोस है कि हिंदीके कुछ पत्रकार अपनी जिम्मेदारी समझतेही नहीं, जो मनमें आया अंटसंट लिख मारते हैं। इसीसे लोग उनकी बातोंकी उपेक्षा करनाही उचित

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

समझते हैं। पोलक साहबका "दक्षिण अफ्रिकामें गांधी" शिर्षक एक लेखका कुछ अंश "प्रवासी" के गताङ्कमें छपा है और उसका शेषांश इस अंकमें निकल रहा है। इस लेखसे यह मालूम होता है कि गांधीजी अतिश्योक्तिपूर्ण लेखको कितना बुरा समझते थे, उन्होंने पोलककी सम्पादकीय धर्मका उपदेश देते हुए कहा था कि उनको "लंडन टाइम्स" के अग्रलेखको अपना आदर्श बनाना चाहिये। यही कारण है कि "लंडन टाइम्स" के अग्रलेखका संसार का कोई भी राष्ट्र उपेक्षा नहीं कर सकता है।

❀ ❀ ❀ ❀ ❀ ❀

लार्ड माउन्टबेटनके बाद श्री चक्रवर्ती राजगोपालाचार्य भारतके गवर्नर-जनरल बनेंगे। हमारे देशके अखबार उनकी इस नियुक्तिपर खुशीका इजहार कर रहे हैं, पर अफसोस है कि हम उनके रागमें राग मिलानेमें असमर्थ हैं। हमारा खयाल है कि डाक्टर राजेन्द्र प्रसादजी इस पदप्रतिष्ठाके पात्र थे। राजाजीकी नियुक्ति भारतके दुर्भाग्य काही द्योतक है। इधर एक दशाब्दीका इतिहास हमारी इस भावनाका पोषक है। राजाजीही प्रथम काँग्रेसी हैं जिन्होंने मुस्लिम-लीगके प्रस्तावके अनुसार भारतका अङ्गभङ्ग कर पाकिस्तान बनाना उचित समझा। उन्होंने पाकिस्तानकी एक योजना बनाई जो "सी. आर. फर्मूला" के नामसे मशहूर हुई और उसे जिन्ना साहबकी खिदमतमें पेश की गई, लेकिन कायदे-आजमने उसे रद्दीके टोकरीके हवाले कर दिया। राजाजीकी इस हरकतसे काँग्रेस कर्मियोंमें हलचल मच गई और राजाजीको काँग्रेससे निकाल बाहर करनेकी आवाज उठी। प्रयागमें काँग्रेस कमेटी बैठी, राजाजी कमेटीका रुख देखकर स्वयं इस्तीफा देकर काँग्रेस से अलग हो गये। काँग्रेसने श्री जगतनारायण लालका अखण्ड भारतवाला प्रसिद्ध प्रस्ताव पास कर संतोष कर लिया। राजाजी काँग्रेससे निकलकर पाकिस्तानके प्रचारक बन गये। जहाँ लीगी मुसलमान इनका स्वागत-सत्कार करने लगे वहाँ भारतीय जनताकी ओरसे इनपर धिक्कारोंकी बौछार होने लगी थी। सार्वजनिक सभाओंमें जनता इनका विचार सुननेसे इन्कार कर देती और इनका अपमान तक करनेसे बाज न आती थी। महात्मा गांधीको एक वक्तव्य निकालकर जनताको शिष्टाचारका ध्यान दिलाना पड़ा था। सन १९४२ में जब काँग्रेसने ब्रिटिश सरकारसे अंतिम लड़ाई छेड़ी और सारे नेता पकड़कर जेलमें ठेल दिये गये तो राजाजी उन दिनों काँग्रेसको कोसनेमें ही व्यस्त रहे। महात्मा गांधीके प्रसिद्ध उपवासके समय राजाजी उनसे आगा खाँ महलमें मिले और उनपर ऐसा जादू डाला कि जो बापू भारत विभाजनको पाप कह चुके थे, वे पाकिस्तानके पोषक बन गये। फिर क्या था ? राजाजी निश्चिन्त हो गये और बापूकी कारामुक्तिकी प्रतीक्षा करने लगे।

विश्वयुद्धकी समाप्तिपर जब काँग्रेस नेता जेलसे छूटे और प्रांतिक धारा सभाओंके नवीन निर्वाचनकी घोषणा हुई तो राजाजी फिर सत्ताकी उपलब्धिके लिये काँग्रेसमें आ जुटे। उनको पक्का भरोसा था कि गांधीजीके आशीर्वादसे उनका सारा पाप कट चुका है और इस लिये वे पूर्ववत् मद्रासके प्रधान-मंत्री बनाये जायँगे। पर चुनावके बाद मद्रासियोंने राजाजीको अपना नेता और प्रांतका प्रधान मंत्री बनाना अस्वीकार कर दिया। तत्कालीन राष्ट्रपति मौलाना अबुल कलाम आजादकी तरफसे तारपर तार मद्रास पहुँचने लगे और मद्रासियोंको समझाया जाने लगा कि काँग्रेस-हाई-कमाण्ड राजाजीको मद्रासके प्रधान सचिवके आसनपर बैठाना पसंद करता है और यदि मद्रासियोंने हाई-कमाण्डकी राय और सलाहको न माना तो इसका नतीजा अच्छा न होगा और कि उनको हाई-कमाण्डसे सहयोग और सहायताकी आशा न करनी चाहिये। पर बाहरे दबाङ्ग मद्रासी ! वे अपने बातपर अड़े रहे और साफ जबाब दे दिया कि मद्रासने राजाजीको दूधकी मक्खीकी भाँति निकाल फेंका है और मद्रासके सार्वजनिक जीवनमें उनके लिये कोई स्थान न रहा।

उन्हीं दिनों बापू भी मद्रासके दौरेपर गये। उनपर यह आरोप लगाया गया कि वे राजाजीको मद्रासके सर मढ़नेके लिये प्रयत्नशील है। यद्यपि बापूने इस आक्षेपको निराधार बताकर मद्रासी नेताओंको फटकारा भी था और राजाजीकी भूरि भूरि प्रशंसा की थी तो भी मद्रासियोंपर कोई असर न हुआ और उन्होंने राजाजीको अपना सरदार बनानेसे साफ इन्कार कर दिया। जब बापू जैसे महापुरुषका प्रयत्न विफल हो गया तो राजाजीकी निराशा अपनी सीमातक पहुँच गई और उन्होंने बापूको एक पत्र लिखकर सार्वजनिक जीवनसे वैराग्य ले लेनेका संकल्प कर लिया

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

लोगोंने यह सोचकर संतोष कर लिया कि राजाजीके बेरायसे भारतका एक ग्रह टल गया।

पर राजाजीका संकल्प टिकाऊ नही हो सका। कांग्रेस-हाई-कमाण्ड मद्रासियोंको यह दिखा देना चाहता था कि जबतक राजाजीपर बापूका स्नेह भाव बना हुआ है तबतक उनका कोई कुछ बिगाड़ नही सकता। इस लिये जब केन्द्रमें राष्ट्रिय सरकार कायम हुई तो राजाजी मंत्री मंडलमें शरीक कर लिये गये। वे अपने प्रांतके प्रधान मंत्री नही बन पाये थे तो क्या हुआ, आखिर भारतके एक मंत्री तो बनही गये। फिर तो राजाजीकी तरक्की होती ही गई, केन्द्रके मंत्रीसे बंगालके गवर्नर बने और अब गवर्नर-जनरलकी गद्दी पर बैठेंगे।

पिछले दस सालके अंदर राजाजीके पतन और उत्थानका इतिहास अपना जोड़ नहीं रखता है। कॉंग्रेस के अनुशासन भङ्ग करनेके अपराधमें खरे और नारिमनके सार्वजनिक जीवनका विनाश हो गया, पर बापूके स्नेह-भाजन और समधी होनेके कारण राजाजीका एक बाल भी बाँका न होने पाया, उल्टे उनकी तरक्की होती गई और अब वे गवर्नर जनरलके सर्वोच्च पदपर प्रतिष्ठित हो गये। वाह रे राजाजीका भाग्य! कायदे आजम जिन्नाने भी राजाजीको बधाई दी है, यह रहस्य और महत्वकी बात है। जब राजाजीके हाथमें कोई सत्ता न थी तब वे भारत माताका कलेजा तश्तरीमें रखकर जिन्ना साहबको भेंट करनेसे बाज नही आये थे; फिर अब तो वे सत्ताधारी गवर्नर जनरल बन रहे हैं इस लिये कायदे आजम इनसे और भी कुछ पानेकी आशा रखते हों तो इसमें विस्मयकी बातही क्या?

❀ ❀ ❀ ❀ ❀

जर्मनीमें हिटलरकी मौतके बाद जब गोबेलने आत्मघात कर लिया तो सभीने सोचा कि इस युगका सर्वोपरि झूठा प्रचारक उठ गया। मगर लोगोंका यह ख्याल गलत साबित हुआ। पाकिस्तानमें 'डौन' के संपादक मियाँ अलताफ हुसेन तो गोबेलके भी चाचा निकले। यह अखबार पाकिस्तान सरकारके विचारोंका प्रतिनिधित्व करता है और झूठ बोलनेमें अपना जोड़ नही रखता है। झूठीसे झूठी बातें छापकर दुनियामें भारतको बदनाम करना ही "डौन" के जीवनका मकसद बन गया है। सीमाप्रांतके पठान लुटेरे और खूनियोंने काश्मीरमें बर्बरता और नृशंसताकी जो नंगी नुमायश दिखाई है वह दुनियामें अपने ढङ्गकी एकही है। हिंदू औरत-मर्द और बच्चे जिस बेरहमी से कत्ल किये गये उसके सामने चंगेज और हलाकूकी हत्याएँ भी फीकी पड़ गई लेकिन ईसाई और मुसलमान भी उनके अत्याचारसे नही बच पाये। बारमूलामें अंग्रेज ईसाइयोंका गिरजाघर जिस दुष्टतासे नष्टभ्रष्ट किया गया, धर्मनिष्ट सिस्टरोंकी जिस बेशर्मीसे इज्जत लूटी गई और अन्तमें जिस निर्दयतासे उनकी हत्या की गई उससे सारा संसार परिचित और क्रोधसे प्रकंपित हो उठा था। इस्लामके इन मुरीदोंने मसजिदोंको भी पाक-साफ नहीं रहने दिया, उनको जिनाकारीके लिये इस्तेमालमें लाया।

अब भारतीय सेना उन शैतानके बच्चोंकी शेखी धूलमें मिला रही है। हमारे सिपाहियोंके सामने उनकी सारी बहादुरी गायब हो रही है और वे मार खाकर मोर्चेसे भाग रहे हैं। हालहीमें राजौरीमें उनपर ऐसी मार पड़ी कि वे जान बचाकर सरपट भागे, पर भागनेसे पहले उन्होंने शहरका सर्वनाश कर डाला, हिंदुओंको कत्ल करके कुओंमें फेंक दिया और मुसलमानोंको लूट लिया। राजौरी के सर्वनाशपर सारे देशमें शोक छा गया। पर "डौन" इस पापको छिपानेके लिये एकसे एक बढकर झूठी कहानियाँ गढनेमें मशगूल है। पहले उसने यह खबर छापी कि भारतीय सेनाने राजौरीपर दखल करके चार हजार मुसलमानोंको अँधा बना डाला है—उनकी आँखें निकाल ली गई हैं, पर इसको साबित करना तो सहज नही था—कहाँसे चार हजार अँधे एकत्र किये जा सकते? इस लिये "डौन" ने अब एक नई कहानी गढ़ी है और उसे अपने मुख पृष्टपर बड़े बड़े अक्षरोंमें छापी है। इस कहानीको पढ़कर "डौन" की बनावटी बातपर हँसी भी आती है और गुस्सा भी आये बिना नही रहता है। वह लिखता है कि भारतीयोंने कुछ सिखोंको पठानके वेशमें राजौरी भेजा, उन्होंने पठानके रुपमें मुसलमानोंपर हमला किया, उनको तलवारका शिकार बनाया, उनकी औरतों की हुर्मत लूटी। जब उनका काम पूरा हो गया तब हिंदू डोगरा सिपाहियोंने उन बनावटी पठानोंपर धावा बोल दिया। पठान-रुपी सिख भाग गये। हिंदू सिपाहियोंने वहाँ पहुँचकर मुसलमान औरतोंके साथ बड़ी हमदर्दी जाहिर की और लूटेरे पठानोंको लानत-मलामत देकर उनको धैर्य बँधाया। कुछ मुस्लिम औरतें दिल्ली भी लाई

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गईं जहाँ हिंदुओंने उनकी दुर्गतिपर बड़ी सहानुभूति दिखाई। इस तरह उनके दिलपर यह असर डाला गया कि सरहदी पठान मुसलमान तो क्या, इन्सान भी नहीं, पक्के शैतान हैं। अब उन मुस्लिम औरतोंसे काश्मीरमें प्रोपगण्डा का काम लिया जा रहा है। उनको क्या मालूम कि हिंदुओंने अपना मतलब साधनेके लिये यह प्रपंच रचा है। उनकी दुर्दशा करनेवाले असलमें पठान नहीं, पठानके वेश में सिख थे। वे तो बस पठानोंके विरुद्ध प्रचार करती फिर रही हैं और उनको दोजखी शैतान तथा हिंदू सिपाहियोंको बहिश्ती फिरिश्ता कहकर मुसलमानोंपर कलंक लगा रही है।

क्या गोबेल ऐसा सफेद झूठ बोलनेका साहस कर सकता था? जब पंजाब और सीमाप्रांतमें हिंदू-सिख या तो कत्ल कर दिये गये अथवा वहाँसे निकाल बाहर किये तो स्वयं कायदे-आजमने दुनियाको बतलाया था कि पाकिस्तानको उजाड़ डालने और उसको बरबाद कर डालने के लिये यह हिंदुस्थानका षड्यंत्र है। इस दलीलको सुनकर सभी दङ्ग रह गये थे। पाकिस्तानको बरबाद करनेके इरादेसे पचास लाखसे अधिक हिंदू-सिख स्वयं उजड़ गये और आज राहके भिखारी बनकर भारतमें इधर उधर भटकते फिर रहे हैं। और अब काश्मीरमें पाकिस्तान और पठानोंको बदनाम करनेके लिये जो उपाय काममें लाये जा रहे हैं उन पर "डोन" की कहानी छपही गई। इन पाकिस्तानियोंकी दीन-इमान और भगवानका भी कुछ खयाल है या नहीं?



नेकीका बदला

सन् १९०६ की एक सन्ध्या। अस्ताचलकी ओर भुवन-भास्करका प्रस्थान। जूलूलैंडके पर्वत-शिखरोंपर सूर्य की अंतिम किरणोंकी अपूर्व झलक। उस समय एक अँगरेज-सिपाही, वर्दी पहने हुए, अपने स्थान पर, एक पत्थरकी मूर्त्तिकी भाँति, खड़ा था—वह पहरा दे रहा था।

यह उस समयकी घटना है जब विद्रोही जूलुओंने अँगरेजोंके साथ लड़ाई छेड़ी थी।

दक्षिण अफ्रिकाके इतिहासमें सन् १९०६ का यूलू विद्रोह एक महत्वपूर्ण अध्याय है।

यद्यपि जूलुओंके पास आधुनिक अस्त्र-शस्त्रोंका अभाव था, तथापि वे दल बाँधकर अचानक अँगरेजोंपर टूट पड़ते और तीरोंकी बौछारसे उनको पस्त करके चक्कर हो जाते। शक्तिशाली अँगरेज बहुत परेशान थे।

'जिमी' (यह उस सन्तरीका नाम था) अपने प्राणोंकी बाजी लगाकर 'ड्यूटी' पर डटा हुआ था; क्योंकि पल-पलपर जुलुओंके तीरके अचूक निशानेका खतरा था।

गोधूलीकी उस वेलामें सर्वत्र सन्नाटा छाया हुआ था—केवल 'टुगेला' नदीकी कलकल धारा उस शांतिको भंग कर रही थी।

उस घनीभूत अंधकारमें 'जिमी' ने एक अस्पष्ट आकृति देखी और वह उसे मानवी प्रतीत हुई। उसके चमड़ेकी पोशाकसे 'जिमी' ने फौरनही जान लिया कि यह कोई जूलू है, और उस समय जूलू लोग थे विद्रोही-अँगरेजोंके सत्रु।

जूलुओंके निर्दय व्यवहारकी कल्पना करतेही 'जिमी' के सारे शरीरमें कँपकँपी पैदा हो गई। उसने झट अपना रायफल सँभाला और निशाना ठीक कर लिया।

पर यह क्या? वह आगन्तुक, जो शायद उस पार जानेके लिये जलमें पैठा था, नदीकी अटूट धारामें पड़कर डूबने-उतरने लगा—उसकी जिन्दगी खतरेमें पड़ गई।

वह आदमी केवल चालीस गजकी दूरी पर हुआ रहा था। उसकी बुरी हालत देखकर 'जिमी' के हृदयमें दयाका संचार हो आया—मानवी भाव जाग उठा। उसने सोचा, सिपाहीसे पहले मैं मनुष्य हूँ।

रायफल तो उसने एक ओर फेंका और घोड़ेपर कसकर एड़ लगाई। दूसरेही क्षण घोड़ा छप-छप करता हुआ उस अभागेके समीप पहुँच गया।

वास्तवमें वह एक जूलूही था। उसने लपककर 'जीमी' के घोड़ेकी बागडोर पकड़ ली, और उसीके सहारे उस पार उतर गया।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तटपर पहुँचकर उसने 'जिमी' को विशुद्ध अँगरेजी में धन्यवाद दिया; और जबतक 'जिमी' उससे कुछ पूछ-ताछ करता तबतक वह चट्टानोंपर कूदता-फाँदता उस घने अंधकारमें लुप्त हो गया।

इधर 'जिमी' किंकर्त्तव्यविमूढ होकर इस आकस्मिक घटना पर विचारही करता रह गया।

(२)

दो सप्ताहके बाद!

'जिमी' उस घटनाको भूल-सा गया। जूलुओंका विद्रोह जारी था; किन्तु शनैः-शनै उनकी शक्ति क्षीण हो रही थी। उनके धावेकी गति भी मन्द पड़ गई थी।

कैम्पसे बाहर आज भी 'जिमी' का पहरा था।

रात्रिका प्रथम पहर था और आकाशमें चाँदनी छिटक रही थी। जूलुओंका उत्पात कम हो गया था। भय की कोई विशेष बात नहीं थी।

'जिमी' अपने स्थान पर खड़ा खड़ा थक गया—रुक गया। उसने जरा दिल बहलावके लिये घोड़ेको कुछ आगे बढ़ाया। घोड़ा मन्द गतिसे चल रहा था। 'जिमी' प्रकृतिका सौन्दर्य देखनेमें इतना तन्मय हो रहा था कि उसे अपनी देहकी भी सुधि नहीं थी। उसने अपना सिर तब उठाया, जब उसे मालूम पड़ा कि उसकी पीठसे कोई रायफल खींच रहा है।

वह चौंक पड़ा। पलक झपतेही उसने चार-पांच जूलुओंको अपने सामने पाया। उनके क्रोध-पूर्ण चेहरेसे घृणा बरस रही थी।

'जिमी' अवाक रह गया। उसने आत्मरक्षाका उपाय सोचा—कमरबन्दकी पेटीमें रक्खे हुए रिवाल्वरकी मूठ पर उसका हाथ पहुँच गया। उसने झपटकर पिस्तौल निकाला; किन्तु जबतक वह निशाना साध सके, तबतक उन विकराल आकृतिके आदमियोंने उसकी छाती पर बन्दूक भिड़ा दिया। वह किंकर्त्तव्य-विमूढ हो गया। रिवाल्वर उसके हाथसे छिन गया। वह घोड़ेसे नीचे गिरा दिया गया और उसके हाथ पैर मजबूत रस्सीसे बँध गये।

(३)

'जिमी' एक झोपड़ेमें कैद था—उसकी मुश्कें बँधी हुई थीं। सवेरा हो चला था।

"मेरे भाग्यमें यही बदा था। अन्ततः मैं जूलुओंके हाथोंमें पड़ ही गया। न जाने मेरी क्या दशा होगी—ये पाषाण-हृदय किस तरह मेरा वध करेंगे!"

यही सोचते-सोचते 'जिमी' ने लम्बी सांस ली। कुछ देर बाद आदमीकी आहट सुन पड़ी। एक जूलू ने उसके झोपड़ेमें प्रवेश किया। उसके एक हाथमें तीर था और दूसरेमें ढाल। एक लम्बी छुरी भी उसके कमरसे लटक रही थी। उसने 'जिमी' के पैरके बन्धन काट डाले, और अपने साथ आनेके लिये इशारा किया।

बाहर आते ही एक और जूलू 'जिमी' से टूटी-फूटी अँगरेजीमें बोला—"देखो, तुम हमारे सरदारके सामने हाजिर होने जा रहे हो, कोई बेअदबी न कर बैठना।"

सामनेके झोपड़ेमें प्रवेश करतेही पहरेदारने जूलू भाषामें अपने सरदारको झुककर 'सगबोना' (सलाम) किया और कहा—"हुजूरकी खिदमतमें कैदी हाजिर है।"

'जिमी' ने अपना मस्तक ऊपर उठाया और जूलुओं के सरदारको देखा। देखा और चकित हो गया! उसको ऐसा मालूम पड़ा कि उसकी आँखें शायद उसको धोखा दे रही हैं।

"जूलुओंका सरदार यह! अरे यह तो वही आदमी है जिसे मैंने नदीमें डूबनेसे बचाया था"—'जिमी' ने सोचा—"यदि इसने मुझे पहचान लिया तो प्राण बच जायँगे।"

सरदार अपनी जगह पर डटा हुआ था। उसने 'जिमी' पर एक तीखी निगाह डाली; पर उसकी हरकतोंसे यही मालूम हुआ कि वह 'जिमी' को मानो पहचानताही नहीं है!

वह सरदार क्रोधसे उन्मत्त हो उठा। उसने अपने आदमियोंको गरजकर कहा—"इस शैतानके शरीरमें शहद लपेटकर लाल चींटियों❀ के अहातेमें छोड़ दो। यह खयाल रहे कि इसके हाथ-पैरके बन्धन ढीले न होने पावें।"

'जिमी' की आशा मिट्टीमें मिल गई। उसके सामने निराशाकी अँधियारी छा आई। वह फौरन् पछाड़ कर बाँधा गया—उसके कपड़े उतार डाले गये—वह बिलकुल नंगा कर दिया गया।

एक जूलू मधुका कटोरा लाया और 'जिमी' की

❀ ये लाल चींटियाँ ऐसी होती हैं कि हाथी पर यदि हमला कर दें तो उसका बचना भी कठिन हो जाता है। फिर आदमीकी क्या बिसात! ये करोड़ोंकी तादादमें एक साथ रहती हैं।—ल०

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

देहमें पोतने लगा। 'जिमी' विचारमग्न था। वह सोचता था—"मुझसे कितनी बड़ी भूल हुई। क्या ही अच्छा होता, यदि उस दिन यह नरकका कीड़ा मेरे रायफलका निशाना बन गया होता। मैंने इसके साथ नेकी की, उसका यह बदला! घोर कृतघ्नता!"

असहाय 'जिमी' ने देखा, वह लाल चींटियोंके एक टीलेके पास पड़ा हुआ है। मीठेकी सुगन्ध पाकर चींटियोंकी फौज इकट्ठी होने लगी। उसने सोचा, किस असीम निर्दयतासे मुझे मौतके घाट उतरना पड़ेगा!

जब चींटियोंका दल उसके अत्यन्त समीप पहुँच गया, उसने आँखें बन्द कर लीं।

अकस्मात् जूलुओंका सरदार दौड़ता हुआ वहां आ पहुँचा। 'अँगरेज चढ़ आये'—चिल्लाते हुए उसने अपने आदमियों को तीर-ढालसे सज जानेकी आज्ञा दी।

जूलू-फौजमें खलबली मच गई—किसीका दिमाग दुरुस्त न रहा। 'जिमी' को सब भूलही गये। वह तो अपनी आँखें मूँदे अन्तिम कालकी प्रतिक्षा कर रहा था। आहट पाकर पलक उघारा तो जूलू-सरदारको सामने पाया। वह अपनी छुरीसे 'जिमी' के बन्धनोंको काट रहा था। क्षण मात्रमें 'जिमी' बन्धन मुक्त हो गया।

(४)

"अब कुछ विशेष कहने-सुननेका समय नहीं है। केवल इतनाही कहना काफी है कि यह तुम्हारी नेकीका बदला है। यदि अँगरेजोंके पास हृदय है, तो सारी जूलू जाति भी हृदय-हीन नहीं है।"—जूलू-सरदारने मीठे स्वर में कहा—"यह लो, तुम्हारा भरा हुआ रायफल और रिवाल्वर; इन्हें उठाओ और यहाँसे जल्द भागो। वह देखो, तुम्हारा घोड़ा भी कसा कसाया तैयार है।"

'जिमी' आश्चर्यमें डूब गया। वह उछलकर घोडेपर सवार हो गया और उसे सरपट दौड़ाया।

अँगरेजोंकी चढ़ाईकी बात मिथ्या थी, और जबतक जूलुओंकी सच्ची स्थितिका पता लगा तबतक तो 'जिमी' नौ-दो-ग्यारह हो चुका था।

'जिमी' अपने खेमे पर कुशल-पूर्वक पहुँच गया। एक सप्ताहके बाद उसे खबर मिली कि उस जूलू-सरदारको देशद्रोह और विश्वासघातके अपराधमें अपने जूलू-साथियों के तीरोंकी बौछारसे अपना प्राण विसर्जन करना पड़ा।

'जिमी' के मुखसे सहसा निकल पड़ा—'हाय, सहृदय जूलू-सरदार! तुमने नेकीका बदला चुकानेमें कैसे आत्मोत्सर्ग का परिचय दे डाला!"

—ब्रह्मदत्त भवानी दयाल



सम्पादकीय विचार

मोरिशसका नया शासन-विधान।

वर्षोंके निरंतर आंदोलनके पश्चात मोरिशसके भाग्य-विधाताओंका आसन डोला और उन्होंने वहांकी प्रजाको नवीन शासन-विधानकी सौगात देकर संतुष्ट करना आवश्यक समझा। यद्यपि यह नया विधान भी प्रवासी भारतीयोंकी हितदृष्टिसे अपर्याप्त एवं असंतोष-जनक है तो भी यह तो स्वीकार करनाही पड़ेगा कि इससे वहाँकी जनताके लिये राजनीतिक विकासका पथ प्रशस्त हो जायगा। इस विधानमें बालिग मताधिकारको अंगीकार नही किया गया है अन्यथा यह भारतीयोंके लिये भगवानका आशीर्वाद सिद्ध होता क्योंकि मोरिशसकी चार लाखकी आबादीमें तीन लाख हिंदुस्थानी हैं। अतएव बालिग मताधिकारका क्या परिणाम होगा इसका अनुमान कर लेना आसान है। इस विधानमें केवल शिक्षित व्यक्तियोंको मताधिकार दिया गया है। शिक्षित व्यक्तिमें उनकी गणना हो सकती है जो अंग्रेजी, फ्रेंच, हिंदी, गुजराती, तैलगू, उर्दू अथवा क्रिओल भाषाओंमेंसे किसी एक भाषामें पढ़ना-लिखना तथा अपनी सही बनाना जानते हों। फलतः पहले जहाँ १२,००० मतदाता थे वहाँ उनकी संख्या बढ़कर ७२,००० तक पहुँच गई है। इस त्रिटिश उपनिवेशका शासन अबतक गवर्नरकी एक कौंसिल द्वारा होता रहा जिसमें २७ सदस्य होते थे—१७ मनोनीत और केवल १० निर्वाचित। पर अब नये विधानके अनुसार ३९ सदस्योंमें १९ निर्वाचित सदस्योंकी संख्या यद्यपि पहलेसे दुगुनी हो गई है, तो भी मनोनीत सदस्योंकाही बहुमत रहेगा। इस विधानमें श्वेताङ्गोंके स्वार्थका विशेष ध्यान रखा गया है और लोकतंत्रका मजाक उड़ाकर भी प्रवासी भारतीयोंके नैसर्गिक

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अधिकारको कुचल दिया गया है। सन १९४० तक पिछले सौ सालके अंदर कौंसिलमें एक भी भारतीय निर्वाचित होकर नहीं पहुँच सका। दो मनोनीत सदस्योंमें एक महाशय तो पंद्रह सालतक अपने पदपर बने रहे। इसका मुख्य कारण यह है कि जब कोई भारतीय चुनावमें खड़ा होता था तो गौराङ्गोंके सभी दल एक मत होकर भारतीय मतदाताओंपर आर्थिक तथा अन्य प्रकारका ऐसा दबाव डालते कि उसका चुनाव असंभव हो जाता। भारत सरकारकी ओरसे सी रिडलीने वहाँकी स्थितिकी जाँचकर जो रिपोर्ट लिखी थी उससे गोरोंके हथकंडोंका परिचय मिल जाता है। वहाँ सुशिक्षित और सुयोग्य भारतीयोंकी कमी नहीं हैं। ऐसे अनेक विद्वान राजनीतिज्ञ भी हैं जो किसी भी देशकी शासन-सभामें शोभा-रूप हो सकते हैं, पर मोरिशसमें उनको अपनी योग्यता प्रकट करने का अवसरही नहीं दिया जाता है। वहाँके मुट्ठीभर गोरे अपना प्रभुत्व बनाये रखनेके लिये साम-दाम-दण्ड भेद आदि सभी उपाय काममें लाते हैं। कुली कवाड़ियोंकी औलाद उनके साथ कौंसिलमें कुर्सियोंपर बैठे, राजकाजमें राय और सलाह देवे और शासनमें हिस्सेदारीका दावा करे, यह बात भला गोरे प्रभुओंको कैसे बर्दास्त हो सकती है? इस लिये मोरिशसमें भारतीयोंको प्रवास करते १० वर्ष हो गये, पर उनकी हालत "लकड़हारे और पनिहारे" से अच्छी नहीं होने पाई। लोकतंत्रका तो यह सर्वोपरि सिद्धांत है कि शासन-सूत्र प्रजाके बहुमतके हाथमें होना चाहिये और इस लिहाजसे मोरिशस पर भारतीयोंकाही आधिपत्य होना चाहिये, पर नवीन विधानको इस ढंगसे गाढा गया है कि श्वेताङ्ग अल्पमतही वहाँका सर्वेसर्वा होगा और भारतीय बहुमत उसका मुहताज। यही तो ब्रिटिश नीति है। यद्यपि लोकतंत्रकी आवाज उठानेमें अंग्रेजोंकी आवाज सबसे ऊँची रहती है तो भी जहाँ उनके स्वार्थका सवाल आ पड़ता है वहाँ लोकतन्त्रका गला घोटनेमें उनको कुछ भी संकोच नहीं होता। हम दक्षिण अफ्रिका, आस्ट्रेलिया, कनाडा और न्यूजीलेण्डकी वर्णविद्वेषमूलक नीतिके सम्बधमें यह मान लेते हैं कि वे स्वराज प्राप्त देश हैं, उनके आंतरिक मामलोंमें ग्रेट ब्रिटेनको हस्तक्षेप करनेका अधिकार नहीं है, और इस लिये उनकी करतूतोंके लिये वह जिम्मेदार नहीं हो सकता। पर मोरिशस, पूर्व अफ्रिका, रोडेसिया, फिजी, ब्रिटिश गायना, ब्रिटिश वेस्ट इंडीज आदि तो अंग्रेजोंके खास उपनिवेश (क्राउन कलोनी) हैं, उनके शासनकी बागडोर लंडनके कलोनियल आफिसके हाथमें हैं, पर इन क्राउन-उपनिवेशोंमें कहीं भी भारतीयोंके साथ समानताका व्यवहार नहीं होता है, सर्वत्र लोकतंत्रकी आवहेलना की जा रही है। भारतीय बहुमतको अल्पमतकी स्थितिमें रखा जाता है और श्वेताङ्गोंके अल्पमतको बहुमतकी सत्ता सौंपी जाती है। मोरिशसका ताजा विधान भी इसी ब्रिटिश नीतिका एक नमूना है।

मोरिशसमें भारतीयोंका प्रवास।

मोरिशस हिंद महासागरमें ७२० वर्गमील का एक द्वीप है। यहाँ खासकर गन्नेकी खेती होती है, इस लिये इसको 'शक्करकी भूमि' भी कहते हैं। डार्विनने तो एकवार इसे 'स्वर्ग' की उपमासे अलंकृत किया था। सबसे पहले डचोंने सन १५९८ में मोरिशसपर दखल जमाया और लगभग एक सदीतक उससे फायदा उठाया। सन १७१० में डच इस उपनिदेशको छोड़कर चले गये और सन १७१५ में फ्रांसिसियोंने इसपर कब्जा कर लिया। नतीजा यह हुआ कि अंग्रेजोंके वे जहाज जो इङ्गलेण्डसे भारत आया-जाया करते थे, फ्रांसिसी दरियाई डाकुओंके शिकार होने लगे। यही द्वीप उन डाकुओंके रहने, अंग्रेजी जहाजोंपर हमला करने और लूटका माल छिपानेका केन्द्र बन गया। इससे अंग्रेजों का जलमार्गही खतरेमें पड़ गया। अतएव सन १८१० में अंग्रेजोंने आठ हजार भारतीय सिपाहियोंको लेकर मोरिशसपर धावा किया और उसपर अधिकार जमा लिया। तभीसे मोरिशस एक ब्रिटिश उपनिवेश बन गया। प्रवासी भारतीयोंके लिये यह अभिमानकी बात है कि मोरिशसको फतह करनेवाले हिंदुस्थानी सिपाही थे और उसको आवाद करने वाले भारतीय मजदूर। सन १८३८ में सबसे पहले गिरमिट लिखा कर इसी द्वीपमें भारतीय मजदूर भेजे गये थे और उन्हींके श्रमसे वह 'शक्करका भंडार' तथा 'स्वर्ग' की पदवी पा सका। पहले जत्थेमें केवल ७५ मजदूर गये थे। पर वे ऐसे उपयोगी सिद्ध हुए कि उनकी अधिकसे अधिक संख्या में माँग होने लगी और सन १८४६ में ५६,२४५, सन १८५१ में ७७,९९६, सन १८६१ में १९२,६३४, सन

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

१८७१ में २१६,२५८, सन १८८१ में २४८,९९५, सन १८९१ में २५५,९२० और सन १९०१ में २५९,०८६ तक उनकी संख्या पहुँच गई। इस प्रकार हिंदुस्थानसे जो लोग मोरिशस भेजे गये उनकी मदद और मेहनतसे वहाँके श्वेताङ्गोंने अपनी खेती और कारबार खूब बढ़ाया। उसके फल स्वरुप वे मालदार बन गये। पर राजनीतिक क्षेत्रमें भारतीयोंको गुलाम बनाये रखनाही अंग्रेजोंका लक्ष्य रहा। इसके सबूतमें वहाँके वोटरोंकी संख्या दे देनाही काफी है। चार लाखसे अधिककी आवादीमें लगभग १२,००० मतदाता है। दस हजार गोरोंमें तीन हजार, एक लाख रंगीनोंमें चार हजार और तीन लाख भारतीयोंमें केवल तीन हजारके करीब वोटर हैं। इस वैषम्यका मूल कारण अंग्रेजोंकी वर्ण विभेद मूलक नीति ही है।

मोरिशसमें नवजागरण।

श्री मणीलालजी

श्रीमणीलाल डाक्टरने वहाँके प्रवासी भारतीयोंमें समाज-सुधार एवं राजनीतिक-चेतना उत्पन्न करनेकी पूरी कोशिश की थी। एक सनातनी होते हुए भी उन्होंने प्रवासियोंकी हितदृष्टिसे आर्यसमाजकी स्थापना की और राजनीतिक जागरणके विचारसे "हिंदुस्थानी" नामक अखबार निकाला था। पर उनके स्वदेश लौट आनेपर राजनीतिक जीवनकी प्रगति रुकसी गई। वहाँके स्वयंभू भारतीय नेता सरकार और श्वेताङ्गोंकी खुशामत करना और उनका हुक्म बजा लानाही अपना सर्वोत्तम कर्तव्य समझते रहे और यदि उनके अनुग्रहसे कोई पद प्रतिष्ठा मिल गई तो उसे अपने सौभाग्यकी पराकाष्ठा मानते रहे। पर अभी द्वितीय महायुद्धसे कुछ पहले मोरिशसके एक भारतीय अध्यापक भारत आये—विशेष विद्यार्जनके अभिप्रायसे और कलकत्ता विश्वविद्यालयके एम. ए. की परीक्षामें सफलता पूर्वक उत्तीर्ण हुए। नाम है उनका प्रोफेसर बसुदेव विष्णुदयाल, एम. ए.। सन १९३९ में कलकत्ते में उनसे मेरी मुलाकात हुई थी और मोरिशसके मजदूरोंकी समस्यामें उनका अनुराग देखकर मुझे विश्वास हो गया था कि यदि इस तरुणने सार्वजनिक जीवनको अपनाया तो मोरिशसका नकशाही बदल जायगा। विष्णुदयालजी एम. ए. पासकर मोरिशस लौटे, यदि वे चाहते तो उनको कोई अच्छी नौकरी पानेमें देर और दिक्कत न होती, पर उन्होंने जनसेवा का व्रत धारण कर लिया और अपने दलित देशवासियोंके उद्धारमेंही अपने जीवनको उत्सर्ग कर देना श्रेयस्कर समझा। उन्होंने मजदूरों और छोटे मोटे किसानोंको उठाने और आगे बढ़ानेका कार्य आरंभ कर दिया। इससे वहाँकी सरकार, सरकारके चापलूस और मालदार चौंक उठे, उनको विशुनदयालजीके आंदोलनमें खतरा दिखाई पड़ा। गवर्नरने इनके विरुद्ध कौंसिलमें जहर उगला, सत्ताधारियोंने सभा करनेके अपराधमें कईवार इनको जेलमें ठेला और इनके भाई और मित्रको गुण्डोंसे पिटवाया भी गया। मतलब यह कि हर प्रकारसे इनको और इनके आंदोलनको कुचल डालनेकी कोशिश की गई, पर सब बेकार। आपतियोंकी आँधीसे आंदोलनका रुप और भी उग्र हो उठा, संकटोंने इनका साहसही बढ़ाया। हमारे आराम-कुर्सीपर बैठकर लीडरी करनेवाले भारतीय नेता भी इनके वैरी बन बैठे हैं क्योंकि उनकी नेतागीरी सरकार और श्वेताङ्गोंके अनुग्रहका नतीजा है। उनको अब यह देखकर स्वभावतः ईर्षा होती है कि विष्णुदयालजीका नेतृत्व सरकार और श्वेतांगोंकी नहीं, भारतीय जनताकी देन है, उनकी सेवासे संतुष्ट होकर जनताने स्वयं उनको अपना नेता बनाया है—वे दूसरोंकी भाँति जनतापर थोपे नहीं गये हैं।

प्रो० विष्णुदयाल

भारतीय उम्मेदवार।

नवीन विधानके अनुसार जुलाईमें जो निर्वाचन होगा उसमें विष्णुदयालजीके दलकी तरफसे श्री सुखदेव बालगोविंद, श्री सुखदेव विष्णुदयाल और श्री दयानंद रामदीन उम्मेदवार खड़े हो रहे हैं। सन १९४६ में

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

श्री बालगोविंद

फरवरीमें श्री सुखदेव बालगोविंदने एक सभा की थी जिसमें बालिग मताधिकारकी माँग की गई थी। उसी दिन सभाके बाद वे और उनके सहकर्मी श्री सुखदेव विष्णुदयाल शहरमें गुण्डोंके द्वारा पीटे गये थे। यह बात सरकारसे छिपी नही रही कि वे गुण्डे कौन थे, पर उनके विरुद्ध कोई कानूनी कार्रवाई नही की गई। इसी प्रकार कोविलास नामक व्यक्तिने एकबार किसी गोरे पर प्रहार किया था, यद्यपि गोरा बाल-बाल बच गया, तो भी उसे बीस सालका कारादंड मिला था। कोविलास जेलकी यातनाएँ नही सह सका और उसने आत्म हत्या कर ली। इस न्याय वैषम्य पर जनताको आश्चर्य हुए बिना न रहा।

श्री बालगोविंद पूर्वोत्तर इलाकेसे खडे हुए हैं और दक्षिण इलाकेसे उम्मेदवार हैं श्री सुखदेव विष्णुदयाल जो प्रोफेसर बसुदेव विष्णुदयालके अनुज हैं।



एस. विशुनदयाल

वे पिछले दो तीन सालसे वहाँ की जनतामें राजनीतिक चैतन्यता उत्पन्न करनेमें कटिबद्ध हैं। मोरिशसके सभी केन्द्रोंमें सभाएँ करके उन्होने रॉयल कमीशन और वयस्क मताधिकारकी माँग की थी। गुण्डोंके प्रहारके ठीक सालभर बाद सन १९४७ में इनको जेलकी सजा भी हुई। हिंदी, अंग्रेजी और फ्रेंचमें इनके लेख मोरिशसके अखबारोंमें छपा करते हैं जिनको सभी चावसे पढ़ते हैं। साम्प्रदायिक राजनीतिको वे राष्ट्रीय जीवनके लिये क्षयरोगके कीटाणुकी भाँति घातक मानते हैं, इस लिये मुसलमान और क्रिओल मतदाता भी इनकी उम्मेदवारीका समर्थन कर रहे हैं। पर इनके विरोधमें प्रचंड शक्तियां काम कर रही हैं, सत्ताधिकारी और प्रतिक्रियावादी इनको पछाड़नेके लिये नाना प्रकारके दाँव-पेच चला रहे हैं।

दक्षिण इलाकेसे श्री दयानंद रामदीनके भी खड़े होने की खबर है। विष्णुदयालजीके आंदोलनमें इनका भी पूरा अनुराग रहा है। मोरिशस कालेजमें इनको शिक्षा मिली है, सेवा-समितिके संचालनमें यह विशेष भाग लेते हैं, हिंदी भाषापर श्रद्धा रखते हैं। यह भी अफवाह है कि बैरिस्टर रामखेलावन ब्रुधनकी पत्नी उत्तरीय इलाकेमें उम्मेदवार होंगी। अन्य भारतीय उम्मेदवारोंके बारेमें अभी कुछ कहना कठिन है। वे दुविधामें पड़े हुए हैं। हमें आशा है कि वहाँके वोटर श्रीबालगोविंद, श्रीविष्णुदयाल और श्रीदयानंदको चुनकर अपनी दूरदर्शिता और राजनीतिज्ञताका परिचय देंगे क्योंकि ये तीनों नवीन युगके संदेशवाहक हैं।

क्या मोरिशसपर हिंदुस्थानकी दृष्टि है?

इस विषयपर हमारा अंग्रेजी अग्रलेख इसी अंकमें प्रकाशित हो रहा है। लंडनसे खबर आई है कि मोरिशसके नये चुनावका परिणाम सोचकर वहाँके अंग्रेजोंमें हड़कंप मच गया है। "डेली मेल" जैसा प्रभावशाली पत्रने "क्या मोरिशसपर भारतकी आँख लगी है" शीर्षक विशेष लेख प्रकाशित किया है। लोकतंत्रकी डींग हाँकनेवाले इन स्वार्थी अंग्रेजोंका ख्याल है कि यदि जुलाईके निर्वाचनमें भारतीयोंका बहुमत हो गया और उन्होंने मोरिशसको भारतके साथ सम्मिलित करनेका प्रस्ताव पास कर लिया तो क्या होगा इसका नतीजा? इसी चिंतामें उनकी नींद हराम हो रही है।

मोरिशसमें भारतीयोंके नागरिक एवं नैसर्गिक अधिकारोंकी अवहेलना होते देखकर भारत सरकारका चिंतित होना स्वाभाविक ही है। हालहीमें यह घोषणा की गई है कि प्रवासी भाइयोंके स्वत्वोंकी निगरानी और रक्षाके लिये भारत सरकार वहाँ अपना एक एजेन्ट रखेगी। यह कोई ऐसी बात नहीं है कि भारत सरकारकी नीयतपर कोई संदेह किया जा सके, पर 'चोरकी दाढीमें तिनका' वाली लोकोक्तिके अनुसार अंग्रेज इसमें भी गुप्त रहस्यकी झलक देख रहे हैं। उनके साम्राज्यवादी दृष्टिकोणसे मोरिशसको हड़प लेनेके लिये भारतकी यह राजनीतिक चाल है। वे

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

लंडनके कलोनियल आफिसको कोस रहे हैं कि उसने वहाँ भारतको अपना एजन्ट रखनेकी मँजूरी क्यों दे दी ? उनकी रायमें भारतीय एजन्ट वहाँ पहुँचकर भारतीय लोकमतको ऐसा संगठित करेगा कि आखिर मोरिशस भारतका एक अंग बने बिना न रहेगा । अंगरेजोंने अपने साम्राज्य विस्तारके लिये जिन हथकंडोसे काम लिया था, वे सोचते है कि मोरिशसके मामलेमें भारत भी उन्हींका अनुसरण कर रहा है । इस लिये लंडनमें आजकल मोरिशसकी विशेष रुपसे चर्चा हो रही है ।

पर असल बात तो यह है कि भारतीयोंको अपनी राजनीतिक, आर्थिक एवं सामाजिक स्थितिको उन्नत करनेकी जितनी चिंता है उतनी मोरिशसको भारतके साथ मिलानेकी नहीं । भारत सरकार भी यह सोचकर वहाँ एजेन्ट रखना आवश्यक समझ रही है कि उसीके पूर्वाधिकारियोंने भारतीयोंको गिरमिटकी गुलामीमें वहाँ भेजा था और अबतक उनके हक और हितोंकी जो उपेक्षा की गई है वह किसी भी दृष्टिसे क्षम्य नही है पर भविष्यमें, भारतमें राष्ट्रिय सरकारकी स्थापनाके बाद, भी उनकी अवहेलना करते जाना राजनीतिक दृष्टिसे वह अपराध होगा जिसका कोई प्रायश्चित नही ।

मोरिशसका भविष्य क्या होगा, यह कहना तो कठिन है, पर यदि संसारमें लोकतंत्र जीवित रहा, अधिनायकवाद (डिक्टेटरशीप) का बोल बाला न होने पाया तो मोरिशसका शासन-सूत्र प्रवासी भारतीयोंके हाथमें अवश्य आवेगा—चाहे शीघ्र अथवा देरसे । अभी तो वहाँ लोकतंत्रकी स्थापनाही सबको अभीष्ट है और इसी कार्यमें सारी शक्ति लगानी चाहिये । वहाँका नया शासन विधान वास्तवमें लोकतंत्रका सोपान नही, उसका उपहासजनक अपमान है ।

मोरिशस और बिहार ।

मोरिशसके भारतीयोंमें बिहारियोंकी संख्या भारत के अन्य प्रांतोंके निवासियोंसे अधिक है । इस लिये पटनाके 'सर्चलाइट' ने अपने एक अग्रलेखमें मोरिशसकी वर्तमान स्थितिकी चर्चा करते हुए इस बात पर विशेष जोर दिया है कि भारत सरकार वहाँ जो एजन्ट नियुक्त करना चाहती है वह बिहारका निवासी होना चाहिये । हमारे ख्यालमें "सर्चलाइट" का यह प्रस्ताव युक्तियुक्त है और इसपर भारत सरकारको अवश्य ध्यान देना चाहिये । बिहारमें ऐसे अनेक व्यक्ति मिल सकते हैं जो इस पद प्रतिष्ठाके पात्र हैं । अबतक विदेशोंमें जितने राजदूत और एजन्ट चुने गये हैं उनमें एक भी बिहारी नही है, यह बात बिहारियोंको खटक रही है । अतएव मोरिशसके लिये बिहारी प्रतिनिधि चुननेमें जहाँ बिहारी जनताको संतोष हो जायगा वहाँ मोरिशसके अधिकांश प्रवासी भाई भी अपने प्रांतका एजन्ट पाकर खुशीका इजहार करेंगे । आशा है कि भारत सरकार बिहारियोंकी भावनाकी उपेक्षा न करेगी ।

जनरल स्मट्सकी राजनीतिक मौत ।

दक्षिण अफ्रीकाकी यूनियन पालामेंटका नया निर्वाचन हो गया । इस चुनावमें जनरल स्मट्सकी करारी हार हुई है और डा० मलानकी शानदार जीत । इंगलैण्डके पिछले चुनावमें चर्चिलकी जो गति हुई थी, उससे कहीं अधिक दुर्गति दक्षिण अफ्रीकाके चुनावमें जनरल स्मट्सकी हुई है । चर्चिलकी टोरी पार्टी पराजित हुई थी, स्वयं चर्चिलकी पराजय नही हुई थी—अपने इलाकेमें वे भारी बहुमतसे चुने गये थे, पर स्मट्स तो पार्लामेंटमें अपनी कुर्सी भी खो बैठे, उनका प्रतिद्वन्दी उनको अपने ही क्षेत्रमें पछाड़ दिया । एक विश्वविख्यात राजनीतिज्ञके लिये इससे बढ़कर अप्रतिष्ठा की बात और क्या हो सकती है ? सच पूछिये तो उनकी राजनीतिक मौत हो गई है । पर उनकी इस मौतपर ब्रिटिश साम्राज्यवादियोके सिवा और कौन मरसिया गावेगा तथा आँसू बहावेगा ? प्रवासी भारतीयोंके साथ जनरलने जो नृशंस व्यवहार किया है, घेटो कानून बनाकर उनको अछूतोंसे भी अधम स्थिति में पहुँचा दिया है और इस प्रकार भारतका जो खुल्लमखुल्ला अपमान किया है उसे क्या कभी हम भूल सकते हैं ? भारतीयोंकी पीढ़ी-दर-पीढ़ी उनके नामपर थूकती रहेगी । कहा जाता है कि जिस मलानके हाथमें शासन-सूत्र जा रहा है वह तो जनरलसे भी बढ़कर अफ्रिकन एवं एशियन जातियोंका विरोधी है । इस लिये हमें यह नही समझ लेना चाहिए कि जनरलकी हारसे प्रवासी भारतीयोंकी हालत सुधरेगी और दक्षिण

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अफ्रीका तथा भारतके बीच पड़ी हुई उलझनें सहजही सुलझ जायँगी

बात बिल्कुल ठीक है। पर हमें यह नही भूलना चाहिये कि सन् १९२४ में सबसे पहले स्मट्सने ही भारतीयोंको अछूतोंकी भाँति निर्धारित क्षेत्रमें बसानेके लिये कानून बनानेकी कुचेष्टा की थी लेकिन कानून पास होनेसे पहले ही उनके भाग्यका सितारा डूब गया था, पार्लामेन्टके निर्वाचनमें वे बुरी तरह पराजित हुए थे और उनके हाथसे शासन-सूत्र जनरल हर्टजोग और उनके साथी यही डाक्टर मलानने छीन लिया था। उस समय भी लोग यही सोचकर आतंकित और विचलित हो उठे थे कि हर्टजोग-मलानका रुख तो प्रवासी भारतीयोंके प्रति और भी कठोर है। पर शासनकी जिम्मेदारी उनपर आते ही उन्होंने भारतसे वैर ठानना उचित न समझा और सन् १९२७ के प्रथम सप्ताहमें भारतसे संधि कर ली जो 'केपटाउन अग्रिमेंट' के नामसे मशहूर है। यह भी नही भूलना चाहिये कि जबतक हर्टजोग और मलानके हाथमें सत्ता रही उन्होंने इमान्दारीसे संधिकी शर्तोंका पालन किया था। सन् १९३८ में द्वितीय विश्वयुद्ध छिड़ते ही स्मट्स छल-कपट और विश्वासघातके सहारे फिर दक्षिण अफ्रीकाके सर्वेसर्वा बन बैठे और जबसे इनके हाथमें सत्ता आई तभीसे भारतीयोंपर विपत्तियोंके बादल मँडराने लगे। सन् १९२४ में स्मट्सकी जो आकांक्षा अधूरी रह गई थी, सन् १९३९ में शासनाधिकार पाते ही उन्होंने उसकी पूर्तिके लिये नाना प्रकारका जाल रचना शुरू कर दिया और अंतमें घेटो कानून बनाकर भारतीयोंके सर्वनाशका पाप कमा कर ही दम लिया।

मलान भारतीयोंका विकट विरोधी है अवश्य पर स्मट्सकी भाँति धूर्त, विश्वासघाती और कूटनीतिज्ञ नहीं। वह तो साफ-साफ कहता है कि दक्षिण अफ्रिकामें श्वेतांग ही सत्ता भोगने और शासन करनेके अधिकारी है, अन्य सभी रंगके आदमियोंको उनका गुलाम बनकर ही रहना पड़ेगा—उनको किसी भी हालतमें बराबरीका अधिकार नही मिल सकता है। पर स्मट्स एक तरफ तो मानवी स्वाधीनता, विश्व-बंधुत्व और लोकतन्त्रका राग अलापा करते थे और दूसरी ओर इस पवित्र सिद्धांतका गला घोटनेमें बाज नही आते थे। इस वृद्धावस्थामें, स्वर्ग सिधारनेका समय समीप होते हुए भी, राजगद्दीके लोभमें आकर उन्होंने घेटो-एक्ट क्या बनाया मानो मानवताका श्राप कमाया और अपने नामपर कलंकका कालिमा लगा लिया है। पर हाय रे भाग्यकी विडंबना! जिस सत्ता के लिये जनरलने जीवनके इस अंतिम चरणमें पापका इतना भारी बोझ सिरपर लाद लिया वह सत्ता भी नही रहने पाई—वह इनको अंगूठा दिखाकर मलानके पास चली गई। स्मट्सकी आज यही हालत हो रही है—

"न खुदाही मिला, न बिसाले सनम्,
न इधरके रहे न उधरके हुए।"

सत्ता भी गई और विश्वमें कोई महत्ता भी नही रही।

प्रवासीकी आत्मकथा।

दिल्लीसे "प्रवासीकी आत्मकथा" प्रकाशित हो गई, दो सालका मेरा श्रम सार्थक हो गया। इस ग्रंथपर कुछ कहनेका न मुझे अधिकार है और न आवश्यकता ही। यह टिप्पणी मैं लाचार होकर लिख रहा हूँ, प्रकाशककी एक अक्षम्य असावधानीकी तरफ ग्रंथके पाठकोंका ध्यान दिलानेके लिये। जब कलकत्तामें प्रवासी बंधुओंके पुराने सेवक रायबहादुर श्र रामदेव जी चोखानीने मुझसे शिकायत की कि उनको जो कापी भेंट की गई है उसमें डाक्टर राजेन्द्र प्रसादजीकी भूमिकाकी सिर्फ अंतिम आधी दर्जन पंक्तियाँ छपी है, उसके प्रारंभिक अंशका कहीं पता-सुराग नही है तो बड़ा आश्चर्य हुआ कि उनकी ही कापीमें ऐसा गोरख-धंधा कैसे हो गया? खैर, मैंने उनसे यही निवेदन किया कि दिल्लीसे दूसरी कापी शीघ्र उनके पास पहुँच जायगी और वे अपनी कापी प्रकाशकके पास लौटा दें ताकि प्रकाशकको अपने कर्मचारियोंकी लापर्वाहीका परिचय मिल जावे। पर चोखानीजीने दूसरी कापी पाकर अपनी कापी प्रकाशकके बदले मेरे पास वापस कर दी। उसे देखकर मैं दङ्ग रह गया। 'भूमिका' के स्थानपर 'सम पर्ण' छपा है और उसीके दूसरे पन्नेमें भूमिकाका अंतिम अंश। चोखानीजीकी शिकायत बिलकुल सही निकली पुस्तकके प्राणरुप भूमिकाकी जैसी दुर्गति की गई है वह इतने बड़े और समृद्ध प्रकाशकके लिये गौरवकी बात नहीं

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

है। मैंने अपने पास आई हुई कापियोंकी जाँच करवाई तो उस तरहकी और भी अनेक प्रतियाँ मिली जिनको मैं प्रकाशकको भेंट करूंगाही; पर इस गोरखधंधाका पता लगनेसे पहले लगभग १०० कापियाँ देश-बिदेशोंमें भेज चुका हूँ उनकी चिंता मुझे बेचैन बना रही है। मैंने इस तरहकी लापर्वाहीकी कभी कल्पना भी नहीं की थी। जो कापियाँ यहाँसे बाहर भेजी जा चुकी हैं उनमें भी यदि कुछ कापियोंकी भूमिकाकी इस तरह हजामत बनाई गई हो तो विस्मयकी बातही क्या है? अतएव जिनकी सेवामें प्रवासी-भवनसे आत्मकथाकी कापियाँ गई हैं उनसे मेरी विनम्र प्रार्थना है कि वे अपनी कापीको देख लेनेकी कृपा करें। यदि किसीके पास भूलसे भूमिका-विहीन भ्रष्ट कापी चली गई हो तो उसको फौरन मेरे पास लौटा दें, उनकी सेवामें दूसरी मुकम्मल कापी पहुँच जायेगी।

'प्रवासी' की परिस्थिति।

समयकी पावंदी सफलताकी कुँजी है और उसकी अवहेलना अधोगतिकी निशानी। इस लिये मेरी यह सतत चेष्टा रही है कि "प्रवासी" प्रतिमास एक निर्धारित समयपर निकल जाया करे। हमारे सामने अनेक कठिनाइयाँ हैं। मुद्रणकी मशीन भी नही है। कई मास हुए, कलकत्तामें एक ट्रेडल मशीन खरीद ली गई है, पर उसको अजमेर लानेके लिये रेलगाडीमें जगह नही मिलती है। रेलवे अधिकारियों को लिख-लिखकर थक गये लेकिन कहीं कोई सुनवाई नही। कुछ लोग मजाकमें पर सत्यही कहते हैं— "भाई साहब! अब अंग्रेजोंका शैतानी राज नही रहा जिसके विरुद्ध आपकी लेखनी और वाणी कभी विश्राम नही लेती थी। यह तो आपका स्वराज है। स्वराजमें सभी अपने अपने घर और दफ्तरके राजा है। फिर शिकायत कैसी और किसकी? यदि आपको अपना काम करा लेना अभीष्ट है तो जाकर उस महकमेके चपरासीसे लेकर ऊँचे अमलदारोंसे मिलिये, उनकी मुट्ठी गर्म कर दीजिये और फिर देख लीजिये कि रेलगाड़ीमें किस तरह जगह बन जाती है और आपकी मशीन कितनी जल्दी अजमेर पहुँच जाती है। यदि आपको भ्रष्टाचार मंजूर नहीं तो बैठे रहिये वर्षों और करते रहिये मशीनकी प्रतीक्षा। कलेजा थामकर ऐसी बातें सुनता हूँ और सिरकुः लेता हूँ। स्वदेशकी ऐसी अधोगति? स्वराजमें सत्ता धारियोंका ऐसा पतन? चारों तरफ रिश्वतखोरीक बाजार गरम।

खैर, मशीनके अभावमें भी 'प्रवासी' के प्रकाशनमें विलंब न होता क्योंकि फाइन आर्ट प्रिंटिंग प्रेस के मनैजिंग-डायरेक्टर श्री मथुरा प्रसादजी शिवहरेकी "प्रवासी" पर विशेष अनुकंपा है और वे प्रेसके अन्य आवश्यक कामोंके बावजूद भी "प्रवासी" के काम्को तरजीह देते हैं।

पर इधर कुछ दिनोंसे प्रेसपरही 'ग्रहण' लग रहा है। जिस बिजलीकी शक्तिसे प्रेसकी मशीनें चलती हैं, उसीकी अजमेरमें इस समय बडी डॅवाडोल स्थिति है। कहते हैं कि बिजलीके उत्पादनके लिये जिस तेलकी आवश्यकता है वही घट गया है। इस लिये इधर मकानोंमें रोशनीके सिवा अन्य सभी कार्योंके लिये कई दिनोंतक बिजली देना बंद कर दिया जाता है। फलतः "प्रवासी" का मैटर कम्पोज होकर हफ्तों पड़ा रहता है, मशीन चलती नही, कर्मचारी बेकार बैठे रहते हैं।

हम अपने पाठकोंको विश्वास दिलाते हैं कि यदि प्रेसको बिजली मिलती होती तो "प्रवासी" समयपर निकलता, एक दिन भी लेट न होने पाता। पर हम करें तो क्या? स्वराजका मजा चख रहे हैं।

कलयंत्रीजीका पुत्रशोक।

हमें यह जानकर हार्दिक दुःख हुआ कि राजस्थान के पुराने नेता श्री कन्हैयालाल कलयंत्रीके होनहार पुत्र कुँवर नरेंद्र विजयका देहांत हो गया। कलयंत्रीजी और उनकी पत्नीको अपने सुशील पुत्रके विछोहसे जो व्यथा हुई है उसकी कल्पना कठिन नही है। ईश्वर दिवंगत आत्माको शांति देवे और कलयंत्रीजीको यह संताप सहनेकी शक्ति

प्राप्ति-स्वीकार

(१) बिहार चर्खा कंबल आश्रम, हरिहरगंज, पोस्ट नासरीगंज, जिला शाहाबाद (आरा), बिहारसे हमें एक सुंदर आसनी, एक जोड़ा सेंडल और एक जोड़ा दस्ताने प्राप्त हुए हैं जो भारतीय शिल्पकलाके उत्कृष्ट नमूना है। इस आश्रमका कम्बल भी हमें भेंट रूपसे मिल चुका है। अन्य कम्बलोंसे अधिक टिकाऊ, गरम और आरामदेह है।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इस आश्रममें देशी शिल्पका जो विकास और वृद्धि हो रही है वह हमारे देशके उज्वल भविष्यका सूचक है। हम इस प्रेमोपहारके लिये आश्रमके संचालकोंका उपकार मानते हैं।

(२) बिहार आयुर्वेदिक फार्मेसी, सदरबाजार, नासरीगंज, जिला शाहाबाद (आरा) बिहारके मालिक डाक्टर मिश्रीरामजीकी ओरसे हमें च्यवनप्राश, नमक सुलेमानी, सिर दर्द बाम आदि औषधियाँ मिली है जिनको हम धन्यवादपूर्वक स्वीकार करते हैं।



(१) पातञ्जल योग प्रदीप। लेखकः श्रीस्वामी ओमानंदजी तीर्थ। प्रकाशकः आर्य साहित्य मंडल लिमिटेड, अजमेर। पृष्ट ५७४ रोयल ऑक्टावो; सचित्र-सजिल्द मू० १२) रुपये।

दर्शन-शास्त्रके विभिन्न अङ्गोंका अनुपम समन्वय। तत्वज्ञानकी विवेचनात्मक कृति। योग-साधनके विविध आसन और क्रियाओंका दिग्दर्शन। अध्यात्म-विद्याका भंडार। गूढ़ और गंभीर गुत्थिओंका गवेषणापूर्ण उद्घाटन। भाषा सरल और बोधगम्य। वैदिक साहित्यमें एक अमूल्य अभिवृद्धि। स्वाध्यायका श्रेष्ट साधन। आकार-प्रकार आकर्षक और नंत्ररंजक। ग्रंथकार और प्रकाशक दोनों हिंदी-संसारके धन्यवादके पात्र। इस आर्षग्रंथका लोकहित के विचारसे व्यापक प्रचार सर्वथा वांछनीय।

(२) वैदिक अध्यात्म-सुधा। लेखक: पं० प्रियरत्नजी आर्ष। प्रकाशकः आर्य साहित्य मंडल लिमिटेड, अजमेर। पृष्ट ७७, मूल्य आठ आने। वैदिक फिलॉसफीका विद्वतापूर्ण विवेचन।

(३) रामायण दर्पण। लेखकः स्वामी ब्रह्ममुनिजी। प्रकाशकः आर्य साहित्य मंडल लिमिटेड, अजमेर। पृष्ट ९८, मूल्य बारह आने। बाल्मीकि रामायणके आधारपर संक्षिप्त रामकथा।

(४) युद्धनीति और अहिंसा। लेखक: डाक्टर सूर्यदेव शर्मा, एम. ए., डी. लिट्०। प्रकाशकः आर्य साहित्य मंडल लिमिटेड, अजमेर। पृष्ट १६०, मूल्य १) रुपया। राजनीतिक क्षेत्रमें अहिंसा-मार्गकी विवेकपूर्ण समालोचना।

(५) देशीराज्यकी जन-जागृति। लेखकः श्री भगवान दास केला, प्रकाशकः भारतीय ग्रंथमाला, दारागंज, इलाहाबाद। पृष्ट ४००, मूल्य ५) रुपये। जन-जागरणका ऐतिहासिक विवरण।

(६) व्यवसायका आदर्श। लेखकः श्री भगवानदास केला; प्रकाशकः भारतीय ग्रंथमाला, दारागंज, प्रयाग। पृष्ट ९२, मूल्य १) रुपया।

(७) जयंती स्मारक ग्रन्थ। लेखकः श्री रामरीझन रसूलपुरी, हिंदी-भूषण। प्रकाशकः स्वागत समिति, रजत जयंती महोत्सव, आर्यसमाज, मुजफ्फरधुर (बिहार) पृष्ट १८५, सजिल्द सचित्र मूल्य २) रुपये। बिहारमें आर्यसमाजकी प्रगतिका दिग्दर्शन।

(८) बिहार प्रांतीय आर्य सम्मेलनके सभापति श्रीकुँवर चांदकरणजी शारदाका भाषण। प्रकाशकः श्री सत्यदेव शास्त्री अशोक, शारदा पुस्तकालय, अजमेर।

नवीन पत्रिकाएँ।

प्रवाह। संचालकः श्री ब्रिजलाल बियानी। संपादकः श्री गोविंद व्यास। राजस्थान भवन, अकोला, बरार, (मध्यप्रांत) वार्षिक मूल्य छः रुपया। प्रस्तुत अंक गांधी अंक है। यह हिंदीकी प्रथम एवं उच्च श्रेणीकी मासिक पत्रिकाओंमें एक अमूल्य अभिवृद्धि है

राष्ट्रवाणी। संपादक और प्रकाशकः श्री रामस्वरूप गर्ग, वाणी मंदिर, अजमेर। छोटे आकरका मासिक पत्र। वार्षिक मूल्य पाँच रुपया। राजस्थानकी शिक्षा, साहित्य व सांस्कृतिक प्रवृतियोंका समर्थक।

सविता। संस्थापकः पं० विद्यानन्द 'विदेह'। संपादक और प्रकाशकः श्री विश्वदेव शर्मा, फाइन आर्ट प्रिंटिंग प्रेस, अजमेर। "प्रवासी" के आकारके ८ पृष्ट, वार्षिक मूल्य देशमें तीन रुपया और विदेशों में छः शिलिंग। उद्देश्यः वैदिक धर्म और आर्य संस्कृतिका प्रचार।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रवासी-पथिक

(लेखक: श्री सुरेन जैन)

'संध्याकी मौन घड़ीमें
क्या लखते हो एकाकी' ?
विस्तृत नभकी सीमामें
क्या तकते हो बनवासी ?

नील जलधिके पार, प्रवासी
क्या लखते हो रुक रुक कर ?
सागर तटकी शून्य शिलासे
क्या तकते हो प्रति पलपर ?

सुनते क्या लहरोंकी ध्वनिमें,—
जीवनका कुछ नव आदेश
मूक व्यञ्जनामें भावोंकी—
आज निहित क्या प्रिय संदेश

लहरें आती हैं टकरातीं
क्या प्रस्तरसे कह जातीं ?
अपनी भाषामें रह रह
क्या संदेश सुना जातीं ?

सूर्य क्षितिजमें जलसे लगकर
क्या मनकी मनसे सुन लेता ?
लहरोंसे दो बातें करके
क्यों दूर देशको चल देता ?

है जिज्ञासा मुझमें पनपी,
है रहस्य कुछ मुझमें जागा
क्या सम्बन्ध निहित है कोई
इन सबमें हे भाग्य विधाता ?

एक गहन निश्वास छोड़कर
उबल पड़ा कुछ यूँ बनवासी
आँखोंमें कुछ व्यथा भरा-सा,
बोल उठा कुछ यूँ जगवासी।

हृदय वेदना मचल पड़ी कुछ
अंतर ने हा-हाकार किया
स्मृति अजानी विलख पड़ी,
कुछ वाणीने चीत्कार किया

एक साँसमें अन्तर्ज्वाला,
रौरव बन फुफकार उठी।
एक साँसमें पीड़ित मनकी
प्रकट करुण कराह उठी।

रविका नव संदेश सुनाती
, आती लहरों पर लहरें
परवशता जीवनकी कहने
जाती लहरों पर लहरें।

प्रस्तरको है भेद बताकर
स्वर्ण भूमिका हाल सुनातीं
अपनी नीरव भाषामें ही
मुझको नव संदेश जतातीं।

विस्तृत नभकी सीमामें है
निस्सीम धरातलकी काया
विस्तृत नभकी सीमामें है
प्राणोंकी मूर्तिम छाया।

नील जलधिके पार, प्रदेशी,
है कोई अपना-तपना,
एक ग्रन्थिसे जुटा हुआ है
मानस जीवनका सपना।

सागरकी शत शत लहरें
जब चूम चरण चपलासी चलतीं,
'तुम्हें तुम्हारे अधिवासी सब,
वहाँ बुलाते'—आ आ कहतीं।

जहाँ सवेरा विहँस रहा है,
संस्कृतिका है नया प्रभात
जहाँ सभ्यता और धर्मका
है अभिनव आलोक प्रसार।

जहाँ राष्ट्रका जन्म हुआ है
सदियोंकी गाथा बदली
जहाँ पूर्ण जननीकी फिरसे
नत स्वर्णिम काया बदली

संध्या, रजनी, प्रात, चांदनी
जहाँ खेलती है घुलकर,
स्वच्छन्द पवनमें शाखाएँ
जहाँ डोलती हैं प्रतिपल।

जहाँ जगी है जीवनकी,
अस्तित्व-कामना, मोहमयी,
जहाँ जगी है जन जनमें
व्यक्तित्व-भावना, गर्वमयी।

आज निमंत्रण देने आतीं
शत-शत सागरकी लहरें
आज बुलाती हैं इंगित कर
शत-शत सूरजकी किरणें।

आज खड़े हैं भारतवासी
सागरके उस ओर पथिक
आज सैकड़ों बाहें फैली
दूर क्षितिज़के पार पथिक।

आज हिमालय बुला रहा है,
बुला रही भारत-माता,
गंगा-जमुना बुला रही है,
बुला रही सरयू माता।

पर बन्धनमें बंधा हुआ,
मैं कैसे जाऊँ रविकी ओर
इसी लिये टीले पर बैठा
हूँ भावोंमें आत्मविभोर।

भूले भटके अगर कभी तुम
जा पहुँचो भारतके छोर
कहना शत-शत भारतवासी
है प्रवास में दुःख विभोर—

मेरी गाथा सुनकर कोई
दो बून्द आँखमें भर लाये,
मेरी व्यथा कहानी सुन जब
दो पल स्तम्भित रह जाये।

तभी समझ लेना, परदेशी
हमने सब कुछ भर पाया,
तभी समझ लेना, परदेशी
हमने जीवन नव पाया।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सात्विक जीवन ।

हिंदीका सर्वोपयोगी मासिक पत्र । उद्देश्य—शुद्ध एवं सात्विक जीवनका निर्माण । गंभीर गवेषणापूर्ण लेख एवं मर्मभेदिनी कविताओंसे आलंकृत । समाजमें चरित्र-गठनका संदेशवाहक । ईश्वरभक्ति, कर्तव्य-बोध, धर्म-निमान, देशसेवा, समाज संस्कार एवं आत्मोन्नतिका पथ-प्रदर्शक । वार्षिक मूल्य देशके लिये ३) रुपया और विदेशों के लिये केवल १ शिलिंग ।

सात्विक-जीवन ग्रंथ माला ।

ओमू प्रणव रहस्य ।

श्रीस्वामी शिवानंदजी महाराजकी लिखी हुई यह पुस्तक अपने ढंगकी अद्वितीय है । ओमूकी व्यापकता, श्रेष्ठता और महत्तापर उत्कृष्ट रचना । थोड़ीसी प्रतियाँ शेष हैं। इन अनमोल ग्रंथके कागज और मुद्रणका मूल्य केवल दस आना, सजिल्द बारह आना ।

सचित्र हठ योग ।

संसारके सुखोंमें स्वस्थ शरीरही सर्वोपरि सुख है। स्वस्थ शरीरमेंही सबल मन बसता है । यदि आप अपनी खोई हुई शारीरिक शक्तिको पुनः प्राप्त करना चाहते हैं और वह भी पैसे खर्च किये बिना तो योगके अनुभूत उपायोंका आश्रय लें । इस पुस्तकमें प्रतिपादित योगके नियमों और आसन व्यायामोंका अभ्यास करनेसे आपका मन तेज और तन तारुण्यसे चमक उठेगा । सुंदर, सचित्र, सजिल्द पुस्तक का दाम केवल दो रुपया ।

वैराग्यके पथपर ।

मानवी जीवनका उद्देश्य बहुत ऊँचा है । जिसको भूलका और विषय-वासनाओंमें फँस कर लोग पतित हो जाते हैं। इस ग्रंथमें जीवनको उन्नतिके शिखरपर ले जानेके अनुभूत उपाय बताये गये हैं । विश्वके अशांत एवं दुखद वातावरणमें विचरते हुए भी मनुष्य शांति और सुखका अनुभव कैसे कर सकता है, यह जाननेके लिये इस पुस्तकको पढ़ना चाहिये । सुंदर सजिल्द ग्रंथका मूल्य केवल एक रुपया ।

मन और उसका निग्रह (दो भाग) ।

मनकी चंचलता किसीसे छिपी नहीं है । अतएव उसको अनियंत्रित रूपमे छोड़ देनेसे जहाँ वह मनुष्यको पतनके गहरे गर्तमें गिरा देता है, वहाँ उसको वश में लाकर सुपथ पर चलानेसे वह मनुष्यको उत्कर्षके सर्वोच्च सोपानपर पहुँचा देता है । मनके वशीकरण बिना अभीष्टकी सिद्धि असंभव है । यदि आप मनको वशमें रखना चाहते हैं तो इस ग्रंथके दोनों भाग को एकवार अवश्य पढ़े । सुंदर सजिल्द दोनों भागका मूल्य क्रमशः एक और तीन रूपया है अर्थात कुल चार रुपया ।

जनरल प्रिन्टिङ्ग वर्क्स लिमिटेड ।

इस मुद्रणालयमें सर्वप्रकारके मुद्रण कार्य होते हैं । चित्राकर्षक एवं नेत्ररंजक मुद्रणके लिये यह लोकप्रसिद्ध हो चुका है एकवार परीक्षा कर लेने पर आपको पूर्ण संतोष हो जायगा । विशेष जानकारी के लिये पत्र व्यवहार करना चाहिये ।

चोर-डाकुओंसे निर्भयताकी गारण्टी ।

'अरियन्ट'

सेफ, तिजोरी, अलमारी, कैशबाक्स घर तथा कार्यालय में रखकर सुखकी नींद सोइये ।

अरियण्ट सेफ एन्ड मैनुफैक्चरिङ्ग कंपनी लिमिटेड
का मनैजिङ्ग—एजन्ट

टाटा

आयरन एण्ड स्टील कंपनी लिमिटेड का कान्ट्राक्टर ।

सप्लायर्स—

जनरल आर्डर सप्लाइंग कंपनीके
मिलस्टोर—मशीनरी, बिजलीकी मशीनें, रेफ्रीजिरेटर आदि ।

जूट, हैसियन तथा तज्जनित वस्तुएँ और गल्ला तीसीके व्यापारी । लोहा, इस्पात, पीतल तथा उनकी वस्तुओंके आढ़तिया ।

काशीराम बनारसीलाल लिमिटेड

प्रधान कार्यालयः ८३ पुराना चीना बाजार स्ट्रीट,
पोस्ट बोक्स नं० २४५०, कलकत्ता १
फोन २१०४ बड़ाबाजार । तारका पताः भाईकाशी ।

शाखाएँ..

(१) काशीराम बनारसीलाल लिमिटेड, साहिबगंज, गोरखपुर; (२) काशीराम बनारसीलाल लिमिटेड, जुगसलाई, जमशेदपुर, (३) काशीराम बनारसीलाल लिमिटेड, हौज कटरा, बनारस; (४) इंडियन आयरन सिण्डिकेट, [illegible], देहली ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आर्य साहित्य मण्डल लि० अजमेर की

कुछ पुस्तकें

१. पातञ्जल योगप्रदीप—लेखक श्री स्वामी ओमानन्दजी महाराज। इस ग्रन्थ में योगदर्शन व्यासभाष्य भोजवृत्ति और योगवार्त्तिक के भाषानुवाद के साथ-साथ श्री स्वामीजी महाराज ने अपने क्रियात्मक अनुभव के आधार पर अनेक ऐसी बातों का समावेश किया है, जिससे योगमार्ग में लगने वाले नये व्यक्ति की अनेक कठिनाइयां दूर हो जाती हैं। इस संस्करण में पहले की अपेक्षा बहुत अधिक वृद्धि की है। २०×२६=८ पेजी वाली के लगभग ८०० पृष्ठ, तथा योगासनों के अनेक चित्र भी दिये गये हैं। मूल्य १२) रुपया।

२. वैदिक अध्यात्म सुधा—ले० श्री पं० प्रियरत्नजी आर्ष (स्वामीब्रह्ममुनिजी) अध्यात्मविद्या के प्रेमियों के लिये अत्यन्त लाभप्रद। मूल्य ॥)

३. रामायणदर्पण—ले० श्री ब्रह्ममुनिजी। इस में वाल्मीकीय रामायण के आधार पर राम, भरत, लक्ष्मण आदि प्रत्येक व्यक्ति का चरित्रचित्रण और उस समय की धार्मिक सामाजिक और राजनीतिक अवस्था का चित्रण किया है। पुस्तक अत्यन्त उपयोगी है। मूल्य ॥।)

४. हैदराबाद सत्याग्रह का रक्तरञ्जित इतिहास—आर्यसमाज ने सन् १९३९ में दक्षिण हैदराबाद में जो महान् सत्याग्रह किया था, का पूरा-पूरा वर्णन किया गया गया है। पृष्ठ संख्या ४००, चित्र सं० १०० के ऊपर, मूल्य ३)

५. युद्धनीति और अहिंसा—ले० श्री डा० सूर्यदेवजी शर्मा। भारत की वर्तमान राजनीतिक परिस्थिति से सम्बन्ध रखने वाला अत्यन्त उपयोगी और सामयिक ग्रन्थ मूल्य १) रुपया।

यजुर्वेद मूल गुटका १।), सामवेद मूल गुटका १।), आर्यपर्वपद्धति १॥), वैदिक मनोविज्ञान।), सृष्टि इतिहास ॥=), भयानक षड्यन्त्र।), खतरे का घन्टा।=), खतरे का बिगुल ॥), विश्वासघात ॥), जीवन-पथ ।), धार्मिक शिक्षा १ से १० भाग ४), पंचमहायज्ञविधि।), गोकरुणानिधि =), महर्षि का जीवनचरित्र पृष्ठ [दो भाग] १०)।

हिन्दुत्व २), राष्ट्रपतन २॥), खून की होली २), रानी झांसी ४), सीता बनवास १।), विधवा जीवनरहस्य ॥), योगरहस्य १), स्वतन्त्र भारत का शासन विधान १), चाणक्य और चन्द्रगुप्त ४),

चारों वेद सरल हिन्दी अनुवाद सहित

सम्पूर्ण १४ जिल्दों में मूल्य ७० रुपये

उत्तम छपाई, बम्बई-निर्णयसागर-टाईप, सफ़ेद चिकना काग़ज़, डबल क्राउन १६ पेजी के सुलभ आकार में

इष्ट मित्रों के लिये पवित्र उपहार, पुस्तकालयों और घर की अलमारियों का सुन्दर भूषण, विवाहों और अन्य धार्मिक अवसरों पर देने के लिये आदर्श भेंट, छात्रों के लिये पवित्र पारितोषिक और नित्य आत्मिक आनन्द तथा पुण्य-कर्त्तव्य पालन करने का अपूर्व साधन।

अनुवाद आचार्य सायण, महीधर, महर्षि दयानन्द, पं० तुलसीराम स्वामी, पं० ज्वालाप्रसाद, विवरणकार आदि आदि वेदभाष्यकारों के भाष्यों को समक्ष रखकर ब्राह्मणग्रन्थ, उपनिषद, आरण्यक, निरुक्त, व्याकरण आदि आर्ष ग्रन्थों के आधार पर प्रमाण दर्शाते हुए आर्य वैदिक सिद्धान्तों के अनुसार कराया है।

सामवेद १ जिल्द ५) रु०, अथर्ववेद ४ जिल्द २०) रु०, यजुर्वेद २ जिल्द १०) रु०, ऋग्वेद ७ जिल्द २५) रु० प्रत्येक जिल्द लगभग ८०० पृष्ठों की पूरे कपड़े की बंधी हुई सुनहरे अक्षरों सहित है।

आर्य-साहित्य मण्डल लिमिटेड, अजमेर.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जोधपुर कमर्शियल बैंक लिमिटेड

(जोधपुर स्टेटमें स्थापित: सभ्यों की जिम्मेदारी सीमित है।)

चैयरमैन—श्री नारायणलाल बंसीलाल

चुक्ता मूलधन ..... रु० ५०,००,०००.

रिजर्व फंड रु० ३,५०,०००.

बैंककी शाखाएँ:—

मारवाड़ : जालोरी गेट, जोधपुर, स्टाक एक्सचेंज, कुचामन हाउस, जोधपुर; खेजर्ला हाउस, जोधपुर सिटी; कुचामन सिटी, नागोर, मेरता सिटी, पाली, रानी ।

बंबई : ५३ टेमरिण्ड लेन, फोर्ट; २०७ कालवा देवी रोड, गांधी चौक, कल्याण; ११८–१२२ काजी सैयद स्ट्रीट, माण्डवी, म्युनिसिपल बिल्डिंग, भिवण्डी (जी० थाना) थाना-जामली नाका, ६६०९ किंग्सवे, सिकन्द्राबाद।

अहमदाबाद : गांधीरोड, और मस्कती मार्केट। कलकत्ता: १-१ मिशन रो और ५७ नेताजी सुभाष रोड। कराची: साउथ नेपियररोड, न्यू चल्ली। मद्रास: २६, गोविन्दप्पा नायिक स्ट्रीट, जी. टी. मद्रास।

चालू डिपाजिट खाता : चालू डिपाजिट खाते में रु० १,००,००० तक के दैनिक बाकी रकम पर १।४ सैकड़ा वार्षिक ब्याज मिलेगा। बड़ी रकमों पर खास निश्चित ब्याज दिया जायेगा ।

निश्चित अवधि के डिपाजिट : एक वर्ष अथवा उससे कम समय के लिये लिया जाता है। दर आवेदन करने पर प्राप्त हो सकता है।

सेविंग बैंक खाता : दैनिक बाकी रकम पर १ प्रति सैकड़ा के हिसाब से अथवा मासिक बाकी पर डिपाजिटरोंके साथ तय शर्तों के अनुसार वार्षिक १॥ प्रतिशत के हिसाब से ब्याज दिया जायगा। रु० २०, ००० तक पर ५ से भाग दी जा सके इतनी रकम पर ब्याज दिया जायगा। खाता खोलने वाले सप्ताह में दो वार अधिक से अधिक रु. १०००)तक निकाल सकेंगे।

लोन, ओवर ड्राफ्ट और कैश क्रेडिट : मान्य जामिनों पर उधार दिया जाता है।

सेफ कस्टडी के लिये रखी गयी तमाम जामिनगीरियोंपर डिविडेण्ड एवं ब्याज बैंक वसूल करता है।

बैंक सरकारी जामिनगीरियों तथा पब्लिक कम्पनियों के शेयरों की खरीद बिक्री का काम भी लेता है।

बैंक सम्बन्धी सब प्रकार का कारोबार किया जाता है।

सी. एच. दीवानजी,—मैनेजर.

मनोरंजनप्रद सामयिक पुस्तकें:—

राष्ट्र-निर्माणके युगमें क्रान्तिकारी विचारधाराओंसे ओत-प्रोत राष्ट्रीयताका प्रतिनिधित्व करनेवाली अपने ढंगकी तीन अनुपम पुस्तकें—

अन्तिम इच्छा १५ कहानियोंका संग्रह, सजिल्द मू० १॥।)

आवर्त्तन १७ कहानियोंका संग्रह सजिल्द मू० २)

अनुष्ठान मौलिक क्रांतिकारी सामाजिक उपन्यास सजिल्द मू० ३॥)

हिंदीकी उच्च कोटिकी पत्र-पत्रिकाओं द्वारा प्रशंसित इन पुस्तकोंमें आप वर्त्तमान युगकी उलझी हुई गुत्थियोंका सुलझा हल पाएंगे, साथ ही बेकारके क्षणोंमें मनको प्रसन्न करनेवाली सामग्री भी मिलेगी।

एक साथ तीनों पुस्तकें ५।) रु० में

डाक व्यय सहित।

शीघ्र प्रकाशित होगी ऑडर भेजें।

भव्य कलापूर्ण अनुपम डायरियां (१९४९)

(१) हिन्दुस्थान डायरी (सजिल्द) (२०×२६) ३२ पेजी
(२) कांग्रेस डायरी ,, ,, ,, ,,
(३) गांधी डायरी ,, ,, ,, ,,
(४) नवजीवन डायरी ,, ,, ,, ,,

थोक खरीदारोंको विज्ञापनकी विशेष सुविधाएं, दुकानदारोंको कमीशन २५) रु० प्रतिशत।

दि बंगाल प्रिंटिंग वर्क्स

२१, सिनागोग स्ट्रीट, कलकत्ता।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri
Registered No. N. 1043

Travel by Sea or Air

Tel. Add. "Colonial" Phone: 23313

ISMAILBHAI VAHED & SON.

Passenger & Commission Agents

Behram Mahal, Dhobi Talao, Kalbadevi Road,

P. O. Box 2022. BOMBAY, 2.

BRANCH: Station Road, SURAT.

Station Road, NAVSARI.

POPATLAL & CO.

General Merchants & Commission Agents

Exporters and Importers

P. O. Box 1122, Lourenco Marques,

Portuguese East Africa.

Morarjee Jivanjee & Co.

IMPORTERS & EXPORTERS

General Merchans

Tel. Add. JIVANJEE, P. O. BOX 837,

Of educational work among the Indians the Arya Samaj has been the pioneer. As I have pointed out above, most of the Samajes have girl's schools attached to them. Other communities too, have of late opened their own schools. At present the Arya community is contemplating the establishment of a Gurukula. The cause has been made popular and funds are being collected. More remarkable than the number of the Arya Samajes and their membership in their influence on the public life of the country.

The Problem of Religion in Greater India

By Pandit Rishiram, B.A.

About three millions of our countrymen have gone out side India mostly in search of their livelihood. A large percentage of these men belong to poor illiterate labour classes with the exception of those educated middle class people who have gone of their free will in pursuit of trade and service. Burma and Africa have men of the latter class. Wherever men are together in large numbers, there will certainly arise opportunities of social functions and religious ceremonies. If they are conducted in a proper manner they will be conducive to welfare of the people concerned and will have a beneficial effect on others. So far as the Hindu emigrants are concerned it is unfortunate that no collective effort is made to improve their general social and religious life. In South Africa fire walking and piercing the body with nails by the Indians is considered to be a religious ceremony. Whatever else its significance may be but it has nothing to do with the spiritual life of those people and is generally ridiculed by the non Indians.

In far off colonies like British Guiana, Jamaica, Trinidad and such other places, in the absence of Arya Samaj organisations most of the Hindus have embraced Christianity and their descendants have become strangers to their Motherland and her culture. The Hindus in general have lost the missionary spirit and they have no ambition to propagate their religion beyond their little narrow home circles. It must be said to the credit of Arya Samaj that though single-handed it has held aloft the banner of Vedic religion in far off places like Fiji and Mauritius Islands. In whatever part of the world an Arya-samajist goes he will try to grow and spread beyond him and createassociations around him which will keep fresh the memory of his Motherland. He will reject with contempt the life of sloth, self-gratification and isolation, but will try to make himself useful to his fellowmen. It was this spirit which made a handful of Arya Samajists in Mesopotamia during the war days while stationed in military camps in the vicinity of battle field, hold congregational prayer meetings, lighting the fire of YAJNA, celebrating their national festivals and contributing thousands of Rupees voluntarily to the institutions in India. Arya-samajists in Burma and Africa have

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

sent lacs and lacs Rupees to support religious and social activities at home. I have every admiration for their generosity but I shall be failing in my duty as an humble worker of the same mission if I ignore the other side of the picture.

For the last twelve years I have been engaged in the missionary work outside the Punjab and have visited Burma and East Africa and have personal experience of the Arya Samaj activities in those places. I am definitely of opinion that the situation needs considerable improvement not only by way of constructive work but also by means of elimination of certain undesirable tendencies associated with the Arya Samaj activities outside India. It was not without great pain and sorrow that I witnessed the armed hostility between Arya-samajists and other Hindus creating bad blood and dividing the general public into different camps opposed to each other.

The Arya Samaj cannot escape the responsibility for this state of affairs. Others may act out of blind faith and short-sightednes, but there is no justification for the Arya Samaj that claims to lead the people of higher ideals to be a party to vindictive and irritative propaganda. Let the Arya-samajists remember that their religion was never meant for dividing people but for uniting them in spite of their differences. There is much which is common to all religious worth the name and we should appreciate the good points of all. It is in our own interest that we should love who differ from us and thus bring them closer to us so that may be able to appreciate our point of view. If we by our offensive and irritating attitude drive them away there is no possibility of their ever giving any attention to our preachings, however true or elevating they may be. It is in the hands of the Arya Samaj to bring all Hindus outside India into their fold. Hindus who once cross the sea, give up the antiquated ideas of caste and touch-me-not religion out of their own accord and are naturally inclined to be more liberal in their outlook. It is for the Arya Samaj to approach them in a spirit of tolerance and sympathy. If the Arya-samajists follow any other policy they will not only miss an opportunity of their lifetime but will also be responsible for reproducing an ugly picture of India in Greater India—a crime for which the posterity will never excuse them.

OUR EDITOR'S ILLNESS

In the last issue of PRAVASI, we announced the recovery of our Editor, Bhawani Dayal Sannyasi from a serious illness after having hovered between life and death. We had also assumed that he will be able to resume his editorial duties in a month's time. But unfortunately our anticipations have not materialised as a fresh attack of fever and asthma, in its acutest form has caused further deterioration in his already exhausted physical form and drove him almost to the point of death. However, at the time of going into print we are glad to announce that the crisis has been passed though his condition is very grave. He is receiving the best of medical attention from Dr. Ambalal of AJMER as a labour of his love and we are greatly indebted to him. It is our fervent prayer to Parmatma that He may soon put him on the road to recovery. Meanwhile, we hope our correspondents and supporters in India and abroad will continue their kind co-operation as they have been doing in the past. We are also very grateful to those who have generously rendered financial help to the PRAVASI.

सम्पादककी बीमारी।

"प्रवासी" के सम्पादक श्री स्वामी भवानी दयालजी अभी पिछली बीमारीसे संभल भी नहीं पाये थे कि दमेके अतिरिक्त बुखार ने भी भयंकर रूपसे हमला कर दिया और चार दिवस तक वह १०५° से १०२° तक बना रहा। इस बार तो हम सब उनके जीवनसे निराश हो चुके थे पर डा० अम्बालालजीके घोर परिश्रमसे एक बार फिर उनके जीवनकी रक्षा हो गई। आगे क्या होगा, कहना कठिन है क्योंकि उनकी हालत अत्यन्त नाजुक है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

THE SWADESHI COTTON MILLS CO. LTD., KANPUR U. P.

जियें तो बदनपर, स्वदेशी वसन हो।



मरें भी अगर तो, स्वदेशी कफन हो।

Managing Agents:

Jaipuria Brothers Limited.

दी स्वदेशी काटन मिल्स कम्पनी लिमिटेड, कानपुर।

मनैजिग एजन्टस्

जयपुरिया ब्रादर्स लिमिटेड।

दी जनरल एश्युरेन्स सोसाइटी लिमिटेड, अजमेर।

...Growing from Year to Year

1907



1948

BRANCHES ALL OVER INDIA AND ABROAD

BUSINESS IN FORCE 1948

OVER RS. 13,00,00,000

BUSINESS IN FORCE 1907

RS. 5,00,000

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Nearest Office:

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri



सम्पादक—भवानीदयाल संन्यासी

वर्ष २ ॐ जून १९४९ ॐ अंक ५

स्वर्गीया श्रीमती सरोजिनी देवीकी पुण्य-स्मृतियाँ

(३)

सन १९३८ में मैं नेटाल इन्डियन काँग्रेसका प्रधान चुना गया। मैं पहलाही हिंदू था जो सन् १८९४ में काँग्रेसकी स्थापनाके ४५ साल बाद इस पदके योग्य समझा गया अन्यथा यह पद महात्मा गांधीके जमानेसेही मुसलमान भाइयोंके लिये रिजर्व रहता आया था। मेरे चुनावमें विशेषता यह थी कि मुस्लिम मेम्बरोंने अपने बहुमतसे मुझे इस आसन पर बैठाया था। काँग्रेसकी अध्यक्षता अंगीकार कर सबसे पहले मैंने उसके पुनर्सङ्गठनकी ओर ध्यान देना उचित और आवश्यक समझा। इस रचनात्मक कार्यमें मुझे आशातीत सफलता हुई। काँग्रेसके ५००० सदस्य बनाये गये। मैंने नेटाल भरका दौरा किया। नेटालके सभी मुख्य-मुख्य नगरों और कसबोंमें काँग्रेसकी शाखाएँ खुल गईं। जहाँ पुरानी शाखाएँ शिथिल पड़ी हुई थीं उनको पुनर्जीवित और सगठित किया गया और जहाँ शाखाएँ नहीं थीं वहाँ नई खोली गईं। डरबनमें काँग्रेसका दफ्तर खुल गया। ग़रीब-दुखियोंके सेवा-सहायताके लिये दो क्लर्क रखे गये। काँग्रेसकी सिफारिशसे एक हजार अनाश्रित व्यक्तियोंको दस शिलिङ्ग मासिक वेतन दिलाई गई। विधवाओं और अनाथ बच्चोंके लिये भी सरकारी सहायताकी व्यवस्था की गई। बेकारोंको सदावर्त बाँटनेके लिये काँग्रेस डिपो खुला। सालके अंतमें प्रथम नेटाल इन्डियन कान्फ्रेंस डरबन नगरमें बड़ी धूम धामसे हुई जिसमें गरीब बच्चोंके लिये प्रमोद-भवन (होलिडे होम) बनानेका निश्चय किया गया।

जिस समय मैं रचनात्मक कार्यमें मस्त और व्यस्त था, ठीक उसी समय प्रवासी भारतीयों पर एक नई बला आ टपकी। दक्षिण अफ्रीकाके मंत्री श्री स्टेटाफोर्डने अपनी पृथक्करण नीतिकी अचानक ऐसी घोषणा कर दी कि जिससे भारतीयोंमें आतङ्क छा गया। काँग्रेसका एक डेपुटेशन केपटाउन पहुँचा, मैं रुग्णावस्थाके कारण डेपुटेशनमें शरीक न हो सका था। शिष्ट-मण्डलके सदस्य प्रधान मंत्री जनरल हर्टजोग और आन्तरिक मंत्री भी स्टेटाफोर्डके सिवाय मंत्री-मण्डलके अन्य सदस्योंसे भी मिले और पृथक्करण नीतिके खिलाफ इन्साफ और इन्सानियतकी दुहाई दी, पर सब व्यर्थ। श्वेताङ्ग सत्ताधीशों पर कोई असर न हुआ। निराश होकर डेपुटेशन नेटाल लौट आया। डेपुटेशनके नेता श्री काजी और श्री सोराबजीने जब काँग्रेस कमेटीमें केपटाउन की कार्यवाहीकी रिपोर्ट पेश की तो प्रवासी भारतीयोंके

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

होश उड़ गये। जब उन्होंने देखा कि खतरेकी घंटी बज चुकी, सिर पर विपत्तियोंके बादल मँडरा रहे हैं, उनकी आवाज अरण्य-रोदन सिद्ध हुई और इस बलासे बचनेका कोई उपाय नहीं रहा तो स्वभावतः उनकी दृष्टि अपनी मातृभूमि पर पड़ी।

काँग्रेस कमेटीमें यह निश्चय हो गया कि फौरन एक डेपुटेशन भारत जाना चाहिये और जब यह सवाल उठा कि कितने व्यक्तियोंको डेपुटेशनमें भेजना चाहिये तो सभी ने एक मतसे यह राय दी कि मेरे सिवा और किसीको नहीं। मैं धर्म-संकटमें पड़ गया और मैंने कमेटीके सदस्यों को समझानेकी कोशिश की कि मेरा रुग्न-शरीर और भग्न-स्वास्थ्य लम्बी यात्रामें बाधक है। जब चलना-फिरना कठिन है तो वहाँ पहुँच कर मैं काम क्या कर सकूंगा? इस पर सोराबजी जोशमें आकर बोल बैठे, "जब यहाँके ढाई लाखसे अधिक भारतीय इस दमन-चक्रमें पड़कर मर जायँगे तो आप अकेले जीकर क्या करेंगे? इस संसार में कौन अमर होकर आया है। खाट पर पड़े-पड़े मरनेके बदले कौमी काममें मर जाना अधिक अच्छा है।"

इसका मेरे पास कोई जवाब न था। नेटाल इंडियन काँग्रेसके सिवा ट्रांसवाल इन्डियन काँग्रेस और केप इन्डियन काँग्रेसने भी मुझे प्रतिनिधि चुन दिया। इस प्रकार सारे दक्षिण अफ्रिकाके प्रवासी भारतीयोंकी ओरसे मैं एक मात्र प्रतिनिधि चुना गया। यद्यपि ऐसी प्रतिष्ठा इससे पूर्व वहाँके किसी भी भारतीयको नहीं मिली थी, पर इसके साथही इतनी बड़ी जिम्मेदारी भी थी, जिसकी कल्पनासे ही मैं काँप उठा।

मैं "तकलीवा" नामक डाक जहाजसे पूर्वी अफ्रिकाके समुद्र तटवर्ती नगरोंमें प्रचार कार्य करते हुए सन् १९३९ की १८वींमार्चको बंबई पहुँच गया। बंबईमें एक सप्ताह ठहर कर मैंने इतना जबरदस्त प्रचार किया कि दक्षिण अफ्रिका की समस्याकी ओर सारे देशका ध्यान केन्द्रित हो गया। वहाँसे मैं दिल्ली पहुँचा। दैवयोगसे उस समय कौंसिल और असेम्बलीकी बैठक भी हो रही थी और देशके सभी प्रमुख नेता भी दिल्लीमें विद्यमान थे। इसलिए मेरे कार्यमें बड़ी सहूलियत हो गई। दिल्लीमें इन्डियन ओवरसीज़ सेन्ट्रल एसोशियेशन नामक एक सभाकी स्थापना हुई थी जिसके सभापति मद्रासके प्रसिद्ध वाग्मी श्री सत्यमूर्ति थे और मंत्री थे श्री सी० एल० पटेल। इसी सभाके द्वारा एक सार्वजनिक सभा बुलाकर दक्षिण अफ्रिका सरकारकी पृथक्करण नीतिका विरोध करना उचित समझा गया। सौभाग्यवश उन दिनों श्रीमती सरोजिनीदेवी भी दिल्लीमें ही थीं। उनसे मुझे प्रवासी भारतीयोंके कार्यमें हमेशा सहायता मिलती रही है और इस बार भी मेरे आग्रह पर अस्वस्थ होते हुए भी उन्होंने सभाकी अध्यक्षता मंजूर कर ली।

मंत्री पटेल महाशयने टाउनहॉलकी अपेक्षा दीवान-हॉलमें सभा बुलाकर भारी भूल कर डाली। यह हॉल आर्यसमाजका है और स्वर्गीय लाला दीवानचंदकी पुण्य स्मृतिमें उन्हींकी सम्पत्तिसे बना है। उन दिनों हैदराबाद-सत्याग्रहके कारण आर्य-जगतमें बड़ा जोश और रोष फैला हुआ था। इस हॉलमें हैदराबादके निजामकी साम्प्रदायिक नीति और मुसलमानोंकी मतान्धता पर प्रतिदिन उग्रसे उग्र भाषण हुआ करते थे और कुछ हैदराबादके सत्याग्रही वहाँ ठहरे हुए भी थे। अतएव वहाँ का वातावरण बड़ा उत्तेजना पूर्ण था। सभानेत्री सरोजिनीदेवीने जब मुझसे कहा कि सभामें कुछ आर्यसमाजी हुल्लड़ मचाने वाले हैं तो मुझे विश्वास नहीं हुआ। सोचा कि प्रवासी भारतीयों की विपत्तिमें तो भारतके सभी सम्प्रदायों और वर्गोंकी सहानुभूति है। फिर शिक्षित और समझदार आर्यसमाजी उनके कार्यमें क्यों विघ्न डालेंगे? उस समय दीवान हालके सामनेही एक स्वदेशी प्रदर्शिनी भी हो रही थी। उसके संचालकोंने यह अनुरोध भी किया कि प्रदर्शिनीके प्राङ्गनमेंही सभा की जाय। वहाँ शामियाने और कुर्सियोंका भी अच्छा इन्तजाम था, पर दुर्भाग्यवश उनका आमंत्रण अस्वीकृत हो गया।

श्रीमती सरोजिनीदेवी, इंगलेन्डकी कुमारी एगथा हेरिसन और अमेरिकाकी श्रीमती फीशरके साथ जब मैं दीवान हॉलमें पहुँचा तो देखाकि कट्टर और जोशीले आर्य समाजियोंका वहाँ अच्छा जमाव हो चुका है। दिल्लीके नागरिकोंके सिवा सभामें फेडरेशन ऑफ इन्डियन चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स एन्ड इन्डस्ट्रीज़के कुछ प्रतिनिधि तथा कौंसिल और असेम्बलीके कुछ सदस्य भी पधारे थे। जब सभानेत्री सरोजिनी देवीने सभाका आरंभ करते हुए दक्षिण अफ्रिका प्रवासी भारतीयोंके प्रति यूनियन सरकारकी अत्याचार-मूलक नीतिकी चर्चा की तो उनके भाषणके बीचमें ही एक कट्टर पन्थी आर्य महाशय चिल्ला उठे—"आप दक्षिण

CC-0. Prof. Satya Vrat Shastri Collection. Digitized by eGangotri

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अफ्रिकाकी कहानी तो कह रही हैं, पर हैदराबादकी गाथा क्यों नहीं गाती है ?"

"यह सभा प्रवासी भारतीयोंके साथ सहानुभूति प्रकट करनेके लिए बुलाई गई है, हैदराबादके सत्याग्रहपर विचार करनेके लिये नहीं। आप उसके लिए अलग सभा की व्यवस्था कर सकते हैं।" सभानेत्रीने माकूल जबाब देकर किसी तरह अपने भाषणको समाप्त किया। जब माननीय पंडित हृदयनाथ कुंजरु प्रस्ताव पेश करनेको उठे तो फिर कुछ अबोध और अज्ञानी आर्यसमाजियोंने शोर-गुल मचाया, पर जब सैयद सर रजा अली प्रस्तावके समर्थनमें बोलनेको उठे तबतो सभामें हुल्लड़ और तूफान मच गया। उस समय उन अदूरदर्शी और उद्दण्ड आर्यसमाजियों का हुड़दंग देखकर एक आर्यसमाजीकी हैसियतसे मेरा सिर शर्मसे झुक गया। वे गला फाड़-फाड़ कर चिल्ला रहे थे—"जो बोले सो अभय, वैदिक धर्मकी जय"। पर उनका विवेक नष्ट हो गया था, बुद्धि भ्रष्ट हो गई थी, अतएव उनमें यह सोचनेकी शक्ति कहाँ थी कि उनकी करतूतसे वैदिकधर्म और आर्य संस्कृतिकी विजय नहीं हो रही है बल्कि उनपर कलंककी कालिमा लग रही है। उनको इस बातका कोई ध्यान न रहा कि वह सभा प्रवासी भारतीयों के प्रति सहानुभूति प्रकट करनेके लिए बुलाई गई है और इसलिए उसमें भारतीयकी हैसियतसे सभी सम्प्रदाय, वर्ग और दलके मनुष्य हाजिर हुए हैं। उनकी इस उद्दण्डतासे आर्यसमाजका गौरव बढ़ा नहीं, घटा अवश्य। वे इस साधारण शिष्टाचार और समझसे भी हाथ धो बैठे कि दीवान हॉल आर्यसमाजियोंका होनेके कारण अन्य धर्मावलम्बियोंके साथ वहाँ सम्मानपूर्वक व्यवहार करनाही आर्यत्वका लक्षण है। सन्तोषकी बात यही है कि उस समय कोई जिम्मेदार आर्य समाजी नेता दिल्लीमें न था। लाला नारायणदत्त, प्रोफेसर सुधाकर, श्रीदेशबन्धु गुप्त आदि हैदराबादके समझौतेके सिलसिलेमें शोलापुर गये हुए थे अन्यथा ऐसी अप्रिय और अवांछनीय घटना न घटने पाती। सैयद रजाअलीके साथ असभ्यतापूर्ण वर्त्ताव करके आर्यसमाजियोंने अपने समाजका उपहास ही कराया।

इसके बाद मैं उठा। मैंने हुल्लड़बाजोंकी ऐसी खबर ली और फटकार बतलाई कि उनकी सारी चिल्लपों गायब हो गई और सभामें पूर्ण शांति छा गई। सेठ गोविन्ददासजी भी दो चार शब्द बोले। अन्तमें सभानेत्री सरोजिनीने सभा विसर्जित करते हुए हुल्लड़बाजोंसे पूछा, "क्या यही तुम्हारा वैदिक धर्म है ? क्या यही तुम्हारी आर्य संस्कृति है ? क्या यही आर्यसमाजका सिद्धान्त है और क्या यही स्वामी दयानन्दकी शिक्षा है ?" जबाब कौन देता ? समझदार आर्य समाजी ग्लानिसे गड़ गये। पंडित सत्यदेव विद्यालंकारने "दैनिक हिन्दुस्थान" में इस विषय पर जो अग्रलेख लिखा था वह वास्तवमें विवेकशील आर्य समाजियोंकी हार्दिक व्यथा की प्रतिध्वनि था।

सभामें महात्मा गाँधीसे लेकर युक्तप्रान्त, मध्य प्रान्त और उड़ीसाके प्रधानमंत्रियों, दक्षिण अफ्रिकाके भूतपूर्व एजेन्ट-जनरलों, सभी दलके अग्रनेताओं और प्रसिद्ध पत्रकारों के सन्देश पढ़कर सुनाये गये थे। सभाके विवरण, भाषण और सन्देश तो अखबारोंमें छपे हीं, पर उनको नेटाल इन्डियन काँग्रेस तथा इन्डियन ओवरसीज़ सेन्ट्रल एसोसियेशनकी तरफसे पुस्तकाकारभी छपवाकर हजारों प्रतियाँ देश विदेशोंमें बाँटी गईं।

सन १९३६ में एक बार देवीजीसे मिलनेमें मुझे अवश्य कुछ दिक्कत हुई थी और वह कहानी भी बड़ी मनोरंजक है। लखनऊमें काँग्रेस होने वाली थी और प्रयागमें वर्किङ्ग कमेटीकी बैठक। मैं प्रयाग पहुँचकर महात्मा गाँधी और पं० जवाहरलाल नेहरूसे आनन्द भवनमें मिल चुका था। वहीं पर मुझे यह भी खबर मिली कि बंबईसे श्रीमती सरोजिनीदेवी भी आई हैं और आनन्द-भवनमें ही ठहरी हुई हैं। उनसे मिलना आवश्यक था। मैंने सोचा कि इसी समय मिल लूँ तो फिर मुझे आनन्द भवन आनेकी जरूरत नहीं रहेगी। इसलिये मैंने आनन्द-भवनके उस नौकरको, जो देवीजीकी सेवामें तैनात था, बुलाकर कहा, "देवीजीको इत्तला दो कि मैं उनसे मिलना चाहता हूँ।" उसने उनको सूचना देनेसे साफ इन्कार कर दिया और बेअदबीसे जबाब दिया, "वे बंबईसे थकी-माँदी आ रही हैं और इस लिए दिनभर किसीसे नहीं मिल सकतीं।" मैं उसकी गुस्ताखीसे हैरतमें आकर बोला, "भले आदमी ! वह किसी से मिल सकेंगी या नहीं, यह तो उनकी इच्छाकी बात है तुम दाल भातमें मूसलचंद क्यों बन रहे हो ? तुम उनको इत्तला क्यों नहीं दे देते ?" वह किसी भी तरह इत्तला देनेको राजी न हुआ। लाचार होकर मैंने अपना कार्ड थमाते हुए उससे कहा, "तुम कुछ बोलना-चालना नहीं, सिर्फ यह कार्ड उनकी मेजपर रख देना।" आखिर वह कार्ड

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

लेकर अन्दर गया और कार्डको देखते ही देवीजी फौरन बाहर निकल आईं और उसी तरह प्रेमसे मिलीं जिस तरह कोई विदेशसे लौटे हुए अपने भाईसे मिलता है। फिर तो घण्टाभर प्रवासी भारतीयोंकी सामयिक समस्याओंपर बात-चीत होती रही। भारतकी इस अद्वितीय देवीसे प्रवासी भारतीयोंके मामलेमें मुझे हमेशा राय-सलाह और मदद मिलती रही है। उस समय उनकी अवस्था देखकर मुझे व्यथा हुई कि उनका स्वास्थ्य भंग हो चला है और वह फूलकी भाँति खिला हुआ चेहरा मुरझाने लगा है।

सन १९४४ में जब काशी नागरी प्रचारिणी सभाके अर्द्ध-शताब्दी महोत्सवका मुझे सभापति वरण किया गया तो बनारस जानेके विचारसे मैं अपने प्रवासी-भवन, अजमेर से दिल्ली पहुँचा। वहाँ मुझे यह दुखद खबर मिली कि देवी सरोजिनी बहुत बीमार हैं और उस समय दिल्लीमें ही ठहरी हुई हैं। मैं अपने मित्र डाक्टर लक्ष्मासुन्दरम्के साथ कर्जन रोड पर स्थित सर श्रीरामके बंगले पर उनसे मिलने के लिये गया और दरवान द्वारा अपना कार्ड उनके पास भेजवाया। ठीक उसी समय सैयद सर रजाअली भी देवीजीसे मिलनेके वास्ते वहाँ आ पहुँचे। उधर अन्दरसे दरवान सन्देश लेकर आया कि देवीजी मिलनेके लिये मुझे बुला रही हैं। मैंने सैयद साहबसे कहा कि यदि आपको देवीजीसे कोई प्राइवेट बातचीत करनी हो तब तो आप यहाँ ठहरें अन्यथा वे भी मेरे साथ ही देवीजी से मिलनेके लिए चल सकते हैं। उन्होंने जबाब दिया कि मैं भी उनकी बीमारीकी खबर सुनकर सिर्फ मिलनेके लिये आया हूँ। अतएव सैयद रजाअली और डाक्टर लक्ष्मासुन्दरम्के साथ मैं अन्दर देवीजीके कमरेमें दाखिल हुआ। देवीजीके हृदय की बीमारी उभड़ आई थी और वे चारपाईपर लेटी हुई थीं। उनके खाटके पास ही एक कुर्सी धरी हुई थी जिस पर मैंने डेरा जमाया। अन्य कई कुर्सियां खाटसे कुछ दूरी पर थीं उनमेंसे एकपर सैयद रजाअली और दूसरी पर डाक्टर लक्ष्मासुन्दरम् जा बैठे। देवीजीने मेरी तरफ बिल्कुल ध्यानही नहीं दिया और वे रजा अलीसे बातचीत करनेमें मशगूल हो गईं। जब कोई पाँच मिनट बीत गये तब देवीजीको मेरा खयाल आया और उन्होंने कहा कि "स्वामी भवानीदयाल भी मिलनेके वास्ते आए हुए हैं। दरवान उनका कार्ड लेकर आया था और मैंने दरवान को उन्हें शीघ्रही अन्दर लानेकी इजाजत दी थी लेकिन वे अबतक आये नहीं।" रजाअलीने मजाक करते हुए कहा कि "देवीजी! आप बहुत वृद्ध हो चलीं। आपकी आँखें बहुत कमजोर हो गई है और आपको बहुत कम दिखाई देने लगा है। इसलिये आपको हरवक्त चश्मा लगाये रहने की जरूरत है। स्वामीजी तो हम लोगोंके साथ ही आए और बिल्कुल आपके बाजूमें बैठे हुए हैं, पर आपको सूझता ही नहीं।" तब देवीजी मेरी तरफ मुखातिब होकर और गौरसे देखकर बोलीं, "अरे भैया! तुम सिख कबसे बन गए? तुम्हारी दाढ़ी देखकर मैंने तो यही सोचा कि इन लोगोंके साथ कोई सिख भाई भी आ गए हैं। विस्मय की बात है कि दाढ़ीके कारण मैं पहचानही नहीं पाई।" मैंने हँसते हुए जबाब दिया कि चूँकि अब मैं राजपूतानेमें आ बसा हूँ, इसलिए देशके अनुसार भेष बना लेना जरूरी समझा।

इसके बाद देश और विदेशोंपर बहुत देर तक बात-चीत होती रही। सैयद रज़ाअलीने उर्दूमें अपनी आत्म-कथाका प्रथम भाग छपवाया था उसकी एक प्रति देवीजी को उन्होंने भेंट की और फिर वे देवीजीसे विदा लेकर चले गये। उनके जानेके बाद मैंने सोचा कि काशी नागरी प्रचारिणी सभाकी स्वर्णजयन्तीके लिए यदि देवीजीसे सन्देश ले लिया जाय तो बहुत अच्छी बात होगी। जब मैंने उनसे सन्देश देनेके लिए कहा तो वे अपना पिण्ड छुड़ानेके लिए बहुत गिड़गिड़ाईं और बीमारीकी दुहाई देते हुए बोलीं कि इस हालतमें मैं क्या सन्देश दे सकती हूँ। पर मैं कहाँ पिण्ड छोड़ने वाला? मैंने लक्ष्मासुन्दरम्को काग़ज और क़लम लेकर देवीजीके निकट बैठनेके लिए कहा और देवी-जीसे प्रार्थना की कि वे राष्ट्रभाषाके सम्बन्धमें जो कुछ कहना चाहती हैं वह धीरे धीरे बोलती जाँय और भाई सुन्दरम् उसे लेखवद्ध करते जायँगे। इसमें आपको कोई अधिक तकलीफ न होगी। आखिर राष्ट्रभाषा पर देवीजीने एक सुन्दर सन्देश लिखवा दिया जो सभाके अर्द्ध शताब्दी महोत्सव पर पढ़ा गया और देश भरके अखबारोंमें उसकी चर्चा भी हुई।

सन् १९४६ के मार्चमें देवीजीसे मेरी अन्तिम मुला-क़ात हुई थी। उस समय दक्षिण अफ्रिकाका एक डेपुटेशन भारत आया था, सर्व श्री सोराबजी रुस्तमजी, एस० आर० नयडू, ए० एस० काजी तथा ए० ए० मिरजा उसके सदस्य थे। डेपुटेशन जब भारतके तत्कालीन वाय-

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सराय लॉर्ड वेवलसे मिला तो डेपुटेशनके सदस्योंके साथ सर आगाखाँ, श्रीमती सरोजिनी देवी, श्री शरतचन्द्रबोस, श्री होमी मोदी और श्री हसम प्रेमजीके सिवा मुझे भी डेपुटेशनमें शरीक कर लिया गया था। उस समय दो तीन दिनोंतक देवीजीसे बारबार मिलनेका प्रसंग आता रहा। उनकी तबीयत अच्छी नहीं थी, दिलकी बीमारीसे वे बहुत बेचैन रहती थीं, फिर भी उनकी क्रियाशीलता देखकर आश्चर्य होता था।

सोराबजी गुजरातसे लगभग पचास दक्षिण अफ्रिका प्रवासी भारतीयोंको, जो उन दिनों स्वदेश आये हुए थे, डेपुटेशनके साथ वायसरायसे मिलनेके लिये दिल्ली बुला लाये थे। पर वायसरायने डेपुटेशनके रूपमें इतने व्यक्तियोंसे मिलनेसे साफ इन्कार कर दिया। उन बेचारों की दुर्दशाका अनुमान कर लेना कठिन नहीं है जो वासरायसे मिलनेके लिये इतना परिश्रम और खर्च करके दिल्ली आये थे। उनका आना निरर्थक हुआ और निराश होकर उनको लौट जाना पड़ा। सोराबजीकी इस अदूरदर्शिता पर देवीजीको बड़ा सन्ताप हुआ था। वे मुझसे बार-बार पूछती कि सोराबजीको यह नाटक रचनेकी ज़रूरत क्या थी?

दिल्लीका कार्य समाप्त कर जब देवीजी बंबई वापस जाने लगीं तो दिल्ली स्टेशन पर घंटा भर उनके साथ रहने और बातचीत करनेका अवसर मिला था। जब मैं उनके डब्बेसे निकलकर दूसरोंसे मिलनेके लिये जाता क्योंकि उसी गाड़ीसे वे पचास व्यक्ति भी जा रहे थे जो वायसरायके दर्शनके सौभाग्यसे वंचित रह गये थे, तो न जाने क्या सोचकर देवीजी मुझे अपने डब्बेमें बुला लेतीं और कोई न कोई बात किया करतीं। मुझे भी उनके विछोहसे बड़ी वेदना हो रही थी। उनका मयालु स्वभाव और व्यवहार मुझे मुग्ध कर रहा था। मुझे क्या मालूम कि देवीजीसे मेरा यह अन्तिम मिलन है—इस जीवनमें पुनर्मिलन की अब कोई आशा नहीं है।

जब वे युक्तप्रान्तकी गवर्नर बनाई गईं तो कई बार उनसे मिलने का इरादा हुआ पर मेरी रुग्णावस्था मेरी इच्छाकी पूर्तिमें बाधक होती गई। देवीजी इस लोकसे चली गईं पर उनका नाम हिन्दुस्तानके इतिहासमें अमर रहेगा। जिस कार्यके लिये ईश्वरने उनको सिरजा था उसे उन्होंने पूरा कर दिया। गुलाम-भारतमें उनका जन्म हुआ था और स्वतंत्र भारतमें उनकी मृत्यु हुई है। भारतीय स्वाधीनता के युद्धमें उन्होंने जो त्याग और बलिदान किया है वह युग-युगान्तर तक हर्ष और विषाद में, सुख और दुखमें आर्यराष्ट्र को मार्ग दिखाता और आगे बढ़ाता रहेगा। यदि उन्होंने राजनीतिमें भाग न भी लिया होता तो भी उनका नाम कवियित्रीके रूपमें अमरही रहता। टागोर जैसे महाकविने देवीजीको महान कवि कहकर अभिनन्दन किया है इससे अनुमान किया जा सकता है कि वास्तवमें वे काव्यकला की प्रतिमूर्तिही थी। उनकी एक कविताका हिन्दी-अनुवाद हम इस अंक में अन्यत्र दे रहे हैं। देवीजी जैसे व्यक्ति कभी मरते नहीं, वे अपने करोड़ों देशवासियोंके हृदयमें सदा सर्वदा जीवित रहते हैं। (समाप्त)

भारतमें नवजागरण।

लेखिका: स्वर्गीया श्रीमती सरोजिनी देवी।

(इस कविताकी रचना उस समय हुई थी जबकि प्रथम विश्वयुद्धके समय भारतमें गिरमिटकी गुलामी के विरुद्ध प्रचंड आंदोलन चल पड़ा था और सरकार को विवश होकर डिफेंस ऑफ इंडिया एक्ट के अनुसार फिजी आदि उपनिवेशोंमें गिरमिटिया मजदूर भेजना बन्द कर देना पड़ा था)

वह कौन आज मेरी, वीणा बजा रही है,
दुखसे भरी कथाएँ, सारी सुना रही है।
फिजीमें बेटियोंकी, सुन घोर यंत्रणाएँ,
मैं थी अचेत आँसू, ढलकर जगा रही है।
जिस फूटकी कृपासे, मैं फूट-फूट रोई,
वह सींच प्रेम जलसे, उसको जला रही है।
अज्ञानकी निशामें, भटकें हमारे बच्चे,
अनुरागसे बुलाकर, भगिनी मिला रही है॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कार्पण्य-शीतसे जो, डरकर ठिठक रहे थे,
कर्तव्यसे तपाकर, आगे बढ़ा रही है।
जो शस्त्र-हीन योद्धा, निर्बल बने हुए थे,
असि मातृ-प्रेम निश्चय, पटसे बँधा रही है।
नैराश्य-लूसे जिनके, मुखड़े झुलस रहे थे,
आशा-सुधा पिला कर, उनको जिला रही है।
वह मेरा 'मातृमन्दिर', जन-शून्यसा पड़ा था,
पिक गानसे सुरीलीं, भीड़ें लगा रही है॥
मुर्चा लगे पड़े थे, सब आरतीके सामाँ,
जलते हुए दिलोंसे, पूजा करा रही है।
देखो यह यज्ञ-वेदी, किस धूमसे जलाई,
निर्धूम होम-ज्वाला, दुनियामें छा रही है॥
पशु-भावका चढ़ाना, बलिदान है सिखाया,
प्रियदान आत्म-अर्पण, सबसे दिला रही है।
जिस एक भाव सरमें, बक-पाँति थी दिखाती,
कल हंसके छबीले, बच्चे बसा रही है॥
उद्यानमें जहाँ पे, था काक-वृन्द छाया,
सुर मोहिनी वहाँ पे, कोकिल सुना रही है।
नहलाके प्रेम सरमें, मम भक्तिका पिलाके,
बिछुड़े गले मिलाके, उत्सव मना रही है॥
पैरों तले पड़ी थी, जो म्लान पुष्प-माला,
मा शीश पे चढ़ाके, ऊँची बना रही है।
जिनके हृदय कुमुदको, अन्याय हैं जलाते,
शशि न्याय नेत्र तारों, द्वारा बुला रही है॥
ऊषा प्रकाश पा कर, आकाशकी छटाएँ,
घनघोर बादलोंमें, मुझको दिखा रही है।
उद्यानकी लताएँ, झुक झूमती दिखाई,
हिमकणसे पल्लवों पे, आशा बिछा रही है।
पाके स्वराज दिन कर, फूले कमल दिखाके,
सुधि-बुधि 'सरोजिनी' सी, मुझ पे चढ़ा रही है॥

परदेशी

[लेखक: स्वर्गीय श्री प्रेमचन्दजी]

(१)

मँगरू यात्रियों पर बात-बात पर बिगड़ता था, बात-बात पर गालियाँ देता था, कई आदमियोंको ठोकर मारे और कईको केवल गाँवका ज़िला न बता सकनेके कारण धक्का देकर गिरा दिया। गौरा मन ही मन गड़ी जाती थी। साथ ही अपने स्वामीके अधिकार पर उसे गर्व भी हो रहा था। आख़िर मँगरू उसके सामने आकर खड़ा हो गया और कुचेष्टापूर्ण नेत्रों से देखकर बोला—तुम्हारा क्या नाम है?

गौराने कहा—गौरा।

मँगरू चौंक पड़ा, फिर बोला—घर कहाँ है?

गौराने कहा—मदनपुर, जिला बनारस।

यह कहते कहते उसे हँसी आ गई। मँगरूने अब उसकी ओर ध्यानसे देखा, तब लपक कर उसका हाथ पकड़ लिया और बोला—गौरा! तुम यहाँ कहाँ? मुझे पहचानती हो?

गौरा रो रही थी, मुँहसे बात न निकली।

मँगरू फिर बोला—तुम यहाँ कैसे आईं?

गौरा खड़ी हो गई, आँसू पोंछ डाले और मँगरूकी ओर देखकर बोली—तुम्हींने तो बुला भेजा था।

मँगरू—मैंने! मैं तो सात सालसे यहाँ हूँ।

गौरा—तुमने उस बूढ़े ब्राह्मणसे मुझे लानेको नहीं कहा था?

मँगरू—कह तो रहा हूँ मैं सात सालसे यहाँ हूँ और मरने पर ही यहाँसे जाऊँगा। भला तुम्हें क्यों बुलाता।

गौराको मँगरूसे इस निष्ठुरताकी आशा न थी। उसने सोचा अगर यह सत्य भी हो कि इन्होंने मुझे नहीं बुलाया, तो भी इन्हें मेरा यों अपमान न करना चाहिये था। क्या यह समझते हैं कि मैं इनकी रोटियों पर आई हूँ। यह तो इतने ओछे स्वभावके न थे। शायद दरजा पाकर इन्हें मद हो गया है। नारि-सुलभ अभिमानसे गरदन

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उठाकर उसने कहा—तुम्हारी इच्छा हो तो अबसे लौट जाऊँ! तुम्हारे ऊपर भार बनना नहीं चाहती।

मँगरू कुछ लज्जित होकर बोला—अब तुम यहाँसे लौट नहीं सकती गौरा! यहाँ आकर बिरला ही कोई लौटता है।

यह कहकर वह कुछ देर चिन्तामें मग्न खड़ा रहा, मानों संकटमें पड़ा हुआ हो कि क्या करना चाहिये। उसकी कठोर मुखाकृति पर दीनताका रंग झलक पड़ा। तब कातर स्वर से बोला जब आ गई हो तो रहो। जैसे कुछ पड़ेगी देखी जायगी।

गौरा—ज़हाज फिर कब लौटेगा?

मँगरू—तुम यहाँसे पाँच बरसके पहले नहीं जा सकतीं।

गौरा—क्या कुछ जबरदस्ती है!

मँगरू—हाँ, यहाँका यही हुक्म है।

गौरा—तो फिर मैं अलग मजूरी करके अपना पेट पालूँगी।

मँगरूने सजल नेत्र होकर कहा—जब तक मैं जीता हूँ, तुम मुझसे अलग नहीं रह सकती।

गौरा—तुम्हारे ऊपर भार बनकर न रहूँगी।

मँगरू—मैं तुम्हें भार नहीं समझता गौरा, लेकिन यह जगह तुम जैसी देवियोंके रहने लायक नहीं है, नहीं तो मैंने अब तक कभीका बुला लिया होता। वही बूढ़ा आदमी जिसने तुम्हें बहकाया, मुझे घरसे आते समय पटने में मिल गया और झाँसे देकर मुझे यहाँ भरती करा दिया। तबसे यहीं पड़ा हुआ हूँ। चलो मेरे घरमें रहो, वहाँ बातें होंगी। वह दूसरी औरत कौन है?

गौरा—यह मेरी सखी है। इन्हें भी वही बूढ़ा बहका लाया है।

मँगरू—यह तो किसी कोठीमें जायँगी। इन सब आदमियोंकी बाँट होगी। जिसके हिस्सेमें जितने आदमी आएँगे उतने हर एक कोठीमें भेज जाएँगे।

गौरा—यह तो मेरे साथ रहना चाहती है।

मँगरू—अच्छी बात है, उन्हें भी लेती चलो।

यात्रियोंके नाम तो लिखे ही जा चुके थे, मँगरूने उन्हें एक चपरासीको सौंप कर दोनों औरतोंके साथ घरकी राह ली। दोनों ओर सघन वृक्षोंकी क़तारें थी। जहाँ तक निगाह जाती थी ऊख ही ऊख दिखाई देती थी। समुद्रकी ओरसे शीतल निर्मल वायु के झोंके आ रहे थे। अत्यन्त सुरम्य दृश्य था। पर मँगरूकी निगाह उस ओर न थी। वह भूमिकी ओर ताकता, सिर झुकाए संदिग्ध चालसे चला जा रहा था। मानो मन ही मन कोई समस्या हल कर रहा है।

थोड़ी ही दूर गये थे कि सामनेसे दो आदमी आते हुए दिखाई दिये। समीप आकर दोनों रुक गये और एक ने हँसकर कहा—इनमेंसे एक हमारी है। दूसरेने कहा, दूसरी मेरी है।

मँगरूने जवाब दिया, ये मेरे घरकी औरतें हैं। उस आदमीने फिर कहा—यह मेरी है, चाहे तुम्हारी घरकी हो चाहे बाहरकी। बच्चा, हमें चकमा देते हो!

मँगरू—क़ासिम, इन्हें मत छेड़ो, नहीं तो अच्छा न होगा। मैंने कह दिया मेरे घरकी औरतें हैं।

मँगरूकी आँखोंसे अग्नि ज्वाला सी निकल रही थी। यह दोनों उसके मुखका भाव देखकर कुछ सहम गए और 'समझ लेने' की धमकी देकर आगे बढ़े। किन्तु मँगरूके आघात-क्षेत्रसे बाहर पहुंचते ही एकने पीछेसे ललकार कर कहा—देखें कहाँ लेकर जाते हो।

मँगरूनें उधर ध्यान न दिया। जरा कदम बढ़ाकर चलने लगा, जैसे सँध्याके एकान्तमें हम कब्रिस्तानके पास से गुजरते हैं, हमें पग-पग पर यह शंका होती है कि कोई शब्द कानमें न पड़ जाय, कोई सामने आकर खड़ा न हो जाय, कोई जमीनके नीचेसे कफन ओढ़े उठ न खड़ा हो।

गौराने कहा—यह दोनों बड़े सोहदे थे।

मँगरू—और मैं किस लिये कह रहा था कि यह जगह तुम जैसी स्त्रियोंके रहने लायक नहीं हैं।

सहसा दाहिनी तरफसे एक अंग्रेज घोड़ा दौड़ाता हुआ आ पहुँचा और मँगरूसे बोला—वेल जमादार, यह दोनों औरतें हमारी कोठीमें रहेगा। हमारी कोठीमें कोई औरत नहीं है।

मँगरूने दोनों औरतोंको अपने पीछे कर लिया और सामने खड़ा होकर बोला—साहब, यह दोनों हमारे घरकी औरतें हैं।

साहब—ओ हो! तुम झूठा आदमी। हमारे कोठीमें कोई औरत नहीं और तुम दो ले जायगा। ऐसा नहीं हो सकता। (गौराकी ओर इशारा करके) इसको हमारी कोठी पर पहुँचा दो।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मँगरू—हम कह रहे हैं कि यह दोनों हमारे घर की औरतें हैं।

साहब—कुछ परवा नहीं, हमारे कोठीमें पहुँचा दो।

मँगरूने सिरसे पैर तक काँपते हुए कहा—ऐसा नहीं हो सकता।

मगर साहब आगे बढ़ गया था, उसके कानोंमें बात न पहुँची। उसने हुक्म दे दिया था और उसकी तामील करना जमादारका काम था।

शेष मार्ग निर्विघ्न समाप्त हुआ। आगे मजदूरोंके रहने के मिट्टीके घर थे। द्वारों पर स्त्री, पुरुष जहाँ-तहाँ बैठे हुए थे। सभी इन दोनों स्त्रियोंकी ओर घूरते थे और आपसमें इशारे करके हँसते थे। गौराने देखा उनके छोटे-बड़ेका लिहाज नहीं है, न किसी की आँखमें शर्म है।

एक भदैसल औरत ने हाथ पर चिलम पीते हुए अपनी पड़ोसिनसे कहा—चार दिनकी चाँदनी फिर अँधेरा पाख।

दूसरी अपनी चोटी गूँथती हुई बोली—कलोर हैं न।

(७)

मँगरू दिन भर द्वार पर बैठा रहा मानों कोई किसान अपने मटरके खेतकी रखवाली कर रहा हो। कोठरीमें दोनों स्त्रियाँ बैठी अपने नसीबोंको कोस रही थीं। इतनी ही देरमें दोनोंको यहाँ की दशाका परिचय हो गया था। दोनों भूखी-प्यासी बैठी थीं। यहाँ का रंग देखकर भूख-प्यास सब भाग गई थी।

रातके १० बजे होंगे कि एक सिपाही ने आकर मँगरू से कहा—चलो तुम्हें एजन्ट साहब बुला रहे हैं।

मँगरूने बैठे-बैठे कहा—देखो नब्बी, तुम हमारे देशके आदमी हो। कोई मौका पड़े तो हमारी मदद करोगे न? जाकर साहबसे कह दो मँगरू कहीं गया है। बहुत होगा जुरमाना कर देंगे।

नब्बी—न भैया, गुस्सेमें भरा बैठा है, पिये हुए है, कहीं मार चले तो बस, यहाँ चमड़ा इतना मजबूत नहीं है।

मँगरू—अच्छा तो जाकर कह दो नहीं आता।

नब्बी—मुझे क्या, जाकर कह दूँगा, पर तुम्हारी खैरियत नहीं है।

मंगरू ने जरा सोचकर लकड़ी उठाई और नब्बीके साथ साहबके बँगले पर चला। यह वही साहब थे जिनसे आज मँगरू की भेंट हुई थी। मँगरू जानता था कि साहब से बिगाड़ करके यहाँ एक क्षण भी निर्वाह नहीं हो सकता। जाकर साहबके सामने खड़ा हो गया। साहबने दूर ही से डाटा, वह औरत कहाँ है? तुम उसे अपने घरमें क्यों रक्खा है?

मँगरू—हजूर वह मेरी ब्याहता औरत है।

साहब—अच्छा वह दूसरा कौन है?

मँगरु—मेरी सगी बहन है हजूर।

साहब—हम कुछ नहीं जानता। तुमको लाना पड़ेगा। दो में कोई, दो में कोई!

मँगरू एजेन्टके पैरों गिर पड़ा और रो रो कर अपनी सारी राम कहानी सुना गया। पर साहब ज़रा भी न पसीजे। अंतमें वह बोला—हजूर वह दूसरी औरतों की तरह नहीं हैं। अगर यहाँ आ भी गई तो प्राण दे देंगी।

साहबने हँसकर कहा—ओ! जान देना इतना आसान नहीं है।

नब्बी—अपनी दाँव रोते क्यों हो। तुम हमारे घरमें नहीं घुसे थे? अब भी जब घात पाते हो जा पहुँचते हो, अब रोते क्यों हो?

एजेंट—ओ, यह बदमाश है। अभी जाकर लाओ, नहीं तो हम तुमको हँटरोंसे पीटेगा।

मँगरू—हजूर जितना चाहें पीट लें, मगर मुझसे यह काम करनेको न कहें जो मैं जीते जी नहीं कर सकता।

एजेंट—हम एक सौ हंटर मारेगा।

मँगरू—हजूर एक हजार हंटर मार लें, मगर घरकी मेरी औरतोंसे न बोलें।

एजेंट नशेमें चूर था, हंटर लेकर मँगरू पर पिल पड़ा और लगा सड़ासड़ जमाने। दस बारह कोड़े तो मँगरूने धैर्य्यके साथ सहे, फिर हाय-हाय करने लगा। देहकी खाल फट गई थी और माँस पर जब चाबुक पड़ती थी तो बहुत जब्त करने पर भी कंठ से आर्त-ध्वनि निकल आती थी और अभी एक सौ में कुल पंद्रह चाबुक पड़े थे!

रातके दस बज गये थे। चारों ओर सन्नाटा छाया था और उस नीरव अँधकार में मँगरू का करुण विलाप किसी पक्षी की भाँति आकाश में मंडला रहा था। वृक्षों के समूह भी हत्बुद्धि से खड़े मौन रोदनकी मूर्ति बने हुए थे। यह पाषाण हृदय, लम्पट, विवेक-शून्य जमादार इस समय एक अपरिचित स्त्री के सतीत्वकी रक्षा करनेके लिये अपने प्राणतक देने पर तैयार था, केवल इस बात

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कि यह उसके पत्नी की संगिनी थी! वह समस्त सँसार की नज़रों में गिरना गवारा कर सकता था, पर अपनी पत्नी की भक्ति पर अखंड राज्य करना चाहता था। इसमें अणु-मात्र की कमी भी उसके लिये असह्य थी। उस अलौकिक भक्तिके सामने उसके जीवन का क्या मूल्य था?

❀ ❀ ❀ ❀ ❀

ब्राह्मणी तो जमीन परही सो गई थी, पर गौरा बैठी पति की बाट जोह रही थी। अभी तक वह उससे कोई बात न कह सकी थी। सात वर्षों की विपति कथा कहने और सुनने के लिये बहुत समय की जरूरत थी, और रात के सिवा वह समय फिर कब मिल सकता था। उसे उस ब्राह्मणी पर कुछ क्रोधसा आ रहा था कि यह क्यों मेरे गले का हार हुई। इसी के कारण तो वह घर में नहीं आ रहे हैं!

यकायक वह किसी का रोना सुनकर चौंक पड़ी। भगवान, इतनी रात गये कौन दुःख का मारा रो रहा है। अवश्य कोई कहीं मर गया है। वह उठकर द्वार पर आई और यह अनुमान करके कि मँगरू यहाँ बैठा हुआ हैं, बोली–यह कौन रो रहा है? जरा जाकर देखो तो।

लेकिन कोई जबाब न मिला तो वह स्वयं कान लगा कर सुनने लगी। सहसा उसका कलेजा धकसे हो गया। यह तो उन्हीं की आवाज़ है। अब आवाज़ साफ सुनाई दे रही थी। मँगरू की आवाज थी। वह द्वार के बाहर निकल आई। सामने एक गोली के टप्पे पर एजेन्ट का बँगला था। उसी तरफ से आवाज आ रही थी। कोई उन्हें मार रहा है। आदमी मार पड़ने पर ही इस तरह रोता है। मालूम होता है वही साहब उन्हें मार रहा है। वह वहां खड़ी न रह सकी, पूरी शक्ति से उस बँगले की ओर दौडी, रास्ता साफ था। एक क्षणमें फाटक पर पहुंच गई। फाटक बंद था। उसने जोर से फाटक पर धक्का दिया लेकिन जब फाटका न खुला और कई बार ज़ोर ज़ोर से पुकारने पर भी कोई बाहर न निकला तो वह फाटकके जँगलों पर पैर रख के भीतर कूद पड़ी और उस पार जाते ही उसने एक रोमाञ्चकारी दृश्य देखा। मँगरू नंगे बदन बरामदेमें खड़ा था और एक अंग्रेज उसे हंटरोंसे मार रहा था। गौरा की आँखोंके सामने अंधेरा छा गया। वह एक छलाँगमें साहब के सामने जाकर खड़ी हो गई और मँगरूको अपने अक्षय प्रेम सबल हाथोंसे ढक कर बोली—सरकार, दया करो, इनके बदले मुझे जितना चाहो मार लो पर इनको छोड़ दो।

एजेन्टने हाथ रोक लिया और उन्मत्तकी भाँति गौरा की ओर कई क़दम आकर बोला—हम इसको छोड़ दें तो तुम यहाँ मेरे पास रहेगा।

मँगरूके नथने फड़कने लगे। यह पामर नीच अँग्रेज मेरी पत्निसे इस तरहकी बातें कर रहा है! अबतक वह जिस अमूल्य रत्नकी रक्षाके लिये इतनी यातनाएँ सह रहा था, वही वस्तु साहबके हाथ में चली जा रही है, यह असह्य था। उसने चाहा कि लपक कर साहबकी गरदन पर चढ़ बैठूँ, जो कुछ होना है हो जाय, यह अपमान सहने के बाद जीकर ही क्या करूँगा लेकिन नब्बीने उसे तुरन्त पकड़ लिया और कई आदमियोंको बुलाकर उसके हाथ पाव बाँध दिये। मँगरू भूमिपर छटपटाने लगा!!!

गौरा रोती हुई साहबके पैरों पर गिर पड़ी और बोली—हजूर, इन्हें छोड़ दें, मुझपर दया करें।

एजेन्ट—तुम हमारे पास रहेगा?

गौराने खूनका घूँट पीकर कहा—हाँ रहूँगी।

(९)

बाहर मँगरू बरामदेमें पड़ा कराह रहा था। उसकी देहमें सूजन थी और पावोंमें जलन, सारे अँग जकड़ गये थे। हिलने की भी शक्ति न थी। हवा घावोंमें शरके समान चुभती थीं, लेकिन वह सारी व्यथा सह सकता था। असह्य यह था कि साहब गौराके साथ इसी घरमें बिहार कर रहा है और मैं कुछ नहीं कर सकता। उसे अपनी पीड़ा भूल सी गई थी। कान लगाए सुन रहा था कि उनके बातोंकी भनक कानमें पड़ जाय, देखूँ क्या बातें हो रही है। गौरा अवश्य चिल्ला कर भागेगी और साहब उसके पीछे दौड़ेगा। अगर मुझसे उठा जाता तो उस वक्त बच्चाको खोदकर गाड़ ही देता। लेकिन बड़ी देर हो गई न तो गौरा चिल्लाई न बंगले से निकल कर भागी। वह उस सजे सजाए कमरेमें साहबके साथ बैठी सोच रही थी। क्या इसमें तनिक भी दया नहीं है। मँगरूकी पीड़ा-क्रन्दन सुन-सुनकर उसके हृदयके टुकड़े हुए जाते थे। क्या इसके अपने भाई बन्द, माँ बहन नहीं हैं? माता यहाँ होती तो इसे इतना अत्याचार न करने देती। मेरी अम्माँ लड़कों पर कितना बिगड़ती थीं, जब वह किसीको पेड़ पर ढेले चलाते देखती थी। पेड़ में भी प्राण होते हैं। क्या इसकी माता इसे एक आदमी के प्राण लेते देखकर भी इसे मना न करती। साहब शराब पी रहा था और गौरा गोश्त काटने का छुरा हाथमें लिए खेल रही थी।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सहसा गौराकी निगाह एक चित्रकी ओर गई। उस में एक माता बैठी हुई थी। गौराने पूछा—साहब, यह किसकी तसवीर है, साहबने शराबका ग्लास मेज पर रखकर कहा—ओ, यह हमारे खुदाकी माँ मरियम है।

गौरा—बड़ी अच्छी तस्वीर है। क्यों साहब तुम्हारी माँ जीती हैं न?

साहब—वह मर गया। हम जब यहाँ आया तो वह बीमार हो गया। हम उसको देख भी नहीं सका।

साहबके मुख मण्डल पर करुणाकी झलक दिखाई दी।

गौरा बोली तब तो उन्हें बड़ा दुख हुआ होगा। तुम्हें अपनी माताका भी प्यार नहीं था। वह रो रो कर मर गईं और तुम देखने भी न गए। तभी तुम्हारा दिल इतना कड़ा है।

साहब—नहीं नहीं, हम अपनी माताको बहुत चाहता था। वैसा औरत दुनियामें न होगा। हमारा बाप हमको बहुत छोटा सा छोड़ कर मर गया था। मामाने कोयलेकी खानमें मजूरी करके हमको पाला।

गौरा—तब तो वह देवी थीं। इतनी ग़रीबीका दुख सहकर भी तुम्हें दूसरों पर तरस नहीं आता। क्या यह दयाकी देवी तुम्हारी बेदर्दी देखकर दुखी न होती होंगी। उनकी कोई तसवीर तुम्हारे पास है।

साहब—ओ, हमारे पास उनकी कई फोटो हैं। देखो वह उन्हींकी तसवीर है, वह दीवाल पर!

गौराने समीप जाकर तसवीर देखी और आकर करुणा स्वर बोली—सचमुच देवी थीं, जान पड़ता है दया की देवी हैं। वह तुम्हें कभी मारती थीं कि नहीं? मैं तो जानती हूँ वह कभी किसी पर न बिगड़ती रही होंगी। बिलकुल दयाकी मूर्ति हैं।

साहब—ओ, मामा हमको कभी नहीं मारता था। वह बहुत ग़रीब था। पर अपनी कमाईमें कुछ न कुछ जरूर ख़ैरात करता था। किसी बे-बापके बालकको देखकर उसकी आँखोंमें आँसू भर आता था। वह बहुत ही दयावान था।

गौराने तिरस्कारके स्वरमें कहा—और उसी देवीके पुत्र होकर तुम इतने निर्दई हो! क्या वह होती तो तुम्हें किसीको इस तरह हत्यारोंकी भाँति मारने देतीं? वह स्वर्गमें रो रही होंगी। स्वर्ग नरक तो तुम्हारे यहाँ भी होगा ऐसी देवीके पुत्र तुम कैसे हो गए?

गौराको यह बातें कहते हुए ज़रा भी भय न होता था। उसने मनमें एक दृढ़ संकल्प कर लिया था। और अब उसे किसी प्रकारका भय न था। जानसे हाथ धो लेनेका निश्चय कर लेनेके बाद भयकी छाया भी नहीं रह जाती। किन्तु वह हृदय-शून्य अंग्रेज इन तिरस्कारों पर आग हो जानेके बदले और भी नम्र होता जाता था। गौरा मानवी भावोंसे कितनी ही अनभिज्ञ हो पर इतना जानती थी कि अपनी जननी के लिये प्रत्येक हृदयमें, चाहे वह साधू का हो या कसाईका, आदर और प्रेमका एक कोना सुरक्षित रहता है। ऐसा भी कोई अभागा प्राणी है जिसे मातृ-स्नेह की स्मृति थोड़ी देरके लिए रुला न देती हो, उसके हृदय के कोमल भावों को जगा न देती हो?

साहब की आँखें डबडबा गई थी। सिर झुकाए बैठा रहा। गोरा ने फिर उसी ध्वनि में कहा—तुमने उनकी सारी तपस्या धूलमें मिला दी। जिस देवी ने मर मर कर तुम्हारा पालन किया, उसी को मरने के पीछे इतना कष्ट दे रहे हो? क्या इसी लिये माता अपने पुत्र को अपना रक्त पिला पिलाकर पालती है। अगर वह बोल सकती तो क्या चुप बैठी रहतीं, तुम्हारे हाथ पकड़ सकती तो न पकड़ती? मैं तो समझती हूँ वह जीती होती तो इस क्रूर विष खाकर मर जाती।

साहब अब ज़ब्त न कर सके। नशेमें क्रोधकी भाँति ग्लानि का वेग भी सहज ही में उठ आता है। दोनों हाथों से मुँह छिपा कर साहब ने रोना शुरू किया, और इतना रोया कि हिचकी बँध गई। माता के चित्र के सम्मुख जाकर वह कुछ देर तक खड़ा रहा मानों माता से क्षमा माँग रहा हो। तब आकर आर्द्र कण्ठ से बोला—हमारे मामा को अब कैसे शांति मिलेगा! हाय हाय! हमारे सबबसे उसको स्वर्गमें भी सुख नहीं मिला। हम कितना अभागा है।

गौरा—अब ज़रा देरमें तुम्हारा मन बदल जायगा और तुम फिर दूसरों पर यही अत्याचार करने लगोगे।

साहब—नहीं नहीं, अब हम मामाको कभी दुख नहीं देगा। हम अभी मँगरूको अस्पताल भेजता है।

(८)

रात ही को मँगरू अस्पताल पहुँचा दिया गया। एजेंट खुद उसको पहुँचाने आया। गौरा भी उसके साथ थी। मँगरूको ज्वर हो आया था, बेहोश पड़ा हुआ था।

मँगरूने तीन दिन आँखें न खोलीं और गौरा तीनों दिन उसके पास बैठी रही। एक क्षणके लिये भी वहाँसे

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

न हटी। एजेंट भी कई बार हालचाल पूछने आ जाता और हर मरतबा गौरासे क्षमा माँगता।

चौथे दिन मँगरूने आँखें खोली तो देखा गौरा सामने बैठी हुई है। गौरा उसे आँखे खोलते देखकर पास आ खड़ी हुई और बोली—अब कैसा जी है।

मँगरूने कहा—तुम यहाँ कब आईं?

गौरा—मैं तो तुम्हारे साथ ही यहाँ आई थी, तबसे यहीं हूँ।

मँगरू—साहबके बँगलेमें क्या जगह नहीं है?

गौरा—अगर बँगलेकी चाह होती तो सात समुद्र पार तुम्हारे पास क्यों आती।

मँगरू—आकर कौनसा सुख दे दिया। तुम्हें यही करना था तो मुझे मरने क्यों नहीं दिया।

गौराने झुँझलाकर कहा—तुम इस तरह की बातें मुझसे न करो। ऐसी बातोंसे मेरी देहमें आग लग जाती है।

मँगरूने मुँह फेर लिया, मानो उसे गौराकी बात पर विश्वास नहीं आया।

दिन भर गौरा मँगरूके पास बे दाना-पानी खड़ी रही और दिन भर मँगरू उसकी ओर मुँह फेरे पड़ा रहा। गौरा ने कई बार उसे बुलाया लेकिन वह चुप्पी साधे रह गया। यह सँदेह-युक्त निरादर कोमल-हृदय गौराके लिये असह्य था। जिस पुरुषको वह देव तुल्य समझती थी उसके प्रेम से वंचित होकर वह कैसे जीवित रह सकती थी? यही प्रेम उसके जीवनका आधार था। उसे खोकर अब वह अपना सर्वस्व खो चुकी थी।

आधी रातसे अधिक बीत चुकी थी। मँगरू बेखबर सोया हुआ था। शायद वह कोई स्वप्न देख रहा था। गौराने उसके चरणों पर सिर रक्खा और अस्पताल से निकली। रँगरूने उसे परित्याग कर दिया था। वह भी उसका परित्याग करने जा रही थी।

अस्पतालके पूर्व दिशामें एक फर्लांग पर एक छोटी सी नदी बहती थी। गौरा उसके कगार पर खड़ी हो गई। अभी कई दिन पहले वह अपने गाँवमें आरामसे पढ़ी हुई थी। उसे क्या मालूम था कि जो वस्तु इतनी मुश्किलसे मिल सकती है, वह इतनी आसानीसे खोई भी जा सकती है। उसे अपनी माँ की, अपने घरकी, अपनी सहेलियों की, अपने बकरीके बच्चों की याद आई। वह सब सुख छोड़कर इसलिए यहाँ आई थी! पतिके ये शब्द—"क्यों साहबके बँगले में जगह नहीं हैं—" उसके मर्म स्थानमें बाणोंके समान चुभे हुए थे। यह सब मेरे ही तो कारण हुआ? मैं न रहूंगी तो वह फिर आरामसे रहेंगे। सहसा उसे ब्राह्मणी की याद आ गई। उस दुखियाके दिन यहाँ कैसे कटेंगे। चलकर साहबसे कह दूँ कि उसे या तो उसके घर भेज दें या किसी पाठशालामें काम दिलादें।

वह लौटनाही चाहती थी कि किसीने उसे पुकारा—गौरा! गौरा! वह मँगरूका करुण-कम्पित स्वर था। वह चुप चाप खड़ी हो गई। मँगरूने फिर पुकारा—गौरा! गौरा! तुम कहाँ हो मैं ईश्वरसे कहता हूँ कि.....!

गौरा ने और कुछ न सुना। वह धमसे नदीमें कूद पड़ी। बिना अपने जीवनका अन्त किए वह स्वामी की विपत्तिका अन्त न कर सकती थी! धमाके की आवाज सुनते ही मँगरू भी नदीमें कूदा। वह अच्छा तैराक था। मगर कई बार गोते मारने पर भी गौराका कहीं पता न चला।

प्रातः काल दोनों लाशें साथ साथ नदीमें तैर रही थी। जीवन यात्रामें उन्हें यह चिर-संग कभी न मिला था। स्वर्ग यात्रामें दोनों साथ साथ जा रहे थे!!

(समाप्त)

शुभ कामना

स्वामी भवानीदयाल संन्यासी प्रवासी भारतीयों की सतत सेवा करते रहनेके कारण देश-विदेशमें प्रख्यातही नहीं, सुविख्यात भी हैं। बापूके साथ दक्षिणी अफ्रिकामें रहकर और स्वतंत्र रूपसे भी स्वामीजीने प्रवासी भारतीयोंको बहुत लाभ अपनी एकनिष्ट सेवा द्वारा पहुँचाया है। आज उनकी आयु परिपक्व हो चुकी है, किन्तु फिर भी वे 'प्रवासी' पत्र द्वारा प्रवासियोंकी प्रतिनिधित्वपूर्ण सेवा कर रहे हैं। दीपावली का अंक 'प्रवासी' का अपने ढङ्गका निराला और स्वस्थ-सामग्रीपूर्ण अंक है। विदेशके लिये 'प्रवासी' में अंग्रेजी विभाग भी है। प्रवासी भाइयोंसे दिलचस्पी रखनेवालोंको 'प्रवासी' को अपनाकर, इस सम्बन्धमें अपना अधिकाधिक ज्ञान-वर्धन करना चाहिये। पत्र सचित्र है, सुरुची-सम्पन्न व आर्य-समाजसे विशेष प्रभावित है! उपयोगिताके लिहाजसे मूल्य अधिक नहीं है।— "जनशक्ति" इटारसी।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मेरे भाई स्वर्गीय हरीलाल गांधी

लेखक:—श्री देवदास गांधी, सम्पादक: "हिन्दुस्थान टाइम्स"

(१)

दक्षिण अफ्रिकामें एक महीनेकी कैद कड़ी सजा मानी जाती थी। नेताओं तथा अभ्यस्त लोगोंको ही तीन तीन महीनेकी कैद की सजा दी जाती थी और ६ महीनेकी कैद तो अमानुषिक मानी जाती थी और उसका हुक्म किसी विरलेको ही सुनाया जाता था। जेलके भीतरकी दशा बड़ी भयानक थी और अधिकसे अधिक तंदुरुस्त आदमी के स्वास्थ्य सत्यानाश कर डालनेके लिए काफी थी। वह हमारे 'सी' दर्जेसे निश्चितरूपसे बुरी थी। दयाके लिए कहीं जगह न थी और भारतमें वातावरणका जो लाभ प्राप्त था उसका भी यहां अभाव था। परन्तु भारतमें शुरू शुरूमें क्रान्तिकारियोंने यदि यातनाएं उठायी थीं, उनकी तुलनामें यह अधिक न था। जेलमें तीन महीने व्यतीतकर चुकनेके बाद बा वह न रह गयीं, जो वे थीं। पहले वे मोटी-ताजी थीं और बापूकी तुलनामें काफी कम उम्रकी लगती थीं। दक्षिण अफ्रीकाके तीन महीनेके जेल जीवनने उनमें परिवर्तनकर दिया। यह कहानी प्रसिद्ध है कि दक्षिण अफ्रिकाके एक प्रसिद्ध व्यक्तिने बापूके जेलसे छूटनेके बाद उन्हें स्टेशनपर बापूके साथ देखकर कहा— "मि० गांधी, आप कैसे हैं। और यह क्या आपकी माता हैं?" सो, मेरे भाई तो सजाकी छ महीनेकी दो मियादें पूरी कर चुके थे और तब तक बालकके रूपमें उनका अभाव मुझे दीर्घकालीन और दुखद लगा था। उन दिनों दक्षिण अफ्रिकाके सभी छोटे बच्चे जानते थे कि उनके बड़ोंको जेलमें कैसी यातनाएं भुगतनी पड़ती है। मैं उनकी बड़ी लड़कीकी हम उम्र था और हम दोनोंके खिलौने मिलेजुले थे। उनके वीरता और आकर्षणसे भरे दिनोंकी आखिरी याद मुझे एक उस अवसर की है, जब वे सत्याग्रहीके रूपमें सजा काटनेके लिए विदा हो रहे थे। उन दिनों वे सुन्दर लगते थे। वे सिरके बीचमें मांग काढ़ते थे और माथेपर बालके गुच्छे लटका करते थे। उन्होंने चलते समय हाथ हिलाकर मुझसे कहा— "हां, देवदास, मैं डरबनसे तुम्हें टोप भेजूंगा"। लड़ डूकी मुझे याद नहीं है। लेकिन अगले दिन, अपनी भतीजीके साथ मिठाई खानेकी बात मुझे खूब याद है। उसी समय मेरी भावज एक पत्र लिये आँसू बहा रहीं थीं।

कितने ही वर्ष बाद जब भाई भारतमें मिले तो वे बिल्कुल बदल चुके थे। शारीरिक तथा मानसिक दृष्टिसे बापूसे बिल्कुल अलग हो चुके थे। जब बापू उन्हें दक्षिण अफ्रिकामें रहनेके लिए राजी न कर सके तो वे भारत चले आये। यहां उन्होंने बापूके नाम एक खुली चिट्ठी लिखी, जिसे वे प्रकाशित करना चाहते थे। किन्तु इतना दुस्साहस वे कभी न कर सके। परन्तु उन्होंने वह चिट्ठी काफी बड़े क्षेत्रमें घुमायी थी। बापू को भी अपने हिस्सेकी एक प्रतिलिपि मिली थी। चिट्ठीमें तरह तरहके आरोप थे, किन्तु उनका मध्यविंदु यही था कि वे अपने संतानकी उपेक्षा करके अपने रिश्तेदारों व दोस्तोंके लड़के लड़कियों का उपकार कर रहे हैं। परन्तु चिट्ठीको पढनेसे ही प्रकट होता था कि उनका पक्ष कितना कमजोर है और कदाचित यह महसूस करके ही भाईने उस चिट्ठीके बारेमें कुछ नहीं किया। लेकिन उनकी अपनी और परिवारके प्रति सम्बन्धोंकी दृष्टिसे जिंदगीकी यह एक महत्वपूर्ण घटना थी।

वे हठपूर्वक अपने विचारोंपर कायम रहे। वे बापूकी इज्जत करते थे और परिवार तथा दोस्तोंके दायरेके बाहर उनकी बातोंके लिए जोरोंसे सफाई दिया करते थे। बापूके लिए उनके मनमें श्रद्धा थी। वे भाइयोंको भी चाहते थे। लेकिन उन्हें निरंतर विरोध करनेमें मजा आता था। हम भाइयों तथा अन्य स्वजनोंको वे प्रेमसे "ढोंगी" कहा करते थे, जो बापूका आदेश मानते और उनका अनुकरण करने का बहाना करते थे, किन्तु वास्तवमें ऐसा करते नहीं थे। सन १९२० की इन्फ्लुयंजाकी महामारीमें पत्नीकी मृत्युके बाद उनकी आजादी और गैर जिम्मेदारी और भी बढ़ गयी। इसके बाद वे खानाबदोशीका जीवन व्यतीत करते रहे। अब उनकी शराबखोरी भी लाइलाज हो चुकी थी। जब जब बापूने उनके सुधारका प्रयत्न किया तब-तब

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उन्होंने ईमानदारीसे सहयोग किया। परन्तु परिणाम निराशाजनक ही निकला। वस्तुतः दूसरोंके प्रयत्नोंके सफल होनेकी आशा थी नहीं। उनकी मानसिक धारणाएं बड़ी प्रबल होती थीं और वे कभी भी यह बर्दाश्त नहीं कर पाते थे कि दूसरे उन्हें कुछ आदेश करें, वे सभी अच्छी बातोंको पाखंड कहते थे और दूसरोंके सदाचरणके पीछे वे कुछ न कुछ व्यक्तिगत स्वार्थ छिपा देखा करते थे। मेरे लिए उनका कुछ भी सुधार करना असम्भव था। परन्तु अपने अन्य भाइयोंकी तरह मैं और नहीं तो सिर्फ़ बा के संतोषके लिए कुछ किया करता था। हमारे लिए सबसे बड़ा दुर्भाग्य यही था कि वे हम सबसे बड़े थे। हम उनसे छोटे थे। हममेंसे कईका उन्होंने लालन-पालन किया था और हम उनके देखते-देखते बड़े हुए थे। एक बार उन्होंने मुझे दक्षिण अफ्रीकामें मूंगफली चुराते देख लिया था। बापू हमें मूंगफली खानेके लिए प्रोत्साहित करते थे। अक्सर मेरे जेब मूंगफलीसे भरे रहते थे। एक बार मुझे पकड़नेके लिए भाई छिपकर बैठ गये। मैंने मूंगफली लेनेके लिए बोरेमें हाथ डाला ही था कि दरवाजा खुला और उन्होंने मेरी बांह पकड़ ली और वे मुझे धमकाने लगे। वे दरवाजेके पीछे इसीलिए खड़े थे कि मूंगफली निकालने की आवाज हो और मुझे पकड़ें। सो, पच्चीस वर्ष पहलेके मूंगफली-चोरने जब एक दिन उन्हें ओलाकी 'डिंक' (शराब) पुस्तक दी तो बड़ी हिकारत भरी नजरसे मेरी ओर देखते हुए बोले—"बच्चा, यह सब मेरे लिए न करो। ऐसी पुस्तक तो मैं लिख सकता हूँ।"

दूसरोंको भी उतनी ही असफलता मिली। वे सदा यही उत्तर दिया करते थे—'अपना काम देखो, जैसे मैं अपना देखता हूँ।" उनके जीवनके अंतिम बीस वर्ष बहुत ही दुखद थे। अत्यधिक मदिरापानने उनमें अंतःकरण जैसी कोई चीज नहीं रहने दी थी और वे अपने माता पिता, भाइयों, संतान तथा मित्रोंको एक एकके बाद एक कष्ट पहुंचानेके कारण उपस्थित करते रहे। एक उनका ऐसा ही कार्य मुसलमान हो जाना था। यह उनका एक स्टंट था। परन्तु इससे कुछ, अनिवार्य दिक्कतें पैदा हुईं। जिन लोगोंने इसका आयोजन किया उनका बढ़ा-चढ़ाकर बखान किया और अनुचित लाभ उठाना चाहा उनकी खूब शुक्रा फजीहत हुई। साथ ही मुसलमान होने पर उनके रहन-सहनके बारेमें अनेक कहानियां सुननेको मिली। इस लांछनाकी ग्लानि बा के लिए बर्दाश्तसे बाहरकी चीज थी। एक बार दिल्लीमें अपने आप कुछ कह कर उन्होंने अपने भावोंको प्रकट किया। उस समय मैं भी वहीं उपस्थित था। ये शब्द इतने करुण और प्रभावोत्पादक थे कि बादमें उन्हें मैंने लिख लिया और यही फिर "माताकी ओरसे पुत्रके नाम खुली चिट्ठी" के रूपमें देशके प्रत्येक दैनिक व साप्ताहिक पत्रमें प्रकाशित हुए। हृदयके भावोंको इतने सहज और प्रभावपूर्ण रूपमें प्रकट किये जानेका और कोई उदाहरण मेरे देखनेमें नहीं आया। इससे उन मुट्ठी भर मुसलमानोंको, जो इस घटनाका अनुचित लाभ उठा रहे थे, अपनी मूर्खता और पापका ज्ञान हुआ और उन्होंने समझा कि इस प्रकार वे अपने मजहबको दूसरोंकी निगाहोंमें गिरा रहे हैं। मेरे भाईने भी तुरन्त कदम पीछे हटा लिया।

रेल द्वारा भारतमें जितनी यात्रा बापू कर चुके थे उससे कम भाईने नहीं की थी। वे एकसे दूसरी जगह घूमते और हरेक जगह मित्र उनकी देखभाल करते रहे। सभी धर्मों और सम्प्रदायोंके जिन लोगोंने उन पर कृपा की, जिसके लिए हम उनके आभारी हैं, उनकी संख्या अनगिनत है। भाईके चिर परिचित खब्तोंके बावजूद मित्रोंका प्रेम उन पर बना रहा। उनमें कुछ ऐसी चीज थी, जिससे उनकी तरफ लोग आकृष्ट होते थे और जिसके कारण वे उनकी कमजोरियोंकी उपेक्षा कर जाते थे। वे सदा अपना सिर ऊंचा रखते थे और उन्होंने कभी किसी को क्षति पहुंचानेकी आकांक्षा नहीं की थी। परन्तु उनकी एक उल्लेखनीय विशेषता यह थी कि अपनी जिन बातोंको वे विचारोंकी स्वतंत्रता कहते थे उनके लिए प्रत्येक प्रकारके कष्ट-सहनके लिए वे तैयार रहते थे। जिस प्रकार निराश्रित और निराहार रह कर उन्होंने अपना जीवन व्यतीत किया उस हालतमें विरले ही व्यक्ति कुछ वर्ष गुजार सकते हैं। फिर मेरे भाईने यह जीवन अपने लिए खुद चुना था। कई-कई दिन तक उनके जेबमें एक पैसा नहीं होता था और वे दर-दर भटकनेवाले भिखारियों जैसे फटेहाल रहते थे। चूंकि यह सच है कि बुरे लोगोंकी उन तक पहुंच थी और वे उनसे अपनी स्वार्थसिद्धि भी करते थे फिर भी इस निराश्रित अवस्थामें रहते हुए उन्हें समाजके निम्नवर्गमें कुछ ऐसे श्रेष्ठतम मानव मिले जिन्होंने उनकी सहायता की और उन्हें ढाढ़स बंधाया। कभी कभी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वे अपने रिश्तेदारोंके साथ भी रह लेते थे, किन्तु ऐसा वे केवल रियायत और स्वास्थ्य-लाभके लिए ही करते थे। उनका पुत्र कान्ति, जिसमें बापूकी एक झलक है और जो डाक्टर है, सदा पिताकी देखभाल करनेका अवसर खोजा करता था और उसे दूसरोंकी अपेक्षा सफलता भी अधिक मिलती थी। पिछले साल वह उन्हें कई महीने अपने साथ रख सका और पत्नीके साथ उसने पिताकी सच्ची लगनसे सेवा की थी। वह एक भावुक लड़का है और बड़ी मर्यादासे वह अपने हिस्सेका शोक चुपचाप सहन करता आया है।

भाई पढ़ते बहुत कम थे किन्तु जो कुछ वे पढ़ते थे उसका चुनाव बड़ी सावधानीसे करते थे। एक जिस ग्रन्थकी चर्चा वे बड़ी श्रद्धा तथा संतोषके साथ किया करते थे वह भगवद्गीतापर लोकमाण्य तिलकका प्रसिद्ध भाष्य 'गीता-रहस्य' था। इस ग्रन्थकी एक प्रति वे सदा अपने पास रखते थे और जब उनके पास पहननेकी कमीज भी नहीं होती थी तब भी 'गीता-रहस्य'की प्रतिको अलग नहीं करते थे। उनकी वह प्रति यदि मुझे मिल सकी तो उसे भी अपने पास इसी प्रकारके अन्य निधियोंके साथ सुरक्षित रख छोड़ूँगा। (समाप्त)

(भाई देवदास गांधीने अपने लेखके अंतमें जिस गीता-रहस्यकी चर्चा की है वह प्रवासी भवनमें सुरक्षित था। सन १९४३ के आरम्भमें जब भाई हरीलाल प्रवासी-भवन आये थे और यहाँ एक पखवारा ठहरे थे, उसी समय यहाँसे विदा होते समय वे अपनी एकमात्र पूँजी गीता-रहस्यकी पुरानी कापी प्रवासी-भवनको भेंट कर गये थे। देवदासजीका लेख छपनेपर उनको इस बातकी सूचना दी गई और उनके माँगने पर गीता-रहस्यकी वह कापी भी उनके पास भेज दी गई। भाई हरीलालने अंग्रेजीमें मेरी जीवनी भी लिख डाली थी जो प्रवासी भवनमें पड़ी हुई है। अबतक उसको पढ़नेका भी मुझे अवसर नहीं मिला है। प्रवासी भवनमें एक पखवारा वे रहे और इस दरम्यान में उन्होंने शराबका कभी नाम भी नहीं लिया। पर यहाँसे प्रस्थान करके नगरमें पहुंचतेही उनके जीवनकी गतिविधि बदल गई और फिर तो ऐसी परिस्थिति उत्पन्न हो गई जिसकी चर्चा न करनाही उचित है।—

(सम्पादक)



(१) धर्मशिक्षा पाठावली। भाग १ और भाग २। लेखकः पं० नरदेवजी, वेदालंकार। प्रकाशकः स्नातक मित्र मंडल, पोस्ट हांसोट, (भरुच), गुजरात। प्रथम भाग पृष्ट ८० और द्वितीय भाग पृष्ट ८६ अजिल्द प्रत्येक भाग का मूल्य १२ आने और विदेशोंमें २शिलिंग ३पेनी। गुजराती भाषामें विरचित।

पं० महेन्द्रनाथजी वेदालंकारकी सौजन्यतासे पं० नरदेवजी विद्यालंकारकी ये नवीन, सामयिक और सर्वोपयोगी कृतियाँ हमें अवलोकनार्थ मिली है। पाठशालामें विद्यार्थियों को धर्मशिक्षा देनेके अभिप्रायसे इस पाठावलीकी सृष्टि हुई है और आशा है कि अभी इसके अनेक भाग और भी निकलेंगे। शिक्षा शास्त्री होनेके कारण लेखक विद्यार्थियों के मनोविज्ञानके ज्ञाता हैं इसलिये उनकी यह रचना विद्यार्थियोंके लिये अवश्य रुचिकर होगी। पं० नरदेवजी इस समय दक्षिण अफ्रिकामें शिक्षा प्रचारका कार्य कर रहे हैं। आपके सदुद्योगसे वहाँ राष्ट्र भाषा हिंदीका भी सितारा चमक उठा है। हालहीमें नेटाल प्रादेशिक हिंदी साहित्य सम्मेलन आपहीके तत्वावधानमें बड़े समारोहसे सम्पन्न हुआ था। आपने वहाँ हिंदी शिक्षक संघकी भी स्थापना की है जिसके आपही सभापति भी है। इस संघका उद्देश्य है वहाँ ऐसे अध्यापक तैयार करना जो प्रवासी बालकोंको शुद्ध रूपसे हिंदीकी शिक्षा दे सके। दरबनके दंगेसे आपके कार्यकी प्रगतिमें बाधा तो पड़ गई है पर हमें आशा है कि इन विघ्न बाधाओंको पार करते हुए आप अपने लक्ष्यपर पहुँच करही दम लेंगे।

(२) प्रवासी गीतांजलि। लेखकः कवि कुँवर जोरावर सिंह आर्य। प्रकाशिकाः स्नातिका प्रभावती, आर्य

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कन्या महाविद्यालय, बड़ौदा। पृष्ठ ३६ अजिल्द मूल्य अज्ञात।

इस छोटीसी पोथीमें कविकी कुछ फुटकर कृतियोंका संग्रह है। यद्यपि इसका नाम है प्रवासी गीतांजलि, पर इसमें केवल दोही गीत प्रवासी भारतीयोंकी स्थिति पर कुछ प्रकाश डालते हैं। हालहीमें लेखक पूर्व अफ्रिकाका भ्रमण कर आये हैं अतएव हम किलमंजारोंकी गाथा और वहाँके प्रवासी भारतीयों और अफ्रिकनोंकी स्थिति पर कविके हृदयोद्गार सुनना चाहते थे। पर हमारी आशा पूरी नहीं हुई। ऐसे तो भिन्न भिन्न विषयोंपर इसमें संकलित कविताएँ मनोरम और हृदयग्राही हैं।

(३) आधुनिक अजमेर-डाइरेक्टरी। सम्पादकः पं० रमाकान्त द्विवेदी 'विशारद'। भूमिका लेखक—स्वामी भवानीदयालजी। प्रकाशकः ज्योति पब्लिसिटी ब्यूरो, नया बाजार, अजमेर। पृष्ठ १४८, अजिल्द मूल्य ३) रु०। अजमेरकी संस्थाओं और प्रख्यात व्यक्तियोंके अनेक चित्रों से अलंकृत।

इस पुस्तकमें अजमेरके ऐतिहासिक और भौगोलिक महत्व, तीर्थ स्थानोंका विवरण, सामाजिक तथा शैक्षनिक संस्थाओं, उद्योग और व्यवसायसे लेकर, रेल, तार, डाक, बस, होटल, सिनेमा, बैंक, बीमा आदि सभी छोटी-बड़ी ज्ञातव्य बातोंकी तालिका दे दी गई है जो अजमेरके यात्रियों के लिये बड़े कामकी बातें है। इसको सर्वाङ्ग पूर्ण डाइरेक्टरी तो नहीं कहा जा सकता क्योंकि इसमें अनेक त्रुटियाँ हैं जिनको अगले संस्करणमें दूर कर देना चाहिये।

(४) जयपुर। चित्र प्रकाशकः विभाग, जयपुर। मूल्य अज्ञात।

इसे जयपुर नगरका चित्रअलबम कहना अधिक उपयुक्त होगा। जयपुरके सभी दर्शनीय स्थानों और शहरके बाजारों के नेत्ररंजक चित्रोंसे यह अलबम सुशोभित है और साथ ही उनका सक्षिप्त परिचय भी दे दिया गया है। छपाई बड़ी सुन्दर है।

(५) जयपुरमें शिक्षा बिस्तार। प्रकाशकः प्रकाशन विभाग, जयपुर।

यह जयपुरकी शिक्षा विभागकी रिपोर्ट है। वहांकी संस्थाओंके कई चित्र भी है। इस विवरणसे यह ज्ञात हो जाता है कि जयपुर राज्यमें शिक्षाके क्षेत्रमें कहाँ तक प्रगति हुई है।

(६) यह एक वर्ष। प्रकाशकः प्रकाशन विभाग, जयपुर।

इसमें जबसे जयपुरमें प्रजातंत्रके आधार पर मंत्रीमण्डलकी स्थापना हुई है तब से अबतक—इस साल भर के अन्दर उसके द्वारा जो कुछ लोकोपयोगी कार्य हुए हैं उनका यह संक्षिप्त विवरण है।

(७) चौपासनीका विराट अन्दोलन। लेखकः श्री हितपालसिंह और श्री देवेन्द्र 'भास्कर'। प्रकाशकः श्री हितपालसिंह, रामपुरा हाउस, रामगंज, ब्यावर रोड, अजमेर। पृष्ठ १३, अजिल्द मूल्य ।) चार आना।

चौपासनी विद्यालयके सम्बन्धमें जोधपुरके मंत्रीमण्डल और राजपूतोंमें जो संघर्ष हुआ था उसीका यह विवरण संक्षिप्त है। मूल्य चार आना खटकता है।

(८) ग्राम-पंचायत राज्य। लेखक और प्रकाशकः राव नारायणसिंह, मसूदा स्टेट, अजमेर।

इस पुस्तिकाका अंग्रेजी अनुवाद भी छप चुका है और उसकी भी एक प्रति हमें अवलोकनार्थ मिली है। इसमें लेखकने ग्राम पंचायतपर जो अपने विचार अभिव्यक्त किये हैं और उसके लिये जो योजना प्रस्तुत की है वह विचारणीय है और अभिनन्दनीय भी।

(९) अभिभाषण। लेखकः डाक्टर धर्म प्रकाश, सदस्य—भारतीय संविधान सभा। प्रकाशकः स्वागत समिति अखिल भारतीय दलित वर्ग संघ, गवालियर।

हालहीमें ग्वालियरमें हरिजन भाइयोंकी जो परिषद् हुई थी उसमें डाक्टर धर्म प्रकाशने अध्यक्षकी हैसियतसे जो भाषण दिया था उसीको स्वागत समितिने पुस्तकाकार प्रकाशित किया है। इस भाषणको पढ़कर उन वर्गों और व्यक्तियोंका सिर शर्मसे झुक जाना चाहिये जिन्होंने देशके करोड़ों प्राणियोंको अबतक अछूत बनाकर रखा था।

श्यामसुन्दर रसायनशाला, गायघाट, बनारस.
आयुर्वेदिक औषधियों के निर्माता तथा
आयुर्वेदिक पुस्तकों के प्रकाशक।
Shyamsunder Rasayanshala,
Gaighat, Banaras, U. P. India.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बड़ौदाकी आर्यकन्याएँ अफ्रिकामें ।

भारतमें जबसे बौद्ध धर्मका अंत और ब्राह्मण धर्मका आविर्भाव हुआ तभीसे भारतीय नारियोंकी अधोगतिका युग भी आरम्भ हुआ । बड़े-बड़े नामधारी धर्माधिकारियोंने फतवा दे दिया कि स्त्री और शूद्र दोनों समान हैं—दोनों को वेदादि धर्म ग्रंथ पढ़नेका अधिकार नहीं है । फलतः लोगोंने कन्याओंको पढ़नाही बंद कर दिया । धीरे-धीरे लोगोंमें यह भावना फैल गई कि लड़कियोंको पढ़ाना मानों उनको पापका पथ दिखाना है । राष्ट्रका आधा अङ्ग अविद्या और अज्ञानताकी गोदमें पलने लगा । जब माताएँ निरक्षर भट्टाचार्य बन गई तो उनके बच्चे दिग्गज विद्वान कैसे बन सकते थे ? जहाँ भारतीय नारियोंके गर्भसे अद्वितीय नर उत्पन्न होते थे वहाँ देशद्रोही और कायरोंका उत्पत्ति होने लगी । नारियोंके पतन और अपमानका फल भारतको भोगना पड़ा । वह हजार वर्ष तक गुलामीके नरकमें सड़ता रहा—विदेशियोंकी जूतियाँ खाता रहा । पहले मुगलोंका गुलाम रहा, फिर फिरंगियोंका ।



अफ्रिका होस्टल
पूर्व और दक्षिण अफ्रिका प्रवासी भारतीयोंके दानसे निर्माण ।
AFRICA HOSTEL
(Built from the donations collected in Africa in 1934)

ईश्वरकी अनुकपासे उन्नीसवीं सदीमें ऋषि दयानन्द, राजा राममोहन राय, पं० ईश्वरचन्द्र विद्यासागर आदि ऐसे महाभाग भारत भूमिपर अवतीर्ण हुए जिन्होंने नारी-जातिके उद्धारका बीड़ा उठाया । उनको पुरान-पंथियोंके विरोधका मुकाबला करना पड़ा, नाना प्रकारके कष्ट झेलने पड़े, पर वे अपने संकल्पसे विचलित न हुए । परिणाम यह हुआ कि भारतमें एक नया युग आ गया । भेद-भावकी दीवार ढह गई, स्त्रियाँ परदेसे बाहर निकल आईं, युग-युगान्तरकी बेड़ियाँ कट गई । पढ़ने-लिखनेकी आजादी मिल गई । यही नहीं, बल्कि उनको सभी क्षेत्रोंमें समानाधिकार प्राप्त हो गया । भारतकी एक देवी युक्त प्रांतका गवर्नर तक हो चुकी है और दूसरी देवी इस समय अमेरिकामें भारतका राजदूत है । इसीसे जाना जा सकता है कि भारतने अपने पापोंका पूर्णरूपेण प्रायश्चित करनेका संकल्प कर लिया है ।

ऋषि दयानन्द आदि युग प्रवर्तकोंके संदेश सुनकर देवराज, कार्वे प्रभृति अनेक महानुभाव कार्य क्षेत्रमें उतर आये और उन्होंने नारी जातिके शिक्षण और उनके उत्थान में अपने जीवनको उत्सर्ग कर दिया । उन्होंने भारतीय नारियोंके जीवनको ऐसे साँचेमें ढाला जिससे भारतका नक्शा ही बदल गया । इस बीसवीं शती में हमारे भाई



आर्यकन्या महाविद्यालय, बड़ौदा ।
Arya Kanya Mahavidyalaya, Baroda.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पं० आनंदप्रियजीने उन्हीं महाभागोंके चरण-चिन्ह पर चलनेका प्रण कर लिया जिन्होंने स्त्रियोंको पढ़ाने-लिखाने और समाजमें उनको समान पद दिलानेके लिये अपना सर्वस्व निछावर कर दिया था। आनन्दप्रियजीने अपना कार्य क्षेत्र गुजरातमें बड़ौदाको बनाया। इस क्षेत्रमें अब-तक उन्होंने जो कुछ कार्य किया है वह सर्वथा स्तुत्य है।



मुख्य होस्टल THE MAIN HOSTEL

पं० आनन्दप्रियजी द्वारा स्थापित बड़ौदाका आर्य कन्या महाविद्यालय जहाँ देशवासियोंके लिये गौरव-गर्वकी वस्तु है वहाँ प्रवासी भारतीयोंकी दृष्टिमें भी उसका विशेष महत्व है क्योंकि उसके विकास और उत्कर्षमें प्रवासी भारतीयोंने भी यथेष्ट भाग लिया है। पूर्व और दक्षिण अफ्रिका के प्रवासी भारतीयोंके दानसे ही विद्यालयमें "अफ्रिकन होस्टल" नामक आलीशान भवनका निर्माण हुआ है। इस समय भी विद्यालय की कन्याओंका एक दल पूर्वी अफ्रिकामें पर्यटन और प्रचार कर रहा है। इस दलकी प्रवृत्तिसे जहाँ भारतीय जनतामें वैदिक धर्म और आर्य संस्कृतिका संचार हो रहा है वहाँ श्वेतांग (यूरोपियन) जनता भी इस दलकी कन्याओंका मौखिक व्याख्यान सुनकर और शारीरिक व्यायाम देखकर मन्त्रमुग्ध हो रही है। अभी "प्रवासी"के कार्यालयमें यह सूचना पहुँची है कि 'टाँगा' के श्री गेले वोनिस नामक एक ग्रीक प्लांटरने विद्या-लयको ५१,००० इक्यावन हजार शिलिंग दान देकर अपने विद्यानुरागका परिचय दिया है। यह एक ऐसी विलक्षण घटना है जो विद्यालयकी लोकप्रियताका प्रत्यक्ष प्रमाण है और इसपर विद्यालयके संचालकों और प्रेमियोंको अभिमान करनेका पूर्ण अधिकार है।

बड़ौदाके इस महाविद्यालयके सर्वस्व हैं—पंडित आनन्दप्रियजी, जो एक साहसी, पुरूषार्थी और कर्मठ नेता एवँ कार्यकर्त्ता हैं। उनके पिता स्वर्गीय पं० आत्मारामजी अमृतसरी आर्य जगतके उच्च-कोटिके विद्वानों और महापुरुषोंमें एक थे। यद्यपि वे पंजाबके निवासी थे तथापि बड़ौदेको ही उन्होंने अपना कार्यक्षेत्र बनाया था। वहाँ उन्होंने अछूतोद्धारके कार्यमें बड़ा उत्साह और अनुराग दिखाया और इस काममें काफी सुयश कमाया था। श्रीमंत सयाजी राव गायकवाड़ने उनके कार्यसे संतुष्ट और प्रसन्न होकर उनको 'राजरत्न' की उपाधिसे अलंकृत किया था। पण्डित

The Library पुस्तकालय

आत्मारामजीने अनेक ऐसे ग्रंथोंकी भी रचना की थी जो आज भी आर्य साहित्यके अनमोल रत्न माने जाते हैं।

सन १९२५ में बड़ौदाके समीप 'इटोला' नामक ग्राममें इस विद्यालयका एक कन्या पाठशालाके रूपमें

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सूत्रपात हुआ था। उस समय किसने यह कल्पना की होगी कि आगे चलकर यह छोटीसी पाठशाला महाविद्यालयका रूप धारण कर लेगी। 'इटोला' से चार सालके बाद सन् १९२९ में इस पाठशालाको बड़ौदा लाया गया और करेली बागके एक पुराने-धुराने रंगसाजीके कारखानेके टूटे-फूटे मकानमें स्थापना की गई। आज भी कारखानेकी वह चिमनी विद्यालयके अहातेमें खड़ी है और उस जमानेकी स्थितिकी याद दिलाती है। इस दरम्यानमें विद्यालयके लिये जो भिन्न-भिन्न इमारतें बनी हैं उनको देखकर आश्चर्य-चकित होना पड़ता है। स्वल्प कालमें इस विद्यालयकी जो प्रगति हुई है वह वास्तवमें विस्मयजनक है। गुजरातमें स्त्री-शिक्षाका यह एक विशाल केन्द्र बन गया है। इसमें पूर्व और दक्षिण अफ्रिकाकी अनेक प्रवासी कन्याएँ भी शिक्षा पा रहीं है। वास्तवमें जालंधर और बड़ौदाके कन्या महाविद्यालयोंको भारतके आधुनिक नारी-जागरणका बहुत कुछ श्रेय प्राप्त है। दोनों संस्थाएँ वैदिक धर्म और आर्य-संस्कृतिके साँचेमें नारी-जीवनको ढालती हैं और जहाँ कन्याओंको परम्परागत अंधविश्वास और रूढिवादके चंगुलसे छुड़ाती है वहाँ पश्चिमीय सभ्यताके आडम्बर और अभिशापसे भी बचाती है।

सन् १९३९ में मैं स्वयं इस विद्यालयमें एक मास रह चुका हूँ और विद्यालयकी सारी परिस्थितियों और प्रवृत्तियोंसे पूर्णतया परिचित हो चुका हूँ। इसलिये मैं विश्वास पूर्वक कह सकता हूँ कि स्वतंत्र भारतमें इस विद्यालयका एक विशिष्ट स्थान है। इस संस्थामें कन्याओं के मानसिक विकासके लिये जहाँ शिक्षाकी सुन्दर व्यवस्था है वहाँ उनकी शारीरिक शक्तिकी अभिवृद्धिके लिये व्यायाम की भी। उन दिनों लगभग तीन सौ कन्याएँ माता सरस्वतीकी आराधनामें संलग्न थीं। उनके खान-पान, रहन-सहन और पठन-पाठनका समुचित और स्वाभाविक प्रबन्ध है। सङ्गीत-कलामें भी कन्याओंने काफी उन्नति कर ली है। उनका मधुर-सङ्गीत सुनकर और विकट व्यायाम देखकर यही प्रतीत होता है कि यहाँ मानो ललित-कला और वीर-रसका अद्भुत संयोग हो गया है।

पण्डित आनन्दप्रियकी माता श्रीमती यशोदादेवी और बहन पंडिता सुशीलाकुमारी इस विद्यालयकी आधार-स्तंभ है—इन देवियोंने संस्थाके विकास और उत्कर्षमें अपने जीवनको खपा दिया है। इन थोड़े दिनोंमें इसने पाठशाला से महाविद्यालयका रूप धारण कर लिया और अब इसको विश्वविद्यालय बन जाने में अधिक विलम्ब न लगेगा।



साधारण कवायद Ordinary drill

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इस समय तीन सौ से अधिक कन्याएँ शिक्षा पाती हैं, वे सब छात्रावासमें ही रहती हैं और अपने जीवनको नियम, संयम और संस्कृतिके साँचेमें ढालती हैं। भिन्न-भिन्न विषयोंके निपुण विद्वान कन्याओंको शिक्षा देनेके लिये अध्यापक



बंदूककी कवायद और सैनिक शिक्षा विद्यालयमें अनिवार्य है।

RIFLE DRILL

Rifle Drill shooting and Military training is compulsory

रखे गये हैं जिनकी संख्या पचीससे अधिक है। कन्याओंके खान-पान पर लगभग १२ हजार रूपया मासिक खर्च होता है। यद्यपि प्रत्येक कन्यासे ३०) रु० मासिक फीस ली जाती है तो भी सालमें लगभग ५५००) रु० इस मदमें विद्यालयको घाटा होता है जो उदार पुरुषोंके दानसे पूरा किया जाता है।

सन् १९३४ में इन कन्याओंका एक दल पं० आनन्दप्रियजीके नेतृत्वमें पूर्व और दक्षिण अफ्रिकाका पर्यटन कर आया है। उन दिनों मैं दक्षिण अफ्रिकामें ही था और उनकी यथाशक्ति सेवा-सहायता भी की थी। उन्हीं दिनों नेटाल इन्डियन काँग्रेसने दक्षिण अफ्रिकाके तत्कालीन गवर्नर जनरल "काउण्ट ऑफ क्लारण्डन" को डरबनके सिटी हॉलमें एक पार्टी दी थी। भारतीयोंकी पार्टीमें गवर्नर जनरलका शरीक होना दक्षिण अफ्रिकाके इतिहासमें यह पहलाही प्रसंग था। इस जलसेमें बड़ौदाकी कन्याओंने धनुष बाण द्वारा किसी विशिष्ट व्यक्तिको पुष्पहार पहनानेका निश्चय किया था। जब बाण द्वारा पुष्पहार पहनानेका प्रसंग आया तो कुँवर सर महाराजसिंह प्रभृति महाभागोंकी रायसे यह खतरनाक सम्मान मुझे प्रदान किया गया। हॉलके बीचमें मुझे एक कुर्सी पर बैठाया गया; मेरे सिरसे कुछ ऊपर एक बारीक तागेके सहारे सुंदर और कीमती पुष्पहार लटकाया गया और फिर कई गजके फासलेपर एक कन्या धनुष-बाण संधानकर खड़ी हुई। सभी अभ्यागतों, विशेषत: अंग्रेजोंके लिए वह दृश्य बड़ा ही कैतूहलवर्द्धक था। कुछ लोग तो भयभीत भी हो रहे थे कि कहीं लक्ष्य चूक गया तो तीक्ष्ण तीर मस्तक वेधे बिना न रहेगा। हॉलमें एक दम सन्नाटा छा गया, सबकी दृष्टि धनुष-बाण पर लगी हुई थी। अचानक धनुषसे बाण छूटा; उससे बारीक डोरी कट गई और माला मेरे गलेमें आ पड़ी। शाबाश-शाबाशकी आवाज एवँ करतल-ध्वनिसे सिटी हाल गूँज उठा। प्रवासी भारतीयों और श्वेताङ्ग नर-नारियोंके आश्चर्यकी सीमा न रही, वे कन्याओंके संरक्षक पण्डित आनन्दप्रियको बधाई देने और उनसे हाथ मिलानेको दौड़ पड़े।

इस प्रकार इन कन्याओंने अफ्रिका महाद्वीपमें काफी नाम कमाया। इनकी प्रवृत्तियोंसे प्रवासी नारियोंको भी प्रेरणा मिली है। जिन श्वेताङ्गोंकी यह धारणा थी कि भारतमें स्त्रियाँ निरी दासी समझी जाती हैं और परदेके

बंदूककी कवायद RIFLE DRILL

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अन्दर बन्द रहती हैं, इन कन्याओंको देखकर उनकी भी आँखें खुल गईं—उनका भ्रम भंजन हो गया। इसमें कोई सन्देह नहीं कि इन कन्याओंके अफ्रिका विचारणसे जहाँ

संगीत-मंडली

THE ORCHESTRA

Music plays a vital part in the curriculum of the institution.

विद्यालयको काफी आर्थिक सहायता मिली वहाँ प्रवासी भारतीयोंको भी अभिमानसे सर उठानेका अवसर मिला।

इस कन्या महाविद्यालयकी बड़ी तीव्र गतिसे उन्नति हो रही है। अबतक लगभग छः लाख रूपया भिन्न-भिन्न प्रकारकी इमारतों पर खर्च हो चुका है। कन्याओंके निवास के लिये सुन्दर और दर्शनीय छात्रावास बनाये गये हैं जिनमें स्वास्थ्यप्रद और हवादार कमरे हैं। एक पुस्तकालय की भी स्थापना हो चुकी है जिसमें विभिन्न विषयोंके ग्रंथों का संकलन है और प्रतिवर्ष पुस्तकोंकी संख्या बढ़ती जाती है। टंगेनिकाके सुप्रसिद्ध स्वर्गीय सेठ मथुरादास कालीदास मेहताकी पुण्य-स्मृतिमें एक अस्पताल भी बन गया है जिसमें रोगियोंके लिये सोलह चारपाईकी गुँजाइश है। उसके साथही दवाखाना, मरहम पट्टीका कमरा और डाक्टरके लिये भी कमरा है। कन्याओंके आरामसे रहने और विद्याध्ययन करनेके लिये यहाँ बड़ी अच्छी व्यवस्था है।

महाविद्यालयके अधिकारियोंने पाँच लाख रूपयेका एक स्थायी निधि कायम करनेका निश्चय कर लिया है ताकि उसके सूदसे घाटाकी पूर्ति हुआ करे। राजा नाग... यण लाल पित्ती और सेठ नानजी कालीदास मेहताने एक... एक लाख रुपये स्थायी निधिको दान दिये हैं यह कोष... महाभाग महाविद्यालयके ट्रस्टी की... आशा है कि स्थायी निधिके लिये... तीन लाख रुपया एकत्र होनेमें... विलम्ब न होगा।

इस समय 'आनन्दप्रियजी' नेतृत्वमें कन्याओंका एक दल पू... अफ्रिकामें भ्रमण कर रहा है। इस दलको अबतक जो सफलता हुई है उससे आशा हो चली है कि उनकी यात्राके उद्देश्यकी पूर्तिमें देर न लगेगी। हम आर्य कन्या महाविद्यालयके मङ्गल भविष्यकी कामना करते हैं।

मंगल-कामना

हमारे सामने "प्रवासी" के प्रथम वर्षका १२ वां अंक है। इस अंक के दो भाग हैं—अंग्रेजीमें और हिंदी में। अंग्रेजी भागमें १६ पृष्ठ और हिन्दी भागमें २९ पृष्ठ हैं।

स्वामी भवानीदयालजी चुप बैठने वाले व्यक्ति नहीं हैं। गीतामें कर्मयोग और संन्यास को एक समझनेकी जो दृष्टि है उसको क्रियात्मक रूप देने में स्वामीजी ने सफल प्रयत्न किया है। प्रवासी भारतीयोंका प्रश्न देशकी स्वतंत्रताके बाद महत्वपूर्ण प्रश्न है। स्वतंत्र भारतके प्रति प्रवासी भारतीयोंका आशा भरी निगाहें रखना स्वाभाविक है। साथ ही प्रवासी भाइयोंके प्रति देशवासियोंका प्यार और उत्सुकता बढ़ी है यह भी स्वाभाविक है।

'प्रवासी' दोनोंको समीप लाने और एक दूसरेको समझनेका माध्यम बननेके उद्देश्यसे प्रकाशित हुआ है। पर... की प्रगति पूर्ण नहीं हुई, सन्तोषप्रद है।

प्रस्तुत अंकके साथ 'प्रवासी' अपनी आयुका प्रथम वर्ष पूरा कर रहा है। हम 'प्रवासी' को शतायु होनेका आशी...

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वाद देते हैं। पत्रका आकार-प्रकार सादा परन्तु सुंदर है। यदि 'प्रवासी' का हिन्दी और अंग्रेजीका संस्करण पृथक्-पृथक् प्रकाशित हों तो केवल हिंदी भाषियोंको १०) वार्षिक चन्दा अखरेगा नहीं।

प्रस्तुत अंकमें "महात्मा गांधी की कुछ स्नेहमय-स्मृतियाँ और सामयिक टिप्पणियां उपयोगी हैं।"

"कर्मयोग" आगरा।

प्रवासी भारतवासी और भारत

(लेखक: प्रो० ईश्वरदत्तजी विद्यालंकार)

मातृभूमिका प्रेम वास्तवमें क्या वस्तु है. इसका प्रत्यक्ष ज्ञान उन्हींको हो सकता है जिन्होंने मातृभूमिकी प्यारी गोदको छोड़कर देशसे कभी बाहर भी कदम रक्खा हो। एक तन्दुरुस्त आदमी, तन्दुरुस्ती क्या वस्तु है, और उसका क्या कीमत है इस बातको तबतक कोई नहीं समझ सकता जबतक कि वह उसे खोकर एक बार चारपाई पर न पड़ जावे। बीमारीकी अवस्थामें रोगी शरीरकी दोनों अवस्थाओं-की तुलना कर लेता है और तन्दुरुस्तीके गीत गाने लगता है। ठीक इसी प्रकार मनुष्य स्वदेशमें रहते हुए घरके सुखोंका तबतक अनुभव नहीं कर सकता जबतक कि उसे बाहर जाकर परदेशके दुःख भोगनेका अवसर प्राप्त न हो। बाहर निकलने पर जब परदेशियोंकी जूती सिरपर पड़ती है तो "जननी" और "जन्म-भूमि" बस यही दो वस्तु उसे याद आती हैं। निरन्तर दुःखोंको सहन करनेसे सहिष्णुता और आत्मिक बलकी वृद्धि होने लगती है और दूसरे दुखी भाइयोंके साथ प्रीति और सहानुभूति बढ़ने लगती है। जहाँ सहानुभूति हो और जहा संघ-शक्ति हो बस सुख वहाँ ही वास करता है। दुख भी फिर सुखमें बदल जाता है। उपर्युक्त सत्य मैंने किसी पुस्तकमें नहीं पढ़ा है, न तो किसी समाचार पत्रसे उद्धृत किया है। यह मेरे वैयक्तिक अनुभवका सार है। एशिया, योरप, अमेरिका और अफ्रिका इन चार महाद्विपोंकी यात्राने मुझे इस सत्य तक पहुँचाया है। मैंने सर्वत्र प्रवासी भारतीयोंको भारतकी अपेक्षा अधिक अपमानकारक अवस्थाओंमें रहते हुए भी, भारत-निवासी प्रजाकी अपेक्षा उन्हें कहीं अधिक सुखी, अधिक स्वदेशाभिमानी और अधिक खुशहाल देखा है। जिस दिनसे मैं भारतमें, विदेशसे लौटा हूँ—अपने उत्साह, अपनी कार्य-क्षमता, अपने हृदयका उमंग—इन वस्तुओंका खजाना मैंने संचित किया था—वह उस ही दिनसे खाली होता जा रहा है। जिस प्रकार एक प्रतप्त लोह-खण्ड भट्टीसे निकलनेके बाद प्रति क्षण अपनी गर्मीको छोड़ता जाता है और अन्तको अपने आस-पास रखी हुई वस्तुओंके समान ठंडा पड़ जाता है—बल्कि उससे भी अधिक सर्द हो जाता है, बस ठीक वही अवस्था मैं अपनी भी पाता हूँ।

विदेशसे लौटे हुए अनेक मित्रोंसे मैं मिला हूँ। उन्होंने भी अपनी ऐसी ही अवस्था बतलाई है। फिजीके सुप्रसिद्ध वीर स्वर्गीय पं० तोतारामजी सनाढ्यसे भी, जो कि २१ वर्ष तक गोरे किसानोंके अत्याचारोंके विरुद्ध घोर युद्ध करके भारतको लौटे थे, मुझे उनसे सत्याग्रह आश्रम—साबरमतीमें वार्तालाप करनेका अवसर प्राप्त हुआ था। वे भी मेरे कथनकी पुष्टि करते थे।

वे कहते थे "मैंने फिजीसे लौटकर भूल की। वहाँ रहकर मैं अपने देश भाइयोंकी सेवा अधिक कर सकता था।" मुझे एक मित्र अमेरिकासे लिखते हैं—मैं मातृभूमिके दर्शनोंको तड़फ रहा हूँ और उस शुभ दिवसके लिये एक-एक घड़ी गिन रहा हूँ। आजकल तो भारत कुछ और ही हो गया होगा, इत्यादि।"

मैंने उनको लिखा है कि मैं भी तुम्हारी तरह जब अमेरिकामें था, तो तड़फा करता था परन्तु भारतमें वापिस आने पर मेरी मृग-तृष्णिका दूर हो गई। 'दूरके ढोल सुहावने' इस उक्तिको याद रक्खो और इधर लौटने की जल्दी मत करो। लौटने पर तुम्हें भी औरोंकी तरह निराशा होगी। विदेशमें रहनेसे तुम्हें जो ज्ञान-चक्षु और जो स्वदेश महिमाका बोध प्राप्त हो चुका है, वह तुम्हारे

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

देश भाइयोंको यदि १०० वर्षोंमें भी हो जाये तो मैं यही कहूँगा कि २० वीं शताब्दीका यह भी एक चमत्कार है। 'प्रवास' रुपी भट्ठीमें रहकर अभी अपने आपको और तपाओ। जबतक तुम्हारा हृदय तप-तपकर सच्चा कुन्दन न हो जावे तबतक भट्ठीसे बाहर मत निकलो। बाहर रहते हुए जहाँ आप स्वयं कुछ बन सकोगे वहाँ दूसरे दुखिया भाइयोंके दुखोंको भी बाँट सकोगे और उन्हें दूर करनेमें सहायक हो सकोगे। इधरके ठंडे वायु मंडलमें आ पड़नेसे इधरके वातावरणको तो क्या गरम करोगे स्वयँ आप ही इस टेम्प्रेचरके बन जावोगे।

मेरा जहाँ तक अनुभव है प्रवासी भाई विदेशमें जाकर जहाँ एक ओर स्वयं आगेकी अपेक्षा अधिक परिश्रमी, अधिक साहसी, अधिक शिक्षित, अधिक देश भक्त, अधिक देशाभिमानी और अधिक खुशहाल हो जाते हैं वहाँ दूसरी ओर बाहर जाकर वह स्वदेशको भी बहुत लाभ पहुँचाते हैं। उनके बाहर जानेसे, न केवल देशमें भूखे मरने वालोंकी संख्या ही कम होती है, बल्कि वे बाहर गई हुई लक्ष्मीको भी फिर देशमें वापस लाते हैं। जिसे देखकर फिर देशके अन्य निरुद्यमियोंमें भी उद्यम करनेकी इच्छा उत्पन्न होने लगती है। प्रवासी भारतवासियोंके सहवास और सम्बन्धमें जानेसे उनके गुणोंका भी देशमें संचार होता है। बारदोली प्रान्तमें महात्माजी के आन्दोलनको जो अधिक सफलता प्राप्त हुई, उसका मुख्य कारण यही था। इस प्रान्तके मनुष्योंकी बड़ी संख्या अफ्रिका हो आई थी, जिसके कारण अन्य जनता भी बहुत कुछ जागृत हो चुकी थी इस बातका अनुभव मैंने स्वयं इस प्रान्तमें घूम कर किया है।

मेरी सम्मतिमें प्रवासी भारतवासियोंको सबसे पहले अपनी संघ-शक्ति बढ़ाने और अपनी सामाजिक, नैतिक और राजनैतिक स्थिति को उन्नत करनेकी चिंता करनी चाहिये और भारतकी चिन्ता पीछे। भारत भी पहिले उनकी उन्नति होने पर ही उनसे किसी प्रकारके लाभकी आशा कर सकता है।

संयुक्त राष्ट्र संघमें प्रवासी भारतीयोंका मामला।

इस साल फिर तीसरी बार संयुक्त राष्ट्र संघमें दक्षिण अफ्रिका प्रवासी भारतीयोंका मामला किसी तरह पेश हो गया, यही कुछ कम संतोषकी बात नहीं है। रङ्गढङ्गसे तो ऐसा मालूम होता था कि राष्ट्र संघकी इस बैठकमें भी इस प्रश्न पर विचार न हो सकेगा। पर बैठक समाप्त होनेसे पूर्व इस पर विचार करनेके लिये कुछ समय निकाल लिया गया, इसीको गनीमत समझना चाहिये। जब राजनैतिक कमेटीमें इस मामले पर प्रारंभिक विचार हुआ तो वहाँ दो प्रस्ताव बहुमतसे पास हुए। एक प्रस्ताव तो स्वयं भारतने उपस्थित किया था जिसका आशय यह था कि दक्षिण अफ्रिकाके भारतीयोंकी वर्तमान स्थितिकी जाँच करनेके लिये तीन व्यक्तियोंका एक कमीशन चुना जाय और वह कमीशन अपनी जाँचकी रिपोर्ट संघके सितम्बरकी बैठकमें उपस्थित करें और आगेकी कार्यवाही कमीशनकी सिफारिशके अनुसार किया जाय। इस कमीशनके तीन सदस्योंमें एकको भारत चुने, दूसरेको दक्षिण अफ्रिका और फिर वे दोनों सदस्य मिलकर किसी तीसरेको कमिश्नर चुन लें। यह प्रस्ताव राजनीतिक कमेटीमें पास तो हो गया पर बहुत थोड़े बहुमतसे अर्थात १७ के विरुद्ध २१ वोटोंसे। दूसरा प्रस्ताव था फ्रांस और मेक्सिकोका इस प्रस्तावमें यह कहा गया कि भारत, पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रिकाके दरम्यानमें एक गोलमेज परिषदकी व्यवस्था हो और उस परिषदमें मानवीय अधिकारोंको लक्ष्यमें रखते हुए दक्षिण अफ्रिकाके प्रवासी भारतीयोंके मामलेंमें परस्पर विचार विनमय द्वारा समझौता कर लिया जाय। इस प्रस्तावको राजनैतिक कमेटीमें भारी बहुमत प्राप्त हुआ। इसलिये जब यह मामला जनरल असेम्बलीमें उपस्थित हुआ तो भारतके प्रतिनिधि श्री सीतलवाडने अपने प्रस्तावके महत्वका दिग्दर्शन कराते हुए भी यह अभिमत प्रकट किया कि यद्यपि भारतका प्रस्ताव दक्षिण अफ्रिकाकी वर्तमान परिस्थितिमें विशेष उपयोगी सिद्ध होता तोभी उसे दो-तिहाई बहुमत मिलनेकी संभावना नहीं

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

है इसलिये हम अपने प्रस्ताव पर जोर देना नहीं चाहते और फ्रांस-मेक्सिकोके प्रस्तावको ही समर्थन करना उचित समझते हैं क्योंकि उससे भी हमारे अभीष्टकी सिद्धि हो जाती है। जनरल एसेम्बलीमें इस प्रस्ताव पर खूब वाद-विवाद हुआ। रूस और उसके मित्रोंने भारतका साथ दिया और दक्षिण अफ्रिकाकी हिटलरशाहीको संसारकी शान्तिके लिये खतरनाक बतलाया। आश्चर्यकी बात यही है कि जिस ब्रिटिश राष्ट्रमंडलके साथ भारतके भाग्यका गठ-बन्धन हुआ है और जिसकी भूरि भूरि प्रशंसा करते हमारे प्रधान मंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरु और उनके मित्र अघाते नहीं हैं उस मंडलके श्वेतांग सदस्योंने ऐन मौके पर भारतको अँगूठा दिखा दिया। न तो इंगलैण्डने भारतके पक्षमें वोट दिया और न आस्ट्रेलिया ने; न कनाडाने और न न्यूजीलैण्डनेही। इनमें इगलैण्ड और आस्ट्रेलियाने तो भारतका खुलम-खुला विरोध भी किया और दक्षिण अफ्रिकाकी रंगद्वेषमूलक नीतिका समर्थन। ब्रिटिश राष्ट्र मंडलके ऐसे स्वार्थी मित्रोंसे भारतको क्या लाभ? इससे तो रुस जैसे अमित्र ही अच्छे हैं।

अभी उस दिन भारतीय संविधान परिषदमें पण्डित नेहरु प्रभृतिने ब्रिटिश राष्ट्र मंडलकी विशेषताओंका इतना गुणगान और बखान किया कि मानों उसमें सम्मिलित हो जाने से भारतका डूबता हुआ बेड़ा पार लग जायगा। जिन लोगोंने इंगलैण्डके साथ भारतके गठ-बंधनका विरोध किया था उनको अदूरदर्शी और विवेकहीन कहकर दिलके गुबार निकाले गये। पर सच्ची परिस्थितिका पता लगनेमें बिलकुल देर न लगी। इधर नई दिल्लीकी भारतीय पार्लामेन्टमें ब्रिटिश राष्ट्र मण्डलका यशोगान हो रहा था और उधर लेक-सक्सेसमें संयुक्त राष्ट्र संघकी बैठकमें उस मंडल के श्वेताङ्ग सदस्य भारतपर दुलत्तियां झाड़ रहे थे।

राष्ट्र संघकी प्रथम बैठकमें भी इसी प्रकारका एक प्रस्ताव पास हुआ था पर उसपर आजतक अमल नहीं हुआ। उस बैठकमें स्वयं जनरल स्मट्स दक्षिण अफ्रिकाका प्रतिनिधित्व कर रहे थे। दक्षिण अफ्रिकापर प्रवासी भारतीयोंके साथ जो रङ्गद्वेष पूर्ण व्यवहार होता है, उसपर उन्होंने मौन साधे रहना ही ठीक समझा। उनकी बस यही एक दलील थी कि प्रवासी भारतीयोंका प्रश्न दक्षिण अफ्रिका घरेलू प्रश्न है, इसमें अन्य किसी देशको दखल देनेका कोई भी हक नहीं। यहां तक कि राष्ट्र संघके अधिकार-क्षेत्रसे भी यह बाहरकी बात है। इसी बातको, जब दूसरी बार यह मामला पेश हुआ तो दक्षिण अफ्रिकाके तत्कालीन प्रतिनिधि श्री लॉरेन्स भी तोतेकी तरह रट गये और इस बारकी बैठकमें श्री एरिक लोने भी इसी बातकी पुनरावृत्ति कर डाली। दक्षिण अफ्रिका इस बातसे इन्कार नहीं करता कि वहाँ प्रवासी भारतीयोंके साथ रङ्गभेदके आधार पर व्यवहार होता है। बल्कि उसका दावा तो यह है कि वह अपने आन्तरिक मामलोंमें किसीका हस्तक्षेप सहन नहीं कर सकता। वह तो साफ कहता है कि इस भूतल पर परमेश्वरने श्वेताङ्गोंको ही सर्वश्रेष्ठ मानव बनाया है। एशियाके भूरे आदमी और अफ्रिकाके काले आदमी उनसे हरेक दृष्टिसे नीच हैं, इसलिये ऊँच-नीचमें समानता कैसी? दक्षिण अफ्रिका अपनी नीतिके अनुसार जैसा उचित समझेगा, इस प्रश्नको हल करेगा। पर राष्ट्र संघने उसकी इस दलीलको स्वीकार नहीं किया और फ्रान्स-मेक्सिकोका प्रस्ताव ४७ वोटसे पास हो गया। प्रस्तावके विरुद्ध केवल एक ही वोट आया और वह था दक्षिण अफ्रिकाका। रुटरने इसको भारतकी विजय कहकर खुशीका इज़हार किया है।

हम विश्वासपूर्वक कह सकते हैं कि इस प्रस्तावसे दक्षिण अफ्रिकाकी वर्तमान परिस्थितिमें किसी प्रकारका परिवर्तन होनेकी संभावना नहीं है। एक वार दक्षिण अफ्रिका इसी प्रकारके प्रस्तावको रद्दीके टोकरेमें फेंक चुका है और उसको मानने या कार्यान्वित करनेसे साफ इन्कार कर चुका है। इस प्रस्तावकी क्या दशा होती है, इसका जबाब तो भविष्य देगा, पर हमें तो इस प्रस्तावमें कोई ऐसी बात दिखाई नहीं देती है जिससे प्रवासी भारतीयोंकी समस्या सुलझ सके। डा० मलानकी सरकार यह घोषणा कर चुकी है कि वह दक्षिण अफ्रिकामें प्रवासी भारतीयोंको विदेशी समझती है और उनको एनकेन प्रकारेण दक्षिण अफ्रिकासे निकाल बाहर करनेके लिये गोरे मत दाताओंके समक्ष प्रतिज्ञाबद्ध है। यद्यपि दक्षिणा अफ्रिकामें प्रवासी भारतीयोंकी यह तीसरी या चौथी पीढ़ी बीत रही है; उनमें ९५ प्रतिशत ऐसे हैं जिनका जन्म ही दक्षिण अफ्रिका में हुआ है और भारतसे उनका कोई सम्बंध नहीं रहा। सच पूछिये तो भारत उनके लिये विदेश बन गया है तो भी मलानकी दृष्टिमें वे विदेशी हैं और उनको वहाँ से निकालनेके लिये नाना-प्रकारके उपाय सोचे जा रहे हैं। एक ओर तो डरबनमें हबशियोंको उभाड़कर दंगा कराया गया और प्रवासी भारतीयोंमें यह आतङ्क पैदा किया गया कि नेटालमें उनकी जान, सम्पति और इज्जत सुरक्षित नहीं

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

है और दूसरी तरफ यह ऐलान कर दिया गया है कि जो भारतीय नेटालको त्यागकर सदाके लिये हिन्दुस्थान चला जायगा उसको राह खर्चके सिवाय ४० पौन्ड इनाम भी मिलेगा। भारतीयोंके सामने एक तरफ तो जानमालका खतरा है और दूसरी तरफ इनामका लालच ! फलतः नेटालके बहुतसे भारतीय सरकारी खर्चसे स्वदेश लौट रहे हैं। यद्यपि उन्होंने यह निश्चय किया था कि किसी भी स्थितिमें वे नेटाल नहीं छोड़ेंगे लेकिन डरबनके दंगेने उनके निश्चय को डवाँ डोल कर दिया है।

यद्यपि राष्ट्र संघने यह प्रस्ताव तो पास कर दिया है पर इसपर अमल कैसे किया जावेगा ? कौन परिषद बुलाने की जिम्मेदारी मंजूर करेगा ? परिषद कहाँ होगी और उसका एजन्डा क्या होगा ? पिछली बार जब पं० नेहरूने राष्ट्र संघके प्रस्तावके आधार पर परिषद बुलानेके लिये जनरल स्मट्ससे आग्रह किया था तो जनरलने यह कहकर परिषदमें शरीक होनेसे साफ इन्कार कर दिया था कि राष्ट्रसंघके प्रस्तावमें दक्षिण अफ्रिकाको दोषी ठहराया गया है, इसलिए उसके आधारपर बुलाई हुई परिषदमें दक्षिण अफ्रिकाका शरीक होना उनके लिये मानो स्वय अपने अपराधको स्वीकार कर लेना होगा। स्मट्सके रूखका नतीजा यह हुआ कि परिषदकी बात खटाईमें पड़ी रह गई। यों तो परिषद बुलानेके लिये डा० मलान और उनके आंतरिक मंत्री डा० डोङ्गस दोनों बड़े आतुर हैं पर उनका कथन यह है कि परिषदका एक मात्र एजन्डा होना चाहिये—प्रवासी भारतीयोंका स्वदेश प्रत्यागमन। इसके सिवा प्रवासी भारतीयोंकी और किसी शिकायतपर विचार करनेके लिये दक्षिण अफ्रिकाकी सरकार तैय्यार नहीं।

राष्ट्र संघकी जनरल असेम्बली एक अप्रिय परिस्थितिसे निकलनेका रास्ता ढूंढ रही थी। इस फ्रांस-मेक्सिकोके प्रस्तावसे वह रास्ता उसे मिल गया। कुछ लोग इसे भारतकी विजय कहकर फूले नहीं समाते हैं लेकिन हमें इस प्रस्तावमें आशाकी कोई झलक दिखाई नहीं पड़ती। यह निर्विवाद है कि रङ्गभेदके मामलेमें दक्षिण अफ्रिकाके प्रायः सभी दल और वर्गके गोरे एक मत हैं और भारतीयों के हितमें रियायत करके कोई भी सरकार दक्षिण अफ्रिका में कायम नहीं रह सकती। जनरल स्मट्सने इस बुढ़ापेमें लोक-लाजको ताखपर रखकर केवल अपनी सत्ता बनाये रखनेके लिये 'घेटो एक्ट' पास किया था और मलानने उनसे एक कदम और बढ़ जानेके लिये उस एक्टमें प्रवासी भारतीयोंके लिये जो प्रतिनिधित्वका ढोंग रचा गया था उसको राजसत्ता ग्रहण करनेपर यूनियन पार्लामेन्टकी प्रथम बैठकमें ही रद्द करा डाला। असलमें वहाँके राजनीतिज्ञोंके लिये प्रवासी भारतीय 'फुटबोल' का काम देते हैं; जो उनपर जितना ही कसकर ठोकर लगाता है वह राजनीतिका उतना ही बड़ा खिलाड़ी समझा जाता है। इस लिये जब-जब पार्लामेंटके निर्वाचनका समय आता है तब-तब प्रवासी भारतीयोंका प्रश्न तरोताजा हो जाता है। हरेक दलके नेता मत दाताओंको यह आश्वासन दिया करते हैं कि यदि उनके दलके हाथमें देशका शासन-सूत्र आ गया तो वे दक्षिण अफ्रिकामें प्रवासी भारतीयोंका नाम निशान मिटाये बिना चैन नहीं लेंगे।

जब स्मट्स आदि यह कहते हैं कि दक्षिण अफ्रिकाके गोरे वोटर भारतीयोंके विरोधी हैं और कोई भी सरकार उनकी उपेक्षा नहीं कर सकती है तो हमें अफसोसकी हंसी आये बिना नहीं रहती। वास्तवमें लोकमत बनाना नेताओंका काम है। जिस देशके नेता ही दिन-रात भारतीयोंके विरुद्ध जहर उगला करते हैं उस देशकी जनता की मनोवृत्ति कैसी होगी, इसकी कल्पना कर लेना कठिन नहीं। भारतीयोंके विरुद्ध विषाक्त वातावरण तैय्यार करनेकी सारी जिम्मेदारी श्वेताङ्ग नेताओंपर ही है। उनके जहरीला प्रचारका परिणाम यह हुआ है कि गोरे तो गोरे, हबशियों तकमें भारतीयोंके प्रति दुर्भावना फैल गई है और डरबनका दङ्गा उसी दुर्भावनाके विष-वृक्षका एक फल है।

संयुक्त राष्ट्र संघ तो प्रस्ताव पासकर छुट्टी पा गया। अब आगे क्या होगा, यही सोचनेकी बात है। दक्षिण अफ्रिका आज तीन वर्षसे संघका अपमान करता आ रहा है। वह संघके एक प्रस्तावको ठुकरा चुका है और साफ कह चुका है कि वह अपने घरेलू मामलेमें संघका आदेश माननेमें तैय्यार नहीं। यदि संघमें कुछ भी दम होता तो वह दक्षिण अफ्रिकाके अवज्ञाके लिये ऐसा कठोर दण्ड देता कि उसकी सारी सिट्टा-पिट्टी भूल जाती। पर संघमें श्वेताङ्ग देशोंका ही प्रभाव और प्रभुत्व है और ऐशियावासियोंको नीच समझनेका उनका स्वभाव बन गया है। इसीलिये दक्षिण अफ्रिका संघके आदेशकी कोई परवाह ही नहीं करता क्योंकि उसे मालूम है कि अमेरिका, इंगलेण्ड आदि सभी श्वेत-राष्ट्र उसके वर्ण विद्वेषमूलक नीतिके समर्थक हैं। हमें राष्ट्र संघसे कोई भी आशा नहीं।

इस प्रस्तावका भी यदि वही गति हो, जो प्रथम प्रस्तावकी हो चुकी है तो हमें कोई आश्चर्य नहीं होगा। यदि गोलमेज परिषद हुई भी तो मलान उसमें अपने उद्देश्यकी पूर्तिके लिये प्रयत्न करेंगे। उनका यही दावा कि भारतीयोंके समस्याका एकमात्र हल है उनका स्वदेश प्रत्यागमन (Repatriation). भारत उनके इस दावेको कदापि स्वीकार नहीं कर सकता। फलतः परस्पर समझौता होजाना बड़ा दुष्कर प्रतीत होता है। इस लिये यह मामला फिर राष्ट्र संघके सामने आवे तो कोई विस्मयकी बात नहीं।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri



"प्रवासी" का चतुर्थ अंक मिला तो मालूम हुआ कि सम्पादकजी बीमार हैं और इसी लिये मेरी कथा भी नहीं छापी गई जो मैंने बड़ी मेहनतसे लिखकर तैय्यार की थी। इस बातसे मुझे काफी दुःख हुआ क्योंकि मेरा सारा परिश्रम अकारथ गया, पर सम्पादकजीकी गम्भीर बीमारी की खबरसे बड़ी चिन्ता भी हुई और मैं उनको देखनेके लिये प्रवासी-भवन जा पहुँचा।

संपादकजीकी दशा देखकर मेरे तो होश उड़ गये। यह सोचकर गया था कि पिछले अंकमें मेरी कथा न छापनेके कारण उनसे शिकायत करूंगा पर उनकी अवस्था देखकर कथा-कहानीकी बातें भूल ही गया। उनका क्षीण शरीर सर्वथा अशक्तिहीन हो गया है। चलना-फिरना तो दूरकी बात है, उनमें तो अब बोलनेका भी बल न रहा। रक्त-मांस गल-पचकर शरीरमें केवल अस्थि-पिंजर मात्र रह गया है। इस स्थितिमें भी उनको "प्रवासी" की चिन्ता लगी हुई है और यदि वे जीना भी चाहते हैं तो केवल "प्रवासी" के लिये ही।

* * *

सम्पादकजीसे विशेष बात-चीत करनेका साहस तो न हुआ पर उस हालतमें भी उनसे एक प्रश्न पूछे बिना मैं नहीं रह सका। अवसर पाकर मैंने उनसे सवाल कर ही बैठा कि ब्रिटिश राष्ट्र मंडलमें रहनेका निश्चय भारत के लिये हितकर है या अहितकर? इस विषयपर आपकी क्या राय है? सम्पादकजीने फौरन उत्तर दिया कि मैं इस प्रश्नको केवल प्रवासियोंके हित-दृष्टिसे देखता हूँ, अन्य किसी दृष्टिकोणसे नहीं। इस लिये मैं कह सकता हूँ कि ब्रिटिश राष्ट्र मंडलमें भारतके रह जानेसे भिन्न-भिन्न ब्रिटिश उपनिवेशोंके प्रवासी भारतीयोंका यदि भला भी न होगा तो बुरा होनेका भी डर नहीं रहा। यदि भारत ब्रिटिश राष्ट्र मंडलसे अलग हो जाता तो ब्रिटिश उपनिवेशोंमें प्रवासी भारतीयोंकी अवस्था केवल दयनीय ही नहीं बल्कि त्रासदायक भी हो जाती। इस लिये हमें पं० नेहरुका कृतज्ञ होना चाहिये।

* * * *

सम्पादकजीसे इसके सिवाय और किसी उत्तर की मैंने आशा ही नहीं की थी क्योंकि संम्पादकजी एक ऐसा चश्मा लगाते हैं जिसमें प्रवासी भारतीयों के सिवा और कुछ उनको दिखाई ही नहीं पड़ता। पर यह एक ऐसा सवाल है जिसको अबतक मैं हजार कोशिश करनेपर भी समझ नहीं पाया। इसमें शायद मेरे दिमागका ही दोष हो। हमारे प्रधान मंत्री नेहरुजी लंडन गये, वहाँ ब्रिटिश डोमीनियनके मंत्रियोंकी एक परिषद हुई। उस परिषदमें यह निश्चय हुआ कि हिन्द प्रजातन्त्र होते हुए भी ब्रिटिश कॉमनवेल्थका सदस्य बना रहेगा। इंगलैण्डके बादशाहको वह बादशाहके रूपमें नहीं बल्कि स्वतंत्र राष्ट्रोंके सम्मेलनके प्रतीकके रूपमें मानेगा। बल्कि हिंदकी इस स्थितिको इंगलेण्डके सिवा दक्षिण अफ्रिका, आस्ट्रेलिया, कनाडा, न्यूज़ीलैण्ड, पाकिस्तान और सिलोनने भी स्वीकार कर लिया है।

* * * *

पं० नेहरु तो इस नई व्यवस्थाकी भूरि-भूरि प्रशंसा करते अघाते ही नहीं हैं। उनके कथनका मथन यह है कि ब्रिटिश राष्ट्र मंडलमें रहनेसे हिन्दकी स्थिति बड़ी मजबूत हो गई है और उसका भविष्य उज्वल हो गया है। नेहरुजीके लण्डनसे लौटनेके बाद भारतीय संविधान परिषद और ऑल-इन्डिया कॉंग्रेस कमेटीमें भी इस विषयपर खूब चर्चा हुई है। मैंने बड़े ध्यानसे उन सब भाषणोंको पढ़ा है जो इसके पक्षमें दिये गये हैं। सभी वक्ताओंका यही कथन है कि कॉमनवेल्थमें रहनेसे भारतकी स्वाधीनतामें कोई बट्टा नहीं लगता है। इससे भारतको अपनी हालत सुधारनेमें भारी सहारा मिलेगा और संसारकी शांति बनाये रखनेमें उसको पूरी सफलता होगी। इस सम्बन्धसे भारतको लाभही लाभ है हानि कुछ भी नहीं। पर क्या लाभ है, यह साफ-साफ नहीं बतलाया गया। यह भी कहा गया कि भारत प्रजातंत्र होनेके कारण इस-

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

लैण्डके बादशाहकी सत्ताको स्वीकार न करेगा। भारतीय प्रजातंत्रका प्रधानही भारतीय प्रजाका सर्वोपरि प्रतिनिधि होगा। सन्धि और विग्रहमें भारत कॉमनवेल्थके किसी देश या इङ्गलैण्डका साथ देनेके लिये वाध्य नहीं है। यदि इङ्गलैण्ड किसीसे युद्ध छेड़ दे तो भारतको तटस्थ रहनेका पूरा अधिकार होगा। कॉमनवेल्थके हरेक देश पूर्ण स्वतंत्र होंगे और उनके अन्दर और बाहरके मामलोंमें कॉमनवेल्थ-के किसी दूसरे देशको दखल देनेका हक न होगा। इस प्रकार इंङ्गलैडके साथ स्नेह-संबन्धकी इतनी तारीफ की गई है कि मानों पं० नेहरुकी कृपासे भारतकी एक बहुत बड़ी विजय हो गई है और संसारके राष्ट्रोंमें उनकी प्रतिष्ठा बहुत बढ़ गई है।

* * * *

खैर, मेरी तो मोटी बुद्धि ठहरी। इसलिये मैं साफ-तौर पर यह जानना चाहता हूँ कि जिस कॉमनवेल्थमें सदस्योंके लिये न कोई नियम है और न बन्धन, उससे किसीको फायदा ही क्या हो सकता है? दक्षिण अफ्रिका कॉमनवेल्थका एक सदस्य होते हुए भी भारत और भारतीयोंका कट्टर दुश्मन बना हुआ है। दूसरा सदस्य है आस्ट्रेलिया, वह अपनी भूमिपर किसी भारतीयको पैर ही नहीं रखने देता। न्यूजीलैन्ड और कनाडामें भारतीयोंका प्रवेश वर्जित है। इसप्रकार कॉमनवेल्थके चारों श्वेताङ्ग देश—दक्षिण अफ्रिका, न्यूजीलैन्ड, आस्ट्रेलिया और कनाडा—भारतीयोंकी शक्ल सूरतसे भी सख्त नफरत करते हैं, वे भारतीयोंके साथ कुष्टरोगकी तरह परहेज करते हैं और उनको अपने देशसे दूर ही रखना उचित समझते हैं। कॉमनवेल्थमें एशियाके दो नये देश भी सदस्य बने हैं जिनमें एक तो पाकिस्तान है, जो काश्मीरमें भारतके साथ खुली लड़ाई लड़ रहा है और दूसरा देश है सिलोन, जिसने एक कानून बनाकर वहाँके भारतीयोंको नागरिक के अधिकारसे भी वंचित कर डाला है। अब प्रश्न यह उठता है कि जिस कॉमनवेल्थके कोई भी देश भारतीयोंको नहीं चाहता, कोई तो अपने यहाँ बसे हुए प्रवासी भारतीयोंको निकाल बाहर करनेके उद्योगमें व्यस्त है, कोई उनको अपने देशकी पाक जमीन पर पैर रखने देना भी उचित नहीं समझता, कोई उनसे युद्ध करनेमें भी संकोच नहीं करता और कोई उनको, कई पुश्त बीत जानेपर भी नागरिकका अधिकार देनेसे साफ इन्कार कर रहा है। उनकी भारतसे सच्ची मैत्री कैसे हो सकती है? अब रह गया इङ्गलैण्ड उसने भी संयुक्त राष्ट्र संघमें काश्मीरका मामला पेश होने पर पाकिस्तानका ही साथ दिया और दक्षिण अफ्रिका प्रवासी भारतीयोंका मामला पेश होनेपर वहाँकी यूनियन सरकारका। मलायामें ब्रिटिश सरकारने रानपत आदिको फाँसीकी डोरीमें लटका दिया और उनके जीवन दानके लिये भारतकी प्रार्थनाको रद्दीके टोकरेमें फेंक देना ही उचित समझा। भला जिस कॉमनवेल्थके देश भारतका खुल्लम-खुल्ला विरोध कर रहे हों, उसका अपमान करनेमें कोई भी संकोच न करते हों, उसको गिराने और नीचा दिखानेमें उनको कोई हिचकिचाहट न होती हो उन देशों की गोष्ठीमें शरीक हो जानेसे भारतका क्या भला होगा, यह बात हमारी मोटी बुद्धि समझ ही नहीं पाती। हमारे नेता गला फाड़-फाड़ कर चिल्ला रहे हैं कि कॉमनवेल्थमें शामिल रहनेसे भारतको बड़ा लाभ होगा पर वास्तवमें क्या लाभ होगा, यह साफ-साफ किसीने नहीं बतलाया। संसारमें जिन देशोंका समान स्वार्थ होता है उन देशोंकी गोष्ठी बनाई जाती है, पर कॉमनवेल्थके देशोंके स्वार्थ भिन्न-भिन्न हैं, उनकी नीति और प्रवृत्तिमें भी कोई समता नहीं। फिर इस प्रकारकी गोष्ठीसे किसीको क्या लाभ? कामनवेल्थके दो सदस्य पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रिकासे संयुक्त राष्ट्र संघमें भारत मामला भी लड़ रहा है। कहा जाता है कि कामनवेल्थके सदस्योंके झगड़े कॉमनवेल्थकी परिषदमें पेश ही नहीं हो सकते फिर यह गोष्ठी है किस मर्जकी दवा? यह तो बड़ी विचित्र गोष्ठी है। इस गोष्ठीका एक सदस्य दूसरे सदस्यको अपने दरवाजेपर पैर तक नहीं रखने देता, यहाँ तक कि एक सदस्य दूसरे सदस्यसे युद्ध भी कर सकता है, फिर भी कहा जाता है, कि संसारमें यह गोष्ठी सर्व श्रेष्ट गोष्ठी है और इसमें शरीक रहकर भारतने अपना ही नहीं, संसारका भी भारी कल्याण किया है।

* * * *

यह भी कहा गया है कि कॉमनवेल्थके सभी सदस्यों की राजनैतिक स्थिति एक समान होगी, न कोई किसीसे बड़ा होगा और न कोई किसीसे छोटा; न कोई किसीसे ऊँच होगा और न कोई किसीसे नीच; सबका दर्जा बराबर होगा। फिर भी इंङ्गलैण्डके बादशाह इस गोष्ठीके प्रतीक समझे जायँगे। मैं पूछता हूँ कि ऐसा क्यों होना चाहिये! यदि सभी देश बराबर हैं तो इङ्गलैण्डके बादशाहको यह

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

महत्व क्यों ? यदि जन संख्याकी दृष्टिसे देखी जाय तो इस गोष्ठीमें भारतही सबसे बड़ा देश है। भारतीय प्रजातंत्रके प्रधानको इस गोष्ठीका प्रतीक क्यों नहीं मान लिया गया ? इङ्गलैण्डके बादशाहको यह महत्व क्यों दिया गया ? इससे तो यह साफ जाहिर होता है कि इस गोष्ठीमें इंगलैण्डको ही सर्वोपरि देश माना गया और उसके बादशाहको यह महत्ता दी गई है। दूसरी बात यह है कि अभी इसका नाम भी "ब्रिटिश कॉमनवेल्थ ऑफ नेशन्स" ज्योंका त्यों बना हुआ है और चर्चिल तो इसमें 'एम्पायर' शब्द जोड़ना कभी भूलताही नहीं। भारत जैसे विशाल देश को अपने साथ बनाये रखनेके लिये इंगलैण्डके राजनीतिज्ञ बहुत बेचैन थे, उनकी इच्छा पूरी हो गई और भारत स्वतन्त्र होते हुए भी ब्रिटिश साम्राज्यका एक अङ्ग बना रह गया।

* * *

अभी उस दिन "हिन्दुस्थान टाइम्स" में एक चित्र छपा था जिसमें लण्डनके डाउनिंग स्ट्रीटमें पं० नेहरु, श्री एटली और डा० मलान परस्पर वार्तालाप करते हुए दृष्टिगोचर होते हैं। जब यह चित्र दक्षिण अफ्रिका पहुँचा तो वहाँके प्रसिद्ध राष्ट्रवादी पत्र "डाय बर्गर" ने प० नेहरुका चित्र काटकर निकाल दिया, उसने एक हिन्दुस्थानीके साथ डा० मलानका चित्र छापना अपमान जनक समझा। उसी दिन केप टाउनका एक दूसरे अखबारने उसी चित्रको पूर्णतः छाप दिया जिसमें पं० नेहरु भी आ गये इसलिये संसारके लोगोंको यह देखकर बड़ा आश्चर्य हुआ कि दक्षिण अफ्रिका के श्वेताङ्ग पत्रकारोंकी मनोवृत्ति ऐसी कलुषित हो सकती है कि वे मलानके साथ नेहरु जैसे विश्व-विख्यात भारतीयका चित्र देना भी श्वेतांग श्रेष्ठताकी दृष्टिसे अपमानजनक समझते हैं। जिस गोष्ठीमें इस प्रकारके देशोंका समावेश हुआ है उस गोष्ठीकी प्रशंसा किसी भारतीयके मुँहसे शोभा तो नहीं देती पर आश्चर्यकी बात है कि संविधान परिषद और ऑल-इन्डिया कॉंग्रेस कमेटीमें पंडित नेहरु, सरदार पटेल, श्री राजेन्द्र बाबू, श्री कन्हैयालाल मुन्शी आदि भारतके भाग्य विधाताओंको उस गोष्ठीका गुणगान करते हुए देखकर हम तो त्राहि त्राहि चिल्ला उठे और भगवानसे प्रार्थना करने लगे कि इस प्रकारके देशोंकी गोष्ठीसे वही भारतकी रक्षा करे।

* * *

मोरिशसके पत्रकारोंकी नीति और भाषाके विषयमें हम कई बार लिख चुके हैं पर उससे उनकी मनोवृत्तिमें कोई अन्तर नहीं आया। उनकी भाषा दिन पर दिन निकृष्टसे निकृष्टतर रुप धारण करती जाती हैं। इधर हमें "जमाना" के कुछ अंक मिले हैं जिनमें एक अग्रलेखका शीर्षक हैं—"गरीब हैं ही कहाँ ?" और दूसरेका शीर्षक है "सूअरका बच्चा"। इसको लेख कहना मानो लेख शब्द का अपमान करना है। वास्तवमें ये पत्रकारके लेख नहीं, बल्कि भठियारोंकी गालियोंका खजाना है। इसमें भारतके कमिश्नर श्री धर्मयशदेवपर व्यक्तिगत आक्रमण किया गया है और उनको ऐसे शब्दोंमें स्मरण किया गया है जिनका प्रयोग कोई भी शिष्ट और सभ्य मनुष्य कर ही नहीं सकता। मैं यह कह चुका हूँ और फिर भी एक बार अपनी बातको दोहराता हूँ कि श्री धर्मयशदेवजी समालोचनासे परे नहीं हैं। उनके विचारों और कार्योंका कड़ीसे कड़ी समालोचना करना प्रत्येक पत्रकारके अधिकारकी बात है। पर जहाँ समालोचनाकी जगह अपशब्दोंका प्रयोग किया जाता है वहाँ पत्रकार अपनी मर्यादासे गिर जाता है। यदि "जमाना" के सम्पादक यह समझते हों कि उनकी गालियोंसे भारतीय कमिश्नरकी इज्जतमें बट्टा लग सकता है तो मैं कहूँगा कि वे भारी भूल कर रहे हैं। उनके इन लेखोंसे श्री धर्मयशदेवजीका न कुछ बिगड़ा और न बिगड़ सकता है पर सम्पादक महोदय अवश्य सभ्य पुरुषोंकी दृष्टिसे गिरे बिना नहीं रह सकते।

* * * *

"जमाना" प्रो० विष्णुदयालजी का पक्ष समर्थक है। उसका यह दावा है कि विष्णुदयालजीने मोरिशसके प्रवासी भारतीयोंकी जो सेवा की है वह अभूतपूर्व है। मैंने कई बार इस विषयपर लिखा पर "प्रवासी" के सम्पादक महोदयने छापा ही नहीं। संसारमें जितने भी आन्दोलन उठे हैं वे सब किसी न किसी संगठनके अन्तर्गत रह कर अपने उद्देश्यकी पूर्तिमें सफल हुए हैं। महात्मा गाँधीको भारतीय स्वाधीनता संग्राम संचालित करने के लिये कॉंग्रेस का आश्रय ग्रहण करना पड़ा; यहाँ तक कि खादीकी उत्पत्तिके लिये उन्होंने खादी संघकी स्थापना की और हरिजनोंके उद्धारके लिये हरिजन संघ की। इसी प्रकार महात्माजीने जिन-जिन कार्यों का सूत्रपात्र किया उनको किसी न किसी सभा-समितिके द्वारा ही। पर आश्चर्यकी बात है कि विष्णुदयालजीने मोरिशसमें जो नया आन्दो-

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

लन चलाया उसके विधिवत संचालनके लिये न कोई संगठन बनाया और न कोई संघ ही । वे स्वयं अपने आन्दोलनका सर्वेसर्वा बन बैठे। वे जो चाहें सो किया करें, उनसे जवाब तलब करने वाला कोई नहीं । आन्दोलनको कहाँसे कितनी सहायता मिली इसका भी कोई हिसाब-किताब देखनेमें नहीं आया । इसीसे तो विष्णुदयालजीके विपक्षियोंको उनपर हमला करनेके लिये मौका मिल रहा है ।

* * * *

मैंने "प्रवासी" के किसी पिछले अङ्कमें लिखा था कि मोरिशसकी "जनता" नामक अखबारने विष्णुदयालजी पर ऐसा भयंकर दोषारोप किया है कि यदि किसी दूसरे देशमें वैसा लेख छपा होता तो सम्पादकपर मानहानिका मुकद्दमा चले बिना नहीं रहता और यदि सम्पादकजी अपने आक्षेपोंको अदालतके सामने सिद्ध नहीं कर सकते तो उनको हरजानेके रूपमें जहाँ एक भारी रकम चुकानी पड़ती वहाँ कुछ दिनों तक जेलका मजा भी चखना पड़ता । पर यदि वे आरोप सिद्ध हो जाते जो "जनता" ने लगाये हैं तो जिसके विरुद्ध वे आरोप हैं उनको दुनियाँ में मुँह दिखाना भी मुश्किल हो जाता । मेरे इस कथनपर "जनता" में एक लेख निकला है । "जनता" का कथन है कि मोरिशसमें मानहानिका कानून और देशोंकी अपेक्षा अधिक कठोर है पर "जनता" ने विष्णुदयालजी पर जो कुछ भी दोषारोप किया है उसको अदालतके सामने प्रमाणित करनेको तैय्यार है । यह तो विष्णुदयालजीको खुली चुनौती है और उनको चाहिये कि वे अपनी मान-मर्यादाकी रक्षाके लिये अदालतका आश्रय ग्रहण करें ।

* * * *

"प्रवासी" के सम्पादक महोदय चाहे विष्णुदयालजी की कितनी ही तारीफ क्यों न किया करें पर मुझे तो विष्णुदयालजीकी बातें और दलीलें सुनकर हंसी आये बिना नहीं रहती । मसलन भारत सरकारने श्री धर्मयशदेवको अपना कमिश्नर बनाकर मोरिशस भेजा है । उनका काम यह है कि जहाँ वे प्रवासी भारतीयोंके हितकी देखभाल और रक्षा करें वहाँ मोरिशसकी सरकारसे भी सद्भावना बनाये रखें । पिछले गवर्नर महोदय अपना कार्यकाल समाप्त कर जब मोरिशससे विदा होने लगे तो बन्दरगाह पर देवजीका उपस्थित होना और विदाई देना राजनैतिक शिष्टाचारकी साधारण बात थी । यदि वे ऐसा न करते तो मानों अपने कर्त्तव्यसे चूक जाते । पर विष्णुदयालजी और उनके "जमाना" ने इस बातको लेकर बहुत कुछ शोर-गुल मचाया । उनकी शिकायत यह रही कि जिस गवर्नरने प्रवासी भारतीयोंके साथ अच्छा व्यवहार नहीं किया, जो पग-पगपर भारतीयोंका अपमान करता रहा और जिसने विष्णुदयालजीको जेलमें सड़ाया और उनके भाईको फौजसे सस्पेन्ड कर दिया, उसको बन्दरगाह पर विदाई देनेके लिये देवजी क्यों गये ? उनको भी इस अवसरपर गवर्नरका बहिष्कार करना उचित था । जो लोग थोड़ी भी राजनैतिक बुद्धि रखते हैं और जो डिप्लोमेटिक प्रतिनिधिके कर्त्तव्यसे कुछ भी परिचित हैं उनको इस अनूठी दलीलसे हँसी आये बिना कैसे रह सकती है ? हालहीं में पं० नेहरुने लण्डनमें भारत और प्रवासी भारतीयोंके कट्टर दुश्मन डा० मलानको अपने यहाँ भोजनके लिये आमन्त्रित किया था और मलानने भी नेहरुका निमंत्रण आदरपूर्वक अङ्गीकार कर लिया । क्या कोई यह कहनेका साहस कर सकता है कि नेहरुने मलानको निमंत्रण देकर कोई अपराध किया या कोई ऐसा काम किया है जिससे भारतकी प्रतिष्ठामें बट्टा लगा है ? राजनैतिक क्षेत्रमें ऐसी बातें हुआ ही करती हैं और उनपर कोई बुद्धिमान व्यक्ति आपत्ति नहीं कर सकता।

* * * *

श्री धर्मयशदेवजीपर दूसरा आरोप यह लगाया जाता है कि वे मालदारोंका साथ देते हैं; गरीबोंकी कोई परवाह ही नहीं करते । धनी और गरीबका विश्लेषण करना भी दुष्कर है । भारतके कमिश्नरके लिये सभी भारतीय एक समान हैं, चाहे कोई समृद्धिशाली हो अथवा महाकंगाल। धनी और मालदारोंकी उपेक्षा अथवा अपमान करना ही तो गरीबोंकी सेवा नहीं । वहाँके सभी भारतीय एक ही नाव पर सवार हैं यदि नाव डूबेगा तो सभीको ले डूबेगा। इसलिये जो लोग उपनिवेशोंमें गरीब-धनीका प्रश्न उठा कर परस्पर द्वेष फैलाते हैं वह प्रवासियोंका हित तो नहीं, अहित अवश्य कर रहे हैं ।

* * * *

"जमाना" के सम्पादक महोदय मेरे लेखको प्रवासी का समझते हैं, उनकी इस सम्पादकीय बुद्धिकी बलिहारी है । गत २५ मार्चके "जमाना" में उन्होंने "प्रवासीके

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

लेख" शीर्षक एक अग्रलेख छापा है जिसके पाठसे प्रतीत होता है मानों मैं हीं "प्रवासी" का सर्वेसर्वा हूँ और मेरे ही विचार "प्रवासी" के विचार हैं। इस प्रकारके विचित्र बुद्धिवालोंकी संसारमें कमी नहीं है, इसलिये "प्रवासी" के प्रथम वर्षके १० वें अङ्कमें सम्पादकजी को सारी स्थिति का स्पष्टीकरण करना पड़ा और एक वक्तव्य प्रकाशित करना पड़ा जिसे हम यहाँ ज्योंका त्यों उद्धृत करते हैं:—

"हमारे कुछ पाठक यह समझ बैठे है कि बाबा रमता योगीकी कलिकाल कथा और सम्पादकीय विचारमें कोई अन्तर नहीं है—दोनों एक ही कलमकी कृतियां हैं। पर यह धारणा सर्वथा भ्रमात्मक और निराधार है। रमता योगी सम्पादकसे भिन्न एक विशिष्ट व्यक्ति हैं और वे स्वतंत्र प्रकृतिके एक निर्भीक पत्रकार हैं। उनसे कई बातोंसे हमारा गहरा मतभेद हो जाता है, फिर भी उनके लेखोंमें काट-छाँट करनेका हमें अधिकार नहीं है क्योंकि इसी शर्त पर उन्होंने "प्रवासी" की सेवा स्वीकार की है। यदि हम उनके स्वतंत्र विचारोंको दबानेका साहस करेंगे तो परिणाम यह होगा कि उनके सहयोग और सहायतासे हमें वंचित होना पड़ेगा। हम किसी पत्रकारके विचारमें हस्तक्षेप करना उचित भी नहीं समझते हैं। पर यह स्पष्ट कर देना आवश्यक प्रतीत होता है कि रमता योगी अपने विचारोंके लिये स्वयं जिम्मेदार हैं, सम्पादक नहीं। आशा है कि हमारे पाठक इस भेदको ध्यानमें रखेंगे और रमता योगीके विचारोंको एक स्वतन्त्र पत्रकारका विचार समझेंगे, सम्पादकका विचार नहीं।"

इस वक्तव्यकी विद्यमानतामें मेरे व्यक्तिगत विचारको "प्रवासी" का विचार समझ बैठना साधारण व्यक्तिके लिये क्षम्य हो सकता है पर एक सम्पादकके लिये तो यह बात अक्षम्य ही है। "जमाना" ने "प्रवासी" के सम्पादकीय विचारोंका उद्धारण देकर यह बतलाने की चेष्टाकी है कि जिस प्रकार "प्रवासी" के सम्पादक को नेहरु, पटेल, पट्टाभि आदि महान नेताओंके विचारोंकी समालोचना करनेकी स्वतन्त्रता है उसी प्रकार "जमाना" को भी भारतीय कमिश्नर श्री धर्मयशदेवकी आलोचना करने का भी पूर्ण अधिकार है। मैंने कब उसे इस अधिकारसे वंचित रखनेकी चेष्टा की है? मैं तो कहता हूँ कि विचार की स्वतन्त्रता ही मनुष्यकी सर्वोत्तम समृद्धि है। पर भाई साहब, समालोचना और भँडौअलमें भारी भेद है। यदि इतना आप समझ पाते तो फिर कुछ कहने और सुननेकी जरूरत नहीं रहती।

सम्पादककी बीमारी।

Protagonists of the Federal Plan should not infer from the above that we would not like to see the Caribbean Colonies united. What we would like to see, however, is, federation with autonomy in the respective administrative units of the Caribbean with elected representatives in each of the legislatures; no restrictions against inter-colonial trade, common currency, and common diplomatic and trade representatives for the whole Caribbean area in foreign countries.

This, as I see it, will assure progress to each colony; dispel the present fear of all concerned and at the same time pave the way for prosperity and contentedness for all sections of the cosmopolitan population we have in these colonies.

INDIANS IN MAURITIUS

By Shri Narottamprasad

The story of Indians settled overseas is one of humiliation suffered by men at the hands of men. As soon as slavery was abolished "because of changing economic conditions and Anglo-French rivalry in the Carribean" and not "by humanitarian motives", planters in the colonies hit upon the idea of getting Indians to replace slaves in their plantations.

The first colony to receive immigrants from India was Mauritius. Even South Africa that is looming large to-day cannot claim to have a longer experience of the kind of treatment accorded to Indians settled in the colonies. The Indians who came to Mauritius were as inarticulate as inarticulate can be. The system of indentured labour under which they worked was different from slavery only in name. Anyone who tried to utter a single

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

word of protest was murdered and thrown away. More often than not it is the blood-brother of the victim that was made to inter the bones of the victim under the supervision of the white master. The houses in which the Indians were made to live were only dirty huts euphemistically called "houses". The conditions in which they were made to live were utterly disgraceful.

The Indians came here in large numbers only a year after the abolition of slavery. Some Indians from the South were already in this land under the French. There were good artisans among them. The natives worked under those artisans when the capital of the island was shifted from Grand Port to Port Louis. The name of India has been associated with Mauritius for more than two centuries. "The Mauritius Almanac" says:— "The earliest legislative enactments relating to the Roman Catholic religion in Mauritius dates back to the year 1723 when the island belonged to the Compagnie des Indes".

In 1834, the first year of Indian immigration, only 75 Indians came to Mauritius. The number increased gradually. It is undoubtedly an inestimable asset to be able to do hard work to the satisfaction of exacting masters and make the country of one's adoption one's fatherland. The Indians succeeded where Negroes imported from Africa failed. With the increase in their number went an increase in the demand for more of such workers. From 75 the number rose to 56,245 in 1846; 77,996 in 1851; 192,634 in 1861; 216,258 in 1871; 248,995 in 1881; 255,920 in 1891; 259,086 in 1901; went down to 257,697 in 1911, rose again ten years later so that there were 265,524 Indians in 1921, 268,649 in 1931. The figure went down again a decade later. In 1944, 265,247 Indians were left out of a total of 268,649. It is customary for official report to consider the Indian Christians as members of the general population which now is in the ratio of 36 to 64 to the Indian population.

Twice in the history of Indians settled in Mauritius a move has been made to save the unfortunate sons of India from extinction. The first move was made by Shri Manilal Doctor, M. A., L. L. B., Bar-at-Law who stayed for four years in Mauritius in the beginning of this century. Mahatma Gandhi had visited the island and gone away. Leaders in India were striving hard to get the system of indentured labour abolished. Shri Manilal was at that time on the spot. His paper **Hindustani** served the Indian Community that was in no sense a part of the picture. Many organisations sprung up. The Indians had been encouraged to associate. Shri Manilal even founded an institution that is still living but not in the spirit the great leader wanted it to live. Considering the time-context, he achieved success.

From 1911, the date of Shri Manilal's departure, to 1940 there is a gap in the history of Indians in Mauritius. Shri Manilal had cleared many an obstacle, fought many a battle, inspired many a young man. The Indians continued to put in hard work with the result that after World War I they succeeded in buying more than 40 per cent of the land in Mauritius and left the coloured population a landless community. Their children began to attend school in greater numbers. Some became barristers, others doctors. A few went out to India and became graduates.

A better day began to dawn for the members of the Indian Community. Never has political consciousness been so great as it is to-day. One of the factors in this change for the better is the advent of a new movement set afoot in early 1940. Before 1940

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

there were only 2 Indian councillors in the Municipality of Port-Louis and only three Indian members in the Legislative Council. To-day in each of the Councils there are five Indian members as a result of the political evolution of the community.

The movement came in the life of the country at the proper time. It went to infinite pains to teach the people to break through evil habits. It sounded the death knell of disunity.

It took many efforts to achieve such an important result. It faced persecution, became the victim of attacks from all quarters, but emerged successful after a long struggle. The movement owes its origin to a school teacher who completed his studies in India. He is known as Prof. B. Bissoondoyal, M. A.

The Whites who number only 10,000 were put out of temper when Shri Manilal was here. To-day Prof. Bissoondoyal and his co-workers are looked upon with contempt by them. One of them, Shri S. Balgobin, ex-president of the Agricultural Labourers' Union, gave out some truths in public. De Cerneen, the century old white organ, wailed most bitterly against him. The Editor wrote that Shri Balgobin has departed from a well-established tradition. Probably he wanted to say that other Indians had been pocketting insults, had been so passive as to allow the Whites to call them barbarians, to libel them grossly without retorting, that Shri Balgobin had only to follow in their footsteps. The majority of Indians could not refrain from smiling when they came upon a passage of the article where it is stated that the European way of life makes for peace. Where history is taught in a different way it is known that the Nations of Europe have been waging countless wars and that France took the lead. She is responsible for more than 185 wars. Intelligent Indian readers agreed that the discoverer did not make a great discovery. The greatest task the Indians have to fulfil is that of taming the handful of whites who, upset by the Indian awakening, are trying to keep the Indians from the polls by all means. The Indians of Mauritius are being "forced to realise", as H. G. Wells puts it, "the unfaltering littleness of men". The kind of mental excitement into which the poor editor got did not show him off to advantage. One has only to quote the following passage from the speech delivered by Lord Farringdon at the meeting of the House of Lords held on 19.4.44 to justify the struggle in which Shri Manilal was engaged in his days and that which Prof. Bissoondoyal is carrying on today:— "Out of nearly 500,000 population there are only 9,450 voters. Of 10,000 whites, 2,500 or 25 per cent are voters, out of 111,000 coloured population, 3,900 are voters, that is 3.6 per cent, and out of 270,000 Indians, 2,716 are voters i.e. about 1 per cent. In these circumstances, Your Lordship will not be surprised that there has been considerable agitation in the island for the revision of the electoral qualification".

The greatest agitation of all, the only kind of agitation that brings round callous governments, was the imprisonment of more than a dozen Hindu missionaries in a colony that is one vast prison-house so far as bractising Hindus, Hindus who would not exchange their faith for a mess of pottage, are concerned.



CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

GANDHI IN SOUTH AFRICA

By Shri H. S. L .Polak

These lines are penned just after the announcement of the tragic news of the murder of my dear old friend, Gandhi. Indeed, he was more than a friend. To me he was Bhai, and to him I was Chhota-Bhai during the ten years of our intimate and affectionate collabortion in South Africa. And, though our ways of life have parted for many years, that close relationship had always remained to unite us at heart and in the spirit.

It was as a practising journalist that I first met him, in Johannesburg, in 1904. I had been in South Africa about fifteen months before I was aware of his existence, or of the fact that there were any Indians there. And then, during and as a result of an outbreak of plague in the Indian quarters, and of Gandhi's attribution of its spread to the neglect of tha Johannesburg Municipality, I realised that he and his people had substantial causes of complaint.

It was our common practice of vegetarianism that afforded the occasion of my first meeting with him. He had largely financed and constantly frequented two vegetarian restaurants, whose European proprietors were later unable to repay their debts to him. The pecuniary loss did not trouble him unduly, though it was substantial; but he was distressed that the vegetarian cause had suffered.

In order to learn more of him, of his country, and of his people's grievances and disabilities, in South Africa, I interviewed him at his law-office. There I found portraits of India's famous men, including Ranade, Dadabhai Naoroji, and Gokhale. Above his desk hung a beautiful picture of Jesus Christ, from which I deduced this was a man of broad religious tolerance. Later, I found among his closest friends Jews, Christians, Muslims, Parsis, Confucians, as well as Hindus. Though not himself a member, he occasionally lectured to the Theosophical Society's Johannesburg Lodge on subjects relating to the fundamental unity of religions, and of mankind.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Upon his book-shelves were a number of Tolstoy's works on non-violence. It was evident that the great Russian ex-soldier had strongly influenced him at a time when, Vaishya as he was, he had begun to react against the violence of warfare as he had experienced it during the South African War. Having previously urged his people in the country to demand their rights, upon its outbreak he had reminded them that they must now accept the responsibilities of citizenship if they would make good their claims to it. He accordingly offered to the British authorities, organized, and led into the front line of battle a Volunteer Indian Ambulance Corps, and was given the rank of Sergeant-Major. Later, in 1906, at the time of the Zulu rebellion, he again donned the Sergeant-Major's uniform as leader of an Indian Volunteer Stretcher Bearer Corps.

I found Gandhi to be the very soul of modesty and kindliness, even when speaking of those hostile to him and his people, whose disabilities he described in the most temperate language. Indeed, he was always opposed to exaggeration of any kind, in spite of much provocation. We became increasingly intimate during the next few months. When his family returned from India to South Africa, he gave me the use of the residential room next to his office, and we constantly discussed problems of common interest to us, either religious and philosophical or relating to inter-racial contacts.

He told me, too, of his anxiety regarding the position of the weekly paper, Indian Opinion, which he had helped to found some months before, and had since largely financed. He informed me of his intention to go to Durban, where it was published, to investigate the situation. I saw him off at the Johannesburg station, and gave him to read on the 24-hours' journey a book that had interested me greatly. It was Ruskin's "Unto This Last". In his Autobiography, Gandhi refers to the episode, to which he attributes his complete change from the ordinary Western middle-class professional man's way of living to the "simple life". Upon what apparently small and seemingly accidental matters great things depend.

On his return from Durban, he told me that he had purchased a small agricultural estate at Phoenix, some miles north of the port, to which he was transferring the Indian Opinion printing-press, and where he intended to send his family later on. He also informed me that, with a view to showing that representative of the East and the West even in South Africa, could closely co-operate, he had invited several Indian and European friends to join the "simple life" settlement that he was setting up there. He asked me if I would consent to become one of the settlers, at 3 pounds a month, and to take on the assistant editorship of the paper. I was greatly drawn to the project and agreed to do so. Three months later, however, to my surprise, I received from him an urgent appeal to join him in his Johannesburg law-office, in order to relieve him of some of his duties. Much against the grain I consented, and was professionally articled to him, and, at his suggestion, I was also appointed assistant secretary, under him, of the Transvaal British Indian Association. When once he had given his confidence, it was complete and thorough.

Shortly after my admission, as an attorney under his sponsorship, three years later, and when the Passive Resistance struggle was in full swing he decided himself to retire from practice, in order to dedicate himself fully to the service of his people, and also because he could no longer conscientiously continue to practise a profession in which

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

orders of the Courts depended finally upon a resort to force. He was held in the highest esteem by his professional colleagues and by the Courts, and his withdrawal was greatly regretted. As a legal practitioner, he would never sue a client for unpaid fees. And invariably, whena case was to go to the Courts, he would inform the client that, should he at any stage discover that the client had deceived him, he would be free to withdraw from the case, because, as one of its officers, he could be no party to the deception of the Court. I have known him to throw up his brief and to walk out of Court on such an occasion. He would always, in a criminal case, where the client was guilty of the charge framed, advise him so to plead, undertaking to offer all proper arguments in mitigation of sentence.

It will be recalled that, after his first civil disobedience campaign and imprisonment in India, he was disbarred by the Inner Temple, to which he had been called as a barrister in 1891; but he always refused to contemplate an application for readmission, on the ground that he no longer regarded himself as a lawyer but as a farmer. The "simple life" had claimed him irrevocably. I am reminded of a Transvaal incident, when Dr. F. E. T. Krause, who had been Attorney-General under the Kruger regime, had been disbarred by the Benchers of his Inn for his part against the British in the Boer War. He later applied for readmission to practise in Johannesburg, and upon the order being made Gandhi, who was present in Court and thereafter frequently briefed him, helped him to robe himself. He has lately retired from the Judge-Presidentship of the Transvaal Provincial Division of the South African Supreme Court. Gandhi has just passed away as the "Advocate-General" of world-peace.

Not long after my return to Johannesburg, the editor of **Indian Opinion** resigned, and Gandhi asked me to take on the editorship, which I did, mostly from Johannesburg, for the next eleven years. It was with some trepidation that I undertook these new responsibilities, and I always turned to him, when available, for expert advice on Indian questions. He frequently contributed to the columns of the paper in an English not nearly so good as he acquired in later years. On one occasion he censured severely for editorial pugnacity. I had written pungently condemning the authorities for their unfair attitude towards the Indian community. His reproof took the form of advice to model my style upon the dignity, restraint, and objectivity of the **Times**. I mentioned this recently to Col. J. J. Astor, the chairman of the Board of Trustees of that paper, much to his gratification. I remember, too, my embarrassment when, on a question of principle, Gandhi informed me of his decision no longer to allow the publication of advertisements in **Indian Opinion**. He was prepared to run the risk of further loss, if it could not be avoided by an increase in the number of subscribers.

It is sometimes forgotten that thrice in South Africa Gandhi was threatened with violence or actually attaked by his own countrymen. On the first occasion, noticing a knife in his would-be assailant's hand, he gently persuaded him to hand it over. On another occasion, he narrowly missed assault during a platform-speech in Durban. On the third occasion he was violently assaulted outside his office, within a few minutes of my own departure on public business, by a compatriot who had been led by hostile propagandists to believe that Gandhi had defaulted

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

upon a public pledge. He was seriously injured; but, though Europeans present gave evidence, before the Court, when the man was prosecuted and sentenced, Gandhi, true to his belief in non-violence and brotherhood, refused to do so. Ever since then, I have been haunted by the latent fear that he would die at the hands of some misguided fellow-countryman, if not from the physical effects of a fast undertaken in some great and all-absorbing cause.

I had become a member of the Gandhi household before he finally decided to establish it at the Phoenix settlement. We would rise early in the morning to grind the whole-meal wheat to be converted by Smt. Gandhi into unfermented bread. As if this were not enough, we would engage in deep-breathing and skipping exercises. Gandhi was a generous host to his many friends of all communities. Each evening, after dinner, we would read verses from the "Song Celestial" (the versei-rendering of the Bhagavad Gita by rS Edward Arnold), who had become, in Gandhi's student-days in London, Vice-President of the short-lived vegetarian club of which Gandhi was the founder-secretary. Our reading led to many discussions of Indian religion and philo-sophy and the comparison of Western and Eastern customs and cultures.

In 1906 occurred the beginning of the great political change which altered the whole course of his life. He went to England as a member of a delegation to prevent the giving of the Royal Assent to a highly provo-cative anti-Indian Ordinance of the Transvaal Crown Colony Legislature, leaving me in charge of the Indian community's public affairs. His mission was successful, and he renewed acquaintance with many old friends, including Dr. Josiah Oldfield. Unhappily, as we know, when responsible government was granted shortly afterwards to the Transvaal, one of the first acts of the new Legislature, upon the advice of General Botha's Government, of which General Smuts was the most pro-minent member, was to pass again into law almost the identical measure. Protests were of no avail, having regard to the complete powers of doing right or wrong inherent in the transfer of responsibility. Gandhi then (and shortly afterwards greatly encouraged by the perusal of the American author, Thoreau's essay on "Civil Disobedience", on a matter of the conscience) launched his first great Passive Resistance Movement which, with temporary suspension, lasted for some seven years and was ended by the historic Gandhi-Smuts Agreement of 1914. Gandhi himself was several times imprisoned, and, at his request, I took over the Indian leadership during his enforced absences. General Smuts bore no personal ill-will (nor did Gandhi, of course), but sent him some interesting books to read during his confinement. Before leaving South Africa Gandhi returned the compliment by sending to General Smuts, who also was addicted to a simpler life than most Euro-peans in the country, a pair of hand-made sandals from Tolstoy Farm, Gandhi's new "simple life" settlement. It had been gener-ously placed at his disposal by its owner, Hermann Kallenbach, a devotee, who, like myself, shared Gandhi's last imprisonment in South Africa. I well remember the General's appreciation of the gift expressed to Gandhi's secretary, Sonia Schlesin (still living near Johannesburg) and myself when we called upon him to make the presentation. Some thirty years afterwards, Smuts returned the sandals to Gandhi, in order to show him the excellent use that he had made of so good a piece of Indian craftsmanship.

It was in South Africa, too, that Gandhi began his life-long practice of auster-ity and asceticism. He took a vow of

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Brahmacharya, though he did not insist upon this for his associates. He undertook his first fast as a means of self-purification, because of the sins of others closely attached to him, and for which he felt a measure of responsibility. And it was in South Africa, too, that he studied nature cure, which he practised on himself, on his plague-striken countrymen in Johannesburg, and on members of his own family. On one occasion he saved Smt. Gandhi's life after the ordinary general practitioner had given up all hope of saving her, unless she would consent to take meat extracts. It was there, also that he pledged himself no longer to consume milk, which he held to be a stimulant of the lower passions. It was Smt. Gandhi who, in India, later persuaded him, in a moment of crisis to compromise with goat's milk, as his vow of abstention had been limited to cow's milk. Until almost the end of the great struggle, he continued to wear European clothes. But in its last phase, when he deliberately identified himself with the indentured and ex-indentured labourers and their sufferings, he decided to revert to the **Dhoti** and hand-made shawl.

At Phoenix and at Tolstoy Farm he started agricultural experiments, in order to learn the ways of nature, and the cultivator. He was always a great and practising exponent of simple sanitation. So his feelings for the Harijans were of a very early growth. It was then that I dubbed him **Mahabhangi.** Nor were these the only ways in which he engaged in hand-labour and handicraft, for it was in South Africa that he first became attracted to the handloom and the spinning wheel. He and his fellow-workers, on more than one occasion, when the oil-engine that drove the Phoenix printing-press gave out, turned the machine by hand, to ensure the publication of the paper strictly to time.

(To be Continued)

This is to inform all my numerous business friends throughout the Union that I have now started my own business as

J. MAGANLAL & Co.

BROKERS AND AGENTS

Specialising in Piece Goods, Produce and Groceries

It will be my earnest endeavour to continue to serve them as I have done in the last 20 years. All business entrusted to me will receive my personal attention. Apart from commercial brokerage business I have secured the representation for

THE SUN LIFE ASSURANCE OF CANADA

and have been appointed Indian Agency Manage for

THE YORKSHIRE INSURANCE CO. LTD.

for all classes of business.

I have also added a Real Estate Department.

I shall always be glad to hear from them and to know how I can serve them. No enquiry will be too small to answer and no order too large to execute.

J. MAGANLAL & Co.

(Formerly Director of A. I. Kajee (Pty.) Ltd.)

Office No. 1 and 2,

115A VICTORIA ST.

DURBAN, Natal.

P.O. Box 1582 Tel. Add. "Guythri"

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri



2% = 35%!

In India the area under cane is only 2% of the cultivated area, but it is equal to 35% of the world's sugar cane area.

Capital Invested .. .. over Rs. 33 crores.
Sugar Production in India over 13 lakhs Tons.

Per Capita consumption per year:-

in U.S.A. .. 97 lbs. per head
in U. K. .. 106 lbs. ,,
in India. .. 27 lbs. ,,

Persons engaged:-

Graduates .. over 3,000
Skilled & unskilled workers .. ,, 1,00,000
Cultivators .. ,, 2 crores.

All efforts should therefore be made to treble the production of sugar to assure the minimum caloric intake for everyone in the country. Will the Sugar Industry do it?

INSERTED BY

J. K. INDUSTRIES

IN THE INTEREST OF INDIAN INDUSTRIES

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri



सम्पादक—भवानीदयाल संन्यासी

वर्ष १ मई १९४८ अंक ६

महात्मा गांधीकी कुछ स्नेहमयी स्मृतियाँ ।

(२)

सत्याग्रह-संग्राम ।

अभी मेरे दक्षिण अफ्रिकाके प्रवासमें सालभर भी न बीतने पाया था कि मुझे अपने सत्संकल्पको कार्यान्वित करनेका अवसर मिल गया । सन् १९१३ के उत्तरार्द्धमें बापूने सत्याग्रहकी घोषणा कर दी जिससे दक्षिण अफ्रिकामें हलचलसी मच गई । बात यह हुई कि सन् १९१२ में जब माननीय गोपाल कृष्ण गोखले दक्षिण अफ्रिका पधारे थे तो सन् १८९५ के बाद गिरमिट लिखाकर आये हुए भारतीय मजदूरोंकी दुर्दशा देखकर उनका कलेजा काँप उठा था। इसलिये प्रिटोरियामें जब उनकी यूनियन सरकारके सर्वेसर्वा जनरल बोथा और जनरल स्मट्स आदिसे मुलाकात हुई तो उन्होंने सबसे अधिक जोर इस बात पर दिया कि मनुष्यताके विचारसे तीन पौण्ड वाला टेक्स फौरन रद्द हो जाना चाहिये । गोखलेकी दलीलोंसे यूनियनका मंत्रीमंडल कायल हो गया और उसकी तरफसे गोखलेको वचन दिया गया कि पार्लामेंटकी अगली बैठकमें टेक्स रद्द कर दिया जायगा । अतएव बम्बई लौटनेपर एक सार्वजनिक सभामें भाषण देते हुए गोखलेने कह दिया कि यूनियन सरकारके मंत्रियोंके आश्वासनके अनुसार तीन पौंडवाला टेक्स शीघ्रही मंसूख हो जायगा । यह खबर रूटरके जरिये दक्षिण अफ्रिका पहुँची और वहाँके अखबारोंमें छपी । अतः जब पार्लामेंटकी बैठक आरंभ हुई तो एक सदस्यने स्मट्ससे पूछा कि क्या सचमुच यूनियन सरकार तीन पौंडवाला टेक्स रद्द करनेके लिये गोखलेको वचन दे चुकी है ? उत्तरमें स्मट्सने निर्लज्ज होकर कह दिया कि यह बात बिलकुल गलत है ; हमने गोखलेको कोई वचन नही दिया है । इसका साफ मतलब यह हुआ कि गोखले झूठ बोल रहे हैं । स्मट्सके इस विश्वासघातसे गोखलेके हृदय पर जो आघात पहुँचा उसकी कल्पना कठिन नही है । यद्यपि गोखलेको बापू अपना राजनीतिक गुरु कहा करते थे तथापि बापूको गोखले श्रद्धा की दृष्टिसे देखते थे । । उन्होंने अपने एक पत्रमें स्वर्गीय स्वामी शंकरानन्दजीको लिखा था कि यद्यपि इस समय गांधीजी उनके प्रायवेट सेक्रटरीका काम कर रहे है तो भी उनका यथार्थ स्थान है गांधीजीके चरणोंके समीप बैठ कर उनसे शिक्षा ग्रहण करना ।

पार्लामेण्टके प्रश्नोत्तरसे प्रवासी भारतीयोंमें घोर असंतोष फैला । स्मट्सकी इस कूटनीति और विश्वासघात-

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कताके प्रतिकारमें सत्याग्रहके सिवा बापूको और कोई उपाय न सूझ पड़ा और उन्होंने बहुत सोच-विचारकर फिर एकवार सत्याग्रहका युद्ध छेड़नाही उचित समझा। पर सत्याग्रहका सूत्रपात करनेसे पूर्व बापूने स्मट्सको एक पत्र लिखा जिसमें सरकारसे यह अनुरोध किया गया था कि— (१) तीन पौण्डका टेक्स रद्द कर दिया जाय; (२) भारतीय धर्मोंके अनुसार जो विवाह होते हैं उनको कानूनसे जायज माना जाय; (३) नेटालके जन्म-प्रवासी भारतीयोंको केप प्रांतमें प्रवेश करने और वहाँ बसनेका अधिकार पूर्ववत बना रहे; (४) औरंज फ्रीस्टेटमें प्रवेश करनेवाले भारतीयोंसे जो इकरारनामा लिखा लिया जाता है कि वह गोरोंकी गुलामीके सिवा और कोई धन्धा न करेगा, इस अपमान जनक अवस्थामें वांछनीय परिवर्त्तन किया जावे और (५) वर्त्तमान इमिग्रेशन तथा अन्य कानूनों पर न्यायपूर्वक अमल किया जाय; अन्यथा भारतीयोंको विवश होकर सत्याग्रहकी शरण लेनी पड़ेगी। सरकार ने बापूकी इस उचित माँगपर कोई ध्यान न दिया और बापूको सन १९१३ के सितम्बरमें सत्याग्रहका श्री गणेश कर देना पड़ा। डरबनके प्रसिद्ध सौदागर काका रूस्तमजी के नेतृत्वमें पिनिक्स-आश्रमके प्रवासी और विद्यार्थियोंका एक दल जेलमें पहुँच भी गया जिसमें चार स्त्रियोंमें एक कस्तूरबा भी थीं। नेटालसे ट्रांसवालके सीमोल्लंघनके अपराधमें इनकी गिरफ्तारी हुई थी और प्रत्येक व्यक्तिको तीन तीन मासकी कड़ी कैदकी सजा दी गई थी। इस प्रकार सत्याग्रहका सूत्रपात करके बापू डरबनसे जोहान्सवर्गको पधारे।

उन दिनों प्रवासी भारतीयोंपर जो कानूनी अत्याचार हो रहे थे उससे मेरे दिलपर गहरी चोट पहुँच रही थी। सबसे अधिक दुःख मुझे उन अभागोंकी दुर्गतिपर था जो तीन पौण्ड टेक्सका शिकार बने हुए थे। पुराने प्रवासी उनकी कन्याओंसे विवाह करना पसंदनही करते थे क्यों कि इससे उनके माथेपर भी टेक्सकी बला चढ़ जाती। इस टेक्सके भारसे लगभग दस हजार प्राणियोंकी स्थिति अत्यंत त्रासदायक हो गई थी। कितने भाई चोरी-डकैती करके और कितनी बहने अपने सतीत्वको बेचकर किसी तरह टेक्स चुकाते थे। देह झुलसानेवाली गर्मी और कड़कती हुई सर्दीमें पापी पेटकी आग बुझानेके लिए घोर परिश्रम और तिसपर तीन पौण्ड टेक्स चुकानेकी अलगही चिन्ता! वह भी साल दो सालके लिये नहीं, सारी जिन्दगी—पीढी दर-पीढ़ी लिये। यदि ठीक समयपर सरकारी खजानेमें टेक्स न पहुँचा तो फिर चलो जेलकी हवा और जेलका हण्टर खाने और घुल-घुलकर प्राण गँवानेके लिये।

सत्याग्रहका सिंहनाद होतेही मैंने बापूको एक पत्र लिखा जो "इंडियन ओपिनियन" में प्रकाशित हुआ था। इस पत्रमें मैंने सत्याग्रहका समर्थन किया था और इस युद्धमें सम्मलित होनेका दृढ़ निश्चय भी। इसके बादही बापूकी प्रायवेट सेक्रटरी कुमारी सोनजा श्लेशनका एक पत्र मुझे मिला जिसमें मुझे सत्याग्रहके लिए तैयार रहनेका आदेश दिया गया था।

मैंने जोहान्सबर्ग पहुँचकर बापूसे भेंट की और सत्याग्रहकी प्रगतिपर बातचीत भी। उस समय ट्रांसवाल मुसलमानोंके दो दल हो गये थे, एक दल तो बापूका साथ दे रहा था और दूसरा दल उनका बैरी बन बैठा था। विरोधी-दलके अग्रनेता इसफ़ मियाँ और हबीब मोटन थे। जनतामें इस दलका नाम 'काली गोष्टी' (Black League) पड़ गया था। इस दलका एकमात्र उद्देश्य था येनकेनप्रकारेण बापूके विरुद्ध आवाज उठाते रहना। उनदिनों ये मीरजाफरके वारिस 'ट्रांसवाल लीडर' में चिट्ठियाँ छपवाकर अपने दिलके गुबार निकाल रहे थे। वह अंग्रेज अखवार उनके पत्रोंको अपने स्तंभमें महत्वका स्थान दे रहा था। उन चिट्ठियोंका यही आशय होता था कि गांधीजीको इसवार ५० सत्याग्रही भी न मिल सकेंगे क्योंकि ट्रांसवालमें सत्याग्रहका परिणाम देखकर लोग सचेत हो चुके है और अब वे गांधीजीके जालमें कदापि न फँसेंगे। ट्रांसवालके व्यापारियोंको सत्याग्रहसे कोई सहानुभूति नही रही और उनसे आर्थिक सहायता मिलनेकी कोई आशा नही है। अतएव गांधीजीका सत्याग्रह अवश्य फेल होगा।

जब "लीडर" का प्रतिनिधि बापूसे मिलने उनके ऑफिसमें आया तो मैं वहीं मौजूद था। उसने "लीडर" में छपी चिट्ठियोंकी ओर बापूका ध्यान दिलाकर पूछा कि बापू उनके जबाबमें क्या कहना चाहते हैं? बापू सहज स्वभावसे बोले—सत्याग्रही यह नही सोचता है कि कौन उसकी सहायता करेगा और कौन उसका विरोध। वह अपनी आत्माकी आवाजको सुनता है और उसीके अनुसार

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

काम करता है, चाहे कोई उसका साथ दे अथवा नहीं— इसकी वह पर्वाह नहीं करता। यदि वह गलत कदम उठाता है तो स्वयं कष्ट भोगता है, अन्य किसीकी हानि नहीं करता। सत्याग्रही केवल यही देखता है कि वह सत्यके लिये संघर्ष कर रहा है, फिर चाहे वह अकेलाही रह जाय, कोई भी उसका साथ न देवे तो भी कोई हर्जकी बात नहीं। जबतक एक भी सत्याग्रही रहेगा, सत्यके लिये लड़ेगा। उसकी विजय निश्चित है, इस लिये नहीं कि उसके अकेला होनेका कोई विशेष बल या महत्व है बल्कि इस लिये कि वह सत्यके लिये लड़ रहा है। समय आनेपर सत्याग्रहकी शक्ति प्रकट हो जायगी।"

मेरा संकल्प।

यद्यपि सत्याग्रहमें शरीक होनेके लिये मैं बापूसे वचनबद्ध हो चुका था तो भी मेरे सामने अनेक कठिनाइयाँ थीं। मुझे स्वदेशसे आये केवल नौ मास बीते थे। छोटे भाईको अबतक कोई नौकरी नहीं मिली थी और आमदनी की दूसरी कोई सूरत भी नहीं थी। छोटे भाईपर परिवारका भार छोड़कर चला जाना मुझे ठीक नहीं जँचता था। मैं अपने देशवासियोंकी सेवाकी भावनासे जेल तो क्या, जानसे भी बाजी लगानेको तैयार था, पर मेरी आर्थिक अवस्था इतनी दयनीय थी कि यदि एक दिन भी मेहनत-मजदूरी न किया जाय तो पेटपर पट्टी बांधकर सोना पड़े। हाँ, कुछ मित्र सहायता करनेको तैयार थे, पर इस तरहकी सहायता लेकर अपने आत्मसम्मानको खो बैठना मेरे लिए संभव नहीं था। ट्रांसवालकी पहली लड़ाईमें जेल जानेपर सत्याग्रही परिवारको आर्थिक सहायता देनेकी व्यवस्था थी, पर अपने परिवारके निर्वाहके लिये इस फण्डसे कुछ लेना मुझे मंजूर न था। मैं बड़े असमंजसमें पड़ गया पर जगरानीने मेरी चिन्ता मिटा दी। जब उनको यह मालूम हुआ कि मैं लड़ाईके मोहड़े पर जाना चाहता हूँ पर उनके लिये चिन्तित हो रहा हूँ तो वे मेरे पास आकर बड़ी विनम्रतासे बोलीं, "आप मेरे लिये क्यों चिंता करते हैं? मैं आपको बाँधनेवाली बेड़ी नहीं, आपके चरण चिन्हपर चलने वाली दासी हूँ। जब आप कारागृहकी कठोर यातनाएँ भोगनेका संकल्पकर युद्ध क्षेत्रमें जा रहे हैं तो मैं भला घरमें रहकर क्या करूंगी? यदि कोई आपत्ति न हो तो मुझे भी अपने साथ ले चलिये। और आपत्ति भी क्या हो सकती है? जब माता कस्तूरबाने स्वयं जेलमें बसेरा किया है तो मुझसी मामूली स्त्रीकी बिसातही क्या है? मैं कष्टसे डरकर आपके नामपर धब्बा न लगाऊँगी। मेरा विश्वास कीजिये और मुझे अवश्य अपने साथ ले चलिये।

जगरानी रणांगनमें।

जगरानीकी बातें सुनकर मेरे आश्चर्यकी सीमा नहीं रही। यद्यपि मेरे सहवाससे जगरानीको हिंदी पढ़ना लिखना आ गया था और देशकालकी मोटी-मोटी बातोंकी जानकारी भी हो गई थी, पर अभी उनको दक्षिण अफ्रिकाकी स्थितिका कुछ भी ज्ञान न था। इस स्थितिमें उनका विचार जानकर मैं आनन्दसे उछल पड़ा और मेरी नस-नस फड़क उठी। मैंने कहा कि तुम्हारी इस महत्वाकांक्षापर भला मेरी क्या आपत्ति हो सकती है, पर इस विषयपर बापूकी सम्मति और आज्ञा आवश्यक है।

दूसरेही दिन (३० सितम्बर १९१३ को) मैं जगरानीके साथ जोहान्सबर्ग गया और बापूसे भेंट की। साधारण शिष्टाचारके बाद बापूने जब आनेका कारण पूछा तो जगरानीने उनसे जेल जानेकी आज्ञा मांगी। बापूने मुसकराके कहा कि "तुम्हारा ख्याल तो बहुत अच्छा है पर तुम्हें जान लेना चाहिये कि जेलमें नाना प्रकारके कष्ट उठाने पड़ते हैं। ऐसा न हो कि तुम यातनाओंसे विचलित होकर कहो कि मैं गांधीकी बातोंमें आकर इस आफतमें फँस गई।"

जगरानी—मैं सब तरहका कष्ट झेलनेको तैयार हूँ। मैंने खूब सोच-विचारकर सत्याग्रहमें सम्मलित होनेका संकल्प किया है। आपसे तो केवल आशीर्वाद और आज्ञा लेने आई हूँ!

बापू—(जगरानीकी साड़ीकी तरफ संकेत करके) जेलमें तो ऐसी रंगीन रेशमी साड़ी नहीं मिलेगी।

जगरानी—जेलके मोटे वस्त्रकोही मैं रेशम समझकर परिधान करूँगी।

बापू—और वहाँ स्वादिष्ट भोजन भी तो नहीं मिलेगा। नेटिवोंकी खुराक 'पूपू' खाना पड़ेगा।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जगरानी—वही मेरे लिये मोहनभोगका काम देगा।

बापू—खैर, मैंने मान लिया कि तुम सब प्रकार की तकलीफ उठानेको तैयार हो पर किस लिये ? घरका आराम छोड़कर जेलकी यातनाएँ भोगनेकी जरुरत ?

जगरानी इस देशके कानूनके अनुसार हमारा धर्म-विहित विवाह नाजायज समझा जाता है, फलतः भारतकी पवित्र देवियाँ रखेली और उनके बच्चे दोगले समझे जायँगे। ऐसे कानूनकी मौजूदगीमें हमें सुख-चैन कहाँ ?

बापू—बहुत ठीक। अब तुम्हें मैं सत्याग्रहमें शरीक होनेकी आज्ञा दे सकता हूँ। जाओ अपने अधिकारके लिये लड़ो और हिंदकी इज्जत बचाओ। मैंने तुमसे इस लिये जीरह की कि स्त्रियां केवल देखादेखी अथवा जोशमें आकर जेल चली जायँ और वहाँ तकलीफ होनेपर पछताएँ ऐसा मैं बिलकुल नही चाहता। चाहें थोड़ी हों या बहुत, केवल वही स्त्रियाँ सत्याग्रही बनें, जो सत्याग्रहका मर्म समझती हों। हाँ, जस्टिस सरलने हालहीमें यह फैसला किया है कि भारतीय धर्मानुसार किये हुए विवाह कानूनसे नाजायज हैं, इसका यही अर्थ होता है कि रजिस्ट्री हुए बिना भारतीय स्त्रियां रखेली समझी जायँगी। यह बात शायद भवानी दयालने तुम्हें समझा दी है। अच्छा, अब तुम जाओ और उन मद्रासी बहनोंसे मिलो, जो सत्याग्रहके लिये तैयार हो चुकी हैं।

बापूके व्यङ्गका जगरानीपर ऐसा प्रभाव पड़ा कि उन्होंने रेशमकी रंगीन साड़ी उतारकर सफेद मारकीनका मोटा वस्त्र पहन लिया और अपने जीवनकी अंतिम घड़ीतक इस नियमको निबाहा। गहने तो उन्होने हिंदुस्थानमेंही उतार दिये थे। एक दिन मैंने हँसी-हँसीमें उनसे कह दिया कि "तुम्हें नख-शिखतक गहनेसे लदे देखकर तुम्हारी अभि-रुचिपर मुझे अचरज और अफसोस होता है। भला तुम किसको रिझानेके लिये इतने गहने लादे फिरती हो ? यदि मुझे रिझाना अभीष्ट है तो मैं साफ कह देना चाहता हूँ कि यह मेरी रुचिके साथ अन्याय है। मैं तुमको प्रकृत-रुपमें देखना पसंद करता हूँ, गहनोंसे लदे कृत्रिम रुपमें नहीं।" उसी दिन जगरानीने अपने शरीरसे सारे गहने उतार दिये थे और जीवनमें फिर कभी उनको धारण न किया। यहाँ तक कि उँगलीमें एक अँगूठी तक रहने देना उनको उचित न जँचा। रह गया था रंगीन रेशमी वस्त्र, वह भी बापूके व्यङ्गसे सदाके लिये विदा हो गया। उन्होंने सफेद नयनसुख या मारकीनके सिवा अन्य किसी वस्त्रको फिर कभी नही पहना। मेरी पुस्तकोंके प्रकाशक श्री द्वारिका प्रसाद सेवकने जगरानीको एक वेश-कीमती बनारसी साड़ी भेंट की थी, पर उनके जीवनमें वह संदूककी शोभा बढ़ानेके सिवा और किसी काममें न आई। उनके मरनेके बाद उसी साड़ीको पहना कर मैंने उनका अंत्येष्टि संस्कार किया था।

बापूसे विदा लेकर जगरानी सत्याग्रही महिलाओंके दलमें शरीक हो गईं। इस दलमें दस मद्रासी महिलाएँ थीं, जगरानी ग्यारहवीं हो गईं। जगरानी जोहान्सबर्गसे फिर जर्मिस्टन न लौटीं। बापूकी आज्ञासे उनका दल श्री केलनबेकके साथ औरेंज फ्रीस्टेटको कूच कर गया। वे देवियाँ ट्रांसवालसे फ्रीस्टेटकी सीमा लांघ गईं, पर सरकारने उनको गिरफ्तार न किया। उनको निराश होकर विरिनिगिङ्ग वापस आना पड़ा। इसी प्रकारके अपराधमें माता कस्तूर बा, काका रुस्तमजी आदिको सजा हो चुकी थी पर अब सरकारकी नीति बदल गई थी। बापूकी आज्ञासे उन स्त्रियोंने जोहान्सबर्ग लौट आने की अपेक्षा वहीं बिना परवानेकी फेरी (Hawking) करके गिरफ्तार होना ठीक समझा। विरिनिगिङ्गके व्यापारियोंने, जो उनके आगत स्वागतमें कटिबद्ध थे, इस प्रस्तावका अनुमोदन किया और फेरी करनेके लिये अपनी दूकानसे मुफ्त माल भी दिये। यह भी निश्चय हुआ कि फेरी से जो कुछ पैसे आवें, वह सत्याग्रह फण्डमें दे दिया जाय। भारतीय नारियोंकी यह प्रवृत्ति सत्ताधिकारियोंको खुली चुनौती थी। उन्होंने शहर भरकी फेरियाँ लगाईं और अमलदारोंका ध्यान खींचा, पर कुछ फल न निकला।

जर्मिस्टनमें सत्याग्रह।

मैं रोजाना बापूको टेलीफोन करके जगरानीका समाचार जान लिया करता था। नौकरीसे इस्तीफा दे ही चुका था, दूसरा कोई काम धन्धा था नही। बस, सत्याग्रहकी चर्चामेंही सारा दिन बीता करता था। जगरानी लड़ाईके मोहड़े पर पहुँच गईं और मैं अभी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जर्मिस्टनमें बैठा मक्खियाँ हाँक रहा हूँ, यह बात मुझे बहुत अखरने लगी। मैंने जर्मिस्टनमें स्त्रियों और पुरुषोंकी अलग अलग सभाएँ बुलाईं और उनको सत्याग्रहमें शरीक होनेके लिये आवाहन किया। छः स्त्री और दस पुरुष स्थानीय सत्याग्रहमें भाग लेनेको प्रस्तुत हो गये। वे बाहर जानेको तैयार न थे, पर यदि जर्मिस्टनमेंही सत्याग्रह किया जाय तो वे उसमें सम्मलित होनेके लिये वचनबद्ध हुए।

उन्हीं दिनों जोहान्सबर्गमें श्री प्राञ्जजी देशाई, सुरेन्द्रराय मेढ और मणीलाल गांधी बिना परवाना फेरी करनेके अपराधमें गिरफ्तार होकर जेल जा चुके थे। मैंने सोचा कि इसी ढंगसे जर्मिस्टनमें भी सत्याग्रह आरंभ करना चाहिये। हमने फटे पुराने वस्त्र पहनकर फेरी फिरनेवालोंका वेश बना लिया और अपने अपने माथेपर टोकरे लेकर फेरी करनेको निकल पड़े। जब शहरके बीचमें पहुँचे तो दर्शकोंकी खासी भीड़ लग गई। वहांके कानूनके अनुसार फुटपाथपर बोझ लेकर चलना मना है पर हम तो कानून भङ्ग करनेपरही उद्यत थे। शहर भर घूम आये, सड़कों और गलियोंका चक्कर काट आये, पुलिसको बार-बार गिरफ्तार करनेके लिये चुनौती देनेसे भी बाज न आये पर ग्यारह बज गये और गिरफ्तारीकी कोई सूरत नजर न आई। विवश होकर हमें रेलवे स्टेशन पर धावा बोलना पड़ा।

इस विषय पर "ट्रांसवाल लीडर" ने लिखा था—"आज दोपहरको जर्मिस्टनके रेलवे-स्टेशनपर बड़ी गड़बड़ी मची। स्टेशनके नवीन प्लेटफॉर्मके मध्यभागपर कोई ५०-६० भारतीय नर-नारियोंने दखल जमा लिया। उनमें सोलह आदमियोंके हाथोंमें फेरीके टोकरे थे; प्रत्येक टोकरेमें कुछ केले और अनन्नास थे और कुछ मुँगफली भी थी। रेलवे अहातेमें फेरी करना वर्जित है, इस लिये पुलिसने दखल दिया और स्टेशन मास्टरने उनको अच्छी तरह समझाया कि चाहे कोई किसी कौमका आदमी क्यों न हो, रेलवे अमलदारोंकी आज्ञा बिना यहाँ तिजारत नही कर सकता। मालूम पड़ता है कि इस बातका उनपर कुछ असर भी पड़ा और उन्होंने टेलीफोन करके गांधीसे सलाह माँगी। गांधीने उत्तर दिया कि वहींपर डटे रहो और गिरफ्तार करनेके लिये पुलिसको मजबूर करो। अतएव शहीद बननेके इन उम्मेदवारोंने डबल जोशसे अपना काम शुरु कर दिया। पुलिसको लाचार होकर उनकी इच्छा पूरी करनी पड़ी। वे गिरफ्तार कर लिये गये और उनपर बिना लायसेन्सके रेलवे अहातेमें फेरी करनेका जुर्म लगाया गया है।"

खैर, हम लोग किसी तरह पकड़े जाकर थानेपर पहुँचे। थानेदारने तड़प कर कहा—"तुम्हें जेल चाहिये न? अब चखो जेलका मजा।" हमारा नामधाम लिखकर हवालातमें बंद कर दिया गया। हँसी मजाकमें दिन बीता, शाम हुई। छः बजे एक सिपाहीने आकर हमें जेलसे बाहर निकाला और थानेपर चलनेको कहा। वहाँ पहुँचनेपर कुछ औरही गुल खिला। थानेदारने हमारे टोकरे देकर वहाँसे निकाल बाहर किया और कारण पूछनेपर उसने कहा—"तुम्हारे लिये जेलमें जगह नही है।"

अब क्या करते? निराश होकर घर लौटे।

नेटालकी सीमापर।

उधर विरिनिगिङ्गमें जगरानीकी पार्टी फेरी करके पकड़ानेकी चेष्टामें विफल हुई। उनको कानून भङ्ग करते हुए देखकर भी सरकारने आँखे मूंद ली और किसी तरह की छेड़खानी करना ठीक नहीं समझा! वे वहाँसे हताश होकर बापूकी आज्ञासे नेटालकी सीमापर जानेको उद्यत हुईं और जोहांसबर्ग लौटीं। यद्यपि उनमेंसे अधिकांश महिलाओंका घर जोहान्सबर्गमें ही था, पर स्टेशनसे घर जाना उनको उचित न जँचा। उनके सगे-स्नेही स्टेशनपर पहुँचकर उनसे मिले और उनके सत्संकल्प पर वधाइयाँ दी। बापूका आशीर्वाद लेकर वे नेटालकी गाड़ीपर सवार हुईं; उनके साथ बापूने प्रसिद्ध सत्याग्रही थम्बी नायडूको कर दिया। बापूकी आज्ञासे इस दलमें शरीक होनेका मैंने निश्चयकर लिया था, इस लिये जब गाड़ी जर्मिस्टन पहुँची तो मेरा दल भी उसमें जा मिला। मेरे साथ सात आदमी थे। अब कुल ग्यारह स्त्रियाँ और आठ पुरूषोंका एक दल बन गया। थम्बी नायडू दलपति और मैं उपदलपति बनाया गया ट्रांसवालका यह पहलाही जत्था था जो नेटालकी सीमा लांघने जा रहा था। पोलक साहब भी डरबन जानेके लिये इसी गाड़ीमें सवार थे।

अक्टूबरकी १०वी तारीखकी शामको सात बजे हमारा जत्था ट्रांसवाल और नेटालकी सीमा वाल्क्सरस्ट (VOLKSRUST) पहुँच गया। यही सत्याग्रहियोंके लिये युद्धक्षेत्र था, सीमोल्लंघनके अपराधसे यहीं सत्याग्रहियों

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

को दण्ड दिया जाता था। यहींपर माता कस्तूरबा और काका रूस्तमजी आदिको सजा मिल चुकी थी। हम इसी आशासे यहाँ आये थे कि हमें पकड़कर जेलमें ठेल दिया जायगा। रेलवे प्लेटफॉर्मपर गाड़ी लगतेही इमिग्रेशन अफसर पहुँच गये। उन्होंने नियमानुसार 'पास' का तकाजा किया इधरसे उत्तर दिया गया कि हममेंसे किसीके पास नेटालका 'पास' नही है। हुक्म हुआ—गाड़ीसे उतरो। हम उतर पड़े और अफसरके साथ थाने पर गये। वहाँ हमारा नामधाम लिखकर मीलभरके फासले पर एक केम्पमें भेज दिया गया।

उस रातको थानेदारके साथ भोजनके लिये झगड़ा करना पड़ा। उसका विचार था कि रातको हम पेटपर पट्टी बाँधकर सो जायँ अथवा अपने पैसेसे खरीदकर खायँ। हमारा कथन यह था कि हमें गिरफ्तार किया गया है, इस समय हम हिरासतमे हैं; अतएव हमारे खाने-पीने और सोनेका इन्तजाम करनेका सारा भार थानेदार पर है। रात बहुत बीत चुकी थी। पुलीसवालोंने कहींसे सूखी रोटियोंका प्रबंध कर दिया, कुछ मुरब्बा हमारे पास था। किसी तरह भोजन की व्यवस्था तो हो गई। पर सोनेमे जो तकलीफ हुई वह वयानसे बाहर है। थानेदारकी तरफसे हमें एक भी कम्बल न मिला। हमारे पास जो दोचार कम्बल थे वे औरत-बच्चों को दे दिये गये। वहाँ बड़ी सर्दी पड़ती है और प्रायः वर्फ भी गिरा करती है, जिससे मालूम पड़ता है कि धरतीपर सफेद चादर बिछी हुई है। उस रात जब जाड़ेका जोर हुआ तो लोगोंके हाथ-पैर ठिठुर गये, देहमें कँपकँपी होने लगी, दाँत लगे खटखटाने और घुटने लगे मुँह चूमने। राम राम रटते रात कटी। सवेरे सूर्यकी लाली ऐसी प्यारी लगी जैसी कि भुक्खड़ोंके सामने परसी हुई थाली। किसी तरह आग जलाई गई और फिर चायपानके बाद होश-हवाश कुछ ठिकाने आया।

उसी दिन सजा पा जानेकी हमें आशा थी, पर दस बजे कचहरीमें हाजिर होनेपर न हमारी पुकार हुई, न मामलेकी सुनवाई और न नोटिसकी तामीली। एक बजे हमें थानेपर बुलाया गया और आंतरिक मंत्रीका तार पढ़कर सुनानेके बाद हमसे कहा गया कि हम जहाँ चाहें जा सकते हैं—चाहे ट्रांसवालमें रहें अथवा नेटालमें प्रवेश करें, चारों ओर दरवाजा खुला है। सरकार न हमें गिरफ्तार करना चाहती है और न मामला चलाना चाहती है।

आश्चर्य! महदाश्चर्य! इसी अपराधमें लगभग दो दर्जन आदमी दण्डित हो चुके थे। उसी दिन तीन भारतीयोंको सीमोल्लंघनके जुर्ममें तीन तीन मास कड़ी कैदकी सजा दी गई थी। फिर हमारे जत्थाके साथ यह रियायत क्यों! शामको सात बजेकी गाड़ीसे हम चार्लिस्टनके लिये रवाना हो गये। अगला स्टेशनही चार्लिस्टन था। ट्रांसवालसे आते समय नेटालका पहला स्टेशन चार्लिस्टनही मिलता है। हमने सोचा कि वाल्क्सरस्ट ट्रांसवालके अंतर्गत है। शायद सरकारकी यह चाल हो कि ट्रांसवालके आदमियोंको यहाँ न पकड़नेसे कानूनकी मर्यादा भी बच जायगी और इस बलासे पिण्ड भी छूट जायगा। यदि यह सचमुच राजनीतिक चाल होगी तो चार्लिस्टन पहुँचनेपर इसका खुलासा हो जायगा।

एक स्वर्गिक ज्योति जो जगको मिली वरदानमें थी,
प्राणकी कलिका मिली जो देवतरुसे दानमें थी,
रह न पाई वह धारा पर धाम से निज भिन्न हो कर,
चाँदनी विधुसे, रही कब, रश्मि रवि से छिन्न होकर
जो हृदय सबके लिये शाश्वत सुधाकी धारसा था,
जो हृदय करुणा दया समवेदना साकार सा था,
रख न पाये उस हृदयको हम हृदयका दान देकर,
खो दिया, भगवानको, अब क्या करें पाषाण लेकर,
चल दिये क्यों नाव भारतकी भँवरमें छोड़? बापू!
क्या सहारा है तुम्हीं जब चल दिये दिल तोड़? बापू!
तुम गये क्या? भूमिके ही भाग्यके टूटे सितारे,
देशके शृंगार रूठे, राष्ट्रके अभिमान हारे,
रो रहा गिरिशृंग देखो! रो रही गंगा बेचारी,
हो गया है आज जीवन विश्वका सब ओर भारी,
मूढ़ है इतिहास—क्यों, किस ओर अपने पग बढ़ावे
कौन धरणीके हियेको—हिन्दको धीरज बँधावे,
तुम अमर उस पारके इस पारके दिनमान, बापू!
हर हियेकी धड़कनोंके तुम बने हो प्राण, बापू!!

—सदय।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दक्षिण अफ्रिकामें श्वेताङ्ग नीतिका नंगा-नाच ।

(५)

जनरल स्मट्स अपनी जिदपर अड़े रहे और उन्होंने 'एशियाटिक लेण्ड टेनर एण्ड इंडियन रिप्रेसन्टेशन एक्ट' (The Asiatic Land Tenure and Indian Representation Act) बना करही दम लिया जो 'घेटो कानून' के नामसे मशहूर हुआ। सन १९४६ की ३१ वीं मार्चको 'पेगिङ्ग एक्ट' की अवधि समाप्त हो जाती थी, उसकी जगहपर यह 'घेटो एक्ट' बना; वह मियादी कानून था, यह स्थायी कानून बना। पेगिङ्ग एक्टका दायरा और असर केवल डरबन शहर तकही सीमित था, पर यह नया कानून सारे नेटाल और ट्रांसवालपर लागू किया गया। भारतीयोंको अछूतोंकी भांति शहरों, कस्बों और गाँवोंसे अलग रहने तथा व्यापार करनेके लिये कुछ हलके निश्चित कर दिये जायँगे, फल यह होगा कि भारतीयोंको अपना रोजगार-धन्धा अपने लिये निश्चित किये गये क्षेत्रोंके अंदरही सीमित करना पड़ेगा। इस प्रकार व्यापार-केन्द्रसे हटा देनेसे देशकी आवादीके भिन्न भिन्न वर्गोंसे उनका सम्बन्ध टूट जायगा जिनसे उनका कारबार चलता है। परिणाम स्पष्ट है, उनका व्यापार चौपट हो जायगा, उनको तवाहीका सामना करना पड़ेगा।

इस घेटो कानूनके दूसरे भागमें यह व्यवस्था की गई है कि प्रवासी भारतीय जातिगत पृथक निर्वाचनके द्वारा वहाँके देशियोंकी भांति यूनियन पार्लामेण्ट में तीन सदस्य भेज सकेंगे, पर दक्षिण अफ्रिकाके विधानके अनुसार वे सदस्य श्वेताङ्ग यूरोपियनही होंगे, श्यामाङ्ग भारतीय नहीं। जनरल स्मट्स भारतीयोंको पार्लामेन्टमें सदस्य भेजनेका अधिकार दे रहे हैं, जो अधिकार उनसे सन १८९६ में अपहरण कर लिया गया था, इस बातसे बहुतसे लोगोंको आश्चर्य हुए बिना भी न रहा। आश्चर्यकी बात भी है, एक ओर तो उनको अछूतोंकी भांति अलग बसाना और दूसरी ओर उनको पार्लामेण्टमें अपनी आवाज उठानेका अवसर देना, सचमुच विलक्षण बात है, पर इसमें जनरलकी गहरी राजनीतिक चाल है। इसको केवल वही समझ सकते हैं जिनको दक्षिण अफ्रिकाकी परिस्थितिका पूर्ण परिज्ञान है। असल बात यह है कि भारत सरकारनेही प्रवासी भारतीयोंको वहाँ नेटालके श्वेताङ्ग प्लान्टरोंको सर्वनाशसे बचानेके लिये भेजा था इस लिये उसका यह दावा है कि जबतक प्रवासी भारतीयोंको नागरिकका अधिकार नही मिल जाता है तब तक उनके स्वत्वोंकी रक्षाके लिये भारत सरकार जिम्मेदार है और वह उनको यूनियन सरकारकी दयापर नही छोड़ सकती, अतएव जनरल स्मट्स भारतीय प्रतिनिधित्वका यह ढोंग रचकर भारत सरकार और भारतीय जनताकी जबान सदाके लिये बंद कर देना चाहते हैं। एक तो डेढ सौ सदस्योंकी पार्लामेण्टमें तीन सदस्योंकी आवाज नक्कारखानेमें तूतीकी आवाजही सिद्ध होगी और तिस पर उनका प्रतिनिधित्व करेंगे वही श्वेताङ्ग, जो उनको जड़ मूलसे मिटा डालनेके लिये कटिवद्ध हैं।

यह घेटो एक्ट प्रवासी भारतीयोंके सर्वनाशके लिये अणु बमका काम करेगा और साथही हिंदुस्थानको अपने प्रवासी संतानकी हस्ती मिटते देखकर भी कुछ कहने सुननेका अधिकार न होगा। भारतीयोंको अधम अवस्थामें रखनेके लिये अबतक जितने प्रयत्न किये गये हैं उनमें यह सबसे बड़ा प्रयत्न है। इससे भारतीय जीवनके सभी क्षेत्रोंमें हीनताका भाव फैलानेका कार्य आरंभ हो जायगा। कुछ लोग मुझसे पत्र लिखकर पूछते हैं कि यह 'घेटो' किस बलाका नाम है ? रुस देशमें यहूदी अलग बसाये जाते थे और उनकी बस्ती

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

को घेटो कहा जाता था। घेटो बड़ी गंदी बस्ती होती थी जो भारतके अछूत टोलेको भी मात करती थी। स्मट्स उसी प्रकार इस कानूनके द्वारा भारतीयोंके लिये घेटो अर्थात अछूत टोलीकी सृष्टि करना चाहते है इसी लिये इस कानूनका नाम घेटो एक्ट पड़ गया है।

प्रवासी भारतीयोंने अमेरिका, इङ्गलेण्ड और भारतमें डेपुटेशन भेजे और यूनियन सरकारको इस बुराईसे बचानेकी चेष्टा की। इस बीसवीं सदीमें भारत तथा अन्य देश जहाँ अछूतपनका कलंक धो बहानेको उद्यत है वहाँ स्मट्स कानूनके जरिये दक्षिण अफ्रिकामें नये अछूत बनाने और उनके टोले बसानेका उद्योग कर रहे हैं। उनका इरादा है कि भारतीय दक्षिण अफ्रिकामें न रहे और यदि रहें तो गोरोंके गुलाम बन कर। प्रवासी भारतीयोंका व्यवस्थित आंदोलन जब विफल हो गया तो उनको विवश होकर सत्याग्रहका सहारा लेना पड़ा। वे अपने देशकी शान और अपने आत्मसम्मानकी रक्षाके लिये मर मिटनेको तैयार हो गये। बत्तीस वर्षके बाद इतिहासकी पुनरावृत्ति हुई, सत्याग्रहकी लड़ाई छिड़ गई। नेटालका प्रसिद्ध नगर डरबनही इस संग्रामका कुरुक्षेत्र बना। डाक्टर दादू और डाक्टर नायकरके नेतृत्वमें सत्याग्रहका सूत्रपात हुआ, एक ट्रांसवाल इंडियन काँग्रेसके प्रधान हैं और दूसरे नेटाल इंडियन काँग्रेसके प्रधान। दोनों उत्साही युवक है। सरकारने आरंभमें सत्याग्रहकी उपेक्षाही करना उचित समझा, पर डरबनके गोरे भारतीयोंकी गुश्ताखी देख कर जामेसे बाहर हो गये। कुली-कबाड़ियोंका यह खुला विद्रोह उनके लिये असह्य हो गया। सत्याग्रहियोंने वर्जित क्षेत्रमें अपनी छावनी डाल रखी थी। गौराङ्गोंका जत्था निकल पड़ा सत्याग्रहियोंको सबक सिखाने और उनको विद्रोहका मजा चखानेके लिये। वे गोरे शैतान दल बांध कर रातमें सत्याग्रह छावनीपर धावा करते। तम्बूकी डोरियाँ काटकर गिरा देते अथवा उनमें आग लगा देते ताकि बाशी जीते जल मरें। उनके खटोले तोड़ डालते, कम्बल लूट ले जाते। इसीसे उनको संतोष न होता, विद्रोही कुलियोंको पकड़ कर उनकी खूब मरम्मत करते, लातों और घूसोंसे उनकी सूरत बिगाड़ डालते। यहाँ तक कि सत्याग्रही महिलाओंपर भी बूटकी ठोकरें लगाकर अपनी श्वेताङ्ग सभ्यताका परिचय देनेसे भी बाज न आते। सबसे मार्केकी बात यह थी कि अमन और कानूनके ठेकेदार पुलिस खड़ी-खड़ी तमाशा देखती, गोरोंको कानून भङ्ग करनेसे रोकना तो दूर रहा उल्टा उनको प्रोत्साहन भी देती। उनकी हिंसात्मक प्रवृत्ति यहाँ तक बढ़ी कि राह चलते हुए कृष्णसामी नामक भारतीय सिपाहीपर गोरों ने हमला कर दिया। कहनेकी जरुरत नही कि कृष्ण सामी सरकारी नौकर था, सत्याग्रहसे उसका कोई सम्बन्ध न था। वह सत्याग्रह-छावनीसे कुछ दूर राह पर जा रहा था, पर चूंकि वह भारतीय था और उसके कौमके आदमी विद्रोह कर रहे थे, इस अपराधमें उस पर ऐसी मार पड़ी कि अस्पताल पहुँचकर उसका दम उखड़ गया, वह शहीद हो गया। इस निर्मम हत्यापर सारी दुनियाने दक्षिण अफ्रिकाके गोरोंपर धिक्कारोंकी बौछारें की। इसके बादही गोरोंकी गुण्डाशाहीका अंत आ सका और सरकारका दमन-चक्र आरंभ हो गया।

डाक्टर दादू, डाक्टर नायडू, डाक्टर गुणम्, डाक्टर पटेल, श्री सोराबजी रूस्तमजी प्रभृति अनेक शिक्षित और प्रतिष्ठित नेता जेलमें ठेल दिये गये और उनसे कठोरसे कठोर काम लिया जाने लगा। उनसे नेटालके जेलोंमें पत्थरकी गिट्टियाँ तुड़वाई गई, पर अभिमानी गोरोंमें यह समझनेकी बुद्धि कहाँ कि उनके हथौड़ेकी एक-एक चोटसे सारे दलित और पीडित वर्ग की एक-एक कड़ी टूटती जायगी। जब भारतीय नेताओंपर अमानुषिक अत्याचार करनेमें यूनियन सरकार को कोई संकोच न हुआ तो साधारण सत्याग्रहियोंकी तो बात और बिसातही क्या? उनको तो मानो अत्याचारकी भट्टीमें झोंक डाला गया। जब वे कैदकी मियाद पूरी करके जेलसे छूटे तो उनकी माँ, बहन, पत्नी और परिवारको कुछ फासलेसे उनको पहचान लेना दुस्तर हो गया—जेलकी यातनाओंसे उनकी सूरतही बदल गई थी।

पर संकटोंने सत्याग्रहियोंका साहसही बढ़ाया, आपत्तियोंने उनको आगे बढ़नेमें सहायता पहुँचाई और यातनाओंने उनको और भी योद्धा बना दिया। उन्होंने दृढ़ निश्चय कर लिया कि कष्टोंसे विचलित होकर वे पीछे पैर न रखेंगे; मर मिटेंगे पर कौमकी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इज्जतपर आँच न आने देंगे। जो सैकड़ों सत्याग्रही जेल में गये उनमें स्त्रियोंकी संख्या भी यथेष्ट थी। मार्केकी बात यह हुई कि वर्षोंके परदेको तोडकर मुस्लिम माहलाएँ भी मैदानमें आ गईं और सत्याग्रहमें शरीक हो कर अपनी हिंदू बहनोंके साथ हँसते हँसते जेल गईं दक्षिण अफ्रिकाके हिंदू, मुसलमान, ईसाई, पारसी आदि सभी भारतीय सत्याग्रह संग्राममें अपने आत्मोत्सर्गसे संसारको चकित करने लगे। उनकी तरफ सबकी दृष्टि जा लगी।

वास्तवमें यह दक्षिण अफ्रिकाके ढाई लाख प्रवासियोंका नहीं, चालीस करोड़ भारतवासियोंका अपमान है। उनके साथ जो बुरा वर्ताव होता है वह इस लिये नहीं कि उन्होंने कोई नैतिक या भौतिक अपराध किया हो बल्कि इस लिये कि वे अभागा भारतके निवासी हैं, श्यामाङ्ग एशियाई हैं। यद्यपि यहूदी भी एशियाई है पर चूंकि उनकी चमड़ी कुछ सफेद है, इस लिये उनके साथ यूरोपियनोंकी भांति अच्छा व्यवहार होता है। अतएव भारत अपने प्रवासी संतानका अपमान कबतक सहा करता? ईश्वरकी अनुकंपासे भारतका भाग्य भी जाग उठा है; पराधीनताकी अँधेरी रात बीत चुकी है, स्वाधीनताका मंगल प्रभात हो चुका है। भारतके प्रधान मंत्री पं० जवाहर लाल नेहरूनेही वैदेशिक और प्रवास विभागका भार ग्रहण किया है।

दक्षिण अफ्रिका और भारतमें जो व्यापारिक संधि (Trade Agreement) थी वह रद्द हो गई। भारतने दक्षिण अफ्रिकासे कारबार और व्यापार बंद कर दिया। वहाँसे खास कर 'वाटल' वृक्ष की छाल आती थी जो भारतमें चमड़े रंगनेके काममें इस्तमाल का जाती थी। भारतने उसका कमी बबूलसे पूरी कर ली। यहाँसे खासकर जूटकी बोरियाँ दक्षिण अफ्रिका जाती थी; जिनके बिना वहाँके गोरे किसानोंका काम चलही नहीं सकता। वे अपने खेतका उपज बोरियोंमें भरते और बाजारमें भेजते हैं। भारतके प्रतिबंधसे उनको बोरियाँ मिलना असंभव हो गया। जो बोरी एक शिलिंगमें बिकती थी वह अब पाँच शिलिंगमें भी नहा मिलता है। इससे गोरे किसानोंमें हाहाकार मच गया है। ट्रांसवालके गोरे किसान इसका बदला वहांके भारतीय दुकानदारोंसे चुका रहे हैं। उनकी दूकानों पर पिकटिङ्ग कर रहे है और बहिष्कारके हथियारसे उनका संहार करनेपर तुले हैं। उनका खयाल है कि इन्हीं प्रवासी भारतीयोंकी प्रेरणासे भारत सरकारने बोरियोंपर प्रतिबंध लगा दिया है जिससे उनकी गहरी हानि हो रही है। यूनियन सरकारने गोरे किसानोंको इस विपदसे बचानेके लिये एक विचित्र ढंग से काम लेना चाहा था, वह यह था कि यहाँसे एक जहाज बोरियाँ अमेरिकाके किसी व्यापारीके नामसे भेजी गई और वहाँसे होकर वह बोरियाँ दक्षिण अफ्रिका पहुँच गई। इस चालबाजीका पता लगतेही पं० नेहरूने अमेरिकाकी सरकारको तार देकर तीव्र प्रतिवाद किया और अमेरिकन सरकारको यह आश्वासन देना पड़ा कि भविष्यमें इसकी पुनरावृत्ति न होने पावेगी।

भारत दक्षिण अफ्रिकासे व्यापार सम्बन्ध तोड़ कर ही शांत और संतुष्ट न हुआ। उसकी तरफसे संयुक्त राष्ट्र संघ (United Nations Organisation) में दक्षिण अफ्रिकाके खिलाफ मामला भी दायर कर दिया गया। भारत सरकारके अनुरोधसे डाक्टर लंका सुन्दरम् और मैंने संयुक्त राष्ट्र संघके लिये भारतका अर्जीदावा भी तैयार कर दिया था, जिसमें हमने जनरल स्मट्सके इस दावेका कि प्रवासी भारतीयोंका प्रश्न दक्षिण अफ्रिकाका घरेलू प्रश्न है, युक्तियों और प्रमाणों तथा अन्तर्राष्ट्रीय कानूनोंके आधार पर खंडन किया था और यह सिद्ध कर दिया था कि यह प्रश्न वास्तवमें अन्तर्राष्ट्रीय प्रश्न है और इसकी उपेक्षासे दुनियाकी शांति खतरेमें पड़ सकत है। इस अर्जीदावेको तैयार करने में काफी मेहनत की गई थी, पर संतोषकी बात है कि प्रिवी कौंसिलके जज राइट आनरेबल श्री मुकुन्दराव जयकर और लंडनके वकील हेनरी पालक जैसे कानून के पंडितने इसकी मुक्तकंठसे प्रशंसा की थी। ऐसे तो एसोसियटेड प्रेस के द्वारा इसका सारांश भारतके सभी प्रमुख अखबारोंमें छपा था, पर नवम्बर १९४६ के मोडर्न रिव्यू" में तथा "कमर्स एण्ड इन्डस्ट्री" के दस अंकोंमें हमारा वक्तव्य अक्षरशः छपा था।

निदान सन १९४६ के अंतमें श्रीमती विजय लक्ष्मी पंडितके नेतृत्वमें भारतका प्रतिनिधि मंडल संयुक्त राष्ट्र

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

संघ में सम्मलित होने के लिये न्यूयार्क गया। इस मंडलमें राजा महाराज सिंह और डाक्टर लंकासुंदरम् प्रवासी समस्याओंके विशेषज्ञ थे। भारतके हाई कमिश्नर श्रीरामराव माधवराव देशमुखको भी भारतकी सरकारने दक्षिण अफ्रिकासे वापस बुला लिया था और वे भी प्रतिनिधि मंडलमें शरीक कर लिये गये थे। दक्षिण अफ्रिकासे अब्दुल्ला इस्माइल काजी, सोराबजी रूस्तमजी, अलवर्ट क्रिस्टफ़र, पी० आर० पत्तर प्रभृति प्रवासी नेता भी इस अवसर पर न्यूयार्क पहुँच गये थे। इससे कुछ पहले आश्विन चौधुरी अमेरिकामें प्रचार कार्य करके दक्षिण अफ्रिका लौट गये थे।

उधर अपने सलाहकारोंके साथ स्वयं जनरल स्मट्स राष्ट्र संघमें उपस्थित हुए। जब भारतका मामला पेश हुआ तो जनरलने इस मामलेको एजन्डासेही उड़ा देनेकी चेष्टा की। वे इस बात पर जोर दे रहे थे कि प्रवासी भारतयोंका प्रश्न दक्षिण अफ्रिकाका घरेलू प्रश्न है और राष्ट्र संघको किसी देशके घरेलू काममें हस्तक्षेप करनेका अधिकार नही है। पर उनकी दाल गलने न पाई, वे विश्वके प्रतिनिधियोंको बहकानेमें सफ़ल न हुए। रूसके एण्डरी विशिस्की तथा चीनके वालिङ्गटन कूने जनरलके दावेका जबर्दस्त विरोध किया। ब्रिटिश प्रतिनिधि सर हार्टली शा क्रोस इस अप्रिय प्रसंगको किसी तरह टालनेकी कोशिश करते रहे, पर उनकी इच्छा पूरी न होने पाई। आखिर अमेरिकाके प्रतिनिधि वारन आस्टिनका प्रस्ताव बहुमतसे पास हुआ कि यह मामला राष्ट्रसंघके दायरेके अंदर है या नहीं, इसका फैसला राजनीतिक और कानूनी कमेटीपर छोड़ दिया जाय।

खैर, कमेटी बैठी, दोनों पक्षके बयान हुए, सबूत पेश किये गये, वाद-विवाद हुआ। सारी बातें सुनकर और परिस्थितपर ध्यान देकर कमेटी आखिर इस नतीजे पर पहुँची कि यह मामला राष्ट्रसंघके दायरेके अंतर्गत है और इस पर विचार और फैसला करनेका संघको पूरा अधिकार है। स्मट्सकी सारी कोशिशें कि यह मामला दाब जाय और आगे न बढ़ने पावे, बेकार गईं। कमेटीने इस मामलेको जनरल असम्बलीमें भेज दिया। वहाँ सदस्योंके दो-तिहाई बहुमतसेही इस मामलेका कोई फैसला हो सकता था, इसलिये जनरलकी आशा भङ्ग नही हुई। उनको पूरा भरोसा था कि 'न नौ मन तेल होगा न राधा नाचेंगी'—न भारतके पक्षमें दो-तिहाई वोट मिलेंगे और न यह मामला आगे बढ़ने पावेगा। कमेटीके निर्णयके बाद उन्होंने विश्वासके साथ फरमाया था कि अभी तो कुछ भी नही हुआ, अंतिम निर्णय तो जनरल अम्बलीके दो-तिहाई वोटसेही हो सकेगा।

निदान असम्बलीमें यह मामला पेश हुआ। बड़े राष्ट्रोंमें इङ्गलेण्ड और अमेरिका तो दक्षिण अफ्रिकाके पक्षमें हो गये, पर रूस और चीन भारतके हिमायती बने रहे। किसीको आशा नही थी कि भारतको दो-तिहाई वोट मिल सकेंगे—उसके साथ न्यायही सकेगा, पर भगवानकी अनुकंपासे असंभव संभव हो गया। जब वोट लिया गया तो दो-तिहाई वोट भारतके पक्षमें आ गये, भारतकी शानदार विजय हो गई। दक्षिण अफ्रिकाकी सरकार और वहाँके श्वेताङ्ग विश्वकी अदालतमें अपराधी सिद्ध हुए, उनके पापका भरा हुआ घड़ा फूट गया। उनको हिदायत हुई कि दक्षिण कफ्रिकाने भारतसे जो संधियाँ की है उनका पालन और उन संधियोंके अनुसार प्रवासी भारतीयोंके साथ व्यवहार होना चाहिये। उन कानूनोंमें दक्षिण अफ्रिका आवश्यक फेर-बदल करे जो संघके चार्टरके अनुसार प्रवासी भारतीयोंको मानवीय अधिकारोंसे वंचित करते हैं। इस निर्णयको कार्यान्वित करनेके लिये दोनों देशकी ओरसे जो कुछ भी कोशिशें और कार्रवाइयाँ हों उनकी रिपोर्ट संघकी अगामी बैठकमें भारत और दक्षिण अफ्रिका पेश करें।

न्यूयार्कके संयुक्त राष्ट्र संघमें जनरल स्मट्सकी सारी शेखी धूलमें मिल गई। इससे पहले किसी अन्तर्राष्ट्रीय परिषदमें उनकी ऐसी बेइज्जती और दुर्गति कभी नही हुई थी। वे अत्यन्त हताश होकर दक्षिण अफ्रिका लौटे। पर उन्होंने अपनी भूल महसूस करने तथा अपनी नीति बदलनेकी अपेक्षा राष्ट्र संघके फैसलेकी उपेक्षाही करना उचित समझा। उनकी इस धारणामें कोई अंतर न आया कि चूंकि भारतीय एशियाई हैं इस लिये वे नीच हैं और गोरोंकी बराबरी करनेके योग्य नहीं है। उनको अलग घेटो-क्षेत्रमें बसानेसेही उनकी श्वेताङ्ग सभ्यता एवं श्रेष्ठताकी रक्षा हो सकती है। दक्षिण अफ्रिकामें विद्वता और योग्यताका कोई मूल्य

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नहीं, चमड़ेके रङ्गका महत्व है। पंडित नेहरू, जनरल चाङ्ग काई शेक, प्रेसिडेन्ट होची मिन्ह आदि एशियाके वर्त्तमान भाग्य-विधाता भी यदि दक्षिण अफ्रिका जावें तो वहाँ के एक महानीच, आवारा, शराबी और लफंगे गोरेसे भी अधम और नीच समझे जायँगे। यदि वे वहाँके नीचसे नीच गौराङ्गके पड़ोसमें जमीन-मकान लेकर रहनेकी गुश्ताखी करें तो वहाँके घेटो कानूनसे दण्डित हुए बिना न रहेंगे।

इस लिये दक्षिण अफ्रिकाके प्रवासी भारतीयोंके सामने बड़ी विकट समस्या आ पड़ी है। या तो वे दक्षिण अफ्रिकामें घेटो कानूनके अनुसार अछूत बनकर रहना मंजूर करें, अपनी और अपने देशकी इज्जत खाकमें मिला दें और पीढ़ी दर पीढ़ीके लिये नीच कहलानेका कलंक लगा लें अथवा आत्म सम्मानकी युद्धाग्निमें पतंगकी भाँति जल मरें। उन्होंने लांछित, अपमानित और कलंकित होनेकी अपेक्षा प्रतिष्ठाके साथ मर मिटनाही पसंद कर लिया है। इसलिये आज वे मानवी-अधिकारकी लड़ाई लड़ रहे हैं। यह लड़ाई कोई साधारण लड़ाई नही है, दानवी और मानवी शक्तियोंमें संघर्ष है। उधर पशु बलका भरोसा है, इधर आत्म बलका सहारा, एशियाके करोड़ो प्राणियोंकी तरफसे श्वेताङ्गोंके वर्ण-विभेद-मूलक मनोवृत्ति और नीतिकी अवहेलना है, गोरोंके दंभ और अहंकारके साथ भारतीयों का आत्म सम्मानकी यह मुठभेड़ है। इसलिये भारतही नही, सारा संसार दक्षिण अफ्रिकाके इस देवासुर संग्रामको बड़ी दिलचस्पीसे देख रहा है।

सत्य घटनाके आधारपर लिखित हृदय विदारक कथा।

बच्चोंकी बलि

"इस जिन्दगीसे मौत अच्छी"—शंकर मनही-मन भुन-भुनाया—"क्या इस संसारमें कर्कशा पत्नीसे बढ़कर और भी कोई बात दुखदायक है! मैं समझता हूँ कि मेरी पत्नी 'बसन्ती' साक्षात् शैतानकी बेटी है।"

शंकरने बसन्तीके साथ छः साल वैवाहिक जीवन बिताया था, लेकिन शायदही कभी बसन्तीने शंकरके प्रति अच्छा व्यवहार किया हो। वह जहरकी पुड़िया थी। उसकी बोली लाल मिर्चकी भाँति तीखी होती थी। उसने अपने वाक्य-शरोंसे शंकरके हृदयको छेद-छेद कर चलनी बना दिया था।

बसन्तीको सन्तुष्ट करना कठिन था। शंकर सब कुछ करके हार गया; किन्तु बसन्तीके स्वभावमें जराभी अन्तर न आया। उसीके लिये, शादीके तीनही महीने बाद, शंकरने अपने देव-तुल्य बड़े भाईको छोड़ दिया—और यह सोच कर अलग रहने लगा कि कदाचित इस से गृहस्थीकी गाड़ी ठीक लीक पर चलने लगे, बसन्ती की जबानमें मधुरता आ जाय; और जब दिन भरका थका-माँदा वह घर पहुँचे तब बसन्तीके व्यवहारमें प्रेम और सहानुभूतिकी झलक पा सके।

किन्तु सब व्यर्थ! पत्थर पसीज सकता है, पर बसन्तीका हृदय उससे भी कठोर निकला। उसकी स्वच्छंदता, उद्दंडता और उसकी विषभरी बोलीमें कोई अन्तर न पड़ा!

शंकरकी मेहनतकी सारी कमाई बसन्तीके साज-सिंगारमें उड़ जाती थी। फिर भी उसकी यह शिकायत बनीही रहती थी कि उसे वस्त्र और आभूषणके लिये भी तरसना पड़ता है।

इन छः बर्षोंके दरम्यान बसन्तीके दो पुत्र भी हुए—बड़ेकी अवस्था तीन सालकी थी और छोटेकी डेढ़ सालकी। दोनों सुन्दर थे और उनका स्वभाव इतना अच्छा था कि मालूम पड़ता—राक्षसीके गर्भसे देवताओंका जन्म हुआ है।

ये बच्चेही शंकरके अन्धकारमय जीवनमें प्रकाश की रेखा थे—इन्हींके लिये शंकर सब कुछ सहता जाता था। वह कोई भी ऐसी बात नहीं करता, जिससे बसन्तीको इन बच्चोंके साथ दुर्व्यवहार करनेका मौका मिल सके, क्योंकि अक्सर वह अपना सारा गुस्सा इन बच्चोंपर ही उतारा करती थी।

आज शंकरकी सहनशीलताने जवाब दे दिया। बसन्तीने बड़े बच्चे हरेन्द्रको चाबुक लेकर इतना पीटा कि उसके करुण क्रन्दनसे शंकरकी आँखों में आँसू छलछला आये। बच्चेका यही अपराध था कि अचा-

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नक उसके हाथमें चायकी प्याली छुट गई और बसन्तीकी साड़ीपर उसके छींटे पड़ गये। बस, इसी गुनाह पर बच्चेको खाल उधेड़ी गई।

शंकरने जब बच्चेको पुचकार कर चुप करानेकी कोशिश की, तब बसंती ज -भुन कर खाक हो गई उसने बच्चे पर थाली फेंक कर अपनी निर्दयताकी हद कर दी।

शंकर कुछ बोला नहीं—बोलनेसे आगमें और भी घी पड़ जाता। उसने चुपचाप अपने कपड़े पहने, टोप लगाया, और यह कहकर घरसे निकल पड़ा कि 'मैं शामको सात बजे घर लौटूँगा।'

उधर बसन्ती रसोईघरमें बड़ बड़ा रही थी। बच्चों को गालियाँ दे रही थी और अपने पतिको कोस रही थी।

(२)

शंकर घरसे निकलकर 'बेंटवर्थ' के रेलवेस्टेशन पर पहुँचा। 'डरबन' शहरकी गाड़ी छूटने वाली थी। झटपट टिकट कटा कर गाड़ी पर सवार हो गया। गाड़ी भक-भक धुआं उगलती रवाना हुई और आध घन्टेके अन्दर 'डरबन' स्टेशन पर जा पहुंची।

वहाँ आदमियोंके भीड़-भड़क्केमें शंकर कुछ समय के लिये अपने घरकी दुर्घटनाको भूल गया। वहाँसे वह 'वेस्ट स्ट्रीट' में पहुँच कर मटर-गश्ती करने लगा। 'वेस्ट-स्ट्रीट' की अनुपम शोभा और चहल पहल देखकर उसके भग्न हृदयमें कुछ आनन्दका संचार हो आया।

अकस्मात् किसीने उसके कन्धे पर हाथ रख दिया। उसने पीछे मुड़कर देखा तो अपने मित्र मुरारी को पाया। मुरारीके हाथमे एक सूटकेस था और मालूम पड़ता था कि वह कहींकी यात्रा पर निकला है।

"क्यों शंकर!" मुरारीने पूछा—"इस समय डरबनका चक्कर लगा रहे हो? अरे तुम्हारा चेहरा इतना उदास क्यों हैं? मामला क्या है?"

"अजी क्या कहते हो, मेरे चेहरे पर उदासी कहाँ है?" बनावटी हँसी हँसते हुए शंकरने जबाब दिया —"यह तो सिर्फ तुम्हारे मनकी कल्पना है। मैं घर के काम-काजसे थक कर आज शहर घूमने आया हूँ, और यहाँकी हल-चल में कुछ आनन्दसा आ रहा है। तुम्हारी कहाँकी तैयारी है?"

"मैं अभी 'पोर्टशेपस्टन' (Portshepstone) को रवाना हो रहा हूँ। वहाँ अपने छुट्टीके दिन आमोद-प्रमोदमें बितानेका विचार है"—मुरारीने सिर खुजलाते हुए कहा—"केवल खेद यही है कि इस यात्रा में मेरा कोई साथी नहीं है, और अकेले फिरनेमें कुछ मजा नहीं आता। क्याही अच्छा होता, यदि इस यात्रामें तुम भी मेरे साथ होते; फिर तो चैनकी बंशी बजती।"

'हरि इच्छा भावी बलवाना,' मुरारीके अंतिम वाक्योंने शंकरके दिलमें गुदगुदी पैदा कर दी। वह सोचने लगा "मुरारीके साथ जानेमें हर्जही क्या है? वहाँ जानेसे अशान्त चित्तको कुछ शान्ति तो मिलेगी। कम-से कम कुछ दिन बसन्तीके वाक्य-बाणों की चुटीली मारसे तो जान बचेगी?

पैसे का प्रश्न नहीं था, उसके जेबमें कई पौंड थे, जो बसन्तीको मासिक खर्च देनेके बाद बच गये थे। रहा ही मन कपड़ेका सवाल भी उसने हल कर लिया—मुरारीके कपड़े उसे अँट सकते थे।

अन्ततः उसने यही निश्चय कर लिया कि यह अच्छा मौका है—मुरारीके साथ सप्ताह दो सप्ताहके लिये बाहर चला जाना चाहिये।

"मैं भी तुम्हारे साथ आ रहा हूँ मुरारी!" शंकर ने अपने मित्रको आश्चर्यमें डालते हुए अपना निर्णय सुना दिया।

"क्या खूब! मैं नहीं जानता था कि तुम इतनी जल्दी किसी बातका निश्चय कर सकते हो!" मुरारी ने कहा—"लेकिन इससे मेरी खुशीकी हद न रही। मैं एक साथीकी आवश्यकताका अनुभव कर रहा था। दैवयोगसे तुम मिल ही गये। खैर, अब समय नष्ट करनेकी जरूरत नहीं है। आठ बजे गाड़ी छूटती है, अतएव हमें टिकट लेकर गाड़ीमें बैठ जाना चाहिये।"

(३)

उधर शामको साढ़े छः बजे बसन्तीने भोजन तैयार कर दिया। बच्चोंको खिला पिला कर पलँग पर सुला दिया। आज क्रोधकी आगसे उसकी छाती धधक रही थी। शंकरके चुपचाप बाहर चले जानेसे उसकी लपटें बाहर न निकल सकी थीं, इससे वह बेचैन हो रही थी।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सात बज गये, शंकर न आया ! यह बात बसन्ती के लिये असहय हो उठी। उसने शंकरको शिक्षा देने का दृढ़ निश्चय कर लिया। क्या करना चाहिये, यह तय करनेमें भी उसे देर न लगी।

"मैं उन्हें बतला दूँगी कि घर और बच्चोंके सँभालने में कैसा मजा आता है। एक सप्ताहमें ही उनका दिमाग ठिकाने आ जायगा।"—इस प्रकार भुनभुनाती हुई बसन्ती उसी समय घरसे निकल पड़ी। उसने सोच लिया कि एक सप्ताह 'मेरित्सवर्ग' नगरमें एक सखीके घर पर जाकर वह रहेगी—इस बीचमें इन बाल-पशुओंसे थोड़ा छुटकारा मिलेगा।

निदान उसने एक कागज लिख कर मेज पर रख दिया—"तुम अपना घर और बच्चोंको संभालो। मेरी खोज करनेकी जरुरत नहीं। मेरी जब इच्छा होगी, लौटूंगी। तुम जरा इन बच्चोंकी शैतानीका मजा चख लो।"

(४)

"मा ! मुझे पलंगसे नीचे उतारो"—हरेन्द्रने आवाज दी—"मैं उठ गया हूं, सबेरा हो गया, मा !"

प्रातःकालकी सूर्य-किरणें घरके अन्तर छिटक रही थीं। नित्य इसी समय पर दोनों बच्चे उठ जाया करते थे। हरेन्द्रने माँको बार-बार पुकारा; किन्तु उसकी आवाज उस सूने घरमें गूंजकर रह गई।

बच्चेको आश्चर्य हो रहा था—"आज है क्या ? न खिड़कियाँ खुलीं और न खिड़कीके परदे हटाये गये। घरमें किसीकी आहट भी नहीं मिलती। माँ कहाँ गई, बापू कहाँ गये।"

हरेन्द्रको चिल्लाते-चिल्लाते आध घंटेसे अधिक बीत गया; किन्तु कोई नहीं सुनता ! छोटा भाई भी जग गया था, उसने अपने पैरोंसे मारकर बिस्तर हटा दिये थे, और फिर अपने अंगूठेको मुंहमें लेकर रस पान करने लगा—उसकी टकटकी छतकी ओर लगी थी।

उस घरमें कहींसे घड़ी टनटना उठी। हरेन्द्रने उसकी आवाज तो सुनी, पर उसे क्या मालूम कि इस टनटनाहटमें क्या रहस्य है।

उसे तो केवल अपने कलेवेकी चिंता थी—आज इतनी देर क्यों हो रही है—ऐसा तो कभी नहीं हुआ था। यद्यपि वह तीन साल का बच्चा था, फिर भी उसमें असाधारण बुद्धि थी वह धीरे से खिसक कर पलंगसे उतर गया। सबसे पहले वह अपने माँ बापको खोजने लगा। एक एक कमरेमें जाकर उसने आवाज लगाई, लेकिन केवल उसकी आवाजकी प्रतिध्वनिनेही उसको जवाब दिया।

बैठकमें बैठकर वह रोने लगा। उधर शयन-गृह में उसका छोटा भाई चिल्ला उठा। हरेन्द्र उसके पास पहुँचा। वह भूखसे तड़प रहा था। हरेन्द्रने अपने ढंग से उसे चुप करानेकी बहुत कोशिश की, लेकिन वह अबोध बच्चा भला किसीकी कहाँ सुनने वाला? ज्यों ज्यों हरेन्द्र उसे पुचकारता, त्यों त्यों वह और भी चिल्लाता। हरेन्द्रने इधर-उधरसे कुछ खिलौने इकत्र करके उसके सामने रक्खे, पर उस समय तो वह खेलनेके ख्यालमें था नहीं— उसे तो कलेवेकी जरूरत थी।

छोटे भाईका रोना बन्द न हुआ। हरेन्द्रने भी उसका साथ दिया। दोनों भाई सुरमें सुर मिलाकर खूब रोये—इतना रोये कि अन्तमें थक कर दोनों सो गये।

निद्रादेवीने कुछ समयके लिये इन बच्चोंको विश्राम दिया। पर वे भला कब तक सोये रहते; फिर उठे, और रोना चिल्लाना शुरू किया पर उनका करुण-क्रन्दन किसीके कानों में न पड़ा !

शंकरका घर बिल्कुल एकान्तमें था, और बसन्ती के कर्कश स्वभावके कारण उस घरमें किसीका आना जाना न था।

समयकी गतिमें कोई अन्तर न पड़ा। उसे इन बच्चोंकी क्या परवाह ?

हरेन्द्र हैरान था कि मा बाप कहाँ गायब हो गये। उसकी आवाज दीवारसे टकरा कर रह जाती थी।

इस प्रकार सारा दिन बीत गया। रात हो चली। लेकिन बच्चोंकी सुध लेने वाला कोई नहीं।

अचानक हरेन्द्र शयन-गृहमें गया। देखा, छोटा भाई सो रहा है। उसे क्या मालूम कि यह सुखकी नींद है अथवा मौतकी छाया।

हरेन्द्रने फिर हिम्मत बाँधी। वह बन्द दरवाजेके पास पहुंचा। उसने किवाड़ खोलनेकी बड़ी चेष्टा की; किन्तु सब व्यर्थ। वह निराश हो गया, मूर्छित होकर दरवाजेके पास गिर पड़ा; और ऐसा गिरा कि फिर उठनेकी जरूरत न हुई। महानिद्राने उसकी भूख-प्यासकी ज्वाला मिटा दी।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दोनों भाइयोंने महानिद्राकी शरण ले ली! इन्हें अनन्त शान्ति मिल गई। दो मासूम बच्चे कर्कशा माता के क्रोधानलमें जल भुनकर खाक होगये।

(५)

उधर पोर्टशेप्सटनमें तीसरेही दिन शंकरने एक भयंकर स्वप्न देखा। वेंटवर्थसे इतनी दूरी पर अपने एक मित्रके मकानमें वह एक हृदय-विदारक स्वप्न देख कर चौंक पड़ा। भय और आशंकासे वह थर-थर काँपने लगा।

स्वप्नमें उसने देखा कि बच्चोंको एक पागल कुत्ता नोच-नोच कर खा रहा है और वे बड़ी कातरतासे बापू बापू चिल्ला रहे हैं। उधर बच्चे चीखते चिल्लाते हैं, उधर उसके हाथ पैर लोहेकी जंजीरोंमें बँधे हुए हैं। वह छूटनेके लिये छटपटा रहा है और उसकी आँखोंके सामने बच्चोंकी दुर्दशा हो रही है। देखते-देखते बच्चों का सारा मांस नोच-नोच कर कुत्ता खा गया; और केवल उनकी हड्डियाँ बापू बापूकी पुकार मचाती रहीं।

शंकरका रोम रोम काँप उठा। कई दिन हो गये, घरकी कोई खबर न मिली। उसने भी पत्र न लिखा—यह उसकी भारी भूल है। लेकिन इस स्वप्नके बाद अब तो एक दिन भी ठहरना उसके लिये कठिन है।

बड़े सबेरे उठ कर उसने मुरारीको नमस्ते किया और स्टेशन का रास्ता पकड़ा। मार्गमें एक दुकान पर ठहर कर उसने बच्चोंके लिये कुछ खिलौने खरीदे, और उनकी याद करते हुए घरकी ओर रवाना हो गया।

दोपहरको वह वेंटवर्थ पहुंचा। स्टेशनसे घर जाते समय उसके पैर काँपते थे, मनमें अजीब घबराहट सी हो रही थी। यह भी सोचता जाता था कि आज बसंती की गालियोंकी ऐसी बौछार होगी कि दिल ठंढा हो जायगा।

इसी विचारमें शंकर अपने सुन्दर बँगले पर पहुंच गया; किन्तु घरमें सन्नाटा देख उसका हृदय धड़क उठा।

उसने तो सोचा था कि जहाँ उसे देखतेही बसंती की नाक-भौं चढ़ जायगी, वहाँ बच्चे तो प्यारसे बापू-बापू पुकारते हुए उससे आ लिपटेंगे। वह भी बच्चोंको खूब प्यार करेगा, और खिलौने देखतेही बच्चे खुशी से उछल पड़ेंगे।

किन्तु यहाँ तो मरघटकी शान्ति देखकर उसका दिल दहल उठा!

वह फाटक पर आकर कुछ ठहरा—अज्ञात भयसे वह विचलित हो उठा। साहस करके आगे बढ़ा, बरामदेमें धूल गर्द बिछी हुई थी। दरवाजे पर मकड़ेका जाला बिछ गया था; खिड़कियोंके भी दरवाजे बंद थे। घरकी ऐसी सूरत थी, मानों यह महीनोंसे खाली पड़ा है।

शंकर उस क्षणमें इस रहस्यका उद्घाटन न कर सका। वह आगे बढ़ा। दरवाजा खोलनेकी कोशिश की, लेकिन वह तो बंद था। उसने अपने पतलूनकी जेबमें हाथ डालकर दूसरी चाबी निकाली और दरवाजा खोला।

"हा भगवान्! यह क्या!"—शंकर चीख उठा। उसने झुक कर देखा, हरेन्द्रकी लाश पड़ी थी!

"यह क्या? अरे हरेन्द्र! तुम यहाँ पड़े हो? तुम्हारी रत्नसी माँ कहाँ? अरे बेटा बोलो तो, तुम्हारी यह क्या गति? तुम्हारा बाप आ गया, जरा उठ कर प्यार तो करो। तुम नहीं बोलोगे, नाराज हो गये? देखो तुम्हारे लिये खिलौने लाया हूँ। अब भी नहीं उठोगे?"

वहाँसे शंकर शयन-गृहमें गया। छोटा बच्चा भी मौतकी गोदमें विश्राम कर रहा था।

शंकरकी आँखोंके सामने अँधेरा छा गया। वह मूर्छित होकर गिर पड़ा। वह फिर उठा और दोनों बच्चों को गोदमें लेकर हँसने और नाचने लगा।

ठीक उसी समय घरमें किसीके पैरोंकी आहट मालूम पड़ी। स्त्रीकी छाया दिखाई दी। किन्तु शंकर तो चेतना खो बैठा था। अब उसे किसकी परवा!

"ओ शंकर! ओ मेरे पतिदेव!"—बसंती चिल्ला उठी। उसे तत्क्षण सारी स्थिति का परिचय मिल गया।

शंकर की केवल लाल आँखें बसंतीके चेहरे पर दौड़ गईं, किन्तु उनमें किसीके पहचाननेकी ताकत नहीं रह गई थी!

"अरे तू कौन है—कहाँसे आई है और क्या चाहती है? मेरे बच्चों को। ये तुम्हें नहीं मिलेंगे। ये मेरी आँखों के तारे हैं—ये मेरे हृदयके टुकड़े हैं। अरी औरत! तुझे देखकर इनको डर लगता है। तू जल्द यहाँ से

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बाहर निकल।"....इस प्रकार बकते हुए शंकरने दोनों बच्चोंको गोदमें दबाकर फिर नाचना और हँसना शुरू किया। बसन्तीको मालूम हो गया कि बच्चे इस लोक से चल बसे और पति पागल होगया, वह "हाय भगवान, मुझे क्षमा कर" कहकर धरती पर गिर पड़ी।

—ब्रह्मदत्त भवानी दयाल

कलीकाल कथा

लेखक:—बाबा रमता योगी

हिंदुस्थान आजाद हो गया, पर आजादीके साथ देशवासियोंपर जो जिम्मेदारी आत है उसका तो कहीं पता-सुराग नहीं है। जिम्मेदारीके बिना आजादी वैसाही खतरनाक है जैसा कि महावतके अंकुशके बिना उन्मत्त और मस्त हाथी। इस सालहै राष्ट्र पिता बापूकी हत्याके कारण सारा ससार संतप्त। हिंदुओंमें यह आम रिवाज है कि यदि उनके घरमें कोई मर जाता है तो उस घरके आदमी कमसे कम सालभर मातम मनाते हैं; आमोद-प्रमोदमें भाग नहीं लेते। चूंकि बापू भारतीय राष्ट्रके पिता थे, इस लिए उनके निधनपर राष्ट्रपति डाक्टर राजेन्द्र प्रसादजीने देश वासियोंसे अपील की थी कि इस साल राष्ट्र होलीका उत्सव न मनावे। आशा की गई थी कि राष्ट्रपतिकी अपील व्यर्थ न जाने पावेगी, पर इस साल होलीपर जैसा हुरदङ्ग मचा, वैसा न पहले कभी देखनेमें आया था और न सुननेमें ही। इस हुरदङ्गमें कलकत्ताने सबको मात कर दिया। वहाँ होलीके नामपर जो बदमाशी हुई है वह हिंदुओंके लिये घोर लज्जाकी बात है भले आदमियोंको घरसे बाहर निकलना कठिन हो गया। था। कुछ अंग्रेज औरत-मर्द यह सोचकर कि हिंदू ऐसे जाहिल और जंगली नहीं हैं जो विधर्मियों और विदेशियोंके साथ छेड़खानी करेंगे, बाहर निकल पड़े थे, उनके साथ जैसी बदमाशी और ज्यादती की गई वह हिंदुओंके नामपर अमिट कलंक है। उन अंग्रेज नर नारियोंपर मल-मूत्र मिश्रित मोरियोंका नरक फेंका गया, जिससे कई आदमियोंकी आँखें खराब हो गई और डाक्टरोंकी शरण लेनेपर भी कई दिनोंतक वे आँखके दर्दसे छटपटाते रहे। यहाँ तक कि विदेशी यूरोपियन नारियोंके वस्त्रतक चीर डाले गये। उनकी जो दर्द भरी कहानी अखबारोंमें छपी है उनको पढ़कर हिंदुओंके पतनपर बड़ा अफसोस होता है। कुछ हिंदू गुण्डोंने आजादीको बदमाशीका लायसेन्स समझ लिया है। पर सवाल तो यह है कि कलकत्तामें दिन दहाड़े ऐसा उपद्रव मचा हुआ था तो वहाँकी काँग्रस-सरकार कहाँ और किस काममें मशगूल थी? गवर्नर श्री राजगोपालाचार्य किस कुबमें अमन और कानून पर लेक्चर झाड़ रहे थे और प्रधान मंत्री डाक्टर विधानचंद्र राय कलकत्ताका शासन कर रहे थे अथवा अपने दवाखानेमें रोगियोंका इलाज? पुलिस और उसके अफसर अमन और कानूनकी बागडोर गुण्डोंको थमाकर किस महफिलकी शोभा बढ़ा रहे थे। जो सरकार अमन कानूनकी रक्षा नहीं कर सकती, गुण्डोंकी बदमाशीसे भले आदमियोंको नहीं बचा सकती वह सरकार वास्तवमें सरकार कहलानेके योग्य नहीं। कलकत्तेमें विदेशियों और विधर्मियोंका होलीपर जो अपमान हुआ है वह बंगालकी सरकारकी अयोग्यताका सर्वोपरि प्रमाण है।

❀ ❀ ❀ ❀ ❀

बिहार भी इस कलंकसे नहीं बच पाया। आरा से सहसराम तक छोटी रेलगाड़ी चलती है, इस गाडी का आश्रय लेनेपर मुझे वाध्य होना पड़ा था। पहले तो गाड़ीका रंग-रूप देखकर मैं दङ्ग रह गया। सारे डब्बे कीचड़-कँदईसे बदरंग हो रहे थे। जब यह गाड़ी किसी गाँवके पाससे गुजरती तो उस गाँवके बदमाश कीचड़-कँदई लेकर दौड़ आते और खुली हुई खिड़कीसे यात्रियों पर फेंकते। इससे यात्रियोंके बदन और वस्त्रकी जो दशा होती उसका अँदाज लगा लेना कठिन नहीं है। पर यहीं तक उनकी बदमाशी महदूद न होती; वे कीचड़के साथ पत्थर भी यात्रियोंपर फेंकते, जिससे कई आदमियों के सिर फट गये। जिस डब्बेमें मैं बैठा था उसीमें एक

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सनसनाता हुआ पत्थर आया; उसकी चोटसे खिडकी का शीशा चूर चूर हो गया। खैरियत यही हुई कि उसके पासमें बैठे हुए यात्री भाग्यवश बच गये। पर पासके डब्बेमें पत्थरकी चोटसे एक यात्रीकी खोपड़ी फूट गई, लहूकी धारा बह चली! गाड़ीमें लहू रोकने की कोई उचित व्यवस्था भी न हो सकी जिससे इतना लहू निकल गया कि उस यात्रीकी अवस्था त्रासदायक हो गई। पूछनेपर पता चला कि जबसे फागुन शुरु हुआ है तभीसे यह उत्पात भी। रेलके शीशे और यात्रियोंके कपड़ेकी बरबादी तो हुइ ही, पर उससे भी भयंकर बात तो यह हुई है कि अनेक आदमियोंकी खोपड़ियाँ चकनाचूर हो गई है। बिहारमें भी काँग्रेस सरकार हुकूमत कर रही है। मैं जानना चाहता हूँ कि यदि इस उपद्रवको रोका न गया तो इसका नतीजा क्या होगा? क्या अंग्रेजी राज्यमें ऐसा उत्पात मचाने का कोई साहस कर सकता था? स्वराजका अर्थ है कानूनका राज्य, बदमाशों और गुण्डोंका राज्य नहीं। आराके जिला मजिस्ट्रेट और पुलिस सुप्रिन्टेन्डेंट हैं किस कामके लिये? उनके इलाकेमें गुण्डे उपद्रव मचा रहे हैं और दिन दहाड़े नागरिकोंका सिर तोड़ रहे हैं, पर उनको इसकी कोई पर्वाहही नही है। यदि जिला मजिट्रेट उन गाँवोंके लोगोंपर, जो कीचड़-कँदई और पत्थर फेंककर यात्रियोंके वस्त्र बिगाड़ रहे थे और सिर तोड़ रहे थे, जुर्माना लगा देते तो एक दिनमें यह उत्पात बंद हो जाता। मैं बिहार सरकारसे प्रार्थना करता हूँ कि या तो वह प्रांतका यथावत् शासन करे—अमन कानूनकी रक्षा करें अथवा इस्तीफा देकर अपनी जिम्मेदारीसे बरी हो जावे।

❀ ❀ ❀ ❀ ❀

हमारे आदर्शनगरमें इस साल होली नहीं मनाई गई। इस ग्राममें सभ्य और शिक्षित गृहस्थोंकी आबादी है अतएव उन्होंने राष्ट्रपतिकी अपीलको कार्यान्वित कर दिखाया। मैं अपने नगर निवासियोंकी इस उदात्त भावनाका अभिनंदन करता हूँ, पर कुछ युवकोंने इस प्रसंगपर अपनी उद्दंडताका जो परिचय दिया वह आदर्शनगरके पवित्र नामपर एक काला धब्बा है। यहाँके तरुणोंमें ऐसी उच्छृंखलता तो पहले कभी नहीं देखी गई थी, वे सभ्य ढंगसेही होली मनाते आये हैं। इस साल उनमें यह दानवी भाव कहाँसे उदय हो आया। जिन युवकोंपर देशकी आशा बँधी है, यदि वे ही कुपथगामी हो गये तो इस अभागे देशका भगवान ही रक्षा करे। यदि उनको अपनी इस बदमाशीपर पश्चाताप और संताप होता तो यह संतोषकी बात होती, पर उन्होंने अपनी इस बदमाशीको बहादुरी समझ लिया है और आल्हाके तर्ज पर कुछ तुकबंदियाँ जोड़ कर लोगोंके पास डाकद्वारा उसे बैरङ्ग भेज रहे हैं। उसमें कहा गया है कि स्वतंत्रताकी पहली होलीपर आदर्शनगरके कुछ बहादुर युवकोंने कमालकर दिखाया, क्या किया उन्होंने? रातमें जब सब लोग सो रहे थे, वे गोल बाँध कर चोरकी तरह निकल पड़े, घर-घर चक्कर काट आये और गृहस्थोंके बरामदेमें जो चीजें मिल गई उनको उठाकर ले गये और होलीके नामपर जला आये। इस तरह अनेक सद्गृहस्थोंके बेंच, कुर्सियां, मोढ़े, मेज, चिक, तख्ते, लकड़ीके गमले, तिपाई, कुएँकी बल्ली, किवाड़, खटोले आदि अनेक उपयोगी वस्तुएँ फूँक दी गई। यदि इसीका नाम बहादुरी है तो बदमाशी किसको कहा जायगा, हम अपने तरुण मित्रोंसे प्रार्थना करते है कि वे अपनी जिम्मेदारीको समझें और ऐसे काम न करें जिससे उनका परिवार, उनका ग्राम और उनका देश कलंकित हो। लोग हमें जाहिल और जंगली कह कर पुकारें और ऐसे कर्मोंके लिये हमें धिक्कारें।

❀ ❀ ❀ ❀ ❀

अजमेरसे "दरबार" नामक एक अखबार निकलता है, जहाँ अन्य अखबारोंको एसोसियेटेड प्रेस, रूटर और युनायटेड प्रेस आदि न्यूज एजेन्सियोंसे समाचार प्राप्त होते हैं वहाँ "दरबार" का काम "वैदिक समाचार समिति" से चल जाता है। इस समिति द्वारा प्राप्त जो खबरें "दरबार" में छपती है उनको पढ़ कर जहां आश्चर्य होता है वहां अफसोसकी हँसी भी आती है। इस समय हमारे सामने १२ अप्रिलका "दरबार" है। उसमें कानपुरके ३१ मार्चका एक समाचार छपा है। समाचारका आरंभ इस प्रकार होता है—"श्री कुँवर चाँदकरणजी शारदा तथा

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

श्रीमान स्वामी भवानी दयालजी सन्यासी पटनासे आते हुए पास हुए रेलवे स्टेशन पर "डेली टेलीग्राफ" के संपादक तथा कानपुरके अन्य दर्जनों पत्रकार आपसे मिलने आये। डाक्टर लंका सुन्दरम्ने शारदाजीसे प्रश्न किया कि हैदराबादके विषयमें आपकी क्या राय है? इत्यादि।"

इस खबरको यदि सफेद झूंठ कहें तो तनिक भी अतिश्योक्ति न होगी। शारदाजी और संन्यासीजी ३ अप्रिलको पटनासे आते हुए कानपुर स्टेशनसे गुजरे थे अवश्य, पर 'वैदिक समाचार समिति' ने चार दिन पहले ही उनका समाचार "दरबार" में भेज दिया था। ३१ मार्चकोही समितिको मालूम हो गया था कि ३ अप्रिलको शारदाजी और संन्यासीजीको कानपुरसे गुजरते समय कौन कौन उनसे स्टेशन पर मिलेंगे और क्या क्या बातें होगी? ऐसी भविष्यदर्शिनी समिति क्या संसारमें और कहीं मिल सकती है? दूसरी बात यह है कि 'डेली टेलीग्राफ' के संपादक नहीं, एक रिपोर्टर तथा अन्य दर्जनों पत्रकार और नागरिक न शारदाजीसे मिलने स्टेशनपर आये थे और न संन्यासीजीसे। उनमेंसे किसीको यह खबर भी न थी कि शारदाजी या संन्यासीजी इस ट्रेनसे गुजर रहे हैं। वे सब आये थे डाक्टर लंकासुंदरम्को गाड़ीपर बैठाने और विदा करनेके लिये। डाक्टर लंकासुन्दरम् कानपुर गये थे और तीन दिन वहाँ ठहरे। इन तीन दिनोंमें उन्होंने रोटरी क्लब, हवाई फौज, काँग्रेस कमेटी आदि सभा-समितियोंमें एक दर्जनसे अधिक भाषण दिये थे। जिस गाड़ीसे शारदाजी और संन्यासीजी पटनासे दिल्ली आ रहे थे उसी गाड़ीपर डाक्टर साहब दिल्ली आने के लिये सवार हुए और उन्हींको विदा करनेके लिये कानपुरके पत्रकार और नागरिक स्टेशनपर आये थे, शारदाजी और संन्यासीजीसे मिलने और उनकी राय जाननेके लिये नहीं। 'दरबार" जैसे पत्र और "वैदिक समाचार समिति" जैसी समाचार-वितरणी समितिसे भगवानही सत्यकी रक्षा करे।

❀ ❀ ❀ ❀

"दरबार" के इसी अंकमें दूसरी खबर लीजिये। यह पटनासे २२ मार्चका समाचार है इस समाचारके नीचे समितिका नाम नही है, शायद "दरबार" के खास सम्वाददाताकी यह रिपोर्ट है। इस खबरमें और बाहियात बातोंके सिवा यह भी कहा गया है कि "यहाँ पर शारदाजीसे अमेरिकाके प्रसिद्ध पत्रकार सेन्ट सच्चिदानंद सिंहा और उनकी अमेरिकन लेडी भी मिलीं।" यदि डाक्टर सच्चिदानंद सिहको "दरबार" की इस गुश्ताखीका पता लग जाय तो वे कानूनी कार्रवाई करके "दरबार" का होश-हवाश दुरूस्त कर सकते हैं। सिंहजी बिहारके एक वयोवृद्ध नेता हैं; वे इनर टेम्पलके बैरिस्टर हैं, बिहार-सरकारके वर्षों फाइनेन्स-मिनिस्टर रह चुके हैं और पटना युनिवर्सिटीके वाइस चान्सलर। वे भारतीय विधान परिषदके प्रथम प्रधान चुने गये थे। लगभग अर्द्धशताब्दीसे "हिन्दुस्थान रिव्यू" के एडीटर हैं। वे न कभी अमेरिका गये और न उनके पास कोई अमेरिकन लेडी है। एक प्रसिद्ध रईस के बारेमें ऐसी अंटसंट बातें छापना "दरबार" की अज्ञानताकाही द्योतक है। रमता योगी जानते हैं कि शारदाजी २८ मार्च और २ अप्रिलके बीच दो बार डाक्टर सच्चिदानंद सिंहसे मिलने उनकी कोठीपर गये थे पर "दरबार" के सम्वाददाताने उस मुलाकातकी खबर एक सप्ताह पहलेही २२ मार्चको प्रकाशनार्थ भेज दी थी। उन दिनों डाक्टर सच्चिदानंद सिंहके यहाँ प्रसिद्ध पत्रकार संत निहाल सिंहजी अपनी अमेरिकन पत्नीके साथ मेहमान थे। पर "दरबार" के लिये डाक्टर सच्चिदानंद सिंह और सन्त निहाल सिंह मानो एकही व्यक्ति हैं। इसी रिपोर्टमें यह बात भी छपी है कि "श्री अणे शारदाजीके पुराने मित्र हैं। आप गवर्नमेंट हाउससे पैदल चलकर शारदाजीको मोटरपर बैठाने आये"। "दरबार" ने यह नहीं बताया कि गवर्नमेंट हाउससे शारदाजीकी मोटर कितनी दूरी पर खड़ी थी? शारदाजीकी मोटर गवर्नमेंट हाउसके दरवाजे पर तो खड़ी थी, फिर अणेजी बैठकसे दरवाजे तक पैदल नही तो क्या हाथी घोड़ा या पालकीपर चढ़कर पहुँचाने आते? आजतक दुनियामें किसीको अपने घरसे किसी मेहमानको अपने दरवाजेतक पहुँचा आनेमें क्या सवारीकी जरुरत पड़ी है? पर "दरबार" ने इस खबरको इस ढंगसे छापा है कि मानो अणेजी को अपने घरसे दरवाजेतक आकर शारदाजीको मोटर पर बैठा जाना दुनियाका आठवाँ आश्चर्य है।

❀ ❀ ❀ ❀ ❀

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

"दरबार के इसी अंकमें एक और मनोरंजक बात छपी है—यह दिल्लीसे "वैदिक समाचार समिति" की भेजी हुई १ अप्रेलकी खबर है। कुँवर चाँदकरण जी शारदा ४ अप्रेलको पटनासे दिल्ली आये, पर वे दिल्लीमें किन किनसे मिलेंगे और उनसे क्या बातें होंगी, यह सब "दरबार" को समाचार-समितिने तीन दिन पहले १ अप्रेलको ही लिख भेजी थी। शारदाजी हिंदू महासभाके एक स्तंभ डाक्टर श्याम प्रसाद मुकर्जीसे मिले और उन्होंने शारदाजीको यह राय दी कि हिंदू महासभाके कार्यकर्ता बस केवल धार्मिक और सामाजिक सुधारका काम करें और जो राजनीतिमें भाग लेना चाहते हों वे काँग्रेसमें शरीक हो जायँ। स्वर्गीय स्वामी सर्वदानन्दजी महाराजके कथनानुसार यदि मेढ़कोंको तराजूमें रखकर तौला जा सके तो हिंदू महासभा द्वारा हिंदू संगठन और समाज सुधारका काम भी हो सकता है। हिंदू महासभामें जहाँ एक ओर पुरानी सड़ी-गली रूढियोंसे चिपके हुए समाज-सुधारके शत्रु पुराने ढर्रेके पोंगापंथी है वहाँ दूसरी ओर समाजमें आमूल परिवर्तनके इच्छुक प्रगतिशाली सुधारक भी। क्या इन दोनों परस्पर विरोधी गोष्ठियोंमें कभी मेल हो सकता है? क्या दोनों दल भेदभाव भुलाकर धार्मिक और सामाजिक सुधारके कार्यमें एक मत हो सकते हैं? यह तो मुसलिम-लीगके राजनीतिके विरुद्ध भिन्न भिन्न सम्प्रदायोंके हिंदुओंका हिंदू महासभामें राजनीतिक दृष्टिसे संयुक्त मोर्चा कुछ हद तक बन पाया था। फिर भी हिंदू जनताने राजनीतिक क्षेत्रमें हिंदू महासभा का बिलकुल विश्वास नही किया और सारे भारतके हिंदुओंने काँग्रेसका साथ दिया। यदि हिंदू महासभा विशुद्ध समाज सुधार करनेवाली संस्था होती तो आज सारे प्रगतिशील हिंदू उसके साथ होते। पर उसका लक्ष्य रहा है मुसलिम लीगकी भाँति साम्प्रदायिक राजनीति।

एक जमानेमें शारदाजी अजमेरके लोकप्रिय काँग्रेस नेता थे, पर बादमें काँग्रेसकी नीति और प्रवृति उनको पसंद न आई और वे हिंदू महासभामें शरीक हो गये। अब इतने वर्षोंके बाद उनको राय दी जाती है कि राजनीतिमें दिलचस्पी रखने वाले काँग्रेसमें शरीक हो जावें, यह महासभाके राजनीतिक व्यवसायका दिवाला निकल जानेकी स्पष्ट घोषणा नहीं तो और क्या है? जो लोग भारतमें हिन्दू राज्य कायम करनेका स्वप्न देख रहे थे उनकी वर्त्तमान अवस्थापर बड़ी दया आती है। यद्यपि हिंदू महासभाको सरकार ने गैर कानूनी नही ठहराया, पर उसके नेताओंने अपनी कायरतासे महासभाकी इज्जत बिगाड़ डाली। बिहारके हिंदू सभाके सर्वोपरि नेता कुमार गंगानंद सिंह महात्मा गांधीकी हत्याके दूसरेही दिन हिंदू महासभासे नेहनाता तोड़ बैठे मानों महासभानेही यह घृणित अपराध किया हो। बिहारके एक जिलेके महासभाके प्रधानको जब यह सूचना मिली कि पुलिस उनको गिरफ्तार करने आ रही है तो वे अरहरके खेतमें जा छिपे। पुलिस टोह लगाते खेतमें पहुँच गई और जहाँ वे गिरफ्तार हो गये वहाँ पुलिस उनकी पूजा करनेसे भी बाज न आई। बिहारकी जनता प्रायः यही पूछा करती है कि जो महासभावादी पुलिस, गिरफ्तारी और जेलके नामसे भयभीत होकर इस तरह भागे भागे फिरते हैं वे भला हिंदू राज्य कायम करनेके लिये लड़ाईके मोर्चेपर कैसे डट सकते और आवश्यकता पड़ने पर प्राण विसर्जन कैसे कर सकते? यदि महासभाका सिद्धांत ठीक था तो उसके लिये जेल तो क्या फाँसीके तख्तेसे भी नही डरना चाहिये था, पर उन्होंने अपनी बुजदिली दिखाकर महासभाकी प्रतिष्ठा धूलमें मिला डाली।

❀ ❀ ❀ ❀ ❀

"दरबार" के इस अंकपर कुँवर चाँदकरण शारदाकी दृष्टि पड़ी है या नहीं, सो तो कहना कठिन है। पर मेरा ख्याल है कि शारदाजी इस प्रकारकी बाहियात रिपोर्ट पसंद न करेंगे। वे एक देश प्रसिद्ध नेता हैं; उनके त्याग और सेवाकी सभी प्रशंसा करते हैं। फिर इस प्रकारके असत्य तथा अर्द्धसत्य रिपोर्टोंसे "दरबार" उनका मान बढाता नही, घटाता अवश्य है। यह "वैदिक समाचार समिति" किस बलाका नाम है, इसकी सृष्टि कब हुई है और इसका संचालक कौन है जो होनेवाली बातों और घटनाओंकी खबर दो चार दिन पहलेही "दरबार" को भेज दिया करता है। मालूम पड़ता है कि कोई भविष्यदर्शी इस समितिका सूत्रधार है। वास्तवमें "दरबार" जैसे पत्र भारतीय पत्रकारिता कलाका स्टेन्डर्ड गिरा रहे है। पत्रकारी ब्राह्मणका

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

है, भाँटका धन्धा नहीं। पत्रकार सच्चे ब्राह्मणकी भाँति जहाँ अपने विपक्षियोंके अच्छे कर्मोंकी प्रशंसा करता है वहाँ अपने स्वजन और मित्रोंकी भूलोंपर कड़ीसे कड़ी समालोचना करनेसे भी बाज नहीं आता। सत्यही उसकी कलमकी कसौटी है। आशा है कि "दरबार" भविष्यमें अपने कर्तव्यकी इस प्रकार उपेक्षा न करेगा।

दान दाताओंके नाम	रुपया
नई दिल्ली।	
श्री सेठ रामकृष्ण डालमिया (डालमिया जैन ट्रस्टसे)	५००)
कलकत्ता।	
श्री सेठ जुगल किशोर बिडला	५००)
जोड़	१०००)

श्री सेठ रामकृष्ण डालमिया।

श्री सेठ राम कृष्ण डालमिया प्रवासी भारतीयों की समस्याओंमें सदासे दिलचस्पी लेते आये हैं। डालमियाजीसे पहले-पहल सन १९३१ में दानापुरमें मेरा परिचय हुआ था। उस समय उनकी आर्थिक अवस्था संतोष जनक न थी, इस लिये जब मेरी जवानी उन्होंने विदेशोंसे लौटे हुए प्रवासी भारतीयोंकी दुःखभरी कहानी सुनी तो उनका हृदय करुणा और दयासे भर आया और उन्होंने बड़े संकोचसे ५०) रुपया मुझे अर्पण करते हुए कहा था कि "आज यदि मेरी आर्थिक अवस्था अच्छी होती तो आपको और कहीं जाना न पड़ता, मैंही आपकी आवश्यकताकी पूर्ति कर देता।"

उस समय केपटाउनमें दूसरी गोल मेज परिषदकी तैयारी हो रही थी। मैंने प्रत्यागत प्रवासियोंकी दुर्दशापर जो रिपोर्ट निकाली थी उसकी भी इस परिषदमें चर्चा होनेवाली थी। मेरी रिपोर्टकी देश-विदेशोंमें काफी चर्चा हुई थी, महात्मा गांधीसे लेकर संसारके प्रमुख अखबारोंने रिपोर्ट पर जो राय दी थी, उनका संग्रह मैं "प्रत्यागमन योजना पर लोकमत" के नामसे पुस्तकाकार प्रकाशित करना चाहता था और यह भी चाहता था कि परिषदके अवसर पर वह केपटाउन अवश्य पहुँच जाय। कुछ उदार पुरुषोंकी सहायतासे यह काम ठीक समयपर हो गया। केपटाउन परिषदमें भारत तथा दक्षिण अफ्रिकाके प्रतिनिधियोंको यह मंजूर करना पड़ा कि प्रत्यागमन योजना फेल हो गई, उसे केपटौन संधिसे निकाल देना चाहिये और उसकी जगह कोई दूसरा उपाय सोचना चाहिये। इससे हमारा परिश्रम सार्थक हो गया और प्रवासी भाइयोंके सिरसे एक भारी बला टल गई।

इस संग्रहको छपवाने और देश-विदेशोंमें भेजने के लिये मुझे केवल ५००) रुपयेकी जरुरत थी, जो पटनाके दस-बारह सज्जनोंने पूरी कर दी थी। उसके बाद डालमिया जीकी उत्तरोतर आर्थिक उन्नति होती गई और आज वे देश के इनेगिने उद्योगपतियोंमें एक हैं। मेरे सामने जब जब प्रवासी भारतीयोंका कोई विशेष काम आ पड़ा है और मैंने डालमियाजीसे सहायताकी याचना की है तो उन्होंने मुझे अपने दरवाजेसे कभी खाली हाथ नहीं लौटाया है, थोड़ी बहुत सहायता देकर मेरा हाथ बँटाया है, पर पिछले अठारह सालमें तीन-चार बारसे अधिक ऐसा प्रसंग आया भी नहीं। सन १९३१ की बात—आवश्यकताकी पूर्त्ति वाली बात—अब उनको शायद याद भी नहीं रही क्योंकि अब तो जमाना बदल चुका है और उसके साथही डालमियाजी भी बदल चुके हैं।

❀ ❀ ❀ ❀ ❀

श्री बिडला बंधु।

सन १९३१ मेंही श्री बिडला-बंधुओंमें सेठ घनश्याम दास बिडला और सेठ जुगल किशोर बिडलासे मेरी पहली मुलाकात हुई थी। उन दिनों मैं हजारीबाग जेलमें बारह माह बीताकर छूट आया था और प्रत्यागत प्रवासियों

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

की दशापर अपनी जाँच रिपोर्ट छपवाने के लिये कलकत्तेमें ठहरा हुआ था। 'मॉर्डन रिव्यू' के प्रेसमें रिपोर्ट छप रही थी। कुछ शुभचिन्तकोंसे ५००) रुपये मुझे मिल गये थे पर इतनीही रकमकी और जरुरत थी। इसी सिलसिलेमें मैं घनश्यामदासजीसे मिला था और उन्होंने ५००) रु० देकर मेरी आवश्यकता पूरी कर दी थी। उस रिपोर्टसे देश और विदेशोंमें सनसनी फैल गई थी। महात्मा गांधीसे लेकर 'टाइम्स ऑफ इंडिया' तकने उस रिपोर्ट पर टीकाएँ की थी, और परिणाम यह हुआ कि दूसरी गोल मेज परिषदमें केपटाउन-संधिसे प्रत्यागमन योजनाकी बात रद्द कर दी गई। इसके तेरह साल बाद सन १९४३ में जब दक्षिण अफ्रिकामें पेगिङ्ग पक्ट पास हुआ और मैंने उसके विरुद्ध भारतमें देशव्यापी आंदोलन आरंभ किया तो उस समय इस कार्यमें घनश्याम दासजीसे मुझे २५०) रु० की सहायता मिली थी और सन १९४७ के आरंभमें जब उनको "प्रवासी" के प्रकाशनकी सूचना दी गई तो उन्होंने अपनी शुभ कामनाके साथ ५००) रु० का चेक भी भेजा था। सेठ जुगल किशोरजीने सन १९४३ में आर्य धर्म सेवा संघकी तरफसे मेरी "वैदिक प्रार्थना" की ५०० प्रतियाँ खरीद कर देश-विदेशोंमें मुफ्त ही बँटवाई थी। तात्पर्य यह कि पिछले अठारह सालमें दो तीन वार मैंने प्रवासी भाइयोंके सेवा कार्यमें बिडला बंधुओंसे सहायता ली है। वास्तवमें बिडला-बंधुओंके यहाँ याचकोंकी भीड़ सी लगी रहती है, इस स्थितिमें मुझसा याचक उनके पास जानेका साहसही नही कर सकता। मुझे किसीसे बारबार माँगनेमें बड़ा संकोच होता है, पर जब कभी मैंने सहायता की याचना की है, मुझे निराश नही होना पड़ा है।

सम्पादकीय विचार

प्रवासी भारतीय और हिंदुस्थानी भाषा।

प्रवासी भाइयोंके अनेक पत्र हमारे पास आये हैं जिनमें हिंदुस्थानी भाषाके विषयमें पूछताछ है। यहाँ हम एक गुजराती भाईके पत्रकी कुछ बातें देते हैं जो लगभग सभी पत्रोंके आशयका निचोड़ है। वे लिखते हैं—"इस शताब्दीके प्रथम चरणके अंतमें हमें यह संदेश मिला कि महात्मा गांधीकी प्रेरणासे देशवासियोंने भारतके लिये एक राष्ट्र भाषा बनानेका सत्संकल्प कर लिया है और वह भाषा होगी हिंदी और उसकी लिपि देवनागरी। हमने इस संकल्पका स्वागत किया। महात्माजीके उद्योगसे महाराष्ट्रमें हिंदी प्रचारकी विशेष व्यवस्था की गई क्योंकि दोनों भाषाएँ हिंदीसे नितांत भिन्न हैं। पर गुजरातियोंको हिंदी सिखनेमें कोई कठिनाई न पड़ी क्योंकि गुजराती, मराठी और बंगला आदिमें हिंदीकी भाँतिही ५० प्रतिशतसे अधिक संस्कृत शब्दोंकाही प्रयोग होता है। संस्कृत, हिंदी और मराठीकी लिपि तो देवनागरी है ही, पर गुजराती, गुरुमुखी, बंगला, सिंधी आदि लिपियां भी नागरीसे बहुत कुछ मिलती जुलती है। पर अब जो हिंदसे खबर आई है उससे हमारी बेचैनीकी सीमा नही रही। महात्माजी कह रहे हैं कि हिंदुस्थानी की राष्ट्रभाषा हिंदी नहीं, हिंदुस्थानी होनी चाहिये और वह लिखी जानी चाहिये दो लिपियोंमें; एक तो नागरीमें और दूसरी उर्दू अर्थात फारसीमें। महात्माजीका यह भी आग्रह है कि प्रत्येक भारतीयको दोनों लिपियां सिखना अनिवार्य आवश्यक है। इस स्थितिमें हमारे लिये तो हिंदुस्थानी ग्रीक और लैटिन बन जायगी। क्या आप बता सकते कि महात्माजीने अपना पुराना विचार क्यों बदल दिया क्या सोचकर उन्होंने हिंदीके बदले हिंदुस्थानीको पसंद किया? वे तो स्वदेशीके महान समर्थक हैं, फिर विदेशी फारसी लिपिको क्यों अपनानेकी सलाह देते हैं? इस आप प्रकाश डालकर हमारी दुविधा दूर करें।"

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हिंदी बनाम हिंदुस्थानी ।

महात्मा गांधीने प्रारंभमें विशुद्ध राष्ट्रीय भावनासे प्रेरित होकर हिंदीको राष्ट्र भाषा बनानेकी उद्घोषणा की थी, पर इधर जब मुसलिम-लीगके विषैले प्रचारसे मुसलमानोंमें उग्र सम्प्रदायवादका उदय हो आया और भाषापर भी साम्प्रदायिकताका रङ्ग चढाया जाने लगा और यह साफ साफ कहा जाने लगा कि हिंदी तो केवल हिंदुओंकी भाषा है, मुसलमानोंकी नहीं। मुसलिम लीगके कथनानुसार 'मुस्लिम कौम' की भाषा तो उर्दू है, तब महात्माजीने देश की तत्कालीन स्थितिपर ध्यान देकर समझौतेकी नीतिसे काम लेना उचित समझा। उन्होंने राष्ट्रको यह सलाह दी कि भारतकी राष्ट्र भाषा हिंदुस्थानी होनी चाहिये और हिंदुस्थानीका रुप निर्धारित करते हुए कहा कि उत्तर भारत में जिस भाषाको हिंदू-मुसलमान दोनों बर्ग बोलते और समझते हैं उसीका नाम हिंदुस्थानी है और यह हिंदुस्थानी भाषा नागरी और फारसी दोनों लिपियोंमें लिखी जानी चाहिये। पर "गुरु गुड़ही रहे, चेले चीनी बन गये" की कहावतके अनुसार कुछ राष्ट्रवादी कहलानेवाले हिंदुओंने इस मामलेमें महात्माजीको भी मात कर दिया। महात्माजीका विचार और कथन बिलकुल स्पष्ट था, उन्होंने उस भाषाको हिंदुस्थानी नाम दिया जिसे साधारण जनता आसानीसे बोल और समझ सकती है, पर हिन्दुस्थानी भाषा के नये मुल्ला और मुड़ियोंने उसमें अरबी-फारसीके ६० प्रतिशत क्लिष्ट शब्दोंको ठूसना शुरू कर दिया। इसका देशमें जोरदार विरोध हुआ, हिंदी और उर्दू दोनोंके हिमायतियोंने हिंदुस्थानीके विरोधमें आवाज उठाई। महात्माजी तो साधारण बोलचालकी भाषाको हिंदुस्थानीके नामसे प्रचलित करना चाहते थे, पर नये मुल्लाओंने उसे हिंदी और उर्दूसे भी जटिल एक कृत्रिम भाषा बना डाला। इस नई भाषाके आचार्य पं० सुंदरलाल और पं० ताराचन्द बन गये, उन्होंने इस भाषामें एक अखबार भी निकाला और उसे जनताकी नही, भारत सरकारकी आर्थिक सहायतासे चलाते है। शिक्षामंत्री मौलाना आजादकी कृपासे वे भारतकी गरीब प्रजाकी गाढ़ी कमाई अपनी विचित्र भाषाके प्रचारमें उड़ा रहे हैं।

पर जब भारतका बँटवारा हो गया, देशके सिर और पैर काटकर पाकिस्तान बनाया गया और पाकिस्तान ने यह ऐलान भी कर दिया कि उसकी राजभाषा उर्दू होगी तो हमारा यह ख्याल था कि अब इस झमेलेका अंत आ जायगा और हिंदीको हिंदकी राजभाषा घोषित कर दिया जायगा। यद्यपि संयुक्त प्रांत, मध्य प्रांत, बिहार और हिंद पंजाबकी सरकारोंने हिंदीको राजभाषा और नागरीको राजलिपिके रुपमें स्वीकार भी कर लिया है और बिधान परिषदकी काँग्रेस पार्टीने भी बहुमतसे हिंदी और नागरीके पक्षमें फैसला कर दिया है, पर अभी स्वयं विधान परिषदमें इसका अंतिम निर्णय नही हुआ है। पाकिस्तान बन जानेपर भी गांधीजीका यही ख्याल था कि हिंदसे उर्दूको उड़ा देनेसे भारतीय मुसलमानोंकी भावनाको आघात पहुँचेगा अतएव उनको संतुष्ट और प्रसन्न रखनेके लिये हिंदुस्थानी भाषाही हिंदकी राज भाषा होनी चाहिये और वह नागरी और उर्दू दोनों लिपियोंमें लिखी जानी चाहिये। यह मुसलमानोंके प्रति महात्माजी के उदार विचारकाही द्योतक है, पर इससे मुसलमानोंका कितना अहित होगा, इसपर उन्होंने विशेष ध्यान न दिया।

मुसलमानोंको हिंदुस्थानीसे हानि ।

हम ऊपर लिख चुके हैं कि यद्यपि महात्माजी मुसलमानोंकी हितदृष्टिसे उर्दू लिपिका प्रचलन चाहते थे, पर उनकी इस नीति और प्रवृत्तिसे मुसलमानोंका हित तो नही, अहित अवश्य होता है। इस विषयपर हमारी दलीलें शायद पक्षपात पूर्ण समझी जायँ, अतएव हम स्वयं कुछ न कहकर एक मुसलिम महिलाका पत्र यहाँ देते हैं जो उन्होंने गांधीजीको लिखा था। इस देवीका नाम है रेहना बहन तैयबजी, जो गांधीजीकी खास चेली हैं। उनका एक एक शब्द हिंदुस्थानीके हिमायती हिंदुओं और हिंदके अल्पसंख्यक मुसलमानोंके मनन और हृदयङ्गमके योग्य है। उन्होंने पूज्य बापूको सम्बोधन करके लिखा था:—

"मुसलमानोंको अगर आप वफ़ादार हिंदुस्थानी बनाना चाहते हैं तो उनमें और बाकीके हिंदुस्थानियोंमें अब कोई फर्क नहीं करना चाहिये। अगर वे हिन्दुस्थानमें रहना चाहते हैं तो और हिन्दुस्थानियोंकी तरह रहें। हिन्दुस्तानी सीखें नागरी सीखें। अगर उर्दूका आग्रह हो तो बेशक उनको उर्दू सीखनेकी सहूलियत दी जाय मगर उन्हें खुश करनेके खातिर हिन्दुस्थानकी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सारी जनता पर उर्दू लिपि क्यों लादी जाय ? इसमें मुझे सख्त अन्याय नजर आता है और मैं इसके सख्त खिलाफ हूं। गैरमुसलमानोंपर अन्याय यह कि उन्हें फिजूल एक इतनी मुश्किल, दोषपूर्ण और हिन्दुस्थानी के लिये निकम्मी (उर्दूमें साहित्यिक हिन्दुस्थानी लिखना महाकठिन है, क्योंकि संस्कृत शब्दोंको तोड़ मोड़ करनी पड़ती है) लिपि सीखनेमें अपनी शक्ति खर्च करनी पड़ती है और मुसलमानोंपर यह अन्याय कि उन्हें अपना दुराग्रह छोड़नेका आप कोई मौका ही नहीं देते। उनकी बेजा मांगे पूरी करके आप उनमें और अन्य अल्पसंख्यकोंमें एक कृत्रिम भेद पैदा करते हैं। इससे गैरमुसलमानोंको चिढ़नेका हक मिलता है और मुसलमानोंको अपनी अलग थलग जमात बनाकर बैठ जानेका मौका मिलता है अगर आपने उर्दू लिपि भी चलाई तो मुसलमान सदा हिंदमें परदेशी बनकर रहेंगें।—एक मुसलिम हिन्दुस्थानीकी हैसियत से मेरी यह बिनती है कि खुदाके लिये आप मुसलमान हिन्दुस्थानियोंको अपनेही मुल्कमें परदेशियोंकी तरह रहनेका प्रोत्साहन न दीजिये। वे तो यही चाहते हैं। आप ब्रिटेन और पाकिस्तानका खेल खेलते रहे और मुसलमान हर जगह बाजियाँ जीतते रहे। बापू, मैं बहुत घबराई हुई हूं। मैं मुसलमान समाजसे वाकिफ हूं। उनकी महत्वाकाक्षाएँ मैं जानती हूँ भले आप जानने या मानने से इनकार करें। खुदाके लिये मेरी बातपर ध्यान दीजिये। बापू ! हाथ जोड़कर अर्ज है सज्जनताके साथ क्या सत्यदर्शन [Realism] नहीं रह सकता।"

रेहना बहनका पत्र इतना युक्तियुक्त, प्रमाणिक और तथ्यपूर्ण है कि उसपर टीका-टिप्पणी चढ़ाना व्यर्थ है। यदि गांधीजी मुसलमानोंके लिये उर्दू लिपिको आवश्यक समझते थे तो वास्तवमें अप्रत्येक्ष रुपसे जनाब जिन्नाके 'दो कौम' वाले सिद्धांतका समर्थन कर रहे थे। इसका अनिवार्यतः यह परिणाम होगा कि मुसलमान सदाके लिये हिन्दुओंसे भिन्नही रहेंगे और अपने देशमेंही विदेशी समझे जायँगे। यह स्थिति तो मुसलमानोंके लिये बड़ी अहितकर होगी। गांधीजी कभी कभी भूल कर बैठते थे और उन्होंने अपनी भूलको "हिमालयसी बड़ी भूल" की उपमा दी है। अतएव हमें गांधीजीकी भूलोंकी पुनरावृति नहीं करनी चाहिये। इस समय हिंदका यही तकाजा है कि इसकी भाषा हिंदी और लिपि नागरी होनी चाहिये, विदेशी लिपिको अपनाना अपनी राष्ट्रियतापर कुठार चलाना है।

हिन्दी और काँग्रेस।

यद्यपि काँग्रेस एक राष्ट्रिय समाज है और उसके सदस्य राष्ट्रिय भावनाओंके पोषक हैं। पर काँग्रेसके कुछ उच्च श्रेणीके नेता अपने देशकी भाषा और लिपिकी उपेक्षा तथा मुसलमानोंको प्रसन्न रखनेके लिये अरब-फारसकी भाषा और लिपिकी हिमायत करनाही अपना सर्वोपरि कर्त्तव्य समझते है। इन्हीं महाभागोंकी धींगाधींगीसे आज तक राष्ट्र भाषा और लिपिका सवाल अधरमें लटक रहा है। पिछले साल काँग्रेस-पार्टीमें इस प्रश्नपर काफी चर्चा चली थी और सदस्योंमें ऐसा उग्र मतभेद रहा कि आखिर वोट लेनेकी नौबत आ पहुँची। हिंदुस्थानीके पक्षमें ३० वोट आये और हिंदीके पक्षमें उसके दुगुणा ६० से भी कुछ अधिक वोट आये। अतएव बहुमतसे हिंदी भाषा और नागरी लिपिके पक्षमें प्रस्ताव पास हुआ। पार्टीके नियमानुसार प्रत्येक काँग्रेस सदस्यको आदेश दिया जाना चाहिये था कि वे विधान परिषदमें हिन्दीके पक्षमें वोट देवें, पर हिंदुस्थानीके हिमायती पं० जवाहरलाल नेहरु, मौलाना अब्दुल कलाम आजाद आदिने इसपर आपति उठाई और यह कहकर पार्टीके नियमको अमलमें लानेसे रोका कि चूंकि भाषाका सवाल अन्तरात्माका सवाल है, इस लिये प्रत्येक सदस्यको अपनी इच्छानुसार हिंदी और हिंदुस्थानी के पक्षमें वोट देनेकी स्वतत्रता होनी चाहिये। इस घटना से काँग्रेस हाई कमाण्डकी आँखें खुल गईं और उनको यह मालूम हो गया कि यद्यपि हिंदुस्थानी भाषा और उर्दू लिपिके पक्षमें महात्मा गांधीका समर्थन भी उनको प्राप्त है तो भी देशका बहुमत उनका 'हुक्म' माननेको तैयार नहीं है और तभीसे वे एक विचित्र नीतिसे काम ले रहे हैं। इसके बाद जब विधान परिषदमें प्रांतिक विधान पर विचार होते समय भाषाका प्रश्न आया तो उसपर यह कहकर चर्चा स्थगित कर दी गई कि इसपर आगे चलकर विचार और निर्णय किया जायगा। फिर जब जब विधान

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

परिषदमें किसी न किसी रुपमें भाषा और लिपिका प्रश्न आया तबतब इसी नीतिकी पुनरावृति होती आई है।

इधर अभी पिछले अप्रिल मासमें दिल्लीमें काँग्रेस वर्किङ्ग कमेटीकी बैठक हुई और बम्बईमें आल-इंडिया काँग्रेस कमेटी की, और काँग्रेसका नया विधान पास हुआ है। काँग्रेसकी तरफसे नये विधानपर विचार करनेके लिये एक कमेटी बनाई गई थी उसने भाषाके सम्बन्धमें यह राय दी थी कि काँग्रेसकी भाषा हिंदुस्थानी होनी चाहिये और वह नागरी लिपिमें लिखी जानी चाहिये। वर्किङ्ग कमेटीने उस कमेटीकी यह सिफारिश तो मान ली कि काँग्रेसकी भाषा हिंदुस्थानी होगी पर लिपिकी बात उड़ा दी, उसको संदिग्धही रहने देना ठीक समझा। किस लिपिमें काँग्रेसकी हिंदुस्थानी भाषा लिखी जायगी, यह बात अधिकारियोंकी इच्छा पर छोड़ दी गई, फिर वे चाहें तो काँग्रेसकी हिंदुस्थानीको नागरीमें लिखें, उर्दूमें लिखें, रोमनमें लिखें अथवा अन्य किसी लिपिमें लिख सकते हैं। जब बम्बईमें ऑल-इंडिया काँग्रेस कमेटीके सामने यह प्रश्न आया तो कहा गया कि यह विवादास्पद प्रश्न है, इसको अगामी अधिवेशनके लिये स्थागित कर देना चाहिये। काँग्रेसका सारा विधान पास हो गया, पर इस भाषाके प्रश्नको फिर आगेके लिये टाल दिया गया है।

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

judicial commission to hear evidence and report, but the abnormal course taken up by the Commission was that no cross examination would be allowed. After appeals had been made, the South African and Natal Indian Congresses together with the Natal African Congress withdrew from the Commission. Many other Indian bodies followed suit.

POLICE leap over a verandah wall to rescue Indian women and children, who crouch in fear as rioters

("नया समाज" के सौजन्यसे)

Police rescuing some Indian women and children from the savagery of African Natives.

हबशियोंकी शैतानियतसे पुलिस प्रवासी नारियोंको बचा रही है

The principal grievances of the Africans were black marketing, abuse on Indian buses, miscegenation with African women, objections to trading licenses and buses. The most important question of decent housing was never brought to the forefront, higher educational facilities were entirely discarded, but minor matters such as wrong change at stores and on buses formed the evidence. It was remarkable that every African tendering evidence brought out the same points.

During the sittings of the Broome Commission the previous year into grievances, no



("नया समाज" के सौजन्यसे)

A few injured Indian settlers in a hospital compound, who were victims of the Native brutalities.

हबशी पैशाचिकताके शिकार एक अस्पतालके अहातेमें कुछ घायल प्रवासी भारतीय।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri



Even babies like this one were not spared by the barbarian Natives.

इस प्रकारके छोटे बच्चे भी जंगली हबशियोंके हमलेसे न बचने पाये।

African tendered evidence on any of the points mentioned, but after the riots, the position was magnified, which would go to show that the riots were organised and the evidences engineered.

European men of standing such as Professor Burrows, of the Natal University College, Mr. Maurice Webb, Chairman of the Indo-European Council, Mr. Lrgg, ex-native Commissioner and magistrate of Verulam, Mr. S. S. Brisker, ex Senator, Mr. Saunders, chairman of the Transportation Board gave evidence but nothing deregatory against the Indian. The presiding judge during the course of hearing lost his temper on many occasions with witnesses who gave evidence.

After the riots, the Africans boycotted the Indian bus services to Booth Road, Wiggins Road and Ridge View Roads, all services in the Mayville area, where the greatest carnage took place. The Durban Municipality ran an emergency service into Booth Road for a month, and subsequently extended it for another month on the representations of the Police, but now the Africans ride on the Indian buses into Wiggins Road and Ridge View Road, but boycott Booth Road. Africans have opened stores on the roadway, selling groceries, vegetables and other goods under most unhygenic conditions. A number of lorries and private cars ply for traffic from the bus rank to Booth Road, at a good profit. They resent Indians reopening their stores in this area. This is the factual position today.

The South African Government Commission, which investigated last January African-Indian rioting, warned again that Africans might make another attack on the Indians "to square their account."

The Commission found that there were Europeans who actively incited the Natives to deeds of violence against the Indians, but stated that it was satisfied that these Europeans were rare exceptions.

In the two-day rioting 142 were killed and 1,087 were injured, the Commission's report on the causes of the riots, published recently, revealed.

The report said: "Unless the position is carefully watched and all exhibitions of public violence are firmly repressed the Natives may make another attack upon the Indians.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Englishmen and Mauritius

By Shri Raghoo

ॐ ——— ॐ

Sufficient room must be provided in the small colonies for the Britishers that are leaving India and Palestine. The Government Council of Mauritius, accordingly saw the Financial Secretary suddenly presenting a bill to the effect that Britishers should, on joining the Civil Service, be granted an expatriation allowance in addition to the not too meagre salaries they draw.



P. Bissoondoyal
पं० बिसुनदयाल

The reaction was not one that the Government could expect from a people that had been made to be subservient. The Financial Secretary encountered strong opposition. There was a campaign in the Press against the infamous bill. When the Council met again to consider what was to be done, the Financial Secretary gave the unofficial members a piece of his mind. He alluded nervously to the 'insulting' articles that appeared in the press.

It is the fashion with the Government to provoke the people. The term "scoundrel" has been put to use frequently enough by the fat-witted Governor. A Procurer General spoke of 'notoriety' when Prof. Bissoondoyal was on trial for the third time. Some Indians have had only to repeat these 'favourite' words to see the Government loading them with favours,

The Government received a rude shock when, each time it stooped to vulgarity, Prof.



Diwali Festival in Mauritius organised by Professor Bissoondoyal.

प्रोफैसर विष्णुदयाल द्वारा संगठित मोरिशसमें दीपावली महोत्सव ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Bissoondoyal gave it a drubbing. Following in his footsteps, the unofficial members of the Council pointed out that the budget is too heavy for too little an island like Mauritius, that the pay received by the Britishers is high enough for any number of them to be attracted to Mauritius at a time when the Union Jack is conspicuous by its absence in many a land.

Never was the Government so unpopular as it is now. To cover up its unpopularity it plays the old imperialist game of dividing the governed. The favoured classes had special trains and as much light as they required on the occasion of Diwali festival celebrated in 1947. The majority of the inhabitants were on the other hand deprived of every facility when they celebrated their festival with pomp. Some reports published of late have revealed a state of affairs that indicates to what extent the policy of keeping down the Indians is being pursued.

The Annual Report of the Education Department for the Year ending 30th June, 1948 reads:

"The Royal College"

Statistics of pupils in June 1948 were—

Christians	229
Hindus	51
Moslems	45
Buddhists	7

And what about the primary schools and secondary schools? "The total number of pupils in the primary and secondary schools was 51, 306." Indian pupils numbered 24,000. Their percentage is so low at the Royal College because the policy is to eep as many Indians as possible out of that Government institution.

To come back to that unpopular bill, one must admit that it brought together the different elements of the Mauritian population. Hence the angry tone of the Financial Secretary who wanted to tell a section that it was not in its interests to oppose a Government official. But the bill succeeded in making strangest bedfellows.

The incident relating to the expatriation allowance or pay will long be remembered as it marks a definite departure from the policy of the weak-kneed politicians.

The Government recently tried to renew its efforts. The New Council, that has some independent members who never avoided an occasion for arrest, will not fail to defeat it. The country can no more afford to have innumerable experts and heads of department or increase the salaries of those of them who are in this island against the will of the vast majority of its people.

(We have just received a cablegram from Port Louis, informing us that Pandit B. Bissoondoyal has been sent to jail for the fourth time by the Mauritius Government. We are awaiting further information by air mail.—Editor)

Quality Trading Co.

Proprietor: K. D. Dayal,
General Merchants
147 Brook Street, Durban,
Natal, Union of South Africa

Dayal Brothers

Proprietor: R. B. Dayal
High Class Tailors & General Dealers
61 Victoria Street, Durban,
Natal, Union of South Africa.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

MY TRIP TO THE WEST INDIES

By Pandit Rishi Ram

For the last six months I have been having a lecture tour of Trinidad, British Guiana and Dutch Guiana; and before proceeding to Canada and U.S.A., I am visiting Jamaica just now, for a few weeks.

My visit has been a great satisfaction to me and I feel very proud of my Indian countrymen in colonies. Though they have been cut off from India for a long time and by a long distance, and most of them are born in these colonies, having had no personal knowledge of India and Indian life, yet I find them all so full of love and admiration for their Motherland and her hoary culture.

Perhaps there was a time when some of them were not very particular to declare their relationship with India and wanted to shine under Anglicised names and customs, but for sometime past there has been a sharp reac ion in this direction, and now they consider it a pride to declare their Indian identity and show a willingness to imbibe Indian Spiritual Ideals and Culture.

They have made a great improvement in their social and economical status by their industriousness and frugality; and by their well-behaved life they are steadily gaining a good position in Colonial life. Even now I find them very hard working, both rich and poor, and not extravagant in their living. Personally speaking, they have been very kind, hospitable, generous and full of consideration to me, and I have greatly enjoyed my trip physically as well as mentally. Everywhere they have come in their hundreds and thousands to hear the message of India and the wonderful results of Mahatma Gandhi's life and work.

In educational advancement they are very much behind. Whatever education they have received is at the hands of the Christians and non-Indian organisations; and naturally they have been deprived of the inspiring cultural traditions of their great past, but now they have begun to make a move in this direction.

The establishment of a first class Mahatma Gandhi Memorial College in Trinidad will go a long way in breaking this indifference and helplessness, and will help in creating a real intellectual and cultural atmosphere. The scheme is being pushed very seriously and vigorously, and let us hope that the Indian public will not fail this time. In the absence of any better and more constructive scheme to the memory of Mahatmaji, it is the duty of the entire Indian community to support and help this project wholeheartedly. Mere destructive criticism does not help any community.

As I said there are some educated people; and there are Indians in the legal and medical professions also, but there is no intellectual atmosphere in the community. The prominent phase is economic and physical, and most of their time and energy are being devoted to them. Very few people can read their own literature in their Indian language, Hindi or Urdu, while those who are English-educated have not much inclination or ability to enjoy English Books of a high standard. Going through the daily newspapers is considered a sufficient mark of education and study. If under these conditions they lack higher moral and cultural ideals, there is nothing to be wondered at. A taste of continuous and regular study of the books of the master minds of the world, in whatever language is the first basis of a higher cultural life.

There is not much of public life and leadership in the real sense. The number of societies is legion, and that only shows egotism, ambition and self assertiveness, not co-operation;

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

and neither team-spirit nor humility. These qualities are bound to come with better education and the spreading of Spiritual Ideals.

The Indians, though many are poor, still a good number of them have good resources; they have intelligence too, and a heart for social welfare, but in the absence of any respectable organisation commanding the confidence and trust of the public, there is no utility of their resources for public good. The outstanding example is the Ecclesiastical Grant of the Government for Hindus and Muslims, and a considerable amount it is, which they have been able to avail themselves of, so far, for the last several years, simply because no concerted action is taken and no pressure is brought upon the Government for its payment. So-called public leaders are too busy with their own personal and family interests to look after the affairs of the community. Of course there are a few honourable exceptions.

This condition of affairs is practically same in the Indian community of the three colonies with a little difference in minor points. There has not been much education among the Indians of Suriname, and they have preserved their own language, Hindi, which they use both at home and in public. The official language is Dutch which is spoken in official work. In Trinidad and British Guiana English is taking the place of their mother tongue, and it will require much effort to retain their own language and literature. I have written these words with reference to the Indian community.

However, I am sure that there is a bright future for our people in these colonies. With the freedom of India, and with closer contact with the Motherland, with frequent visits of teachers and cultural messengers, the level of the community is bound to improve, and ultimately these colonies may yet prove to be our most valuable cultural bases for the spread of high Indian Spiritual Ideals both in North and South America.

Now that an Indian Commissioner has been appointed, his presence should bring unity and confidence among Indian, and the removal of their legitimate grievances.

It is a matter of sheer joy to me that my talks have been recieved with interest and appreciation by all sections of the Indians and by the other local communities as well.

OUR EDITOR'S ILLNESS

We are extremely sorry to announce the serious illness of our Editor, Swami Bhawani Dayal, and as a result thereof all the correspondence and contributions have remained unattended for the last one month and the publication of the PRAVASI during the period has been a most difficult task for the staff. Although generally Swamiji never enjoyed a sound health under the grip of numerous maladies for the last one decade, but he was never reduced to such a helpless condition. e hovered between life and death for several days during the last month as a result of violent attack of asthma. However, his life has been saved by the mercy of Parmatma but still he is now very weak, so much so that even the daily routine involved a serious strain on him. It would take him at least a month to resume his editorial duties. We hope our correspondents will forgive us for not utilising their contributions so kindly sent to us, without the permission of our Editor.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

THE SWADESHI COTTON MILLS CO. LTD., KANPUR U. P.

जियें तो बदनपर, स्वदेशी वसन हो।

मरें भी अगर तो, स्वदेशी कफन हो।

Managing Agents:

Jaipuria Brothers Limited.

दी स्वदेशी काटन मिल्स कम्पनी लिमिटेड, कानपुर।

मनैजिंग एजन्टस्

जयपुरिया ब्रादर्स लिमिटेड।

दी जनरल एश्युरेन्स सोसाइटी लिमिटेड, अजमेर।

...Growing from Year to Year

1907



1948

BRANCHES ALL OVER INDIA AND ABROAD

BUSINESS IN FORCE 1948

OVER RS. 13,00,00,000

BUSINESS IN FORCE 1907

RS. 6,00,000

Nearest Office

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सम्पादक—भवानीदयाल संन्यासी

वर्ष २ ॐ मई १९४९ ॐ अंक ४

स्वर्गीया श्रीमती सरोजिनी देवीकी पुण्य-स्मृतियाँ।

(२)

दक्षिण अफ्रिकासे देवीजीकी बिदाईके बाद सन १९२५ में यूनियन पार्लामेंटका निर्वाचन हुआ। जनरल स्मट्सका सितारा डूब गया—उनकी सौथ अफ्रिकन पार्टीकी गहरी हार हुई और जनरल हर्टजोगकी नेशनलिस्ट पार्टीकी शानदार जीत। लोकतंत्रके अनुसार हर्टजोगकी सरकार बनी। यही डाक्टर मलान आंतरिक मंत्री बनाये गये जो इस समय वहाँके प्रधान मंत्री है। सरकार तो बदल गई पर प्रवासी भारतीयोंकी हालत न बदली। उनके लिये तो जैसे स्मट्स वैसे ही हर्टजोग—जैसे नागनाथ वैसेही सांप नाथी। दोनों एकही थैलेके चट्टेबट्टे। पार्लामेंटकी प्रथम बैठकमेंही मलानने "एरियाज रिजर्वेशन बिल" (Areas Reservation Bill) पेश कर दिया, जो पेट्रिक डङ्कनके 'क्लास एरियाज बिल' (Class Areas Bill) की ही पुनरावृत्ति थी। दोनों बिलोंमें नामके सिवा और कोई अंतर न था। इसका भी उद्देश्य था प्रवासी भारतीयोंका पृथक्करण।

इस नई विपदाके आ पड़नेसे प्रवासी भारतीयोंमें फिर हाहाकार मच गया। नेटाल इंडियन काँग्रेसका एक डेपुटेशन डाक्टर मलानसे मिला और उनके सामने यह प्रस्ताव रखा कि एक गोल मेज परिषदकी व्यवस्था की जाय जिसमें दक्षिण अफ्रिका और भारतके प्रतिनिधि बैठकर प्रवासी भारतीयोंकी समस्या हल कर डालें। पर मलान को यह प्रस्ताव पसंद न आया और उन्होंने साफ जबाब दे दिया कि प्रवासी भारतीयोंका प्रश्न उनका घरेलू प्रश्न है, वे जैसा उचित समझेंगे इस प्रश्नको हल करेंगे, इसमें किसी दूसरे देशको दखल देनेकी गुस्ताखी बर्दास्त न कर सकेंगे।

इससे स्थिति बड़ी नाजुक हो गई। केपटौनमें साउथ अफ्रिकन इंडियन काँग्रेसकी इमर्जेन्सी परिषद बुलाई गई जिसमें नेटाल, ट्रांसवाल और केप प्रदेशके प्रतिनिधि शरीक हुए। तीन दिनोंतक इस गंभीर विषयपर विचार होता रहा और अंतमें यही निश्चय हुआ कि अब हिंदुस्थानका आश्रय ग्रहण करनेके सिवा और कोई उपाय नहीं है, इस लिये वहाँ एक डेपुटेशन तत्क्षण भेजना चाहिये। मैं उस परिषदमें शरीक नहीं हुआ था, पर हिंदुस्थान भेजनेके लिये जो केप, नेटाल और ट्रांसवालसे सात व्यक्ति चुने गये उनमें एक मैं भी था। मेरे सिवा डाक्टर अब्दुर्रहमान, सर्वश्री सोराबजी रूस्तमजी, अमद भयात, वी० एस० सी० पत्तर, ए० ए० मिर्जा और बैरिस्टर जे० डबल्यु० गोडफ्रे चुने गये थे।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मैं उन दिनों हिन्दी-अंग्रेजीमें साप्ताहिक "हिन्दी" पत्र निकाल रहा था इसलिये बड़े धर्मसंकटमें पड़ गया। तीन सालतक घाटा उठाकर अब "हिन्दी" को अपने पैरों पर खड़ा कर पाया था। प्रवासी जनतापर उसकी जबर्दस्त धाक जम गई थी। संसारके उन सभी देशोंमें, जहाँ भारतीयोंकी आबादी है, उसका यथेष्ठ प्रचार हो गया था। "हिन्दी" को स्थगित करने और जगरानी प्रेसमें ताला लगानेमें मुझे मृत्युसे बढ़कर यंत्रणा भोगनी पड़ी पर दूसरा कोई उपाय न था। प्रवासी भाइयोंके सामने जीवन-मरणका प्रश्न था। उन्हींकी सेवाके लिये "हिन्दी" का जन्म हुआ था, पर यदि दक्षिण अफ्रिकामें प्रवासी भारतीयोंकी ही हस्ती मिट जाती तो "हिन्दी" जीवित रहकर क्या करती? अतएव मुझे छाती पर पत्थर रखकर "हिन्दी" को बन्द कर देना पड़ा और यह सोचकर सन्तोष कर लेना पड़ा कि यही ईश्वरकी मनोगत इच्छा है।

मैं डेपुटेशनके साथ दक्षिण अफ्रिकासे प्रस्थित हो गया और बंबई पहुँचनेपर सबसे पहले देवी सरोजिनीके ही दर्शन हुए। उन्होंने हमारा अपूर्व आगत-स्वागत किया। उनकी बदौलत दक्षिण अफ्रिकाकी समस्यापर भारतीय अखबारोंमें खूब चर्चा हुई जिससे भारतका लोकमत जाग उठा। देवीजीने बंबईके ताजमहल होटलमें शिष्टमण्डलके सदस्योंको एक पार्टी भी दी थी, जिसमें बंबई सरकारके मंत्री, धारासभाके सदस्य, हाईकोर्टके जज और शहरके गण्यमान्य रईस शरीक हुए थे। देवीजीने डेपुटेशनके सदस्योंका परिचय देते हुए एक व्यक्तिके सम्बन्धमें बड़ी विचित्र बात कह डाली; उन्होंने कहा कि "इस शिष्टमन्डलमें एक ऐसा भी व्यक्ति है जिसका शरीर दुबला-पतला और कद मँझौला है पर उसमें ऐसी प्रचंड शक्ति है कि नेटालके किसानों और मजदूरोंपर उसका प्रभाव देखकर मैं दंग रह गई थी। दक्षिण अफ्रिकामें वैसा प्रभावशाली व्यक्ति मुझे कोई दूसरा न मिला और वह व्यक्ति यहाँ मंच पर नहीं है, शायद कहीं छिपकर बैठा हुआ है।" देवीजीकी काव्यमयी उक्तिकी पुनरावृत्ति करना तो कठिन है पर उनके कथनका मथन यही था। इस पर सभी महाभाग उस व्यक्तिको देखनेके लिये उत्कंठित हो उठे। दुर्भाग्यवश वह व्यक्ति मैं ही था, जो सबकी दृष्टि बचाकर एक कोनेमें दुबककर बैठा था और अब देवीजीके कथनपर संकोचसे और भी सिकुड़ गया था। आखिर सभापतिकी आज्ञासे मुझे विवश होकर उठना ही पड़ा और अपनी शकल-सूरत दिखाकर सबको सन्तुष्ट करना पड़ा।

जबतक मैं बंबईमें रहा, नित्यही ताज महल होटल में देवीजीसे भेंट होती रही। एक दिन चाय-पानके समय मुझे मालूम हुआ कि देवीजी काँग्रेसके लिये अपना भाषण लिख रही है क्योंकि देशने उस साल उनकोही राष्ट्रनेत्री चुना था। मैंने उनसे निवेदन किया कि यदि वे काँग्रेसके मंचसे सभानेत्रीके रूपमें अपने भाषणका मंगलाचरण हिंदीमें करें तो इससे जहाँ जनतामें राष्ट्रिय भावोंका संचार होगा वहाँ राष्ट्रभाषाका विशेष रूपसे प्रचार भी। देवीजीको मेरी बात जँच गई और उन्होंने वचन दिया कि कानपुर-काँग्रेस में उनके भाषणका हिन्दीमेंही श्रीगणेश होगा।

बंबईसे हम तत्कालीन वायसराय लॉर्ड रीडिंगसे मिलने के लिये कलकत्ता गये और उनको दक्षिण अफ्रिका की तत्कालीन परिस्थितिकी कथा सुनाकर कांग्रेसमें शरीक होनेके लिये कानपुर पहुँचे। स्टेशनपर पंडित मोतीलाल नेहरु और पंडित जवाहरलाल नेहरुके दर्शन हुए। पिता-पुत्र नेहरुजीने काँग्रेसकी तरफसे हमारा आगत-स्वागत किया और स्टेशनके पासही 'सिविल एन्ड मिलिटरी हॉटल' में हमें ठहराया। नेहरुजी आदि कांग्रेस नेता जानते थे कि हमलोग प्रवासी हैं, इस लिये काँग्रेस केम्पमें हमें कष्ट होगा। उस समय महात्मा गांधी काँग्रेसके प्रधान थे और श्रीमती सरोजिनीदेवी उनकी उत्तराधिकारणी चुनी गई थी। इस लिये कानपुर कांग्रेसमें प्रवासी भाइयोंकी विशेष रूपसे चर्चा हो सकी। जब काँग्रेसका अधिवेशन शुरू हुआ, स्वागताध्यक्षका भाषण हो चुका और सभानेत्री के अभिभाषणकी बारी आई तो मुझे यह सन्देह हो आया कि कहीं हिन्दीमें भाषण करनेकी बात देवीजीके जहनसे उत्तर न गई हो। इसलिये ज्योंही वे भाषण देनेके लिये मंचकी ओर बढ़ीं त्योंही मैंने एक चिट लिखकर उनके पास भेजा जिसमें उनको अपनी प्रतिज्ञाकी याद दिलाई गई थी। चिट पढ़कर वे हँसी और उन्होंने इशारेसे कहा कि खाति-रजमा रखो। वास्तवमें मेरे आनन्दकी सीमा न रही जब कि देवीजीने राष्ट्रभाषामेंही राष्ट्रभारतीकी बन्दना, सामयिक स्थितिकी समालोचना और स्वाधीनताके पथमें अग्रसर होने की योजना प्रस्तुत की। वस्तुतः देवीजीकी वाणीमें असाधारण शक्ति थी। जब वे भाषण देने लगती थीं तो ऐसा प्रतीत

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

होता था कि मानो साक्षात सरस्वती अपनी वीणासे संगीत-सुधा पिला रही हैं।

कानपुर-काँग्रेसमें देवी सरोजिनीकी अध्यक्षतामें दक्षिण अफ्रिकाकी समस्यापर जो प्रस्ताव पास हुआ वह बड़े महत्वका था। उसे स्वयं महात्मा गांधीने उपस्थित किया था और प्रसिद्ध मौलाना मुहम्मद अलीने उसका समर्थन। हमारे डेपुटेशनके नेता डाक्टर अब्दुर्रहमान जब बोलनेको उठे तो घबराहटसे उनकी वाणी प्रकंपित हो उठी। वे एक शक्तिशाली एवं धुरन्धर वक्ता थे, पर इतनी बड़ी सभा उन्होंने अपने जीवनमें कभी नहीं देखी थी। खैर, किसी प्रकार अपना विचार प्रकट कर उन्होंने अपने कर्तव्यका भार उतार दिया।

इसी अधिवेशनमें मेरे विशेष आग्रहसे सभानेत्री सरोजिनी देवीने इस आशयका एक और प्रस्ताव पास कराया कि काँग्रेसके अन्तर्गत एक प्रवासी-बिभाग खोला जावे, जो प्रवासी भारतीयोंके हितरक्षामें निरन्तर यत्नशील रहे। इस प्रस्तावसे मुझे बड़ा सन्तोष हुआ और मैंने सोचा कि इसके द्वारा भारतमें प्रवासियोंकी निरन्तर चर्चा होती रहेगी। एक दिन राष्ट्रनेत्रीने हमारे शिष्टमंडलको एक प्रीतिभोज देकर भी सम्मानित किया था। इस अवसरपर अभ्यागतोंका एक संगीत सम्मेलन भी जम गया था। प्रसिद्ध विधान शास्त्री पंडित मुकन्दराव जयकरको, जो बादमें प्रिवी कौन्सिलके जज हुए, और दिल्लीके बैरिस्टर आसफअलीको, जो इस समय उड़ीसाके गवर्नर है, तबला बजाते हुए देखकर मुझे इस बातपर बड़ा विस्मय हुआ कि कानूनके ऐसे धुरन्धर पंडित भी संगीतमें क्रियात्मक रस ले सकते हैं। देवी सरोजिनीकी छोटी बहिन, जो उसी समय जर्मनीसे लौटी थीं, अपने कोमल कंठस्वरसे जब मधुर संगीत अलापतीं तो श्रोताओंके हृदय-सितारका एक एक तार झंकृत हो उठता। जहाँ हर्षका प्रवाह था वहाँ हास्यका भी अभाव नहीं था। जब मौलाना मुहम्मदअली और शौकतअलीकी बेगमें वहाँ पधारीं तो उनकी नकाबपोशी देखकर रोकने पर भी हमारी हँसी रुकी नहीं। प्रवासियोंके लिये यह विस्मयकी वस्तु थी। इतने बड़े नेताओंकी बीबियाँ बीसवीं सदीके इस जागरणके जमानेमें भी परदे और बुरकेसे सिर न छुड़ा सकीं, यह हमारे लिये अचरज और अफसोसकी बात थी।

हमारे शिष्टमंडलके मंत्री सोराबजी रुस्तमजीकी फ़ुज़ूल खर्चीकी बदौलत डेपुटेशनकी आर्थिक अवस्था डाँवाडोल हो गई, इसलिये देवी सरोजिनीके नेतृत्व में हमलोग महात्मा गांधीकी सेवामें उपस्थित हुए। श्री राजेन्द्रबाबू वहाँ पहलेसेही मौजूद थे। डेपुटेशनके हरएक सदस्यने बापूसे यही प्रार्थना की कि वे डेपुटेशनको आर्थिक सहायता दिलानेकी कोशिश करें ताकि डेपुटेशन भारतमें अपना प्रचार कार्य पूरा कर सके। सबकी बातें सुनकर बापू बोले, "मेरे पास सार्वजनिक फंडके लाखों रुपये हैं, इसमें तो कोई सन्देहकी बात नहीं पर उसमेंसे मैं एक पैसा भी तुम्हारे डेपुटेशनको न दे सकूँगा। मेरे पास जो पैसे हैं वह गरीबोंके हैं और उन्हींके काममें खर्च भी होंगे। इस देशके गरीब जो अन्न-वस्त्रके लिये तरसते हैं, उनकी गाढ़ी कमाईके पैसे मैं तुम्हें क्यों दूँ और क्यों देना चाहिये? दक्षिण अफ्रिकामें सभी खाते-पीते और आरामसे रहते हैं, वहाँ समृद्धिशाली सौदागरों और मालदार किसानोंकी भी कमी नहीं है, फिर भी अपने स्वत्व-रक्षाके लिये वे पैसे क्यों नहीं देते हैं? शिष्ट-मंडलकी सहायता करना उनका तो सर्वोपरि कर्तव्य है। दक्षिण अफ्रिकाके कामके लिये भारतके गरीबोंसे पैसा मांगना क्या शरमकी बात नहीं है? मुझसे पैसे पानेकी आशा तुम्हें छोड़ देनी चाहिये।"

बापूकी खरी-खरी बातें सुनकर हमारे साथियोंके होश उड़ गये, उनके चहरेका रंग बदल गया। मैं अबतक मौन साधे एक किनारे बैठा हुआ था; बापू मेरी तरफ मुखातिब होकर बोले, "अरे भाई! तुम क्यों चुप हो? तुम भी तो कुछ बोलो"। मैंने सब की बातें सुन लीं, तुम्हारी बातें भी सुनना चाहता हूँ।" मैंने बड़ी नम्रतासे कहा, "बापू, आपने जो कुछ कहा, उससे मैं सर्वथा सहमत हूँ। आपके पास जो ग़रीबोंके पैसे हैं उनमेंसे एक पैसा भी लेना नैतिक दृष्टि से भयंकर अपराधही नहीं, घोर पाप भी है। हमें ग़रीबोंके पैसे चाहिये भी नहीं। पर आपको यह तो मंजूर करनाही पड़ेगा कि जहाँ हिन्दकी बहुसंख्यक प्रजा ग़रीब है वहाँ कुछ लोग ऐसे भी तो हैं जिनके पास आवश्यकतासे अधिक धन है और जो उस धनको ऐयाशी, जुआ तथा अन्य दुष्कर्मों में उड़ाते-पड़ाते रहते हैं। यदि उनसे पैसे लेकर प्रवासी भाइयोंके सेवा-कार्यमें लगा दिया जाय तो इसमें आपको क्या एतराज हो सकता है?" बापूके मुंहसे निकल गया, "कुछ भी नहीं। ऐसे मालदारोंसे तुम पैसे ले सकते हो"। अभी मेरी बात खतम नहीं हुई थी—बीचमें ही बापूने अचानक मेरी एक बातका जवाब दे दिया था। मैं आगे बोलनेही वाला था पर सरोजिनी देवीको यह सन्दे-

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ह हो आया कि कहीं आगे मैं कुछ ऐसी बातें न कह बैठूँ जिससे कि बना-बनाया काम बिगड़ जाय, इसलिये उन्होंने मुझे आंखोंसे इशारा किया कि बस अपना काम हो गया, बापूकी आज्ञा मिल गई और अब कुछ कहनेकी जरुरत नहीं रही। हम बापूको नमस्कार करके उनसे विदा हुए। देवी सरोजिनीने इम्पिरियल इन्डियन सिटीजनशीप एसोसियेशनसे चालीस हजार रुपये शिष्ट मण्डलको खर्चके लिये दिलवा दिये। हमारे भाई सोराबजी रुस्तमजी सर्वजनिक धन खरचनेमें शहंशाहकी शान दिखाते हैं, इसीसे डेपुटेशनको अर्थ-संकटका सामना करना पड़ा था। पर देवीजीके उद्योगसे वह संकट कट गया

कानपुर कांग्रेसके बाद हम लोग अपने अपने प्रचार कार्यमें लग गये। फिर तो देवीजीसे मेरी मुलाकात दक्षिण अफ्रिका लौटते समय बंबईमें हुई, यह सन् १९२७ की बात है। बंबई पहुंचने पर सबसे पहले मैंने ताज महल होटलमें देवीजी से मुलाकात की। वे एक असाधारण व्यक्तिही नहीं बल्कि प्रचंड शक्ति थी। मातृभूमि के चरणोंमें उनका अटल अनुराग था। उनकी मंजी हुई लेखनीसे जब कमनीय कविताकी सरस सरिता प्रवाहित होने लगती थी, तो उसमें गोता लगाकर कौन ऐसा मनहूस आदमी होगा जिसका हृदय बल्लियों न उछलने लगे। जिस समय मैंने ताज महल होटलमें देवीजीके कमरेमें प्रवेश किया उस समय भी उनको एक सुन्दर नोट-बुकपर कविता-कामिनीका श्रृंगार करते हुऐ पाया। वहाँ उनसे प्रवासी भारतीयोंके सम्बन्धमें बहुत देर तक बातें होती रही। उन्होंने यह जान कर प्रसन्नता प्रकट की कि मैं फिर अफ्रिका जा रहा हूँ। उनकी पुत्री कुमारी पद्मजा भी वहीं बैठी हुई थीं—वह विनोदकी मूर्ति है। कानपुर कांग्रेसके समय मैने उनसे हँसीमें कहा था कि आप अपने शरीरकी तरफ अधिक ध्यान दिया कीजिये; आपको दुबली पतली देखकर मुझे दुःख होता है; आप ऐसी पुष्टकर चीजें खाइये जिससे आपके शरीरमें कुछ शक्ति आ जाय। इस समय तो आपका शरीर इतना निर्बल है कि यदि जोरोंसे आँधी चल पड़े तो आप पंतगकी भाँति उड़ जायँगी। कुमारीने फौरन मुझे जवाब दिया कि "भाईजी! जरा अपने बदनकी ओर तो निहारिये—आप तो मुझसे भी अधिक कमजोर हैं, और यदि मैं आँधीके झोंकेमें उड़ जाऊँगी तो आपको साधारण हवामें भी ठहरना मुश्किल होगा"। इस पर वहाँ बैठे हुए सभी लोग हँस पड़े। "बंबई क्रोनिकल" के एक डाइरेक्टर श्रीदेसाईने कहा—"शाबाश बीबी, तुमने खूब जवाब दिया।"

किन्तु इसबार कुमारी पद्मजाको स्वस्थ और पुष्ट देखकर मैंने आनन्द प्रगट किया। उन्होंने भी शिष्टाचारके अनुसार आभार माना। जबतक मैं बंबई में रहा, प्रतिदिन एक बार देवी सरोजिनीसे मिल लिया करता था। देवीजी ही दक्षिण अफ्रिकाकी इन्डियन कांग्रेसकी सभानेत्री थीं और देशमें रहते हुए भी प्रवासी भाइयोंको भूलती न थीं। उनके दिलमें पीड़ित प्रवासियोंके लिये सच्चा स्नेह था। उन्होंने जिस लगनसे प्रवासियोंकी सेवा की है वह इतिहासमें सोनेके अक्षरोंमें लिखा रहेगा।

—:❀:—

ब्रिटिश गायनामें हिन्दुस्थानी।

(१)

यद्यपि आर्यसमाजकी यत्रतत्र चर्चा चल रही थी तो भी हिंदुओंकी धार्मिक अवस्था अत्यंत भयावह थी। वास्तवमें हिंदु धर्मका न कोई रङ्ग-रूप था और न उसकी प्रार्थना-उपासनाकी कोई विधि थी। यहाँके गाँवोंसे हमारे भाई अपने साथ जो सड़ी-गली रूढ़ियाँ ले गये थे उन्हींको हिंन्दु धर्मका स्वरूप समझा जाता था। इस लिये जो जन्म-प्रवासी कुछ पढ़-लिख जाते थे उनको स्वाभावतः उन रुढ़ियोंसे घृणा हो जाती थी और वे सहजही ईसाई बन जाते थे। इस प्रकार डमरारामें हिंदूत्वका शनैः शनैः लोप होता जाता था; उनकी संख्या जितनी घटती जाती थी, ईसाइयोंकी उतनीही बढ़ रही थी। गन्नेकी कोठियोंमें ईसाई प्रचारक बराबर चक्कर लगाया करते थे। कोठीके अंग्रेज मालिक पादरियोंके प्रचारके लिये पूरी सहूलियत दिया करते थे। धर्मके साथही भारतीय अपनी भाषा और संस्कृतिको भी भूलते जा रहे थे। शिक्षित भारतीयोंकी तो अंग्रेजीही मातृभाषा बन गई थी और हिंदी उनके लिये

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ग्रीक तथा लैटिन। विदेशोंमें तो प्रायः सभी भारतीय पुरुष यूरोपीय पोशाक पहनते हैं पर भारतीय देवियोंने अपने वेशको नहीं त्यागा है। मोरिशस और फिजी, दक्षिण और पूर्व अफ्रिकाकी भारतीय नारियोंके शरीर पर साड़ीही शोभा देती है, पर दक्षिणीय अमेरिकाके उपनिवेशोंमें यह बात नहीं रही। वहाँके भारतीय नारियोंने गाउन धारण कर लिया है। सन् १९१९ में जब "सतलज" जहाज ब्रिटिश गायना आदिसे प्रवासी भारतीयोंके एक जत्थाको लेकर कलकत्ता पहुँचा था—गिरमिटकी प्रत्यागमन शर्तके अनुसार, तो भारतीय महिलाओंकी पोशाक देखकर मैं तो दङ्ग रह गया था। किसीके शरीर पर न साड़ी थी और न लहँगा था—सभी ने यूरोपियनोंकी भाँति गाउन पहन रखा था। भारतीय स्त्रियोंकी पोशाकमें यह परिवर्तन मेरे लिये तो संसारका आठवाँ आश्चर्यही था।

यह तो मैं लिख चुका हूँ कि भाई परमानन्दजीके वहाँ जानेके बाद कुछ लोग आर्यसमाजके नामसे परिचित हो गये थे और पं० चंद्रशेखर शर्मा, पं० लक्ष्मण प्रसाद, पं० कुँजबिहारी शर्मा प्रभृतिके प्रचारके कारण कुछ लोग आर्यसमाजी भी कहलाने लगे थे पर उनकी संख्या बहुत थोड़ी थी। ईसाइयोंकी संगठित शक्तिके मुकाबलेमें उनका टिकना कठिन ही था। हमारी आर्य सार्वदेशिक सभाको अमेरिकाके श्वेतांगोंमें वैदिक धर्म प्रचारकी जितनी चिन्ता और उत्सुकता थी उतनी उपनिवेशोंके भारतीयोंकी रक्षाकी नहीं। सन् १९२९ में प्रसिद्ध आर्य पर्यटक और प्रचारक श्री महता जैमिनीजी (अब स्वामी ज्ञानानन्दजी) विश्वभ्रमण करते हुए ब्रिटिश गायना भी पहुँच गये। उन्होंने पं० रामनारायणजीके साथ डमराराका तूफानी दौरा किया और आर्यसमाजके सिद्धान्तोंका यथेष्ट प्रचार किया। डमराराके सिवा दक्षिण अमेरीकाके अन्य उपनिवेशोंमें भी आपके प्रचारकी धूम मच गई थी। सुरीनाममें आपनेही 'आर्य दिवाकर' नामक सभा बनाई। ट्रिनीडाडके माराबेला नामक स्थानमें भी आपके उद्योगसे एक भारतीय पाठशाला खोली गई थी। जैमिनीजी अपने साथ वेद, सत्यार्थ प्रकाश, ऋग्वेदादिभाष्यभूमिका प्रभृति आर्य सामाजिक ग्रथोंकी सैकड़ों प्रतियाँ साथ ले गये थे जिनका वहाँ यथेष्ट प्रचार हुआ। देशभरमें धर्मकी एक लहर दौड़ गई। जैमिनीजी प्रतिदिन दो चार व्याख्यान दिया करते थे। भाषण दिये बिना आपको चैन कहाँ? जिस दिन आप भाषण नहीं दे पाते उस दिन आपको अन्न रुचिकर नहीं लगता। डमराराके श्री लोपचंद महाराजने तो जैमिनीजीको बोलने वाली मशीन (Talking Machine) की उपमा दे डाली है। सत्य बात तो यह है कि जैमिनीजीके प्रचारसे ही वहाँ आर्य समाजकी स्थिति दृढ़ हो सकी। पर खेदकी बात है कि वे अपने स्वभावके अनुसार वहाँ अधिक काल तक ठहरे नहीं, देशभरका तूफानी दौरा करके वहाँसे विदा हो गये। उनके भाषणोंसे हिन्दुओंमें जो जागृति पैदा हो गई थी वह शिथिल हो चली; फिर पाँच साल तक उधर किसीने ध्यान न दिया।

सन् १९३४ में आर्य समाजके प्रसिद्ध प्रचारक पं० अयोध्या प्रसादजी बी० ए० को ब्रिटिश गायना जानेपर मजबूर होना पड़ा। वे यहाँसे गये तो थे अमेरिकाके विश्वधर्म सम्मेलनमें सम्मलित होनेके लिये। आर्य सार्वदेशिक सभाने उनको अपना प्रतिनिधि बनाकर भेजा था। सम्मेलनके बाद वे सभाके आदेशानुसार अमेरिकामें प्रचार कार्य कर रहे थे। वहाँ उनको अपने उद्योगमें कितनी सफलता हुई, यह तो कहना कठिन है। यह तो निश्चयपूर्वक कहा जा सकता है कि एक अच्छी रकम खर्च करने पर भी अमेरिक में आर्य समाजका कोई स्थायी काम नहीं हो सका। खैर, जब उनके पासपोर्टकी अवधि समाप्तिके समीप आ गई और बहुत प्रयत्न करने पर भी जब अमेरिकाके सत्ताधारियोंने अवधि बढ़ानेसे इन्कार कर दिया तो उनको लाचार होकर ब्रिटिश गायनाकी शरण लेनी पड़ी। सच बात तो यह है कि वे अर्थ लोलुप अमेरीकनोंके बींचमें व्यर्थही अपना समय और अपनी शक्ति नष्ट कर रहे थे। डमरारामें उनके प्रचारके लिये उर्बरा क्षेत्र मिला।

डमराराके प्रवासी भारतीयोंने पं० अयोध्या प्रसादजीका हृदय से स्वागत किया और पंडितजीनेभी बड़े उत्साहसे वहाँ प्रचार कार्य आरंभ कर दिया। अल्पकालमें ही उनको आशतीत सफलता हुई। डमरारा तकही उनका प्रचार कार्य सीमित न रहा, बल्कि ट्रिनीडाड तथा सुरीनाम तक फैल गया। आपकी वाणी बड़ी बलवती है। वैदिक धर्मपर आपके गवेषणापूर्ण भाषणोंसे वहाँकी जनता मुग्ध हो गई। जो लोग हिंदू धर्मको सड़ी-गली रूढ़ियोंकी पिटारी मान बैठे थे उनकी आँखे खुल गई। विद्वान् वक्ताने अकाट्य प्रमाणोंसे यह सिद्ध कर दिखाया कि वेदही विश्वके समस्त

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

धर्मोंका मूल है और आर्य संस्कृतिही संसारकी सभी संस्कृतियोंका आदिस्रोत।

पं० अयोध्याप्रसादजीने सार्वदेशिक सभाको किसी ऐसे उपदेशकको वहाँ भेजनेके लिये प्रेरणा की जो वहाँ स्थायी रूपसे रहकर कुछ वर्षोंतक प्रचार कार्य करता रहे। उनको एक उपदेशककी वहाँ सदा बने रहनेकी आवश्यकता प्रतीत हुई। सभाने पं० सत्याचरणजी शास्त्री एम०ए० को इस कार्यके लिये चुनकर वहाँ भेजा। शास्त्रीजीके प्रचारसे वहाँ आर्यसमाजकी धूम मच गई। हिंदुओंने जहाँ खुशीका इजहार किया वहाँ ईसाइयोंमें बड़ी बेचैनी फैली। आर्य समाजकी प्रगति पादरियोंके कार्यमें बाधक बन गई। जहाँ प्रतिवर्ष हजारों हिंदू ईसा मसीहकी शरणमें जाते थे वहाँ आर्य समाजके प्रचारकी बदौलत बहुतसे ईसाई स्वधर्ममें वापस आने लगे। शास्त्रीजीने बड़े उत्साह और लगनसे प्रचारका कार्य किया। पर शास्त्रीजी वहाँ अधिक कालतक ठहर न सके। कुछ ऐसी परिस्थिति उत्पन्न हो गई कि उनको स्वदेश लौट आने पर बाध्य होना पड़ा। पर शास्त्रीजीके हृदयमें प्रवासी भारतीयोंकी सेवाके लिये जो अनुराग पैदा हो गया था, वह घटा नहीं, दिनपर दिन बढ़ताही गया। यहाँ लौटकर वे काँग्रेसके प्रवासी विभागमें शरीक हो गये और उस विभागके मंत्रीकी हैसियतसे वर्षों काम करते रहे। प्रवासी भारतीयोंकी समस्याका आप विशेषज्ञ समझे जाने लगे और भारतके स्वतंत्र हो जानेपर भारत सरकारने आपको ब्रिटिश गायना ओर ब्रिटिश वेस्ट इंडीजके लिये कमिश्नर चुनकर वहाँ भेजा है। वहाँ उनका जैसा आगत-स्वागत हुआ है उसकी कुछ चर्चा "प्रवासी" में हो चुकी है।

सन् १९३६ के अंत में पं० भास्करानन्दजी एम० ए० ब्रिटिश गायना गये। वे आर्यसमाजके एक विद्वान् प्रचारक हैं। वहाँकी अवस्थाका अध्ययन और अनुशीलनके बाद वे इस परिणाम पर पहुँचे कि सन १९१० से लेकर १९३६ तक आर्यसमाजके प्रचार कार्य में जो कुछ प्रगति हो सकी है उसको संगठित और व्यवस्थित कर लेना चाहिये और आगेके लिये कार्यक्रम बना लेना चाहिये। अतएव सन१९३७ के अप्रेलमें उन्होंने डमराराके समस्त आर्यसमाजियोंकी एक परिषद जॉर्जटौनमें बुलाई जिसमें उपनिवेश भरके प्रमुख नेता, प्रतिनिधि और कार्यकर्ता सम्मलित हुए थे। इस परिषदमें सर्वसम्मतिसे अमेरिकन आर्यन लीगकी स्थापनाकी गई जिसके अंतर्गत सभी आर्यसमाजों और आर्य संस्थाओं का संगठन किया गया। यही लीग वहाँके समस्त आर्यसमाजों का प्रतिनिधित्व करती है। इसी लीगके तत्वावधान में पं० भास्करानंदजीने वैदिक धर्म प्रचारका कार्य आरंभ किया। उनके प्रयत्न से स्थानस्थानपर आर्यसमाजकी स्थापना होने लगी प्रवासी हिंदुओंमें नवजीवन और नवजागृतिका उदयहो आया। इस लीगने कई विद्यालय और आर्य मन्दिर भी बनवाए, जिनमें आर्यन ओरियन्टल कॉलिज मुख्य है।इस विद्यालयकी इमारतमें लग भग पचास हजार रुपया खर्च हो चुके हैं। जिस प्रकार सार्वदेशिक सभा आर्यसमाजियोंकी सर्वोपरि सभा समझी जाती है उसी प्रकार ब्रिटिशगायनामें यह अमेरिकन आर्यन लीग आर्यसमाजियोंका प्रतिनिधित्व करने वाली प्रमुख सभा है। यह लीग अपना कार्यक्षेत्र भी बढ़ाती जा रही है, अब तक ट्रिनीडाड और सुरीनामकी अनेक आर्यसभाएँ और संस्थाएँ इसके अन्तर्गत आ चुकी हैं। सुनते हैं कि ट्रिनीडाडकी आर्यप्रतिनिधिसभा और सुरीनामकी आर्य दिवाकर सभा भी अपनी शाखाओं-उप-शाखाओंके साथ इस लीगमें सम्मिलित है। यह कहा जा सकता है कि कोई पन्द्रह बीस हजार मनुष्य इस लीगके झण्डेके नीचे आ चुके हैं और इसीके आदेशानुसार उन देशोंमें आर्यसमाजका प्रचार कार्य होता है। पं० भास्करानन्दजी ने आर्यन कॉलजके लिये बड़ी मेहनतकी है, उनके इस कार्यकी जितनी प्रशंसाकी जाय, थोड़ी है।

प्रोफेसर भास्करानन्दजीकी मौजूदगीमें ही पंडित नारायन दत्तजी सिद्धान्तभूषण अपनी विदुषी पत्नी श्रीमती जानकीदेवीके साथ वैदिकधर्म प्रचारके विचारसे डमरारा पहुंच गये थे। इस दम्पतिने भी वहाँ बड़े उत्साहसे कार्य किया जिससे आर्यसमाजके प्रचारमें आशातीत प्रगति हुई। सन् १९४५ में पंडित भास्करानन्दजी तो स्वदेश लौट आये पर आर्यन ओरियन्टल कॉलेजमें जो उपदेशक तैयार किये गये थे उनके द्वारा प्रचार का काम बराबर हो रहा है। ब्रिटिशगायनामें आर्यसमाजकी कीर्ति-पताका फहरा चुकी है, उसका यश सर्वत्र फैल चुका है और हिंदू अपनी धर्मकी तृषा बुझानेके लिये उसकी शरणमें आरहे हैं। यह सत्य है कि डमराराके समस्त हिन्दूओंको आर्यसमाज अबभी अपने झण्डेके नीचे नहीं लासका है, पर इसबातसेभी कोई इन्कार नहीं कर सकता कि कोई

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भी हिंदुस्थानी आर्यसमाजके प्रभावसे बच नहीं पाया है। ग्राम: सभी भारतीय आर्यसमाज और उसके सिद्धान्तोंसे परिचित हो गये हैं। आर्यसमाज समाजसुधार और विद्या प्रचारके क्षेत्रमें जो थोड़ा-बहुत काम कर सका है उसपर वहांकी प्रवासी जनता मुग्ध है। पहले वहाँ भारतका इतिहास आदि आवश्यक विषय स्कूल और कॉलेजोंमें नहीं पढ़ाये जाते थे पर आर्यसमाजकी बदौलत अवस्थामें बहुत कुछ अन्तर आ गया है। आर्यनओरियन्टल कॉलेजमें लन्दन यूनीवर्सिटी की पाठ विधिके अनुसार हिंदी, संस्कृत, भारतका इतिहास आदि विषय पढ़ानेकी व्यवस्थाकी गई है और अब उसकी देखादेखी अन्य स्कूलोंमें भी इस ओर ध्यान दिया जाने लगा है। स्थान-स्थान पर आर्यसमाजकी तरफसे रात्रिपाठशालाएँ खोली गई हैं। और उनमें बालक और बालिकाओंको हिंदीका अक्षर ज्ञान कराया जाता है।

यह हर्ष और सन्तोषकी बात है कि वहांके प्रवासी भाई अब अपनी मातृभाषाके महत्वको समझने लगे हैं और अनेक कठिनाइयोंके बावजूद भी अपने बच्चोंको हिंदी पढाना नितान्त आवश्यक समझते हैं। यदि आर्यसमाजके द्वारा मातृभाषाके प्रति यह अनुराग उनमें पैदा न हुआ होता तो यह निश्चय है कि एक-दो पुश्तके बाद यहाँ ढूँढने पर भी हिंदी बोलने वालेका दर्शन दुर्लभ हो जाता। वास्तवमें भाषाही किसी जातिकी आत्मा है। यदि दक्षिण अमेरिकाके उपनिवेशोंके प्रवासी भारतीयोंकी भाषा मिट गई तो उनकी भारतियता कैसे बच सकती है? शरीर तो यही रहेगा पर आत्मा नहीं रहेगी; फूल रहेगा, सुगन्ध उड़ जायगी।

ब्रिटिश गायनाके हिन्दूओंके सम्बन्धमें ईसाइयोंकी यह धारणा थी कि अगली एक-दो पीढ़ीमें वे समस्त हिंदुओं को हजम कर जायंगे पर आर्यसमाजके सन्देशने उनकी प्रगतिमें जबरदस्त रुकावट डाल दी है। वहाँ अब शायदही कोई ऐसा अभागा होगा जो आर्यसमाजके नाम और कामसे अनभिज्ञ हो। आर्यसमाजने हिन्दुओंमें यह विश्वास पैदा कर दिया है कि उनका धर्म संसारमें सबसे पुराना और सबसे श्रेष्ठ है। इससे ईसाइयोंमें बड़ी निराशा फैल गई है। उनको एक ऐसा सुन्दर क्षेत्र मिल गया था जहाँ उनके कार्यमें कोई भी बाधक न था पर अकस्मात आर्यसमाजके प्रचारसे उनकी प्रगतिकी गाड़ीमें ब्रेक लग गई। जिससे उनकी सारी आशाएं धूलमें मिल गईं। आर्यसमाज का मुकाबला करनेके लिये उन्होंने "युनायटेड क्रिश्चियन फ्रन्ट" खोला जिसमें सभी सम्प्रदायके ईसाइयोंने शरीक होकर हिन्दुओंको हड़प जानेकी कोशिश की। वहांकी सरकार भी 'सोशल वेलफेर डिपार्टमेन्ट' की स्थापना कर पादरियोंके कार्यमें हर प्रकारसे सहायता पहुँचाने लगी, पर उनको अपने कार्यमें सफलता नहीं हुई। उनके मुकाबलेमें आर्यन लीगने 'युनायटेड हिन्दू फ्रन्ट' खोला। दोनों फ्रन्टों में संघर्ष भी हुआ। अब तक खींचातानी चल रही है। पर पहलेकी भाँति अब आर्यसमाजकी मौजूदगीमें हिन्दुओं को ईसाई बना लेना कोई सहज काम नहीं रहा।

हालहीमें आर्यसमाजके प्रसिद्ध प्रचारक पंडित ऋषिरामजी भी वहाँ पहुँच गये थे। पंडित ऋषिरामजी पूर्व और दक्षिण अफ्रिकामें सफलता पूर्वक प्रचार कर चुके हैं, इसलिये प्रवासियोंकी परिस्थितिसे आप पूर्णतया परिचित हैं। हालहीमें आपने अमेरिका और कनाड़ामें वैदिक धर्म प्रचारका बिचार कर लिया है लेकिन वहाँ जानेसे पूर्व आपने छः महीने दक्षिण अमेरिकाके उपनिवेशोंमें प्रचार करना उचित समझा। इस सिलसिलेमें आपने ब्रिटिश गायनाके सिवाय ट्रिनीडाड और डचगायनामें भी प्रचार किया। ब्रिटिश गायनामें आपके व्याख्यानोंकी अच्छी धूम रही। सन्तोषकी बात यह है कि आपने वहाँके ईसाइयों परभी भारतीय संस्कृतिका अच्छा प्रभाव डाला है। वहाँके ईसाई पहले हिन्दुस्थानी कहलानेमें भी लज्जित होते थे पर अब उनकी मनोवृत्ति बदल गई है और वे अब हिंदुस्थानी होना गौरवका चिन्ह समझने लगे हैं। ज्यों ज्यों डमरारामें आर्यसमाजका प्रचार होता जाता है त्यों त्यों हिंदुओंकी पुरानी कुरीतियाँ विलुप्त होती जा रही हैं। अभी कुछ साल पहले पादरी लोग रात्रिके समय सड़कोंपर बत्तियाँ जलाकर प्रवासी युवकोंके सामने जब हिन्दुओंका सामाजिक कुरीतियोंका चित्र खींचते थे तो स्वभावतः उनके हृदयमें हिन्दू धर्मके प्रति घृणा उत्पन्न हुए बिना न रहती थी। पर आर्यसमाजने समाज सुधार द्वारा उन कुरीतियोंको ही मिटा डाला; इसलिये पादरियोंके पास अब कोई ऐसा साधन न रहा कि वे हिन्दू धर्मकी पोल खोलकर अपना मतलब गांठ सकें। कालीको बकरेका बलिदान चढ़ाना, महावीर स्वामीके नामपर लालझंडा उड़ाना, भूत-प्रेतकी पूजा-अर्चा करना और गण्डातावीज बंधाना इत्यादि रूढ़ियाँ लगभग

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

समाप्त हो चुकी है। आर्यसमाजके प्रचारके कारण वहाँके प्रवासी भारतीयोंमें स्वधर्म, स्वदेश और स्वजातिके लिये अनुराग और अभिमान उत्पन्न हो आया है। वहाँके बहुत से प्रवासी भारतीय आर्यसमाजको "नेशनल रिलीजन" (राष्ट्रधर्म) कहकर पुकारते हैं। उनकी यह धारणा ठीक ही है क्योंकि ऋषिदयानंदने भारतीयोंको राष्ट्रधर्मकी दीक्षा देनेके लिये ही आर्यसमाजकी बुनियाद डाली थी।

खेदकी बात है कि वहाँके प्रवासी भारतीयोंके पास न कोई अच्छा प्रेस है और न कोई प्रभावशाली अखबारही। वहाँके सारे अखबार अंग्रेजोंके हाथमें हैं और जब कभी अवसर मिलता है, वे सब एक मत होकर भारतकी महत्वाकांक्षाओंपर निर्मम प्रहार करते हैं और प्रवासी भारतीयोंकी खिल्ली उड़ाया करते हैं। भारतके स्वाधीनता संग्रामकी वे ऐसी कड़ी आलोचना किया करते थे जिसको पढ़कर प्रवासी भारतीयोंका हृदय प्रकम्पित हो उठता था। पर उनको यथोचित उत्तर देनेके लिये वहाँके प्रवासी भारतीयोंके पास कोई साधनही नहीं है। उन गोरे अखबारोंकी अक्सर यह दलीलें होती थी कि जबतक भारत अंग्रेजोंका गुलाम है तबतक प्रवासी भारतीयोंका प्रश्न एक ब्रिटिश प्रजाके नाते साधारण प्रश्न है, पर यदि हिन्दुस्थान आजाद हो गया तो जिन जिन उपनिवेशोंमें हिंदुस्थानी जा बसे हैं उनकी समस्या बड़ी गम्भीर हो जायगी। वे सब लगभग 'सुडेटनलेन्ड' की पुनरावृत्ति करेंगे और उपनिवेशोंके लिये एक बड़ी भयंकर आफत खड़ी कर देंगे। इस लिये भारतीयोंके साथ अभीसे विदेशियोंकी भांति व्यवहार करना चाहिये और उनको नागरिकका कोई भी अधिकार नहीं देना चादिये। जबसे भारत सचमुच स्वतंत्र हुआ है तबसे उन औपनिवेशिक अंग्रेजोंमें प्रवासी भारतीयोंके प्रति द्वेष और रोष बहुत बढ़ गया है।

भारतीयोंको अपने भविष्यकी चिन्ता होती है। वे जो कुछ कमाते हैं उसमेंसे कुछ बचाकर रखना जरुरी समझते हैं। इसी विशेषगुणके कारण डमराराके भारतीय मजदूरोंने भी अपनी कमाईसे जो कुछ बचाया उसको जमीन खरीदने में लगा दिया। फल यह हुआ कि डमराराकी बहुतसी जमीनें भारतीयोंके दखल-कबजेमें आ गईं और वह समय बहुत दूर नहीं है जबकि वे आर्थिक दृष्टिसे स्वतंत्र हो जायंगे। वहाँ कोई ऐसा भारतीय तो नहीं है जिसको लक्षाधिपति (Millionaire) कहा जा सके, फिर भी ऐसे भारतीयोंकी एक अच्छी संख्या अवश्य है जिनके पास धनकी कोई कमी नहीं है। यह तो कहा जा सकता है कि धान और नरियलकी खेती भारतीयोंकेही हाथमें है। खेती के सिवाय व्यवसायके क्षेत्रमें भी भारतीयोंका प्रवेश हो चुका है। इस प्रकार कुछ भारतीयोंने अपनी अच्छी हैसियत बना ली है।

फिरभी हिंदुस्थानियोंकी एक बहुत बड़ी संख्या अभी तक कोठियोंमें मजदूरी ही करती हैं। ब्रिटिश गायनामें डेढ़ लाख भारतीय बसते हैं उनमें ४० प्रतिशत तो स्वतंत्र व्यवसाय और खेतीबारी करते हैं और शेष ६० प्रतिशत अभीतक गोरोंकी गुलामीसे पिण्ड नहीं छुड़ा पाये हैं। उनको श्वेतांगोंके गन्नेकी कोठियोंमें मेहनत-मजदूरी करके अपना गुजर-वसर करना पड़ता है। इस महँगीके जमानेमें उन मजदूरोंकी हालत बड़ी त्रासदायक हो गई है। खान-पान की चीजोंका दाम कई गुणा बढ़ गया पर उनका दरमाहा नहीं बढ़ा। इससे उनके भूखों मरनेकी नौबत आ गई। वे कबतक ग़म खाते और पेटपर पट्टी बांधकर सो रहते? जब उनके रोने-धोने और गिड़गिड़ानेसे कोई फायदा न हुआ तो लाचार होकर उनको हड़तालका आश्रय लेना पड़ा। यह अभी पिछले सालकी बात है। पेट भर रोटियाँ पानेके लिये उन्होंने हड़ताल की थी पर रोटियोंके बदले उनको बंदूकका गोलियाँ मिली। उनकी आवाजके दबा देनेके लिये अधिकारियोंने दमनका सहारा लिया। कई मजदूरोंको जानसे हाथ धोने पड़े और बहुतसे घायल भी हुए इस विषयपर "प्रवासी" के प्रथम वर्ष के दसवें अङ्कमें अंग्रेजी अग्रलेखभी निकला था।

ब्रिटिश गायनाके गोलिकांड़की जांचके लिये जो कमीशन बैठाया गया था उसकी रिपोर्ट प्रकाशित हो गई है जिसको अंग्रेजोंकी दूषित मनोवृत्तिके नग्न प्रदर्शनके सिवा और क्या कहा जा सकता है? कमीशनने पुलिस द्वारा गोली चलाना परिस्थितिके अनुसार आवश्यक और उचित ठहराया है। इस कमीशनके तीन सदस्य थे जो गवर्नर द्वारा मनोनीत किये गये थे। इस कमीशनके विरुद्ध प्रवासी भारतीयोंमें बड़ा रोष फैला, इंडियन एसोसियेशनकी ओरसे औपनिवेशिक मंत्री क्रीच जोन्स तथा भारत सरकार के पास तार भी भेजे गये। भारतीय वकीलोंने कमीशनका रङ्ग-ढङ्ग देखकर उनके सामने पैरवी कारनाही छोड़ दिया था। इस कमीशनसे जैसी रिपोर्ट की कलपना की गई थी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वैसीही वह निकली भी। पर चारो औरसे विरोधका परिणाम यह हुआ कि अब दो व्यक्तियोंका नया कमीशन औपनिवेशिक सचिवने बैठाया है इस कमीशनने बृटिश गायनामें अपना जाँचकार्य आरंभ भी कर दिया है पर इस कमीशनके बैठ जानेके बाद गवर्नरके कमीशनकी रिपोर्ट प्रकाशित कर देना कहाँका न्याय है? यह तो सर्वथा अनुचित और अन्यायपूर्ण काम हुआ है। जबकि कलोनियल सेक्रेटरीका कमीशनने जाँच कार्य आरंभ कर दिया था तो गवर्नरके कमीशनकी रिपोर्टकी आवश्यकताही क्या थी? पर प्रवासी भारतीयोंके साथ अन्याय-अत्याचार करनाही वहाँके श्वेतांगोंका स्वभाव बन गया है।

संसार इस बातको स्वीकार कर चुका है कि मृतक दाह जमीनमें गाड़नेकी अपेक्षा बहुत अच्छा है। यूरोप और अमेरिकामें तो जगह-जगह श्मशान बन रहे है और उनमें प्रतिवर्ष सहस्त्रों श्वेतांङ्ग मृतक फूँके जाते हैं। दक्षिण अफ्रिकामें जहाँ भारतीयोंपर नाना प्रकारका राजनैतिक अत्याचार होता रहता है वहाँ भी मुर्देको जलानेमें कोई बाधा नहीं डाली जाती है। डरबन, जोहान्सवर्ग आदि दक्षिण अफ्रिकाके सभी प्रमुख नगरोंमें श्मशान बने हुए हैं जिनमें केवल हिंदूही नहीं, श्वेताङ्ग भी फूँके जाते हैं। पर ब्रिटिश गायना, ट्रिनीडाड, जमैका आदि उपनिवेशोंमें मृतक दाह कानूनसे वर्जित है। वहाँके हिंदुओंके आजतक का सारा प्रयत्न निष्फल गया है। हम अपने कमिश्नर पं० सत्याचरणजी शास्त्रीसे बलपूर्वक अनुरोध करेंगे कि वे हिंदुओंको यह धार्मिक अधिकार दिलवानेमें कोई बात उठा न रखें। उनका यही एक काम प्रवासी भारतीयोंमें उनके नामको अजर-अमर बनाये रखेगा।

—:○❀○:—

भारतीयोंमें अनुशासनकी आवश्यकता।

अभी गत अप्रिल मासके प्रथम सप्ताहमें मुजफ्फरपुरमें बिहार राजनैतिक सम्मेलन बड़ी धूमधामसे बिहारके प्रधान मंत्री माननीय श्रीकृष्णसिंहकी अध्यक्षतामें हो गया। पं० जवाहरलाल नेहरुके कर-कमलोंसे सम्मेलनका उदघाटन हुआ था। इस अवसरपर जो घटनाएँ घटी, वे स्वतंत्र भारतके नागरिकोंके नामपर अमिट कलंक हैं। अखबारोंमें यह खबर पढ़कर हम तो ग्लानिसे गड़ गये कि सम्मेलनके आरंभमें ऐसी धकापेल मची जिससे एक लड़का तो भीड़ में दबकर मरही गया और चालीस-पचास आदमी बुरी तरह घायल हुए। नेहरुजीने भीड़को शांत रखनेके लिये बड़ी कोशिश की, पर वहाँ कौन किसकी सुनता है? सभी एक दूसरेको धक्का देकर आगे बढ़ जानेके लिये आतुर थे ताकि उनको बैठने और तमाशा देखनेके लिये अच्छी जगह मिल जावे। भारत-सरकारके वैदेशिक विभागके उपमंत्री डाक्टर केसकर भी भीड़में पड़कर गिर पड़े थे पर भाग्यवश कुछ लोगोंने उनको बचा लिया अन्यथा उस भीड़में दबकर उनका कचूमर निकल गया होता। बिहारके गवर्नर लोकनायक अणेको भी धक्के खाने पड़े और यहाँतक कि बिहारके सर्वोत्तम विभूति डाक्टर राजेन्द्र प्रसादजीको भीड़की उदंडताके कारण फाटकपर रुक जाना पड़ा और बड़ी कठिनाईसे उनको मंच तक पहुँचाया जा सका। आखिर पुलिसको लाचार होकर भीड़को लाठियोंसे खबर लेनी पड़ी।

इस बार जबसे मैं स्वदेशमें स्थायी रुपसे आ बसा हूँ, अपनी रुग्णावस्थाके कारण प्रवासी-भवनसे बाहर जानेका साहस नहीं कर सका फिर भी मैं देशकी जो कुछ हालत देख पाया हूँ उससे मुझे बड़ी निराशा हो रही है। यह सत्य है कि भारतमें वह नया युग आ गया, जिसके लिये चिरकालसे आशा लगी थी; भारतीय जीवनमें जागृति-ज्योति भी जगमगा रही है; स्वाधीनताकी भावना भी बलवती हो उठी है, पर आजादीके साथ जो जिम्मेदारी आती है उसका उसमें सर्वथा अभाव ही है। आजादीकी रक्षाके लिये अनुशासनकी आवश्यकता अनिवार्य है किन्तु हमारे देशवासी उसकी उपेक्षाही कर रहे हैं और इससे सभी नेता चिंतित, उद्विग्न और व्यथित हो उठे हैं। बापू इस अनुशासन हीनतापर देशवासियोंको बराबर फटकार बताया करते थे, पर उनकी पुकार अरण्य-रूदनही सिद्ध हुई।

दक्षिण अफ्रिकामें श्वेताङ्गोंकी अनुशासन-प्रियता देखकर मैं इस परिणाम पर पहुँचा हूँ कि यदि स्वतंत्रता मनुष्यका जीवन है तो अनुशासन आजादीकी आत्मा है। अनुशासनके बिना आजादी जीवित नहीं रह सकती, दक्षिण अफ्रिकाके बड़े-बड़े शहरोंमें अक्सर स्टेशनों, डाक-

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

खानों, नाट्यशालाओं और सिनेमा-गृहोंपर हजारों आदमियोंकी भीड़ जुट जाती है, पर क्या मजाल कि कोई किसी की धक्का लगा दे अथवा पीछे आकर आगे बढ़नेका दुस्साहस कर सके ऐसे अवसरोंपर वहाँ मनुष्योंकी पंक्ति अर्थात् 'क्यू' (Queue) लग जाती है—लोग कतारसे खड़े हो जाते हैं; जो आता है, पंक्तिके अन्तमें खड़ा हो जाता है। एक व्यक्ति दूसरेको कष्ट देना बुरा समझता है। यदि भूल चूकसे कहीं किसीको धक्का लग गया तो उसके लिये खेद प्रकट किया जाता है और माफी माँगी जाती है। पर हमारे देशमें यदि कहीं पचास-सौ मनुष्योंकी भीड़ लग गई तो फिर देख लीजिये धक्कम-धक्काका दृश्य। एक व्यक्ति दूसरे पर टूट पड़ता है, कोई किसीकी पर्वाह नहीं करता। हरएक व्यक्ति यही चाहता है कि उसका काम पहले हो जाय; वह अपने स्वार्थकी सिद्धिके लिये दूसरोंको दबाने या क्लेश पहुंचानेमें कोई भी संकोच नहीं करता। चाहे किसीको आराम पहुँचे या तकलीफ, चाहे कोई जीये या मरे, उसको पर्वाह नहीं—बस अपना मतलब पूरा हो जाना चाहिये।

कुछ साल पहले एक भारतीय भीड़में पड़कर मैं मौत के दरवाजे तक पहुँच गया था। मैं भीड़से तो भागता फिरता हूँ, पर उस दिन भाग्यके फेरसे भीड़के चक्रव्यूहमें फंस गया। बात यह हुई कि पंडित जवाहर लाल नेहरू अजमेर पधारे थे। उनके स्वागत-सत्कारके लिये रात्रिमें जो सार्वजनिक सभा हुई थी, इच्छा होते हुए भी उसमें शरीक होनेकी मेरी हिम्मत न हुई। मेरे निर्बल शरीरमें अब भारतीय भीड़की धक्कमधक्का सहनेकी शक्ति नहीं रही। उस रात्रिको प्रकृतिके प्रकोपसे सभा भी भंग हो गयी। ज्योंही नेहरूजी बोलनेको खड़े हुए त्योंही आंधी और वृष्टिने आकर ऐसा तूफान मचाया कि पंडितजी एक शब्द भी न बोल पाये और लगभग पचास-हजार प्राणियोंको हताश होकर लौट जाना पड़ा।

दूसरे दिन अजमेर म्यूनिसिपैलटीने पंडितजीको टाउन-हालमें अभिनन्दनपत्र देनेका निश्चय किया था म्यूनिसिपिल कौंसिलका आमन्त्रण मुझे भी मिला था पर भीड़के भयसे वहाँ भी जानेका मेरा विचार नहीं था। म्यूनिसिपल कौंसिलके एक सदस्य, श्री दत्तात्रेय वाव्ले एम० ए० ने टाउन-हालकी सभामें आनेके लिये मुझसे विशेष आग्रह किया और यह विश्वास दिलाया कि वहाँ भीड़-भड़क्काकी तो कोई सम्भावना ही नहीं है क्योंकि केवल दो सौ नागरिकोंको म्यूनिसिपैलिटीकी तरफसे आमंत्रित किया गया है; उनके बैठनेके लिये कुर्सियोंका बन्दोबस्त हुआ है अतएव वहाँ भीड़ जुड़नेकी कोई आशङ्का नहीं है। उनका आश्वासन पाकर मैंने सभामें शरीक होनेका निश्चयकर लिया।

रात्रिकी सभा भङ्ग हो जानेसे जनता बहुत निराश हो गई थी। अतएव कांग्रेस कर्मियोंने दूसरे दिन सवेरे उसी स्थान पर सार्वजनिक सभाकी व्यवस्था कर डाली। मैं उस सभामें भी शरीक हुआ पर मुख्य वेदीपर बैठनेके कारण मुझे कोई कष्ट न होने पाया। वहाँसे मैं टाउन-हाल की सभामें पहुँचा। आमन्त्रित व्यक्तियोंकोही हालमें प्रवेश करनेका अधिकार था। मुझे मंचके पासही बैठनेको कुर्सी मिल गई। पंडितजी सभामें आ पहुँचे, उनके पीछे पीछे सार्वजनिक सभा वाली भीड़ भी आ पहुँची। म्यूनिसिपैलिटी वालोंने देशभक्तिकी भावनामें आकर पुलिसका प्रबन्ध नहीं किया था। स्वयंसेवकोंसे काम लेनाही तै कर लिया था। पर भारतीय भीड़ तो पुलिसके डण्डेसे ही अनुशासनमें रखी जा सकती है। बेचारे स्वयंसेवकोंकी कौन पर्वाह करता है? स्वयंसेवकोंकी बड़ी दुर्गति हुई, उनको धक्के देकर सारी भीड़ टाउन-हालके अहातेमें पहुँच गई। वहाँ भी स्वयंसेवक हाथ जोड़कर शान्त रहनेके लिये प्रार्थना करके हार गये, पर अनुशासनहीन जनता उनकी बात कहाँ सुनने वाली? फलस्वरुप इधर पंडितजीने अतीत कालकी आर्य संस्कृतिका गुणगान करना आरम्भ किया और इधर भीड़ने हल्ला मचाकर अपने प्रतिष्ठित अतिथिका अपमान करना। नेहरुजीको तीन बार भाषण बन्द करके दरवाजे पर जाना पड़ा और भीड़को इन्सानकी तरह शान्त रहनेको समझाना पड़ा। जब उनकी चेष्टा भी विफल हो गई, उनकी प्रार्थनाका भीड़पर कोई प्रभाव न पड़ा तो विवश होकर भाषण ही बंद कर दिया। लोग एक महत्वपूर्ण भाषणसे बंचित रह गये।

पर अपनी इस अधम करतूतपर भी भीड़ सन्तुष्ट न हुई। सभा विसर्जित होने पर वह टाउन-हालके सभी दरवाजोंसे अन्दर घुसने लगी। मैं घबड़ा उठा। सोचा कि कहाँ आ फंसा? यह भी इरादा कर लिया कि मुझे अपनी जगह पर डटे रहना चाहिये, यहाँसे हटना नहीं चाहिये अन्यथा भीड़में दबकर भुरता बन जानेका भय है। पर मेरी इच्छा पूरी न होने पायी। भीड़ने मुझे एक किनारे

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

खड़ा भी न रहने दिया। जिधर मैं खड़ा था, उधरसे भी एक रेला आया और मुझे ठेल-ठालकर भीड़के बीचमें पहुँचा दिया। कई स्वयंसेवक दौड़ पड़े, मेरी रक्षा करनेके लिये। पर उस भीड़के सामने उनका कोई बश न चला। भीड़ मुझे धकियाते हुए टाउन-हालके मुख्य-फाटक पर ले गई। वहाँ पहलेसे ही भीड़ लगी हुई थी। ठीक उसी समय सेठ भागचन्द सोनीकी मोटर उस भीड़को चीरकर बीचमें आ खड़ी हुई—पंडितजीको वहाँसे ले जाने के वास्ते। अब तो और भी आफत आई। बेचारी इन्दिरा (पं० जवाहर लालजी की पुत्री) को भीड़में धक्के खाने पड़े वह दृश्य मेरे लिये असह्य हो उठा। मेरे निर्बल शरीरमें उस समय उत्तेजनासे विक्रमका बल आ गया। मैं भीड़को चीर कर इन्दिराके पास पहुँचही गया और किसी तरह मोटरका दरवाजा खोलकर उनको अन्दर बैठा दिया। काश्मीरके शेख अब्दुल्ला भी किसी तरह मोटरमें आ बैठे। पर उसी समय एक रेला इस तेजीसे आया कि मेरे पैर उखड़ गये और मोटरसे दस बारह गजकी दूरी पर मैं भीड़ के बीचमें जा दबा। चारों तरफसे भीड़ मेरे रुग्ण और निर्बल शरीरको इस तरह दबोच रही थी कि मेरा जीवन ही संकटमें पड़ गया। ऐसा प्रतीत हुआ कि अब दम उखड़ने में देर न लगेगी। सोचा कि जिस भीड़से बचनेकी इतनी चेष्टा कर रहा था, आखिर उसी भीड़में दबकर मेरी हालत इतनी नाजुक हो गई कि दो तीन मिनिटमें और मेरा प्राणान्त हो जाना निश्चित था।

उसी समय पंडित जवाहर लालजी मोटरके पास आ पहुँचे और देवयोगसे उनकी दृष्टि मुझपर पड़ गई। 'अरे, स्वामी भवानीदयाल तो भीड़में दब रहे हैं।' कहकर वह जवांमर्द लोगोंको धकियाते और गर्दनिया देते तीरकी भाँति क्षण भरमें मेरे पास पहुँचही गये और मेरी बाँह पकड़कर मोटरमें इन्दिराके पास मुझे ला बिठाया। स्वयं मोटरके 'मड गार्ड' पर खड़े होकर सोफरको हुक्म दिया, 'अब चलाओ मोटर।' मोटर दौड़ी, उसके पीछे-पीछे भीड़ भी दौड़ी। मैं सोचने लगा कि यह बुद्धिमान इनसान है या ज्ञान शून्य हैवान? उन्होंने पंडित नेहरुको देख लिया, उनका भषण भी सुन लिया, अब पागलकी भाँति उनकी मोटरके पीछे-पीछे क्यों दौड़ रहे हैं? क्या संसारकी किसी स्वतंत्र और सभ्य कौममें यह भेडिया-धसान हो सकता है? पंडित जवाहरलालजी उसी प्रकार "मड गार्ड" पर खड़े रहे जब मोटर कुछ दूर निकल गई और भीड़ पीछे रह गई तब मेरे कहनेसे मोटर रुकी। मोटरसे उतरकर मैंने पंडितजीको धन्यवाद देते हुए कहा कि यदि वे उस संकट की घड़ीमें भीड़को चीरकर मेरे पास न पहुँच जाते और मुझे बचा न लेते तो एक दो मिनिटमें ही मेरा दम उखड़ जाता—मेरी जान चली जाती। उन्होंने भी अपने देश वासियोंकी अनुशासन-हीनता पर बड़ा अफसोस प्रकट किया।

भारत आजाद हो गया है पर नियन्त्रण और अनुशासनके बिना उसकी रक्षा न हो सकेगी। इस प्रकारकी अनियन्त्रित भीड़ राष्ट्रके लिये बड़ा कलंक है। स्वतंत्र राष्ट्र में बलवान निर्बल के और पुरुष स्त्री एवं बच्चोंके सुख-सुभीतेका ध्यान रखता है। स्वयं कष्ट उठाता है, पर दूसरों को कष्ट नहीं होने देता। स्वतंत्र राष्ट्रोंमें मैंने देखा है कि यदि कोई देवी रेल या ट्राम पर सवार हुई और जगह खाली नहीं मिली तो अनेक पुरुष उठकर अपनी बैठक उसको देनेको प्रस्तुत हो जाते हैं। पर भारतमें देखता हूँ कि हट्टे कट्टे जवान रेल गाड़ीमें बिस्तर बिछाकर और टाँग पसारकर पड़े हैं और उनके पासही स्त्री गोदमें बच्चे लिये खड़ी है। पर उनका आसन जरा भी नहीं डोलता। यदि वह औरत बैठनेके लिये थोड़ीसी जगहकी याचना करती है तो उसको जबाब मिलता है कि हमने भी किराये दिये हैं फिर तुमको अपनी जगह क्यों दे देवें?

आजादीका यह तकाज़ा है कि लोग अपने इस व्यवहारको बदलें, अपने उत्तरदायित्वको समझें और अनुशासन का पालन करें अन्यथा स्वतंत्र भारत गुलाम भारतसे भी बदतर बन जायगा। सार्वजनिक कार्यकर्त्ताओंको चाहिये कि जनताको नियम और संयमसे रहनेकी शिक्षा देवें। हमारे देशमें लोग ठांव-कुठांव नहीं देखते, जहाँ मर्जी होती है, थूक देते हैं। यह बड़ा गन्दी आदत है और आजाद कौमके लिये बड़ी बदनामीकी बात है। संसारमें आपको और कहाँ दफ्तरोंमें ऐसे तख्ते लगे हुए मिलेंगे जिनपर लिखा हो कि 'थूकना मना है'। ये तख्ते संसारमें हमारी गन्दी आदतकी विज्ञप्ति करते हैं। अंग्रेजोंकी यह आदत देखकर मैं मुग्ध रह गया हूँ कि वे सिगरेट सुलगाकर शहरकी सड़कों पर दियासलाईकी कड़ी तक नहीं फेंकते। दक्षिण अफ्रिकाके बड़े-बड़े शहरोंमें टेलीफोन या बिजली बत्तीके खम्भोंमें रद्दीके टोकरे बंधे रहते हैं, उसीमें लोग

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

माचिसकी कड़ी, सिगरेटके टुकड़े या रद्दी कागज डालते हैं, सड़कोंको गन्दा करना वे अपराध समझते हैं। यहाँ तो यह देखकर मैं ग्लानिसे गड़ जाता हूँ कि कितने लोग आम सड़कपर सबके सामने पेशाब तक किया करते हैं उनको केवल पुलिसका भय रहता है, इसलिये पेशाब करनेसे पहले इधर-उधर पुलिसको देख लेना जरूरी समझते हैं। पर आजाद मुल्कमें पुलिस तो दूर रही। इस तरह सड़क पर मल मूत्र करनेवाले धृष्ट व्यक्तिको शिष्ट नागरिकही ऐसी शिक्षा देंगे कि फिर किसीको ऐसी ढिठाई करनेकी हिम्मत नहीं हो सकती।

हमारे देशके विद्वान वक्ता अक्सर साधारण जनताके सामने भी धर्मके मर्मपर और फिलासफीकी बारीकियोंपर व्याख्यान दिया करते हैं, उनसे मैं प्रार्थना करूँगा कि पहले जनताको संयम, सफाई और अनुशासनकी आवश्यकता और उपयोगिता बतलायें। जो लोग अभी नागरिकके कर्तव्योंका ककहरा भी नहीं जानते, उनके सामने फिलासफीपर लेकचर झाड़ना वैसेही है जैसे भैंसके सामने बैठकर वेणु बजाना। स्वतंत्र भारतके सामने पहला काम है, नागरिक जीवनका निर्माण और उसी पर हमारे देशका भविष्य निर्भर है।

परदेशी

[लेखकः स्वर्गीय श्री प्रेमचन्दजी]

(१)

(१)

माँ और बेटी एक झोंपड़ी में गांवके उस सिरे पर रहती थीं। बेटी बागसे पत्तियां बटोर लाती, माँ भाड़ झोंकती। यही उनकी जीविका थी। सेर दो सेर अनाज मिल जाता था, खा कर पड़ रहती थीं। माता विधवा थी, बेटी क्वारी; घरमें और कोई आदमी न था। माँ का नाम गंगा था, बेटीका गौरा।

गंगाको कई सालसे यह चिन्ता लगी हुई थी कि कहीं गौराकी सगाई हो जाय, लेकिन कहीं बात पक्की न होती थी। अपने पतिके मर जानेके बाद गंगाने कोई दूसरा घर न किया था, न कोई दूसरा धंधा करती थी, इससे लोगों को संदेह हो गया था कि आखिर इसका गुजर कैसे होता है? और लोग तो छाती फाड़-फाड़कर काम करते हैं फिर भी पेटभर अन्न मयस्सर नहीं होता। यह स्त्री कोई धंधा नहीं करती, फिर भी माँ बेटी आरामसे रहती हैं, किसीके सामने हाथ नहीं फैलातीं। इसमें कुछ न कुछ रहस्य है। धीरे-धीरे यह सन्देह और भी दृढ़ हो गया, और वह अबतक जीवित था। बिरादरीमें कोई—गौरासे सगाई करने पर राजी न होता था; शूद्रोंकी बिरादरी बहुत छोटी होती है। दस पाँच कोससे उसका अधिक क्षेत्र नहीं होता। इसलिये एक दूसरेके गुणदोष किसीसे छिपे नहीं रहते, न उनपर परदा ही डाला जा सकता है।

इस भ्रान्तिको शान्त करनेके लिये माँने बेटीके साथ कई तीर्थ यात्राएँ कीं। उड़ीसा तक हो आई, लेकिन संदेह न मिटा। गौरा युवती थी, सुन्दरी थी, पर उसे किसीने कुएँ पर या खेतोंमें हंसते बोलते नहीं देखा। उसकी निगाह कभी ऊपर उठती ही नहीं थी। लेकिन यह बातें भी सन्देह को और पुष्ट करती थीं। अवश्य कोई न कोई रहस्य है। कोई युवती इतनी निष्ठुर, इतनी सती नहीं हो सकती। कुछ गुप-चुपकी बात अवश्य है?

यों ही दिन गुजरते जाते थे। बुढ़िया दिन दिन चिन्ता से घुल रही थी। इधर सुन्दरीकी मुख-छबि दिन दिन निखरती जाती थी। कली खिलकर फूल हो रही थी।

(२)

एक दिन एक परदेशी गांवसे होकर निकला। दस बारह कोससे आ रहा था। नौकरीकी खोजमें कलकत्ते जा

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

रहा था। रात हो गई। किसी कहारका घर पूछता हुआ गंगाके घर आया। गंगाने उसका खूब आदर सत्कार किया, उसके लिये गेहूँका आटा लाई घरमे बरतन निकालकर दिये। कहारने पकाया, खाया, लेटा, बातें होने लगी। सगाईकी चर्चा छिड़ गई। कहार जवान था गौरा पर निगाह पड़ी, उसका रंग-ढंग देखा, उसकी सलज्जछबि आँखोंमें खुब गई। सगाई करने पर राजी हो गया। लौट कर घर चला गया, दो चार गहने अपनी बहनके यहाँसे लाया, गाँवके बजाजमे कपड़े लिये, और दो चार भाई बन्दों के साथ सगाई करने आ पहुंचा। सगाई हो गई, यहीं रहने लगा। गंगा बेटी और दामादको आँखोंसे दूर न कर सकती थी।

किन्तु दसही पाँच दिनोंमें मँगरूके कानोंमें इधर-उधर की बातें पड़ने लगीं। बिरादरी ही के नहीं, अन्य जाति वाले भी उसके कान भरने लगे। ये बातें सुनसुनकर पछताता था कि नाहक यहाँ फँसा। पर गौराको छोड़नेका खयाल करके उसका दिल काँप उठता था।

एक महीने बाद मँगरू अपनी बहनके गहने लौटाने गया। खाना खानेके समय उसका बहनोई उसके साथ भोजन करने न बैठा। मँगरूको कुछ सन्देह हुआ, बहनोईसे बोला-तुम क्यों नहीं आते ?

बहनोईने कहा—तुम खालो, मैं फिर खाऊँगा।

मँगरू—बात क्या है ? तुम खाने क्यों नहीं उठते ?

बहनोई—जबतक पंचाइत न होगी मैं तुम्हारे साथ कैसे खा सकता हूँ। तुम्हारे लिये बिरादरी तो न छोड़ दूंगा। किसीसे पूछा न गूछा एक हरजाईसे सगाई करली।

मँगरू चौकेपर से उठ आया, मिर्जई पहनी और ससुराल चला आया। बहन खड़ी रोती रह गई।

उसी रातको वह किसीसे कुछ कहे सुने बगैर, गौराको छोड़कर कहीं चला गया। गौरा नींदमें मग्न थी। उसे क्या खबर थी कि वह रत्न जो मैंने इतनी तपस्याके बाद पाया है, मुझे सदाके लिये छोड़े चला जा रहा है।

(३)

कई साल बीत गये। मँगरूका कुछ पता न चला। कोई पत्र तक न आया, पर गौरा बहुत प्रसन्न थी। वह माँगमें सिन्दूर डालती रंग बिरंगके कपड़े पहनती और पैरों पर 'मस्सी'के धड़े जमाती। मँगरू भजनोंकी एक पुरानी किताब छोड़ गया था। उसे कभी कभी पढ़ती और गाती। मँगरू ने उसे हिंदी सिखा दी थी। टटोल टटोल कर भजन पढ़ लेती थी।

पहले वह अकेली बैठी रहती थी। गाँवकी और स्त्रियों के साथ बोलते चालते उसे शर्म आती थी। उसके पास वह वस्तु न थी जिसपर दूसरी स्त्रियां गर्व करती थीं। सभी अपने अपने पतिकी चरचा करतीं। गौराके पति कहां था ? वह किस की बातें करती ? अब उसके भी पति था। अब वह अन्य स्त्रियोंके साथ इस विषय पर बातचीत करनेकी अधिकारिणी थी। वह भी मँगरूकी चर्चा करती, मँगरू कितना स्नेह शील है, कितना सज्जन, कितना वीर ! पति-चर्चा से उसे कभी तृप्ति ही न होती थी।

स्त्रियां पूछती—मँगरू तुझे छोड़कर क्यों चले गये ?

गौरा कहती—क्या करते मर्द कभी सुसरालमें पड़ा रहता है, देश परदेशमें निकल कर चार पैसे कमाना ही तो मर्दोंका काम है, । नहीं तो मान मरजाद का निबाह कैसे हो ?

जब कोई पूछता चिट्ठी पत्री क्यों नहीं भेजते ? तो हँसकर कहती—अपना पता ठिकाना बताते डरते हैं। जानते हैं न कि गौरा आकर सिर पर सवार हो जायगी। सच कहती हूँ, उनका पता ठिकाना मालूम हो जाय तो यहां मुझसे एक दिन भी न रहा जाय। वह बहुत अच्छा करते हैं कि मेरे पास चिट्ठी पत्री नहीं भेजते। बिचारे परदेशमें कहां गिरस्ती सँभालते फिरेंगे।

एक दिन किसी सहेलीने कहा—हम न मानेंगे, तुझसे जरूर मँगरू से झगड़ा हो गया, नहीं तो बिना कुछ कहे सुने क्यों चले जाते।

गौराने हँसकर कहा—बहन अपने देवता से भी कोई झगड़ा करता है। वह मेरे मालिक हैं, भला मैं उनसे झगड़ा करूँगी। जिस दिन झगड़ेकी नौबत आयगी कहीं डूब मरूँगी। मुझसे कहके जाने पाते ? मैं उनके पैरोंसे न लिपट जाती !

(४)

एक दिन कलकत्ते से एक आदमी आकर गंगाके घर ठहरा। पासही किसी गांवमें अपना घर बताया। कलकत्ते में वह मँगरूके पड़ोस हीमें रहता था। मँगरूने उस से गौराको अपने साथ लानेको कहा था। दो साड़ियां और राह खर्चके लिये कुछ रुपये भी भेजे थे। गौरा फूली न समाई। बूढ़े ब्राह्मणके साथ चलनेको तैयार हो गई।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चलते वक्त वह गाँवकी सब औरतों से गले मिली। गंगा उसे स्टेशन तक पहुँचाने गई। सब कहते थे बिचारी लड़कीके भाग जाग गये, नहीं तो यहाँ कुढ़ कुढ़ कर मर जाती।

रास्ते भर गौरा सोचती जाती थी—न जाने वह कैसे हो गये होंगे। अब तो मूछें अच्छी तरह निकल आई होंगी। परदेसमें आदमी सुखसे रहता है। देह भर आई होगी। बाबू साहब हो गये होंगे। मैं पहले दो तीन दिन उनसे बोलूंगी ही नहीं। फिर पूछूंगी तुम मुझे छोड़कर क्यों चले गए? अगर मेरे बारेमें किसीने कुछ बुरा-भला कहा ही था तो तुमने उसका विश्वास क्यों कर लिया। तुम अपनी आँखोंसे न देखकर दूसरोंके कहने पर क्यों गये? मैं भली हूँ या बुरी हूँ, हूँ तो तुम्हारी, तुमने मुझे इतने दिनों रुलाया क्यों? तुम्हारे बारेमें अगर इसी तरह कोई मुझसे कहता तो क्या मैं तुमको छोड़ देती? जब तुमने मेरी बाँह पकड़ ली तो तुम मेरे हो गये। फिर तुममें लाख ऐब हो मेरी बलासे, चाहे तुम तुर्कही क्यों न हो जाओ, मैं तुम्हें छोड़ नहीं सकती, तुम क्यों मुझे छोड़कर भागे? क्या समझते थे भागना सहज है? आखिर झक मारकर बुलाया कि नहीं? कैसे न बुलाते? मैंने तो तुम्हारे ऊपर दया की, कि चली आई, नहीं कह देती कि मैं ऐसे निर्दईके पास नहीं जाती, तो फिर तुम आप दौड़ आते। तप करनेसे तो देवता भी मिल जाते हैं, आकर सामने खड़े हो जाते हैं। तुम कैसे न आते? वह बार बार उद्विग्न हो होकर बूढ़े ब्राह्मणसे पूछती अब कितनी दूर है? क्या धरतीके ओर परे रहते हैं क्या? और भी कितनीही बातें पूछना चाहती थी पर संकोच वश न पूछ सकती थी। मनही मन अनुमान करके अपने को संतुष्ट कर लेती थी। उनका मकान बड़ा सा होगा, शहरोंमें लोग पक्के घरोंमें रहते हैं। जब उनका साहब इतना मानता है तो नौकर भी होगा। मैं नौकरको भगा दूंगी। मैं दिन भर पड़े पड़े क्या करूँगी।

बीच बीचमें उसे घरकी याद भी आ जाती थी। बिचारी अम्मा रोती होंगी। अब उन्हें घरका सारा काम आपही करना पड़ेगा। न जाने बकरियोंको चराने ले जाती हैं या नहीं। बिचारी दिन भर मेंमें करती होंगी। मैं अपनी बकरियोंके लिये महीने महीने रुपये भेजूंगी। जब कलकत्ते से लौटूंगी तो सबके लिये साड़ियां लाऊँगी। तब मैं इस तरह थोड़े ही लौटूंगी। मेरे साथ बहुत सा असबाब होगा। सबके लिये कोई न कोई सौगात लाऊँगी तबतक तो बहुत सी बकरियां हो जायगी।

(५)

तीसरे दिन गाड़ी कलकत्ते पहुँची। गौराकी छाती धड़ धड़ करने लगी। यहीं कहीं खड़े होंगे। अब आतेही होंगे। यह सोचकर उसने घूंघट निकाल लिया और संभल बैठी। मगर मँगरू वहाँ दिखाई न दिया बूढ़ा ब्राह्मण बोला—मँगरू यहाँ तो नहीं दिखाई देता, मैं चारों ओर छान आया। शायद किसी काममें लग गया होगा, मालूम भी तो न था कि हम लोग किस गाड़ीसे आ रहे हैं। उनकी राह क्यों देखें चलो डेरे पर चलें।

दोनों गाड़ी पर बैठ कर चले। गौरा कभी तांगे पर सवार न हुई थी। उसे गर्व हो रहा था कि कितने ही बाबू लोग पैदल जा रहे हैं, मैं तांगे पर बैठी हूँ।

एक क्षणमें गाड़ी मँगरूके डेरे पर पहुँच गई। एक विशाल भवन था अहाता साफ-सुथरा, सायबानमें फूलोंके गमले रखे हुए थे। ऊपर चढ़नेके लिये संगमरमरकी सीढ़ी थी गौरा ब्राह्मणके साथ ऊपर चढ़ने लगी। विस्मय, आनन्द और आशासे उसे अपनी सुधि ही न थी। सीढ़ियों पर चढ़ते चढ़ते पैर दुखने लगे यह सारा महल उनका है! किराया बहुत देना पड़ता होगा। रुपये को तो कुछ समझतेही नहीं। उसका हृदय धड़क रहा था कि कहीं मँगरू ऊपरसे उतरते आ न रहे हों। सीढ़ी पर भेंट हो गई तो मैं क्या करूँगी। भगवान करे वह सोते पड़े हों, तब मैं जगाऊँ और वह मुझे देखतेही हड़बड़ाकर उठ बैठें। आखिर सीढ़ियों का अंत हुआ। ऊपर एक कमरेमें ले जाकर ब्राह्मण देवताने बैठा दिया। यही मंगरूका डेरा था। मगर मँगरू यहां भी नदारद! कोठरीमें केवल एक खाट पड़ी हुई थी। एक किनारे दो चार बरतन रखे हुए थे। यही उनकी कोठरी है! तो मकान किसी दूसरेका है, उन्होंने यह कोठरी किराये पर ली होगी। देखती है चूल्हा ठंडा पड़ा हुआ है, मालूम होता है रातको बाजारमें पूरियां खाकर सो रहे होंगे। यही उनके सोनेकी खाट है। एक किनारे घड़ा रखा हुआ था। गौराका मारे प्यासके तालू सूख रहा था। घड़ेसे पानी उँडेल कर पिया। एक किनारे एक झाड़ रखा हुआ था। गौरा रास्तेकी थकी थी, पर प्रेमोल्लासमें थकन कहां? उसने कोठरीमें झाड़ू लगाया, बरतनोंको धो-धो कर एक जगह

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

रखा। कोठरीकी एक एक वस्तु, यहां तक कि उसकी फर्श और दीवारोंमें उसे आत्मीयताकी झलक दिखाई देती थी। उस घरमें भी, जहां उसने अपने जीवनके २५ वर्ष काटे थे, उसे अधिकारका ऐसा गौरव युक्त आनन्द न प्राप्त हुआ था।

मगर उस कोठरीमें बैठे बैठे उसे संध्या हो गई और मंगरूका कहीं पता नहीं। अब छुट्टी मिली होगी। साँझको सब जगह छुट्टी होती है। अब वह आ रहे होंगे। मगर बूढ़े बाबाने उनसे कह तो दिया ही होगा; क्या वह अपने साहबसे थोड़ी देरकी छुट्टी न ले सकते थे? कोई बात होगी, तभी तो नहीं आये।

अँधेरा हो गया। कोठरीमें दीपक न था। गौरा द्वार पर खड़ी पतिकी बाट देख रही थी। जीनेपर बहुतसे आदमियोंके चढ़ने उतरनेकी आहट मिलती थी, बार-बार गौराको मालूम पड़ता था वह आ रहे हैं, पर इधर कोई न आता था।

९ बजे बूढ़े बाबा आए। गौराने समझा मँगरू हैं। लपटकर कोठरीके बाहर निकल आई। देखा तो ब्राह्मण। बोली—वह कहां रह गए?

बूढ़ा—उनकी तो यहांसे बदली हो गई। दफ्तरमें गया था तो मालूम हुआ कि वह अपने साहबके साथ यहांसे कोई ८ दिनके राह पर चले गये। उन्होंने साहबसे बहुत कुछ हाथ पैर जोड़े कि मुझे १० दिनकी मुहलत दे दीजिये, लेकिन साहबने एक न मानी। मँगरू यहाँ लोगोंसे कह गये हैं कि घरके लोग आएं तो मेरे पास भेज देना। अपना पता दे गये हैं। कल मैं तुम्हें यहाँसे जहाज पर बैठा दूंगा। उस जहाज पर हमारे देशके और भी बहुतसे आदमी होंगे, इसलिये मार्गमें कोई कष्ट न होगा।

गौराने पूछा—कै दिनमें जहाज पहुँचेगा?

बूढ़ा ८, १० दिनसे कम न लगेंगे, मगर घबरानेकी कोई बात नहीं। तुम्हें किसी बातकी तकलीफ न होगी।

अबतक गौराको अपने गाँव लौटनेकी आशा थी। कभी न कभी वह अपने पतिको वहाँ अवश्य खींच ले जायगी। लेकिन जहाजपर बैठकर उसे ऐसा मालूम हुआ कि अब फिर माताको न देखूंगी, फिर गाँवके दर्शन न होंगे, देशसे सदाके लिए नाता टूट रहा है। वह देर तक घाटपर खड़ी रोती रही, जहाज और समुद्र देखकर उसे भय हो रहा था, हृदय दहला जाता था।

शामको जहाज खुला। उस समय गौराका हृदय एक अलक्ष्य भयसे चंचल हो उठा। थोड़ी देरके लिये नैराश्यने उसपर अपना आतंक जमा दिया। न जाने किस देश जा रही हूँ, उनसे वहाँ भेंट भी होगी या नहीं। उन्हें कहाँ खोजती फिरूँगी कोई पता ठिकाना भी तो नहीं मालूम। बार बार पछताती कि एक दिन पहले क्यों न चली आई। कलकत्तेमें भेंट हो जाती तो मैं उन्हें कभी वहां न जाने देती।

जहाजपर और भी कितनेही मुसाफिर थे। कुछ स्त्रियाँ भी थीं। उनमें बराबर गाली गलौज होती रहती थी, इसलिए गौराको उनसे बातें करनेकी इच्छा न होती थी। केवल एक स्त्री उदास दिखाई देती थी। रंग ढंगसे वह किसी भले घरकी स्त्री मालूम होती थी। गौराने उससे पूछा तुम कहां जाती हो बहन?

उस स्त्रीकी बड़ी बड़ी आँखे सजल हो गईं। बोली—कहां बताऊं बहन, कहां जा रही हूं। जहां भाग्य लिए जाता है वहीं जा रही हूं। जहां जानेकी स्वप्नमें भी कल्पना न थी वहीं जा रही हूं तुम कहां जा रही हो?

गौरा—मैं तो अपने मालिकके पास जा रही हूं। जहां यह जहाज रुकेगा वहीं वह नौकर हैं। मैं कल आ जाती तो उनसे कलकत्तेमें भेंट हो जाती। आनेमें देर हो गई। क्या जानती थी कि वह इतनी दूर चले जायँगे, नहीं क्यों देर करती!

स्त्री—अरे बहन, कहीं तुम्हें भी तो कोई बहकाकर नहीं लाया है? तुम घरसे किसके साथ आई हो?

गौरा—मेरे मालिकने तो कलकत्ता से आदमी भेजकर मुझे बुलाया था।

स्त्री—वह आदमी तुम्हारी जान पहचान का था?

गौरा—नहीं, उसी तरफको एक बूढ़ा ब्राह्मण था।

स्त्री—वही लम्बा सा, दुबला पतला लक-लक बुड्ढा, जिसको एक आँखमें फूली पड़ी हुई है?

गौरा—हाँ हाँ वही क्या तुम उसे जानती हो?

स्त्री—उसी दुष्टने तो मेरा भी सर्वनाश किया है। ईश्वर करे उसकी सातों पुश्तें नरक भोगें, उसका निर्वंश हो जाय, कोई पानी देने वाला न रहे, कोढ़ी होकर मरे। मैं अपना वृतान्त सुनाऊँ तो तुम समझोगी झूँठी है। किसी पर विश्वास न आयेगा। क्या कहूं, बस यही समझ लो कि इसके कारण मैं न घरकी रह गई न घाटकी। किसीको

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मुँह नहीं दिखा सकती। मगर जान तो बड़ी प्यारी होती है। मिरिचके देश जा रही हूं कि वहीं मेहनत मजूरी करके जीवनके दिन काटूँ।

गौराके प्राण नहोंमें समा गये। मालूम हुआ जहाज अथाह जलमें डूबा जा रहा है। समझ गई कि बूढ़े ब्राह्मणने दग़ा की। अपने गांवमें सुना करती थी कि ग़रीब लोग मिरिचमें भरती होने जाया करते हैं। मगर जो वहाँ जाता है फिर नहीं लौटता। हा भगवान तुमने मुझे किस पापका दण्ड दिया? बोली—बहन यह सब क्यों लोगोंको इस तरह छल कर मिरिच भेजते हैं?

स्त्री—रुपयेके लोभसे, और किस लिये। सुनती हूँ आदमी पीछे इन सभोंको कुछ रुपये मिलते हैं।

गौरा—तो बहन हमें वहां क्या करना पड़ेगा?

स्त्री—मजूरी।

गौरा सोचने लगी अब क्या करूँ। वह आशा नौका, जिसपर बैठी हुई वह चली जा रही थी, टूट गई थी, और अब समुद्रकी लहरोंके सिवा उसकी रक्षा करने वाला कोई न था। जिस आधार पर उसने अपना जीवन-भवन बनाया था वह जलमग्न हो गया। अब उसके लिये जल के सिवा और कहां आश्रय है। उसको अपनी माता की, अपने घरकी, अपने गांवकी, सहेलियोंकी याद आई और ऐसी घोर मर्म वेदना होने लगी मानों कोई सर्प अंतस्तलमें बैठा हुआ बार बार डस रहा हो। भगवान! अगर मुझे यह यातना देनी थी, तो तुमने मुझे जन्मही क्यों दिया था। तुम्हें दुखियों पर दया नहीं आती! जो पिसे हुए हैं उन्हींको पीसते हो! करुणा स्वरसे बोली—तो अब क्या करना होगा बहन!

स्त्री—यह तो वहां पहुंचकर मालूम होगा। अगर मजूरी ही करनी पड़े तो कोई बात नहीं, लेकिन अगर किसी ने कुदृष्टिसे देखा तो मैंने निश्चय कर लिया है कि या तो उसीके प्राण ले लूँगी या अपने ही प्राण दे दूँगी।

यह कहते कहते उसे अपना वृत्तान्त सुनानेकी वह उत्कट इच्छा हुई, जो दुखियोंको हुआ करती है। बोली—मैं बड़े घरकी बेटी और उससे भी बड़े घरकी बहू हूँ पर अभागिनी। विवाहके तीसरेही साल पति देवका देहान्त हो गया। चित्तकी कुछ ऐसी दशा हो गई कि नित्य मालूम होता, वह मुझे बुला रहे हैं। पहले तो आँख झपकतेही उनकी मूर्ति सामने आ जाती थी, लेकिन फिर तो यह दशा हो गई कि जाग्रत दशामें भी रह रहकर उनके दर्शन होने लगे। बस यही जान पड़ता कि वह साक्षात खड़े बुला रहे हैं। किसीसे शर्मके मारे कहती न थी, पर मनमें यह शंका होती थी कि अब उनका देहावसान हो गया है तो वह मुझे कैसे दिखाई देते हैं? मैं इसे भ्रान्ति समझकर चित्तको शान्त न कर सकती थी। मन कहता था कि जो वस्तु प्रत्यक्ष दिखाई देती है वह मिल क्यों नहीं सकती। केवल वह ज्ञान चाहिये। साधु महात्माओंके सिवाय ज्ञान और कौन दे सकता है? मेरा तो अब भी विश्वास है कि ऐसी क्रियाएं हैं जिनसे हम मरे हुए प्राणियोंसे बातचीत कर सकते हैं, उनको स्थूल रूपमें देख सकते हैं। महात्माओंकी खोजमें रहने लगी। मेरे यहां अक्सर साधु संत आते रहते थे, इनसे इस विषय पर एकान्तमें बातें किया करती थी, पर वे लोग सदुपदेश देकर मुझे टाल देते थे। मुझे सदुपदेशोंकी जरूरत न थी। मैं वैधव्य धर्म खूब जानती थी मैं तो वह ज्ञान चाहती थी जो जीवन और मरणके बीचका पर्दा उठा दे। तीन साल तक इसी खोजमें लगी रही। दो महीने होते हैं वही बूढ़ा ब्राह्मण संन्यासी बना हुआ मेरे यहां जा पहुँचा। मैंने इससे भी वही भिक्षा माँगी, इस धूर्तने कुछ ऐसा माया जाल फैलाया कि मैं आँखे रहते हुए भी, फँस गई। अब सोचती हूँ तो अपनेही ऊपर आश्चर्य होता है कि मुझे उसकी बातों पर इतना विश्वास हुआ। मैं पति दर्शनके लिये सब कुछ झेलनेको, सब कुछ करनेको, तैयार थी। इसने मुझे रातको अपने पास बुलाया। मैं घर वालोंसे पड़ोसिनके घर जानेका बहाना करके इसके पास गई। एक पीपलके नीचे इसकी धूईं जल रही थी। उस विमल चाँदनीमें यह धूर्त जटाधारी ज्ञान और योगका देवतासा मालूम होता था। मैं आकर धूईंके पास खड़ी हो गई। उस समय यदि बाबाजी मुझे आगमें कूदनेकी आज्ञा देते तो मैं तुरन्त कूद पड़ती। इसने मुझे बड़े प्रेमसे बैठाया और मेरे सिरपर हाथ रखकर न जाने क्या कर दिया कि मैं बेसुध होगई। फिर मुझे कुछ नहीं मालूम कि मैं कहाँ गई, क्या हुआ। जब मुझे होश आया तो मैं रेल पर सवार थी। जी में आया चिल्लाऊँ, पर यह सोचकर कि अगर गाड़ी रुक भी गई, और मैं उतर भी पड़ी तो घरमें घुसने न पाऊँगी, मैं चुपचाप बैठी रह गई। मैं परमात्माकी दृष्टिमें निर्दोष थी, पर संसारकी दृष्टिमें कलंकित हो चुकी थी। रातको किसी युवतीका घरसे निकल

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आत्मा कलंकित करनेके लिये काफी था। जब मालूम हो गया कि अब मुझे मिरिचके टापूमें भेज रहे हैं तो मैंने जरा भी आपत्ति नहीं की। मेरे लिये अब सारा संसार एकसा है। जिसका संसारमें कोई न हो उसके लिये देश परदेश दोनों बराबर हैं। हां यह पक्का निश्चय कर चुकी हूं कि अंतिम दम तक अपने सतकी रक्षा करूंगी। विधिके हाथमें मृत्युसे बढ़कर कोई यातना नहीं। बिधवाके लिये मृत्युका क्या भय। उसका तो जीना और मरना दोनों बराबर है। बल्कि मर जानेसे जीवनकी विपत्तियोंका तो अंत हो जायगा।

गौराने सोचा इस स्त्रीमें कितना धैर्य्य और साहस है। फिर मैं क्यों इतनी कातर और निराश हो रही हूँ। जब जीवनकी अभिलाषाओंका अन्त हो गया तो जीवनके अन्तका क्या डर। बोली बहन हम और तुम एकही राह रहेंगी। मुझे तो अब तुम्हाराही भरोसा है।

स्त्रीने कहा—ईश्वर पर भरोसा रखो और मरनेसे मत डरो।

सघन अन्धकार छाया हुआ था। ऊपर काला आकाश था, नीचे काला जल। गौरा आकाशकी ओर ताक रही थी, उसकी संगिनी जलकी ओर। उसके सामने आकाशके कुसुम थे, इसके सामने अनन्त, अखंड, अपार, अंधकार था!

जहाजसे उतरतेही एक आदमीने यात्रियोंके नाम लिखने शुरू किये। उसका पहनाव तो अंग्रेजी था पर वह बातचीतसे हिन्दुस्थानी मालूम होता था। गौरा सिर झुकाए अपनी संगिनीके पीछे खड़ी थी। उस आदमीकी आवाज सुनकर वह चौंक पड़ी। उसने दबी आँखोंसे उसकी ओर देखा। उसके समस्त शरीरमें सनसनी सी दौड़ गई। क्या स्वप्न तो नहीं देख रही हूँ? आँखोंपर विश्वास न आया; फिर उस पर निगाह डाली। उसकी छाती वेगसे धड़कने लगी। पैर थर-थर काँपने लगे। ऐसा मालूम हुआ मानों चारों ओर जल ही जल है, और मैं उसमें बही जा रही हूँ। उसने अपनी सँगिनीका हाथ पकड़ लिया, नहीं तो जमीन पर गिर पड़ती। उसके सम्मुख वही पुरुष खड़ा था जो उसका प्राणाधार था और जिससे इस जीवनमें भेंट होनेकी उसे लेश मात्र भी आशा न थी। वह मँगरू था, इसमें जरा भी सन्देह न था। हाँ उसकी सूरत बदल गई थी। यौवन कालकी वह कान्तिमय साहस सदय छबि, नामको भी न थी। बाल खिचड़ी हो गये थे, गाल पिचके हुए, लाल आँखोंमें कुवासना और कठोरता झलक रही थी। पर था वह मँगरू गौराके जी में प्रबल इच्छा हुई कि स्वामीके पैरोंसे लिपट जाऊँ, चिल्लानेको जी चाहा, पर सँकोचने मनको रोका। बूढ़े ब्राह्मणने बहुत ठीक कहा था। स्वामीने अवश्य मुझे बुलाया था और मेरे आने से पहले यहाँ चले आये। उसने अपनी संगिनीके कानमें कहा—बहन तुम उस ब्राह्मणको व्यर्थ ही बुरा कह रही थी। यही तो वह है जो यात्रियोंके नाम लिख रहे हैं।

स्त्री—सच, खूब पहचानती हो।

गौरा—बहन क्या इसमें भी धोखा हो सकता है?

स्त्री—तब तो तुम्हारे भाग जाग गये। मेरी भी सुध लेना।

गौरा—भला बहन ऐसा भी हो सकता है कि यहाँ तुम्हें छोड़ दूँ। — (शेष आगामी अंकमें)

—:○❀○:—

मौतके दरवाजे पर

पिछले मासमें जब मेरी बीमारी अत्यंत गभीर हो उठी थी और मैं आठ-दस दिन अर्द्ध चेतन अवस्थामें पड़ा रहा उस अवस्थामें मैं अपने मानस-चक्षुसे नाना प्रकारके विलक्षण दृश्य देखा करता था। उनमें मुख्य दृश्य यह था कि मानो मैं मृत्युके आलीशान मकानके फाटकपर पहुँच गया हूँ। ऐसा चिताकर्षक और नेत्ररंजक मकान मैंने पहले कभी देखा नहीं था। दरवाजेपर मृत्युदेवी खड़ी मानो मुझे गोद में लेनेके लिये बुला रही हैं। उनके मनोरम और दयालु रूपकर मैं इतना मुग्ध था कि यदि मेरा वश चलता तो मैं कूदकर उनकी गोदमें जा बैठता पर मैं लाचार था। मृत्यु और मेरे बीचमें एक गहरी खाई थी जिसको लांघ जाना मेरे बूतेसे बाहरकी बात थी। इस लिये मैं मृत्युके आवाहन पर छटपटा कर रह जाता।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इस जीवनमें मुझे अनेकबार मौतके प्रत्यक्ष दर्शन हुए हैं। इसलिये मैं अपने शरीरको अपना नहीं बल्कि ईश्वरके कार्योंका औजार समझता रहा हूँ। मुझे यह विश्वास हो गया कि जबतक ईश्वर इस शरीरसे कोई काम लेना चाहता है तबतक संसारकी कोई भी शक्ति इसको विनष्ट नहीं कर सकती है। पर वे घटनाएँ विस्मृतिके गर्भमें विलीन हो गई थीं। यहाँ तक कि जब "प्रवासीकी आत्मकथा" के नामसे मैं अपने जीवनकी कहानी लिख रहा था उस समय भी उन घटनाओंकी याद नहीं आई और उनका आत्मकथामें यथा-स्थान उल्लेख न हो सका। पर गत मास अर्द्ध-चेतन अवस्थामें जब मैं मौतके दरवाजे पर जा पहुँचा तो वे सारी घटनाएँ बलात् याद हो आईं और उनमेंसे कुछको यहाँ लेखबद्ध कराये देता हूँ।

सन् १९०६ में बिहारके अपने गाँवमें मैं एक सायबा-नमें सोया हुआ था, जिसपर फूसकी छाजन थी। गादी नींदमें जब करवट बदली तो मेरी बगलमें कोई वस्तु दबी हुई-सी जान पड़ी। उसके स्पर्शसे मेरी नींद गायब हो गई। टटोलने पर वह चीज बड़ी मुलायम मालूम हुई, पर मेरे हाथके दबावसे वह चुलबुलाई भी। इससे मुझे यह निश्चय हो गया कि यह कोई जड़ पदार्थ नहीं, चेतन जीव है। मैं एक छलांगमें खाटसे कूदकर अलग जा खड़ा हुआ। पिताजी पासही खाट पर सो रहे थे, उनको जगाया और अपना अनुभव संक्षेपमें कह सुनाया। उन्होंने झटपट दियासलाईसे ढिबरी जलाई। दीपकके प्रकाशमें जो दृश्य देखा गया उससे हमारे रोंगटे खड़े हो गये और होश उड़ गये। खाट पर एक विषधर गेहुँअन (Cobra) साँप फण फैलाये बैठा था। उजियालेमें शोरगुल होने पर वह धीरेसे खाटसे उतरकर सायबानसे बाहर जाने लगा। उसी समय हल्ला गुल्ला सुनकर उधरसे इन्दरराय आ पहुँचे, जो साँप मारनेमें गाँव भरमें सबसे अधिक दिलेर थे। उनको मैं रोकताही रह गया कि वह साँप पर हाथ न छोड़ें क्योंकि उसने किसीका कुछ नहीं बिगाड़ा है। पर उन्होंने साँपको देखतेही उस पर ऐसी लाठी जमाई कि एकही प्रहारमें उसका प्राणान्त हो गया। यह खयाल किया गया कि वह छप्परसे खाट पर गिरा होगा, पर मेरे बाजूसे दबने पर भी उसने मुझे डँसा नहीं, इसे मैंने ईश्वरकी अनुकंपाही समझा।

इस प्रकारकी एक और घटना मेरे जीवनमें घटी है। सन् १९२० के अन्तमें मैंने नेटालके 'टुगेला' स्थानमें एक पहाड़ीके टीलेपर अपना घर बनवाया था। मकानके चारों तरफ झाड़-झँखाड़ लगे थे और पत्थरके छोटे बड़े चट्टान पड़े हुए थे। पहाड़ीकी तराईमें एक नाला बह रहा था। उन दिनों मैं गन्नेकी खेती कर रहा था, इसी लिये खेतके पास उस जंगल-झाड़में मकान बनवाने पर मजबूर होना पड़ा था। सबेरे दस बजेकी बेला थी। मैं अपने कमरेमें बैठा कोई लेख लिख रहा था। उस लेखके विषयमें मैं ऐसा विचार-मग्न था कि मुझे और कोई बातका ध्यानही नहीं रहा। लघुशंका करनेके लिये घरसे निकल कर दस-बारह कदम आगे जाने पर फुफकार सुनकर मैं चौंक पड़ा। देखा कि मेरे सामने केवल गजभरके फासले पर भयंकर काला 'माम्बा' साँप खड़ा है और उसका फण मेरे सिरसे दो फुट और ऊपर पहुँच गया है। यह 'माम्बा" साँप खासकर अफ्रिकाके जंगलोंमें होते हैं। वे इतने तेज, फुर्तीले और वायुकी भाँति गतिशील होते हैं कि यदि वे किसी जानवर या आदमी पर हमला करना चाहें तो भाग कर उनसे बच जाना असंभव है। वे पाँचसे दस फीट तक लम्बे होते हैं और खड़े होकर इन्सान या हैवानके सिरपरही प्रहार करते है। उनके डँस लेनेपर कोई पाँच मिनटसे अधिक जीवित नहीं रह सकता। इस विषधर साँपको लाठीसे मारना कठिन ही नहीं, खतरनाक भी है। बंदूकके छर्रेसे इसको मारना आसान होता है। वहाँ "माम्बा" को मारकर थानेपर ले जानेपर दस शिलिंग इनाम भी मिलता है।

उस दिन उस विषधर "माम्बा" को अपने सिरपर फुफकारते देखकर मुझे निश्चय हो गया कि मेरा काल आ पहुँचा। अब इससे बचनेका कोई उपाय नही हैं। मेरा शरीर सुन्न हो गया था, खूनका दौरा रुक गया था। मुझमें न पीछे हटनेकी शक्ति थी और न वाचाकी शक्ति थी कि जगरानीको पुकार सकूँ। सोचा, इसके डँसनेसे पहले परमात्माका स्मरण कर लेना चाहिये। ज्योंही मैंने ईश्वरकी प्रार्थना शुरु की, वह शनैः शनैः अपने शरीरको धरती पर लाया और फिर रेंगते हुए नालेकी तरफ चला गया। इस प्रकार दो वार ईश्वरनें विषधर सर्पसे मुझे बचा लिया।

सन १९१२ में दक्षिण अफ्रिका जानेसे एक मास पूर्व मैं अपने मित्र पं० गणपत शर्मा और पं० श्री निवास शर्मा से मिलने उनके गाँव नोखा (बिहारके आरा जिलेमें) गया

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

था। सोन-नदीसे निकली हुई एक बड़ी नहर नोखासे गुजरी है। उसीमें हम स्नान करने गये। श्रीनिवासने हँसी-खेलमें मुझे गहरे जलमें ढकेल दिया। उनका ख्याल था कि मैं तैरना जानता हूँ। मैं स्थिर पानीमें थोड़ा तैर तो लेता था, पर उस तेज धारामें तैरना मेरे लिये असंभव था। मैं नहरकी तेज धारामें पड़कर बह चला। कई डुबकियाँ लगाईं और काफी पानी भी पी गया। बेचारे श्रीनिवास किंकर्त्तव्यविमूढ़ हो रहे थे। वहाँ कोई था भी नहीं, जिससे सहायताके लिये गुहार मचाते और स्वयं उनको तैरना आता ही नहीं था। दस-पन्द्रह मिनटमें मेरा दम उखड़ जाता। मुझे निश्चय हो गया कि मृत्युकी घड़ी आ गई। सोचने लगा कि मेरी पत्नी और शिशु, भाई और उनकी पत्नीका भविष्य अब क्या होगा? भारत में उनके रहनेके लिये कहीं एक झोंपड़ी भी नहीं रही। वहाँसे सम्बन्ध विच्छेद कर हम दक्षिण अफ्रिका जानेको तैयार थे और अपनी यात्राकी तिथि भी निश्चित कर चुके थे। इन मित्रोंसे मैं मिलने क्या आया, मानो मेरा काल मुझे यहाँ खींच लाया है। जीवनसे निराश होकर मैं ईश्वरको पुकारने लगा। उस समय अकस्मात् किनारेसे ठीक मेरे सामने एक बैल नहरमें कूद पड़ा। मैंने लपककर उसकी पूँछ पकड़ ली और उसने तैरते हुए मुझे किनारे लगा दिया— वह स्वयं भी पार हो गया। संकटकी उस घड़ीमें, जब कि कुछही क्षणोंमें मेरी जीवन-लीला समाप्त हो जाती, अचानक बैलका नहरमें कूद पड़ना और मुझे बचा लेना ईश्वरकी प्रेरणाके सिवा और क्या बात हो सकती है?

इसी प्रकार सन् १९२९ में एक बार मैं नेटालमें 'डारनल' स्टेशन पर गाड़ीसे उतर। वहाँसे तीन मील पैदल चलकर श्री रामप्रतालके मकान पर जानेका कार्यक्रम था। उनका हब्सी नौकर मुझे स्टेशन पर मिला। मैं उसके साथ हो लिया। कुछ दूर जाने पर एक नदी मिली, जिसमें पानी तो बहुत कम था, पर उसकी गहराई बहुत अधिक थी; नीचे उतरनेका रास्ता भी बड़ा उबड़-खाबड़ और खराब था। नदी पर एक पतला पुल भी था जिस पर गन्ना ढोनेवाली छोटी रेल गाड़ियाँ दौड़ती थीं। हब्शीने कहा कि मैं तो पुलसेही नित्य आता जाता हूँ, आप चाहें तो नीचेकी राहसे नदी पार करके उस पार पुलसे मिलें। मैंने देखा कि पुलकी दोनों तरफ लोहेके बीम हैं और लाइन पर एक एक गज पर लकड़ीकी पटरियाँ बिछी हुई हैं। मैंने सोचा कि इसको पार कर जाना तो कोई बड़ी बात नहीं है। इस लिये मैं हब्शीके साथ पुलसेही उस पार जानेको तैयार हो गया। कुछ दूर जाने पर मैं भारी संकटमें पड़ गया। बीचमें कहीं एक और कहीं दो दो-पटरियाँ टूट गई थीं। सोचा कि लौट जानेमेंही कल्याण है, आगे बढ़नेकी हिम्मत नहीं रही। पर ज्योंही पीछे लौटनेको मुड़ा, देखा कि पुल पर गन्नेसे लदी हुई रेल-गाड़ियाँ आ पहुँची है। पुल इतना पतला था कि गाड़ी की मौजूदगीमें पीछे लौटना असम्भव था और पटरियोंके टूट जानेके कारण आगे बढना खतरनाक था। जहाँ दो दो पटरियाँ टूट गई थी वहाँ इस पटरीसे कूदकर उस पटरी पर जाना मेरे लिये बड़ी कठोर क्रिया थी। यदि कूदनेमें जरा भी चूक हो जाती तो दो सौ फिट नीचे नदीमें जा गिरता और वहाँ पत्थरोंके चट्टानोंसे शरीरका भुरता बन जाता। मैं एक पटरीसे कूदकर दूसरी पर पहुँचने पर कुछ दम ले लेता था, इससे देर हो रही थी। उधर इंजिन ड्रायवरका धैर्य्य जाता रहा, उसने सीटी पर सीटी देना शुरू किया, जिससे मेरी बेचैनी और बढ़ गई। नीचे देखने पर ऐसा भय प्रतीत होता था कि मानो मौतही मुझे यहाँ खींचकर ले आई है। जब किसी तरह पुलको पार कर गया तो मालूम पड़ा कि भगवानने मेरा हाथ पकड़ कर मुझे पार लगा दिया है अन्यथा उन पटरियों पर कूदकर जीते जी निकल आना मेरे लिये अनहोनी बात थी। रेलगाड़ीको पुलपर रोक रखनेके कारण इंजिन ड्रायवर अंग्रेज मुझपर बहुत गुस्सा हो गया था, उसने गालियाँ देकर अपनी छाती ठंढी कर ली। मैं तो किनारे बैठकर भगवानका यशोगान करनेमें इतना तल्लीन था कि मुझे उसके दुर्वचनकी तरफ ध्यान देनेका अवकाशही नहीं था।

सन् १९३१ में अस्वस्थ होनेके कारण मैं आरा शहर से बाहर एक बंगलेमें ठहरा हुआ था। एक दिन किसी कार्यवश शहरमें आया, शामको फिर अपने सहकर्मी श्री रंग बहादुर प्रसादके साथ इक्के पर वापस जा रहा था। रास्तेमें एक छोटीसी नदी पड़ती थी, उसे पुलसे पार करना पड़ता था। जब पुलके बीचमें इक्का पहुँचा तो मेरे हृदयमें अकस्मात् ऐसी घबराहट पैदा हुई कि मैं इक्केसे कूद पड़ा। मेरी देखादेखी रंग बाबू भी इक्केसे उतर गये और ज्योंही उन्होंने इसका कारण जाननेके लिये कुछ पूछना चाहा और मैं भी अपने इस कृत्य पर कुछ लज्जितसा हो रहा था,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

त्योंही इक्केका एक पहिया निकल गया और घोड़ेके साथ इक्का नदीमें जा गिरा। इक्का तो चूरचूर हो गया, घोड़ेकी जान भी नहीं बची। बेचारा इक्कावान भी बुरी तरह घायल हो गया था।

इस प्रकारकी अनेक छोटी-बड़ी घटनाएँ मेरे जीवनमें घट चुकी है और सभीमें मुझे ईश्वरके मनोगत संकेत दिखाई पड़े है। मेरी यह धारणा दृढ़ होती गई है कि ईश्वरकी इच्छा और आज्ञाके बिना पृथ्वीपर पेड़का एक पत्ता भी नहीं हिल सकता है। परमात्माके अस्तित्वपर वाद-विवाद करना व्यर्थ है। मन और मस्तिष्कसे उसकी कल्पना नहीं की जा सकती; वह वाणीका भी विषय नहीं है इस लिये प्रवचनसे उसको सिद्ध करनेका प्रयास भी निरर्थक है। वह अनुभूतिसे भी परे है। आत्माके द्वाराही परमात्माके दर्शन हो सकते हैं। इसी लिये योगी योग साधता है। 'योग' का अर्थ है 'मिलन' अर्थात् आत्मा द्वारा परमात्माका साक्षात्कारही योगकी सिद्धि है।

अकरा-बगानसे दुखभरी पुकार।

हमारे प्रवासी भाई बड़े भावुक होते है। वे अपनी जन्मभूमिमें बैठकर मातृभूमिके नामकी माला जपा करते हैं, हालाँकि मातृभूमिकी शकल-सूरत उन्होंने देखी भी नहीं है। वे शेखचिल्लीकी तरह कल्पनाका महल बनाया करते हैं और सोचा करते हैं—काश कि वे अपने देश पहुँच पाते तो वहाँकी जमीन अपनी होती, आस्मान अपना होता, अपने भाइयोंके बीचमें दिन आराम और सुखसे कटते। इसलिये मौका मिलतेही वे भारत आ जाते हैं। जब वे अपने गाँवोंमें पहुँचते हैं तो जातके जानवर उनपर दुलत्ती जमाते हैं और घरवाले भोथरा छुरेसे उनकी ऐसी हजामत बनाते हैं कि वे त्राहि त्राहि पुकार उठते हैं। वास्तवमें वे यहाँके समाजमें घुलमिल नहीं सकते जो पारिवारिक जीवन के लिये नितांत आवश्यक है। उनके लिये भारत एक बिलकुल नया देश होता है। वे उपनिवेशोंमें जन्मे, वहीं बचपनसे पले और वहींके साँचेमें ढले। उनकी रहन-सहन, आचार-विचार और व्यवहार देशवासियोंसे इतना भिन्न है कि भारतीय जीवनसे मेल खाताही नहीं। उनका सच्चा देश तो जन्मदाता उपनिवेशही है। अन्यत्र कहीं वे सुखी नहीं रह सकते। हिंदुस्थानके जन्मे हुए जो थोड़ेसे लोग अभी बचे हुए हैं और जो अपने प्रवासी-बच्चोंके सामने मातृभूमिकी गौरव-गाथा गाते हुए कहा करते हैं कि देशमें रोजाना केवल चार पैसेमें गुजारा हो सकता है और एक हजार रुपयेकी पूँजीमें अपनी गृहस्थी अच्छी तरह जम सकता है। उन बूढ़ोंमें से भी यदि कोई यहाँ आ जाता है तो वह भी अपनेको जल बिना मछली की दशामें पाता हैं। यहाँके नित्य नैमित्तिक जीवनमें उनको कोई सुखकर बात दिखाई नहीं देती है। आर्थिक दृष्टिसे भी प्रत्यागत प्रवासियोंकी अवस्था बड़ी दयनीय हो जाती है। यहाँ मजदूरीका दर भी अन्य देशोंकी अपेक्षा बहुत कम है। जो लोग उपनिवेशोंसे लौटे हैं उनका यहाँके दरसे गुजारा नहीं हो सकता है। उपनिवेशोंमें भारतीयोंकी रहन सहन (Standard of Living) यहाँ से बहुत उच्च है। यहां जिस श्रेणीका मजदूर चना-चबेनासे कलेवा करता है वहां उसी श्रेणीका मजदूर चाय पीता और माखन-पावरोटी खाता है।

जबतक उनके पास पैसे रहते हैं तबतक तो किसी तरह दिन काट लेते है पर जब जेब खाली हो जाती है तब इस आशासे कलकत्ता पहुँच जाते हैं कि कोई न कोई जहाज उनपर दयाकर उनकी जन्म भूमिकी गोदमें उनको पहुँचा देगा।

इसी श्रेणीके कुछ प्रत्यागत प्रवासी इस समय कलकत्ताके निकट अकरा-बगानके कैम्पमें पड़े हुए हैं। ये अभागे ब्रिटिश गायना और ब्रिटिश वेस्ट इण्डीजसे भाग्यके फेरमें पड़कर यहां चले आये हैं। उनमें हरी शीतल नामक व्यक्ति कुछ पढ़ा-लिखा है वह टूटी-फूटी अंग्रेजीमें अपनी विपदकी गाथा लिखा करता है। उसके एक पत्रका आशय हम नीचे देते हैं:—

"यह हम मंजूर करते हैं कि बिना सोचे-विचार हिंदुस्थान चला आना हमारी भयंकर भूल है। इस भूलका कारण यह है कि हमको धोखा दिया गया और धोखा

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

देनेवाले कोई दूसरे नहीं, हमारेही वृद्ध माता-पिता थे। वे अपने जन्म प्रवासी बच्चोंको बहकाकर और सरसब्ज बाग दिखाकर यहाँ ले आये और हमारी किस्मतकी किश्तीको मझधारमें छोड़कर स्वयं भगवानके दरबारमें अपने कर्मोंका लेखाजोखा चुकानेके लिये चले गये। आज १६ सालसे हम ऐसा दुःखपूर्ण जीवन व्यतीत कर रहे हैं, जिसे कोई मनुष्य, जो मनुष्य कहलानेका अधिकारी है, बर्दास्त नहीं कर सकता; हममें से ५५० व्यक्ति तो इस नरकवाससे छुटी पा गये, उनको न कोई डाक्टर देखा और न किसी तरहका इलाज किया जा सका। वे तड़प-तड़पकर बिना मौतके मरे। हममें से एक तिहाई आदमी हरसाल कम होते जाते हैं। हम और कुछ नहीं चाहते, हमारी माँग बस यही है कि सरकार जहाज देकर हमें अपनी जन्म भूमिको वापस भेज दे। वहाँ पहुँचकर हम अपने निर्वाह की व्यवस्था कर लेंगे। अब तो दिल्लीमें अपनी सरकार है; क्या वह हम अभागोंके लिये इतना भी न करेगी ?"

इन दुखी भाइयोंके पत्र पढ़कर हमारी आँखोंसे बेइख्तयार आँसू ढल पड़े। हमने पारसाल ५ अगस्तको प्रधान मंत्री पं० जवाहरलाल नेहरुके नामसे एक पत्र लिखा और अकरा-बगानके अभागे भाइयोंके क्लेश निवारणके लिये उनसे प्रार्थना की। उत्तरमें विदेश-विभागके अन्डर सेक्रटरी श्री आर. एन. सेलटोरने हमें सूचित किया कि अकरा बगानके प्रवासी सरकारके खर्चसे भारत आये थे, यदि वे वहाँ वापस जाना चाहते हैं तो भारत सरकारको कोई आपत्ति नहीं है पर इतना तो हम स्पष्ट कर देना चाहते हैं कि भारत सरकार उनके लिये कुछ भी खर्च करने को तैयार नहीं है। यह हमारी राष्ट्रिय सरकारका जबाब है। विदेश विभागकी ओरसे लाखों-करोड़ों रुपये बाहियात कामोंमें खर्च हो रहे हैं पर इन अभागोंके उद्धारके लिये एक जहाजका इन्तजाम भारत सरकार नहीं कर सकती। हृदयहीनताकी हद हो गई। जिस दिन भारत स्वतंत्र हुआ उस दिन अकरा-बगानवालोंके हृदयमें एक नई आशाने जन्म लिया था। उनका खयाल था कि भारतकी विदेशी सरकारको उनकी पर्वाहही क्या है इस लिये अबतक उनकी उपेक्षा होती रही है पर अपनी राष्ट्रिय सरकार उनको नहीं बिसार सकती है पर वहाँतक उनकी खबर पहुँचावे कौन ? पर जब हमारे ज़रिये उनकी खबर प्रधान मंत्रीके पास पहुँच गई और सरकारकी तरफसे सूखा जबाब मिला तब उन बेचारोंके दिलपर क्या बीती ? इसका अनुमान कर लेना कोई कठिन काम नहीं है।

इधर अकरा-बगानके प्रवासियोंकी ओरसे हरी शीतलके कई पत्र हमें मिले हैं। उनका कथन है कि "भारत सरकारका यह बयान कि हम सरकारी खर्चसे देश आये हैं बिलकुल गलत है। हम लोग जहाजका किराया देकर अपने खर्चसे यहाँ आये थे। कलकत्ताके इमिग्रेशन आफिस में तलाश करने पर हमारे कथनकी सचाई सिद्ध हो सकती है। यह हमारा भारी दुर्भाग्य है कि हमारी अपनी सरकार भी हमारे संकट-मोचनके लिये तैयार नहीं है। यही एक आशाकी डोरी थी वह भी टूट गई; अब तो घुलघुल कर मरना पड़ेगा। पर क्या हम मनुष्यताके नामपर आपके द्वारा अपनी सरकार, परोपकारिणी संस्थाएँ और सहृदय दानियोंसे यह प्रार्थना कर सकते हैं कि वे हमारे लिये केवल दो वस्तुओंकी व्यवस्था करके अक्षय पुण्य कमावें। एक तो हम अन्न-वस्त्रकी बातही जाने दीजिये, पानीके लिये भी तरस रहे हैं। हवा-पानी जो ईश्वरकी देन है उनसे भी हम अभागे बंचित है। हवा तो यहाँकी ऐसी है कि हममें से एक-तिहाई प्राणी हर साल इस लोकसे विदा ले लेते हैं, पर पानीके लिये भी हम तरस रहे हैं। हमें साफ पानी तक नहीं मिलता। यदि कोई यहाँ एक ट्यूबदार कुआँ (Tube Well) बनवा दें तो हम लोगका रोम रोम उनको दुआ देगा। देशमें तो हजारों स्थानपर लोग प्याऊ चलाते हैं और राहगीर तकको पानीका कष्ट नहीं होने देते हैं; क्या उनकी दया दृष्टि हम अभागोंकी तरफ भी फिरेगी ? दूसरी वस्तु जो हम चाहते हैं वह है कि खैराती दवाखाना या अस्पताल। यहाँका निकटस्थ अस्पताल है १४ मीलके फैसले पर। डाक्टरको दिखानेके लिये रोगीको इतनी दूर ले जाना हमारे लिये बड़ा दुष्कर कार्य है; हम बीमार पड़ते हैं और कुत्तेकी मौत मर जाते हैं; न डाक्टर देख पाता है और न इलाज होने पाता है। यदि यहाँ एक खैराती दवाखाना और सप्ताहमें एक-दो बार भी कोई डाक्टर आ जाया करे तो हम लोगोंको इस तरह बेमौतके मरनेका सिलसिला तो कुछ हद तक रुक सकेगा। हम भी आखिर मनुष्य है और क्या मनुष्यताके नाते हम अपनी सरकार और अपने देशवासियोंसे पानी और दवाकी याचना करनेके अधिकारी नहीं है ?"

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अकरा-बगानके पीड़ित प्रवासियोंकी इस दुखभरी पुकारसे किसका हृदय प्रकंपित न हो उठेगा ? हमारे प्रत्यागत प्रवासी बंधु अकरा-बगानमें नरककी यातनाएँ भोग रहे हैं, दोजखकी आगमें झुलस रहे हैं। वे ऐसे स्थानपर रहते है जहाँ न सफाईका नाम है और न गंदगीकी हद्द। गंदे पनाले और मलेरिया फैलानेवाले मच्छरोंका वहाँ अखंड राज्य है। बेचारे प्रवासियोंके पास न खानेको अन्न है, न पहननेको कपड़े और न रहनेके लिये घर कहाने लायक घर। उनके पिचके हुए गाल, भीतर धँसी हुई आँखें और रीढ़से सटे हुए पेटको देखकर इसलिये विस्मय नहीं होता है कि उनकी ऐसी दशा क्यों और कैसे हुई बल्कि आश्चर्य तो इस बातपर होता है कि अबतक वे जीवित कैसे हैं ? क्या उनके स्वदेश प्रेमका यही फल है ? मातृ भूमिकी ममताका यही प्रायश्चित है। आज तीस सालसे हम स्वदेश प्रात्यागमनका बिरोध करते आ रहे हैं। हमारे लगातार आन्दोलनका परिणाम यह हुआ है कि हजारों परिवार बरबाद होनेसे बच गये, फिर भी कुछ अभागोंकी बद किस्मती उनको यहाँ ला पटकती है।

हम भारत-सरकार, बंगाल सरकार और बंगालके गवर्नर मान्यवर डाक्टर कैलासनाथ काटजू तथा प्रधान मंत्री डाक्टर विधानचंद्र रायसे बलपूर्वक अनुरोध करते हैं कि इन अभागोंके लिये पानी और दवाकी यथासंभव शीघ्रही व्यवस्था कर दी जाय। यह मनुष्यताका तकाजा है, इसकी उपेक्षा नहीं होनी चाहिये। हमारे देशमें दयाशील दानियों की भी कमी नहीं है, प्रवासी भाइयोंके लिये जल और औषधका प्रबन्ध कर देना उनके लिये तो एक साधारण बात है। खैर, किसी तरह इन अभागोंके लिये कुआँ और दवाखानाका प्रबन्ध हो जाना चाहिये, यही इन्सानियत का तकाजा है।

मेरे भाई स्वर्गीय हरीलाल गांधी।

लेखकः—श्री देवदास गांधी, सम्पादकः "हिन्दुस्थान टाइम्स"

(१)

मृत्युने एक अशान्त आत्माको मुक्ति प्रदान कर दी है।

अपने ६० वर्षके जीवनमें मेरे सबसे बड़े भाई हरिलालने कभी मानसिक या शारीरिक शान्ति नहीं जानी। मैंने उन्हें आखिरी बार हत्या (महात्मा गांधीकी) के चार दिन बाद देखा था, जब वे दिल्लीमें हमारे घर पर पश्चाताप का भाव लिए हमारे साथ शोक मनानेके लिए न जाने कहांसे आ पहुँचे थे। वे बीमार थे और बड़े यत्नसे उनकी सेवा-सुश्रूषाकी जरूरत पड़ी थी। उनका चेहरा दुबला और पीलापन लिये हुए था और, जैसाकि मेरी पत्नीने कहा था और उन्हे गोपूने अपने व्यवहारसे प्रकट किया था, बापूके चेहरेसे बहुत कुछ मिलता था। कुछ अच्छे होने पर वे चले गये, क्योंकि उनका उद्देश्य हमें आशीर्वाद देना मात्र था। वे क्रिया-कर्मकी उन विधियोंमें किसी प्रकारका हस्तक्षेप नहीं करना चाहते थे, जिनमें सम्पूर्ण दिल्ली उन दिनों व्यस्त था। बम्बई जाने वाली ट्रेनपर चढ़ते समय उन्होंने कुछ ऐसी थकानसे, जैसी उनमें पहले कभी नहीं देखी गयी, कहा था- "मेरे भाग्यमें सदा चलते-फिरते रहना ही है।" पृथ्वीपर यही उनकी अंतिम लम्बी यात्रा थी। उनके बम्बईमें निधनका समाचार हमे लंदनमें उस समय मिला, जब हम अन्य यूरोपीय देशोंसे वहां वापस आये थे।

गोकि वे परिवार को छोड़ चुके थे जैसेकि परिवार उन्हें त्याग चुका था और बड़ी कष्टजनक अवस्थामें देश भरमें इधर-उधर घूमा करते थे, फिर भी मुसीबतके वक्त वे जरूर पहुँच जाया करते थे। पूनाके आगा खां महलमें जब बा मरीं तो वे वहीं थे। फिर बापूके अनेक खतरनाक अनशनोंके अवसर पर तथा उनके पुत्र रसिककी मृत्युके समय भी जो जामिया मिलिया इस्लामिया, दिल्लीमें (जहां मैं १९२८ में था) मेरी गोदमें मरा था, वे आये थे। पुत्रके

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जिनसे वे बुरी तरह शोकाकुल हुए, किन्तु उन्हें किसीके विरुद्ध कोई शिकायत नहीं हुई। लड़केकी उम्र कम थी और वह मेरी देखरेखमें पढ़ रहा था। वह किसी तरह टाइफाइडका शिकार हुआ। १७ वर्षकी उम्रमें अथवा इसके लगभग टाइफाइड होना खतरेकी बात है। वह जामियामें लड़कोंको चरखा कातना सिखाया करता था और खुद इस कलामें दक्ष था। अपने लिए निर्धारित सूतकी मात्रासे वह ज्यादा काता करता था और बुखार आना शुरु होनेके बाद सूत कातना जारी रखा था। मैंने उसकी हरारतपर अधिक ध्यान नहीं दिया था। यह एक ऐसी बात थी, जिसपर मैंने सदा पश्चाताप किया है और जिसने मुझे कटु, किन्तु एक सीधा सादा सबक सिखा दिया। जब वह खाटपर पड़ गया तो रसिकने मुझसे अपनेको साबरमती आश्रम भिजवानेका अनुरोध यह कह कर किया कि "वहां मैं अच्छा हो जाऊँगा।" इन सब बातोंमें किसीका छिपा हाथ रहता है और कोई घटना हो चुकनेके बाद विवेक जाग्रत होनेसे कोई लाभ नहीं होता। लेकिन अब मुझे विश्वास हो चला है कि अगर मैं उसे आश्रम ले गया होता तो उसकी जान बच जाती। दक्षिण अफ्रिकाके दिनोंसे ही बापू चिकित्साके कुछ चमत्कार दिखा चुके थे। बीमारोंकी जैसी देखभाल वे कर सकते थे, वैसी और कोई नहीं कर सकता था। सिर्फ उनकी उपस्थितिसे ही विश्वास उत्पन्न हो उठता था और चिन्ता मिट जाती थी। यह बात (स्वस्थ-व्यक्तियोंपर) भी लागू थी। बीमारोंकी देखभालके लिए चाहे जितने भी आदमियोंकी सहायता उन्हें प्राप्त हो, बापू सुबह शाम, और जरूरत पड़नेपर दिनमें उन्हें खुद देखने जाते थे। उनका इलाजका तरीका खासकर मामूली बुखारमें प्राकृतिक उपचार होता था, जिसमें अन्य बातोंके अलावा खुली हवा, गीले कपड़ेकी पट्टी, कुनेस्नान और धूप स्नान, का विशेष महत्व होता था। खूराक होती थी फलोंका रस, देखभाल लगातार जारी रहती थी और दवा कुछ नहीं दी जाती थी। बीमारकी सेवा सुश्रूषा करनेमें बापू बड़े ही दक्ष थे। वे ऐसी कुशलतासे स्पंज स्नान कराते थे कि मरीजको किसी भी शिकायतकी गुंजाइश नहीं रह जाती थी। वे जिस बातपर सबसे अधिक जोर देते थे, वह सफाई थी।

डा० अंसारीने, जो जामियाके कुलपति थे, रसिकके लिए अपनेको थका डाला। लेकिन उनकी दवाएं बहुत तेज थीं और उनका असर शुरु होने ही वाला था कि दिल दगा दे गया। हमारे प्रतिकूल एक बात दिल्लीकी दिसम्बर वाली सर्दी भी थी। बड़ी मुश्किलसे भाईको पता चला और जब वे पहुँचे उस समय प्राण पखेरू उड़ना ही चाहते थे। उन्हें अपने भाइयोंसे झगड़नेकी आदत थी, लेकिन ऐसे मौकेपर नहीं। वे अपने ही को कोसते रहे। हम सबके साथ उन्होंने नरमीका बर्ताव किया, डाक्टर साहब और उनके मित्रोंको धन्यवाद दिया और फिर अपने किसी अज्ञात स्थानको चले गये। बाकी, जो वहां उपस्थित थे, उनको इस घटनासे भारी धक्का लगा। मुझे ग्लानि हुई। बापूने मर्मस्पर्शी पत्र और तार भेज कर मुझे दिलासा दिया। मुझसे कहीं ज्यादा बापूको यकीन था कि यदि लड़केको साबरमती भेजा जाता तो उसकी जान न जाती। लेकिन उन्होंने इस पर जोर न दिया।

बचपनकी एक दृश्यकी याद मुझे अभीतक ताजी बनी हुई है वह यह है कि मेरे भाई कंधेपर चमड़ेका एक भारी थैला लादे चले जा रहे थे और चलते-चलते बापूसे बातचीत करते जाते थे। ये लोग डरबनके निकट फिनिक्स स्टेशनसे घर वापस आ रहे थे। मैं उनके पीछे चल रहा था। जिस तरह अनेकबार मैं बापूके साथ स्टेशनसे घर आया था उसी तरह मेरे लिये यह भी एक आना था। उनमें क्या बातें हुई, मैं नहीं बता सकता। मेरे भाईने बापूके "प्रयोगों" भरे जीवनसे विद्रोहकर दिया था और अपनी कुछ निजी चीजोंको लेकर भाग खड़े हुए थे। उनके लापता होनेसे चिन्ता बढ़ गयी थी। परन्तु स्थिति, असहनीय—खासकर बाके लिये—होनेसे पूर्व ही एक मित्रने, जिनपर भाईका विश्वास था, बापू को खबर कर दी थी कि वे भारत जा रहे हैं।

भाई पूर्वी अफ्रीकाके जिस बन्दरगाहसे जहाजपर चढ़ना चाहते थे उसके लिये बापूने तार भेजकर भाईसे लौटकर खुद बातचीत कर जानेको कहा था और यह भी वचन दिया था कि अंतमें उन्हें अपनी इच्छाके अनुसार कार्य करनेकी स्वतंत्रता भी रहेगी। भाई कई बार योरप जाकर बैरिस्टरी पढ़नेकी इच्छा जाहिर कर चुके थे। दक्षिण अफ्रीकामें सांसारिक जीवनका परित्याग कर चुकनेके बाद भी बापूके पास कुछ धन बच रहा था, किन्तु उस धनको वे अपने परिवारपर नहीं बल्कि अपने समाजपर खर्च करनेका निश्चय कर चुके थे। जब लंदनमें ऊंची शिक्षा प्राप्त करनेके लिये एक युवा पारसी सोराबजी अदाजानिया

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चुना गया तो मेरे भाईके धैर्यका अंत हो गया। भाईने इस बातपर ध्यान नहीं दिया कि सोराबजी दक्षिण अफ्रीकाके भारतीयोंके प्रति अपनी सेवाएँ आर्पित कर चुके थे। उनके चल पड़नेके लिये यह अंतिम संकेत था। चलते समयकी बातचीतका, जैसा मुझे बादमें मालूम हुआ, कोई परिणाम नहीं निकला और भाई अपने कार्यक्रमपर दृढ़ रहे। यह १९१० के लगभगकी बात रही होगी। वे फिर किसी भी स्थितिमें बापूके पास वापस नहीं आये। अब मृत्युमें उन्होंने बापूका अनुसरण किया है।

अपनी युवावस्थामें दक्षिण अफ्रिकाके संग्रामके प्रारम्भिक दिनोंमें वे बापूके प्रधान सहकारीके रूपमें सफलता पा चुके थे। उन्होंने प्रसन्नतापूर्वक हरेक कष्ट सहा और हमेशा वे आगेही रहे। भारतमें जेल जानेवाले जैसे जेल-जीवनसे परिचित रहे हैं उससे कहीं अधिक कष्टकर दक्षिण अफ्रीकाका जेल-जीवन था वहांकी दो सप्ताहकी कठिन कैद भारतके तीन महीनेकी कैदके बराबर थी। (शेष फिर)

—◇※◇—

सामयिक समस्याएँ

सम्पादककी बीमारी।

प्रवासी-जगतमें यह समाचार दुःखके साथ सुना जायगा कि "प्रवासी" के सम्पादक स्वामी भवानीदयालजी असाध्य रूपसे बीमार हैं। पिछले मासमें उनकी बीमारीने ऐसा उग्र रूप धारण कर लिया था कि उनके जीवनकी कोई आशाही नहीं रह गई थी। कई दिनों तक वे अर्द्धचेतन अवस्थामें पड़े रहे। ऐसे तो स्वामीजीकी तबीयत अक्सर खराबही रहती है और गत पांच बरससे वे दमेकी बीमारीसे कष्ट भोग रहे हैं पर इस बार दमाने जैसा उग्र रूप दिखाया वैसा पहले कभी देखा नहीं गया था। जाड़ेकी ऋतु निकल जानेसे यह आशा हो चली थी कि कमसे कम गर्मी के दिनोंमें वे दमेके आक्रमणसे तो बचे रहेंगे पर यह आशा मृग-तृष्णा ही सिद्ध हुई। चैत्रकी गर्मीमें दमेका ऐसा भीषण प्रकोप हमारे लिये तो एक विलक्षण बात थी। इस बार बीमारीने स्वामीजीके शरीरके रक्त-मांसको बिलकुल गला डाला है, केवल अस्थि-पिञ्जर मात्र रह गया है। यह तो ईश्वरकी अनुकम्पाही समझनी चाहिये कि स्वामीजी किसी तरह बच गये। यहाँके प्रसिद्ध डाक्टर अंबालालजी शर्मा और डाक्टर उमाशंकरजीने स्वामीजीके उपचारमें जो उद्योग और परिश्रम किया है उसको विस्मरण नहीं किया जा सकता। स्वामीजी और प्रवासी-परिवार उनका चिर ऋणी रहेंगे। अन्य औषधियोंके सिवा लगभग पचास तो इन्जेकशन लग चुके हैं। यद्यपि स्वामीजीके जीवनकी फिलहाल रक्षा हो गई है तो भी उनका क्षीण शरीर इतना शक्तिहीन हो गया है कि खाटसे उठना मुशकिल है—कामकाज करना तो बहुत दूरकी बात है; फलतः उनकी डाक योंही पड़ी हुई है, न वे चिट्ठियोंको पढ़ सके और न उनका उत्तरही लिखवा सके। यही नहीं, बल्कि मोरिशस, फिजी और दक्षिण अफ्रिका आदि देशोंके अनेक आवश्यक लेख भी आये हुए हैं; उन लेखोंको पढ़ना और उनके प्रकाशनकी स्वीकृति देना वर्तमान स्थितिमें स्वामीजीकी शक्तिसे बाहरकी बात है। यहाँ तक कि "प्रवासी" के प्रसिद्ध लेखक बाबा रमता योगीकी कलिकाल कथा भी ठीक समय पर आकर पड़ी हुई है पर स्वामीजीकी स्वीकृति के बिना उसको छाप देना हमारे अधिकारकी बात नहीं है। यदि स्वामीजीके स्वास्थ्यमें शनैः शनैः सुधार होता गया तो कमसे कम अभी एक मासमें उनमें इतनी शक्ति आ सकेगी कि वे "प्रवासी" के सम्पादनकी तरफ ध्यान दे सकें। इस स्थितिमें हम पत्र, लेख तथा अन्य सामग्री भेजने वाले भाइयोंसे प्रार्थना करते हैं कि वे "प्रवासी" की परिस्थिति पर ध्यान देकर उदारतापूर्वक क्षमा करें। बीमार पड़नेसे पहले जिन लेखोंको प्रकाशन करनेकी स्वीकृति स्वामीजी दे चुके थे उन्हींको इस अंकमें प्रकाशित किया गया है और अगले अंकमें भी शायद उन लेखोंको प्रकाशित नहीं किया जा सकेगा जो स्वामीजीकी बीमारी के समय आये हैं और जिनको पढ़कर छापनेकी स्वीकृति स्वामीजी नहीं दे सके हैं। हमें आशाही नहीं पूर्ण विश्वास भी है कि हमारे प्रावसी भाई "प्रवासी" के इस संकट कालमें उसे अपने सहयोग और सहानुभूतिसे कृतार्थ करेंगे और इस अंकमें और अगामी अंकमें सम्पादककी बीमारीके कारण "प्रवासी" जो कुछ पत्र-पुष्प उनकी सेवा में भेंट कर सकेगा उसे विदुरकी भाजीकी तरह प्रेमसे स्वीकार कर लेंगे।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

फ़िजीके प्रत्यागत भाई ।

Without going into any details or saying anything about any one person or personalities, I wish to say this much that there was a lot of errant nonsence and ballyhoo that was reaching here from that island. After I have been there for three months, I have come to the conclusion that what we in India used to hear was far from the actual fact. If the $2\frac{1}{2}$ millions of Indo-Mauritians have to be saved from utter ruination, then something drastic will have to be done and serious efforts will have to be made to purify and cleanse up the various political groups and parties and make the people realize the gravity of the situation in a more realistic manner. While on one hand by the preachings and propaganda of certain people on the purely communal lines, every other section of the people in that Island is beginning to hate and become hostile towards the Indo-Mauritians; on the other hand, these helpless and poor victims of unscrupulous and sometimes useless leaders, are being exploited and fleeced in one way or other. I have a feeling that if something is not done to rectify all this in near future, it may not be long before the Indo-Mauritians, in addition to their grinding poverty, are victimised by social practices, the like of which we have already seen in East and South Africa. So far the problem is confined to grinding poverty and ignorance. But I have a feeling that unless the political life of the Island is purified and entire commnnity is brought under one strong political organization, we are going to get a very rude shock and if, God forbidding, any of those things happen that I am apprehending, these people are doomed. I regret I cannot go into the details and blame any particular person or party for the prevailing situation, but I know you will be able to understand and forgive me for this short note.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

India's Commissioner in Trinidad

By Prof. Ramsahai, President, Arya Pratinidhi Sabha of B.W.I.

—:o:—

A grand reception was accorded to Prof. Satyacharan Shastri, M. A., Commissioner for the Government of India, by the Arya Pratinidhi Sabha of Trinidad at the Jubilee Cinema, Chaguanas. The Commissioner and his party were escorted to the rostrum by some members of the Indian Volunteer Corps and were lustily cheered by the audience with the shout of Namaste and Jai-Hind. The proceedings began with recitation of Veda mantras and the national anthem of India. The President of Arya Pratinidhi Sabha introducing the guest of honour said: "With the presence of a Commissioner of such dynamic ability, there should be close co operation and unity amongst the Indians settled in the West Indies and British Guiana. There is no reason why the culture of the Indians in these parts should not be maintained. They have suffered socially, economically and politically in the past. Prof. Satya Charan would be torch bearer of wisdom, upliftment and prosperity for them in future."

The Commissioner was presented with a welcome address by Shri Luxmidutt Shivpersad on behalf of the Arya Pratinidhi Sabha of Trinidad. I quote here a few extracts from it:—

"This welcome to you gives added pleasure because of the fact that it was at this very place, Chaguanas that the Arya Samaj officially welcomed you about thirteen years ago, when you were at that time actively associated with the Arya Samajist movement, as its accredited missionary. Your return after a short stay here created a vacuum in our midst. We have been very anxious, and in fact, representations to suitable quarters were made from time to time, to have an accredited representative of India in the Caribbean areas where the Indian population is well nigh half a million. It is a matter of sincere gratification to us that shortly after the attainment of freedom, you were appointed as the first Commissioner in the British West Indies and British Guiana by our Prime Minister, Pandit Jawaharlal Nehru. We are sure that with your previous knowledge of the Indian problems in this Western Hemisphere you will be able to discharge your duties creditably and we assure you of our loyal co operation in all your endeavours. Turning to ourselves we wish to say that this Sabha came into existence in 1943 and in the same year it was incorporated by Statute, its main purpose and aim being to control and give direction to the whole movement. The Sabha now has Government authority to erect and carry on educational institutions in the colony. Our work in the colony has met with some measure of success, though we have had, as is natural, our fair share of ups and downs. But inspite of all odds we have gone on undaunted, with a determination to carry out the mission of the illustrious and revered founder of Arya Samaj, Rishi Dayanand. Apart from conducting our usual religious work we have been able to build at great sacrifice an Arya Mandir at Curepe, where a high school is being run under the principalship of a scholar from India. You have come to this colony at a most opportune moment when efforts are being made by the Arya Samaj to establish a Gandhi College, to further interest in the Arts, Literature and Culture of Aryavarta. While this institution will be for boys only, it is high time that some such institution as the one envisaged, be also built for girls. Let us hope that your presence here will be an inspiration and give an impetus to-

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

wards the establishment of such an institution. There is also an urgent need for the establishment of one or more libraries to serve the Indian community. But this may be beyond our resources and unless the Mother-India comes forward to give direction and aid towards the formation of one or more such libraries, the idea will remain an empty dream. To other matters are of immediate concern to the Hindu community; Ecclesiastical Grant and Governmental permission for cremation. Is it too much to hope that your presence in the Island will serve as an incentive to all groups to come together and tackle these matters earnestly."

Shri S. Moosai Maharaj, President of the Caribbean Vedic Council and Shri Satyadev paid glowing tributes to the sterling qualities of head and heart of the Commissioner and made references to the happy memories of his ealier visit to Trinidad in 1935. The Commissioner replied suitably both in English and Hindi, a brief summary of which is given below:—

"Some twelve years back when I left this island, I had little hope of renewing my visits to these parts. The old memories of my association with you are conjured up before my mind and I feel happy to be in your midst again, though in a different capacity. The splendid welcome that you have accorded me has moved me deeply and has given ample demonstration of your increased interest in me and my mission.

I appreciate your jubilation on India's freedom and your assurance of loyalty and co-operation. The present free status of our Motherland is the result of various forces that worked to restore her to her pristine glory and eminence. Among these contributory forces were the social reforms and cultural and political consciousness brought by some noble sons of India in the nineteenth century. Among this galaxy of remarkable figures appearing at the head of the Indian Renascence, Maharshi Dayanand by virtue of his unique qualities stands as the most outstanding. When spiritual traditions of India stood challenged by the dailectic materialism of the west, Rishi Dayanand stood firm as rock in his conviction and met this menace with admirable vigor and tenacity. The impact of Western Culture did not daunt him and he succeeded in bringing back an old Aryan element into the national character. With this objective in view he founded the mission of the Arya Samaj to uphold the glory of Cultural heritage of ancient Aryavarta.

To me as I conceive it, Arya Samaj is a liberal orthodox movement. Liberal because it is progressive in outlook and does not conform with the narrow, dogmatic and superstitious religious doctrines. For its uncompromising attitude to reconcile with anything un-Vedic, it may be termed as orthodox. Whatever it may be, Modern India owes much to the liberal influence of this Aryan movement in her social and educational regeneration. In this western hemisphere, it is difficult to import all the traditions of Vedic religion which are built in India. They have to be reorientated and adjusted to the new environments. But there are certain eternal principles which do not recognise the barriers of time and land and among them are the human virtues of Love and Sacrifice. The Aryan sages lived upto these ideals. Their ever flowing love embraced the entire universe and treated all as members of one family. The element of aggression which is the dominating factor of our life today, was unknown to them. They had unshakable faith in the maxim that utility of life consisted in its sacrifice at the alter of humanity.

Consistent with the above principles, I would suggest the local Arya Samaj organisations to divide their activities under the following three heads:—

(1) Social Service, (2) Educational planning and (3) Cultural propaganda and publicity. Charitable dispensaries, poorhouses to shelter destitutes, orphanages to accomodate poor parentless children and formation of volunteer corps to help the needy ones without any dis-

CC-0. Prabhu Dayal Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

crimination of race and religion are some of the items which fall under the category of social service.

Proper education is the prime need of the Indian population of this Colony. Their percentage of illiteracy is the highest in comparison to other races. I wish in all the eight counties of Trinidad, secondary schools with proper provision for teaching Hindi along with other subjects of the curriculum be started. You have the necessary authority of the Govt. to carry on educational institutions and I am sure you will also receive all assistance and co operation from the lovers of education in your efforts to promote its cause."

DURBAN RIOTS

BY FATHER W. HAROLD SATCHELL

The civilised world is shocked at the news of the riots between Indians and Africans, in Natal, South Africa. Never before has there been a tragedy of this nature. One hundred thousand African natives and a similar number of Indians have lived and worked in the City of Durban. Socially they have remained aloof from one another, each community to a large extent being a separate entity, in the same manner as each is separate from the European community. Yet this aloofness has not been of an unfriendly nature—an aloofness so frequently found among mixed racial communities in this land. The Indian and African have always had far more in common than either has with the European community. The grievances and disabilities they shared under successive Governments have driven them to frustation and despair but the Govt. and Administration, on which no Black man or Brown can ever find a place, are always the enemy. The European of South Africa number about two and a quarter millions, the African approximately nine millions including Coloureds (the "Coloured"—people of mixed white and black descent number nearly one million) and the Indians about a quarter million. Only the white members of the Union population have the franchise. A small white oligarchy rules the country repressing the brown and black majority conceding to non-whites few privileges, and fewer rights. There are ofcourse potential causes of trouble between non-white groups, The African has fewer rights and amenities than the Indian. Inspite of all governmental efforts, the Indian merchants and a few other fortunately situated persons, can and do become fairly large land-owners. The African deprived from owing land (in the country really his own!) is naturally jealous of this. The Indian is seldom treated with the callous heartlessness that African have to submit to! The Indian at least has a measure of freedom in that he can move about within his own Province without passes, without which the African is promptly arrested. These privileges (!) are naturally potential causes of anger to the African. The Indian merchant has over a long period of time served the African in ways the less understanding European failed to do, yet he has succumbed to the temptation to indulge in black-marketing activities that have earned for himself an evil reputation and the anger of the helpless Africans.

This may explain the sudden outburst of savagery on the part of the Africans. Yet there must be more than just suppressed anger. There must be some immediate cause to account for this sudden unleashing of blood-mad passion. What are the new elements that have aggravated the situation? The change of the Government is, as far as we know, the only new element. In reality that attitude of the Malan Government and that of the Smuts Government in racial matters is the same in principal and only differs in degree and method. White Supremacy and repression of the non-white is the keynote of both, and of the Administration that

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

serves whichever Govt. happens to be in power. The Malan Govt. is more ruthless and crude and lacks the finesse in repression that characterized the Smuts regime. During the Smuts regime the Govt. did nothing to check and suppress the vicious campaign against the Indians. In fact, the passing of the obnoxious Ghetto Act in 1946, the venomous and lying attack on the Indian by Boer and British in the Parliament, in the press and on public platforms was a disgrace that shamed every fair-minded South African. As Michael Scott has said, "for two generations we have been sowing the seeds of racial hatred." Insidious suggestion have been made over several years that, if only the Indians were out of country the Africans would have had a better chance. The policy of the present Malan Govt. is to intensify repression, and in every way and at any cost to implement the wishes of "the people" as expressed in this vicious campaign. We have yet to learn to what degree the Govt. is responsible in whispering into the ears of the Africans, "if only the Indian could be eliminated....." We must wait and see, ra her we should wait and pray.

RACIAL CARNAGE IN DURBAN

By Bhawani Dayal Sannyasi

—:o:—

I had a most alarming cable from my children on the 20th January, telling me, "Durban witnessed a shocking racial carnage for three days unparalleled in the annals of South Africa. Hundreds were butchered mercilessly including women and children. Many Indians were burnt alive and many were stoned to death. Women were raped savagely and hundreds of them have fled into jungles to protect their honour from criminal assaults. Thousands were wounded, most of them dangerously. Hospitals were jammed with Indians. Thousands have become homeless and penniless; their homes and shops have been looted and gutted by fire. More than thirty thousand Indians are gathered in refugee camps. Wild Zulus, singing their tribal songs, swarm throughout the Indian localities, letting fly whenever they see an Indian head. The life of an Indian was not worth a penny in Durban for three days during the riots. Police force was not as active as the occasion demanded. For three days there was unchecked anarchy and the protectors of law and order remained silent spectators of a ghastly scene of loot, murder, rape and arson. It is believed that some hidden hands are playing this dirty game of divide and rule in order to nip in the bud the proposed non-European Front against the notorious apartheid."

I have also read the detailed reports of tragedy in our press with a sorrow-laden heart and an anguished mind. It has been a personal concern to me. I was worried beyond description over the shocking events in Durban, the centre of my public activities for a quarter of a century, and where I spent the best part of my life. It was bolt from the blue. The allegation that agents hired by the Malan Govt. instigated the Durban riots is not without foundation. It is well known that the Union Govt. has always had in its pay agents provocateur whose set job is to create friction amongst the non-Europeans, and prevent them from coming together. This mad outburst of violent passion has done an immense harm to the interests both of the Africans and the Indians. the riots were deliberately instigated to shatter the growing unity between Indians and Africans so that the wicked policy of apartheid may be pursued to its logical conclusion. The friction created by the riots would be advantageous to the Malan Government, since the danger of the non-European united front taking shape is now averted, for some time, at any rate.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Whatever may be the immediate cause of the beastly Durban riots, it is an admitted fact that they are, as General Smuts has publicly confessed, the first fruits of the notorious apartheid. The disturbance was not an isolated incident. It was the result of a well planned and organised conspiracy. It was aimed at creating terror among Indians, so that they might think that their lives and properties were not safe in Natal and would gladly accept Malan's scheme of repatriation. It is a dishonest attempt to get rid of Indians. But Malan must remember the words of his predecessor Smuts that the "course which the Malan Govt. is following will lead to the events which future (European) generations will mourn" and "the small fire which the Govt. is fanning today might lead to a terrible conflagration."

The agents provocateur were busy for sometimes misleading the Natives into the belief that Indians are alien to Africa and they must be eliminated; that they are exploiting them and blocking the way to their progress. And there are Natives who naturally believe that any anti-Indian steps they take will earn the support of the European community and are justified by the anti-Indian propaganda of the politicians. There was no trouble in the Native reserves, but in a city, where 100,000 Natives work for Europeans. The riots were inspired and organised by political forces to bring about enmity between the Natives and the Indians who had always been friendly. It is the same policy as that practised by the British in India which instigated the Hindus and Muslims to fight each other. The deep rooted origin of the riots will be found in the policy of apartheid preached by Malan, anxious to maintain his domination over an already exploited population. Malan must bear the responsibility of murder, loot, rape and arson in Durban. His regime is sullied with the blood of the innocent men, women and children. He cannot fool the world for all times. He has done the greatest harm to South Africa by violently setting the



"MY HANDS ARE CLEAN!"

By courtesy of "Hindustan Times" Cartoon by Ahmed

डरबनमें मलानका रक्तस्नान

मलान लहूके हौजमें स्नान कर रहे हैं पर विश्वको यह विश्वास दिलाना चाहते कि उनके हाथ साफ हैं ।

CC-0. In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Dr. D. F. Malan
डाक्टर डी० एफ० मलान

White Africanders and the black Africans against the peaceful and law-abiding Indians.

The gruesome tale of Durban, victim of a prearranged plot to bring about humiliation of the Indians by the callous murder, loot, rape and arson, is being explained away as a racial outburst. It was also said that police force was not adequate in Durban to extinguish a small spark which developed into the country's unprecedented conflagration. I am well aware of the strength of the Durban police. In 1929, it was this very police force which was able to crush the rebellion of about 25,000 well organised members of the I.C.U., a labour union of the natives within a few hours. But that revolt was against the European. In the present case, the Durban police was helpless because it was directed against the Indian. To me it is the eighth wonder of the world that it took three days for the military to reach Durban when unbelievable excesses of the past three days created the feeling even among the Europeans of sickening despair and real fear for the future. Despite his criminal indifference, Malan is very furious that he has been accused of instigating the riots as he angrily said the other day in the Union Parliament that "a press message had been sent, among others, that the Govt. and citizens of the Union were instigators of the Africans against the Indians and that there was neglect on the part of the authorities in affording protection to the Indians. There was even the suggestion that the Prime Minister had gone so far as to forbid the police and permanent forces to act in time." Therefore, he has appointed an enquiry commission to white-wash his black-deeds and acquit his Govt. of the responsibilities of Durban carnage at the bar of world opinion.

I am sorry that the Govt. of India have done very little to console the ruined Indians of Durban. Our Prime Minister Pandit Nehru is too busy with the leadership of Asia and his candidacy of world leadership as reported in the American magazine "Life" by Winthrop Sargeant. He can, therefore, hardly spare his few words in sympathy of the Durban victims. He has delivered many lengthy speeches since the Durban carnage, but I am astonished to note that he has deliberately avoided the Durban issue. I must admit that our Deputy Prime Minister has expressed grave concern over the happenings in Durban and rebu ed the Indians for their cowardly behaviour. I can assure Sardar Patel that our people in S. Africa are not coward, as it appears from their sad plight. In fact, they were taken unaware without the slightest expectation of a mass attack.

(Since my writing above, Premier Nehru has made a statement before the Indian Parliament, placing the bare facts before the house, and with holding his own comments, on the plea that Dr. Malan has already appointed an Enquiry Commission to ascertian causes of the Durban riots. The figures of casualties announced by our P ime Minister were merely a repetition of Dr. Malan's disclosure in the Union Parliament. It was hardly necessary for Pandit Nehru to having repeated his slogan, on this ocaasion, that his Government did not look with sympathy at the establishment of any vested interests by the Indian settlers which may retard the advancement of the African people in their own homelands. There is no clash of interests between the Indians and Natives in South Africa, and Indians have done nothing to retard the advancement of the Natives. But such a statement is liable to be misconstrued and used for kicking the Indians out of the country. Premier Nehru should speak with caution, and to the point.—B.D.S.)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सम्पादक—भवानीदयाल संन्यासी

वर्ष २ ॐ फरवरी १९४९ ॐ अंक २

डच गायनामें हिंदुस्थानी ।

दक्षिणीय अमेरिकामें गायना नामक एक उपनिवेश है जिसका क्षेत्रफल लगभग अढ़ाई लाख वर्गमील है। यह उपनिवेश तीन भागोंमें विभक्त है जो ब्रिटिश गायना, फ्रेंच गायना और डच गायनाके नामसे प्रसिद्ध है। इनमें ब्रिटिश गायना और डच गायना हमारे लिये विशेष महत्वपूर्ण हैं क्योंकि वहां प्रवासी भारतीयोंकी अच्छी आबादी है। ब्रिटिश उपनिवेशोंमें तो भारतीयोंको गुलामी करनेके लिये जानाही पड़ा, पर डच गायनामें भी भारतीय गुलामकेइी रूपमें गये, क्या इससे बढ़ कर भारत की अपकीर्ति और कुछ हो सकती है ? ऐसे तो हम हजार साल तक पराधीन रहे पर भारतमें दो सौ वर्ष तक अंग्रेजोंका शासन हमारी पराधीनताकी महाकाल रात्रि थी। उन्नीसवीं शतीके दूसरे चरणमें जब दुनियासे गुलामीकी प्रथा उठा दी गई तो इस अभागे देशमें उसका पुनर्जन्म हुआ। विधिकी कैसी बिडम्बना ? जंगली हबशी तो गुलामीकी जिन्दगीसे छुटकारा पा गये पर उनकी जगह पर हिन्दुस्थानको आर्य संतान, राम और कृष्णके वंशज, अकबर और शेरशाहकी औलाद विदेशोंके बाजार में गुलामकी तरह बेची गई। हबशियों और भारतीयोंकी गुलामीमें यही अंतर था कि हबशी जहां जिन्दगी भरके लियेही नहीं, पीढी-दरपीढ़ीके लिये भी बिक जाते थे वहां भारतीय पांच सालके लिये बिके।

अंग्रेजोंको भारतके रूपमें गुलामोंकी खान मिल ही गई थी। भारतीय गुलामोंसे जहां वे अपने उपनिवेशोंको आबाद करते थे वहां अपने श्वेताङ्ग पड़ोसियोंको भी गुलाम देकर मदद पहुंचाते थे। सन् १८७२ में भारतकी अंग्रेज सरकारने डचोंको भारतीय गुलाम देना मंजूर किया और सन १८७३ में डच गायनाके लिये उनकी रफ्तनी शुरु हो गई जिसका सिलसिला सन १९१२ तक जारी रहा। इस बीच में ३१,००० भारतीय गिरमिट लिखाकर यहांसे सुरीनाम गये। सन १९३२ में सुरीनामकी कुल आबादी १४०,००० में भारतीयोंकी संख्या ३७,९३३ थी जिनमें २०,४१२ पुरुष और १७,५२१ स्त्रियां थीं। भारतीयोंमें अधिकांश आदमी धानकी खेती करते हैं, शेष अनेक प्रकारके काम धंधामें लगे हुए हैं जिनमें अध्यापक दुभाषिया, क्लर्क, दुकानदार, दर्जी, बढ़ई, सोनार, नाई, गाड़ीवान, घसियारा, पुलिस, मोटर ड्रायवर, कुम्हार आदि उल्लेखनीय है।

डच गायनाके मूल निवासियोंमें दो जातियां हैं—एक रेड इंडियन और दूसरी वाइट इंडियन। रेड इंडियन बड़े डीलडौलके होते हैं और उनकी शक्ल-सूरत डरावनी होती है। उनके सिरपर बाल बहुत कम होते हैं,—दाढ़ी मूछें भी नहीं होती हैं। वाइट इंडियन गोरे होते हैं, उनके लम्बे-लम्बे बाल होते हैं। वे कपड़े पहनते हैं और कला-

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कारीगरीमें हुशियार होते हैं। नाव, सुराही, पंखा, कंडील, आदि तथा मिट्टीकी तरह-तरहकी चीजें बनाते हैं। वहां तुली नामक एक बहुतही लम्बा-चौड़ा पत्ता होता है जिससे घर छाया जाता है और आठ-दस वर्ष तक काम देता है। मालदार आदमी अपने घर टीनसे छाते हैं। आदिम निवासी लकड़ीका कारबार करते हैं। मकान लकड़ीका बनता है। सालमें दो फसलें होती हैं। गेंहू, दाल, कपास आदिकी खेती नहीं होती है, ये वस्तुएं बाहरसे मँगाई जाती हैं। डच गायनामें डचोंकीही आबादी और आधिपत्य है। अंग्रेज वहां नहीं हैं। वे भारतीयोंसे अच्छा व्यवहार करते हैं। वहां जावा और मलायाके भी लगभग बाइस हजार आदमी हैं, हबशी भी उतनीही संख्यामें है। पैसेके लालचसे हबशी हत्या करनेमें भी नहीं हिचकते हैं। चीनी केवल ५०० है पर वे व्यापारमें अपना जोड़ नहीं रखते हैं। देशकी राजधानी पारामारिबोमें लगभग पचास हजार आदमी रहते हैं।

डच गायनाके भारतीयोंमें हिंदी भाषा प्रचलित है, मद्रासी भी हिंदी बोलते और समझते हैं। चालीस साल तक हिंदी वहांके स्कूलोंमें भी पढ़ाई जाती थी जिससे भारतीयोंकी भाषा और संस्कृति सुरक्षित रही। बादमें डच सरकारने हिंदीमें शिक्षा देना बंद कर दिया। कुछ भारतीय डच भाषा अच्छी तरह जानते हैं पर अंग्रेजी जानने वालोंकी संख्या बहुत कम है। सरकारी और क्रिश्चियन मिशन स्कूलोंमें भारतीय विद्यार्थियोंको दाखिल कर लिया जाता है सातसे बारह वर्ष तकके बालकोंके लिय प्रारंभिक शिक्षा अनिवार्य है। सन १९३१ में राजधानी पारामारिबोंमें २,८३८ बालक और २०७५ बालिकाएं कुल ४,९१३ भारतीय विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त कर रहे थे, इधर अठारह सालमें उनकी संख्या बढ़ीही होगी।

डच गायनाके हिंदुओंमें कुछ तो आर्यसमाजी बन गये हैं और शेष सनातन धर्मी हैं। वे प्रायः स्वदेशसे पुस्तकें मंगाकर पढ़ा करते हैं। पुराने लोग जात पांतके प्रपंचमें अबतक फंसे हुए हैं, पर उपनिवेशोंमें भारतीयोंकी संख्या इतनी कम है कि इस ढकोसलेको बनाये रखना संभव नही है। धीरे-धीरे जात बंधन चूर चूर हो रहा है। युवक और युवतियां इस प्रथापर ठोकरें लगा रही हैं। खानपानमें जात-पांतका कोई लिहाज नहीं है जिनकी जहां इच्छा होती है खाते पीते हैं। कुछ ऐसे जीव भी मिलेंगे जिनका धर्म खान-पान तकही सीमित है। तलाककी प्रथा भी प्रचलित है। विवाह आदि संस्कार वेद या पुरान विहित होते हैं। श्रावणमें भागवतकी सप्ताह कथा होती है और यज्ञ हुआ करता है। समय समयपर रामलीला, कृष्णलीला और भरतलीला भी होती है। होली, दिवाली, रामनवमी और कृष्ण जन्माष्टमी आदि त्योहार बड़ी धूमधामसे मनाये जाते हैं। पुराने ढर्रेके आदमी अब भी धोती-कुर्त्ता पहनते हैं, औरतें साड़ीचुमा लहंगा और कुरती पहनती तथा ओढनी ओढती हैं। विवाह माता-पिता की स्वीकृतिसे होते हैं। अभी स्वयंवरकी प्रथा प्रचलित नहीं होने पाई है। हिंदुओंके धर्मविहित विवाह कानूनसे जायज नहीं है, इस प्रकारके विवाह हो जानेपर भी स्त्री-पुरुष जब चाहें एक दूसरेको छोड सकते है। इसलिये विवाहकी रजिस्ट्री करानी पड़ती है। रजिस्ट्री हो जानेपर विवाह पक्का हो जाता है। जिनके विवाहकी रजिस्टरी नहीं हुई है उनके बच्चोंको उनकी जायदाद नहीं मिल सकती यदि वे वसियतनामा लिखे बिना मर जायँ। उनको लावारिस मानकर सरकार उनका धन ले लेती है।

गांवोंमें एक एक मीलपर स्कूल है। पुस्तकें, स्लेट आदि सरकार देती है। आदिम निवासियोंको भी शिक्षा देनेकी उचित व्यवस्था है। डचके साथ फ्रेंच भाषा भी पढ़ाई जाती है पर भारतीयोंमें उच्च शिक्षाका अभाव ही है। नगरोंसे अधिक लोग गांवोंमें ही बसते हैं। इसका कारण गरीबी है। बड़े बड़े व्यापार डचों और चीनियोंके हाथमें है। भारतीयोंमें निर्धनोंकी संख्याही अधिक है। वे खेती करते और पशु पालते हैं। यद्यपि भारतीयोंके साथ घृणाका बर्त्ताव नहीं किया जाता है तथापि उनको ऊपर उठने और आगे बढ़ने भी नहीं दिया जाता है। सरकारी नौकरीमें उन्हें कोई जिम्मेदारीका पद नहीं दिया जाता है, चाहे वे कितनेही योग्य क्यों न हों! कोई भारतीय यदि स्वदेश लौटना चाहता है तो उसके मार्गमें अनेक बाधाएं डाली जाती हैं। इस समय अभी दो हजार भारतीय ऐसे हैं जो सरकारी खर्चसे देश लौटनेके अधिकारी हैं। वास्तवमें डच गायनाकी आर्थिक अवस्था भारतीयोंकी श्रमशीलतापरही निर्भर है। वेही वहांके किसान है, उनकेही श्रमसे अर्जित धन वहांके व्यापारका आधार है। अन्य क्षेत्रोंमें विकासकी सुविधा न होनेके कारण उन्होंने खेती और पशु पालनका पेशा अपनाया। उनमें से कुछही लोग व्यापारके क्षेत्रमें

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रवेश कर पाये हैं। कुछ भारतीयोंने जमीन भी खरीदी है। उनके जीवनका स्तर श्वेताङ्गोंके मुकाबलेमें बहुत नीचा है। वे बहुधा धान उपजाते हैं, कुछ फलोंकी खेती भी करते हैं जिनमें केला, आम आदि मुख्य हैं। कुछ लोग गाय पालते हैं। अधिकांश भारतीय अबतक मजदूर ही हैं।

डच गायनाके प्रवासी भारतीयोंमें सबसे बड़ी कमी एक ऐसे प्रभावशाली नेताकी है जो वहां भारतीय जनताके लिये मार्ग प्रदर्शनका कार्य कर सके। वहां कोई ऐसा योग्य नेता नहीं है जो समस्त भारतीयोंको एक सूत्रमें संगठित कर सके, उनकी राजनैतिक समस्याओंको सुलझा सके और आवश्यकता पड़नेपर सरकारसे लड़कर उनका अधिकार दिला सके। सबसे पहले उनको शिक्षित बनाकर भारतसे परिचित करानेकी आवश्यकता है। भारतीय संस्कृतिकी रक्षाके लिये वहां कुछ विद्यालय खोलना चाहिये और विशेष रूपसे हिंदीका प्रचार किया जाना चाहिये। वहां एक प्रेस खोलने और अखबार निकालनेका भी उद्योग होना चाहिये। यदि वहां एक प्रेस खुल जाय तो ऐसी पुस्तकें परचे आदि छापकर बांटे जा सकते हैं जिनसे धर्म, संस्कृति, साहित्य और राजनीतिके प्रति अनुराग उत्पन्न हो सके।

डच गायनामें सबसे पहले श्री महता जैमिनी (अब स्वामी ज्ञानानन्दजी) ने सन १९२८ में वैदिक धर्मका प्रचार किया। उनके प्रचारसे वहांके हिंदुओंमें एक नई जागृति पैदा हुई और एक नई विचारधारा फूट पड़ी। हिंदू आर्यसमाजी और सनातनी दो दलमें विभक्त हो गये और आपसमें शास्त्रार्थ भी होने लगा। उनके पाँच वर्ष बाद आर्यसमाजके प्रसिद्ध प्रचारक पं० अयोध्याप्रसादजी वहां जा पहुंचे और उनके भाषणोंसे वहां बड़ी उथल पथल मच गई। उनके प्रयत्नसे पारामारिबोंमें गवर्नरके हाथोंसे आर्य मंदिरकी नींव पड़ी और आर्यसमाज संगठित रूपसे काम करने लगा। उनकी विद्यमानतामेंही पं० सत्याचरणजी शास्त्री (जो इस समय ब्रिटिश गायना और ब्रिटिश वेस्ट इंडीजमें भारत सरकारके कमिश्नर हैं) वहां पहुंच गये थे और उनके प्रचारसे आर्यसमाजकी वहां पूर्णतः धाक जम गई। हालहीमें पं० ऋषिरामजी भी उधरके उपनिवेशोंमें पर्यटन और प्रचार करते हुए डच गायना भी गये थे और उनके भाषणोंसे आर्यसमाजके प्रभाव और शक्तिमें और भी अभिवृद्धि हुई है।

सनातन धर्मियोंका भी वहां एक सभा है जिसके द्वारा धार्मिक कार्य हुआ करता है। इस सभाके सूत्रधार पं० भवानीभीख मिश्र और श्री पल्टन पंडित है। श्री भवानीभीख मिश्रसे सन १९३५ में भारतमें मेरी मुलाकात हुई थी। वे बड़े सीधेसादे और पुराने ढर्रेके पंडित हैं। उन्होंने पं० मदनमोहन मालवीयके दर्शनकर उनसे डच गायनाके हिंदुओंके लिये एक संदेश भी प्राप्त किया था। मिश्रजीने डच गायना लौटकर भारतीयोंकी एक सभा बुलाई थी जिसमें पूज्य मालवीयजीका संदेश पढ़कर सुनाया गया था। मालवीयजीने अपने संदेशमें उनको यह सलाह दी थी कि वे वहांसे अपने कुछ विद्यार्थियोंको भारत भेजें जिससे वे भारतसे अपना सम्बन्ध दृढ़ करनेमें समर्थ हो सकें और उनके विद्यार्थी यहांसे शिक्षा पाकर डच गायना लौटेंगे तो वहांके प्रवासी भारतीयोंको आर्य संस्कृतिका संदेश सुनाकर मातृभूमिसे उनका सम्बन्ध और भी दृढ बनानेमें सहायक होंगे।

सन १९१९ में डच गायनाके पं० शीतलप्रसाद दूबे श्री लक्ष्मणसिंह, डाक्टर जंगबहादुरसिंह प्रभृतिसे कलकतेमें मेरी मुलाकात हुई थी। दुबेजीने 'भारतोदय' नामकी एक सभा खोली थी और हिंदीमें एक अखबार निकालनेकी भी चेष्टा की थी पर उनके अखबारका तो एक या दो अंकसे अधिक न निकल सका। पं० शीतलप्रसाद और श्रीलक्ष्मणसिंह दोनों इस संसारसे उठ गये, डाक्टर जगबहादुरसिंह ब्रिटिश गायनाके जार्जटौनमें रहते हैं। इधर श्री भवानी भीख मिश्र अपनी सभाकी तरफसे एक प्रेस खोलनेका प्रयत्न कर रहे थे, पर उनको कहां तक सफलता हुई, यह कहना कठिन है।

भारतोदय नामकी सभाही सुरीनामकी राजनैतिक सभा समझी जाती है पर उसकी गति अत्यन्त शिथिल है। 'आर्य दिवाकर' नामकी एक और सभा है जो थोड़ा बहुत काम करती रहती है। सुरीनामके भारतीयोंमें शराबखोरी और व्यभिचारकी बीमारी बढ़ती जाती है। यह ऐसी भयंकर बीमारी है जो मनुष्यको बरबाद कर डालती है। मदिराके विरुद्ध वहां जबर्दस्त आंदोलन होना चाहिये अन्यथा उसके प्रभावसे भारतीयोंका नैतिक जीवन विनष्ट हो जायगा और आर्थिक दृष्टिसे वे सदा कंगाल बने रहेंगे। वहांका वैवाहिक जीवन भी संतोषप्रद नहीं है। आज विवाह और कल विग्रह और फल-स्वरूप विवाह-विच्छेद,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

यह तो साधारण बात हो गई है। इससे भारतीयोंके सामाजिक जीवनको बड़ा आघात पहुंचता है। इन सब बुराइयोंको दूर करनेका प्रयत्न होना चाहिये।

राजनैतिक दृष्टिसे सुरीनामके भारतीय बहुत पिछड़े हुए है, उनमें राजनैतिक जीवन हैं ही नहीं। यह उनके हकमें अच्छी बात नहीं है। भारतीय संस्कृतिकी दृष्टिसे डच गायना अपने पड़ोसी ब्रिटिश गायना, ट्रिनीडाड और जमैका आदिसे अधिक सुरक्षित है। यद्यपि उन उपनिवेशोंके भारतीयोंमें राजनैतिक जागृति दृष्टिगोचर होती है तथापि भारतीय संस्कृति और हिंदी भाषा बहुत कुछ विलुप्त हो चुकी है। डच गायनाके भारतीय अपने धर्म और अपनी संस्कृति तथा भाषाकी अभीतक रक्षा करते जा रहे हैं। ब्रिटिश गायनाके प्रवासी भारतीयोंकी स्थितिपर हम "प्रवासी" के किसी अगले अंकमें प्रकाश डालेंगे।

भारतीय कांग्रेस और प्रवासी भारतीय

(लेखकः—श्री गुप्तनाथसिंह, सदस्यः बिहार धारा सभा और भारतीय संविधान परिषद)

लगभग बीस साल पहले प्रवासी भारतीयोंके सर्वमान्य नेता स्वामी भवानीदयालजीने अपने एक वक्तव्यमें प्रवासी भारतीयोंकी परिस्थितिका विश्लेषण करते हुए कहा था—"विभिन्न उपनिवेशोंमें गौराङ्गोंके अमानुषिक अत्याचारोंकी ठोकरें खाते, नाना प्रकारकी यातनाओंको झेलते तथा मर्माहत होकर खूनका घूंट पीते हुए प्रवासी भाई उस दिनकी आशा एवं प्रतीक्षामें जी रहे हैं जिस दिनकि सभी दिशाएं गूंज उठेंगी कि शतियोंकी दासताकी बेड़ी चूर-चूर कर भारत स्वतंत्र हो गया और हिमालयके गगनचुम्बी शिखर एवं हिंदमहासागरकी छातीपर अठिलाते हुए जंगी बेड़ेपर स्वतंत्र भारतका झंडा शानसे फहराने लगेगा। उनकी अटल धारणा है कि भारतकी स्वधीनताके साथही उनके भाग्यका सितारा भी चमक उठेगा। फिर तो किसकी मजाल जो भारतकी संतानका संसारके किसी भी भागमें अपमान करनेका साहस कर सके। उनका अपमान करना अपने सर्वनाशका आवाहन करना होगा। जिस तरह एक अंग्रेज इङ्गलेन्डके बलपर दुनियामें सर्वत्र शानके साथ विचर सकता है उसी प्रकार हमारे प्रवासी भाई भी उपनिवेशोंमें इज्जत-आवरूके साथ जीवन व्यतीत कर सकेंगे।"

सौभाग्यवश भारत आजाद हो गया और प्रवासी भाइयोंकी आशा और भी बलवती हो उठी कि स्वतंत्र भारत अपनी संतानके अपमानको सहन नहीं कर सकेगा और उनको श्वेताङ्गोंके अन्यायसे बचानेके लिये आवश्यक उपाय काममें लावेगा। पर खेदके साथ कहना पड़ता है कि स्वतंत्र भारत अबतक कुछ करने-धरनेमें असमर्थ ही रहा है। आशा लगी थी कि स्वाधीनता प्राप्तिके बाद होनेवाले कांग्रेस-अधिवेशनमें गंभीरतापूर्वक प्रवासियोंकी समस्याओं पर विचार किया जायगा और प्रवासी भारतीयोंको, विशेषकर दक्षिण आफ्रिकाके प्रवासियोंको मानवताका अधिकार दिलानेके लिये कोई प्रभावशाली उपाय खोज निकाला जायगा तथा उसे कार्यान्वित करनेके लिये भारत सरकार से आग्रहपूर्वक अनुरोध किया जायगा। पर जयपुरके कांग्रेस अधिवेशनमें प्रवासी-प्रश्नकी जैसी उपेक्षा की गई और उसे एक बला समझकर जिस ढंग से सिरका भार उतारा गया उससे बड़ी निराशा फैली है। ऐसा प्रतीत हुआ मानो अधिकांश लोग प्रवासी प्रश्नके महत्वको समझते ही नहीं और जो कुछ समझते भी हैं वे उसकी उपेक्षा करनाही उचित समझते हैं।

आइये! सर्व प्रथम उस प्रस्तावपर विचार करें जो कांग्रेसमें पास हुआ है। इस प्रस्तावमें शाब्दिक सहानुभूति प्रकट करनेके सिवा और कुछ नहीं है। इस प्रस्ताव पर विषय निर्धारिणी-समितिमें जो दो तीन संशोधन पेश हुए थे उनमें भी कुछ दम नहीं था। इस प्रस्तावपर जो वाद विवाद हुआ उसका उत्तर देते हुए प्रस्तावक श्री सेठ गोविंददासजीने जो कुछ कहा वह निर्जीवही नहीं, भ्रामक भी था। आपने पूज्य बापूके नामकी दुहाई देकर, जैसाकि आजकल अपने कथनको जोरदार बनाने के लिये रिवाजसा हो गया है, कहा कि हम प्रवासी भारतीयोंको नैतिक सहायताके सिवा और क्या कर सकते हैं? आपने यह भी कहा कि भारतके लिये अगला कदम है युद्ध जिसके लिये भारतकी आंतरिक स्थिति और अंतर्राष्ट्रिय परिस्थिति आज्ञा नहीं देती है। यही नहीं, आपने प्रवासी भारतीयों को यह भी सलाह दे डाली कि वे भारतकी आशा छोड़

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दें और अफ्रिकनोंसे मिलकर अपने उद्धारका उपाय खोज निकालें। यदि यही बात है तो फिर हमारी सूखी सहानुभूतिकी आवश्यकता भी क्या है? वे जैसा उचित समझेंगे, करेंगे और कर भी रहे हैं।

श्री गुप्तनाथ सिंह
Shri Gupta Nath Singh

इसी प्रकार कांग्रेसके प्रधान डाक्टर पट्टाभि सीतारामैयाने जो लम्बा-चौड़ा, अनावश्यक शब्द-जालसे भरा निर्जीव अध्यक्षीय अभिभाषण दिया उसकी उपेक्षाही करना उचित समझा गया, परंतु उन्होंने प्रवासी भारतीयोंके सम्बन्धमें जो कुछ कहा उसकी तो भर्त्सना किये बिना नहीं रहा जा सकता। प्रवासी भारतीयोंके सम्बन्ध में उनका कथन भ्रांतात्मक और निराशाजनक हैं। उनका यह बयान कि हमारी समझौतेकी बातचीतकी शक्ति परही प्रवासियोंकी समस्याओंका निपटारा निर्भर है पर हमारी बातचीतका आधार होगा एक मात्र नैतिक प्रभाव—शरीरिक बल नहीं, जहां प्रवासी भाइयों को हताश बनानेवाला और उनके साथ सहानुभूति रखने वालोंके उत्साह-पर चौका लगानेवाला है वहां अत्याचारियोंको खुल कर खेलनेके लिये प्रोत्साहन और उनके दुष्कर्मोंके लिये अभय दान देनेवाला भी है। नैतिक प्रभाव निश्चयही सर्वश्रेष्ठ साधन है पर जब अत्याचारी उसकी अवहेलना करने लगता है तब उसके दिमागको दुरुस्त करनेके लिये शारीरिक बल प्रयोगके सिवा और क्या उपाय है? हैदराबादका हमारे सामने ताजा उदाहरण है। भारत सरकार जब नैतिक प्रभावसे निजामको ठीक राहपर नहीं ला सकी तो विवश होकर उसे बल-प्रयोगका आश्रय लेना पड़ा। यही उचित भी है। हमारा यह अभिप्राय नहीं है कि भारत दूसरोंसे लड़ाई-झगड़ा मोल लेते फिरे। पर दूसरे देशोंको यह मालूम हो जाना चाहिये कि यदि भारतीयोंके साथ अन्याय होगा तो भारत उसको सहन नहीं कर सकेगा और आवश्यकता पड़नेपर शारीरिक बलका भी प्रयोग करनेसे बाज न आवेगा।

प्रवासी भारतीयके प्रस्तावमें सबसे अधिक खटकनेवाली बात यह थी कि उसपर बोलनेवालोंमें ऐसा कोई महान व्यक्ति न था जिसके कथनका प्रवासी भारतीयों और उनपर अत्याचार करने वालोंपर कुछ प्रभाव पड़ता। कमसे कम पंडित नेहरूका इस प्रस्तावपर कुछ न बोलना लोगों को बहुत खटका। खैर, जो हुआ सो हुआ। अब आगेके लिये उचित मार्ग अपनानेकी जरुरत है। दक्षिण अफ्रिकाके दुर्दान्त गोरोंने संयुक्त राष्ट्र संघके आदेशों की अवहेलना कर प्रवासी भारतीयोंको वहाँसे मार भगाने के लिये निश्चय कर लिया है। ऐसी स्थितिमें भारत सरकार को दक्षिण अफ्रिकाकी चुनौती स्वीकार करना होगा और सभी सभव उपायोंसे प्रवासियोंको इस विपदासे उबारनेके लिये प्रयत्न करना होगा। प्रवासी भारतीयोंका उद्धार भारतकी आजादीका अविच्छेद अंग है।

इस प्रसंगमें भारत सरकारके साथही भारतीय जनताका भी कुछ कर्तव्य है। स्वतंत्र भारतके प्रत्येक नागरिकको इस प्रश्नमें अनुराग रखना चाहिये और इस विपदकी बेलामें प्रवासी भाइयोंकी सहायता करनी चाहिये। "प्रवासी" पत्र हमारे लिये पथ-प्रदर्शकका काम कर रहा है। हमें प्रवासी भारतीयोंसे घनिष्ट सम्बंध स्थापित करना चाहिये और उनके दुःख सुखमें भाग लेना चाहिये।

सत्यमें अहिंसा छिपी हुई है और अहिसामें सत्य। इसी लिए सत्य और अहिंसा एकही सिक्केके दो रुख है। दोनोंकी कीमत एक ही है। केवल पढ़नेमें ही फर्क है, एक तरफ अहिसा है दूसरी तरफ सत्य।

शरीर या मनकी अपवित्रता को छिपानेसे असत्य और हिंसाही पैदा होगी।

अल्पमत वालोंको समझना चाहिये कि जहां वे रहते हैं वहीं उनकी वफादारी भी होनी चाहिये। अगर वे वफ़ादार नहीं रहेंगे, दगाबाजी करेंगे, तो आप उनके खिलाफ़ जरूरी कार्रवाई कर सकेंगे। मगर हम मौत आनेसे पहले क्यों मरें? खतरेसे लड़नेकी सच्ची तैयारी यही है कि हम खुद शुद्ध बनें। खुदगर्ज़ी और फूटसे बचें।

—महात्मा गांधी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अभी परसों "प्रवासी" आफिससे मेरे पास एक बन्धा हुआ पुलिंदा आया जिसके ऊपर चिटपर लिखा था "मोरिशसका मसाला"। मैं हर्षोल्लाससे उछल पड़ा। सोचा कि सम्पादकजीके पास मोरिशससे मसालेकी सौगात आई होगी उसमेंसे उन्होंने मेरे चखनेके लिये भी थोड़ासा भेज दिया है। पर जब पैकिट खोला तो सामने अखबारों और चिट्ठियोंका ढेर लग गया—मसालेकी तो कहीं गंध भी नहीं मिली। बात समझमें आ गई कि यह साहित्यिक मसाला है—तरकारीको चटकदार बनानेवाला मसाला नहीं। मैंने सारे अखबारों और चिट्ठियोंको एक सांसमें पढ़ लिया और उनका मुझपर ऐसा असर पड़ा कि मैं कलेजा थामकर रह गया।

* * * * *

हिंद-महासागरमें स्थित मोरिशस एक छोटासा टापू है। सबसे पहले सन १८३८ में हमारे देशवासी इसी टापूमें गिरमिट लिखाकर गये थे। जब वहांसे कुछ लोगोंने लौटकर उस टापूकी कहानी सुनाई तो हमारे देहाती भाइयोंने उसका नामही 'मिर्चका टापू' रख दिया और वहांसे वापस आनेवालोंका नाम 'मिर्चिहा'। यद्यपि वहाँ गन्नेकी खेती होती है और उससे शक्कर बनाई जाती है पर हमारे देशवासियोंकी दृष्टिमें वहाँके भारतीयोंकी हालत मिर्चकी तरह तीखीही जँची। मोरिशसकी चार लाख की आवादीमें अढ़ाई लाखसे अधिक हिंदुस्थानी हैं। अधिकांश भारतीय गन्नेकी खेती या मजदूरी करते हैं। पर इस समय कुछ स्वयंभू नेताओंने 'बैर और फूट' की खेती शुरु कर दी है और उनकी खेती खूब लहलहा रही है। भारतीयोंके सम्बन्धमें एक कविने ठीकही कहा है—

'बैर और फूट' दोनों हिन्दोस्तांके मेवे।
गोया कि शीरे मादर इनकी है ये गिजायें॥

भारतीय माताके दूधके साथही बैर और फूट की घूँटी पीता है, इस लिये आपसमें लड़ना-झगड़ना उसका स्वभाव बन जाता है। इसी बैर और फूटकी बदौलत भारतीयोंको एक हजार वर्ष तक गुलामी के नरकमें सड़ना पड़ा है। पर आश्चर्यकी बात तो यह है कि विदेशोंमें जा बसनेपर और अन्य जातियोंको परस्पर प्रेम पूर्वक मिलजुलकर रहते हुए देखकर भी उनकी आँखें नही खुलती हैं, उनके स्वभावमें कोई अंतर नही पड़ता है और वे आपसके संघर्षमेंही अपनी सारी शक्ति और अपना सारा समय नष्ट करते रहते हैं।

* * * * *

मोरिशसमें जो तीन चार हिंदीके अखबार निकलते हैं, वास्तवमें उनकी हस्ती प्रवासी भारतीयोंके लिये बड़ी भयावह है। ऐसे तो मतभेद कहाँ नही है, दक्षिण अफ्रिका, फिजी आदि उपनिवेशोंमें भी भारतीयोंके भिन्न भिन्न दल है, एक दल दूसरे दलके सिद्धांतों, विचारों और कार्योंकी कटु समालोचना भी करता रहता है, पर उनकी समालोचना शिष्टाचारकी सीमा लांघने नही पाती है। दक्षिण अफ्रिका, और फिजीके भारतीय अखबारोंको देखिये, उनमें भी विपक्षी दलके विरुद्ध लेख छपते हैं पर मर्यादाका उल्लंघन नही किया जाता है। मोरिशसकी स्थिति इससे नितांत भिन्न है। वहाँ अपने विपक्षियोंको गंदीमें गंदी गालियाँ बकना पत्रकार कलाका अङ्ग समझा जाता है। मोरिशस के पत्रकार गाली-गलौजमें भारतके भटियारोंको मात कर रहे हैं। वहाँके अखबारोंमें अपशब्दोंसे अलंकृत ऐसे लेख छपते हैं जिनको संसारका कोई भी पत्रकार छापनेका साहस नही कर सकता।

* * * * *

हमने "प्रवासी" के पिछले किसी अङ्कमें "आर्यवीर-जागृति" पत्रके लेखोंका कुछ नमूना दिखलाया था और उसकी बड़ी कड़ी टीका भी की थी, पर आज हमें यह कहते परम संतोष होता है कि "आर्यवीर-जागृति" की स्थिति और नीतिमें वांछनीय परिवर्तन दिखाई देता है। इस बदलमें मुझे "आर्यवीर-जागृति" के सितम्बर,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अक्टूबर और नवम्बरके जो अङ्क मिले हैं, उनमें ऐसी कोई बात नही है जिस पर आपत्ति की जा सके । जहाँ कहीं विपक्षियोंकी समालोचना भी है वहाँ भी शिष्टाचारका ख्याल रखा गया है । यह अखबार मोरिशसकी आर्यप्रतिनिधि सभा और परोपकारिणी सभा जैसी जिम्मेदार सभाओं का मुखपत्र है अतएव इसमें गंभीरताके सिवा उच्छृंखलताके लिये गुंजाइश नही है । संपादकको सदा सभाकी मान-मर्यादाका ध्यान रखना चाहिये और जो कुछ कहना हो, शिष्ट भाषामेंही कहना चाहिये । जिसका पक्ष प्रबल होता है वह अपशब्दोंका प्रयोग नही करता । वह केवल तथ्य जनताके सामने रख देता है उसपर मुलम्मा चढ़ानेकी भी जरुरत नही समझता । तथ्यके आधारपर जनता स्वयं अपना विचार बना लेती है । पर जिसका पक्ष कमजोर होता है वह गालियोंसे काम लेता है । अपशब्दोंका प्रयोग करनाही निर्बलताका लक्षण है । जब दो लड़के आपसमें लड़ पड़ते हैं तो उनमें जो मजबूत होता है वह केवल हाथसे काम लेता हैं, मुँहसे काम लेनेकी जरुरत नहीं समझता । पर जो कमजोर होता है वह घूँसेका जबाब ठोकरसे तो दे नहीं सकता, इस लिये मुँहसे गालियाँ बककर इस कमीको पूरा करता है । मार खाता और गालियाँ बकता जाता है ।

* * * * *

महात्मा गांधी ऐसे पत्रकारोंको प्लेग कहा करते थे जो जनताको गुमराह बनाते हैं—उसके दिलमें द्वेष और वैमनस्यका आग सुलगाते हैं और देशमें विषाक्त वातावरण फैलाते हैं । अपशब्दकी तो बातही क्या, कड़े शब्दोंका प्रयोग करना भी महात्माजी अनुचित समझते थे । यदि बापू कहीं मोरिशसके कुछ अखबारोंके लेख देख पाते तो उसे पत्रकारकी टीका समझते अथवा भटियारोंकी मुँहजोरी ? इन पत्रकारोंने वहाँके सार्वजनिक जीवनको ऐसा गंदा बना डाला है कि बस प्रभुकी पनाह !

* * * * *

"प्रवासी" कार्यालयसे प्राप्त पुलिन्देमें मुझे मोरिशस की "आर्यवीर-जागृति" के सिवा "जमाना", "जनता", "मजदूर" और "एडवांस" नामक अखबारोंके भी कुछ अंक मिले हैं । इनमें एक पक्षके अखबारने अपने विपक्षके व्यक्तियोंपर कटुक्तियोंकी बौछारें की है । "जमाना" भी कहीं कहीं मर्यादाकी सीमा लांघ गया है, पर "जनता" के कुछ लेख तो पत्रकार कलापर कलंक हैं । मोरिशसके भाई शिष्ट भाषामें एक दूसरेका दोष नहीं दिखला सकते हैं क्या ? 'जनता' ने 'देशके दुश्मन' और 'नाटक बंद करो' आदि लेखमें अपने विपक्षीपर जो व्यक्तिगत आक्षेप और दोषारोप किया है वह अत्यंत भयंकर है । यदि उन दोषारोपों में कुछ भी सचाई है तो उनपर अपशब्दोंका मुलम्मा चढ़ानेकी जरूरतही कहाँ थी ? उनका तो उल्लेख मात्रही पर्याप्त था । पत्रकारको किसी भी सार्वजनिक कार्यकर्ताके सिद्धांत, विचार और कार्यपर टीका करनेका पूरा अधिकार है पर वह टीका द्वेषभावसे नही, जनहितकी दृष्टिसे होनी चाहिये । "जनता" में अमुक व्यक्तिके विरुद्ध जो लेख छपे हैं, यदि वे किसी और देशमें छापे गये होते तो संपादक महोदयको अदालतके सामने अपने आक्षेपोंको सत्य सिद्ध करना पड़ता और यह भी सिद्ध करना पड़ता कि उसने जो कुछ लिखा है वह द्वेषकी भावनासे नही बल्कि सार्वजनिक हितकी कामनासे । अन्यथा जेलकी हवा खानी पड़ती अथवा हर्जानाके तौरपर एक भारी रकम चुकानी पड़ती । यदि आक्षेप सत्य सिद्ध हो जाता तो जिसके विरुद्ध वह आक्षेप हैं उसको दुनियामें मुँह दिखाना मुश्किल हो जाता ।

* * * * *

मोरिशसके बंधु अपने प्रदेशमें जो गंदगी फैला रहे हैं, इसी पर उनको संतोष नहीं है । वे "प्रवासी" को भी अपने मल्लयुद्धका अखाड़ा बनाना चाहते हैं । इस समय हमारे सामने दो चार नहीं—सत्रह ऐसे लेख हैं जिनमें एक दूसरे पर गर्हितसे गर्हित अक्षेप हैं । इन लेखोंको "प्रवासी" में प्रकाशित करना मानो उसकी मान-मर्यादा को धूलमें मिला देना होगा । पत्रकार जगतमें "प्रवासी" का एक विशिष्ट स्थान है । "प्रवासी" के पिछले अंकमें भारतके नेताओं, शासकों, उद्योगपतियों और पत्रकारोंके जो संदेश छपे हैं उनसे मोरिशसके भाइयोंको मालूम हो जाना चाहिये कि "प्रवासी" कैसे कैसे महाभागोंकी दृष्टिसे गुजरता है और पत्रकार संसारमें क्या सम्मान और स्थान रखता है । इसमें भला मोरिशसके सम्बन्धमें गन्दे लेख कैसे छप सकते हैं ? "प्रवासी" के पाठकोंकी जानकारीके लिये इन लेखोंमेंसे एक पैराग्राफ नमूनाके तौरपर यहाँ हम देते हैं:—

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

"मोरिशसमें और सब कुछ ठीक है । बस एकही बदमाश आदमी है जिसका नाम है..... .... जनताको धोखा देनेके लिये यह आदमी अपने नामके आगे.....की पदवी जोड़ता है । इसने एक अधकचरे युवकको फँसाकर.....नामक एक समाचार-पत्र निकाला है जिसमें भले आदमियोंको गालियां दी जाती है । यह आदमी सबसे लड़ता-झगड़ता फिरता है, अपने को आर्यसमाजी कहता है, पर मूर्त्ति भी पूजता है और नये मंदिर भी बनवाता है । इसने शिक्षा विज्ञानकी हत्या करके कुछ पाठ्य-पुस्तकें भी छपवाई है जो खून चूस लेने वाले दाममें बेचता फिरता है । नाना रूप धारण कर अपना फोटो खिंचवाता है और उनको गरीबोंमें बेचता फिरता है । जब उसकी भाभी .....।

इस प्रकारके लेखोंको छापकर कौन पत्रकार अपने पत्रका कलेवर कलुषित करना पसंद करेगा ? ऐसे लेख मोरिशसके अखबारोंमेंही छप सकते हैं—दुनियाके दूसरे किसी भागमें नही । इन नामधारी लेखकोंको याद रखना चाहिये कि इस तरह गालियाँ बकना कोई बहादुरी नही, निरी कायरता है । दूसरी बात यह है कि यदि वे कोई वस्तु किसीको देना चाहें और उसने लेनेसे इन्कार कर दिया तो वह वस्तु उनके पासही लौट आवेगी अतः गाली एक ऐसी चीज है जिसे कोई स्वीकार नही करता है इस लिये वह देनेवालेके पासही लौट आती है । ऐसा प्रतीत होता है कि मोरिशसमें जो जितनीही गालियाँ बक सकता है वह उतनाही बड़ा लेखक समझा जाता है । किसी भी देशके अखबार उस देशकी जनताकी मनोवृत्तिके दर्पण होते हैं । सच्चा लेखक और पत्रकार वही है जो अपने मित्रोंको भी भूल करनेपर फटकार बताता है और अपने बैरीके भी अच्छे कामोंकी प्रशंसा करनेमें संकोच नही करता है । क्या हम मोरिशसके पत्रकारोंसे प्रार्थना कर सकते हैं कि वे कमसे कम व्यक्तिगत आक्षेप करना और गालियाँ बकना बंद कर दें । इससे वहाँकी जनताकी तो हानि होती है, साथही सारे प्रवासी भारतीयोंको लज्जित होना पड़ता है । इस प्रकारकी पत्रकारीको अंग्रेजीमें Gutter Journalism 'गटर जर्नालिज्म' कहा जाता है जो गंदी मोरियोंकी सड़ाईंदसे भी अधिक दुर्गन्ध फैलाता है ।

* * * * *

मोरिशसके एक भाईकी सम्पादकजीके पास शिकायत आई कि "प्रवासी" में केवल एक पक्षवालोंके लेख छपते हैं जो दूसरे पक्ष वालोंके साथ सरासर अन्याय है । संपादकजीने उत्तरमें निवेदन किया कि "प्रवासी" ने कब किसीका लेख छापनेसे इन्कार किया है वशर्ते कि लेख "प्रवासी" की नीतिके अनुकूल हो । "प्रवासी" यह नहीं देखता है कि कौन लेख किस पक्षका है वह केवल यही देखता है कि प्राप्त लेख उसके पाठकोंके रुचि और उसकी नीतिके अनुकूल है या नही ? यदि लेख अच्छा जँचता है तो प्रकाशित हो जाता है । यदि शिकायत करनेवाले महाशय समझते हैं कि जो लेख "प्रवासी" में छपे हैं वे वहाँकी वस्तुस्थितिके प्रतिकूल है तो वे स्वयं वहाँकी सच्ची स्थितिपर प्रकाश डाल सकते हैं । संपादकजीके उत्तरसे शिकायत करनेवाले भाईको संतोष हो गया और उन्होंने फौरन एक लेख लिखकर हवाई डाकसे भेजा और इस आग्रहके साथ कि उनके लेखको अवश्य "प्रवासी" में प्रकाशित किया जाय । लेख मैंने ध्यानसे पढ़ा, इसमें वहाँकी स्थिति का दिग्दर्शन नही है बल्कि किसी मीना बाजारका विवरण है । यह रिपोर्ट दैनिक या साप्ताहिक पत्रमें स्थान पाने योग्य अवश्य है पर मासिक पत्रमें नहीं । लेखक महाशय को यह मालूम हो जाना चाहिये कि "प्रवासी" कोई समाचार-पत्र नही है बल्कि यह एक विचार-पत्र है । इसमें होली, दिवाली, सभाओं और बाजारोंकी रिपोर्ट छापनेकी गुँजाइश नही है । उपनिवेशोंके प्रवासी भारतीयों की परिस्थितिके किसी पहलू पर प्रकाश डालने वाले लेख ही इसमें स्थान पा सकते हैं ।

* * * * *

"प्रवासी" मोरिशसके किसी विशेष पक्षका समर्थक नही है । इसके लिये सभी भाई बराबर हैं । यह सभीको एक दृष्टिसे देखता है । इस लिये हम सभी भाइयोंसे प्रार्थना करते हैं कि वे आपसका मतभेद मिटा डालें, मिल जुलकर भारतीय जनताकी सेवा और भलाई करें । आपसके झगड़े से किसीका भला नही हुआ, घरका फूट सार्वनाशकाही सोपान है । हमें सचेत हो जाना चाहिये । जानबूझकर अपने पैरोंपर आप कुल्हाड़ी नही चलाना चाहिये । भारत उनकी तरफ आशा भरी दृष्टिसे निहार रहा है । आशा है कि वे अपनी मातृभूमिको हताश और निराश न करेंगे ।

* * * * *

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri



(१) हमारा समाज। लेखकः पं० संतरामजी, बी. ए.। प्रकाशकः नालन्दा प्रकाशन, पोस्ट बोक्स नं० १३५३, बम्बई। पृष्ठ २५३, मूल्य सजिल्द ६) रुपया।

इस ग्रंथमें उस जात-पांतके दुष्परिणामका मर्मस्पर्शी वर्णन है, जिसने एक महान आर्यराष्ट्रको हजारों टुकड़ोंमें छिन्न-भिन्न कर डाला है, जिसने भारतीयोंको एक हजार सालतक मुगलों और अंग्रेजोंका गुलाम बनाये रखा, जिसने भारतका अङ्गभङ्ग कर पाकिस्तानका निर्माण कराया और जो भविष्यमें हमारी आजादीके लिये सबसे भारी खतरा है। लेखकने इस घृणित जात-पांतकी समस्याके अध्ययनमें अपना सारा जीवनही खपा दिया है इस लिये उनकी यह कृति हमारी सामाजिक स्थितिका सच्चा शब्दचित्र है। हम लेखकके इस कथनको अङ्गगणितकी तरह सत्य मानते हैं कि यदि जातपांतका पचड़ा न मिटा तो हिंदू जातिकी हस्ती मिट जायगी और हमारी यह आजादी चंद दिनोंकी चांदनीही सिद्ध होगी। वास्तवमें जातपांतका बंधन भारतके लिये सबसे बड़ा अभिशाप है। यह सामयिक ग्रंथ प्रत्येक भारतीयके लिये पढ़ने और मनन करने योग्य है। लेखक और प्रकाशक दोनों स्वतंत्र भारतके अभिनंदनके अधिकारी हैं।

(२) बीसवीं शताब्दी अंग्रेजी हिंदी शब्दकोष। लेखक और प्रकाशकः श्री सुखसम्पतिराय भंडारी, डिक्शनेरी पबलिशिङ्ग हाउस, ब्रह्मपुरी, अजमेर। बड़े आकारके १९५ पृष्ठ। मूल्य सजिल्द १७॥) साढ़े सत्रह रुपया।

इस शब्दकोषके चार भाग पहले निकल चुके हैं, यह पांचवां भाग है। यह कोई साधारण शब्दकोष नहीं है। इसमें आर्थिक, व्यावसायिक, राजनैतिक, वैज्ञानिक, रासायनिक, दार्शनिक आदि विषयोंके अलग अलग खण्ड हैं और जिस खण्डमें जिस विषयका विवेचन है उस विषयके लगभग सभी अंग्रेजी शब्द संकलित किये गये हैं और उनके हिंदी अर्थ दिये गये है। हिंदीको राष्ट्रभाषा बनाने में इस शब्दकोषसे बड़ा सहारा मिलेगा। यह बड़ेही महत्वका कार्य है। भंडारीजी हिंदीके पुराने महारथी है। उनकी अनेक सुंदर कृतियोंसे हिंदी साहित्य गौरवान्वित हुआ है पर उनका यह शब्दकोष हिंदीकी अनमोल निधि है। इसमें जहां अथक परिश्रमकी आवश्यकता है वहां व्ययके लिये यथेष्ट धनकी भी, किंतु भंडारीजी जैसे पुरुषार्थीके लिये कोई भी कार्य असंभव नहीं है। हिंदी संसार इस महान उपहारके लिये भंडारीजीका चिरकृतज्ञ रहेगा।

हमारे हिंदीके विद्वान अपने देशके पुराने और प्रचलित शब्दोंकी क्यों उपेक्षा करते हैं यह बात समझमें नहीं आती है। उदाहरणके लिये अंग्रेजीका पार्लामेंट शब्द लीजिये। इसका पर्यायवाची 'पंचायत' से बढ़कर हिंदीमें दूसरा कोई शब्द नहीं है। प्रजाके चुने हुए प्रतिनिधिको पंच कहते हैं और पंचोंकी सभाका नाम है—"पंचायत" जो ठीक पार्लामेंटका भाव-व्यंजक है। पर इस शब्दका प्रयोग करनेमें हमारे विद्वान संकोच करते हैं। पार्लामेंटके लिये लोकसभा, संसद आदि शब्दोंका उपयोग किया जाता है। ग्राम सभातकही पंचायत शब्दको सीमित रखना चाहते हैं, पार्लामेंट या लेजिस्लेटिव एसम्बलीके लिये उसका प्रयोग शायद अपमानजनक समझते हैं। अन्यथा पार्लामेंटके लिये पंचायतसे अच्छा कोई दूसरा शब्द नहीं मिल सकता है। हमारे साहित्यकारोंको देहाती शब्दोंकी उपेक्षा नहीं करनी चाहिये।

(३) गांधी चित्रावली। संपादक तथा प्रकाशक श्रीजीतमल लूणिया, संचालकः हिंदी साहित्य मंदिर, अजमेर। पृष्ठ १२८, मूल्य अजिल्द लागत मात्र १) रुपया।

इसमें गांधीजीके संक्षिप्त जीवन-वृतांतके अतिरिक्त उनसे सम्बन्ध रखनेवाली अन्य उपयोगी बातोंका भी संकलन है। इसकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें बापूकी भिन्नभिन्न अवस्थाओं और उनके जीवनकी ऐतिहासिक घटनाओंके लगभग सौ चित्र दिये गये हैं। लूणियाजीकी यह इच्छा कि वे कमसे कम मूल्यपर जनताको एक ऐसी पुस्तक दे सकें जो बापूका चित्रमय जीवन चरित्र हो और जिसकी एक प्रति खरिदकर गरीबसे गरीब आदमी भी अपने घरमें रख सकें इस पुस्तकसे पूरी हो गई है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हमें आशा है कि हिंदी संसारमें इसका यथेष्ट प्रचार होगा।

(४) पदार्थ-विज्ञान। लेखकः आयुर्वेदाचार्य पं० रामरक्ष पाठक, प्रिन्सपलः श्री अयोध्या शिवकुमारी आयुर्वेदिक कालेज, बेगूसराय। प्रकाशकः वैद्यराज पं० रामनारायण शर्मा वैद्यशास्त्री, अध्यक्षः श्रीवैद्यनाथ आयुर्वेद भवन, कलकत्ता, पटना, झांसी और नागपुर। पृष्ठ २५१, मूल्य अजिल्द ३॥) साढ़े तीन रुपया।

पदार्थ-विज्ञानपर गंभीर गवेषणापूर्ण ग्रंथ। विद्वान लेखकने अपने विषयका प्रतिपादन बड़ी योग्यतासे किया है जिससे एक साधारण पाठक भी पदार्थ-विज्ञानके सूक्ष्म तत्वों और महत्वोंको भली भांति समझ सकता है। वैद्यनाथ आयुर्वेद भवनसे "सचित्र आयुर्वेद" नामक एक सुंदर मासिक-पत्र भी निकलता है।

(५) खाद-विज्ञान। लेखकः श्रीगुप्तनाथसिंह, बी. ए. सदस्य—बिहार धारा सभा और भारतीय विधान परिषद्। प्रकाशकः नागरी प्रचारिणी सभा, काशी। पृष्ठ १४३, मूल्य अजिल्द १।) रुपया।

इस पुस्तकमें खादका बड़े प्रमाणिक ढंगसे वर्णन किया गया है। अच्छी खेतीके लिये खाद अनिवार्यतः आवश्यक है। प्रस्तुत पुस्तकमें विद्वान लेखकने बतलाया है कि खाद कितने प्रकारकी होती है, फसलोंमें उनको किस प्रकार और कितनी मात्रामें प्रयोग करना चाहिये, खाद डालनेकी कौनसी ऋतु है और किस खादको किस फसलमें डालना चाहिये। पुस्तक किसानोंके लिये बड़े काम की है और इसका देशव्यापी प्रचार बांछनीय है।

(६) भारतकी सांस्कृतिक दिग्विजय। लेखकः श्री प्रोफेसर हरिदत्त वेदालंकार। प्रकाशकः सर्वोदय साहित्य संसद, रीगल बिल्डिंग्स, नई दिल्ली। पृष्ठ ७९. मूल्य अजिल्द १२ आने।

इस ग्रंथके प्रणेता हिंदीके सिद्धहस्त लेखक, इतिहासके प्रसिद्ध विद्वान और गुरुकुल-कांगड़ीमें अध्यापक है। भारतीय संस्कृतिपर उनकी यह सुंदर कृति हिंदीकी अमूल्य सम्पत्ति है। इसमें पुरातन वृहत्तर भारतपर अच्छा प्रकाश डाला गया है और बतलाया गया है कि जावा, सुमात्रा, बाली, बर्नियो, मलाया, ब्रह्मा, लंका, चीन, जापान, कोरिया, तिब्बत, अफगानिस्तान, मिश्र, इरान, आदि देशोंमें कब और कैसे आर्य संस्कृति फैली। पुस्तक उपादेय है।

(७) ढांक पिछोड़ी। लेखक और प्रकाशकः श्री उमेश कवि, तख्तेश्वर प्लाट, भावनगर। पृष्ठ १५९, मूल्य सजिल्द २) रुपया।

श्रीउमेशकवि गुजरातीके एक लब्धप्रतिष्ठ लेखक है। आपने अनेक ग्रंथोंके प्रणयन और प्रकाशन द्वारा गुर्जर-साहित्यकी जो सेवा की है वह सर्वथा स्तुत्य है। प्रस्तुत पुस्तकमें आपके तीन नाटकोंका संकलन है। नाटकोंकी भाषा जैसी प्रांजल है, भाव वैसेही उत्कृष्ट। आशा है कि आपकी इस रचनाका भी यथेष्ट आदर होगा।

(८) बापूके विचार। प्रकाशकः गांधी सिद्धांत प्रचार समिति, अजमेर।

इसकी पहली और दूसरी पोथी हमारे पास आई है। एकका दाम दो आना है और दूसरीका तीन आना। इनमें बापूके विचारों और उपदेशोंका संग्रह है।

(९) राष्ट्रिय हुतात्मा श्री अर्जुनलाल सेठी। लेखक, संग्रहकर्ता व प्रकाशकः श्रीहरिप्रसाद अग्रवाल, सुभाषसदन, ब्यावर। पृष्ठ ५२, मूल्य अजिल्द आठ आने।

इस छोटीसी पुस्तकमें स्वर्गीय श्रीअर्जुनलाल सेठीके जीवन, विचारों और कार्योंका दिग्दर्शन कराया गया है। सेठीजी राजस्थानकी जागृतिके जन्मदाताओंमें एक थे उनका सारा जीवन देशसेवामेंही उत्सर्ग हुआ। श्रीबाबा नृसिंहदासजीने इसकी भूमिका लिखी है और श्री रमेशचन्द्र शास्त्रीने सम्पादन किया है। सेठीजीकी एक विस्तृत एवं प्रमाणिक जीवनी प्रकाशित होनी चाहिये।

(१०) भारतीय उपनिवेश-फिजी। लेखक और प्रकाशकः श्रीज्ञानीदास, तारा कार्यालय, नसीनू, सूवा, फिजी। पृष्ठ ६३, मूल्य अजिल्द डेढ़ रुपया।

यह फिजी प्रवासी एक उत्साही लेखककी रचना है। इसमें संक्षिप्त रूपसे फिजीकी भौगोलिक स्थिति, ऐतिहासिक घटनाओं, गिरमिटकी गुलामी, शिक्षाकी समस्या, राजनैतिक, सामाजिक, साहित्यिक एवं आर्थिक अवस्था तथा भारतीय प्रश्नके अन्य पहलुओंपर भी प्रकाश डाला गया है। प्रवासी साहित्यमें यह एक अभिवृद्धि है। आशा है कि प्रवासी साहित्यके सृजनमें अन्य प्रवासी लेखक भी योग देंगे।

(११) वैदिक प्रर्थना। लेखक और प्रकाशकः भवानीदयाल संन्यासी, प्रवासी भवन, आदर्शनगर, अजमेर।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

छोटे आकारके १७७ पन्ने; मूल्य अजिल्द डेढ रुपया डाक-व्यय सहित।

यह पुस्तककी छठी आवृत्ति है, यही इसकी लोकप्रियताका सर्वोपरि प्रमाण है। इसमें संध्या, प्रार्थना, स्वस्तिवाचन, शांतिप्रकरण, यज्ञ, उपासना आदिके सिवा अंतमें कुछ राष्ट्रिय गान भी है। इसमें जहाँ वेद मंत्रोंका अंग्रेजी भाषांतर है वहां हिंदी पद्यानुवाद भी। इस पुस्तक की अबतक दस हजार प्रतियां छप और खप चुकी है। यह संस्करण छोटे आकारका जेबमें रखने योग्य है। धर्म प्रमी धनवानोंको इसकी प्रतियां मंगाकर गरीब विद्यार्थियोंको प्रदान करना चाहिये।

"प्रवासी" को प्रेमांजलि

(लेखक:—श्री कुंवर चांदकरणजी शारदा, एडवोकेट, प्रधान: आर्य प्रतिनिधि सभा-राजस्थान व मालवा)

"प्रवासी" के जीवनके प्रथम वर्षकी समाप्तिपर मेरी हार्दिक बधाई है। इस एक वर्षमें "प्रवासी" ने गवेषणापूर्ण, विचार-वर्द्धक एवं प्रेरणाप्रद सामग्री अपने पाठकोंको अर्पित की है और भारतके सभी प्रमुख, महत्व-मंडित एवं सामयिक समस्याओंपर इसमें जो निष्पक्ष, निर्भीक एवं वीरतापूर्ण सम्पादकीय लेख निकलते हैं उसके लिये देशवासी और प्रवासी दोनों इसके चिरकृतज्ञ रहेंगे। सम्पादकजीने अपनी चिन्ताजनक रुग्नावस्थामें भी जिस योग्यता, दृढता एवं साहससे 'प्रवासी' का सम्पादन किया है, अनेक विघ्न-बाधाओंके होते हुए भी इसकी छपाई व गेट-अपको सुंदर बनाया है तथा वैदिक धर्म, आर्य संस्कृति एवं हिंदी-भाषाकी जो महत्वपूर्ण सेवाएं की है वह सब स्वर्णक्षरों में लिखे जाने योग्य है। मैं सब प्रकारसे "प्रवासी" की सफलता चाहता हूँ और परमपिता परमात्मासे प्रार्थना करता हूँ कि सम्पादकजीके स्वास्थ्यमें सुधार हो ताकि वे प्रवासी भाइयोंकी अधिकसे अधिक सेवा कर सकें।

कुँवर चाँदकरण शारदा
Shri C. K. Sarda

मेरे विचारमें दक्षिण आफ्रिकाकी गोरी सरकारसे न्याय और मनुष्यताकी आशा रखना मृगतृष्णाही है। इसलिये हमारे पास एकमात्र यही उपाय है कि हम वहांकी गोरी सरकारके विरुद्ध निरंतर आंदोलन करते रहें और लोकमत तैयार करके स्वतंत्र भारतकी सरकारको बाध्य करें कि वह डाक्टर मलानकी सरकारके विरुद्ध प्रभावोत्पादक कार्यवाही करे और आवश्यकता आ पड़नेपर युद्धकी घोषणा करनेके लिये भी प्रस्तुत रहे। मलानकी नीति और गुप्त प्रेरणासे वहांके भारतीयोंका जो कत्लेआम हो रहा है—स्त्री-बच्चोंकी भी जिस निर्दयतासे हत्या की जा रही है और उनके दुकान-मकानोंमें दिन-दहाड़े जिस आजादीसे आग लगाई जा रही है उस तरफ तो भारत सरकारको फौरन ध्यान देना चाहिये और अपने देशवासियोंको सर्वनाशसे बचाना चाहिये। वहांके भारतीयोंपर जो विपदा आ पड़ी है उससे सारा भारत क्षुब्ध हो उठा है। वर्णभेदको चुपचाप सह लेना हमारे लिये कलंककी बात है। सन १८९९ में विदेशी ब्रिटिश सरकारने ट्रांसवालके पोलक्रूगरकी सरकारके विरुद्ध यह दोष लगाकर युद्ध छेड़ दिया था कि बोअर प्रजातंत्रमें ब्रिटिश प्रजा भारतीयोंके साथ अन्याय और दुर्व्यवहार होता है। फिर हमारी राष्ट्रीय सरकारको कोरे नैतिक बलकी चर्चा और संयुक्त राष्ट्रसंघमें मुकद्दमा दायर करकेही संतोष नहीं कर लेना चाहिये बल्कि जब अन्य सभी शांति पूर्ण उपाय निरर्थक सिद्ध हों तो अंततः युद्धके मैदानमें भी उतरनेके लिये बद्धपरिकर रहना चाहिये।

("प्रवासी" के प्रथम वर्षके बारहवे अङ्कमें यह सूचना छपी थी कि श्रीकुंवर चांदकरणजी शारदा बड़ौदाकी आर्य कन्याओंके साथ पूर्व आफ्रिका जा रहे हैं पर ऐन मौके पर उनके बड़े भाई श्रीअमरचंदजी शारदाके अचानक हृदयकी गति बंद हो जानेके कारण स्वर्गवास हो गया और विवश होकर उनको अपनी यात्राका कार्यक्रम रद्द कर देना पड़ा। इस दुःखमें शारदा परिवारके साथ हम सहानुभूति प्रकट करते हैं और दिवङ्गत आत्माकी शांतिके लिये ईश्वरसे प्रार्थना। सम्पादक)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सहयोगियोंकी शुभकामनाएं

श्रीभवानीदयाल संन्यासीका नाम भारत और विदेशोंमें भी सुविख्यात है। इन्हींके सम्पादकत्वमें "प्रवासी" बड़े सुंदर रूपमें निकल रहा है और भारतके अतिरिक्त विदेशोंमें भी इस पत्रका प्रचार है। प्रस्तुत अंक दिवाली-अंक है और अंग्रेजी तथा हिंदी दो भागोंमें विभाजित है। अंग्रेजी विभागमें श्री सी. एफ. एन्डरूज, श्रीपाल रिचार्ड आदिके अतिरिक्त अन्य विद्वानोंके लेख भी महत्वपूर्ण है, और इसी प्रकार हिंदी विभागमें भी स्वर्गीय टैगोरके प्रारंभिक लेखसे शुरू होकर आर्यसमाज तथा गांधीजीके जीवन सम्बंधी ठोस सामग्रीसे पूर्ण है।

—"नवभारत" बम्बई।

❀ ❀ ❀ ❀

सर्वविदित स्वामी भवानीदयाल संन्यासीको देश और विदेशोंके उच्चकोटिके सभी राजनैतिक और सामाजिक नेतागण जानते हैं। इन्होंने अनेकों लेखों तथा पुस्तकोंको लिखकर देशकी और प्रवासियोंकी सेवा की है स्वामीजी दक्षिण आफ्रिकामें बापूजीके साथ रहकर भी आफ्रिका प्रवासी भारतीयोंकी सेवा कर चुके हैं। अब कुछ वर्षोंसे आप देशमें ही रहते हैं यहां भी आपने इस बुढ़ापेमें "प्रवासी" द्वारा प्रवासियोंकी सेवा करते रहनेका दृढ़ संकल्प कर लिया है। आपके द्वारा सम्पादित होकर निकलने वाला "प्रवासी" का दीपावली विशेषाङ्क देशवासियों और विदेशोंके प्रवासी भाइयोंके लिये अत्यंत लाभकारी सिद्ध हुआ है, क्योंकि "प्रवासी" में प्रकाशित होनेवाले लेखोंसे प्रवासियोंकी आवाज तो बुलंद होती ही है पर देशको भी प्रवासी भाइयोंपर होनेवाले अत्याचारों एवं उनके दुःखोंका भी भान होता रहता है। समय पड़नेपर उन प्रवासी भाइयोंके लिये मर मिट जानेवाले प्राणियोंमें स्फूर्ति उत्पन्न करनेवाला देशमें एकमात्र "प्रवासी" ही हो सकता है। इस विशेषाङ्ककी विशेषता यह है कि इसमें पूज्य बापूके अफ्रिका प्रवासका सारा वृतांत, उनके जीवन घटनाओंकी पुण्यकथाके साथ, वर्णित है; अङ्कके अवलोकन मात्रसे बापूका एकबार पुनः साक्षात्कार हो जाता है।

"जागृति" ब्यावर।

दक्षिण अफ्रिकामें नादिरशाही।

लेखकः श्री ए० डी० मणि (संपादकः "हितवाद")

दक्षिण अफ्रिकाके भारतीयोंकी क्या दशा है, इसपर काफी प्रकाश डाला जा चुका है। चाहे कोई भी क्षेत्र हो, जातीयताका प्रभाव है और भारतीयोंको अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। व्यावसायिक क्षेत्रोंमें भी भारतीयोंका प्रवेश निषिद्ध ही समझिये। उस देशमें, जहां टेकनिकल शिक्षाका अत्यधिक प्रसार है, भारतीयोंको उसके लाभसे वंचित किया जाना सरासर अन्याय नहीं तो और क्या है। ये शिक्षणालय सिर्फ यूरोपियनोंके लिये है और जब कभी भारतीयोंने अपने खर्चसे ऐसे प्राइवेट स्कूल स्थापित करनेकी योजना बनायी, उनकी कोशिशें गोरों द्वारा बेकार कर दी गयी। श्री एम० आर० सुलतान नामके एक भारतीयने एक टेकनिकल स्कूल बनानेके लिए रुपये दिये लेकिन भारतीयोंको उस स्कूलके लिए जमीन प्राप्त करनेमें बड़ी दिक्कतोंका सामना करना पड़ा। डरबनकी 'टाउन कौन्सिल' ने उन्हें ऐसी जमीन दी, जिसकी ओर स्कूल बनानेके लिए यूरोपियन देखते तक भी नहीं। लेकिन यह जमीन भी इसी शर्तपर दी गयी कि खेलनेका मैदान—जो वहीं था—के बदले और कहीं जमीन दी जाय। पीछे टाउन कौंसिलने एक दलदल जमीन देना मंजूर किया जो भारतीयोंने नामंजूर कर दिया। आज तक उनकी यह मांग घपलेमें पड़ी हुई है और उसका कोई हल नहीं निकला जा सका है।

वहाँ तक पहुँच नहीं—

टेकनिकल शिक्षासे वंचित हो जानेके बाद भारतीयों को विश्वविद्यालयोंकी शरण लेनी पड़ी किन्तु वहाँ कुछ ही ऐसे विश्वविद्यालय है जो भारतीयोंको अपने यहां दाखिल करते हैं। यद्यपि दक्षिण अफ्रिकामें अनेक विश्वविद्यालय हैं किन्तु उनमें विटवाटरस्टेण्ड तथा केपटाउनकी युनिवर्सिटियाँ तथा फोर्ट हेरके नेटिव कालिजको छोड़कर शेष सभी विश्वविद्यालयोंने भारतीयोंके प्रवेशके लिए अपने द्वार बन्द कर रखे हैं। यद्यपि भारतीयोंने यह साबित कर दिया है कि वे शिक्षाके किसी भी क्षेत्रमें यूरोपियनोंसे जरा भी कम नहीं।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नेटाल यूनिवर्सिटीने, विटवाटरस्ट्रेण्ड यूनिवर्सिटी द्वारा दी गई सुविधाएं भी देनेसे इन्कार कर दिया। यहाँ कोई भारतीय 'पार्ट टाइम' ही पढ़ सकता है। यूरोपियनों से जितनी फीसें ली जाती हैं, ठीक उतनी ही भारतीयोंसे भी, किंतु भारतीयोंको 'प्रयोग शालाओं' (Laboratories) में नहीं जाने दिया जाता। विटवाटरस्ट्रेण्ड यूनिवर्सिटीने यद्यपि भारतीय छात्रोंको दाखिल करनेमें उदारता दिखायी है, फिर भी उसने कई ऐसे प्रतिबन्ध लगा रखे हैं जिनसे भारतीयोंके आत्म-सम्मानपर आघात पहुँचता है। वहाँके प्रसिद्ध "ट्रांसवालर" पत्रका कथन है कि "भारतीय विद्यार्थियोंकी प्रार्थनापर जरा भी ध्यान नहीं दिया जाना चाहिये क्योंकि इससे रंगभेद और बढ़ेगा। यूरोपियन जीवनमें दूसरा व्यवहार चाहता है और उसे अपने मृतकोंके साथ दूसरे ढंगसे व्यवहार करने की स्वीकृति नहीं दी जा सकती।" यह विश्वविद्यालयके उस नियमकी रक्षामें कहा गया है जिसके अनुसार भारतीय छात्रोंको यूरोपियनोंके मृतकोंका 'पोस्ट मार्टम' करने की मनाही कर दी गयी है। भारतीय उनके मृतकोंको भी छूनेके योग्य नहीं, जीवितोंकी बात तो अलग है!

डरबन नगरके अस्पतालमें सिर्फ १५० सीटें भारतीयों के लिए हैं और बाकी सभी यूरोपियनोंके लिए, यद्यपि भारतीयोंकी संख्या वहां एक लाखसे भी ज्यादा है। इस तरह रंगभेद वहांके जर्रे-जर्रेमें व्याप्त है।

रङ्गभेदका बोलबाला।

रंगभेदका बोलबाला वहाँ इतना जबर्दस्त है कि भारतीयोंको उन पुस्तकालयोंसे वंचित रखा गया है जो पब्लिक फण्डसे चलाये जाते हैं। पब्लिक पार्कोंमें भारतीयों और यूरोपियनोंके लिये अलग-अलग बेंच रिजर्व है। न्यायालयमें अलग-अलग कानून हैं। काले आदमियोंपर आक्रमण करने सम्बन्धी चाहे जैसा भी केस हो, यूरोपियन आसानी से छुटकारा पा जाते हैं।

सन १९४५ के दिसम्बरमें डरबनके एक मजिस्ट्रेटने एक जूलू मजदूरको बसमें यूरोपियन सीटपर बैठने और वहाँसे कहनेपर भी न हटनेके अपराधमें १० पौंण्ड जुर्माना किया। सुनिये, उसने फैसला देते हुए क्या दलीलें दी—"तुम इस देशमें बहुत दिनोंसे हो। तुम्हें जानना चाहिये कि किसी 'यूरोपियन सीट' पर बैठनेका तुम्हें कोई अधिकार नहीं। तुम सोचते हो कि तुम यूरोपियनोंके समान ही हो। यूरोपियनोंकी सभ्यता सदियोंकी पुरानी है और तुम्हारी सभ्यता वही है, जो तुम्हें यूरोपियनोंने सिखाई है।"

जोहान्सबर्ग १५ जून १९४७ के "सन्डे एक्सप्रेस" ने लिखा है—"जोहान्सबर्ग सिटी हालके बाहर एक नेटिवपर आक्रमण हुआ उसे दो यूरोपियनोंने अपनी आंखों देखा। उनका कथन है कि "हम लोग एक सड़कसे गुजर रहे थे तो देखा कि एक यूरोपियन एक बूढे नेटिवको बुरी तरह पीट रहा था। बर्बरताकी हद हो गई थी। वह बुरी तरह घायल हो चुका था। हम दोनोंमेंसे एक उसे रोकने-थामने लगा दूसरा पुलिसको बुलाने दौड़ पड़ा। लगभग ३०० आदमी वहाँ खड़े थे। मगर कोई चूं तक न बोला। हम लोगोंके विरोध करनेका एकमात्र कारण यही है कि जनताको ऐसा न करना चाहिये। वहीं खड़े लोगोंमें से एकसे पूछनेपर यह जवाब मिला—'हम तो इस दृश्यसे मजा लूट रहे थे। हमें तब और आनन्द आता यदि उस बूढ़ेके गलेमें रस्सी बांधकर उसे पेड़में लटका दिया होता।' उसकी स्त्री, जो वहीं खड़ी थी, बोली— बड़ा अच्छा दृश्य था।"

दूसरा उदाहरण सुनिये। यह 'रैण्ड डेलीमेल' (यह यूरोपियनोंका अखबार है) में आजसे दो महीना पहले प्रकाशित हुआ था—'चूंकि वह दास्ताना पहने हुए था और अच्छी पोशाकमें सुसज्जित था, दो अपरचित यूरोपियनोंने उस नेटिवको—जो ट्राम स्टापके पास ट्रामकी प्रतीक्षामें खड़ा था—इतना पीटा कि अस्पताल जाते जाते उसकी मृत्यु हो गयी।'

जेलमें बर्बरता—

रङ्गभेदका सबसे हास्यास्पद भाग—जैसा वहाँके भारतीय समझते हैं—भारतीय अन्दोलनकारियोंके साथ जेलमें दूसरे ढङ्गसे व्यवहार किया जाना। उनके वस्त्रोंमें फर्क रहता है। उनकी सेलोंमें—जहाँ साथ रहते हैं—एकही बर्तन रहता है, जिसका उपयोग पैखाना जानेके वक्त सब करते हैं जब कि यूरोपियनोंके लिये अलग-अलग बर्तन रहता है। यूरोपियनोंको पढ़नेके लिये सुविधाएँ दी जाती हैं, भारतीयोंको बिलकुल नहीं। काम करनेके बाद यूरोपियन कैदियोंको नङ्गा करके तलाशी नहीं ली जाती जबकि भारतीय कैदियोंको नङ्गा कर दिया जाता है। वह भी दिनमें दो-दो बार।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कैदियोंको अपना मुंह खोलकर जीभ बाहर निकालनी पड़ती है। उँगलियाँ फैलानी पड़ती है, हाथोंको सिरके ऊपर उठाना पड़ता है, वार्डनके सामने अपनी पीठ करनी पड़ती है, फिर 'गुप्त मार्ग' खोलकर दिखाना पड़ता है ताकि कुछ चुराकर रख तो नहीं लिया है। यह पूरा ब्यौरा देनेका एकही मतलब है और वह यह कि दुन्यिामें सभ्यताकी डींग हांकने वाले गोरे दक्षिण अफ्रिकाके अपने भाइयोंकी काली करतूतें देखें और घृणासे उन हत्यारोंपर और सभ्यताको कलङ्कित करनेवालोंपर थूक दें।

शोक-सम्वाद

श्री जी० ए० नटेसन।

मद्रासके प्रसिद्ध पत्रकार और प्रकाशक श्री जी०-ए० नटेसन ७६ वर्षकी आयुमें इस लोकसे चल बसे। उन्होंने "इंडियन रिव्यू" नामक मासिक पत्र निकला और उसका जिस योग्यता और दक्षतासे सम्पादन और संचालन किया उससे वह अंतर्राष्ट्रिय ख्यातिका पत्र बन गया। आप जहाँ एक उद्भट पत्रकार थे वहाँ एक निपुण प्रकाशक भी। आपने अंग्रेजीमें सैकड़ों ऐसी पुस्तकें प्रकाशित की जिनसे देशमें राष्ट्रिय भावना फैलनेमें सहायता पहुँची। दक्षिण अफ्रिकाके प्रवासी भारतीयोंके प्रश्नमें आपका प्रारंभसेही दिलचस्पी रही है। आपने दक्षिण अफ्रिकाकी समस्यापर मित्रवर हेनरी पोलककी पुस्तकें प्रकाशित कीं और "इंडियन रिव्यू" में वहाँकी स्थितिपर बहुत कुछ प्रकाश डाला, इस लिये प्रवासी भारतीयोंमें भी आप काफी प्रसिद्ध हुए।

सन १९३५ में श्री नटेसनके दर्शनका सौभाग्य मुझे प्राप्त हुआ था। मैं दक्षिण अफ्रिकासे 'इस्पिङ्गों' नामक स्टीमरसे कलकत्ता आ रहा था। यह जहाज मद्रासके बंदरगाहपर भी एक दिन ठहर गया था। मैंने "हिंदू" के श्री रामस्वामी शास्त्री (माननीय श्री निवास शास्त्रीके भाई) और "मद्रास मेल" के श्री हेइल्ससे मिलनेके बाद सोचा कि श्री नटेसनसे भी मिल लेना चाहिये। हम एक दूसरेके नाम और कामसे पूर्णतया परिचित थे पर अभीतक मुलाकात नही हुई थी। सन १९३० में मैंने दक्षिण अफ्रिकाके भारतीयोंकी स्वदेश प्रत्यागमन योजनापर जो इन्टेरिम रिपोर्ट निकाली थी उसमें भारत सरकारसे बल पूर्वक अनुरोध किया गया था कि वह स्वयं एक कमीशन बैठाकर प्रत्यागत प्रवासियोंकी दशाकी जाँच करावे। मेरी माँगके अनुसार भारत सरकारने जो कमीशन चुना उसके सभापति श्री नटेसनही थे और सदस्य थे मद्रासके मजदूर कमिश्नर श्री ग्रे। नटेसन-कमीशनकी रिपोर्ट मुझे हजारी बाग जेलमें मिली थी और उससे निराश होकर जेलसे छूटनेके बाद सन १९३१ में मुझे अपनी फायनल रिपोर्ट प्रकाशित करनी पड़ी थी।

मैं जॉर्जटौनमें स्थित "इंडियन रिव्यू" के दफतरपर पहुँचा। सबसे पहले उनपरही मेरी दृष्टि पड़ी। वे सफेद धोती-कुर्ता पहने एक मेजके पास बैठकर कुछ काम कर रहे थे। मैं उनके निकट पहुँचकर उन्हींसे पूछा—"नटेसन साहब कहाँ हैं? मैं उनसे मिलना चाहता हूँ?" उत्तर मिला —"मैंही नटेसन हूँ। आपका शुभनाम?" नाम सुनतेही वे उछल पड़े और गले लगाकर प्रेमसे ऐसे मिले कि मानो कोई अपने पुराने मित्रसे मिल रहा हो। फौरन आपने अपने पुत्रको आदेश देकर नाश्ता-पानीका प्रबंध कराया और कॉफी की प्याली पिलाकर "इंडियन रिव्यू" के लिये लेखका तकाजा कर डाला। सोचा कि नटेसनजी आखिर ठहरे तो पत्रकारही। मैंने कहा, "मेरे पास कोई लेख नही है। एक वक्तव्य तैयार किया था उसे एसोसियेटेड प्रेस वालोंने हड़प लिया। अब मैं आपको क्या दूँ?" इससे उनको संतोष कहाँ? बड़े तपाकसे बोले, "वह वक्तव्य तो दैनिक पत्रोंकी वस्तु हो गई, "रिव्यू" के लिये तो कुछ ताजी सामग्री चाहिये।" मैंने यथासंभव शीघ्रही उनके पत्रके लिये एक विशेष लेख लिखकर भेजनेका वचन देकर नटेसनजीको संतुष्ट किया और विजगापट्टम पहुँचकर अपने वायदेको पूरा भी कर दिया। मेरा वह लेख 'इंडियन रिव्यू" के नववर्षाङ्कमें प्रवाशित हुआ था।

श्री नटेसन कौंसिल ऑफ स्टेटका भी सदस्य रह चुके थे। वे जैसे गंभीर विचारक थे वैसेही क्रियाशील कार्यकर्ता भी। वे पत्रकार संसारमें अपना नाम अमर कर गये हैं।

श्री सैयद अब्दुल्ला ब्रेलवी।

यह कुछ कम विस्मय और विषादकी बात नही है कि गत ९ जनवरीकी रातको उधर मद्रासमें श्री नटेसन

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

परलोकके लिये प्रस्थान कर गये और इधर बम्बईमें भारत का एक और महान पत्रकार श्री सैयद अब्दुल्ला ब्रेलवी भी ठीक उसी समय इस संसारसे सदाके लिये विदा हो गये। उनकी आकस्मिक मृत्युसे पत्रकार-कलाकी एक अनुपम प्रतिभा बिलुप्त हो गई और देशका एक अनमोल रत्न खो गया।

अंग्रेजशाहीने जब प्रसिद्ध अंग्रेज पत्रकार स्वर्गीय श्री बी० जी० हॉर्निमनको भारतसे निर्वासित कर दिया तो "बम्बई क्रोनिकल" की सम्पादकीय बागडोर ब्रेलवी साहबको थामनी पड़ी। वे सन १९१५ में ही "बम्बई क्रोनिकल" के सम्पादकीय विभागमें शरीक हुए थे और लगभग ३४ वर्ष उसकी सेवामें बिताकर ५७ वर्षकी आयु में स्वर्गको सिधार गये। पांच सालतक सहकारी सम्पादक रहे, बादमें चार सालतक स्थानापन्न संपादक और अंतमें प्रधान संपादक। अखिल भारत संपादक सम्मेलनके आप सभापति भी चुने गये थे और लगभग तीन सालतक आपने इस पदको सुशोभित किया था। आप काँग्रस वर्किङ्ग कमेटीके भी सदस्य रह चुके थे। आजादीकी लड़ाईमें जेल भी काट चुके थे। वे राष्ट्रवादी मुसलमानोंके अग्रनेता थे और धर्मान्धताके प्रचंड विरोधी।

ब्रेलवी साहबसे मेरा बहुत पुराना परिचय था। सन १९२५ में जब मैं दक्षिण अफ्रिकाके डेपुटेशनका सदस्य होकर भारत आया था उसी समय श्रीमती सरोजिनी देवीने उनसे मेरा परिचय करा दिया था। वे दक्षिण अफ्रिकाके मामलेमें बड़ा अनुराग रखते थे। जब मैं बम्बई जाता था तो उनसे अवश्य मिलता था। "बम्बई क्रोनिकल" का कालम मेरे लिये खुला हुआ था। इस अखबारने मेरे प्रचार कार्यमें जो सहायता पहुँचाई है उसको मैं कभी भूल नहीं सकता। एकबार ब्रेलवी साहब ने मुझसे आग्रह किया कि दक्षिण अफ्रिकामें मैं किसी ऐसे सज्जनको "बम्बई क्रोनिकल" का प्रतिनिधि बना दूँ जो तार द्वारा वहाँका प्रमाणिक समाचार भेजा करे। यह काम बड़ी जिम्मेदारीका था, बहुत सोच विचार कर मैंने दक्षिण अफ्रिकाके प्रसिद्ध नेता स्वर्गीय अब्दुल्ला इस्माइल काजीको इस कामके लिये चुना। काजी साहब जबतक जीवित रहे, "बम्बई क्रोनिकल" को तार द्वारा दक्षिण अफ्रिकाकी खबर बराबर भेजते रहे।

यह सचमुच विस्मयकी बात है कि एकही रातमें भारतीय पत्रकार-गगनसे दो चमकते हुए सितारे एक साथ ही डूब गये। ब्रेलवी साहबके दुबले-पतले कोमल शरीरमें एक जबर्दस्त ताकत छिपी हुई थी। उनके निधनसे भारत एक प्रमुख पत्रकार, महान देशभक्त और सच्चे लोकसेवकसे वंचित हो गया।

डाक्टर तेज बहादुर सपरू।

अभी श्री नटेसन और सैयद अब्दुल्ला ब्रेलवी जैसे सपूतोंके बिछोहसे भारत माताकी आखोंके आँसू रुकने भी न पाये थे कि एक और महान पुत्रके वियोगसे उसके माथेपर मानो बज्र आ टूटा। भारतके प्रमुख विधान शास्त्री, उदार राजनीतिज्ञ और सर्वमान्य विद्वान डाक्टर तेज बहादुर सप्रू भी ७४ बर्षकी आयुमें भारत-माताकी गोद सूना करके चले गये।

राइट आनरेबल सर तेज बहादुर सप्रू प्रिवी कौंसिलर थे। विश्वके विधान-शास्त्रियों और कानूनके पंडितोंमें उनका बड़ा उच्च स्थान था। वे भारतके लिबरल दलके नेता थे, पर इधर उन्होंने उस दलसे भी सम्बंध तोड़ लिया था और वे अपनेको 'राजनैतिक अनाथ' कहा करते थे। सन १९३१ में आपही और श्री जयकरके उद्योगसे गांधी-इर्विन संधि हुई थी और सत्याग्रहका संग्राम स्थगित किया गया था। उस दिनो मैं हजारीबागके जेलमें अढाई वर्षकी कैद भोग रहा था पर गांधी इर्विन-संधिकी बदौलत साल भर सजा भोगनेके बादही मेरी रिहाई हो गई थी।

सन १९२३ में लन्डनमें जो इम्पिरियल कान्फ्रेंस हुई थी उसमें सर तेज बहादुर भारतके प्रतिनिधिकी हैसियतसे शरीक हुए थे। उस परिषदमें ब्रिटिश अधिराज्यों और उपनिवेशोंके प्रवासी भारतीयोंकी समस्याओं पर सर तेजने जो ममस्पर्शी भाषण दिया था वह प्रवासी भारतीयोंके इतिहासका एक महत्वपूर्ण परिच्छेद है। जनरल स्मट्स को अपने ऐसा मुँहतोड़ जबाब दिया था कि वे हक्का बक्का रह गये थे। स्मट्सपर सर तेजके व्यक्तित्व और भाषणका ऐसा गहरा प्रभाव पड़ा कि जब वे दक्षिण अफ्रिका लौटे तो एक सभामें एक उद्दण्ड श्वेताङ्गने जब भारतीयोंको कुली कहकर अपमानित किया तो जनरल स्मट्ससे बर्दास्त न हो सका और उन्होंने उस गोरेको फटकार बताते हुए कहा था कि "जिनको तुम निरा कुली-कबाड़ी समझते हो उनमें ऐसे भी लोग हैं जिनके जूतेका तसमा खोलने योग्य भी हम नही है।"

CC-0. Prof. Satya Vrat Shastri Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सन १९३६ में प्रयागके रेलवे स्टेशनपर अचानक सर तेजसे मेरी मुलाकात हो गई थी। मैं बापूसे मिलकर लखनऊ कॉंग्रेसमें शरीक होनेके लिये जा रहा था और सर तेज अपने किसी मित्रसे मिलने स्टेशनपर आये थे। देवयोगसे गाड़ी घण्टाभर लेट थी, इस लिये उनसे बातचीत करनेका काफी समय मिल गया। मैंने इम्पिरियल कान्फ्रेन्समें वर्ण-विभेदके विरुद्ध कही हुई उनकी इस बातकी याद दिलाई कि "मैं अपने इस हकका दावेदार हूँ कि बादशाह जार्जके महलमें एक सदस्यकी हैसियतसे मैं स्थान लूंगा, उनके बाहरी अस्तबलमें जगह मिलनेसे मैं संतोष नही करूँगा" (I claim my right to take my seat as a member of King George's household. I shall not be content with a place in his outer stables) और बतलाया कि उनकी इस बातके आधारपर एक प्रवासी लेखक श्री धनी ब्रह्मदेवने एक छोटीसी पोथी लिख डाली है जिसका नाम रखा है—"अस्तबलसे बाहर" (Out of Stable) इसमें लेखकने यह सिद्ध कर दिखाया है कि सम्राटके दक्षिण अफ्रिका अधिराज्यके अस्तबलमें भी भारतीयोंके लिये जगह नही है, किसी न किसी प्रकार उनको वहाँसे निकाल बाहर करनेकी कोशिश हो रही है।

सर तेजको इस बातसे बडा आश्चर्य और दुःख हुआ कि स्मट्स जिस ब्रिटिश साम्राज्यके स्तंभ समझे जाते हैं, अपनी वर्णविद्वेषकी नीतिसे उसीकी जड़पर कुठार भी चला रहे है।

सर तेज भारतके उच्च श्रेणीके विद्वानों, विचारकों और वक्ताओंमें एक थे और व्यवस्थित आंदोलनमें विश्वास रखनेवाले राजनीतिज्ञ थे। सर तेजके उठ जानेसे वयोवृद्ध नेताओंमें एक और की कमी हो गई।

श्री शमसुदीन।

पूर्व अफ्रिकाके नैरोबी नगरमें श्री शमसुदीनकी ६६ सालकी आयुमें मृत्यु हो गई। आप पूर्व अफ्रिकाके प्रवासी भारतीयोंके पुराने नेताओंमें एक थे। वे केनियाकी धारा सभाके वर्षो सदस्य रहे; गवर्नरकी कार्यवाहक समितिके भी सदस्य रह चुके थे। कईवार आप वहाँके शिष्ट मंडलके सदस्यकी हैसियतसे इङ्गलेण्ड गये और हिन्दुस्थान आये थे। आपसे जोहान्सबर्गकी एक सभामें मेरी मुलाकात हुई थी। उनकी शक्ल सूरतसे मैंने उनको यूरोपियन समझा था पर जब उनका परिचय देते हुए मुझे बतलाया गया कि आपही केनियाके नेता श्री शमसुदीन हैं तो मेरे आश्चर्यकी सीमा न रही। वे पंजाबी थे, गौर वर्णके सिवा उनकी भूरी आँखोंने मुझे भ्रममें डाल दिया था। वे अच्छी उर्दू बोल लेते थे। उनके बड़े भाई श्री कमरुद्दीन जंजीवारमें पुलिस इन्सपेक्टर रह चुके थे। इधर तीन-चार सालसे शमसुदीन साहबने राजनीतिसे अवकाश ग्रहण कर लिया था। उनके निधनसे केनियाका एक पुराना और अनुभवी नेता उठ गया।

श्री ब्रजलाल गुप्त।

शोककी बात है कि हमारे परम मित्र आर्यसाहित्य मंडलके मनैजिङ्ग डायरेक्टर श्री मथुराप्रसाद शिवहरेके बड़े दामाद श्री ब्रजलाल गुप्तका नगपुरमें अकस्मात हृदय की गति रुक जानेसे स्वर्गवास हो गया। वे मध्य प्रांतके एडवोकेट जनरल थे और जब अजमेर आते थे तो हमसे अक्सर प्रवासी भारतीयोंकी चर्चा किया करते थे। उनको हाई कोर्टका जज बनानेकी चर्चा चल रही थी। उनके देहांतसे मध्यप्रांत एक कानूनी पंडितसे वंचित हो गया। हम मित्रवर शिवहरेजीके साथही श्री गुप्तजीकी विधवा पत्नी और पुत्रोंके साथ सहानुभूति प्रकट करते हैं और ईश्वरसे प्रार्थना करते हैं कि जहाँ दिवङ्गत आत्माको अनंत शांति दे वहां उनके शोकाकुल परिवारको यह संताप सहन की शक्ति भी।

कर्मयोग। पं० धर्मदेव शास्त्री, प्रकाशकः गीता मंदिर, आगरा। वार्षिक मूल्य स्वदेशमें ५) विदेशोंमें ६)।

भारतीय संस्कृतिका अग्रदूत, सात्विक सामग्रीसे सम्पन्न और उच्च भावनाओंका उद्बोधक हिंदी संसारमें अपने ढंगका यह एकही मासिक पत्र है। इसका प्रचार वांछनीय है।

श्यामसुन्दर रसायनशाला, गायघाट, बनारस.
आयुर्वेदिक औषधियों के निर्माता तथा
आयुर्वेदिक पुस्तकों के प्रकाशक।
Shyamsunder Rasayanshala,
Gaighat, Banaras, U. P. India.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri



डरबनमें नर-संहार।

गत १३, १४ और १५ जनवरीके वे खूनी गुरुवार, शुक्रवार और शनिवार ! दुखद दिवस और रक्तरंजित रात्रियाँ ! डरबनमें नर-संहारका वह हृदय-विदारक दृश्य ! पैशाचिक प्रवृत्तिका वह नंगा नाच ! मनुष्यके प्रति मनुष्यकी वह नृशंसता और बर्बरता ! उफ, कैसे वर्णन करें ? लेखनी काँपती और वाणी रोती है। जो कल सौंदर्य और समृद्धिपूर्ण सुंदर शहर था वह आज मरघटका नजारा दिखा रहा है। जहाँ भारतीय और हबशी एक दूसरेके कन्धेमें कन्धा भिड़ाकर चलते थे वहाँ आज वे एक दूसरेके खूनके प्यासे बन गये हैं। जहाँ कल चहल-पहल थी वहाँ आज करुण-क्रंदन है। एक साधारण घटनाने इतना भयंकर रूप धारण कर लिया—आगकी एक छोटीसी चिनगारीने हजारों घर जलाकर राख बना डाला। कहा जाता है कि किसी भारतीय दुकानदारने एक हबशी लड़के पर हाथ चला दिया—उसके मुँहपर तमाचे लगा दिये। इससे हबशियोंमें ऐसा जोश और रोष फैला और उन्होंने इस अपमानका बदला चुकानेके लिये वह उत्पात मचाया जिसका दूसरा दृष्टांत दक्षिण अफ्रिकाके इतिहासमें नहीं मिल सकता है।

पर प्रश्न तो यह है कि जहां लाखों भारतीय और हबशी रहते हैं वहां इस प्रकारकी घटना तो नित्यही घटा करती थी। इस तरहके व्यक्तिगत झगड़े कहां नहीं होते हैं ? डरबनमें शायदही कोई रविवार नागा जाता हो जबकि शराब पीकर हबशी आपसमें न लड़ते हों अथवा किसी भारतीयकी मरम्मत न कर बैठते हों। हबशियोंकी लाठियोंसे अनेक भारतीयोंकी खोपड़ियां चकनाचूर हो चुकी हैं पर इस तरहके झगड़े व्यक्तियों तकही सीमित रहे, कभी भी समष्टिके संघर्षके रूपमें परिणत नहीं होने पाये थे। पर इसबार जो कुछ हो गया वह हमारे लिये तो संसारका आठवां आश्चर्य ही है। क्या एक साधारण व्यक्तिगत झगड़ेका यह भीषण परिणाम है ? ऐसा मान लेना तो अज्ञानता की बात होगी। इसके तहतक पहुंचने और इसका असली कारण जाननेके लिये हमें वहांकी वर्त्तमान परिस्थितिपर एक दृष्टि डालनी होगी।

दक्षिण अफ्रिकाके हिंदुस्थानियों और हबशियोंमें सदासे मेलजोल और सद्भाव रहा है—आपसमें कभी द्वेष और दुर्भावका चिन्ह दिखाई नहीं पड़ा। श्वेताङ्गोंके द्वारा दोनों वर्ग दबाये और सताये जाते हैं अतएव शोषितोंमें परस्पर स्नेह और सहानुभूतिका होना स्वाभाविकही है। इधर कुछ दिनोंसे उनका सम्बन्ध और भी दृढ़ होता जा रहा था। हिंदुस्थानी और हबशी—दोनों दलित वर्गके नेता मिलकर श्वेताङ्गोंकी वर्णविद्वेष पूर्ण नीति और प्रवृत्तिके विरुद्ध संयुक्त मोर्चा बनानेका यत्न कर रहे थे ; दक्षिण अफ्रिकामें गैर-गौरोंका संयुक्त मोर्चा बन जाना श्वेताङ्गोंके अखण्ड आधिपत्यके लिये सबसे बड़ा खतरा है। इस बातसे गोरे प्रभुओंमें घोर चिन्ता फैल रही थी और वे सोच रहे थे कि कहीं भारतीयोंके नेतृत्वमें हबशी संगठित, सजग और सचेत हो गये तो फिर गोरी प्रभुताकी कुशल कहां ? इधर एक बात और गोरोंकी चिन्ता बढ़ा रही थी और वह यह कि स्वतंत्र भारत हबशियोंकी समस्यामें दिलचस्पी ले रहा है और उनकी वकालत भी कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र संघके पिछले अधिवेशनोंमें भारतके प्रतिनिधियोंने हबशियोंकी दुर्गतिकी जो कहानी सुनाई और उनपर होने वाले अत्याचारोंकी ओर संसारका ध्यान दिलाया उससे दक्षिण अफ्रिकाके गोरोंमें बड़ी खलबली मच गई, वे क्रोधसे लाल हो उठे और वह उपाय सोचने लगे जिससे भारतीयोंको इस गुस्ताखीका अच्छी तरह मजा चखाया जा सके।

प्रतिशोधका उपाय ढूंढ निकालनेमें उनको कोई दिक्कत नहीं हुई, उनको ऐसे अनेक विशेषज्ञ मिल गये जो आपस में लड़ा देनेकी कलामें परीक्षा पास कर चुके हैं। भारतके स्वतंत्र हो जानेके बाद बहुतसे अंग्रेज यहांसे चले गये, उनको भारतीयोंका नौकर बनकर रहना पसंद न आया। जिनपर वे हुकूमत कर रहे थे उनके मातहत नौकरी करना और उनका हुक्म बजाना ? यह बात एक विशुद्ध अंग्रेजके लिये कैसे संभव हो सकती है ? यहांसे पेन्शन लेकर जो गये उनमेंसे कुछ दक्षिण अफ्रिकामें भी जा बसे हैं। यहां वे हिंदुस्थानका नमक खाकर भी हिंदू-मुसलमानोंको लड़ाते रहे और ब्रिटिश राज्यका पाया मजबूत बनाते रहे इसी उपायका उन्होंने दक्षिण अफ्रिकामें भी प्रयोग किया और उनको अपने प्रयत्नमें पूरी सफलता मिली—हबशी और

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हिंदुस्थानी आपसमें लड़ मरे। भारतके अन्न-जलसे पलनेवाले और आज भी पेन्शनके रूपमें भारतीयोंका रक्त चूसनेवाले कुछ नमक-हराम अंग्रेज डरबनके "नेटाल मरक्युरी" और "नेटाल डेली न्यूज" में निरंतर लेख छपवा कर भारतीयोंके विरुद्ध हबशियोंको भड़काते रहे। अपढ़ हबशियोंको गोरे प्रभुओंने समझाया कि भारतीय दक्षिण अफ्रिकाके लिये बिलकुल विदेशी है, उनको वहाँ रहने और कमाने-खानेका कोई अधिकार नही है। भारतीयोंकी विद्यमानता ही हबशियोंकी आर्थिक दुर्गतिका मूल कारण है। हबशियोंके शोषण परही भारतीयोंके महल और व्यापार खड़े हैं। यदि भारतीय यहाँसे निकाल दिये जायँ तो हबशियोंकी हालत सुधरने और उन्नत होनेमें देर न लगेगी। इनको भगानेका सहज उपाय है। जिस तरह पाकिस्तानने हिंदुओंको मार भगाया उसी तरह हबशी हिंदुस्थानियोंको यहाँसे भगा सकते हैं। एक दिन अचानक डरबनके सारे हबशी गोल बाँधकर निकल पड़ें, जहाँ भारतीयोंको पावें मार गिरावें; उनकी औरतोंकी इज्जत उतार लें; उनके बच्चों को काट डालें। बस, भारतीय स्वयं यहाँसे भाग जायँगे; उनका कारबार और व्यापार हबशियोंके हाथ आ जायगा; फिर उनके भाग्यका सितारा चमक उठेगा।

उधर मलान और स्मट्सकी पार्टियोंके राजनीतिज्ञ भी भारतीयोंके विरुद्ध जहर उगलते रहे और उनको दक्षिण अफ्रिकाके शरीरमें नासूर कहकर अपने मनके गुबार निकालते रहे। जबसे मलानके हाथमें राजसत्ता आई है तबसे सैकड़ों सभामंचसे यह साफ साफ कहा जा रहा है कि भारतीयोंको वहाँसे निकाल बाहर करनाही मलान सरकारका मुख्य उद्देश्य है। जो थोड़े बहुत रह भी जायँगे उनको अछूतोंकी तरह सबसे अलगही बसाया जायगा। भारतीय दक्षिण अफ्रिकाके राजनीतिके मैदान में फुल बॉलका काम देते हैं जो उनपर जितनाही कसकर ठोकर लगाता है वह उतनाही बड़ा राजनीतिका खिलाड़ी समझा जाता है। भारतीयोंके विरुद्ध विषवमन करनेसे बढ़कर श्वेताङ्गोंमें लोकप्रिय बननेका और कोई उपाय नही है।

यद्यपि हबशी नेता भारतीयोंकी मित्रताका मूल्य और महत्व समझते हैं और यह भी जानते हैं कि भारत संयुक्त राष्ट्र संघमें उनका कितना सच्चा और जबर्दस्त वकील है इस लिये वे भारतीयोंसे मिलकर वर्ण विद्वेषके विरुद्ध लड़ना चाहते हैं तो भी मामूली आदमियोंको उनके नेताके आदेश के खिलाफ उभाड़ देना कोई कठिन काम तो नही है। भारतमें जितने दङ्गे हुए, वे सभी हमारे नेताओंके आदेश के विरुद्धही तो हुए। महात्मा गांधीके समान महान नेता के आदेशकी उपेक्षा कर विदेशियोंकी लगाई हुई 'फूट' की गांठीको जब लोग अपने लहूसे सींचनेमें बाज नही आये तो बेचारे हबशी नेताओंकी बिसातही क्या ? श्वेताङ्गोंको ऐसे एजन्ट मिल गये जो उनकी योजनाको कार्यान्वित कर दिखावें।

भारतीयों पर अचानक आक्रमण।

गोरे राजनीतिज्ञोंके प्रचार और हबशियोंको भड़काने वाले नरपिशाचोंके प्रयत्नसे बारुदका ढेर लग चुका था उसमें केवल दियासलाईका लुक लगा देनेकी जरुरत थी जो एक व्यक्तिगत झगड़ेसे पूरी हो गई। हबशी लाठी, लोहेकी छड़ तथा अन्य हथियारोंसे लैस होकर भारतीयोंपर हमला करनेके लिये निकल पड़े और जहाँ किसी भारतीयको पाते, 'बुलाला' के नारे लगाकर उसपर टूट पड़ते और लाठियोंसे उसका कचूमर निकाल करही आगे बढ़ते। जूलू शब्द 'बुलाला' का अर्थ है—"मार डालो"। १३ से १५ जनवरी-गुरुवारसे शनिवार—तीन दिनोंतक भारतीयोंका कत्लेआम होता रहा। उनके गोदामों, दूकानों और मकानों में पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी गई। भारतीयोंके महल्लेमें आगकी लपटें आकाशसे बातें कर रही थी। जिन घरोंमें आग लग गई थी उनमेंसे घबराकर यदि कोई बाहर निकल पड़ता तो हबशियोंकी लाठीसे जान गँवाता। परिवार के परिवार घरोंके अंदर जल मरे। कोमलाङ्गी स्त्रियाँ और छोटे छोटे बच्चे आगमें किस तरह छटपटा कर जल मरे होंगे उसकी कल्पनासेही रोम रोम काँप उठता है। तीसरे दिन भारतीयोंके घरोंसे अनेक अधजली लाशें निकाली गईं।

कतारके कतार भारतीयोंकी दूकानें लूट ली गई और फिर उनमें आग लगा दी गई। भारतीयोंकी मोटर बसें और मोटर टेक्सियाँ या तो तोड़कर चकनाचूर कर डाली गईं अथवा आग लगाकर जला डाली गईं। उनके भारतीय ड्रायवर मौतके घाट उतारे गये। भारतीयोंमें त्राहि त्राहि मची हुई थी, लोग भयसे चिल्लाते इधर उधर भाग रहे थे पर भागकर जाते कहाँ ? चारों तरफ हबशी गोल बाँधकर घूम रहे थे और जूलू युद्धके जुझाऊ गीत गा रहे

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

थे। उनकी आँख बचा कर निकल जाना कोई साधारण बात न थी। भारतीय उसी तरह मारे जा रहे थे जैसे कोई चूहेको मार गिराता है। लंडनके प्रसिद्ध "डेली मेल" के सम्वाददाता श्री नोयल मॉक्सनें डरबनसे जो तार भेजा है उससे परिस्थितिपर पर्याप्त प्रकाश पड़ता है। सम्वाददाताने आँखों देखी घटनाका वर्णन करते हुए लिखा है कि "डरबनमें दिनभर दङ्गा होता रहा। नेटिव अपना जुझाऊ गीत गाते हुए डेढ़ लाख भारतीयोंको पीट रहे हैं। भारतीय घायलोंसे अस्पताल भर गया है। घायलोंको अस्पताल पहुँचानेके लिये अमब्यूलेंस दौड़ रहे हैं। आज इस डरबन शहरमें भारतीय जीवन या भारतीय शरीरकी कीमत एक कौड़ी (सेन्ट) भी नही है। भारतीय इधर उधर भागते और छिपते फिरते हैं, नेटिव उनके मुहल्लेमें चक्कर लगा रहे हैं। जहाँ कोई भारतीय दिखाई दे जाता है फिर तो उसका सिर धड़से अलग होकर हवामें उड़ने लगता है। अनेक भारतीयोंको यूरोपियनोंके घरोंमें शरण मिली है।"

यह उपद्रव डरबन शहर तकही सीमित न रहा बल्कि उनके आसपास केटो मेनर, जेकब्स आदि बस्तियोंमें भी फैल गया। केटो मेनरके भारतीयोंपर भीषणसे भीषण अत्याचार हुए। रात्रिके समय उनपर अचानक हमला हो गया। वे बेचारे किंकर्तव्य विमूढ हो गये। केटो, जेकब्स आदि स्थानोंके भारतीयोंके घर लूटे और फूँके गये; जो हबशियोंके सामने पड़ गये उनको जानसे हाथ धोने पड़े। सबसे भयंकर बात यह हुई कि उन जंगली हबशियोंने भारतीय नारियोंकी बड़ी दुर्गति कर डाली। इन्सानियतका गला घोंटा गया। मासूम लड़कियोंपर हबशियोंने बलत्कार किया। शैतानियतकी हद कर दी। उन अत्याचार पीड़ित अबलाओंकी चीखसे आकाश काँप उठा, धरती डोल उठी। भारतीयोंके सामने उनका गाँव जल रहा था, उनके घर जल रहे थे। रातको क्षितिज ऐसा प्रतीत होता था कि मानों बदलोंमें आग लग गई हो। हबशी उनको तबाह और बरबाद कर रहे थे। उनका सारा सामान लुट गया, वे राहके भिखारी बन गये। उनकी औरतोंकी अस्मत भी बचने नही पाई। हबशियोंने भारतीय लड़कियोंके साथ जो दुर्व्यवहार किया वह सबसे अधिक संतापजनक है। ऐसी नृशंसता और बर्बरता दक्षिण अफ्रिकामें कभी देखने सुनने में न आई थी। बेचारी कन्याएँ चिल्ला रही थीं और 'बचाओ बचाओ' कहकर पुकार रही थी पर बचावे कौन? उनके बचाने वाले तो पहलेही मौतके घाट उतारे जा चुके थे। उन निराश्रित अबलाओंकी सहायता करता तो कौन? रोती और चिल्लाती हुई उन बेबस अबलाओंको घसीटते हुए उन राक्षसोंने उनपर घोर अत्याचार किया। जितना लज्जाजनक व्यवहार भारतीय महिलाओंके साथ हुआ उसको लिखकर बताना हमारी शक्तिसे बाहर है।

भारतीय अपने घर बार त्यागकर पुलिस केम्पमें एकत्र होने लगे। डरबनमें भारतीयोंकी संख्या करीब एक लाख है उनमें ३०–४० हजार भारतीय केम्पोंमें जा जुटे। हबशियोंका हौसला इतना बढ़ गया था कि वे केम्पों पर भी हमला करनेसे बाज न आये। कोई दो हजार हबशियों ने गोल बाँधकर जुझाऊ गीत गाते हुए पुलिसकी मौजूदगी में केटो-केम्पपर हमला बोल दिया। उस समय निहत्थे और निराश्रित भारतीयमें ऐसी घबराहट फैली कि बहुतसे औरत-मर्द अपने मासूम बच्चोंको गोदमें लेकर पचास फीट गहरे गड्ढेमें कूद पड़े। न्यूजरमनी और पाइन टौनमें भी भारतीयोंके घर लूटे और फूँके गये और उनका संहार किया गया। नेटालकी राजधानी पीटर मेरित्सबर्ग तक दंगेकी आग फैल गई। उस नगरमें भी पचाससे अधिक भारतीय घायल हुए। इडेनडेलकी भारतीय दूकानें लूटी और फूंकी गई। केवनडिशके भारतीयोंपर भी रातमें हमला हुआ। जोहान्सबर्गके एक भारतीय दूकानपर चलती मोटरसे बम फेंका गया जिससे खिड़कीके शीशे चूर चूर हो गये।

फ्रांसके प्रसिद्ध पत्र "फ्रांस सोइर" (France Soir) ने डरबनके हत्याकांडकी फ्रांसके एक हत्याकांडसे तुलना करते हुए लिखा है कि "इसी प्रकार रोमन कैथलिक ईसाइयोंने २४ अगस्त १५७२ में सेन्ट बर्थोलोम्यु दिवसपर अपने प्रतिद्वन्दी प्रोटेस्टेन्ट ईसाइयोंकी हत्याएँ पेरिसमें शुरु की थी और फिर सारे फ्रांसमें हत्याकी नृशंस प्रवृत्ति फैल गई। उस हत्याकांडमें लगभग पचास हजार आदमी केवल इस अपराधपर कत्ल किये गये थे कि चूंकि उनके विचार रोमन कैथलिक ईसाइयोंसे भिन्न थे। इसी प्रकार डरबनके भारतीयोंका केवल यही अपराध है कि वे भारतीय हैं।

तीन दिनोंतक डरबन और उनके आसपास बर्बरता और नृशंसताका नग्न प्रदर्शन होता रहा। जो कलतक खुशहाल थे, मेहनतसे कमाते-खाते और आरामसे अपने

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

घरमें रहते थे वे आज घरबार बिहीन निपट कङ्गाल बन गये हैं—उनकी जिन्दगी भरकी कमाई नष्ट हो गई। भारतीयोंको स्वप्नमें भी आशंका न थी कि हबशी उनपर समष्टि-रुपसे हमला कर देंगे, इस लिये उनको अपने जान मालका भारी नुकसान उठाना पड़ा है। जब उन्होंने देखा कि अमन और कानूनके ठेकेदार बिलकुल लापर्वाह है तो उन्होंने अपनी रक्षाका भार स्वयं ग्रहण कर लिया। शनिवार को जब भारतीयोंने हबशियोंपर हमला करना शुरु कर दिया तो फौरन पुलिस और फौज बीचमें आ कूदी और भारतीयोंका आक्रमण रुक गया।

पुलिस कहाँ थी ?

सवाल यह उठता है कि इस अभूतपूर्व उपद्रवके समय शांति और कानूनके ठेकेदार कहाँ थे ? तीन दिनों तक डरबनमें लूटपाट, मारकाट और फूँक-तापका तूफान मचा रहा, अमनकी अँतड़ी काटी गई, कानूनका कचूमर निकाला गया लेकिन पुलिस कहाँ अंतर्द्धान हो गई थी ? लंडनके "डेली मेल" के सम्वाददाताके कथनानुसार तो डरबनका हर एक पुलिसमेन अपनी ड्यूटीपर डटा था पर प्रश्न तो यह है कि वह कर क्या रहा था ? अमन-कानून की रक्षा कर रहा था या ड्यूटीपर डटा हुआ नर-संहारका तमाशा देख रहा था ? हम तो अपने व्यक्तिगत अनुभवके आधारपर कह सकते हैं कि यदि पुलिस चाहती तो दो घंटेमें दंगा दब जाता और उसका विस्तार नहीं होने पाता। पर मालूम पड़ता है कि पुलिसको गुप्त आदेश मिल गया था कि वह दो-तीन दिनोंतक दङ्गा दबानेकी कोशिश न करे बल्कि दर्शकके तौरपर तमाशा देखा करें। दुनियाको धोखा देनेके लिये तीसरे दिन थलसेनाके सिवा जल सेना भी बुला ली गई और कहा गया कि दङ्गा इतना भयंकर था कि डरबनकी पुलिस उसको दबानेमें असमर्थ रही। आजतक डरबनके किसी भी दंगेमें फौज बुलानेकी जरुरत नहीं पड़ी थी—यह प्रथमवार जल, थल और नभ सेनाका नटक रचा गया है।

सन १९२९ में १७ जूनको इससे भी भयंकर दंगेका श्रीगणेश हुआ था पर चार-पाँच घण्टेमेंही उसका अंत आ गया था। बात यह हुई कि कुछ हबशी नेताओंको यह विचार सूझा कि संगठनके बिना उनकी अवस्थामें परिवर्तन नहीं हो सकता है। संघशक्तिके अभावसेही हबशी मजदूरों की दुर्गति हो रही है। पेटपर पट्टी बाँधकर काम करना पड़ता है, तिसपर गोरे प्रभुओंकी ओरसे लात घूँसे इनाममें मिलते हैं। फरियाद सुननेवाला और दाद देनेवाला कोई नजर नहीं आता है। क्लेमेन्ट कडाली आदि नेताओंने सन १९१९ में दो दर्जन सदस्योंके सहयोगसे एक मजदूर संघ खोला जिसका नाम रखा गया—'इंडस्ट्रियल एण्ड कमर्शियल यूनियन' Industrial and Gommercial Union) पर इस नाममें जो शब्द आये हैं उनके प्रथम तीन अक्षरोंका नामही जनतामें विशेष रूपसे प्रसिद्ध हुआ और संघका संक्षिप्त नाम पड़ा—I. C. U. आय. सी. यू.। इसके उच्चारणसे जो ध्वनि निकलती हैं उसका अंग्रेजी रूप यह भी हो सकता है—"I see you" अर्थात "मैं तुम्हें देखूँगा"। इस नामसेही जहाँ हबशी मजदूरोंमें अभिमान पैदा होने लगा वहाँ गोरोंमें यह खयाल पैदा हुआ कि यह नाम उन्हींको धमकानेके लिये रखा गया है। सरकारकी शुरुसेही इसपर संदेह भरी दृष्टि रही और गोरे नागरिक तो इस संघसे ऐसे खफा हुए कि यदि मौका मिल जाय तो इसके नेताओंको कच्चेही चबा जायँ।

इस संघकी कल्पनातीत प्रगति हुई। डरबनमें लगभग पचास हजार हबशी मजदूर इसके सदस्य बन गये। प्रत्येक सदस्यको एक शिलिङ्ग मासिक चंदा देना पड़ता था। उनकी शक्ति देखकर गोरे आतंकित हो उठे। आखिर हबशियोंको कुचलनेका मौका उनको मिलही गया। डरबन संघके सरदार चैम्पियनने भाषण देते हुए सदस्योंको समझाया कि "डरबन कोर्पोरेशनने हमारे हबशी भाइयोंके लिये स्थान स्थानपर जो शराबखाने बना रखे हैं वे वास्तव में अपराध सिखानेवाले विद्यालय हैं। वहाँसे डिग्री प्राप्त करके जो स्नातक निकलते हैं वे बंदीघरकी शोभा बढ़ाया करते हैं। शराबखोरीसे हबशियोंकी नैतिक और आर्थिक गिरावट हो रही है। अतएव अपने भाइयोंको इस बुराईसे बचानेके लिये पिकिटिङ्ग करना चाहिये।" इस सलाह के अनुसार कुछ उत्साही नवयुवकोंने अपने भाइयोंको शराबखोरीसे बचानेके लिये पिकेटिङ्ग शुरु कर दी, और यही बात झगड़ेकी जड़ बन गई।

तब और अब !

गोरे प्रभुओंका आसन डोल उठा, उन्होंने पिकेटिङ्ग करनेवालोंकी डण्डेसे खूब खबर ली। हबशी भी उत्तेजित हो उठे, उन्होंने भी दो चार गोरोंकी मरम्मत कर डाली। हबशियोंमें बड़ा जोश फैला; आय. सी. यू. के सदस्य लड़ने

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मरनेपर तैयार हो गये। डरबनकी हालत बड़ी ख़तरनाक हो गई। मैं उस दिन डरबन शहरमें ही था और केपिटान-होटलके दुमंजिले बरामदेमें बैठकर संघर्षका नजारा देख रहा था। हबशी क्रोधसे पागल हो उठे थे और ऐसा भासित हो रहा था कि आज श्वेतांगोंका सर्वनाश निश्चित है। पर उनकी लाठी और लोहेकी छड़ भला स्टेनगन और ब्रेनगनके मुकाबलेमें कबतक ठहर सकती थी?

गोरे पुलिसमैन बंदूक लेकर और हबशी सिपाही डण्डेसे लैस होकर निकल पड़े और मुख्य-मुख्य सड़कोंके नाकेपर जा डटे। कुछ सिविलियन गोरे भी बंदूक लेकर पुलिसकी मददमें आ पहुंचे। फिर तो डरबनकी सड़कें हबशियोंके खूनसे लाल हो उठी। गुलाम जातिके सिपाही भी कितने निर्दय और हृदयहीन होते हैं उनके सामने जो हबशी आ जाता उसकी खोपड़ीपर ऐसे डण्डे बजते कि बस, रक्तकी धारा फूट पड़ती। गिर जानेपर भी पिण्ड नहीं छूटता और जबतक वह अभागा अधमरा न हो जाता तबतक लात-घूंसों और डण्डोंसे उसकी मरम्मत होती रहती। गोरे सिविलियन अपनी बंदूकका चमत्कार दिखा रहे थे—अन्धाधुंध गोलियोंकी बौछार हो रही थी। पुलिसके साथ लोरियां थी। धाँय-धाँय फायर होता, हबशियोंकी लाशोंके ढेर लग जाते। उनको झटपट उठाकर लोरियोंमें लाद लिया जाता और लोरियां लाशोंको लेकर गायब हो जातीं और न जाने कहां खपा आतीं।

दो घण्टेतक डरबनकी सड़कपर निर्बाध गतिसे गोलियां चलती रहीं। हबशी उसी तरह गोलियोंसे भूने जा रहे थे जिस तरह भट्टीमें चने-चबैने भूने जाते हैं। शामको पाँच बजे कॉंग्रेसकी मिटिङ्गमें शरीक होनेके लिये मैं टामिल-इंस्टिट्यूट पर पहुँचा। वहांका चौकिदार जो मुझे देखा तो दौड़ा हुआ आया और फाटक खोलकर मुझे अंदर ले लिया उसने और उसकी पत्नीने मुझे अपने शयनगृहमें ले जाकर किवाड़ बंद कर लिये, और बिजलीकी बत्तियां बुझा दी। मुझे उनकी बुजदिलीपर दया आ रही थी। सोच रहा था कि हबशी और गोरोंमें संघर्ष है, भारतीयोंको क्यों भय-भीत होना चाहिये? पर उस चौकिदारके शायनकक्षकी खिड़कीके शीशेसे जो कुछ देखा उससे मेरा भ्रम मिट गया। हबशी-उतेजनासे ऐसे पागल हो गये थे कि उनको दोस्त और दुश्मनका कोई ख्याल न रहा। जो उनके सामने पड़ जाता उसीपर शामत आ जाती। कई भारतीय उस सड़क से गुजरे और सबके सब हबशियोंकी लाठीसे ऐसे पीटे गये कि उस दृश्यको देखकर कलेजा कांप जाता था। उन राहगीर भारतीयोंके सिरपर जब लाठियां बजतीं तो चौकि-दारकी पत्नी चीख उठती। कुछ देरमें जब हबशियोंका दल वहांसे हट गया तो मैं मौका पाकर वहांसे रवाना हो गया और फिर केपिटान-होटलके दुमंजिले बरामदेमें पहुंच गया।

अरे वह देखो? हबशियोंका एक दल पुलिसपर हमला करनेके लिये आगे बढ रहा है। प्रत्येक हबशीका शरीर उतेजना और स्फूर्तिसे नाच रहा है और उसके चेहरेपर वीरताके भाव झलक रहे हैं। वे लाठी लेकर 'छाया-छाया' अर्थात "मारो-मारो" का गर्जन करते हुए पुलिसपर आक्र-मण करने जा रहे हैं। सरदारका इशारा पाकर हबशी दल आगे बढा। उधरसे बंदूकें गोलियां उगलने लगीं। धाँय-धाँय-धाँय और अनेक हबशी धाराशायी हो गये। बचे हुए भयसे इधर उधर भागने लगे पर भागकर जाते कहां? भागनेवाले गोलियोंसे मार गिराये गये और लोरियां उनको लेकर चम्पत हो गईं।

आसपासके थानेके सिपाही डरबनमें छुला लिये गये थे। उन्होंने हबशियोंका खुलकर शिकार खेला। दूसरे दिन अखबारोंमें रिपोर्ट निकाली कि सवा सौ हबशी अस्पताल की शोभा बढा रहे हैं और उनके साथ-दो-चार गोरे भी। चार-पाँच हबशी स्वर्ग पहुंच गये हैं और एक गोरा भी यमपुर तक उनको पहुंचाने गया है। केवल चार-पांच हबशी मारे गय हैं, इस खबरको पढ़कर मैं तो गोरोंकी सचाई पर दङ्ग रह गया।

इस प्रकार आय. सी. यू. जैसे जबदस्त संघके पचास हजार सदस्योंकी बगावतको डरबनकी पुलिसने पांच घण्टेमें दबा दिया और हबशियोंको ऐसी शिक्षा दी कि आजतक वे गोरोंके सामने सिर उठानेका साहस नहीं कर सके। पर इसबार त न दिनोंतक डरबन हत्या, बलत्कार, लूट और अग्निकांडका केन्द्र बना रहा, पर पुलिसकी गोलीसे न कोई मरा और न घायल होने पाया। एक गोरे साहबने इस बातपर आश्चर्य प्रकट किया है कि हबशियोंने जहां भारतीयोंकी दूकाने लूट लीं और फूंक दीं वहां उस के पड़ोसके यूरोपियन दुकानको छुआ तक नहीं। इसमें आश्चर्यकी कौनसी बात है? गोरोंकी दूकानोंपर वे क्यों निगाह डालते? क्या वे इतना भी नहीं जानते कि भार-

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तीयोंकोही लूटने-मारनेकी उनको छूट मिली है, गोरोंके साथ छेड़-छाड़ करना या उनका कुछ भी नुकसान पहुंचाना जानबूझकर आफत मोल लेना होगा।

दुनियाको यह समझानेकी कोशिश हो रही है कि डरबनमें पुलिसकी शक्ति दंगा दबानेके लिये काफी नहीं थी इसीलिये तो फौज बुलानेकी जरुरत पड़ी। हम पूछते है कि यदि गोरोंपर यह हमला हुआ होता तो डरबनकी पुलिस क्या करती? क्या तीन दिनतक बैठकर फौजके आगमनकी प्रतीक्षा करती या यथाशक्ति दंगा दबानेकी चेष्टा? मान लो कि डरबनकी पुलिस सचमुच अपनी पुरानी शक्ति खो बैठी है और दंगेने ऐसा भीषण रूप धारण कर लिया था कि सेनाके सिवा और कोई उसका दमन नहीं कर सकता था? पर फौजकेही आनेमें तीन दिन क्यों लग गये? वहां वायुयानोंकी कमी नहीं है, दक्षिण अफ्रिका के किसी भी भागसे तीन चार घण्टेके अंदर वायुयानोंसे सेना लाई जा सकती थी और दंगेको शुरूमें ही दबाया जा सकता था, लेकिन जहां जानबूझकर आग लगाई गई हो वहां उसको शीघ्र बुझा देनेकी बातही बेकार है। हम डरबनकी पुलिसको जानते है और इसलिये हम दावेके साथ कह सकते हैं कि यदि पुलिसको तटस्थ रहकर तमाशा देखनेका आदेश न मिला होता तो वह दंगेको बातकी बात में दबा सकती थी।

डरबनमें इतना भयंकर उपद्रव हो गया, सैकड़ों आदमियोंकी जान गई और करोड़ोंकी सम्पति नष्ट हो गई पर डाक्टर मलान और उनकी सरकारके किसी भी सदस्यने विपदग्रस्त मनुष्योंके प्रति सहानुभूति सूचक एक शब्द भी नहीं कहा है। इसीसे अनुमान किया जा सकता है कि दंगेके तहमें कोई गूढ रहस्य छिपा है।

जिम्मेदार कौन है?

दक्षिण अफ्रिकाके इतिहासमें ऐसी बात कभी देखी सुनी नहीं गई। यह तो निश्चय है कि इस भीषण काण्डके पीछे कोई गुप्त दानवी शक्ति है। दक्षिण अफ्रिकाकी सरकार चाहती तो इससे भी भयंकर उपद्रवको फौरन दबा देती। यदि गोरोंके विरुद्ध हबशियोंने उत्पात मचाया होता तो निश्चयही सरकार उसे बातकी बातमें दबा देती। पर यह आग तो उसीकी लगाई हुई थी फिर वह इसे बुझानेकी चिन्ता क्यों करती? भारतीयोंको वहांसे भगानेके लिये यह नया तरीका काममें लाया गया है, पर गोरोंको और उनकी सरकारको याद रखना चाहिये कि जिस मार्गको उन्होंने ग्रहण किया है वह उनको विनाशके घाटपर ले जायगा। हबशियोंको केवल यह विश्वास हो जाना चाहिये कि पाशविक शक्तिके प्रदर्शनसे उनके उद्देश्यकी पूर्त्ति हो सकती है फिर तो आज भारतीयोंको जिस भयानक नरमेधका सामना करना पड़ा है, गोरोंको उससे भी बढकर रक्तपात और विनाशका सामना करना पड़ेगा। आज भारतीयोंके रक्तसे नेटालकी जमीन सींची जा रही है तो कल निश्चयही गोरोंके खूनसे सींची जायगी।

शुरूसेही भारतीयों और हबशियोंमें जो सौहार्दपूर्ण व्यवहार रहा है उसे देखते हुए कोई भी ऐसे भीषण कांडकी कल्पना भी नहीं कर सकता था। गोरों और हबशियोंमें चिरकालसे दुर्भाव और द्वेष रहा है और समय समयपर संघर्ष भी होता आया है। हबशियोंमें भारतीयोंके प्रति कोई दुर्भावना नहीं थी और वे एक स्नेहशील परिवारकी तरह रहते आये हैं। गोरोंने ही उनके दिलमें द्वेषकी यह आग सुलगाई है और इस तरह दोनों दलित वर्गोंको लड़ाकर अपनी सत्ता को मजबूत बनानेका उपक्रम किया है। पर इस विषवृक्षका फल उनको भी चखना पड़ेगा।

वर्णविभेदके अग्र प्रवर्त्तक जनरल स्मट्स भी इस दुर्घटनासे चौंक पड़े हैं। उन्होंने रेन्डफोन्टीनमें भाषण देते हुए कहा कि "वर्णभेदमूलक, अत्याचारपूर्ण नीतिका यह पहला फल दक्षिण अफ्रिका चख रहा है। मेरी यह धारणा है कि मलान सरकार जिस ढंगसे काम कर रही है उसका परिणाम यह होगा कि हमारी भावी सन्तानको शोक करना पड़ेगा। आगकी यह छोटीसी चिनगारी, जिसको सरकार बेना हाँककर प्रज्वलित कर रही है, भीषण अग्निकाण्डके रूपमें परिणत हो जायगी। डरबनमें जो कुछ हुआ वह दक्षिण अफ्रिकाके सर्वनाशका पूर्व लक्षण है। हमें सचेत हो जाना जाहिये और अपनी जिम्मेदारीको समझना चाहिये अन्यथा हम अपना सब कुछ गँवा बैठेंगे।"

लंडनमें दक्षिण अफ्रिकाके पूर्व हाई कमिश्नर, हबशियोंकी समस्याके विशेषज्ञ और भारतीयोंके कट्टर विरोधी जूलूलेण्डके सिनेटर जॉर्ज हिटन निकल्सको भी मुक्त कंठसे स्वीकार करना पड़ा है कि सरकारकी पृथक्करण नीति और श्वेताङ्गोंके लगातार प्रचारकाही दुष्परिणाम है—डरबनकी दुर्घटना। हबशियोंके हमलेके अनेक कारण हो सकते हैं, पर उनमें हिटन निकल्सके कथनानुसार "श्वेताङ्गोंका वह

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रचार है जिसके द्वारा यह भाव फैलाया जाता है कि अफ्रिकाके लिये भारतीय बिलकुल बिदेशी हैं।" पर यह तो वही बात हुई कि 'सूप बोले तो बोले, पर चलनी क्यों बोले जिसमें बहत्तर छेद।' यदि अफ्रिकाके लिये भारतीय विदेशी हैं तो गोरे कैसे अफ्रिकाके वासी हो सकते हैं ? गोरोंने तो उनका धन-धरती सब कुछ हरण कर लिया है, सदियोंसे उनको गुलाम बनाकर रखा है और उनपर नाना प्रकारके अत्याचार किया करते हैं। यदि उनका यह ख्याल मजबूत हो जावे कि अफ्रिका केवल अफ्रिकावासियों के लिये है, उस भूमिमें विदेशियोंके रहनेका कोई अधिकार नही है तो फिर गोरोंको लेनेके देने पड़ जायँगे और इसका सबसे कटु फल उनकोही चखना पडेगा।

यूनियन पार्लामेण्टमें हबशियोंके प्रतिनिधि सिनेटर एडगर ब्रुक्सने केपटाउनमें 'रेस रिलेशन्स कौंसिल' में भाषण देते हुए स्पष्ट कह दिया कि "डरबनमें जो कुछ हुआ है उसकी सारी जिम्मेदारी उन गोरोंपर है जिन्होंने डरबनमें भारतीय विरोधी घृणात्मक भावनाका प्रचार कर उस नगरको नरक तुल्य बना दिया है। इसमें किसी एक राजनीतिक दलका अपराध नही है, गोरोंके सभी दल भारतीयोंके विरुद्ध बोलनेमें एक दूसरेको मात कर देना चाहते हैं। डरबनका दगा यह शिक्षा देता है कि वर्णोंके प्रश्नपर बोलते समय संयमसे काम लेना चाहिये, वर्ण विद्वेष फैलाना मानो आगसे खेलना है। ऐसे थोड़े लोग हैं जो श्वेताङ्ग श्रोताओंके सामने बोलते हुए यह सोचते हैं कि उनकी दृष्टिसे ओझल अश्वेताङ्ग जनतापर भी उसका प्रभाव पड़ेगा। जो व्यक्ति डरबनकी दुर्घटनाके बाद भी इस बात की उपेक्षा करेगा वह देशके प्रति अपराध करेगा। यह शोक और शर्मकी बात है कि इस दंगेमें अफ्रिकनोंने आक्रमणकारी होनेका कलंक कमाया।"

दक्षिण अफ्रिकामें श्वेताङ्ग प्रभुताके समर्थक स्मट्स और हिटन निकल्स तथा हबशियोंके प्रतिनिधि ब्रुक्स जैसे जिम्मेदार राजनीतिज्ञोंका यही अभिमत है कि डरबनका दंगा मलान सरकारकी वर्ण विद्वेष मूलक नीति एवं प्रवृत्ति और श्वेताङ्गोंका भारतीयोंके विरुद्ध लगातार प्रचारकाही अनिवार्य परिणाम है पर लंडनमें बैठे हुए मलान सरकारके हाई कमिश्नर लीफ इगलेण्ड कुछ औरही फरमाते हैं। आपकी राय-शरीफमें "यह न तो मलान सरकारके विरुद्ध प्रदर्शन था और न श्वेतांगोंके विरुद्ध क्योंकि डरबनमें गोरोंके साथ कोई छेड़खानी नही हुई। दक्षिण अफ्रिकाके भारतीयोंमें विलक्षण व्यापारिक बुद्धि है और व्यवसाय करनेकी तीव्र रुचि और प्रवृत्ति। इधर जूलू इस योग्यतासे बिलकुल बंचित हैं। दुर्भाग्यवश नेटालके कुछ भारतीय दूकानदार उनसे रोटी और चीनी जैसी चीजोंका भी वाजिबसे अधिक दाम ले लिया करते हैं और उनकी यह शिकायत रही है कि भारतीय व्यापारी उनको ठगते हैं। इसी धारणाने संघर्षका रुप धारण कर लिया।"

इस महापुरुषसे कोई पूछे कि डरबनमें लगभग एक लाख भारतीय हैं उनमें व्यापारी हैं कितने ? अधिकांश भारतीय भी तो हबशियोंकी भाँति मेहनत मजदूरी करके गुजर बसर करते हैं। यदि दुकानदारोंसे उनकी शिकायत थी तो यह दंगा भी उन्हींतक सीमित रहता—वर्णयुद्धका रूप कदापि धारण न करता। इस तरह दुनियाकी आँखमें धूल झोंकनेका प्रयत्न करना निरी धृष्टता है। इस सफाईसे मलान सरकार और श्वेताङ्ग अपनी जिम्मेदारीसे बरी नही हो सकते। रेवरेन्ड जार्ज नोर्टनने, जो आठ सालतक जूलूलेण्डके एँग्लिकन मिशनके डायरेक्टर रह चुके हैं और जुलुओंकी प्रकृतिसे पूर्णतया परिचित है, अपने बयानमें कहा है कि "इस दंगेका मूल कारण दक्षिण अफ्रिकाकी अनुक्रमिक सरकारोंकी उस वर्ण विद्वेष पूर्ण हिटलरशाही नीतिमें मिलेगा जो हबशियोंको गिराये रखने के लिये अमलमें लाई जाती रही है। यह कहना सत्यका गला घोटना है कि जूलू और भारतीयोंमें कोई पुराना वर्णगत दुर्भाव रहा है।"

अफ्रिकन नेशनल कॉंग्रेसके प्रधान डाक्टर ए० बी० जूमाने भी अपने हबशी बंधुओंको चेतावनी देते हुए कहा है कि "हमे उनके हाथोंके कठपुतले नही बनना चाहिये जो अपना राजनीतिक स्वार्थ सिद्ध करनेके लिये हबशियों का उपयोग करना चाहते हैं और उनमें वर्णद्वेष फैलाते हैं।" इस प्रकार मलान सरकार और गोरोंके हथकण्डेसे कोई भी अनभिज्ञ नहीं है—सभीको इस दंगेके असली कारणका पता लग गया है। यह बात प्रायः सभीने मान ली है कि डरबनका दंगा मलानकी नीतिकाही परिणाम है। दिन पर दिन यह बात और भी स्पष्ट होती जाती है कि गोराङ्गोंका इस दंगेमें छिपा हुआ हाथ था। दक्षिण अफ्रिकाकी पुलिस भारतीयोंकी हितैषी नहीं कही जा सकती है उसने कई श्वेताङ्गोंको गिरफ्तार किया है जो भारतीयों

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पर हमला करनेके लिये हबशियोंको उभार रहे थे। हाविक की फौजदारी कचहरीमें एक गोरा इसी अपराधमें हाजिर किया गया है।

डरबनके दंगेकी सारी जिम्मेदारी श्वेताङ्गों और उनकी सरकारपर है। भोलेभाले, अशिक्षित और अज्ञानी हबशियोंको उन्होंने अपने षड्यंत्रका साधन बनाया और उनके व्यवसे अपना स्वार्थ सिद्ध कर लिया। इसलिये न्यायका तकाजा है कि जिसकी असली जिम्मेदारी हो उसीपर थोपी जाय। गोरोंकी सौथ अफ्रिकन प्रोटेक्शन लीग नामकी एक सभा है। गत अक्टूबरमें उसके सदस्योंका जमावड़ा हुआ था, उसमें हरएक वक्ताने इस बातपर जोर दिया कि भारतीयोंके लिये ऐसी त्रासदायक परिस्थिति पैदा कर देना चाहिये ताकि वे स्वयं स्वदेश चले जानेके लिये राजी हो जावें। इस लीगकी तरफसे एक पुस्तिका गुप्त रूपसे बांटी गई है जिसमें भारतीयोंका बहिष्कार करके उनको वहांसे खदेड़ देनेके लिये जोरदार अपील की गई है। मलान, हेवङ्गा और डोङ्गस तो छप्पर पर चढ़कर चिल्ला रहे हैं कि भारतीयोंको वहाँसे निकाल बाहर करनाही उनकी सरकारका मुख्य ध्येय है। इन सब बातोंपर विचार करके कौन इस निश्चयपर न पहुँचेगा कि डरबनका भीषण दङ्गा वहाँके श्वेतांगों और उनकी सरकारकी शरारत और साजिशका ही नतीजा है ?

लाभ किसको हुआ ?

डरबनमें उपद्रव मचाकर हबशियोंने बदनामी कमाई और प्रवासी भारतीयोंने हानि उठाई। यदि किसीको लाभ हुआ तो वह गोरों और उनकी सरकारको—उनके दोनों हाथमें लड्डू रहे। वे बदनामी और हानिसे बचे रहे और साथही उनका मतलब भी पूरा हो गया। जबसे दक्षिण अफ्रिकामें अश्वेताङ्गोंके संयुक्त मोर्चाकी चर्चा चली तबसे गोरोंकी नींद हराम हो रही थी। नब्बे लाख अश्वेताङ्गोके संयुक्त मोर्चाके सामने तीस लाख श्वेताङ्ग कबतक ठहर सकते ? इसमें उन्होंने श्वेताङ्ग प्रभुताके विनाशकी झलक देखी और इस बलाको टालनेके लिये उनको यही उपाय सूझा कि किसी तरह हबशियों और हिंदुस्थानियोंको आपसमें लड़ा दिया जाय। भारतीयोंकी समृद्धि, राजनैतिक बुद्धि और नेतृत्व तथा हबशियोंकी संख्या और संघशक्तिका सम्मेलन गौरांग प्रभुताके विनाशके लिये अणुबम सिद्ध होगा। ज्यों ज्यों दोनों कौमें निकट आ रही थी त्यों त्यों गोरोंकी चिन्ता और आशंका बढ़ती जाती थी। वे इस प्रस्तावित संयुक्त मोर्चाको भङ्ग करनेके लिये नाना प्रकारके उपाय सोच रहे थे और आखिर डरबनके दंगेसे उनका मनोर्थ पूर्ण हो गया। आज हबशी और हिंदी एक दूसरेके दुश्मन बन गये है—एक दूसरेके खूनके प्यासे हो रहे हैं, इससे गोरोंकी एक भारी चिन्ता मिट गई—उनके सिरसे एक विकट बला टल गई है। अब चाहे दोनों कौमके नेता परस्पर स्नेह, सद्भाव और सहयोगके लिये कितनाही चिल्लावें और जोर लगावें, पर साधारण जनतामें जो एक दूसरेके प्रति द्वेष और दुश्मनीका भाव फैल गया है उसको दूर होनेमें वर्षों लग जायंगे। संयुक्त मोर्चाकी योजना अनिश्चित कालके लिये खटाईमें पड़ गई। विधिकी कैसी विडम्बना कि अश्वेत जातियोंके अधिकारोंके सबसे बड़े समर्थक और गोरोके जुल्मके खिलाफ सबसे ऊंची आवाज उठानेवाले प्रवासी भारतीयोंको यह सब सहना पड़ा ! यह अश्वेत वर्गोंका दुर्भाग्य नहीं तो और क्या है कि जब भारत और भारतीय हबशियोंपर होनेवाले अत्याचारोंके विरुद्ध विश्वका लोकमत तैयार कर रहे थे तो हबशियोंको जहाँ उनका कृतज्ञ होना चाहिये और उनको अपना सच्चा मित्र और उद्धारक मानना चाहिये वहां इसके विपरीत उन्होंने भारतीयोंपर ही घातक आक्रमण कर दिया ? किसीने सच कहा है कि जब बुरे दिन आते हैं तो बुद्धि भ्रष्ट हो जाती है।

सन १९४६ सेही भारत संयुक्त राष्ट्र संघमें दक्षिण अफ्रिकासे हबशियोंके सवालपर लोहा ले रहा है। राजा महाराजसिंह आदि भारतके प्रतिनिधियोंने दक्षिण अफ्रिका के अत्याचार पीड़ित हबशियोंका सच्चा चित्र खींचकर संसारके सामने रख दिया है। यह बात दक्षिण अफ्रिकाके श्वेताङ्गोंको अखर गई और उन्होंने डरबनमें दङ्गा कराके उसका बदला चुका लिया। यह कभी कल्पना भी नहीं की जा सकती थी कि हबशी गोरोंके हाथके कठपुतले बनकर उनके इशारेपर नाचेंगे और भारतीयोंपर हमला कर देंगे। प्रवासी भारतीय उनके साथ समानताका वर्त्ताव करते आये हैं, उन्होंने उनके हितों और स्वार्थोंपर कोई आघात नहीं किया। वे सदा उनका पक्ष लेते रहे और गोरी सरकारके रङ्ग भेदकी नीतिके विरुद्ध लड़ते रहे। हबशियोंकी दुःखभरी आवाज दक्षिण अफ्रिकाकी सीमामेंही टकराकर रह जाती

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

थी—दुनियाको अपनी दुर्गतिकी कहानी सुनानेके लिये कोई साधन न था, पर भारतने संयुक्त राष्ट्रसंघके सामने उनकी वकालत की, उसने गोरी सरकारके मुंहपरसे सभ्यताका आवरण हटा दिया जिससे उसका गर्हित रूप संसारके सामने आ गया। इसीसे चिढ़कर डरबनमें दंगा कराया गया है। अफसोस यही है कि हबशी गोरोंकी झांसापट्टीमें आ गये और उन्होंने अपने पैरोंपर आप कुल्हाड़ी मार ली है।

मलान हबशियोंके बचे-खुचे अधिकारोंको हड़प जानेका खुला ऐलान कर चुके हैं। यद्यपि यूनियनके संविधानके अनुसार इसके लिये पार्लामेंटमें दो-तिहाई बहुमतकी आवश्यकता है तथापि उनकी रायमें साधारण बहुमतसे यह काम हो सकता है। इस विषयपर हेवङ्गासे भी उनका मतभेद हो गया है; पर मलान अपने संकल्पपर दृढ़ हैं। इस लिये हबशियोंपर निकट-भविष्यमें भारी विपति आनेवाली है। डरबनका दंगा इस लिये भी कराया गया ताकि हबशी भारतीयोंकी सहानुभूति खो बैठें और मलान निश्चिन्त होकर उनके अधिकारोंकी हजामत बना सकें। पर बेचारे भोलेभाले हबशी यह सब चालबाजी क्या जानें!

खैर, गोरोंने इस एक तीरसे कई शिकार मार गिराये। हबशियों और हिंदुस्थानियोंमें दुश्मनी हो गई, संयुक्त मोर्चाका भय जाता रहा। भारतीयोंको वहांसे स्वयं भाग जाने का रास्ता खुल गया और हबशियोंके हकोंको हड़पते समय भारतीयोंकी तरफसे चिल्लपों मचाये जानेकी आशंका नहीं रही। इस प्रकार सभी दृष्टि से डरबनका दंगा गोरोंके लिये लाभदायक सिद्ध हुआ है।

प्रवासी भारतीयोंका भविष्य।

यह दुःख और दुर्भाग्यकी बात है कि दक्षिण अफ्रिका में भारतीयोंका दिन-दहाड़े संहार हुआ, उनकी बेटी बहनों की इज्जत उतारी गई, उनके दुकान-मकान लूटे और फूंके गये, उनके नन्हे-नन्हे बच्चे काटे गये। सभ्यताकी डींग हांकनेवाली श्वेताङ्ग सरकारकी आँखोंके सामने यह सब उपद्रव होता रहा। तीन दिनोंतक डरबनमें पाशविकता और बर्बरताका नग्न प्रदर्शन हुआ। जल-थल-नभ सेना बुलाई गई पर कब? जब भारतीयोंका सर्वनाश हो चुका तब! अब मलानने एक कमीशन बैठा दिया है जिसके सदस्य केवल गोरे होंगे। यह कमीशन दंगेके कारणोंका पता लगाकर अश्वेत जातियोंकी बेवकूफी और बदमाशीपर अफसोस जाहिर कर देगा और सरकारको सलाह दे देगा कि इन काले आदमियोंको काबूमें रखनेके लिये गोरोंकी शक्तिमें और भी वृद्धि होनी चाहिये। कमीशनका नाटक इसलिये रचा गया है कि वह सरकार और श्वेताङ्गोंको डरबनके दंगेकी जिम्मेदारीसे बरी कर दे। इस समय सारा संसार मलान पर इस दंगेका उत्तरदायित्व थोप रहा है उसीसे मुक्त होनेके लिये यह कमीशनका अभिनय रचा गया है। इससे अश्वेत वर्गको कोई लाभ न होगा।

स्वयं डाक्टर मलानने यूनियन पार्लीमेंटमें जाँच कमीशन बैठानेकी घोषणा करते हुए कहा है कि 'यहाँसे जो प्रेस सम्वाद बाहर भेजे गये हैं उनमें और बातोंके सिवा उनकी सरकार और श्वेताङ्गों पर उपद्रव करानेका अपराध मढ़ा गया है। यह भी कहा गया है कि भारतीयोंकी रक्षाके लिये अधिकारियोंने कुछ भी नहीं किया। यही नहीं, यहाँ तक कहा गया है कि प्रधान मंत्रीने पुलिसको समयपर दंगा दबानेके लिये मना कर दिया था। इस प्रकारके निराधार और भयंकर सम्वाद भेजनेकी प्रवृत्ति दक्षिण अफ्रिकामें इतनी बढ़ गई है कि सरकार उसका प्रतिवाद किये बिना नहीं रह सकती।" मलानके बैठाये हुए कमीशनके अध्यक्ष जस्टिस वान-डि-झिवर होंगे और उसके सदस्य होंगे—जोहांसबर्गके मजिस्टर मेसन और डरबनके मजिस्टर च्यूज। मलानने हताहतोंकी संख्या प्रकट करते हुए बतलाया कि इस दंगेमें कुल १३७ मनुष्य मारे गये है जिनमें ८३ हबशी, ५३ हिंदुस्थानी और १ युरोपियन है। कुल १८८३ आदमी घायल हुए हैं जिनमें १०८५ हबशी हैं, ७६८ भारतीय और ३० युरोपियन हैं।

हताहतोंकी इस संख्याकी सचाई और प्रमाणिकता पर हमें विश्वास नहीं होता है। भारतीयोंपर अचानक हमला हुआ और दो दिनोंतक उनका निर्बाध संहार होता रहा, तो भी उनके हताहतोंकी संख्या हबशियोंसे कम है, इसपर भला कौन विश्वास करेगा? वहांके भारतीयोंकी रिपोर्ट आनेपर हमें सच्ची बातें मालूम हो सकेंगी। फिलहाल हमारे देशवासियोंको यह तो संतोष हो जाना चाहिये कि उनके प्रवासी भाई कायर नहीं है। उन्होंने स्वप्नमें भी नहीं सोचा था कि हबशी उनपर कभी संगठित रूप से हमला कर देंगे। दक्षिण अफ्रिकाके इतिहासमें ऐसी घटना पहले कभी नहीं हुई थी। इसी गफलतमें उनके जान-माल की हानी हो गई। खैर, मलान और गौराङ्गोंने भारतीयोंके

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विनाशकी जो आशा की थी वह पूरी नहीं होने पाई, कहीं कोई त्रुटि रह गई जिससे उनकी योजना पूर्णतः सफल नहीं हो सकी। मलानको इस बातका गहरा दुःख है कि उनकी कलई खुल गई, सारी दुनिया यह जान गई कि उनका छिपा हुआ हाथ दंगेकी चक्की चला रहा था जिसमें सैकड़ों औरत, मर्द और बच्चे पीस डाले गये। उनके खूनसे नहाकर अब मलान अपनी निर्दोषिता सिद्ध करनेके लिये कमीशन बैठा रहे हैं।

इस दुर्घटनासे भारतीयोंका भविष्य संदिग्ध हो गया है। वे किसी भी सूरतमें दक्षिण अफ्रिकाको छोड़नेको तैयार न थे पर इस नई परिस्थितिमें उनकी मनोदशाकी थाह लगाना कठिन है। इस अरक्षित अवस्थामें वहां रहनेकी अपेक्षा कुछ लोग स्वदेश लौट आना श्रेयस्कार समझें तो आश्चर्यकी बात नहीं, पर हम तो अपने प्रवासी भाइयोंको यही सलाह देंगे कि किसी भी परिस्थितिमें उनको वहाँसे हटनेका नाम भी नहीं लेना चाहिये। ऐसा करना तो मलानकी योजनाको सफल बनाना होगा—उनकी इच्छाकी पूर्त्ति करना होगा। हबशियोंपर उनको क्रोध नहीं, दया करना चाहिये। उनका अपराध नहीं है, दूसरोंकी बहकावटमें आकर वे उसी वृक्षपर कुल्हाड़ा चला बैठे हैं जो उनको स्वादिष्ट फल चखा रहा था। भारतमें जबतक अंग्रेजों का राज्य रहा तबतक यहां भी क्या होता रहा? हमारे नेता मिलजुल कर रहनेके लिये सिर खपाते रहे और एकता के महत्वपर रात-दिन भाषण सुनाते रहे, पर भारतमें कौन ऐसा शहर, कस्बा या गांव बचा है जहाँ हिंदू-मुसलमानोंको लड़ा देनेमें अंग्रेजोंको सफलता न मिली हो? इस प्रकारके साम्प्रदायिक या जातीय झगड़ेको केवल आरंभ करा देनाही पर्याप्त है, फिर तो एक सम्प्रदायवाले दूसरे सम्प्रदायके और एक जातिवाले दूसरी जातिके सभी आदमियोंको दुश्मन मान बैठते हैं और पागलकी तरह आपसमें लड़-मर मिटते हैं।

प्रवासी भारतीयोंको चाहिये कि वे हबशियोंके इस अपराधको उदारतापूर्वक क्षमा कर दें और उनके साथ पहलेसे भी अधिक मेल-जोल बढ़ाने और स्नेह-सम्बन्ध स्थापित करनेका प्रयत्न करें। यह भी ध्यान रखें कि हबशियोंके जीवनमें भी राष्ट्रियताका संचार हो रहा है, उनमें एक नई जागृति पैदा हो रही है—आत्म-सम्मानका भाव उदय हो रहा है उनके साथ ऐसा कोई व्यवहार नहीं करना चाहिये जो उनकी दृष्टिमें अपमानजनक हो। उनको यह विश्वास दिला देना चाहिये कि हम उनके सच्चे मित्र और हितैषी है। जब जब अंग्रेजोंने दुनियाको चकमा देनेके लिये कहा कि दक्षिण अफ्रिकाके हबशी वहांके प्रवासी भारतीयोंको अपने हितमें बाधक समझते हैं तबतब हबशी नेताओंने मैदानमें आकर अंग्रेजोंकी इस कपोल-कल्पनाका खण्डन किया और भारतीयोंको अपना सच्चा शुभचिन्तक बतलाया।

हबशियोंसे बैर ठानकर दक्षिण अफ्रिकामें हम नहीं रह सकते। हमें इस दुर्घटनाको भूल जाना चाहिये, उनकी भूलोंको क्षमा कर देना चाहिये और उनके साथ अपने सम्बन्धको ऐसा मजबूत बना लेना चाहिये कि भविष्यमें श्वेताङ्गोंकी दाल न गलने वाले—वे हमें आपसमें लड़ा देनेमें कामयाब न होने पावें।

हबशियोंके सहयोगसेही हम श्वेतांगोंका मुकाबला कर सकते हैं—उनके अत्याचारोंका सफलतापूर्वक प्रतिकार कर सकते हैं। हमारा आपसका झगड़ा अश्वेत जातियोंके लिये बड़ा घातक होगा। हबशी नेता जूमाने गोलमेज परिषदका जो प्रस्ताव किया है उसका स्वागत होना चाहिये और दोनों वर्गके प्रतिनिधियोंको विचार-विमर्श द्वारा भारतीयों और हबशियोंके मध्यमें इस दंगेके कारण जो दुर्भाव उत्पन्न हो गया है उसको शीघ्र ही दूर कर देना चाहिये।

भारतमें प्रतिक्रिया।

डरबनके दंगेसे देशभरमें शोक और क्रोधकी लहर दौड़ गई है। यह समाचार इतना भयानक और गर्हित है जिसे किसी भी स्वतंत्र देशके नागरिक सहन नहीं कर सकते। भारतको यह बात बहुत अखर रही है कि जिस ब्रिटिश राष्ट्र मंडलका वह एक सदस्य है उसी राष्ट्र मंडलका दक्षिण अफ्रिका भी सदस्य है। भारतको राष्ट्र मंडलमें रखनेके लिये लंडनमें जो जो प्रयत्न किये गये उनसे अब कोई अनभिज्ञ नहीं है। राष्ट्र मंडलका ढाँचा बदलने, उसे ब्रिटिश राष्ट्र मंडलकी जगह स्वतंत्र देशोंका राष्ट्र मंडल बनाने और उसके भिन्न-भिन्न अंगको एक सूत्रमें पिरोने तथा उनको स्नेह और सदभावकी कड़ीमें बाँधनेके मंनसूबे बाँधे गये। भारतमें सार्वभौम प्रजातंत्रकी स्थापनाके प्रबल समर्थक पं. जवाहरलाल नेहरु भी अंग्रेजोंकी चकमेमें आ

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

गये और अब वे यही चेष्टा कर रहे हैं कि भारत ब्रिटिश राष्ट्र मंडलका पुछल्ला बना रहे। पर डरबनकी दुर्घटनासे भारतीयोंमें राष्ट्रमंडलसे बड़ी निराशा फैली है। सरदार पटेलने भी बारदोलीमें भाषण देते हुए कहा कि "वहांकी स्थितिकी गंभीरता इस बात से और भी बढ जाती है कि भारत ब्रिटिश राष्ट्र मंडलका एक सदस्य है और उसका पद भी दक्षिण अफ्रिकाके ही समान है।" यदि इस दुर्घटनाके बाद भी भारत ब्रिटिश राष्ट्रमंडलमें बना रहना पसंद करता है तो समझ लेना चाहिये कि वह मानसिक गुलामीसे मुक्त नहीं होने पाया है।

सरदार पटेलको इस बातसे दुःख हुआ है कि भारतीयोंको उस देशमें अपमानित होना पड़ा जहां राष्ट्रपिता महात्मा गांधीने सत्याग्रहकी लड़ाई लड़कर ख्याति पाई थी और उसी अस्त्रसे अपने देशको भी आजाद किया। सरदारके ख्यालमें प्रवासी भारतीयोंने गांधीजीकी शिक्षाको अपनाया नहीं। बापूने उनको बतलाया था कि यदि तुम आत्मबलका प्रयोग नहीं कर सकते तो शारीरिक बलसे अपनी मान-मर्यादाकी रक्षा करो। अपमान सह लेना कायरता है और कायर बनना सबसे बड़ा पाप है।

पर हम सरदारको विश्वास दिलाना चाहते है कि दक्षिण अफ्रिकाके प्रवासी भारतीय कायर नहीं है। डरबनमें उनके जान मालकी जो हानि हुई है वह उनकी कायरताका नहीं, गफलतका ही परिणाम है। डाक्टर मलानने यूनियन पार्लामेंटमें हताहतोंकी जो सख्या बतलाई है उससे तो सरदारको संतोष हो जाना चाहिये कि प्रवासी भाई मरना-मारना जानते हैं—वे बुजदिल नहीं है। पर इस विपदकी बेलामें वे सरदारकी सहानुभूतिके पात्र हैं, फटकार के नहीं। सरदारके लिये भी क्या यह कुछ कम शर्मकी बात है कि यद्यपि उनका देश स्वतंत्र है तथापि वह विदेशोंमें बसनेवाले अपने देशवासियोंकी रक्षा करनेमें असमर्थ है। इतनी दूर नई दिल्लीके राजमहलमें बैठ कर भी कुछ कर सकनेमें असमर्थ डरबनके प्रवासी भारतीयोंको कायरताके लिये उपालंभ और वीरताका उपदेश देना क्या अपनी सरकारकी निर्बलताको छिपानेका प्रयत्न नहीं है?

इंडोनेशियामें डचोंको अत्याचार करते हुए देखकर हमारे प्रधान मंत्री पं० जवाहरलाल नेहरु क्रोधसे लाल हो उठे। उन्होंने जोशमें आकर जमीन-आस्मानके कुलाबे मिला दिये, लाखों रुपये भारतके खजानेसे खर्च करके दिल्ली में एशियावालोंकी परिषद बुलाई जिसमें अत्याचारी डचोंको खूब लानत-मलामल दी गई। यह काम अच्छाही हुआ, इसमें किसीको कुछ भी आपत्ति नहीं हो सकती। पर डरबनकी दुर्घटनापर उनको खामोश देखकर आश्चर्य ही नहीं, अफसोस भी होता है। नेहरुजी भारतके प्रधान-मंत्रीके सिवा विदेश और कॉमनवेल्थ रिलेशन्स विभागके भी मंत्री है अतएव प्रवासी भारतीयोंके हिताहितके लिये जिम्मेदार भी है, पर डरबनकी दुर्घटनापर वे ऐसा मौन साधे बैठे हैं कि मानो कुछ हुआही नहीं है और यदि कुछ हो भी गया है तो वह इतना तुच्छ है कि नेहरुजीके ध्यान देने और जुबान हिलाने योग्य नहीं है। डरबनमें सैकड़ों मरे, हजारों घायल हुए और लाखोंकी सम्पति नष्ट हुई, पर हमारे प्रधान मंत्रीके पास अपने उन विपदग्रस्त देशवासियोंके लिये सहानुभूतिके दो शब्द भी नहीं हैं। नई दिल्लीकी एशियन परिषदमें इस दुर्घटनाकी चर्चा तक करना उचित नहीं समझा गया, फिर वह परिषद थी किस मर्ज की दवा? दक्षिण अफ्रिकाकी सरकार केवल भारतीयोंके ही नहीं, सारे एशियावासियोंके विरुद्ध कार्रवाई कर रही है। उसने जो 'घेटो कानून' बनाया है वह "एशियाटिक लेण्ड टेनूर एक्ट" है और सारे एशियावासियोंपर समान रूपसे लागू होता है। नेटाल इंडियन कांग्रेसके मंत्री श्री अहमद इस्माइल मीरने अपील भी की थी कि नई दिल्लीमें जो एशियन परिषद हो रही है और उसमें शरीक होनेके लिये वहां जो एशियाई नेता एकत्र हो रहे हैं उनको दक्षिण अफ्रिकाके रङ्ग भेदके विरुद्ध आवाज उठानी चाहिये जिस तरह इंडोनेशियामें डचोके अत्याचार पर वे विचार कर रहे हैं उसी प्रकार दक्षिण अफ्रिकामें एशियावासियोंके तिरस्कार पर भी विचार होना चाहिये। पर मीरकी अपील नक्कारखानेमें तूतीकी आवाजही सिद्ध हुई। जब भारतकोही अपने देशवासियोंकी पर्वाह नहीं है तो एशियाके अन्य देशवालोंको क्यों फिक्र होने लगी?

भारत सरकारने दक्षिण अफ्रिकाके अपने हाई-कमिश्नर के सेक्रेटरी श्री चारीको जांच करके रिपोर्ट देनेकी हिदायत की थी। वास्तवमें चारी महाशय उन दिनों डरबनमेंही थे और उन्होंने अपनी आंखों भारतीयोंके सर्वनाशका नजारा देखा था। नेटालके समुद्रवर्ती दक्षिणीय तटका दौरा करते हुए गुरुवारको ही वे डरबन लौटे जिस दिन दंगेका श्रीगणेश हुआ। डरबनके बाह्य अंचलमें उनकी मोटर

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हबशी दंगाईयोंने रोक लिया था जिससे विवश होकर उनको मार्ग बदलना पड़ा था। उन्होंने केटोमेनर आदि भीषण दंगाग्रस्त स्थानोंका निरीक्षण किया था और लूट, आग और हत्याका दृश्य स्वयं देखा था। शरणार्थियोंके शिविरमें जाकर उन्होंने उनकी दुर्दशा देखी और उनसे बातचीत की थी। इसलिये उनको रिपोर्ट तैयार करनेमें देर नहीं हुई।

भारत सरकारने उनकी रिपोर्टपर क्या कार्रवाई की या करना चाहती है, इसकी तो हमें कोई खबर नहीं। सरकारी कम्युनिकसे इतनाही मालूम हो सका है कि भारत सरकारने विपदग्रस्त प्रवासी भारतीयोंको सहायता पहुँचाने के लिये पचास हजार रुपया अपने हाई कमिश्नरके सेक्रटरीके पास भेजा है और यह भी आश्वासन दिया है कि आवश्यकता होनेपर और रुपये दिये जाँयगे। मलानने जो कमीशन चुना है, भारत सरकार उसकी जाँच रिपोर्टकी प्रतीक्षा करेगी। इससे अधिक भारत सरकार और करही क्या सकती है? कुछ करने धरनेके लिये उसके पास अवकाश भी कहां है? हमारे प्रधान मंत्रीको एशियाके नेतृत्वसे ही छुट्टी कहां?

हम बड़ी नम्रतासे पूछते हैं कि क्या यह आत्म प्रवंचना नहीं है? कहावत है कि पहले अपनीही दाढ़ीकी आग बुझाई जाती है, पर यहां घरमें चिराग नहीं, बाहरमें मशाल जलाया जाता है: दक्षिण अफ्रिकामें प्रवासी भारतीयोंकी रक्षा करनेमें नेहरुजी और उनकी सरकार असमर्थ सिद्ध हो रही है पर एशियाका नेतृत्व करनेकी सनक बढ़तीही जाती है। जो अपने घर और परिवारकी रक्षा नहीं कर सकता वह भला दूसरोंकी रक्षा क्या कर सकेगा? अभी कल हम आजाद हुए हैं, आज एशियाका नेता बन गये?

डरबनके भारतीयोंको गहरी चोट लगी है, हमारी सूखी सहानुभूति उनके घावोंको भर नहीं सकती है। यदि संसारके किसी भी कोनेमें किसी श्वेताङ्ग जातिके व्यक्तियों पर डरबनके भारतीयोंकी भांति हमला हुआ होता तो आज धरती डोल गई होती, आकाश कांप उठा होता। हमारी आजादी किस कामकी जबकि हमारे देशवासी विदेशोंमें बकरी और मुर्गियोंकी तरह हलाल किये जा रहे हैं। भारतके दो-चार सभा समितियोंके सिवा और किसीने इस दुर्घटनाके खिलाफ आवाजतक नहीं उठाई। याद रहे कि डरबन काण्ड केवल दक्षिण अफ्रिका सरकारके लिये ही कलंक नहीं है, भारतके लिये भी घोर कलंक है।

धन्यवाद।

डरबरनके दंगेकी खबर अखबारोंमें पढ़कर पं० बनारसीदास चतुर्वेदी आदि जिन मित्रोंने तार देकर मुझसे बच्चोंका समाचार पूछा था उनका मैं चिरकृतज्ञ रहूँगा। मेरे सभी बच्चे रामदत्त, कृष्णदत्त, मगनलाल, प्रकाशवती, पदमावती और गायत्री अपने आठ छोटे छोटे बच्चोंके साथ डरबनमें, खास कर जेकब्समें, रहते हैं जहां दंगेने बड़ा भीषण रूप धारण कर लिया था। इस लिये मेरी चिन्ताकी सीमा न थी। यहांसे मैंने चार तार दिये थे, पर वे उसको मिले भी या नहीं, यह कहना कठिन ही है। एक सप्ताहके बाद गुरुवार २० जनवरीको मुझे डरबनसे एक तार मिला कि "परिवारके सब प्राणी सुरक्षित हैं" और शुक्रवारको दूसरा तार मिला कि "हमारा परिवार सुरक्षित है पर हजारों भारतीय गृहबिहीन हो गये हैं। सैकड़ों औरत, मर्द और बच्चे बड़ी निर्दयतासे मारे गये हैं। अबलाओंपर घृणित बलत्कार हुए हैं। आर्थिक दृष्टिसे जीवन अरक्षित है। आतङ्क फैला हुआ है इत्यादि।"

अब तो स्थिति सम्हल गई है, डरबन तथा नेटालके अन्य स्थानोंमें शांति कायम हो गई है। तीस-चालीस हजार भारतीय जो डरबनके भिन्न भिन्न केम्पोंमें शरणार्थी थे, वे अपने घरोंको लौट गये हैं और अपने कामधन्धामें लग गये हैं। जिनके घर जला डाले गये हैं—जो गृहबिहीन बन गये है उनको फिलहाल भारतीय स्कूलोंमें ठहरानेकी व्यवस्था की गई है। जिनका सर्वस्व लुट गया है उनको गृहस्थीके आवश्यक सामान दिये जा रहे हैं। चंदा इकट्ठा हो रहा है, रसद, कपड़े, कम्बल, बर्तन आदि वस्तुएं बाँटी जा रही हैं। आशा है कि शीघ्रही पहलेकी स्थिति लौट आवेगी और दोनों दलित जातियोंमें सद्भावका संचार हो जावेगा।

नेहरुजीका वक्तव्य।

ऊपरकी पंक्तियाँ लिख चुकनेके बाद पं० जवाहरलाल नेहरुका वक्तव्य, जो उन्होंने २ फरवरीको भारतीय पार्लामेंटके समक्ष दिया, दृष्टिगोचर हुआ। इस वक्तव्यमें हताहतोंकी जो संख्या दी गई है वह मलानके वक्तव्यकीही पुनरावृत्ति है। मलानके कथनानुसार ५३ भारतीय, ८३ हबशी और १ गोरा कुल १३७ आदमी मारे गये और ७६८ भारतीय, १०८५ हबशी तथा ३० गोरे कुल १८८३ घायल हुए हैं। नई बात यह मालूम हुई कि भारतीयोंके

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

लगभग २५० मकान और ५३ दूकान विनष्ट कर डाले गये है जिससे कमसे कम ३ लाख पौंड अर्थात ४० लाख रुपयेकी हानि हुई है। यद्यपि दक्षिण अफ्रिकामें भारतीय हाई कमिश्नरके सेक्रटरी श्रीचारीसे डरबनकी दुर्घटना की जाँच कराई गई थी तो भी इस वक्तव्यमें कोई ऐसी बात नहीं है जो अखबारोंमें न छाप चुकी हों। नेहरु-सरकार इस मामलेमें मौन साधे रहेगी और मलानके कमिशन की रिपोर्टकी प्रतीक्षा करेगी। पंडित नेहरुने प्रवासी भारतीयोंपर इतनी दया तो अवश्य की है कि मलानसे इस दुर्घटनाकी पुनरावृत्ति न होने देनेके लिये अनुरोध कर दिया है। हमारे प्रधान मंत्रीको जरूरतसे ज्यादा बोलनेकी आदत पड़ गई है और इस अवसरपर भी वे अपनी आदत से लाचार होकर अपने पुराने नारेको दोहरा गये कि उनकी सरकारकी नीति यह है कि प्रवासी भाई अफ्रिकामें कहीं भी ऐसे स्थायी स्वार्थों (Vested interests) या स्वत्वों की स्थापना न करें जो अफ्रिकनोंकी प्रगतिमें बाधक हो। सारी दुनिया जानती है कि अफ्रिकामें वहांके मूलनिवासियोंसे भारतीयोंकी कोई प्रतिस्पर्धा नहीं है, प्रवासी भारतीयोंने चाहे और जो कुछ किया हो, पर ऐसा कोई काम नहीं किया जो अफ्रिकनोंकी प्रगतिमें रूकावट डाले। भारतीयोंका यदि किसीसे प्रतिस्पर्धा है तो वह श्वेताङ्गोंसे है। अफ्रिकापर श्वेताङ्गोंका शासन है, और दक्षिण अफ्रिकाके शासनमें अफ्रिकनोंकी प्रगतिकी कोई संभावनाही नहीं है। इस स्थितिमें इस बातकी चर्चाकी आवश्यकता ही क्या थी। नेहरुजीके कथनका उल्टा अर्थ अवश्य लगाया जायगा। यह दोष लगाकर कि भारतयोंकी हस्ती और उनकी समृद्धि हबशियोंकी प्रगतिमें बाधक है, उनको वहांसे मार भगानेके लिये नेहरुजीका कथन श्वेतांगोंके हाथमें हण्टरका काम देगा। प्रवासी भाइयोंका तो अब भगवानही रक्षक है। सरदार पटेलने डरबनकी दुर्घटनापर दुःख प्रकट करते हुए ठीकही कहा था कि "यद्यपि भारत आज स्वतंत्र है तो भी एक दूर देशमें प्रवासी भारतीयोंको कष्ट और अपमान सहने पड़ रहे हैं। स्थितिकी गंभीरता इस बातसे और भी बढ़ जाती है कि भारत ब्रिटिश राष्ट्र मंडलका एक सदस्य है और उसका पद भी दक्षिण अफ्रिकाकेही समान है।" यही तो दारुण दुःखकी बात है कि स्वतंत्र भारतकी संतान विदेशोंमें अपमानकी ठोकरें खा रही है और उनके संकट मोचनके लिये भारतकी विदेशी सरकार जो कुछ कर सकती थी स्वतंत्र भारतकी सरकार उतना भी करनेमें असमर्थ है। प्रवासियोंका दुर्भाग्य ?

श्रीकेशवभाई स्वदेशमें।

लोरेन्सो मार्क्विस (पोर्तुगीज पूर्व अफ्रिका) के भारत समाज और वेद-मंदिरके मंत्री श्रीकेशवभाई मोरारजी हालहीमें स्वदेश लौटे हैं। उनके पेटमें कोई रोग है—

श्रीकेशवलाल मुरारजी
Shri Keshavlal Morarjee

उसीका उपचार करानेके लिये। केशव भाई मालदार व्यक्ति नहीं है, पर दिलदार अवश्य हैं। उन्होंने भारत समाजकी जिस निष्टासे सेवा की है वह वहांके भारतीय इतिहासका एक अङ्ग बन गया है। आपने "प्रवासी" की जो सेवा और सहायता की है उनको हम कभी भूल नहीं सकते। "प्रवासी" के आप एक स्तंभ है। ईश्वरसे हमारी यही प्रार्थना हैं कि आप रोग मुक्त होकर लोरेन्सो मार्क्विस वापस जायं और वहां नई लगन और उमङ्गसे प्रवासी भारतीयोंकी सेवामें अपनी शक्ति और अपना समय लगावें।

ट्रिनीडाडमें भारतीय कमिश्नर

जबसे पं० सत्याचरणजी शास्त्री ट्रिनीडाड पहुँचे हैं वहांकी भारतीय जनतामें एक नई जागृति दिखाई पड़ने लगी है। इस अंकके अंग्रेजी-भागमें हम प्रोफेसर रामस-

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हायजीका एक लेख प्रकाशित कर रहे हैं जिसमें वहांकी आर्य प्रतिनिधि सभा द्वारा कमिश्नरके आगत-स्वागतका विवरण और सभाकी प्रवृत्तियोंका दिग्दर्शन है। हमें एक बात बहुत खटक रही है और वह यह कि ब्रिटिश गायना और ट्रिनीडाडमें कोई मुर्दे को जला नहीं सकता। वहाँ मृतक-दाह कानूनसे वर्जित है। सभीको कब्रमें मुर्दे दफनाने पड़ते हैं। प्रवासी भारतीय वर्षोंसे वहांकी सरकारसे प्रार्थना करते आ रहे हैं कि उनको मुर्दे जलानेकी छूट मिलनी चाहिये क्योंकि मुर्दे गाड़ना उनके धर्ममें वर्जित है पर उनकी उचित माँगपर आजतक ध्यान नहीं दिया गया। संसारमें सभी जगह मृतक दाहकी छूट है। यहांतक कि दक्षिण अफ्रिका जैसे देशमें भी, जहां भारतीयोंको सभी प्रकारके राजनैतिक अधिकारोंसे वंचित रखा गया है, उनको मुर्दे जलानेका पूरा अधिकार है। जोहान्सवर्गमें तो शहरके बीचमें हिंदू श्मशान हैं और धुएंसे किसीको हानि न होने पावे, इसलिये ७५ फीटकी चिमनी बना दी गई है। डरबनमें अनेक श्मशान है और स्टेलाउडमें बिजलीसे मुर्देको भस्म करनेकी व्यवस्था है। हरसाल अनेक श्वेताङ्ग भी फूँके जाते हैं। यूरोपमें शायदही कोई ऐसा देश हो जहां मृतक दाहके लिये गुंजाइश न हो। विज्ञानने भी मृतक दाहकी उपयोगिताको स्वीकार कर लिया है पर ट्रिनीडाड और डमरारा "तीन लोकमें मथुरा न्यारी" की कहावत चरितार्थ कर रहे हैं। हम अपने कमिश्नर शास्त्रीजीसे बलपूर्वक अनुरोध करते हैं कि वे इस कामको सबसे पहले अपने हाथमें लेवें और मृतक दाहमें जो कानूनी वाधाएँ है उनको दूर करावें। यह धर्मकाही नहीं, विज्ञानका भी अपमान है कि इस बीसवीं सदीमें कोई देश मृतकदाह को अवांछनीय समझकर उसमें कानूनी वाधा डाले। यदि शास्त्रीके प्रयत्न से यह प्रतिबंध दूर हो गया और प्रवासी भारतीयोंको अपना नैसर्गिक अधिकार मिल गया तो उनका वहां कमिश्नरके रुपमें जाना सार्थक हो जायगा और प्रवासी भारतीय युगयुगांतरोंतक उनको आदरसे याद किया करेंगे।

फिजीमें भारतीय कमिश्नर।

फिजीसे जो समाचार हमारे पास आ रहे हैं उनसे यही ज्ञात होता है कि भारतीय कमिश्नर श्री एस. ए. वाइज फिजीमें अत्यन्त लोकप्रिय हो गये हैं। उन्होंने फिजी के लगभग सभी स्थानोंका दौरा करके प्रवासी भारतीयोंकी स्थिति अपनी आँखों देख ली है और उनकी यथाशक्ति सहायता कर रहे हैं। दुःखकी बात यह है कि फिजीमें दो राजनैतिक दल है और दोनोंकी अलग-अलग सभाएँ हैं। यदि यह दोनों दल एक हो जाता, द्वीप भरके प्रवासी भारतीयोंका एक सुदृढ राजनैतिक संघ बन जाता तो प्रवासी भाइयोंके उज्वल भविष्यमें कोई संदेहकी गुंजाइश न रहती। पर उनकी शक्ति दलबंदीमें बंट गई है और दलबंदीका अनिवार्य परिणाम होता है परस्पर दुर्भाव और द्वेष। हमें तो केवल एकही ऐसा व्यक्ति दिखाई पड़ता है जो इस दलबंदीका अंत लाकर प्रवासी भारतीयोंका नेतृत्व कर सकता है और वह है माननीय पं० विष्णुदेवजी। यदि हमारे कमिश्नर महोदय वहाँके भाइयोंको दलबंदीके दल दलसे निकालकर एकताके मार्गपर चलानेमें समर्थ हो सके तो फिजीकी जनताको वे अपना चिरऋणी बना लेंगे।

श्री मणीलाल गांधी।

नेटालके "इंडियन ओपिनियन" के संपादक भाई मणीलालजी गांधी दिल्लीसे प्रस्थान कर गये। आप नागपुर और अकोला होते हुए बम्बई पहुँचेगे और वहांसे स्टीमर पर सवार होकर मार्चके आरंभमें नेटाल पहुँच जाना चाहते हैं। डरबनके दंगेके कारण उनका शीघ्र लौट जाना आवश्यक हो गया है।

QUALITY TRADING Co
Proprietor: K. D. Dayal,
General Merchants
147 Brook Street, Durban,
Natal, Union of South Africa

Dayal Brothers
Proprietor: R. B. Dayal
High Class Tailors & General Dealers
61 Victoria Street, Durban,
Natal, Union of South Africa

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

THE SWADESHI COTTON MILLS CO. LTD., KANPUR U. P.

जियें तो बदनपर, स्वदेशी बसन हो।



मरें भी अगर तो, स्वदेशी कफन हो।

Managing Agents:

Jaipuria Brothers Limited.

दी स्वदेशी काटन मिल्स कम्पनी लिमिटेड, कानपुर।

मनैजिंग एजन्टस्

जयपुरिया ब्रादर्स लिमिटेड।

Tel Address: SUDHA, Mathura. तारका पता: सुधा, मथुरा।

अर्द्ध शताब्दिसे भी अधिक समय से प्रचलित और सर्व श्रेष्ट आयुर्वेद तथा पेटेन्ट औषधें बनाने वाली एक मात्र रसायन शालाकी एक अनुभूत स्वादिष्ट औषधि—

कफ, खांसी, दमा, शूल, संग्रहणी, कै, दस्त, हैजा तथा अन्य पेट विकारोंके लिए अमृत तुल्य अनमोल दवा—

सुधासिंधु

सुख संचारक कम्पनी लिमिटेड, मथुरा।

Sukhsancharak Company, Ltd., Mathura, U. P.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सात्विक जीवन ।

हिंदीका सर्वोपयोगी मासिक पत्र । उद्देश्य—शुद्ध एवं सात्विक जीवनका निर्माण । गंभीर गवेषणापूर्ण लेख एवं मर्मभेदिनी कविताओंसे अलंकृत । समाजमें चरित्र-गठनका संदेशवाहक । ईश्वरभक्ति, कर्तव्य-बोध, धर्माभिमान, देशसेवा, समाज संस्कार एवं आत्मोन्नतिका पथ-प्रदर्शक । वार्षिक मूल्य देशके लिये ३) रुपया और विदेशों के लिये केवल ६ शिलिंग ।

सात्विक-जीवन ग्रंथ माला ।

ओम् प्रणव रहस्य ।

श्रीस्वामी शिवानंदजी महाराजकी लिखी हुई यह पुस्तक अपने ढंगकी अद्वितीय है । ओम्‌की व्यापकता, श्रेष्टता और महत्तापर उत्कृष्ट रचना । थोड़ीसी प्रतियाँ शेष हैं । इन अनमोल ग्रंथके कागज और मुद्रणका मूल्य केवल दस आना, सजिल्द बारह आना ।

सचित्र हठ योग ।

संसारके सुखोंमें स्वस्थ शरीरही सर्वोपरि सुख है। स्वस्थ शरीरमेंही सबल मन बसता है । यदि आप अपनी खोई हुई शारीरिक शक्तिको पुनः प्राप्त करना चाहते हैं और वह भी पैसे खर्च किये बिना तो योगके अनुभूत उपायोंका आश्रय लें । इस पुस्तकमें प्रतिपादित योगके नियमों और आसन व्यायामोंका अभ्यास करनेसे आपका मन तेज और तन तारुण्यसे चमक उठेगा । सुंदर, सचित्र, सजिल्द पुस्तक का दाम केवल दो रुपया ।

वैराग्यके पथपर ।

मानवी जीवनका उद्देश्य बहुत ऊँचा है । जिसको भूलकर और विषय-वासनाओंमें फँस कर लोग पतित हो जाते हैं । इस ग्रंथमें जीवनको उन्नतिके शिखरपर ले जानेके अनुभूत उपाय बताये गये हैं । विश्वके अशांत एवं दुखद वातावरणमें विचरते हुए भी मनुष्य शांति और सुखका अनुभव कैसे कर सकता है, यह जाननेके लिये इस पुस्तकको पढ़ना चाहिये । सुंदर सजिल्द ग्रंथका मूल्य केवल एक रुपया ।

मन और उसका निग्रह (दो भाग) ।

मनकी चंचलता किसीसे छिपी नही है । अतएव उसको अनियंत्रित रूपमे छोड़ देनेसे जहाँ वह मनुष्यको पतनके गहरे गर्त्तमें गिरा देता है, वहाँ उसको वश में लाकर सुपथ पर चलानेसे वह मनुष्यको उत्कर्षके सर्वोच्च सोपानपर पहुँचा देता है । मनके वशीकरण बिना अभीष्टकी सिद्धि असंभव है । यदि आप मनको वशमें रखना चाहते हैं तो इस ग्रंथके दोनों भाग को एकवार अवश्य पढ़े । सुंदर सजिल्द दोनों भागका मूल्य क्रमशः एक और तीन रूपया है अर्थात कुल चार रुपया ।

हमारा ज्ञानवर्धक प्रकाशन :—

(१) ब्रह्मचर्य नाटक..... ॥)
(२) आध्यात्मिक शिक्षावली (प्रथम खण्ड)..... ।॥)
(३) " " (द्वितीय ") ..... ॥।)
(४) सचित्र हठयोग (सजिल्द) ..... २)
(५) स्वामी शिवानंदकी जीवनी व उनके उपदेश (अंग्रेजी)..... १॥)
(६) मन और उसका निग्रह (प्रथम खण्ड)..... १)
(७) " " (द्वितीय ")..... ३)
(८) ओ३म (प्रणव रहस्य)..... ॥=)
(९) वैराग्यके पथपर .. .. १)
(१०) जीवन सौरभ..... ।=)
(११) मानव जीवनका रहस्य..... ।=)
(१२) राष्ट्रीय जागरणका इतिहास..... ।)
(१३) देशके नौनिहालोंसे..... =)
(१४) सदाचारका महत्व..... =)
(१५) काँग्रेसके सभापति..... ।)
(१६) काँग्रेस चार्ट..... ।)
(१७) स्वास्थ्य पत्र..... ।)

हमारी लोकप्रिय डायरियाँ तथा कैलेंडर जो प्रति वर्ष बड़े सज-धजके साथ निकलते हैं :—

(१) राष्ट्रिय डायरी । १।)
(२) जनरल डायरी । १।)
(३) सदाचार डायरी । १=)

मिलनेका पता :—

जनरल प्रिन्टिङ्ग वर्क्स लिमिटेड ।

८३ पुराना चीना बाजार स्ट्रीट,
कलकत्ता ।

फोन न० २१०९ बड़ाबाजार । तारका पता: भाईकाशी ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जोधपुर कमर्शियल बैंक लिमिटेड

(जोधपुर स्टेटमें स्थापित: सभ्यों की जिम्मेदारी सीमित है।)

चैयरमैन—श्री नारायणलाल बंसीलाल

चुक्ता मूलधन ..... रु० ५०,००,०००.

रिज़र्व फंड रु० ५,००,०००.

बैंककी शाखाएँ—

मारवाड़ : जालोरी गेट, जोधपुर, स्टॉक एक्सचेंज, श्री रघुनाथजीका मंदिर, घासमंडी; जोधपुर; खेजर्ला हाउस, जोधपुर सिटी; कुचामन सिटी, नागोर, मेरता सिटी, पाली, रानी, बारमर (मारवाड़)

बंबई : ५३ टेमरिण्ड लेन, फोर्ट; २०७ कालबा देवी रोड, गांधी चोक, कल्याण; ११८–१२२ काजी सैयद स्ट्रीट, माण्डवी, म्युनिसिपल बिल्डिंग, भिवण्डी (जी० थाना) थाना-जामली नाका, ६६०९ किंग्सवे, सिकन्द्राबाद।

अहमदाबाद : मस्कती मार्केट। कलकत्ता: १-१ मिशन रो और ५७ नेताजी सुभाष रोड।

मद्रास: २६, गोविन्दप्पा नायिक स्ट्रीट, जी. टी. मद्रास।

चालू डिपाजिट खाता : चालू डिपाजिट खाते में रु० १,००,००० तक के दैनिक बाकी रकम पर १।४ सैकड़ा वार्षिक ब्याज मिलेगा। बड़ी रकमों पर खास निश्चित ब्याज दिया जायेगा।

निश्चित अवधि के डिपाजिट : एक वर्ष अथवा उससे कम समय के लिये लिया जाता है। दर आवेदन करने पर प्राप्त हो सकता है।

सेविंग बैंक खाता : दैनिक बाकी रकम पर १ प्रति सैकड़ा के हिसाब से अथवा मासिक बाकी पर डिपाजिटरोंके साथ तय शर्तों के अनुसार वार्षिक १॥ प्रतिशत के हिसाब से ब्याज दिया जायगा। रु० २०, ००० तक पर ५ से भाग दी जा सके इतनी रकम पर ब्याज दिया जायगा। खाता खोलने वाले सप्ताह में दो बार अधिक से अधिक रु. १०००)तक निकाल सकेंगे।

लोन, ओवर ड्राफ्ट और कैश क्रेडिट : मान्य जामिनों पर उधार दिया जाता है।

सेफ कस्टडी के लिये रखी गयी तमाम जामिनगीरियोंपर डिविडेण्ड एवं ब्याज बैंक वसूल करता है।

बैंक सरकारी जामिनगीरियों तथा पब्लिक कम्पनियों के शेयरों की खरीद बिक्री का काम भी लेता है।

बैंक सम्बन्धी सब प्रकार का कारोबार किया जाता है।

सी. एच. दीवानजी,—मैनेजर.

मनोरंजनप्रद सामयिक पुस्तकें:—

राष्ट्र-निर्माणके युगमें क्रान्तिकारी विचारधाराओंसे ओत-प्रोत राष्ट्रीयताका प्रतिनिधित्व करनेवाली अपने ढंगकी तीन अनुपम पुस्तकें—

अन्तिम इच्छा १५ कहानियोंका संग्रह, सजिल्द मू० १॥)

आवर्त्तन १७ कहानियोंका संग्रह सजिल्द मू० २)

अनुष्ठान मौलिक क्रांतिकारी सामाजिक उपन्यास सजिल्द मू० ३॥)

एक साथ तीनों पुस्तकें ५।) रु० में डाक व्यय सहित।

शीघ्र प्रकाशित होनेवाली **प्रवासिनी** (उपन्यास)

प्रवासी भारतीयोंकी दुःख भरी कहानी।

हिंदीकी उच्च कोटिकी पत्र-पत्रिकाओं द्वारा प्रशंसित।

प्रकाशित हो गई, शीघ्र ऑर्डर भेजें, बिलम्ब न करें।

भव्य कलापूर्ण अनुपम डायरियां (१९४९)

(१) हिन्दुस्थान डायरी (सजिल्द)		मूल्य १=)
(२) कांग्रेस डायरी	,,	,, ,,
(३) गांधी डायरी	,,	,, ,,
(४) नवजीवन डायरी	,,	,, ,,
(५) LOTUS DIARY.		मूल्य साधारण १) सुनहरी जिल्दवाली १॥)

थोक खरीदारोंको विज्ञापनकी विशेष सुविधाएं, दुकानदारोंको कमीशन २५) रु० प्रतिशत।

दि बंगाल प्रिंटिंग वर्क्स

२१, सिनागॉग स्ट्रीट, कलकत्ता।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Travel by Sea or Air

Tel. Add. "Colonial". Phone: 23313

ISMAILBHAI VAHED & SON.

Passenger & Commission Agents

Behram Mahal, Dhobi Talao, Kalbadevi Road,

P. O. Box 2022. BOMBAY, 2.

BRANCH: Station Road, SURAT.

Station Road, NAVSARI.

POPATLAL & CO.

General Merchants & Commission Agents

Exporters and Importers

P. O. Box 1122, Lourenco Marques,

Portuguese East Africa.

Morarjee Jivanjee & Co.

IMPORTERS & EXPORTERS

General Merchants

Tel. Add. JIVANJEE, P. O. BOX 837,

Lourenco Marques, P. EAST AFRICA.

J. MAGANLAL & Co.,

Brokers & Agents.

115-A, Victoria Street, DURBAN,

P. O. Box 1582, Tel.Add. "Guythri",

Natal, South Africa.

D. ROOPANAND BROS.

Music Saloon & Booksellers

Sole Agent for Rama Flute Harmoniums

AND

Hindustani Records

Cable Add. ANAND, Durban,

P. O. Box 2524. 85 Victoria Street,

Durban, Natal, South Africa.

B. KAKOOBHAI & CO. LTD.

General Produce Merchants

AND

Commission Agents

Tel. Add. RICHNESS. P. O. Box 675,

Rua Araujo No. 82, Lourenco Marques,

Portuguese East Africa.

R. B. Maharaj & Sons

Land, Estate and General Agents

Chief Agent:

British America Assurance Company.

Agent:

Sun Life Assurance Co. of Canada.

General Business Consultants, Book-keepers and Secretaries.

Loan negotiated and Account collected.

Landed properties sold & purchased.

335 Church Street, Pietermaritzburg,

Natal, Union of South Africa.

G. S. Maharaj & Sons

Farmer, Miller, Money-Lender, etc.

555 Church Street, Pietermaritzburg,

Natal, South Africa.

KASHAVLAL MORARJEE

General Merchant

P. O. Box 515, Lourenco Marques,

Portuguese East Africa.

PATEL & CO.

General Merchants

P. O. Box 350, Lourenco Marques,

Portuguese East Africa.

RAMJI RAGHUNATH

Building Contractor

P. O. Box 660, Lourenco Marques,

Portuguese East Africa.

LALOOBHAI BHULABHAI

Farmer & General Dealer

P. O. Box 944, Lourenco Marques,

Portuguese East Africa.

M. P. SINGH & BROS.

General Merchants

P. O. Esikoleni, Edendale,

Natal, South Africa.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रवासी

PRAVASI



वर्ष २

अंक १

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

THE PRAVASI

(Circulated throughout South & East Africa, British & Dutch Guiana, British West Indies, Mauritius, Fiji and the Union of India.)

Annual Subscription

For the Union of India	Rs. 10
For Foreign Countries	Sh. 20

Advertising Rates

		Rs.
Full Page:	One Insertion	50
	Six Insertions	270
	Twelve Insertions	480
Half Page:	One Insertion	30
	Six Insertions	150
	Twelve Insertions	270
Column's	One Inch: One Insertion	5
	Twelve Insertions	40

Second and Third Covers 50 per cent extra
Fourth Cover 75 per cent extra.

All correspondence should be addressed to
BHAWANI DAYAL SANNYASI,
"The Pravasi" Office, Pravasi-Bhawan,
Adarshnagar, Ajmer, India.

प्रवासी

(दक्षिण और पूर्व अफ्रिका, ब्रिटिश और डच गायना, ब्रिटिश वेस्ट इण्डीज, मोरिशस, फिजी आदि विदेशोंके सिवा सारे हिन्दुस्थानमें प्रचारित)

वार्षिक मूल्य

हिन्दुस्थानके लिये १०) रुपया।
विदेशोंके लिये २०) शिलिङ्ग।

विज्ञापनका रेट।	रुपया
पूरा पन्ना एक वारकी छपाई	५०)
छः वारकी छपाई	२७०)
बारह वारकी छपाई	४८०)
आधा पन्ना एक वारकी छपाई	३०)
छः वारकी छपाई	१५०)
बारह वार की छपाई	२७०)
कालमका एक इंचः एकवारकी छपाई	५)
बारह बारकी छपाई	४०)

दूसरे और तीसरे कवरकी छपाई ५० प्रतिशत और चौथे कवरकी छपाई ७५ प्रतिशत अधिक।

सर्व प्रकारका पत्र व्यवहार इस पतेसे करना चाहिये—

भवानी दयाल संन्यासी,
"प्रवासी" कार्यालय, प्रवासी-भवन,
आदर्शनगर, अजमेर, हिन्दुस्थान।

प्रवासी-की-आत्मकथा

स्वामी भवानी दयालजीकी जीवन-कहानी। भूमिका-लेखकः राष्ट्रपति डाक्टर राजेन्द्र प्रसादजी। उपन्याससा मनोरंजक। ६५० पन्नेके वृहद् ग्रंथका मूल्य ८) आठ रुपये डाक व्यय सहित।

प्रवासी-पुस्तक-माला।

(१) अब्दुल्ला इस्माइल काजी।

दक्षिण अफ्रिकाके प्रसिद्ध भारतीय नेता स्वर्गीय अब्दुल्ला इस्माइल काजीका सचित्र जीवन-चरित्र। इसके लेखक हैं श्री भवानी दयाल संन्यासी और भूमिका-लेखक बम्बईके वर्तमान गवर्नर राजा महाराज सिंह। मूल्य केवल एक रूपया। पुस्तक अंग्रेजीमें है।

(२) वैदिक प्रार्थना।

इसकी छठवीं आवृत्ति छप रही है, यही इसकी लोकप्रियताका सर्वोपरि प्रमाण है। इसमें संध्या, प्रार्थना, स्वस्तिवाचन, शाँति प्रकरण तथा कुछ चुने हुए वेदमंत्रोंके हिंदी पद्यानुवादके साथही अंग्रेजी अनुवाद भी है। हवन मंत्रोंका हिंदी और अंग्रेजी अनुवाद तथा कुछ फुटकर कविताएँ भी है मूल्य डेढ़ रूपया डाकव्यय सहित।

(३) पोर्तुगीज पूर्व अफ्रिकामें हिंदुस्थानी।

मोजम्बिक प्रदेशके प्रवासी भारतीयोंकी स्थितिका प्रामाणिक इतिहास। साठ चित्रोंसे अलंकृत। लेखकः ब्रह्मदत्त भवानी दयाल और भूमिका लेखकः मध्य प्रांतके नेता, भारतीय पार्लामेंट और विधान परिषदके सदस्य सेठ गोविंददासजी। थोड़ीसी प्रतियाँ शेष हैं। मूल्य तीन रुपया डाक खर्च सहित।

(४) स्वामी शंकरानंद संदर्शन।

स्वदेश और विदेशोंमें वैदिक धर्म और आर्य संस्कृति के प्रचारक स्वर्गीय स्वामी शंकरानंदजी महाराज का सचित्र जीवन-चरित्र। यह भी स्वामी भवानी दयालजीकी रचना है। मूल्य तीन रुपया डाक व्यय सहित।

पताः—व्यवस्थापक, प्रवासी भवन,
आदर्श नगर, अजमेर, हिंदुस्थान।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Editor: Bhawani Dayal Sannyasi

Vol. 2 ❀ ॐ ❀ JANUARY 1949 ❀ ॐ ❀ No. 1

Messages to "Pravasi" & Indians Abroad

From His Excellency Raja Maharaj Singh, Governor of Bombay:—

Shri Bhawani Dayal Sannyasi is an old and valued friend. I first met him in South Africa more than sixteen years ago. He has done valuable work for Indians overseas and especially those in S. Africa for many years. A recent illustration of his good work is the issue of a first rate magazine entitled the PRAVASI which has completed the first year of its very useful service. This magazine, ably edited by Shri Bhawani Dayal, gives up-to-date information about our countrymen in different parts of the world. It is opposed to all forms of injustice and oppression both for the Indian and the African and stands for a policy of equal rights for all races irrespective of creed or community. As such THE PRAVASI is entitled to the support of all freedom loving Indians. I wish all success to this magazine and to its excellent Editor, Shri Bhawani Dayal Sannyasi.



Raja Maharaj Singh
राजा महाराज सिंह

❀ ❀ ❀ ❀ ❀ ❀

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

From His Excellency Dr. Kailas Nath Katju, Governor of Bengal:—

I tender my felicitations to the "Pravasi" for completing a year of exceedingly useful service to our countrymen overseas. The "Pravasi" has not only carried a message of hope and good cheer to our brethren scattered abroad in many lands but it has served a much more useful purpose of drawing the attention of the people at home to the grave disabilities from which their brethren abroad suffer in many countries. During the last hundred years when India was itself a subject country Indians were encouraged to go abroad by our British rulers. They went there and they assisted greatly in the development of the countries where they migrated. But often these countries were merely colonies under British control and the British officials and non-officials residing there were unwilling to part with any political power of any sort of description in favour of their Indian fellow subjects Conditions are now changed. Some of these countries like South Africa, Burma, Ceylon have become independent. Others still continue to be mere colonies. India has now become free and occupies and shall continue to occupy in the coming years increasingly an honoured place in the comity of nations. All the moral influence and political power and prestige that it will possess shall be used more and more effectively for the purpose of promoting the welfare and bettering the conditions of Indians abroad. In all their difficulties and their trials their kinsmen at home will fully share. This was fully demonstrated when the people of India rose almost in a mass to support the great agitation started by Mahatma Gandhi in South Africa in 1907. The feeling of solidarity between India and our countrymen abroad then awakened has become still more strong and all Indians wherever they may live may always rest assured that their cause is our cause and their struggle for civic rights and liberties is a struggle in which they may look forward to the whole-hearted support of the Government and people of India.

Dr. Kailas Nath Katju
डा० कैलासनाथ काटजू

कैलास नाथ काटजू

❀ ❀ ❀ ❀ ❀ ❀

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

From His Excellency Loknayak M. S. Aney, Governor of Bihar:—

I have read the numbers of the "Pravasi" of the first volume. It has done a very good service to the cause of emigrant India. It is a source of useful and correct information with regard to Indians who are abroad and of the rights of these persons; and its articles, written in defence of the rights of Indians in places like South Africa have always been written with a due sense of responsibility and scrupulous regard for justice and fairness. I congratulate the journal on its entering on the second year of its existence, and hope it shall have a more useful career of service for many more years.



Shri M. S. Aney
श्री एम. एस. अणे

❀ ❀ ❀ ❀ ❀ ❀

From Dr. Lanka Sundaram, a staunch supporter of the 'Pravasi' and the Editor of 'Commerce & Industry':—

The "Pravasi" has completed one year of meritorious service to the cause of Indians overseas. Swami Bhawani Dayal Sannyasi has, with unflinching devotion to the cause of our brethren across the seas, been carrying on his cross with missionary fervour. Another person, at his age and his infirmities, would have dropped by the roadside. That "Pravasi", amidst the financial and other difficulties which are facing it, is continuing each month, and in the process building for itself a very influential niche in the councils of the country and of the countries in the world where Indians are settled these days, is only accounted for by the justness of the cause which it has espoused. Indians overseas, as much as Indians at home, must support this journal, without which the battles of our countrymen across the seas would be most definitely lost.

Dr. Lanka Sundaram M.A., Ph.D.
डाक्टर लंकासुन्दरम्, एम. ए., पी. एच. डी.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

From the Hon'ble Shri K. Santhanam, Minister of State for Transport & Railways, Government of India:—

I gladly send my good wishes to the PRAVASI. The period of transition during which they are deprived of the step-motherly protection of the British Government and cannot hope for much assistance from India struggling to establish her place among nations is going to be rather difficult for the Indians overseas. If they cultivate self-reliance and demonstrate to the world that in character and ability Indians are second to none in the world, they will be doing themselves and India a great service.



Shri K. Santamhan
श्री के० सन्तानम्

❀ ❀ ❀ ❀ ❀ ❀

From the Hon'ble Shri Jagjiwan Ram, Minister of Labour, Government of India:—

It gives me great pleasure to learn that the "Pravasi" is entering into its second year of publication in 1949. The "Pravasi" is a monthly exclusively devoted to the cause of the Indians overseas and edited by Swami Bhawani Dayal Sanyasi. Swami Bhawani Dayal Sanyasi's name is in itself an inspiration to the Indians overseas because he has devoted practically his whole life in organising them and in fighting for their rights. Even when he has settled down in India, he is devoting his whole time to the service of the Indians overseas. The "Pravasi" is doing a yeomen service to those brethren of ours who have settled down in various parts of the world and is espousing their cause for equality with other residents of those countries.

Shri Jagjiwan Ram
श्री जगजीवनराम

In the past Indian overseas especially in Africa and in other parts of the globe have suffered much due to the discriminatory policy of the white races. Their struggle is not yet over. In all their struggles for doing away with the discriminatory policies of the white races India has stood by them. So long as India was not a free country we were not in a position to help the Indians overseas to any appre-

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ciable extent though our sympathies were with them. The independence of our country has no doubt enhanced the prestige not only of the Indians but also of the Indians overseas. This prestige itself will remove many of their difficulties, but they can always count upon active help and support of every Indian in their efforts to secure equal status for the coloured people in whatever part of the globe they reside.

I wish the "Pravasi" a bright and glorious future.

❀ ❀ ❀ ❀ ❀ ❀

From Shri Durga Prasad, Deputy Commissioner, Ajmer-Merwara:—

Allow me to congratulate you and the "Pravasi" for the useful service that has been rendered to our countrymen abroad. My message, coming as it does from a servant, will not inspire another who is already devoted to the cause of service. Let us all have faith in ourselves and in God who alone guides us to serve one another without caring for fear or favour. Let me hope and pray that the "Pravasi" will continue to serve the cause of Indians overseas and that our countrymen abroad will also continue to serve one another to the best of their abilities.



Shri Durga Pd.
श्री दुर्गाप्रसाद

❀ ❀ ❀ ❀ ❀ ❀

(We have received a large number of messages from home and abroad on completion of our first year but are extremely sorry that we cannot publish them for want of space. However, we are much indebted for the good wishes of our friends and admirers. We are also publishing a few messages in our Hindi section received from the eminent leaders, industrialists and journalists such as Rajadhiraj Shri Ummed Singhji, Seth Ghanshyam Das Birla, Seth Ramkrishna Dalmia, Seth Govind Das, M. C. A., Seth Jugul Kishore Birla, Seth Nanji Kalidas Mehta, Shri Moolchandra Agrawal, Shri Kashiram Gupta, Shri Guptanath Singh M. L. A. and others.—Editor.)

Indians in S. Africa

The following resolution has been adopted at the Jaipur Session of the Indian National Congress held on the 20th December, 1948:—

"प्रवासी" ने अपनी जीवन-यात्राका प्रथम वर्ष पूरा कर लिया उसके लिये हम "प्रवासी" सम्पादक स्वामी भवानी दयाल संन्यासीको अपनी शुभ कामनाका संदेश भेजते हैं। यों तो हिंदीमें अनेक मासिक पत्र हैं परंतु निश्चित नीति और आदर्शोंकी रक्षा करनेवाले पत्रोंकी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कमी है। "प्रवासी" एक ऐसाही बिरला पत्र है जिसका एकमात्र उद्देश्य प्रवासी भाइयोंकी सेवा करना है। इस एक वर्षमें अनेक आर्थिक अडचनोंके बावजूद भी उसने आत्म सम्मानको न बेचा। अश्लील तथा चरित्रको गिरानेवाले विज्ञापनोंको न छापकर उसने हिंदी पत्रोंके सामने वही आदर्श रखा है जो किसी समय राजस्थानमें 'त्यागभूमि' ने रखा था। यह निश्चय कुछ सरल नही है। पैसेके मोहमें अच्छे अच्छे अक्सर डिग जाते हैं। जो पत्रका बंद हो जाना पसंद करे, परंतु चरित्रको न बेचे, वही इस रास्तेपर चल सकता है। इस दृष्टिसे "प्रवासी" के संचालक हमारे बधाईके पात्र हैं। आशा है हिंदी पत्र "प्रवासी" के आदर्शोंको अपनायेंगे।

"प्रवासी" के संपादक स्वनामधन्य स्वामी भवानी दयालने अपना सारा जीवनही प्रवासी भारतीयोंकी सेवामें अर्पित कर दिया है। हमें विश्वास है कि देशकी स्वतंत्रताके साथ साथ हमारी जनता प्रवासी भारतीयोंकी समस्याओंमें विशेष दिलचस्पी लेगी और इस विषयकी एक मात्र पत्रिका "प्रवासी" को अधिक स्नेह और उत्साहके साथ अपनावेगी।

—"दैनिक नेताजी" नई दिल्ली।

❀ ❀ ❀ ❀ ❀ ❀

प्रवासी-भवन, अजमेरसे श्री स्वामी भवानी दयाल जी संन्यासीके संपादनमें "प्रवासी" गत एक वर्षसे निकल रहा है। श्री स्वामीजी प्रवासी भारतीयोंकी समस्याओंके जानकर एवं अनुभवी हैं। हिंदी जगतमें ऐसे पत्रका अभाव साही था जो अधिकांशतः अपनी शक्ति प्रवासी भारतीयों की सेवामें लगा दें। "प्रवासी" इस कमीकी पूर्ति कर रहा है। आशा है इसमें उसे सफलता मिलेगी। पत्र हिंदी एवं अंग्रेजी दो भागोंमें विभक्त रहता है। यह उसकी अपनी विशेषता है। दीपावली पर उसका सुंदर पठनीय सामग्रीयुक्त विशेषाङ्क भी निकला है।

—मासिक "प्रवाह" अकोला-बरार।

❀ ❀ ❀ ❀ ❀ ❀

"प्रवासी" प्रवासी भारतीयोंकी एकमात्र मासिक पत्रिका है। प्रत्येक मास प्रवासियोंकी समस्याओंपर अधिकारी विद्वानोंके लेख निकलते हैं। प्रवासियोंके सर्व प्रिय नेता स्वामी भवानी दयालजी संन्यासी इसके सम्पादक हैं। पत्रिका हिंदी तथा अंग्रेजी दोनों भाषाओंमें निकलती है। "प्रवासी" के देखकर संन्यासीजी द्वारा सम्पादित 'हिंदी' की बरबस याद आ जाती है। रमता योगीकी चिट्ठीमें हास्य-व्यङ्गका अच्छा पुट रहता है।

—मासिक "चेतना" बम्बई।

प्रवासी भारतीयोंके प्रति हमारा कर्त्तव्य

❀

आज हमारे देशमें ऐसे लाखों व्यक्ति हैं जो कोई काम नही करते। पर खानेके लिये उन्हें बढिया माल मिल जाते हैं। लोग उनकी पूजा करते हैं। प्रयागके कुम्भमें इन महंतों, साधुओं और मठाधीशोंका दृश्य देखते ही बनता है। नागा बाबा जिस अदासे अपने चेले-चेलियोंको दर्शन देते हैं, उसे कोई शरीफ आदमी बर्दाश्त नहीं कर सकता। फिर भी धर्मके नामपर यह सब होता है और न मालूम कबतक होता रहेगा! हम यह नही कहते कि हमें साधुओं की जरुरत नहीं, स्वामी रामकृष्ण परम हंस, स्वामी रामतीर्थ तथा स्वामी विवेकानन्द जैसे साधुओंकी जरुरत है जो विदेशोंमें जाकर वहाँके लोगोंको भारतकी कीर्ति-कौमुदी से नहला सकें, भारतके यश-सौरभसे उन्हें सुरभित कर सकें तथा मानवताके सूर्यकी किरणें सब ओर फैला सकें। आज स्वामी भवानी दयाल तथा उनके कुछ साथियों के अलावा कितने ऐसे व्यक्ति हैं जो अपने प्रवासी भाइयों के लिए तूफानोंमें मुस्करा सकें और लपटोंको कुचलते हुए आगे बढ सकें? आज संसारका ऐसा कौनसा देश है जहाँ प्रवासी भाई न हों? दक्षिण अफ्रिकामें आज लगभग २६६०१६ भारतीय हैं जो गोराशाहीके शिकार हैं। मोरिशसमें तो दक्षिण अफ्रिकासे भी ज्यादा भारतीय हैं। सिंगापुरमें ७४८८२९; ब्रिटिश वेस्ट इंडीज में १७०३९६ ब्रिटिश गायनामें १५७२८५, फिजी द्वीपमें १३०५ ८२, प्रवासी भारतीय हैं। केनिया, टंगेनिका, यूगाण्डा, जंजीवार, पेम्बा, जमैका, अदन, ग्रनेडा, हॉङ्गकाङ्ग, आस्ट्रेलिया, उत्तरी दक्खिनी रोडेशिया, सेन्टलूशिया, न्यासालैंड, कनाडा,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ब्रिटिश नार्थ बेर्नियो, न्यूजीलैंड, ब्रिटिश सोमालीलैंड, सिचल्स, सैरालोन, जिब्राल्टर, माल्टा तथा नायजीरिया आदि में लगभग बीस लाख भारतीय हैं। स्वामी भवानी दयाल संन्यासीके कथनानुसार द्वितीय महायुद्धसे पहले बर्मामें १०,१७,८२६, और खास इङ्गलैंडमें ७१२८ प्रवासी भारतीय थे। इसके अलावा ब्रिटिश साम्राज्यके बाहर भी बहुत से प्रवासी भारतीय हैं। हिसाब लगाकर देखा गया है कि डच गायना, डच ईस्ट इंडीज, पोर्तुगीज पूर्व अफ्रिका, फ्रेंच हिंद, चीन, मेडागास्कर, रीयूनियन, स्याम, अबिसिनिया तथा इटालियन सुमालीलैंड आदिमें लगभग एक लाख प्रवासी भारतीय हैं,। इसके अलावा यूरोपके अन्य देश, संयुक्त राज्य अमेरिका तथा एशियाके आजाद देशोंमें प्रवासी भारतीय बहुत बड़ी तादादमें रहते हैं ?

आज हमें खबर मिलती है कि दक्षिण अफ्रिकामें भारतीयों पर अत्याचार हो रहा है तो कल मोरिशसके प्रवासी भारतीयों पर। हम यह खूब जानते हैं कि इसके लिए जवाबदेह तो श्वेतांगोंकी विषैली नीति ही है पर फिर भी हम यह बिना कहे न रहेंगे कि हमारे प्रवासी भाइयोंमें भी संगठनका नितांत अभाव हैं। वे आपसमें ही कभी-कभी लड़ पड़ते हैं। उनमें यह भावना जड़ जमा गयी है कि वे श्वेताङ्गोंसे छोटे हैं। समय-समय पर भारतसे हिन्दू धर्मके उद्भट बिद्वानोंके न पहुँचने पर वे अपने आपको भारतसे बहुत दूर समझने लगे हैं और उसका फल यह हुआ है कि उनमेंसे ज्यादातर हिन्दू धर्मको छोडकर दूसरे धर्ममें चले गए हैं। हम पूछते हैं कि हमारे नागा-बाबा और साधु-संत क्यों नहीं विदेश जा-जाकर उनमें शिक्षाका प्रचार करते हैं ? आज दक्षिण अमेरिकाके उपनिवेशोंमें लगभग सारे पढे लिखे नौजवान दूसरे धर्मोंको अपना चुके हैं। जमैकामें लगभग २६॥ हजार भारतीय रहते हैं। पर यह कितनी शर्म की बात है कि जमैकाकी राजधानी किंगस्टनमें मुश्किलसे दस बारह भारतीयही पढे-लिखे मिलेंगे। भारतीयोंके लिए उचित शिक्षाका प्रबन्ध वहांकी सरकार करती नहीं और भारतीय स्वयं कुछ करते धरते नहीं। भारतीयोंके लिए जो कुछ पाठशालाएँ हैं उनमें सारेके सारे अध्यापक निग्रोही हैं जो भारतीय संस्कृकिको ठीकसे समझते भी नहीं। अब भला ऐसे गुरुओंसे उन भारतीयोंका क्या भला होगा ? गरीब मजदूरोंकी तो विदेशोंमें बडीही दुर्दशा है। दक्षिण अफ्रिका आदिमें गोरोंने अपने ट्रेड यूनियन बना रखे हैं जिनमें वे भारतीय मजदूरोंको नहीं लेते। वास्तवमें ये गोरे कितने धूर्त हैं जो ट्रेड यूनियनको भी पक्षपात एवं मजाककी जगह बनाए हुए हैं। हम नहीं समझते कि वे गोरे मजदूर भी कैसे हृदयहीन हैं जो अपने साथ काम करने वालोंके ऊपर इतनी ज्यादती होते देखते हैं। मजदूरोंकी तो कोई जाति नहीं होती। वे तो सब भाई-भाई हैं। महात्मा गांधीने साफ-साफ कहा है कि मजदूरोंमें जातिपांतिका कुछ भी भेदभाव नहीं होना चाहिए। वे सभी मजदूर हैं। वे सब एक हैं। श्रम तो सारे भेदभावोंको मिटाने वाला है। पर समानताका दम भरनेवाले हमारे गोरे यह सब क्यों समझने लगे ? लेकिन हमें संतोष तो इसी बातका है कि अपनी कमियोंके होते हुए भी प्रवासी भारतीय डटकर अत्याचारियों का मुकाबला कर रहे हैं। हम उनसे यही निवेदन करेंगे कि वे किसी भी कीमत पर अपने संगठन को न तोड़ें। हमें यह भी मालूम हुआ है कि कुछ प्रवासी भारतीयोंमें जबसे हिन्दुस्थानका बंटवारा हुआ है साम्प्रदायिकताके भाव उदय होने लगे हैं। कुछ पाकिस्तानको तथा कुछ हिन्दुस्थानको अपना वतन समझने लगे हैं तथा उसीको मद्दे नजर रखते हुए वे एक दूसरेकी बुराई करने लगे हैं प्रवासी भारतीयोंको सतर्क होकर इस जहरको अपनेमें नहीं फैलने देना चाहिए और इसीमें उनका भला भी है। हमें इस बातकी खुशी है कि भारत सरकार भी अब प्रवासी भारतीयोंके मामलेमें पूरी दिलचस्पी ले रही है। हमें उम्मीद है कि वह इधरकी उलझनें खत्म होते ही इस काममें और भी जोश-खरोश दिखलाएगी। भारतीय संन्यासियों और साधुओंको भी स्वयं शिक्षित होकर विदेशोंमें ज्ञान का प्रकाश लेकर पहुँचना चाहिए। भारत सरकारको ऐसे योग्य परोपकारियोंकी सहायता करनी चाहिए। यदि इस अवसर पर भारतने अपना पार्ट खूबीसे अदा किया तो वह दिन दूर नहीं जब वह अपनी पुरानी प्रतिष्ठाको शीघ्र ही प्राप्त कर लेगा।

—"मजदूर आवाज" जमशेदपुर।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri



इस समय हिंदमें हिंदी अखबारोंकी बाढ़सी आ गई है। जिस तरह बरसातके मौसममें बेशुमार मेढ़क पैदा हो जाते हैं उसी तरह इस समय हिंदीमें अखबारों की सृष्टि और अभिवृद्धि हो रही है। जो पत्रकार कला का ककहरा भी नहीं जानते उनको भी संपादक बनने से कौन रोक सकता है बशर्ते कि उनके पास कागज और मुद्रणके लिये पैसे हों। ऐसेही महाभागोंमें कानपुरके श्री रामजीलाल मोदी हैं। आप एक व्यापारी हैं, जूतेका व्यापार भी करते हैं, इस लिये आपके पास पैसे तो हैं पर अपनी शिक्षा-दीक्षाके विषयमें वे स्वयं लिखते हैं कि "सच बात तो यह है कि मुझे शास्त्रोंका ज्ञान नहीं है और न मुझे किसी पत्रके संपादनका ज्ञान है। मेरी शिक्षा दूसरी कक्षा तक भी नहीं है। जो कुछ भी लिखा जाता है वह किसी अज्ञात प्रेरणासे। जैसी लेखनी लिख देती है उसीको प्रकाशित कर दिया जाता है।"

❀ ❀ ❀ ❀

पर हमारे भाई श्री रामजीलाल मोदी एकही नहीं, दो दो अखबार निकालते और उनका संपादन भी करते हैं—एक पत्रका नाम "गौरक्षक" है और दूसरेका "सिद्धांत"। दोनों पत्रोंमें एक एक दर्जन पन्ने होते हैं। वास्तवमें मोदीजी अज्ञात प्रेरणासे जो कुछ लिखा करते थे वह पत्रकारोंके पत्रमें नहीं, रद्दीके टोकरेमें स्थान पाता था। इस लिये मोदीजीने संसारमें अपने विचारोंके प्रचारके लिये एककी जगह दो-दो अखबार निकाल डाला और पाँचों सवारोंमें अपना नाम दर्ज करा लिया—अब आप 'संपादकः गोरक्षक और सिद्धांत' कहलानेके अधिकारी बन गये। मोदीजीको बधाई है।

❀ ❀ ❀ ❀

'कलिकाल कथा' के पाठक पूछ सकते हैं कि अज्ञात प्रेरणासे मोदीजी लिखते हैं क्या? अच्छा तो उनके लेखकी भी बानगी लीजिये। 'तलाक प्रथाका कुफल' शिर्षक लेखमें आप फरमाते हैं—"मार्गमें पार्वतीने कहा, नारद बाबा! मैंने विवाहके समय आपकी बात नहीं मानी थी और एक पागल नशेबाजको अपना पति बना लिया। अब आप मुझे कोई दूसरा पति बतलाइये। नारदजीने कहा भारतमें इस समय नेहरु नामका एक प्रधान मंत्री बना बैठा है अगर वह तुम्हें पसंद करे तो तुम वहाँ चली जाओ। पार्वती ने कहा क्या वह मुझे पसंद नहीं करेंगे? नारदजीने कहा हो सकता है। पार्वतीने कहा क्यों? क्या मुझसे भी किसी अधिक सुंदरीने उन्हें फँसा रखा है? नारद जीने कहा जी हाँ। इस समय वह नवीन स्वतंत्रता देवीका रसास्वादन ले रहे हैं। पार्वतीने कहा तो कोई दूसरा बताओ। नारदजीने कहा धनी खानदानमें चाहती हो तो बिडला खानदानमें जुगल नामका एक लड़का खाली है....." इत्यादि।

❀ ❀ ❀ ❀

हिंदू समाज जिस पार्वतीको जगतजननी कह कर पूजता है उनके साथ मोदीजीका यह बेहूदा मजाक? कोई विधर्मी भी पार्वतीपर ऐसा कमीना हमला करनेकी हिम्मत और गुस्ताखी नहीं कर सकता, पर मोदीजी हिंदू होनेका दम भरते हुए भी पार्वती, लक्ष्मी आदि हिंदू देवियोंको खुल्लमखुल्ला गालियाँ दे रहे हैं। खैरियत यही है कि उनके पत्रोंका हिंदू समाज में कुछ भी प्रचार नहीं है—मोदीजीके सिवा शायदही दूसरा कोई उनके अखबारोंको पढ़नेमें अपना समय नष्ट करना उचित समझता होगा, अन्यथा कोई धर्मान्ध हिंदू पार्वती और लक्ष्मीको गालियाँ बकनेका बदला मोदीजीसे सूद-व्याजके साथ ले लेता। मोदीजी शायद हास्यरसके साहित्यका सिरजन करनेका साहस कर रहे हैं। पर यह कार्य तो बड़े बड़े धुरंधर लेखकोंकी शक्तिसे भी परे है, फिर मोदीजीकी क्या बिसात? हिंदीमें हास्यरसपर लिखनेवाले एक दर्जन भी लेखक

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नही मिलेंगे। हिंद और हिंदीका यह दुर्भाग्य है कि दूसरे दर्जेतक शिक्षा पानेवाले भी अखबार निकालकर सम्पादक बन बैठते हैं और साहित्य-मंदिरके दरवाजेपर कूड़ा-करकटका ढेर लगाकर गंदगी फैलाते हैं।

❀ ❀ ❀ ❀

चुरु (बीकानेर) से पं० विश्वनाथ शर्माने "राकेश" नामक एक अखबार निकाला है जो ३४ पन्नेका साधारण मासिक पत्र है। शर्माजी स्वयं कहते हैं कि "हिंदी जगतमें अनेक मासिक पत्रोंके रहते हम एक नया मासिक पत्र लेकर आपके सामने क्यों आ रहे हैं? यह प्रश्न स्वाभाविकही है जब कि मोटे मोटे मासिक पत्र, ख्याति प्राप्त लेखकोंके लेखोंसे विभूषित, सुंदर चित्रोंसे परिपूर्ण, नयनाभिराम चिकने कागजपर रेडीमेड टाइपसे छपे हुए आकर्षक गेट-अपके साथ आपको स्वल्प मूल्यमें प्राप्त हो जाते हैं तो फिर इस साधारणसे मासिकको जो इन पत्रोंकी समता किसी भी प्रकार प्राप्त नहीं कर सकता (और न कभी करनाही चाहता है) आप क्यों अपनायें?" इसके उतरमें शर्माजी फरमाते हैं कि "आजकल पत्रकार कला एक व्यवसाय बन गई है। एक ओर बड़े बड़े पूँजीपतियोंने लाखोंकी पूँजी लगाकर अगणित दैनिक, साप्ताहिक और मासिक पत्र नये प्रकाशित किये हैं और येनकेन प्रकारेण अनेक प्राचीन पत्रोंका उद्धारकर डाला है। दूसरी ओर कुछ पुराने पत्रोंके संस्थापक या संपादक स्वयं भी पूँजीपति बन बैठे हैं।"

❀ ❀ ❀ ❀

मतलब यह कि हिंदी-संसारमें जितने अखबार निकलते हैं वे सब पूँजीपतियोंके हैं। या तो वे पूँजीपतियोंके निकाले हुए नये पत्र हैं अथवा यदि वे पुराने हैं तो उनके मालिक और संपादक पूँजीपति बन चुके हैं, इस लिये शर्माजीको नया पत्र निकालनेकी जरुरत महसूस हुई। आप 'भारत मित्र' के बाल मुकंद गुप्त और 'हिंदी प्रदीप' के बालकृष्ण भट्टकी दुहाई देकर कहते हैं कि आज उनका नामलेवा भी कोई नही रह गया। गुप्तजी और भट्टजीके नामको आजके सभी पत्रकार बड़े स्नेह और श्रद्धासे स्मरण करते हैं, पर उनके युगको वापस लानेकी चेष्टा करना मानो गंगाको हाबड़ासे हरिद्वार ले जानेका निरर्थक प्रयास करना है। शर्माजी शायद नही जानते कि गुप्तजीके जमानेमें हिंदीकी ऐसी दशा थी कि उनको कलकतेमें घर-घर जाकर ग्राहकोंको 'भारत मित्र' पढ़कर सुनाना भी पड़ता था। पर आज हिंदीका इतना विकास हो चुका है कि वह राष्ट्रभाषाके पदपर प्रतिष्ठित होने जा रही है। शर्माजी एक नहीं पचास अखबार निकालें, इसमें किसीको कोई आपति नही है। यदि उनका पत्र उपयोगी होगा तो जनता अवश्य अपनावेगी। पर इस प्रकार हिंदीके सारे पत्रोंको बुरा बताकर अपने मुँह मियाँ मिठू बनना कहाँका शिष्टाचार है? "राकेश" के प्रथमाङ्कसे तो यही मालूम होता है कि थर्ड क्लासके मासिकोंमें यह एक और अभिवृद्धि है।

❀ ❀ ❀ ❀

आज कई मासेसे दिल्लीके लाल किलेमें महात्मा गांधीका हत्यारा और उसके कथित साथियोंपर मामला चल रहा है। मेरे खयालमें इस मामलेको इतना अधिक महत्व देकर भारत सरकारने बहुत बड़ी भूल की है। इनका मामला किसी मामूली जेलखानेमें चलाकर अपराधियोंको दंड दे देना चाहिये था और पत्रकारोंसे यह अनुरोध किया जाना चाहिये था कि वे अपने अखबारोंमें मामलेकी कार्रवाइयोंको अधिक प्रकाशन और महत्व न देवें। पर इसके बिलकुल उल्टा काम हुआ। इनपर मामला चलानेके लिये दिल्लीका लाल किला चुना गया मानो इनका अपराध कोई महान राजनैतिक महत्वका हो। मुकद्दमेके कार्य विवरणसे प्रतिदिन अखबारोंके कालमके कालम रंगे जाते रहे। हत्यारा नाथूरामका वयान जब अखबारोंमें छप चुका तब कहीं सरकारकी आँखें खुली और उसके पुनः प्रकाशनपर प्रतिबंध लगाया गया। इसका फल भी उल्टा हुआ। एक दलको यह प्रचार करनेका मौका मिल गया कि नाथूरामका वयान ऐसा जोरदार था कि अगर उसपर प्रतिबंध न लगाया जाता तो जनता जान जाती कि उसने गांधीजीको मारकर देशका भलाही किया है। मामलेकी चमक दमकमें लाखों रुपये नाहक फूँके गये। यदि किसी महान पुरुषकी हत्या करनेवालों को इतना महत्व दिया जायगा तो ऐसी हत्याओंको प्रोत्साहनही मिलेगा। नाथूरामने जिस प्रसिद्धिके लिये ऐसा दुष्कर्म किया था, भारत सरकारकी कृपासे वह

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उसे प्राप्त हो गई। अब फाँसीपर झूल जाना उसके लिये सहज हो गया। मामलेका अंत निकट आ रहा है। बापूकी हत्या भारतपर अमिट कलंक है।

❀ ❀ ❀ ❀

हिंदुस्थान और पाकिस्तान दोनोंकी नीति निराली है। एक पूरबकी तरफ निहारता है तो दूसरा पच्छिमकी तरफ। एक अपने पड़ोसीका भला चाहता है, दूसरा अपने पड़ोसीके विनाशकी इच्छा रखता है। नेहरु और पटेल पाकिस्तानको दोस्त समझते हैं, लियाकत और जफरुल्ला हिंदको अपना कट्टर दुश्मन मानते हैं। नेहरु छप्परपर चढ़कर दुहाई देते हैं कि पाकिस्तान को हम मंजूर कर चुके हैं, हम उससे कोई झगड़ा-टंटा करना नही चाहते, यदि पाकिस्तान आज हमसे मिलना भी चाहे तो हम उसको मिलानेसे इन्कार कर देंगे, पर लियाकत अली जिधर निगाह डालते हैं उनको दुश्मन ही दुश्मन दिखाई देते है और जब जबान खोलते हैं तो बस दुश्मन दुश्मन चिल्लाते हैं। यहाँतक कहते फिरते हैं कि चाहे पाकिस्थानकी प्रजा भूखों मर जाय तो भी कोई पर्वाह नही, पर फौजी तैयारीमें कोई कोर कसर नही की जा सकती क्योंकि दुश्मन घात लगाये बैठा है, मौका मिलते ही हमला बोल देगा। इधर भारत सरकारकी ओरसे भारतीय पत्रकारोंसे अनुरोध किया गया है कि ऐसे लेख प्रकाशित न करें जिससे दोनों अधिराज्योंमें मनोमालिन्य फैले; इधर जफरुल्ला पेरिसमें बैठकर भारतको बदनाम करनेमें अपनी सारी ताकत खर्च कर रहे हैं। यद्यपि हैदराबादके निजाम संयुक्त राष्ट्र संघसे अपना मामला वापस ले चुके हैं और अपने प्रतिनिधि मंडलको अधिकारच्युत कर चुके हैं पर इस मामलेमें जफरुल्ला मियाँ 'मुद्दई सुस्त और गवाह चुस्त' की कहावत चरितार्थ कर रहे हैं। कुछ दिन पहले उन्होंने राष्ट्रसंघको एक अर्जी दी थी कि हैदराबादकी हालत दिनपर दिन खतरनाक होती जाती है इसलिये उसपर शीघ्रही विचार होना चाहिये। जब उनकी अर्जी राष्ट्रसंघमें पेश हुई तो भारतने हैदराबादकी चर्चामें भाग लेनेसे इन्कार कर दिया इस लिये यह प्रश्न स्थगित कर दिया गया। मियाँ साहबने फिर राष्ट्रसंघको चिट्ठी लिखी है कि हैदराबादमें मुसलमानों पर ऐसा घोर अत्याचार हो रहा है जिसका यदि शीघ्र प्रतिकार न किया गया तो परिणाम ऐसा भयंकर होगा कि संसारकी शांति संकटमें पड़ जायगी।

❀ ❀ ❀ ❀

काश्मीरके साथ आरंभमें पाकिस्तानने जो दुर्व्यवहार किया वहा महाराजा हरिसिंहकी चालबाजी का दंड था क्योंकि उन्होंने भारतसे नही, पाकिस्तानसे एक मियादी समझौता कर लिया था। पर जिस दिन काश्मीर भारतमें शरीक हुआ, वह भारतका एक अङ्ग बन गया। उसके बाद पाकिस्तानकी फौजका काश्मीर की जमीनपर बना रहना मानो भारतकोही युद्धके लिये चुनौती देना है। भारतकी फौज काश्मीरमें लड़ रही है—सिर्फ काश्मीरकी उस जमीनपर कब्जा करनेके लिये, जिसपर पाकिस्तानने जबर्दस्ती दखल जमा लिया है और जिसे वह अब अपनी बपौती समझने लगा है। इधर भारतीय फौजने काश्मीरमें कुछ प्रगति की है और पाकिस्तानियोंको लड़ाईका कुछ मजा चखाया है, इसपर जफरुल्ला मियां बेतरह लाल-पीले हो उठे हैं। 'उल्टा चोर कोतवालको डाँटे' की कहावतके अनुसार उन्होंने राष्ट्र संघको धमकी दी है कि अगर उसने भारतीय फौजकी इस हरकतको रोकनेके लिये शीघ्र कोई कार्रवाई न की तो फिर गजब हो जायगा, धरती डोल उठेगी और आस्मान टूट पड़ेगा। पाकिस्तानकी थल और नभ सेना लड़ाईके मैदानमें कूद पड़ेगी और फिर तो ऐसा घमासान मचेगा कि खूनकी नदियाँ बह चलेगीं। उधर सीमाप्रांतके प्रधान मंत्री धमका रहे हैं कि पचास हजार पठान लड़नेके लिये काश्मीर जाने को तैयार हैं।

❀ ❀ ❀ ❀

एक ओर तो यह जहर उगला जा रहा है और दूसरी ओर नई दिल्लीमें दोनों देशोंके बीच पड़ी हुई उलझनोंको सुलझाने और परस्पर सद्भावना बनाये रखनेके लिये इन्टर डोमिनियन कान्फ्रेंसका नाटक हो रहा है। एक ओर लड़ाईके लिये ललकार और दूसरी ओर स्नेह और सद्भावके लिये गुहार—क्या यह एक अजीब तमाशा नहीं है? या तो लड़ाईके मैदानमेंही फैसला होना चाहिये अथवा परिषदमें बैठकर विचार-विमर्श द्वारा। एकही साथ गाल भी फुलाना और हँसना भी यह दोनों बातें कैसे संभव हो सकती है? भारतकी तुष्टि-

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

करणकी नीतिका नतीजा बड़ाही भयंकर हुआ है फिर भी हमारी आँखें नहीं खुलती है, यह क्या आश्चर्यकी बात नहीं है ? भारत फिलस्तीनके यहूदियोंके विरुद्ध अरबोंका पक्ष लिया करता है और अरब देशवाले पाकिस्तानसे मिलकर भारतको गिरानेकी चेष्टामें लगे रहते हैं। क्या हमारी यह नीति निराली नहीं है ? उस दिन जब जर्मन वेस्ट अफ्रिकाके मामलेमें भारतीय प्रस्तावपर वोट लेनेका प्रसंग आया तो वचन देकर भी अरब देशवाले मुकर गये और वोटके समय गायब हो गये फलतः भारतका प्रस्ताव गिर गया। इससे भारतकी तो कोई हानि नहीं हुई बल्कि वहाँके गरीब देशियोंका सर्वनाश अवश्य हुआ जो सहानुभूति और सहायताके लिये एशियाकी ओर आशाभरी दृष्टिसे निहार रहे थे। पर पाकिस्तानको तो भारतको नीचा देखना था सो उसकी तमन्ना पूरी हो गई। अभी उस दिन राष्ट्रसंघकी सुरक्षा समितिकी यहूदियोंके इस्त्रायल राज्यकी अर्जीपर विचार करनेके लिये बैठक हुई थी पर सिरियाके फारिस अलखौरीने जफरुल्लाकी प्रेरणासे इस बात पर जोर दिया कि पहले हैदराबादके मामले पर विचार हो जाना चाहिये। यह बात ऐसी है कि जिसकी उपेक्षा नहीं की जा सकती है। पर उसी बैठक में जब अरब और यहूदियोंका मामला पेश हुआ तो भारतको अरबोंका पक्ष लेते हुए देखकर लोग दङ्ग रह गये। भारतको पाकिस्तान और मुस्लिम देशवाले चाहे ठोकरें लगाया करें पर हमारा देश उनकी खुशामद करनेसे बाज नहीं आवेगा—क्या यह कुछ कम शर्म की बात है। मुस्लिम तुष्टिकरणकी नीति हमें कहाँ लिये जा रही है ?

❀ ❀ ❀ ❀

नवम्बरके 'विशाल भारत' में श्री ब्रजेन्द्रकुमारने इस बातपर बड़ी चिंता प्रकट की है कि "मोरिशसके भारतीय अंधकूप की ओर" सरपट दौड़े जा रहे हैं। इसमें संदेह नहीं कि यह बड़ी भयंकर बात है, कहीं अंधकूपमें कूद पड़े तो हड्डी-पसली तक चकनाचूर हो जायगी। खैरियत यही है कि ब्रजेन्द्रकुमारजी उनको बचानेके लिये कलम कुठार लेकर तैयार हो गये है। हम उनको बधाई देते हैं। आप इसी सिलसिलेमें भारतीय पत्रकारोंको भी यह सूचना दे देना ठीक समझते हैं कि "भारतके कुछ ऐसे प्रेसवाले या अखबारके मालिक तथा सम्पादक हैं जिनको यहाँकी सच्ची घटनाओंसे अनभिज्ञ रखा जाता है और केवल उपनाम रखकर आत्म प्रशंसा किया जाता है ?" इस लिये आप उनको यह सलाह और शिक्षा देते हैं कि "इन महानुभावोंको सच्ची खबरोंके प्रकाशनके लिये अथवा यहाँकी पूरी परिस्थिति जाने बिना गैरजिम्मेदार व्यक्तियोंके लेख नहीं छापना चाहिये, कारण कि भारतीय पत्रकारोंकी बेइज्जती होती है।" इसपर "विशाल भारत" के सम्पादकजीने लिखा है कि "लेखकका उदाहरण देना और भी शोभा देता।" पर मैं तो कहता हूँ कि ब्रजेन्द्रकुमारजीको मोरिशसके तमाम गैर जिम्मेदार व्यक्तियोंकी सूची तैयार करके छपवा देना चाहिये ताकि भारतीय पत्रकारोंको मालूम हो सके कि वहाँके कौन कौन और कितने लेखक गैर जिम्मेदार हैं ताकि वे उनके लेखोंको छापकर अपनी बेइज्जती न करावें अन्यथा भारतीय पत्रकारोंको क्या पता कि मोरिशसमें कौन-कोन लेखक जिम्मेदार हैं और कौन कौन गैर-जिम्मेदार ? इस बातका स्पष्टीकरण ब्रजेन्द्रकुमारजीके सिवा और कौन कर सकता है ?

❀ ❀ ❀ ❀

ब्रजेन्द्रकुमारजीको चाहिये कि वे मोरिशसके प्रवासी भाइयोंको अपने लेखानुसार "नामधारी महात्मा, धर्म अथवा देशके नामपर अनाचार, अत्याचार, व्यभिचार, धमकी, निन्दा, गाली गलौजका आश्रय लेकर भोली भाली जनताको गुमराह बनाने वाले, हिंसक वृतिवाले, कलह-द्वेष फैलानेवाले, लूट-मार करनेवाले, राष्ट्रपिताका जयनादकर जनताको अंधकूपमें ले जानेवाले" दुर्जनोंके चंगुलसे निकालकर कल्याण मार्गपर चलानेकी चेष्टा करें और भारतीय पत्रकारोंको सम्मति और शिक्षा देनेकी चिन्ता छोड़ दें। भारतीय पत्रकार अपने कर्तव्यको भली भाँति समझते हैं और यह भी जानते हैं कि किस लेखको अपने पत्रमें स्थान देना चाहिये और किसको नहीं ? किसी व्यक्ति विशेषके लेखको प्रकाशित करनेसे पत्रकारकी बेइज्जती नहीं होती, बल्कि उसका गौरव बढ़ता है। सच्चा पत्रकार तो अपने विचारके कट्टर विरोधियोंके लेखको भी प्रकाशित करनेमें संकोच

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नही करता—यही तो पत्रकारकी विशेषता है। यदि ब्रजेन्द्र कुमारजीकी दृष्टिमें कोई लेख अप्रमाणिक, असत्य, असंगत और अवांछनीय जँचता है तो सत्यके विचारसे क्यों नही उसका वे खुल्लम खुल्ला प्रतिवाद करते हैं। यदि भारतीय पत्रकार उनका लेख छापनेसे इन्कार कर दें तो अवश्य उनको शिकायत करनेका मौका मिल सकता है। हमारे सहृदय मित्र पं० श्री रामजी शर्माने तो अपने "विशाल भारत" जैसे लोक प्रसिद्ध पत्रमें ब्रजेन्द्रकुमारजीका ऐसा लेख भी प्रकाशित कर दिया है जिसमें उन्होंने किसी व्यक्ति विशेषके लिये शब्दकोष में जितने भी अपशब्द मिल सकते थे सभीका प्रयोग कर डाला है पर उन्होंने उस भयंकर व्यक्तिका नाम प्रकट करनेका साहस क्यों नही किया ताकि भारतीय पत्रकार उस व्यक्तिसे परिचित हो जाते और उससे सचेत और सावधान रहते।

❀ ❀ ❀ ❀

ब्रजेन्द्रकुमारजीने इस दलबंदीके दलदलमें हमारे मित्र भारतीय कमिश्नर श्री धर्मयशदेवको भी घसीटने का प्रयत्न किया है पर हम जानते हैं कि देवजी उच्च और उदार विचारके नररत्न हैं। उन्होंने "प्रवासी" को पत्र लिखकर सूचित किया है कि वे मोरिशसकी सारी जनताको एक दृष्टिसे देखते हैं चाहे कोई धनी हो या गरीब, ऊँच हो या नीच, छोटा हो या बड़ा, किसान हो या मजदूर —उनके लिये सभी बराबर है, सभी उनके भाई हैं। वे किसीका बुरा नही चाहते, सबका भला चाहते हैं। वे संत कबीरकी भाँति साफ साफ कहते हैं—"कबीरा खड़ा बजारमें सबका चाहे खैर।

न काहूसे दोस्ती न काहूसे बैर ॥"

उन्होंने "प्रवासी" को विश्वास दिलाया है कि जो उनसे द्वेष करेगा, उसको भी वे प्यार करेंगे; जो उनको गालियाँ देगा, उसको भी वे आशीर्वाद देंगे। वे दलबंदीके दलदलसे दूर रहेंगे—समस्त भारतीयोंकी कल्याण कामना करेंगे। एक व्यक्ति किसी कारणवश उनसे मिलने न आया तो देवजी स्वयं उसके मकानपर पहुँच गये। भारतीय संस्कृतिका तकाजा है कि अपने घर आनेपर दुश्मनको भी उच्च आसन देना चाहिये पर खबर है कि उस व्यक्तिने अपने शिष्टाचारको ताख पर रखकर देवजीको अपने दरवाजेपर कड़ी बातोंसे सत्कार किया, पर देवजीके हृदयमें उसके लिये भी कोई दुर्भाव नही, सद्भावही है। ब्रिजेन्द्रकुमारजीसे हम बलपूर्वक अनुरोध करते हैं कि वे हमारे कमिश्नर को वहाँकी दलबंदी और झगड़ेमें घसीटनेसे बाज आवें, उनके नामकी दुहाई न देवें, उनको अपना गवाह न बनावें। मोरिशसवाले यह ध्यान रखें कि देवजी भारतके प्रतिनिधि हैं, यदि कोई उनका अपमान करने का दुस्साहस करेगा तो वह भारतका अपमान करेगा, तीस कोटि भारतीयोंका अपमान करेगा।

❀ ❀ ❀ ❀

मोरिशसकी दशा बड़ी दयनीय है। गत अगस्त में नये विधानके अनुसार जो चुनाव हुआ था उसका परिणाम प्रकट होनेपर "प्रवासी" के सम्पादक महोदय ने खासकर श्री सुखदेव विष्णुदयाल और श्री सुखदेव बालगोविन्दको बधाई दी थी। इन दोनों सज्जनोंने दक्षिण अफ्रिकाके घेटो-एक्टके विरुद्ध प्रदर्शन और मोरिशसमें बालिग मताधिकारके लिये आंदोलन किया था। कुछ स्वार्थी व्यक्तियोंने गुंडोंसे उनको पिटवाया भी था, उन पर गहरी मार पड़ी थी, सिर फट गये थे और उनको शायद अस्पतालका आश्रय लेना पड़ा था। इस घटना से सभी समझदार आदमियोंकी सहानुभूति उनके साथ हो गई थी। इस लिये चुनावमें उनकी सफलता पर प्रसन्नता प्रकट करना स्वाभाविकही था। पर इसके बाद श्री सुखदेव बालगोविंदके बारेमें कोई ऐसी बात नही सुनी गई जो टीका-टिप्पणीके योग्य हो। पर श्री सुखदेव विष्णुदयालने कौंसिलमें पहुँचकर जो रुख प्रकट किया वह किसी भी दृष्टिसे वांछनीय नहीं कहा जा सकता। सुनते हैं कि उन्होंने गवर्नरसे हाथ मिलाने से इन्कार कर दिया। यदि यह बात सत्य है तो शिष्टाचारपर प्रत्यक्ष प्रहार है। प्रधान पटेल, पं० मोतीलाल नेहरु, देशबंधु दास, श्री भूलाभाई देशाई प्रभृति भारत रत्न सदा गवर्नर जनरल और गवर्नरोंसे लड़ते रहे—इन्होंने अपनी वाणीके बलसे ब्रिटिश राज्यके धुर्रे उड़ा दिये, उन्होंने अपनी सत्ताकी शक्ति दिखाकर उनको जेलका मेहमान तक बनाया। पर क्या कभी पटेल, नेहरु, दास और देशाईने वायसराय और गवर्नरोंसे हाथ मिलानेमें अपनी हतक या हानि समझी? कदापि नहीं। सिद्धांतोंकी लड़ाईमें व्यक्तिगत द्वेषके लिये स्थान

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कहाँ ? विपक्षीसे हाथ मिलानेसे इन्कार करना मानो भारतीय संस्कृति और संसारके साधारण शिष्टाचारका संहार करना है। जिस दिन ग्रॉड पोर्ट (सावान जिले) के वोटरोंने उनको कौंसिलके लिये चुना उस दिनसे इनके प्रतिनिधित्वकी जिम्मेदारी विशुनदयालजी पर आ गई है। उनको अपने वोटरोंके हिताहित पर ध्यान देना चाहिये था पर मालूम पड़ता है कि उन्होंने अपने व्यक्तित्वको अधिक महत्वपूर्ण समझा। गवर्नरसे हाथ मिलानेसे इन्कार करना, कौंसिलके उपप्रधानसे उलझ पड़ना और अकेलाही कौंसिलसे 'वाक आउट' कर देना क्या है ? यह तो व्यक्तिगत दंभ और अहँकारकी पराकाष्टा है। जनसेवाका यह कौनसा ढङ्ग है ? यदि गवर्नरको शिक्षा देना ही उनको अभीष्ट है तो उसके लिये तो सहज उपाय यह है कि वे कौंसिलमें अपनी बुद्धिमता और नीतिज्ञतासे बहुमत बनाते और फिर गवर्नरकी हरएक बातपर बहुमतके बलसे चौका लगा दिया करते और कौंसिलको अपनी बात माननेको मजबूर करते। पर उन्होंने जिस नीतिका आश्रय लिया वह किसी भी दृष्टिसे वांछनीय नहीं है। खबर मिली है कि वे कौंसिलसे 'सस्पेन्ड' कर दिये गये हैं। अब उनके वोटरोंके हितकी रक्षा कौंसिलमें कौन करेगा ? यदि वे कौंसिलमें अपना बहुमत नहीं बना सकते हैं और अपनी इच्छानुसार काम नहीं कर सकते हैं तो उनको इस्तीफा दे देना चाहिये। अभी दूसरी सूचना मिली कि वे फिर अपने पदपर बहाल कर लिये गये हैं। आशा है कि वे संयम और सावधानीसे काम लेंगे।

———

श्यामसुन्दर रसायनशाला, गायघाट, बनारस.
आयुर्वेदिक औषधियों के निर्माता तथा
आयुर्वेदिक पुस्तकों के प्रकाशक।
Shyamsunder Rasayanshala,
Gaighat, Banaras, U. P. India.

"लल्लू कब लौटैगो ?"

लेखकः श्री पं० बनारसीदास चतुर्वेदी।

"लल्लू कब लौटैगो ?" यह प्रश्न एक गरीब किसानने कई वर्ष पहले पूंछा था। वह अब इस संसारमें नहीं है, पर उसका प्रश्न अभी भी मेरे कानोंमें गूँज रहा है।

जिला आगराके फिरोजाबादके निकट खेडा-गणेशपुर नामक एक छोटासा गाँव है। वहाँ सोनपाल नामक लोधा रहा करता था। साग-तरकारी बेचकर वह अपनी गुजर करता था। मैंने भी कईवार उससे साग-तरकारी खरीदी थी और यह समझता था कि जैसे अन्य साग-तरकारी बेचनेवाले हैं वैसे यह भी है। उससे झगड़ा करके अधिक तरकारी लेनेमें मजा आता था, बुड्ढा था और बुड्ढोंसे मधुर छेड़-छाड़ करके दोचार खरी-खोटी सुननेमें अद्भुत आनन्द मिलता है। मुझे पता नहीं था कि इस वृद्ध किसानके हृदयके भीतर दुःखकी एक ज्वाला जल रही है। यह बात एक दिन मालूम हुई।

शामके वक्त एक बौहरेजीने आकर कहा—"सोनपाल लोधेको तुम्हारे पास लाया हूँ। इसका कुछ काम कर दो।" सोनपाल लोधेको मैंने बिठलाया। हाथ जोड़ कर बैठ गया। लटा-दूबरा आदमी था। फटा हुआ साफा जिसमें पाँच-सात जगह धजीरें साफ दीख रही थीं, पहने हुआ था। गलेकी हड्डी निकली हुई थी। आँखोंके नीचे गड्ढे थे। मैंने दिलमें सोचा कि इससे बातचीत करनी चाहिये—'इण्टरव्यू' लेनी चाहिए। महात्मा गान्धी, कविवर रवीन्द्रनाथ और मि० एण्डरुज़ जैसे महापुरुषोंसे बातचीत करनेका मौका अनेक बार मिला है, पर इन लोगोंसे बातचीत करते समय कुछ कृत्रिमता आही जाती है। उनके महत्व तथा अपनी क्षुद्रताका ख़याल करके बातचीतमें बड़े संयमसे काम लेना पड़ता है, और वह स्वाधीनता नहीं मिलती जो समान पदवालोंके साथ मिल सकती है। सोनपालको इस बातकी आशंका नहीं थी, जैसा कि प्रायः बड़े आदमियोंको हुआ करती है कि जनता (पबलिक) पर मेरी बातचीतका क्या असर पड़ेगा। मैंथी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

का साग कल किसी तरह दो पैसे सेरके बजाय तीन पैसे सेर बिक जाय, इस बातकी उसे अधिक फिक्र थी। उसे किसी संस्थाका संचालन नहीं करना था, और संस्था संचालन बड़े-से-बड़े मनुष्यकी सहृदयताको कम और व्यापार-बुद्धिको अधिक कर देता है। सोनपाल लोधा इन सब महत्वों और उससे उत्पन्न चिन्ताओंसे मुक्त था। 'इण्टरव्यू' के लिये उपयुक्त आदमी था।

"महाराज, तुम तौ हमैं जानतौ, थानेके सामनैं तरकारी बेचतैं। हमारी दुकानसैं भौत दफै तरकारी लाये हौ, हमारौ एक काम कद्दे उ। हमारौ लड़का काऊ टापूकौं चलौ गयौ ऐ। अब आठ बस्ससें वाकौ पता नाँइ। बाकौ पतौ लगाई देऊ।"

मैंने कहा—"तुम्हारी उमर क्या है?"

सोनपालने कहा—"जि तो मोइ खबरि नाँइ। गदरकी सालको जनम है। सत्तर भई कै पिचत्तर भई कै साठ भई, जि मोइ पतौ नाँइ।"

मैं—"तुम्हारे लड़केका पता तो मैं शायद लगा सकूँगा, पर सब हाल सुनाओ!"

सोनपाल—"तौ पतौ लगि जाइगो? लल्लू लौटि आवोगे? कब लौटेगो?"

"लल्लू कब लौटैगो?" यह मैं नहीं बतला सकता। यह मेरे हाथकी बात नहीं। तुम सब हाल तो सुनाओ।"

मुझसे कुछ निराशायुक्त जबाब पाकर उसने एक लम्बी साँस ली। झुर्रीदार चेहरेपर बैठी हुई आँखोंके कोने पर कुछ पानी झलक आया। उसने अपनी दुःख गाथा सुनानी शुरु की:—

"बाकौ नाम डालचन्द हो। दो-तीन बस्स मदस्सा में पढ़ो। जितौ मैं नाँइ जान्तु कित्तौ पढ़ो। ग्यारह आना की किताब तक पढ़ो। तोरेके ढिंग बमरौली-कटारामें बाकी ससुरारि ही। बहूऐ लिबाइबे गयौ। उनने भेजी नाँई सो हमारे भनजेके जाँ पीपरमैंडी आगरेमें ठहर रह्यौ। फिर वहाँतैं पतौ नाँइ लगौ। हमारौ भतीजौ जो बाके संग बमरौली कटारे तक गयो, सो बुतो लौटि आयौ, पर लल्लू नाँई लौटो।"

मैंने कहा—"यह तो तुमपर बड़ी आफत पड़ी।"

सोनपाल बोला—"आँखन तैं धूँधुरे हौ गये, बोझ चल्त नाँई, कैसैं दिन कटतैं, छोटौ लड़िका है सो बु कमजोर है, बासैं काम होतु नाँई—

'दुख सम्पति औ आपदा, सब काऊ कौं होइ।
जौं-जौं परि जाय आपदा, तौं लग सहैं सरीर॥
सिग सहनौ पत्तु है।"

मैंने कहा—लड़केकी माको तो बड़ा दुख हुआ होगा?"

सोनपाल—"का कहैं। जब मरिबेके पहलैं बाई सन्निपात भयौ, तौ बोली, मेरे 'डल्ला' को बुलाइ देउ, डल्लाको जल्द बोलाइ देऊ। हमने कही, बुलाई दिंगे; सहर गयौ है, आवतु होइगौ। 'डल्ला' 'डल्ला' कहति कहति मरि गई, पर डालचन्द नहीं आयौ। बाकौ एक लड़िका है, और बाकी औरत जिन्दा है।"

इतना कहकर बूढ़ेने फिर एक गहरी साँस ली।

पूछने पर पाता लगा कि सोनपाल चार आने रोज़ तरकारी बेचकर कमा लेता था। उससे तीन आदमियोंकी गुजर होती थी। छोटे लड़केका विवाह कर दिया था, पर वह जुआ खेलता था, कमाता कुछ नहीं था। बड़े लड़के डालचन्दकी एक चिट्ठी आठ वर्ष पहले ट्रिनीडाडसे आई थी, फिर कुछ पता नहीं चला।

मैंने कहा—चिट्ठी भेजूँगा, लेकिन अब इतने वर्ष बाद पता लगना मुश्किल ही है।"

सारा हाल लिखकर ट्रिनीडाडके औपनिवेशिक मित्रोंको चिट्ठी भेजी गई। कई महीने बाद एक मित्र माननीय रेवरेण्ड सी० डी० लालाका उत्तर आया—

"आपकी ३० जूनकी चिट्ठी, जिसमें आपने डालचंदके विषयमें—जो सन् १९१६ में शर्तबन्द मजदूरकी हैसियतसे आया था—पूछा है, मिली। तदनुसार डालचन्दके विषयमें पूँछ-ताछ की और उसे पूर्ण स्वस्थ और प्रसन्न पाया। कल वह मेरे घर पर आया भी था, और उसने एक चिट्ठी हिंदीमें लिखकर मुझे दी है, और कहा है कि मैं इसे आपके द्वारा उसके पिता के पास पहुँचा दूँ।"

डालचंदकी चिट्ठीकी नकल यहाँ दी जाती है:—

"सिद्ध श्री सर्वोपमा विराजमान सकल गुण-निधान श्री पत्री जोग्य लिखी चीनीडाट टापू कूबा कौट एकचैचि स्टेटसे डालचन्दकी राम-राम सोनपाल ब

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

फकीरचन्दको राम-राम पहुँचे। भाई गेंदालाल, मौज-राम, वीरीराम व गोबर्धनको राम-राम पहुँचे। आगे यहाँके समाचार भले हैं, आपुकी खैरियत श्री निरंकाल जीसे नेक चाहते हैं। आगे हमारी मौसीको पालागन पहुँचे, और हमारी भावीजीको राम-राम पहुँचे। आगे यहाँका समाचार अच्छा, लेकिन आटा मेंहगा है। तुम लोगोंको आटाका या दूसरी चीनी ब्यान लिखूँ, तो तुम लोग बहुत ताज्जुब मानोगे। इस लिये कुछ ब्यान नहीं लिखि सकता हूँ। और हमलोग १० वर्षके बाद ११ वर्ष शुरु होगी, हम चले आवेंगे। १० वर्ष पूरा हो जायँगे तो १०५) रु० किराया लगेगा, और १० वर्ष पूरा नही होगा, तो २१०) रु० किराया लगेगा। आगरे वाले रामप्रसादको राम-राम भेजना और खरगसिंह शोभारामको राम-राम डालचन्दका पहुँचे। जितना गाँवके लोग सबको राम-राम। परमेश्वरकी मेहरवानी होगी तो तुम लोगोंमें आन मिलेंगे, और नहीं मेहरवानी है तो हम चीनीडाड़ टापूमें पड़े हैं. तुम हिंदुस्थानमें पड़े रहो। जितना काम करे हैं, उतना खा लेते हैं। हमारे दो बेटोंका भी हाल लिखना। फक्त थोड़ा लिखा, बहुत समझना।

आगे आपुकी चिट्ठी आई, हाल मालूम हुआ और चिट्ठीके देखते ही भेज दो।":—डालचन्द।

मैंने यह चिट्ठी सोनपालको जाकर दे दी। उस वृद्ध किसानको आठ वर्ष बाद अपने खोये पुत्रके हाथकी चिट्ठी पाकर जो प्रसन्नता हुई उसका वर्णन नही किया जा सकता। डालचन्दकी स्त्रीको, जो आठ वर्षसे अपने पतिकी बाट जोह रही थी और जिसने लोधे जातिके होते हुए भी दूसरा विवाह नही किया था, इस समाचारसे जो हर्ष हुआ होगा, उसकी मैं कल्पना भी नही कर सकता। अब सोनपालको एक धुन थी, और जब कभी मैं उससे मिलता, वह यही सवाल करता—"चौबेजी! हमारो लल्लू कब लौटेगौ?" उस बेचारेने अपने लल्लूको यह खबर नही दी थी कि उसकी माँका देहांत कई वर्ष पहले हो चुका है। वह सोचता था कि यदि लल्लूको यह बात मालूम हो गई तो उसके दिलको बड़ा धक्का लगेगा, वह फिर नही लौटेगा। वह खयाल करेगा कि माँ तो मर चुकी अब क्या करुंगा घर चलके। मुझे भी उसने माँकी मृत्युका जिक्र करनेसे मना कर दिया। डालचन्दको जो चिट्ठी जाती थी उनमें वह माँकी, जो उसकी याद करते-करते कभीकी स्वर्गवासी हो चुकी थी, आशीष लिखा दिया करता था।

उसे बूढ़ेके हृदयमें नवीन आशाका संचार हो गया था। मेरा घर उसके गाँवके रास्तेमेंही पड़ता था, इस लिये अक्सर वह साग दे जाया करता था, और उसका मूल्य देने लगते तो आँखोंमें आँसू भर लाता, और कहता, "हमपै रक्खोई का है महाराज! जो हम तुमकौं देईं? तुमने हमारे लल्लूको पतौ लगाइ दयौ।" अक्सर हमारे पीछे घरपर आकर तीन-चार कुटुम्ब लायक तरकारी पटक जाता था। एकवार दूसरे सागोंके साथ बहुतसे कच्चे केले दे गया। हमने अपनी माँ से पूछा—"ये तो चार-पाँच आनेके होंगे, तुमने ले क्यों लिये?" माँने कहा वह माना ही नही। पैसे भी नही लिये। यह कहकर कि "तुम्हारे लल्लूने हमारे लल्लूको पतो लगाइ दयो है" उसकी आँखों में आँसू भर आये। 'हम का देन लायक हैं' कहकर वह सब साग-तरकारी पटक गया।

लल्लूके लौटनेकी आशामें कुछ दिन और जीता रहा। मैंने दिलमें सोचा था कि श्री शिवप्रसादजी गुप्तको सारा किस्सा लिख भेजूँ, और २१०) उनसे लेकर डालचंद के किरायेके लिये भेजवा दूँ। मुझे पूर्ण विश्वास था कि मेरी प्रार्थनापर गुप्तजी यह कार्य अवश्य कर देते, पर मैंने कुछ आलस्यवश और कुछ संकोचवश ऐसा नही किया। सोचता रहा कि अब लिख दूँगा, अब लिख दूँगा। वृद्ध बेचारा प्रतीक्षा करता रहा।

साल भर उसने प्रतीक्षा की। आखिर वह बीमार पड़ गया। उसका गाँव हमारे वहाँसे दो तीन मील पर ही है। हमारे पास उसकी बीमारीकी खबर भी आई। हमने सोचा कि नजदिक तो है ही, किसी दिन मिल आवेंगे। एक दिन अकस्मात समाचार मिला कि सोनपाल इस संसारसे सदाके लिये चल बसा। जब उसके छोटे लड़केने आकर सब हाल सुनाया तो मैंने उससे पूछा कि मरते समय उसने डालचन्दकी याद की थी? "भौत याद करी। जेई कहतु रह्यो कि चौबेजीसे पूछियौ लल्लू कब लौटेगौ?" माता भी यही कहते कहते मरी और पिता भी यह कहते कहते मरा। हमारे दिलमें यही पछतावा रहा कि हमने समयपर उसके लड़केके लिये किरायेका इन्तजाम क्यों नही करा दिया? डालचन्दके छोटे भाईकी इच्छानुसार एक चिट्ठी ट्रिनीडाड भेजी गई, जिसमें उसके माता

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

और पिता—दोनोंकी मृत्युका समाचार एक साथही गया। साथही उसके पिताके चित्रकी भी एक कापी थी जो मैंने अपने लिये खिंचवाया था। डालचन्दको जो दुःख हुआ होगा, वह वही जानता है।

"आज भी उस बूढ़ेके करुणोत्पादक शब्द—"लल्लू कब लौटैगो ?" कानोंमें गूँज रहा है। पर लल्लू अभीतक नहीं लौटा।

सुना है, किसी गाँवमें अपने मायकेमें एक स्त्री रहती है। उसने अपने पतिकी यादमें बत्तीस वर्ष बीता दिये हैं, और ट्रिनीडाड यहाँसे पन्द्रह हजार मील दूर है। बीचमें सात समुद्र है।

(यह तो एक सोनपाल और एक डालचन्दकी कहानी है। इसी प्रकार लाखों डालचन्द आरकाटियोंके जालमें फँसकर सुदूर उपनिवेशोंमें चले गये और देशमें सोनपालकी तरह उनके माता-पिता, भाई-बहन, पत्नी-पुत्र उनकी यादमें घुलघुलकर मर गये। यह हमारी गुलामीके शोक पर्वकी एक करुण कहानी है—सम्पादक)



(१) हिन्दुस्थान डायरी।
(२) गान्धी डायरी।
(३) काँग्रेस डायरी।
(४) नवजीवन डायरी।
(५) LOTUS DIARY.

यह पाँचो सुंदर एवं सजिल्द डायरियाँ सन १९४९ के लिये प्रस्तुत की गई हैं और इनके प्रकाशक हैं श्री रुलियारामजी गुप्त, मालिकः बंगाल प्रिन्टिङ्ग वर्क्स, २१ सिनागॉग स्ट्रीट, कलकत्ता। सभीका आकार-प्रकार एकसा है पर प्रक्कथन नामके अनुसार भिन्न भिन्न है। इनको जेबमें हरवखत साथ रख सकते हैं। छपाई-सफाई और गेट-अप चिताकर्षक और नेत्ररंजक है। मूल्य प्रत्येक डायरीका एक रुपया दो आना है। थोक लेनेवालोंको कमीशन भी मिलेगा। इतनी अच्छी और सस्ती डायरियाँ प्रकाशित करनेके लिये हम गुप्तजीकी सराहना करते हैं।

(६) भारतीय संविधानका प्रालेख। अनुवादकः श्री रामचंद्र वर्मा और श्री गोपालचंद्र सिंह। प्रकाशकः नागरी प्रचारिणी सभा, काशी। पृष्ट १२, मूल्य अंकित नहीं।

इस समय स्वतंत्र भारतके लिये संविधान परिषद में जो शासन-विधान बन रहा है उसीके प्रारंभिक चार पृष्टों का यह हिंदी अनुवाद है। यह अनुवाद केवल बानगीके रूप में प्रस्तुत किया गया है। परिषदके प्रधान डाक्टर राजेन्द्र प्रसादजीने श्री घनश्यामसिंह गुप्तके सभापतित्वमें एक समितिको हिंदी अनुवादका काम सौंपा था। इस समिति के सर्वेसर्वा थे पं० रघुवीरजी। उन्होंने संविधानका हिंदीमें जो 'प्रारूप' तैयार किया है उसकी भाषा ऐसी अस्वाभाविक, कृत्रिम और क्लिष्ट है कि हिंदीके बड़े बड़े विद्वान भी उसको समझनेमें असमर्थ हैं फिर साधारण जनताकी तो बातही अलग है। उदाहरण लीजिये—

"आगारोंके सभावसानके कारण संसदमें लम्बमान विधेयक व्ययगत न होगा। राज्य परिषदमें लम्बमान विधेयक जिसका लोक सभाने पारण नहीं किया है, लोक-सभाके विलयनपर व्ययगत न होगा। संविधानके अतिक्रमणके लिये जब शासनका प्राभियोग करना हो तब दोषारोपका पुरोधान उस राज्यकी विधान सभा करेगी।"

हम स्वयं इस बातके समर्थक हैं कि जिन शब्दोंका हिंदीमें अभाव है उनको संस्कृतसेही ग्रहण करना चाहिये, अन्य किसी विदेशी भाषासे नहीं। जबकि काबुलके विश्व-विद्यालयमें संस्कृत पढ़ना इस लिये अनिवार्य कर दिया गया है क्योंकि अफगान राजदूत सरदार गुलाम मोहमद खानके कथनानुसार पश्तो और फारसी दोनों संस्कृतकेही वंशज है और उनका शब्द-भंडार संस्कृतके प्रचुर शब्दोंसे भरा पड़ा है। तब भला कौन ऐसा भारतीय होगा जो संस्कृतको छोड़कर अरबी-फारसीका मुँहताज बनना पसंद करेगा ? हाँ, उत्तर भारतके मुसलमान और उनके तुष्टि-करणमें मस्त और व्यस्त डाक्टर ताराचन्द और पं० सुन्दर लाल, डा० सूर्यकांत और डा० यदुवंशी जैसे व्यक्ति इसके अपवाद हैं।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पर पं० रघुवीरने तो प्रचलित संस्कृत शब्दोंका भी बहिष्कार कर उनके स्थानपर ढूँढ-ढूँढ कर दुरुह और दुर्बोध शब्दोंका प्रयोग किया है। उनका 'प्रारूप' देखकर हिंदीवालोंके तो होश उड़ गये और हिंदी विरोधियोंको हिंदीके विरुद्ध प्रचार करनेके लिये अच्छा हथियार हाथ लग गया। हिंदीको बदनामीसे बचानेके लिये हिंदी साहित्य सम्मेलनके प्रधान महापंडित राहुल सांकृत्यायनको पं० विद्यानिवास मिश्रके सहयोगसे झटपट, दो सप्ताहके अंदर संविधानका सरल हिंदी अनुवाद प्रकाशित कर जनताके सामने रखना पड़ा। पर शीघ्रताके कारण उसमें त्रुटियों का रह जाना स्वाभाविकही है। अतएव प्रस्तुत पुस्तकके लेखकोंने बानगीके तौरपर विधानके दो चार पृष्ठोंका यह अनुवाद जनताके सामने रखा है जो और भी सरल एवं सुबोध है। पर जबतक अंग्रेजी शब्दोंका हिंदी रूप निश्चित नही हो जाता है तबतक इस प्रकारके महत्व पूर्ण विषयोंका प्रमाणिक अनुवाद तैयार करना कठिनही है।

(७) गुरुकुल चितौडगढ़की नियमावली और पाठ विधि। लेखक और प्रकाशक: स्वामी व्रतानंद संन्यासी, संस्थापक तथा आचार्य, गुरुकुल-चितौड़गढ़। पृष्ट ६५, मूल्य पाँच आने।

स्वामी व्रतानंदजी जब गुरुकुलसे स्नातक बनकर निकले तो उन्होंने एक ऐसा विलक्षण संकल्प किया कि सारा आर्यजगत आश्चर्यचकित रह गया। जहाँ युवावस्थामें गृहाश्रममें प्रवेश कर मनुष्य अनेक प्रकारके आमोद-प्रमोद का स्वप्न देखता है वहाँ उन्होंने संन्यास-ग्रहण कर अपने जीवनको वैदिक धर्मकी सेवामें उत्सर्ग करनेका कठोर व्रत ले लिया। इसके बादही आपने महाराणा प्रतापके चितौड़ गढ़में गुरुकुलकी स्थापना की और उसीके संचालनमें अपना समय लगा रहे हैं। प्रस्तुत पुस्तक भी उसीकी नियमावली और पाठविधि है।

(८) आर्यवीर भजनावली। संग्रहकर्त्ता व प्रकाशक: श्री पन्नालाल गुप्त, सहकारी मंत्री, आर्यसमाज, आरा, बिहार। पृष्ट १६, मूल्य चार आने।

नगरकीर्तन, जलूस तथा समाजके साप्ताहिक सत्संग या उत्सवोंमें गाये जाने योग्य कुछ भजनोंका संकलन।

(९) जाति भेद निवारक आर्य परिवार संघके नियम और उद्देश्य। प्रकाशक: आचार्य भद्रसेनजी, संचालक जाति भेद निवारक आर्य परिवार संघ, कार्यालय, अजमेर।

विषय नामसे ही प्रकट है।

शोक-सम्वाद

श्री बी० सुखदेव सिंह।

डरबन (दक्षिण अफ्रिका) के श्री सुखदेव सिंहके स्वर्गवासका समाचार पाकर हमें बड़ा संताप हुआ। वे वहाँके एक प्रसिद्ध रईस, मिलनसार, मृदुभाषी और उदार पुरुष थे। इधर उनके परिवारमें मोटर दुर्घटना आदिसे कई आकस्मिक मृत्युएँ हुई थी जिससे उनके हृदयपर बड़ा आघात पहुँचा था। आप भी गत ११ अक्टूबरको अचानक चल बसे और उसी दिन स्टेलाउड श्मशानमें आपका अंत्येष्टि संस्कर भी हुआ। सन १९४१ में वहाँसे विदा होते समय कुछ मित्रोंने मुझे एक थैली भेंट की थी जिसमें श्री सुखदेव सिंहका भी ५० पौंड था। "लीडर" में मुझे यह पढ़कर संतोष हुआ कि मेरे बच्चे मेरी तरफसे भी उनके शवपर पुष्पमाला चढाना न भूले। वे अपने पीछे भारी परिवार शोक करनेके लिये छोड़ गये हैं। परमात्मा उनकी आत्माको अनंत शांति और उनके परिवारको इस संतापके सहनेकी शक्ति देवे।

श्री जे० एच० हॉफमेयर।

श्री हॉफमेयरके निधनसे दक्षिण अफ्रिकाकी जो क्षति पहुँची है उसकी पूर्तिकी कोई आशा नही है। वे यूनियन सरकारके अर्थ मंत्री और डिपुटी प्रधान मंत्री भी रह चुके थे। वे वहाँके उच्च कोटिके गौराङ्ग नेताओं और राजनीतिज्ञोंमें एकही और अकेलाही थे जो वर्णविद्वेषके विरोधी थे और इस विषयपर अपने सहमंत्रियोंसे मतभेद रखते थे। वे वर्णविद्वेषका प्रतिवाद करनेमें संकोच न करते थे और इसे दक्षिण अफ्रिकाके भविष्यके लिये विघातक मानते थे। एक प्रभावशाली वक्ता थे और शक्तिशाली लेखक भी। देशियों और प्रवासी भारतीयोंसे सहानुभूति रखते थे और उनके साथ सद्व्यवहार करना आवश्यक और उचित समझते थे। उनके स्वर्गवाससे दक्षिण अफ्रिकाका एक उदार राजनीतिज्ञ और गैर-गोरोंका एक शुभचिंतक उठ गया।

लाला मोहकम चन्द वर्मा।

डरबन (दक्षिण अफ्रिका) के लाला मोहकम चन्द

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

वर्माका गत मास बड़ौदाके अस्पतालमें देहांत हो गया। वे स्वदेश दर्शनके लिये हालहीमें आये थे पर अपनी जन्म भूमि पंजाबतक न पहुँचने पाये, बम्बईमेंही अतिसार (आँव) से बीमार पड़े और बड़ौदाके अस्पतालमें कुछ दिनों तक कष्ट भोगकर चल भी बसे। लालाजीने दक्षिण अफ्रिका प्रवासी हिंदुओंकी जो सेवा की थी उनकी प्रशंसा किये बिना हम नही रह सकते। सन १९०५ में भाई परमानन्द जीको और सन १९०८ में स्वामी शंकरानंदजीको लाला जीनेही आमंत्रण देकर बुलाया था जिससे दक्षिण अफ्रिका के हिंदुओंमें नवजीवन और नव-जागरणका संचार हो सका। वे थोड़ीसी उर्दू जानते थे, हिंदी और अंग्रेजी बिलकुल नहीं। उन्होंने डरबनमें औषधियोंकी एक दूकान खोल रखी थी जिसमें देशसे आयुर्वेदिक औषधियाँ मंगाकर और उनपर अपना लेबिल लगाकर बेचा करते थे। इस व्यापारमें उन्होंने खूब पैसा कमाया। एक बार उन्होंने मुझपर मानहानिका मामला भी चलाया था जिसमे वे खर्च सहित हारे और उनको मुझसे माफी भी माँगनी पड़ी। उस मामलेकी कार्रवाईको उन्होंने पुस्तकाकार छपवा डाला था। इस विषय पर मैंने अपनी "प्रवासीकी आत्मकथा" में विस्तारपूर्वक लिखा है। उन्होंने डरबनमेंही एक प्रवासी कन्यासे विवाह भी कर लिया था, पर कोई संतान न हुई और पत्नी भी चल बसी। फिर किसी बच्चेको उन्होंने गोद ले लिया था जिसको वे साथ लाये थे भारतके किसी विद्यालयमें दाखिल करानेके लिये। सुनते हैं कि लालाजीने अपने वसियतनामे में अपना आधा धन तो इस बच्चेको दिया है और शेष आधा प्रवासी हिंदुओंके सेवा कार्यमें। ईश्वर आपको सद्गति देवे।

श्री शिवपूजन बद्री।

जेकब्स—नेटालके स्वर्गीय श्री बद्री अहीरके भतीजा श्री शिवपूजन बद्रीका आरा जिलाके हेतमपुर गाँवमें देहांत हो गया। वे कई वर्षोंतक पिनिक्समें महात्मा गांधीके विद्यार्थी रह चुके थे और महात्मजीके साथ दक्षिण अफ्रिका से जो विद्यार्थी भारत आये थे उनमें शिवपूजनजी भी एक थे। पर महात्माजीके आदर्शोंको उन्होंने अपनाया नही और नेटाल लौटकर अपने जीवनको उससे भिन्न साँचेमें ढाला। जब हमने जेकब्ससे "हिन्दी" अखबार निकाला था तो उन्होंने उसके मुद्रण और प्रकाशनमें हमारी अच्छी सहायता की थी। "हिन्दी" के विशाल दिवाली अंकमें जो उसके कर्मचारियों का चित्र छपा है उसमें शिवपूजनजी भी एक है। इधर उन्होंने अपने विवेक और परिश्रमसे खूब धनार्जन कर लिया था। वे अपनी पत्नी और कुछ बच्चोंके साथ अपने परिवारसे मिलने भारत आये थे। गत १४ सितम्बरको हृदयकी गति बंद हो जानेसे उनका स्वर्गवास हो गया। श्री बद्री परिवारसे हमारा घनिष्ट सम्बंध रहा है। हम दिवंगत आत्माको शांति और उनके शोककुल परिवार को धैर्य्य प्रदान करनेके लिये भगवानसे प्रार्थना करते हैं।

फिजीमें भारतीयोंकी वर्त्तमान अवस्था।

प्रशांत महासागरमें न्यूजीलेण्डसे लगभग एक हजार मील उत्तरकी तरफ फिजी-द्वीप स्थित है। द्वीप सुंदर, सौंदर्यपूर्ण और उपजाऊ है। इसका क्षेत्रफल एक हजार वर्गमील है और यहांकी वर्तमान जन संख्या है दो लाख साठ हजार, जिनमें एक लाख तीस हजार भारतीय है, एक लाख पन्द्रह हजार आदिम निवासी (काईबीती) और शेष पन्द्रह हजारमें गोरे, चीनी, तोंगन, सामोअन आदि जातियाँ हैं।

सन १८४७ में फिजी अंगरेजोंके हाथमें आया। इसको आवाद करनेके लिये भारतीय मजदूरोंकी जरुरत पड़ी। हमारी गुलामीके युगमें भारतके नगर नगर में किस तरह आरकाटियोंके हथकंडे चलते थे, किस तरह भोले भाले किसानों और मजदूरोंको बहकाकर, उनको सरसब्ज बाग दिखाकर और गिरमिट लिखा कर उपनिवेशोंमें पहुँचाया जाता था—इस बात पर काफी प्रकाश पड़ चुका है और उसीकी यहाँ पुनरावृत्ति करनेकी आवश्यकता नहीं। सन १८७९ में पहले पहल ४८० गिरमिटिया भारतीयोंको "लियोनीदास" नामक जहाजने फिजीके तटपर पहुँचाया था और इसके बाद गिरमिट लिखाकर आनेवाले भारतीयोंका सिलसिला चलता रहा। स्वर्गीय पं० तोताराम सनाढ्यकी पुस्तक तथा रेवरेन्ड एन्डरुज और श्री पियर्सनकी रिपोर्टोंसे भारतका लोकमत ऐसा क्षुब्ध हो

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उठा कि भारत सरकारको लाचार होकर सन १९१६ में गिरमिटियां मजदूर भेजना बंद कर देना पड़ा।

फ़िजीमें गिरमिट लिखाकर आनेवाले भारतीयों को जो जो कष्ट झेलने पड़े हैं, गोरे प्लान्टरों और ओवरसियरोंने उनपर जैसे जैसे भीषण अत्याचार किये हैं, उनको यदि कोई लिखने बैठे तो एक वृहद् शोकपर्व तैयार हो जायगा, पर यह कार्य मुझसा साधारण जीवके बूतेका नहीं है, इसके लिये चाहिये बाल्मीकि और व्यास, तुलसी और सूरकी लेखन-शक्ति। खैर, किसी तरह गिरमिटकी अवधि पूरी करके कुछ लोग तो स्वदेश लौट गये लेकिन अधिकांश भारतीयोंने फिजीमेंही बसना पसंद किया। शक्कर बनाने वाली कम्पनियोंने उन स्वतंत्र भारतीयोंको जमीनके छोटे छोटे टुकड़े गन्ना बोनेके पट्टे पर दिये, यद्यपि पट्टे की शर्तें बड़ी कठोर थीं। धीरे धीरे उनका आर्थिक विकास होता गया—अपने परिश्रम और मितव्ययतासे वे आगे बढ़ते गये। इस दरम्यानमें हर साल कुछ न कुछ भारतीय स्वतंत्र रूपसे भी फिजी पहुँचते रहे। सरकारकी ओरसे भारतीयोंकी शिक्षाके लिये कोई प्रबंध न था, लोग रात्रि पाठशालाएँ खोलकर अपने बच्चोंको थोड़ी-बहुत शिक्षा देते रहे।

सन १९२१ में भारतीयोंकी संख्या केवल ६०,००० थी, सन १९३६ में वह बढकर ८५,००० हो गई थी जिनमें ६०,००० फिजीके जन्म प्रवासी थे और अब तो उनकी संख्या १,३०,००० तक पहुँच गई है। इनमें एक लाख तो हिंदू हैं, पन्द्रह हजार मुसलमान और शेष पन्द्रह हजारमें सिख, ईसाई तथा अन्य सम्प्रदायके भारतीय हैं। भारतके प्रांतोंके विचारसे सबसे अधिक संयुक्त प्रांतके निवासी हैं उनके सिवा मद्रास, मध्यप्रांत, विहार, गुजरात और पंजाबके निवासियोंकी भी अच्छी संख्या है। फिजीके समस्त भाई धर्म भेद, प्रांतभेद और सम्प्रदाय भेदको भूलकर भाई-भाईकी भाँति प्रेमसे रहते हैं और एक दूसरेके सुख-दुखमें शरीक होते हैं। इस भाईचारेपर हमें गर्व है। भारतमें जिस जातपाँतके कलंकको धोनेके लिये प्रयास किया जा रहा है उसे फिजीमें कभीका मिटा दिया गया है। यहाँ हजारों जन्म प्रवासी ऐसे हैं जिनको यह भी पता नहीं कि उनके बापदादे ब्राह्मण थे या चमार, क्षत्रिय थे या मेहतर। इन सब बाहियात बातोंको शुरुमेंही त्याग दिया गया था। अफसोस है कि भारत अभीतक इस शापसे मुक्त नहीं हो पाया है।

फिजीमें धारा सभा है जिसकी दो शाखाएँ हैं, एक तो कार्यवाहक कौंसिल (Executive Council) और दूसरी व्यवस्थापक कौंसिल (Legislative Council) कार्यवाहक कौंसिलमें केवल एकही भारतीय सदस्य मनोनीत किया जाता है, इस समय माननीय कुँवर बसंत सिंह ओ० बी० ई०, जे० पी० इस पदपर प्रतिष्ठित हैं। व्यवस्थापक कौंसिलमें दो भारतीय सदस्य गवर्नर द्वारा मनोनीत होते हैं और तीन सदस्य भारतीय जनता द्वारा निर्वाचित किये जाते हैं। भारतीय वोटर तीन भागोंमें विभक्त कर दिये गये हैं और तीनों विभागोंसे तीन प्रतिनिधि चुने जाते हैं। इस समय पंडित अमीचँद्र विद्यालंकार और मिरजा सलीम बक्स गवर्नरके मनोनीत सदस्य हैं। तीन निर्वाचित सदस्योंमें दक्षिणीय विभागसे पं० विष्णुदेवजी, उत्तर पश्चिमीय विभागसे श्री अम्बालाल डाह्या भाई पटेल और पूर्वीय विभागसे श्री जेम्स माधवनजी चुने गये हैं। इनसे पहले सर्वश्री के० बी० सिंह, बी० एम० ज्ञानेश्वर, बी० डी० लक्ष्मण, बी० ए०, बी० टी०; तुलाराम, सी० चतुर सिंह; जे० पी०, ए० आर० साहू खाँ और सैयद हसन प्रभृति कौंसिलके सदस्य रह चुके हैं।

लेजिस्लेटिव कौंसिलमें सोलह सरकारी सदस्य है और पन्द्रह गैर-सरकारी। इन ३१ सदस्योंमें केवल ५ भारतीय सदस्य हैं हालांकि यहाँके २,६०,००० की आवादीमें भारतीयोंकी संख्या आधी अर्थात १,३०,००० है। इसीसे अनुमान किया जा सकता है कि उनके साथ कैसा अन्याय हो रहा है। एक लाख तीस हजार भारतीयोंमें केवल ७००० को वोट देनेका अधिकार है। स्त्रियोंको मताधिकारसे वंचित रखा गया है—केवल उन्हीं पुरुषोंको मताधिकार प्राप्त है जिनकी २१ वर्षसे अधिककी आयु हो, वह अंग्रेजी, हिंदी, तामिल, तैलगू, मलयालम, गुजराती, गुरुमुखी और उर्दू भाषाओंमेंसे किसी एक भाषाका ज्ञान रखता हो और उसकी सालाना आमदनी कमसे कम ७५ पौंड की हो। पहले सरकारी नौकरोंको वोट देनेका हक न

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

था, लेकिन सन १९४७ में यह प्रतिबंध हटा दिया गया। हर तीन वर्षपर चुनाव हुआ करता है।

फिजीमें भारतीय बालकोंकी शिक्षाकी जो व्यवस्था है वह किसी भी सरकारके लिये घोर कलंक की बात है। पढ़ने योग्य आयुके लगभग बीस हजार बच्चोंको पाठशालाओंमें जगह नहीं है—उनका जीवन अज्ञानताके साँचेमें ढल रहा है। द्वीप भरमें केवल सात सरकारी स्कूल हैं। हम सब आर्य प्रतिनिधि सभा, आर्यसमाज, सनातन धर्म सभा, संगम, रोमन कैथलिक मिशन और मुस्लिम लीगके आभारी है जिनके उद्योग से शिक्षा प्रचारका बहुत कुछ काम हुआ है। यहाँ भारतीयोंके लिये केवल एकही सेकन्ड्री स्कूल और एक ही टिचर्स ट्रेनिङ्ग स्कूल है। दूसरा सेकन्ड्री स्कूल रोमन कैथलिक मिशनका है जिसमें भारतीय बच्चे शिक्षा पाते हैं। भारतीय बच्चोंमें उचित योग्यता (Suitable Qualification) होते हुए भी इन सरकारी स्कूलोंमें उनको दाखिल करनेमें कर्मचारियों द्वारा टाल मटूल किया जाता है।

फिजीके प्रवासी भारतीय सभी प्रकारके धँधोंमें लगे हुए हैं। अधिकांश किसान हैं जो गन्ना और धान की खेती करते हैं। फिजीकी ९० प्रतिशत गन्नेकी खेती भारतीयों द्वारा होती है। कुछ भारतीय वकील, डाक्टर, अध्यापक, केमिस्ट और कोर्ट क्लर्कका काम भी करते हैं। साधारण मजदूरी करनेवालोंकी संख्या भी काफी है शहरोंमें ९५ प्रतिशत दूकानदार भारतीय हैं। मोटर लोरी आदिके धँधा करने वालोंमें अधिकांश भारतीयही हैं। इस समय सरकारकी नौकरियोंसे भारतीयोंको निकालकर दूसरी जातिके लोगोंको रखा जा रहा है। फिजीके अनेक विद्यार्थी अपनेही खर्चसे न्यूजीलेण्ड तथा अन्य देशोंमें उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। भारतीयोंकी उन्नति देखकर गोरोंकी छाती फटा करती है, वे हमारे विकासके मार्गमें बाधा डालनेसे बाज नहीं आते हैं।

इस समय यहाँ भारतीयोंकी दो सार्वजनिक सभाएँ हैं। पहली तो है—'फिजी भारतीय जनताकी केंद्रीय सभा' जिसके प्रधान माननीय पं० विष्णुदेव, एम० एल० सी० है और दूसरी है—'फिजी भारतीय सभा' जिसके प्रधान श्री हरिचरणजी बी० ए० हैं। दोनों सभाएँ प्रवासी भारतीयोंकी हित दृष्टिसे काममें संलग्न रहती हैं और उनको अपने कार्योंमें बहुत कुछ सफलता भी मिल चुकी है।

फिजीके भारतीयोंमें समाज-सुधार और शिक्षा प्रचारके लिये आर्य प्रतिनिधि सभाने जो कुछ उद्योग किया है उसे हम कभी विस्मरण नहीं कर सकते। सभाके सूत्रधार सूबा निवासी सर्व श्री माननीय विष्णु. देवजी, गोपेन्द्रनारायण पथिक. कुंदन सिंह कुश और जे० पी० महाराज तथा लौटोका निवासी सर्व श्री अमीचँद्र विद्यालंकार, सरजूप्रसाद और हरदयाल शर्मा तथा अन्य स्थानोंके कुछ आर्यपुरुषोंने भी आर्यप्रतिनिधि सभा द्वारा जनताकी सेवा करके हमारे हृदय पर अधिकार जमा लिया है। सनातन धर्म सभा और संगम सभाने भी लोक कल्याणके लिये जो कुछ किया है वह सर्वथा आदरणीय है। मुस्लिम लीग भी अपनी विचार धाराके अनुसार जनताकी सेवा करती रहती है।

यहाँ कई छोटे बड़े अखबार निकलते हैं, पर उनमें "फिजी समाचार" और "शांतिदूत" ही विशेष उल्लेख योग्य है। 'फिजी समाचार' गत अठारह सालसे प्रवासी भारतीयोंकी हितरक्षामें अग्रसर रहा है। अंग्रेज मालिकके तत्वावधानमें भी "शांतिदूत" किसी भी दिशामें 'फिजी समाचार' का बराबरी न कर सका। उसके भारतीय सम्पादक पं० गुरुदयाल शर्मा इस बात की पूरी चेष्टा करते रहते हैं कि 'शांतिदूत' प्रवासी भारतीयोंके लिये विशेष हितकारी सिद्ध हो और उनके लिये मार्ग प्रदर्शकका काम दे सके। यहाँका "फिजा टाइम्स एन्ड हेरल्ड" भारतीयोंके विरुद्ध समय समय पर जहर उगलता रहता है किंतु भारतीय लेखक भी उसको मुँह तोड जबाब देनेसे नहीं चूकते हैं। सूवासे "इंडियन टाइम्स" नामक एक मासिक पत्र भी निकलता है और नादीसे 'दीनबंधु' नामक पाक्षिक पत्र साइक्लोस्टाइल होकर चार पन्नेका निकलता है।

यह कहना सत्यकाही पुनरुल्लेख करना होगा कि पं० विष्णुदेवजीने फिजीके प्रवासी भारतीयोंकी जो सेवाएँ की है वह यहाँके इतिहासका एक अध्याय बन गया है। उनके बराबर अन्य किसी भी नेताने जन सेवा नहीं की है। उनके प्रति कृतज्ञता प्रकट करनेके

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

लिये अभी नवम्बरमें एक सार्वजनिक सभा भारतके कमिश्नर श्री एस० ए० वाइज़के सभापतित्वमें हुई थी जिसमें पं० विष्णुदेवजीको एक मुद्रित मानपत्र और 'जनरत्न' की पदवी प्रदान की गई। फिजीके भारतीय पंडितजीके चिरकृतज्ञ रहेंगे और उनकी सेवाओंको कभी नहीं भूल सकेंगे। सूबाके वयोवृद्ध भारतीय ईसाई नेता श्री जॉनग्राँट भारतीयोंकी भलाईके लिये दिल खोलकर जो दान दिये हैं उनको भूल जाना भारी कृतघ्नता होगी। जिन महाभागोंने किसी न किसी रूपमें प्रवासी भारतीयोंकी सेवा और उनका नेतृत्व किया है उनमें सर्व श्री जे० पी० महाराज, अमीचन्द्र विद्यालंकार के० बी० सिंह, एण्डरु देवकी, फूमन सिंह, साहू खाँ, एम० टी० खान, सरजू प्रसाद, बी० डी० लक्ष्मण, चतुरसिंह प्रभृतिके नाम आदरके साथ स्मरण किये जायँगे।

फिजीके भारतीय देशके बाहियात रस्म-रिवाजों को छोड़ चुके हैं, पर वे कंजूसके कंचनकी भाँति अपनी भारतीयताकी रक्षा कर रहे हैं। यहाँ प्रति वर्ष २६ जनवरीको 'भारत-माता-दिवस' मनाया जाता है और मातृभूमिके चरणोंमें श्रद्धांजलि चढ़ाई जाती है। दीपावली, होली, कृष्णाष्टमी, रामनवमी, त्रिनाल, मुहर्रम, ईदुल फितर, शबरात आदि त्योहार धूमधामसे मनाये जाते हैं। हर कसबेमें रामायण मंडलियाँ तथा फाग मंडलियाँ बनी हुई है जो अपने निर्दिष्ट त्योहारका संगठन और संचालन करती है। रामलीला भी होती है जिससे हमारे जतीय-जीवनको प्रेरणा मिलती है।

फिजीके नवयुवक बड़े कर्मशील होते हैं। खेल कूदमें वे बडे उत्साहसे भाग लेते हैं। सोका, हॉकी, फुटबॉल और क्रिकेटके अलावे घुड़दौड़ घूसेबाजी और कुश्तीमें यहाँके तरुण अनुराग दिखाते हैं। अभी फिजीमें ऐसे बहुतसे लोग हैं जो गिरमिट लिखाकर यहाँ आये थे। उनको सरकारी खर्चसे एकवार भारत लौटनेका हक है। मगर सरकार अपनी जिम्मेदारीका कुछ भी खयाल नही करती है। कभी कभी उनके लिये जहाजका प्रबंध किया जाता है और उसमें भेंड़ बकरियोंकी भाँति उनको लादकर सरकार अपने सिरका भार उतार लेती है। हमारे भाई मातृभूमिके दर्शनकी लालसासे सब तरहका कष्ट सहनेको तैयार हो जाते हैं, परंतु असलमें जहाजमें यात्रियोंको पशुओंकी तरह लादना मानवी मर्यादाके सर्वथा प्रतिकूल है पर शायद गोरी सरकार और गोरी जहाज कंपनियाँ भारतीयोंको जानवर ही समझकर ऐसा व्यवहार करती हैं।

भारतीय किसानोंकी अवस्था त्रासदायक हो गई है। उनको लम्बे पट्टे पर जमीन नही मिलती है। फिजीकी किसान सभा, जिसके प्रधान पं० अयोध्या प्रसादजी हैं, किसानोंकी शिकायतें और उनकी दर्द भरी आवाज सरकार तक पहुँचाती रहती है कभी कभी उसकी सुनवाई भी हो जाती है। गौराङ्गोंके विघ्न बाधा डालनेपर भी प्रवासी भारतीय आगे बढ़ते जा रहे हैं जो उनके उज्वल-भविष्यका सूचक है। आशा है कि "प्रवासी" के पाठकोंको इस लेखसे फिजीकी सामयिक स्थितिकी एक झलक मिल जायगी।

जय हिंद ! जय हिंदी !!

—एक फिजी प्रवासी भारतीय युवक।



सम्पादकीय विचार

प्रवासी या परदेशवासी ?

हमारे मित्र श्री एस० ए० वाइजने एकवार हमें पत्र लिखकर सूचित किया था कि उन्होंने प्रवासी शब्दका अर्थ जाननेके लिये महात्मा गांधीको एक पत्र लिखा था जिसके उत्तरमें महात्माजीने उनको बतलाया है कि विदेश में बसे हुए भारतीयोंके लिये प्रवासी शब्दका प्रयोग उपयुक्त नही है क्योंकि इसका अर्थ होता है मुसाफिरी या मुसाफिर (Travelling or Traveller). अतएव उनके लिये 'परदेशवासी' शब्दका प्रयोग करना चाहिये। उसी समय मैंने भाई वाइज़को उत्तर देते हुए निवेदन किया था कि विदेशों में बसनेवाले भाइयोंके लिये प्रवासी शब्द इतना अधिक प्रचलित हो गया है कि अब इस शब्दका कोई दूसरा अर्थ ग्रहण नही किया जा सकता। हिंदीही नही, बंग भाषामें भी यह शब्द विदेशवासीकाही सूचक है। हम प्रायः अखबारोंमें प्रवासी बंगाली और प्रवासी बंग साहित्य परिषद आदिका विवरण पढ़तेही रहते हैं। हमारे बंगाली भाइयोंमें

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रांतिकताका भाव इतना प्रबल है कि वे बंगालसे बाहर भारतके अन्य प्रांतोंको भी परदेशही समझते हैं। इसीसे तो बंकिम जैसे राष्ट्रवादीने भी अपने वंदेमातरम् गीतमें "सप्त-कोटि" जनकाही प्रयोग किया, तीस कोटिका नहीं। उस समय बिहार भी बंगालमें शामिल था और बिहार-बंगाल की आबादी थी सात करोड़। पीछेसे वंदेमातरम्में तीस करोड़ जोड़ा गया है। प्रवासी बंगाली Domiciled Bangali के लिये प्रयोग होता है। हमने अंग्रेजी अखबारों के दो कतरन भी वाइज़ भाईके पास भेजा था जिनसे प्रवासी शब्दका स्पष्टीकरण हो जाता था। उस समय हमारे सामने काशीके ज्ञान मंडलका हिंदी-शब्द-संग्रह, बाँकीपुर की बाल शिक्षा समितिका हिंदुस्थानी भाषा कोष और प्रयागके श्री रामनारायण लालका The Student 's Practical Dictionary नामक शब्दकोष थे और उनमें प्रवासी शब्दके अर्थ क्रमशः बिदेशोंमें रहनेवाला, परदेशी और One living in a foreign country दिये गये हैं। इनका भी उल्लेख हमने अपने पत्रमें कर दिया था और हमें आशा थी कि वाइज़ भाईको पूर्ण संतोष हो गया होगा क्योंकि उन्होंने फिर हमें इस विषयपर कुछ नही लिखा।

पर इस बातसे हमारे आश्चर्यकी सीमा न रही कि १५ अक्टूबर १९४८ के "फिजी समाचार" में वाइज़ भाईसे बातचीतका एक विवरण छपा है जिसमें कहा गया है कि "सन १९४६ में जब आप एक उर्दू पुस्तक लिख रहे थे तब उसमें आपको 'इंडियन्स अब्रोड' शब्द काममें लाने पड़े। इन शब्दोंके हिंदी अर्थ महात्माजी रचित 'हरि-जन' कोषमें नही मिले तो आपने उनके पास लिखकर ठीक शब्द जानने चाहे। उत्तरमें बापूजीने जो पोस्ट कार्ड श्री वाइज़के पास भेजा था उसे संपादक फिजी समाचार को भी देखनेका सौभाग्य प्राप्त हुआ। उसमें जो कुछ जैसा लिखा है उसे हम ज्योंका त्यों नीचे दे रहे हैं—

दिल्ली १९—९—४६.

भाई वाइज ! आपका खत मिला। Indians abroad परदेशवासी हिंदी। प्रवासी is not correct It means travelling or travellers. Abroad is not given in the Harijan dict: because perhaps it is common. मो० क० गांधी।"

बापू भाषा-विज्ञानके विशेषज्ञ तो थे नहीं, इस लिये उनकी इस सम्मतिसे प्रवासी शब्दके देशव्यापक और लोक स्वीकृत अर्थमें कोई अंतर नही आ सकता है। हिंदीमें Travelling and Traveller के लिये पर्यटन और पर्यटक, यात्रा और यात्री, भ्रमण और भ्रमणकारी, मुसाफिरी और मुसाफिर, घूमना और घुमक्कड़ आदि शब्दोंका प्रयोग होता है। इस शतीके प्रथम चरणमें पं० बनारसीदास चतुर्वेदी ने हिंदीमें 'प्रवासी भारतवासी' नामक पुस्तक लिखी थी और यह नाम इंडियन्स अब्रोड काही पर्यायवाचक था। यह ध्यान रहे कि जिस शब्दका जो अर्थ देश व्यापी हो जाता है उसको उसी अर्थमें स्वीकार करना चाहिये। विदेशोंमें बसनेवालोंके लिये हिंदी, बंगला आदि भारतीय भाषाओंमें प्रवासी शब्द इतना अधिक प्रचलित है कि उसके स्थानपर परदेशवासीको चलानेका प्रयत्न करना मानो उल्टी गंगा बहाना है।

मलानकी मदान्धता।

महाकवि तुलसीदासने मानव स्वभावका विश्लेषण करते हुए कहा है कि "प्रभुता पाइ काहिं मद नाहिं।" वास्तवमें प्रभुतासेही मद और उससे अत्याचारकी सृष्टि होती हैं और अत्याचारकी अतिही अत्याचारीके अंतका आरंभ है। दक्षिण अफ्रिकाके प्रधान मंत्री डाक्टर मलान पर यह बात ठीक लागू हो रही है। वे अत्याचारका नग्न प्रदर्शन कर रहे हैं और अश्वेत जातियोंके सारे मानवी अधिकारोंको कुचल डालना चाहते हैं। यद्यपि उन्होंने श्री हेवङ्गाकी अफ्रिकेनर पार्टीके सहयोगसे और तिसपर भी केवल आधा दर्जन सदस्योंके बहुमतके बलपर अपनी सरकार बनाई है तथापि शासनारुढ होतेही उन्होंने और तो और, यूनियनके संविधानकी हजामत बनाना और उसमें स्वीकृत आधारभूत सिद्धांतोंपर भी चौका लगाना शुरु कर दिया है।

संविधानकी यह अवहेलना देखकर हेवङ्गा चिंतित और विचलित हो उठे हैं और उन्होंने अफ्रिकेनर पार्टीकी परिषदमें अपना विचार प्रकट करते हुए कहा कि यद्यपि वे वर्णविभेदके प्रश्नपर मलानसे सहमत है तो भी उनकी धारणा है कि संविधानके आधारभूत सिद्धांतोंमें किसी प्रकारका संशोधन करनेके लिये जो लोकमत अपेक्षित है वह इस समय सरकारके साथ नही है। इस लिये जबतक यथेष्ट लोकमत सरकारके कार्यका समर्थन करनेके लिये तैयार न हो जावे तबतक संविधानमें हस्तक्षेप करना अवांछनीयही नही, भयावह भी है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पर मलान तो 'चट मगनी पट विवाह' के पक्षपाती हैं। अनुकूल अवसरकी प्रतिक्षा करनेके लिये उनमें धैर्य नही है। उन्होंने हेवङ्गाको उत्तर देते हुए कहा है कि सरकार अपनी रङ्गभेदकी नीतिपर दृढ़ हैं और उनको कार्यान्वित करनेमें कोई संकोच न करेगी। चूंकि यूनियनके संविधानमें यह सिद्धांत स्वीकृत है कि यूरोपियनोंकी भाषा और रंगीनों (कलर्डों) तथा देशियों (नेटिवों) के मताधिकारमें तबतक कोई संशोधन नही हो सकता है जबतक कि पार्लामेंटके दोनों हाउसके दो-तिहाई सदस्य उसके पक्ष में न हों। मलानने इसका उल्लेख करके कहा कि इस वैधानिक वाधासे हेवङ्गा चिन्तित है और इसपर उन्होंने जो अपना मत प्रकट किया है उससे राष्ट्रवादियोंमें बड़ी भ्रांति और चिंता फैल गई है। यह पूछा जा रहा है कि इस परिस्थितिमें सरकारको कहाँतक उस नीतिको अमलमें लानेकी गुँजाइश है जिसके लिये मतदाताओंसे उसे स्वीकृति मिल चुकी है।

मलानने दर्पके साथ कहा कि हेवङ्गा या अन्य किसीको हमारी नीतिकी कानूनी स्थिति पर संदेह करनेकी आवश्यकता नही है। इस पहलूपर पूर्णतया विचार कर लिया गया है और ऐसी कोई भी बात नही है जो साधारण बहुमतसे संविधानकी किसी भी धाराको बदलनेमें वाधक हो। पहले ब्रिटिश पार्लामेन्टको दक्षिण अफ्रिका एक्टकी रक्षा करनेका जो अधिकार था वह अब यूनियन पार्लामेंट को प्राप्त हो गया है इस लिये संविधान एक्टको बदलनेके लिये दो-तिहाई बहुमतकी आवश्यकता नही रही, साधारण बहुमतसे भी हम जो चाहें सो कर सकते हैं।

मलान रंगीनों (कलर्डों) को तो सामान्य मताधिकारसे वंचित कर पार्लामेन्टमें पृथक प्रतिनिधित्व देना चाहते हैं और देशियों (नेटिवों) के वर्तमान प्रतिनिधित्वका सर्वथा अंतकर देना चाहते हैं और इसके लिये वे अपने बहुमतको काफी समझते है और कहते हैं कि चाहे कैसाही अनुकूल अवसर क्यों न आ जावे, फिर भी हमारे पक्षमें दो तिहाई बहुमतका होना असंभवही है।

मलान और हेबाङ्गमें मतभेद हो जानेसे दक्षिण अफ्रिकाकी राजनैतिक स्थिति बड़ी डँवाडोल हो रही है और यह अनुमान किया जा रहा है कि इस मतभेदके कारण शायद मलान-सरकार टूट जावे, स्मट्स तथा हेवङ्गा आपसमें मिल जावें। हेवङ्गाकी पार्टीके सहयोग पर ही मलान-सरकारका अस्तित्व निर्भर है। दोनोंमें मतभेद के कारण मलानके पास केवल दोही विकल्प रह गये हैं— या तो वे अपनी वर्तमान नीति त्याग दें अथवा अपनी सरकारकी तरफसे इस्तीफा दे देवें।

यद्यपि स्मट्सकी युनायटेड पार्टी और हेवाङ्गाके अफ्रिकेनर पार्टीके मिलनेकी बहुत कम संभावना है तो भी प्रिटोरियामें यह अफवाह गर्म है कि इन दोनोंको मिलकर एक सेन्ट्रल पार्टी बन जाना कोई अनहोनी बात नही है। लंडनके "डेली मिरर" का यह कथन ठीक है कि हेवाङ्गा और मलानमें वर्ण विभेद की नीतिमें कोई मौलिक मतभेद नही है। अंतर केवल इतनाही है कि मलान जिस कामको कर डालनेके लिये संविधान और कानूनको ताखपर रख देना चाहते हैं, हेवङ्गा उसी कामको कानूनकी आड़में करना उचित समझते हैं। मलानका मनशा यह है कि पार्लामेन्ट में अश्वेतोंका प्रतिनिधित्व मिटा देना और सरकारी भाषाके तौरपर अंग्रेजीकी अनिवार्य पढाईको हटा देना। उनकी इस इच्छाकी पूर्त्तिमें जो विधान या कानून वाधक हो रहे हैं उनको भी वे अपने साधारण बहुमतसे दूर कर देना चाहते हैं, पर हेवाङ्ग चतुर राजनीतिज्ञ हैं। वे इसी कामको ढंगसे करना चाहते हैं ताकि कोई कानूनकी दुहाई देकर उनकी तरफ उगली न उठा सके।

खैर, दक्षिण अफ्रिकाकी इस राजनैतिक परिस्थिति से भारतीयोंकी अवस्थामें कोई अंतर नही आता है उनके लिये तो "जैसे उदई वैसे मान, इनकी चोटी न उनके कान" के अनुसार जैसे स्मट्स वैसेही हेवङ्गा और मलान। प्रवासी भारतीयोंको या तो अछूत बनाकर रखने अथवा वहाँसे निकाल बाहर करनेमें सभी एकमत हैं। यही एक ऐसा प्रश्न है जिसमें वहाँके श्वेताङ्गोंमें, चाहे वे किसी भी दलके क्यों न हों, कोई मतभेद नही है। भारतीय सभीकी आँखके काँटे हैं और उनसे पिन्ड छुडानेके लिये सभी आतुर हैं। वृद्ध, बीमार और अपङ्ग भारतीयोंको जो सरकारी भत्ता मिलता था वह बंद कर दिया जायगा; विधवाओं और अनाथ बच्चोंको जो सहायता दी जाती थी उसका भी अंत आ जायगा और हर प्रकारसे उनके साथ दुश्मनकी भाँति व्यवहार किया जायगा।

इस समय सारी अश्वेत जातियोंपर दक्षिण अफ्रिका में भयंकर विपदा आ पड़ी है, पर भारतीयोंकी स्थिति सबसे अधिक त्रासदायक है। इधर भारत सरकार संयुक्त

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

राष्ट्रसंघमें दक्षिण अफ्रिकाके विरुद्ध मामला दायर करके उसके निर्णयकी प्रतीक्षामें बैठी है पर संघ 'नौ दिन चले अढाई कोस' की कहावत चरितार्थ कर रहा है। पेरिसमें महीनों बहस-मुबाहिसा होती रही, पर न फिलस्तीनका कोई संतोषजनक निबटारा हुआ, न काश्मीरका और न दक्षिण अफ्रिकाके भारतीयोंकाही। संघ एक डिबेटिङ्ग सोसायटी बन गई है, एक एक प्रश्नपर महीनों बाद-विवाद होता रहता है पर पहाड़ खोद डालने पर भी चूहिया तक नही निकलती। जबतक राष्ट्रसंघमें दक्षिण अफ्रिकाके प्रवासी भारतीयोंके भाग्यका फैसला होगा तबतक तो दक्षिण अफ्रिकामें उनकी किस्मतकी किश्ती डूब चुकी होगी और उनका सर्वनाश हो चुका होगा।

काँग्रेस और प्रवासी भारतीय।

जयपुरमें दिसम्बरके तीसरे सप्ताहमें इंडियन नेशनल काँग्रेसका ५५ वाँ अधिवेशन बड़ी धूमधामसे हो गया। यह काँग्रेस क्या थी मानो काशी, प्रयाग और हरिद्वारके धार्मिक मेलोंका राजनीतिक संस्करण था। स्वागत-समितिने लगभग पचपन लाख रुपयेकी समाधिपर गांधीनगरका निर्माण किया था। इस महाकङ्गाल देशमें, जहाँ करोड़ों प्राणियोंको अन्न-वस्त्र तक मिलना मुहाल है, इतने रुपये तमाशामें खर्च कर डालना किसी भी दृष्टिसे वांछनीय नहीं कहा जा सकता। इङ्गलेण्डमें भी मजदूर और टोरी पार्टियोंकी सालाना कान्फ्रेंस होती है पर वहाँके लोग समृद्धि-शाली होते हुए भी इस तरह 'घर फूँककर तमाशा देखना' उचित नही समझते। इस तरहके वातावरणमें देशकी गंभीर समस्याओंपर विचार करना भी दुष्कर हो जाता है। आशा है कि भविष्यमें इस तरहके तमाशाकी पुनरावृत्ति न होने पावेगी।

जयपुर काँग्रेसके प्रधान थे डाक्टर पट्टाभि सीतारामैया। इस पदपर विराजनेके लिये डाक्टर साहब अत्यंत लालायित थे, आपने एक वक्तव्य निकालकर अपने चुनावके लिये देशवासियोंसे प्रार्थना भी की थी। एकवार इस पदके लिये महात्मा गांधीके समर्थन करनेपर भी डाक्टर पट्टाभिको नेताजी सुभाषचँद्र बोसके मुकाबलेमें पराजित होना पड़ा था और इनकी हारको महात्माजीने अपनी हार कहकर खेद प्रकट किया था। इसवार भी इनको श्री पुरुषोत्तमदास टंडनसे मुकाबला करना पड़ा और यदि डाक्टर राजेन्द्र प्रसादजी इनको चुननेके लिये प्रतिनिधियोंसे बलपूर्वक अनुरोध न करते तो शायद ही टंडनजीके मुकाबलेमें इनको सफलता होती।

खैर, डाक्टर पट्टाभिने प्रधान पदसे जो भाषण दिया है वह जितना लम्बा चौड़ा और आडम्बरपूर्ण है उतना ही तथ्यशून्य और प्रभावहीन भी। इस तरहकी लम्बी स्पीच झाड़नेका जमाना चला गया। अब तो संक्षेपमेंही आवश्यक बातें कह देना श्रेयस्कर समझा जाता है। यह अच्छा ही हुआ कि सारा भाषण काँग्रेसमें पढ़ा नहीं गया अन्यथा श्रोताओंका धैर्य बनाये रखना दुस्तर हो जाता। इसमें परम्पराको निबाहनेके लिये प्रवासी भारतीयोंकी भी चर्चा कर दी गई है पर उसमें न कोई दम है और न आशाकी कोई झलक है। मलेरिया और मच्छरोंको जितना महत्व दिया गया है उतना प्रवासी भारतीयोंकी समस्याको नहीं। प्रधान पट्टाभिके कथनानुसार अबतक प्रवासी भारतीयों की समस्या खटाईमें पड़ी हुई है। वर्माके प्रवासी भारतीयों के करोड़ों-अरबों रुपयेके जमीन-मकानका उचित मुआवाजा दिलानेके लिये वर्मा और भारत सरकारके बीच कोई समझौता नही हो सका है और लंकामें तो उनके नागरिक अधिकार परही कुठाराघात हो रहा है। भारत सरकारके प्रतिवादकी सर्वथा उपेक्षा करके लंकामें एक कानून बना डाला गया है जिसमें प्रवासी भारतीयोंको नागरिकताके अधिकारसे वंचित कर दिया गया है। प्रधान महोदय कहते हैं कि हमारेही जैसे वर्मा और लंका भी अब स्वतंत्र हो गये हैं उनसे विचार-विमर्शके द्वारा इन उलझनोंको सुलझानेकी कोशीश की जानी चाहिये। पर यदि वर्मा और लंकाकी सरकारोंको समझाने- बुझानेमें काम न चला तब क्या करना चाहिये? प्रधानजीकी रायमें शक्तिका प्रयोग नही करना चाहिये। इसका साफ मतलब तो यही होता है कि प्रवासी भारतीयोंकी करोड़ों-अरबोंकी अचल सम्पति वर्माकी सरकार हड़प जाय और लंकाकी सरकार प्रवासी भारतीयोंको नागरिकके हकसे वंचित करके उनको लकड़हारे और पनिहारेकी हालतमें पहुँचा दें तो भी भारत सरकार कुछ न करेगी। वर्मा और लंकाकी ठोंकरें खुशीसे खा लेगी पर बलका प्रयोग न करेगी। प्रधानजीने उनको अभीसे अभय दान दे दिया है। उनके कथनानुसार We must depend upon our own power of negotiation, which should really be moral influence, not physical force; भारतके राष्ट्र-

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पतिसे यह अभय दान पाकर वर्मा और लंकाका रहा-सहा संदेह भी मिट जायगा और वे प्रवासी भारतीयोंके साथ और भी बुरा वर्त्ताव करनेसे क्यों बाज आवेंगे ?

दक्षिण अफ्रिकाके बारेमें प्रधानजीने फरमाया कि सन् १९४६ में संयुक्त राष्ट्रसंघने एक प्रस्ताव पास कर दक्षिण अफ्रिकामें बरती जानेवाली रङ्गभेद नीतिकी निन्दा और परस्पर बातचीत आरंभ करनेकी सिफारिश की थी पर उस प्रस्ताव पर आजतक कोई अमल न हुआ । सन १९४७ में राष्ट्रसंघके निर्णयको कार्यान्वित करनेके लिये जो प्रस्ताव उपस्थित हुआ था वह बहुमतसे पास हो गया पर दो तिहाई बहुमतसे नहीं । इस लिये यह प्रश्न दबा पड़ा रहा । इधर दक्षिण अफ्रिकामें मलानके हाथमें राजसत्ता आ जानेसे वहाँकी हालत और भी भयावह हो गई है । अतएव भारतकी तरफसे राष्ट्रसंघके पेरिस अधिवेशनमें दक्षिण अफ्रिकाके विरुद्ध फिर मामला दायर किया गया है और इस मामलेकी पैरवी करनेके लिये मास्कोसे श्रीमती विजय लक्ष्मी पंडित तथा भारतसे अनेक व्यक्तियोंका एक मंडल पेरिसमें पहुँचकर महीनों टिका रहा पर इस मामले पर कोई विचार न हो सका और अधिवेशन भी समाप्त हो गया । प्रधानजीने हमें यही सलाह दी है कि भारतको राष्ट्रसंघकी तरफ टकटकी लगाये बैठे रहना चाहिये, चाहे इस दरम्यानमें वहाँके प्रवासी भारतीयोंका सर्वनाशही क्यों न हो जावे ।

काँग्रेसमें प्रस्ताव ।

जब काँग्रेसकी विषय निर्धारिणी समितिमें दक्षिण अफ्रिका सम्बंधी प्रस्ताव उपस्थित हुआ तो प्रोफेसर शिब्बनलाल सक्सेना, श्री माता प्रसादजी और श्री अलगू राय शास्त्रीने मूल प्रस्तावको अधिक प्रभावोत्पादक बनानेके लिये कुछ संशोधन उपस्थित किये और उन्होंने प्रवासी भारतीयोंको उनकी इस विपदकी घड़ीमें काँग्रेसकी तरफसे क्रियात्मक सहायता देनेके लिये बड़ी मर्मस्पर्शी अपीलें की । उनके संशोधनोंका सार यह था कि यह काँग्रेस तबतक चैनसे नही बैठ सकती जबतक कि दक्षिण अफ्रिकामें वर्ण विभेदकी नीतिका अंत नही आ जाता है और प्रवासी भारतीयोंको पूर्ण अधिकार नही मिल जाता है । उनके साथ यह काँग्रेस सहानुभूति प्रकट करती है जिनको वर्ण विद्वेषके कारण कष्ट झेलने पड़े हैं और भविष्यमें उनको हर तरहसे सहायता करनेके लिये प्रण करती है । यह काँग्रेस भारत सरकारसे अनुरोध करती है कि भारतीयों को अन्यायसे बचानेके लिये वह ठोस कार्रवाई करे ।

पर उनकी यह महज मामूली बातें भी नहीं मंजूर की गई और हमारे कृपालु मित्र सेठ गोविंद दासजीने उक्त सज्जनोंको उत्तर देते हुए जो भाषण दिया उसकी हमने उनसे आशा नही की थी । उन्होंने तो साफ कह दिया कि हम प्रवासी भारतीयोंके प्रति नैतिक सहानुभूति प्रकट करनेके सिवा और कुछ करने-धरनेमें असमर्थ हैं । वहाँके प्रवासी भारतीयोंको सहायताके लिये भारतकी तरफ देखनेके बजाय वहाँके लोगोंसे मिलकर अपने उद्धारका मार्ग ढूँढ निकालना चाहिये । सेठजीके विचारमें भारत जो कुछ कर चुका है उससे अधिक और कुछ भी नहीं कर सकता । अब एकही उपाय है और वह है युद्ध, जिसके लिये भारत की स्थिति और अंतर्राष्ट्रिय परिस्थिति आज्ञा नही देती है ।

हम सेठजीको याद दिला देना चाहते हैं कि दक्षिण अफ्रिकासे जो व्यापार सम्बंध विच्छेद हुआ—आर्थिक प्रतिबंध (Economic Sanctions) लगा उसका श्रेय भारतकी राष्ट्रिय सरकारको नही है । यह बात सन १९४६ में हुई थी, जब भारतपर अंग्रेजोंका शासन था । लार्ड वेवल वायसराय थे और डाक्टर नारायण भास्कर खरे थे—प्रवास विभागके सदस्य । अंग्रेज सरकार तो इतना भी कर सकती थी पर हमारी राष्ट्रिय सरकार राष्ट्रसंघके सामने रोने-धोनेके सिवा और कुछ भी नही कर सकती । सेठजीका कथन सत्य है । जिस सरकारके मुँहपर उसके सिलोन और वर्मा जैसे तुच्छ पड़ोसी तमाचेपर तमाचा जड़ रहे हैं पर वह खामोश है, अपमान सह रही है पर चूंचारा तक नही करती । उसका दक्षिण अफ्रिका जैसे सबल श्वेताङ्ग राष्ट्रसे लोहा लेना तो सचमुच महादुष्कर कार्य है ।

काँग्रेसमें हर एक प्रस्ताबपर महात्मा गांधीके नाम की दुहाई दी जाती थी, फिर हमारे सेठ गोविंददासजी इस बातमें कैसे चूक जाते ? उन्होंने भी अपने कथनकी प्रमाणिकता सिद्ध करनेके लिये महात्मा गांधीकी दुहाई दी और कहा कि वे भी नैतिक सहायताके सिवा और कुछ करना उचित नही समझते थे । सच बात तो यह है कि बापू हमारे नेताओंकी भाँति जबानी जमा खर्चसे काम लेने वाले जीव नही थे । वे इक्कीस साल प्रवासी भारतीयों के साथ रहकर उनके दुःख सुखमें शरीक हो चुके थे ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उन्होंने अपने दलित और पीड़ित प्रवासी भाइयोंके लिये जो कष्ट झेले है वह इतिहासका एक अङ्ग बन चुका है। अंततः वे इस परिणामपर पहुँचे कि जबतक भारत गुलाम है तबतक प्रवासियोंका उद्धार असंभव है। इस लिये उन्होंने भारतीय स्वाधीनताके संग्राममें अपने जीवनको खपा दिया। अतएव यह कहना कि बापू प्रवासियोंको नैतिक सहायता देनेके सिवा और कुछ करना-धरना पसंद नही करते थे उनकी स्वर्गस्थ आत्माके साथ घोर अन्याय करना है।

सेठजी प्रवासियोंको दक्षिण अफ्रिकाके आदिम निवासियोंसे मिलकर अपने उद्धारका उपाय ढूँढ निकालने की सलाह देते हैं पर सेठजीकी यह सलाह कहाँ तक बापू की रायके अनुकूल है? शायद सेठजीको यह पता नहीं कि वे बापूही थे अन्य कोई नहीं, जिन्होंने भारतीयोंको वहाँ के मूलनिवासियोंके साथ मिलकर आंदोलन करनेको सख्त मनाही कर दी थी। बापू साफ कहा करते थे कि प्रवासी भारतीयोंका प्रश्न दक्षिण अफ्रिकाके आदिम निवासियोंके प्रश्नसे नितांत भिन्न है; जबतक भारतीयोंका आंदोलन विशुद्ध भारतीय रहेगा तभीतक भारत सरकार उनकी सहायता कर सकेगी और यदि वे वहाँके देशियोंसे मिलकर कोई आंदोलन उठावेंगे तो उसका रूप ऐसा हो जायगा कि फिर उसमें भारत सरकारको दखल देनेका कोई अधिकार न रहेगा।

खैर, अब सेठजी बापूकी रायसे भिन्न उनको सलाह दे रहे हैं। हम सेठजीसे निवेदन करना चाहते हैं कि उन्होंने अपने भाषणमें जो कुछ कहा है, यदि वह बातें न कही गई होतीं तो भारत और प्रवासियों दोनोंके हकमें अच्छा होता। वहाँके प्रवासी एकमात्र भारतकी सहायताकी आशापर हाथपर हाथ धरे बैठे नही हैं, उन्होंने सत्याग्रहकी लड़ाई छेड़ रखी है और वहाँ के आदिम निवासियोंकी सहानुभूति और सहायता भी प्राप्त कर ली है। उन्होंने अमेरिका और इङ्गलेण्डमें भी शिष्टमंडल भेजकर विश्वके लोकमतको अपने अनुकूल बनानेमें कोई कोर-कसर नहीं की है। उनको अपने नफा नुकसानके बजाय अपनी मातृभूमिकी इज्जत आबरुकी अधिक चिन्ता है। वे मर मिटेंगे, पर भारतके नामपर दाग न लगने देंगे। उनके लिये तो यह गौरवकी बात होगी, पर भारत दुनियाको क्या मुँह दिखावेगा? क्या कहकर अपनी सफाई देगा?

क्या सेठ गोविन्द दासजी केवल नैतिक सहायता की बात कहकर अपनी जिम्मेदारीसे बरी हो जाना चाहते हैं, ऐसा तो हो नही सकता। भारत नैतिक, वैधानिक एवं राजनैतिक सभी दृष्टियोंसे प्रवासी भारतीयों के प्रति जिम्मेदार है। भारत सरकारनेही उनको अर्द्धगुलामीकी अवस्थामें विदेशोंमें भेजा था और हमारी वर्तमान सरकार उसी सरकारकी उत्तराधिकारिणी है। इस लिये जबतक प्रवासी भारतीयोंको उपनिवेशोंमें नागरिकताका अधिकार नही मिल जाता है तबतक भारत सरकार अपनी जिम्मेदारीसे हर्गिज बरी नही हो सकती। इस बातको भारत सरकार स्वीकार करती है, सेठजी भलेही इन्कार करें। इसी आधारपर तो भारत सरकार दक्षिण अफ्रिका के मामलेमें दखल दे रही है और प्रवासी भारतीयोंको मानवी अधिकार दिलानेके लिये लड़ रही है।

युद्धसे भय क्यों?

सेठ गोविंद दासजीने अपने भाषणमें यह भी कहा कि दक्षिण अफ्रिकाके मामलेमें जो कुछ किया जा सकता है वह सब किया जा चुका और अब तो अगला कदम है युद्ध, जिसके लिये हमारे देशकी स्थिति और अन्तर्राष्ट्रिय परिस्थिति इजाजत नही देती है। यदि भारतको अपनी प्रतिष्ठा और मर्यादाकी रक्षाके लिये युद्धके सिवा और कोई उपाय अवशिष्ट नही रहा तो उससे भी उसे क्यों हिचकना चाहिये? दुनियामें अपमानित होकर जीवित रहनेकी अपेक्षा किसी भी राष्ट्रके लिये मर मिटना कहीं अधिक श्रेयस्कर है। पिछली शतीके अंतमें जब ट्रांसवालमें प्रवासी भारतीयोंके साथ दुर्व्यवहार होने लगा तो ब्रिटिश सरकारको बोअर प्रजातंत्रके विरुद्ध युद्ध छेडनेमें कोई संकोच न हुआ था। यद्यपि हम जानते हैं कि ट्रांसवालके सोनेका लालचने अंग्रेजोंको युद्धके लिये प्रेरित किया था तो भी संसारको तो यही बतलाया गया कि जिन कारणों से ब्रिटिश सरकारको युद्ध छेड़ना पडा है उनमें उसकी भारतीय प्रजाके प्रति बोअर प्रजातंत्रका दुर्व्यवहारही मुख्य है। उस समय ब्रिटिश पार्लामेन्ट तथा सार्वजनिक सभाओंमें अंग्रेज राजनीतिज्ञोंके जो भाषण हुए थे उनमें स्पष्ट कहा गया है कि प्रवासी भारतीयोंके अपमानको सहते जाना ब्रिटिश सरकारके बूतेसे बाहरकी बात है। लार्ड लेन्सडाउन (Lord Lansdowne) ने क्रोधमें आकर कहा था:—

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Among the many misdeeds of the South African Republic, I do not know that any fills me with more indignation than its treatment of these Indians. And the harm is not confined to the sufferers on the spot; for what do you imagine would be the effect produced in India when these poor people return to their country to report to their friends that the Government of the Empress, so mighty and irresistible in India, with its population of 300,000,000, is powerless to secure redress at the hands of a small South African State ?"

अर्थात् बोअर प्रजातंत्रके दुष्कृत्योंमें जो सबसे अधिक क्रोधजनक है वह है प्रवासी भारतीयोंके साथ उसका व्यवहार। इसका दुष्परिणाम वहाँके प्रवासी भारतीयों तकही सीमित नही है। जब वे भारत लौटकर अपने मित्रोंसे कहेंगे कि तीस करोड़ निवासियोंके भारतमें महाराणीकी सरकार जो इतनी शक्तिशाली और अजेय मानी जाती है वह ट्रांसवाल के एक छोटेसे राजके सामने कुछ करने-धरनेमें असमर्थ है; कल्पना तो कीजिये कि इसका क्या प्रभाव होगा ?

लार्ड सेलबोर्न (Lord Selborne) ने कहा था कि:—

"Therefore, the test we have to apply in an emergency like this is the simple test of duty. Is it or is it not our duty to see that the rights and the future interests of those I have named shall be maintained ? Is the British Government going to make its name respected, and to have the pledges given by it faithfully observed ? Is it going to see that the British Subject, wherever he goes, all over the world, whether he is black or white, is to have a right that his Queen has secured for him."

इसके बादही सन १८९९ में युद्ध छिड़ा और तीन सालतक रणचंडीका नाच होता रहा। जब ट्रांसवालपर यूनियन जेक फहराने लगा पर प्रवासी भारतीयोंके कष्टका अंत होना तो दूर रहा बल्कि वह और भी बढ़ गया तो सर वेलंटाइन चिरोल (Sir Velantine Chirol) को अपने ग्रंथ The Indian Unrest में लिखना पड़ा था कि:—

"This bitterness is intensified by the recollection that before the South African War, the wrongs of the British Indians in the Transvaal figured prominently in the catalogue of the charges brought by the Imperial Government against the Kruger regime and contributed not a little to precipitate its downfall..... As far as the British Indians are concerned, their lot in the Transvaal since it became a British colony is harder than it was in the old Kruger days, and the British colonists in the Transvaal, who were ready enough to use Indian grievances as a stick with which to beat Krugerism, have now joined hands with the Dutch in refusing to redress them.

इस प्रकार प्रवासी भारतीयोंके अपमान और दुर्व्यवहारका बहाना बनाकर बोअर प्रजातंत्रका अंत लाया गया था। जब ब्रिटिश सरकार अपनी गुलाम प्रजाके अपमानको भी बर्दास्त कर लेना नामर्दी समझकर युद्धाग्निमें कूद पड़ी थी तो स्वतंत्र भारत किस मुँहसे कह सकता है कि वह नैतिक सहायताके सिवा और कुछ न कर सकेगा ? हम जानते है कि युद्ध कोई अच्छी चीज नही है पर ऐसा भी तो प्रसंग आ जाता है जबकि युद्धके बिना कामही नही चल सकता है। उस हालतमें युद्धसे पीठ दिखाना मानो अपनी राष्ट्रिय आबरूको धूलमें मिला देना है। हम मानते हैं कि दक्षिण अफ्रिका, सिलोन और बर्मा के मामलेमें अभी वह प्रसंग नही आया है। इस लिये उचित तो यह था कि काँग्रेसमें युद्धकी चर्चाही नही की

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

जाती और अपनी मनोवृत्तिका डंका न पीटा जाता। इससे विपक्षियोंके दिलमें दहशत बनी रहती कि न जाने भारत क्या करेगा और उनको सोच-सोचकर कदम उठानेकी जरुरत जान पड़ती। पर जब हमारे प्रधान पट्टाभि स्पष्टतः घोषणा कर रहे हैं कि हम विचार-विमर्शके सिवा बलका प्रयोग न करेंगे और हमारे नेता सेठ गोविन्द दासजी कह रहे हैं कि हमारी अंदरुनी हालत और बाहरी परिस्थिति युद्धके लिये आज्ञा नही देती तो फिर हमारे विपक्षियोंको खुलकर खेलनेका मौका मिल जाता है। जिस बातका उनको सबसे बड़ा भय है उसके लिये अभय दान मिल जानेपर फिर वे जो कुछ कर डालें, थोड़ा है। शायद हमारे प्रधानजी और सेठजी यह सोचकर कि वे काँग्रेसके प्रतिनिधियोंको परिस्थितिका परिचय दे रहे हैं, यह बातें बोल गये, पर उनको यह नही भूलना चाहिये था कि उनकी बातें काँग्रेसके पंडाल तकही महदूद नही रहेगी बल्कि रुटरकी कृपासे समुद्रकी लहरोंको चीरकर विपक्षियोंके कानों तक भी पहुँच जायगी और फिर इससे वे नाजायज फायदा उठानेसे बाज नही आवेंगे। हमारे खयालमें दुश्मनको अपनी कमजोरीसे इस तरह अगाह करना जबर्दस्त राजनैतिक भूल है।

सम्मेलन और प्रवासी भारतीय।

मेरठमें हिंदी साहित्य सम्मेलन सेठ गोविंद दास जीकी अध्यक्षतामें बड़े समारोहसे हो गया। इसबार अनेक लब्धप्रतिष्ठ राजनैतिक नेता भी सम्मेलनमें उपस्थित हुए जिनमें काँग्रेसके प्रधान डा० पट्टाभि सीतारामैया भी थे। उनसे जब कुछ कहनेके लिये प्रार्थना की गई तो उन्होंने मौन साधे रहनाही श्रेयस्कर समझा। सोचा गया कि शायद इस विवादास्पद विषयमें वे तटस्थ रहनाही पसंद करते हैं। पर काँग्रेसके प्रधान पदसे उन्होंने जो भाषण दिया उसमें हिंदीके विरुद्ध विष वमन कर अपनी सच्ची प्रकृतिका परिचय दे डाला। डाक्टर साहब आंध्रदेशके एक रत्न है, वहाँकी तैलगू भाषामें ७५ प्रतिशतसे अधिक संस्कृत शब्द पाये जाते हैं। अतएव एक तैलगू भाषी जब संस्कृतमयी हिंदीका विरोध करता है और अरबी फारसीसे लदी हुई हिंदुस्थानीकी हिमायत तो देशके दुर्भाग्यपर परिताप हुए बिना नही रहता। जब वे अपने भाषणमें हिंदुस्थानीको राष्ट्रभाषाके सिंहासन पर बैठानेकी वकालत कर रहे थे तो पं० बालकृष्ण शर्माने उनके कथनका प्रतिवाद भी किया। इस पर हमारे प्रधान मंत्री नेहरुजी क्रोध में आकर बोले कि वे हिंदीका विरोध करते आये हैं, कर रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे। इससे प्रतिनिधियोंमें बड़ा क्षोभ फैला। उनको भला बीचमें कूद पड़नेकी क्या जरुरत थी? क्या प्रधान महोदय जबाब नहीं दे सकते थे? नेहरुजीकी असहिष्णुतासे हम परिचित हैं। वे जोश और रोषमें आकर कभी कभी ऐसी हरकत कर बैठते हैं जो उनके पद-प्रतिष्ठाके प्रतिकूलही होता है। कभी कभी उनकी असहिष्णुता ऐसा विकट रूप धारण कर लेती है कि वे जाहिल आदमियोंसे लड़ने तकके लिये तैयार हो जाते है। इस लिये सम्मेलनको हिंदीको उचित स्थान दिलानेके लिये अमोघ प्रयत्न करना पड़ेगा। उसको नेहरु, आजाद और उनके इशारेपर नाचनेवाले पट्टाभि जैसे प्रचंड विरोधियोंका सामना करना पड़ेगा। यह तो स्पष्ट है कि अब उर्दूका नाम लेनेकी भी किसीमें हिम्मत नही रही—उर्दूके दिन चले गये, पर आजाद एण्ड कम्पनी उसको हिंदुस्थानीके नामसे जीवित रखने और हमारे राष्ट्रपर लादनेमें कोई बात उठा न रखेगी। सम्मेलनको अपनी सारी शक्ति हिंदीके नैसर्गिक अधिकारकी रक्षामें लगा देनी होगी। इस स्थितिमें यदि सम्मेलन प्रवासी भारतीयोंकी तरफ ध्यान नही दे सका तो इसमें कोई आश्चर्यकी बात नही। आशा है आगामी अधिवेशनमें इस विषय पर विशेष ध्यान दिया जायगा।

कुँवर जोरावर सिंह।

"प्रवासी" के परम हितैषी कुँवर जोरावर सिंहजी केनिया और यूगाण्डाका पर्यटन और वहाँ वैदिक धर्म एवं आर्य संस्कृतिका प्रचार करके किसी आवश्यक कार्यवश इस समय स्वदेश लौट आये हैं, पर शीघ्रही आप पुनः टंगेनिका प्रदेशके लिये प्रस्थान करना चाहते हैं। वहाँसे आप पोर्तुगीज पूर्व अफ्रिका और परमिट मिल जानेपर दक्षिण अफ्रिकाकी तरफ जानेका भी इरादा रखते हैं। आप किसी संस्थाके लिये चन्दा मांगने नही, प्रत्युत प्रवासी भारतीयोंकी सेवाकी विशुद्ध भावनासे समुद्र पार गये थे, इस लिये आपको अपने मिशनमें पूरी सफलता हुई है। इस यात्रामें आपने "प्रवासी" की जो सेवा की है वह प्रवासी बंधुओंके प्रति आपके प्रेमानुरागकाही परिचायक है। प्रवासी भारतीयोंका यह मुखपत्र आपका चिर ऋणी रहेगा। हमें आशा है कि आप वृहत्तर भारतमें आर्य संस्कृतिका दीपक जलाकर अपने नामको अमर बना लेंगे।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

THE SWADESHI COTTON MILLS CO. LTD., KANPUR U. P.

जियें तो बदनपर,
स्वदेशी बसन हो ।

मरें भी अगर तो,
स्वदेशी कफन हो ।

1121173

Managing Agents:

Jaipuria Brothers Limited.

दी स्वदेशी काटन मिल्स कम्पनी लिमिटेड, कानपुर ।

मनैजिंग एजन्टस्

जयपुरिया ब्रादर्स लिमिटेड ।

Tel Address: SUDHA, Mathura. तारका पता: सुधा, मथुरा ।

अर्द्ध शताब्दिसे भी अधिक समय से प्रचलित और सर्व श्रेष्ट आयुर्वेद तथा पेटेन्ट औषधें बनाने वाली एक मात्र रसायन शालाकी एक अनुभूत स्वादिष्ट औषधि—

कफ, खांसी, दमा, शूल, संग्रहणी, कै, दस्त, हैजा तथा अन्य पेट विकारोंके लिए अमृत तुल्य अनमोल दवा—

सुधासिंधु

सुख संचारक कम्पनी लिमिटेड, मथुरा ।

Sukhsancharak Company, Ltd., Mathura, U. P.

CC-0.In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सात्विक जीवन ।

हिंदीका सर्वोपयोगी मासिक पत्र । उद्देश्य—शुद्ध एवं सात्विक जीवनका निर्माण । गंभीर गवेषणापूर्ण लेख एवं मर्मभेदिनी कविताओंसे अलंकृत । समाजमें चरित्र-गठनका संदेशवाहक । ईश्वरभक्ति, कर्तव्य-बोध, धर्माभिमान, देशसेवा, समाज संस्कार एवं आत्मोन्नतिका पथ-प्रदर्शक । वार्षिक मूल्य देशके लिये ३) रुपया और विदेशों के लिये केवल ६ शिलिंग ।

सात्विक-जीवन ग्रंथ माला ।

ओम् प्रणव रहस्य ।

श्रीस्वामी शिवानंदजी महाराजकी लिखी हुई यह पुस्तक अपने ढंगकी अद्वितीय है । ओम्‌की व्यापकता, श्रेष्टता और महत्तापर उत्कृष्ट रचना । थोड़ीसी प्रतियाँ शेष हैं । इन अनमोल ग्रंथके कागज और मुद्रणका मूल्य केवल दस आना, सजिल्द बारह आना ।

सचित्र हठ योग ।

संसारके सुखोंमें स्वस्थ शरीरही सर्वोपरि सुख है। स्वस्थ शरीरमेंही सबल मन बसता है । यदि आप अपनी खोई हुई शारीरिक शक्तिको पुनः प्राप्त करना चाहते हैं और वह भी पैसे खर्च किये बिना तो योगके अनुभूत उपायोंका आश्रय लें । इस पुस्तकमें प्रतिपादित योगके नियमों और आसन व्यायामोंका अभ्यास करनेसे आपका मन तेज और तन तारुण्यसे चमक उठेगा । सुंदर, सचित्र, सजिल्द पुस्तक का दाम केवल दो रुपया ।

वैराग्यके पथपर ।

मानवी जीवनका उद्देश्य बहुत ऊँचा है । जिसको भूलकर और विषय-वासनाओंमें फँस कर लोग पतित हो जाते हैं । इस ग्रंथमें जीवनको उन्नतिके शिखरपर ले जानेके अनुभूत उपाय बताये गये हैं । विश्वके अशांत एवं दुखद वातावरणमें विचरते हुए भी मनुष्य शांति और सुखका अनुभव कैसे कर सकता है, यह जाननेके लिये इस पुस्तकको पढ़ना चाहिये । सुंदर सजिल्द ग्रंथका मूल्य केवल एक रुपया ।

मन और उसका निग्रह (दो भाग) ।

मनकी चंचलता किसीसे छिपी नही है । अतएव उसको अनियंत्रित रूपमे छोड़ देनेसे जहाँ वह मनुष्यको पतनके गहरे गर्तमें गिरा देता है, वहाँ उसको वश में लाकर सुपथ पर चलानेसे वह मनुष्यको उत्कर्षके सर्वोच्च सोपानपर पहुँचा देता है । मनके वशीकरण बिना अभीष्टकी सिद्धि असंभव है । यदि आप मनको वशमें रखना चाहते हैं तो इस ग्रंथके दोनों भाग को एकवार अवश्य पढ़े । सुंदर सजिल्द दोनों भागका मूल्य क्रमशः एक और तीन रूपया है अर्थात कुल चार रुपया ।

हमारा ज्ञानवर्धक प्रकाशन :—

(१) ब्रह्मचर्य नाटक.....	॥)
(२) आध्यात्मिक शिक्षावली (प्रथम खण्ड).....	।॥)
(३) " " (द्वितीय ").....	।॥)
(४) सचित्र हठयोग (सजिल्द).....	२)
(५) स्वामी शिवानंदकी जीवनी व उनके उपदेश (अंग्रेजी).....	१॥)
(६) मन और उसका निग्रह (प्रथम खण्ड).....	१)
(७) " " (द्वितीय ").....	३)
(८) ओ३म (प्रणव रहस्य).....	॥=)
(९) वैराग्यके पथपर.....	१)
(१०) जीवन सौरभ.....	।=)
(११) मानव जीवनका रहस्य.....	।=)
(१२) राष्ट्रीय जागरणका इतिहास.....	।)
(१३) देशके नौनिहालोंसे.....	=)
(१४) सदाचारका महत्व.....	=)
(१५) काँग्रेसके सभापति.....	।)
(१६) काँग्रेस चार्ट.....	।)
(१७) स्वास्थ्य पत्र.....	।)

हमारी लोकप्रिय डायरियाँ तथा कैलेंडर जो प्रतिवर्ष बड़े सज-धजके साथ निकलते हैं :—

(१) राष्ट्रिय डायरी ।	१॥)
(२) जनरल डायरी ।	१)
(३) सदाचार डायरी ।	१=)

मिलनेका पता :—

जनरल प्रिन्टिङ्ग वर्क्स लिमिटेड ।

८३ पुराना चीना बाजार स्ट्रीट,
कलकेत्ता ।

फोन नं० २१०४ बड़ाबाजार । तारका पता: भाईकाशी ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आर्य साहित्य मण्डल लि० अजमेर की

कुछ नई पुस्तकें

१. पातञ्जल योगप्रदीप— लेखक श्री स्वामी ओमानन्दजी महाराज। इसग्रन्थ में योगदर्शन व्यासभाष्य, भोजवृत्ति और योगवार्त्तिक के भाषानुवाद के साथ-साथ श्री स्वामीजी महाराज ने अपने क्रियात्मक अनुभव के आधार पर अनेक ऐसी बातों का समावेश किया है, जिससे योगमार्ग में लगने वाले नये व्यक्ति की अनेक कठिनाइयां दूर हो जाती हैं। इस संस्करण में पहले की अपेक्षा बहुत अधिक वृद्धि की है। २०×२६=८ पेजी के लगभग ८०० पृष्ठ, तथा योगासनों के अनेक चित्र भी दिये गये हैं। मूल्य १२) रुपया।

२. वैदिक अध्यात्म सुधा—ले० श्री पं० प्रियरत्नजी आर्ष (स्वामी ब्रह्ममुनिजी) अध्यात्मविद्या के प्रेमियों के लिये अत्यन्त लाभप्रद। मूल्य ॥)

३. रामायणदर्पण—ले० श्री ब्रह्ममुनिजी। इस में वाल्मीकीय रामायण के आधार पर राम, भरत, लक्ष्मण आदि प्रत्येक व्यक्ति का चरित्रचित्रण और उस समय की धार्मिक सामाजिक और राजनीतिक अवस्था का चित्रण किया है। पुस्तक अत्यन्त उपयोगी है। मूल्य ॥।)

४. हैदराबाद सत्याग्रह का रक्तरञ्जित इतिहास—आर्यसमाज ने सन् १९३९ में दक्षिण हैदराबाद में जो महान् सत्याग्रह किया था, उसका पूरा-पूरा वर्णन किया गया है। पृष्ठ संख्या ४००, चित्र सं० १०० से ऊपर, मूल्य ३)

५. युद्धनीति और अहिंसा—ले० श्री डा० सूर्यदेवजी शर्मा। भारत की वर्तमान राजनीतिक परिस्थिति से सम्बन्ध रखने वाला अत्यन्त उपयोगी और सामयिक ग्रन्थ, मूल्य १) रुपया।

६. संस्कृतवाक्य-प्रबोध—महर्षि दयानन्द सरस्वती। इस संस्करण में सं० वा० प्र० पर किये आक्षेपों का उत्तर भी छापा है। मूल्य ॥)

७. सन्धिविषय—शुद्ध सुन्दर और छात्रोपयोगी टिप्पणियों के सहित। मूल्य ।॥)

यजुर्वेद मूल गुटका १।), सामवेद मूल गुटका १।), आर्यपर्वपद्धति १॥), वैदिक मनोविज्ञान ।), खूनी इतिहास ॥=), भयानक षड्यन्त्र ।), खतरे का घण्टा ।=), खतरे का बिगुल ॥), विश्वासघात ॥), जीवन-पथ ।=), धार्मिक शिक्षा १ से १० भाग ४), पंचमहायज्ञविधि ।), गोकरुणानिधि =), महर्षि का जीवनचरित्र बृहत् [दो भाग] १०)।

चारों वेद सरल हिन्दी अनुवाद सहित

सम्पूर्ण १४ जिल्दों में मूल्य ७३ रुपये

उत्तम छपाई, बम्बई-निर्णयसागर-टाईप, सफ़ेद चिकना काग़ज़, डबल क्राउन १६ पेजी के सुलभ आकार में

इष्ट मित्रों के लिये पवित्र उपहार, पुस्तकालयों और घर की अलमारियों का सुन्दर भूषण, विवाहों और अन्य धार्मिक अवसरों पर देने के लिये आदर्श भेंट, छात्रों के लिये पवित्र पारितोषिक और नित्य आत्मिक आनन्द तथा पुण्य-कर्त्तव्य पालन करने का अपूर्व साधन।

अनुवाद आचार्य सायण, महीधर, महर्षि दयानन्द, पं० तुलसीराम स्वामी, पं० ज्वालाप्रसाद, विवरणकार माधव आदि वेदभाष्यकारों के भाष्यों को समक्ष रखकर ब्राह्मणग्रन्थ, उपनिषद्, आरण्यक, निरुक्त, व्याकरण आदि आर्ष ग्रन्थों के आधार पर प्रमाण दर्शाते हुए आर्य वैदिक सिद्धान्तों के अनुसार कराया है।

सामवेद १ जिल्द ५) रु०, अथर्ववेद ४ जिल्द २०) रु०, यजुर्वेद २ जिल्द १३) रु०, ऋग्वेद ७ जिल्द ३५) रु० प्रत्येक जिल्द लगभग ८०० पृष्ठों की पूरे कपड़े की बंधी हुई सुनहरे अक्षरों सहित है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जोधपुर कमर्शियल बैंक लिमिटेड

(जोधपुर स्टेटमें स्थापित: सभ्यों की जिम्मेदारी सीमित है।)

चैयरमैन—श्री नारायणलाल बंसीलाल

चुक्ता मूलधन ..... रु० ५०,००,०००.

रिज़र्व फंड रु० ५,००,०००.

बैंककी शाखाएँ:—

मारवाड़ : जालोरी गेट, जोधपुर, स्टाक एक्सचेंज, श्री रघुनाथजीका मंदिर, घासमंडी; जोधपुर; खेजर्ला हाउस, जोधपुर सिटी; कुचामन सिटी, नागोर, मेरता सिटी, पाली, रानी, बारमर (मारवाड़)

बंबई : ५३ टेमरिण्ड लेन, फोर्ट; २०७ कालवा देवी रोड, गांधी चोक, कल्याण; ११८-१२२ काजी सैयद स्ट्रीट, माण्डवी, म्युनिसिपल बिल्डिंग, भिवण्डी (जी० थाना) थाना-जामली नाका, ६६०९ किंग्सवे, सिकन्द्राबाद।

अहमदाबाद: मस्कती मार्केट। कलकत्ता: १-१ मिशन रो और ५७ नेताजी सुभाष रोड।

मद्रास: २६, गोविन्दप्पा नायिक स्ट्रीट, जी. टी. मद्रास।

चालू डिपाजिट खाता : चालू डिपाजिट खाते में रु० १,००,००० तक के दैनिक बाकी रकम पर १।४ सैकड़ा वार्षिक ब्याज मिलेगा। बड़ी रकमों पर खास निश्चित ब्याज दिया जायेगा।

निश्चित अवधि के डिपाजिट : एक वर्ष अथवा उससे कम समय के लिये लिया जाता है। दर आवेदन करने पर प्राप्त हो सकता है।

सेविंग बैंक खाता : दैनिक बाकी रकम पर १ प्रति सैकड़ा के हिसाब से अथवा मासिक बाकी पर डिपाजिटरोंके साथ तय शर्तों के अनुसार वार्षिक १॥ प्रतिशत के हिसाब से ब्याज दिया जायगा। रु० २०,००० तक पर ५ से भाग दी जा सके इतनी रकम पर ब्याज दिया जायगा। खाता खोलने वाले सप्ताह में दो वार अधिक से अधिक रु. १०००)तक निकाल सकेंगे।

लोन, ओवर ड्राफ्ट और कैश क्रेडिट : मान्य जामिनों पर उधार दिया जाता है।

सेफ कस्टडी के लिये रखी गयी तमाम जामिनगीरियोंपर डिविडेण्ड एवं ब्याज बैंक वसूल करता है।

बैंक सरकारी जामिनगीरियों तथा पब्लिक कम्पनियों के शेयरों की खरीद बिक्री का काम भी लेता है।

बैंक सम्बन्धी सब प्रकार का कारोबार किया जाता है।

सी. एच. दीवानजी,—मैनेजर.

मनोरंजनप्रद सामयिक पुस्तकें:—

राष्ट्र-निर्माणके युगमें क्रान्तिकारी विचारधाराओंसे ओत-प्रोत राष्ट्रीयताका प्रतिनिधित्व करनेवाली अपने ढंगकी तीन अनुपम पुस्तकें—

अन्तिम इच्छा १५ कहानियोंका संग्रह, सजिल्द मू० १॥।)

आवर्त्तन १७ कहानियोंका संग्रह सजिल्द मू० २)

अनुष्ठान मौलिक क्रांतिकारी सामाजिक उपन्यास सजिल्द मू० ३॥)

एक साथ तीनों पुस्तकें ५।) रु० में डाक व्यय सहित।

शीघ्र प्रकाशित होनेवाली **प्रवासिता** (उपन्यास)

प्रवासी भारतीयोंकी दुःख भरी कहानी।

हिंदीकी उच्च कोटिकी पत्र-पत्रिकाओं द्वारा प्रशंसित।

प्रकाशित हो गई, शीघ्र ऑर्डर भेजें, विलम्ब न करें।

भव्य कलापूर्ण अनुपम डायरियां (१९४९)

(१) हिन्दुस्थान डायरी (सजिल्द)		मूल्य १=)
(२) कांग्रेस डायरी	,,	,, ,,
(३) गांधी डायरी	,,	,, ,,
(४) नवजीवन डायरी	,,	,, ,,
(५) LOTUS DIARY.		मूल्य साधारण १)
		सुनहरी जिल्दवाली १॥)

थोक खरीदारोंको विज्ञापनकी विशेष सुविधाएं, दुकानदारोंको कमीशन २५) रु० प्रतिशत।

दि बंगाल प्रिंटिंग वर्क्स

२१, सिनागाग स्ट्रीट, **कलकत्ता।**

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Registered No. N. 1043

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Travel by Sea or Air

Tel. Add. "Colonial" Phone: 23313

ISMAILBHAI VAHED & SON.

Passenger & Commission Agents

Behram Mahal, Dhobi Talao, Kalbadevi Road,

P. O. Box 2022. BOMBAY, 2.

BRANCH: Station Road, SURAT.

Station Road, NAVSARI.

POPATLAL & CO.

General Merchants & Commission Agents

Exporters and Importers

P. O. Box 1122, Lourenco Marques,

Portuguese East Africa.

Morarjee Jivanjee & Co.

IMPORTERS & EXPORTERS

General Merchants

Tel. Add. JIVANJEE, P. O. BOX 837,

Lourenco Marques, P. EAST AFRICA.

J. MAGANLAL & Co.,

Brokers & Agents.

115-A, Victoria Street, DURBAN,

P. O. Box 1582, Tel.Add. "Guythri",

Natal, South Africa.

D. ROOPANAND BROS.

Music Saloon & Booksellers

Sole Agent for Rama Flute Harmoniums

AND

Hindustani Records

Cable Add. ANAND, Durban,

P. O. Box 2524. 85 Victoria Street,

Durban, Natal, South Africa.

B. KAKOOBHAI & CO. LTD.

General Produce Merchants

AND

Commission Agents

Tel. Add. RICHNESS. P. O. Box 675

Rua Araujo No. 82, Lourenco Marques,

Portuguese East Africa.

R. B. Maharaj & Sons

Land, Estate and General Agents

Chief Agent:

British America Assurance Company.

Agent:

Sun Life Assurance Co. of Canada.

General Business Consultants, Book-keepers and Secretaries.

Loan negotiated and Account collected.

Landed properties sold & purchased.

335 Church Street, Pietermaritzburg,

Natal, Union of South Africa.

G. S. Maharaj & Sons

Farmer, Miller, Money-Lender, etc.

555 Church Street, Pietermaritzburg,

Natal, South Africa.

KASHAVLAL MORARJEE

General Merchant

P. O. Box 515, Lourenco Marques,

Portuguese East Africa.

PATEL & CO.

General Merchants

P. O. Box 350, Lourenco Marques,

Portuguese East Africa.

RAMJI RAGHUNATH

Building Contractor

P. O. Box 660, Lourenco Marques,

Portuguese East Africa.

LALOOBHAI BHULABHAI

Farmer & General Dealer

P. O. Box 944, Lourenco Marques,

Portuguese East Africa.

M. P. SINGH & BROS.

General Merchants

P. O. Esikoleni, Edendale,

Natal, South Africa.

CC-0. Prof. Satya Vrat Shastri Collection, Haridwar

Published by Bhawani Dayal Sannyasi form Pravasi—Bhawan, Adarshnagar. Ajmer, India.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

112173

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

— Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar